ॐ

श्रीमद् आचार्यदेव पद्मनन्दि द्वारा विरचित

पद्मनन्दि पंचविंशतिका

टीकाकार

पण्डित गजाधरलाल न्यायतीर्थ

सम्पादक

ब्र. यशपाल जैन, जयपुर एवं **डॉ. राकेश जैन शास्त्री**, नागपुर

पद्यानुवादक

पण्डित अभयकुमार शास्त्री, देवलाली

सह-सम्पादक

पण्डित जितेन्द्र राठी शास्त्री, पुणे

प्रस्तावना

प्रो. आदिनाथ ने. उपाध्ये, कोल्हापुर एवं **प्रो. हीरालाल जैन**, दिल्ली

प्रकाशक

श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट (रजि.)

नेहरु पुतला, इतवारी, नागपुर - ४४०००२ (महा.)

प्रेरक

श्री कुन्दकुन्द-कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुम्बई (रजि.)

ई-मेल : info@vitragvani.com

श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट, नागपुर का तृतीय पुष्प

रविवार, दिनांक ३ नवम्बर, २०१३

१००८ भगवान श्री महावीर निर्वाणोत्सव : दीपावली दीपपर्व

(कार्तिक कृष्ण अमावस्या, वीर निर्वाण संवत् २५४०)

सम्पादित प्रथम आवृत्ति - २२०० प्रतियाँ (सन् १९९६)

पुनर्सम्पादित द्वितीय आवृत्ति - २२०० प्रतियाँ (सन् २०१३)

न्योछावर - पचास रुपये मात्र

प्राप्ति स्थान -

- **श्री सत्साहित्य प्रकाशन एवं विक्रय केन्द्र**
  नेहरु पुतला, इतवारी, नागपुर - ४४० ००२ (महा.)
  फोन - (०७१२) २७६६३६९ मो. ०७५८८७ ४०९६३
- **पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट**
  ए-४, बापूनगर, जयपुर - ३०२ ०१५ (राज.)
  फोन - (०१४१) २७०७४५८, २७०५५८१
- **श्री तीर्थधाम मङ्गलायतन**
  श्री आदिनाथ-कुन्दकुन्द-कहान दिगम्बर जैन ट्रस्ट
  अलीगढ़-आगरा मार्ग, सासनी, अलीगढ़ - २०४ २१६ (उ. प्र.)
- **पूज्य श्री कानजी स्वामी स्मारक ट्रस्ट**
  कहान नगर, बेलतगाँव रास्ता, लाम रोड, देवलाली
  जिला नासिक - ४२२ ४०१ (महा.) फोन - (०२५३) २४९१०४४
- **श्री कुन्दकुन्द-कहान पारमार्थिक ट्रस्ट**
  ३०२ कृष्ण-कुंज, प्लॉट नं. ३०, नवयुग सी.एच.एस. लि., बी.एल. मेहता मार्ग
  विले पार्ले (प.), मुम्बई - ४०० ०५६ ई-मेल : kahanraj@mtnl.net
- **सर्वोदय अहिंसा**
  बी. १८० ए.२, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर-३०२ ०१५ +९१९७८५ ९९९१००

मुद्रण व्यवस्था - पद्म कम्प्यूटर्स, पुणे-३३

मो. ०८८८८८ २२५५०

संक्षिप्त विषय सूची

पृष्ठ क्र.

प्रकाशकीय - श्री आदिनाथ नखाते एवं श्री अशोककुमार जैन, नागपुर.....०५
सम्पादकीय - ब्र. यशपाल जैन, जयपुर एवं डॉ. राकेश जैन शास्त्री, नागपुर.....०९
विस्तृत प्रस्तावना - प्रो. आदिनाथ ने. उपाध्ये, कोल्हापुर एवं प्रो. हीरालाल जैन, दिल्ली... ११
विस्तृत विषय सूची - प्रत्येक श्लोक के शीर्षक सहित.....४२
मूलग्रन्थ अधिकार - १. श्री धर्मोपदेशामृत अधिकार..... १
२. श्री दानोपदेश अधिकार.....१२३
३. श्री अनित्य-पञ्चाशत् अधिकार.....१४९
४. श्री एकत्व-सप्तति अधिकार.....१८०
५. श्री यति-भावनाष्टक अधिकार.....२०९
६. श्री उपासक-संस्कार (श्रावकाचार) अधिकार.....२१४
७. श्री देशव्रतोद्योतन अधिकार.....२३५
८. श्री सिद्ध-स्तुति अधिकार.....२५२
९. श्री आलोचना अधिकार.....२७२
१०. श्री सद्बोध-चन्द्रोदय अधिकार.....२९४
११. श्री निश्चय-पञ्चाशत् अधिकार.....३२४
१२. श्री ब्रह्मचर्य-रक्षावर्ति अधिकार.....३५५
१३. श्री ऋषभ-स्तोत्र अधिकार.....३७१
१४. श्री जिनेन्द्र-स्तवन अधिकार.....४०६
१५. श्री सरस्वति-स्तवन अधिकार.....४२३
१६. श्री चौबीस तीर्थंकर स्तवन (स्वयंभू-स्तोत्र) अधिकार.....४४३
१७. श्री सुप्रभाताष्टक-स्तोत्र अधिकार.....४५८
१८. श्री शान्तिनाथ-स्तोत्र अधिकार.....४६५
१९. श्री जिन-पूजाष्टक-स्तोत्र अधिकार.....४७२
२०. श्री करुणाष्टक-स्तोत्र अधिकार.....४७८
२१. श्री क्रियाकाण्ड-चूलिका अधिकार.....४८१
२२. श्री एकत्व भावना अधिकार.....४९१
२३. श्री परमार्थ-विंशतिः अधिकार.....४९६
२४. श्री शरीराष्टक अधिकार.....५१२
२५. श्री स्नानाष्टक अधिकार.....५१९
२६. श्री ब्रह्मचर्याष्टक अधिकार.....५२७
वर्णानुक्रमानुसार श्लोकानुक्रमणिका.....५३४
ग्रन्थगत छन्दों की संख्या एवं स्वरूप.....५४४
टीका में उद्धृत अन्य ग्रन्थों के श्लोकों की सूची.....५४६
प्रस्तुत प्रकाशन की कीमत कम करने में सहयोग देनेवाले दातारों की नामावली.....५४७

* शास्त्र-अभ्यास से लाभ *

योगसार प्राभृत ग्रन्थ में आचार्य अमितगतिदेव शास्त्र-स्वाध्याय की प्रेरणा देते हुए लिखते हैं -

मायामयौषधं शास्त्रं, शास्त्रं पुण्यनिबन्धनम्।
चक्षुः सर्वगतं शास्त्रं, शास्त्रं सर्वार्थसाधकम्।।४२९।

सरलार्थ - क्रोधादि कषाय रूपी रोगों के लिए सच्ची औषधि शास्त्र है; सातिशय पुण्य परिणाम एवं पुण्यकर्म के बंध के लिए सर्वोत्तम कारण शास्त्र है; जीवादि सात तत्त्वों, छह द्रव्यों, नौ पदार्थों के सम्यक् परिज्ञान के लिए शास्त्र ही चक्षु है और इस भव तथा परभव के सर्व प्रयोजनों को सिद्ध करने के लिए भी शास्त्र ही है।

पण्डित टोडरमलजी सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका में लिखते हैं -

देखो शास्त्राभ्यास की महिमा! जिसके होने पर परम्परा से आत्मानुभव दशा प्राप्त होती है, जिससे मोक्षरूप फल प्राप्त होता है। यह तो दूर ही रहो, शास्त्राभ्यास से तत्काल ही इतने गुण प्रकट होते हैं -

१. क्रोधादिक की तो मन्दता होती है।
२. पञ्चेन्द्रिय के विषयों में प्रवृत्ति रुकती है।
३. अतिचञ्चल मन भी एकाग्र होता है।
४. हिंसादि पाँच पाप नहीं होते।
५. हेय-उपादेय की पहिचान होती है।
६. लोक में महिमा-यश विशेष होता है।
७. आत्म-ज्ञानसन्मुख अथवा ज्ञान, आत्म-सन्मुख होता है।
८. ज्ञान, अधिक-अधिक होने पर आनन्द उत्पन्न होता है।
९. सातिशय पुण्य का बन्ध होता है।
१०. स्तोक (अल्प) ज्ञान होने पर भी त्रिलोक के तीन काल सम्बन्धी चराचर पदार्थों का जानना होता है।

प्रकाशकीय

श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट , नागपुर द्वारा **श्रीमद् आचार्य पद्मनन्दि विरचित श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका** नामक ग्रन्थ का पुन: प्रकाशन करते हुए हमें अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इसके पूर्व भी हमने सन् १९९६ में इसी ग्रन्थ का प्रकाशन किया था। बहुत समय से यह ग्रन्थ अनुपलब्ध था, अत: संस्था ने इसे पुन: प्रकाशित करने का निर्णय लिया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ, ग्रन्थकार, प्रकाशन एवं हिन्दी टीका के सम्बन्ध में हमारा कुछ भी लिखना अनुचित है क्योंकि उनके सम्बन्ध में **प्रस्तावना** एवं **सम्पादकीय** में विस्तृत चर्चा की गई है। हम तो सिर्फ इतना ही कह सकते हैं कि उक्त ग्रन्थ का परिचय एवं उसकी महत्ता सन् १९९४ में जब **ब्र. श्री यशपालजी जैन** के माध्यम से हमें ज्ञात हुई तो सर्वप्रथम हमारी दैनिक स्वाध्याय सभा में उसके प्रकाशन करने का विचार हुआ।

उससमय **पण्डित राकेशकुमारजी जैन शास्त्री**, श्री टोडरमल स्मारक दिगम्बर जैन सिद्धान्त महाविद्यालय, जयपुर के स्नातक विद्वान बन कर एवं प्रख्यात लेखक एवं सम्पादक **डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल, जयपुर** से सत्साहित्य प्रकाशन में विशेष शिक्षा-दीक्षा पाकर नागपुर आये हुए थे; अत: हमने उक्त दोनों विद्वानों के निर्देशन-सम्पादन में ही ग्रन्थ को प्रकाशित करने का निश्चय किया।

हमारे प्रेरणास्रोत ब्र. यशपालजी ने अत्यन्त सरल भाषा में रचित **पण्डित गजाधरलालजी न्यायतीर्थ** की टीका को जनोपयोगी जान कर, उसे ग्रन्थ के साथ छपाने का विचार किया एवं उसका संशोधन एवं सम्पादन करके नागपुर भेजा। पश्चात् डॉ. राकेश जैन शास्त्री ने भी अपने प्रकाशन अनुभव के आधार पर कुछ और संशोधन कर उस समय विकसित नई कम्प्यूटर प्रणाली से इसका कम्पोजिंग किया। ग्रन्थ के प्रथम संस्करण के प्रूफ-संशोधन में उक्त दोनों सम्पादकों के अलावा पण्डित वीरसागरजी शास्त्री दिल्ली का भी सहयोग लिया गया, उनके द्वारा भी अनेक महत्त्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए, जिनका हमने यथासम्भव यहाँ उपयोग किया। अन्तिम प्रूफ संशोधन में श्री वसन्तरावजी सावरकर एवं श्री मनोहररावजी मारवडकर, नागपुर का भी सहयोग मिला। इसप्रकार १९९६ में हम इस ग्रन्थ की प्रथम आवृत्ति प्रकाशित कर सके। उक्त सभी विद्वानों के कार्य एवं शैली से समाज भलीभाँति सुपरिचित है।

सन् २०१० में हमने जब इस ग्रन्थ का पुन: प्रकाशन करने का विचार किया, तब श्री टोडरमल स्मारक दिगम्बर जैन सिद्धान्त महाविद्यालय, जयपुर के ही स्नातक विद्वान एवं तत्कालीन वीतराग-विज्ञान (हिन्दी) एवं जैनपथप्रदर्शक के प्रबन्ध सम्पादक **पण्डित जितेन्द्र राठी शास्त्री, पुणे** ने इस कार्य को करने की भावना व्यक्त की। वे भी पारशिवनी (नागपुर) के ही निवासी होने से एवं ग्रन्थ-सम्पादन का पूर्वानुभव उन्हें भी होने के कारण यह कार्य उन्हें सौंपा गया, उन्होंने ही

ग्रन्थ की कम्पोजिंग एवं प्रकाशन व्यवस्था भी सँभाली, किन्तु उनकी शासकीय सेवा एवं व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण ग्रन्थ को प्रकाशित होने में समय लग गया।

इस बीच हमें यह विचार आया कि मूल श्लोकों का **हिन्दी पद्यानुवाद** भी क्यों न कराया जाए? इसके लिए एक अच्छे अनुभवी, तत्त्व-जानकार, कवि-हृदय विद्वान् की आवश्यकता थी, तब **पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री, देवलाली** से यह निवेदन किया गया; जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर, हमें इसके मूल श्लोकों का हिन्दी पद्यानुवाद अत्यन्त सरलतम भाषा में करके दिया। प्रस्तुत ग्रन्थ में पाठकों को मूल संस्कृत श्लोकों का भाव समझने के लिए हिन्दी पद्यानुवाद का भी अत्यधिक उपयोग होगा।

इस प्रकार इस ग्रन्थ के सम्पादन-प्रकाशन में सहयोगी हमारे उक्त सभी विद्वानों के प्रति हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

वर्तमान में बढ़ती महँगाई के कारण दातारों के बिना बड़े ग्रन्थों का प्रकाशन करना असम्भव है, अत: इस ग्रन्थ के प्रकाशन में **श्री कुन्दकुन्द-कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुम्बई** की ओर से **श्री अनन्तभाई सेठ** ने **एक लाख रुपये** एवं **श्री शीतलचन्दजी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ताराबाई जैन, ग्वालियर** ने **पचास हजार रुपये** की राशि प्रदान की। हम इन दोनों महानुभावों का विशेष आभार व्यक्त करते हैं। इनके अलावा जिन महानुभावों ने इसकी कीमत कम करने में सहयोग किया है, उनके प्रति भी हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

इस ग्रन्थ की प्रथम आवृत्ति के प्रकाशन के समय हमें साहित्य प्रकाशन ध्रुवफण्ड हेतु नागपुर के श्री विश्वलोचनकुमारजी जैनी, स्व. श्रीमती चिन्ताबाई मिट्ठुलालजी मोदी, स्व. श्री कुन्दनलालजी मोदी, स्व. श्री सुन्दरलालजी भायजी (मामाजी), स्व. श्री निर्मलकुमारजी जैनी, श्री सुदीपकुमारजी गुलाबचन्दजी जैन, श्री आदिनाथजी नखाते, श्री नरेशकुमारजी मुलामचन्दजी जैन (सिंघई), श्री शरदचन्द्रजी बानाईत, श्री सुशीलजी सतभैया आदि प्रमुख महानुभावों का सहयोग मिला। हम इन सभी का भी आभार प्रगट करते हैं।

इस प्रकाशन के सम्बन्ध में संक्षिप्त जानकारी देने के उपरान्त हम हमारी संस्था के सम्बन्ध में भी संक्षिप्त जानकारी देना चाहते हैं -

श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट, नागपुर

नागपुर की सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से **दिसम्बर १९८७ में अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन का वार्षिक अधिवेशन, श्री वासुपूज्य दिगम्बर जिन-चैत्यालय प्रतापनगर का वेदी प्रतिष्ठा समारोह एवं आध्यात्मिक शिक्षण शिविर का संयुक्त आयोजन** किया गया था। उस समय कार्यक्रम के पूर्व ही सामाजिक विद्रोह उपस्थित कर दिये जाने के कारण कुछ मनमुटाव उत्पन्न हो गये थे। जिससे कुछ असामाजिक तत्त्वों ने कार्यक्रम के बीच व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की। यद्यपि उनकी कोशिश सफल नहीं हो पाई और कार्यक्रम आशातीत सफल हुआ। फिर

कार्यक्रम के बीच ही स्वाध्याय प्रेमी मुमुक्षुओं को श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट की स्थापना करनी पड़ी। अपनी स्थापना के बाद से मण्डल ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा और लगातार अपने प्रगतिपथ की ओर अग्रसर होते रहा है।

एक वर्ष तक मण्डल का दैनिक स्वाध्याय, **श्री किसनलालजी देवड़िया** के निवास स्थान पर चलता रहा, तत्पश्चात् करीब दो वर्ष तक यह स्वाध्याय, **श्रीमती चिन्ताबाई मिट्ठूलालजी मोदी** के निवास स्थान **'समयसार सदन'** में चलता रहा। इसी बीच दशलक्षण पर्व, अष्टाह्निका पर्व आदि में अनेकों विद्वान नागपुर पधारे। जगह की कमी के कारण इतवारी क्षेत्र में स्थित माहेश्वरी भवन, ओसवाल भवन आदि किराये पर लेकर कार्यक्रम संचालित होने लगे। **मण्डल के कार्यक्रम आध्यात्मिक रंग से सराबोर होने के कारण सभी को भाने लगे, अपने लगने लगे।**

इस बीच मण्डल के कार्यक्रम हेतु स्वयं का स्थायी भवन बनाने का विचार बना और देखते ही देखते नागपुर के अत्यधिक व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र इतवारी में नेहरु पुतला के पास लगभग २२०० वर्ग फुट का स्थान लिया गया। पहले तो मात्र स्वाध्याय भवन बनाने का विचार था, परन्तु बाद में विचार किया कि यदि स्वाध्याय भवन के साथ-साथ अन्तिम तीर्थंकर श्री महावीरस्वामी का जिन-मन्दिर भी बनाया जाए तो एक आगम-सम्मत आध्यात्मिक सुमेल स्थापित होगा और हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं परम्पराएँ युगों-युगों तक सुरक्षित एवं संरक्षित रहेंगी; अत: अन्तिम तीर्थंकर शासननायक १००८ श्री महावीरस्वामी भगवान का भव्य जिनालय बनाया गया, जिसकी **पंचकल्याणक-विधि से प्रतिष्ठा २ से ९ फरवरी १९९२ तक** बड़े धूमधाम के साथ नागपुर के रेशमबाग स्थित संघ मुख्यालय के मैदान में सम्पन्न हुई।

इस मन्दिर के स्वाध्याय भवन में **छहढाला, कुन्दकुन्द शतक, जिनवाणी की स्तुतियाँ अनेक आध्यात्मिक एवं सैद्धान्तिक विषयों पर पठनीय सामग्री** को संगमरमर के पत्थर पर टंकोत्कीर्ण किया गया है। ट्रस्ट के ट्रस्टी मण्डल ने मन्दिर-निर्माण को कभी भी हलके रूप में नहीं लिया और सम्पूर्ण मन्दिर में, यहाँ तक कि शिखर के ऊपरी भाग में भी संगमरमर लगाया गया है।

इस बीच बालकों में संस्कारों के बीजारोपण हेतु समाज के सहयोग से ही **श्री वीतराग-विज्ञान भवन का निर्माण** एवं वर्ष २००८ में अध्यात्म के विशुद्ध प्रचार-प्रसार के लिए **श्री महावीर विद्या निकेतन (धार्मिक संकुल)** का प्रारंभ किया गया, जिसमें कक्षा ८ से १२ वीं के छात्रों को लौकिक शिक्षा के साथ-साथ बालकों को धार्मिक शिक्षा एवं संस्कार भी दिये जाते है। वर्तमान में यहाँ कुल ५२ छात्र अध्ययनरत हैं।

आज हमें यह कहते हुए गर्व होता है कि इस ट्रस्ट के अन्तर्गत अनेकों धार्मिक कार्य संचालित किये जा रहे हैं। जिनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है -

१. प्रतिदिन जिनेन्द्र भगवान के सामूहिक अभिषेक-पूजन के अलावा प्रात: एवं रात्रि में दोनों समय **आध्यात्मिक शास्त्र सभा का संचालन** सुयोग्य वक्ताओं द्वारा होता है।

२. **श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला का सफल संचालन** अध्यापकों द्वारा किया जाता है।

३. प्रति रविवार को फैडरेशन के सदस्यों द्वारा **सामूहिक अभिषेक-पूजन** होता है।

४. प्रति शनिवार को श्री महावीर विद्या निकेतन के छात्रों द्वारा विविध विषयों पर **धार्मिक संगोष्ठी** का आयोजन प्रमुख विद्वानों की उपस्थिति में होता है।

५. प्रतिदिन फैडरेशन की महिला सदस्यों द्वारा सायंकाल **धार्मिक शिक्षण वर्ग का आयोजन** आमंत्रित एवं स्थानीय विदुषियों द्वारा किया जाता है।

६. **दशलक्षण एवं अष्टाह्निका आदि महापर्वों** पर बाहर से आमन्त्रित विद्वानों का समागम और पूजन-विधान का विशेष आयोजन किया जाता है।

७. वर्ष में कम-से-कम एक बार जैन युवा फेडरेशन की शाखा द्वारा निकटस्थ तीर्थक्षेत्रों पर यात्राओं का आयोजन किया जाता है। जहाँ दिन भर पूजन-विधान-भक्ति, छात्रावास के विद्यार्थियों की धार्मिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

८. विगत १६ सालों से नागपुर एवं आसपास के लगभग ३०-३५ नगरों में ग्रीष्मावकाश के समय **सात दिवसीय ग्रुप संस्कार शिविर** का एक साथ आयोजन किया जाता है, जिसमें लगभग १०० विद्वानों को आमन्त्रित कर, प्रति नगर में दो-दो विद्वानों द्वारा धर्म प्रभावना का कार्य होता है।

ट्रस्ट के अन्तर्गत संचालित विभाग निम्न प्रकार हैं -

१. श्री महावीर दिगम्बर जिन मन्दिर
२. श्री महावीर विद्या निकेतन (धार्मिक संकुल)
३. सत्साहित्य प्रकाशन एवं विक्रय केन्द्र
४. अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन
५. अखिल भारतीय जैन महिला फेडरेशन
६. श्री वीतराग-विज्ञान पाठशाला

इस प्रकार ट्रस्ट की सकारात्मक गतिविधियों एवं सुयोग्य कार्यक्रमों के कारण आज इस ट्रस्ट का नाम, सारे भारतवर्ष की दिगम्बर जैन मुमुक्षु समाज में गौरव के साथ लिया जाता है। भविष्य में भी एक 'विशाल संकुल' का निर्माण करके अनेक धार्मिक गतिविधियों को संचालित करने की ट्रस्टी मण्डल की तीव्रतम भावना है। आशा है, हम अपने समस्त पाठकों की शुभकामनाओं के बल से धार्मिक क्षेत्र में 'दिन-दूनी रात-चौगुनी' प्रगति करते रहेंगे। साथ ही जगत् में इस कल्याणकारी जिनधर्म की प्रभावना करते रहेंगे। हम अपनी भावना में सफल हों एवं स्वकल्याण के साथ परकल्याण भी करते रहें। इसी भावना के साथ -

अध्यक्ष
आदिनाथ नखाते

मन्त्री
अशोककुमार जैन

श्री कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन स्वाध्याय मण्डल ट्रस्ट, नागपुर

सम्पादकीय

'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका' मूलत: **आचार्य श्री पद्मनन्दिदेव** द्वारा विरचित आध्यात्मिक विषयों का समुच्चय अथवा संग्रह ग्रन्थ है। विभिन्न विषयों पर आचार्यश्री के विचार इसमें दृष्टिगोचर होते हैं। इसकी रचना मुख्यरूप से संस्कृत भाषा में की गई है। अपवादस्वरूप दो अधिकार, श्री ऋषभ-स्तोत्र एवं श्री जिनेन्द्र-स्तवन, प्राकृत भाषा में रचित हैं।

इस ग्रन्थ की संस्कृत, कन्नड, हिन्दी भाषा में अनेक टीकाएँ प्राप्त होती हैं। हिन्दी भाषा में प्राप्त टीका में **पण्डित श्री गजाधरलालजी न्यायतीर्थ** द्वारा श्लोकों के अर्थ एवं भावार्थ दिये गये हैं। जिनकी भाषा अत्यन्त सरल एवं मनोहारी है। श्लोकों का भाव समझने में यह टीका अत्यधिक उपयोगी एवं समर्थ है। साथ ही करणानुयोग एवं सिद्धान्त-ग्रन्थों के पारगामी विद्वान् **पण्डित जवाहरलालजी सिद्धान्त शास्त्री, भीण्डरवालों** ने इसी टीका का सम्पादन किया था। हमने जब टीकाओं का अनुशीलन किया तो हमें भी यही टीका, विशेषरूप से पसन्द आई। सम्पादन का कार्य करते हुए **संस्कृत टीका** एवं **पण्डित बालचन्दजी सिद्धान्तशास्त्री** द्वारा लिखित अनुवाद भी देखा है, जिससे श्लोकों के जो अन्य पाठान्तर विभिन्न हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त हुए है, उन्हें समझने का मौका मिला; उसमें भी जो सर्वोत्तम लगा, वही प्रस्तुत प्रकाशन में रखा है।

इसके अलावा भी अनेक कार्य, सम्पादन करते हुए किये गये हैं, जैसे ह्न

१. प्रत्येक श्लोक के ऊपर श्लोकों के नाम दिये हैं, जो कि पूर्व टीका में सर्वत्र नहीं दिये गये थे। इस रचना में मुख्यत: शार्दूलविक्रीड़ित, आर्या, अनुष्टुप्, वसन्ततिलका आदि छन्दों का प्रयोग किया गया है। छन्दों की संख्या एवं स्वरूप ग्रन्थ के अन्त में अलग परिशिष्ट के रूप में दिया गया है।

२. प्रत्येक श्लोक अथवा गाथा की विषय-वस्तु को दर्शानेवाले शीर्षक दिये गये हैं। उसके साथ जो क्रमांक दिये हैं, वे सम्पूर्ण ग्रन्थ के अनवरत श्लोक क्रमांक को तथा श्लोक के साथ जो क्रमांक दिये गये हैं वे प्रत्येक अध्याय के श्लोक क्रमांक को सूचित करते हैं।

३. शीर्षक को अलग दिखाने के उद्देश्य से उसका टाइप बोल्ड रखा गया है।

४. श्लोक गाते या पढ़ते समय जहाँ यति (विराम) आता है, उसे (,) द्वारा दर्शाया गया है तथा जहाँ यति होने पर भी सन्धि है, उसे (-,) द्वारा दर्शाया गया है।

५. पाठकों को मूल संस्कृत श्लोकों का भाव समझने, पद्य के रूप में गाने-गुनगुनाने के

लिए उसके नीचे पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री, देवलाली द्वारा विरचित सरल सुन्दर हिन्दी पद्यानुवाद भी दिया गया है।

६. भाषा की दृष्टि से श्लोकार्थ एवं भावार्थ में भाव को सुरक्षित रखते हुए उचित परिवर्तन किये गये हैं, ताकि भाषा का प्रवाह खण्डित न हो एवं पाठकों को किसी भी विषय को समझने में किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। साहित्यिक दृष्टि से भी अनुवाद की भाषा का स्तर, वर्तमान हिन्दी साहित्य में कम न आँका जाए, इसका भी ध्यान रखा गया है। ध्यान रहे कि मूल टीका में कहीं-कहीं भाषा को बहुत घुमा-फिरा कर प्रयोग किया गया था, उसे सीधी-सादी सरल भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

७. बड़े-बड़े अनुच्छेद (पैराग्राफ) नीरसता उत्पन्न करते हैं, अत: विषयानुसार उनके छोटे-छोटे अनुच्छेद बनाये गये हैं।

८. प्रत्येक अधिकार को नये पृष्ठ से प्रारम्भ किया गया है तथा सर्वप्रथम उन-उन अधिकारों का क्रमांक व नामोल्लेख किया गया है।

९. प्रत्येक पृष्ठ के ऊपर पृष्ठ क्रमांक के साथ ग्रन्थ का नाम, अधिकार का नाम, अधिकार क्रमांक का उल्लेख भी किया गया है।

१०. विभक्तियों को शब्दों से चिपकाये बिना उनसे अलग रखा गया है।

११. ग्रन्थ के प्रारम्भ में दो विषय सूचियाँ दी गई हैं ह्न एक संक्षिप्त और दूसरी विस्तृत। संक्षिप्त विषय-सूची में अधिकारों के नाम, क्रमांक व पृष्ठ क्रमांक का उल्लेख है। जबकि विस्तृत विषय-सूची में प्रत्येक श्लोक की विषय-वस्तु का संक्षेप में कथन किया है।

१२. ग्रन्थ के प्रारम्भ में विस्तृत प्रस्तावना भी दी गई है। यह प्रस्तावना, भारतीय ज्ञानपीठ के पूर्व सम्पादक डॉ. प्रो. ए. एन. उपाध्ये एवं डॉ. हीरालाल जैन ने लिखी हैं।

१३. ग्रन्थ के अन्त में वर्णानुक्रमानुसार श्लोकानुक्रमणिका दी गई है।

हमारे द्वारा अनेक संशोधन करने के उपरान्त भी त्रुटियाँ रह सकती हैं, जिनकी ओर सुधी पाठक हमारा ध्यान आकर्षित करें, ताकि हम उन्हें भविष्य में सुधार सकें।

इस सम्पूर्ण प्रकाशन के दौरान अनेकों बार इस ग्रन्थ का स्वाध्याय हुआ, जो हमारे तत्त्वज्ञान की निर्मलता में सहायक सिद्ध हुआ। पाठक भी इस ग्रन्थ को गहराई से स्वाध्याय-चिन्तन-मनन करके अपना तत्त्वज्ञान निर्मल करें - यही भावना है।

ह्न **ब्र. यशपाल जैन**, जयपुर
ह्न **डॉ. राकेश जैन शास्त्री**, नागपुर
ह्न **पण्डित जितेन्द्र राठी शास्त्री**, पुणे

प्रस्तावना

ह्न प्रो. आदिनाथ ने. उपाध्ये
ह्न प्रो. हीरालाल जैन

ग्रन्थ का नाम ह्न प्रस्तुत ग्रन्थ, अपने वर्तमानरूप में २६ स्वतन्त्र प्रकरणों का संग्रह है। इसका नाम **पद्मनन्दि-पंचविंशतिः** कैसे और कब प्रसिद्ध हुआ? इसका निर्णय करना कठिन है। यह नाम स्वयं ग्रन्थकार के द्वारा निश्चित किया गया प्रतीत नहीं होता क्योंकि वे प्रायः सभी (२२, २३,और २४ को छोड़कर) प्रकरणों के अन्त में येन-केन प्रकारेण अपने नाम-निर्देश के साथ उस प्रकरण का भी नामोल्लेख करते हैं, अतः ग्रन्थ के सामान्य नाम का उल्लेख न करने का कोई कारण शेष नहीं दिखता। इससे तो यही प्रतीत होता है कि ग्रन्थकार ने उक्त प्रकरणों को स्वतन्त्रता से पृथक् ही रचा है, न कि उन्हें एक ग्रन्थ के भीतर समाविष्ट करके।

दूसरे, जब ग्रन्थ के भीतर २६ विषय वर्णित हैं, तब **पंचविंशतिः** नाम की सार्थकता भी नहीं रहती है। उसकी जो प्रतियाँ हमें प्राप्त हुई हैं, उनमें प्रकरणों के अन्त में जिस प्रकार प्रकरण का नामोल्लेख पाया जाता है, उसी प्रकार उसकी संख्या का निर्देश प्रायः न तो शब्दों में पाया जाता है और न अंको में। हाँ, उसकी जो मूल श्लोकों के साथ ढुँढारी भाषामय वचनिका पाई जाती है, उसमें अधिकारों का नाम और संख्या अवश्य पाई जाती है, किन्तु वहाँ भी **पंचविशतिः** की संगति नहीं बैठाई जा सकी। वहाँ यथाक्रम से २४ अधिकारों का उल्लेख करके आगे स्नानाष्टक के अन्त में ह्न **।। इति श्री स्नानाष्टक नाम पचीसमा अधिकार समाप्त भया।।२५।।** ह्न यह वाक्य लिखा है तथा अन्तिम ब्रह्मचर्याष्टक के अन्त में ह्न **।। इति ब्रह्मचर्याष्टक समाप्त।।२५।।** ह्न ऐसा निर्देश है। इस प्रकार अन्त में दोनों अधिकारों को २५वाँ ही सूचित किया गया है।

वचनिकाकार ने ग्रन्थ के अन्त में इस वचनिका के लिखने के हेतु आदि का निर्देश करते हुए जो प्रशस्ति लिखी है, उसमें भी अन्तिम दोनों प्रकरणों के क्रम संख्या की संगति नहीं बैठ सकी है। यथा ह्न

चौवीसम अधिकार जो कह्यो, स्नान त्याग अष्टक सरदह्यो।
अन्तिम ब्रह्मचर्य अधिकार, आठ काव्य में परम उदार।।

यहाँ क्रम-प्राप्त 'शरीराष्टक' को २४वाँ अधिकार न बतला कर, उसके आगे के

'स्नानाष्टक' को २४वाँ अधिकार निर्दिष्ट किया है। दूसरे, इस वचनिका के प्रारम्भ में जो पीठिका स्वरूप से ग्रन्थ के अन्तर्गत अधिकारों का परिचय कराया गया है। वहाँ **परमार्थविंशतिः** पर्यन्त यथाक्रम से २३ अधिकारों का उल्लेख करके, तत्पश्चात् 'शरीराष्टक' को ही २४वाँ अधिकार निर्दिष्ट किया गया है।

जैसे ..... **ता पीछै आठ काव्यनि विषै चौवीसमा शरीराष्टक अधिकार वर्णन किया है। ता पीछै नव काव्यनि विषैं ब्रह्मचर्याष्टक अधिकार वर्णन करकैं ग्रन्थ समाप्त किया ह्न** इन दोनों वाक्यों के बीच में सम्भवतः प्रति (हस्तलिखित प्रति) लेखक के प्रमाद से "**ता पीछैं आठ काव्यनि विषैं पचीसमा स्नानाष्टक अधिकार वर्णन किया है ह्न** यह वाक्य लिखने से रह गया प्रतीत होता है। इस प्रकार २४वें अधिकार के नामोल्लेख में पूर्व पीठिका और अन्तिम प्रशस्ति में परस्पर विरोध पाया जाता है।

यदि ग्रन्थकार को स्वयं इस ग्रन्थ का नाम '**पंचविंशतिः**' अभीष्ट होता तो फिर अधिकारों की यह संख्या विषयक असंगति दृष्टिगोचर नहीं होती। इनमें से कुछ कृतियाँ (जैसे, एकत्व-सप्तति आदि) स्वतन्त्ररूप से भी प्राप्त होती हैं व प्रकाशित हो चुकी हैं। उनमें परस्पर पुनरुक्ति भी बहुत है। अतएव जान पड़ता है कि ग्रन्थकार ने अनेक स्वतन्त्र रचनाएँ की थीं, जिनमें से किसी ने पच्चीसों को एकत्र कर, उस संग्रह का नाम '**पद्मनन्दि पंचविंशतिः**' रख दिया। तत्पश्चात् किसी अन्य ने उनकी एक और रचना को उसी संग्रह में जोड़ दिया, किन्तु नाम का परिवर्तन नहीं किया। आश्चर्य नहीं, जो किसी अन्य ग्रन्थकार की भी एक रचना इसमें आ जुड़ी हो।

सब प्रकरणों की एककर्तृकता ह्न यहाँ यह एक प्रश्न उपस्थित होता है कि वे सब प्रकरण किसी एक ही पद्मनन्दि के द्वारा रचे गये हैं, या पद्मनन्दि नाम के किन्हीं विभिन्न आचार्यों के द्वारा रचे गये हैं अथवा अन्य भी किसी आचार्य के द्वारा कोई प्रकरण रचा गया है? ह्न इस प्रश्न पर हमारी दृष्टि, ग्रन्थ के उन प्रकरणों पर आ जाती है, जहाँ ग्रन्थकार ने किसी न किसी रूप में अपने नाम की सूचना की है ह्न ऐसे प्रकरण बाईस (१-२१ व २५) हैं।

इन प्रकरणों में ग्रन्थकर्ता ने पद्मनन्दि, पंकजनन्दि, अम्भोजनन्दि, अम्भोरुहनन्दि, पद्म और अब्जनन्दि ह्न इन पदों के द्वारा अपने नाम की व कहीं-कहीं अपने गुरु वीरनन्दि की भी सूचना की है।[१] इसके साथ-साथ उन प्रकरणों की भाषा, रचना शैली और नाम व्यक्त करने

---

१. **पद्मनन्दि** १-१९८, २-५४, ३-५५, ४-७७, ६-६२, १०-४७, ११-६१, १२-२२, १३-६०, १५-३०, १६-२४, **पंकजनन्दि** ५-९, ७-२७, ९-३३, २५-८, **अम्भोजनन्दि** ८-२९, **अम्भोरुहनन्दि** १७-८, १८-९, **पद्म** १४-३३, १९-१०, २०-८, **अब्जनन्दि** २१-१८.

की पद्धति को देखते हुए उन सबके एक ही कर्ता के द्वारा रचे जाने में कोई सन्देह नहीं रहता। इनको छोडकर, एकत्वभावनादशक (२२), परमार्थविंशति: (२३), शरीराष्टक (२४) और ब्रह्मचर्याष्टक (२६) ह्न ये चार प्रकरण शेष रहते हैं, जिनमें ग्रन्थकर्ता का नाम निर्दिष्ट नहीं है।

श्री मुनि पद्मनन्दि, अपने गुरु के अतिशय भक्त थे, उन्होंने गुरु को परमेश्वरतुल्य (१०-४९) निर्दिष्ट करते हुए इस गुरुभक्ति को अनेक स्थलों पर प्रगट किया है।[१] यह गुरुभक्ति **एकत्व-भावनादशक** प्रकरण के छठवें श्लोक में भी देखी जाती है।[२] इससे यह प्रकरण, उन्हीं के द्वारा रचा गया प्रतीत होता है। वह गुरुभक्ति, एकत्वभावनादशक के समान **परमार्थविंशति:** में भी दृष्टिगोचर होती है।[३] दूसरे, इस प्रकरण में जो १०वाँ श्लोक आया है, वह कुछ थोड़े से परिवर्तित स्वरूप में इसके पूर्व **अनित्य पंचाशत्** (३-१७) में भी आ चुका है। तीसरे, इस प्रकरण (परमार्थविंशति:) में अवस्थित १८ वें श्लोक **ह्न जायेतोद्गतमोहतोऽभिलषिता मोक्षेऽपि सा सिद्धिहृत्** इत्यादि की समानता कितने ही पिछले श्लोकों के साथ पाई जाती है।[४]

इसके अतिरिक्त प्रस्तुत प्रकरण के अन्तर्गत १९ वाँ श्लोक तो प्राय: (तृतीय चरण को छोड़कर) उसी रूप में पीछे (१-१५४) आ चुका है। ये सब ऐसे हेतु हैं कि जिनसे पिछले प्रकरणों के साथ इस प्रकरण की समानकर्तृकता का अनुमान होता है।

शरीराष्टक का प्रथम श्लोक **(दुर्गन्धाऽशुचि आदि)** पीछे **अनित्य पंचाशत्** (३-३) में आ चुका है। इसके अतिरिक्त गुरुभक्ति को प्रदर्शित करने वाला वाक्य **(मे हृदि गुरुवचनं चेदस्ति तत्तत्त्वदर्शि-५)** यहाँ भी उपलब्ध होता है। इससे यह प्रकरण भी उक्त मुनि पद्मनन्दि के द्वारा ही रचा गया प्रतीत होता है।

अब **ब्रह्मचर्याष्टक** नाम का अन्तिम प्रकरण ही शेष रहता है, सो यहाँ यद्यपि ग्रन्थकार ने अपने नाम का निर्देश तो नहीं किया, फिर भी इस प्रकरण की रचना शैली पूर्व प्रकरणों के ही समान है। इस प्रकरण का अन्तिम श्लोक यह है ह्न

युवतिसंगविवर्जनमष्टकं प्रति, मुमुक्षुजनं भणितं मया।
सुरतरागसमुद्रगता जना:, कुरुत मा क्रुधमत्र मुनौ मयि।।

यहाँ पूर्व पद्धति के समान ग्रन्थकार ने **युवति-संग-विवर्जन-अष्टक (ब्रह्मचर्याष्टक)** के रचे जाने का उल्लेख किया है। साथ में उन्होंने अपने मुनिपद का निर्देश करके अपने ऊपर

---

१. **देखिये श्लोक क्रमांक** १-१९७, २-५४, ९-३२, १०-४९, ११-४ और ११-५९.

२. **गुरूपदेशतोऽस्माकं नि:श्रेयसपदं प्रियम्।।** ह्न २२-६.

३. देखिए, श्लोक २३-९ **(नित्यानन्दपदप्रदं गुरुवचो, जागर्ति चेच्चेतसि)** और
श्लोक २३-१६ **(गुर्वंघ्रिद्वयदत्तमुक्तिपदवी, प्राप्त्यर्थनिर्ग्रंथता;-जातानन्दवशात्)**

४. देखिए, श्लोक १-५५ और ४-५३.

क्रोध न करने के लिए विषयानुरागी जनों से प्रेरणा भी की है। यहाँ यह स्मरण रखने की बात है कि श्री पद्मनन्दि ने कितने ही स्थलों में अपने नाम के साथ 'मुनि' पद का प्रयोग किया है। इससे इस प्रकरण के भी उनके द्वारा रचे जाने में कोई बाधा नहीं दिखती।

ग्रन्थ के अन्तर्गत **ऋषभ स्तोत्र** (१३) और **जिनदर्शन स्तवन** (१४) ह्न ये दो प्रकरण ऐसे हैं, जो प्राकृत भाषा में रचे गये हैं। इससे किसी को यह शंका हो सकती है कि शायद ये दोनों प्रकरण, किसी अन्य पद्मनन्दि के द्वारा रचे गये होंगे, परन्तु उनकी रचना-पद्धति और भाव-भंगी को देखते हुए, इस सन्देह के लिए कोई स्थान नहीं दिखता। उदाहरण के लिए इस स्तोत्र में यह गाथा आई है ह्न

विप्पडिवज्जइ जो तुह, गिराए मइ सुइबलेण केवलिणो।
वर-दिट्ठि-दिट्ट-णह-जंत-पक्खि-गणणे वि सो अंधो।।३४।।

इसकी तुलना प्रथम अध्याय के निम्न श्लोक से कीजिए ह्न

यः कल्पयेत् किमपि सर्वविदोऽपि वाचि,
सन्दिह्य तत्त्वमसमजंसमात्मबुद्ध्या।
खे पत्रिणां विचरतां सदृशेक्षितानां,
संख्यां प्रति प्रविदधाति स वादमन्धः।।१२५।।

इन दोनों पद्यों का अभिप्राय समान है, उसमें कुछ भी भेद नहीं है; इसलिए भाषाभेद के होने पर भी इसे उन्हीं पद्मनन्दि के द्वारा रचा गया समझना चाहिए।

इसके अतिरिक्त इसी **ऋषभ स्तोत्र** में आठ प्रातिहार्यों के आश्रय से, जैसे ह्न भगवान आदिनाथ की स्तुति की गई है, वैसे ही **शान्तिनाथ स्तोत्र** में उनके आश्रय से ही शान्तिनाथ जिनेन्द्र की भी स्तुति की गई है। **ऋषभजिन स्तोत्र** के '**जत्थ जिण ते वि जाया, सुरगुरुपमुहा कई कुंठा** (३६)' ह्न इस वाक्य की समानता भी **सरस्वती स्तोत्र** के निम्न वाक्य के साथ दर्शनीय है ह्न '**कुण्ठास्तेऽपि बृहस्पतिप्रभृतयो, यस्मिन् भवन्ति ध्रुवम्** (१५-३१)।'

इसी प्रकार **ऋषभ स्तोत्र** की तीसरी गाथा और **जिनदर्शन स्तवन** की सोलहवीं गाथा के '**चम्मच्छिणा वि दिट्ठे**' और '**चम्ममएणच्छिणा वि दिट्ठे**' आदि पदों की समानता को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि वह जिनदर्शन स्तवन भी प्रकृत पद्मनन्दि मुनि के द्वारा ही रचा गया है। इससे तो यही विदित होता है कि प्रस्तुत ग्रन्थकार का जैसे संस्कृत भाषा पर अबाधित अधिकार था, वैसे ही प्राकृत भाषा पर भी उनका पूरा अधिकार था।

मुनि पद्मनन्दि और उनका व्यक्तित्व ह्न पूर्व विवेचन से यह सिद्ध हो चुका है

कि प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत सब ही प्रकरणों के रचयिता एक ही मुनि पद्मनन्दि हैं। उन्होंने प्राय: सभी प्रकरणों में केवल अपने नाम मात्र का ही निर्देश किया है, इसके अतिरिक्त उन्होंने अपना कोई विशेष परिचय नहीं दिया है।

इतना अवश्य है कि उन्होंने दो स्थलों (१-१९७, २-५४) पर **'वीरनन्दि'** इस नामोल्लेख के साथ अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव दिखलाते हुए अतिशय भक्ति प्रदर्शित की है। इसके अतिरिक्त नाम-निर्देश के बिना तो उन्होंने अनेक स्थानों पर गुरुस्वरूप से उनका स्मरण करते हुए उनके प्रति अतिशय श्रद्धा का भाव व्यक्त किया है। जैसा कि उन्होंने **परमार्थविंशति:** में व्यक्त किया है।

श्री वीरनन्दि, उनके **दीक्षागुरु** प्रतीत होते है, सम्भव है ह्न ये ही उनके **विद्यागुरु** भी रहे हों। यह सम्भावना, उनके निम्न उल्लेख के आधार से की जा रही है ह्न

रत्नत्रयाऽभरण-वीर-मुनीन्द्र-पाद, पद्म-द्वय-स्मरण-संजनित-प्रभाव:।
श्रीपद्मनन्दिमुनिराश्रितयुग्मदान-, पंचाशतं ललितवर्णचयं चकार।।२-५४।।

यहाँ **दानोपदेश** प्रकरण को समाप्त करते हुए मुनि पद्मनन्दि ने यह भाव व्यक्त किया है कि यह जो मैंने ५२ श्लोकमय सुन्दर प्रकरण रचा है, वह रत्नत्रय से विभूषित **श्री वीरनन्दि** आचार्य के चरण-कमलों के स्मरणजनित प्रभाव से ही रचा है, अन्यथा मुझमें ऐसा सामर्थ्य नही था।

इस उल्लेख में जो उन्होंने 'स्मरण' पद का प्रयोग किया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रकरण की रचना के समय **आचार्य वीरनन्दि** उनके पास नहीं थे अर्थात् उस समय उनका स्वर्गवास हो चुका था।

मुनि पद्मनन्दि द्वारा विरचित इन कृतियों के पढ़ने से ज्ञात होता है कि **वे मुनिधर्म का दृढ़ता से पालन करते थे। मूलगुणों के परिपालन में थोड़ी-सी भी शिथिलता को नहीं सह सकते थे**,(१-४०)। उनको दिगम्बरत्व में विशेष अनुराग ही नहीं था; बल्कि वे उसे संयम का एक आवश्यक अंग मानते थे (१-४१)। प्रमाद के परिहारार्थ उन्हें एकान्तवास अधिक प्रिय था (१-४६)।

वे अध्यात्म के विशेष प्रेमी थे ह्न आत्मज्ञान के बिना उन्हें कोरा कायक्लेश पसन्द नहीं था (१-६७)। उनकी अधिकांश कृतियाँ ह्न जैसे एकत्व-सप्तति, आलोचना, सद्बोध-चन्द्रोदय, निश्चय पंचाशत् और परमार्थ-विंशति:, अध्यात्म से ही सम्बन्ध रखने वाली हैं। **वे व्यवहारनय को केवल मन्दबुद्धि जनों के लिए अर्थावबोध का ही साधन मानते थे, उनकी**

दृष्टि में मुक्तिमार्ग का साधनभूत तो एक शुद्धनय (निश्चयनय) ही है। (११ ह्न ८ से १२)।

ग्रन्थकार की खोज ह्न प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता का नाम **पद्मनन्दि** है। जैन साहित्य में इस नाम के अनेक ग्रन्थकार हुए हैं। **मूलसंघ के** आदि आचार्य **कुन्दकुन्द** का भी एक नाम पद्मनन्दि था। **जंबूदीव-पण्णत्ति** के कर्ता पद्मनन्दि ने अपने को **आचार्य वीरनन्दि का प्रशिष्य** तथा **बलनन्दि का शिष्य** कहा है तथा अपने विद्यागुरु का नाम **श्रीविजय** प्रकट किया है। उपलब्ध प्रमाणों से इनका रचना काल विक्रम की ११वीं शती सिद्ध होता है। इन्होंने अपना नाम **'वरपउमणंदि'** प्रगट किया है। प्राकृत पद्यात्मक **'धम्मरसायण'** के कर्ता ने भी अपना नाम **'वरपउमणंदि मुणि'** प्रगट किया है। इसके अतिरिक्त उक्त दोनों रचनाओं में कुछ सादृश्य भी है (धम्मरसायण ११८-१२० और जंबूदीव-पण्णत्ति १३, ८४-८७; धम्मरसायण १२२-१२७ व १३४-१३६ और जंबूदीव-पण्णत्ति १३, ९०-९२)। अतएव आश्चर्य नहीं कि जंबूदीव-पण्णत्ति और धम्मरसायण के कर्ता एक ही हों।

एक वे भी पद्मनन्दि हैं, जिनकी **पंचसंग्रहवृत्ति**, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी से प्रकाशित हुई है। **भावनापद्धति** नामक ३४ पद्यों की एक स्तुति तथा जीरापल्ली **पार्श्वनाथ स्तोत्र** के कर्ता पद्मनन्दि, पट्टावली के अनुसार दिल्ली (अजमेर) की भट्टारक गद्दी पर प्रभाचन्द्र के पश्चात् आरूढ़ हुए और वि.सं.१३८५ से १४५० तक रहे। वे जन्म से ब्राह्मण वंश के थे। उनके शिष्य दिल्ली-जयपुर, ईडर और सूरत की भट्टारक गद्दियों पर आरूढ़ हुए। इन ग्रन्थकारों के अतिरिक्त कुछ पद्मनन्दि नामधारी आचार्यों के उल्लेख, प्राचीन शिलालेखों व ताम्रपटों आदि में प्राप्त हुए हैं, जो निम्न प्रकार हैं ह्न

१. वि.सं.१९६२ में एक पद्मनन्दि सिद्धान्तदेव व सिद्धान्त-चक्रवर्ती, मूलसंघ, कुन्दकुन्दान्वय, **क्राणूर गण व तिंत्रिणीक गच्छ** में हुए। (एपी. कर्ना. ७ सोरव नं. २६२)

२. **गोल्लाचार्य के प्रशिष्य** व **त्रैकाल्ययोगी के शिष्य** कौमारदेव व्रती का दूसरा नाम **आविद्धकर्ण पद्मनन्दि सैद्धान्तिक** था। वे मूलसंघ, देशीगण के आचार्य थे, जिनका उल्लेख वि.सं.१२२० के एक लेख में पाया जाता है, उनके एक **सहधर्मी प्रभाचन्द्र** थे तथा उनके **शिष्य कुलभूषण** के **शिष्य माघनन्दि** का सम्बन्ध कोल्हापुर से था। (एपी. कर्ना. २, नं. ६४(४०)। संभवत: ये वे ही हैं, जिन्हें एक मान्य लेख में मन्त्रवादी कहा गया है। (एपी. कर्ना. २, नं. ६६(४२)।

३. **एक पद्मनन्दि वे हैं,** जो **नयकीर्ति के शिष्य** व प्रभाचन्द्र के सहधर्मी थे और जिनका उल्लेख वि.सं.१२३८, १२४२ और १२६३ के लेखों में मिलता है। उनकी भी

उपाधि 'मंत्रवादिवर' पाई जाती है। सम्भवत: ये उपर्युक्त नं. २ के पद्मनन्दि से अभिन्न हैं। (एपी. कर्ना. ३२७ (१२४), ३३३ (१२८) और ३३५ (१३०)।

४. **एक पद्मनन्दि, वीरनन्दि के प्रशिष्य** तथा **रामनन्दि के शिष्य** थे, जिनका उल्लेख १२वीं शती के एक लेख में मिलता है। (एपी. कर्ना. ८, सोराव नं. १४०, २३३ व शिकारपुर १९७, देसाई, जैनिजिम इन साउथ इण्डिया, पृष्ठ २८० आदि)

५. **अध्यात्मी शुभचन्द्रदेव** का स्वर्गवास, वि.सं.१३७० में हुआ था और उनके जिन दो शिष्यों ने उनकी स्मृति में लेख लिखवाया था, उनमें एक पद्मनन्दि पण्डित थे। (एपी. कर्ना. ६५ (४१) व भूमिका पृष्ठ ८६)

६. **बाहुबली मलधारिदेव के शिष्य, पद्मनन्दि भट्टारकदेव** का उल्लेख वि. सं. १३६० के एक लेख में आया है। उन्होंने उस वर्ष में एक जैन मन्दिर का निर्माण करवाया था। (एपी. कर्ना. हुन्सुर १४)।

७. मूलसंघ, कोण्डकुन्दान्वय, देशीगण, पुस्तक गच्छवर्ती **त्रैविद्यदेव के शिष्य** पद्मनन्दि देव का स्वर्गवास वि.सं.१३७३ (या १४३३) हुआ था। (एपी. कर्ना. श्र. बे. २६९ (११४)।

८. **प्रभाचन्द्र के शिष्य** पद्मनन्दि की बड़ी प्रशंसा देवगढ़ के वि.सं.१४७१ के शिलालेख में पाई जाती है। (रा. मित्र. ज. ए. सो. बं. ५२, पृष्ठ ६७-८०)

स्पष्ट है कि उपर्युक्त **पद्मनन्दि नामधारी आचार्यों में से कोई भी ऐसा नहीं है, जो प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता वीरनन्दि के शिष्य पद्मनन्दि मुनि से अभिन्न स्वीकार किया जा सके।** अतएव प्रस्तुत ग्रन्थकर्ता के कालादि का निर्णय, हमें उनकी रचना के आधार पर ही बाह्य व आभ्यन्तर प्रमाणों से करना है।

ग्रन्थकार का काल-निर्णय ह्न प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता श्री मुनि पद्मनन्दि कब हुए, इसका पक्का निर्णय करना यद्यपि कठिन है, तथापि उनकी इन कृतियों का उनसे पूर्व और पश्चात्कालीन ग्रन्थकारों की कृतियों के साथ मिलान करने से उनकी समय-सीमा का कुछ निर्धारण किया जा सकता है ह्न

पद्मनन्दि और गुणभद्र ह्न जब हम तुलनात्मक दृष्टि से विचार करते हैं, तब हमें उनकी कृतियों पर आचार्य गुणभद्र की रचना का प्रभाव दिखाई देता है। उदाहरणार्थ ह्न गुणभद्र स्वामी ने अपने आत्मानुशासन में मनुष्य पर्याय का स्वरूप बताते हुए उसे ही तप का साधन निर्दिष्ट किया है ह्न

दुर्लभमशुद्धमपसुखमविदितमृतिसमयमल्पपरमायुः।
मानुष्यमिहैव तपो मुक्तिस्तपसैव तत्तपः कार्यम्।।११।।

इसका प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत निम्न (१२-२१) पद्य से मिलान कीजिए ह्न

दुष्प्रापं बहुदुःखराशिरशुचि-, स्तोकायुरल्पज्ञता;
ज्ञातप्रान्तदिनं जराहतमतिः, प्रायो नरत्वं भवे।
अस्मिन्नेव तपस्ततः शिवपदं, तत्रैव साक्षात्सुखं;
सौख्यार्थीति विचिन्त्य चेतसि तपः, कुर्यान्नरो निर्मलम्।।

आत्मानुशासन के उपर्युक्त श्लोक में मनुष्य पर्याय के लिए पाँच विशेषण दिये हैं - दुर्लभ, अशुद्ध, अपसुख, अविदित मृति-समय और अल्प परमायु। ठीक उसी अभिप्राय को सूचित करने वाले वैसे ही पाँच विशेषण पंचविंशतिः के इस श्लोक में भी दिये गये हैं ह्न दुष्प्राप, अशुचि, बहुदुःखराशि, अल्पज्ञता-ज्ञात-प्रान्तदिन और स्तोकायु। वहाँ गुणभद्र स्वामी ने यह कहा है कि मुक्ति की प्राप्ति तप से होती है और वह तप, इस मनुष्य-पर्याय में ही होता है; अतः इस मनुष्य पर्याय को पाकर तप करना चाहिए। वही मुनि पद्मनन्दि ने भी कहा है कि साक्षात् सुख मुक्ति में है, उस मुक्ति की प्राप्ति तप से होती है और वह तप, मनुष्य-पर्याय में ही सम्भव है ह्न यह सोचकर, सुखार्थी मनुष्य को निर्मल तप करना चाहिए। इस प्रकार दोनों श्लोकों में कुछ शब्द-भेद के होने पर भी अर्थ में कुछ भी भेद नहीं है।[1]

उन गुणभद्र का समय, प्रायः शक सं. की ८वीं सदी का उत्तरार्ध (वि.सं.९वीं सदी का अन्त और १०वीं का पूर्वार्द्ध) है। अतएव उनकी कृति का उपयोग करने वाले श्री मुनि पद्मनन्दि, वि. सं. की १०वीं सदी के पूर्व नहीं हो सकते हैं।

२. पद्मनन्दि और सोमदेवसूरि ह्न प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना में सोमदेवकृत यशस्तिलक का भी प्रभाव देखने में आता है। उदाहरण के लिए यहाँ का यह श्लोक देखिए ह्न

त्वयि प्रभूतानि पदानि देहिनां,
पदं तदेकं तदपि प्रयच्छति।
समस्तशुक्लापि सुवर्णविग्रहा,
त्वमत्र मातः कृतचित्रचेष्टिता।।१५-१३।।

---

१. इसके अतिरिक्त **पद्मनन्दि पंचविंशतिः** के ९-१८, १-४९, १-७६, १-११८, ३-३४, ३-४४, ३-५१ ह्न इन श्लोकों को **आत्मानुशासन** के इन श्लोकों से मिलान कीजिए ह्न २३९-४०, १२५, १५, १३०, ३४, ७९।

अब ठीक इससे मिलता-जुलता यह यशस्तिलक का भी श्लोक देखिए ह्न

एकं पदं बहुपदापि ददासि तुष्टा, वर्णात्मिकापि च करोषि न वर्णभाजम्।
सेवे तथापि भवतीमथवा जनोऽर्थी, दोषं न पश्यति तदस्तु तवैष दीपः।।

(यश.(उ.) पृ.४०१)

इन दोनों ही श्लोकों में विरोधाभास के आश्रय से सरस्वती की स्तुति करते हुए यह कहा गया है कि हे सरस्वति! तुम अनेक पदों से संयुक्त होकर भी एक ही पद (मोक्ष) को देती हो तथा उत्तम अकारादि वर्णमय शरीर को धारण करती हुई उत्कृष्ट हो।

पद्मनन्दि पंचविंशतिः के अन्य इन श्लोकों को भी देखिए ह्न

सर्वेषामभयं प्रवृद्धकरुणैः, यद्दीयते प्राणिनाम्;
दानं स्यादभयादि तेन रहितं, दानत्रयं निष्फलम्।
आहारौषधशास्त्रदानविधिभिः, क्षुद्रोग-जाड्याद् भयं;
यत्तत्पात्रजने विनश्यति ततो, दानं तदेकं परम्।। ७/११।।

आहारात् सुखितौषधादतितरं, नीरोगता जायते;
शास्त्रात् पात्रनिवेदितात् परभवे, पाण्डित्यमत्यद्भुतम्।
एतत्सर्वगुणप्रभापरिकरः, पुंसोऽभयाद् दानतः;
पर्यन्ते पुनरुन्नतोन्नतपद-,प्राप्तिर्विमुक्तिस्ततः।। ७-१२।।

यही भाव, यशस्तिलक में प्रगट किया गया है ह्न

सौरूप्यमभयादाहुराहाराद् भोगवान् भवेत्;
आरोग्यमौषधाज्ज्ञेयं, श्रुतात् स्यात् श्रुतकेवली।
अभयं सर्वसत्त्वानामादौ दद्यात् सुधीः सदा;
तद्धीने हि वृथा सर्वः, परलोकोचितो विधिः।।४०३।।

दानमन्यद् भवेन्मा वा, नरश्चेदभयप्रदः।
सर्वेषामेव दानानां, यतस्तद्दानमुत्तमम्।।४०४।।

दोनों ही ग्रन्थों के इन श्लोकों में समानरूप से चतुर्विध दान के फल का निर्देश करके सब दानों में अभयदान को ही प्रमुखता दी गई है।

पद्मनन्दि पंचविंशतिः में गृहस्थ के छह आवश्यकों का निदर्शक जो **'देवपूजा गुरूपास्तिः** (६-७) आदि श्लोक आया है, वह ज्यों का त्यों (मात्र 'पूजा' के स्थान पर 'सेवा') यशस्तिलक (उ., पृ. ४१४) में प्राप्त होता है। पद्मनन्दि पंचविंशतिः (२-१०) में मुनि

के लिए शाकपिण्ड मात्र के दाता को अनन्त पुण्यभाक् बतलाया है। यही भाव, यश. (उ.पृ. ४०८) में इन शब्दों में प्रगट किया गया है ह्न

मुनिभ्य: शाकपिण्डोऽपि, भक्त्या काले प्रकल्पित:।
भवेदगण्यपुण्यार्थं, भक्तिश्चिन्तामणिर्यत:।।

यश. (उ.,पृ.२५७) में परलोक के साधनार्थ निम्न श्लोक का उपयोग हुआ है ह्न

तदर्हजस्तनेहातो, रक्षोदृष्टेर्भवस्मृते:।
भूतानन्वयनाज्जीव:, प्रकृतिज्ञ: सनातन:।।

इसके अन्तर्गत हेतुओं में से 'भूतानन्वयनात्' हेतु का उपयोग पद्मनन्दि पंचविंशति: (१-१३७) में प्राय: उसी रूप में किया गया है।

सोमदेव सूरि ने देशयतियों (श्रावकों के व्रत को मूलगुण (यश., उ., पृ. ३२७) और उत्तरगुण (यश., उ., पृ. ३३३) के भेद से दो प्रकार का बतलाकर, उनमें मूलगुण और उत्तरगुणों का निर्देश इस प्रकार से किया है ह्न

मद्य-माँस-मधुत्यागा:, सहोदुम्बरपञ्चका:(कै:)।
अष्टावेते गृहस्थानामुक्ता मूलगुणा: श्रुते।।
अणुव्रतानि पञ्चैव, त्रिप्रकारं गुणव्रतम्।
शिक्षाव्रतानि चत्वारि, गुणा: स्युर्द्वादशोत्तरे।।

उनका अनुसरण करते हुए यहाँ मुनि पद्मनन्दि ने भी इन मूलगुणों और उत्तरगुणों का इसी प्रकार से पृथक्-पृथक् निर्देश, अपने उपासक संस्कार (६/२३-२४) में किया है। इतना ही नहीं, बल्कि उत्तरगुणों के निदर्शक उस श्लोक को तो प्राय: (चतुर्थ चरण को छोड़कर) उन्होंने जैसा का तैसा यहाँ ले लिया है।

इस प्रकार से यह निश्चित है कि मुनि पद्मनन्दि ने अपनी कृतियों में यशस्तिलक के उपासकाध्ययन का पर्याप्त उपयोग किया है। यशस्तिलक की प्रशस्ति के अनुसार उसकी समाप्ति का काल शक संवत् ८८१+१३५ =१०१६ वि.सं.) है। अतएव मुनि पद्मनन्दि का रचनाकाल इसके पश्चात् ही समझना चाहिए, इनके पूर्व में वह सम्भव नहीं है।

३. पद्मनन्दि और अमृतचन्द्रसूरि ह्न पद्मनन्दि ने प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत **निश्चय पंचाशत्** प्रकरण में व्यवहार और शुद्धनयों की उपयोगिता को दिखलाते हुए शुद्धनय के आश्रय से आत्मतत्त्व के विषय में कुछ कहने की इच्छा इस प्रकार प्रकट की है ह्न

व्यवहृतिरबोधजन-बोधनाय, कर्मक्षयाय शुद्धनय:।
स्वार्थं मुमुक्षुरहमिति, वक्ष्ये तदाश्रितं किंचित्।।२३-८।।

यहाँ **मुनि पद्मनन्दि** ने व्यवहारनय को अबोध (अज्ञानी) जनों को प्रतिबोधित करने का साधन मात्र बताया है। इसका आधार **श्री अमृतचन्द्रसूरि** विरचित **पुरुषार्थसिद्ध्युपाय** का निम्न श्लोक है ह्न

अबुधस्य बोधनार्थं, मुनीश्वरा देशयन्त्यभूतार्थम्।
व्यवहारमेव केवलमवैति यस्तस्य देशना नास्ति।।६।।

इस श्लोक के पूर्वार्द्ध में प्रयुक्त शब्द और अर्थ दोनों को ही उपर्युक्त श्लोक में ग्रहण किया गया हैं। छन्द (आर्या) भी उक्त दोनों श्लोकों का एक ही है। इससे पूर्व के ९-११ श्लोकों पर भी पुरुषार्थसिद्ध्युपाय के श्लोक ४ और ५ का प्रभाव स्पष्ट दिखता है।[१]

उक्त श्री अमृतचन्द्रसूरि का समय प्राय: वि.सं. की ११वीं सदी का पूर्वार्द्ध है।[२] अतएव मुनि पद्मनन्दि इनके पश्चात् ही होना चाहिए।

४. पद्मनन्दि और अमितगति ह्न आचार्य अमितगति का श्रावकाचार प्रसिद्ध व विस्तृत है। उन्होंने अपने **सुभाषित रत्न सन्दोह** के अन्तिम (३१वें) प्रकरण में भी संक्षेप से श्रावकाचार का निरूपण किया है। तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने पर उसका प्रभाव मुनि पद्मनन्दि के इन प्रकरणों में कुछ के ऊपर दिखता है। उदाहरण के रूप में यहाँ (६/२९-३०) विनय की आवश्यकता बतलाते हुए उसके स्वरूप और फल का निर्देश इस प्रकार किया है ह्न

विनयश्च यथायोग्यं, कर्तव्य: परमेष्ठिषु। दृष्टि-बोध-चारित्रेषु, तद्वत्सु समयाश्रितै:।।
दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तप:प्रभृति सिद्ध्यति। विनयेनेति तं तेन, मोक्षद्वारं प्रचक्षते।।

यह भाव अमितगति-श्रावकाचार में इस प्रकार से व्यक्त किया गया है ह्न

संघे चतुर्विधे भक्त्या, रत्नत्रयराजिते। विधातव्यो यथायोग्यं, विनयो नयकोविदै:।।४४।।
सम्यदर्शन-चारित्र-तपो-ज्ञानानि देहिना। अवाप्यन्ते विनीतेन, यशांसीव विपश्चिता।।४८।।

अमितगति श्रावकाचार के इन श्लोकों का उपर्युक्त दोनों श्लोकों में न केवल भाव ही लिया गया है, बल्कि कुछ शब्द भी लिये गये हैं।[३]

अमितगति श्रावकाचार के चतुर्थ परिच्छेद में कुछ थोड़े से विस्तार के साथ चार्वाक, विज्ञानाद्वैतवादी, ब्रह्माद्वैतवादी, सांख्य, नैयायिक, असर्वज्ञतावादी, मीमांसक एवं बौद्ध आदि

---

१. **निश्चय पंचाशत्** के ९ वें श्लोक का पूर्वार्द्ध भाग, समयप्राभृत की निम्न गाथा का प्राय: छायानुवाद है ह्न **ववहारोऽभूदत्थो, भूदत्थो देसिदो हु सुद्धणओ। भूदत्थमस्सिदो खलु, सम्मादिट्ठी हवदि जीवो।।११।।**

२. **पण्डित श्री कैलाशचन्दजी शास्त्री** ने **जैन सन्देश** के शोधांक ५ (पृ. १७७-१८०) में **श्री अमृतचन्द्रसूरि** का यही समय निरूपित किया है।

३. जैसे ह्न '**विनयश्च यथायोग्यं**' और '**विधातव्यो यथायोग्यं**' आदि

के अभिप्राय को दिखला कर, उसका निराकरण किया गया है। उसका विचार अतिसंक्षेप में मुनि पद्मनन्दि ने प्रस्तुत ग्रन्थ (१, १३४-१३९) में किया है। यद्यपि इन मत-मतान्तरों का विचार अष्टसहस्री, श्लोकवार्तिक, प्रमेयकमलमार्तण्ड एवं न्यायकुमुदचन्द्र आदि तर्कप्रधान ग्रन्थों में बहुत विस्तार के साथ किया गया है। फिर भी **मुनि पद्मनन्दि** ने उक्त विषय पर अमितगतिकृत श्रावकाचार का ही विशेषरूप से अनुसरण किया है। यथा ह्न

आत्मा कायमितश्चिदेकनिलयः, कर्ता च भोक्ता स्वयं।
संयुक्तः स्थिरता-विनाश-जननैः, प्रत्येकमेकक्षणे।।१/१३४।।

कुर्यात् कर्म शुभाशुभं स्वयमसौ, भुंक्ते स्वयं तत्फलं;
सातासातगतानुभूतिकलनादात्मा न चान्यादृशः।
चिद्रूपः स्थिति-जन्म-भंगकलितः, कर्मावृतः संसृतौ;
मुक्तौ ज्ञान-दृगेकमूर्तिरमलः, त्रैलोक्यचूड़ामणिः।।१/१३८।।

इसकी तुलना **अमितगति श्रावकाचार** के निम्न श्लोक से कीजिए ह्न

निर्बाधोऽस्ति ततो जीवः, स्थित्युत्पत्ति-व्ययात्मकः।
कर्ता भोक्ता गुणी सूक्ष्मो, ज्ञाता दृष्टा तनुप्रमा।।४/४६।।

इसके अन्तर्गत प्रायः सभी विशेषण-उपर्युक्त **पद्मनन्दि-पंचविंशतिः** के श्लोकों में उपस्थित हैं।

आचार्य अमितगति ने इस श्रावकाचार की प्रशस्ति में अपनी गुरु-परम्परा का तो उल्लेख किया है, पर ग्रन्थ रचनाकाल का निर्देश नहीं किया। फिर भी उन्होंने सुभाषित रत्न सन्दोह, धर्मपरीक्षा और पंचसंग्रह की समाप्ति का काल-क्रम से वि.सं. १०५०, १०७० और १०७३ निर्दिष्ट किया है। इससे उनका समय निश्चित है। अतएव उनके श्रावकाचार का उपयोग करने वाले मुनि पद्मनन्दि वि.सं. की ११वीं सदी के उत्तरार्द्ध में या उसके पश्चात् ही होना चाहिए, इसके पूर्व होने की सम्भावना नहीं है।

५. पद्मनन्दि, जयसेन और पद्मप्रभमलधारिदेव ह्न अब हम यह देखने का प्रयत्न करेंगे कि वे ११वीं सदी के कितने पश्चात् हो सकते हैं। इसके लिए यह देखना होगा कि उनकी इन कृतियों का उपयोग किसने और कहाँ पर किया है। प्रस्तुत पंचविंशतिका के अन्तर्गत **एकत्व-सप्तति** के **दर्शनं निश्चयः पुंसिः'** आदि श्लोक (१४) को पंचास्तिकाय की १६२ वीं गाथा की टीका में **जयसेनाचार्य** ने **'तथा चोक्तमात्माश्रितनिश्चयरत्नत्रयलक्षणम्'** लिख कर उद्धृत किया है। इसी श्लोक को **पद्मप्रभमलधारिदेव** ने भी नियमसार की ४५-४६ गाथाओं की टीका में एकत्व-सप्तति के ७९वें श्लोक को तथा १००वीं गाथा की टीका में ३९-

४१ श्लोकों को भी उद्धृत किया है। **पद्मप्रभमलधारिदेव** का स्वर्गवास वि.सं. १२४२ में हुआ था, तथा जयसेन का रचना काल, उससे पूर्व, किन्तु आचारसार के कर्ता वीरनन्दि (वि.सं.१२१०) के पश्चात् सिद्ध होता है। अतएव पद्मनन्दि का समय इसके आगे नहीं जा सकता है।

निष्कर्ष यह निकलता है कि मुनि पद्मनन्दि, वि. सं. १०७५ के पश्चात् और १२४० के पूर्व किसी समय में हुए हैं।

६. पद्मनन्दि और वसुनन्दि ह्न मुनि पद्मनन्दि ने **देशव्रतोद्योतन** प्रकरण (७-२२) में कुन्दुरु के पत्र बराबर जिनगृह और जौ के बराबर जिनप्रतिमा के निर्माण का फल, अनिर्वचनीय बतलाया है। यह वर्णन, **वसुनन्दि श्रावकाचार** की निम्न गाथाओं से प्रभावित दिखता है।

कुत्थुंभरिदलमेत्ते, जिणभवणे जो ठवेइ जिणपडिमं।
सरिसवमेत्तं पि लहेइ, सो णरो तित्थयरपुण्णं।।४८१।।
जो पुण जिणिंदभवणं, समुण्णयं परिहि-तोरणसमग्गं।
णिम्मावइ तस्स फलं, को सक्कइ वण्णिउं सयलं।।४८२।।

इसी प्रकार उन्होंने **दानोपदेश** प्रकरण (४८-४९) में जो पात्र के भेद और उनके लिए दिये जानेवाले दान के फल का विवेचन किया है, उसका आधार उक्त **श्रावकाचार** की २२१-२२३ और २४५-२४८ गाथाएँ तथा धर्मोपदेशामृत के ३१वें श्लोक में एक-एक व्यसन का सेवन करनेवाले युधिष्ठिर आदि के जो उदाहरण दिये गये हैं, उनका आधार १२५-१३२ गाथाएँ रही हैं ह्न ऐसा प्रतीत होता है। **आचार्य वसुनन्दि** अमितगति के उत्तरवर्ती और **पण्डित आशाधरजी** के पूर्ववर्ती प्राय: वि.सं. की १२वीं सदी के ग्रन्थकार हैं।

७. पद्मनन्दि और प्रभाचन्द्र ह्न आचार्य प्रभाचन्द्र ने **रत्नकरण्ड श्रावकाचार** के **'धर्मामृतं सतृष्ण:'** आदि श्लोक (४-१८) की टीका में प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत **उपासक संस्कार** प्रकरण के **'अध्रुवाशरणे चैव'** आदि दो श्लोकों (४३-४४) को उद्धृत किया है। **आचार्य प्रभाचन्द्र**, विक्रम की १३ वीं सदी में पण्डित आशाधरजी के पूर्व में हुए हैं।

८. पद्मनन्दि और पण्डित आशाधर ह्न पण्डितप्रवर श्री आशाधरजी ने अपने **अनगार धर्मामृत** की स्वोपज्ञ टीका में मुनि पद्मनन्दि के कितने ही श्लोकों को उद्धृत किया है। उदाहरणार्थ, उन्होंने ९वें अध्याय के ८० और ८१वें श्लोकों की टीका में **'अत एव श्री पद्मनन्दि पादैरपि सचेलतादूषणं दिङ्मात्रमिदमधिजगे'** ह्न इस आदरसूचक वाक्य के साथ धर्मोपदेशामृत के **'म्लाने क्षालनत:'** आदि श्लोक (४१) को उद्धृत किया है। इसके अतिरिक्त इसी अध्याय के ९३ वें श्लोक की टीका में उक्त प्रकरण के ४३वें तथा ९७वें श्लोक की टीका

में ४२वें श्लोक को भी उद्धृत किया है।

इसी प्रकार **अनगार धर्मामृत** के ही आठवें अध्याय के २१वें श्लोक की टीका में **सद्बोध-चन्द्रोदय** के प्रथम श्लोक को, २३वें श्लोक की टीका में इसी प्रकरण के १८, १६ और ४४ ह्न इन तीन श्लोकों को तथा ६४ वें श्लोक की टीका में **उपासक संस्कार** के ६१ वें श्लोक को उद्धृत किया है। इस टीका को **पण्डित आशाधरजी** ने वि.सं. १२०० में समाप्त किया है। अतएव मुनि पद्मनन्दि का इसके पूर्व में रहना निश्चित है।

९. पद्मनन्दि और मानतुङ्ग ह्न आचार्य मानतुङ्ग विरचित **भक्तामर स्तोत्र** में एक श्लोक इस प्रकार है ह्न

को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशैषैः, त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश।
दोषैरुपात्तविविधाश्रयजातगर्वैः, स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि।।२७।।

इसकी तुलना पद्मनन्दि के निम्न श्लोक से कीजिए ह्न

सम्यग्दर्शन-बोध-वृत्त-समता-शील-क्षमाद्यैर्घनैः।
संकेताऽश्रयवज्जिनेश्वर भवान्, सर्वैर्गुणैराश्रितः।।
मन्ये त्वय्यवकाश-लब्धि-रहितैः, सर्वत्र लोके वयं।
संग्राह्या इति गर्वितैः परिहृतो, दोषैरशेषैरपि।।२१/१।।

इन दोनों श्लोकों का एक ही अभिप्राय है।[१]

इसके अतिरिक्त **भक्तामर स्तोत्र** के २८ से ३५ इन आठ छन्दों में अष्ट प्रातिहार्यों के आश्रय से भगवान आदिनाथ की स्तुति की गई है, उसी प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ के अन्तर्गत **ऋषभ स्तोत्र** के २३ से ३४ तक के छन्दों में भगवान आदिनाथ तथा **शान्तिनाथ स्तोत्र** में १ से ८ छन्दों में शान्तिनाथ तीर्थंकर की भी स्तुति की गई है।[२]

---

१. यद्यपि **मानतुंगाचार्य** का काल निश्चित नहीं है, फिर भी दोनों श्लोकों के भाव को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि **मुनि पद्मनन्दि** ने भक्तामर के उक्त श्लोक का अपने श्लोक में विशदीकरण किया है। जैसे - भक्तामर स्तोत्र में **'गुणैः'** इस सामान्य पद का प्रयोग कर किसी विशेष गुण का उल्लेख नहीं किया है; उसे मुनि पद्मनन्दि ने **'सम्यग्दर्शन.....क्षमाद्यैर्घनैः'** इस पद के द्वारा स्पष्ट कर दिया है। भक्तामर में जिस **'अशेष'** शब्द का प्रयोग गुण के साथ **(गुणैरशेषैः)** किया गया है, उस **'अशेष'** शब्द का प्रयोग, यहाँ दोष के साथ **(दोषैरशेषैः)** और गुणों की अशेषता दिखलाने के लिए **'सर्वैः'** पद को अधिक ग्रहण किया गया है।

२. **शान्तिनाथ स्तोत्र** के प्रथम व द्वितीय श्लोकों की भक्तामर के ३१ और ३२वें श्लोकों के साथ भाव की भी बहुत कुछ समानता है। **भक्तामर** के २२वें और ३२वें श्लोक से **ऋषभ स्तोत्र** की गाथा ८ और २८ भी कुछ समानता रखती है। इसके अतिरिक्त **भक्तामर स्तोत्र** (२४-२५) में ब्रह्मा, ईश्वर, अनङ्गकेतु, बुद्ध, शंकर और पुरुषोत्तम आदि नामों के द्वारा जिनेन्द्र भगवान की स्तुति की गई है। तदनुसार **ऋषभ स्तोत्र** (५१) में भी, ये सब नाम जिनेन्द्र के ही निर्दिष्ट किये गये हैं।

१०. पद्मनन्दि और कुमुदचन्द्र ह्न भक्तामर के समान **कल्याणमन्दिर स्तोत्र** के छन्द १९ से २६ में **आचार्य कुमुदचन्द्र** के द्वारा भी आठ प्रातिहार्यों के आश्रय से श्री पार्श्व जिनेन्द्र की स्तुति की गई है। वे वहाँ अशोक वृक्ष प्रातिहार्य का उल्लेख करते हुए कहते हैं ह्न

धर्मोपदेशसमये सविधानुभावा-दास्तां जनो भवति ते, तरुरप्यशोकः।
अभ्युद्गते दिनपतौ, समहीरुहोऽपि, किंवा विबोधमुपयाति, न जीवलोकः।।१९।।

इसकी तुलना **ऋषभ स्तोत्र** (अध्याय १३) की निम्न गाथा से कीजिए -

अच्छंतु ताव इयरा, फुरियविवेया णमंतसिरसिहरा।
होइ असोओ रुक्खो, वि णाह तुह संणिहाणत्थो।।२४।।

इसका और उक्त श्लोक के पूर्वार्द्ध का न केवल भाव ही समान है, बल्कि शब्द भी समान हैं।[1]

११. पद्मनन्दि और शुभचन्द्र ह्न शुभचन्द्रकृत **ज्ञानार्णव** में जैनधर्म और सिद्धान्त सम्बन्धी सभी विषयों का विशद् निरूपण पाया जाता है। इसकी **अनित्य भावना** का वर्णन, प्रस्तुत ग्रन्थ के **अनित्य पंचाशत्** से तुलनीय है। विशेषत: **ज्ञानार्णव** की अनित्य भावना के पद्य ३०-३१ का प्रस्तुत **अनित्य पंचाशत्** के पद्य १६ से साम्य ध्यान देने योग्य है। ज्ञानार्णव के उक्त दोनों पद्य, **आचार्य पूज्यपाद** विरचित ९ वें पद्य के आधार से रचे गये प्रतीत होते हैं। **ज्ञानार्णव का रचना काल**, लगभग १२ वीं शती पाया जाता है।

१२. पद्मनन्दि और श्रुतसागरसूरि ह्न श्रुतसागरसूरि ने **दर्शन प्राभृत**, गाथा ९ और **मोक्ष प्राभृत**, गाथा १२ की टीका में **एकत्व-सप्तति** के **'साम्यं स्वास्थ्यं समाधिश्च'** आदि श्लोक (६४) को उद्धृत किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने **दर्शन प्राभृत** की गाथा ३० की टीका में **धर्मोपदेशामृत** के **'वनशिखिनि'** आदि ७५वें श्लोक को[2] तथा **बोधप्राभृत**, गाथा ५० की टीका में **एकत्व-सप्तति** के ७९ वें श्लोक को भी उद्धृत किया है।

उन्होंने एक श्लोक **(मद्य-माँस-सुरा-वेश्या** आदि**) चारित्र प्राभृत** की २१वीं गाथा की टीका में उद्धृत किया है। वह श्लोक, प्रस्तुत ग्रन्थ के दो प्रकरणों (१-१६ व ६-१०) में

---

१. इसी प्रकार **शान्तिनाथ स्तोत्र** के प्रथम और द्वितीय तथा **सरस्वती स्तोत्र** के ३१वें श्लोक की भी **कल्याणमन्दिर स्तोत्र** के २५,२६ और दूसरे श्लोक से कुछ समानता दिखती है।

२. तत्त्वार्थवार्तिक (१,१,४९) और यशस्तिलक (उ. पृ. २७१) में यह एक श्लोक उद्धृत किया गया है ह्न **हतं ज्ञानं क्रियाहीनं, हता चाज्ञानिनां क्रिया। धावन् किलान्धको दग्धः, पश्यन्नपि च पंगुलः।।** धर्मोपदेशामृत के उस श्लोक **(वनशिखिनि मृतोन्धः** आदि**)** में भी यही भाव निहित है।

पाया जाता है। भेद केवल इतना है कि यहाँ 'मद्य' शब्द के स्थान में 'द्यूत' पद है। इसके अतिरिक्त और कुछ भी भेद नहीं है। **श्रुतसागर सूरि** वि.सं. की १६वीं सदी में हुए है।

उक्त समस्त तुलनात्मक विवेचन का **मथितार्थ** यह है कि **पंचविंशतिः** के ग्रन्थकार ने सम्भवतः आचार्य कुन्दकुन्द, उमास्वामी, पूज्यपाद, अकलंक, गुणभद्र, मानतुङ्ग, कुमुदचन्द्र, सोमदेवसूरि, अमृतचन्द्रसूरि और अमितगति की रचनाओं का उपयोग किया है। इनमें समय की दृष्टि से सबसे पीछे के **आचार्य अमितगति** हैं, जिनके ग्रन्थों में सबसे पिछला काल-निर्देश वि.सं. १०७३ का पाया जाता है। अतएव **पद्मनन्दि पंचविंशतिः** का रचना-काल, इससे पश्चात् होना चाहिए तथा जिन ग्रन्थों में इस रचना के किसी प्रकरण का स्पष्ट उल्लेख व अवतरण पाया जाता है, उनमें सबसे प्रथम **पद्मप्रभमलधारिदेव** कृत नियमसार की टीका है। इनके स्वर्गवास का काल वि.सं. १२४२ पाया जाता है।

अतः सिद्ध होता है कि **पंचविंशतिकार पद्मनन्दि** वि.सं. १०७३ से १२४२ के बीच कभी हुए हैं। इस सीमा को और भी संकुचित करने में सहायक **एकत्व-सप्तति की कन्नड टीका** है। जो वि.सं. ११९३ के आसपास लिखी गई थी। अतएव पंचविंशतिकार पद्मनन्दि का काल वि.सं. १०७३ और ११९३ के बीच सिद्ध होता है। यह भी असम्भव नहीं कि मूलग्रन्थ और एकत्वसप्तति की कन्नड टीका के रचयिता पद्मनन्दि एक ही हों, किन्तु इसका पूर्णतः निर्णय कुछ और स्पष्ट प्रमाणों की अपेक्षा रखता है।

विषय-परिचय

'पद्मनन्दि-पंचविंशतिः' के नाम से ही सूचित होता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ में **श्री मुनि पद्मनन्दि** के द्वारा रचित पच्चीस (२५-२६) विषय समाविष्ट हैं, जो इस प्रकार हैं ह्न

१. धर्मोपदेशामृत ह्न इस अधिकार में १९८ श्लोक हैं। यहाँ सर्वप्रथम (श्लोक ६) धर्म के उपदेश का अधिकारी कौन है? इसको स्पष्ट करते हुए यह बतलाया गया है कि जो सर्वज्ञ होकर क्रोधादि कषायों की वासना से रहित हो चुका है, वह निर्बाध सुख को देने वाले उस धर्म का उपदेश या व्याख्यान करता है और वही प्रमाण माना जाता है। हेतु इसका यह बतलाया है कि लोक में असत्य भाषण के दो ही कारण देखे जाते हैं ह्न **१. अज्ञानता और २. कषाय।** जो कोई किसी विषय का असत्य विवेचन करता है, वह तद्विषयक पूर्ण ज्ञान के न रहने से वैसा करता है या फिर क्रोध, मान अथवा लोभ आदि किसी कषाय-विशेष के वशीभूत होकर वैसा करता है। इसके अतिरिक्त उस असत्य भाषण का अन्य कोई कारण दृष्टिगोचर नहीं होता। इसीलिए जो इन दोनों कारणों से रहित होकर सर्वज्ञ और वीतराग बन

चुका है, वही यथार्थ धर्म का वक्ता हो सकता है और उसे ही इसमें प्रमाण मानना चाहिए।

कोई यात्री, जब एक देश से किसी दूसरे देश अथवा नगर को जाता है, तब वह अपने साथ पाथेय को (मार्ग में खाने योग्य सामग्री) अवश्य रख लेता है। इससे उसकी यात्रा सुख से समाप्त होती है, उसे मार्ग में कोई कष्ट नहीं होता। यह सावधानी, इस लोक की यात्रा के लिए है। फिर भला जब कोई प्राणी, इस लोक को छोड़ कर दूसरे लोक (गत्यन्तर) को जाता है, तब क्या उसे इस लम्बी यात्रा के लिए पाथेय की आवश्यकता नहीं है? अवश्य ही है। वह पाथेय है धर्म, जो परलोक की यात्रा को सरल व सुखद बनाता है।

उस धर्मस्वरूप को यहाँ व्यवहार और निश्चय ह्न इन दो दृष्टियों से दिखलाया है। प्रथमत: व्यवहार के आश्रय से जीवदया को ह्न अशरण को शरण देने व उसके दु:ख में स्वयं दु:ख के अनुभव करने को धर्म कहा है। उसके गृहस्थधर्म और मुनिधर्म की अपेक्षा **दो भेद**, रत्नत्रय ह्न सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक्चारित्र की अपेक्षा **तीन भेद** तथा उत्तम क्षमा आदि की अपेक्षा **दस भेद** निर्दिष्ट किये गये हैं। यह सब धर्म व्यवहारोपयोगी है और इसे शुभोपयोग के नाम से कहा जाता है। यह जीव को दुर्गति अर्थात् नरक व तिर्यंच योनियों के दु:ख से बचा कर, उसे मनुष्यगति और देवगति के सुख को प्राप्त कराता है। इसलिए यह अपेक्षा कृत उपादेय है, किन्तु सर्वथा उपादेय तो वही धर्म है, जो जीव को चतुर्गति के दु:ख से छुटकारा दिला कर उसे अजर-अमर बना देता है, तब जीव शाश्वत पद में स्थित होकर सदा निर्बाध सुख का अनुभव करता है। इस धर्म को शुद्धोपयोग या निश्चयधर्म के नाम से कहा गया है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए यहाँ बताया गया है कि मोह के निमित्त से उत्पन्न होने वाले संकल्प-विकल्पों से रहित होकर, जो शुद्ध आनन्दमय आत्मा की परिणति होती है, उसे ही यथार्थ धर्म समझना चाहिए, उसमें वचन और शरीर का संसर्ग नहीं रहता।

पूर्वोक्त व्यवहार धर्म को यहाँ निश्चय धर्म का साधक होने की दृष्टि से उपादेय बतलाया गया है, किन्तु जो प्राणी सांसारिक सुख को अभीष्ट विषयभोगजनित क्षणिक व सबाध इन्द्रिय-तृप्ति को ही अन्तिम सुख मान कर उक्त व्यवहारधर्म को उसी का साधन समझते हैं तथा यथार्थ धर्म से विमुख रहते हैं, उन अज्ञानी व कदाग्रही जनों को लक्ष्य-बिन्दु बना कर उस व्यवहारधर्म को भी हेय बतलाया गया है क्योंकि वह मोक्ष का साधन नहीं है।

यहाँ (८) धर्मवृक्ष की मूलभूत उस जीवदया को समीचीन चारित्र की उत्पादक व मोक्षमहल पर आरोहण कराने वाली नसैनी कहा गया है। साथ ही धर्मात्मा जनों के लिए यह प्रेरणा भी की गई है कि उन्हें निरन्तर अन्य प्राणियों के विषय में दयार्द्र रहना चाहिए क्योंकि प्राणी में समस्त व्रत, शील एवं अन्यान्य उत्तमोत्तम गुण, एक मात्र उसी जीवदया के आश्रय से रहते हैं। स्वस्थ प्राणी के विषय में तो क्या? किन्तु जो रोगाक्रान्त है, उसे भी यदि सम्पत्ति

आदि का प्रलोभन देकर कोई मारना चाहे तो वह भी उसे स्वीकार न करके, उसकी अपेक्षा एक मात्र अपने जीवन को ही प्रिय समझता है। वह उस जीवन के आगे अन्य सब दानों को भी तुच्छ मानता है। बस, यही कारण है, जो इस जीवन दान (अभय दान) के आगे अन्य सब दानों को तुच्छ माना है (१०)। इस जीवदया के बिना तप-त्यागादि सब व्यर्थ ही हैं।

उपर्युक्त गृहस्थधर्म और मुनिधर्म में अधिक श्रेष्ठ मुनिधर्म ही है, फिर भी मोक्ष के मार्गभूत रत्नत्रय के धारक साधु ही होते हैं और उनके शरीर की स्थिति, उन गृहस्थों के द्वारा भक्तिपूर्वक दिये गये भोजन के आश्रित होती है, अतएव उन गृहस्थों का धर्म (गृही धर्म) भी अभीष्ट माना गया है (१२)। जो धर्मवत्सल गृहस्थ, अपने छह आवश्यकों का परिपालन करता हुआ मुनिधर्म को स्थिर रखने के लिए मुनियों को निरन्तर आहारादि दिया करता है, उसी का गृहस्थ जीवन प्रशंसनीय है। इसके विपरीत जो गृहस्थधर्म से विमुख होकर, जिन-पूजन और पात्र-दानादि से रहित होकर केवल धन के अर्जन और विषयों के भोगने में ही मस्त रहते है, उनके गृहस्थ जीवन को एक प्रकार का बन्धन ही समझना चाहिए (१३)।

गृही धर्म में श्रावक के दर्शन, व्रत आदि के भेद से ग्यारह स्थान (प्रतिमाएँ) निर्दिष्ट किये गये हैं। इनके पूर्व सात व्यसनों का परित्याग अनिवार्य है क्योंकि उनके बिना व्रत आदि प्रतिष्ठित नहीं रह सकते हैं। व्यसन वे हैं, जो पुरुषों को कल्याण मार्ग से भ्रष्ट करके उन्हें अकल्याण मार्ग में प्रवृत्त करते हैं।[१] यहाँ १६ से ३१ तक के छन्दों में उन द्यूतादि व्यसनों का पृथक्-पृथक् स्वरूप बता कर, उनमें रत रहने से जिन युधिष्ठिर आदि को कष्ट भोगना पड़ा है, उनका उदाहरण के रूप में नामोल्लेख भी किया गया है।

हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह ह्न इन पापों का परित्याग, जहाँ श्रावक एकदेशरूप से करता है, वहाँ मुनि उनका परित्याग, पूर्णरूप से किया करते हैं। इसीलिए गृहस्थधर्म को देशचारित्र और मुनिधर्म को सकलचारित्र कहा जाता है। इस सकलचारित्र को धारण करने वाले मुनि, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप रत्नत्रय के साधन में तत्पर होकर मूलगुण, उत्तरगुण, पाँच आचार और दस धर्मों का परिपालन किया करते हैं; इसमें वे प्रमाद नहीं करते तथा जीवन के अन्त में समाधि (सल्लेखना) को धारण करने के लिए सदा उत्सुक रहते हैं (३८)। उनमें मूलगुणों के परिपालन की प्रमुखता है। जो तपस्वी, मूलगुणों का पालन न करके, उत्तरगुणों के परिपालन का प्रयत्न करता है; उसका यह प्रयत्न, उस मूर्ख के समान बताया गया है, जो अपने शिर के छेदने में उद्यत अपने शत्रु से अपने

---

१. जाग्रत्तीव्रकषायकर्कशमनस्कारार्पितैर्दुष्कृतैः, चैतन्यं, तिर्यत्तमस्तरदपि द्यूतादि यच्छ्रेयसः।
पुंसो व्यस्यति तद्विदो व्यसनमित्याख्यान्त्यतस्तत्क्रतः, कुर्वीतापि रसादिसिद्धिपरतां तत्सोदरी दूरगाम्।।सा.ध.३/९८।।

शिरोरक्षण का तो प्रयत्न नहीं करता, किन्तु अंगुलि के रक्षण मात्र में संलग्न हो जाता है (४०)।

मुनि के २८ मूलगुण इस प्रकार हैं - पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इन्द्रियों का निरोध, समता आदि छह आवश्यक, केंशलोंच, वस्त्र का परित्याग, भूमिशयन, दन्तघर्षन का त्याग, स्थितिभोजन (खड़े-खड़े भोजन) और एकभक्त[१] (एक बार भोजन ग्रहण)।

इन मूलगुणों में से यहाँ ग्रन्थकार श्री मुनि पद्मनन्दि ने अचेलकत्व (वस्त्रत्याग), लोच, स्थितिभोजन और समता का ही स्वरूप मुख्यत: दिखलाया है। वे दिगम्बरत्व की आवश्यकता को प्रगट करते हुए कहते हैं कि जब वस्त्र मैला हो जाता है, तब उसे स्वच्छ करने के लिए जलादि का आरम्भ करना पड़ता है और जहाँ आरम्भ है, वहाँ संयम की रक्षा सम्भव नहीं है। दूसरे, जब वह जीर्ण-शीर्ण होकर फट जाता है तो मन में व्याकुलता होती है तथा दूसरों से याचना करनी पड़ती है; इससे आत्मगौरव नष्ट होकर दीनता का भाव उत्पन्न होता है। फिर यदि किसी ने उसका अपहरण (चुराना) कर लिया तो क्रोध भड़क उठता है। इस प्रकार से वस्त्र को मुनिमार्ग में बाधक समझ कर दिगम्बरत्व को स्वीकार करना ही योग्य है (४१)।

कुछ मुनियों की भोगाकांक्षा को देख कर, यहाँ कहा गया है कि जब साधु के लिए शय्या के हेतु घास को भी स्वीकार करना लज्जाजनक व निन्द्य माना जाता है, तब भला गृहस्थ के योग्य रुपये-पैसे आदि को स्वीकार करना या उससे ममता रखना, उनके लिए कहाँ तक योग्य है? यह तो उस मुनिमार्ग से पतन की पराकाष्ठा है। यदि आज निर्ग्रन्थ कहे जाने वाले उन साधुओं की यह दुरवस्था हो गई है तो इसे कलिकाल के प्रभाव के सिवाय और क्या कहा जा सकता है? (५३)।

इस प्रकार सामान्य से साधु के स्वरूप को दिखला कर, आगे आचार्य और उपाध्यायों का भी पृथक्-पृथक् (५९-६१) स्वरूप बतलाया गया है। तत्पश्चात् समीचीन साधुओं की प्रशंसा करते हुए उनसे अपने कल्याण की प्रार्थना की गई है (६२-६६)। वर्तमान में इस भरतक्षेत्र में केवलज्ञानियों का अस्तित्व नहीं पाया जाता है, फिर भी परम्परा से उनकी वाणी (जिनागम) प्राप्त है और उसके आश्रयभूत ये रत्नत्रय के धारक साधु ही हैं, अतएव उनकी उपासना करना, श्रावक का आवश्यक कर्म है। इस प्रकार उन समीचीन साधुओं की पूजा-भक्ति से साक्षात् जिन और जिनागम की पूजा हो जाती है (६८)। ऐसे महात्माओं के चरण-कमल जहाँ पर पड़ते हैं, वह भूमि, तीर्थ का रूप धारण कर लेती है और उनकी सेवा में नम्रीभूत हुए देव भी किंकर के समान उपस्थित रहते हैं। पूजा और स्तुति आदि तो दूर हो,

---

१. पंच य महव्वयाइं, समिदीओ पंच जिणवरुद्दिट्ठा। पंचेविंदियरोहा, छप्पि य आवासया लोचो।।मूला.१/२।।
अच्चेलकमण्हाणं, खिदिसयणमदंतघंसणं चेव। ठिदिभोयणेयभत्तं, मूलगुणं अट्ठवीसा दु ।।मूला.१/३।।

किन्तु उनके नाम-स्मरण से भी प्राणी, पापों से मुक्त हो जाते हैं (६८-६९)।

वे मुनिजन सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र स्वरूप जिस रत्नत्रय में दृढ़ होते हैं, उसका स्वरूप इस प्रकार से निर्दिष्ट किया गया है ह्न देव-शास्त्र-गुरु के श्रद्धान का नाम **सम्यग्दर्शन** है, स्व-पर दोनों को सन्देह व विपरीतता से रहित होकर यथावत् जानना **सम्यग्ज्ञान** है, प्रमाद-निमित्तक कर्म के आस्रव से विरत होने को **सम्यक्चारित्र** कहा जाता है; इन तीनों की एकता का नाम मोक्षमार्ग है और वह, जन्म-मरणरूप संसार का नाशक है (७२) ह्न यह व्यवहार रत्नत्रय का स्वरूप है। निश्चय रत्नत्रय का स्वरूप निम्न प्रकार है ह्न निर्मल ज्योतिस्वरूप आत्मा के निर्णय का नाम सम्यग्दर्शन है, तद्विषयक बोध का नाम सम्यग्ज्ञान है और उसी में स्थित होने का नाम सम्यक्चारित्र है।[१] यह निश्चय रत्नत्रय, समुदित कर्म-बन्ध को निर्मूल करने वाला है; परन्तु व्यवहार रत्नत्रय, बाह्य पदार्थों को विषय करने के कारण पर है, जो शुभाशुभ बन्ध का ही कारण है। **बाह्यं बाह्यार्थमेव त्रितयसपि परं स्याच्छुभो वाऽशुभो वा** इस प्रकार व्यवहार रत्नत्रय संसार का कारण और निश्चय रत्नत्रय मोक्ष का कारण है (८१)।

मुमुक्षु तपस्वियों को अज्ञानी जनों द्वारा पहुँचाई गई बाधा को शान्ति के साथ सहन करते हुए उनके ऊपर क्रोध नहीं करना चाहिए, इसी का नाम **उत्तम क्षमा** है। ये उत्तम क्षमा आदि दश धर्म, संवर के कारण हैं।[२] इनका यहाँ विस्तृत वर्णन किया गया है (८२-१०६)।

सभी प्राणी, दु:ख से भयभीत होकर सुख को चाहते हैं और निरन्तर उसी की प्राप्ति के लिए प्रयत्न भी करते हैं, परन्तु यथार्थ में सबको उस सुख का लाभ नहीं हो पाता। इसका कारण उनका सुख-दु:ख विषयक अविवेक है। उन्हें साता वेदनीय के उदय से कुछ काल के लिए वेदना के परिहारस्वरूप जो सुख का आभास होता है, उसे ही वे यथार्थ सुख मान लेते हैं, जो कि वस्तुत: यथार्थ सुख नहीं है (१५१) क्योंकि वे जिस इष्ट सामग्री के संयोग में सुख की कल्पना करते हैं, वह संयोग ही स्थायी नहीं है। अतएव जब उस अभीष्ट सामग्री का वियोग होता है, तब पुन: सन्ताप उत्पन्न होता है। इस प्रकार जिस संयोग से सुख की कल्पना की जाती है, वह अन्तत: दु:ख ही है।[३] सुख तो आकुलता के अभाव में है, जो मोक्ष में ही उपलब्ध होता है। वहाँ दिव्य ज्ञानमय आत्मा, अनन्त काल तक निराकुल व बाधारहित शाश्वतिक सुख का उपभोग करता है (१०९)।

---

१. **प्रस्तुत ग्रन्थ में इनका स्वरूप अनेक स्थानों पर मिलता है।** जैसे ह्न श्लोक ४/१४ एवं ११/१२-१४

२. **स गुप्ति-समिति-धर्माऽनुप्रेक्षा-परीषहजय-चारित्रै:।** ह्न तत्त्वार्थसूत्र, अध्याय ९/२

३. **संयोगतो दु:खमनेकभेदं, यतोऽश्नुते जन्मवने शरीरी।**
ततस्त्रिधाऽसौ परिवर्जनीयो, यियासुना निर्वृतिमात्मनीनाम्।। ह्न भावनाद्वात्रिंशतिका, २८

आत्मस्वरूप के व्याख्यान में उसके वचनों को प्रमाण माना जा सकता है, जो सर्वज्ञ होकर राग-द्वेषादि से रहित होता हुआ वीतराग भी हो चुका है। उसने अंग-प्रविष्ट और अंगबाह्यरूप जिस समस्त श्रुत की प्ररूपणा की है, उसमें एकमात्र आत्मतत्त्व को उपादेय और अन्य सबको हेय बताया गया है। चूँकि वर्तमान काल में आयु और बुद्धि के हीन होने से समस्त श्रुत के पढ़ने की शक्ति नहीं है, अतएव मुक्ति के साधकमात्र को श्रुत का ही अभ्यास करना उचित है (१२४-१२७)।

आत्मा के सम्बन्ध में विभिन्न सम्प्रदायों में अनेक प्रकार की कल्पनाएँ की गई हैं। यथा ह्न **माध्यमिक**, उसे शून्य मानते हैं तो **चार्वाक**, पृथिव्यादि भूतों से उत्पन्न हुआ उसे जड़ मानते है। इसी प्रकार **सांख्य**, उसे अकर्ता (भोक्ता), **सौत्रान्तिक**, क्षणिक तथा **वैशेषिक**, नित्य व व्यापक मानते हैं। इन मत-मतान्तरों का यहाँ संक्षेप में विवेचन किया है (१३४-१३९)।

तत्पश्चात् उस आत्मा के यथार्थ स्वरूप को बता कर, यह स्पष्ट किया है कि यह मनुष्य पर्याय, **अन्धक-वर्तकीय न्याय** से करोड़ों कल्प-कालों के बीत जाने पर बड़ी कठिनता से प्राप्त होती है। फिर भी यदि कोई प्राणी, मिथ्या उपदेशादि को पाकर विषयों में मुग्ध रहा तो प्राप्त हुई मनुष्य पर्याय भी यों ही नष्ट हो जाती है। अथवा मनुष्य पर्याय के प्राप्त हो जाने पर भी यदि उत्तम कुल और बुद्धि की चतुरता आदि प्राप्त नहीं हुई तो भी वह व्यर्थ जाने वाली है क्योंकि ये सब साधन उत्तरोत्तर दुर्लभ हैं। सौभाग्य से इन सब सामग्री को पाकर भी जो मनुष्य, सुखप्रद धर्म का आराधन नहीं करता है, वह उस मूर्ख के समान है, जो हाथ में आये हुए अमूल्य रत्न को यों ही फेंक देता है।

कितने ही मनुष्य यह विचार करते हैं कि अभी हमारी आयु बहुत शेष है, शरीर व इन्द्रियाँ भी हृष्ट-पुष्ट हैं तथा लक्ष्मी आदि की अनुकूलता भी है, फिर भला अभी से धर्म के लिए क्यों आकुल-व्याकुल हों? उसका सेवन भविष्य में निश्चिन्तता पूर्वक करेंगे इत्यादि, परन्तु उनका यह विचार अज्ञानता से परिपूर्ण है क्योंकि मृत्यु, किस समय आकर उन्हें अपना ग्रास बना लेगी, इसका कोई नियम नहीं है (१६७-१७०)। इस प्रकार मृत्यु के अनियत होने पर जो मनुष्य, इस दुर्लभ साधन सामग्री को पाकर विषय-तृष्णा से मुक्त होते हुए आत्महित को सिद्ध करते हैं, वे ही बुद्धिमान समझे जाते हैं। (१७१-१७८)। अन्त में (१७९-१९८) अनेक प्रकार से धर्म की महिमा को बता कर, इस प्रकरण को समाप्त किया गया है।

२. दानोपदेश ह्न इस अधिकार में ५४ श्लोक हैं। यहाँ प्रथमत: व्रत-तीर्थ के प्रवर्तक आदि जिनेन्द्र और दान-तीर्थ के प्रवर्तक राजा श्रेयांस का स्मरण किया गया है। पश्चात् दान की आवश्यकता और महत्त्व को प्रगट करते हुए यह बताया गया है कि श्रावक, गृह में रहता

हुआ अपने और अपने आश्रित कुटुम्ब के भरण-पोषण आदि के लिए जो अनेक प्रकार के आरम्भ द्वारा धन का उपार्जन करता है, उसमें उसके हिंसादि के कारण अनेक प्रकार के पाप का संचय होता है। इस पाप को नष्ट करने का यदि कोई साधन उसके पास है तो वह दान ही है। यह दान, श्रावक के छह आवश्यकों (६-७) में प्रमुख है।

जिस प्रकार पानी, वस्त्रादि में लगे हुए रुधिर को धोकर, उसे स्वच्छ कर देता है; उसी प्रकार सत्पात्रदान, श्रावक के कृषि व वाणिज्य आदि से उत्पन्न पाप-मल को धोकर, निष्पाप कर देता है।[१] (५-७, १३)। इस दान के निमित्त से दाता को जो पुण्य-कर्म का बन्ध होता है, उसके प्रभाव से भविष्य में उसे कई गुणा अधिक लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। जिस प्रकार छोटे-से बड़ के बीज को योग्य भूमि में बो दिया जाए तो वह एक विशाल वृक्ष के रूप में परिणत होकर, वह वैसे ही असंख्यात बीजों को तो देता ही है, साथ ही उस महती छाया को भी देता है, जिसके आश्रित होकर सैकड़ों मनुष्य शान्ति प्राप्त करते है।[२] (८, १४, ३८)

रत्नत्रय के साधक मुमुक्षु जनों को आहारादि प्रदान करने वाला सद्गृहस्थ, न केवल साधु को ही उन्नत पद में स्थित करता है, बल्कि वह स्वयं भी उसके साथ उन्नत पद को प्राप्त होता है। उदाहरण के लिए राजा, जब किसी ऊँचे भवन को बनाता है, तब वह उस भवन के साथ-साथ स्वयं भी क्रमश: ऊँचे स्थान को प्राप्त करता जाता है (९)। जो गृहस्थ, सम्पन्न होता हुआ भी पात्रदान नहीं करता, उसे वस्तुत: धनवान नहीं समझना चाहिए, वह तो किसी अन्य के द्वारा रक्षणार्थ नियुक्त किये गये सेवक के समान है। जैसे कोषाध्यक्ष धन की संभाल और आय-व्यय का पूरा-पूरा हिसाब रखता है, परन्तु वह स्वयं उसमें से एक पैसे का भी उपयोग नहीं कर सकता (३६)।

पात्र-दानादि के निमित्त से जिस गृहस्थ की लोक में कीर्ति नहीं फैलती[३], उसका जन्म लेना, नहीं लेने के समान है। वह धन से सम्पन्न होता हुआ भी रंक के समान है (४०)। कृपण मनुष्य यह सोचता है कि प्रथम मुझे धन का संचय करना है, भवन का निर्माण कराना है, पुत्र का विवाह करना है आदि, तत्पश्चात् मैं दान करूँगा; परन्तु वह यह नहीं सोचता कि मैं चिरकाल तक स्थित रहने वाला नहीं हूँ, मृत्यु कब आकर इस जीवन-लीला को समाप्त कर दे, इसका कोई भरोसा नहीं है। जिसका धन न तो भोगने में आता है और न पात्र-दान में

---

१. **गृहकर्मणाऽपि निचितं, कर्म विमार्ष्टि खलु गृहविमुक्तानाम्। अतिथीनां प्रतिपूजा, रुधिरमलं धावते वारि।।**
ह्न रत्नकरण्ड श्रावकाचार, श्लोक ११४

२. **क्षितिगतमिव वटबीजं, पात्रगतं दानमल्पमपि काले। फलतिच्छायाविभवं, बहुफलमिष्टं शरीरभृताम्।।**
ह्न रत्नकरण्ड श्रावकाचार, श्लोक ११६

३. **अकीर्त्या तप्यते चेतश्चेतस्तापोऽशुभास्रव:। तत्तत्प्रसादाय सदा, श्रेयसे कीर्तिमर्जयेत्।।** ह्न सा.धर्मा. २/८५

लगता है, उसकी अपेक्षा तो वह कौआ ही अच्छा है, जो काँव-काँव करता हुआ अन्य कौओं को बुला कर ही बलि (भक्ष्य पदार्थ) को खाता है (४५-४६)। अन्त में उत्तम-मध्यम-जघन्य पात्र, कुपात्र और अपात्र के स्वरूप को तथा उनके लिए दिए जाने वाले दान के फल को बता कर (४८-४९) इस प्रकरण को समाप्त किया गया है।

३. अनित्य पंचाशत् ह्न इस अधिकार में ५५ श्लोक हैं। यहाँ शरीर, स्त्री, पुत्र एवं धन आदि की स्वाभाविक अस्थिरता को दिखा कर, उनके संयोग और वियोग में हर्ष और विषाद के परित्याग के लिए प्रेरणा दी गई है। आयु कर्म के अनुसार जिसका जिस समय प्राणान्त होना है, वह उसी समय होगा। इसके लिए धर्म न करके शोक करना, सर्प के चले जाने पर उसकी लकीर को पीटते रहने जैसा है (१०)।

जिस प्रकार रात्रि के होने पर पक्षी इधर-उधर से आकर किसी एक वृक्ष के ऊपर निवास करते हैं, और फिर प्रभात के हो जाने पर पुन: अनेक दिशाओं में चले जाते हैं; उसी प्रकार प्राणी अनेक योनियों से आकर विभिन्न कुलों में उत्पन्न होते हैं और फिर आयु के समाप्त होने पर उन कुलों से अन्य कुलों में चले जाते हैं।[१] ऐसी अवस्था में उनके लिए शोक करना अज्ञानता का द्योतक है (१६)।

इस प्रकार से अनेक विशेषताओं के द्वारा मृत्यु की अनिवार्यता और अन्य सभी चेतन-अचेतन पदार्थों की अस्थिरता को दिखा कर, इष्ट-वियोग में शोक न करने का उपदेश दिया गया है।

४. एकत्व-सप्तति ह्न इस अधिकार में ८० श्लोक हैं। यहाँ चिदानन्दरूप परमात्मा को नमस्कार कर यह बताया गया है कि वह चित्स्वरूप, यद्यपि प्रत्येक प्राणी के भीतर अवस्थित है, फिर भी अपनी अज्ञानता के कारण अधिकतर प्राणी उसे जानते नहीं है, इसलिए वे उसे बाह्य पदार्थों में ही खोजते हैं। जिस प्रकार प्राणी, लकड़ी के भीतर अव्यक्तरूप से अवस्थित अग्नि को ग्रहण नहीं कर पाते, उसी प्रकार कितने ही प्राणी, अनेक शास्त्रों में उलझ कर, उसे प्राप्त नहीं कर पाते। वह चेतनतत्त्व अनेक धर्मात्मक है, परन्तु कितने ही मन्द-बुद्धि उसे **जात्यन्ध-हस्ति-न्याय** के अनुसार एकान्तरूप से ग्रहण करके अपना अहित करते हैं। कुछ मनुष्य, उसको जान करके भी अभिमान के वशीभूत होकर उसका आश्रय नहीं लेते हैं। जो धर्म, वास्तव में दु:ख से बचाने वाला है, उसे दुर्बुद्धिजनों ने अन्यथा कर दिया है। इसलिए विवेकी जीवों को उसे परीक्षापूर्वक ग्रहण करना चाहिए (१-९)।

---

१. **दिग्देशेभ्य: खगा एत्य, संवसन्ति नगे-नगे। स्वस्वकार्यवशाद्यान्ति, देशे दिक्षु प्रगे-प्रगे।।**

ह्न इष्टोपदेश, श्लोक ९.

जो योगी, शरीर व कर्म से पृथक् उस ज्ञानानन्दमय परब्रह्म को जान लेता है, वही उस स्वरूप को प्राप्त करता है। जीव का राग-द्वेष के अनुसार किसी परपदार्थ से सम्बन्ध होना, वह बन्ध का कारण है तथा समस्त बाह्य पदार्थों से भिन्न एकमात्र आत्मस्वरूप में जो अवस्थान होता है, वह मुक्ति का कारण है। बन्ध-मोक्ष, राग-द्वेष, कर्म-आत्मा और शुभ-अशुभ इत्यादि प्रकार से जो द्वैत (दो पदार्थों के आश्रित) बुद्धि होती है, उससे संसार-परिभ्रमण होता है तथा इसके विपरीत अद्वैत (एकत्व) बुद्धि से जीव, मुक्ति के सन्मुख होता है। शुद्धनिश्चयनय के आश्रित इस अद्वैत बुद्धि में एक मात्र अखण्ड आत्मा प्रतिभासित होता है; उसमें दर्शन, ज्ञान और चारित्र तथा क्रिया, कारक आदि कुछ भी भेद प्रतिभासित नहीं होता। और तो क्या? उस अवस्था में 'जो शुद्ध चैतन्य है, वही निश्चय से मैं हूँ' ह्न इस प्रकार का विकल्प भी नहीं होता। मुमुक्षु योगी, मोह के निमित्त से उत्पन्न होने वाली मोक्ष-विषयक इच्छा को भी उसकी प्राप्ति में बाधक मानते हैं। फिर भला वे किसी अन्य बाह्य पदार्थ की अभिलाषा करें ह्न यह सर्वथा असम्भव है (५२-५३)।

जिनेन्द्रदेव ने उस परमात्मतत्त्व की उपासना का उपाय एकमात्र **साम्य** को बताया है। **स्वास्थ्य, समाधि, योग, चित्त-निरोध और शुद्धोपयोग** ह्न ये सब उसी **साम्य** के नामान्तर हैं। एकमात्र शुद्ध चैतन्य को छोड़ कर आकृति, अक्षर, वर्ण एवं अन्य किसी भी प्रकार का विकल्प नहीं रहना, इसका नाम **साम्य** है (६३-६५)। आगे इसी साम्य का और भी विवेचन करके यह निर्देश किया है कि कर्म और रागादि को हेय मान कर, छोड़ देना चाहिए और उपयोगस्वरूप परम ज्योति को उपादेय समझ कर, ग्रहण करना चाहिए (७५)। अन्त में इस आत्मतत्त्व के अभ्यास का फल शाश्वत मोक्ष की प्राप्ति बता कर, इस प्रकरण को समाप्त किया गया है।

५. यतिभावनाष्टक ह्न इस अधिकार में ९ श्लोक हैं। यहाँ उन मुनियों की स्तुति की है, जो पाँचों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करके विषय-भोगों से विरक्त होते हुए, ऋतु-विशेष के अनुसार अनेक प्रकार के कष्ट सहते हैं और भयानक उपसर्ग उपस्थित होने पर भी समाधि से विचलित नहीं होते।

६. उपासक संस्कार ह्न इस अधिकार में ६२ श्लोक हैं। यहाँ सर्वप्रथम व्रत और दान के प्रथम प्रवर्तक आदि जिनेन्द्र और राजा श्रेयांस के द्वारा धर्म की स्थिति को बता कर, उसका स्वरूप बताया है। पश्चात् सम्पूर्ण और एकदेश के भेद से दो भेदरूप उस धर्म के स्वामियों का निर्देश किया है। उनमें देशत: धर्म को धारण करने वाले श्रावकों के ये **छह आवश्यक कर्म** बतलाये गये हैं ह्न देवपूजा, निर्ग्रन्थ गुरु की उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप और दान (७)।

तत्पश्चात् सामायिक व्रत के स्वरूप का दिग्दर्शन कराते हुए उसके लिए **सात व्यसनों का परित्याग** अनिवार्य निर्दिष्ट किया गया है (९)।

आगे यथाक्रम से (१४-१७, १८-१९, २०-२१, २२-२५, २६-३०, ३१-३६) गृहस्थ के देवपूजा आदि छह आवश्यकों का विवेचन करके जीवदया (३७-४१) की आवश्यकता दिखलाई गई है। तत्पश्चात् कर्म-क्षय की कारण होने से बारह अनुप्रेक्षाओं के स्वरूप को बता कर, उनके निरन्तर चिन्तन की प्रेरणा दी गई है (४२-५८)। अन्त में उत्तम क्षमादि रूप मुनियों के लिए निर्दिष्ट किये गये दश धर्म का सेवन यथाशक्ति आगमोक्त विधि से श्रावकों को भी करना चाहिए, यह निर्देश करते हुए विशुद्ध आत्मा और जीवदया ह्न इन दोनों के सम्मिलन को मोक्ष का कारण बता कर, इस अधिकार को पूर्ण किया गया है।

७. देशव्रतोद्योतन ह्न इस अधिकार में २७ श्लोक हैं। यहाँ अनेक मिथ्यादृष्टियों की अपेक्षा एक सम्यग्दृष्टि को प्रशंसा का पात्र बताया है तथा उस सम्यग्दर्शन के साथ मनुष्य भव के प्राप्त हो जाने पर तप को ग्रहण करने की प्रेरणा दी है। यदि कदाचित् कुटुम्ब आदि के मोह अथवा अशक्ति के कारण उस तप का अनुष्ठान करना सम्भव न हो तो फिर सम्यग्दर्शन के साथ छह आवश्यक, आठ मूलगुण व पाँच अणुव्रतादिरूप (तीन गुणव्रत एवं चार शिक्षाव्रत सहित) बारह उत्तरगुण को तो धारण करना ही चाहिए। साथ ही रात्रि-भोजन का परित्याग करते हुए पवित्र व योग्य वस्त्र से छाने गये जल को पीना तथा शक्ति के अनुसार मौन आदि अन्य नियमों का पालन करना भी श्रावक के लिए पुण्यवर्धक बताया है (४-६)। चूँकि श्रावक अनेक पाप-प्रचुर कार्यों को करके धन का उपार्जन करता है, अतएव इन पाप से मुक्त होने के लिए दान की आवश्यकता और उसके महत्त्व को बता कर, सत्पात्र के लिए आहारादि चार प्रकार के दान की विशेष प्रेरणा दी गई है (७-१७)।

श्रावक के छह आवश्यकों में देवदर्शन व पूजन प्रथम है। देवदर्शनादि के बिना उस गृहस्थाश्रम को पत्थर की नाव जैसा निर्दिष्ट किया गया है (१८)। इसके लिए चैत्यालय का निर्माण अतिशय पुण्यवर्धक है। कारण यह है कि उस चैत्यालय के सहारे मुनि और श्रावक, दोनों का धर्म अवस्थित रहता है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ह्न इन चार पुरुषार्थों में सर्वश्रेष्ठ मोक्ष ही है। यदि धर्म पुरुषार्थ उस मोक्ष के साधकरूप में अनुष्ठित होता है तो वह भी उपादेय ही है। इसके विपरीत यदि वह भोगादिक की अभिलाषा से किया जाता है तो वह धर्म पुरुषार्थ, पाप ही है क्योंकि अणुव्रत या महाव्रत दोनों ही का उद्देश्य एकमात्र मोक्ष-प्राप्ति ही है, इसके बिना वे दु:ख के ही कारण हैं (२५-२६)।

८. सिद्ध-स्तुति ह्न इस अधिकार में २९ श्लोक हैं। यहाँ प्रथमत: सिद्धों के

नमस्कार-पूर्वक उनसे अपने कल्याण की प्रार्थना करते हुए ज्ञानावरणादि आठ कर्मों के क्षय से क्रमश: सिद्धों के कौन-कौनसे गुण प्रादुर्भूत होते हैं, इसका निर्देश किया गया है (६)। तत्पश्चात् उनके ज्ञान-दर्शन एवं सुखादि की विशेष प्ररूपणा की गई है।

९. आलोचना ह्न इस अधिकार में ३३ श्लोक हैं। यहाँ जिनेन्द्र के गुणों का वर्णन करते हुए बताया गया है कि मन, वचन व काय तथा कृत, कारित व अनुमोदना ह्न इनको परस्पर गुणित करने पर जो नौ स्थान (मन-कृत, मन-कारित व मनोऽनुमोदित आदि) प्राप्त होते हैं, उनके द्वारा प्राणी को पाप उत्पन्न होता है; उसे दूर करने के लिए जिनेन्द्र प्रभु के आगे आत्म-निन्दा करते हुए 'यह मेरा पाप मिथ्या हो' ह्न ऐसा विचार करना चाहिए। अज्ञानता या प्रमाद के वशीभूत होकर जो पाप उत्पन्न हुआ है, उसे निष्कपट भाव से गुरु के समक्ष प्रगट करने का नाम आलोचना है। यद्यपि जिनेन्द्र भगवान, सर्वज्ञ होने से समस्त पाप को स्वयं जानते हैं, फिर भी आत्म-शुद्धि के लिए दोषों की आलोचना करना आवश्यक है। साधु के मूलगुण और उत्तरगुणों के परिपालन में जो दोष दृष्टिगोचर होते हैं, उनकी आलोचना करने से हृदय के भीतर कोई शल्य नहीं रहता (७-९)।

आगे यह भी कहा है कि प्राणी के असंख्यात संकल्प-विकल्प और तदनुसार असंख्यात पाप भी उत्पन्न होते हैं ह्न ऐसी अवस्था में आगमोक्त विधि से उन सब पापों का प्रायश्चित्त करना सम्भव नहीं है। अतएव उन सबके शोधन का एक प्रमुख उपाय है, अपने मन और इन्द्रियों को बाह्य पदार्थों की ओर से हटा कर, उनका परमात्मस्वरूप के साथ एकीकरण करना। इसलिए मन के ऊपर विजय प्राप्त करना आवश्यक है क्योंकि समस्त परिग्रह को छोड़ कर, वन का आश्रय ले लेने पर भी मन की अवस्था ऐसी है कि वह बाह्य पदार्थों की ओर ही दौड़ता है; अत: उस पर विजय प्राप्त करने हेतु परमात्मस्वरूप के चिन्तन में लगाना श्रेयस्कर है। इस प्रकार विवेचन करते हुए अन्त में यह निर्दिष्ट किया है कि सर्वज्ञ प्रभु ने जिस चारित्र का उपदेश दिया है, उसका परिपालन इस कलिकाल में दुष्कर है। अतएव जो भव्य जीव, इस समय तन्मय होकर, उन सर्वज्ञ-वीतराग प्रभु की केवल भक्ति ही करता है, वह उस दृढ़-भक्ति के प्रसाद से संसार-समुद्र से पार हो जाता है (३०)।

१०. सद्बोध-चन्द्रोदय ह्न इस अधिकार में ५० श्लोक हैं। यहाँ भी चित्स्वरूप परमात्मा की महिमा को बता कर, यह निर्दिष्ट किया है कि जिसका चित्त, उस चित्स्वरूप में लीन हो जाता है, वह योगी, समस्त जीव-राशि को आत्म-सदृश देखता है। उसे अज्ञानीजन के कर्मकृत विकार को देख कर किसी प्रकार का क्षोभ नहीं होता। यहाँ भावना की गई है कि यह जीव, मोह-निद्रा के वशीभूत बहुत काल तक सोया है, अब उसे इस शास्त्र को पढ़ कर

प्रबुद्ध (जागृत) हो जाना चाहिए।

११. निश्चय-पंचाशत् ह्न इस अधिकार में ६२ श्लोक हैं। यहाँ प्रथमत: मन व वचन की अविषयभूत (अचिन्त्य व अवर्णनीय) परम ज्योति एवं गुरु के जयवन्त रहने की प्रार्थना करके यह निर्दिष्ट किया है कि संसार में सब प्राणियों ने जन्म-मरण के कारणभूत विषयों को सुना है, परिचय किया है तथा उनका अनुभव भी प्राप्त किया है, किन्तु मुक्ति की कारणभूत परमज्योति उन्हें प्राप्त नहीं हुई। इसका कारण यह है कि उस परमज्योति का ज्ञान प्राप्त होना दुर्लभ है और उससे भी अधिक दुर्लभ है, उसका अनुभव होना (१-७)। उस परमज्योति के जानने में हेतुभूत जो नय है, वह दो प्रकार का है ह्न **१) शुद्धनय (निश्चयनय) और २) अशुद्धनय (व्यवहारनय)। इनमें व्यवहारनय तो अज्ञानीजन को प्रबोध करने के लिए है। कर्म-क्षय का यथार्थ कारण तो शुद्धनय ही है। व्यवहारनय, यथावस्थित वस्तु को विषय न करने के कारण अभूतार्थ और शुद्धनय, यथावस्थित वस्तु को विषय करने के कारण भूतार्थ कहा जाता है। वस्तु का यथार्थस्वरूप अनिर्वचनीय है, उसका जो कुछ वर्णन वचनों द्वारा किया जाता है, वह व्यवहार के आश्रय से ही किया जाता है।** चूँकि मुख्य और उपचार के आश्रित किया जाने वाला सब विवरण, व्यवहार पर ही निर्भर है, अत: व्यवहारदृष्टि से वह भी पूज्य माना गया है (८-११)।

आगे शुद्धनय के आश्रयस्वरूप रत्नत्रय धर्म का वर्णन कर यह निर्देश दिया है कि जिसने समस्त परिग्रह को छोड़ कर, जंगल का आश्रय ले लिया है तथा जो वहाँ स्थित रह कर सब प्रकार के उपद्रवों को भी सह रहा है, वह यदि सम्यग्ज्ञान से रहित है तो उसमें और वन के वृक्ष में कोई भेद नहीं समझना चाहिए, क्योंकि वन का वृक्ष भी विवेकरहित होकर इसी प्रकार के कष्टों को सहता है (१६)। इस प्रकार से सम्यग्ज्ञान और चित्स्वरूप की महिमा बता कर, निश्चय से **'मैं कौन व कैसा हूँ?** तथा **मेरा, कर्म व तत्कृत राग-द्वेषादि से क्या सम्बन्ध है'?** इत्यादि का विचार किया गया है। **जो आत्मा को बद्ध देखता है, वह संसार में बद्ध रहता है और जो उसे मुक्त देखता है, वह मुक्त हो जाता है** अर्थात् जन्म-मरणरूप संसार से छूट जाता है। जब जीव को विशुद्ध आत्मा का अनुभवन होने लगता है, तब वह इन्द्र की विभूति को तृण के समान तुच्छ समझता है।

१२. ब्रह्मचर्य-रक्षावर्ति ह्न इस अधिकार में २२ श्लोक हैं। यहाँ प्रथमत: दुर्जेय काम-सुभट को जीत लेने वाले मुनियों को नमस्कार करके ब्रह्मचर्य के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा है कि **'ब्रह्म' का अर्थ विशुद्ध ज्ञानमय आत्मा होता है, उस आत्मा में चर्या अर्थात् रमण करने का नाम ब्रह्मचर्य है ह्न यह निश्चय ब्रह्मचर्य का स्वरूप है।** वह उन मुनियों को होता

है, जो स्त्रियों की तो बात ही क्या, अपितु अपने शरीर से भी निर्मम हो चुके हैं ह्न ऐसे जितेन्द्रिय तपस्वी सब स्त्रियों को यथायोग्य माता, बहिन व बेटी के समान देखते हैं। इस ब्रह्मचर्य के विषय में यदि कदाचित् स्वप्न में भी दोष उत्पन्न होता है (१-३) तो रात्रि-विभाग के अनुसार आगमोक्त विधि से उसका प्रायश्चित्त करते हैं। उस ब्रह्मचर्य के रक्षण का मुख्य उपाय, यद्यपि मन का संयम ही है, फिर भी गरिष्ठ व कामोद्दीपक भोजन का परित्याग भी उसके संरक्षण में सहायक है। इस ब्रह्मचर्य को सुरक्षित रखने के लिए या स्त्रियों के निन्द्यरूप व लावण्य आदि की अस्थिरता को दिखा कर (१२-१५) रागपूर्ण दृष्टि से उनके अङ्ग-उपाङ्ग को देखना, उनके समीप रहना, उनके साथ वार्तालाप करना और उनका स्पर्श करना ह्न इन सबको अनर्थ-परम्परा का कारण बताया गया है (९)।

१३. ऋषभ-स्तोत्र ह्न यह प्रकरण प्राकृत भाषा में रचा गया है, इसमें ६० गाथाएँ हैं। यहाँ ग्रन्थ-कर्ता, राजा नाभिराय एवं माता मरुदेवी के पुत्र भगवान ऋषभ जिनेन्द्रदेव की स्तुति करने में इस प्रकार अपनी असमर्थता का अनुभव करते हैं, जिस प्रकार कुएँ में रहने वाला क्षुद्र मेंढ़क, समुद्र के विस्तार आदि का वर्णन नहीं कर सकता।

वे भगवान, जब सर्वार्थसिद्धि से च्युत होकर माता मरुदेवी के गर्भ में आने वाले थे, उसके छह महिने पूर्व से ही राजा नाभिराय के घर पर रत्नों की वर्षा प्रारम्भ हो गई थी। उस समय देवों ने आकर मरुदेवी के चरणों में नमस्कार किया। तत्पश्चात् प्रभु का जन्म हो जाने पर सौधर्म इन्द्र ने मेरु पर्वत पर अभिषेकार्थ ले जाने के लिए उन्हें जब अपनी गोद में लिया, तब उन्हें देख कर, उन्होंने अपने निर्निमेष हजार नेत्रों को सफल समझा (६-९)।

इस अवसर्पिणी काल के चतुर्थ पर्व में जब चौरासी लाख पूर्व, तीन वर्ष और साढे आठ माह शेष रहे थे, तब भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ था।[१] यह परिवर्तन का समय था, भोगभूमि का अन्त होकर कर्मभूमि की रचना प्रारम्भ होने वाली थी। उस समय कल्प-वृक्ष धीर-धीरे नष्ट होते जा रहे थे। इससे प्रजाजन, भूख आदि से पीड़ित होने लगे थे। तब भगवान ऋषभदेव ने उन्हें यथायोग्य खेती आदि की शिक्षा दी।[२] इस प्रकार उन्होंने बहुत से कल्पवृक्षों के कार्य को अकेले ही पूरा किया (१३)। उनकी आयु चौरासी लाख पूर्व की थी। इसमें से गृहस्थ अवस्था में उनके तेरासी लाख पूर्व बीत चुके थे।[३]

---

१. **सुसमदुसमम्मि णामे, सेसे चउसीदिलक्खपुव्वाणिं।**
वासतए अठमासे, इगिपक्खे उसहउप्पत्ती।। (तिलोयपण्णत्ति, ४/५५३)

२. **प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषुः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः।**
प्रबुद्धतत्त्वः पुनरद्भुतयो ममत्वतो निर्विविदे विदांवरः ।। (वृहत्स्व., २)

३. तिलोयपण्णत्ति, ४/५८३, ५९० (कुमारकाल २० लाख पूर्व + राज्यकाल ६३ लाख पूर्व = लाख पूर्व)।

जब एक समय वे सभा भवन में सिंहासन के ऊपर स्थित होकर इन्द्र द्वारा आयोजित नीलांजना नामक अप्सरा का नृत्य देख रहे थे। इसी बीच नीलांजना की आयु क्षीण हो जाने से वह क्षण भर में अदृश्य हो गई। यद्यपि इन्द्र ने उसके स्थान पर उसी समय दूसरी अप्सरा को खड़ा कर दिया, फिर भी यह बात भगवान की दिव्य-दृष्टि से ओझल नहीं रही।[1] फिर क्या था, उन्होंने नीलांजना की क्षणभङ्गुरता को देख कर, राज-लक्ष्मी के भी क्षणभङ्गुर स्वरूप को जान लिया। तब उन्होंने उस राज-लक्ष्मी को जीर्ण तृण के समान छोड़ कर, दीक्षा ग्रहण कर ली (१५-१६)। इस प्रकार तपश्चरण करते हुए, उनके एक हजार वर्ष बीत गये।[2] तब उन्होंने अनुपम समाधि के द्वारा चार घातिया कर्मों को नष्ट करके केवलज्ञान प्राप्त किया (१९)।

इस प्रसंग में समवसरण में विराजमान भगवान आदि जिनेन्द्र के सिंहासनादि आठ प्रातिहार्यों का वर्णन किया गया है (२३-२४)। उस समय भगवान ने अपनी दिव्य वाणी द्वारा विश्वहितकारी मोक्षमार्ग का उपदेश दिया। उसको सुनकर मुमुक्षुजन, मोह से रहित होते हुए उस मार्ग पर निराकुलतापूर्वक इस प्रकार चलने लगे, जिस प्रकार चोर आदि की बाधारहित मार्ग पर व्यवहारीजन निश्चिन्ततापूर्वक चला करते हैं (३७)। इस प्रकार तीर्थंकर प्रकृति की महिमा को प्रगट करते हुए ग्रन्थकार मुनि पद्मनन्दि ने इस स्तुति को समाप्त किया है।

१४. जिनेन्द्र-स्तवन ह्न यह प्रकरण भी प्राकृत भाषा में है, इसमें ३४ गाथाओं के द्वारा जिन दर्शन की महिमा को दिखाया गया है।

१५. सरस्वति स्तवन ह्न इसके ३१ श्लोकों में जिनवाणी की स्तुति की गई है।

१६. चौबीस तीर्थंकर स्तवन (स्वयंभू स्तोत्र) ह्न इस प्रकरण में २४ श्लोकों के द्वारा ऋषभादि २४ तीर्थंकरों की स्तुति की गई है।

१७. सुप्रभाताष्टक स्तोत्र ह्न यह आठ श्लोकों की एक स्तुति है। प्रभात काल होने पर रात्रि का अन्धकार नष्ट होकर, सब ओर सूर्य का प्रकाश फैल जाता है तथा उस समय जन-समुदाय की निद्रा, भंग होकर उनके नेत्र खुल जाते हैं। ठीक इसी तरह से मोहनीय कर्म का क्षय हो जाने से जिन भगवान की निद्रा (मोहनिर्मित जड़ता) समाप्त हो जाती है तथा ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मों के निर्मूल नष्ट हो जाने से उनके अनन्त ज्ञान-दर्शन का प्रकाश सर्वत्र फैल जाता है। इस प्रकार उन्हें अपूर्व उत्तम प्रभात का लाभ होता है।

१८. शान्तिनाथ स्तोत्र ह्न यहाँ ९ श्लोकों द्वारा तीन छत्र आदि रूप आठ प्रातिहार्यों का उल्लेख करके भगवान शान्तिनाथ तीर्थंकर की स्तुति की गई है।

---

१. आदिपुराण, १७.१.११.

२. तिलोयपण्णत्ति, ४/६७५.

१९. जिनपूजाष्टक स्तोत्र ह्न यहाँ १० श्लोकों में जल-चन्दनादि आठ द्रव्यों द्वारा जिनेन्द्र भगवान की पूजा की गई है।

२०. करुणाष्टक ह्न इस आठ श्लोकों के इस प्रकरण में लेखक ने अपनी दीनता दिखा कर, जिनेन्द्रदेव से दया की याचना करते हुए संसार से अपने उद्धार की प्रार्थना की है।

२१. क्रियाकाण्ड चूलिका ह्न इस प्रकरण में १८ श्लोक हैं, उनमें प्रथम ९ श्लोकों में समस्त दोषों से रहित और सम्यग्दर्शनादि अनेक गुणों से विभूषित जिनेन्द्र भगवान की स्तुति करते हुए उनसे यह प्रार्थना की गई है कि 'मैं अनन्त गुणों से आपकी स्तुति नहीं कर सकता। साथ ही मुझे इस समय साक्षात् मोक्ष का कारणभूत समस्त आगम का ज्ञान व चारित्र भी नहीं प्राप्त हो सकता है; अत: मैं आपसे यह याचना करता हूँ कि मेरी भक्ति सदा आपके विषय में बनी रहे और मैं इहभव तथा परभव में भी आपके चरण-युगल की सेवा करता रहूँ। आप मुझे अपूर्व रत्नत्रय प्रदान करें।

तत्पश्चात् जिनेन्द्र भगवान से यह प्रार्थना की गई है कि रत्नत्रय, मूलगुण व उत्तरगुणों आदि के सम्बन्ध में अभिमान व प्रमाद के वश होकर, जो मुझसे अपराध हुआ है तथा मन-वचन-काय और कृत-कारित-अनुमोदना से जो मैंने प्राण-पीड़न किया है, उसके कारण जो कर्म-संचय हुआ है, वह सब आपके चरण-कमल के स्मरण से मिथ्या हो। अन्त में जिनवाणी का स्मरण करते हुए इसे **क्रियाकाण्डरूप कल्पवृक्ष** का पत्र बता कर, उसके जय की प्रार्थना की गई है और इस क्रियाकाण्ड चूलिका के पढ़ने से अभीष्ट फल की घोषणा भी की गई है।

२२. एकत्व भावना दशक ह्न इस प्रकरण में ११ श्लोक हैं। यहाँ परमज्योतिस्वरूप प्रसिद्ध व एकत्वरूप अद्वितीय स्वरूप को प्राप्त आत्मतत्त्व का विवेचन करते हुए यह कहा गया है कि जो उस आत्मतत्त्व को जानता है, वह दूसरों के द्वारा पूजा जाता है, उसका आराध्य फिर अन्य कोई नहीं रहता। उस एकत्व का ज्ञान दुर्लभ अवश्य है, पर मुक्ति को वही प्रदान करता है। मुक्ति में जो निर्बाध सुख प्राप्त होता है, वह संसार में सर्वत्र दुर्लभ है।

२३. परमार्थ-विंशति: ह्न इस प्रकरण में २० श्लोक हैं। यहाँ पर भी शुद्ध चिद्रूप (अद्वैत) की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि **जो जानता-देखता है, वही मैं हूँ, उसको छोड़ कर और कोई दूसरा मेरा स्वरूप नहीं है।** यदि मेरे अन्त:करण में शाश्वतिक सुख को प्रदान करने वाले गुरु के वचन जागते हैं तो फिर मुझसे कोई स्नेह करे या न करे, गृहस्थ मुझे भोजन दें या न दें तथा जनसमुदाय मुझे नग्न देख कर निन्दा करता है तो भले ही करता रहे, तथापि मुझे खेद नहीं है। सुख और दु:ख, जिस कर्म के फल है, वह कर्म आत्मा से पृथक् है, यह

विवेक-बुद्धि जिसे प्राप्त हो चुकी है, उसको 'मैं सुखी हूँ अथवा दु:खी हूँ' यह विकल्प ही उत्पन्न नहीं होता ह्न ऐसा योगी, कभी ऋतु आदि के कष्ट को कष्ट नहीं मानता।

२४. शरीराष्टक ह्न यहाँ ८ श्लोकों के द्वारा शरीर की स्वाभाविक अपवित्रता और अस्थिरता को बताते हुए उसे नाड़ी-व्रण के समान भयानक और कड़वी तूंबड़ी के समान उपयोग के अयोग्य बताया गया है। साथ ही यह भी कहा है कि एक ओर जहाँ मनुष्य अनेक पोषक तत्त्वों द्वारा उसका संरक्षण करके उसे स्थिर रखने में उद्यत होता है, वहीं दूसरी ओर वृद्धत्व उसे क्रमश: जर्जरित करने मे उद्यत होता है ह्न इस सम्बन्ध में प्राणी का रक्षा का प्रयत्न, व्यर्थ होकर अन्त में यह शरीर कीड़ों का स्थान या भस्म बन जाता है।

२५. स्नानाष्टक ह्न यहाँ ८ श्लोकों में यह कहा गया है कि मल से परिपूर्ण घड़े के समान निरन्तर मल-मूत्रादि से परिपूर्ण रहने वाला यह शरीर, कभी जल-स्नान के द्वारा पवित्र नहीं हो सकता है। उसका यथार्थ स्नान तो विवेक ही है। जो जीव के चिरसंचित मिथ्यात्वरूप अन्तरंग मल को धो देता है। जो शरीर, प्रतिदिन स्नान को प्राप्त होकर भी अपवित्र बना रहता है तथा अनेक सुगन्धित लेपनों से लिप्त होकर भी दुर्गन्ध को ही छोड़ता है, उसको शुद्ध करने वाला संसार में न कोई जल है और न कोई तीर्थ है।

२६. ब्रह्मचर्याष्टक ह्न इन ९ श्लोकमय प्रकरण में यह निर्देश किया गया है कि विषय-सेवन के लिए चूँकि अधिकतर पशुओं का मन ही लालायित रहता है, अतएव उसे पशुकर्म कहा जाता है। वह विषय-सेवन, जब अपनी ही स्त्री के साथ भी निन्द्य माना जाता है, तब भला परस्त्री या वेश्या के सम्बन्ध में तो कहना ही क्या है? यह विषय-भोग एक प्रकार का ऐसा तीक्ष्ण कुठार है, जो संयमरूप वृक्ष को निर्मूल कर देता है। ●

*****

विस्तृत विषय-सूची

अधिकार १ : धर्मोपदेशामृत

(पृष्ठ १ से १२२/ श्लोक संख्या १ से १९८)

श्लोक	विषय
१.	देखोजी! आदीश्वर स्वामी! कैसा ध्यान.....?
२.	निरखो अंग-अंग जिनवर के जिनसे झलके.....
३.	राग-द्वेषादि रहित एवं आनन्दादि गुण सहित.....
४.	भगवान के चरण-कमल आराधन से मोक्ष-लक्ष्मी.....
५.	पाप-सन्ताप दूर करनेवाले श्री शान्तिनाथ भगवान.....
६.	मोक्षमार्ग में गमन करानेवाला उत्कृष्ट धर्म
७.	धर्म के अनेक लक्षणों एवं भेदों का समन्वय
८.	धर्मरूपी वृक्ष का मूल : सभी प्राणियों पर दया
९.	सभी जीव परस्पर कुटुम्बी : कौन किसे मारे?
१०.	जीवन-दान : सबसे बड़ा दान
११.	अव्रती की दया भी स्वर्ग-मोक्ष को देनेवाली
१२.	मुनिधर्म के अवलम्बनस्वरूप गृहस्थधर्म किसे?
१३.	सम्यग्दर्शन आदि गुणों से पूज्य गृहस्थाश्रम?
१४.	श्रावक की ग्यारह प्रतिमाओं के नाम
१५.	व्रत-ग्रहण से पूर्व सप्त व्यसन का त्याग आवश्यक
१६.	सप्त व्यसनों के नाम एवं उनके त्याग की प्रेरणा
१७.	द्यूत (जुआ) नामक व्यसन का निषेध
१८.	सभी व्यसनों में जुआ खेलना ही मुख्य व्यसन
१९.	मांस-व्यसन का निषेध
२०.	मांस-भक्षण करनेवालों की निन्दा
२१.	मदिरा-पान का निषेध
२२.	मद्य-पान समस्त खोटी चेष्टाओं का कारण
२३.	वेश्या-सेवन व्यसन का निषेध
२४.	वेश्या की अत्यन्त निन्दनीय दशा
२५.	शिकार-व्यसन का निषेध
२६.	शिकार में आनन्द मानना, अत्यन्त निन्दनीय
२७.	चोरी-व्यसन का निषेध
२८.	दूसरे को ठगना भी उसकी हिंसा करने के समान
२९.	पर-स्त्री-सेवन व्यसन का निषेध
३०.	स्वप्न में भी पर-स्त्री-सेवन को धिक्कार!
३१.	जुआ आदि खेलने से नष्ट होनेवालों के उदाहरण
३२.	सप्त व्यसनों के अलावा अन्य व्यसन
३३.	व्यसन ही प्राणियों के शत्रु
३४.	व्यसनी पुरुषों की संगति का निषेध
३५.	दुष्ट पुरुषों के मिष्ट वचनों से सावधान!
३६.	कलिकाल में प्राय: सज्जनों का अभाव
३७.	दुष्ट पुरुषों का सम्पर्क भी बुरा
३८.	मुनिधर्म में पञ्चाचार, दशधर्म, बारह तपादि उत्तरगुण
३९.	मुनिव्रत-धारण करना, शरीरादि के त्याग में हेतुभूत
४०.	प्रथम मूलगुणों का पश्चात् उत्तरगुणों का धारण
४१.	'आचेलक्य' (नग्नता) मूलगुण का उद्देश्य
४२.	'केशलोच' मूलगुण का उद्देश्य
४३.	'स्थितिभोजन' मूलगुण का उद्देश्य
४४.	मुनिराज द्वारा ममत्वरहित होने का उपदेश-चिन्तन
४५.	शान्तरस के लोलुपी निर्ग्रन्थ मुनियों का समताभाव
४६.	मुनियों को एकान्तवास में आत्मानन्द का अनुभव
४७.	सुख-दु:ख में हर्ष-विषाद नहीं करने की भावना
४८.	सम्यक् भावनाओं के द्वारा संवर-निर्जरापूर्वक मोक्ष
४९.	उद्यमी महात्मा महामुनियों के लिए संसाररूपी समुद्र.....
५०.	भो मुनिगण! शुद्धात्मा का अनुभव करो
५१.	कषायों को जीत कर पापों का नाश
५२.	धन के आश्रय से सच्चे मार्ग का नाश
५३.	कलिकाल का माहात्म्य
५४.	क्रोधादि से कदाचित् बन्ध, जबकि परिग्रह से सदा.....
५५.	मुनियों को मोक्ष की अभिलाषा भी बन्धकारक
५६.	परिग्रहधारियों को मुक्ति-प्राप्ति असम्भव
५७.	कामदेवरूपी योद्धा को जीतने पर कषायें भयभीत.....
५८.	कामदेव की स्त्री को विधवा करनेवाले श्रीगुरु
५९.	स्व-परोपकारक श्री आचार्य परमेष्ठी की स्तुति
६०.	आचार्य परमेष्ठी द्वारा उपदिष्ट मार्ग
६१.	उपाध्याय परमेष्ठी की स्तुति
६२.	गृहरूपी बन्धन एवं मोहजन्य विकल्पों से मुक्त साधु

श्लोक	विषय	श्लोक	विषय
६३.	सम्यग्दर्शन के धारक परिषहजयी मुनियों की महिमा	१०१.	उत्तम त्यागधर्म में मुनियों को देने योग्य दान
६४.	ग्रीष्मऋतु में पर्वत के शिखर पर स्थित मुनीश्वर	१०२.	उत्तम त्यागधर्म के धारकों की महिमा
६५.	वर्षाऋतु में वृक्षों के नीचे स्थित मुनीश्वर	१०३.	उत्तम त्यागधर्म एवं आकिंचन्यधर्म में ममत्व-त्याग
६६.	शीतकाल में खुले मैदान में तप करनेवाले मुनीश्वर	१०४.	उत्तम ब्रह्मचर्यधर्म : स्त्री ही संसार-भ्रमण की कारण
६७.	मुनि-जीवन में आत्मज्ञान की विशेषता	१०५.	स्त्रियों से प्रीति छोड़ने वाले ही महान
६८.	मुनियों की पूजन के माध्यम से सरस्वती-पूजन	१०६.	द्यानत धरम दश पैंड़ि चढ़ि के, शिवमहल में पग धरा
६९.	आत्मध्यानी मुनियों के चरणों से स्पर्शित भूमि	१०७.	अनन्त चतुष्टयस्वरूप स्वस्थता को नमस्कार
७०.	निन्दा करनेवालों के प्रति भी मुनियों की समता	१०८.	प्रमोद को उत्पन्न करनेवाला चैतन्य तेज
७१.	मुनियों की स्तुति करनेवाले भी महापुरुष	१०९.	अविनाशी सिद्ध भगवान को मेरा नमस्कार
७२.	व्यवहार सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र का स्वरूप	११०.	अमूर्तिक चैतन्यस्वरूपी आत्मा का वर्णन
७३.	बाह्य तप आदि से अधिक रत्नत्रय की महिमा	१११.	परमात्मतत्त्व का ज्ञान करानेवाले अत्यन्त दुर्लभ
७४.	रत्नत्रयरूपी वृक्ष से मोक्ष-फल की प्राप्ति	११२.	वीतरागता-पोषक शास्त्राभ्यास की महिमा
७५.	रत्नत्रय की एकता ही मोक्षमार्ग में कार्यकारी	११३.	रागवर्द्धक शृंगार-पोषक शास्त्रों की निन्दा
७६.	सम्यग्दर्शनादि रत्नों से ही आत्मा की शोभा	११४.	स्त्री के घृणित शरीर को 'चन्द्रमुखी' की उपमा
७७.	सम्यग्दर्शन से ही मनुष्य जन्म की शोभा	११५.	स्त्री के मुख-केश-स्तन आदि घृणास्पद स्थान
७८.	सम्यक् रत्नत्रय की महिमा	११६.	स्त्री से राग छुड़ाने के लिए धीवर का उदाहरण
७९.	अभेद-रत्नत्रय ही निश्चय-रत्नत्रय	११७.	स्त्री का रूप, अन्य समस्त दोषों से भयंकर
८०.	शुद्धनय का आश्रय करना ही श्रेयस्कर	११८.	इन्द्रिय-विषयों के जाल में फँसनेवालों की मूर्खता
८१.	निश्चय सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र का स्वरूप	११९.	मोहरूपी वैरी के दु:खद प्रयोग
८२.	उत्तम क्षमाधर्म, मुनियों की सहायता करनेवाला	१२०.	मोह को जीतने के लिए ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा
८३.	यतिधर्म का तीव्र विघातक, क्रोध	१२१.	मोह-चक्रवर्ती की बड़ी कठोर आज्ञा
८४.	राग-द्वेष रहित क्षमाधारी मुनियों के विचार	१२२.	मोह से मोह तोड़ने की प्रेरणा
८५.	क्षमाधारक की जगत् को सुखी देखने की भावना	१२३.	जिनधर्म की शरण और निर्ग्रन्थ गुरु का उपदेश
८६.	तीन लोक के द्वारा पूज्य वीतरागता का प्रभाव	१२४.	वीतराग-सर्वज्ञ का वचन ही प्रमाणभूत
८७.	अष्ट मदों के त्यागरूप उत्तम मार्दवधर्म	१२५.	सर्वज्ञ के वचनों में सन्देह नहीं करने का उपदेश
८८.	शरीर के सम्बन्ध में मुनियों के विचार	१२६.	दोनों प्रकार के श्रुत में कहा -'आत्मा ही ग्राह्य'
८९.	आर्जवधर्म बनाम कुटिल मायाचाररूप अधर्म	१२७.	आत्महितकारी श्रुत का अभ्यास करने में प्रयत्न
९०.	उत्तम आर्जवधर्म से विरुद्ध मायाचार का दुष्ट फल	१२८.	जिनेन्द्र के वचनों में संशय करना व्यर्थ
९१.	मौन-साधना में उत्तम सत्यधर्म की उत्कृष्ट साधना	१२९.	ज्ञानस्वरूप आत्मा की आराधना का उपदेश
९२.	व्रत एवं सरस्वती सत्य बोलनेवाले के आधीन	१३०.	कोटि जन्म तप तपैं, ज्ञान बिन कर्म झरैं जे.....
९३.	सत्यवादी चक्रवर्ती, इन्द्र एवं मोक्षरूपी फल पानेवाला	१३१.	कर्मरूपी समुद्र को पार करने हेतु ज्ञानरूपी जहाज
९४.	उत्तम शौचधर्म का धारक परस्त्री-परधन से विरक्त	१३२.	जिनवाणीरूपी दीपक से ही इष्ट की प्राप्ति
९५.	बाह्य की अपेक्षा अन्त:करण की शुद्धि मुख्य	१३३.	आत्मा ही परम धर्म
९६.	काय छहों प्रतिपाल, पंचेन्द्रिय-मन वश करो	१३४.	आत्मा के स्वरूप का स्याद्वाद पद्धति से निर्णय
९७.	उत्तम संयमधर्म की उत्तरोत्तर दुर्लभता	१३५.	आत्मा के वास्तविक स्वरूप की पहिचान
९८.	द्वादश विध सुखदाय, क्यो न करें निज शक्तिसम	१३६.	'मैं जानता हूँ' इत्यादि प्रतीतियों से आत्म-सिद्धि
९९.	उत्तम तपधर्म के द्वारा क्रोधादि कषायों पर विजय	१३७.	आत्मा का अनेकान्तस्वरूप
१००.	उत्तम तपधर्म से भयभीत होना व्यर्थ	१३८.	आत्मा ही शुभाशुभकर्मों का कर्ता एवं भोक्ता

श्लोक	विषय
१३९.	नय-प्रमाण आदि के द्वारा आत्मा का ज्ञान
१४०.	मोक्षसुख के अभिलाषी को राग-द्वेष का त्याग
१४१.	अपने स्वरूप से दूर नहीं रहने का उपदेश
१४२.	नरक-तिर्यंचादि के समान देवगति भी दुःखदायक
१४३.	अरे मन! स्त्री आदि का राग छोड़
१४४.	आत्मा का दर्शन करने की पात्रता
१४५.	जीव और मन का परस्पर कल्याणकारी संवाद
१४६.	आत्मा के स्मरण मात्र से मोह का अभाव
१४७.	बाह्य में बुद्धि दौड़ाने से ही दुःखों की सन्तति
१४८.	संसार से निर्भय करनेवाला विचार
१४९.	संसार में निर्बन्ध करनेवाला विचार
१५०.	केवल आत्मा से उत्पन्न हुआ सुख ही सुख
१५१.	खुजली के रोगी के समान दुःख में सुख-मानना
१५२.	अपने स्वरूप को देखना ही समस्त तात्पर्य
१५३.	पूजने योग्य योगीश्वर कौन?
१५४.	जब निज आतम अनुभव आवै.....
१५५.	निज आत्मा के अनुभव में लीन होने का उपदेश
१५६.	बाह्य तप की व्यर्थता में अनेक युक्तियाँ
१५७.	शुद्धनय, शुद्धोपदेश और अशुद्धनय
१५८.	शुद्धनय से ज्ञान-दर्शन-चेतनास्वरूप ही आत्मा
१५९.	पर से भिन्न मेरी एक ज्ञान-दर्शनमयी मूर्ति
१६०.	'मैं' शब्द से अनुभवगोचर चैतन्यरूपी तेज
१६१.	साता-असाता से रहित मोक्षपद की कामना
१६२.	गुरुओं के सन्तापनाशक वचन ही आश्रयणीय
१६३.	शुद्धात्मा की परिणतिस्वरूप धर्म में मग्न योगी
१६४.	धर्म की महिमा बताने में केवली-श्रुतकेवली
१६५.	धर्मरूपी रसायन का सेवन करने के लिए.....
१६६.	धर्म का उत्तरोत्तर दुर्लभपना
१६७.	खोटे उपदेश के प्रभाव दुर्लभ धर्म व्यर्थ
१६८.	तिर्यंच आदि गतियों से मनुष्य जन्म की श्रेष्ठता
१६९.	जिनधर्म को पाकर उसकी सेवा करना सार्थक
१७०.	युवावस्था में ही धर्म करने की प्रेरणा
१७१.	सफेद केश : ज्ञानियों को वैराग्य का कारण
१७२.	अज्ञानी पुरुष का तृष्णारूपी स्त्री से अन्धा प्रेम
१७३.	संसार की क्षणभंगुरता देखकर निर्मद होना योग्य
१७४.	मोह के उदय की विचित्रता
१७५.	कालबली के सामने समर्थ राजा की सेना भी असमर्थ
१७६.	यमराजरूपी मल्लाह
१७७.	उत्तम धर्म से ही मृत्यु पर विजय
१७८.	धर्म की उत्कृष्ट महिमा
१७९.	धर्म के प्रभाव से तीर्थंकर,चक्रवर्ती आदि पद
१८०.	धर्म के प्रभाव से ही स्वर्ग, इन्द्रपना आदि पद
१८१.	धर्म के प्रभाव से ही चक्रवर्ती आदि पदों की प्राप्ति
१८२.	धर्म ही समस्त प्राणियों का सहायक
१८३.	धर्म ही संसाररूपी समुद्र को पार करने में समर्थ
१८४.	धर्मात्मा ही लक्ष्मी का सर्वश्रेष्ठ आश्रय प्रदाता
१८५.	धर्म से ही समस्त वस्तुओं की सहज प्राप्ति
१८६.	धर्म ही मोक्षस्थान तक पहुँचाने में समर्थ
१८७.	अरे भव्यों! धर्म से क्या-क्या प्राप्त नहीं?
१८८.	संसार में पुण्योदय का प्रभाव
१८९.	पुण्योदय के प्रभाव से दुर्लभ वस्तुएँ भी सुलभ
१९०.	पापोदय के दुष्ट प्रभाव
१९१.	धर्म के प्रभाव से देवता भी धर्मात्मा के आधीन
१९२.	धर्म के प्रभाव से ही शान्ति का अनुभव
१९३.	धर्म के प्रभाव से समस्त विपत्तियाँ पल भर मे दूर
१९४.	धर्मात्मा की कीर्ति समस्त दिशाओं में व्याप्त
१९५.	धर्म ही मन्त्र, कल्पवृक्ष और चिन्तामणी रत्न
१९६.	धर्म को केवल सुनकर धारण करनेवाले.....
१९७.	निर्मल ज्ञान-प्रदाता गुरुवर श्री वीरनन्दि को प्रणाम
१९८.	उपसंहार में धर्मोपदेशामृत पान करने की प्रेरणा

अधिकार २ : दानोपदेश

(पृष्ठ १२३ से १४८/ श्लोक १ से ५४)

श्लोक	विषय
१९९.	मङ्गलाचरण में व्रततीर्थ एवं दानतीर्थ का स्मरण
२००.	दानतीर्थ प्रवर्तक राजा श्रेयांस की महिमा
२०१.	पृथ्वी के वसुमति नाम की सार्थकता
२०२.	दानोपदेश में दयाभाव ही कारण
२०३.	गृहस्थाश्रम से पार करानेवाला उत्कृष्ट दान
२०४.	दान ही शुभगति प्रदायक
२०५.	दान में ही धन की सफलता
२०६.	पात्रदान ही वटवृक्ष के बीज समान
२०७.	दानोपदेश में शिल्पी का उदाहरण
२०८.	दानोपदेश में किसान का उदाहरण
२०९.	पात्रदान करनेवाले मनुष्य की इन्द्र से तुलना
२१०.	गृहस्थ ही मानो मोक्षमार्ग का धारक

श्लोक विषय
२११. गृहस्थाश्रम में व्रत की अपेक्षा दान की महत्ता
२१२. दानोपदेश में नदी का उदाहरण
२१३. गृहस्थाश्रम में ज्ञान की अपेक्षा दान की अधिकता
२१४. भोजन, औषधि आदि द्वारा मुनियों का उपकार
२१५. मुनियों के आगमन बिना गृहस्थों के घर असार
२१६. पात्रदान के बिना सम्पदा किस काम की?
२१७. दान-व्रतादि के द्वारा उत्तमोत्तम गुणों की प्राप्ति
२१८. राज्यलक्ष्मी के भोग से दान देनेवाला श्रेष्ठ
२१९. धन की दान देने में ही सार्थकता
२२०. दान के बिना समस्त विभूति, कर्मबन्ध की कारण
२२१. दान के बिना विभूति, दुर्गति की कारण
२२२. दान के बिना गृहस्थाश्रम जलाञ्जलि देने योग्य
२२३. तप के न हो सकने पर दान ही योग्य
२२४. दानोपदेश में पथिक के पाथेय (नाश्ते) का उदाहरण
२२५. दान का संकल्प भी पुण्य का उत्पादक
२२६. नवधा भक्तिपूर्वक आहारदान का कारण
२२७. पात्र-दान के बिना दिन अत्यन्त दु:खदायक
२२८. पात्रदान के प्रभाव से ही धर्मकार्यों की सार्थकता
२२९. धन होते हुए दान में आलस्य करनेवाला मायावी
२३०. अपने धन के अनुसार दान देने का उपदेश
२३१. उत्तम पात्रदान के प्रति पशुओं की प्रीति भी सुखकारी
२३२. द्रव्यानुसार दान नहीं देने में मूर्ख पुरुष का उदाहरण
२३३. दानरहित मनुष्यत्व, टूटी-फूटी नाव के समान
२३४. धनी होकर भी दान नहीं देनेवाला दास
२३५. सत्कार्यों में लगाया धन ही अपना
२३६. संयमी पात्रों के दान से लक्ष्मी बढ़ती है, घटती नहीं
२३७. दान, पूजन आदि कार्यों में लोभ करना उचित नहीं
२३८. पात्रदान से उत्पन्न यश के द्वारा अमरत्व की प्राप्ति
२३९. पात्रदान के द्वारा ही मनुष्य-तिर्यंच का भेद सम्भव
२४०. दान ही धन की सफलता की एकमात्र गति
२४१. धनोपार्जन की अपेक्षा पुण्योपार्जन की श्रेष्ठता
२४२. पात्रदान के प्रभाव से सर्व अनुकूलताओं की प्राप्ति
२४३. 'बाद में दान करूँगा'ह्न ऐसे विचारवालों की मूर्खता
२४४. दान रहित मनुष्य से श्रेष्ठ कौआ
२४५. उदार मनुष्य की निन्दा के बहाने प्रशंसा
२४६. उत्तम-मध्यम-जघन्य आदि पात्र, कुपात्र व अपात्र
२४७. सभी प्रकार के पात्र दान फलदायी
२४८. चार प्रकार के दान की महिमा
श्लोक विषय
२४९. जिन-मन्दिर अथवा जीर्णोद्धार हेतु दान का महत्त्व
२५०. मिथ्यात्व का फल कृपणता
२५१. भव्यों को ही दानोपदेश हर्ष का कारण
२५२. उपसंहार में गुरुश्री वीरनन्दि का स्मरण

अधिकार ३ : अनित्य-पञ्चाशत्

(पृष्ठ १४९ से १७९/ श्लोक संख्या १ से ५५)

श्लोक विषय
२५३. मङ्गलाचरण में जिनवाणी का गुणानुवाद
२५४. मनुष्य शरीर की अनित्यता
२५५. शरीररूपी झोपड़े की अपवित्रता एवं विनाशीकता
२५६. लक्ष्मी-स्त्री-पुत्रादि की क्षणभंगुरता
२५७. शरीर के सम्बन्ध से दु:ख एवं शोक
२५८. स्त्री आदि के वियोग में शोक करना मूढ़ता
२५९. मृत्यु होने पर भी आत्मा का नाश असम्भव
२६०. स्व-काल के अनुसार जीवन-मरण
२६१. मृत्यु के पश्चात् शोक करना व्यर्थ
२६२. प्राणी की मृत्यु निश्चित
२६३. मूर्ख कौन? और मूर्ख शिरोमणि कौन?
२६४. जगत् की अनित्यता और उसकी नि:सारता
२६५. जिसका जन्म, उसका मरण अवश्यम्भावी
२६६. इष्ट-वियोग एवं अनिष्ट-संयोग के नाश का उपदेश
२६७. शोक करना तब सार्थक.....
२६८. प्राणियों की स्थिति, पक्षियों के रैन-बसेरा के समान
२६९. गुरुओं के वचनरूपी दीपक से मोक्षपद की प्राप्ति
२७०. पूर्वोपार्जित कर्म के अनुसार मरण समय निश्चित
२७१. एक गति से दूसरी गति में जाने के उदाहरण
२७२. धर्म-प्राप्ति के अवसर मिलना उत्तरोत्तर दुर्लभ
२७३. मृत्यु होने पर नयों की अपेक्षा भी शोक करना व्यर्थ
२७४. देव भी मरण को निमिषमात्र टालने में असमर्थ
२७५. इस जीव का बावलापन (पागलपन) क्या है?
२७६. संसार में आपत्ति के आने पर शोक करना व्यर्थ
२७७. संसार की स्थिति समझने में चन्द्रमा का उदाहरण
२७८. उत्पन्न होना और नष्ट होना, संसार का धर्म
२७९. शोक से उत्पन्न असातार्कम की श्रृंखला
२८०. आयु का नाश ही यमराज का मुख
२८१. मृत्यु होने पर किसका शोक करना उचित?
२८२. सूर्यदेवता भी विधि के विधान से अलग नहीं

श्लोक विषय

२८३. काल की सर्वत्र गति
२८४. शुभ-अशुभ कर्मोदय को रोकने में कोई समर्थ नहीं
२८५. कौन, किससे अधिक बलवान?
२८६. संसाररूपी वन में शोकरूपी दावानल
२८७. संसाररूपी वन में मनुष्यरूपी वृक्ष
२८८. दुःखरूपी तरङ्गों से व्याप्त संसाररूपी समुद्र
२८९. कालरूपी मल्लाह के हाथ से फैलाया हुआ जाल
२९०. सभी को मरते हुए देख स्वयं को अमर मानना भूल
२९१. विद्वानों की भी देह के प्रति आसक्ति आश्चर्यजनक
२९२. जहाँ किसी प्रकार का दुःख नहीं ह्न ऐसी मुक्ति
२९३. काल से अपनी रक्षा के लिए प्रयत्न अनिवार्य
२९४. जीवन और धन की क्षणभंगुरता
२९५. सम्पदा-स्त्री-पुत्र आदि की तीव्र चञ्चलता
२९६. चञ्चला लक्ष्मी के चक्कर में नहीं फँसने का उपदेश
२९७. प्रिय का वियोग होने पर भी शोक करना व्यर्थ
२९८. जिसे दुःख न भोगना हो, वह संसार में न रहे
२९९. मनुष्य का पागलपन
३००. मृत्यु समीप आने पर किये हुए प्रयत्न भी मिथ्या
३०१. मैं-मैं करनेवाले के जीवन की व्यर्थता
३०२. आयु की दिन-प्रतिदिन क्षीणता
३०३. अमरता का सन्देश
३०४. नाना गतियों में जीव के वेश नट के समान
३०५. भवितव्यता : जो होना होता है, वैसा ही होता है
३०६. हे भव्य जीवों! धर्म में ही अपनी बुद्धि को लगाओ
३०७ 'अनित्य पञ्चाशत्' अधिकार का उपसंहार

अधिकार ४ : एकत्व-सप्तति

(पृष्ठ १८० से २०८/ श्लोक संख्या १ से ८०)

श्लोक विषय

३०८. 'एकत्व सप्तति' अधिकार का मङ्गलाचरण
३०९. चैतन्यस्वरूप तेज मेरी रक्षा करे!
३१०. ज्ञानियों के द्वारा अनुभवगम्य चैतन्यस्वरूप
३११. निर्मल चैतन्यरूपी तेज, प्रत्येक प्राणी के अन्दर
३१२. तीव्र मोहोदय का प्रभाव
३१३. अज्ञानियों की प्रवृत्ति
३१४. वस्तु का अनेकान्त (अनेक-धर्मात्मक) स्वरूप
३१५. थोड़ा-सा ज्ञान, 'अधजल गगरी छलकत जाय'
३१६. धर्म के क्षेत्र में परीक्षाप्रधानी होना योग्य
३१७. वक्ता की प्रमाणिकता से ही वचनों में प्रामाणिकता
३१८. पर से जुदा चैतन्य का ज्ञान और अनुभव
३१९. पाँच लब्धियों की विशेषता से भव्यत्व की पात्रता
३२०. सम्यक् रत्नत्रय का प्रयत्न ही कर्तव्य
३२१. अभेद निश्चय सम्यग्दर्शनादि का स्वरूप
३२२. अभेद आत्मा की अखण्डता
३२३. प्रमाण-नय-निक्षेप से पार शुद्धात्मा का स्वरूप
३२४. व्यवहारनय से प्रमाण-नय-निक्षेप के भेद
३२५. अज, एक, शान्त, पर (उत्कृष्ट) आदि नाम
३२६. अर्हन्त, जगन्नाथ, प्रभु, ईश्वर आदि नाम
३२७. उत्कृष्ट आत्मस्वरूप तेज को जाननेवाला ज्ञानी
३२८. वास्तव में एक चैतन्यस्वरूप ही जानने योग्य
३२९. योगीश्वरों को कृतकृत्य होने में कारण
३३०. प्रसन्नता से चैतन्यस्वरूप आत्मा की बात सुनना
३३१. परमब्रह्म को जाननेवाला स्वयं परमब्रह्म
३३२. परपदार्थों से ममत्व छोड़ना अनिवार्य
३३३. कर्मों का सम्बन्ध छूटने पर आत्मा को शान्ति
३३४. 'मैं मुक्तस्वरूप हूँ' ह्न ऐसी मेरी निश्चित मति
३३५. राग-द्वेष का त्याग ही महामन्त्र
३३६. राग-द्वेष के प्रसंग में भी राग-द्वेष का त्याग
३३७. मन-वचन-काय से भिन्न आत्मा की उपासना
३३८. द्वैत से द्वैत और अद्वैत से अद्वैत की प्राप्ति
३३९. द्वैत ही संसार और अद्वैत ही मोक्ष
३४०. द्वैत के आश्रित बुद्धि ही असिद्धि का कारण
३४१. उदय, उदीरणा, सत्ता आदि आत्मा से भिन्न
३४२. मेघों के आकारों से अविकृत आकाश के समान.....
३४३. जन्म-मरण आदि शरीर के धर्म, आत्मा के नहीं
३४४. आत्मा, ज्ञान से सहित नहीं, बल्कि अभेद, एक
३४५. भव्य जीवों को परम शरण कौन?
३४६. शुद्धात्मा से भिन्न कोई दर्शन-ज्ञान-चारित्र नहीं
३४७. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही नमस्कार करने योग्य
३४८. अप्रमत्त योगियों का चिदानन्दरूप आत्मा का ध्यान
३४९. चौरासी लाख उत्तरगुणों का धारी कौन?
३५०. संसार का सबसे मनोहर और उत्कृष्ट पदार्थ आत्मा
३५१. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही एक उत्तम तत्त्व
३५२. ध्यानयुक्त योगियों का प्रयोजन
३५३. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही मोक्ष का मार्ग
३५४. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही शीतल गृह

श्लोक विषय

३५५. चैतन्यस्वरूप आत्मा का उत्कृष्ट बल
३५६. जन्म, जरा आदि नाश करनेवाली परम औषधि
३५७. शुद्धात्मा के चिन्तवन का फल
३५८. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही तीन लोक का राजा
३५९. शुद्ध-चिद्रूप की कल्पनाओं से भी रहित शुद्धात्मा
३६०. मोक्ष की इच्छा भी मोक्ष-प्राप्ति में बाधक
३६१. मेरा प्रबल मन्तव्य - मैं एक चैतन्यस्वरूप हूँ!
३६२. ज्ञानीजनों की परिणति
३६३. ज्ञान के द्वारा अपनी आत्मा को सम्बोधन
३६४. अनन्त संसार-परिभ्रमण को शान्त करने की कला
३६५-३६८. चैतन्यस्वरूप आत्मा का अनेकान्त-वैभव
३६९. संसार में अत्यन्त प्रशंसनीय कौन?
३७०. सर्व पदार्थों के प्रति समताभाव
३७१. शुद्धोपयोग के पर्यायवाची नाम
३७२. साम्य का स्वरूप
३७३. साम्य की महिमा
३७४. साम्य का फल
३७५. समस्त शास्त्रों का सार : साम्य
३७६. साम्य की सामर्थ्य
३७७. परम हंस शुद्धात्मा को नमस्कार!
३७८. ज्ञानियों की दृष्टि में मृत्यु है 'अमृतदायिनी'
३७९. विवेक की महिमा
३८०. विवेक का स्वरूप
३८१. मूर्ख पुरुष और विवेकी पुरुष में अन्तर
३८२. विवेकी पुरुष का कर्तव्य
३८३. मैं और चैतन्य में अभिन्नता
३८४. एकत्व-सप्तति अधिकार' का चिन्तन-मनन
३८५. 'एकत्व सप्तति' का अध्ययन करने की प्रेरणा
३८६. ज्ञानियों के भेदविज्ञानपरक विचार
३८७. आत्मतत्त्व का अभ्यास करने की प्रेरणा

अधिकार ५ : यति-भावनाष्टक

(पृष्ठ २०९ से २१३/ श्लोक संख्या १ से ९)

श्लोक विषय

३८८. 'यति-भावनाष्टक' अधिकार का मङ्गलाचरण
३८९. निर्जन गुफा में आत्मध्यान करने की भावना
३९०. काष्ठ या पाषाण की मूर्ति के समान ध्यान
३९१. निर्ग्रन्थ मुनिराज के घर-वस्त्र-धनादि क्या?
३९२. सुवर्णमयी घर के ऊपर मणिमयी कलश
३९३. योगीश्वरों के मार्ग में गमन करने की भावना
३९४. अत्यन्त दुष्कर समाधि में लीन होने की भावना
३९५. ज्योतिस्वरूप निजतत्त्व में ही रहने का उपदेश
३९६. 'यति-भावनाष्टक' का निरन्तर तीनों काल पाठ

अधिकार ६ : उपासक संस्कार (श्रावकाचार)

(पृष्ठ २१४ से २३४/ श्लोक संख्या १ से ६२)

श्लोक विषय

३९७. 'उपासक संस्कार' अधिकार का मङ्गलाचरण
३९८. धर्म का स्वरूप
३९९. सम्यग्दर्शन बिना मोक्ष-प्राप्ति दुर्लभ
४००. रत्नत्रय धर्म के प्रकार
४०१. रत्नत्रयधर्म, गृहस्थों को भी करने योग्य
४०२. श्रावकधर्म की उत्कृष्टता
४०३. श्रावक के षट् आवश्यक कर्तव्य
४०४. सामायिक व्रत का स्वरूप
४०५. सामायिक के लिए सप्त व्यसनों का त्याग
४०६. सप्त व्यसन के नाम
४०७. धर्मार्थी पुरुष को व्यसनों का त्याग आवश्यक
४०८. एक-एक व्यसन, एक-एक नरक का द्वार
४०९. पाप-राजा का सप्त व्यसन-साम्राज्य
४१०. देव-पूजन-स्तवन
४११. जिनेन्द्र की भक्ति से रहित गृहस्थाश्रम कैसा?
४१२. सभी पुरुषार्थों में धर्म ही मुख्य पुरुषार्थ
४१३. धर्म ही सर्वश्रेष्ठ मुख्य पुरुषार्थ
४१४. ज्ञान-प्राप्ति हेतु निर्ग्रन्थ गुरुओं की सेवा
४१५. अज्ञान का नाश करने हेतु गुरु-सेवा आवश्यक
४१६. शास्त्राभ्यास के बिना नेत्रधारी भी अन्धे
४१७. शास्त्राभ्यास के बिना कान और मन भी नहीं
४१८. संयमपूर्वक ही व्रत की सार्थकता
४१९. गृहस्थों के अष्ट मूलगुण का स्वरूप
४२०. गृहस्थों के बारह व्रतों का स्वरूप
४२१. गृहस्थों के करने योग्य अन्य आवश्यक कर्तव्य
४२२. सम्यग्दृष्टि पुरुष का आश्रय-स्थान
४२३. विद्वान लोग, व्रतों के विना एक क्षण भी नहीं

श्लोक विषय

४२४. रत्नत्रय का आश्रय ही श्रेयस्कर
४२५. रत्नत्रय एवं रत्नत्रयधारियों की विनय
४२६. विनय की महिमा
४२७. दान के बिना गृहस्थपना निष्फल
४२८. दान बिना घर, केवल बाँधने के लिए जाल
४२९. उत्तम दान की महिमा
४३०. दान से ही स्वर्ग-सुख की प्राप्ति
४३१. दान से रहित गृहस्थाश्रम, पत्थर की नौका
४३२. साधर्मी के साथ प्रीतिभाव
४३३. करुणा के बिना धर्म असम्भव
४३४. दया : धर्मरूपी वृक्ष की जड़
४३५. दया ही समस्त गुणों का आधार
४३६. सर्वज्ञदेव द्वारा कथित सभी व्रत, अहिंसा के साधन
४३७. जीव-हिंसा का संकल्प भी त्यागने योग्य
४३८. बारह भावनाओं के चिन्तवन से ही कर्मों का नाश
४३९. बारह भावनाओं के पूर्व नाम
४४०. बारह भावनाओं के शेष नाम
४४१. अनित्य भावना
४४२. अशरण भावना
४४३. संसार भावना
४४४. एकत्व भावना
४४५. अन्यत्व भावना
४४६. अशुचि भावना
४४७. आस्रव भावना
४४८. संवर भावना
४४९. निर्जरा भावना
४५०. लोक भावना
४५१. बोधिदुर्लभ भावना
४५२. धर्म भावना
४५३. संसार से तिरने हेतु धर्मरूपी जहाज का आश्रय
४५४. स्वर्ग-मोक्ष के कारणरूप बारह भावनाएँ
४५५. श्रावक के द्वारा दश धर्मों का यथाशक्ति पालन
४५६. अन्त:तत्त्व एवं बहि:तत्त्व के मिलने से ही मोक्ष
४५७. ज्ञानी को आत्मा ही चिन्तवन करने योग्य
४५८. 'उपासक संस्कार' अधिकार का उपसंहार

अधिकार ७ : देशव्रतोद्योतन

(पृष्ठ २३५ से २५१/ श्लोक संख्या १ से २७)

श्लोक विषय

४५९. 'देशव्रतोद्योतन' अधिकार का मङ्गलाचरण
४६०. एक सम्यग्दृष्टि भी किन-किनसे श्रेष्ठ?
४६१. संसार-मोक्ष का बीज, मिथ्यादर्शन-सम्यग्दर्शन
४६२. सम्यग्दर्शन प्राप्त होने पर तप/षट्कर्म करना श्रेष्ठ
४६३. सम्यग्दर्शनपूर्वक आठ मूलगुण, बारह व्रत धारण
४६४. व्रती श्रावक के बारह व्रतों का विधान
४६५. श्रावक का प्रमुख कर्तव्य : मुनि आदि को दान
४६६. आहारदान की परम्परा से ही रत्नत्रय एवं मोक्ष
४६७. औषधिदान से मुनियों के अशक्त शरीर को लाभ
४६८. ज्ञानदान के द्वारा थोड़े ही भवों में केवलज्ञान
४६९.अभयदान के बिना शेष तीन दान सर्वथा निष्फल
४७०. चार प्रकार के दान से प्राप्त होनेवाले फल
४७१. धन को खर्च करने का मार्ग, दान से उत्कृष्ट नहीं
४७२. दानरहित गृहस्थपना दोनों लोक का नाशक
४७३. भोग-विलास में खर्च होने वाले धन की निन्दा
४७४. भूतकाल के महापुरुषों मे भी दान की विशेषता
४७५. दान रहित घर, अत्यन्त कठिन मोह का जाल
४७६. दान रहित गृहस्थाश्रम, पत्थर की नाव
४७७. दान देनेवाला दाता ही चिन्तामणि आदि
४७८. धर्मात्मा श्रावक भी आदर करने योग्य
४७९. पंचम काल में योग्य दाता ही सज्जनों द्वारा वन्द्य
४८०. छोटा-सा मन्दिर बनाने में भी महान् पुण्य लाभ
४८१. चैत्यालय का निर्माण करने के विशेष लाभ
४८२. षट् आवश्यकपूर्वक अणुव्रत धारण करने का फल
४८३. चार पुरुषार्थों का स्वरूप
४८४. अणुव्रत-महाव्रत धारण करने का फल मोक्ष
४८५. उपसंहार में 'देशव्रतोद्योतन' का फल

अधिकार ८ : सिद्ध-स्तुति

(पृष्ठ २५२ से २७१/ श्लोक संख्या १ से २९)

श्लोक विषय

४८६. 'सिद्ध-स्तुति' अधिकार का मङ्गलाचरण
४८७. तीर्थंकर भी सिद्ध पद के अभिलाषी
४८८. सिद्धों का स्वरूप
४८९. सिद्ध भगवान, तीन जगत के शिखामणि
४९०. आदा णाण पमाणं, णाणं णेयप्पमाणमुद्दिट्ठं
४९१. अष्ट कर्म से रहित एवं अष्ट गुण सहित सिद्ध
४९२. अनन्तज्ञानादि अनन्तचतुष्टय के धारक
४९३. सिद्ध जीव, सबसे अधिक सुखी

श्लोक विषय

४९४. सिद्धों के अनन्तसुखी होने में उदाहरण
४९५. संसारी जीव अनन्तदुःखी क्यों?
४९६. सिद्धों के अनन्ततृप्त होने का कारण
४९७. योगीश्वर भी सिद्धों के समान
४९८. सिद्ध-ज्योति का वर्णन अनेकान्तात्मक
४९९. स्याद्वाद का ज्ञाता ही सिद्धों को जानने में समर्थ
५००. मुमुक्षु जीव पर तत्त्वदृष्टि का प्रभाव
५०१. अशुद्ध आत्मा को भी शुद्ध कैसे देखें?
५०२. हेय-उपादेय के ज्ञान का फल सिद्ध-दशा
५०३. सिद्धत्व के अलावा अन्य प्रयोजन नहीं
५०४. सिद्ध-स्तुति, मोक्षरूपी महल के लिए सीढ़ी
५०५. मोक्षाभिलाषियों के मन में सिद्धस्वरूप तेज
५०६. प्रमाण-नय-निक्षेप आदि से रहित सिद्ध प्रभु
५०७. अलौकिक सिद्धस्वरूप तेज की महिमा
५०८. सिद्धों का ध्यान न हो सके तो नामस्मरण करें
५०९. समस्त विद्वानों में अग्रणी विद्वान कौन?
५१०. सिद्ध को जाननेपर बाह्य शास्त्रों से क्या प्रयोजन?
५११. सिद्धों के समस्त आत्मप्रदेशों में रत्नत्रय
५१२. सिद्धों के मकान, सीढ़ी, मित्र आदि कौन?
५१३. सिद्धों का स्वरूप ही मुझे अत्यन्त प्रिय
५१४. उपसंहार में सिद्ध-स्तुति की वचनातीत महिमा

अधिकार ९ : आलोचना

(पृष्ठ २७२ से २९३/ श्लोक संख्या १ से ३३)

श्लोक विषय

५१५. मङ्गलाचरण में प्रभु के नामस्मरण की महिमा
५१६. जिनेन्द्रदेव के द्वारा सेवित मार्ग का क्रम
५१७. जिनेन्द्रदेव की सेवा का फल
५१८. जगत् में सारभूत और असारभूत का विचार
५१९. सर्वदर्शी एवं सर्वज्ञ परमात्मा का स्वरूप
५२०. जिनेन्द्र को मानने से ही सर्व प्रयोजन सिद्धि
५२१. पापों की कृत-कारित-अनुमोदना से निन्दा
५२२. प्रभु को ज्ञात होने पर भी शुद्धि की प्रार्थना
५२३. माया-मिथ्यात्व-निदान ह्न इन तीन शल्यों का त्याग
५२४. जितने दोष, उतने प्रायश्चित्त का अभाव
५२५. प्रभु की समीपता हेतु इन्द्रिय और मन का निग्रह
५२६. चित्त के बाह्य विषयों में जाने का निषेध
५२७. कठोर व्रतों का पालन करने के बाद भी.....
५२८. मन के जीवित रहने पर मुनियों का भी अकल्याण
५२९. मोह के नष्ट होने पर ही शान्ति की प्राप्ति सम्भव
५३०. मोह के प्रभाव से मन की चञ्चलता
५३१. निर्विकार परमानन्द में ठहरने की भावना
५३२. परिणति सब जीवनि की तीन भाँति वरणी.....
५३३. आत्मस्वरूप उत्कृष्ट तेज की महिमा
५३४. कर्मशून्य अवस्था की अपेक्षा समानता
५३५. आधि-व्याधि, जरा-मरण से रहित ज्ञानवान् आत्मा
५३६. प्रभु के चरण-कमल में मन को लगाने से लाभ
५३७. बाह्य पदार्थों से सम्बन्ध : कर्मबन्ध का कारण
५३८. शरीर-इन्द्रिय-वचन आदि सभी पुद्गल की पर्यायें
५३९. धर्म-अधर्म-आकाश-काल आदि का सहकारीपना
५४०. राग-द्वेषरूप पुद्गल-परिणामों की सन्तति
५४१. स्त्री-पुत्रादि से राग छोड़कर शुद्धात्मा का ध्यान
५४२. अध्यात्मरूपी तुला का उदाहरण
५४३. सविकल्प-निर्विकल्प ध्यान का स्वरूप
५४४. कलिकाल में मुक्तिदायक चारित्र नहीं
५४५. संसार में सभी पदवियाँ सुलभ
५४६. सिद्धपद के सामने तीन लोक का साम्राज्य
५४७. उपसंहार में आलोचना अधिकार की महिमा

अधिकार १० : सद्बोध-चन्द्रोदय

(पृष्ठ २९४ से ३२३/ श्लोक संख्या १ से ५०)

श्लोक विषय

५४८. मङ्गलाचरण में आत्मतत्त्व का वचनातीतपना
५४९. आत्मतत्त्व का अनेकान्तस्वरूप
५५०. आत्मारूपी हंस और मोक्षरूपी हंसिनी
५५१. चैतन्यरूपी तेज की प्रगटता एवं कल्याणमयता
५५२. चैतन्यरूपी तेज, स्वयं प्रकाशस्वरूप
५५३. चैतन्यरूपी तेज, मन-वचन-काय से अगोचर
५५४. चैतन्यरूपी तेज, स्वानुभव से गोचर
५५५. मन का डर ह्न परमात्मा में स्थित होने पर मरण
५५६. चैतन्यस्वरूप वस्तु को अन्यत्र खोजना व्यर्थ
५५७. आत्मा में आसक्त मनुष्य ही उत्कृष्ट ध्यान का पात्र
५५८. चैतन्यतत्त्व का लक्ष्य नहीं करनेवाले तपस्वी जड़
५५९. अन्धे व्यक्तियों द्वारा हाथी का निर्णय कैसे?
५६०. आश्चर्य! आत्मा कर्मबन्धन से सहित भी रहित भी
५६१. अनेकान्त, सर्व विरोध का नाशक

श्लोक विषय

५६२. आत्मस्वरूप की प्राप्ति का उपाय
५६३. समस्त उपाधि का नाश होने पर आत्म-प्राप्ति
५६४. आत्मा के उत्कृष्ट तेज से संसार-वन भस्मीभूत
५६५. निर्विकल्प पदवी का आश्रय करनेवाला संयमी
५६६. द्वैत और अद्वैत ह्न दोनों प्रकार की बुद्धियाँ
५६७. शुद्ध-अशुद्ध भावना से शुद्धता-अशुद्धता
५६८. योगी, सुख-दु:ख होने पर भी सुखी-दु:खी नहीं
५६९. योगियों का सूर्य के समान निरालम्ब मार्ग
५७०. रोग, वृद्धावस्था आदि शरीर के विकार
५७१. व्याधियों से शरीर की हानि, आत्मा की नहीं
५७२. सम्यग्ज्ञानस्वरूप वस्तु में अपनापन
५७३. ध्यान मार्ग अत्यन्त कठिन, गुरु-उपदेश से गम्य
५७४. निर्मल सम्यग्ज्ञानस्वरूप वस्तु ही वास्तविक रमणीय
५७५. आत्मज्ञानस्वरूप तीर्थ में स्नान करने का महत्त्व
५७६. चैतन्य-समुद्र के किनारे सम्यग्दर्शनादि रत्न-प्राप्ति
५७७. निश्चयनय से सम्यग्दर्शन आदि तीनों ही आत्मा
५७८. सम्यग्दर्शनादि बाणों से कर्मरूपी वैरियों का नाश
५७९. मुनियों को भी प्रमाद के कारण कर्मास्रव-बन्ध
५८०. योगियों का ज्ञानसमुद्र और समाधिरूपी चन्द्रमा
५८१. भेदज्ञानरूपी अग्नि से कर्मों का नाश
५८२. मुनियों को वांछित फलदायक समाधिरूपी कल्पवृक्ष
५८३. परमात्मा का ज्ञान होने तक ही शास्त्रज्ञान कार्यकारी
५८४. चैतन्यरूपी दीपक मोहरूपी अन्धकार का नाशक
५८५. अपने घर से बाहर विचरण करनेवाली स्त्री कौन?
५८६. हेय को छोड़ कर, उपादेय को ग्रहण कर
५८७. मोह-निद्रा में मग्न जीव को सम्पूर्ण जगत् अपना
५८८. समाधि की सिद्धि के लिए बाह्य पदार्थों में समता
५८९. आत्मा का सिद्धि के लिए प्रयत्न अनिवार्य
५९०. चैतन्यस्वरूप उत्तम पद में लगा हुआ योगी कैसा?
५९१. समस्त जीव-जगत् को अपने समान देखो!
५९२. संसार को देखकर भी योगी निर्विकार
५९३. गाढ़ निद्रा में सुप्त लोक को जाग्रत करनेवाला शास्त्र
५९४. पद्मनन्दि मुनि के वचनों से उत्पन्न स्व-संवेदन
५९५. मोक्ष को उत्पन्न करनेवाली सामग्री
५९६. चैतन्यतत्त्व ही समस्त अभिलाषा-भय-भ्रम-हारक
५९७. उपसंहार में 'सद्बोधचन्द्रोदय' की महिमा

अधिकार ११ : निश्चय-पञ्चाशत्

(पृष्ठ ३२४ से ३५४/ श्लोक संख्या १ से ६२)

श्लोक विषय

५९८. 'निश्चय-पञ्चाशत्' अधिकार का मङ्गलाचरण
५९९. चैतन्यरूपी तेज हमारी रक्षा करे!
६००. चैतन्यस्वरूपी ज्योति लोक में जयवन्त वर्तो!
६०१. मोहान्धकार को दूर करनेवाले सच्चे गुरु
६०२. मोक्ष की दु:साध्यता
६०३. विषयादिक की सुलभता और मोक्ष की दुर्लभता
६०४. आत्मा का अनुभव करना अत्यन्त दु:साध्य
६०५. कर्मो का नाश करनेवाले शुद्धनय का वर्णन
६०६. निश्चयनय के अनुगामी पुरुष को ही मोक्ष-प्राप्ति
६०७. व्यवहारनय से वाच्य और निश्चयनय से अवाच्य
६०८. व्यवहारनय भी उपादेय
६०९. निश्चय रत्नत्रय ही संसार का नाशक
६१०. रत्नत्रय ही आत्मा के अखण्डरूप
६११. रत्नत्रय का स्वरूप
६१२. सम्यग्दर्शन-बाण से ही कर्मरूपी वैरियों का अन्त
६१३. सम्यग्ज्ञान से ही सिद्धत्व की प्राप्ति
६१४. शुद्धनय में स्थित पुरुष का दर्शन/अनुभवन
६१५. शुद्ध आत्मा के ध्यान से शुद्धात्मा की प्राप्ति
६१६. चारित्रपूर्वक ही दर्शन-ज्ञान की शुद्धता
६१७. मन के नाश का उपाय
६१८. स्व-पर ज्ञानरूपी कतकफल से प्राप्त निर्मलता
६१९. संसार में मेरा कुछ भी नहीं
६२०. शरीर में उत्पन्न रोगों से आत्मा को नुकसान नहीं
६२१. क्षुधादि समस्त दु:ख, शरीराश्रित
६२२. क्रोधादि कषाएँ, आत्मा के धर्म नहीं
६२३. कर्म से उत्पन्न विकल्प भी शुद्ध आत्मा में नहीं
६२४. शरीरादि भी कर्म से ही उत्पन्न
६२५. कर्म एवं कर्मफल भी मुझसे भिन्न
६२६. लोक में मोक्षाभिलाषी पुरुष ही सुखी
६२७. कर्मजन्य उपाधियों की भिन्नता का वर्णन
६२८. मोही जीव का बाह्य विकारों में भी अपनापन
६२९. मोक्षार्थी का विचार
६३०. मोक्षाभिलाषी को अन्य पदार्थों से क्या प्रयोजन?
६३१. ज्ञानी को निर्मल आत्मस्वरूप का विचार

श्लोक विषय

६३२. मोक्षाभिलाषियों द्वारा समस्त चिन्ताओं का त्याग
६३३. चैतन्यस्वरूप, जन्म-मरण से अतीत
६३४. मन को वश में रखने का उपदेश
६३५. मन को समझाने की रीति
६३६. मुनिराजों के चित्त में निरालम्ब मार्ग
६३७. चैतन्यस्वरूप को देखनेवाला योगी सिद्ध
६३८. मैं स्वयं ही चैतन्यस्वरूप हूँ!
६३९. स्व-पर विवेक से ही सिद्धत्व की प्राप्ति
६४०. निश्चय से आत्मा हेय-उपादेय के विभाग रहित
६४१. शुद्धात्मतत्त्व की अनुभूति, मन से अगोचर
६४२. अद्वैत-भावना से ही मोक्ष की प्राप्ति
६४३. द्वैत-भावना से रहित होने पर मोक्ष-प्राप्ति
६४४. निर्विकल्प चित्त से परमानन्द की प्राप्ति
६४५. जो जैसा देखे, उसे वैसे ही आत्मतत्त्व की प्राप्ति
६४६. मन को शिक्षा
६४७. चैतन्यस्वरूपी तत्त्व, इस लोक में जयवन्त
६४८. चैतन्यस्वरूपी तेज को नमस्कार
६४९. समस्त विकल्पजाल को नष्ट करनेवाला चैतन्य
६५०. नयों के पक्षपातरहित होने पर समयसार प्राप्ति
६५१. आत्मा, नय-प्रमाण आदि विकल्पों से भी रहित
६५२. दर्शन और ज्ञान, आत्मा से भिन्न नहीं
६५३. आत्मा का दर्शन होने पर बाह्य पदार्थों में प्रीति नष्ट
६५४. ज्ञानियों से सम्बद्ध विद्यमान कर्म भी अविद्यमानवत्
६५५. तत्त्वज्ञानियों को ही हेयोपादेय का ज्ञान आवश्यक
६५६. तत्त्वज्ञानी का विचार
६५७. दृष्टिगोचर कार्यों में कर्म ही कारण
६५८. आचार्यदेव द्वारा स्वयं की लघुता का प्रदर्शन
६५९. 'निश्चय-पञ्चाशत्' अधिकार का उपसंहार

अधिकार १२ : ब्रह्मचर्य-रक्षावर्ति

(पृष्ठ ३५५ से ३७०/ श्लोक संख्या १ से २२)

श्लोक विषय

६६०. 'ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति' अधिकार का मङ्गलाचरण
६६१. ब्रह्मचर्य का धारी कौन?
६६२. मुनिराज को भी अतिचार लगने पर प्रायश्चित्त
६६३. दृढ़ मन के संयम से ही ब्रह्मचर्य की रक्षा
६६४. संयम के दो प्रकार
६६५. स्त्री-संगति के त्याग हेतु व्रती को प्रयत्न आवश्यक
६६६. दृढ़तापूर्वक स्त्री-त्याग का आदेश
६६७. प्रीतिपूर्वक स्त्री का मुख नहीं देखने का उपदेश
६६८. यतीश्वरों को सर्वथा स्त्री-त्याग आवश्यक
६६९. यतियों को समस्त स्त्रियों के साथ प्रीति कष्टकारक
६७०. ब्रह्मचर्य की महिमा का वर्णन
६७१. स्त्री के लावण्य की विनाशीकता
६७२. स्त्री के मृत शरीर की भयावहता
६७३. स्त्री का शरीर, मूढ़बुद्धि पुरुषों को ही आनन्ददायक
६७४. स्त्री के शरीर में विद्वानों की अप्रीति का कारण
६७५. स्त्री के शरीर की अपवित्रता
६७६. शृङ्गारपोषक कवियों की निन्दा
६७७. स्त्री तथा धन के त्यागी मुनिराज, देवों के देव
६७८. सच्चा सुख कैसा है?
६७९. पुण्यवान् मनुष्यों द्वारा भी यतीश्वरों को नमस्कार
६८०. मनुष्य-भव से ही तपादि द्वारा मोक्ष प्राप्ति
६८१. 'ब्रह्मचर्य-रक्षावर्ति' अधिकार का उपसंहार

अधिकार १३ : श्री ऋषभ-स्तोत्र

(पृष्ठ ३७१ से ४०५/ श्लोक संख्या १ से ६०)

श्लोक विषय

६८२. 'ऋषभ-स्तोत्र' का मङ्गलाचरण
६८३. जिनेन्द्र प्रभु की स्तुति करनेवाले मुनष्य ही धन्य!
६८४. जिनेन्द्र को देखने पर असीम आनन्द की प्राप्ति
६८५. जिनेन्द्र भगवान के ज्ञान की स्तुति
६८६. जिनेन्द्र के स्मरणमात्र से अन्तर्बाह्य लक्ष्मी-प्राप्ति
६८७. जिनेन्द्र के अवतरण के बाद स्वर्ग शोभा-विहीन
६८८. पृथ्वी के 'वसुमति' नाम की सार्थकता
६८९. माता मरुदेवी की महानता
६९०. जन्मकल्याणक के समय इन्द्र द्वारा निर्निमेष-दर्शन
६९१. मेरुपर्वत का तीर्थपना
६९२. मेरुपर्वत पर प्रभु के जन्माभिषेक का साक्षात् दृश्य
६९३. जन्माभिषेक के समय मेघों की क्षणभङ्गुरता
६९४. कल्पवृक्षों के अभाव में प्रजाजनों की आजीविका
६९५. पृथ्वी की सनाथता कब और कैसे?

श्लोक विषय

६९६. नीलाञ्जना के निमित्त से प्रभु का वैराग्य
६९७. नदी के बहने एवं कल-कल करने का कारण
६९८. प्रभु की कायोत्सर्ग मुद्रा से धर्म का सम्बन्ध
६९९. देखो जी आदीश्वर स्वामी! कैसा ध्यान लगाया है?
७००. निर्मल समाधि के प्रभाव से सर्वज्ञता की प्राप्ति
७०१. घातियाकर्मों के नष्ट होने पर अघातिया भी मृतवत्
७०२. समवसरण में मुनियों के बीच प्रभु विद्यमानता
७०३. समवसरण की लोकोत्तर शोभा
७०४. प्रभु की निर्दोषता एवं निष्कलंकता
७०५. प्रभु के समीप वृक्ष भी अशोक
७०६. प्रभु-दर्शन के समय अश्रुपात का दृश्य
७०७. प्रभु के ऊपर इन्द्रों द्वारा चँवर ढोरने का अतिशय
७०८. कामदेव द्वारा पुष्प-बाण त्याग या पुष्प-वर्षा
७०९. दुन्दुभि-नाद की घोषणा
७१०. प्रभु का प्रभासमूह, सन्ताप एवं जड़ता का नाशक
७११. प्रभु की वाणी, संसाररूपी विष की नाशक
७१२. प्रभु वाणी-श्रवण से अज्ञानियों को भी उत्तम गति
७१३. प्रभु-वचनों की श्रद्धा के कारण संसार-सागर-पार
७१४. प्रभु के वचन ही अनेकान्तवाद के द्योतक
७१५. प्रभु के वचनों की परीक्षा में मति-श्रुतज्ञानी असमर्थ
७१६. प्रभु के नयों की कुनयवादियों पर विजय
७१७. प्रभु का वर्णन करने में बृहस्पति भी मन्दबुद्धि
७१८. रत्नत्रय के बल पर निर्विघ्नतया मोक्ष की प्राप्ति
७१९. मोक्षरूपी खजाने को देख कर अन्य वांछा नहीं
७२०. वीतरागी देव को छोड़कर, अन्य से कल्याण नहीं
७२१. प्रभु का धर्म, संसार-समुद्र में गिरने से बचानेवाला
७२२. प्रभु के नख-केश भी वृद्धि से रहित
७२३. प्रभु के शरीर की नील-कमलों के माध्यम से महिमा
७२४. इन्द्र द्वारा प्रभु के चरण-कमलों में भक्ति-भाव
७२५. आकाश में गमन होने पर स्वर्ण-कमलों की रचना
७२६. चन्द्रमा पर हिरण के दिखाई देने का कारण
७२७. चरण-कमलों को नमस्कार करने से लक्ष्मी-प्राप्ति
७२८. प्रभु के निमित्त से समस्त भूमण्डल पर आनन्द
७२९. प्रभु की स्तुतिरूप नदी से मरणरूपी दावाग्नि शमन
७३०. हाथ जोड़ कर मस्तक पर रखने का कारण
७३१. प्रभु के आगे मस्तक झुकाने का कारण

श्लोक विषय

७३२. ऋषभ भगवान् के ही ब्रह्मा आदि सार्थक नाम
७३३. प्रभु ही जन्म-जरा-मरण के नाशक निष्कारण वैद्य
७३४. प्रभु ही योगियों की कृतकृत्यता के कारण
७३५. प्रभु में एक साथ सूक्ष्मता और गुरुता का प्रदर्शन
७३६. विवेकियों की दृष्टि में प्रभु ही एकमात्र सारभूत
७३७. प्रभु के विस्तृत ज्ञान की तुलना आकाश से
७३८. प्रभु के गुण-वर्णन करने में सरस्वती की असमर्थता
७३९. प्रभु के गुण-वर्णन करने में वाणी अयोग्य
७४०. प्रभु-स्तवन करने में आचार्य की लघुता
७४१. उपसंहार में प्रभु के चरण-कमलों से प्रार्थना

अधिकार १४ : श्री जिनेन्द्र-स्तवन

(पृष्ठ ४०६ से ४२२/ श्लोक संख्या १ से ३४)

श्लोक विषय

७४२. 'श्री जिनेन्द्र स्तवन' अधिकार का मङ्गलाचरण
७४३. प्रभु-दर्शन से मोहरूपी अन्धकार नष्ट
७४४. प्रभु-दर्शन से चित्त को मोक्षसुख की प्राप्ति
७४५. प्रभु-दर्शन से सूर्योदय व अन्धकार का नाश
७४६. प्रभु-दर्शन से तीर्थंकरादि उत्तम पुण्य-समूह की प्राप्ति
७४७. प्रभु-दर्शन से अविनाशी मोक्ष की प्राप्ति
७४८. प्रभु-दर्शन से इन्द्रादि के ऐश्वर्य की अनिच्छा
७४९. प्रभु-दर्शन से संसार-नाशक सम्यग्दर्शन की प्राप्ति
७५०. प्रभु-दर्शन के बाद आकुलता, पूर्व कर्म का फल
७५१. प्रभु-दर्शन से इहभव में भी नाना सुखों की प्राप्ति
७५२. प्रभु-दर्शन के बाद ही दिन उत्तम तथा सफल
७५३. प्रभु-दर्शन के बाद लक्ष्मी प्राप्ति का संकेत
७५४. प्रभु-दर्शन से रोमांच, पुण्य-बीज के अंकुर समान
७५५. प्रभु-दर्शन से हिताहित का ज्ञान सुलभ
७५६. प्रभु-दर्शन से अत्यन्त दुर्लभ मोक्ष की प्राप्ति भी.....
७५७. चर्म-नेत्रों से भी प्रभु-दर्शन की अद्भुत महिमा
७५८. प्रभु-दर्शन बिना भव समुद्र में ही मज्जन-उन्मज्जन
७५९. प्रभु-दर्शन से वचन-अगोचर आनन्द की प्राप्ति
७६०. प्रभु का केवलज्ञानस्वरूप देखने से दर्शन-विशुद्धि.....
७६१. प्रभु-दर्शन से दृष्टि भी अति निर्मल एवं सुखी
७६२. प्रभु की महिमा जड़ एवं दोषाकार चन्द्रमा से अतुलनीय
७६३. प्रभु-दर्शन के सामने चिन्तामणि आदि भी प्रभाहीन

श्लोक विषय

७६४. प्रभु-दर्शन से रहस्यमयी प्रेमरस आनन्दाश्रु सहित...
७६५. प्रभु-दर्शन से कल्याणों की परम्परा
७६६. प्रभु-दर्शन से प्रकृति की विचित्रता दृष्टिगोचर
७६७. प्रभु-दर्शन से भव्य जीव्यों का भय एवं मोह समाप्त
७६८. प्रभु-दर्शन से मेरे हृदय में अत्यन्त प्रसन्नता
७६९. प्रभु-दर्शन से सम्पूर्ण मनोरथों की सिद्धि का विश्वास
७७०. प्रभु-दर्शन से जन्मरूपी शत्रु भी मेरा परम मित्र
७७१. प्रभु-दर्शन एवं भक्ति से समस्त सिद्धियों की प्राप्ति
७७२. प्रभु-दर्शन से मृत्यु के समय भी धीरता की प्राप्ति
७७३. प्रभु-दर्शन से अन्य इच्छाओं का अभाव
७७४. जिनेन्द्र स्तवन को तीनों काल पढ़ने की प्रेरणा
७७५. उपसंहार में दर्शन-स्तोत्र के प्रसार की भावना

अधिकार १५ : श्री सरस्वती-स्तवन

(पृष्ठ ४२३ से ४४२/ श्लोक संख्या १ से ३१)

श्लोक विषय

७७६. 'श्री सरस्वती स्तवन' का मङ्गलाचरण
७७७. माँ सरस्वती के तेज को किसी की अपेक्षा नहीं
७७८. सरस्वती के आशीर्वाद से ही कवित्व की प्राप्ति
७७९. सरस्वती का वर्णन करने में श्रुतकेवली भी असमर्थ
७८०. सरस्वती की कृपा से ही जीवादि पदार्थों का ज्ञान
७८१. हे माता! आपका मार्ग अक्षुण्ण और निर्मल
७८२. हे माता! आपकी कृपा से ही मोक्ष की प्राप्ति
७८३. सरस्वती की कृपा से ही समस्त गुणों की प्राप्ति
७८४. केवली भगवान के सर्वज्ञ बनने में आप ही कारण
७८५. जिनवाणी के बिना मनुष्यभव की निरर्थकता
७८६. हे माता! आपके अनुग्रह बिना मनुष्यभव निरर्थक
७८७. हे माता! आपके माध्यम से ही मुक्ति की प्राप्ति
७८८. हे सरस्वती! आप आश्चर्यकारी चेष्टाओं की धारक
७८९. भगवान की वाणी सुनने पर हर्ष की प्राप्ति
७९०. तीन लोक के यथार्थ नेत्रस्वरूप जिनवाणी
७९१. सरस्वती कृपा से कवित्व एवं वक्तृत्व की प्राप्ति
७९२. जिनवाणी के संस्कार से ही कानों की पवित्रता
७९३. एक-अनेक धर्म से संयुक्त जिनवाणी माता
७९४. कामधेनु आदि की उपमा से रहित जिनवाणी
७९५. अन्तर्बाह्य अन्धकार को दूर करनेवाली माता
७९६. मनुष्य के चित्त को आनन्द देनेवाली माता जिनवाणी
७९७. सरस्वती की कृपा से समस्त वस्तुओं की प्राप्ति

श्लोक विषय

७९८. आपकी भक्ति से सम्यग्ज्ञान (श्रुतज्ञान) की प्राप्ति
७९९. समस्त लोक की शुद्धि का कारण जिनवाणी
८००. समस्त ज्ञानों की प्राप्ति में जिनवाणी ही कारण
८०१. जिनवाणी की कृपा से समस्त गुणों की प्राप्ति
८०२. पापरूपी पर्वत के नाश हेतु विवेकरूपी वज्र
८०३. हे जिनवाणी! आपका तेज स्वयं प्रकाशित
८०४. जिनवाणी की कृपा से ही काव्यत्व की प्राप्ति
८०५. श्रुतदेवता की स्तुति से संसार-समुद्र का किनारा
८०६. उपसंहार में अपनी निर्मानता का प्रदर्शन

अधिकार १६ : श्री चौबीस तीर्थंकर स्तवन

(पृष्ठ ४४३ से ४५७/ श्लोक संख्या १ से २४)

श्लोक विषय

८०७. आदिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८०८. अजितनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८०९. सम्भवनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१०. अभिनन्दननाथ तीर्थंकर की स्तुति
८११. सुमतिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१२. पद्मप्रभनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१३. सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१४. चन्द्रप्रभनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१५. पुष्पदन्तनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१६. शीतलनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१७. श्रेयांसनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१८. वासुपूज्यनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८१९. विमलनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२०. अनन्तनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२१. धर्मनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२२. शान्तिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२३. कुन्थुनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२४. अरनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२५. मल्लिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२६. मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२७. नमिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२८. नेमिनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८२९. पार्श्वनाथ तीर्थंकर की स्तुति
८३०. वर्धमान तीर्थंकर की स्तुति

अधिकार १७ : श्री सुप्रभाताष्टक-स्तोत्र

(पृष्ठ ४५८ से ४६४/ श्लोक संख्या १ से ८)

श्लोक विषय

८३१. 'श्री सुप्रभाताष्टक स्तोत्र' का मङ्गलाचरण
८३२. प्रभातकालीन सूर्य के समान केवलज्ञान-प्रकाश
८३३. समस्त संसार के ताप को दूर करनेवाला केवलज्ञान
८३४. तीन लोक के द्वारा पूजनीय सुप्रभात स्तोत्र
८३५. जिनेन्द्र भगवान का सुप्रभात स्तोत्र सदैव जयवन्त!
८३६. जिनेन्द्र भगवान का अपूर्व सुप्रभात (केवलज्ञान)
८३७. सूर्य से भी अगोचर अन्धकार का नाशक केवलज्ञान
८३८. उपसंहार : सुप्रभाताष्टक स्तोत्र पढने का फल

अधिकार १८ : श्री शान्तिनाथ-स्तोत्र

(पृष्ठ ४६५ से ४७१/ श्लोक संख्या १ से ९)

श्लोक विषय

८३९. मङ्गलाचरण में छत्रत्रय प्रातिहार्य का वर्णन
८४०. दुन्दुभि प्रातिहार्य का वर्णन
८४१. सिंहासन प्रातिहार्य का वर्णन
८४२. पुष्पवृष्टि प्रातिहार्य का वर्णन
८४३. भामण्डल प्रातिहार्य का वर्णन
८४४. अशोकवृक्ष प्रातिहार्य का वर्णन
८४५. दिव्यध्वनि प्रातिहार्य का वर्णन
८४६. चँवर प्रातिहार्य का वर्णन
८४७. श्री शान्तिनाथ स्तोत्र का उपसंहार

अधिकार १९ : श्री जिनपूजाष्टक-स्तोत्र

(पृष्ठ ४७२ से ४७७/ श्लोक संख्या १ से १०)

श्लोक विषय

८४८. श्री जिनेन्द्र भगवान की जल से पूजा
८४९. श्री जिनेन्द्र भगवान की चन्दन से पूजा
८५०. श्री जिनेन्द्र भगवान की अक्षत से पूजा
८५१. श्री जिनेन्द्र भगवान की पुष्प से पूजा
८५२. श्री जिनेन्द्र भगवान की नैवेद्य से पूजा
८५३. श्री जिनेन्द्र भगवान की दीप से पूजा
८५४. श्री जिनेन्द्र भगवान की धूप से पूजा
८५५. श्री जिनेन्द्र भगवान की फल से पूजा
८५६. श्री जिनेन्द्र भगवान को सर्वशान्ति हेतु पुष्पाञ्जली
८५७. श्री जिनेन्द्र भगवान की पूजा का उद्देश्य

अधिकार २० : श्री करुणाष्टक-स्तोत्र

(पृष्ठ ४७८ से ४८०/ श्लोक संख्या १ से ८)

श्लोक विषय

८५८. मङ्गलाचरण में जिनेन्द्रदेव से मोक्ष-प्राप्ति हेतु प्रार्थना
८५९. अनेक दु:खों से दु:खी मुझ दीन पर दया की प्रार्थना
८६०. संसाररूपी भयंकर कुएँ से उद्धार करने की प्रार्थना
८६१. प्रभु से मोह-वैरी से छुटकारा दिलाने की प्रार्थना
८६२. हे तीन भुवन के स्वामी! दु:ख मेटो अन्तर्यामी.....
८६३. आपके वचनों से मेरे जन्म-जन्मान्तरों का नाश
८६४. हे प्रभु! दयारूपी जल के कारण ही मैं शीतल
८६५. उपसंहार में आचार्य द्वारा संसार में दया की प्रार्थना

अधिकार २१ : क्रियाकाण्ड-चूलिका

(पृष्ठ ४८१ से ४९०/ श्लोक संख्या १ से १८)

श्लोक विषय

८६६. मङ्गलाचरण में जिनेन्द्र भगवान के गुणों का वर्णन
८६७. कवित्व के अभिमान में प्रभु-गुणों का वर्णन अशक्य
८६८. प्रभु के प्रति भक्ति का प्रदर्शन
८६९. प्रभु का नाममात्र स्मरण भी अनेक सिद्धि प्रदाता
८७०. परभव में भी प्रभु के चरणों की सेवा के लिए प्रार्थना
८७१. इस भव में प्रभु-भक्ति ही कल्याणकारी
८७२. प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जिनेन्द्र-भक्ति की प्रार्थना
८७३. ज्ञानी भक्त को रत्नत्रय की ही इच्छा
८७४. प्रभु-चरण के प्रसाद से ही अतीन्द्रिय सुख की प्राप्ति
८७४. रत्नत्रय, तप, धर्म, मूलगुण की निर्दोषता
८७५. व्यवहार अहिंसा धर्म का निर्दोष पालन
८७६. सकल कर्मों के नाश की भावना
८७७. सर्वज्ञ की वाणी स्याद्वादरूपी उत्कृष्ट दीपक से युक्त
८७८. जिनेन्द्र व शास्त्र-स्तुति में हुई हीनता के लिए क्षमा
८८०. क्रियाकाण्डरूपी वृक्ष में चूलिकारूपी पल्लव अभीष्ट
८८१. क्रियाकाण्ड चूलिका को तीनों काल पढने का फल
८८२. उपसंहार में संसार की पीड़ा नाश करने की प्रार्थना
८८३. जिन-सूर्य के सामने मुझ अज्ञ भक्त की वाचालता

अधिकार २२ : एकत्व-भावना

(पृष्ठ ४९१ से ४९५/ श्लोक संख्या १ से ११)

श्लोक विषय
८८४. मङ्गलाचरण में स्वानुभव-गोचर तेज का वर्णन
८८५. एकत्वस्वरूपी आत्मा को जाननेवाले की पूजा
८८६. एकत्वस्वरूप को जानने पर कर्म-बन्धन से निर्भयपना
८८७. चैतन्य का ज्ञान होने पर बारम्बार उसी का चिन्तवन
८८८. साक्षात् सुख, मोक्षाभिलाषी द्वारा ही सिद्ध
८८९. संसार के सम्बन्धी हमें प्रिय नहीं
८९०. संसार में स्वर्गसुख भी विनाशीक
८९१. आत्मा के लक्ष्य का परभव में भी संस्कार
८९२. आत्मस्वरूप में स्थित होनेवाले को कोई विघ्न नहीं
८९३. उपसंहार में एकत्व भावना करनेवाले की प्रशंसा
८९४. निर्मल धर्म धारक, चिन्ता तथा मरण से निर्भय

अधिकार २३ : श्री परमार्थ-विंशतिः

(पृष्ठ ४९६ से ५११/ श्लोक संख्या १ से २०)

श्लोक विषय
८९५. मङ्गलाचरण में भगवान आत्मा का अद्वैत ही उत्कृष्ट
८९६. स्वस्थता ही जन्म-मरण की नाशक
८९७. एकत्व-पूर्वक शील से युक्त बुद्धि आनन्ददायक
८९८. मित्र आदि से सम्बन्ध भी दुःखदायक
८९९. सैकड़ों शास्त्रों का सार - चैतन्यस्वरूप आत्मा
९००. स्वरूप में गुप्त चित्तवाले को पर से क्या प्रयोजन?
९०१. विकार का हेतु दो पदार्थों का संयोग, लेकिन मैं तो..
९०२. यति का दूसरे पदार्थों के साथ संयोग ही आपत्ति
९०३. मन में प्रकाशमान सदैव आनन्द देनेवाले श्रीगुरु
९०४. गुरु-प्रकाशित मार्ग में गमन से निर्वाण की प्राप्ति
९०५. 'मै सुखी या दुःखी हूँ' ह्नऐसे विकल्प रहित भावना
९०६. व्यवहार में देव-शास्त्र-गुरु, निश्चय में केवल आत्मा
९०७. मुझे कोई कैसा भी कष्ट दे, किन्तु मुझे भय नहीं
९०८. शक्तिमान का विचार 'जो होना है, वह तो होगा'
९०९. संयमी, संसार में भी जल से भिन्न कमलवत्
९१०. निर्ग्रन्थता के आनन्द के सामने इन्द्रियसुख तुच्छ
९११. शीतल कुएँ को प्राप्त मनुष्य, क्या अग्नि को चाहेगा?
९१२. मोह से मोक्ष में की गई अभिलाषा भी मोक्ष-नाशिनी
९१३. जब निज आतम अनुभव आवै, और कछु न सुहावै
९१४. उपसंहार में अवाच्य तत्त्व की प्राप्ति की कामना

अधिकार २४ : शरीराष्टक

(पृष्ठ ५१२ से ५१८/ श्लोक संख्या १ से ८)

श्लोक विषय
९१५. मूर्ख जीव का अपवित्र शरीर के साथ मोह
९१६. निकृष्ट शरीर के साथ प्रीति आश्चर्यकारक
९१७. स्नानादि के कारण शरीर को पवित्रता असम्भव
९१८. मोह-मान रहित तथा तप से शुद्ध होने पर ही मुक्ति
९१९. गुरु-वचन, सर्वोत्तम मोक्ष-लक्ष्मी के प्रदाता
९२०. शरीर की हीन अवस्था से विरक्ति का उपदेश
९२१. मोक्षाभिलाषी जीवों को शरीर का त्याग ही आवश्यक
९२२. उपसंहार में काल की दासी वृद्धावस्था का स्वरूप

अधिकार २५ : स्नानाष्टक

(पृष्ठ ५१९ से ५२६/ श्लोक संख्या १ से ८)

श्लोक विषय
९२३. मङ्गलाचरण में 'शरीर की पवित्रता कैसे? यह विचार
९२४. आत्मा एवं शरीर दोनों को स्नान से क्या लाभ?
९२५. आत्मा को मिथ्यात्वादि मल का नाशक स्नान
९२६. परमात्मा के उत्तम तीर्थ में सम्यग्ज्ञानरूपी निर्मल नदी
९२७. मूर्खों का रत्नत्रयरूपी स्नान से इनकार
९२८. शरीर को शुद्ध करने में कोई तीर्थ कारण नहीं
९२९. सब नदियाँ मिलकर शरीर को शुद्ध नहीं कर सकती
९३०. उपसंहार में मिथ्यात्व-नाशक स्नानाष्टक की महिमा

अधिकार २६ : श्री ब्रह्मचर्याष्टक

(पृष्ठ ५२७ से ५३३/ श्लोक संख्या १ से ९)

श्लोक विषय
९३१. मङ्गलाचरण में भववर्द्धक दुःखदायी मैथुन की निन्दा
९३२. गुण-दोषों को विचारने वाले बुद्धिमानों की दृष्टि
९३३. पर्वों में स्व-स्त्री से मैथुन उचित क्यों नहीं?
९३४. थोडे से सुख के लिए मैथुन में आदर उचित नहीं
९३५. काम-सम्बन्धी प्रीति, चैतन्य के वैरी का मोह फैलाव
९३६. संयमरूपी वृक्ष के खण्डन हेतु मैथुन की धार तीक्ष्ण
९३७. पापी जीवों की अहितकारी मैथुन में सदा प्रीति
९३८. हे मन! यह विषय-सुख जहर के समान निषेध योग्य
९३९. ब्रह्मचर्याष्टक से भोगियों को होनेवाले दुख से क्षमायाचना

।। ॐ ह्रीं श्री सर्वज्ञ-वीतरागाय नमः ।।

शास्त्र-स्वाध्याय का प्रारम्भिक

मङ्गलाचरण

ॐकारं बिन्दुसंयुक्तं, नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव, ॐकाराय नमो नमः।।

अविरलशब्दघनौघप्रक्षालितसकलभूतलमलकलंकाः।
मुनिभिरुपासिततीर्था, सरस्वती हरतु नो दुरितान्।।

अज्ञानतिमिरान्धानां, ज्ञानाञ्जन-शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन, तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

।। श्री परमगुरवे नमः, परम्पराचार्यश्रीगुरवे नमः।।

सकलकलुषविध्वंसकं, श्रेयसां परिवर्द्धकं, धर्मसम्बन्धकं, भव्यजीव-मनःप्रतिबोधकारकं, पुण्यप्रकाशकं, पापप्रणाशकमिदं शास्त्रं 'श्री पद्मनन्दि-पंचविंशतिका'-नामधेयं, अस्य मूलग्रन्थकर्त्तारः श्री सर्वज्ञदेवास्तदुत्तरग्रन्थकर्त्तारः श्रीगणधरदेवाः, प्रतिगणधरदेवास्तेषां वचनानुसारमासाद्य 'आचार्य श्रीपद्मनन्दिदेव'विरचितं, श्रोतारः सावधानतया शृण्वन्तु।।

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमो गणी।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो, जैनधर्मोऽस्तु मंगलम्।।

सर्व-मंगल-मांगल्यं, सर्व-कल्याण-कारकम्।
प्रधानं सर्व-धर्माणां, जैनं जयतु शासनम्।।

श्रीमत् पद्मनन्दि आचार्यदेव द्वारा विरचित

।। श्री पद्मनन्दि-पंचविंशतिका ।।

अधिकार - १

धर्मोपदेशामृत

।। मङ्गलाचरण ।।

१. देखोजी! आदीश्वर स्वामी! कैसा ध्यान लगाया है?

स्रग्धरा

कायोत्सर्गायताङ्गो, जयति जिनपति,-र्नाभिसूनुर्महात्मा;
मध्याह्ने यस्य भास्वा,-नुपरि परितो, राजते स्मोग्रमूर्तिः।
चक्रं कर्मेन्धनाना,-मतिबहु दहतो, दूरमौदास्यवात-;
स्फूर्यत् सद्ध्यानवह्ने,-रिव रुचिरतरः, प्रोद्गतो विस्फुलिंगः।।१।।

(वीर छन्द)

प्रज्वलित जो वैराग्य पवन से, कर्मेन्धन को भस्म करें।
जिनकी ध्यान-अग्नि से नभ में, फैले हैं स्फुलिंग अरे!।।
वह मध्याह्न दिवाकर जिनके, ऊपर सदा सुशोभित है।
कायोत्सर्गरूप मुद्रा अरु, जो विशाल तनधारी हैं।।
अष्ट कर्म के परम विजेता, उत्तम पुरुषों के स्वामी।
नाभिपुत्र जिनपति महात्मा, जयवन्तो अन्तर्यामी।।

अर्थ ह्न दोपहर के समय जिन आदीश्वर भगवान के ऊपर रहा हुआ तेजस्वी सूर्य, ज्ञानावरणादि कर्मरूपी ईंधन को पल भर में भस्म करने वाली, वैराग्यरूपी पवन से जलाई हुई

ध्यानरूपी अग्नि से उत्पन्न हुए मनोहर स्फुलिंगों के समान जान पड़ता है ह्न ऐसे कायोत्सर्ग सहित विस्तीर्ण शरीर के धारी तथा अष्ट कर्मों के जीतने वाले उत्तम पुरुषों के स्वामी महात्मा श्री नाभिराय के पुत्र श्री ऋषभदेव भगवान सदा जयवन्त रहें।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में उत्प्रेक्षा अलंकार है, इसलिए ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि जिसप्रकार पवन से चेताई हुई अग्नि, जिस समय काष्ठ के समूह को जलाती है, उस समय जैसे उसके स्फुलिंगें आकाश में उड़ कर जाते हैं; उसी प्रकार श्री ऋषभदेव भगवान ने भी अपनी वैराग्यरूपी अग्नि से ज्ञानावरणादि कर्मों के समूह को जलाया था तथा उसके भी स्फुलिंगें आकाश में उड़ कर गये थे, उन स्फुलिंगों में से ही यह सूर्य भी एक स्फुलिंग है। सारांश यह है कि भगवान की ध्यानरूपी अग्नि, सूर्य से भी अधिक तेजवाली थी।

२. निरखो अंग अंग जिनवर के जिनसे झलके शान्ति अपार.....

शार्दूलविक्रीडित

नो किञ्चित्करकार्यमस्ति गमन,-प्राप्यं न किञ्चिद् दृशोः;
दृश्यं यस्य न कर्णयोः किमपि हि, श्रोतव्यमप्यस्ति न।
तेनाऽऽलम्बितपाणिरुज्झितगतिः, नासाग्र-दृष्टिः रहः;
सम्प्राप्तोऽतिनिराकुलो विजयते, ध्यानैकतानो जिनः।।२।।

रहा न किञ्चित् कार्य अतः हैं, आलम्बित द्वय हाथ अहो!।
जानन-देखन योग्य नहीं हैं, अतः दृष्टि-नासाग्र अहो!।।
सुनने योग्य रहा कुछ भी नहिं, इसीलिए रहते एकान्त।
ध्यान-लीन अत्यन्त निराकुल, जिनवर हैं जग में जयवन्त।।

अर्थ ह्न भगवान को हाथ से करने योग्य कोई कार्य नहीं रहा है, इसलिए तो उन्होंने हाथों को नीचे लटका दिया है। जानने-देखने लायक कोई स्थान नहीं रहा है, इसलिए भगवान ने नासाग्र के ऊपर अपनी दृष्टि दे रखी है। एकान्तवास इसलिए किया है कि भगवान को किसी के पास में रह कर कोई बात सुनने के लिए नहीं रही है। इस प्रकार अत्यन्त निराकुल तथा ध्यानरस में लीन भगवान, सदा लोक में जयवन्त रहें।

३. राग-द्वेष-मोह से रहित एवं आनन्द आदि गुणों के धाम अर्हन्त भगवान

रागो यस्य न विद्यते क्वचिदपि, प्रध्वस्तमोहग्रहात्;
अस्त्रादेः परिवर्जनान्न च बुधैः, द्वेषोऽपि सम्भाव्यते।

तस्मात्साम्यमथाऽत्मबोधनमतो, जातः क्षयः कर्मणां;
आनन्दादिगुणाश्रयस्तु नियतं, सोऽर्हन् सदा पातु वः।।३।।

मोह परिग्रह नष्ट हुआ है, अतः किसी से राग नहीं।
शस्त्र नहीं हैं अतः न उनमें, नहीं देखते द्वेष कहीं।।
इसीलिए हैं साम्यस्वभावी, आतमज्ञानी कर्मजयी।
आनन्दादि गुणों के आश्रय, रक्षा करो प्रभो मेरी।।

अर्थ ह्न मोह तथा परिग्रह के नाश हो जाने के कारण न तो किसी पदार्थ में अर्हन्त को राग ही प्रतीत होता है तथा समस्त शस्त्र आदि को छोड़ दिया है, इसलिए विद्वानों को किसी अर्हन्त के पास द्वेष भी देखने में नहीं आता; द्वेष के न रहने के कारण जो शान्तस्वभावी हैं और शान्तस्वभावी होने के कारण ही जिन्होंने अपनी आत्मा को जान लिया है, आत्मा के ज्ञाता होने के कारण ही जो कर्मों से रहित हैं, कर्मों से रहित होने के कारण जो आनन्द आदि गुणों के आश्रय हैं ह्न ऐसे अर्हन्त भगवान, मेरी सदा रक्षा करें अर्थात् ऐसे अर्हन्त भगवान का मैं सदा सेवक हूँ।

भावार्थ ह्न जो रागी तथा द्वेषी हो, जो निरन्तर स्त्रियों में रमण करता हो, जो मोही हो और शत्रु से भयभीत होकर, निरन्तर शस्त्र को अपने पास रखता हो, कर्मों का मारा, नाना प्रकार की गतियों में भ्रमण करता रहता हो ह्न ऐसा दुःखी भगवान, स्वयं दूसरों की क्या रक्षा कर सकता है? किन्तु जो वीतराग हैं, काम-मोह आदि जिनके पास फटकने भी नहीं पाते, जो जन्म-मरणादि से रहित हैं और कर्मों को जीतने वाले हैं; वही दूसरे की रक्षा कर सकते हैं, इसलिए मैं ऐसे ही आप्त (अर्हन्त) की शरण में जाता हूँ।

४. भगवान के चरण-कमलों के आराधन से मोक्षलक्ष्मी की प्राप्ति

इन्द्रस्य प्रणतस्य शेखरशिखा,-रत्नार्कभासा नख-;
श्रेणीतेक्षणबिम्बशुम्भदलिभृद्, दूरोल्लसत्पाटलम्।
श्रीसद्माङ्घ्रियुगं जिनस्य दधदप्यम्भोजसाम्यं रजः;
त्यक्तं जाड्यहरं परं भवतु नः, चेतोऽर्पितं शर्मणे।।४।।

नम्रीभूत सुरेन्द्र मुकुट की, रत्नप्रभा से चमक रहे।
चरण-कमल में सुरपतियों के, नेत्र-भ्रमर हैं नित सजते।।
पाद-पद्म-रजरहित और श्रीयुक्त साम्य है दोनों में।
किन्तु चरण-युगल जाड्यहर, सुखकर सदा बसे मन में।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार कमलों पर भ्रमर गुंजार करते हैं, उसी प्रकार भगवान के चरण-कमलों को बड़े-बड़े इन्द्र आकर नमस्कार करते हैं तथा उनके मुकुट के अग्र भाग में लगे हुए रत्नों की प्रभा से भगवान के चरणों के नखों में उन इन्द्रों के नेत्रों के प्रतिबिम्ब झलकते हैं। इस तरह भगवान के चरणों पर भी इन्द्रों के नेत्ररूपी भौंरे सदा निवास करते हैं। जिस प्रकार कमल, कुछ सफेदी लिये हुए लाल होते हैं; उसी प्रकार भगवान के चरण-कमल भी कुछ सफेदी लिये हुए लाल वर्णवाले हैं। जिस प्रकार कमलों में लक्ष्मी रहती है; उसी प्रकार भगवान के चरण-कमल भी लक्ष्मी के स्थान हैं अर्थात् चरण-कमलों के आराधन करने से भव्य जीवों को उत्तम मोक्षरूपी लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

यद्यपि कमल तथा भगवान के चरण-कमल, उक्त गुणों में समान हैं, तथापि कमल धूलिसहित है तथा जड़ है और भगवान के चरण-कमल धूलि (पाप) रहित हैं तथा जड़ता को दूर करने वाले हैं; अत: कमलों से भी उत्कृष्ट भगवान के चरण-कमल, सदा मेरे मन में स्थित रहें तथा मेरा कल्याण करें।

भावार्थ ह्न रज का अर्थ धूलि भी होता है तथा पाप भी होता है; इसलिए कमल तो धूलि से सहित है, किन्तु भगवान के चरण-कमल धूलि से रहित हैं अर्थात् चरण-कमलों की सेवा करने से समस्त पापों का नाश हो जाता है तथा कमल सर्वथा जड़ हैं, किन्तु भगवान के चरण-कमलों में अंश मात्र भी जड़ता नहीं है अर्थात् चरण-कमलों की आराधना करने से भव्य जीवों में विद्यमान समस्त प्रकार की जड़ता नष्ट हो जाती है।

५. पाप-सन्ताप को दूर करने वाले श्री शान्तिनाथ भगवान के चरण कमल

मालिनी

जयति जगदधीश:, शान्तिनाथो यदीयं;
स्मृतमपि हि जनानां, पापतापोपशान्त्यै।
बिबुध-कुलकिरीट,-प्रस्फुरन्नील-रत्न-;
द्युतिचलमधुपाली,-चुम्बितं पादपद्मम्।।५।।

सुर किरीट के नीलरत्न की, प्रभा-भ्रमरयुत चरण-कमल।
स्मृति से ही पाप-ताप-क्षय, हों वे शान्तिनाथ जयवन्त।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के देवताओं के जो मुकुट, उनमें लगी हुई और चमकती हुई नीलमणि, उनकी जो प्रभा, वही मानो चलती हुई भ्रमरों की पंक्ति है, उससे सहित श्री

शान्तिनाथ भगवान के चरण-कमल, जिनके स्मरण मात्र से ही समस्त जनों के पाप तथा सन्ताप दूर हो जाते हैं ह्न ऐसे तीन लोक के स्वामी श्री शान्तिनाथ भगवान सदा जयवन्त रहें।

६. मोक्षमार्ग में गमन कराने वाला उत्कृष्ट धर्म

स जयति जिनदेवो सर्वविद्विश्वनाथो;
वितथ-वचन-हेतु,-क्रोध-लोभाद्विमुक्तः।
शिवपुरपथ-पान्थ,-प्राणि-पाथेयमुच्चैः;
जनितपरमशर्मा, येन धर्मोऽभ्यधायि।।६।।

असत् वचन के हेतुभूत जो, क्रोध-लोभ से हुए विमुक्त।
सकल ज्ञेय के ज्ञायक त्रिभुवन,-पति जिनदेव रहें जयवन्त।।
शिवपुर-पथ के पथिकजनों को, दिया धर्म-उपदेश महान।
परमोत्तम कल्याणभूत जो, भविजन को पाथेय समान।।

अर्थ ह्न सबको जानने वाले तीन लोक के स्वामी और क्रोध-लोभादि से रहित सत्य वचन के बोलने वाले श्री जिनदेव सदा जयवन्त वर्तें; उन श्री जिनदेव ने मोक्षमार्ग में गमन करने वाले प्राणियों को पाथेयस्वरूप तथा उत्तम कल्याण को करने वाले उत्कृष्ट धर्म का निरूपण किया है।

७. धर्म के अनेक लक्षणों एवं भेदों का समन्वय

शार्दूलविक्रीडित

धर्मो जीवदया गृहस्थशमिनोः, भेदाद्विधा च त्रयं;
रत्नानां परमं तथा दशविधोत्कृष्टक्षमादिस्ततः।
मोहोद्भूतविकल्पजालरहिता, वागङ्गसङ्गोज्झिता;
शुद्धानन्दमयात्मनः परिणतिः, धर्माख्यया गीयते।।७।।

जीवदया है धर्म तथा, श्रावक-मुनिधर्म द्विभेद कहा।
रत्नत्रय है परम धर्ममय, क्षमा आदि दश भेद कहा।।
मोहोत्पन्न विकल्पजाल से, रहित तथा जो वचनातीत।
धर्म अहो! यह आत्मदेव का, निर्मल आनन्दमय परिणाम।।

अर्थ ह्न समस्त जीवों पर दया करना ही धर्म है। गृहस्थ का एकदेश धर्म तथा मुनियों का सर्वदेश धर्म; इस प्रकार उस धर्म के दो भेद भी हैं। उत्कृष्ट रत्नत्रय अर्थात् सम्यग्दर्शन-

सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र भी धर्म है। उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव आदि दश प्रकार भी धर्म है। मोह से उत्पन्न हुए समस्त विकल्पों से रहित तथा जिसका वचन से निरूपण नहीं कर सकते ह्न ऐसी जो शुद्ध तथा आनन्दमय आत्मा की परिणति का नाम उत्कृष्ट धर्म है।

८. धर्मरूपी वृक्ष का मूल, सभी प्राणियों पर दया

आद्या सद्व्रतसञ्चयस्य जननी, सौख्यस्य सत्सम्पदां;
मूलं धर्मतरोरनश्वर,-पदा-रोहैक-नि:श्रेणिका।
कार्या सद्भिरिहाङ्गिषु प्रथमतो, नित्यं दया धार्मिकै:;
धिङ्नामाऽप्यदयस्य तस्य च परं, सर्वत्र शून्या दिश:।।८।।

व्रतसमूह में प्रथम और, सच्चे सुख-सम्पति की जननी।
धर्म-वृक्ष की मूल यही है, मोक्ष-महल की है सीढ़ी।।
धर्मात्माजन सब जीवों पर, सर्वप्रथम नित दया करै।
निर्दय का नहिं कोई जगत् में, सभी कहें धिक् है धिक् है।।

अर्थ ह्न जो समस्त उत्तम व्रतों के समूह में मुख्य है; सच्चे सुख और श्रेष्ठ सम्पदाओं को उत्पन्न करने वाली है एवं जो धर्मरूपी वृक्ष की जड़ है (अर्थात् जिस प्रकार जड़ के बिना वृक्ष नहीं ठहरता, उसी प्रकार दया के बिना धर्म भी नहीं ठहर सकता) तथा जो मोक्षरूपी महल के अग्र भाग में चढ़ने के लिए सीढ़ी के समान है ह्न ऐसी 'समस्त प्राणियों पर दया' धर्मात्मा पुरुषों को अवश्य करनी चाहिए। जिस पुरुष के चित्त में लेश मात्र भी दया नहीं है, उस पुरुष को धिक्कार है; समस्त दिशा उसके लिए शून्य है अर्थात् जो निर्दयी होता है, उसका कोई भी मित्र नहीं होता है।

९. सभी जीव परस्पर कुटुम्बी : कौन किसे मारे?

संसारे भ्रमतश्चिरं तनुभृत:, के के न पित्रादयो;
जातास्तद्वधमाश्रितेन खलु ते, सर्वे भवन्त्याहता:।
नन्वात्मापि हतो यदत्र निहतो, जन्मान्तरेऽपि ध्रुवं;
हन्तारं प्रतिहन्ति हन्त बहुश:, संस्कारतो न क्रुध:।।९।।

जग में चिर भ्रमते प्राणी का, कौन न मात-पितादि हुआ।
अत: किसी को मारे कोई, तो अपनों को ही मारा।।

तथा स्वयं को मारा उसने, क्योंकि मृतक संग जाए क्रोध।
जन्मान्तर में जागृत हो, संस्कार हनें हत्यारे को।।

अर्थ ह्न चिर काल से संसार में भ्रमण करते हुए इस दीन प्राणी के कौन-कौन माता, पिता, भाई आदि नहीं हुए? अर्थात् सर्व ही हो चुके; इसलिए यदि कोई प्राणी, किसी जीव को मारे तो समझना चाहिए कि उसने अपने कुटुम्बी को ही मारा तथा अपनी आत्मा का भी उसने घात किया क्योंकि यह नियम है कि जब मनुष्य, किसी दीन प्राणी को एक बार भी मारता है, उस समय उस मरने वाले जीव को क्रोधादि की उत्पत्ति होती है तथा जन्मान्तर में उसका संस्कार बैठा रहता है। इसलिए जिस समय कारण पाकर उस मृत प्राणी का संस्कार प्रकट हो जाता है, उस समय वह हिंसक को (अर्थात् पूर्व भव में अपने को मारने वाले जीव को) अनेक बार मारता है, अत: ऐसे दुष्ट हिंसक को धिक्कार है।

१०. जीवनदान : सबसे बड़ा दान

त्रैलोक्यप्रभुभावतोऽपि सरुजोऽप्येकं निजं जीवितं;
प्रेयस्तेन विना स कस्य भवितेत्याकांक्षत: प्राणिन:।
नि:शेषव्रतशीलनिर्मलगुणा,-ऽऽधारात्ततो निश्चितं;
जन्तोर्जीवितदानतस्त्रिभुवने, सर्वप्रदानं लघु।।१०।।

कोई दरिद्री त्रिभुवन की, सम्पति लेकर भी प्राण न दे।
प्राण बिना कैसे भोगेंगे, अत: प्राण सबको प्यारे।।
अत: सुनिश्चित शील-व्रतादि निर्मल गुण आधार कहे।
सब दानों में श्रेष्ठ दान है, प्राणदान ही त्रिभुवन में।।

अर्थ ह्न यदि किसी दरिद्री से भी यह बात कही जाए कि भाई! तू अपने प्राण दे दे और तीन लोक की सम्पदा ले ले। तब वह यही कहता है कि यदि मैं ही मर जाऊँगा तो उस सम्पदा को कौन भोगेगा? अत: तीन लोक की सम्पदा से भी अधिक प्राणियों को अपने प्राण प्यारे हैं; इसलिए समस्त व्रत तथा शीलादि निर्मल गुणों का स्थानभूत प्राणी का जीवन-दान है, उसकी अपेक्षा संसार में सर्व दान छोटे हैं ह्न यह बात भलीभाँति निश्चित है।

भावार्थ ह्न आहार, औषधि, अभय तथा शास्त्र; इस प्रकार दान के चार भेद हैं, उन सब में अभयदान सबसे उत्कृष्ट दान माना गया है। अभयदान उसी समय पल सकता है, जब किसी जीव के प्राण न दुखाए जाएँ; इसलिए इस उत्तम अभयदान के आकांक्षी मनुष्यों को किसी भी जीव की हिंसा नहीं करनी चाहिए।

११. अव्रती की दया भी स्वर्ग-मोक्ष को देने वाली तथा दया बिना तप भी व्यर्थ

स्वर्गायाऽव्रतिनोऽपि सार्द्रमनसः, श्रेयस्करी केवला;
सर्वप्राणिदयातया तु रहितः, पापस्तपस्थोऽपि च।
तद्दानं बहु दीयतां तपसि वा, चेतः स्थिरं धीयतां;
ध्यानञ्च क्रियतां जना न सफलं, किञ्चिद्दयावर्जितम्।।११।।

व्रतविहीन भी स्वर्ग-मोक्ष, पाते हैं भीगे चित वाले।
कितना भी तप करें किन्तु, निर्दयजन पापी कहलाते।।
चाहे कितना दान करें या, चित-एकाग्र करे तप में।
ध्यान करें पर सफल नहीं है, कोई क्रिया न दया जिनमें।।

अर्थ ह्न चाहे मनुष्य, अव्रती अर्थात् व्रतरहित ही क्यों न होवे? यदि उसका चित्त, समस्त प्राणियों के प्राणों को किसी प्रकार दुःख न पहुँचानेरूप दया से भीगा हुआ है तो समझना चाहिए कि उस पुरुष को वह दया, स्वर्ग तथा मोक्षरूप कल्याण को देने वाली है, किन्तु यदि किसी पुरुष के हृदय में दया का अंश न हो तो वह चाहे कैसा भी तपस्वी क्यों न हो? वह चाहे इच्छानुसार ही दान क्यों न देता हो? वह कितना भी तप में चित्त को क्यों न स्थिर करता हो? तथा वह कैसा भी ध्यानी क्यों न हो? पापी ही समझा जाता है क्योंकि दयारहित कोई भी कार्य सफल नहीं होता।

१२. मुनिधर्म के अवलम्बनस्वरूप गृहस्थधर्म किसे प्रिय नहीं?

सन्तः सर्वसुराऽसुरेन्द्रमहितं, मुक्तेः परं कारणं;
रत्नानां दधति त्रयं त्रिभुवन,-प्रद्योति काये सति।
वृत्तिस्तस्य यदन्नतः परमया भक्त्याऽर्पिताज्जायते;
तेषां सद्गृहमेधिनां गुणवतां, धर्मो न कस्य प्रियः।।१२।।

सर्व सुरासुरपति से पूजित, एक मुक्ति का कारण जो।
सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरणमय, करे प्रकाशित त्रिभुवन को।।
मुनिगण धारण करें रत्नत्रय, यदि तन में स्थिरता हो।
अन्न समर्पित करें भक्ति से, श्रावकधर्म न क्यों प्रिय हो?।।

अर्थ ह्न जिस सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी रत्नत्रय की समस्त सुरेन्द्र तथा असुरेन्द्र भक्ति से पूजन करते हैं तथा जो मोक्ष का उत्कृष्ट कारण है अर्थात् जिसके बिना

कदापि मुक्ति नहीं हो सकती तथा जो तीन लोक का प्रकाश करने वाला है - ऐसे सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप रत्नत्रय को देह की स्थिरता होने पर ही मुनिगण धारण करते हैं तथा श्रद्धा, तुष्टि आदि गुणों से संयुक्त गृहस्थियों के द्वारा भक्ति से दिये हुए दान से उन उत्तम मुनियों के शरीर की स्थिति रहती है; इसलिए ऐसे गृहस्थों का धर्म किसको प्रिय नहीं होगा? अर्थात् सभी उसको प्रिय मानते हैं।

१३. सम्यग्दर्शन आदि गुणों से पूज्य गृहस्थाश्रम

स्रग्धरा

आराध्यन्ते जिनेन्द्रा, गुरुषु च विनतिः, धार्मिकैः प्रीतिरुच्चैः;
पात्रेभ्यो दानमापन्निहतजनकृते, तच्च कारुण्यबुद्धया।
तत्त्वाभ्यासः स्वकीय,-व्रततिरमलं, दर्शनं यत्र पूज्यं;
तद्गार्हस्थ्यं बुधाना-मितरदिह पुनः, दुःखदो मोहपाशः।।१३।।

जिनपूजा, गुरुसेवा-उपासना, साधर्मी में वत्सलभाव।
पात्रदान अरु दीन-दुःखी, जीवों को होता करुणा-दान।।
तत्त्वाभ्यास व्रतों में प्रीति, निर्मल हो सम्यग्दर्शन।
बुधजन पूज्य गृहस्थाश्रम यह, किन्तु विपर्यय दुःख-कारण।।

अर्थ ह्न जिस गृहस्थाश्रम में जिनेन्द्र भगवान की पूजा-उपासना की जाती है, निर्ग्रन्थ गुरुओं की भक्ति सेवा आदि की जाती है, धर्मात्मा पुरुषों का परस्पर में स्नेह से बर्ताव होता है, मुनि आदि उत्तमादि पात्रों को दान दिया जाता है, दुःखी-दरिद्रियों को करुणा से दान दिया जाता है, जहाँ पर निरन्तर जीवादि तत्त्वों का अभ्यास होता रहता है, अपने-अपने व्रतों में प्रीति रहती है और जहाँ निर्मल सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होती है; वह गृहस्थाश्रम विद्वानों के द्वारा पूजनीय होता है; किन्तु उससे विपरीत गृहस्थाश्रम, इस संसार में केवल दुःख देने वाला तथा मोह का जाल है।

१४. श्रावक की ग्यारह प्रतिमाओं के नाम

शार्दूलविक्रीडित

आदौ दर्शन-मुन्नतं व्रतमितः, सामायिकं प्रोषधः;
त्यागश्चैव सचित्तवस्तुनि दिवा,-भक्तं तथा ब्रह्म च।
नाऽरम्भो न परिग्रहोऽननुमतिः, नोद्दिष्टमेकादश-;
स्थानानीति गृहिव्रते व्यसनिता,-त्यागस्तदाद्यः स्मृतः।।१४।।

निर्मल सम्यग्दर्शन ह्न व्रत, सामायिक अरु प्रोषधोपवास।
सचित्त वस्तु का त्याग, दिवस में भोजन एवं ब्रह्म-विलास।।
आरम्भ-परिग्रह-अनुमति त्याग, उद्देशिक भोजन का भी त्याग।
ये ग्यारह स्थान ग्रहण के, पूर्व सप्त व्यसनों का त्याग।।

अर्थ ह्न सबसे पहले जीवादि पदार्थों में शंकादि दोषरहित श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शन का धारण करना, **पहली दर्शन प्रतिमा** है। अहिंसादि पाँच अणुव्रत, दिग्व्रतादि तीन गुणव्रत और देशावकाशिकादि चार शिक्षाव्रत; इस प्रकार जिसमें बारह व्रत धारण करना, **दूसरी व्रत प्रतिमा** है। तीनों कालों में समतापूर्वक योग धारण करना, **तीसरी सामायिक प्रतिमा** है। अष्टमी आदि चारों पर्वों में आरम्भरहित उपवास करना, **चौथी प्रोषधोपवास प्रतिमा** है। सचित्त वस्तुओं का भोग न करना, **पाँचवीं सचित्तत्याग प्रतिमा** है। रात्रिभोजन का सर्वथा त्याग करना, **छठी रात्रिभुक्तित्याग प्रतिमा** है।

आजन्म स्व-स्त्री तथा पर-स्त्री दोनों का त्याग करना, **सातवीं ब्रह्मचर्य प्रतिमा** है। किसी प्रकार धनादि का उपार्जन न करना, **आठवीं आरम्भत्याग प्रतिमा** है। धन-धान्य दासी-दासादि का त्याग करना, **नवमीं परिग्रहत्याग प्रतिमा** है।

घर के कामों में और व्यापार में 'ऐसा करना चाहिए, ऐसा नहीं करना चाहिए' इत्यादि अनुमति का न देना, **दशवीं अनुमतित्याग प्रतिमा** है। जहाँ पर अपने उद्देश्य से भोजन न बनाया गया हो; ऐसे गृहस्थों के घर में मौन सहित भिक्षावृत्तिपूर्वक आहार करना, **ग्यारहवीं उद्दिष्टत्याग प्रतिमा** है।

इस प्रकार ये ग्यारह व्रत (प्रतिमा) श्रावकों के होते हैं। इन सब व्रतों में भी सर्व प्रथम सप्त व्यसनों का त्याग अवश्य कर देना चाहिए क्योंकि व्यसनों का त्याग किये बिना एक भी प्रतिमा धारण नहीं की जा सकती है।

१५. व्रत-ग्रहण से पूर्व सप्त व्यसन का त्याग आवश्यक

यत्प्रोक्तं प्रतिमाभिराभिरभितो, विस्तारिभिः सूरिभिः;
ज्ञातव्यं तदुपासकाऽध्ययनतो, गेहिव्रतं विस्तरात्।
तत्रापि व्यसनोज्झनं यदि तदप्यासूत्र्यतेऽत्रैव यत्;
तन्मूलः सकलः सतां व्रतविधिः, याति प्रतिष्ठां पराम्।।१५।।

आचार्यों ने प्रतिमादिक का, किया बहुत विस्तृत वर्णन।
उपासकाध्ययनादि ग्रन्थों से, जानो श्रावक-व्रत-विवरण।।

व्यसन-त्याग भी वहाँ कहा है, और यहाँ भी करें कथन।
क्योंकि इसी से सत्पुरुषों की, व्रत-विधि प्राप्त करे सम्मान।।

अर्थ ह्न श्री समन्तभद्र आदि बड़े-बड़े आचार्यों ने ग्यारह प्रतिमा और गृहस्थों के व्रत आदि का अत्यन्त विस्तार के साथ वर्णन, अपने-अपने ग्रन्थों में किया है; इसलिए उपासकाध्ययन आदि ग्रन्थों से इनका स्वरूप विस्तार से जानना चाहिए। उन्हीं आचार्यों ने जुआ खेलना, मद्य-पान करना, मांस खाना आदि सात व्यसनों का भलीभाँति स्वरूप दिखा कर, उनके त्याग की अच्छी तरह विधि बतलाई है। इस ग्रन्थ में भी उन सप्त व्यसनों के त्याग का वर्णन किया जाएगा क्योंकि सप्त व्यसनों के त्याग से ही सज्जनों की व्रत-विधि अत्यन्त प्रतिष्ठा को प्राप्त करती है, व्यसनों के त्याग बिना नहीं।

१६. सप्त व्यसनों के नाम एवं उनके त्याग की प्रेरणा

अनुष्टुभ्

द्यूत-मांस-सुरा-वेश्याऽऽखेट-चौर्य-पराङ्गना:।
महापापानि सप्तेति, व्यसनानि त्यजेद् बुध:।।१६।।

जुआ मांस मदिरा वेश्या, आखेट चौर्य परनारी संग।
सप्त व्यसन ये महापाप हैं, इनका त्याग करें बुधजन।।

अर्थ ह्न १) जुआ खेलना, २) मांस खाना, ३) मद्यपान करना, ४) वेश्या के साथ सम्बन्ध रखना, ५) शिकार खेलना, ६) चोरी करना, ७) परस्त्री का सेवन करना ह्न ये सात व्यसन हैं। बुद्धिमानों को इन सातों व्यसनों का त्याग अवश्य करना चाहिए।

१७. द्यूत (जुआ) नामक व्यसन का निषेध

मालिनी

भुवनमिदमकीर्तेश्चौर्य-वेश्यादि-सर्व-;
व्यसनपतिरशेषापन्निधि: पापबीजम्।
विषम-नरक-मार्गेष्वग्रयायीति मत्वा;
क इह विशदबुद्धिर्द्यूतमङ्गीकरोति।।१७।।

त्रिभुवन में अपयश का घर है, सब व्यसनों का स्वामी है।
जो समस्त आपत्ति-निकेतन, सकल पाप-उत्पादक है।।
नरकादिक दुर्गतियों में, ले जाने वाला यही अरे!।
महा निकृष्ट द्यूत-क्रीड़ा को, कहो कौन बुध अपनाये?।।

अर्थ ह्न जो समस्त अपकीर्तियों का घर है अर्थात् जिसको खेलने से संसार में अकीर्ति ही फैलती है; जो चोरी, वेश्या-गमन आदि शेष व्यसनों का स्वामी है (अर्थात् जिस प्रकार राजा के आधीन मन्त्री आदि हुआ करते हैं; उसी प्रकार जुआ के आधीन शेष समस्त व्यसन हैं) जो समस्त आपत्तियों का घर है; जिसके सम्बन्ध से निरन्तर पाप की ही उत्पत्ति होती रहती है तथा जो समस्त नरकादि खोटी गतियों का मार्ग बतलाने वाला है ह्न ऐसे सर्वथा निकृष्ट 'जुआ' नामक व्यसन को कौन बुद्धिमान अंगीकार कर सकता है? अर्थात् कोई नहीं।

१८. सभी व्यसनों में जुआ खेलना ही मुख्य व्यसन

शार्दूलविक्रीडित

क्वाऽकीर्ति, क्व दरिद्रता, क्व विपदः, क्व क्रोधलोभादयः;
चौर्यादिव्यसनं क्व च, क्व नरके, दुःखं मृतानां नृणाम्।
चेतश्चेद्गुरुमोहतो न रमते, द्यूते वदन्त्युन्नत-;
प्रज्ञा यद्भुवि दुर्णयेषु निखिलेष्वेतद्धुरि स्मर्यते।।१८।।

मोह-शमन कर जुआ न खेलें, तो फिर अपयश नहिं होवे।
कहाँ क्रोध-लोभादि विपत्ति, अन्य व्यसन भी कहाँ रहें?।।
नरकादिक में नमन न होवे, क्योंकि सभी व्यसनों का मूल।
जुआ व्यसन ही कहा अतः सब, बुधजन हों इससे प्रतिकूल।।

अर्थ ह्न इस जुआ के विषय में गणधरादि का यह कथन है कि मोह के उदय से मनुष्य की जुआ में प्रवृत्ति होती है। यदि मोह का उपशम होने पर मनुष्य की जुआ खेलने में प्रवृत्ति न होवे तो संसार में इसकी अपकीर्ति कदापि नहीं फैल सकती है, न यह दरिद्री ही बन सकता है, न इसको कोई प्रकार की विपत्ति घेर सकती है, इसको क्रोध-लोभादि की उत्पत्ति भी कदापि नहीं हो सकती, चोरी आदि व्यसन भी इसका कुछ नहीं कर सकते और मरने पर यह नरकादि गतियों की वेदना का अनुभव भी नहीं करता क्योंकि समस्त व्यसनों में जुआ ही मुख्य कहा गया है; इसलिए सज्जनों को इस जुआ से अपनी प्रवृत्ति को अवश्य हटा लेना चाहिए।

१९. मांस व्यसन का निषेध

स्रग्धरा

वीभत्सु प्राणिघातोद्भवमशुचि कृमि,-स्थानमश्लाघ्यमूलं;
हस्तेनाऽक्ष्णापि शक्यं, यदिह न महतां, स्पृष्टुमालोकितुं च।

तन्मांसं भक्ष्यमेतद्वचनमपि सतां, गर्हितं यस्य साक्षात्;
पापं तस्यात्र पुंसो, भुवि भवति कियत्का गतिर्वा न विद्म:।।१९।।

तीव्र घृणा उत्पन्न करे वह, प्राणि-घात से जो उत्पन्न।
कृमि-स्थान अरु महा अशुचिमय, निन्दनीय मानें सज्जन।।
छूने योग्य न, देख सकें नहिं, मांस शब्द नहिं सुनने योग्य।
भक्षण करने वाले की नहिं, जानें क्या गति होने योग्य?।।

अर्थ ह्न देखते ही जो मनुष्यों को प्रबल घृणा का उत्पन्न करने वाला है, जिसकी उत्पत्ति, दीन प्राणियों को मारने पर होती है, जो अपवित्र है, नाना प्रकार के दृष्टिगोचर जीवों का जो स्थान है; जिसकी समस्त सज्जन पुरुष निन्दा करते हैं, जिसको इस संसार में सज्जन पुरुष न हाथ से छू ही सकते हैं, न आँख से देख ही सकते हैं और 'मांस खाने योग्य है'ह्न यह वचन भी सज्जनों को प्रबल घृणा का उत्पन्न करने वाला है ह्न ऐसे सर्वथा अपावन मांस को जो साक्षात् खाता है; उसके सम्बन्ध में आचार्य कहते हैं कि हम नहीं जान सकते, उस मनुष्य को संसार में कितने पापों का संचय होता है? तथा उसकी कौन-सी गति होती है?

२०. मांसभक्षण करनेवालों की निन्दा

शिखरिणी

गतो ज्ञाते: कश्चिद्, बहिरपि न यद्येति सहसा;
शिरो हत्वा हत्वा, कलुषितमना रोदिति जन:।
परेषामुत्कृत्य, प्रकटितमुखं खादति पलं;
कले रे! निर्विण्णा, वयमिहभवच्चित्रचरितै:।।२०।।

कोई परिजन देशान्तर, जाकर यदि शीघ्र नहीं आएँ।
तो अनिष्ट चिन्तवन करें, माथा कूट-कूट रोएँ।।
किन्तु अन्य जीवों का मांस, भखे पर लेश न लज्जित हो।
रे कलि! तेरे विविध चरित्रों, से यह चित्त विरक्त अहो!।।

अर्थ ह्न यदि कोई अपना भाई-पिता-पुत्र आदि दैवयोग से 'मरना तो दूर', बाहर भी चला जाए और वह जल्दी लौट कर न आए तो मनुष्य शिर कूट-कूट कर रोता है तथा नाना प्रकार के मन में बुरे भावों का चिन्तवन करता है; किन्तु अपने कुटुम्बियों से भिन्न दूसरे जीवों के मांस को उपाट-उपाट कर खाता है तथा लेशमात्र भी लज्जा नहीं करता है; इसलिए

आचार्य कहते हैं, 'अरे कलिकाल! तेरे नाना प्रकार के चरित्रों से हम सर्वथा विरक्त हैं अर्थात् तेरे चरित्रों का हमें पता भी नहीं लग सकता है।'

२१. मदिरापान का निषेध

मालिनी

सकलपुरुषधर्म,-भ्रंशकार्यत्रजन्म-;
न्यधिकमधिकमग्रे यत्परं दु:खहेतु:।
तदपि यदि न मद्यं, त्यज्यते बुद्धिमद्भि:;
स्वहितमिह किमन्यत्, कर्म धर्माय कार्यम्।।२१।।

जनम-जनम दु:ख देने वाली, धर्म मूल से नष्ट करे।
तो भी बुधिधर तजैं न मदिरा, अपना हित फिर कैसे करें?।।

अर्थ ह्न यह मदिरा, इस जन्म में उसे पीने वाले समस्त प्राणियों के धर्म को मूल से खोने वाली है तथा परलोक में अत्यन्त तीव्र नाना प्रकार के नरकों के दु:खों को देने वाली है ह्न ऐसा होने पर भी यदि विद्वान् मदिरा पीना न छोड़ें तो समझ लेना चाहिए कि उन मनुष्यों के द्वारा अपने हितकारी धर्म के लिए कोई भी उत्कृष्ट कार्य नहीं बन सकता क्योंकि व्यसनी कुछ भी उत्तम कार्य नहीं कर सकते हैं।

२२. मद्यपान समस्त खोटी चेष्टाओं का कारण

मन्दाक्रान्ता

आस्तामेतद्यदिह जननीं, वल्लभां मन्यमाना;
निन्द्याश्चेष्टा, विदधति जना, निस्त्रपा: पीतमद्या:।
तत्राऽधिक्यं, पथि निपतिता, यत्किरत्सारमेयाद्;
वक्त्रे मूत्रं, मधुरमधुरं, भाषमाणा: पिबन्ति।।२२।।

क्या आश्चर्य कि मदिरा पीकर, माता को पत्नी मानें।
हो निर्लज्ज नरों में विविध, भाँति के खोटे कार्य करें।।
किन्तु अधिक आश्चर्य कि जब वे, मारग में ही गिर जाते।
कुत्ते मूतें मुख में पर वे, मधुर-मधुर कह पी जाते।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि मदिरा के पीने वाले मनुष्य, यदि निर्लज्ज होकर अपनी माता को स्त्री मानें तथा उसके साथ नाना प्रकार की खोटी चेष्टाएँ करें तो यह बात तो कुछ

भी नहीं, किन्तु सबसे बड़ी बात तो यह है कि मद्य के नशे में आकर, जब वे मार्ग में गिर जाते हैं तथा जिस समय उनके मुख में कुत्ते मूतते हैं, तब भी वे उसको मधुरब्रह्ममधुर कहते हुए तत्काल उसे गटक जाते हैं।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, मद्यपान करते हैं; वे समस्त खोटी चेष्टाएँ करते हैं, उनकी बुरी हालत होती है और उनको किसी प्रकार हित का मार्ग भी नहीं सूझता; इसलिए विद्वानों को इस निकृष्ट मद्य से जुदा ही रहना चाहिए।

२३. वेश्या-सेवन व्यसन का निषेध

शार्दूलविक्रीडित

याः खादन्ति पलं पिबन्ति च सुरां, जल्पन्ति मिथ्यावचः;
स्निह्यन्ति द्रविणार्थमेव विदधत्यर्थप्रतिष्ठाक्षतिम्।
नीचानामपि दूरवक्रमनसः, पापात्मिकाः कुर्वते;
लालापानमहर्निशं न नरकं, वेश्यां विहायाऽपरम्।।२३।।

मद्य-मांस का सेवन करती, और झूठ ही कहें वचन।
धन के लिए प्रेम दिखलाती, नष्ट करे जो यश अरु धन।।
जो अत्यन्त पापिनी नीच - मनुष्यों की भी पीती लार।
अरे! झूठ है इससे बढ़ कर, अन्य नरक इस लोक मँझार।।

अर्थ ह्न जो सदा मांस खाती हैं, जो निरन्तर मद्यपान करती हैं, जिनको झूठ बोलने में अंशमात्र भी संकोच नहीं होता, जिनका स्नेह विषयी मनुष्यों के साथ केवल धन के लिए ही है और जो द्रव्य (धन) तथा प्रतिष्ठा को मूल से उड़ाने वाली हैं अर्थात् वेश्या के साथ संयोग करने से धन तथा प्रतिष्ठा दोनों किनारा कर जाते हैं, जिनके चित्त में सदा छल-कपट और दगाबाजी ही रहती है, जो अत्यन्त पापिनी है तथा जो धन के लोभ में अत्यन्त नीच धीवर-चमार-चाण्डाल आदि की लार का भी निरन्तर पान करती हैं ह्न ऐसी वेश्याओं से अन्य दूसरा नरक संसार में है? ह्न यह बात सर्वथा झूठ है।

भावार्थ ह्न वेश्या ही नरक है, नरक का द्वार है।

२४. वेश्या की अत्यन्त निन्दनीय दशा

आर्या

रजकशिलासदृशीभिः, कुर्कुरकर्परसमानचरिताभिः।
गणिकाभिर्यदि सङ्गः, कृतमिह परलोकवार्ताभिः।।२४।।

धोबी की शिला-सदृश जो, श्वान हेतु कंकाल अहो!।
वेश्या संग रमने वाले के, नष्ट हुए हैं दोनों लोक।।

अर्थ ह्न जो वेश्या, धोबी के कपड़े पछीटने की शिला के समान है अर्थात् जिस प्रकार शिला पर समस्त प्रकार के कपड़े लाकर पछीटे जाते हैं; उसी प्रकार इस वेश्या के साथ भी समस्त निकृष्ट से निकृष्ट जाति के मनुष्य आकर रमण करते हैं। अथवा इसका दूसरा आशय यह भी है कि जिस प्रकार शिला पर समस्त प्रकार के कपड़ों के मैल का संचय होता है, उसी प्रकार वेश्यारूपी शिला पर भी नाना जातियों के मनुष्यों के वीर्यरूपी मैल का समूह इकट्ठा होता है। जो वेश्या, कुत्तों के लिए कपाल के समान है अर्थात् जिस प्रकार मरे हुए मनुष्य के कपाल पर लड़तेह्नलड़ते नाना प्रकार के कुत्ते इकट्ठा होते हैं, उसी प्रकार इस वेश्या पर भी नाना जातियों के मनुष्य आकर टूटते हैं तथा नाना प्रकार से परस्पर में कलह करते हैं; इसलिए ऐसी निकृष्ट वेश्याओं के साथ यदि कोई पुरुष सम्बन्ध रखे तो समझ लेना चाहिए कि उसका परलोक नष्ट हो चुका है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, वेश्याओं के साथ सम्बन्ध रखते हैं, उनके इहलोक तथा परलोक दोनों सर्वथा बिगड़ जाते हैं।

२५. शिकार व्यसन का निषेध

स्रग्धरा

या दुर्देहैकवित्ता, वनमधिवसति, त्रातृसम्बन्धहीना;
भीतिर्यस्यां स्वभावात्, अशनधृततृणा, नाऽपराधं करोति।
वध्यालं सापि यस्मिन्, ननुमृगवनिता,-मांसपिण्डस्य लोभात्;
आखेटेऽस्मिन् रतानामिहकिमु न किमन्यत्र नो यद्विरूपम्।।२५।।

देह मात्र ही धन है वन में, वसती रक्षक नहिं कोई।
तृण-भक्षी भयभीत स्वभावी, नहिं अपराध करे कोई।।
मांस-पिण्ड के लोभी तथा, शिकारी उसका घात करें।
रोग-शोक इस भव में हो अरु, नरकादिक में दु:ख भोगें।।

अर्थ ह्न जिस बिचारी मृगी के पास देह के सिवाय दूसरा कोई धन नहीं है, जो सदा वन में ही भ्रमण करती रहती है, जिसका कोई भी रक्षा करने वाला नहीं है, जिसको स्वभाव से ही भय लगता है, जो केवल तृण को ही खाने वाली है और जो किसी का लेश मात्र भी अपराध नहीं करती ह्न ऐसी दीन मृगी को, जो केवल मांस के टुकड़े के लोभी तथा शिकार-

प्रेमी बिना कारण मारते हैं, उनको इस लोक में तथा परलोक में नाना प्रकार के विरुद्ध कार्यों का सामना करना पड़ता है अर्थात् इस लोक में तो वे दुष्ट पुरुष, रोग-शोक आदि दुःखों का अनुभव करते हैं तथा परलोक में भी उनको नरक जाना पड़ता है।

२६. शिकार में आनन्द मानना अत्यन्त निन्दनीय

मालिनी

तनुरपि यदि लग्ना, कीटिका स्याच्छरीरे;
भवति तरलचक्षुः, व्याकुलो यः स लोकः।
कथमिह मृगयाप्ता,-नन्दमुत्खात शस्त्रो;
मृगमकृतविकारं, ज्ञातदुःखोऽपि हन्ति।।२६।।

तन में किञ्चित् कीड़ा काटे, आँसू आवें व्याकुल हो।
दुःख जाने पर खुश होकर, पशुघात करें तो अचरज हो।।

अर्थ ह्न आचार्य महाराज कहते हैं कि जो मनुष्य, शरीर पर किसी प्रकार कीड़ी आदि से सम्बन्ध हो जाने पर ही अधीर होकर, जहाँ-तहाँ देखने लग जाता है अर्थात् उसको वह चींटी आदि का सम्बन्ध ही पीड़ा को पैदा करने वाला हो जाता है तथा जो दुःख को भलीभाँति जानने वाला है ह्न ऐसा मनुष्य भी शिकार में आनन्द मान कर, निरपराध दीन मृगों को हथियार उठा कर मारता है ह्न यह बड़ा आश्चर्य है।

भावार्थ ह्न बिना जाने किसी कार्य को करने में आश्चर्य नहीं, किन्तु जो भलीभाँति अपने तथा पर के दुःख को जान कर भी ऐसा दुष्ट काम करता है, उसके लिए आश्चर्य है।

२७. चोरी व्यसन का निषेध

शार्दूलविक्रीडित

यो येनैव हतः स तं हि बहुशो, हन्त्येव यैर्वञ्चितो;
नूनं वञ्चयते स तानपि भृशं, जन्मान्तरेऽप्यत्र च।
स्त्रीबालादिजनादपि स्फुटमिदं, शास्त्रादपि श्रूयते;
नित्यं वञ्चनहिंसनोज्झनविधौ, लोकाः कुतो मुह्यते।।२७।।

जो जिसको मारे वह उससे, मारा जाता बारम्बार।
जो जिसको ठगता उससे ही, ठगा जाए वह बारम्बार।।
शास्त्रों से यह बात जानते, किन्तु बड़ा आश्चर्य अरे!।
मूढ़ जगत् यह अन्यजनों को, सदा ठगे या प्राण हरे।।

अर्थ ह्न स्त्री बालक आदि के माध्यम से तथा शास्त्र से जब यह बात भलीभाँति मालूम होती है कि जो प्राणी, इस जन्म में एक बार भी दूसरे प्राणी को मारता है, वह दूसरे जन्मों में और इसी जन्म में भी उस मरे हुए प्राणी से अनन्त बार मारा जाता है। जो मनुष्य, इस जन्म में एक बार भी दूसरे प्राणी को ठगता है, वह दूसरे जन्मों में और इसी जन्म में भी बार-बार उसी ठगे हुए प्राणी से ठगाया जाता है। फिर भी हे लोक! तू दूसरे के ठगने, मारने आदि में दिन-रात लगा रहता है, तू उन क्रियाओं को छोड़ने में क्यों संकोच करता है? ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे ऐसे अनर्थ के करने वाले दूसरे के मारने, ठगने आदि में अपने चित्त को न लगावें।

२८. दूसरे को ठगना भी उसकी हिंसा करने के समान

अर्थादौ प्रचुरप्रपञ्चरचनैः, ये वञ्चयन्ते परान्;
नूनं ते नरकं व्रजन्ति पुरतः, पापव्रजादन्यतः।
प्राणाः प्राणिषु तन्निबन्धनतया, तिष्ठन्ति नष्टे धने;
यावान् दुःखभरो नरे न मरणे, तावानिह प्रायशः।।२८।।

जो नर छल-प्रपंच आदि से, सदा दूसरों को ठगते।
अन्य पापियों से भी पहले, वे ही नरकों में जाते।।
प्राणों में धन-प्राण मुख्य है, वही नष्ट जब हो जाता।
अरे! मृत्यु के दुःख से ज्यादा, दुःख धन जाने पर होता।।

अर्थ ह्न जो दुष्ट मनुष्य, नाना प्रकार के छल-कपट, दगाबाजी से दूसरे मनुष्यों को धन आदि के लिए ठगते हैं, उनको दूसरे पापीजनों से पहिले ही नरक जाना पड़ता है क्योंकि 'धनं वै प्राणाः' ह्न इस नीति के अनुसार मनुष्यों के धन ही प्राण हैं; यदि किसी रीति से उनका धन नष्ट हो जाए तो उनको इतना प्रबल दुःख होता है कि जितना उनको मरते समय भी नहीं होता; इसलिए प्राणियों को चाहिए कि वे दूसरे के प्राणस्वरूप धन को कदापि हरण न करें तथा न हरण करने का प्रयत्न करें।

२९. पर-स्त्री-सेवन व्यसन का निषेध

शार्दूलविक्रीडित

चिन्ताव्याकुलताभयारतिमति, - भ्रंशातिदाहभ्रम-;
क्षुत्तृष्णाहतिरोगदुःखमरणान्येतान्यहो आसताम्।

यान्यत्रैव पराङ्गनाहितमतेः, तद्भूरि दुःखं चिरं;
श्वभ्रे भावि यदग्निदीपितवपुः,लोहाङ्गनालिङ्गनात्।।२९।।

चिन्ता व्याकुलता भय एवं, बुद्धि-भ्रष्ट भ्रम देहाताप।
क्षुधा-तृषा अरु जन्म-मरण, रोगादि दुःख देते बहु ताप।।
इससे अधिक दुःख चिर भोगे, जो करता परनारी-संग।
नरकों में फिर वह करता है, तप्त लौह-वपु आलिंगन।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, पर-स्त्री का सेवन करने वाले हैं, उनको इसी लोक में जो चिन्ता, व्याकुलता, भय, द्वेष, बुद्धि का भ्रष्टपना, शरीर का दाह, भूख-प्यास, रोग, जन्म-मरणादिक दुःख होते हैं, वे कोई अधिक दुःख नहीं; किन्तु जिस समय उन परस्त्री-सेवी मनुष्यों को नरक में जाना पड़ता है तथा वहाँ पर, जब उनको परस्त्री की जगह लोहे की पुतली से आलिंगन करना पड़ता है, तब उनको अधिक दुःख होता है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, पर-स्त्री-सेवी हैं, उनको निरन्तर अनेक प्रकार की चिन्ताएँ लगी रहती हैं। उस स्त्री से मैं कैसे मिलूँ? कैसे उसको प्रसन्न करूँ? इस प्रकार निरन्तर उनको आकुलता बनी रहती है। कोई हमें संभोग करते देख न लेवे, कोई मार न देवे; इस प्रकार उनको सदा भय भी लगा रहता है। पर-स्त्री-सेवन करने वाले मनुष्य की किसी के साथ प्रीति भी नहीं होती, सबके साथ द्वेष ही रहता है। पर-स्त्री सेवन करने वाले मनुष्य की बुद्धि भी भ्रष्ट हो जाती है क्योंकि उसको माता-बहिन-पुत्री आदि का कुछ भी ध्यान नहीं रहता।

जो मनुष्य, पर-स्त्री के विलासी हैं; उनका शरीर सदा काम-ज्वर से सन्तप्त रहता है। परस्त्री-सेवी पुरुषों को भूख-प्यास आदि नाना प्रकार के दुःख भी आकर सताते रहते हैं। उनको अनेक प्रकार के गर्मी आदि प्राणघातक रोगों का भी सामना करना पड़ता है। अनेक प्रकार के दुःख भी उन्हें भोगने पड़ते हैं और अन्त में वे मर भी जाते हैं। ये तो इस भव के दुःख हैं, किन्तु जिस समय वे परभव में नरक जाते हैं, उस समय उनको गरम की हुई लोहे की पुतली से चिपका दिया जाता है तथा कहा जाता है कि जिस प्रकार तुमने पूर्वभव में पर-स्त्री के साथ संभोग किया था, वैसी ही यह स्त्री है, इसके साथ भी वैसे ही संभोग करो, तब उनको और भी अधिक दुःख होता है। इसलिए उत्तम पुरुषों को चाहिए कि वे किसी भी पर-स्त्री साथ सम्बन्ध न रखें।

३०. स्वप्न में भी परस्त्री-सेवन को धिक्कार!

धिक् तत्पौरुषमासतामनुचिताः, ता बुद्धयस्ते गुणाः;
मा भून्मित्रसहायसम्पदपि सा, तज्जन्म यातु क्षयम्।
लोकानामिह येषु सत्सु भवति, व्यामोहमुद्रांकितं;
स्वप्नेऽपि स्थितिलङ्घनात्परधन,-स्त्रीषु प्रसक्तं मनः।।३०।।

मोही होकर जो प्राणी, करते मर्यादा उल्लंघन।
स्वप्न मात्र भी पर-नारी, परधन में रमता जिनका मन।।
दूर रहे ऐसी कुबुद्धि अरु, उस पौरुष को है धिक्कार।
ऐसे गुण-सम्पत्ति नहिं होवे, नहीं मित्रजन का सहकार।।

अर्थ ह्न जिस पौरुष आदि के होने पर, अपनी स्थिति का उल्लंघन कर, मोह से स्वप्न में भी परस्त्री तथा परधन में मनुष्यों का मन आसक्त हो जाए ह्न ऐसे उस पौरुष को धिक्कार है तथा वह अनुचित बुद्धि भी दूर रहो, वे गुण भी नहीं चाहिए और ऐसे मित्रों की सहायता तथा सम्पत्ति की भी आवश्यकता नहीं है।

भावार्थ ह्न जागृत अवस्था की तो क्या बात? जिस पौरुष आदि के होने पर मनुष्यों का चित्त, स्वप्न में भी यदि पर-स्त्री में आसक्त हो जाए तो ऐसे पौरुष आदि की कोई आवश्यकता नहीं; इसलिए भव्य जीवों को कदापि पर-स्त्री में चित्त नहीं लगाना चाहिए।

३१. जुआ आदि खेलने से नष्ट होने वालों के उदाहरण

द्यूताद्धर्मसुतः पलादिह बको, मद्याद्यदोर्नन्दनाः;
चारुः कामुकया मृगान्तकतया, स ब्रह्मदत्तो नृपः।
चौर्यत्वाच्छिवभूतिरन्यवनिता,-दोषाद्दशास्यो हठात्;
एकैकव्यसनाऽहता इति जनाः, सर्वैर्न को नश्यति।।३१।।

जुआ मांस अरु मद्य-पान से, धर्मराज बक यदुनन्दन।
मृग-क्रीड़ा से ब्रह्मदत्त नृप, चारुदत्त वेश्या-सेवन।।
चोरी से शिवभूति पुरोहित, पर-नारी से रावण नष्ट।
एक व्यसन-सेवन से होते, सब से नहीं कौन-सा कष्ट?।।

अर्थ ह्न जुआ खेलने से तो **युधिष्ठिर** नामक राजा राज्य से भ्रष्ट हुए, उनको नाना प्रकार के दुःख उठाने पड़े। **मांसभक्षण** से **बक** नाम का राजा राज्य से भ्रष्ट हुआ, अन्त

में नरक गया। **मद्य** पीने से **यदुवंशी राजा के पुत्र** नष्ट हुए। **वेश्या** के सेवन से **चारुदत्त सेठ** दरिद्रावस्था को प्राप्त हुए तथा और भी नाना प्रकार के दुःखों का सामना उनको करना पड़ा। **शिकार** की लोलुपता से **ब्रह्मदत्त नाम का राजा** राज्य से भ्रष्ट हुआ तथा उसे नरक जाना पड़ा। **चोरी** व्यसन से **शिवभूति** नामक पुरोहित को गोबर खाना, सर्व धन हरण हो जाना आदि नाना प्रकार के दुःखों को सहन करना पड़ा तथा अन्त में मल्ल की मुष्टि से मर कर नरक जाना पड़ा। **परस्त्री-सेवन** से **रावण** को अनेक दुःख भोगने पड़े तथा मर कर नरक जाना पड़ा।

आचार्य कहते हैं कि एक-एक व्यसन के सेवन से जब इन मनुष्यों की ऐसी बुरी दशा हुई तथा ये नष्ट हुए; तब जो मनुष्य, इन सभी व्यसनों का सेवन करने वाला हो, वह क्यों नहीं नष्ट होगा? इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे किसी भी व्यसन के फन्दे में न पड़ें।

३२. सप्त व्यसनों के अलावा अन्य व्यसन

आर्या

न परमियन्ति भवन्ति, व्यसनान्यपराण्यपि प्रभूतानि।
त्यक्त्वा सत्पथमपथ,-प्रवृत्तयः क्षुद्रबुद्धीनाम्।।३२।।

क्षुद्र-बुद्धि से श्रेष्ठ मार्ग को, तज कुमार्ग में करें गमन।
यह प्रवृत्ति भी व्यसन जानिये, मात्र नहीं हैं सप्त व्यसन।।

अर्थ ह्न आचार्य महाराज और भी उपदेश देते हैं कि जिन व्यसनों का ऊपर कथन किया गया है, वे ही व्यसन हैं ह्न ऐसा नहीं समझना चाहिए, किन्तु और भी व्यसन हैं। व्यसन का तात्पर्य है कि अल्पबुद्धि मिथ्यादृष्टियों का श्रेष्ठ मार्ग छोड़ कर निकृष्ट मार्ग में प्रवृत्त हो जाना। इसलिए जीवों को चाहिए कि वे व्यसनों से रक्षा के लिए निकृष्ट मार्गों में प्रवृत्ति न करें।

भावार्थ ह्न भाव यह है कि जो असत् प्रवृत्तियाँ, मनुष्य को सन्मार्ग से भ्रष्ट करती हैं, उनका नाम **व्यसन** है। ये व्यसन अनेक प्रकार के हो सकते हैं, उनमें सात प्रमुख हैं।

३३. व्यसन ही प्राणियों के शत्रु

शार्दूलविक्रीडित

सर्वाणि व्यसनानि दुर्गतिपथाः, स्वर्गापवर्गार्गलाः;
वज्राणि व्रतपर्वतेषु विषमाः, संसारिणां शत्रवः।
प्रारम्भे मधुरेषु पाककटुकेष्वेतेषु सद्धीधनैः;
कर्तव्या न मतिर्मनागपि हितं, वांछद्भिरत्रात्मनः।।३३।।

सभी व्यसन हैं दुर्गति पथ, अरु स्वर्ग-मोक्ष के अवरोधक।
परम शत्रु हैं सब प्राणी के, महावज्र हैं व्रत-पर्वत।।
पहले तो ये मधुर लगें पर, महाकटुक है इनका अन्त।
अत: न किञ्चित् सेवें इनको, आत्म-हितैषी सत् धीमन्त।।

अर्थ ह्न जिन मनुष्यों की बुद्धि निर्मल है तथा जो अपनी आत्मा का हित चाहते हैं, उनको कदापि व्यसनों की ओर नहीं झुकना चाहिए क्योंकि ये समस्त व्यसन, दुर्गति को ले जाने वाले हैं, स्वर्गह्नमोक्ष के प्रतिबन्धक हैं, समस्त व्रतों को नाश करने वाले हैं, जीवों के परम शत्रु हैं। प्रारम्भ में मधुर होने पर भी अन्त में कटुक हैं, इसलिए इनसे स्वप्न में भी हित की आशा नहीं करना चाहिए।

३४. व्यसनी पुरुषों की संगति का निषेध

वसन्ततिलका

मिथ्यादृशां, विसदृशां च पथच्युतानां;
मायाविनां, व्यसनिनां च खलात्मनां च।
संगं विमुञ्चत बुधाः कुरुतोत्तमानां;
गन्तुं मतिः, यदि समुन्नतमार्ग एव।।३४।।

श्रेष्ठ मार्ग पर चलना हो तो, करो श्रेष्ठ पुरुषों का संग।
मिथ्यादृष्टि मार्गभ्रष्ट, व्यसनी दुष्टों का तजो कुसंग।।

अर्थ ह्न हे भव्य जीवों! यदि तुम उत्तम मार्ग में जाना चाहते हो तो तुम कदापि मिथ्यादृष्टि, विपरीत बुद्धि, मार्गभ्रष्ट, छली, व्यसनी, दुष्ट जीवों के साथ सम्बन्ध मत करो। यदि तुमको सम्बन्ध ही करना है तो उत्तम मनुष्यों के साथ ही सम्बन्ध रखो।

भावार्थ ह्न जैसी संगति की जाती है, उसी प्रकार के फल की प्राप्ति होती है। यदि तुम मिथ्यादृष्टि आदि दुष्ट पुरुषों के साथ संगति करोगे तो तुमको कदापि उत्तम मार्ग आदि की प्राप्ति नहीं हो सकती। यदि तुम उत्तम मनुष्यों की संगति करोगे तो तुमको नाना प्रकार के गुणों की और उत्तम मार्ग की प्राप्ति होगी। इसलिए यदि तुम उत्तम मार्ग की प्राप्ति करना चाहते हो तो तुमको उत्तम मनुष्यों की ही संगति करना चाहिए।

३५. दुष्ट पुरुषों के मिष्ट वचनों से सावधान!

स्निग्धैरपि, ब्रजत मा सह सङ्गमेभिः;
क्षुद्रैः कदाचिदपि पश्यत सर्षपाणाम्।

स्नेहोऽपि, संगतिकृतः खलताश्रितानां;
लोकस्य पातयति निश्चितमश्रुनेत्रात्।।३५।।

मृदुभाषी हो तो भी दुष्टों से न कभी रखना सम्बन्ध।
सरसों तेल लगे किञ्चित् भी, तो नहिं होते आँसू बन्द।।

अर्थ ह्न यह नियम है कि दुष्ट पुरुष, जब अपना काम निकालना चाहते हैं, तब मीठे वचनों से ही निकालते हैं; किन्तु आचार्य इस बात का उपदेश देते हैं कि दुष्ट पुरुष, चाहे जैसे सरल तथा मिष्टवादी क्यों न हों? लेकिन उनके साथ सज्जनों को कदापि सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए क्योंकि हम इस बात को प्रत्यक्ष देखते हैं कि जब सरसों खलरूप में परिणत हो जाती हैं, उस समय उससे निकला हुआ तेल, आँखों में लगते ही मनुष्यों को अश्रुपात होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार 'खल' का अर्थ, 'खल' भी होता है और 'दुष्ट' भी, उसी प्रकार 'स्नेह' का अर्थ 'प्रीति' भी होता है और 'तेल' भी। जब तक सरसों अपनेरूप में रहती है, तब तक वह किसी का कुछ भी बिगाड़ नहीं करती, किन्तु जिस समय उसकी खलरूप पर्याय हो जाती है, उस समय उससे उत्पन्न हुआ तेल, आँखों में लगते ही मनुष्यों को अश्रुपात हो जाता है। उसी प्रकार जब तक मनुष्य सज्जन रहते हैं, तब तक तो वे किसी का कुछ भी बिगाड़ नहीं करते, किन्तु जिस समय वे दुष्ट हो जाते हैं, उस समय उनसे उत्पन्न हुई प्रीति, मनुष्यों को नाना प्रकार के दुःखों का अनुभव कराती है। इसीलिए सज्जनों को चाहिए कि वे किसी प्रकार भी दुष्ट के साथ सम्बन्ध न रखें।

३६. कलिकाल में प्रायः सज्जनों का अभाव

शिखरणी

कलावेकः साधुः, भवति कथमप्यत्र भुवने;
स चाघ्रातः क्षुद्रैः, कथमकरुणैर्जीवति चिरम्।
अतिग्रीष्मे शुष्यत्सरसि विचरच्चञ्चुचरतां;
बकोटानामग्रे, तरलशफरी गच्छति कियत्।।३६।।

कलिकाल में इस दुनिया में, कहीं कोई साधु होता।
वह भी दुष्टों के आघातों से, चिरजीवी नहिं होता।।
ग्रीष्म ऋतु में सूखे सर में, चोंच हिलाते बगुलों से।
चञ्चल मछली कहाँ जाए वह, कैसे बच सकती उनसे?।।

अर्थ ह्न जिस समय ग्रीष्म ऋतु में तालाबों का पानी सूख जाता है, उस समय पानी के अभाव में ही बेचारी मछलियाँ मर जाती हैं। यदि दैवयोग से दस-पाँच बची भी रहें तो लम्बी चोंचों के धारी बगुले बात ही बात में उनको गटक जाते हैं; इसलिए ग्रीष्म ऋतु में मछलियों का नामोह्ननिशान भी दृष्टिगोचर नहीं होता। उसी प्रकार प्रथम तो इस कलिकाल में सज्जन उत्पन्न ही नहीं होते। यदि दैवयोग से कोई उत्पन्न होते हैं तो दयारहित दुष्ट पुरुषों के फन्दे में फँस कर, अधिक समय तक जीवित रह नहीं पाते; इसलिए इस कलिकाल में प्राय: सज्जनों का अभाव ही है।

३७. दुष्ट पुरुषों का सम्पर्क भी बुरा

मालिनी

इह वरमनुभूतं, भूरि दारिद्र्य-दु:खं;
वरमतिविकराले, कालवक्त्रे प्रवेश:।
भवतु वरमितोऽपि, क्लेशजालं विशालं;
न च खलजनयोगात्, जीवितं वा धनं वा।।३७।।

निर्धनता या मर जाने का, दु:ख भोगना श्रेष्ठ अरे!।
अन्य क्लेश भी उत्तम पर, नहिं दुष्ट-संग धन या जीवन।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि संसार में दरिद्रता का दु:ख भोगना अच्छा है अथवा मर जाना अच्छा है अथवा और भी सांसारिक नाना प्रकार की पीड़ाओं का सहन करना उत्तम है; किन्तु दुष्टजन के साथ जीना तथा दुष्टजन के साथ धन कमाना उत्तम नहीं।

३८. मुनिधर्म में पंचाचार, दश धर्म, बारह तप, मूलगुण, उत्तरगुण आदि का पालन

शार्दूलविक्रीडित

आचारो दशधर्मसंयमतपो,-मूलोत्तराख्या गुणा:;
मिथ्यामोहमदोज्झनं शमदम,-ध्यानाऽप्रमादस्थिति:।
वैराग्यं समयोपबृंहणगुणा, रत्नत्रयं निर्मलं;
पर्यन्ते च समाधिरक्षयपदानन्दाय धर्मो यते:।।३८।।

पंचाचार धर्म दश संयम तप अरु मूलोत्तर-गुणखान।
मिथ्या मोह तथा मद त्यागी, शम-दम-अप्रमाद अरु ध्यान।।
निर्मल रत्नत्रय वैराग्य, तथा शासन-वर्धक गुणवान।
मरण-समाधि सुशोभित मुनिधर्म, अक्षय आनन्ददायक जान।।

अर्थ ह्न जिस धर्म में दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चरित्राचार, तपाचार व वीर्याचार ह्न इस प्रकार पाँच प्रकार के आचार; उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य ह्न इस प्रकार का दश धर्म; बारह प्रकार का संयम, बारह प्रकार का तप, अट्ठाईस प्रकार के मूलगुण, चौरासी लाख उत्तरगुण, मिथ्यात्व-मोह-मद का त्याग, शम-दम-ध्यान तथा प्रमादरहित स्थिति, वैराग्य, जिनशासन की महिमा के बढ़ाने वाले अनेक गुण, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र स्वरूप निर्मल रत्नत्रय तथा अन्त में समाधि विद्यमान है ह्न ऐसा मुनियों का धर्म, अक्षयपद के आनन्द के लिए है।

३९. मुनिव्रत-धारण करना, शरीरादि के त्याग में हेतुभूत क्रिया

स्वं शुद्धं प्रविहाय चिद्गुणमयं, भ्रान्त्याणुमात्रेऽपि यत्;
सम्बन्धाय मतिः परे भवति तद्,-बन्धाय मूढात्मनः।
तस्मात्त्याज्यमशेषमेव महता,-मेतच्छरीरादिकं;
तत्कालादिविनादियुक्तित इदं, तत्त्यागकर्म व्रतम्।।३९।।

शुद्ध चिदानन्दमय स्वरूप तज, अणुमात्र पर में निज-भ्रान्ति।
मूढ़जनों की इस कुबुद्धि से, होता मात्र कर्म का बन्ध।।
इसीलिए देहादि समस्त पदार्थों में ममता है त्याज्य।
आयुकर्म वश देह रहे तो भी, मुनि होना तन का त्याग।।

अर्थ ह्न अपने शुद्ध चैतन्य को छोड़ कर, परमाणु मात्र परपदार्थों में भी चैतन्यगुण के भ्रम से यदि मूढ़ पुरुषों की बुद्धि लग जाए तो उस बुद्धि से केवल कर्मबन्ध ही होता है; इसलिए सज्जन पुरुषों को शरीर आदि के समस्त पदार्थों का त्याग अवश्य कर देना चाहिए। यदि आयुकर्म के प्रबल होने से शरीरादि का त्याग न हो सके तो शरीरादि के त्याग करने के लिए मुनिव्रत ही धारण करना योग्य है क्योंकि मुनिव्रत धारण करना ही शरीर आदि के त्याग करने में हेतुभूत क्रिया है।

४०. प्रथम मूलगुणों का धारण, पश्चात् उत्तरगुणों का पालन

मुक्त्वा मूलगुणान् यतेर्विदधतः, शेषेषु यत्नं परं;
दण्डो मूलहरो भवत्यविरतं, पूजादिकं वाञ्छतः।
एकं प्राप्तमरेः प्रहारमतुलं, हित्वा शिरश्छेदकं;
रक्षत्यंगुलिकोटिखण्डनकरं,कोऽन्यो रणे बुद्धिमान्।।४०।।

मूलगुणों को छोड़ यत्न करता उत्तरगुण-पालन में।
पूजादिक वाञ्छक को देते, दण्ड मूलगुण-छेदन में।।
कौन सुधी रण में शिर-छेदक, के प्रहार से नहीं बचे?।
अंगुलि-छेदक अल्पप्रहार से, रक्षा करना वह चाहे?।।

अर्थ ह्न युद्ध करते समय अनेक प्रकार के प्रहार होते हैं; उनमें कई तो शिर के छेदने वाले होते हैं और कई अंगुलि के अग्र भाग को छेदने वाले होते हैं। यदि कोई पुरुष शिर के छेदने वाले प्रहार को छोड़ कर, अंगुली के अग्र भाग का छेदन करने वाले प्रहार से अपनी रक्षा करे तो जिस प्रकार उसका रक्षा करना व्यर्थ है; उसी प्रकार जो यति, मूलगुणों को छोड़ कर शेष उत्तरगुणों को पालन करने के लिए प्रयत्न करते हैं तथा निरन्तर पूजा आदि को चाहते हैं, उनको आचार्य मूलछेदक दण्ड देते हैं। इसलिए मुनियों को प्रथम मूलगुणों को पालना चाहिए, पीछे उत्तरगुणों का पालन करना चाहिए।

४१. 'आचेलक्य' (नग्नता) मूलगुण का उद्देश्य

म्लाने क्षालनतः कुतः कृतजलाद्यारम्भतः संयमो;
नष्टे व्याकुलचित्ततथ महता,-मप्यन्यतः प्रार्थनम्।
कौपीनेऽपि हते परैश्च झटिति, क्रोधः समुत्पद्यते;
तन्नित्यं शुचि रागहृत् शमवतां, वस्त्रं ककुम्मण्डलम्।।४१।।

वस्त्र मलिन होने पर करना, पड़े जलादिक का आरम्भ।
फटने पर आकुलता हो, माँगे तो नष्ट अयाचक गुण।।
यदि कोई ले जाए लँगोटी, तो क्रोधित होवे तत्काल।
अत: पवित्र राग-वर्जक, दिक्-मण्डल ही है उत्तम वस्त्र।।

अर्थ ह्न यदि संयमी वस्त्र रखता है तो उसके मलिन होने पर, उसे धोने के लिए जल आदि का आरम्भ उनको करना पड़ता है तथा यदि संयमी को जल आदि का आरम्भ करना पड़ता है तो उनका संयम ही कहाँ रहा? तथा यदि वह वस्त्र नष्ट हो जाए तो उनके चित्त में व्याकुलता उत्पन्न होती है। उसके लिए यदि वे किसी से प्रार्थना करते हैं तो उनकी अयाचक-वृत्ति छूटती है। यदि वे वस्त्रों को छोड़ कर कौपीन लँगोट ही रखें तो भी उसके खो जाने पर उनको क्रोध पैदा होता है। इसलिए समस्त वस्त्रों को त्याग कर, मुनिगणों को नित्य पवित्र, राग का नाशक, दिशामण्डलरूप ही वस्त्र है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

४२. 'केशलोंच' मूलगुण का उद्देश्य

काकिन्या अपि संग्रहो न विहितः, क्षौरं यया कार्यते;
चित्तक्षेपकृदस्त्रमात्रमपि वा, तत्सिद्धये नाश्रितम्।
हिंसाहेतुरहो जटाद्यपि तथा, यूकाभिरप्रार्थनैः;
वैराग्यादिविवर्धनाय यतिभिः, केशेषु लोचः कृतः।।४२।।

कौड़ी का भी नहीं परिग्रह, अतः कटा सकते नहिं केश।
कैंची आदि शस्त्र न रखते, क्योंकि उपजता चित में क्लेश।।
जटा रखें तो हिंसा होती, अतः अयाचक-वृत्ति रखें।
वैराग्यादि बढ़ाने हेतु, यति स्वयं कचलोंच करें।।

अर्थ ह्न मुनिगण, अपने पास एक कौड़ी भी नहीं रखते, जिससे वे दूसरे के द्वारा मुण्डन करा सकें। मुण्डन के लिए छुरा, कैंची आदि शस्त्र भी नहीं रखते क्योंकि उनके रखने से क्रोधादि की उत्पत्ति होती है। वे जटा भी नहीं रख सकते क्योंकि जटाओं में जुएँ आदि अनेक जीवों की उत्पत्ति होती है? उसे रखने से हिंसा होती है तथा मुण्डन कराने के लिए वे दूसरे से द्रव्य भी नहीं माँग सकते क्योंकि इससे उनकी अयाचक-वृत्ति का परिहार होता है। इसलिए वैराग्य की अतिशय वृद्धि के लिए ही मुनिगण, अपने हाथों से केशों को उपाटते हैं, इसमें अन्य कोई मानादि कारण नहीं है।

४३. 'स्थितिभोजन' मूलगुण का उद्देश्य

यावन्मे स्थितिभोजनेऽस्ति दृढता, पाण्योश्च संयोजने;
भुञ्जे तावदहं रहाम्यथ विधा,-वेषा प्रतिज्ञा यतेः।
कायेऽप्यस्पृहचेतसोऽन्त्यविधिषु, प्रोल्लासिनः सन्मतेः;
न ह्येतेन दिवि स्थितिर्न नरके, सम्पद्यते तद्विना।।४३।।

जब तक तन में खड़े-खड़े, आहार-ग्रहण की शक्ति रहे।
तब तक भोजन करें अन्यथा नहीं, प्रतिज्ञा यति करें।।
तन ममत्व तज जो समाधि-विधि में अति उत्साहित होते।
वे यति जाते स्वर्ग अन्यथा, नरकों में स्थिति करते।।

अर्थ ह्न जो मुनिगण, अपने शरीर से भी ममत्वरहित हैं, समाधिमरण करने में उत्साही हैं तथा श्रेष्ठ ज्ञान के धारक हैं; उनकी यह कड़ी प्रतिज्ञा रहती है कि जब तक हमारी खड़े

होकर आहार लेने की तथा दोनो हाथों को जोड़ने की शक्ति मौजूद है, तब तक ही हम भोजन करेंगे, नहीं तो कदापि नहीं करेंगे; जिससे उनको स्वर्ग की प्राप्ति होती है तथा नरक में नहीं जाना पड़ता, किन्तु जो इस प्रतिज्ञा से रहित हैं, उनको अवश्य नरक जाना पड़ता है।

४४. मुनिराज द्वारा ममत्वरहित होने का उपदेश-चिन्तन

एकस्यापि ममत्वमात्मवपुषः, स्यात्संसृतेः कारणं;
का बाह्यार्थकथा प्रथीयसि तपस्याऽऽराध्यमानेऽपि च।
तद्वास्यां हरिचन्दनेऽपि च समः, संश्लिष्टतोऽप्यङ्गतो;
भिन्नं स्वं स्वयमेकमात्मनि धृतं, पश्यत्यजस्रं मुनिः।।४४।।

तप-आराधन करके भी यदि, देह मात्र में हो ममता।
तो संसार-भ्रमण होता फिर, बाह्य वस्तु की कौन कथा?।।
अतः देह पर पड़े कुल्हाड़ी, या होवे चन्दन का लेप।
तो भी निज को निज से निज में, मुनिवर तन से भिन्न लखें।।

अर्थ ह्न विस्तीर्ण तप का आराधन करने पर भी यदि अपने एक शरीर में भी 'यह मेरा है' ह्न ऐसा ममत्व हो जाए तो वह ममत्व ही संसार-परिभ्रमण का कारण हो जाता है। तब यदि शरीर से अतिरिक्त धन-धान्य में ममता की जाएगी तो वह ममता क्या न करेगी? ह्न ऐसा जान कर, चाहे कोई उनके शरीर में कुल्हाड़ी मारे, चाहे उनके शरीर में चन्दन का लेप करे तो भी कुल्हाड़ी और चन्दन में समभावी होकर, मुनिगण क्षीर-नीर के समान आत्मा-शरीर का सम्बन्ध होने पर भी स्वयं अपने में, अपने से, अपने को निरन्तर भिन्न देखते हैं।

४५. शान्तरस के लोलुपी निर्ग्रन्थ मुनियों के समताभाव का स्वरूप

शिखरिणी

तृणं वा रत्नं वा, रिपुरथ परं मित्रमथवा;
सुखं वा दुःखं वा, पितृवनमहो सौधमथवा।
स्तुतिर्वा निन्दा वा, मरणमथवा जीवितमथ;
स्फुटं निर्ग्रन्थानां, द्वयमपि समं शान्तमनसाम्।।४५।।

तृण हो अथवा रत्न तथा, रिपु हो या परम मित्र भी हो।
सुख हो अथवा दुख हो, राजमहल हो या मसान-भू हो।।

निन्दा हो अथवा स्तुति हो, मरण होय या जीवन हो।
सबमें समता धारण करते, शान्त चित्त निर्ग्रन्थ अहो!।।

अर्थ ह्न शान्तरस के लोलुपी मुनियों को तृण या रत्न, मित्र या शत्रु, सुख या दुःख, श्मशानभूमि या राजमन्दिर, स्तुति या निन्दा, मरण या जीवन; सब समान हैं।

भावार्थ ह्न जो मुनि, परिग्रह से रहित और शान्तस्वरूप हैं; वे तृण से घृणा भी नहीं करते हैं और रत्न को अच्छा भी नहीं समझते हैं। अपने हित के करने वाले को मित्र नहीं समझते तथा अहित करने वाले को वैरी नहीं समझते हैं। सुख होने पर सुख नहीं मानते हैं तथा दुःख होने पर दुःख नहीं मानते हैं। श्मशान-भूमि को बुरी नहीं कहते हैं तथा राजह्नमन्दिर को अच्छा नहीं कहते हैं। स्तुति होने पर सन्तुष्ट नहीं होते हैं तथा निन्दा होने पर रुष्ट नहीं होते हैं। इस प्रकार वे जीवनह्नमरण दोनों को ही समान मानते हैं।

४६. मुनियों के एकान्तवास में आत्मानन्द का अनुभव लेने की भावना

मालिनी

वयमिह निजयूथ,-भ्रष्टसारंगकल्पाः;
परपरिचयभीताः, क्वापि किंचिच्चरामः।
विजनमधिवसामो न व्रजामःप्रमादः;
सुकृतमनुभवामो,यत्र तत्रोपविष्टा।।४६।।

मृगवत् परिजन से च्युत होकर, यत्र-तत्र वन में विचरें।
फिर से परिचय ना हो जाए ह्न इस भय से एकान्त वसें।।
होवे नहीं प्रमाद कभी भी, अहो! सदा प्रतिबुद्ध रहें।
चाहे जहाँ बैठ कर कब हम, निजानन्द रस-पान करें?।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मृग, अपने समूह से जुदा होकर तथा दूसरों से भयभीत होकर जहाँ-तहाँ विचरता-फिरता है, एकान्त में रहता है, प्रतिसमय प्रतिबुद्ध रहता है, जहाँ-तहाँ बैठ कर आनन्द भोगता है; उसी प्रकार हम भी अपने कुटुम्बियों से जुदे हुए, परन्तु दूसरे गृहस्थों से परिचय न हो जावे, इससे भयभीत होकर, यहाँह्नवहाँ विचरते हैं, एकान्तवास में रहते हैं, प्रमादी नहीं होते तथा जहाँ-तहाँ बैठ कर अपने आत्मानन्द का अनुभव करते हैं।

४७. सुख-दु:ख में हर्ष-विषाद नहीं करने की भावना

मालिनी

कति न कति न वारान्, भूपतिर्भूरिभूतिः;
कति न कति न वारानत्र जातोऽस्मि कीटः।
नियतमिति न कस्याप्यस्ति सौख्यं न दुःखं;
जगति तरलरूपे, किं मुदा किं शुचा वा।।४७।।

बड़ी बड़ी सम्पति के धारक, भूपति कितनी बार हुए।
इस जग में हम क्षुद्र कीट भी, जाने कितनी बार हुए।।
अत: परिणमनशील जगत् में, सुख-दुख सदा नहीं रहते।
ऐसा निश्चित जान सुधीजन, हर्ष-विषाद नहीं करते।।

अर्थ ह्न इस संसार में हम कितनीह्नकितनी बार तो बड़ीह्नबड़ी सम्पत्ति के धारी राजा हो चुके हैं और कितनीह्नकितनी बार इसी संसार में हम क्षुद्र कीड़े भी हो चुके हैं; इसलिए यही मालूम होता है कि चंचलरूप इस संसार में किसी का सुख और दु:ख निश्चित नहीं है, अत: सुख और दु:ख के होने पर हर्ष और विषाद कदापि नहीं करना चाहिए।

४८. उक्त सम्यक् भावनाओं के द्वारा संवर-निर्जरापूर्वक मोक्ष की भावना

पृथ्वी

प्रतिक्षणमिदं हृदि, स्थितमतिप्रशान्तात्मनो;
मुनेर्भवति संवरः, परमशुद्धिहेतुर्ध्रुवम्।
रजः खलु पुरातनं, गलति नो नवं ढौकते;
ततोऽतिनिकटं भवेदमृतधाम दु:खोज्झितम्।।४८।।

परम शान्त स्थिरमति मुनि, प्रतिक्षण करते हैं उक्त विचार।
इससे परम शुद्धि उत्पादक, होता परिणति में संवर।।
आत्म-प्रदेशों में पहले से, बँधे कर्म खिरने लगते।
नये न आते दु:खरहित, अमृतमय मुक्ति निकट वसे।।

अर्थ ह्न परम शान्त मुद्रा के धारी मुनियों के द्वारा इस प्रकार भावना करने से परम शुद्धि का करनेवाला संवर होता है तथा उसके होने पर जो कुछ प्राचीन कर्म आत्मा के साथ लगे रहते हैं, वे गल जाते हैं, नवीन कर्मों का आगमन भी बन्द हो जाता है। इस प्रकार उन

मुनियों के लिए समस्त प्रकार के दुःखों से रहित मुक्ति भी सर्वथा समीप हो जाती है।

४९. उद्यमी महात्मा महामुनियों के लिए संसाररूपी समुद्र कुछ भी नहीं

शिखरिणी

प्रबोधो नीरन्ध्रं, प्रवहणममन्दं पृथुतपः;
सुवायुर्यैः प्राप्तो, गुरुगणसहायाः प्रणयिनः।
कियन्मात्रस्तेषां, भवजलधिरेषोऽस्य च परः;
कियद्दूरे पारः, स्फुरति महतामुद्यमयुताम् ।।४९।।

सम्यग्ज्ञान जहाज निरन्ध्र, अमन्द पवन तपरूपी हो।
बड़े-बड़े गुरुवर स्नेही जन, जिनके सदा सहायी हों।।
ऐसे उद्यमशील महामुनियों को भवदधि कितना है?।
चुल्लुभर रह गया अहो! बस, निकट किनारा आया है।।

अर्थ ह्न जिन मुनियों के पास छिद्ररहित सम्यग्ज्ञानरूपी जहाज मौजूद है, अमन्द विस्तीर्ण तपरूपी पवन भी जिनके पास है तथा स्नेही बड़ेह्नबड़े गुरु भी जिनके सहायी हैं; उन उद्यमी महात्मा मुनियों के लिए यह संसाररूपी समुद्र कुछ भी नहीं है तथा इस संसाररूपी समुद्र का पार भी उनके समीप में ही है।

भावार्थ ह्न जिस मनुष्य के पास छिद्ररहित जहाज, जहाज के लिए योग्य पवन तथा चतुर खेवटिया होते हैं; वह मनुष्य बात ही बात में समुद्र की दूरी को भी तय कर लेता है। उसी प्रकार जो मुनि सम्यग्ज्ञान के धारक हैं, विस्तीर्ण तप के करने वाले हैं और जिनके बड़ेह्नबड़े गुरु सहायी हैं; वे मुनि, शीघ्र ही संसार-समुद्र से तिर जाते हैं तथा मोक्ष, उनके सर्वथा समीप आ जाता है।

५०. भो मुनिगण! शुद्धात्मा का अनुभव करो और मोह को कृश करो

वसन्ततिलका

अभ्यस्यतान्तरदृशं किमु, लोकभक्त्या;
मोहं कृशीकुरुत किं, वपुषा कृशेन।
एतद्द्वयं यदि न किं, बहुभिर्नियोगैः;
क्लेशैश्च किं किमपरैः, प्रचुरैस्तपोभिः।।५०।।

हे मुनि! अन्तर्दृष्टि करो, क्या लाभ लोकरंजन में है?।
करो मोह कृश क्योंकि मात्र तन-कृश करने से क्या फल है?।।
यदि ये दोनों कार्य नहीं तो, संयम-नियम व्यर्थ जानो।
काय-क्लेश अरु प्रचुर तपस्या, करने से क्या लाभ कहो?।।

अर्थ ह्न भो मुनिगण! आनन्दस्वरूप शुद्धात्मा का अनुभव करो, लोक के रिझावने के लिए प्रयत्न मत करो, मोह को कृश करो, शरीर को कृश करने में कुछ भी नहीं रखा है क्योंकि जब तक तुम इन दो बातों को न करोगे, तब तक तुम्हारा यम-नियम करना भी व्यर्थ है, तुम्हारा क्लेश सहना भी बिना प्रयोजन का है और तुम्हारे द्वारा नाना प्रकार के किये हुए तप भी व्यर्थ हैं।

भावार्थ ह्न जब तक ज्ञानानन्दस्वरूप शुद्धात्मा का अनुभव न किया जाएगा तथा मोह को कृश न किया जाएगा, तब तक बाह्य में तुम चाहे जितना यम-नियम-उपवास-तप आदि करो, वे सब व्यर्थ ही हैं; इसलिए सबसे पहले तुम्हें ज्ञानानन्दस्वरूप शुद्धात्मा का अनुभव करना चाहिए, बाद में इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।

५१. कषायों को जीत कर पापों के नाश हेतु स्वस्थ होने का उपदेश

वंशस्थ

जुगुप्सते संसृतिमत्र मायया;
तितिक्षते प्राप्तपरीषहानपि।
न चेन्मुनिर्दृष्टकषायनिग्रहात्;
चिकित्सति स्वान्तमघप्रशान्तये।।५१।।

जग की निन्दा करें कपट से, और परीषह-सहन करें।
पाप-शान्ति के लिए यदि मुनि, नहीं कषायों को जीतें।।

अर्थ ह्न जो मुनि, आत्मा का सर्वथा अहित करने वाली दुष्ट कषायों को जीत कर, पापों के नाश के लिए अपने चित्त को स्वस्थ बनाना नहीं चाहता; वह मुनि, समस्त लोक के सामने कपट से संसार की निन्दा करता है तथा कपट से ही वह क्षुधा, तृषा आदि बाईस परीषहों को सहन करता है।

भावार्थ ह्न संसार का त्याग तथा परीषहों को जीतना, तब तक ही कार्यकारी माना जाता है, जब तक कि कषायों का नाश होवे तथा चित्त स्वस्थ रहे; किन्तु जिन मुनियों का चित्त, कषाय के नाश होने से शुद्ध ही नहीं हुआ है, वे मुनि क्या संसार का त्याग कर सकते

हैं? तथा क्या वे परीषहों को भी सहन कर सकते हैं? यदि वे संसार की निन्दा करें तथा परीषहों को सहन भी करें तो उनका वह सर्व कार्य, ढोंग से किया गया ही समझना चाहिए; इसलिए मुनियों को चाहिए कि वे पहले कषाय आदि को नाश कर, चित्त को शुद्ध बना लेंवें; बाद में संसार की निन्दा तथा परीषहों को सहन करें।

५२. धन के आश्रय से सच्चे मार्ग का नाश

शार्दूलविक्रीडित

हिंसा प्राणिषु कल्मषं भवति सा, प्रारम्भतः सोऽर्थतः;
तस्मादेव भयादयोऽपि नितरां, दीर्घा ततः संसृतिः।
तत्रासातमशेषमर्थत इदं, मत्वेति यस्त्यक्तवान्;
मुक्त्यर्थी पुनरर्थमाश्रितवता, तेनाहृतः सत्पथः।।५२।।

पापोत्पादक हिंसा, आरम्भ से होती, धन से आरम्भ।
धन से हो उत्पन्न भयादिक, जिनसे होता दीर्घ-भ्रमण।।
जग के घोर दु:ख सब धन से, यही जान जो करते त्याग।
वे ही मोक्षार्थी हैं किन्तु, धनाश्रित करते सत्पथ नाश।।

अर्थ ह्न प्राणियों को मारने से हिंसा पाप होता है; वह हिंसा, आरम्भ से होती है और वह आरम्भ, धन के होने पर होता है। धन के होने पर ही भय आदि की उत्पत्ति होती है, भय आदि के होने से दीर्घ संसार होता है तथा दीर्घ संसार से अनन्त दु:ख होते हैं; इस प्रकार सब बातें धन से होती हैं ह्न इस बात को जान कर, मोक्ष के अभिलाषी मुनियों ने धन का त्याग कर दिया है, किन्तु जिसने धन का आश्रय लिया है, उसने सच्चे मार्ग का नाश ही कर दिया है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

५३. कलिकाल का ही माहात्म्य

शार्दूलविक्रिडीत

दुर्ध्यानार्थमवद्यकारणमहो, निर्ग्रन्थताहानये;
शय्याहेतु तृणाद्यपि प्रशमिनां, लज्जाकरं स्वीकृतम्।
यत्तत्किं न गृहस्थयोग्यमपरं, स्वर्णादिकं साम्प्रतं;
निर्ग्रन्थेष्वपि चेत्तदस्ति नितरां, प्रायः प्रविष्टः कलिः।।५३।।

शैय्या हेतु गहें मुनि तृण भी, तो उससे होता दुर्ध्यान।
पाप और लज्जा का कारण, अपरिग्रह की होती हानि।।

तो गृहस्थ के योग्य धनादिक, कैसे रख सकते निर्ग्रन्थ?।
किन्तु रखें तो जानो यह है, कलिकाल का ही माहात्म्य।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि निर्ग्रन्थ मुनि, शय्या के लिए यदि घास आदि को भी स्वीकार कर लें तो उनको इसे स्वीकार करना भी खोटे ध्यान के लिए ही होता है, यही निन्दा का करने वाला, निर्ग्रन्थता में हानि पहुँचाने वाला तथा लज्जा को करने वाला भी होता है; अतः वे निर्ग्रन्थ यतीश्वर, गृहस्थ के योग्य सुवर्ण आदि को कैसे रख सकते हैं?

यदि इस काल में निर्ग्रन्थ, सुवर्ण आदि को रखें तो समझना चाहिए कि यह **कलिकाल का ही माहात्म्य** है।

५४. क्रोधादि से कभी-कभी बन्ध, जबकि परिग्रह से निरन्तर बन्ध

आर्या

कादाचित्को बन्धः, क्रोधादेः कर्मणः सदा सङ्गात्।
नातः क्वापि कदाचित्, परिग्रहग्रहवतां सिद्धिः।।५४।।

क्रोधादिक से बन्ध कदाचित्, प्रतिक्षण बन्ध परिग्रह से।
अत: परिग्रहधारी मुनि नहिं, कभी कहीं भी सिद्धि लहें।।

अर्थ ह्न आचार्य और भी कहते हैं कि क्रोधादि कर्मों के द्वारा तो प्राणियों को कर्मों का बन्ध कभी-कभी ही होता है, किन्तु परिग्रह से प्रतिक्षण बन्ध होता रहता है; अतएव परिग्रहधारियों को किसी काल में तथा किसी प्रदेश में भी सिद्धि नहीं होती, इसलिए भव्य जीवों को कदापि धन-धान्य से ममता नहीं रखनी चाहिए।

५५. मोक्षाभिलाषी मुनियों को मोक्ष की अभिलाषा भी उचित नहीं

इन्द्रवजा

मोक्षेऽपि मोहादभिलाषदोषो;
विशेषतो मोक्षनिषेधकारी।
यतस्ततोऽध्यात्मरतो मुमुक्षुः;
भवेत् किमन्यत्र कृताभिलाषः।।५५।।

अरे! मोह से शिव-वाञ्छा भी, दोषरूप जो बन्ध करे।
अत: निजानन्द लीन मुमुक्षु, कैसे पर की चाह करे?।।

अर्थ ह्न स्त्री-पुत्र आदि की अभिलाषा करना तो दूर रहो। यदि मोक्ष के लिए भी अभिलाषा की जाए तो वह दोषस्वरूप समझी जाती है, वह भी मोक्ष की निषेध करने वाली

ही होती है; इसलिए जो मुनि, अपनी आत्मा के रस में लीन हैं, मोक्ष के अभिलाषी हैं, वे स्त्री-पुत्र आदि में अभिलाषा कैसे कर सकते हैं?

भावार्थ ह्न मोह के उदय से ही पदार्थों में इच्छा होती है। जब तक मोह रहता है, तब तक मोक्ष कदापि नहीं हो सकता। मुक्तिमार्ग में मोक्ष के लिए भी अभिलाषा करना दोष माना गया है, अत: मोक्षाभिलाषी मुनियों को आत्मरस में ही लीन रहना चाहिए।

५६. परिग्रहधारियों को मुक्तिप्राप्ति अग्नि को शीतल करने के समान

पृथ्वी

परिग्रहवतां शिवं, यदि तदानलः शीतलो;
यदीन्द्रियसुखं सुखं, तदिह कालकुटः सुधा।
स्थिरा यदि तनुस्तदा, स्थिरतरं तडिदम्बरं;
भवेऽत्र रमणीयता, यदि तदीन्द्रजालेऽपि च।।५६।।

मुक्ति लहें यदि परिग्रहधारी, तो अग्नि भी शीतल हो।
इन्द्रिय-सुख यदि सच्चा सुख हो, तो विष को भी सुधा कहो।।
देह यदि स्थिर मानो तो, नभ-विद्युत् भी स्थिर हो।
यदि जग को रमणीय कहो, तो इन्द्रजाल रमणीय कहो।।

अर्थ ह्न यदि परिग्रहधारियों को भी मुक्ति कही जाएगी तो अग्नि को भी शीतल कहना पड़ेगा। यदि इन्द्रियों से पैदा हुए सुख को भी सुख कहोगे तो विष को भी अमृत मानना पड़ेगा। यदि शरीर को स्थिर कहोगे तो आकाश में बिजली को भी स्थिर कहना पड़ेगा तथा संसार में रमणीयता कहोगे तो इन्द्रजाल में भी रमणीयता कहनी पड़ेगी।

भावार्थ ह्न इस बात को मानना चाहिए कि जिस प्रकार अग्नि शीतल नहीं होती, उसी प्रकार परिग्रहधारियों को कदापि मुक्ति नहीं हो सकती। जिस प्रकार विष अमृत नहीं होता, उसी प्रकार इन्द्रिय-सुख भी कदापि सुख नहीं हो सकता। जिस प्रकार बिजली स्थिर नहीं होती, उसी प्रकार यह शरीर भी स्थिर नहीं हो सकता तथा जिस प्रकार इन्द्रजाल में रमणीयता नहीं होती, उसी प्रकार संसार में भी रमणीयता नहीं हो सकती।

५७. कामदेवरूपी प्रबल योद्धा को जीतने पर कषायें स्वयमेव परास्त

मालिनी

स्मरमपि हृदि येषां, ध्यानवह्निप्रदीप्ते;
सकलभुवनमल्लं, दह्यमानं विलोक्य।

कृतभिय इव नष्टाः, ते कषाया न तस्मिन्-
पुनरपि हि समीयुः, साधवस्ते जयन्ति।।५७।।

ध्यान-अग्नि में त्रिभुवनजयी, काम जलता देख अहो!।
भय से भगी कषायें पुनः न, जीवित हों वे मुनि जयवन्त।।

अर्थ ह्न वे यतीश्वर, सदा इस लोक में जयवन्त हैं कि जिन यतीश्वरों के हृदय में ध्यानरूपी अग्नि के जाज्वल्यमान होने पर, तीनों लोक को जीतने वाले कामदेवरूपी प्रबल योद्धा को जलते हुए देख कर, कषायें भय से ही मानो भाग गईं तथा ऐसी भागीं कि फिर न आ सकीं।

भावार्थ ह्न जिन मुनियों के सामने कामदेव का प्रभाव हत हो गया है, जो विशेष ध्यानी हैं और कषायों से रहित हैं; उन मुनियों को मैं सदा नमस्कार करता हूँ।

५८. कामदेव की स्त्री को विधवा करनेवाले शान्त मुद्रावन्त गुरु

उपेन्द्रवज्रा

अनर्घ्य - रत्नत्रय - सम्पदोऽपि;
निर्ग्रन्थतायाः पदमद्वितीयम्।
जयन्ति शान्ताः स्मरवैरिवध्वाः;
वैधव्यदास्ते गुरवो नमस्याः।।५८।।

रत्नत्रय अनमोल सम्पदा, तो भी पद निर्ग्रन्थ धरें।
शान्त रहें पर रति को विधवा, किया सुगुरु को नमन करें।।

अर्थ ह्न अमूल्य रत्नत्रयरूपी सम्पत्ति के धारी होकर भी जो निर्ग्रन्थ पद के धारक हैं, शान्त मुद्रा के धारी होने पर भी जो कामदेवरूपी वैरी की स्त्री को विधवा करने वाले हैं ह्न ऐसे वे उत्तम गुरु सदा नमस्कार करने योग्य हैं।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में विरोधाभास नामक अलंकार है, इसलिए आचार्य विरोधाभास को दिखाते हैं कि जिसके अमूल्य रत्नत्रय मौजूद है, वह परिग्रह से रहित कैसे हो सकता है? तथा जो शान्त हैं, वे कामदेव की स्त्री को विधवा कैसे बना सकते हैं? इसलिए ऐसे चमत्कारी गुरु सदा वन्दनीक ही हैं।

सारांश ह्न जो रत्नत्रय के धारी हैं, निर्ग्रन्थ हैं, शान्त मुद्रा के धारक हैं तथा कामदेव को जीतने वाले हैं; उन गुरुओं को मैं सदा मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

५९. स्व-परोपकारक श्री आचार्य परमेष्ठी की स्तुति

शार्दूलविक्रीडित

ये स्वाचारमपारसौख्यसुतरोः, बीजं परं पञ्चधा;
सद्बोधाः स्वयमाचरन्ति च परानाचारयन्त्येव च।
ग्रन्थग्रन्थिविमुक्तमुक्तिपदवीं, प्राप्ताश्च यैः प्रापिताः;
ते रत्नत्रयधारिणः शिवसुखं, कुर्वन्तु नः सूरयः।।५९।।

परम-सौख्य-तरु-बीजभूत जो, पञ्चाचार स्वयं पालें।
शिष्यों से आचरण कराएँ, अरु सम्यक् श्रुत को धारें।।
ग्रन्थ-ग्रन्थि से रहित मुक्ति-पद, प्राप्त करें अरु करवाएँ।
रत्नत्रयधारी आचार्य, हमें भी मुक्ति-प्रदान करें।।

अर्थ ह्न जो सद्ज्ञान के धारक आचार्य, अपार सौख्यरूपी वृक्ष को उत्पन्न करने वाले पाँच प्रकार के आचार का स्वयं आचरण करते हैं तथा दूसरों को आचरण कराते हैं; जहाँ पर किसी प्रकार के परिग्रह का लेश नहीं ह्न ऐसी मुक्ति में जो स्वयं जाते हैं तथा दूसरों को भी पहुँचाते हैं ह्न ऐसे निर्मल रत्नत्रय के धारी आचार्यवर हमारे लिए मोक्ष सुख प्रदान करें।

६०. आचार्य परमेष्ठी द्वारा उपदिष्ट मार्ग पर चलने की भावना

वसन्ततिलका

भ्रान्तिप्रदेषु बहुवर्त्मसु जन्मकक्षे;
पन्थानमेकममृतस्य परं नयन्ति।
ये लोकमुन्नतधियः, प्रणमामि तेभ्यः;
तेनाप्यहं जिगमिषुर्गुरुनायकेभ्यः।।६०।।

भ्रान्तिरूप उन्मार्गों में से, जो शिवपथ में ले जाते।
श्रेष्ठ ज्ञानधारी गुरु को, शिवपुर-वाञ्छक हम नमन करें।।

अर्थ ह्न जो गुरु, इस संसार में भ्रम उत्पन्न करने वाले अनेक मार्गों में से लोक को सुख देने वाले एक मोक्षमार्ग में ले जाते हैं तथा स्वयं उच्च ज्ञान के धारक हैं ह्न ऐसे उन श्रेष्ठ गुरुओं को, उसी मार्ग में जाने की इच्छा करने वाला मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

६१. उपाध्याय परमेष्ठी की स्तुति

शार्दूलविक्रीडित

शिष्याणामपहाय मोहपटलं, कालेन दीर्घेण यत्;
जातं स्यात्पदलाञ्छितोज्ज्वलवचो,-दिव्याञ्जनेन स्फुटम्।
ये कुर्वन्ति दृशं परामतितरां, सर्वावलोकक्षमां;
लोके कारणमन्तरेण भिषजाः, ते पान्तु नोऽध्यापकाः।।६१।।

जो अनादि से लगा हुआ है, शिष्यगणों का मोह-पटल।
स्याद्वाद दिव्यांजन से जो, उनकी दृष्टि हो निर्मल।।
जग के सब पदार्थ-दर्शन की, क्षमता भी उत्पन्न करें।
बिन कारण जो वैद्य जगत् के, उपाध्याय मम त्राण करें।।

अर्थ ह्न जो उपाध्याय परमेष्ठी, स्याद्वाद से अविरोधी अपने उपदेशरूपी दिव्य अंजन से अनादिकाल से लगे हुए मोह के परदे को हटा कर, शिष्यों की दृष्टि को अत्यन्त निर्मल तथा समस्त पदार्थों के देखने में समर्थ बनाते हैं ह्न ऐसे वे बिना कारण के ही निःस्वार्थ वैद्य उपाध्याय परमेष्ठी! इस संसार में मेरी रक्षा करें।

६२. गृहरूपी बन्धन एवं मोहजन्य विकल्पों से मुक्त, साधु परमेष्ठी की स्तुति

उन्मुच्यालयबन्धनादपि दृढोत्कायेऽपि वीतस्पृहा;
चित्ते मोहविकल्पजालमपि यद्,-दुर्भेद्यमन्तस्तमः।
भेदायास्य हि साधयन्ति तदहो, ज्योतिर्जितार्कप्रभं;
ये सद्बोधमयं भवन्तु भवतां, ते साधवः श्रेयसे।।६२।।

मोहजन्य दुर्भेद्य विकल्पों, का समूह जो अन्तर में।
उसे भेदने हेतु ज्ञान की, ज्योति निरन्तर सिद्ध करें।।
दृढ़ गृह-बन्धन तोड़ मुनीश्वर, तन से भी ममत्व त्यागें।
निज-कल्याण हेतु हम उन गुरु-चरणों में नित नमन करें।।

अर्थ ह्न जो साधु परमेष्ठी, अत्यन्त कठिन गृहरूपी बन्धन से अपने को छुड़ा कर तथा अपने शरीर से भी इच्छारहित होकर कठिनता से भेदने योग्य मोह से पैदा हुए विकल्पों के समूहरूपी भीतरी अन्धकार को नाश करने के लिए, सूर्य की प्रभा को भी नीची करने वाली

सम्यग्ज्ञानरूपी ज्योति को निरन्तर सिद्ध करते रहते हैं ह्न ऐसे उन साधु परमेष्ठी के लिए हमारा नमस्कार है अर्थात् वे हमारा कल्याण करें।

६३. सम्यग्दर्शन के धारक परिषहजयी मुनियों की महिमा

वसन्ततिलका

वज्रे पतत्यपि भयद्रुतविश्वलोक;
मुक्ताध्वनि प्रशमिनो न चलन्ति योगात्।
बोधप्रदीप-हत-मोह-महान्धकाराः;
सम्यग्दृशः किमुत शेषपरीषहेतुः।।६३।।

जिसकी वज्रपात ध्वनि से, भयभीत जगत् निज मार्ग तजे।
किन्तु प्रशम-रस-लीन मुनीश्वर, ध्यान योग से नहीं डिगें।।
सम्यग्ज्ञान दीप से जो मुनि, मोह-तिमिर का नाश करें।
अन्य परीषह से वे सम्यक्, दृगधारी क्या विचलित हों?।।

अर्थ ह्न जिस वज्र के शब्द के भय से चकित होकर समस्त लोक, मार्ग को छोड़ देते हैं ह्न ऐसे वज्र के गिरने पर भी जो शान्तात्मा मुनि, ध्यान से किञ्चित् भी विचलित नहीं होते, जिन्होंने सम्यग्ज्ञानरूपी दीपक से समस्त मोहान्धकार का नाश कर दिया है और जो सम्यग्दर्शन के धारक हैं; वे मुनि, परीषहों को जीतने में कब चलायमान हो सकते हैं? अर्थात् परीषह उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं कर सकते।

६४. ग्रीष्मऋतु में पर्वत के शिखर पर स्थित मुनीश्वरों की साधना

शार्दूलविक्रीडित

प्रोद्यत्तिग्मकरोग्रतेजसि लसत्, चण्डानिलोद्यद्दिशि;
स्फारीभूतसुतप्तभूमिरजसि, प्रक्षीणनद्यम्भसि।
ग्रीष्मे ये गुरुमेदिनीध्रशिरसि, ज्योतिर्निधायोरसि;
ध्वान्तध्वंसकरं वसन्ति मुनयः, ते सन्तु नः श्रेयसे।।६४।।

तीक्ष्ण तेजयुत सूर्य किरण हो, चहुँ दिशि उष्ण पवन झकझोर।
गरम रेत भी तीव्र तापमय, सूख गया नदियों में नीर।।
ग्रीष्मऋतु में गिरि-शिखरों पर, ज्ञानज्योति निज उर में धार।
मोह-तिमिर का नाश करें, उन गुरु-चरणों में, हो कल्याण।।

अर्थ ह्न जिस ग्रीष्मऋतु में अत्यन्त तीक्ष्ण धूप पड़ती हैं, चारों दिशाओं में भयंकर लू चलती है, जिस ऋतु में अत्यन्त सन्ताप को देने वाली गरम रेत फैल जाती है तथा नदियों का पानी सूख जाता है ह्न ऐसी भयंकर ग्रीष्मऋतु में जो मुनि, समस्त अन्धकार को नाश करने वाली सम्यग्ज्ञानरूपी ज्योति को अपने मन में रख कर, अत्यन्त ऊँचे पहाड़ की चोटी पर निवास करते हैं, उन मुनियों के लिए हमारा नमस्कार हो अर्थात् वे हमारा कल्याण करें।

६५. वर्षाऋतु में वृक्षों के नीचे स्थित मुनीश्वरों की साधना

ते वः पान्तु मुमुक्षवः कृतरवै,-रब्दैरतिश्यामलैः;
शश्वद्वारिवमद्भिरब्धिविषय, - क्षारत्वदोषादिव।
काले मज्जदिले पतद्गिरिकुले, धावद्धुनीसंकुले;
झंझावातविसंस्थुले तरुतले, तिष्ठन्ति ये साधवः।।६५।।

अतिश्यामल मेघों की गरजन और बरसती मूसलधार।
गिरें पाषाण, धरा धसके अरु, नदियों में हो वेग अपार।।
पवन वेग युत जलवर्षा में, तरु-तल तिष्ठें जो तप-धार।
रक्षा करें हमारी गुरुवर, चरणों में हो नमन हजार।।

अर्थ ह्न जिस वर्षाकाल में काले-काले मेघ भयंकर शब्द करते हैं, समुद्र के क्षार-दोष से ही मानों जो जहाँ-तहाँ खारा जल वर्षाते हैं, जिस काल में जमीन नीचे को धसक जाती है, पर्वतों से पत्थर गिरते हैं, जल से भरी हुई नदियाँ सब जगह दौड़ती फिरती हैं तथा जो वर्षाकाल वृष्टिसहित पवन से भयंकर हो रहा है ह्न ऐसे भयंकर वर्षाकाल में जो मोक्षाभिलाषी मुनि, वृक्षों के नीचे बैठकर तप करते हैं, उन मुनियों के लिए हमारा नमस्कार है अर्थात् वे मुनि हमारी रक्षा करें।

६६. शीतकाल में खुले मैदान में तप करने वाले मुनीश्वरों की साधना

म्लायत्कोकनदे गलत्कपिमदे, भ्रश्यद्द्रुमौघच्छदे;
हर्षद्रोम-दरिद्रके हिमऋतावत्यन्तदुःख-प्रदे।
ये तिष्ठन्ति चतुष्पथे पृथुतपः, सौधस्थिताः साधवो;
ध्यानोष्मप्रहतोग्रशैत्यविधुराः, ते मे विदध्युः श्रियम्।।६६।।

कमल मलिन हों, कपि मद गलता, वृक्षों के पत्ते जलते।
अतिदुःखदायक शीतऋतु में, दीनों के हों रोम खड़े।।

ध्यान-अग्नि से शीत नशें अरु, तप-महलों को करें निवास।
निर्भय रहें चतुष्पथ में वे, पतिवर दें लक्ष्मी अविनाश।।

अर्थ ह्न जिस शीतकाल में कमल मुरझा जाते हैं, बन्दरों का मद गल जाता है, वृक्षों के पत्ते जल जाते हैं, वस्त्ररहित दरिद्रों के शरीर पर रोमांच खड़े हो जाते हैं तथा और भी जो नाना प्रकार के दुःखों को देने वाला है ह्न ऐसे भयंकर शीतकाल में महातपस्वी ध्यानरूपी अग्नि से समस्त शीत को नाश करने वाले यतीश्वर, खुले मैदान में निर्भयता से निवास करते हैं ह्न ऐसे यतीश्वर मुझे भी अविनाशी लक्ष्मी प्रदान करें।

६७. मुनि-जीवन में आत्मज्ञान की विशेषता

वसन्ततिलका

काल-त्रये बहिरवस्थित-जातवर्षा-;
शीतातप-प्रमुख-संघटितोग्र-दुःखे।
आत्मप्रबोधविकले सकलोऽपि काय-;
क्लेशो वृथा वृतिरिवोज्झितशालिवप्रे।।६७।।

आत्मज्ञान बिन सहें शीत-वर्षा एवं ग्रीषम-आताप।
धान्य रहित खेतों में बाड़, लगाने जैसा वृथा कलाप।।

अर्थ ह्न जो मुनि, अपने आत्मज्ञान की कुछ भी परवाह न कर, बाहर में वर्षा-शीत-ग्रीष्म तीनों कालों में उत्पन्न हुए दुःखों को सहन करते हैं, उनका उस प्रकार का दुःख सहना वैसा ही निरर्थक मालूम होता है, जैसा कि धान (फसल) के कट जाने पर खेत को बाड़ लगाना निरर्थक होता है; इसलिए मुनियों को आत्मज्ञान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

६८. मुनियों की पूजन के माध्यम से जिनवाणी एवं केवली भगवान की पूजन

शार्दूलविक्रीडित

सम्प्रत्यस्ति न केवली किल कलौ, त्रैलोक्यचूडामणिः;
तद्वाचः परमासतेऽत्र भरत,-क्षेत्रे जगद्द्योतिकाः।
सद्रत्नत्रयधारिणो यतिवराः, तेषां समालम्बनं;
तत्पूजा जिनवाचि पूजनमतः, साक्षाज्जिनः पूजितः।।६८।।

कलिकाल में त्रिभुवन-चूड़ामणि केवलि भगवान नहीं।
भरतक्षेत्र में जगत्-प्रकाशक, विद्यमान उनकी वाणी।।

रत्नत्रयधारी मुनिवर हैं, श्री जिनवाणी के आधार।
उनको पूजा, यानि पूजा-वाणी, पूजा जिन-साक्षात्।।

अर्थ ह्न यद्यपि इस समय कलिकाल में तीन लोक के द्वारा पूजनीय केवली भगवान विराजमान नहीं हैं तो भी इस भरतक्षेत्र में समस्त जगत् को प्रकाश करने वाली उन केवली भगवान की वाणी मौजूद है तथा उस वाणी का अवलम्बन लेने वाले श्रेष्ठ रत्नत्रय के धारी मुनि हैं; इसलिए उन मुनियों की पूजन तो जिनवाणी की पूजन है तथा जिनवाणी की पूजन साक्षात् केवली भगवान की पूजन है ह्न ऐसा भव्य जीवों को समझना चाहिए।

६९. आत्मध्यानी मुनियों के चरणों से स्पर्शित भूमि ही उत्तम तीर्थ

स्पृष्टा यत्र मही तदंघ्रिकमलैः, तत्रैति सत्तीर्थतां;
तेभ्यस्तेऽपि सुराः कृताञ्जलिपुटा, नित्यं नमस्कुर्वते।
तन्नामस्मृतिमात्रतोऽपि जनता, निष्कल्मषा जायते;
ये जैना यतयश्चिदात्मनिरता, ध्यानं समातन्वते।।६९।।

जिनकी पद-रज से यह भूतल, होता है सत्-तीर्थ अहो!।
सुर-गण नित्य नमन करते हैं, हाथ जोड़ कर जिन मुनि को।।
जिनके नाम-स्मरण मात्र से, भविजन हो जाते निष्पाप।
जैन यतीश्वर ध्याते निज चेतन में प्रीति धरें अरु ध्यान।।

अर्थ ह्न जो यतीश्वर, आत्मा में लीन होकर ध्यान करते हैं, उन जैन यतीश्वरों के चरण-कमलों से संस्पर्शित भूमि, उत्तम तीर्थ बन जाती है; उन यतीश्वरों को बड़े-बड़े देव आकर, हाथ जोड़ कर, मस्तक नवा कर नमस्कार करते हैं, उनके स्मरण मात्र से ही जीवों के समस्त पाप गल जाते हैं; इसलिए यतीश्वरों को सदा आत्मा के ध्यान में लीन रहना चाहिए।

७०. निन्दा करने वालों के प्रति भी मुनियों की समता

सम्यग्दर्शनबोधवृत्तनिचितः, शान्तः शिवैषी मुनिः;
मन्दैः स्यादवधीरितोऽपि विशदः, साम्यं यदालम्बते।
आत्मा तैर्विहतो यदत्र विषम,-ध्वान्तश्रिते निश्चितं;
सम्पातो भवितोग्रदुःखनरके, तेषामकल्याणिनाम्।।७०।।

रत्नत्रयधारी मुनिवर हैं, शिवसुख-वाञ्छक एवं शान्त।
अज्ञानी अपमानित करते, मुनि करते समता रसपान।।

आत्मघात कर अज्ञानीजन, अकल्याण अपना करते।।
जहाँ घोरतम तीव्र दु:ख हैं ह्न ऐसे नरकों में जाते।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र के धारी, शान्त और मोक्षाभिलाषी जो मुनि, दुष्टों से अपमानित होकर भी स्वच्छ अन्त:करण से समता को धारण करते हैं, उनकी तो आत्मा शुद्ध ही होती हैं; किन्तु जो उनकी निन्दा करने वाले हैं, उन्होंने तो अपनी आत्मा का घात कर लिया क्योंकि वे दुष्ट कल्याणरहित पुरुष, ऐसे नरकों में गिरेंगे, जो भयंकर अन्धकार से व्याप्त है तथा कठिन दु:ख का स्थान है; इसलिए दुष्ट, मुनियों की कैसी भी निन्दा करें तो भी उनको समता धारण करना ही योग्य है।

७१. मुनियों की स्तुति करने वाले भी महापुरुष

स्रग्धरा

मानुष्यं प्राप्य पुण्यात्, प्रशममुपगता, रोगवद्भोगजातं;
मत्वा गत्वा वनान्तं, दृशि विदि चरणे, ये स्थिताः संगमुक्ताः।
कः स्तोता वाक्पथातिक्रमणपटुगुणैराश्रितानां मुनीनां;
स्तोतव्यास्ते महद्भिः, भुवि य इह तदंघ्रिद्वये भक्तिभाजः।।७१।।

नरभव पाकर प्रशमभाव से, भोगों को भी जानें रोग।
संग रहित हो वन में बसते, दर्शन-ज्ञान-चरित थिर हो।।
वचनातीत गुणों से भूषित, गुरु-स्तवन कर सकता कौन?।
पद-पंकज आराधक महत्-पुरुष ही भक्ति करने योग्य।।

अर्थ ह्न पुण्य योग से मनुष्य भव को पाकर, भोगों को रोगतुल्य जान कर, वन में जाकर, समस्त परिग्रह से रहित होकर, शान्ति को प्राप्त होकर, जो यतीश्वर, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र में स्थित होते हैं, वचन-अगोचर गुणों से सहित, उन मुनियों की प्रथम तो कोई स्तुति करने में समर्थ ही नहीं है। यदि कोई स्तुति कर सके तो भी वे ही पुरुष, उनकी स्तुति कर सकते हैं, जो उन मुनियों के चरण-कमलों का आराधन करने वाले महात्मा पुरुष हैं।

७२. व्यवहार सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र का स्वरूप

शार्दूलविक्रीडित

तत्त्वार्थाप्ततपोभृतां यतिवराः, श्रद्धानमाहुर्दृशं;
ज्ञानं जानदनूनमप्रतिहतं, स्वार्थावसन्देहवत्।

चारित्रं विरतिः प्रमादविलसत्, कर्मास्रवाद्योगिनां;
एतन्मुक्तिपथस्त्रयं च परमो, धर्मो भवच्छेदकः।।७२।।

तत्त्व, आप्त जिन-गुरुओं का, श्रद्धान कहा सम्यग्दर्शन।
संशयहीन अप्रतिहत एवं, पूर्ण-प्रकाशक निज-पर ज्ञान।।
सप्रमाद कर्मास्रव का, निरोध होना सम्यक्चारित्र।
परम धर्म है यही मुक्ति का, मार्ग अहो! भव-भव छेदक।।

अर्थ ह्न गणधरादि देवों ने जीवादि पदार्थ, आप्त और गुरुओं पर श्रद्धान रखने को **सम्यग्दर्शन** कहा है; जिसमें किसी प्रकार की बाधा नहीं हैं, जो संशयरहित तथा पूर्ण है ह्न ऐसे ज्ञान को **सम्यग्ज्ञान** कहा है तथा प्रमादसहित कर्मों के आगमन के रुक जाने को **सम्यक्चारित्र** कहा है; अतः सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की एकता ही मुक्ति का मार्ग और संसार का नाश करने वाला परम धर्म है।

७३. बाह्य तप आदि से अधिक रत्नत्रय की महिमा

मालिनी

हृदयभुवि दृगेकं, बीजमुप्तं त्वशंका-;
प्रभृतिगुणसदम्भः, सारिणीसिक्तमुच्चैः।
भवदवगमशाखः, चारुचारित्रपुष्पः;
तरुरमृतफलेन, प्रीणयत्याशु भव्यम्।।७३।।

अन्तर परिणति भू में बोया, सम्यग्दर्शनरूपी बीज।
निःशंकादि गुणों की निर्मल, नीर भरी क्यारी से सींच।।
शाखा सम्यग्ज्ञानमयी, चारित्र-सुमनयुत वृक्ष फलें।
भव्य जीव को शीघ्र मोक्ष-रूपी फल से सन्तुष्ट करें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि अन्तःकरणरूपी पृथ्वी में बोया हुआ तथा निःशंकित आदि आठ गुणरूपी उत्तम जल की भरी हुई नालियों से सींचा हुआ सम्यग्दर्शनरूपी बीज, सम्यग्ज्ञानरूपी शाखाओं का धारक तथा चारित्ररूपी पुष्पों से सहित वृक्षरूप में परिणत होकर, शीघ्र ही भव्यजीवों को मोक्षरूपी फल से सन्तुष्ट करता है।

७४. रत्नत्रयरूपी वृक्ष से मोक्षफल की प्राप्ति

दृगवगमचरित्रालंकृतः सिद्धिपात्रं;
लघुरपिनगुरुः स्यादन्यथात्वे कदाचित्।

स्फुटमवगतमार्गो याति मन्दोऽपि गच्छन्;
अभिमतपदमन्यो नैव तूर्णोऽपि जन्तुः।।७४।।

रत्नत्रय-भूषित मुनि यदि तप, करें अल्प पर सिद्धि लहें।
मार्गविज्ञ यदि मन्द चलें, तो भी गन्तव्य-थल पहुँचें।।
किन्तु रहित यदि रत्नत्रय से, घोर तपें पर मुक्ति नहीं।
मार्ग अपरिचित शीघ्र चलें पर, पहुँचे इष्ट स्थान नहीं।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार जिसको मार्ग मालूम है ह्न ऐसा मनुष्य यदि धीरे-धीरे चले तो भी अभिमत स्थान पर पहुँच जाता है, किन्तु जिसको मार्ग कुछ भी नहीं मालूम है, वह चाहे कितनी भी जल्दी चले तो भी वह अपने अभिमत स्थान पर नहीं पहुँच सकता; उसी प्रकार जो मुनि, तप आदि को तो बहुत थोड़ा करने वाला है, लेकिन जो सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र का धारी है, वह शीघ्र ही मुक्ति को प्राप्त हो जाता है, किन्तु जो तप आदि तो बहुत करने वाला है, परन्तु सम्यग्दर्शन आदिरूप रत्नत्रय का धारी नहीं है, वह कितना भी प्रयत्न करे तो भी मोक्ष को नहीं पा सकता; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को सम्यग्दर्शनादि की सबसे अधिक महिमा समझना चाहिए।

७५. रत्नत्रय की एकता ही मोक्षमार्ग में कार्यकारी

वनशिखिनि मृतोऽन्धः, सञ्चरन् बाढमंघ्रि;
द्वितयविकलमूर्तिः, वीक्षमाणोऽपि खञ्जः।
अपि सनयनपादोऽश्रद्दधानश्च तस्माद्;
दृगवगमचरित्रैः, संयुतैरेव सिद्धिः।।७५।।

जलते वन में अन्ध पुरुष यदि, दौड़े तो भी मर जाता।
लँगड़ा देखे जलते वन को, किन्तु नहीं वह बच पाता।।
जिसे नहीं श्रद्धान अग्नि का, स्वस्थ पुरुष भी बच न सकें।
अत: ज्ञान-श्रद्धान-चरित हो, एक साथ तो मुक्ति मिले।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार वन में अग्नि लगने पर उस वन में रहनेवाला अन्धा तो देख न सका, इसलिए दौड़ता हुआ भी मर गया। दोनों चरणों से लँगड़ा, लगी हुई अग्नि को देखता हुआ भी दौड़ न सकने के कारण तत्काल भस्म हो गया। आँख तथा पैर सहित भी आलसी इसलिए मर गया कि उसको अग्नि का श्रद्धान ही नहीं हुआ। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि अलग-अलग सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र, मोक्ष के लिए कारण नहीं

हैं, किन्तु तीनों मिले हुए ही कारण हैं।

भावार्थ ह्न यद्यपि अन्धे को अग्नि का श्रद्धान और आचरण तो था; परन्तु देखनेरूप ज्ञान न होने के कारण वह मर गया। पंगु को ज्ञान-श्रद्धान होने पर भी दौड़नेरूप आचरण नहीं था, इसलिए वह भस्म हो गया। आलसी को ज्ञान भी था और आचरण की सामर्थ्य भी थी, किन्तु श्रद्धान नहीं था, इसलिए वह जल कर मर गया। यदि ये तीनों चीजें एकत्रित हो गई होतीं, तो उनमें से एक भी नहीं मरता; इसलिए जुदेह्नजुदे सम्यग्दर्शन आदि भी केवल दु:ख ही के देने वाले हैं, किन्तु तीनों मिले हुए ही कल्याण के देने वाले हैं; अत: भव्य जीवों को तीनों का एक साथ ही आराधन करना चाहिए।

७६. सम्यग्दर्शनादि वास्तविक रत्नों से ही आत्मा की शोभा

बहुभिरपिकिमन्यैः, प्रस्तरैः रत्नसंज्ञैः;
वपुषि जनितखेदैः, भारकारित्वयोगात्।
हत-दुरित-तमोभिः, चारु-रत्नैरनर्घ्यैः;
त्रिभिरपि कुरुतात्माऽलंकृतिं दर्शनाद्यैः।।७६।।

रत्न नामधारी पत्थर से, होता है क्या लाभ कहो।
किन्तु भारयुत होने से बस! खेद मात्र ही तन में हो।।
अत: पापमय अन्धकार के नाशक रत्नत्रय जानो।
सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित, बहुमूल्य रत्न से भूषित हों।।

अर्थ ह्न संसार में यद्यपि रत्न संज्ञा बहुत से पत्थरों की भी है, किन्तु उनसे कुछ भी प्रयोजन नहीं क्योंकि वे केवल भारभूत होने के कारण शरीर को खिन्न करने वाले ही हैं; इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि हे मुनीश्वरों! जो सम्पूर्ण अन्धकार के नाश करने वाले हैं, अमूल्य और मनोहर हैं ह्न ऐसे सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी तीनों रत्नों से ही अपनी आत्मा को शोभित करो, ये ही वास्तविक रत्न हैं।

७७. सम्यग्दर्शन से ही मनुष्य जन्म की शोभा

जयति सुखनिधानं, मोक्षवृक्षैकबीजं;
सकलमलविमुक्तं, दर्शनं यद्विना स्यात्।
मतिरपि कुमतिर्नु, दुश्चरित्रं चरित्रं;
भवति मनुजजन्म, प्राप्तमप्राप्तमेव।।७७।।

जिसके बिना ज्ञान मिथ्या है, चारित भी मिथ्या होता।
शाश्वत सुख का है निधान अरु, बीजरूप है शिवतरु का।।
सकल दोष से रहित अहो!, सम्यग्दर्शन जयवन्त रहें।
बिन समकित यह नरभव पाया, पर नहिं पाये जैसा है।।

अर्थ ह्न जिस सम्यग्दर्शन के बिना ज्ञान मिथ्याज्ञान कहलाता है, चारित्र मिथ्याचारित्र कहलाता है, प्राप्त हुआ भी मनुष्य जन्म न पाया हुआ-सा कहलाता है ह्न ऐसा सुखस्वरूप तथा मोक्षरूपी वृक्ष का देने वाला एकमात्र निर्मल सम्यग्दर्शनरूपी रत्न, इस लोक में सदा जयवन्त है।

७८. सम्यक् रत्नत्रय की महिमा

आर्या

भवभुजगनागदमनी, दुःखमहादावशमनजलवृष्टिः।
मुक्तिसुखामृतसरसी, जयति दृगादित्रयी सम्यक्।।७८।।

भव-भुजंग को नाग-नाशिनी, दुख-दावानल को जलधार।
मुक्ति-सुखामृत के सरवर, जयवन्त रहे ये रत्नत्रय।।

अर्थ ह्न संसाररूपी सर्प को नाश करने के लिए नागदमनी, दुःखरूपी दावानल को बुझाने के लिए जलवृष्टि और मोक्षरूपी सुखामृत की सरोवरी (तालाब) के समान समीचीन रत्नत्रयी सदा इस लोक में जयवन्त है।

७९. अभेद रत्नत्रय ही निश्चय रत्नत्रय

मालिनी

वचनविरचितैवोत्पद्यते भेदबुद्धिः;
दृगवगमचरित्राण्यात्मनः स्वं स्वरूपम्।
अनुपचरितमेतच्चेतनैक - स्वभावं;
व्रजति विषयभावं योगिनां योगदृष्टेः।।७९।।

दर्शन-ज्ञान-चरित्र आत्ममय, भेदबुद्धि बस कहने में।
अनुपचरित चैतन्यभाव ही, बसे योगी की दृष्टि में।।

अर्थ ह्न व्यवहारनय की अपेक्षा से ही सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र जुदेह्नजुदे मालूम पड़ते हैं। निश्चयनय की अपेक्षा से इनमें किसी प्रकार का भेद नहीं है, किन्तु

ये तीनों आत्मस्वरूप ही हैं। समस्त लोकालोक को देखने वाले केवली भगवान, वास्तविक रीति से इन तीनों को चैतन्य से अभिन्नस्वरूप ही देखते हैं।

८०. शुद्धनय का आश्रय करना ही श्रेयस्कर

उपेन्द्रवज्रा

निरूप्य तत्त्वं, स्थिरतामुपागता;
मतिः सतां शुद्धनयावलम्बिनी।
अखण्डमेकं, विशदं चिदात्मकं;
निरन्तरं पश्यति तत्परं महः।।८०।।

शुद्धनयाश्रित साधुमति है, संवरतत्त्व निरूपण में।
एक अखण्ड विशद चिन्मय, उत्कृष्ट ज्योति को नित निरखें।।

अर्थ ह्न जीवाजीवादि समस्त तत्त्वों को देख कर, जिन सज्जनों की मति स्थिर और शुद्धनय का आश्रय करने वाली हो गई है; वे ही मनुष्य, निर्मल तथा उत्कृष्ट चित्स्वरूप ज्योति को देखते हैं।

८१. निश्चय सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र का स्वरूप

स्रग्धरा

दृष्टिनिर्णीतिरात्माह्वयविशदमहस्यत्र बोधः प्रबोधः;
शुद्धं चारित्रमत्र, स्थितिरिति युगपद् बन्धविध्वंसकारि।
बाह्यं बाह्यार्थमेव, त्रितयमपि परं, स्याच्छुभो वाऽशुभो वा;
बन्धः संसारमेवं, श्रुतिनिपुणधियः, साधवस्तं वदन्ति।।८१।।

आत्मतेज-रुचि सम्यग्दर्शन, उसे जानना सम्यग्ज्ञान।
आत्मलीनता सम्यक्चारित्र, नष्ट करे कर्मों का बन्ध।।
रत्नत्रय से भिन्न सभी हैं, भाव शुभाशुभ उससे बाह्य।
बन्ध चतुर्गति के कारण ये, कहें साधु श्रुत-विज्ञ महान्।।

अर्थ ह्न आत्मारूपी निर्मल तेज में निश्चय (विश्वास) करना तो निश्चय सम्यग्दर्शन है; उसी तेज का जानपना निश्चय सम्यग्ज्ञान है तथा सम्यग्दर्शनह्नसम्यग्ज्ञान के साथ स्वरूप में स्थिर रहना सम्यक्चारित्र है। इन तीनों की एकता कर्मबन्ध का नाश करने वाली है। इस निश्चय रत्नत्रय से जो बाह्य है, सो बाह्य ही है। वह चाहे शुभ हो, चाहे अशुभ हो, बन्ध का

ही कारण है। बन्ध का कारण होने से संसार का ही कारण है ह्न ऐसा श्रुतज्ञान के पारंगत आचार्य कहते हैं। इसलिए भव्य जीवों को निश्चय रत्नत्रय के लिए ही प्रयत्न करना चाहिए। व्यवहार रत्नत्रय को भी सर्वथा न छोड़ कर निश्चय रत्नत्रय का साधक समझना चाहिए।

८२. उत्तम क्षमाधर्म, मुनियों की सर्वप्रथम सहायता करने वाला

मालिनी

जडजनकृत-बाधाऽक्रोशहासाऽप्रियादा-;
वपि सति न विकारं, यन्मनो याति साधोः।
अमलविपुलचित्तैरुत्तमा सा क्षमादौ-;
शिवपथपथिकानां, सत्सहायत्वमेति।।८२।।

अज्ञानीकृत बाधा बन्धन, कटु वचनों के कहने पर।
निर्मल चित्त न विकृत होता, उत्तम क्षमाधर्म सुखकर।।

अर्थ ह्न मूर्खजनों द्वारा किए हुए बन्धन, क्रोध, हास्य आदि के होने पर तथा कठोर वचनों के बोलने पर भी जो साधु, अपने निर्मल धीर-वीर चित्त से विकृत नहीं होता, उसी का नाम **उत्तम क्षमा** है। यह उत्तम क्षमा, मोक्षमार्ग में जाने वाले मुनियों की सबसे पहले सहायता करने वाली है।

८३. यतिधर्म का तीव्र विघातक, क्रोध

वसन्ततिलका

श्रामण्यपुण्यतरुरुच्चगुणौघशाखा-;
पत्रप्रसूननिचितोऽपि फलान्यदत्वा।
याति क्षयं क्षणत एव घनोग्रकोप-;
दावानलात् त्यजत तं यतयोऽतिदूरम्।।८३।।

गुण-पत्रों-पुष्पों से शोभित यति-तरु नहिं किञ्चित् फल दे।
क्रोधाग्नि से त्वरित नष्ट हों, अतः यतीश्वर क्रोध तजें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि गुणरूपी शाख-पत्र-फूलों से सहित यह यतिरूपी वृक्ष है। यदि इसमें भयंकर क्रोधरूपी दावानल प्रवेश कर जावे तो यह किसी प्रकार फल न देकर बात ही बात में नष्ट हो जाता है। इसलिए यतीश्वर, क्रोध आदि को वे दूर से ही छोड़ देते हैं।

भावार्थ ह्न जिस वृक्ष पर नाना प्रकार की मनोहर शाखाएँ मौजूद हैं, पत्र-फूलों से भी जो शोभित हो रहा है और अल्प काल में ही जिस पर फल आने वाले हैं ह्न ऐसे वृक्ष में यदि अग्नि, प्रवेश कर जावे तो वह शीघ्र ही जल जाता है, उस पर किसी प्रकार का फल नहीं आता; उसी प्रकार जो मुनि, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र आदि गुणों से सहित हैं, किन्तु अभी तक जिनके क्रोध, मानादिक शान्त नहीं हुए हैं ह्न ऐसे मुनि को कदापि स्वर्ग-मोक्षादि की प्राप्ति नहीं हो सकती; इसलिए मुनिजनों को चाहिए कि वे क्रोधादि को अपने पास भी फटकने न देवें।

८४. राग-द्वेष रहित क्षमाधारी मुनियों के विचार

शार्दूलविक्रीडित

तिष्ठामो वयमुज्ज्वलेन मनसा, रागादिदोषोज्झिताः;
लोकः किञ्चिदपि स्वकीयहृदये, स्वेच्छाचरो मन्यताम्।
साध्या शुद्धिरिहात्मनः शमवतामत्रापरेण द्विषा;
मित्रेणापि किमु स्वचेष्टितफलं, स्वार्थः स्वयं लप्स्यते।।८४।।

स्वेच्छाचारी लोक हमें, चाहे जैसा माने मन में।
किन्तु राग-द्वेषादि रहित हम, अपना निर्मल चित्त रखें।।
राग-द्वेष परिणामों का फल, सबको मिलता अपने आप।
प्रशमभावयुत मुनिजन को बस! आत्मशुद्धि ही होती साध्य।।

अर्थ ह्न राग-द्वेषादि से रहित होकर हम तो अपने उज्ज्वल चित्त से रहेंगे। स्वेच्छाचारी यह लोक, अपने हृदय में चाहे हमको भला-बुरा कैसा भी मानो क्योंकि शमी पुरुषों को अपने आत्मा की शुद्धि करनी चाहिए। इस लोक में वैरी अथवा मित्रों से हमको क्या है? अर्थात् वे हमारा कुछ भी नहीं कर सकते क्योंकि जो हमारे साथ द्वेषरूप तथा प्रीतिरूप परिणाम करेगा, उसका फल उसको अपने आप मिल जाएगा।

८५. क्षमाधारक की समस्त जगत् को सुखी देखने की भावना

स्रग्धरा

दोषानाघुष्य लोके, मम भवतु सुखी, दुर्जनश्चेद्धनार्थी;
मत्सर्वस्वं गृहीत्वा, रिपुरथ सहसा, जीवितं स्थानमन्यः।
मध्यस्थस्त्वेवमेवाऽखिलमिह हि जगत्, जायतां सौख्यराशिः;
मत्तो माभूदसौख्यं, कथमपि भविनः, कस्यचित्पूत्करोमि।।८५।।

दुर्जन होय सुखी मम दोषों, को दुनिया में घोषित कर।
धन-लोभी सर्वस्व ग्रहण कर, बैरी मम जीवन लेकर।।
मध्यस्थ गहें मेरी पदवी सब, जीव जगत् के सुखी रहें।
करूँ पुकार जगत् में मुझसे, नहीं किसी को दुःख पहुँचे।।

अर्थ ह्न मेरे दोषों को सबके सामने प्रकट कर संसार में दुर्जन सुखी होवें। धन का अर्थी, मेरे समस्त धन आदि को ग्रहण कर सुखी होवें। वैरी, मेरे जीवन को लेकर सुखी होवें। जिनको मेरा स्थान लेने की अभिलाषा है, वे मेरा स्थान लेकर आनन्द से रहें। जो राग-द्वेष रहित मध्यस्थ होकर रहना चाहें, वे मध्यस्थ होकर सुख से रहें। इस प्रकार समस्त जगत् सुख से रहे, किन्तु किसी भी संसारी को मुझसे दुःख न पहुँचे ह्न ऐसा मैं सबके सामने पुकारह्नपुकार कर कहता हूँ।

८६. तीन लोक के द्वारा पूज्य वीतरागता का प्रभाव

शार्दूलविक्रीडित

किं जानासि न वीतरागमखिलं, त्रैलोक्यचूडामणिं;
किं तद्धर्ममुपाश्रितं न भवता, किं वा न लोको जडः।
मिथ्यादृग्भिरसज्जनैरपटुभिः, किञ्चित्कृतोपद्रवात्;
यत्कर्मार्जनहेतुमस्थिरतया, बाधां मनो मन्यसे।।८६।।

वीतरागता पूज्य त्रिजग में, रे मन! क्या तू नहिं जाने।
जिसका आश्रय लिया कहो वह, धर्म नहीं क्या पहिचाने।।
दुर्जन द्वारा किये उपद्रव, से तू विचलित होता है।
कर्मोपार्जन करता है क्यों, नहिं जाने तू जग जड़ है।।

अर्थ ह्न हे मन! मिथ्यादृष्टि दुर्जन मूर्खजनों से किये हुए उपद्रव से चंचल होकर कर्मों के पैदा करने में कारणभूत ऐसी वेदना का तू अनुभव करता है सो क्या तीन लोक के द्वारा पूजनीक वीतरागता को तू नहीं जानता है? अथवा जिस यति-धर्म का तूने आश्रय किया है, क्या उस धर्म को तू नहीं जानता है? अथवा यह समस्त लोक अज्ञानी जड़ है ह्न इस बात का तुझे ज्ञान नहीं है?

भावार्थ ह्न तीन लोक के द्वारा पूजनीक वीतराग भाव को जानता हुआ भी तथा सच्चे धर्म का अनुयायी होकर भी तथा समस्त लोक को जड़ समझता हुआ भी हे मन! मिथ्यादृष्टियों से दिये हुए दुःख से दुःखित होता है ह्न यह बड़ा आश्चर्य है।

८७. अष्ट मदों के त्यागरूप उत्तम मार्दवधर्म

वसन्ततिलका

धर्माङ्गमेतदिह मार्दवनामधेयं;
जात्यादिगर्वपरिहारमुशन्ति सन्तः।
तद्धार्यते किमुत, बोधदृशा समस्तं;
स्वप्नेन्द्रजालसदृशं, जगदीक्षमाणैः।।८७।।

यह मार्दवधर्मांग! जाति बल, आदि मदों के त्याग-स्वरूप।
इसके धारक, जग को देखें, इन्द्रजाल या स्वप्न-स्वरूप।।

अर्थ ह्न उत्तम पुरुष, जाति-बल-ज्ञान-कुल आदि गर्वों के त्याग को **मार्दव धर्म** कहते हैं ह्न यह धर्मों का अंगभूत है; इसलिए जो मनुष्य, अपनी सम्यग्ज्ञानरूपी दृष्टि से समस्त जगत् को स्वप्न तथा इन्द्रजाल के तुल्य देखते हैं, वे अवश्य ही इस मार्दव नामक धर्म को धारण करते हैं।

८८. शरीर के सम्बन्ध में मुनियों के विचार

शार्दूलविक्रीडित

कास्था सद्मनि सुन्दरेऽपि परितो, दन्दह्यमानेऽग्निभिः;
कायादौ तु जरादिभिः प्रतिदिनं, गच्छत्यवस्थान्तरम्।
इत्याऽऽलोचयतो ह्रदि प्रशमिनः, शश्वद्विवेकोज्ज्वले;
गर्वस्याऽवसरः कुतोऽत्र घटते, भावेषु सर्वेष्वपि।।८८।।

सुन्दर घर भी जले चतुर्दिश, तो बचने की क्या आशा?।
प्रतिदिन जर्जर होती काया, के टिकने की क्या आशा?।।
अतः मुनीश्वर निर्मल उर में, नित विवेक से करें विचार।
जाति ज्ञान कुल आदि विषय में, मद का अवसर कैसे आय?।।

अर्थ ह्न जो अत्यन्त मनोहर भी है, किन्तु जिसके चारों तरफ अग्नि जल रही है ह्न ऐसे घर के जलने से बचने की, जिस प्रकार अंश मात्र भी आशा नहीं की जाती; उसी प्रकार जो शरीर, वृद्धावस्था से सहित है तथा प्रतिदिन एक अवस्था को छोड़ कर, दूसरी अवस्था को धारण करता रहता है ह्न ऐसा शरीर सदाकाल रहेगा? इसका विश्वास कैसे हो सकता है? इस प्रकार विवेकपूर्वक निर्मल हृदय में विचार करने वाले मुनि के समस्त पदार्थों में अभिमान करने का अवसर ही नहीं है; इसलिए मुनियों को सदा ऐसा ही ध्यान करना चाहिए।

८९. आर्जवधर्म और कुटिल मायाचाररूप अधर्म की तुलना

आर्या

हृदि यत्तद्वाचि बहिः, फलति तदेवाऽऽर्जवं भवत्येतत्।
धर्मो निकृतिरधर्मो, द्वाविह सुरसद्मनरकपथौ।।८९।।

जो मन में हो वही वचन में, वही क्रिया यह आर्जवधर्म।
इनमें विकृति ही अधर्म है, धर्म-स्वर्ग-पथ-नरक-अधर्म।।

अर्थ ह्न मन में जो बात होवे, उसी को वचन से प्रकट करना चाहिए; ऐसा न हो कि मन में कुछ होवे तथा वचन से कुछ अन्य ही बोलें; इसे आचार्य **आर्जवधर्म** कहते हैं तथा मीठी बात करके दूसरे को ठगना, इसको अधर्म कहते हैं। इनमें से **आर्जवधर्म** से तो स्वर्ग की प्राप्ति होती है तथा अधर्म, नरक को ले जाने वाला होता है। इसलिए **आर्जवधर्म** के पालन करने वाले भव्य जीवों को किसी के साथ माया से व्यवहार कदापि नहीं करना चाहिए।

९०. उत्तम आर्जवधर्म से विरुद्ध मायाचार का दुष्ट फल

शार्दूलविक्रीडित

मायित्वं कुरुते कृतं सकृदपि, च्छायाविघातं गुणे-
ष्वाजातेर्यमिनोऽर्जितेष्विह गुरु,-क्लेशैः समादिष्वलम्।
सर्वे तत्र यदासतेऽतिनिभृताः, क्रोधादयस्तत्त्वतः;
तत्पापं बत येन दुर्गतिपथे, जीवश्चिरं भ्राम्यति।।९०।।

अति कष्टों से हुआ उपार्जित, जीवन भर का सद्-गुण-कोष।
पूर्ण नष्ट हो जाता है यदि, एक बार हो माया-दोष।।
क्रोधादिक सारे दुर्गुण ही, कपटभाव में छिपे रहें।
माया से उत्पन्न पाप से, जीव चतुर्गति-भ्रमण करें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यदि एक बार भी किसी के साथ मायाचारी की जाए तो यह मायाचारी, बड़ी कठिनता से संचय किए हुए अहिंसा, सत्य आदि मुनियों के गुणों को फीका कर देती है अर्थात् वे गुण आदरणीय नहीं रह पाते। उस मायारूपी मकान में नाना प्रकार के क्रोधादि शत्रु छिपे बैठे रहते हैं। उससे उत्पन्न हुए पाप से जीव, नाना प्रकार के दुर्गति-मार्गों में भ्रमण करता रहता है। इसलिए मुनिगण मायाचार को अपने पास भी फटकने न देवें।

९१. मौन-साधना में उत्तम सत्यधर्म की उत्कृष्ट साधना

आर्या

स्वपरहितमेव मुनिभिः, मितममृतसमं सदैव सत्यं च।
वक्तव्यं वचमथ, प्रविधेयं धीधनैर्मौनम्।।९१।।

निज-पर हितकर अमृत-सम, प्रिय परिमित-वचन सदैव कहें।
पर-पीड़क कटु वचन तजें या, धी-धारी मुनि मौन रहें।।

अर्थ ह्न उत्कृष्ट ज्ञान को धारण करने वाले मुनियों को प्रथम तो बोलना ही नहीं चाहिए। यदि बोलें तो ऐसा वचन बोलना चाहिए, जो समस्त प्राणियों का हित करने वाला हो, परिमित हो, अमृत के समान प्रिय हो और सर्वथा सत्य हो; किन्तु जो वचन, जीवों को पीड़ा देने वाला और कड़वा हो, उस वचन की अपेक्षा मौन-साधना ही अच्छा है।

९२. समस्त व्रत एवं सरस्वती सत्य बोलने वाले के आधीन

अनुष्टुभ्

सति सन्ति व्रतान्येव, सूनृते वचसि स्थिते।
भवत्याराधिता सद्भिः, जगत्पूज्या च भारती।।९२।।

सत्य वचन कहने वाले के, उर में व्रत सब करें निवास।
त्रिभुवन-पूजित सरस्वती का, भी परिणति में हो आवास।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, सत्य वचन बोलने वाला है अर्थात् सत्य व्रत का पालन करने वाला है, उसके समस्त व्रत विद्यमान रहते हैं अर्थात् **सत्यव्रत** के पालन करने से ही वह समस्त व्रतों का पालन करने वाला होता है। वह सत्यवादी सज्जन पुरुष, तीन लोक के द्वारा पूज्य सरस्वती को भी सिद्ध कर लेता है अर्थात् सरस्वती भी सत्य बोलने वाले के पास रहती है।

९३. सत्यवादी, चक्रवर्ती इन्द्र एवं मोक्षरूपी फल पाने में भी समर्थ

शार्दूलविक्रीडित

आस्तामेतदमुत्र सूनृतवचाः, कालेन यल्लप्स्यते;
सद्भूपत्वसुरत्वसंसृतिसरित्, पाराप्तिमुख्यं फलम्।
यत्प्राप्नोति यशः शशांकविशदं, शिष्टेषु यन्मान्यतां;
तत्साधुत्वमिहैव जन्मनि परं, तत्केन संवर्ण्यते।।९३।।

नरपति हो या सुरपति अथवा, हो जाए भव-सागर-पार।
ये फल तो आगामी भव में, सत् वक्ता को होते प्राप्त।।
किन्तु इसी भव में वे पाते, उज्ज्वल कीर्ति चन्द्र-समान।
कैसे वर्णन करें सुफल का, सज्जन गण करते सन्मान।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि **सत्यवादी** मनुष्य, आगामी भवों में श्रेष्ठ चक्रवर्ती राजा बनते हैं, इन्द्रादि फल को प्राप्त करते हैं और सबसे उत्कृष्ट मोक्षरूपी फल को भी प्राप्त कर लेते हैं ह्न यह बात तो दूर रहो, किन्तु इसी भव में वे चन्द्रमा के समान उत्तम कीर्ति को पा लेते हैं। शिष्ट मनुष्य, उनको बड़ी प्रतिष्ठा से देखते हैं, वे सज्जन कहे जाते हैं, इत्यादि नाना प्रकार के उत्तम फल उनको मिलते हैं, जो कि सर्वथा अवर्णनीय हैं; इसलिए सज्जनों को अवश्य ही सत्य बोलना चाहिए।

९४. उत्तम शौचधर्म का धारक परस्त्री और परधन से इच्छारहित

आर्या

यत्परदारार्थादिषु, जन्तुषु निःस्पृहमहिंसकं चेतः।
दुश्छेद्यान्तर्मलहृत्तदेव शौचं परं नाऽन्यत्।।९४।।

पर-धन नारी में निर्वाञ्छक, वृत्ति अहिंसक सदा रहे।
अन्तर्मल दुर्भेद्य विनाशक, यही शौच नहिं अन्य कहें।।

अर्थ ह्न जो परस्त्री तथा पराये धन में इच्छारहित हैं, किसी भी जीव को मारने की जिनकी भावना नहीं है और जो अत्यन्त दुर्भेद्य लोभ, क्रोधादि मलों का हरण करने वाला है ह्न ऐसा चित्त ही **शौचधर्म** है, किन्तु उससे भिन्न कोई शौचधर्म नहीं है।

भावार्थ ह्न गंगा आदि नदियों में स्नान भी किया तथा पुष्कर आदि तीर्थों में भी गए, किन्तु मन, लोभादि से ही संयुक्त बना रहा तो कदापि शौचधर्म नहीं पल सकता, इसलिए मन को सबसे पहले शुद्ध करना चाहिए।

९५. उत्तम शौचधर्म हेतु बाह्य की अपेक्षा अन्त:करण की शुद्धि अनिवार्य

शार्दूलविक्रीडित

गंगासागरपुष्करादिषु सदा, तीर्थेषु सर्वेष्वपि;
स्नातस्याऽपि न जायते तनुभृतः, प्रायो विशुद्धिः परा।
मिथ्यात्वादिमलीमसं यदि मनो, बाह्येऽतिशुद्धोदकैः;
धौतं किं बहुशोऽपि शुद्ध्यति सुरा,-पूरप्रपूर्णो घटः।।९५।।

गंगा-सागर पुष्करादि, तीर्थों में यदि स्नान करें।
किन्तु विशुद्धि न मन में हो तो, प्राणी सदा अशुद्ध रहें।।
मिथ्यात्वादि मलों से मैला, मन हो शुद्ध कहो कैसे?।
मद्य भरा घट शुचि कैसे हो, कितना भी धोएँ जल से।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जिस प्रकार अत्यन्त घृणित मद्य से भरा हुआ घड़ा यदि बहुत बार शुद्ध जल से धोया भी जाए तो वह शुद्ध नहीं हो सकता; उसी प्रकार जो मनुष्य, बाह्य में गंगा-पुष्कर आदि तीर्थों में स्नान करने वाला है, किन्तु उसका अन्तःकरण नाना प्रकार के क्रोधादि कषायों से मलीमस (मलिन) है तो वह कदापि उत्कृष्ट शुद्धि को प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए मनुष्य को सबसे पहले अपने अन्तःकरण को शुद्ध करना चाहिए क्योंकि जब तक अन्तःकरण शुद्ध न होगा, तब तक सर्व बाह्य क्रियाएँ व्यर्थ हैं।

९६. उत्तम संयमधर्म : काय छहों प्रतिपाल, पंचेन्द्रिय-मन वश करो.....

आर्या

जन्तुकृपार्दितमनसः, समितिषु साधोः प्रवर्तमानस्य।
प्राणेन्द्रियपरिहारं, संयममाहुर्महामुनयः।।९६।।

जीव-दया से भीगा मन हो, पञ्च समिति में हो वर्तन।
इन्द्रिय-विषय तथा हिंसा का, त्याग कहें मुनिवर संयम।।

अर्थ ह्न जिसका चित्त, जीवों की दया से भीगा हुआ है, जो ईर्या-भाषा-एषणा आदि पाँच समितियों का पालन करने वाला है ह्न ऐसे साधु के जो षट्काय के जीवों की हिंसा तथा इन्द्रियों के विषयों का त्याग है, उसी को गणधरादि देव **संयमधर्म** कहते हैं।

भावार्थ ह्न जब तक दया से चित्त भीगा न रहेगा, ईर्या-भाषा-एषणा आदि समितियों का पालन न किया जाएगा, समस्त जीवों की हिंसा तथा इन्द्रियों के विषयों का त्याग न किया जाएगा; तब तक कदापि संयमधर्म नहीं पल सकता। इसलिए संयमियों को उपर्युक्त बातों पर विशेषतया ध्यान देना चाहिए।

९७. उत्तम संयमधर्म की उत्तरोत्तर दुर्लभता

शार्दूलविक्रीडित

मानुष्यं किल दुर्लभं भवभृतः, तत्रापि जात्यादयः;
तेष्वेवाप्तवचः श्रुतिः स्थितिरतः, तस्याश्च दृग्बोधने।

प्राप्ते ते अतिनिर्मले अपि परं, स्यातां न येनोज्झिते;
स्वर्मोक्षैकफलप्रदे स च कथं, न श्लाघ्यते संयमः।।९७।।

यह नरभव मिलना दुर्लभ है, उसमें दुर्लभ उत्तम जाति।
आप्त वचन सुनना दुर्लभ है, उसमें भी दुर्लभ दीर्घायु।।
ये सब होवें प्राप्त किन्तु, दुर्लभ है सम्यग्दर्शन-ज्ञान।
इनसे भी अति दुर्लभ संयम, क्यों न प्रशंसा करें सुजान?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि प्रथम तो इस संसाररूपी गहन वन में भ्रमण करते हुए प्राणियों का मनुष्य होना ही अत्यन्त कठिन है, किन्तु किसी कारण से मनुष्य जन्म प्राप्त भी हो जाए तो उत्तम ब्राह्मणादि जाति मिलना अति दु:साध्य है। यदि किसी प्रबल दैवयोग से उत्तम जाति भी मिल जाए तो अर्हन्त भगवान के वचनों का सुनना बड़ा दुर्लभ है। यदि उनके सुनने का भी सौभाग्य प्राप्त हो जाए तो संसार में अधिक जीवन नहीं मिलता। यदि अधिक जीवन भी मिले तो सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति होना अति कठिन है। यदि किसी पुण्य के उदय से अखण्ड तथा निर्मल सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति भी हो जाए तो संयमधर्म के बिना वे स्वर्ग तथा मोक्षरूपी फल के देनेवाले नहीं हो सकते। इसलिए संयम सबसे अधिक प्रशंसनीय है, अतः संयमियों को ऐसे संयम की अवश्य रक्षा करनी चाहिए।

९८. उत्तम तपधर्म : द्वादश विध सुखदाय, क्यों न करें निज शक्ति-सम

आर्या

कर्ममलविलयहेतोः, बोधदृशा तप्यते तपः प्रोक्तम्।
तद्द्वेधा द्वादशधा, जन्माम्बुधियानपात्रमिदम्।।९८।।

ज्ञान-नेत्र-धारी साधु जो, कर्मक्षय के हेतु तपें।
दो अथवा बारह प्रकार तप, भव-सागर से पार करें।।

अर्थ ह्न सम्यग्ज्ञानरूपी दृष्टि से भले प्रकार वस्तु के स्वरूप को जान कर, ज्ञानावरणादि कर्ममल के नाश की बुद्धि से जो तप किया जाता है, वही **तपधर्म** कहा गया है।

वह तप मूल में बाह्य व अभ्यन्तर के भेद से दो प्रकार का है। १. अनशन, २. अवमौदर्य, ३. वृत्ति-परिसंख्यान, ४. रस-परित्याग, ५. विविक्त-शय्यासन ६. कायक्लेश ह्न इस रीति से छह प्रकार का बाह्य तथा १. प्रायश्चित्त, २. विनय, ३. वैयावृत्त्य, ४. स्वाध्याय, ५. व्युत्सर्ग ६. ध्यान ह्न इस रीति से छह प्रकार का अभ्यन्तर; इस प्रकार तप के बारह भेद भी हैं। वह तप, संसाररूपी समुद्र से पार होने के लिए जहाज के समान है अर्थात् मोक्ष को देनेवाला है।

९९. उत्तम तपधर्म के द्वारा क्रोधादि कषायों पर विजय

पृथ्वी

कषायविषयोद्भट,-प्रचुरतस्करौघो हठात्;
तपः सुभटताडितो, विघटते यतो दुर्जयः।
अतो हि निरुपद्रवः,चरति तेन धर्मश्रिया;
यतिः समुपलक्षितः, पथि विमुक्तिपुर्याः सुखम्।।९९।।

विषय-कषायरूप तस्कर हों, उद्धत और महाबलवान्।
किन्तु सुभट तप-सन्मुख हो तो, तत्क्षण ही होते निष्प्राण।।
धर्मरूप लक्ष्मी से शोभित, योगी तप-योद्धा के संग।
शिवपुर-पथ में गमन करें वे, अति सुख से होकर निःशंक।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यद्यपि क्रोधादि कषायरूपी उद्धत तथा प्रबल चोरों का समूह दुर्जय है अर्थात् साधारण रीति से जीतने में नहीं आ सकता तो भी जिस समय तपरूपी प्रबल योद्धा, उसके सामने आता है, उस समय उसकी कुछ भी तीन-पाँच नहीं चलती अर्थात् बात ही बात में वह जीत लिया जाता है; इसलिए जो योगीश्वर, तपरूपी सुभट के साथ धर्मरूपी लक्ष्मी से युक्त हैं, वे मोक्षरूपी नगर के मार्ग में निरुपद्रव तथा सुख से चले जाते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई मनुष्य, विदेश को निकले और उसके पास लक्ष्मी भी हो, किन्तु उसके पास यदि कोई सुभट न हो तो वह बात ही बात में भयंकर डाकुओं से लूट लिया जाता है, परन्तु यदि उसके पास थोड़े से भी प्रबल योद्धा होवें तो उसका डाकू कुछ भी बिगाड़ नहीं कर सकते अर्थात् उन डाकुओं को वे योद्धा तत्काल जीत लेते हैं; उसी प्रकार संसार में विषय-कषायरूपी योद्धा यद्यपि अत्यन्त दुर्जय हैं, तथापि जिस मुनि के पास तपरूपी बल-समुदाय है तो उसका वे विषय-कषाय कुछ भी नहीं कर सकते तथा वे मुनि, उपद्रवरहित होकर सुख से मोक्ष को चले जाते हैं; इसलिए मोक्षाभिलाषी मुनियों को तप सबसे प्रिय लगता है।

१००. उत्तम तपधर्म से भयभीत होना व्यर्थ

मन्दाक्रान्ता

मिथ्यात्वादेः, यदिह भविता, दुःखमुग्रं तपोभ्यो;
जातं तस्मादुदककणिकैकेव सर्वाब्धिनीरात्।

स्तोकं तेन, प्रभवमखिलं, कृच्छ्रलब्धे नरत्वे;
यद्येतर्हि, स्खलति तदहो, का क्षतिर्जीव ते स्यात्।।१००।।

मिथ्यात्वादिक से नरकों में, होते हैं जो दुःख महान।
तप से होने वाले दुःख कुछ, नहीं जलधि की बूँद समान।।
महाकष्ट से नर-तन पाया, तप से होते सब गुण प्राप्त।
किन्तु यदि चूके तो मानो! हो जाता है सब कुछ घात।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि हे जीव! जिस प्रकार समस्त समुद्र की अपेक्षा जल का कण अत्यन्त छोटा होता है, उसी प्रकार तप के करने से तुझे बहुत थोड़े दुःख का अनुभव करना पड़ता है; किन्तु जिस समय मिथ्यात्व के उदय से तू नरक जाएगा, उस समय तुझे नाना प्रकार के छेदनह्नभेदन आदि असह्य दुःखों का सामना करना पड़ेगा तो भी तू न जाने तप से क्यों भयभीत होता है? अरे! तेरी तप करने में क्या हानि है?

१०१. उत्तम त्यागधर्म में मुनियों को देने योग्य दान की मुख्यता

शार्दूलविक्रीडित

व्याख्या या क्रियते श्रुतस्य यतये, यद्दीयते पुस्तकं;
स्थानं संयमसाधनादिकमपि, प्रीत्या सदाचारिणा।
स त्यागो वपुरादिनिर्ममतया, नो किंचनास्ते यतेः;
आकिंचन्यमिदं च संसृतिहरो, धर्मः सतां सम्मतः।।१०१।।

श्रुत की व्याख्या करना एवं, निर्ग्रन्थों को ग्रन्थ-प्रदान।
प्रीतिसहित यति को दे संयम-साधन, यह श्रावक का दान।।
'किञ्चित् भी नहिं मेरा' ह्न ऐसा, हो विचार तन से निर्मम।
आकिञ्चन्यधर्म यह भव-नाशक है श्रेष्ठ कहें सज्जन।।

अर्थ ह्न शास्त्रों का भलीभाँति व्याख्यान करना तथा मुनियों को पुस्तक, स्थान और संयम-शौच आदि के साधन, पीछी-कमण्डलु आदि देना, सदाचारियों का उत्कृष्ट **त्यागधर्म** है। 'मेरा कुछ भी नहीं है' ह्न ऐसा विचार कर, अत्यन्त निकट शरीर से भी ममता छोड़ देना, **आकिञ्चन्य धर्म** है, वह यतियों को होता है, वह समस्त संसार का नाश करने वाला है और समस्त श्रेष्ठ पुरुषों के द्वारा आदरणीय है।

१०२. उत्तम त्यागधर्म के धारकों की महिमा

शिखरिणी

विमोहा मोक्षाय, स्वहितनिरताश्चारुचरिताः;
गृहादि त्यक्त्वा ये, विदधति तपस्तेऽपि विरलाः।
तपस्यन्तोऽन्यस्मिन्नपि यमिनि शास्त्रादि ददतः;
सहायाः स्युर्ये ते, जगति यतयो दुर्लभतराः।।१०२।।

निर्मोही हो चारु चरित-धर, निज-हित में ही लीन रहें।
मोक्षहेतु गृह-त्याग करें तप, ऐसे साधु विरले हैं।।
स्वयं तपें तप अन्य मुनी को, शास्त्रादिक दे करें सहाय।
दुर्लभ से दुर्लभ हैं ऐसे, मुनिवर जो जग को सुखदाय।।

अर्थ ह्न जिनका मोह सर्वथा मोह गल गया है, जो अपने आत्मा के हित में ही निरन्तर लगे रहते हैं, जो सुन्दर चारित्र के धारण करने वाले हैं तथा घर, स्त्री, पुत्रादि को छोड़ कर, मोक्ष के लिए तप करते हैं, वे मुनि, संसार में विरले ही हैं। जो स्वतः अपने हित के लिए तप करने वाले हैं, दूसरे तपस्वियों के लिए शास्त्रादिक का दान करते हैं और उनके सहायी भी हैं ह्न ऐसे योगीश्वर, संसार के बीच में अत्यन्त दुर्लभ हैं, वे बड़ी कठिनाई से मिलते हैं।

१०३. उत्तम त्यागधर्म एवं आकिञ्चन्यधर्म में ममत्व-त्याग का महत्त्व

परं मत्वा सर्वं, परिहृतमशेषं श्रुतविदा;
वपुः पुस्ताद्यास्ते, तदपि निकटं चेदिति मतिः।
ममत्वाभावे तत्, सदपि न सदन्यत्र घटते;
जिनेन्द्राज्ञाभंगो, भवति च हठात् कल्मषमृषेः।।१०३।।

सर्व परिग्रह भिन्न जान कर, ज्ञानी मुनि ने त्याग किया।
किन्तु देह अरु शास्त्र निकट हैं, क्यों नहिं उनका त्याग किया?।।
उनमें नहीं ममत्व अतः वे, सत् हैं किन्तु असत्-वत् जान।
यदि ममत्व हो तो जिन-आज्ञा-उल्लंघन का पाप महान।।

अर्थ ह्न समस्त शास्त्रों को जानने वाले वीतरागदेव ने अपनी आत्मा से समस्त वस्तुओं को भिन्न जान कर सबका त्याग कर दिया है। यदि कहोगे कि सबको छोड़ते समय उन्होंने शरीर, पुस्तकादि का त्याग क्यों नहीं किया? तो उसका **समाधान** यह है कि उनकी

शरीरादि में भी किसी प्रकार की ममता नहीं रही है; इसलिए वे मौजूद होते हुए भी नहीं मौजूद की तरह ही हैं अर्थात् मुनियों के शरीरादि का साथ, आयुकर्म का नाश हुए बिना छूट नहीं सकता यदि वे उन शरीरादि को बीच में ही छोड़ देवें तो उनको प्राणघात करने के कारण हिंसा का भागी होना पड़ेगा; इसलिए उनके शरीरादि तो रहते हैं, किन्तु वे शरीरादि में किसी प्रकार का ममत्व नहीं रखते। यदि वे शरीरादि में किसी प्रकार का ममत्व करें तो उनको जिनेन्द्र की आज्ञा-भंग करनेरूप महान दोष का भागी होना पड़ेगा अर्थात् जब तक उनको ममत्व रहेगा, तब तक वे मुनि ही नहीं कहे जा सकते हैं।

१०४. उत्तम ब्रह्मचर्यधर्म : स्त्री ही संसार-परिभ्रमण की कारण

स्रग्धरा

यत्संगाधारमेतत् चलति लघु च यत्, तीक्ष्णदुःखौघधारं;
मृत्पिण्डीभूतं, कृतबहुविकृति,-भ्रान्तिसंसारचक्रम्।
ता नित्यं यन्मुमुक्षुः, यतिरमलमतिः, शान्तमोहः प्रपश्येत्;
जामीः पुत्रीः सवित्रीरिव हरिणदृशः, तत्परं ब्रह्मचर्यम्।।१०४।।

जिसका संग अधिकरण जगत् का, तीव्र दुःखों की पैनी धार।
प्राणी भ्रमते मृत-पिण्डीवत्, पर्यायें धर विविध प्रकार।।
उस नारी को जो मुमुक्षु यति,लखें मोह को कर उपशान्त।
माता-बहन-सुता-सम वे ही, पाते हैं व्रत ब्रह्म परम।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार कुम्भकार का चाक, जमीन के आधार से चलता है, उस चाक की तीक्ष्ण धारा रहती है, उसके ऊपर मिट्टी का पिण्ड भी रहता है तथा वह चाक, नाना प्रकार के कुसूल, स्थास आदि घट के विकारों को करता है; उसी प्रकार संसाररूपी चाक की आधार यह स्त्री है अर्थात् यह स्त्री न होती तो यह जीव, कदापि संसार में भटकता न फिरता।

इस संसाररूपी चाक में अत्यन्त तीक्ष्ण दुःखों का समूह ही धार है अर्थात् संसार में नाना प्रकार के नरकादि दुःखों का सामना करना पड़ता है। इस संसाररूपी चाक के ऊपर नाना प्रकार के जीव ही पिण्ड हैं। यह संसाररूपी चाक, देव-मनुष्यादि नाना प्रकार के विकार धारण करा कर, जीवों को भ्रमण कराने वाला है; अतः स्त्री ही संसार-चक्र की कारण है। इसलिए जो मोक्ष का अभिलाषी मनुष्य, उन स्त्रियों को माता-बहिन-पुत्री के समान मानता है, उसी के उत्कृष्ट **ब्रह्मचर्यधर्म** का भलीभाँति पालन होता है; अतः ब्रह्मचारी मनुष्यों को चाहिए कि वे कदापि स्त्रियों के साथ सम्बन्ध न रखें।

१०५. स्त्रियों से प्रीति छोड़ने वाले ही महान

मालिनी

अविरतमिह तावत्, पुण्यभाजो मनुष्याः;
हृदि विरचितरागाः कामिनीनां वसन्ति।
कथमपि न पुनस्ता, जातु येषां तदंघ्री;
प्रतिदिनमतिनम्राः, तेपि नित्यं स्तुवन्ति।।१०५।।

जो नारी को प्रिय हैं पर, उनमें नहिं है नारी का वास।
नारी को प्रिय पुण्यवान भी, उन्हें नमें नित शीश नवा।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, निरन्तर स्त्रियों के हृदय में प्रीति उपजाने वाले हैं अर्थात् जिनको स्त्रियाँ चाहती हैं, वे भी यद्यपि संसार में धन्य हैं, तथापि जिन मनुष्यों के हृदय में स्त्रियाँ स्वप्न में भी निवास नहीं करतीं, वे उनसे भी अधिक धन्य हैं तथा उन वीतरागी पुरुषों के चरण-कमलों को स्त्रियों के प्रिय पात्र, बड़े-बड़े चक्रवर्ती आदि भी सिर झुका कर नमस्कार करते हैं; इसलिए जिन पुरुषों को संसार में अपनी कीर्ति फैलाने की इच्छा है, उनको कदापि स्त्रियों के जाल में नहीं फँसना चाहिए।

१०६. द्यानत धरम दश पैंड़ि चढ़ि कै, शिवमहल में पग धरा.....

स्रग्धरा

वैराग्यत्यागदारु,-कृतरुचिरचना, चारुनि:श्रेणिका यैः;
पादस्थानैरुदारैः, दशभिरनुगता, निश्चलैर्ज्ञानदृष्टेः।
योग्या स्यादारुरुक्षोः, शिवपदसदनं, गन्तुमित्येषु केषां;
नो धर्मेषु त्रिलोकी-पतिभिरपि सदा, स्तूयमानेषु हृष्टिः।।१०६।।

त्याग-विराग काष्ठ-खण्डों से बनी हुई उत्तम सीढ़ी।
क्षमा आदि दस पाद-स्थल युत, मोक्षमहल को है जाती।।
मुक्ति-कामिनी वाञ्छक नर को, यही नसैनी योग्य कही।
सुरपति से उन वन्द्य धर्म दश, धरने में नहीं हर्ष किसे?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जिसके इधर-उधर वैराग्य तथा त्यागरूपी मनोहर काष्ठ लगे हुए हैं, जिसमें बड़े-बड़े मजबूत दश धर्मरूपी पाद-स्थान (डण्डे) मौजूद हैं ह्न ऐसी सीढ़ी मोक्षरूपी महल पर चढ़ने की इच्छा करने वाले मनुष्य को चढ़ने के लिए योग्य है क्योंकि जो

तीन लोक के पति इन्द्रादिकों से वन्दनीक हैं ह्न ऐसे उन दश धर्मों के धारण करने में किसको हर्ष नहीं होता है? अर्थात् समस्त मोक्षाभिलाषी उनको हर्ष के साथ पालते हैं।

१०७. अनन्त चतुष्टयस्वरूप स्वस्थता को नमस्कार

शार्दूलविक्रीडित

निःशेषामलशीलसद्गुणमयी,-मत्यन्तसाम्यस्थितां;
वन्दे तां परमात्मनः प्रणयिनीं, कृत्यान्तगां स्वस्थताम्।
यत्राऽनन्तचतुष्टयाऽमृत-सरित्याऽऽत्मानमन्तर्गतं;
न प्राप्नोति जरादिदुःसहशिखः, संसारदावानलः।।१०७।।

रहें सदा समभावों में जो, निर्मलशील-गुणों की खान।
आत्म-प्रीतिकर कर्त्तव्यान्तक, आत्मलीनता धर्म महान।।
जो ज्ञानादि चतुष्टय अमृत,-सरिता में स्नान करें।
जन्म-जरा-दुःख दावानल भी, उन्हें दुःखी नहिं कर सकते।।

अर्थ ह्न समस्त निर्मल शीलगुण स्वरूप, सर्वथा समतारूप अवस्था में होने वाली, उत्कृष्ट आत्मा से प्रीति कराने वाली, जिसके होने पर किसी प्रकार का कर्तव्य बाकी नहीं रहता ह्न ऐसी स्वस्थता को मैं नमस्कार करता हूँ क्योंकि अनन्त विज्ञानादि अनन्त चतुष्टय-स्वरूप, स्वस्थतारूपी अमृत नदी के भीतर रहने वाली आत्मा को जरा आदि दुःसह शिखा को धारण करने वाला संसाररूपी बड़वानल प्राप्त नहीं हो सकता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई नदी के जल में प्रवेश कर जाए तो उसका भयंकर अग्नि कुछ भी बिगाड़ नहीं कर सकती; उसी प्रकार जो अनन्त चतुष्टयस्वरूप स्वस्थतारूपी अमृत नदी में प्रविष्ट है, उसको असह्य भी संसाररूपी बड़वाग्नि अंशमात्र भी नहीं सता सकती।

१०८. अनेक प्रकार के आनन्द को उत्पन्न करने वाले चैतन्य को मेरा नमस्कार!

आयातेऽनुभवं भवारिमथने, निर्मुक्तमूर्त्याऽऽश्रये;
शुद्धेऽन्यादृशि सोमसूर्यहुतभुक्,-कान्तेरनन्तप्रभे।
यस्मिन्नस्तमुपैति चित्रमचिरात्, निःशेषवस्त्वन्तरं;
तद्वन्दे विपुल-प्रमोद-सदनं, चिद्रूपमेकं महः।।१०८।।

जो भवारि-नाशक है अनुभवगम्य देह बिन है अनुपम।
सूर्यादिक से अधिक प्रभामय, अन्य ज्ञान से रहे अगम।।

जिसमें अस्त समस्त पराश्रित, आकुलतामय विविध विकल्प।
विपुल प्रमोद सदन चेतनमय, 'तेजपुञ्ज' को करूँ नमन।।

अर्थ ह्न समस्त कर्मादि वैरियों का नाश करने वाला, शरीर आदि के आश्रय से रहित अर्थात् जिसको किसी प्रकार के शरीर आदि का आश्रय नहीं है, जो शुद्ध है, दूसरे के प्रत्यक्षज्ञान के अगोचर है तथा चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि से भी अनन्तगुनी प्रभा को धारण करने वाला है, जिस चैतन्यस्वरूप उत्कृष्ट तेज के अनुभव होने पर बात ही बात में समस्त परपदार्थों का विकल्प अस्त हो जाता है ह्न ऐसे अनेक प्रकार के प्रमोद (आनन्द) को पैदा करने वाले उस चैतन्यस्वरूप तेज को मैं सिर झुका कर नमस्कार करता हूँ।

१०९. अविनाशी सिद्ध भगवान को मेरा नमस्कार!

जातिर्याति न यत्र यत्र च मृतो, मृत्युर्जरा जर्जरा;
जाता यत्र न कर्मकायघटना, नो वाग् न च व्याधयः।
यत्राऽऽत्मैव परं चकास्ति विशद,-ज्ञानैकमूर्तिः प्रभुः;
नित्यं तत्पदमाश्रिता निरुपमाः, सिद्धाः सदा पान्तु वः।।१०९।।

जहाँ न जन्मे जन्म, मृत्यु भी मरी, जरा भी जीर्ण हुई।
जहाँ न वाणी-व्याधि नहीं, तन-कर्मों का सम्बन्ध नहीं।।
निर्मल ज्ञान-मूर्ति प्रभु आतम, सदा प्रकाशित होता है।
शिवपद आश्रित शाश्वत अनुपम, सिद्ध शरण हम लेते हैं।।

अर्थ ह्न जहाँ पर न जन्म है, न मरण है, न जरा है; न कर्मों और न शरीर का सम्बन्ध है; न वाणी है और न रोग है, जहाँ पर निर्मल ज्ञान का धारण करने वाला प्रभु आत्मा, सदा प्रकाशमान है ह्न ऐसे उस अविनाशी पद में रहने वाले उपमारहित (अर्थात् जिनको किसी की उपमा ही नहीं दे सकते ह्न ऐसे) सिद्ध भगवान मेरी रक्षा करें अर्थात् ऐसे सिद्धों की मैं शरण लेता हूँ।

११०. अमूर्तिक चैतन्यस्वरूपी आत्मा के बारे में कुछ कहने की प्रतिज्ञा

दुर्लक्ष्येऽपि चिदात्मनि श्रुतबलात्, किञ्चित्स्वसंवेदनात्;
ब्रूमः किंचिदिह प्रबोधनिधिभिः,-ग्राह्यं न किञ्चिच्छलम्।
मोहे राजनि कर्मणामतितरां, प्रौढान्तराये रिपौ;
दृग्बोधावरणद्वये सति मतिः, तादृक्कुतो मादृशाम्।।११०।।

दृष्टि-अगोचर है तथापि, श्रुतबल से या निज अनुभव से।
कहूँ आत्मा का स्वरूप, विद्वान् न समझें छल इसमें।।
कर्म-शत्रु का नृपति मोह है, अन्तराय भी महासुभट।
ज्ञान-दर्शनावरण संग हैं, कैसे मेरी मति उत्कृष्ट?।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार अमूर्तिक होने के कारण आकाश आदि किसी के द्वारा देखे नहीं जा सकते, उसी प्रकार यद्यपि यह आत्मा किसी के द्वारा दृष्टिगोचर नहीं है तो भी उस चैतन्य-स्वरूप आत्मा के स्वरूप का शास्त्र के बल से अथवा अपने अनुभव से मैं वर्णन करता हूँ। इसलिए बुद्धिमानों को इसमें किसी प्रकार की दगाबाजी नहीं समझनी चाहिए क्योंकि समस्त कर्मों का राजा मोहनीय, अत्यन्त प्रबल अन्तरायरूपी कर्मशत्रु तथा ज्ञानावरण-दर्शनावरण कर्म, अभी मेरी आत्मा के साथ लगे हुए हैं; इसलिए वास्तविक स्वरूप के कहने में मेरी बुद्धि कैसे प्रवीण हो सकती है?

भावार्थ ह्न वास्तविक रीति से आत्मा के स्वरूप का वर्णन तो अर्हन्त ही कर सकते हैं, अल्पज्ञानी नहीं। चूँकि अभी मैं अल्पज्ञानी हूँ, इसलिए मेरा कथन सर्वज्ञदेवप्रणीत शास्त्र के अनुसार तथा कुछ अनुभव मिश्रित होने से विद्वानों को अवश्य मानना चाहिए।

१११. परमात्मतत्त्व का ज्ञान कराने वाले अत्यन्त दुर्लभ

विद्वन्मन्यतया सदस्यतितरा,-मुद्दण्डवाग्डम्बराः;
शृंगारादिरसैः प्रमोदजनकं, व्याख्यानमातन्वते।
ये ते च प्रतिसद्म सन्ति बहवो, व्यामोहविस्तारिणो;
येभ्यस्तत्परमात्मतत्त्वविषयं, ज्ञानं तु ते दुर्लभाः।।१११।।

अपने को विद्वान् मान कर, वचनों के आडम्बर से।
शृंगारादि रसों से आनन्द-दायक सम्बोधन करते।।
जन-जन को सन्मार्ग दिखाने वाले हैं नर बहुतेरे।
परम तत्त्व बतलाने वाले, बड़ी कठिनता से मिलते।।

अर्थ ह्न अपने को विद्वान् मान कर, शृंगारादि रस सहित नाना प्रकार के प्रमोदजनक व्याख्यानों को कहने वाले, सभा में व्यर्थ वचनों के आडम्बर को धारण करने वाले और मनुष्यों को सन्मार्ग से भुलाने वाले पुरुष, संसार में घर-घर में बहुत मिलेंगे; परन्तु जो परमात्मतत्त्व का ज्ञान देने वाले हैं ह्न ऐसे मनुष्य बड़ी कठिनाई से मिलते हैं।

११२. वीतरागता-पोषक शास्त्राभ्यास की महिमा

आपद्धेतुषु रागरोषनिकृति,-प्रायेषु दोषेष्वलं;
मोहात्सर्वजनस्य चेतसि सदा, सत्सु स्वभावादपि।
तन्नाशाय च संविदे च फलवत्, काव्यं कवेर्जायते;
शृंगारादिरसं तु सर्वजगतो, मोहाय दुःखाय च।।११२।।

मोहोदय से राग-द्वेष माया एवं लोभादिक दोष।
प्राय: सबके चित् में स्वाभाविक रहते देखे दु:ख-कोष।।
काव्य वही है फलदायक जो, इन दोषों का करें विनाश।
शृंगारादिक रस तो सबके, मोह और दु:खमय आवास।।

अर्थ ह्न समस्त मनुष्यों के चित्त में नाना प्रकार के दु:ख देने वाले राग, द्वेष, माया, क्रोध, लोभ आदि दोष, स्वभाव से ही रहे आते हैं; इसलिए जिस कवि का काव्य, उनको मूल से उड़ाने वाला तथा सम्यग्ज्ञान को उत्पन्न करने वाला होता है; वास्तव में वही कार्यकारी समझना चाहिए अर्थात् जिसमें वीतरागता का वर्णन होवे, वही काव्य, फल का देने वाला है। शृंगारादि रस तो समस्त जगत् को मोह उत्पन्न करने वाले तथा दु:ख देने वाले हैं; इसलिए भव्यों को चाहिए कि वे वीतराग भाव को दर्शाने वाले शास्त्रों का ही अभ्यास करें।

११३. रागवर्द्धक शृंगारपोषक शास्त्रों की निन्दा

वसन्ततिलका

कालादपि प्रसृतमोह,-महाऽन्धकारे;
मार्गं न पश्यति जनो, जगति प्रशस्तम्।
क्षुद्राः क्षिपन्ति दृशि दुःश्रुतिधूलिमस्य;
न स्यात्कथंगतिरनिश्चितदुःपथेषु।।११३।।

मोह महातम व्याप्त जगत् में, प्राणी देख सकें न सुमार्ग।
दुष्ट फेंकते धूल दु:श्रुति तो फिर क्यों नहीं चलें कुमार्ग?।।

अर्थ ह्न अनादि काल से फैले हुए मोहरूपी अन्धकार से व्याप्त इस जगत् में बेचारे मोही जीव, एक तो स्वयमेव ही श्रेष्ठ मार्ग को नहीं देख सकते; यदि किसी रीति से देख भी सकें तो दुष्ट पुरुष उनकी आँखों में शृंगारादि शास्त्र सुना कर धूलि डालते हैं, इसलिए वे जीव, कहाँ तक खोटे मार्ग में गमन नहीं करें अर्थात् ऐसे जीव, खोटे मार्ग में गमन करते ही हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जात्यन्ध पुरुष को एक तो स्वयमेव ही मार्ग नहीं सूझता, किन्तु यदि उसकी आँखों में धूलि डाल दी जाए तो और भी वह घबड़ा कर खोटे मार्ग में गिर पड़ता है; उसी प्रकार संसार में भ्रमण करते हुए प्राणियों को एक तो मोह के उदय से स्वयं मार्ग नहीं सूझता, साथ ही शृंगारादि रसों के सुनने से वे, और भी खोटे मार्गों में गिरते हैं। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे कदापि शृंगारादि पोषक शास्त्रों को न सुनें, जिससे उनको खोटे मार्ग में गिरना न पड़े।

११४. स्त्री के घृणित शरीर को 'चन्द्रमुखी' की उपमा देना आश्चर्यकारक

शार्दूलविक्रीडित

विण्मूत्रकृमिसंकुले कृतघृणै,-रन्त्रादिभिः पूरिते;
शुक्रासृग्वरयोषितामपि तनु,-र्मातुः कुगर्भेऽजनि।
साऽपि क्लिष्टरसादिधातुकलिता, पूर्णा मलाद्यैरहो;
चित्रं चन्द्रमुखीति जातमतिभिः, विद्वद्भिरावर्ण्यते।।११४।।

यह नारी-तन नाना कृमि से, भरा मूत्र-विष्टादिक खान।
घृणाजनक मांसादिक से परिपूर्ण गर्भ में लेता जन्म।।
उत्तम नारी-तन भी निर्मित, वीर्य और रज से उत्पन्न।
तो भी नीच कवि कहते हैं, 'चन्द्रमुखी' आश्चर्य महान।।

अर्थ ह्न यह स्त्री का शरीर, विष्टा-मूत्र, नाना प्रकार के कीड़ों आदि से व्याप्त, प्रबल घृणा को पैदा करने वाले आँत-मांस आदि से पूरित तथा वीर्य, रक्त आदि से पुष्ट ह्न ऐसे माता के घृणित गर्भ से उत्पन्न हुआ है। स्वयं भी वह स्त्री, नाना प्रकार के खोटे वीर्य-रक्त आदि से बनी हुई है तथा मल आदि से युक्त है तो भी नीच विद्वान् कवि, ऐसी स्त्री को 'चन्द्रमुखी' कहते हैं ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है।

११५. स्त्री के मुख-केश-स्तन आदि घृणास्पद स्थान

शिखरिणी

कचा यूकावासा, मुखमजिनबद्धास्थिनिचयः;
कुचौ मांसोच्छ्रायौ, जठरमपि विष्ठादिघटिका।
मलोत्सर्गे यन्त्रं, जघनमबलायाः क्रमयुगं;
तदाधारस्थूणे, किमिह किल रागाय महताम्।।११५।।

केश, जुओं का वास तथा मुख, चर्मयुक्त हाड़ों का जाल।
स्तन, मांस-पिण्ड हैं एवं जठर, मलादिक का स्थान।।
योनिस्थल, है मूत्र-वाहिनी, जंघाएँ उसका आधार।
ऐसी घृणित नारियों से, विद्वान करेंगे कैसे प्यार?।।

अर्थ ह्न स्त्री के **केश** तो जुओं के घर हैं, **मुख** चर्म से वेष्टित हाड़ों का समूह है, **स्तन** मांस के पिण्ड हैं, **उदर** विष्टा आदि गन्दी चीजों का घर है, **योनिस्थान** मूत्र आदि के बहने का नाला है और दोनों **चरण** उस योनिस्थान के ठहरने के लिए खंभों के समान हैं; इसलिए ऐसी घृणित स्त्री में विद्वान् पुरुष, कदापि राग नहीं कर सकते।

११६. स्त्री से राग छुड़ाने के लिए कामदेवरूपी धीवर का उदाहरण

द्रुतविलम्बित

परमधर्मनदाज्जनमीनकान्;
शशिमुखीबडिशेन समुद्धृतान्।
अतिसमुल्लसिते रतिमुर्मुरे;
पचति हा हतकः स्मरधीवरः।।११६।।

धीवर-काम, जीव-मछली को, नारीरूपी काँटे से।
धर्म-सरोवर से निकाल कर, सम्भोगाग्नि में भूँजे।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते है कि यह हिंसक कामदेवरूपी धीवर, जीवरूपी मछलियों को उत्कृष्ट धर्मरूपी तालाब से निकाल कर, स्त्रीरूपी मांससहित काँटे पर लटका कर, अत्यन्त प्रज्वलित सम्भोगरूपी अग्नि में भूँजता है ह्न यह बड़े दु:ख की बात है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार धीवर, जिह्वा इन्द्रिय की लोभी मछलियों को मांस-लिप्त काँटे से बाहर निकाल कर, अग्नि में भूँजता है; उसी प्रकार यह कामदेव भी जीवों को धर्म से हटा कर स्त्रियों के जाल में फँसा देता है। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे सर्वथा प्राणों के घात करने वाले इस कामदेव को अपने हृदय में फटकने तक न देवें।

११७. स्त्री का रूप, अन्य समस्त दोषों से भयंकर

शार्दूलविक्रीडित

येनेदं जगदापदम्बुधिगतं, कुर्वीत मोहो हठात्;
येनैते प्रतिजन्तु हन्तुमनसः, क्रोधादयो दुर्जयाः।

येन भ्रातरियं च संसृतिसरित्, संजायते दुस्तरा;
तज्जानीहि समस्तदोषविषमं, स्त्रीरूपमेतद्ध्रुवम्।।११७।।

जिसके द्वारा मोह जगत् को, दुःख-समुद्र में डुबा रहा।
जिससे क्रोधादिक शत्रु भी, जीव-घात में तत्पर हा!
जिसके कारण संसृति-सरिता, हो जाती है यहाँ अथाह।
हे भ्राता! यह नारीरूप, सब दोषों में ज्येष्ठ कहा।।

अर्थ ह्न जिस स्त्री के रूप की सहायता से मोह, जबर्दस्ती मनुष्य को नाना प्रकार के दुःख देता है, उसी रूप की सहायता से समस्त जीवों के नाशक, क्रोधादि कषाय दुर्जय हो जाते हैं, उसी रूप की सहायता से संसाररूपी नदी तिरी नहीं जा सकती, बल्कि वह अथाह हो जाती है; इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्यों! उस स्त्री के रूप को समस्त दोषों से भी भयंकर समझो।

भावार्थ ह्न जितने संसार भर में दोष हैं, वे किसी न किसी अहित को तो अवश्य करते ही हैं, परन्तु स्त्री का रूप भयंकर अहित को करता है; इसलिए हितैषियों को कदापि स्त्री के रूप में नहीं फँसना चाहिए।

११८. इन्द्रिय-विषयों के जाल में फँसने वाले जीवों की मूर्खता

मोहव्याधभटेन संसृतिवने, मुग्धैणबन्धाऽपदे;
पाशाः पंकजलोचनादिविषयाः, सर्वत्र सज्जीकृताः।
मुग्धास्तत्र पतन्ति तानपि वरा,-नास्थाय वाछन्त्यहो;
हा कष्टं परजन्मनेऽपि न विदः, क्वापीति धिङ्मूर्खताम्।।११८।।

मोह-व्याध-भट इस भव-वन में, मूढ़ों को बन्धन दुःखकार।
नेत्रादिक इन्द्रिय-विषयों का, जाल बिछा कर फँसा रहा।।
श्रेष्ठ जान कर इन्हें मूढ़जन, पर-भव में भी चाह करें।
धिक् है इनका मूढ़पना पर, ज्ञानी इनमें नहीं फँसे।।

अर्थ ह्न इस संसार-वन में भोले जीवरूपी मृगों को बाँध कर, दुःख देने के लिए मोहरूपी सुभट चिड़ियामार ने सब जगह लोचनादि विषयरूपी जाल फैला रखे हैं; उसी प्रकार इन्द्रिय-विषयरूपी जालों को श्रेष्ठ मान कर, भोले जीव उनमें आकर फँस जाते हैं, यह बड़े दुःख की बात है; किन्तु आत्मा के स्वरूप को जानने वाले विद्वान्, स्वप्न में भी उन जालों में नहीं फँसते और परलोक के लिए भी उन विषयों को हितकारी नहीं समझते; इसलिए

आचार्य कहते हैं कि उन भोले जीवों की मूर्खता के लिए धिक्कार है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चिडियामार, कुछ चावल आदि डाल कर, वन में जाल बिछा देते हैं; उसमें चावलों के लोलुपी नाना प्रकार के कबूतर आदि पक्षी फँस जाते हैं; उसी प्रकार संसार में मोह के उदय से मुग्ध पुरुष, विषयों में प्रवृत्त हो जाते हैं, नाना प्रकार के दु:खों को भोगते हैं; किन्तु बुद्धिमान पुरुष, विषयों के दु:खों को जान कर, विषयों में नहीं फँसते हैं, उन विषयों की आकांक्षा भी नहीं करते, इसलिए सदा सुखी रहते हैं; अत: विद्वानों को विषयों की तरफ कदापि ऋजु नहीं होना चाहिए।

११९. मोहरूपी वैरी के दु:खद प्रयोग

एतन्मोह-ठक-प्रयोग-विहित,-भ्रान्ति-भ्रमच्चक्षुषा;
पश्यत्येष जनोऽसमंजसमसद्,-बुद्धिर्ध्रुवं व्यापदे।
अप्येतान्विषयाननन्त-नरक,-क्लेश-प्रदान-स्थिरान्;
यत् शश्वत्सुखसागरानिव सत:,चेतः प्रियान् मन्यते।।११९।।

मोहरूप ठग के प्रयोग से, इसकी दृष्टि हुई भ्रमरूप।
विषयों को सुखरूप मान कर, भोगे निश्चित कष्ट अनूप।।
अस्थिर विषय भोग नरकों में, दु:ख अनन्त देने वाले।
किन्तु मूढ़-मन को वे सुख-सागर-सम प्रिय लगने वाले।।

अर्थ ह्न यह कुबुद्धि मनुष्य, मोहरूपी ठग के प्रयोग से उत्पन्न हुए भ्रम से भ्रान्त नेत्रों से विपरीत ही देखता है और विपरीत देखने से नाना प्रकार के दु:खों का अनुभव करता है तो भी अनन्त नरकों के दु:खों को देने वाले और बिजली के समान चंचल ह्न इन विषयों को स्थिर, निरन्तर सुख को देने वाले और चित्त को प्रिय मानता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई वैरी, किसी मनुष्य पर मन्त्रादि का प्रयोग करता है तो उससे उसके नेत्र घूमने लग जाते हैं, वह नाना प्रकार की आपत्तियों को भोगता है; उसी प्रकार यह कुबुद्धिजन, मोहरूपी वैरी के प्रयोग से विषयों में प्रवृत्त हो जाता है, समस्त चीजें उसको विपरीत ही सूझती हैं, उसी विपरीतता के कारण वह नाना प्रकार के दु:खों को भोगता है तो भी विषयों को अच्छा मानता है ह्न यह कितने दु:ख की बात है।

१२०. मोह को जीतने के लिए ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा की आराधना करने की प्रेरणा

संसारेऽत्र घनाटवीपरिसरे, मोहष्ठकः कामिनी-;
क्रोधाद्याश्च तदीयपेटकमिदं, तत्सन्निधौ जायते।

प्राणी तद्धितप्रयोगविकलः, तद्धश्यतामागतो;
न स्वं चेतयते लभेत विपदं, ज्ञातुः प्रभोः कथ्यताम्।।१२०।।

इस संसार महा अटवी-परिसर में महामोह ठग है।
जीवों को ठगने की सामग्री क्रोधादि समीप रहे।।
मोह-मन्त्र से प्राणी उसके, वश में व्याकुल होते हैं।
निज को जाने बिन दु:ख पाते, अत: जिनेश्वर शरण गहें।।

अर्थ ह्न इस संसाररूपी विस्तीर्ण वन में ठग तो मोह है और स्त्री, क्रोध-मान-माया आदि उसके पास प्राणियों को ठगने की सामग्री है। (अर्थात् स्त्री, क्रोध आदि कारणों से ही वह प्राणियों को ठगता है।) प्राणी, उसके प्रयोग में विकल होकर उसके आधीन पड़े रहते हैं। अपने स्वरूप को भी नहीं जानते हैं तथा नाना प्रकार की आपत्तियों को सहते हैं; इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि हे जीव! तुझे उस ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा तथा श्री सर्वज्ञदेव का ही आश्रय करना चाहिए।

भावार्थ ह्न ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा के आश्रय करने पर, प्रबल मोहरूपी ठग कुछ भी नहीं कर सकता; अत: जीवों को ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा का ही आराधन करना चाहिए।

१२१. मोह-चक्रवर्ती की बड़ी कठोर आज्ञा

ऐश्वर्यादिगुणप्रकाशनतया, मूढा हि ये कुर्वते;
सर्वेषां टिरिटिल्लितानि पुरतः, पश्यन्ति नो व्यापदः।
विद्युल्लोलमपि स्थिरं परमपि, स्वं पुत्रदाराऽदिकं;
मन्यन्ते यदहो तदत्र विषमं, मोहप्रभोः शासनम्।।१२१।।

ऐश्वर्यादि प्रकाशन हेतु, मूढ़ करें पर का उपहास।
कहें दुर्वचन किन्तु नहीं, देखें नरकादि विपत्ति पास।।
भिन्न तथा चञ्चल पुत्रादिक, को अपना अरु ध्रुव मानें।
मोह-चक्रवर्ती की ही यह, आज्ञा महा विषम जानें।।

अर्थ ह्न मैं लक्ष्मीवान हूँ, मैं ज्ञानवान हूँ, इत्यादि अपने गुणों को मूढ़ पुरुष प्रकाशित करते हैं, समस्त पुरुषों के सामने नाना प्रकार की गालियों को बकते हैं, किन्तु आने वाली नरकादि विपत्तियों पर कुछ भी ध्यान नहीं देते। बिजली के समान चञ्चल पुत्र-स्त्री आदि को स्थिर मानते हैं और अपने से भिन्न होने पर भी उनको अपना मानते हैं; इसलिए आचार्य कहते हैं कि मोह-चक्रवर्ती की आज्ञा बड़ी कठोर है।

भावार्थ ह्न पर को अपना मानना, चंचल को स्थिर मानना और मत्त होकर व्यर्थ नाना प्रकार की खराब चेष्टाएँ करना ह्न यह सब मोह के उदय से ही होता है; इसलिये उत्तम पुरुषों को मोह का नाश करने के लिए अवश्य प्रयत्न करना चाहिए।

१२२. मोह से मोह तोड़ने की प्रेरणा

शिखरिणी

क्व यामः किं कुर्मः, कथमिह सुखं किं च भविता;
कुतो लभ्या लक्ष्मीः, क इह नृपतिः सेव्यत इति।
विकल्पानां जालं, जडयति मनः पश्यत सतां;
अपि ज्ञातार्थानामिह, महदहो मोहचरितम्।।१२२।।

जाएँ कहाँ? करें क्या हम? अरु कैसे सुख हो यही विचार।
कैसे लक्ष्मी प्राप्त करें, किस राजा की आज्ञा उर धार?।।
वस्तुतत्त्व के ज्ञाताजन को, भी हों जाल-विकल्प अहो!।
मन को जड़ कर देता हैं यह, मोह-चरित आश्चर्य अहो!!।।

अर्थ ह्न हम कहाँ जाएँ? क्या करें? कैसे सुखी हों? किस रीति से लक्ष्मी प्राप्त करें? किस राजा की सेवा-टहल करें? इत्यादि नाना प्रकार के विकल्पों के समूह, संसार में प्राणियों को उत्पन्न होते रहते हैं, भले प्रकार वस्तु के स्वरूप को जानने वाले मनुष्यों के मन को जड़ बना देते हैं ह्न यह प्रत्यक्षगोचर है; इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि मोह का चरित्र बड़ा आश्चर्यकारी है।

भावार्थ ह्न मोह के उदय से मनुष्यों को नाना प्रकार के नहीं करने योग्य भी काम करने पड़ते हैं, इसलिए सबसे पहले मोह से मोह अवश्य तोड़ना चाहिए।

१२३. जिनधर्म की शरण और निर्ग्रन्थ गुरु का उपदेश मिलना अत्यन्त दुर्लभ

विहाय व्यामोहं, धनसदनतन्वादिविषये;
कुरुध्वं तत्तूर्णं, किमपि निजकार्यं बत बुधाः।
न येनेदं जन्म, प्रभवति सुनृत्वादिघटना;
पुनः स्यान्न स्याद्वा, किमपरवचोडम्बरशतैः।।१२३।।

पुत्र-धनादिक मोह छोड़, हे बुधजन! ऐसा कार्य करो।
पुनर्जन्म हो नहीं क्योंकि यह, कुल-गुरु-धर्म मिले न मिलें।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि अरे बुद्धिमानों! विशेष कहाँ तक कहें? शीघ्र ही

स्त्री-पुत्र-धन-घर आदि पदार्थों से मोह छोड़ कर ह्न ऐसा कोई काम करो, जिससे तुमको फिर जन्म न धारण करना पड़े क्योंकि नहीं मालूम फिर उत्तम कुल, जिनधर्म की शरण, निर्ग्रन्थ गुरु का उपदेश आदि मिलें या नहीं मिलें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चौराहे पर चिन्तामणि रत्न की प्राप्ति होना दुर्लभ है, उसी प्रकार मनुष्य जन्म, जिनधर्म का शरण आदि मिलना दुर्लभ है। इसलिए ऐसी अवस्था को पाकर उस काम को करना चाहिए, जिससे तुमको इस पंच परावर्तनरूप संसार में परिभ्रमण न करना पड़े। वरना तुम हाथ मलते रह जाओगे और कुछ भी हाथ नहीं लगेगा।

१२४. वीतराग-सर्वज्ञ का वचन ही प्रमाणभूत

स्रग्धरा

वाचस्तस्य प्रमाणं, य इह जिनपतिः, सर्वविद्वीतरागो;
रागद्वेषाऽदिदोषैः, उपहतमनसो, नेतरस्याऽनृतत्वात्।
एतन्निश्चित्यचित्ते, श्रयत बत बुधा, विश्वतत्त्वोपलब्ध्यै;
मुक्तेर्मूलं तमेकं, भ्रमति किमु बहुष्वन्धवद् दुष्पथेषु।।१२४।।

वीतराग-सर्वज्ञ जिनेश्वर, के ही वचन प्रमाण कहें।
रागी अरु अल्पज्ञ वचन हैं, असत् अतः अप्रामाणिक हैं।।
यह निश्चय कर हे बुधजन! कैवल्य-प्राप्ति के लिए अहो।
मुक्ति-मूल जिन-शरण गहो, क्यों अन्ध बने दुष्पथ भटको।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जो समस्त पदार्थों को अच्छी तरह जानने वाला है, वीतराग है और ज्ञानावरणादि चार घातिया कर्मों से रहित है, उसी का वाक्य प्रमाण है; किन्तु उससे विपरीत जो अल्पज्ञानी रागी आदि हैं, उनका वचन असत्य होने से प्रमाण नहीं है ह्न ऐसा मन में ठानकर, हे पण्डितों! केवलज्ञान की प्राप्ति के लिए मुक्ति के देने वाले उन अर्हन्त का ही आश्रय करो। क्यों व्यर्थ अन्धे के समान जहाँह्नतहाँ खोटे मार्ग में गिरते-पड़ते हो?

१२५. सर्वज्ञ के वचनों में सन्देह नहीं करने का उपदेश

वसन्ततिलका

यः कल्पयेत्, किमपि सर्वविदोऽपि वाचि;
सन्दिह्य तत्त्वमसमञ्जसमात्मबुद्ध्या।
खे पत्रिणां, विचरतां सुदृशेक्षितानां;
संख्यां प्रति, प्रविदधाति स वादमन्धः।।१२५।।

ज्यों अन्ध होय पक्षी गिनने में, नेत्र सहित से करे विवाद।
जिनवच में विपरीत कल्पना, कर करें मूढ़ त्यों विसंवाद।।

अर्थ ह्न जो मूढ़, सर्वज्ञ के वचन में भी सन्देह कर, अपनी बुद्धि से अपरमार्थभूत तत्त्वों की मनगढ़न्त कल्पना करता है, वह वैसा काम करता है कि जैसे कोई अन्धा मनुष्य, आकाश में जाते हुए पक्षियों की गिनती में अच्छे नेत्रवाले पुरुष के साथ विवाद करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अन्धे पुरुष को यह भी पता नहीं है कि पक्षी कहाँ उड़ रहे हैं, कहाँ नहीं तो वह कैसे सूझते पुरुष के साथ पक्षियों की गिनती में विवाद कर सकता है? उसी प्रकार जिसको अंशमात्र भी विशेष ज्ञान नहीं, वह सर्वज्ञ की कृपा के बिना कैसे वस्तु के यथार्थ स्वरूप को जान सकता है? इसलिए भव्य जीवों को सर्वज्ञ के वचन पर ही विश्वास करना चाहिए, अल्पज्ञानियों के वचनों पर कदापि नहीं।

१२६. दोनों प्रकार के श्रुत में कहा है ह्न 'आत्मा ही ग्राह्य'

इन्द्रवज्रा

उक्तं जिनैर्द्वादशभेदमङ्गं;
श्रुतं ततो बाह्यमनन्तभेदम्।
तस्मिन्नुपादेयतया चिदात्मा;
ततः परं हेयतयाऽभ्यधायि।।१२६।।

द्वादश भेद अंगश्रुत के हैं, अंगबाह्य के भेद अनन्त।
उनमें उपादेय चिद् आतम, अन्य हेय कहते भगवन्त।।

अर्थ ह्न जिनेन्द्र भगवान ने श्रुत के दो भेद कहे हैं ह्न एक अंगश्रुत, दूसरा बाह्यश्रुत; उनमें अंगश्रुत, बारह प्रकार का कहा है और बाह्यश्रुत के अनन्त भेद कहे हैं, परन्तु उन दोनों श्रुतों में ज्ञान-दर्शनशाली आत्मा ही ग्राह्य (ग्रहण करने योग्य) कहा है और उससे जुदे समस्त पदार्थ हेय (त्यागने योग्य) कहे हैं।

१२७. आत्महितकारी श्रुत का अभ्यास करने में प्रयत्न आवश्यक

अल्पायुषामल्पधियामिदानीं;
कुतः समस्तश्रुतपाठशक्तिः।
तदत्र मुक्तिं प्रतिबीजमात्र-
मभ्यस्यतामात्महितं प्रयत्नात्।।१२७।।

अल्प-आयु-बुद्धि होने से शक्ति कहाँ सब श्रुत-अभ्यास।
अत: मुक्ति के बीज आत्म-हितकारी श्रुत का हो अभ्यास।।

अर्थ ह्न इस पंचम काल में ज्ञान आयु आदि के निरन्तर क्षीण होने से मनुष्य, अल्पायु तथा अल्पज्ञान के धारी रह गये हैं, इसलिए वे समस्त श्रुत का अभ्यास नहीं कर सकते; अतः जो पुरुष, मोक्ष के अभिलाषी हैं, उनको मुक्ति के देने वाले तथा आत्मा के हितकारी श्रुत का तो अवश्य ही बड़े प्रयत्न के साथ अभ्यास करना चाहिए।

१२८. जिनेन्द्र के वचनों में संशय करना व्यर्थ

स्रग्धरा

निश्चेतव्यो जिनेन्द्रः, तदतुलवचसां, गोचरेऽर्थे परोक्षे;
कार्यः सोऽपि प्रमाणं, वदत किमरेणाऽत्र कोलाहलेन।
सत्यां छद्मस्थतायामिह समयपथस्वानुभूतिप्रबुद्धा;
भो भो भव्या! यतध्वं, दृगवगमनिधावात्मनि प्रीतिभाजः।।१२८।।

निर्णय करो जिनेश्वर का अरु, उनसे कथित परोक्ष पदार्थ।
के निर्णय में वही प्रामाणिक, अन्य सभी कोलाहल व्यर्थ।।
अल्पज्ञान में जिन-वचनों से, स्वानुभूति कर बोध लहो।
दर्श-ज्ञाननिधिमय निजात्म में, अहो भव्य! तुम प्रीति करो।।

अर्थ ह्न सर्व प्रथम 'जिनेन्द्र हैं' ह्न ऐसा विश्वास अवश्य करना चाहिए। जो पदार्थ, सूक्ष्म तथा दूर होने के कारण दृष्टिगोचर नहीं है, किन्तु जिनेन्द्र ने उनका वर्णन अपनी दिव्यध्वनि में किया है तो वे भी अवश्य हैं ह्न ऐसा मानना चाहिए। जिनेन्द्र अथवा जिनेन्द्र के वचन में व्यर्थ संशय करना ठीक नहीं क्योंकि इस काल में समस्त जीव अल्पज्ञान के धारी हैं; इसलिए आचार्य कहते हैं कि जिन भगवान द्वारा कहे हुए सिद्धान्त मार्ग का अनुसरण करके स्वानुभव को प्राप्त कर, सदा प्रबुद्ध रहने वाले और अपनी आत्मा में प्रीति को भजने वाले हे भव्यजीवों! तुम सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी निधि में अवश्य यत्न करो।

भावार्थ ह्न संसार में ये तीनों रत्न ही सारभूत पदार्थ हैं। इनसे ही उत्तम सुख की प्राप्ति हो सकती है, इसलिए भव्य जीवों को रत्नत्रय की आराधना अवश्य करनी चाहिए।

१२९. ज्ञानस्वरूप आत्मा की आराधना का उपदेश

आर्या

तद्ध्यायत तात्पर्यात्, ज्योतिः सच्चिन्मयं विना यस्मात्।
सदपि न सत्सति यस्मिन्, निश्चितमाभासते विश्वम्।।१२९।।

जिस चैतन्य-ज्योति बिन सत् भी, हो जाता है असत् समान।
जिसमें जग प्रतिभासित होता, करो उसी ज्योति का ध्यान।।

अर्थ ह्न जिस श्रेष्ठ तथा ज्ञानस्वरूप चैतन्य के बिना समस्त पदार्थ विद्यमान होने पर भी अविद्यमान के समान हैं और जिस चैतन्य के होने पर समस्त पदार्थों का प्रकट रीति से प्रतिभास होता है ह्न ऐसे ज्ञानस्वरूपी आत्म-ज्योति की भव्य जीवों को अवश्य आराधना तथा उपासना करनी चाहिए।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में अनेक पदार्थ हैं, परन्तु उन सबमें ज्ञानगुण का धारी केवल आत्मा ही है। उस आत्मा के बिना समस्त जगत् शून्य है और उस आत्मा के होने पर समस्त पदार्थों का भले प्रकार से ज्ञान होता है; इसलिए भव्यजीवों को ऐसे सारभूत आत्मा का ध्यान अवश्य करना चाहिए।

१३०. कोटि जन्म तप तपैं, ज्ञान बिन कर्म झरैं जे...

शार्दूलविक्रीडित

अज्ञो यद्भवकोटिभिः क्षपयति, स्वं कर्म तस्माद्बहु;
स्वीकुर्वन् कृतसंवरः स्थिरमना, ज्ञानी तु तत्तत्क्षणात्।
तीक्ष्णक्लेशहयाश्रितोऽपि हि पदं, नेष्टं तपः स्यन्दनो;
नेयं तन्नयति प्रभुं स्फुटतर,-ज्ञानैकसूतोज्झितः।।१३०।।

कोटि भवों में अज्ञानी, जितने कर्मों को नष्ट करे।
संवर में स्थिर-चित् ज्ञानी, क्षण भर में ही सब नष्ट करे।।
जिस तप-रथ में क्लेश-अश्व है, ज्ञान-सारथी किन्तु नहीं।
वह तप-रथ चेतन राजा को, शिवपुर पहुँचा सकें नहीं।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि अज्ञानी जीव, कठोर तप आदि के द्वारा जितने कर्मों को करोड़ों वर्षों में क्षय करता है, उससे अधिक कर्मों को संवर का धारी ज्ञानी जीव, क्षणमात्र में स्थिर मन होकर, क्षय कर देता है, सो ठीक ही है क्योंकि जिस तपरूपी रथ में तीक्ष्ण क्लेशरूपी घोड़े लगे हुए हैं, किन्तु ज्ञानरूपी सारथी नहीं है तो वह तपरूपी रथ, कदापि आत्मारूपी प्रभु को मोक्ष-स्थान में नहीं ले जा सकता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार किसी रथ में यद्यपि अच्छे-अच्छे घोड़े मौजूद हैं, किन्तु उन घोड़ों को चलाने वाला सारथी नहीं है तो कदापि वह रथ, उसमें बैठने वाले पुरुष को यथेष्ट स्थान पर नहीं पहुँचा सकता; उसी प्रकार नाना प्रकार के दुःखों को सहन कर, पंचाग्नि आदि

तप भी किये, परन्तु वस्तु के यथार्थस्वरूप को नहीं जाना तो कदापि उत्तम सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती; इसलिए भव्यों को चाहिए कि वे सम्यग्ज्ञानपूर्वक तप करें, तभी उनको उत्तम सुख की प्राप्ति हो सकती है।

१३१. कर्मरूपी समुद्र को पार करने के लिए ज्ञानरूपी जहाज ही समर्थ

स्रग्धरा

कर्माब्धौ तद्विचित्रोदयलहरिभर,-व्याकुले व्यापदुग्र-;
भ्राम्यन् नक्रादिकीर्णे, मृतिजननलसद्वाडवावर्तगर्ते।
मुक्तः शक्त्या हताङ्गः, प्रतिगति स पुमान्, मज्जनोन्मज्जनाभ्या;
मप्राप्य ज्ञानपोतं, तदनुगतजडः, पारगामी कथं स्यात्।।१३१।।

उदय लहर से व्याकुल है यह, कर्मोदधि जिसमें विचरे।
तीव्र दुःखों के मगरमच्छ हैं, जन्म-मरण बड़वानल है।।
ऊपर नीचे उतराता है जिसका तन अति क्षीण अरे।
जब तक ज्ञान जहाज मिले नहीं कैसे भवदधि पार करें।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि यह कर्म, एक प्रकार का बड़ा भारी समुद्र है क्योंकि जिस प्रकार समुद्र अनेक लहरों से व्याप्त है; उसी प्रकार यह कर्मरूपी समुद्र भी अनेक उदयरूप लहरों से व्याप्त है। जिस प्रकार समुद्र में नाना प्रकार के भयंकर मगरमच्छादि हुआ करते हैं; उसी प्रकार इस कर्मरूपी समुद्र में भी इष्ट-वियोग, अनिष्ट-संयोग आदि नाना प्रकार की आपत्तिरूप मगरमच्छादि विद्यमान हैं। जिस प्रकार समुद्र में बड़वानल, भँवर के गड्ढे आदि हुआ करते हैं; उसी प्रकार इस कर्मरूपी समुद्र में भी नाना प्रकार के जन्म, मरण आदि बड़वानल, भँवर आदि रहते हैं; इसलिए ऐसे भयंकर समुद्र में शक्तिहीन तथा अनादिकाल से सर्वत्र गोता खाता हुआ मनुष्य, जब तक ज्ञानरूपी अनुकूल जहाज को प्राप्त नहीं करेगा, तब तक उसे कदापि पार नहीं कर सकता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई शक्तिहीन मनुष्य मगरमच्छ आदि से भरे हुए भयंकर समुद्र में पड़ जाए तो वह नाना प्रकार के गोते खाता है, किन्तु यदि उसको जहाज मिल जाए तो वह शीघ्र ही पार हो जाता है; उसी प्रकार कर्म (जिसका दूसरा नाम संसार है) एक प्रकार का भयंकर समुद्र है, इसमें भी जब तक जीव, ज्ञानरूपी जहाज को प्राप्त नहीं करते, तब तक नाना प्रकार की गतियों में भ्रमण करते हैं, किन्तु जिस समय वे उस अनुकूल ज्ञानरूपी जहाज को पा लेते हैं तो वे बात ही बात में संसाररूपी समुद्र से पार हो जाते हैं, फिर उनको संसाररूपी

समुद्र में आना भी नहीं पड़ता। इसलिए जिन जीवों को इस संसाररूपी समुद्र को पार करने की अभिलाषा है, उनको अवश्य ही ज्ञानरूपी अखण्ड जहाज का आश्रय लेना चाहिए।

१३२. जिनवाणीरूपी दीपक से ही इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट का परिहार

शार्दूलविक्रीडित

शश्वन्मोहमहान्धकारकलिते, त्रैलोक्यसद्मन्यसौ;
जैनी वागमलप्रदीपकलिका, न स्याद्यदि द्योतिका।
भावानामुपलब्धिरेव न भवेत्, सम्यक् तदिष्टेतर-;
प्राप्तित्यागकृते पुनस्तनुभृतां, दूरे मतिस्तादृशी।।१३२।।

इस त्रैलोक्य भवन में शाश्वत, महा मोहतम व्याप्त अरे!।
निर्मल दीप-शिखा जिनवाणी, का यदि नहीं प्रकाश मिले।।
तो यह जीव समस्त वस्तु का, कैसे पाता सम्यग्ज्ञान?।
कैसे होता इष्ट वस्तु का ग्रहण, अन्य का त्याग विधान?।।

अर्थ ह्न मोहरूपी गाढ़ अन्धकार से व्याप्त इस तीन लोकरूपी मकान में प्रकाश करनेवाला, यदि यह भगवान की वाणीरूपी दीपक न होता तो इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट का परिहार तो दूर रहो, मनुष्यों को पदार्थों का ज्ञान भी नहीं होता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार किसी अन्धेरे मकान में बहुत-सी वस्तुएँ रखी हुई हैं। यदि उस मकान में उन वस्तुओं को प्रकाशित करने वाला दीपक न होगा तो उनमें से न तो लेने योग्य इष्ट वस्तुओं को ही ले सकते हैं और न छोड़ने योग्य चीजों को छोड़ ही सकते हैं; उसी प्रकार जब तक पदार्थों का स्वरूप भलीभाँति न जानेंगे, तब तक न तो ग्रहण करने योग्य वस्तुओं का ग्रहण ही कर सकते हैं और न त्यागने योग्य वस्तुओं का त्याग ही कर सकते हैं, इसलिए सबसे पहले पदार्थ का स्वरूप जानना चाहिए। उन पदार्थों का जानना (वर्तमान में केवली आदि के न होने के कारण) बिना जिनवाणी के हो नहीं हो सकता, इसलिए भव्य जीवों को जिनवाणी माता का प्रीतिपूर्वक आश्रय करना चाहिए।

१३३. आत्मा ही परम धर्म

मन्दाक्रान्ता

शान्ते कर्मण्युचितसकल,-क्षेत्रकालादिहेतौ;
लब्ध्वा स्वास्थ्यं, कथमपि लसद्योगमुद्राविशेषम्।

आत्मा धर्मो, यदयमसुख,-स्फीतसंसारगर्तात्;
उद्धृत्य स्वं, सुखमयपदे, धारयत्याऽऽत्मनैव।।१३३।।

योग्य क्षेत्र-कालादि हेतु से, कर्मोदय जब हो उपशान्त।
आत्मध्यान मुद्रा धारण कर, निजस्वरूप में ले विश्राम।।
दु:खमय इस संसार गर्त से, उत्तम सुख में पहुँचाता।
अपने को अपने से आत्मा, अत: आत्मा धर्म कहा।।

अर्थ ह्न समस्त कर्मों के उपशम होने पर तथा द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावरूप योग्य सामग्री के मिलने पर, जब यह आत्मा ध्यान में लीन होकर, अपने स्वरूप का चिन्तवन करता है; उस समय नाना दु:खों के देने वाले संसाररूपी गड्ढे से छूट कर, अपने से ही अपने को उत्तम सुख में पहुँचाता है; इसलिए आत्मा के अतिरिक्त और कोई धर्म नहीं है।

भावार्थ ह्न संसार के दु:खों से छुड़ा कर जो उत्तम सुख में ले जाता है, उसी का नाम धर्म है। आत्मा भी अपने से अपने को उत्तम सुख में ले जाता है, इसलिए आत्मा ही परम धर्म है, अत: भव्यों को चाहिए कि वे अपनी आत्मा का ही चिन्तवन करें।

१३४. आत्मा के वास्तविक स्वरूप का स्याद्वाद पद्धति से अनेकान्तात्मक वर्णन

शार्दूलविक्रीडित

नो शून्यो न जडो न भूतजनितो, नो कर्तृभावं गतो;
नैको न क्षणिको न विश्ववितितो, नित्यो न चैकान्ततः।
आत्मा कायमितिश्चिदेकनिलयः, कर्ता च भोक्ता स्वयं;
संयुक्त: स्थिरताविनाशजननैः, प्रत्येकमेकक्षणे।।१३४।।

शून्य नहीं जड़ नहीं न कर्ता, पञ्चभूत से हुआ नहीं।
नहीं सर्वथा एक क्षणिक, नहिं विश्वव्यापि नहिं नित्य नहीं।।
तन-प्रमाण चैतन्यरूप यह, कर्ता-भोक्ता स्वयं कहा।
प्रतिक्षण है उत्पाद-ध्रौव्य-व्ययरूप सदा जिनदेव कहा।।

अर्थ ह्न एकान्त से न आत्मा शून्य है, न जड़ है, न पञ्चभूत से उत्पन्न हुआ है, न कर्ता है, न एक है, न क्षणिक है, न लोक-व्यापी है, न नित्य है; किन्तु अपने शरीर के परिमाण है, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान आदि गुणों का आधार है, अपने कर्मों का कर्ता है, अपने ही कर्मों का भोक्ता है तथा एक ही समय में सदाकाल उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य ह्न इन तीन धर्मों से सहित है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में ग्रन्थकार ने 'नास्तिक आदि के सिद्धान्तों में एकान्त से

माना हुआ आत्मा का स्वरूप सम्यक् नहीं हो सकता' ह्न यह बतला कर, जैन सिद्धान्त के अनुसार यथार्थ आत्मस्वरूप का निरूपण किया है।

शून्यवादी का सिद्धान्त है कि संसार में कोई भी वस्तु विद्यमान नहीं है। ये जितने स्त्री, घर, कपड़ा, घड़ा आदि पदार्थ हैं, समस्त भ्रमस्वरूप हैं; इसलिए आत्मा भी कोई पदार्थ नहीं, यह भी एक भ्रम ही है।

इसका समाधान आचार्य देते हैं कि तुमने जो एकान्त से आत्मा को शून्य मान रखा है, यह बात सर्वथा मिथ्या है क्योंकि 'मैं सुखी हूँ, मैं दु:खी हूँ,' इत्यादि स्वसंवेदन प्रत्यक्ष-से आत्मा प्रत्यक्ष-सिद्ध है; इसलिए सर्वथा शून्य न कह कर, 'किसी रीति से आत्मा शून्य है, किसी रीति से नहीं' ह्न ऐसा आत्मा का स्वरूप तुमको मानना चाहिए।

यदि तुम ऐसा मानते हो तो किसी प्रकार का दोष नहीं आता क्योंकि पररूप की अपेक्षा से आत्मा की नास्ति अर्थात् शून्यता है, किन्तु स्वरूपादि की अपेक्षा से आत्मा विद्यमान ही है। जिस प्रकार घटत्व और पटत्व ह्न इन दोनों में घटत्वरूपेण तो घट है, परन्तु पटत्वरूपेण नहीं है क्योंकि घट का घटत्व ही स्वरूप है, पटत्व उसका स्वरूप नहीं, किन्तु पररूप है; उसी प्रकार आत्मा भी अपने आत्मस्वरूप तथा ज्ञानादि गुणों की अपेक्षा से 'है', परन्तु पुद्गलत्व तथा स्पर्शादि की अपेक्षा से 'नहीं है' क्योंकि पुद्गलत्व तथा स्पर्शादि आत्मा के स्वरूप नहीं, पररूप हैं; इसलिए इस रीति से 'कथंचित् आत्मा शून्य भी है, किन्तु सर्वथा नहीं।'

नैयायिक यह मानते हैं कि जब तक आत्मा संसार में रहता है, तब तक तो ज्ञान-सुख आदि के सम्बन्ध से यह ज्ञानी तथा चेतन कहा जा सकता है; किन्तु जिस समय इसका मोक्ष हो जाता है, उस समय इस आत्मा के साथ किसी प्रकार के ज्ञान-सुख आदि का सम्बन्ध नहीं रहता। उनका सिद्धान्त भी है कि 'नवानामात्मविशेषगुणानामुच्छेद: पुरुषस्य मोक्ष इति' अर्थात् बुद्धि, सुख, इच्छा, दु:ख, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, संस्कार ह्न ये आत्मा के नौ विशेष गुण हैं; जिस समय ये नौ गुण आत्मा से जुदे हो जाते हैं, उस समय आत्मा का मोक्ष हो जाता है; इसलिए मोक्षावस्था में आत्मा सर्वथा जड़ है।

उसका समाधान आचार्य देते हैं कि तुमने जो एकान्त से आत्मा को जड़ मान रखा है, वह सर्वथा असत्य है क्योंकि ज्ञान आदि गुण आत्मा से सर्वथा भिन्नस्वरूप नहीं हैं, जिससे वे मोक्षावस्था में छूट जाएँ तथा ज्ञानगुण के छूटने से आत्मा सर्वथा जड़ हो जाए, किन्तु आत्मा कथंचित् जड़ है तथा आत्मा कथंचित् चेतन भी है अर्थात् जब तक इस आत्मा के साथ कर्मों का सम्बन्ध रहता है, तब तक तो इसको जड़ भी कह सकते हैं, किन्तु जिस समय

मोक्षावस्था में कर्मों का सम्बन्ध छूट जाता है, उस समय यह चेतन है, जड़ नहीं क्योंकि ज्ञानादि गुणों से आत्मा कोई जुदी वस्तु नहीं तथा ज्ञानादि गुण चेतन हैं और ज्ञानादि गुणों का जिस अवस्था में प्रगटीकरण हो जाता है, वही 'वास्तविक मोक्ष' कहा गया है; इसलिए आत्मा सर्वथा जड़ कदापि नहीं हो सकता।

नास्तिक, चार्वाक का सिद्धान्त है कि आत्मा कोई भिन्न पदार्थ नहीं, आदि-अन्त से रहित भी नहीं, किन्तु जिस समय पृथ्वी-जल-तेज-वायु ह्न इन चार भूतों का परस्पर मेल होता है, उस समय एक दिव्य शक्ति उत्पन्न हो जाती है, वही आत्मा तथा चेतन नाम से पुकारी जाती है; इसलिए जब आत्मा कोई वस्तु ही न ठहरा तो उसके आधीन जो स्वर्ग-मोक्ष आदि अवस्थाएँ मानी हैं, वे भी सर्वथा झूठ हैं क्योंकि यदि वे होतीं तो प्रत्यक्ष देखने में आतीं तथा आत्मा भी आदि-अन्त से रहित सिद्ध होता; इसलिए यह देह ही आत्मा है। संसार में अच्छा-अच्छा खाने को न मिलना, यही नरक है और अच्छा-अच्छा खाने को मिलना ही स्वर्ग और मोक्ष है; इसलिए जिनको स्वर्ग-मोक्ष के सुख का अनुभव करना हो उन्हें तो संसार में खूब कर्ज लेकर भी मिष्टान्न खाना चाहिए क्योंकि जब यह देह या आत्मा नष्ट हो जाएगा तो फिर लौट कर नहीं आएगा, जिससे उसे लिया हुआ ऋण देना पड़े।

इस सिद्धान्त का खण्डन आचार्य करते हैं कि तुम सर्वथा आत्मा को पृथ्वी आदि से पैदा हुआ मानते हो ह्न यह बात सर्वथा झूठ है क्योंकि अचेतन से चेतन की उत्पत्ति कदापि नहीं हो सकती। आत्मा चेतन है तथा पृथ्वी आदि अचेतन हैं, वे किसी प्रकार भी आत्मा को उत्पन्न नहीं कर सकते। यदि ऐसा ही होवे तो रोटी आदि पदार्थों से पृथ्वी आदि का सम्बन्ध होने पर भी चेतन की उत्पत्ति क्यों नहीं होती? तथा जिस समय बालक उत्पन्न होता है, उस समय जब उसके मुख में स्तन दिया जाता है, उस समय बिना सिखाये ही वह जन्मान्तर के संस्कार से दूध पी लेता है, सो कैसे? क्योंकि तुम तो जन्मान्तर मानते ही नहीं तथा अनेक मनुष्य, पूर्वभव की वस्तुओं को स्मरण करते हुए भी देखने में आते हैं।

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि आत्मा अवश्य ही अनादि-अनन्त है, इसलिए आत्मा को कथंचित् ही भूतजनित तुमको मानना चाहिए। यदि ऐसा मानोगे तो कोई दोष नहीं आता क्योंकि संसारी आत्मा का सम्बन्ध, देह के साथ अनादि काल से चला आ रहा है अर्थात् संसारी जीव की कोई अवस्था ऐसी नहीं कि जिस अवस्था में देह के साथ सम्बन्ध न होवे; इसलिए देह-आत्मा का कथंचित् अभेद होने से आत्मा भूतजनित भी है, परन्तु देहरहित अवस्था में वह भूतजनित न होने से आत्मा, सर्वथा भूतजनित नहीं हो सकती।

बहुत-से मनुष्य ईश्वर को कर्ता मानते हैं अर्थात् उनका सिद्धान्त है कि बिना ईश्वर

के बनाये यह विचित्र जगत् कदापि नहीं बन सकता, इसलिए कोई न कोई इस जगत् का कर्ता अवश्य होना चाहिए।

उनको आचार्य समझाते हैं कि ईश्वर जगत् का कर्ता नहीं हो सकता क्योंकि यदि ईश्वर, जगत् का कर्ता माना जाएगा तो उसके ईश्वरत्व मे हानि आएगी। यदि वह समस्त प्राणियों का पिता है तो उसको सभी पर समान-दृष्टि रखनी चाहिए, किन्तु देखने में आता है कि किसी के साथ उसका प्रेमपूर्वक बर्ताव होने से कोई राजा है तथा किसी के साथ उसका द्वेषपूर्वक बर्ताव होने से कोई अत्यन्त दरिद्री है। यदि कहोगे कि राजा और रंक होना, यह अपने कर्मों के आधीन है तो कर्म को ही कारण मानना चाहिए, ऐसे ईश्वर को मानने की क्या आवश्यकता है? इत्यादि अनेक युक्तियों से ईश्वररूप आत्मा, कदापि कर्ता नहीं बन सकता। यदि किसी अन्य रीति से कर्ता मानो तो ठीक भी हो सकता है।

जैसे, भगवान तीन लोक और तीन काल के ज्ञाता होने से जैसा वे जानते हैं, वैसा ही होता है क्योंकि सर्व ही जीव अपने-अपने कर्म तथा स्वरूप आदि के कर्ता हैं, किन्तु सर्वथा नहीं।

अनेक वादियों का यह कथन है कि आत्मा एकरूप ही है, अनेकरूप नहीं।

उनको आचार्य श्रेष्ठ मार्ग पर लाकर कहते हैं कि आत्मा सर्वथा एकरूप नहीं, किन्तु किसी रीति से एकरूप है और किसी रीति से अनेकरूप भी है अर्थात् अपने स्वरूप से तो एकरूप है, किन्तु अनेक धर्मों को धारण करता है, इसलिए वह अनेकरूप भी है।

बौद्ध आत्मा को क्षणिक ही मानते हैं अर्थात् उनका सिद्धान्त है कि संसार में जितने पदार्थ हैं, वे सब क्षणिक ही हैं, इसलिए आत्मा भी क्षणिक ही है।

उनको आचार्य समझाते हैं कि तुमने जो आत्मा को सर्वथा क्षणिक मान रखा है, वैसे आत्मा सर्वथा क्षणिक नहीं है, किन्तु प्रत्येक द्रव्य की क्षण-क्षण में पर्यायें पलटती रहती हैं, इसलिए तो आत्मा पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा क्षणिक भी है, किन्तु द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा वह नित्य भी है। आत्मा को सर्वथा क्षणिक न मान कर, किसी रीति से क्षणिक है, किसी रीति से क्षणिक नहीं है ह्न ऐसा मानना चाहिए।

इस तरह आत्मा को शरीराकार असंख्य प्रदेशी मानना चाहिए, ज्ञान का धारी मानना चाहिए, स्वयं का करने वाला तथा भोगने वाला मानना चाहिए, उत्पाद आदि धर्मों का धारी मानना चाहिए।

इस प्रकार आत्मा के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो सकता है।

१३५. आत्मा में ही उसके वास्तविक स्वरूप का अनुभव करने की सामर्थ्य

क्वात्मा तिष्ठति कीदृशः स कलितः, केनाऽत्र यस्येदृशी;
भ्रान्तिस्तत्र विकल्पसम्भृतमना, यः कोऽपि स ज्ञायताम् ।
किञ्चाऽन्यस्य कुतो मतिः परमियं, भ्रान्ताऽशुभात्कर्मणो;
नीत्वा नाशमुपायतस्तदखिलं, जानाति ज्ञाता प्रभुः।।१३५।।

कहाँ आत्मा कैसा है यह, किसने जाना भली प्रकार?।
हो उत्पन्न विकल्प जिसे वह, ही आत्मा नहिं कोई अन्य।।
जड़ में उठे न ऐसी शंका, अशुभोदय से भ्रान्ति सहित।
भ्रान्ति नाश का कर उपाय यह, आत्मा जाने विश्व समस्त।।

अर्थ ह्न आत्मा को नहीं जानने वाला यदि कोई मनुष्य, किसी को पूछे कि आत्मा कहाँ रहता है? कैसा है? कहाँ है? कौन आत्मा को भलीभाँति जानता है? तो उसको यही कहना चाहिए कि जिसमें, कैसा है? कहाँ है? इत्यादि विकल्प उठ रहे हैं, वही आत्मा है, उससे अतिरिक्त कोई आत्मा नहीं है क्योंकि जड़ शरीर आदि में, कैसा है? कहाँ है? इत्यादि बुद्धि कदापि नहीं हो सकती। अशुभ कर्मों के कारण जीवों की बुद्धि भ्रान्त हो रही है, इसलिए जब यह आत्मा, उन कर्मों को मूल से नाश कर देता है, उस समय अपने आप ही यह अपने स्वरूप को तथा दूसरे पदार्थों को जानने लग जाता है; अतः आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानने के अभिलाषियों को तप आदि के द्वारा कर्मों के नाश करने का अवश्य प्रयत्न करना चाहिए।

१३६. 'मैं जानता हूँ', 'मैं करता हूँ'....इत्यादि प्रतीतियों से ज्ञात आत्मा

आत्मा मूर्तिविवर्जितोऽपि वपुषि, स्थित्वापि दुर्लक्षतां;
प्राप्तोऽपि स्फुरति स्फुटं यदहमित्युल्लेखतः सन्ततम्।
तत्किं मुह्यत शासनादपि गुरोः,-भ्रान्तिः समुत्सृज्यता-;
मन्तः पश्यत निश्चलेन मनसा, तं तन्मुखाक्षव्रजाः।।१३६।।

देहस्थित बिनमूर्ति आत्मा, अतः प्रत्यक्ष नहीं दिखता।
लेकिन 'मैं' ऐसी प्रतीति से, स्पष्टतया जाना जाता।।
गुरु-वचनों से भ्रान्ति तजो, क्यों व्यर्थ बाह्य में मोह करो।
मन-इन्द्रिय को निश्चल करके, अन्तर में आत्मा देखो।।

अर्थ ह्न इस आत्मा की कोई मूर्ति नहीं है तो भी यह शरीर के भीतर ही रहता है।

इसको प्रत्यक्ष देखना अत्यन्त कठिन है तो भी 'अहं जानामि', 'अहं करोमि'..... अर्थात् 'मैं जानता हूँ', 'मैं करता हूँ'....., इत्यादि प्रतीतियों से यह स्पष्ट रीति से जाना जाता है, गुरु आदि के उपदेश से भी भलीभाँति इसका ज्ञान होता है; अतः ग्रन्थकार कहते हैं कि हे भव्य जीवों! मन तथा इन्द्रियों को निश्चल कर, अपने अभ्यन्तर में इस आत्मा का अनुभव करो। क्यों व्यर्थ ही बाह्य पदार्थों में मोह करते हो?

भावार्थ ह्न अनेक मतवाले ऐसा मानते हैं कि आत्मा, कोई पदार्थ नहीं क्योंकि यदि वह होता तो उसका प्रत्यक्ष ज्ञान भी होता। उनको आचार्य समझाते हैं कि यद्यपि आत्मा में कोई प्रकार का स्पर्श-रस आदि नहीं है, तथापि वह देह के भीतर विद्यमान है। यद्यपि वह स्पष्ट रीति से इन्द्रियों के द्वारा देखने में नहीं आता तो भी 'मैं करता हूँ', 'मैं जानता हूँ,' इत्यादि प्रकार से आत्मा को प्रत्येक व्यक्ति जान सकता है, इसलिए इसका अभाव नहीं है; अतः भव्य जीवों को चाहिए कि इसका भलीभाँति अनुभव करें तथा बाह्य पदार्थों से मोह को हटावें।

१३७. आत्मा को अनेकान्तस्वरूप नहीं मानने पर अनेक आपत्तियाँ

व्यापी नैव शरीर एव यदसा,-वात्मा स्फुरत्यन्वहं;
भूतानन्वयतो न भूतजनितो, ज्ञानी प्रकृत्या यतः।
नित्ये वा क्षणिकेऽथवा न कथमप्यर्थक्रिया युज्यते;
तत्रैकत्वमपि प्रमाणदृढया, भेदप्रतीत्याऽऽहतम्।।१३७।।

क्योंकि आत्मा रहे देह में, अतः नहीं जगव्यापी है।
पञ्चभूत से हुआ नहीं, यह तो स्वभाव से ज्ञानी है।।
नहीं सर्वथा नित्य, क्षणिकभी, अर्थक्रिया अन्यथा नहीं।
दृढ़ प्रमाण से भेदप्रतीति, अतः सर्वथा एक नहीं।।

अर्थ ह्न यह आत्मा, निरन्तर शरीर में ही रहता हुआ मालूम पड़ता है, इसलिए वह व्यापक नहीं है। स्वभाव से ही यह ज्ञानी (ज्ञाता) है, इसलिए यह पृथ्वी-जल-अग्नि आदि पाँच भूतों (पदार्थों) से भी पैदा हुआ नहीं मालूम होता। यह सर्वथा नित्य भी नहीं क्योंकि नित्य में किसी प्रकार का परिणाम नहीं हो सकता तथा आत्मा के तो क्रोधादि परिणाम भलीभाँति अनुभव में आते हैं। यह आत्मा, सर्वथा क्षणिक भी नहीं हो सकता क्योंकि प्रथम क्षण में उत्पन्न होकर यदि यह द्वितीय क्षण में नष्ट हो जाएगा तो किसी प्रकार की क्रिया इसमें नहीं हो सकती। आत्मा एकस्वरूप भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि कभी क्रोधी, कभी लोभी इत्यादि अनेक पर्यायें आत्मा की मालूम होती हैं।

भावार्थ ह्न नैयायिकादि का सिद्धान्त है कि आत्मा व्यापक है अर्थात् ऐसा कोई भी आकाश का प्रदेश नहीं है, जहाँ पर यह आत्मा न हो; किन्तु आचार्य कहते हैं कि यह संसारी आत्मा, अपने शरीर के अलावा और कहीं पर व्यापक नहीं है। यदि शरीर से अलग स्थान में होता तो वह जैसे अपने शरीर में मालूम पड़ता है, वैसे अन्यत्र भी मालूम पड़ना चाहिए; इसलिए यह शरीर के बराबर परिमाण वाला ही है।

नास्तिक आदि, आत्मा को पृथ्वी आदि से उत्पन्न हुआ मानते हैं, वह भी ठीक नहीं क्योंकि यह आत्मा, ज्ञानी (ज्ञानवाला) है और पृथ्वी आदि जड़ हैं; इसलिए जड़ से चेतन की उत्पत्ति कदापि नहीं हो सकती।

सांख्य आदि आत्मा को सर्वथा नित्य कूटस्थ ही मानते हैं, सो भी ठीक नहीं क्योंकि सर्वथा नित्य में किसी प्रकार का परिणाम नहीं हो सकता, किन्तु आत्मा का परिणामीपना तो भलीभाँति अनुभव में आता है।

बौद्ध आत्मा को सर्वथा क्षणिक ही मानता है, यह भी ठीक नहीं क्योंकि सर्वथा क्षणिक पक्ष में भी किसी प्रकार का परिणाम नहीं बन सकता तथा ऐसा मानने पर और भी अनेक दोष आते हैं।

अन्य सिद्धान्तकार आत्मा को एकस्वरूप ही मानते हैं, सो भी ठीक नहीं क्योंकि क्रोधी-लोभी आदि अनेक भेदस्वरूप आत्मा अनुभव में आता है।

इस प्रकार आत्मा को किसी अपेक्षा से शरीर के परिमाण वाला, पंच भूतों से नहीं उत्पन्न होने वाला, किसी अपेक्षा से नित्य, क्षणिक तथा अनेक भी मानना चाहिए।

१३८. आत्मा ही शुभाशुभकर्मों का कर्ता एवं उनके फल का भोक्ता

कुर्यात्कर्म शुभाशुभं स्वयमसौ, भुक्ते स्वयं तत्फलं;
सातासातगतानुभूतिकलना,-दात्मा न चाऽन्यादृशः।
चिद्रूपः स्थितिजन्मभङ्गकलितः, कर्मावृतः संसृतौ;
मुक्तौ ज्ञानदृगेकमूर्तिरमलः,त्रैलोक्यचूडामणिः।।१३८।।

कर्म शुभाशुभ स्वयं करे यह, स्वयं भोगता उनका फल।
उदय असाता-साता में यह, किन्तु न कर्ता-भोक्ता अन्य।।
ध्रौव्योत्पाद-विनाशमयी, चिद्रूप-कर्म-संग-संसृति में।
किन्तु ज्ञान-दृग मूर्ति कर्म बिन, लोक-शिखर पर मुक्ति में।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि यह आत्मा, शुभ-अशुभ कर्मों को निरन्तर करता रहता

है। साता-असाता वेदनीयकर्म के उदय से स्वयं उनका फल भोगता है, किन्तु अन्य कोई कर्ता-भोक्ता नहीं। यह आत्मा, सदा चैतन्यस्वरूप है, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य तीनों धर्मों से सहित है और संसारावस्था में यह कर्मों से आवृत्त है, परन्तु मोक्ष अवस्था में इसके साथ किसी कर्म का कोई सम्बन्ध नहीं है। यह आत्मा, सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञान का धारक है और तीनों लोक के शिखर पर विराजता है।

१३९. नय-प्रमाण आदि के द्वारा आत्मा को भलिभाँति जानने की प्रेरणा

वसन्ततिलका

आत्मानमेवमधिगम्य नयप्रमाण-;
निक्षेपकादिभिरभिश्रयतैकचित्ताः।
भव्या यदीच्छत भवार्णवमुत्तरीतु-;
मुत्तुङ्गमोहमकरोग्रतरं गभीरम्।।१३९।।

मोह-मगरयुत गहन भवोदधि, से यदि तुम तिरना चाहो।
नय-प्रमाण-निक्षेप आदि से, मात्र आत्मा को जानो।।

अर्थ ह्न हे भव्य जीवों! यदि तुम मोहरूपी मगर से सहित गम्भीर संसाररूपी समुद्र को तिरने की इच्छा करते हो तो एकचित्त होकर, नय-प्रमाण तथा नाम-स्थापना आदि के द्वारा आत्मा को भलीभाँति जानो और उसी का आश्रय करो।

भावार्थ ह्न आत्मा के सिवाय संसार में कोई भी वस्तु ग्राह्य नहीं, इसलिए इसकी तरफ भव्यों को अवश्य ऋजु होना चाहिए।

१४०. मोक्षसुख के अभिलाषी को राग-द्वेष का त्याग करना आवश्यक

मालिनी

भवरिपुरिह तावद् दुःखदो यावदात्मन्;
तव विनिहितधामा कर्मसंश्लेषदोषः।
स भवति किल रागद्वेषहेतोस्तदादौ;
झटिति शिवसुखार्थी यत्नतस्तौ जहीहि।।१४०।।

ज्ञान-तेज नाशक कर्मों का, बन्धन जग में दुःख देता।
राग-द्वेष से कर्म-बन्ध है, सुख के लिए इन्हें तजना।।

अर्थ ह्न अरे आत्मा! जब तक तेरे साथ समस्त तेज (चैतन्य) को मूल से उड़ाने

वाला कर्मों का बन्ध लगा हुआ है; तब तक तुझको यह संसाररूपी बैरी, नाना प्रकार के दुःखों को देने वाला है; वह संसाररूपी बैरी, राग-द्वेष से उत्पन्न होता है; इसलिए यदि तू मोक्ष-सुख का अभिलाषी है तो शीघ्र ही राग-द्वेष का त्याग कर, जिससे तेरी आत्मा के साथ कर्म का बन्ध नही रहे तथा तुझे संसार के दुःख न भोगना पड़ें।

१४१. अपने स्वरूप से दूर नहीं रहने का उपदेश

स्रग्धरा

लोकस्य त्वं न कश्चित्, न स तव यदिह, स्वार्जितं भुज्यते कः;
सम्बन्धस्तेन सार्धं, तदसति सति वा, तत्र कौ रोषतोषौ।
कायेऽप्येवं जडत्वात्, तदनुगतसुखा-दावपि ध्वंसभावा-;
देवं निश्चित्य हंस, स्वबलमनुसर, स्थायि मा पश्य पार्श्वम्।।१४१।।

तुम न किसी के कोई न तेरा, स्वयं शुभाशुभ कर्म करे।
अतः वृथा सम्बन्ध अन्य से, रोष-तोष भी व्यर्थ अरे!।।
तन जड़, क्षणभङ्गुर इन्द्रिय-सुख, राग-द्वेष इनमें न करो।
अतः स्व-बल का आराधन कर नहीं पड़ौसी को देखो।।

अर्थ ह्न भो आत्मन्! न तो तू लोक का है और न तेरा ही लोक है, तू ही शुभ-अशुभ को उत्पन्न करता है और तू ही उसको भोगता है; अतः इस लोक के साथ सम्बन्ध करना वृथा है। लोक न होने पर दुःख तथा लोक के होने पर सन्तोष करना भी व्यर्थ है। शरीर तो जड़ है, इसलिए इसके साथ क्रोध या सन्तोष करना भी बिना प्रयोजन का है।

इन्द्रिय आदि पदार्थों से उत्पन्न हुआ सुख विनाशीक है, इसलिए इसके साथ रोष या सन्तोष मानना निष्प्रयोजन है ह्न ऐसा भलीभाँति विचार कर, तुझे अपने बल जो अनन्त ज्ञानादिक हैं, उनकी आराधना करनी चाहिए और तुझे अपने स्वरूप से दूर नहीं रहना चाहिए अर्थात् अपने अन्तरंग मे प्रवेश कर, तुझे समस्त परिग्रह का त्याग कर देना चाहिए।

भावार्थ ह्न हे जीव! तूने स्त्री, पुत्र, कुटुम्ब, शरीर, इन्द्रिय-सुख आदि में प्रीति करके तथा अपने स्वरूप को भूल कर, बहुत काल तक इस संसार में भ्रमण किया। अब विषयों की आशा करके दीन की तरह तुझे जहाँ-तहाँ डोलना ठीक नहीं, इसलिए समस्त परिग्रह का त्याग कर, अपने स्वरूप में लीन हो क्योंकि अब अपने स्वरूप से दूर रहना भी ठीक नहीं।

१४२. नरक-तिर्यञ्चादि गति के समान देवगति भी अधोगमन की कारण

शार्दूलविक्रीडित

आस्तामन्यगतौ प्रतिक्षणलसद्, दुःखाश्रितायामहो;
देवत्वेऽपि न शान्तिरस्ति भवतो, रम्येऽणिमादिश्रिया।
यत्तस्मादपि मृत्युकालकलया-ऽधस्ताद्धठात्पात्यसे;
तत्तन्नित्यपदं प्रति प्रतिदिनं, रे जीव! यत्नं कुरु।।१४२।।

अन्य गति में प्रतिक्षण होने, वाले दुःख तो दूर रहो।
अणिमादिक लक्ष्मी से शोभित देवों को भी शान्ति नहीं।।
मरण-समय में वे स्वर्गों से, भू पर पटके जाते हैं।
अत: नित्य शिवपद-प्राप्ति के लिए भव्यजन यत्न करें।।

अर्थ ह्न जहाँ प्रतिक्षण दुःख ही दुःख है ह्न ऐसी नरक, तिर्यंचादि गति तो दूर ही रहो, परन्तु जहाँ पर सदा अणिमा-महिमा आदि लक्ष्मी निवास करती हैं ह्न ऐसी देवगति में भी तेरे लिए अंशमात्र भी सुख नहीं है क्योंकि मरण की बेला वहाँ से भी तुझे जबरदस्ती नीचे गिरा देती है अर्थात् मृत्यु के समय स्वर्ग से भी नीचे गिरना पड़ता है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि हे जीव! तुझे अविनाशी मोक्ष पद के लिए ही सदा प्रयत्न करना चाहिए।

भावार्थ ह्न मोक्ष के सिवाय कोई भी स्थान ऐसा नहीं, जहाँ पर लेशमात्र भी सुख मिले; इसलिए भव्य जीवों को जहाँ पर किसी प्रकार का क्लेश नहीं ह्न ऐसे मोक्षपद के लिए ही प्रयत्न करना चाहिए।

१४३. अरे मन! स्त्री आदि का राग छोड़ कर, अपने अन्तरंग में प्रवेश कर!

यद् दृष्टं बहिरंगनादिषु चिरं, तत्राऽनुरागोऽभवत्;
भ्रान्त्या भूरि तथापि ताम्यसि ततो, मुक्त्वा तदन्तर्विश।
चेतस्तत्र गुरोः प्रबोधवसते:, किञ्चित्तदाकर्ण्यते;
प्राप्ते यत्र समस्तदुःखविरमात्, लभ्येत नित्यं सुखम्।।१४३।।

बाह्य वस्तुओं को ही देखा, अत: छोड़ उनसे अनुराग।
उससे ही तू दुःखी हुआ है, छोड़ दे सबसे अब राग।।
ज्ञानोदधि गुरु के वचनों को, सुन कर निज अन्तर में देख।
जिससे सब दुःख हों विनष्ट अरु, नित्य मोक्षसुख तुझे मिले।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि अरे मन! चिर काल से तूने बाह्य स्त्री आदि पदार्थों को देखा है; इसलिए भ्रम से तुझे उनमें अनुराग होता है, उसी अनुराग से सदा तू दुःखित होता है; अतः स्त्री आदि से राग छोड़ कर, तू अपने अन्तरंग में प्रवेश कर। ज्ञान के सागर श्री परम गुरु से ऐसा कोई उपदेश सुन, जिससे तेरे समस्त दुःखों का नाश हो जाए तथा तुझे अविनाशी सुख की प्राप्ति हो।

भावार्थ ह्न बाह्य चीजों में अनुराग तथा ममता करके हे मन! तूने बहुत दुःखों को भोगा है; इसलिए अब अपने अन्तरंग में प्रवेश कर तथा श्रीगुरु का उपदेश सुन, जिससे तुझको अविनाशी सुख की प्राप्ति हो।

१४४. आत्मा का दर्शन करने की पात्रता

पृथ्वी

किमाल-कोलाहलै,-रमल-बोध-सम्पन्निधेः;
समस्ति यदि कौतुकं, किल तवात्मनो दर्शने।
निरुद्धसकलेन्द्रियो, रहसि मुक्तसंगग्रहः;
कियन्त्यपि दिनान्यतः, स्थिरमना भवान् पश्यतु।।१४४।।

निर्मल ज्ञानस्वरूप आत्म के, दर्शन का यदि कौतुक हो।
परिग्रह तज इन्द्रिय-निग्रह कर, थिर चित् हो एकान्त वसो।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि यदि तू समस्त निर्मल ज्ञान के धारी आत्मा को देखने की इच्छा करता है तो तुझे समस्त स्पर्शनादि इन्द्रियों को रोक कर, समस्त प्रकार के परिग्रह से मुक्त होकर, कुछ दिन एकान्त में बैठ कर तथा स्थिर-मन होकर, उसको देखना चाहिए; व्यर्थ कोलाहल करने में क्या रखा है?

भावार्थ ह्न जब तक इन्द्रियाँ बाह्य पदार्थों मे फँसी रहेंगी, जब तक परिग्रह में निरन्तर ममता रहेगी और जब तक मन चंचल रहेगा, तब तक कदापि आत्मा का स्वरूप देखने में नहीं आ सकता। इसलिए जो भव्य जीव, आत्मा के स्वरूप को देखना चाहते हैं, उनको इन्द्रियों को रोकना चाहिए, परिग्रह का त्याग करना चाहिए और मन को निश्चल करना चाहिए, तभी आत्मा का स्वरूप मालूम पड़ सकता है।

१४५. जीव और मन का परस्पर आत्मकल्याणकारी संवाद

शार्दूलविक्रीडित

भो चेतः किमु जीव तिष्ठसि कथं, चिन्तास्थितं सा कुतो;
रागद्वेषवशात्तयोः परिचयः, कस्माच्च जातस्तव।

इष्टाऽनिष्टसमागमादिति यदि, श्वभ्रं तदावां गतौ:;
नो चेन्मुञ्च समस्तमेतदचिरा,-दिष्टादिसंकल्पनम्।।१४५।।

जीव कहे 'रे मन! कैसे हो' 'चिन्ता से मैं दु:खी हुआ'।
'चिन्ता कैसे?' 'राग-द्वेष से' 'कैसे परिचय उनसे हा'!।।
'इष्ट-अनिष्ट समागम से ही राग-द्वेष का परिचय हो।'
नरक न जाना हो दोनों को, तो पर से सम्बन्ध तजो।।

अर्थ ह्न जीव मन से पूछता है कि 'रे मन! तू कैसे रहता है?' मन, उत्तर देता है कि 'मैं सदा चिन्ता में व्यग्र रहता हूँ।' फिर जीव पूछता है कि 'तुझे चिन्ता क्यों है?' मन, उत्तर देता है कि 'राग-द्वेष के कारण मुझे चिन्ता है।' फिर जीव पूछता है कि 'तेरा इनके साथ परिचय कैसे हुआ?' मन, उत्तर देता है कि 'भली-बुरी वस्तुओं के सम्बन्ध से राग-द्वेष का परिचय हुआ है।' तब फिर जीव कहता है कि 'हे मन! यदि ऐसी बात है तो शीघ्र ही भली-बुरी वस्तुओं के सम्बन्ध को छोड़ो। नहीं तो हम दोनों को नरक में जाना पड़ेगा।'

भावार्थ ह्न स्वभाव से न कोई वस्तु इष्ट है, न अनिष्ट है; इसलिए इष्ट-अनिष्ट में संकल्पपूर्वक रागह्नद्वेष करना, निष्प्रयोजन है क्योंकि राग-द्वेष से केवल दु:ख ही भोगने पड़ते हैं। इसलिए समस्त पर-वस्तुओं को छोड़ कर, समता ही धारण करना चाहिए। इस प्रकार अपने-अपने मन को भव्य जीवों के द्वारा निरन्तर शिक्षा देना योग्य है।

१४६. आत्मा के स्मरण मात्र से नाना प्रकार का आनन्द

ज्ञानज्योतिरुदेति मोहतमसो, भेदः समुत्पद्यते;
सानन्दा कृतकृत्यता च सहसा, स्वान्ते समुन्मीलति।
यस्यैकस्मृतिमात्रतोऽपि भगवान् अत्रैव देहान्तरे;
देवस्तिष्ठति मृग्यतां सरभसात् अन्यत्र किं धावत।।१४६।।

ज्ञान-ज्योति का उदय, मोहतम विघटे, जिसके सुमिरन से।
अन्तर में आनन्द उछले, कृतकृत्यपना सहसा भासे।।
ऐसा वह भगवान आत्मा, तन-मन्दिर में रहा विराज।
व्यर्थ खोजते क्यों बाहर में, अन्तर में ही देखो आज।।

अर्थ ह्न जिस एक आत्मा के स्मरण मात्र से सम्यग्ज्ञानरूपी तेज का उदय होता है, मोहरूपी अन्धकार दूर हो जाता है, चित्त में नाना प्रकार का आनन्द होता है तथा चित्त में कृतकृत्यता भी उदित हो जाती है; ऐसी अनन्त शक्ति का धारक भगवान् आत्मा, इसी शरीर में निवास करता है, उसको ढूँढो; व्यर्थ क्यों दूसरी जगह अज्ञानी होकर फिरते हो?

१४७. बाह्य पदार्थों में बुद्धि दौड़ाने से ही दुःखों की परम्परा

जीवाजीव-विचित्र-वस्तु-विविधाऽऽकारर्द्धि-रूपादयो;
रागद्वेषकृतोऽत्र मोहवशतो, दृष्टाः श्रुताः सेविताः।
जातास्ते दृढबन्धनं चिरमतो, दुःखं तवाऽऽत्मन्निदं;
जानात्येव तथापि किं बहिरसा,-वद्यापि धीर्धावति।।१४७।।

जीव-अजीव विचित्र वस्तुएँ, उनके रूपादिक आकार।
मोहोदयवश राग-द्वेष, होते हैं उनसे बारम्बार।।
देखा सुना और सेया है, उनसे तो चिर दुःखी हुआ।
जान रहा पर बुद्धि आज भी, पर में दौड़े अचरज हा!।।

अर्थ ह्न अरे जीव! इस संसार में चेतन-अचेतनस्वरूप नाना प्रकार के पदार्थ, नाना प्रकार के आकार, भाँति-भाँति की सम्पदा तथा रूप रस आदि सभी, मोह के कारण से राग-द्वेष को करने वाले हैं, वे मोह के कारण ही देखे गये हैं, सुने गये हैं तथा सेवन किये गये हैं और इसी कारण मोह के कारण चिर काल तक वे सभी पदार्थ, तेरे लिए दृढ़ बन्धनरूप हुए हैं। दृढ़ बन्धन से ही तुझे नाना प्रकार के दुःख भोगने पड़े हैं ह्न ऐसा भलीभाँति जानते हुए भी तेरी बुद्धि बाह्य पदार्थों मे ही दौड़ती है, यह बड़े आश्चर्य की बात है।

भावार्थ ह्न हे जीव! चेतन-अचेतन स्त्री, पुत्र, कलत्र, गृह, धन-धान्यादि बाह्य पदार्थों में मोह करके चिर काल से तुझे नाना प्रकार के बन्धनों में फँसना पड़ा है तथा नाना प्रकार के दुःख भी भोगने पड़े हैं ह्न ऐसा भलीभाँति तुझे ज्ञान है तो भी न मालूम क्यों, अब भी तेरी चित्त-वृत्ति बाह्य पदार्थों में लगी हुई है? इसलिए अब बाह्य पदार्थों से मोह छोड़ कर, तुझे अपने वास्तविक अनन्त विज्ञानादि स्वरूप का चिन्तवन करना चाहिए।

१४८. संसार से निर्भय करनेवाला विचार

भिन्नोऽहं वपुषो बहिर्मलकृता,-न्नानाविकल्पौघतः;
शब्दादेश्च चिदेकमूर्तिरमलः, शान्तः सदानन्दभाक्।
इत्यास्था स्थिरचेतसो दृढतरं, साम्यादनारम्भिणः;
संसाराद्भयमस्ति किं यदि तदप्यन्यत्र कः प्रत्ययः।।१४८।।

मल से बनी देह से एवं, सब विकल्प वाणी से भिन्न।
निर्मल चेतन मुक्ति शान्तमय, उछलें नित आनन्द तरंग।।

जिसकी दृढ़ श्रद्धा दृढ़तर चित्, समता से आरम्भ-विहीन।
फिर भी यदि भय रहे जगत् में, अन्य कहीं भयमुक्त नहीं।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के विष्टा-मूत्र आदि मल के घर इस शरीर से मैं भिन्न हूँ। मन में उठने वाले नाना प्रकार के विकल्पों से भी मैं भिन्न हूँ। शब्द-रस आदि से भी मैं भिन्न हूँ। मेरी एक चैतन्यमयी मूर्ति है। मैं समस्त प्रकार के मल से रहित हूँ। क्रोधादि के अभाव से मैं शान्त हूँ। सदाकाल आनन्द का भजने वाला हूँ। इस प्रकार का जिसके मन में मजबूत श्रद्धान है तथा समता का धारी होने से जिसका समस्त प्रकार का आरम्भ छूट गया है ह्न ऐसे मनुष्य को किसी प्रकार संसार का भय नहीं हो सकता और जब उसको संसार ही भय का करने वाला नहीं, तब उसको कोई अन्य वस्तु, भय की करने वाली नहीं हो सकती।

भावार्थ ह्न जिस मनुष्य का इस प्रकार विचार करने से समस्त प्रकार से संसार का भय चला गया है, उस पुरुष को और किसी वस्तु से भय नहीं हो सकता; इसलिए भव्य जीवों को इस प्रकार विचार कर, संसार से कदापि भयभीत नहीं होना चाहिए।

१४९. संसार में निर्बन्ध करने वाला विचार

किं लोकेन किमाश्रयेण किमथ, द्रव्येण कायेन किं;
किं वाग्भिः किमुतेन्द्रियैः किमसुभिः, किं तैर्विकल्पैः परैः।
सर्वे पुद्गलपर्यया बत परे, त्वत्तः प्रमत्तो भवन्;
नात्मन्नेभिरभिश्रयस्यतितरा,-मालेन किं बन्धनम्।।१४९।।

तुझे लोक से तन से या, द्रव्यों से कहो प्रयोजन क्या?।
वाणी-इन्द्रिय-प्राणों अशुभ, विकल्पों से भी मतलब क्या?।।
ये पुद्गल पर्यायें तुझसे, भिन्न प्रमादी क्यों इनमें?।
रे आत्मन्! क्यों इनके द्वारा व्यर्थ बँधे तू कर्मों से।।

अर्थ ह्न हे जीव! न तो तुझे लोक से प्रयोजन है, न लोक के आश्रय से प्रयोजन है, न तुझे द्रव्य से प्रयोजन है, न वाणी से प्रयोजन है, न तुझे स्पर्शनादि इन्द्रियों से प्रयोजन है तथा न तुझे खोटे विकल्पों से प्रयोजन है क्योंकि ये समस्त, पुद्गलद्रव्य की पर्यायें हैं और तू चैतन्यस्वरूप है, इसलिए ये तेरे स्वरूप से सर्वथा जुदे ही हैं; अतः इन वस्तुओं में प्रमाद करता हुआ, तू क्यों वृथा दृढ़ बन्धन को बाँधता है? अर्थात् लोक आदि से ममता करने से तू बँधेगा ही, छूटेगा नहीं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई चोर, पर के द्रव्य को चुरा कर अपना कहता है तो वह

कैद में जाकर नाना प्रकार के बन्धन को प्राप्त होता है; उसी प्रकार हे जीव! यदि तू भी पर की चीज को अपनाएगा तो तू भी दृढ़ बन्धन को प्राप्त होगा, इसलिए तुझे परवस्तु को अपना कदापि नहीं कहना चाहिए, किन्तु अपनी ज्ञान-दर्शनादि वस्तु को ही अपनाना चाहिए।

१५०. केवल आत्मा से उत्पन्न हुआ सुख ही अपूर्व

अनुष्टुभ्

सततााभ्यस्तभोगाना,-मप्यसत् सुखमात्मजम्।
अप्यपूर्वं सदित्यास्था, चित्ते यस्य स तत्त्ववित्।।१५०।।

भोगे भोग निरन्तर अशुभ कल्पना है उनका सुख तो।
आत्मज सुख ही है यथार्थ, जो जाने वह तत्त्वज्ञ अहो।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य के चित्त में ऐसा विचार उत्पन्न हो गया कि निरन्तर भोगे हुए भोगों से पैदा हुआ सुख अशुभ है तथा केवल आत्मा से उत्पन्न हुआ सुख अपूर्व तथा शुभ है; वही पुरुष, भले प्रकार तत्त्व का ज्ञाता है ह्न ऐसा समझना चाहिए, किन्तु उससे भिन्न विपरीत श्रद्धानी, कदापि तत्त्व का ज्ञाता नहीं हो सकता।

१५१. खुजली के रोगी के समान दुःख में सुख का भ्रम

पृथ्वी

प्रतिक्षणमयं जनो, नियतमुग्रदुःखातुरः;
क्षुधादिभिरभिश्रयंस्तदुपशान्तयेऽन्नादिकम्।
तदेव मनुते सुखं, भ्रमवशाद्यदेवासुखं;
समुल्लसति कच्छुकारुजि,यथा शिखिस्वेदनम्।।१५१।।

क्षुधा आदि से दुःखी जीव, अन्नादिक का आश्रय लेते।
जैसे खाज खुजा कर प्राणी, भ्रम से उसमें सुख मानें।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि जिस प्रकार खाज का रोगी मनुष्य, अग्नि से खाज को सेकने में सुख मानता है, परन्तु अग्नि से सेकना केवल दुःख को ही देने वाला है; उसी प्रकार यह संसारी जीव, शान्ति के लिए अन्न-जल का आश्रय करता है, उस समय यद्यपि वे अन्न-जल आदि पदार्थ दुःखस्वरूप हैं तो भी भ्रम से उनमें सुख मानता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अग्नि से सेकते समय खाज में सुख मालूम होता है, किन्तु अन्त में अत्यन्त दुःख ही भोगना पड़ता है; उसी प्रकार इन्द्रियों से उत्पन्न हुआ सुख, यद्यपि थोड़े समय

तक सुख भासित होता है, परन्तु अन्त में दुःखदायी है। इसलिए भव्य जीवों को इन्द्रियों के सुख की कदापि अभिलाषा नहीं करनी चाहिए, किन्तु अविनाशी सुख के लिए ही प्रयत्न करना चाहिए।

१५२. अपने स्वरूप को देखना ही समस्त उपदेश का असली तात्पर्य

शार्दूलविक्रीडित

आत्मा स्वं परमीक्षते यदि समं, तेनैव संचेष्टते;
तस्मायेव हितस्ततोऽपि च सुखी, तस्यैव सम्बन्धभाक्।
तस्मिन्नेव गतो भवत्यविरताऽऽनन्दाऽमृताम्भोनिधौ;
किं चाऽन्यत्सकलोपदेशनिवहस्यैतद्रहस्यं परम्।।१५२।।

जब यह निज स्वरूप को देखे, तब निज में ही करे प्रयत्न।
निज के लिए हितैषी होता, निज से ही करता सम्बन्ध।।
आनन्दामृत सिन्धु-स्वरूप, स्वयं में ही तब होता लीन।
इससे अधिक कहें क्या? सब उपदेशों का है सार यही।।

अर्थ ह्न जब यह आत्मा, अपने स्वरूप को देखता है, तब स्वयं अपने स्वरूप के साथ ही चेष्टा करता है, अपने स्वरूप के लिए ही हितस्वरूप बनता है, अपने से ही सुखी होता है, अपना ही सम्बन्धी होता है तथा निरन्तर आनन्दरूप अमृत के समुद्रस्वरूप अपने स्वरूप में ही लीन होता है। इस प्रकार समस्त प्रवृत्तियों की आत्मा में जो दृढ़ स्थिति है, यही समस्त उपदेश का असली तात्पर्य है, इससे अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

१५३. पूजने योग्य योगीश्वर कौन?

आर्या

परमानन्दाऽब्जरसं, सकलविकल्पाऽन्यसुमनसस्त्यक्त्वा।
योगी स यस्य भजते, स्तिमिताऽन्तःकरणषट्चरणः।।१५३।।

सकल विकल्पपुष्प को तज कर जिसका निश्चल चित्त-भ्रमर।
परमानन्द कमल में रमता, वह योगीश्वर पूज्य प्रवर।।

अर्थह्न जिस योगी का निश्चल मनरूपी भ्रमर, समस्त विकल्परूपी अन्य फूलों को छोड़ कर, उत्कृष्ट आनन्द के धारी शुद्धात्मारूपी कमल के रस का सेवन करता है, वही योगीश्वर पूजने योग्य है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार भ्रमर, समस्त अन्य पुष्पों को छोड़ कर, कमल के रस का

आस्वादन करता है; उसी प्रकार जो मुनि, समस्त विकल्पों को छोड़ कर, शुद्धात्मा का आस्वादन करते हैं, वे ही भव्य जीवों के द्वारा पूजने योग्य हैं।

१५४. जब निज आतम अनुभव आवै, और कछु न सुहावै.....

शार्दूलविक्रीडित

जायन्ते विरसा रसा विघटते, गोष्ठीकथाकौतुकं;
शीर्यन्ते विषयास्तथा विरमति, प्रीतिः शरीरेऽपि च।
जोषं वागपि धारयत्यविरताऽऽनन्दाऽत्मशुद्धात्मनः;
चिन्तायामपि यातुमिच्छति समं, दोषैर्मनः पञ्चताम्।।१५४।।

गोष्ठी कथा कुतूहल विघटे, रस नीरस हो जाता है।
तन के प्रति भी प्रीति विरमती, विषय-वासना मिटती है।।
वचन मौन धारण कर लेते, मन मृत्यु वरना चाहे।
अनुभव की क्या बात करें? ये सब होता बस चिन्तन से।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि परमानन्दस्वरूप शुद्धात्मा की प्राप्ति तो दूर ही रहो, किन्तु केवल उसकी चिन्ता (विचार) करने पर ही शृंगारादि रस नीरस हो जाते हैं, स्त्री-पुत्र आदि की चर्चा नष्ट हो जाती है, उनकी कथा और कौतूहल दूर भाग जाते हैं तथा इन्द्रियों के विषय भी सर्वथा नष्ट हो जाते हैं; स्त्री-पुत्र आदि की प्रीति तो दूर ही रहो, शरीर में भी प्रीति नहीं रहती, वचन भी मौन को धारण कर लेता है और समस्त राग-द्वेषादि दोषों के साथ मन भी विनाश को प्राप्त हो जाता है; इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे शुद्धात्मा की चिन्ता में निमग्न बने रहें।

१५५. निज आत्मा के अनुभव में लीन होना ही उत्कृष्ट आराधना

स्रग्धरा

आत्मैकः सोपयोगो, मम किमपि ततो, नाऽन्यदस्तीति चिन्ता;
भ्यासाऽस्ताऽशेषवस्तोः, स्थितपरममुदा, यद्गतिर्नो विकल्पे।
ग्रामे वा कानने वा, जनजनितसुखे, निःसुखे वा प्रदेशे;
साक्षादाराधना सा, श्रुतविशदमतेर्बाह्यमन्यत्समस्तम्।।१५५।।

मेरा है उपयोगरूप, कुछ अन्य नहीं, इस चिन्तन से।
मोह तजा है पर से, हर्षित मन नहिं जाए विकल्पों में।।

वन हो अथवा गाँव सुखद या, दुःखद जगह नहीं भटके मन।
निर्मल मति की यही साधना, अन्य सभी हैं इससे भिन्न।।

अर्थ ह्न दर्शन-ज्ञानमयी आत्मा ही एक मेरा है, इससे भिन्न कोई भी वस्तु मेरी नहीं है; इस प्रकार की चिन्ता से जिस मनुष्य के मन की परिणति, बाह्य पदार्थों से सर्वथा छूट गई है, जिसकी बुद्धि, शास्त्र के अभ्यास से निर्मल हो गई है और जो परमानन्द का धारी है; उस मनुष्य के मन की प्रवृत्ति का विकल्पों से हट जाना, गाँव हो या वन, मनुष्यों को सुख अथवा दुःख उपजाने वाले प्रदेश में भी मन का न जाना, किन्तु निज आत्मा के अनुभव में लीन होना ही उत्कृष्ट आराधना है, इससे भिन्न सब बाह्य हैं, सर्व त्यागने योग्य है।

१५६. बाह्य तप की व्यर्थता में अनेक युक्तियाँ

शार्दूलविक्रीडित

यद्यन्तर्निहितानि खानि तपसा, बाह्येन किं फल्गुना;
नैवाऽन्तर्निहितानि खानि तपसा, बाह्येन किं फल्गुना।
यद्यन्तर्बहिरन्यवस्तु तपसा, बाह्येन किं फल्गुना;
नैवाऽन्तर्बहिरन्यवस्तु तपसा, बाह्येन किं फल्गुना।।१५६।।

अन्तर्लीन इन्द्रियाँ हों तो, बाह्य तपस्या करना व्यर्थ।
यदि इन्द्रियाँ बहिर्मुख हों तो, भी है बाह्य तपस्या व्यर्थ।।
अन्तर्बाह्य अन्य द्रव्यों से, है ममत्व तो तप है व्यर्थ।
अन्तर्बाह्य अन्य द्रव्यों से, नहिं ममत्व तो तप है व्यर्थ।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि बाह्य वस्तु से भिन्न होकर यदि इन्द्रियों का शुद्धात्मा के साथ सम्बन्ध रहा तो भी बाह्य में तप करना व्यर्थ है तथा यदि इन्द्रियों का शुद्धात्मा के साथ सम्बन्ध न रहा तो भी तप करना व्यर्थ है; इसी प्रकार यदि अन्तरंग अथवा बाह्य में अन्य पदार्थों की ममता बनी रही तो भी तप करना व्यर्थ है तथा यदि अन्तरंग एवं बाह्य में किसी पदार्थ से ममता नहीं रही तो भी तप करना व्यर्थ ही है।

भावार्थ ह्न इन्द्रियों तथा पदार्थों में ममता को दूर करने के लिए तप किया जाता है। यदि इन्द्रियों का सम्बन्ध तथा पदार्थों में ममता बनी रही तो किया हुआ तप भी व्यर्थ ही है अर्थात् वह तप निष्प्रयोजन ही है तथा यदि इन्द्रियों का सम्बन्ध टूट गया तथा पदार्थों से ममता भी दूर हो गई तो भी तप करना व्यर्थ ही है क्योंकि जिनके नाश के लिए तप किया जाता है, वे तो प्रथम ही नष्ट हो चुके हैं; इसलिए इन्द्रियों का सम्बन्ध तथा पदार्थों में ममता दूर करने के लिए ही तप करना चाहिए।

१५७. शुद्धादेश, व्यवहारनय और अशुद्धनय की परस्पर सापेक्षता

शुद्धं वागतिवर्तितत्त्वमितरद्वाच्यं च तद्वाचकं;
शुद्धादेशमिति प्रभेदजनकं, शुद्धेतरत्कल्पितम्।
तत्राऽद्यं श्रयणीयमेव विदुषा, शेषद्वयोपायतः;
सापेक्षा नयसंहतिः फलवती, संजायते नाऽन्यथा।।१५७।।

शुद्धतत्त्व है वचन अगोचर, अन्यतत्त्व वचनों से वाच्य।
शुद्धादेश शुद्ध का वाचक, नय अशुद्ध है भेदजनक।।
अतः विज्ञजन शुद्धादेश-अशुद्धनयों से शुद्ध गहें।
नय-समूह सापेक्ष सफल हैं, अन्य नहीं फलदायक हैं।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि शुद्धतत्त्व या शुद्धनय तो वचन के द्वारा कहा नहीं जा सकता, किन्तु उससे भिन्न तत्त्व या **व्यवहारनय** ही वचन के द्वारा कहा जाता है क्योंकि व्यवहारनय ही शुद्धनय को कहने वाला है, इसलिए उसको **शुद्धादेश** अर्थात् **शुद्धनय** को कहने वाला भी कहते हैं तथा जो भेद को उत्पन्न करानेवाला है, उसको **अशुद्धनय** कहते हैं। इस रीति से शुद्ध, शुद्धादेश तथा अशुद्ध के भेद से नय के तीन भेद हुए। उन तीनों में जो शुद्धनय है, वह शुद्धादेश तथा अशुद्धनय के उपाय से प्राप्त होता है; इसलिए विद्वानों को शुद्धनय का ही आश्रय करना चाहिए। यह नियम है कि आपस में एक-दूसरे की अपेक्षा करने वाला ही नयों का समूह, कार्यकारी हो सकता है, परन्तु एकान्त से भिन्न-भिन्न नय नहीं।

भावार्थ ह्न यद्यपि शुद्धनय ही ग्रहण करने योग्य है, तथापि व्यवहारनय के बिना शुद्धनय कदापि नहीं हो सकता; इसलिए व्यवहारनय से ही शुद्धनय को सिद्ध करना योग्य है क्योंकि व्यवहार की अपेक्षा नहीं करने वाला शुद्धनय कोई कार्यकारी नहीं तथा निश्चयनय की अपेक्षा नहीं करने वाला व्यवहारनय भी कोई प्रयोजन का नहीं है, किन्तु एक-दूसरे की अपेक्षा करने वाले ही नय कार्यकारी हैं।

१५८. शुद्धनय से ज्ञान-दर्शन-चेतनास्वरूप ही आत्मा

ज्ञानं दर्शनमप्यशेषविषयं, जीवस्य नाऽर्थान्तरं;
शुद्धाऽदेशविवक्षया स हि ततः, चिद्रूप इत्युच्यते।
पर्यायैश्च गुणैश्च साधु विदिते, तस्मिन् गिरा सद्गुरो-;
र्ज्ञातं किं न विलोकितं न किमथ, प्राप्तं न किं योगिभिः।।१५८।।

सकल वस्तु के ग्राहक दर्शन-ज्ञान जीव हैं अन्य नहीं।
अतः शुद्धनय की कथनी में, कहें जीव चिद्रूप वही।।
सद्गुरु वाणी से जिस योगी ने गुण अरु पर्यायों से।
जान लिया चेतन को, क्या नहिं जाना प्राप्त किया उसने?।।

अर्थ ह्न यद्यपि व्यवहारनय से ज्ञान-दर्शन आत्मा से भिन्न हैं, तथापि शुद्धनय की विवक्षा करने पर समस्त पदार्थों को हाथ की रेखा के समान जानने वाला तथा देखने वाला ज्ञान तथा दर्शन आत्मा से कोई भिन्न वस्तु नहीं है, किन्तु दर्शन-ज्ञानचेतनास्वरूप ही यह आत्मा है; इसलिए जिन योगियों ने श्रेष्ठ गुरुओं के उपदेश से गुण तथा पर्यायोंसहित आत्मा को जान लिया, उन्होंने समस्त को जान लिया, सबको देख लिया तथा जो कुछ प्राप्त करने योग्य वस्तु थी, उस सबको भी पा लिया।

भावार्थ ह्न जिस पुरुष ने दर्शन-ज्ञानस्वरूप आत्मा को गुण-पर्यायोंसहित जान लिया, तो समझना चाहिए कि उसने सबको जान लिया तथा सबको देख लिया।

१५९. पर से भिन्न मेरी एक ज्ञान-दर्शनमयी मूर्ति

यन्नाऽन्तर्न बहिः स्थितं न च दिशि, स्थूलं न सूक्ष्मं पुमान्;
नैव स्त्री न नपुंसकं न गुरुतां, प्राप्तं न यल्लाघवम्।
कर्मस्पर्शशरीरगन्धगणना, - व्याहारवर्णोज्झितं;
स्वच्छं ज्ञानदृगेकमूर्ति तदहं, ज्योतिः परं नाऽपरम्।।१५९।।

जो भीतर-बाहर चहुँ दिशि में, सूक्ष्म और स्थूल नहीं।
पुरुष-नपुंसक-स्त्री भी नहिं, गुरुता-लघुता प्राप्त नहीं।।
कर्म-स्पर्श-शरीर-वर्ण-गणना अरु शब्द आदि से भिन्न।
निर्मल दर्शन-ज्ञान-मूर्ति मैं, ज्योति वही नहिं उससे भिन्न।।

अर्थ ह्न आत्मज्ञानी पुरुष इस प्रकार का विचार करता है कि न मैं अन्दर हूँ, न बाहर हूँ और न अन्यत्र किसी दिशा में हूँ; न मोटा हूँ, न पतला हूँ; न पुरुष हूँ, न स्त्री हूँ, न नपुंसक हूँ; न भारी हूँ, न हल्का हूँ और मेरा न कर्म है, न स्पर्श है, न शरीर है, न गन्ध है, न संख्या है, न शब्द है, न वर्ण है तथा जो अत्यन्त स्वच्छ तथा ज्ञान-दर्शनमयी मूर्ति की धारक ज्योति है, वही मैं हूँ और उससे भिन्न कोई नहीं हूँ।

भावार्थ ह्न ज्ञानी पुरुष इस बात का विचार करता है कि स्थूल, सूक्ष्मादि तथा स्त्री, पुरुष, नपुंसकादि तथा स्पर्श, रस, गन्धादि सब पुद्गल के विकार हैं। मैं उनसे सर्वथा भिन्न हूँ, किन्तु मेरी एक ज्ञान-दर्शनमयी मूर्ति है।

१६०. 'मैं' शब्द से अनुभवगोचर चैतन्यरूपी तेज स्वरूप आत्मा

जानन्ति स्वयमेव यद्विमनसः, चिद्रूपमानन्दवत्;
प्रोच्छिन्ने यदनाद्यमन्दमसकृत्, मोहान्धकारे हठात्।
सूर्याचन्द्रमसावतीत्य यदहो, विश्वप्रकाशात्मकं;
तज्जीयात्सहजं सुनिष्कलमहं, शब्दाऽभिधेयं महः।।१६०।।

जो अनादि का मोह-महातम, निजबल से है नाश किया।
मन-विहीन केवलज्ञानी ने, चिदानन्द-घन जान लिया।।
सूर्य-चन्द्र को फीका करता, जिसका विश्व-प्रकाशक तेज।
अशरीरी अरु 'मैं' से वाच्य, सदा जयवन्त रहे वह तेज।।

अर्थ ह्न अनादिकाल से विद्यमान तथा गाढ़ मोहरूपी अन्धकार को तप के द्वारा सर्वथा नाश कर, आनन्द के धारी जिस चैतन्यरूपी तेज को केवलज्ञान के धारी पुरुष, अपने आप जान लेते हैं। जो चैतन्यरूपी तेज, सूर्य-चन्द्रमा के तेज को फीका करने वाला है, समस्त पदार्थों को भलीभाँति प्रकाशित करने वाला है, जिसका 'मैं' इस शब्द से अनुभव होता है तथा जो स्वाभाविक है ह्न ऐसा वह चैतन्यरूपी तेज सदाकाल जयवन्त रहो।

१६१. साता-असाता से रहित मोक्षपद की कामना

वसन्ततिलका

यज्जायते किमपि कर्मवशादसातं;
सातं च यत्तदनुयायि विकल्पजालम्।
जातं मनागपि न यत्र पदं तदेव;
देवेन्द्रवन्दितमहं शरणं गतोऽस्मि।।१६१।।

जहाँ कर्म-वश साता और असाता आदि विकल्प नहीं।
उस देवेन्द्र-वन्द्य शिवपद की, अब मैंने तो शरण गही।।

अर्थ ह्न जिस मोक्षपद में न तो कर्म के वश से साता होती है, न कर्म के वश से असाता होती है। न उन साता और असाता के अनुसार जहाँ पर किसी प्रकार के विकल्प ही उठते हैं। जिस पद की बड़े-बड़े इन्द्रादिक भी स्तुति करते हैं ह्न ऐसे मोक्षपद की शरण को मैं प्राप्त होना चाहता हूँ।

१६२. गुरुओं के सन्तापनाशक वचन ही आश्रयणीय

शार्दूलविक्रीडित

धिक् कान्तास्तनमण्डलं धिगमल,-प्रालेयरोचि: करान्;
धिक् कर्पूरविमिश्रचन्दनरसं, धिक् ताञ्जलादीनपि।
यत्प्राप्तं न कदाचिदत्र तदिदं, संसारसन्तापहृत्;
लग्नं चेदतिशीतलं गुरुवचो, दिव्याऽमृतं मे हृदि।।१६२।।

धिक् कान्ता के कुचमण्डल को, धिक् है निर्मल चन्द्र-किरण।
धिक् कर्पूर मिश्र चन्दन रस, धिक् जल आदि वस्तु शीतल।।
यदि मेरे उर में बसते हैं, अति शीतल गुरु-वचनामृत।
जिन्हें प्राप्त नहिं किया आज तक, जो संसार-ताप-नाशक।।

अर्थ ह्न संसार में यह बात भलीभाँति प्रचलित है तथा अज्ञानी मनुष्य इस बात को मानते भी हैं कि यदि किसी प्रकार का सन्ताप हो जाए तो उस सन्तप्त प्राणी को स्त्री के स्तनों के स्पर्श से तथा चन्द्रमा की किरण आदि के सेवन से इस सन्ताप को दूर कर देना चाहिए, परन्तु ज्ञानी मनुष्य, इस बात को नहीं मानता तथा इससे विपरीत ही विचार करता है अर्थात् वह कहता है कि जिसकी कभी भी प्राप्ति नहीं हुई है, जो संसार के सब दु:खों को दूर करने वाले हैं और जो अत्यन्त शीतल हैं ह्न ऐसे श्री गुरुओं के वचन यदि मेरे मन में मौजूद हैं तो मनुष्य, जिनको शीतल करने वाले कहते है ह्न ऐसे स्त्री के कुचों को धिक्कार है, चन्द्रमा की शीतल किरणों को धिक्कार है, कर्पूर मिले हुए चन्दन के रस को धिक्कार है तथा जल आदि को भी धिक्कार है।

भावार्थ ह्न गुरु के उपदेश के सिवाय उक्त समस्त चीजें सन्ताप ही करने वाली हैं, अंश मात्र भी शान्ति की करने वाली नहीं हैं; इसलिए जो मनुष्य शान्ति के अभिलाषी हैं, उनको गुरुओं के वचन का ही आश्रय लेना चाहिए।

१६३. शुद्धात्मा की परिणतिस्वरूप धर्म में मग्न हुए योगियों को नमस्कार

जित्वा मोहमहाभटं भवपथे, दत्तोग्रदु:खश्रमे;
विश्रान्ता विजनेषु योगिपथिका, दीर्घे चरन्तः क्रमात्।
प्राप्ता ज्ञानधनाश्चिरादभिमत,-स्वात्मोपलम्भालयं;
नित्यानन्दकलत्रसंगसुखिनो, ये तत्र तेभ्यो नम:।।१६३।।

अति दुःखदायक भव-पथ में, जो महामोह भट को जीतें।
जो योगी विचरें वन में, विश्रान्ति लहें एकान्त बसें।।
हो सम्पन्न ज्ञान-धन से निज, आत्माश्रित शिवपद पाते।
नित्यानन्द सादि-सुख भोगें, उन चरणों में हम नमते।।

अर्थ ह्न योगीश्वररूपी पथिक, अत्यन्त दुःख को देने वाले संसाररूपी विशाल मार्ग में विचरते हुए, समस्त ज्ञानादि धन को चुराने वाले मोहरूपी योद्धा को जीत कर, निर्जन स्थान में विश्राम करते हैं, ज्ञानरूपी धन के स्वामी हैं और जिसका कभी भी नाश नहीं होने वाला है ह्न ऐसे आत्मिक सुखरूपी स्त्री के संग से सदा सुखी हैं तथा अपने आत्मस्वरूप की जहाँ पर प्राप्ति होती है, ऐसे स्थान में विराजमान हैं; अतः ऐसे योगियों को मैं नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई धनयुक्त पथिक, किसी बड़े मार्ग में क्रम से गमन करने वाले चोरों को जीत कर, अपने धन को बचा कर, वांछित स्थान पर पहुँच जाता है; तब वह अपनी स्त्री के साथ नाना प्रकार के भोग-विलासों को भोगता हुआ सुख से रहता है; उसी प्रकार जिन योगीश्वरों ने संसाररूपी गहन मार्ग में रहने वाले तथा ज्ञानरूपी धन को चुराने वाले मोहरूपी ठग को जीत कर, अपने ज्ञान-धन की रक्षा की है तथा जो मोक्षरूपी स्त्री के साथ नाना प्रकार के सुखों का भोग करते हैं और अपने आत्मस्वरूप में लीन रहते हैं ह्न ऐसे उन योगीश्वरों को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

१६४. धर्म की महिमा बताने में केवली-श्रुतकेवली ही समर्थ

स्रग्धरा

इत्यादिर्धर्म एषः, क्षितिपसुरसुखाऽनर्घ्यमाणिक्यकोषः;
प्रायो दुःखाऽनलानां, परमपदलसत्, सौधसोपानराजिः।
एतन्माहात्म्यमीशः, कथयति जगतां, केवली साध्वधीता;
सर्वस्मिन्वाङ्मयेऽथ, स्मरति परमहो, मादृशस्तस्य नाम।।१६४।।

है यह धर्म नरेन्द्र-इन्द्र के सुख, अमूल्य रत्नों की खान।
यह दुखाग्नि के लिए नीर-सम, मोक्षमहल का शुभ सोपान।।
अहो! धर्म की महिमा वर्णन, साक्षात् केवलि भगवान।
सर्वागमधर गणधर करते हैं, हम तो ले सकते हैं नाम।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि पूर्व में जो दया आदि पाँच प्रकार का धर्म कहा है, वह धर्म, बड़े-बड़े चक्रवर्ती आदि राजाओं तथा इन्द्र, अहमिन्द्र आदि के सुखों को देने वाला है।

वह धर्म, समस्त दुःखों को मूल से नाश करने वाला और निर्वाणरूपी महल में चढ़ने के लिए सीढ़ी के समान है अर्थात् जो मनुष्य, धर्म को धारण करता है, उनको मोक्ष की प्राप्ति होती है ह्न ऐसे उस धर्म के माहात्म्य का वर्णन, साक्षात् केवली अथवा समस्त द्वादशांग के पाठी गणधर ही कर सकते हैं, परन्तु मेरे समान मनुष्य तो केवल उसके नाम का ही स्मरण कर सकते हैं।

भावार्थ ह्न धर्म की महिमा का वर्णन केवली अथवा गणधरदेव के बिना अन्य कोई नहीं कर सकता। (पाठभेद '**प्रायो दुःखाऽनलानाम्**' यह पाठ भी मिलता है अर्थात् वह दुःखरूपी अग्नि के लिए जल के समान है।)

१६५. धर्मरूपी रसायन का सेवन करने के लिए मिथ्यात्वादि का निषेध आवश्यक

शार्दूलविक्रीडित

शश्वज्जन्मजरान्तकालविलसद्, दुःखौघसारीभवत्;
संसारोग्रमहारुजोऽपहृतये, ऽनन्तप्रमोदाय वै।
एतद्धर्मरसायनं ननु बुधाः, कर्तुं मतिश्चेत्तदा;
मिथ्यात्वाऽविरतिप्रमादनिकरः, क्रोधादि सन्त्यज्यताम्।।१६५।।

शाश्वत जन्म-जरा-मरणादिक, दुख:दायक रोगों में सार।
इस संसार महारुज का यदि, करना चाहो पूर्ण विनाश।।
हे बुध! धर्म-रसायन पीकर, यदि अनन्त सुख को चाहो।
मिथ्या अविरति अरु प्रमाद, क्रोधादि कषाय-समूह तजो।।

अर्थ ह्न भो भव्य जीवों! यदि तुम निरन्तर जन्म, जरा, मरण आदि समस्त दुःखों को देने वाले संसाररूपी भयंकर रोग को दूर करने तथा अनन्त सुख की प्राप्ति के लिए धर्मरूपी रसायन का आश्रय करना चाहते हो तो मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद और क्रोधादि कषायों का सर्वथा त्याग करो।

भावार्थ ह्न जब तक क्रोधादि कषायों का आत्मा के साथ सम्बन्ध रहेगा, तब तक न तुम नाना दुःखों के देने वाले संसाररूपी महा रोग का शमन कर सकते हो और न तुम अविनाशी सुख की ही तरफ झाँक सकते हो; इसलिए यदि तुम संसाररूपी महा रोग को दूर करने की अभिलाषा करते हो तथा यदि तुम अविनाशी सुख को चाहते हो तो मिथ्यात्व आदि की तरफ झाँक करके भी न देखो।

१६६. धर्म का उत्तरोत्तर दुर्लभपना

नष्टं रत्नमिवाऽम्बुधौ निधिरिव, प्रभ्रष्टदृष्टेर्यथा;
योगो यूपशलाकयोश्च गतयोः, पूर्वाऽपरौ तोयधी।
संसारेऽत्र तथा नरत्वमसकृद्, दुःखप्रदे दुर्लभं;
लब्धे तत्र च जन्म निर्मलकुले, तत्रापि धर्मे मतिः।।१६६।।

यथा उदधि में रत्न गिरे अरु, दृष्टिहीन नर निधि पायें।
पूर्वापर दिशि दो काष्ठ खण्ड, बह कर फिर से वे मिल जायें।।
तथा निरन्तर दुःखदायक, इस जग में नरभव दुर्लभ है।
यदि मिल जाये तो उत्तम कुल, धर्मबुद्धि अति दुर्लभ है।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार अथाह समुद्र में यदि रत्न गिर जाए तो उसका मिलना बहुत कठिन है, जिस प्रकार अन्धे को निधि मिलना अत्यन्त दुर्लभ है तथा समुद्र में किसी स्थान पर दो काष्ठ खण्डों में से एक को पूर्व दिशा की ओर तथा दूसरे को पश्चिम दिशा की ओर बहा देवें, फिर उनका उसी स्थान पर पुन: मिलना, जिस प्रकार दु:साध्य है; उसी प्रकार निरन्तर नाना प्रकार के दु:खों के देने वाले इस संसार में मनुष्य जन्म का पाना बहुत कठिन है। यदि दैवयोग से मनुष्य जन्म भी मिल जाए तो फिर उत्तम कुल मिलना अत्यन्त दुर्लभ है। यदि किसी कारण उत्तम कुल की प्राप्ति भी हो जाए तो फिर धर्म में श्रद्धा होना, अत्यन्त दु:साध्य है; इसलिए भव्य जीवों को अत्यन्त दुर्लभ धर्म की उपासना अवश्य करनी चाहिए।

१६७. खोटे उपदेश के प्रभाव से अत्यन्त दुर्लभ धर्म भी व्यर्थ

न्यायादन्धकवर्तकीयकजना, ऽऽख्यानस्य संसारिणां;
प्राप्तं वा बहुकल्पकोटिभिरिदं, कृच्छ्रान्नरत्वं यदि।
मिथ्यादेवगुरूपदेशविषय, - व्यामोहनीचाऽन्वय;
प्रायैः प्राणभृतां तदेव सहसा, वैफल्यमागच्छति।।१६७।।

अन्धे को बटेर मिल जाए, वैसे ही संसारी को।
कोटि कल्पकालों में दुर्लभ, प्राप्त करे इस नर-तन को।
मिथ्या देव-गुरु उपदेश, विषय-व्यामोह नीच-कुल में।
अज्ञानी प्राणी का नरभव, जाता है निष्फलता में।।

अर्थ ह्न प्रथम तो मनुष्य जन्म पाना संसार में अत्यन्त कठिन काम है, दैवयोग से अन्धे के हाथ में बटेर के समान करोड़ों कल्पकाल के बाद यदि इस अत्यन्त दु:साध्य मनुष्य

जन्म की प्राप्ति भी हो जाए तो वह मनुष्य जन्म, खोटे देव तथा गुरुओं के उपदेश से निष्फल चला जाता है तथा विषयों में आसक्तता तथा व्यसनादि नीच कार्य करने में भी वह बात ही बात में व्यर्थ चला जाता है।

भावार्थ ह्न बटेर, एक अत्यन्त चंचल पक्षी होता है। वह चतुर से चतुर नेत्रधारियों के हाथ में भी बड़ी कठिनता से आता है, फिर अन्धे के हाथ में आना तो अत्यन्त ही कठिन कार्य है। यदि दैवयोग से वह अन्धे के हाथ में आ जाए तो जिस प्रकार उसका आना बहुत कठिन समझा जाता है; उसी प्रकार यह मनुष्य जन्म है क्योंकि सबसे निकृष्ट निगोद राशि है, उसमें से निकल कर बड़े पुण्य के उदय से यह जीव एकेन्द्रिय होता है। फिर दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, चार इन्द्रिय, पाँच इन्द्रिय होता है, फिर बड़े पुण्य के उदय से इस मनुष्य जन्म को धारण करता है; इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे ऐसे दुर्लभ मनुष्य जन्म को पाकर, खोटे देव की सेवा तथा खोटे गुरुओं के उपदेश का श्रवण न करें तथा विषयों में भी मग्न न रहें।

१६८. तिर्यञ्च आदि गतियों से मनुष्य जन्म की श्रेष्ठता

वसन्ततिलका

लब्धे कथं कथमपीह मनुष्यजन्म;
न्यङ्ग प्रसंगवशतो हि कुरु स्वकार्यम्।
प्राप्तं तु कामपि गतिं कुमते तिरश्चां;
कस्त्वां भविष्यति विबोधयितुं समर्थः।।१६८।।

दैवयोग से किसी तरह, नर-भव पाया कर लो निज-कार्य।
तिर्यञ्चादि कुगति में जाए, वहाँ कौन तुझको समझाय।।

अर्थ ह्न हे भव्य जीव! बड़े पुण्यकर्म के उदय से तुझे इस मनुष्य जन्म की प्राप्ति हुई है, इसलिए शीघ्र ही कोई अपने हित का करने वाला काम कर। नहीं तो रे मूर्ख! जब तू तिर्यंच आदि खोटी गति को प्राप्त हो जाएगा तो वहाँ पर तुझे कोई समझा भी नहीं सकेगा।

भावार्थ ह्न समझाने पर मनुष्य ही शीघ्र समझ सकता है, पशु में समझाने पर समझने की शक्ति नहीं है; इसलिए भव्य जीवों को मनुष्य जन्म में ही ऐसा काम करना चाहिए, जिससे वे तिर्यंच आदि खोटी गति को प्राप्त न होवें तथा वहाँ नाना प्रकार के दुःख न भोगें।

१६९. जिनधर्म को पाकर उसकी सेवा करने का उपदेश

शार्दूलविक्रीडित

जन्म प्राप्य नरेषु निर्मलकुले, क्लेशान्मतेः पाटवं;
भक्तिं जैनमते कथं कथमपि, प्रागर्जितश्रेयसः।

संसाराऽर्णवतारकं सुखकरं, धर्मं न ये कुर्वते;
हस्तप्राप्तमनर्घ्यरत्नमपि ते, मुञ्चन्ति दुर्बुद्धयः।।१६९।।

नरभव पाकर उत्तम कुल अरु, कष्ट-साध्य बुद्धि को पा।
पूर्वोपार्जित पुण्योदय से, जिन-शासन की भक्ति पा।।
किन्तु भवोदधि-तारक, सुखदायक जो धर्म नहीं करते।
हस्त प्राप्त बहुमूल्य रत्न को, ये दुर्बुद्धि खो देते।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, अत्यन्त कठिन मनुष्य जन्म को पाकर, उत्तम कुल को पाकर तथा किसी प्रकार पूर्व काल में उपार्जित किये हुए पुण्य के उदय से जैनधर्म के भक्त होकर भी संसार-समुद्र से पार करने वाले तथा नाना प्रकार के सुख देने वाले धर्म की सेवा नहीं करते हैं, वे मूर्ख, हाथ में आये हुए अमूल्य रत्न को छोड़ देते हैं।

भावार्थ ह्न प्रथम तो रत्न की प्राप्ति ही अत्यन्त कठिन है। यदि प्राप्त भी हो जाए तो उसे व्यर्थ फेंक देना सर्वथा मूर्खता है; उसी प्रकार उत्तम कुलादि को प्राप्त कर, धर्म न करना भी मूर्खता है, इसलिए भव्य जीवों को धर्म की उपासना अवश्य करनी चाहिए।

१७०. युवावस्था में ही धर्म करने की प्रेरणा

तिष्ठत्याऽऽयुरतीव दीर्घमखिलाऽन्यङ्गानि दूरं दृढा-;
न्येषा श्रीरपि मे वशं गतवती, किं व्याकुलत्वं मुधा।
आयत्यां निरवग्रहो गतवया, धर्मं करिष्ये भरात्;
इत्येवं बत चिन्तयन्नपि जडो, यात्यन्तकग्रासताम्।१७०।।

अभी बहुत दिन जीना मुझको, सभी अंग मेरे मजबूत।
लक्ष्मीजी की कृपा बहुत है, फिर मैं क्यों होऊँ व्याकुल।।
जब वृद्धावस्था आएगी, तभी करूँगा धर्म-प्रयत्न।
मूढ़ ग्रास बनता है यम का, इस प्रकार करके चिन्तन।।

अर्थ ह्न ''अभी मेरी आयु बहुत है, हाथ-पैर, नाक-कान आदि भी मजबूत हैं तथा लक्ष्मी मेरे पास विद्यमान है, इसलिए व्यर्थ धर्मादि के लिए क्यों व्याकुल होना चाहिए? किन्तु इस समय तो आनन्द से भोगों को भोगना चाहिए, भविष्य में जिस समय वृद्ध हो जाऊँगा, उस समय निश्चय कर अच्छी तरह धर्म का आराधन करूँगा,'' इस प्रकार विचार करता-करता ही मूर्ख मनुष्य मर जाता है; इसलिए विद्वानों को चाहिए कि 'मृत्यु, सदा शिर पर छाई हुई है' ह्न इस विचारपूर्वक निरन्तर धर्म की आराधना करें।

१७१. सफेद केश : ज्ञानियों को वैराग्य और अज्ञानियों को तृष्णा का निमित्त

आर्या

पलितैकदर्शनादपि, सरति सतश्चित्तमाशु वैराग्यम्।
प्रतिदिनमितरस्य पुनः, सह जरया वर्धते तृष्णा।।१७१।।

श्वेत केश दर्शन करने से, सज्जन को होता वैराग्य।
प्रतिदिन अज्ञानी देखे पर, बढ़े बुढ़ापा अरु तृष्णा।।

अर्थ ह्न जो पुरुष ज्ञानी हैं, वे तो सफेद केश को देखते ही वैराग्य को प्राप्त हो जाते हैं; किन्तु जो ज्ञानरहित हैं, उनको तो जैसे-जैसे सफेद केशों का दर्शन होता जाता है, वैसे-वैसे उनकी तृष्णा और भी बढ़ती जाती है और उनको वैराग्य की बात भी बुरी लगती है।

१७२. अज्ञानी पुरुष का तृष्णारूपी स्त्री के साथ अन्धा प्रेम

मन्दाक्रान्ता

आजातेर्नस्त्वमसि दयिता, नित्यमासन्नगासि;
प्रौढाऽस्याशे किमथ बहुना, स्त्रीत्वमालम्बिताऽसि।
अस्मत्केशग्रहणमकरोत्, अग्रतस्ते जरेयं;
मर्षस्येतन्मम च हतके, स्नेहलाऽद्यापि चित्रम्।।१७२।।

री तृष्णा! तू हमें जन्म से, प्यारी नित्य निकट रहती।
वृद्धिंगता, अधिक क्या कहना? तुम्हीं हमारी प्रिय रमणी।।
किन्तु जरा-नारी ने मेरे, केशों को है ग्रहण किया।
यह अपमान सहन करके भी, बनी हमारी स्नेहमना।।

अर्थ ह्न हे तृष्णे! आजन्म से तू हमारी प्रिया है, तू सदा हमारे साथ रहने वाली है, तू प्रौढ़ा है और अधिक कहाँ तक कहा जाए, तू साक्षात् हमारी स्त्री ही है; परन्तु 'अरे दुष्टे! तेरे सामने भी इस जरा ने हमारे केश पकड़ लिये हैं तो भी तू सहन करती है, लेकिन फिर भी तू हमें प्यारी है' ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है।

भावार्थ ह्न स्त्री का यह स्वभाव होता है कि यदि वह अपने पति के साथ किसी दूसरी स्त्री को क्रीड़ा तथा रमण करती देख लेवे तो वह उससे बड़ी भारी ईर्ष्या करती है तथा तत्काल ही उसका पति के साथ सम्बन्ध छुड़ाने की चेष्टा करती है। यदि वह सम्बन्ध न छुड़ा सके तो उससे प्रीति तो अवश्य ही छुड़ा देती है; अतएव अज्ञानी पुरुष, इस प्रकार उस

तृष्णा को सम्बोधते हैं कि 'अये प्रिये तृष्णे! इस जरा ने हमारे केश पकड़ लिये हैं तो भी तू कुछ नहीं कहती है अर्थात् तुझे इसका हमारे साथ सम्बन्ध छुड़ा देना चाहिए।'

१७३. संसार की क्षणभंगुरता दिखा कर निर्मद होने का उपदेश

वसन्ततिलका

रंकायते परिवृढोऽपि दृढोऽपि मृत्यु-;
मभ्येति दैववशतः क्षणतोऽत्र लोके।
तत्कः करोति मदमम्बुजपत्रवारि-;
बिन्दूपमैः धनकलेवरजीविताद्यैः।।१७३।।

राजा रंक बने क्षण भर में, बलशाली मृत्यु को प्राप्त।
नीर-बिन्दु सम तन-धन-जीवन, कौन सुधी करता अभिमान?।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, संसार में धनी है, वह क्षण भर में रंक हो जाता है; जो रंक है, वह पल भर में धनी हो जाता है तथा जो बलवान् दिखता है, वह दैवयोग से मृत्यु को प्राप्त हो जाता है; इसलिए ऐसा कौन बुद्धिमान होगा, जो धन-शरीर-जीवन आदि को कमल के पत्ते पर स्थित जल की बूँद के समान विनाशीक जान कर भी मद करेगा अर्थात् कोई भी मद नहीं कर सकता।

१७४. मोह के उदय की विचित्रता

शार्दूलविक्रीडित

प्रातर्दर्भ-दलाऽग्र-कोटि-घटिता,-ऽवश्यायबिन्दूत्कर-;
प्रायाः प्राण-धनाऽङ्गज-प्रणयिनी,-मित्रादयो देहिनाम्।
अक्षाणां सुखमेतदुग्र-विषवत्, धर्मं विहाय स्फुटं;
सर्वं भङ्गुरमत्र दुःखदमहो, मोहः करोत्यन्यथा।।१७४।।

प्रातकाल में डाभ पत्र के, अग्रभाग-जल-बिन्दु समान।
प्राण-पुत्र-धन-नारी-मित्रादिक इन सबको अस्थिर जान।।
इन्द्रिय-सुख हैं कालकूट विषसम दुःखदायक यह स्पष्ट।
धर्म सिवा सब क्षणभंगुर है, किन्तु जीव करता अनुराग।।

अर्थ ह्न संसार में प्राणियों के प्राण-हाथी-स्त्री-मित्र-पुत्र आदि सभी प्रातःकाल में दर्भ (विशेष घास) के पत्ते के अग्र भाग पर लगी हुई ओस की बूँद के समान चंचल हैं। इन्द्रियों से उत्पन्न सुख भयंकर जहर के समान हैं। एक धर्म ही अविनाशी सुख को देने वाला

है, किन्तु धर्म से भिन्न समस्त वस्तुएँ क्षण भर में विनाशीक तथा दुःख देने वाली हैं। लेकिन यह मोह, अन्यथा ही विकल्प करता है अर्थात् जो वस्तु, नित्य तथा सुख की देने वाली है, वह मोह के उदय से अनित्य तथा दुःख की देने वाली मालूम पड़ती है और जो वस्तुएँ, अनित्य तथा दुःख की देने वाली हैं, वे मोह के उदय से नित्य तथा सुख की देने वाली जान पड़ती हैं।

१७५. काल-बली के सामने महासमर्थ राजा की सेना भी असहाय

तावद्धल्गति वैरिणां प्रति चमूः, तावत्परं पौरुषं;
तीक्ष्णस्तावदसिर्भुजौ दृढतरौ, तावच्च कोपोद्गमः।
भूपस्याऽपि यमो न यावददयः, क्षुत्पीडितः सम्मुखं;
धावत्यन्तरिदं विचिन्त्य विदुषा, तद्रोधको मृग्यते।।१७५।।

शत्रु समक्ष उछलती सेना, पौरुष भी होता उत्कृष्ट।
क्रोधोद्धत तलवार चमकती, उभय भुजाएँ दृढ़ तब तक।।
जब तक निर्दय क्षुत्पीड़ित, यमराज नहीं सन्मुख आये।
बुधजन मन में यह विचार कर, यम-निग्रह-कारक खोजें।।

अर्थ ह्न जब तक क्षुधा से पीड़ित यह निर्दयी काल सामने नहीं आता, तभी तक राजा की सेना भी जहाँ-तहाँ उछलती फिरती हैं, उसका उत्कृष्ट पौरुष भी मालूम पड़ता है, उसकी तलवारें भी शत्रुओं का नाश करने के लिए खूब पैनी बनी रहती हैं, उसकी भुजाएँ भी बलवान रहती है और उसके कोप का भी उदय रहता है; परन्तु जिस समय वह काल-बली, उसके सामने पड़ जाता है, तब ऊपर लिखी हुई बातों में से एक भी बात नहीं होती ह्न ऐसा भलीभाँति विचार कर विद्वान् पुरुष, उस काल के रोकने वाले धर्म को ढूँढते हैं।

भावार्थ ह्न इस काल-बली को रोकने वाला मात्र एक जिनेन्द्र का धर्म ही है क्योंकि धर्मात्माओं का काल भी कुछ नहीं कर सकता, इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे धर्म की आराधना करें।

१७६. यमराजरूपी मल्लाह

मालिनी

रति-जल-रममाणो, मृत्यु-कैवर्त-हस्त;
प्रसृत-घन-जरोरु-प्रोल्लसज्जाल-मध्ये।

निकटमपि न पश्यत्याऽऽपदां चक्रमुग्रं;
भव-सरसि वराको लोक-मीनौघ एषः।।१७६।।

यम-धीवर ने भव-सरवर में, जरा-जाल हैं फैलाये।
मूढ़-मीन रति-जल में रमती, निकट आपदा नहिं देखे।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मल्लाह द्वारा बिछाये हुए जाल में रह कर भी मछलियों का समूह जल में क्रीड़ा करता रहता है और मृत्युरूपी आई हुई आपत्ति पर कुछ भी ध्यान नहीं देता; उसी प्रकार यह लोकरूपी मीनों का समूह यमराजरूपी मल्लाह द्वारा बिछाये हुए प्रबल जरारूपी जाल में रह कर, इन्द्रियों के विषयों में प्रीतिरूपी जल में ही निरन्तर क्रीड़ा करता रहता है और आने वाली नरकादि आपत्तियों पर कुछ भी विचार नहीं करता।

१७७. उत्तम धर्म से ही मृत्यु पर विजय

शार्दूलविक्रीडित

क्षुद्भुक्तेस्तृडपीह शीतलजलाद्, भूतादिका मन्त्रतः;
सामादेरहितो गदाद्गदगणः, शान्तिं नृभिर्नीयते।
नो मृत्युस्तु सुरैरपीति हि मृते, मित्रेऽपि पुत्रेऽपि वा;
शोको न क्रियते बुधैः परमहो, धर्मस्ततस्तज्जयः।।१७७।।

क्षुधा भुक्ति से, तृष्णा जल से, भूतादिक को मन्त्रों से।
रोगों को औषधि से शान्त, करें शत्रु सामादिक से।।
सुर भी जीत सकें नहिं यम को, अतः पुत्र-मित्रादि-वियोग।
हो तो मृत्यु धर्म से जीतें, किन्तु न करते बुधजन शोक।।

अर्थ ह्न मनुष्य, क्षुधा को भोजन से, प्यास को शीतल जल से, भूतादिकों को मन्त्र से, वैरी को साम-दाम-दण्डादिक से और रोग को औषध आदि से शान्त कर लेते हैं, परन्तु मृत्यु को देवादिक भी शान्त नहीं कर सकते; इसलिए विद्वान पुरुष, मित्र या पुत्र के मर जाने पर भी शोक नहीं करते, अपितु वे उत्तम धर्म का ही आराधन करते हैं क्योंकि वे समझते हैं कि उत्तम धर्म से ही मृत्यु पर विजय प्राप्त होती है।

भावार्थ ह्न इस संसार में समस्त रोगादि की शान्ति के उपाय मौजूद हैं, परन्तु मृत्यु की शान्ति के लिए धर्म के अलावा कोई उपाय नहीं है; इसलिए विद्वानों को यदि मृत्यु से बचना है तो उनको अवश्य ही धर्म की आराधना करनी चाहिए।

१७८. धर्म की उत्कृष्ट महिमा

मन्दाक्रान्ता

त्यक्त्वा दूरं, विधुरपयसो, दुर्गतिक्लिष्टकृच्छ्रान्;
लब्ध्वाऽनन्दं, सुचिरममर,-श्रीसरस्यां रमन्ते।
एत्यैतस्या, नृप-पद-सरस्यक्षयं धर्म-पक्षा;
यान्त्येतस्मादपि शिवपदं, मानसं भव्यहंसाः।।१७८।।

दुर्गति-क्लेश-नीरयुत सर को, अहो दूर से हंस तजे।
स्वर्गश्री-जल भरे सरोवर, में आनन्द चिरकाल करें।।
धर्म-पंख से वह सर तज कर, अन्य सरोवर में रमता।
उसे छोड़ फिर भव्य-हंस, शिव-मान-सरोवर में जाता।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार हंस नामक पक्षी, खराब जल से भरे हुए तालाब को छोड़ कर, निर्मल जल से भरे हुए सरोवर में अपने पंखों के बल से चला जाता है और वहाँ पर चिरकाल तक आनन्द से क्रीड़ा करता है। पश्चात् अपने पंखों के बल से ही उस सरोवर को छोड़ कर, दूसरे सरोवर में चला जाता है। इसी प्रकार क्रमशः नाना उत्तम सरोवरों के आनन्द को भोगता हुआ वह हंस, मान-सरोवर को प्राप्त हो जाता है और वहाँ वह चिरकाल तक नाना प्रकार के आनन्द का भोग करता है।

उसी प्रकार भव्यरूपी हंस भी धर्मरूपी पंख के बल से दुःखरूपी जल से भरे हुए दुर्गतिरूपी तालाब को छोड़ कर, देवलोक सम्बन्धी लक्ष्मीरूपी सरोवर में आनन्द के साथ चिरकाल तक क्रीड़ा करते हैं, फिर उसको भी छोड़ कर, धर्म के ही बल से वे नाना प्रकार के चक्रवर्ती आदि राजाओं के पदरूपी सरोवर में क्रीड़ा करते हैं अर्थात् चक्रवर्ती आदि पद का भोग करते हैं। पश्चात् उससे भी विमुख होकर, धर्म के बल से ही वे भव्यरूपी हंस मोक्षपदरूपी मान-सरोवर को प्राप्त हो जाते हैं। इसलिए भव्यों को चाहिए कि वे ऐसे माहात्म्यसहित धर्म का सदा आराधन करें।

१७९. धर्म के प्रभाव से तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि पदों की प्राप्ति

शार्दूलविक्रीडित

जायन्ते जिन-चक्रवर्ति-बलभृत्, भोगीन्द्र-कृष्णादयो;
धर्मादेव दिगङ्गनाङ्ग-विलसत्, शश्वद्यशश्चन्दनाः।

तद्धीना नरकादि-योनिषु नरा, दुःखं सहन्ते ध्रुवं;
पापेनेति विजानता किमिति नो, धर्मः सता सेव्यते।।१७९।।

दश-दिश-रमणी-अंग-सुगन्धित हों, जिनके यश-चिन्तन से।
चक्री-नारायण-बलभद्र, - जिनेश्वर होते हैं वृष से।।
धर्म बिना, पापों से नरकों, में नर दुःख सहते चिर काल।
जानें फिर भी क्यों न करें बुध, अरे! धर्म का आराधन।।

अर्थ ह्न धर्मात्मा मनुष्य, धर्म के बल से ही तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलभद्र, धरणेन्द्र, नारायण, प्रतिनारायण आदि पद के धारी हो जाते हैं। उनकी कीर्ति, समस्त दिशाओं में एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फैल जाती है अथवा **'दिगङ्गनाङ्गविलसच्छश्वद्यशश्चन्दनाः'** अर्थात् उनके यशरूपी चन्दन से दिशारूपी स्त्री के अंगरूपी दशों दिशाएँ सुगन्धित और मनोज्ञ हो जाती हैं तथा जो धर्म से रहित हैं, वे तो निश्चय से नरकादि योनियों में नाना प्रकार के दुःखों को ही सहते हैं। आचार्य कहते हैं कि ऐसा जानते हुए भी विद्वान् मनुष्य, धर्म-आराधना क्यों नहीं करते हैं? अर्थात् उनको अवश्य ही धर्म की आराधना करनी चाहिए।

१८०. धर्म के प्रभाव से ही स्वर्ग, इन्द्रपना आदि पदों की प्राप्ति

स स्वर्गः सुख-रामणीयक-पदं, ते ते प्रदेशाः पराः;
सारा सा च विमान-राजिरतुल,-प्रेङ्खत्पताका-पटाः।
ते देवाश्च पदातयः परिलसत्, तन्नन्दनं ताः स्त्रियः;
शक्रत्वं तदनिन्द्यमेतदखिलं, धर्मस्य विस्फूर्जितम्।।१८०।।

सुख से जो रमणीय हुआ, वह स्वर्ग और उसके स्थान।
जिन पर फहरे ध्वजा मनोहर, ऐसे सुन्दर देव-विमान।।
देवों की पैदल सेना, सुर-नारी अरु नन्दन-कानन।
महिमामय इन्द्रत्व आदि सब, अहो ! धर्म का ही वरदान।।

अर्थ ह्न सुख तथा सुन्दरता के अद्वितीय स्थान स्वर्ग और महा मनोहर स्वर्गों के प्रदेश, जिनके ऊपर अनुपम पताका उड़ रही है ह्न ऐसे विमानों की पंक्तियाँ और प्यादे स्वरूप देवतागण, मनोहर नन्दन वन, मनोहर देवांगनाएँ तथा अत्यन्त निर्मल इन्द्रपना इत्यादि समस्त विभूतियाँ, धर्म के ही माहात्म्य से मिलती हैं; इसलिए ऐसे पवित्र धर्म का आराधन, भव्य जीवों को अवश्य करना चाहिए।

१८१. धर्म के प्रभाव से ही चक्रवर्ती आदि पदों की प्राप्ति

यत् षट्खण्ड-मही नवोरु-निधयो, द्विःसप्त-रत्नानि यत्;
तुङ्गा यद्द्विरदा रथाश्च चतुरा,ऽशीतिश्च लक्षाणि यत्।
यच्चाऽष्टादश-कोटयश्च तुरगा, योषित्सहस्राणि यत्;
षड्युक्ता नवतिर्यदेकविभुता, तद्धाम धर्मप्रभोः।।१८१।।

जो षट्खण्ड मही, नव-निधियाँ, चौदह-रत्न प्राप्त होते।
चौरासी लख रथ विशाल, हाथी चौरासी लख होते।।
कोड़ि अठारह घोड़े सुन्दर, छियानवे हजार नारी।
चक्री वैभव मिले धर्म से, अतः धर्म-महिमा भारी।।

अर्थ ह्न छह खण्ड की पृथ्वी, बड़ी-बड़ी नौ निधियाँ, समस्त सिद्धियों के करने वाले चौदह रत्न, चौरासी लाख बड़े-बड़े हाथी, विमान के समान चौरासी लाख बड़े-बड़े रथ, अठारह करोड़ पवन के समान चंचल घोड़े, देवांगना के समान छियानवे हजार स्त्रियाँ तथा इन समस्त विभूतियों का चक्रवर्तीपना इत्यादि समस्त विभूतियाँ धर्म के प्रताप से ही मिलती हैं। इसलिए भव्य जीवों को ऐसे धर्म की आराधना अवश्य करना चाहिए।

१८२. धर्म ही समस्त प्राणियों का सहायक

धर्मो रक्षति रक्षतो ननु हतो, हन्ति ध्रुवं देहिनां;
हन्तव्यो न ततः स एव शरणं, संसारिणां सर्वथा।
धर्मः प्रापयतीह तत्पदमपि, ध्यायन्ति यद्योगिनो;
नो धर्मात्सुहृदस्ति नैव च सुखी, नो पण्डितो धार्मिकात्।।१८२।।

धर्म सुरक्षित हो तो रक्षा करे, अन्यथा होय विनाश।
संसारी को शरण धर्म की, अतः न उसका करो विनाश।।
शिवपद भी हो प्राप्त धर्म से, योगी करते जिसका ध्यान।
इससे बढ़ कर मित्र न कोई, सुखी न पण्डित धर्म बिना।।

अर्थ ह्न धर्म की रक्षा होने पर धर्म प्राणियों की रक्षा करता है, परन्तु उसका नाश होने पर वह प्राणियों का नाश भी कर देता है; इसलिए भव्य जीवों को कदापि धर्म का नाश नहीं करना चाहिए क्योंकि समस्त प्राणियों का सहायक धर्म ही है तथा जिस मोक्षपद का योगीश्वर सदा ध्यान करते रहते हैं, उस पद को भी देने वाला है; इसलिए धर्म से बढ़ कर कोई भी सच्चा मित्र नहीं है और धर्मात्मा पुरुष से अधिक कोई सुखी नहीं है और न कोई पण्डित ही है।

भावार्थ ह्न समस्त सुख तथा समस्त गुणों का कारण एक रक्षा किया हुआ धर्म ही है; इसलिए जो पुरुष सुख के अभिलाषी हैं तथा गुणी बनना चाहते हैं, उनको सबसे पहले धर्म की रक्षा करनी चाहिए।

१८३. धर्म ही संसाररूपी समुद्र को पार करने में समर्थ

नाना-योनि-जलौघ-लङ्घित-दिशि, क्लेशोर्मि-जालाऽकुले;
प्रोद्भूताऽद्भुत-भूरि-कर्म-मकर,-ग्रासी-कृत-प्राणिनि।
दुःपर्यन्त-गभीर-भीषण-तरे, जन्माऽम्बुधौ मज्जतां;
नो धर्मादपरोऽस्ति तारक इहा,ऽश्रान्तं यतध्वं बुधाः।।१८३।।

नाना योनि-जलोदधि जग में, जहाँ उछलती दुःख-तरंग।
कर्म शुभाशुभ मगरमच्छ, करते हैं जीवों का भक्षण।।
जो गम्भीर भयंकर जिसका, अन्त कठिन भव-सागर में।
डूब रहे जीवों को पार, करे यह धर्म, सुधी धारें।।

अर्थ ह्न अनेक प्रकार की नरकादि योनियोंरूपी समुद्र ने समस्त दिशाओं को व्याप्त कर लिया है, जिसमें नाना प्रकार की दुःखरूपी तरंगें मौजूद हैं, जिसमें उत्पन्न हुए नाना प्रकार के शुभाशुभ कर्मरूपी मगरों के द्वारा जीव खाये जा रहे हैं और जिसका अन्त नहीं है तथा जो गम्भीर और भयंकर है ह्न ऐसे संसाररूपी समुद्र में डूबते हुए जीवों को पार लगाने वाला एक धर्म ही है; इसलिए विद्वानों को चाहिए कि वे सदा धर्म करने में ही प्रयत्न करें ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जिस समुद्र का जल, चारों दिशाओं में फैला हुआ है, जिसमें बड़ी-बड़ी लहरें उठ रही हैं, जिसमें भयंकर मगर, दीन-हीन प्राणियों को खा रहे हैं, जिसका अन्त नहीं है तथा जो गम्भीर और भयंकर है ह्न ऐसे समुद्र के बीच पड़ा हुआ मनुष्य, बिना किसी जहाज आदि के तिर नहीं सकता; उसी प्रकार इस संसाररूपी समुद्र में डूबे प्राणी भी बिना धर्म के सहारे किसी प्रकार तिर नहीं सकते क्योंकि यह संसाररूपी समुद्र भी नाना प्रकार की योनियोंरूपी जल से समस्त दिशाओं को व्याप्त करने वाला है, इसमें नाना प्रकार की दुःखरूपी तरंगें मौजूद हैं। कर्मरूपी मगरों के द्वारा इसमें भी सदा जीव खाये जाते हैं। इस संसाररूपी समुद्र का अन्त भी नहीं है, गम्भीर और भयंकर भी है; इसलिए विद्वानों को सदा धर्म में ही यत्न करना चाहिए।

१८४. धर्मात्मा ही लक्ष्मी का सर्वश्रेष्ठ आश्रय प्रदाता

जन्मौच्चैः कुल एव सम्पदधिके, लावण्यवारां निधि-;
नीरोगं वपुरायुरा-दिसकलं, धर्माद्-ध्रुवं जायते।

सा न श्रीरथवा जगत्सु न सुखं, तत्ते न शुभ्रा गुणा;
यैरुत्कण्ठित-मानसैरिव नरो, नाऽश्रीयते धार्मिकः।।१८४।।

उत्तम कुल, लावण्यमयी-तन-रोगरहित सम्पदा विपुल।
मात्र धर्म से मिलती दीर्घायु आदि वस्तुएँ सकल।।
जग में ऐसी नहीं लक्ष्मी, उत्तम सुख या गुण निर्मल।
जिसका धर्मात्मा से उत्कण्ठित मन से नहिं होय मिलन।।

अर्थ ह्न सम्पदा की अधिकता, उत्तम कुल में जन्म, लावण्यमयी व नीरोग शरीर तथा आयु आदि समस्त बातें, निश्चय से धर्म के प्रताप से ही मिलती हैं। संसार में ऐसी कोई लक्ष्मी नहीं है, जो एकदम आकर धर्मात्मा पुरुष का आश्रय न लें। उत्तम सुख और निर्मल गुण भी संसार के भीतर ऐसे कोई नहीं है, जो धर्मात्मा पुरुष का स्वयमेव आकर आश्रय न करें।

भावार्थ ह्न धर्मात्मा पुरुष को उत्तम लक्ष्मी, श्रेष्ठ से श्रेष्ठ सुख और समस्त निर्मल गुणों की प्राप्ति होती है; इसलिए जो पुरुष, इन बातों को चाहते हैं, उनको भलीभाँति धर्म का आराधन करना चाहिए।

१८५. धर्म से ही समस्त वस्तुओं की सहज प्राप्ति

भृङ्गाः पुष्पितकेतकीमिव मृगा, वन्यामिव स्वस्थलीं;
नद्यः सिन्धुमिवाऽम्बुजाऽकरमिव, श्वेतच्छदाः पक्षिणः।
शौर्य-त्याग-विवेक-विक्रम-यशः, सम्पत्सहायाऽऽदयः;
सर्वे धार्मिकमाश्रयन्ति न हितं, धर्मं विना किञ्चन।।१८५।।

भ्रमर पुष्प का आश्रय लेते, वन में मृग खोजें विश्राम।
नदी स्वयं मिलती सागर से, हंस लहें सर में आनन्द।।
शौर्य विवेक त्याग विक्रम यश, सम्पति इत्यादिक गुणखान।।
धर्मात्मा के आश्रित हैं सब, धर्म बिना कुछ मिलें न आन।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार भौंरा, स्वयमेव आकर फूली हुई केतकी का आश्रय कर लेता है; जिस प्रकार मृग, वन में स्वयमेव जाकर अपने रहने के स्थान का आश्रय कर लेते हैं; जिस प्रकार नदी, स्वयमेव समुद्र को प्राप्त हो जाती है; जिस प्रकार हंस नामक पक्षी, मानस-सरोवर को स्वयमेव प्राप्त कर लेते हैं। उसी प्रकार वीरत्व, दान, विवेक, विक्रम, कीर्ति, सम्पत्ति, सहायक आदि वस्तुएँ स्वयमेव आकर धर्मात्मा का आश्रय कर लेती हैं, किन्तु धर्म के बिना

कोई भी वस्तु नहीं मिलती; इसलिए जो मनुष्य, वीरत्वादि वस्तुओं को चाहते हैं, उनको चाहिए कि वे निरन्तर धर्म करें, जिससे उनको बिना परिश्रम के वे समस्त वस्तुएँ मिल जाएँ।

१८६. धर्म ही मोक्षस्थान तक पहुँचाने में समर्थ

सौभागीयसि कामिनीयसि सुत-श्रेणीयसि श्रीयसि;
प्रासादीयसि चेत्सुखीयसि सदा, रूपीयसि प्रीयसि।
यद्वाऽनन्तसुखाऽमृताऽम्बुधिपर,-स्थानीयसीह ध्रुवं;
निर्धूताऽखिलदुःखदापदि सुहृत्, धर्मे मतिर्धार्यताम्।।१८६।।

यदि चाहो सौभाग्य-कामिनी, लक्ष्मी-पुत्रादिक चाहो।
भवनरूप सुख चाहो अथवा, जग के प्रिय होना चाहो।।
अथवा अविनाशी अनन्त सुख, अमृतमय शिवपद चाहो।
तो हे मित्र! सकल दुःखनाशक, धर्मामृत में मति धारो।।

अर्थ ह्न यदि तुम सौभाग्य की इच्छा करते हो, कामिनी की अभिलाषा करते हो, बहुत से पुत्रों को प्राप्त करने की इच्छा करते हो, यदि तुम्हें उत्तम लक्ष्मी प्राप्त करने की इच्छा है, उत्तम मकान पाने की इच्छा है, यदि तुम सुख चाहते हो, उत्तम रूप के मिलने की इच्छा करते हो, समस्त जगत् के प्रिय बनना चाहते हो अथवा जहाँ पर सदा अविनाशी सुख की राशि मौजूद है ह्न ऐसे उत्तम मोक्षरूपी स्थान को पाना चाहते हो तो तुम नाना प्रकार के दुःखों को देने वाली आपत्तियों को दूर करने वाले जिन भगवान द्वारा बताये हुए धर्म में ही अपनी बुद्धि को स्थिर करो अर्थात् धर्म का ही आराधन करो।

भावार्थ ह्न सम्पदारूपी सुख को देने वाला तथा समस्त आपदाओं व दुःखों को दूर करने वाला एक धर्म ही है; इसलिए भव्य जीवों को दृढ़ता से इसी को धारण करना चाहिए।

१८७. अरे भव्यों! धर्म से क्या-क्या प्राप्त नहीं किया जा सकता?

सञ्छन्नं कमलैर्मरावति सरः, सौधं वनेऽप्युन्नतं;
कामिन्यो गिरिमस्तकेऽपि सरसाः,साराणि रत्नानि च।
जायन्तेऽपि च लेपकाष्ठघटिताः, सिद्धिप्रदा देवताः;
धर्मश्चेदिह वाञ्छितं तनुभृतां, किं किं न सम्पद्यते।।१८७।।

कमलयुक्त सर हो मरुथल में, वन में बनें विशाल भवन।
गिरि-शिखरों पर रमणी एवं, मिल जाते बहुमूल्य रतन।।

चित्रित अथवा काष्ठ सुनिर्मित, देव मनोवाञ्छित देते।
मात्र धर्म से इस प्राणी को, वाञ्छित फल क्या नहीं मिलें?।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मरुदेश (मरुस्थल) को निर्जल कहा जाता है तो भी धर्म के प्रभाव से ऐसे मरुस्थल में भी मनोहर कमलों से सहित तालाब बन जाते हैं। यद्यपि वन में मकान आदि कुछ भी नहीं होते, परन्तु धर्म के प्रताप से वहाँ पर भी विशाल घर बन जाते हैं। उसी प्रकार निर्जन पहाड़ में किसी भी मनोज्ञ वस्तु की प्राप्ति नहीं होती तो भी धर्मात्मा पुरुषों को धर्म की कृपा से वहाँ भी मन को हरण करने वाली स्त्रियों तथा उत्तमोत्तम रत्नों की प्राप्ति हो जाती है। यद्यपि चित्राम तथा काठ के बनाए हुए देवता कुछ भी नहीं दे सकते तो भी धर्म के माहात्म्य से वे भी वांछित पदार्थों को देने वाले हो जाते हैं। विशेष कहाँ तक कहा जाए? यदि संसार में धर्म है तो जीवों को कठिन से कठिन वस्तु की प्राप्ति भी तत्काल हो जाती है। इसलिए भव्य जीवों को सदा धर्म का ही आराधन करना चाहिए।

१८८. संसार में पुण्योदय का प्रभाव

वसन्ततिलका

दूरादभीष्टमभिगच्छति पुण्ययोगात्;
पुण्याद्विना करतलस्थमपि प्रयाति।
अन्यत् परं प्रभवतीह निमित्तमात्रं;
पात्रं बुधा भवत निर्मलपुण्यराशेः।।१८८।।

पुण्योदय से दूर-स्थित, वस्तु भी मिले सहज जग में।
पुण्योदय बिन वस्तु नष्ट, हो जाती यदि हो करतल में।।
अन्य सभी जग के पदार्थ तो, निमित्त मात्र ही होते हैं।
यह निश्चय कर भव्य जीव सब, विमल पुण्य के भाजन हों।।

अर्थ ह्न पुण्य के उदय से दूर रही हुई वस्तु भी अपने आप आकर प्राप्त हो जाती है; किन्तु जब पुण्य का उदय नहीं रहता, तब हाथ में रखी हुई वस्तु भी नष्ट हो जाती है। यदि पुण्य-पाप से भिन्न कोई दूसरा पदार्थ सुख-दुःख का देने वाला है तो वह केवल निमित्त मात्र है अर्थात् पुण्य-पाप ही सुख-दुःख को देने वाले हैं; इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि हे भव्य जीवों! तुम निर्मल पुण्य के पात्र बनो।

भावार्थ ह्न संसार में यह बात बहुधा सुनने में आती है कि वह मनुष्य या वह देव, मुझे सुख देने वाला तथा मेरा भला करने वाला है और वह मनुष्य या वह देव, मुझे दुःख देने वाला तथा मेरा बुरा करने वाला है। लेकिन यहाँ आचार्य कहते हैं कि यह सब कहना व्यर्थ

ही है क्योंकि सुख तथा दुःख देने वाला अथवा भला-बुरा करने वाला एक पुण्य तथा पाप ही है। इसलिए यदि तुम सुख की इच्छा करते हो अथवा अपना भला चाहते हो तो तुमको विशेष रीति से पुण्य का आराधन करना चाहिए।

१८९. पुण्योदय के प्रभाव से दुर्लभ वस्तुएँ भी सुलभ

शार्दूलविक्रीडित

कोप्यन्धोऽपि सुलोचनोऽपि जरसा, ग्रस्तोऽपि लावण्यवान्;
निःप्राणोऽपि हरिर्विरूपतनुरप्याऽऽघुष्यते मन्मथः।
उद्योगोज्झितचेष्टितोऽपि नितरा,-मालिंग्यते च श्रिया;
पुण्यादन्यमपि प्रशस्तमखिलं, जायेत यद्दुर्घटम्।।१८९।।

अन्धे को भी कहें सुलोचन, बूढ़ा भी कहलाए जवान।
निर्बल को भी शेर कहे जग, कामदेव कहें रूप बिना।।
पुण्योदय से महा आलसी, को भी लक्ष्मी वरण करे।
उत्तम से उत्तम वस्तु भी, मिलती जग में दुर्लभ जो।।

अर्थ ह्न पुण्य के उदय से अन्धा होने पर भी सुलोचन, रोगी भी रूपवान, निर्बल भी सिंह के समान पराक्रमी तथा बदसूरत भी कामदेव के समान सुन्दर कहलाता है; इसी प्रकार आलसी को भी लक्ष्मी अपने आप आकर वर लेती है। विशेष कहाँ तक कहा जाए? जो उत्तम से उत्तम वस्तुएँ संसार में दुर्लभ कही जाती हैं, वे सभी पुण्य के ही उदय से सुलभ हो जाती हैं अर्थात् वे बिना परिश्रम के ही प्राप्त हो जाती हैं; इसलिए भव्य जीवों को सदा पुण्य का ही आराधन करना चाहिए।

१९०. पापोदय के दुष्ट प्रभाव

बन्ध-स्कन्ध-समाश्रितां सृणिभृता,-मारोहकाणामलं;
पृष्ठे भार-समर्पणं कृतवतां, सञ्चालनं ताडनम्।
दुर्वाचं वदतामपि प्रतिदिनं, सर्वं सहन्ते गजा;
निःस्थाम्नां बलिनोऽपि यत्तदखिलं, दुष्टो विधिश्चेष्टते।।१९०।।

हाथी को सांकल से बाँधें, ऊपर चढ़ भार लादें।
अंकुश मारें और महावत, भाँति-भाँति दुर्वचन कहें।।
छेदन-भेदन-ताड़न सब कुछ, सहते बलशाली गजराज।
निर्बल से भी प्रतिदिन यह, है एकमात्र दुर्दैव प्रभाव।।

अर्थ ह्न यद्यपि महावत की अपेक्षा हाथी बलवान होते हैं तो भी महावत उनको बाँधते हैं, उनके ऊपर चढ़ते हैं, उन्हें अंकुश भी मारते हैं, उनकी पीठ पर बोझा भी लादते हैं, उनको अपनी इच्छानुसार चलाते हैं, ताड़ना करते हैं, प्रतिदिन उनको गाली भी देते हैं और उन हाथियों को ये सब बातें सहनी पड़ती हैं; इसी प्रकार उत्तम पुरुषों पर नीच पुरुष भी अपना प्रभाव डालते हैं। आचार्य कहते हैं कि उक्त समस्त चेष्टाएँ दुष्ट कर्म की हैं अर्थात् पाप के द्वारा ही ये सब बातें होती हैं; इसलिए भव्यों को चाहिए कि वे सदा पुण्य का ही उपार्जन करें तथा पाप का नाश करें।

१९१. धर्म के प्रभाव से देवता भी धर्मात्मा पुरुषों के आधीन

सर्पो हारलता भवत्यसिलता, सत्पुष्पदामायते;
सम्पद्येत रसायनं विषमपि, प्रीतिं विधत्ते रिपुः।
देवा यान्ति वशं प्रसन्नमनसः, किं वा बहु ब्रुमहे;
धर्मो यस्य नभोऽपि तस्य सततं, रत्नैः परैर्वर्षति।।१९१।।

सर्प मनोहर हार बने फूलों की माला तलवार।
घातक विष भी बने रसायन अरि, भी करे प्रेम व्यवहार।।
सुर भी दास बनें खुश होकर और अधिक क्या कहें विशेष।
जहाँ धर्म है वहाँ गगन से, उत्तम रत्न नित्य बरसें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य धर्मात्मा हैं; उनके प्रभाव से भयंकर सर्प भी मनोहर हार बन जाते हैं, पैनी तलवार भी उत्तम फूलों की माला बन जाती है, प्राणघातक विष भी उत्तम रसायन बन जाता है, वैरी भी प्रीति करने लग जाता है और प्रसन्नचित्त होकर देव भी धर्मात्मा पुरुष के आधीन हो जाते हैं। ग्रन्थकार कहते हैं कि विशेष कहाँ तक कहा जाए? जिस मनुष्य के हृदय में धर्म है अर्थात् जो मनुष्य धर्मात्मा हैं, उसके धर्म के प्रभाव से आकाश से भी उत्तम रत्नों की वर्षा होती है; इसलिए भव्य जीवों को धर्म से कदापि विमुख नहीं होना चाहिए।

१९२. धर्म के प्रभाव से ही शान्ति का अनुभव

उग्र-ग्रीष्म-रवि-प्रताप-दहन,-ज्वालाऽभितप्तश्चलन्;
यः पित्त-प्रकृतिर्मरौ मृदुतरः, पान्थो यथा पीडितः।
तद् द्राग्लब्धहिमाद्रिकुञ्जरचित,-प्रोद्दामयन्त्रोल्लसद्;
धारावेश्मसमो हि संसृति-पथे, धर्मो भवेद्देहिनाम्।।१९२।।

भीषण गर्मी में सूरज की, ज्वाला में ज्यों गमन करे।
पित्त प्रकृतिवाला कोमल तन-धारी मनुज मरुस्थल में।।
हिमवत् शीतल फव्वारों से, युक्त मनोहर सदन मिले।
दैवयोग से त्यों भव-वन में, प्राणी को सत्धर्म मिले।।

अर्थ ह्न ग्रीष्मकाल में जो बटोही (राहगीर) भयंकर सूर्य की सन्तापरूपी अग्नि की ज्वालाओं से अत्यन्त तप्तायमान है, पित्त प्रकृतिवाला है, कोमल शरीर का धारी है और मारवाड़ (मरुस्थल) की भूमि में गमन करने वाला है; इस प्रकार जो अत्यन्त दुःखित है, यदि वह दैवयोग से हिमालय पर्वत की गुफा में बने हुए फव्वारों सहित मनोहर धारागृह को पा लेवे तो वह परम सुखी होता है। उसी प्रकार जो जीव, अनादिकाल से इस संसार में जन्मह्नमरण आदि दुःखों को सह रहा है तथा निरन्तर नरकादि योनियों में भ्रमण कर रहा है; यदि वह भी धारागृह (फव्वारों सहित घर) के समान इस धर्म को संसार में पा लेवे तो सुखी हो जाता है अर्थात् शान्ति का अनुभव करने लग जाता है; इसलिए जो मनुष्य शान्ति को चाहते हैं, उनको धर्म का आराधन अवश्य ही करना चाहिए।

१९३. धर्म के प्रभाव से समस्त विपत्तियाँ पल भर में दूर

संहारोग्र-समीर-संहतिहत, -प्रोद्भूत-नीरोल्लसत्;
तुङ्गोर्मि-भ्रमितोरु-नक्र-मकर-ग्राहादिभिर्भीषणे।
आम्भोधौ विधुतोग्रवाडवशिखि,-ज्वालाकराले पतत्;
जन्तोः खेऽपि विमानमाशु कुरुते, धर्मः समालम्बनम्।।१९३।।

प्रलयकाल की तीव्र पवन से, जिसमें ऊँची लहर उठें।
मगरमच्छ घड़ियाल आदि से, सागर हुआ भयंकर है।।
बड़वानल से उग्र उदधि में, गिरते हुए जगत्जन को।
नभ में रचे विमान धर्म, देता आलम्बन जीवों को।।

अर्थ ह्न प्रलयकाल में समुद्र में उठा हुआ जो भयंकर पवन समूह, उससे उछलता हुआ जो जल, उसकी जो ऊँचीह्नऊँची तरंगें, उनमें भ्रमण करते हुए जो मगरमच्छ आदि जल-जीव, उनसे जो भयंकर हो रहा है तथा जो तीक्ष्ण बड़वानल की ज्वाला से भी भयंकर है ह्न ऐसे समुद्र में गिरते हुए प्राणियों को भी धर्म नहीं गिरने देता है तथा आकाश में भी विमान रच कर, शीघ्र ही अवलम्बन देता है।

भावार्थ ह्न मनुष्य पर कैसी भी विपत्ति क्यों नहीं आए? यदि वह धर्मात्मा है तो धर्म

के प्रभाव से उसकी सब विपत्तियाँ पल भर में दूर हो जाती हैं; इसलिए जो मनुष्य, दु:खों से छूटना चाहते हैं, वे सदा धर्म का ही आराधन करें।

१९४. धर्मात्मा पुरुषों की कीर्ति का समस्त दिशाओं में विस्तार

स्रग्धरा

उह्यन्ते ते शिरोभिः, सुरपतिभिरपि, स्तूयमानाः सुरौघै;
गीयन्ते किन्नरीभिः, ललितपदलसद्, गीतिभिर्भक्तिरागात्।
बंभ्रम्यंते च तेषां, दिशि दिशि विशदाः, कीर्तयः का न वा स्यात्;
लक्ष्मीस्तेषु प्रशस्ता, विदधति मनुजा, ये सदा धर्ममेकम्।।१९४।।

सुरपति मस्तक पर धारें अरु, सुरगण करें मधुर गुणगान।
ललित पदावलि से किन्नरियाँ, भक्तिराग से स्तुति-गान।।
दिग्दिगन्त में कीर्ति व्याप्त हो, लक्ष्मी आकर वरण करे।
अत: भव्यजन महामहिम यह, धर्म सदा उर में धारें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, सदा धर्म को धारण करते हैं अर्थात् जो धर्मात्मा हैं, उनको इन्द्र भी मस्तक पर धारण करते हैं, उनकी बड़े-बड़े देव स्तुति करते हैं और उन धर्मात्मा पुरुषों के गुण, बड़ी शान्ति से किन्नरी जाति की देवियाँ गाती हैं, उन धर्मात्मा पुरुषों की कीर्ति समस्त दिशाओं में फैल जाती है, उन धर्मात्मा पुरुषों को उत्तम से उत्तम लक्ष्मी की भी प्राप्ति होती है; इसलिए भव्य जीवों को ऐसा महिमायुक्त धर्म अवश्य धारण करने योग्य है।

१९५. धर्म ही मन्त्र, कल्पवृक्ष और चिन्तामणी रत्न के समान फलदायी

शार्दूलविक्रीडित

धर्मः श्री-वश-मन्त्र एष परमो, धर्मश्च कल्पद्रुमो;
धर्मः कामगवीप्सित-प्रद-मणि,-र्धर्मः परं दैवतम्।
धर्मः सौख्य, परम्पराऽमृत-नदी-सम्भूति-सत्पर्वतो;
धर्मो भ्रातरुपास्यतां किमपरैः, क्षुद्रैरसत्कल्पनैः।।१९५।।

लक्ष्मी को वश करे मन्त्र यह, धर्म कल्पतरु-फलदाता।
कामधेनु है चिन्तामणि है, धर्म देव सबसे ऊँचा।।
धर्म शिखर से सुखरूपी, अमृत की सरिता नित्य बहे।
हे भाई, तुम धर्म करो, क्या लाभ व्यर्थ मिथ्या भ्रम से?।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार की लक्ष्मी को देने वाला होने के कारण यह धर्म, लक्ष्मी को वश करने के लिए मन्त्र के समान है। यह धर्म, वांछित चीजों को देने वाला कल्पवृक्ष है। धर्म ही कामधेनु है। धर्म ही समस्त चिन्ताओं को पूर्ण करने वाला चिन्तामणि रत्न है। धर्म ही उत्कृष्ट देवता है। धर्म ही उत्कृष्ट सुखों की राशिरूपी अमृत नदी को उत्पन्न करने में पर्वत के समान है अर्थात् जिस प्रकार हिमालय आदि पहाड़ों से नदियाँ उत्पन्न होती हैं; उसी प्रकार धर्म से सुखों की परम्परारूप नदी की उत्पत्ति होती है, सुख मिलता है। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि अरे भाइयों! व्यर्थ नीच कल्पनाएँ करके क्या? केवल धर्म ही का सेवन करो, जिससे तुम्हारे सर्व कार्य सिद्ध हो जाएँ।

१९६. धर्म को केवल सुन कर धारण करने वाले भी शान्ति के पात्र

आस्तामस्य विधानतः पथि गति,-र्धर्मस्य वार्ताऽपि यैः;
श्रुत्वा चेतसि धार्यते त्रिभुवने, तेषां न काः सम्पदः।
दूरे सज्जल-पान-मज्जन-सुखं, शीतैः सरो-मारुतैः;
प्राप्तं पद्मरजः सुगन्धिभिरपि, श्रान्तं जनं मोदयेत्।।१९६।।

धर्म-मार्ग पर चलने की क्या बात? मात्र जो सुन कर ही।
धारण करते उन्हें न मिलती, कौन सम्पदा त्रिभुवन की?।।
दूर रहो शीतल जल पीने और नहाने को सुख-भोग।
कमल-रजों से सुरभित शीतल, वायु मात्र करती मदहोश।।

अर्थ ह्न धर्म के मार्ग में विधिपूर्वक गमन करना तो दूर रहो, किन्तु जो धर्म की बातों के प्रेमी मनुष्य, केवल उसको सुन कर धारण करते हैं, उनको भी तीन लोक में समस्त सम्पदाओं की प्राप्ति होती है। जिस प्रकार शीतल जल के पीने तथा स्नान करने का सुख तो दूर ही रहो अर्थात् उससे तो शान्ति मिलती ही है, किन्तु जो तालाब की वायु, कमलों की रज से सुगन्धित है, शीतल है, उससे उत्पन्न हुआ सुख भी थके हुए मनुष्य को शान्त कर देता है; इसलिए भव्य जीवों को सदा धर्म का ही आश्रय लेना चाहिए।

१९७. निर्मल ज्ञान-प्रदाता गुरुवर श्री वीरनन्दि को प्रणाम

वसन्ततिलका

यत्पाद-पंकज-रजोभिरपि प्रणामात्;
लग्नैः शिरस्यमल-बोध-कलाऽवतारः।

भव्याऽत्मनां भवति तत्क्षणमेव मोक्षं;
स श्रीगुरुर्दिशतु मे मुनिवीरनन्दी।।१९७।।

जिनकी पद-पंकज-रज मस्तक, पर लगने से भविजन को।
तत्क्षण शिवफल मिलता है, वन्दन हो वीरनन्दि गुरु को।।

अर्थ ह्न जिन वीरनन्दि गुरु को प्रणाम करते हुए, मस्तक में लगाए हुए चरण-कमलों की रजों से ही भव्य जीवों को बात ही बात में निर्मल ज्ञान की प्राप्ति होती है ह्न ऐसे वे मेरे गुरु श्री वीरनन्दि मुनि, मुझे मोक्ष देवें।

भावार्थ ह्न उत्तम गुरु ही मोक्ष दे सकते हैं; इसलिए ग्रन्थकार ने अपने गुरु श्री वीरनन्दि मुनि से ही मोक्ष की याचना की है।

१९८. उपसंहार में धर्मोपदेशामृत पान करने की प्रेरणा

शार्दूलविक्रीडित

दत्ताऽऽनन्दमपार-संसृति-पथ-श्रान्त-श्रमच्छेदकृत्;
प्रायो दुर्लभमत्र कर्णपुटकैः, भव्यात्मभिः पीयताम्।
निर्यातं मुनि-पद्मनन्दि-वदन,-प्रालेय-रश्मेः परं;
स्तोकं यद्यपि सारताऽधिकमिदं, धर्मोपदेशाऽमृतम्।।१९८।।

संसृति-पथ के श्रम को हर कर, जो परमानन्द देता है।
प्राय: जग में दुर्लभ है, पर कानों से भवि पीता है।।
पद्मनन्दि मुनि चन्द्र-वदन से, यह उपदेशामृत झरता।
थोड़े में यह कहा गया पर, अधिक सार है भरा हुआ।।

अर्थ ह्न जो धर्मोपदेशरूपी अमृत, उत्तम आनन्द को देने वाला है, जो संसाररूपी अपार मार्ग में थके हुए प्राणी की थकावट को दूर करने वाला है, पुण्यहीन पुरुषों को अत्यन्त दुर्लभ है, जो पद्मनन्दि मुनि के मुख-चन्द्र से निकला हुआ है अर्थात् जिस प्रकार चन्द्रमा से अमृत निकलता है; उसी प्रकार पद्मनन्दि मुनि के मुख-चन्द्र से भी धर्मोपदेशरूपी अमृत निकलता है। यद्यपि वह धर्मोपदेशामृत, शब्दों से थोड़ा वर्णन किया गया है तो भी सार में अधिक (सारभूत) है; इसलिए यह धर्मोपदेशामृत भव्यों को अवश्य पीना चाहिए।

इस प्रकार **श्री पद्मनन्दि आचार्यदेव** विरचित श्री **'पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में प्रथम **'धर्मोपदेशामृत'** नामक अधिकार पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २

दानोपदेश

१९९. मङ्गलाचरण में व्रततीर्थ एवं दानतीर्थ प्रवर्तकों की महिमा

वसन्ततिलका

जीयाज्जिनो जगति नाभिनरेन्द्रसूनुः,
श्रेयो नृपश्च कुरुगोत्रगृहप्रदीपः।
याभ्यां बभूवतुरिह व्रतदानतीर्थे,
सारक्रमे परमधर्मरथस्य चक्रे।।१।।

जग में हों जयवन्त नाभि-सुत, कुरु गृह-दीप नृपति श्रेयांस।
जिनसे धर्मचक्रमय व्रत अरु, दान तीर्थ जग में प्रारम्भ।।

अर्थ ह्न श्री नाभिराजा के पुत्र श्री वृषभ भगवान, सदा इस लोक में जयवन्त रहें; कुरु-गोत्ररूपी घर को प्रकाशित करने वाले श्री श्रेयांस राजा भी इस लोक में सदा जयवन्त रहें क्योंकि इन दोनों महात्माओं की कृपा से उत्कृष्ट धर्मरूपी रथ के चक्रस्वरूप अर्थात् परम धर्मरूपी रथ के चलाने वाले सार-क्रमसहित व्रत-तीर्थ तथा दान-तीर्थ की उत्पत्ति हुई है।

भावार्थ ह्न चतुर्थ काल की आदि में सबसे पहिले व्रत-तीर्थ की प्रवृत्ति, श्री ऋषभदेव ने की थी; इसलिए व्रत-तीर्थ के प्रकट करने में सबसे मुख्य श्री ऋषभ भगवान हैं। सबसे पहले चतुर्थ काल में दान-तीर्थ की प्रवृत्ति करने वाले श्री श्रेयांस नामक राजा हैं क्योंकि सबसे पहले उन्होंने ही श्री ऋषभदेव भगवान को इक्षु-रस का आहारदान दिया था; इसलिए इस दान के अधिकार में इन दोनों महात्माओं के नाम का स्मरण किया गया है।

२००. दानतीर्थ प्रवर्तक राजा श्रेयांस की महिमा

श्रेयोऽभिधस्य नृपतेः शरदभ्रशुभ्र-,
भ्राम्यद्यशोभृतजगत्त्रितयस्य तस्य।

किं वर्णयामि ननु सद्मनि यस्य भुक्तं,
त्रैलोक्यवन्दितपदेन जिनेश्वरेण।।२।।

शरद मेघ-सम उज्ज्वल यश है, जिनका तीन लोक में व्याप्त।
क्या महिमा उनकी जिनके घर, जिनवर ने आहार लिया।।

अर्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि शरद काल के मेघ के समान भ्रमण करते हुए उज्ज्वल यश ने तीनों जगत् को पूर्ण कर दिया है अर्थात् जिनका उज्ज्वल यश तीनों लोक में फैला हुआ है ह्न ऐसे श्री श्रेयांस नामक राजा की हम क्या प्रशंसा करें, जिस श्रेयांस राजा के घर में तीन लोक के द्वारा पूजनीय श्री ऋषभदेव भगवान ने आहार लिया था।

२०१. पृथ्वी के वसुमती नाम की सार्थकता

श्रेयान् नृपो जयति यस्य गृहे तदाखा-,
देकाद्यवन्द्यमुनिपुङ्गवपारणायाम्।
सा रत्नवृष्टिरभवज्जगदेकचित्र-,
हेतुर्यया वसुमतीत्वमिता धरित्री।।३।।

जयवन्तो श्रेयांस नृपति, जिनके घर मुनिवर का आहार।
हुई रत्नवृष्टि तब जिससे, भू का 'वसुमती' नाम प्रचार।।

अर्थ ह्न वह श्रेयांस राजा सदा जयवन्त रहो, जिस श्रेयांस राजा के घर तीन लोक के द्वारा वन्दनीय श्री ऋषभदेव मुनिराज के पारणा के समय तीन लोक को आश्चर्य करने वाली रत्नों की ऐसी वर्षा हुई कि जिससे यह पृथ्वी साक्षात् वसुमती नाम को धारण करने लगी।

भावार्थ ह्न 'वसु' का अर्थ द्रव्य होता है तथा जो वसु को धारण करने वाली हो, उसे 'वसुमती' कहते हैं, सो पहले तो इस पृथ्वी का 'वसुमती' नाममात्र था, परन्तु श्रेयांस राजा के घर में श्री ऋषभदेव मुनिराज के पारणा के समय से साक्षात् इसका नाम वसुमती हुआ है ह्न ऐसे अनुपम पुण्यसहित श्री श्रेयांस राजा सदा जयवन्त रहो।

२०२. दानोपदेश में दयाभाव ही कारण

प्राप्तेऽपि दुर्लभतरेऽपि मनुष्यभावे,
स्वप्नेन्द्रजालसदृशेऽपि हि जीवितादौ।
ये लोभकूपकुहरे पतिताः प्रवक्ष्ये,
कारुण्यतः खलु तदुद्धरणाय किञ्चित्।।४।।

दुर्लभ नरभव पाकर जीवन, यौवन आदिक स्वप्न समान।
लोभ-कूप में गिरे हुए को, कहूँ दया से सम्बोधन।।

अर्थ ह्न अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य जन्म को पाकर, स्वप्न और इन्द्रजाल के समान जीवन, यौवन आदि के होने पर भी जो मनुष्य, लोभरूपी कुए में गिरे हुए हैं, उनके उद्धार के लिए आचार्य कहते हैं कि मैं दयाभाव से कुछ कहूँगा।

२०३. गृहस्थाश्रम से पार कराने वाला उत्कृष्ट दान ही जहाजस्वरूप

कान्ताऽत्मजद्रविणमुख्यपदार्थसार्थ-,
प्रोत्थातिघोरघनमोहमहासमुद्रे।
पोतायते गृहिणि सर्वगुणाधिकत्वात्,
दानंपरंपरमसात्त्विकभावयुक्तम्।।५।।

स्त्री-पुत्र-धनादिक से, उत्पन्न मोहमय गृह आश्रम।
तरने हेतु जहाज श्रेष्ठ है, सद्भावों से देना दान।।

अर्थ ह्न स्त्री-पुत्र-धन आदि जो मुख्य पदार्थों का समूह, उससे उत्पन्न हुआ जो अत्यन्त घोर तथा प्रचुर मोह, उसके विशाल समुद्रस्वरूप इस गृहस्थाश्रम से पार होने के लिए परम सात्त्विक भाव से दिया हुआ तथा सर्व गुणों में अधिक ह्न ऐसा उत्कृष्ट दान ही जहाज के समान है।

भावार्थ ह्न गृहस्थाश्रम में धन, कुटुम्बादि से अधिक मोह रहता है; इसलिए गृहस्थपना केवल संसार में डुबोने वाला है परन्तु यदि उस गृहस्थपने में दान दिया जाए तो वह दिया हुआ दान, मनुष्यों को संसाररूपी समुद्र में डूबने नहीं देता है। इसलिए भव्य जीवों को सर्व गुणों में उत्कृष्ट 'दान' को देकर गृहस्थाश्रम को अवश्य सफल करना चाहिए।

२०४. दान ही शुभगति प्रदायक

नानाजनाश्रितपरिग्रहसम्भृतायाः,
सत्पात्रदानविधिरेव गृहस्थतायाः।
हेतुः परः शुभगतेर्विषमे भवेऽस्मिन्,
नावः समुद्र इव कर्मठकर्णधारः।।६।।

विविध परिग्रह युक्त गृहस्थों को सत्पात्र-दान-विधि मात्र।
शुभगति दाता, यथा सिन्धु में नौका तारे खेवनहार।।

अर्थ ह्न जिसका खेवटिया चतुर है ह्न ऐसे अथाह समुद्र में पड़ी हुई नाव भी जिस प्रकार मनुष्य को तत्काल पार कर देती है; उसी प्रकार इस भयंकर संसार में स्त्री-पुत्र आदि नाना जनों के आधीन जो परिग्रह, उससे सहित इस गृहस्थपने में रहे हुए मनुष्य के लिए श्रेष्ठ पात्र के लक्ष्य से हुई दान-विधि ही शुभ गति को देने वाली होती है। इसलिए भव्य जीवों को गृहस्थाश्रम में रह कर अवश्य दान देना चाहिए।

२०५. दान में ही धन की सफलता

आयासकोटिभिरुपार्जितमङ्गजेभ्यो,
यज्जीवितादपि निजाद्दयितं जनानाम्।
वित्तस्य तस्य सुगतिः खलु दानमेकं,
अन्या विपत्तय इति प्रवदन्ति सन्तः।।७।।

किया उपार्जित विविध दुःखों से, अधिक इष्ट सुत, प्राणों से।
दान-मात्र है सुगति वित्त की, अन्य विपत्ति सन्त कहें।।

अर्थ ह्न जो धन, नाना प्रकार के दुःखों से पैदा किया गया है, जो मनुष्यों को अपने पुत्रों से तथा जीवन से भी अधिक प्यारा है, उस धन की यदि अच्छी गति है तो केवल दान ही है अर्थात् वह धन, दान से सफल होता है, किन्तु दान के अतिरिक्त दिया हुआ वह धन, विपत्ति का ही कारण है ह्न ऐसा सज्जन पुरुष कहते हैं। इसलिए भव्य जीवों को अपना कमाया हुआ धन, दान में ही खर्च करना चाहिए।

२०६. पात्रदान ही वटवृक्ष के बीज समान

भुक्त्यादिभिःप्रतिदिनं गृहिणो न सम्यक्-,
नष्टा रमापि पुनरेति कदाचिदत्र।
सत्पात्रदानविधिना तु गताप्युदेति,
क्षेत्रस्थ बीजमिव कोटिगुणं वटस्य।।८।।

भोगादिक में नष्ट लक्ष्मी, कभी लौट कर नहिं आती।
पात्रदान में खर्च हुई जो, वृक्ष् बीजवत् कोटि गुणी।।

अर्थ ह्न गृहस्थ के द्वारा जिस लक्ष्मी का भोगादि से नाश होता है, वह लक्ष्मी कदापि लौट कर नहीं आती; परन्तु जो लक्ष्मी, मुनि आदि उत्तम पात्रों के दान देने में खर्च होती है,

वह लक्ष्मी, भूमि में स्थित वटवृक्ष के बीज के समान कोटि गुनी होती है अर्थात् जो मनुष्य, लक्ष्मी पाकर निरभिमान होकर दान देते हैं, वे इन्द्रादि सम्पदाओं का भोग करते हैं। इसलिए यदि मनुष्य को लक्ष्मी की वृद्धि की भी आकांक्षा है तो उसको अवश्य मुनि आदि पात्रों को दान देना चाहिए।

२०७. दानोपदेश में शिल्पी का उदाहरण

यो दत्तवानिह मुमुक्षुजनाय भुक्तिं,
भक्त्याश्रितः शिवपथे न धृतः स एव।
आत्माऽपि तेन विदधत्सुरसद्म नूनं,
उच्चैः पदं व्रजति तत्सहितोऽपि शिल्पी।।९।।

जैसे भवन बनाता शिल्पी, खुद ऊँचा चढ़ता जाता।
करे दान-आहार मुमुक्षु, को वह खुद मुक्ति जाता।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार कारीगर जैसे-जैसे ऊँचा मकान बनाता जाता है, वैसे-वैसे आप भी ऊँचा होता चला जाता है; उसी प्रकार जो मनुष्य, मोक्ष की इच्छा करने वाले मनुष्य को भक्तिपूर्वक आहारदान देता है, वह उस मुनि को ही मुक्ति में नहीं पहुँचाता, किन्तु स्वयं भी जाता है। इसलिए ऐसा स्व-पर हितकारी दान मनुष्यों को अवश्य देना चाहिए।

२०८. दानोपदेश में किसान का उदाहरण

यः शाकपिण्डमपि भक्तिरसानुविद्ध-,
बुद्धिः प्रयच्छति जनो मुनिपुङ्गवाय।
सः स्यादनन्तफलभागथ बीजमुप्तं,
क्षेत्रे न किं भवति भूरि कृषीवलस्य।।१०।।

भक्तिपूर्वक मुनिपुङ्गव को, शाकमात्र का दे आहार।
वह अनन्त सुख पाता है ज्यों, कृषक बीज से पाता धान्य।।

अर्थ ह्न जो श्रावक, भक्तिपूर्वक मुनि को शाक-पिण्ड का भी आहार देता है, वह अनन्त सुखों का भोक्ता होता है। जिस प्रकार लोक में किसान थोड़ा बीज बोता है तो उसके बीज की अपेक्षा अधिक धान्य पैदा होता है; उसी प्रकार धर्मक्षेत्र में थोड़े-से बहुत की इच्छा करने वाले श्रावकों को खूब दान देना चाहिए।

२०९. पात्रदान करनेवाले मनुष्य की इन्द्र से भी अधिक महानता

साक्षान्मनोवचन-काय-विशुद्धि-शुद्धः,
पात्राय यच्छति जनो ननु भुक्तिमात्रम्।
यस्तस्य संसृति-समुत्तरणैक-बीजे,
पुण्ये हरिर्भवति सोऽपि कृताऽभिलाषः।।११।।

मन-वच-तन की शुद्धिपूर्वक, जो मुनिवर को दें आहार।
ऐसे भवदधि-तारक शुभ में, सुरपति भी करते अभिलाष।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, भलीभाँति मन-वचन-काय को शुद्ध कर, उत्तम पात्र के लिए आहारदान देता है ह्न ऐसे मनुष्य के, संसार से पार करने में कारणभूत पुण्य की अभिलाषा, नाना प्रकार की संपत्ति का भोग करने वाला इन्द्र भी करता है। इसलिए गृहस्थाश्रम में सिवाय दान के दूसरा कोई कल्याण करने वाला नहीं, अतः श्रावकों को दान अवश्य चाहिए।

२१०. गृहस्थ ही मानो मोक्षमार्ग का धारक

मोक्षस्य कारणमभीष्टुतमत्र लोके,
तद्धार्यते मुनिभिरङ्ग-बलात्तदन्नात्।
तद्दीयते च गृहिणा गुरुभक्तिभाजा,
तस्माद्धृतो गृहिजनेन विमुक्तिमार्गः।।१२।।

मुनि तन-बल से रत्नत्रय धारें, जो हो भोजन से प्राप्त।
श्रावक दें आहार अतः वे, भी हैं शिवपथ के धारक।।

अर्थ ह्न इस संसार में मोक्ष का कारण रत्नत्रय है, उस रत्नत्रय को शरीर में शक्ति होने पर मुनिगण पालते हैं। मुनियों के शरीर में शक्ति अन्न से आती है तथा मुनियों के लिए उस अन्न को श्रावक भक्तिपूर्वक देते हैं। इसलिए वास्तविक रीति से गृहस्थ ने ही मोक्षमार्ग को धारण किया है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

२११. गृहस्थाश्रम में व्रत की अपेक्षा दान की महत्ता

नानागृहव्यतिकरार्जितपापपुञ्जैः,
खञ्जीकृतानि गृहिणो न तथा व्रतानि।
उच्चैः फलं विदधतीह यथैकदाऽपि,
प्रीत्यातिशुद्धमनसा कृतपात्रदानम्।।१३।।

पापों से असमर्थ व्रतादिक, नहिं दे सकते हैं वह फल।
निर्मल मन से एक बार, सत्पात्रदान से हो जो फल।।

अर्थ ह्न गृह-सम्बन्धी नाना प्रकार के आरम्भों से उपार्जन किए हुए पाप के कारण असमर्थ हुए व्रत, गृहस्थों को कुछ भी ऊँचे फल को नहीं दे सकते; जैसा कि प्रीतिपूर्वक तथा शुद्ध मन से उत्तमादि पात्रों को एक समय भी दिया हुआ दान, उत्तम फल को देता है। इसलिए ऊँचे फल के अभिलाषियों को सदा उत्तमादि पात्रों का दान देना चाहिए।

२१२. दानोपदेश में नदी का उदाहरण

मूले तनुस्तदनु धावति वर्धमाना,
यावच्छिवं सरिदिवानिशमासमुद्रम्।
लक्ष्मीः सदृष्टिपुरुषस्य यतीन्द्रदान-,
पुण्यात्पुरः सह यशोभिरतीद्धफेनैः।।१४।।

नदी मूल में कम चौड़ी हो, किन्तु बाद में होय विशाल।
पहले हो थोड़ी लक्ष्मी पश्चात् यश सहित हो विस्तार।।

अर्थ ह्न जिस पहाड़ से नदी निकलती है, वहाँ पर यद्यपि नदी का फैलाव थोड़ा होता है, परन्तु समुद्र पर्यन्त जिस प्रकार फेन सहित वह नदी, उत्तरोत्तर बढ़ती ही चली जाती है; उसी प्रकार यद्यपि सम्यग्दृष्टि के पहले लक्ष्मी थोड़ी होती है, परन्तु मुनीश्वरों को दिए हुए दान के प्रभाव से कीर्ति केसाथ मोक्षपर्यन्त वह इन्द्र-अहमिन्द्र-चक्रवर्ती-तीर्थंकरादि के रूप में दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही चली जाती है। इसलिए सम्यग्दृष्टि को अवश्य दान देना चाहिए।

२१३. गृहस्थाश्रम में ज्ञान की अपेक्षा भी दान की अधिक महिमा

प्रायः कुतो गृहगते परमात्मबोधः,
शुद्धात्मनो भुवि यतः पुरुषार्थसिद्धिः।
दानात्पुनर्ननु चतुर्विधतः करस्था,
सा लीलयैव कृतपात्रजनानुषङ्गात्।।१५।।

आत्मज्ञान पुरुषार्थ सिद्धि, प्राय: न गृही को हो सकती।
किन्तु चतुर्विध पात्रदान से, पल भर में प्राप्त हो सिद्धि।।

अर्थ ह्न जिस परमात्मा के ज्ञान से धर्म-अर्थ-काम और मोक्षरूप चार पुरुषार्थों की सिद्धि होती है, उस परमात्मा का ज्ञान, सम्यग्दृष्टि को घर में रह कर प्रायः नहीं हो सकता;

परन्तु उन पुरुषार्थों की सिद्धि उत्तम आदि पात्रों को आहार, औषध, अभय तथा शास्त्ररूप चार प्रकार के दान के देने से पल भर में हो जाती है। इसलिए धर्म अर्थ आदि पुरुषार्थों के अभिलाषी सम्यग्दृष्टियों को उत्तम आदि पात्रों को अवश्य दान देना चाहिए।

२१४. भोजन, औषधि आदि द्वारा मुनियों का उपकार करने की प्रेरणा

नामापि यः स्मरति मोक्षपथस्य साधो-,
राशु क्षयं व्रजति तद्दुरितं समस्तम्।
यो भक्त-भेषज-मठादि-कृतोपकारः,
संसारमुत्तरति सोऽत्र नरो न चित्रम्।।१६।।

नाममात्र ले जो मुनिवर का, तो क्षण में नशते सब पाप।
क्या आश्चर्य कि भोजनादि, देकर होवें भवसागर पार।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, मोक्षार्थी साधु का नाममात्र भी स्मरण करता है, उसके समस्त पाप, क्षण भर में नष्ट हो जाते हैं; किन्तु जो भोजन, औषधि, मठ आदि बनवा कर, मुनियों का उपकार करता है, वह संसार से पार हो जाता है, इसमें आश्चर्य ही क्या है? अर्थात् ऐसे उपकारी का तो मोक्ष होना ही चाहिए।

२१५. मुनियों के आगमन बिना गृहस्थों के घर व उनके मन की असारता

किं ते गृहाः किमिह ते गृहिणो नु येषां,
अन्तर्मनस्सु मुनयो न हि संचरन्ति।
साक्षादथ स्मृति-वशाच्चरणोदकेन,
नित्यं पवित्रितधराग्रशिरःप्रदेशाः।।१७।।

जिनके चरणोदक से हो, नित गृह एवं मस्तक पावन।
जिस मन में मुनि-वास नहीं, वह घर एवं श्रावक निष्फल।।

अर्थ ह्न जिन मुनियों के चरण-कमल के जल-स्पर्श से जिन घरों की भूमि पवित्र हो जाती है, जिन गृहस्थों के मस्तक भी पवित्र हो जाते हैं; उन उत्तम मुनियों का जिन घरों में संचार नहीं है तथा जिन गृहस्थों के मन के भीतर भी जिन मुनियों का प्रवेश नहीं है, वे घर व गृहस्थ, दोनों ही बिना प्रयोजन के हैं। इसलिए गृहस्थों को उत्तमादि पात्रों को अवश्य दान देना चाहिए, जिससे मुनियों के आगमन से उनके घर पवित्र बने रहें तथा उनका गृहस्थपना भी कार्यकारी गिना जाए।

२१६. पात्रदान के बिना सम्पदा किस काम की?

देवः स किं भवति यत्र विकारभावो,
धर्मः स किं न करुणाङ्गिषु यत्र मुख्या।
तत्किं तपो गुरुरथास्ति न यत्र बोधः,
सा किं विभूतिरिह यत्र न पात्रदानम्।।१८।।

रागी कैसे देव हो सकें? दया नहीं तो धर्म कहाँ?।
आत्मज्ञान बिन तप-गुरु कैसे? दान बिना वैभव का क्या?।।

अर्थ ह्न वह देव कैसा? जिसके मन में स्त्री आदि को देख कर, विकार उत्पन्न होता है, वह धर्म किस काम का? जिसमें दया मुख्य नहीं मानी जाती है। वह तप तथा वह गुरु किस काम का? जिससे आत्मा आदि का ज्ञान नहीं होता तथा वह सम्पदा भी किस काम की? जिसके होने पर उत्तम आदि पात्रों को दान न दिया जाए।

२१७. दान-व्रतादि के द्वारा उत्तमोत्तम गुणों की प्राप्ति

किं ते गुणाः किमिह तत्सुखमस्ति लोके,
सा किं विभूतिरथ या न वशं प्रयाति।
दान-व्रतादि-जनितो यदि मानवस्य,
धर्मो जगत्त्रयवशीकरणैकमन्त्रः।।१९।।

दान और व्रतजन्य धर्म है, मन्त्र त्रिजग-वश होय जहाँ।
उत्तम से उत्तम गुण सुख ऐश्वर्य आदि क्या नहीं वहाँ?।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य के पास तीनों जगत् को वश करने में मन्त्रस्वरूप तथा दान-व्रत आदि से उत्पन्न हुआ धर्म मौजूद है; उस मनुष्य के पास उत्तमोत्तम गुण, उत्तमोत्तम सुख और उत्तमोत्तम ऐश्वर्य, सब अपने आप आकर वशीभूत हो जाते हैं। इसलिए उत्तमोत्तम गुण के अभिलाषियों को दान-व्रत आदि अवश्य करना चाहिए।

२१८. राज्यलक्ष्मी के भोग से दान देनेवाला श्रेष्ठ

सत्पात्रदान-जनितोन्नत-पुण्यराशिः,
एकत्र वा परजने नरनाथलक्ष्मीः।
आद्यात्परस्तदपि दुर्गत एव यस्मात्,
आगामिकालफलदायि न तस्य किंचित्।।२०।।

कोई दान से पुण्य करे अरु, कोई करे वैभव का भोग।
दाता फल पाए भविष्य में, भोगी को फल नहीं मनोग।।

अर्थ ह्न एक मनुष्य तो उत्तम पात्रदान से पैदा हुए श्रेष्ठ पुण्य का संचय करता है और दूसरा राज्य-लक्ष्मी का अच्छी तरह भोग करता है, परन्तु उन दोनों में राज्य-लक्ष्मी का भोग करने वाला दूसरा पुरुष ही दरिद्री है क्योंकि आगामी काल में उसको किसी प्रकार की सम्पत्ति आदि का फल नहीं मिल सकता, किन्तु पात्रदान करने वाले को तो आगामी काल में उत्तम सम्पदारूपी फलों की प्राप्ति होती है। इसलिए भव्य जीवों को खूब दान देकर पुण्य का संचय करना चाहिए।

२१९. धन की दान देने में ही सार्थकता

दानाय यस्य न धनं न वपुर्व्रताय,
नैवं श्रुतं च परमोपशमाय नित्यम्।
तज्जन्म केवलमलं मरणाय भूरि-,
संसारदुःखमृतिजातिनिबन्धनाय।।२१।।

दान हेतु धन, विरति हेतु तन, श्रुत नहिं उपशम हेतु जहाँ।
विविध क्लेश को भोग, मरण के लिए जन्म है हुआ वहाँ।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य का धन, दान के लिए नही है; शरीर, व्रत के लिए नहीं है और शास्त्र, उत्तम शान्ति को प्राप्त करने के लिए नहीं हैं उस मनुष्य का जन्म, संसार के जन्म-मरण आदि अनेक दुःखों को भोगने के कारण मरण के लिए ही है।

भावार्थ ह्न धन पाकर उत्तम पात्र आदि के लिए दान देना चाहिए। उत्तम शरीर पाकर अच्छी तरह व्रत, उपवास आदि करना चाहिए तथा शास्त्र का अभ्यास कर क्रोधादि कषायों का उपशम करना चाहिए; किन्तु जो मनुष्य ऐसा नहीं करता है, उसको केवल नाना प्रकार की खोटी गतियों में ही भ्रमण करना पड़ता है तथा जन्म-मरण आदि नाना प्रकार के दुःखों का भोग करना पड़ता है। इसलिए भव्य जीवों को उक्त कही हुई रीति के अनुसार ही धन आदि का उपयोग करना चाहिए।

२२०. दान के बिना समस्त विभूति, कर्मबन्ध की कारण

प्राप्ते नृजन्मनि तपः परमस्तु जन्तोः,
संसार-सागर-समुत्तरणैक-सेतुः।

मा भूद्विभूतिरिह बन्धन-हेतुरेव,
देवे गुरौ शमिनि पूजनदानहीना।।२२।।

नर-भव में भव-सागर-पार, उतरने को तप-सेतु मिले।
बन्ध हेतु अरु पूजन-दान-विहीन विभूति न हो मुझको।।

अर्थ ह्न अत्यन्त दुर्लभ इस मनुष्य भव के प्राप्त होने पर मनुष्य को संसार-समुद्र से पार होने के लिए पुल के समान श्रेष्ठ तप का मिलना श्रेष्ठ ही है; परन्तु इस लोक में अर्हन्त और गुरु के पूजन तथा दान के उपयोग में न आने वाली और केवल कर्मबन्ध की ही कारण ऐसी विभूति की कोई आवश्यकता नहीं है।

भावार्थ ह्न मिली हुई विभूति का उपयोग यदि अर्हन्तदेव के पूजन में तथा गुरुओं के दान में होवे तो वह विभूति, बन्ध की कारण नहीं कही जाती; परन्तु यदि देव और गुरुओं के पूजन एवं दान में उस विभूति का उपयोग न होवे तो वह केवल बन्ध की ही कारण होती है। इसलिए भव्य जीवों को विभूति को पाकर उसका उपयोग देव और गुरुओं की पूजन एवं दान में ही करना चाहिए, अन्यथा उसकी अपेक्षा उत्तम तप का मिलना भी कठिन है।

२२१. दान के बिना विभूति, दुर्गति का कारण

भिक्षा वरं परिहृताऽखिलपापकारि-,
कार्यानुबन्धविधुराश्रितचित्तवृत्तिः।
सत्पात्रदान-रहिता वितनोग्र-दुःख-,
दुर्लंघ्य-दुर्गतिकरी न पुनर्विभूतिः।।२३।।

पापजनक कर्मों के दुःख से दूर रखे वह भिक्षा श्रेष्ठ।
पात्र दान बिन विविध दुःखद दुर्गतिदायक वैभव नहीं श्रेष्ठ।।

अर्थ ह्न जिस भिक्षा के होने पर चित्त की वृत्ति, समस्त प्रकार के पाप को पैदा करने वाले कार्यों के सम्बन्ध से दुःखित नहीं होती (अर्थात् पाप के करने वाले कार्यों की ओर झाँकती भी नहीं) ह्न ऐसी भिक्षा तो उत्तम है, किन्तु विस्तीर्ण नाना प्रकार के दुःखों से पार करने में असमर्थ, दुर्गति को देने वाली तथा उत्तम आदि पात्रों के दान के उपयोग से रहित विभूति की कोई आवश्यकता नहीं है।

भावार्थ ह्न यदि मिली हुई विभूति का उपयोग, उत्तमादि पात्रों के दान के लिए होवे तो वह विभूति, दुर्गति की देने वाली नहीं कही जाती, किन्तु उसके विपरीत यदि उसका उपयोग खोटे कार्यों में किया जाए तो वह अवश्य दुर्गति की ही देने वाली होती है। सत्पात्रदान रहित

तथा दुर्गति की देने वाली उस विभूति की अपेक्षा भिक्षा ही उत्तम है क्योंकि भिक्षा में मनुष्य को किसी प्रकार का आरम्भ आदि नहीं करना पड़ता, इसलिए चित्त को किसी प्रकार का संक्लेश भी नहीं होता।

२२२. दान के बिना गृहस्थाश्रम जलांजली देने योग्य

पूजा न चेज्जिनपतेः पद-पंकजेषु,
दानं न संयतजनाय च भक्तिपूर्वम्।
नो दीयते किमु ततः सदनस्थितायाः,
शीघ्रं जलांजलिरगाधजले प्रविश्य।।२४।।

जहाँ नहीं जिनपूजा होती, भक्तिभाव से दान नहीं।
तो गहरे जल में प्रवेश कर, उस घर को क्यों तजें नहीं?।।

अर्थ ह्न जिस गृहस्थाश्रम में जिनेन्द्र भगवान के चरण-कमलों की पूजा नहीं होती तथा भक्तिभाव से संयमीजनों के लिए दान भी नहीं दिया जाता; उसके लिए आचार्य कहते हैं कि उस गृहस्थाश्रम को अत्यन्त गहरे जल में प्रवेश कराके जल की अंजलि देना चाहिए।

भावार्थ ह्न बिना दान-पूजन के गृहस्थाश्रम किसी काम का नहीं, इसलिए गृहस्थाश्रम में रह कर, भव्य जीवों को दान अवश्य देना चाहिए।

२२३. तप के अभाव में दान की सार्थकता

कार्यं तपः परमिह भ्रमता भवाब्धौ,
मानुष्यजन्मनि चिरादतिदुःखलब्धे।
सम्पद्यते न तदणुव्रतिनाऽपि भाव्यं,
जायेत चेदहरहः किल पात्रदानम्।।२५।।

भव में भ्रमते प्राणी दुर्लभ, नरगति पाकर तप धारें।
कर न सकें तप तो अणुव्रत ले, श्रेष्ठ पात्र को दान करें।।

अर्थ ह्न चिरकाल से इस संसाररूपी समुद्र में भ्रमण करते हुए प्राणियों को कष्ट से इस मनुष्य भव की प्राप्ति हुई है। इसलिए इस मनुष्य जन्म में अवश्य तप करना चाहिए। यदि तप न हो सके तो अणुव्रत ही धारण करना चाहिए, जिससे प्रतिदिन निश्चय से उत्तम आदि पात्रों को दान दिया जाए।

२२४. दानोपदेश में पथिक के पाथेय (नाश्ते) का उदाहरण

ग्रामान्तरं व्रजति यः स्वगृहाद् गृहीत्वा,
पाथेयमुन्नततरं स सुखी मनुष्यः।
जन्मान्तरं प्रविशतोऽस्य तथा व्रतेन,
दानेन चाऽर्जितशुभं सुखहेतुरेकम्।।२६।।

घर से पाथेय मनुज ले, तो ग्रामान्तर सुख से जाये।
दान-व्रतों से हुआ पुण्य जो, जन्मान्तर में सुख देवे।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार जो मनुष्य, अपने घर से अच्छी तरह पाथेय (नाश्ता आदि) लेकर दूसरे गाँव को जाता है तो वह सुखी रहता है; उसी प्रकार जो मनुष्य, परलोक को गमन करता है तो उसे व्रत तथा दान से पैदा किया हुआ, एक पुण्य ही सुख का कारण होता है। इसलिए जो मनुष्य, परलोक में सुख के अभिलाषी हैं, उनको व्रतों को धारण कर, और दान देकर, खूब पुण्य का संचय करना चाहिए।

२२५. दान का संकल्प भी पुण्य का उत्पादक

यत्नः कृतोऽपि मदनार्थयशोनिमित्तं,
दैवादिह व्रजति निष्फलतां कदाचित्।
संकल्पमात्रमपि दानविधौ तु पुण्यं,
कुर्यादसत्यपि हि पात्रजने प्रमोदात्।।२७।।

काम-भोग-धन-यश के उद्यम, निष्फल हों पापोदय से।
उत्तम पात्र न होवे फिर भी, दान भाव से पुण्य बँधे।।

अर्थ ह्न यद्यपि संसार में काम-भोग के लिए, धन के लिए अथवा यश के लिए किया हुआ प्रयत्न भी दैवयोग से किसी समय निष्फल हो जाता है, परन्तु उत्तम आदि पात्रों के नहीं होने पर भी 'हर्षपूर्वक दान देंगे' ह्न ऐसा दान का संकल्प भी पुण्य का करने वाला होता है। इसलिए ऐसे उत्तम दान का मनुष्यों को अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

२२६. नवधाभक्तिपूर्वक आहारदान का कारण

सद्मागते किल विपक्षजनेऽपि सन्तः,
कुर्वन्ति मानमतुलं वचनाशनाद्यैः।

यत्तत्र चारु-गुण-रत्न-निधान-भूते,
पात्रे मुदा महति किं क्रियते न शिष्टैः।।२८।।

मधुर वचन-भोजन से सज्जन, करते आगत अरि का मान।
क्यों न करें उत्तम गुणधारी, का हर्षित होकर बहुमान।।

अर्थ ह्न वैरी भी यदि अपने घर आए तो सज्जन मनुष्य, मधुर-मधुर वचनों तथा भोजन आदि से उसका बड़ा भारी सन्मान करते हैं। फिर जो उत्तम सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय के धारी हैं तथा पूज्य हैं ह्न ऐसे पात्रों में सज्जन हर्षपूर्वक क्या नहीं करेंगे? अर्थात् उनको अवश्य ही नवधा भक्ति से आहार देंगे।

२२७. दान के बिना समस्त विभूति कर्मबन्ध का कारण

सूनोर्मृतेरपि दिनं न सतस्तथा स्याद्,
बाधाकरं बत यथा मुनिदानशून्यम्।
दुर्वारदुष्टविधिना न कृते ह्यकार्ये,
पुंसा कृते तु मनुते मतिमाननिष्टम्।।२९।।

पुत्र-मरण से भी दुःख ज्यादा, दुःख होता मुनिदान बिना।
पापोदय का कार्य अनिष्ट न, है अनिष्ट निजकृत दुष्कार्य।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि सज्जन पुरुष को पुत्र के मरने का दिन भी उतना दुःख देने वाला नहीं होता, जितना कि मुनियों को दानरहित दिन, दुःख देने वाला होता है क्योंकि विद्वान् पुरुष, दुर्दैव से किए हुए बुरे कार्य को उतना अनिष्ट नहीं मानते, जितना अपने द्वारा किए हुए बुरे कार्यों को अनिष्ट मानते हैं। इसलिए विद्वानों को अपने द्वारा करने योग्य दानरूपी कार्य अवश्य करना चाहिए।

२२८. पात्रदान के प्रभाव से ही धर्मकार्यों की सार्थकता

ये धर्मकारणसमुल्लसिता विकल्पाः,
त्यागेन ते धनयुतस्य भवन्ति सत्याः।
स्पृष्टाः शशांककिरणैरमृतं क्षरन्तः,
चन्द्रोपलाः किल लभन्त इह प्रतिष्ठाम्।।३०।।

चन्द्र-किरण-स्पर्श बिना नहिं, चन्द्रकान्त से नीर झरे।
धर्म कार्य के कोई उद्यम, दान बिना नहिं फल देते।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार किसी मकान में चन्द्रकान्त मणि लगी हुई है, लेकिन जब तक उसके साथ चन्द्रमा की किरणों का स्पर्श नहीं होता, तब तक उनसे पानी नहीं झर सकता; इसलिए उस समय उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं करता, किन्तु जिस समय चन्द्रमा के स्पर्शित होने से उनसे पानी निकलता है, उस समय उनकी बड़ी भारी प्रतिष्ठा होती है। उसी प्रकार धनी पुरुष के चित्त में जो जिन-मन्दिर बनवाना, तीर्थ-यात्रा करना आदि धर्म के कारण उत्पन्न होते हैं, वे बिना पात्र-दान के सत्यभूत नहीं समझे जाते, किन्तु पात्र-दान से ही वे सत्य समझे जाते हैं। इसलिए गृहस्थियों को पात्रदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह सब में मुख्य है।

२२९. धन होते हुए भी दान देने में आलस्य करने वाला मायाचारी

मन्दायते य इह दानविधौ धनेऽपि,
सत्यात्मनो वदति धार्मिकताश्च यत्तत्।
माया हृदि स्फुरति सा मनुजस्य तस्य,
या जायते तडिदमुत्र सुखाचलेषु।।३१।।

धन है पर जो दान न देता, अपने को धर्मी माने।
उसके उर में माया उछले, सर्व सुखों का नाश करे।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, धन के होते हुए भी दान देने में आलस्य करता है तथा अपने को धर्मात्मा कहता है, वह मनुष्य मायाचारी है अर्थात् उस मनुष्य के हृदय में कपट भरा हुआ है। उसका वह कपट, दूसरे भव में उसके समस्त सुखों का नाश करने वाला है, परलोक में उसके सुखरूपी पर्वतों के विनाश के लिए बिजली का काम करता है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, धर्मात्मापने के कारण दान आदि नहीं देते हैं तथा अपने को मायाचारी से धर्मात्मा कहते हैं, उन मनुष्यों को तिर्यंच गति में जाना पड़ता है; वहाँ पर उनको नाना प्रकार के भूख-प्यास सम्बन्धी दुःख भोगने पड़ते हैं। इसलिए मनुष्य को कदापि मायाचारी नहीं करनी चाहिए।

२३०. अपने धन के अनुसार दान देने का उपदेश

ग्रासस्तदर्धमपि देयमथाऽर्धमेव,
तस्यापि सन्ततमणुव्रतिना यथर्द्धि।
इच्छानुरूपमिह कस्य कदात्र लोके,
द्रव्यं भविष्यति सदुत्तमदानहेतुः।।३२।।

एक ग्रास या आधा या, चौथाई देवें अणुव्रती।
उत्तम दान हेतु इच्छा-अनुसार मिला धन किसे कभी?।।

अर्थ ह्न श्रावक को अपने धन के अनुसार एक ग्रास अथवा आधा ग्रास अथवा चौथाई ग्रास अवश्य ही दान देना चाहिए क्योंकि इस संसार में उत्तम पात्रदान का कारण इच्छानुसार द्रव्य कब और किसके होगा?

भावार्थ ह्न संसार में इच्छानुसार द्रव्य किसी को नहीं मिल सकता क्योंकि शताधिपति ह्न हजारपति होना चाहता है। हजारपति ह्न लक्षाधिपति, लक्षाधिपति ह्न करोड़पति होना चाहता है, इत्यादि रीति से इच्छा की कहीं भी समाप्ति नहीं होती। इसलिए ऐसा नहीं समझना चाहिए कि मैं हजारपति होऊँगा, तभी दान दूँगा अथवा मैं लखपति होऊँगा, तभी दान दूँगा; बल्कि जितना धन पास में होवे, उसी के अनुसार ग्रास-दो-ग्रास दान अवश्य देना चाहिए।

२३१. उत्तम पात्रदान के प्रति मिथ्यादृष्टि पशुओं की प्रीति भी फलदायी

मिथ्यादृशोऽपि रुचिरेव मुनीन्द्रदाने,
दद्यात् पशोरपि हि जन्म सुभोगभूमौ।
कल्पाङ्घ्रिपा ददति यत्र सदेप्सितानि,
सर्वाणि तत्र विदधाति न किं सुदृष्टेः।।३३।।

पात्रदान-रुचि से अज्ञानी, पशु भी भोगभूमि जाए।
तो साक्षात् दान दे ज्ञानी, कहो कौन सुख नहिं पाए?।।

अर्थ ह्न मुनि आदि उत्तम पात्रदान में मिथ्यादृष्टि पशु के द्वारा की हुई केवल रुचि (प्रीति/अनुमोदना) ही जब उनको उत्तम भोगभूमि आदि के सुखों को देने वाली होती है, तब साक्षात् दान को देने वाले सम्यग्दृष्टि को तो वह दान क्या-क्या इष्ट तथा उत्तम चीजों को नहीं देगा? अर्थात् अवश्य स्वर्ग-मोक्ष आदि के सुख को देगा।

भावार्थ ह्न दान के प्रभाव से ऐसी कोई वस्तु नहीं, जो मिल न सके क्योंकि सबसे दुर्लभ मोक्ष की भी प्राप्ति जब दान से हो जाती है, तब इससे भी दु:साध्य क्या वस्तु रही? इसलिए ऐसे इष्ट पदार्थों को देने वाला दान, भव्य जीवों को शक्त्यनुसार अवश्य करना चाहिए।

२३२. द्रव्यानुसार दान नहीं देने में मूर्ख पुरुष का उदाहरण

दानाय यस्य न समुत्सहते मनीषा,
तद्योग्यसम्पदि गृहाभिमुखे च पात्रे।

प्राप्तं खनावपि महार्घ्यतरं विहाय,
रत्नं करोति विमतिस्तलभूमिभेदम्।।३४।।

मुनि आवें घर तो भी जिसको, दान हेतु उत्साह नहीं।
महारतन को छोड़ व्यर्थ, वह खोद रहा पाताल मही।।

अर्थ ह्न योग्य सम्पदा के होने पर भी तथा मुनि के घर आने पर भी, जिस मनुष्य की बुद्धि, दान देने में उत्साहित नहीं होती अर्थात् जो दान देना नहीं चाहता; वह मूर्ख पुरुष, खानि में मिले हुए अमूल्य रत्न को छोड़ कर, व्यर्थ पाताल की भूमि को खोदता है।

भावार्थ ह्न कोई मनुष्य, रत्न के लिए जमीन खोदे तथा वहाँ सहज मिलनेवाले रत्नों को छोड़ कर, यदि वह और भी गहरी जमीन खोदता जाए तो जिस प्रकार उसका नीचे जमीन खोदना व्यर्थ जाता है। उसी प्रकार जो मनुष्य, योग्य सम्पदा को पाकर दान नहीं देता, उसे मिली हुई सम्पदा किसी काम की नहीं। इसलिए भव्य जीवों को अपने पास उपलब्ध द्रव्यानुसार दान देने में कदापि प्रमाद नहीं करना चाहिए।

२३३. दानरहित मनुष्यत्व, टूटी-फूटी नाव के समान

नष्टा मणीरिव चिराज्जलधौ भवेऽस्मिन्,
आसाद्य चारुनरतार्थजिनेश्वराज्ञाः।
दानं न यस्य स जडः प्रविशेत् समुद्रं,
सच्छिद्रनावमधिरुह्य गृहीतरत्नः।।३५।।

उत्तम नरभव धन जिन-आज्ञा, मिली उदधि में मणी समान।
दान न दे, वह तरे कैसे, चढ़ सछिद्र नौका-सम जान।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, चिरकाल से समुद्र में पड़ी हुई मणि के समान इस संसार में उत्तम मनुष्यत्व, धन और जिनेन्द्र भगवान की आज्ञा को प्राप्त कर भी, उत्तम आदि पात्रों को दान नहीं देता; वह मूर्ख मनुष्य, टूटी-फूटी नाव पर चढ़ कर, बहुत-से रत्नों को साथ में लेकर, दूसरे द्वीप में जाने के लिए समुद्र में प्रवेश करता है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, टूटी-फूटी नाव पर चढ़ कर, रत्नों को साथ लेकर समुद्र की यात्रा करेगा, वह अवश्य ही रत्नों के साथ समुद्र में डूबेगा; उसी प्रकार जो मनुष्य उत्तम मनुष्यत्व, धन और जिनेन्द्र की आज्ञा को पाकर भी दान नहीं करेगा, वह अवश्य संसार में चक्कर खाएगा तथा उसका वह मनुष्यत्व, धन और जिनेन्द्र की आज्ञा आदि समस्त बातें व्यर्थ चली जाएँगी। इसलिए जिस प्रकार समुद्र में गिरी हुई मणि की प्राप्ति होना दुर्लभ है, उसी

प्रकार यह मनुष्यत्व आदि भी दुर्लभ हैं ह्न ऐसा जान कर, खूब अच्छी तरह दान देना चाहिए, जिससे मनुष्यत्व आदि व्यर्थ न जाएँ तथा संसार में अधिक न घूमना पड़े।

२३४. धनी होकर भी दान नहीं देनेवाला दास है, मालिक नहीं

यस्यास्ति नो धनवतः किल पात्रदानं-
अस्मिन्परत्र च भवे यशसे सुखाय।
अन्येन केनचिदनून-सुपुण्य-भाजा,
क्षिप्तः स सेवकनरो धनरक्षणाय।।३६।।

कीर्ति और परभव-सुखदायक, धनी! यदि नहीं देवे दान।
वह मालिक नहिं उसे किसी ने, रक्षा हेतु रखा है दास।।

अर्थ ह्न जो धनी मनुष्य, इस भव में कीर्ति के लिए तथा परभव में सुख के लिए उत्तमादि पात्रों में दान नहीं देता तो समझना चाहिए कि वह उस धन का मालिक नहीं है, बल्कि किसी अन्य अति पुण्यवान् पुरुष ने उस मनुष्य को उस धन की रक्षा के लिए नियुक्त किया है।

भावार्थ ह्न जो धन का अधिकारी होता है, वह निर्भय रीति से उत्तम आदि पात्रों में धन का व्यय करता है, किन्तु जो मालिक न होकर रक्षक होता है, वह किसी रीति से धन का व्यय नहीं कर सकता। इसलिए आचार्य कहते हैं कि जो धनी होकर दान न देवे तो उसे मालिक नहीं समझना चाहिए, किन्तु जो उसकी मृत्यु के बाद उस धन का मालिक होगा, उस पुण्यवान् का, उस रक्षक को धन की रक्षा करने वाला दास समझना चाहिए। इसलिए विद्वानों को धन के मिलने पर उस धन के अनुसार अवश्य ही दान देना चाहिए।

२३५. सत्कार्यों में लगाया धन ही अपना

चैत्यालये च जिनसूरिबुधार्चने च,
दाने च संयतजनस्य सुदुःखिते च।
यच्चात्मनि स्वमुपयोगि तदेव नूनं,
आत्मीयमन्यदिह कस्यचिदन्यपुंसः।।३७।।

चैत्यालय-बुध-सूरि-अर्चना, अरु संयत-दुखियों को दान।
दिया वही धन अपना है, अन्यथा उसे पर का ही मान।।

अर्थ ह्न जो धन, जिन-मन्दिर के काम में लगाया जाता है; जिसका उपयोग, जिनेन्द्र भगवान की पूजा में, आचार्यों की पूजा में, अन्य विद्वानों की पूजा में होता है; जो संयमीजनों

के दान में खर्च किया जाता है; जो धन, दु:खितों को दिया जाता है और जो धन, अपने उपयोग में आता है; उस धन को तो अपना समझना चाहिए, किन्तु जिस धन का उक्त कामों में उपयोग न होवे तो उस धन को किसी और मनुष्य का धन समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न जो धन, दान आदि कार्यों में तथा अपने काम में व्यय होने के कारण, इस भव तथा परभव में कीर्ति व सुख का देने वाला हो, वह धन तो अपना समझना चाहिए; किन्तु जो इससे भिन्न होवे, उसको दूसरे का ही समझना चाहिए।

२३६. संयमी पात्रों के दान से लक्ष्मी बढ़ती है, घटती नहीं

पुण्यक्षयात्क्षयमुपैति न दीयमाना,
लक्ष्मीरतः कुरुत सन्ततपात्रदानम्।
कूपे न पश्यत जलं गृहिणः समन्तात्-
आकृष्यमाणमपि वर्धत एव नित्यम्।।३८।।

यथा कूप से जल निकले, पर वह तो बढ़ता जाता है।
पुण्य-क्षीण हो तो धन घटता, देने से नहिं घटता है।।

अर्थ ह्न हे गृहस्थों! कुएँ में सदा चारों तरफ से जल निकलता रहता है, फिर भी वह निरन्तर बढता ही रहता है, घटता नहीं है; उसी प्रकार संयमी पात्रों के दान में व्यय की हुई लक्ष्मी, सदा बढ़ती ही जाती है, घटती नहीं, अपितु पुण्य के क्षय होने पर ही घटती है। इसलिए मनुष्य को सदा संयमी पात्रों को दान अवश्य देना चाहिए।

२३७. दान-पूजन आदि कार्यों में लोभ करना उचित नहीं

सर्वान् गुणानिह परत्र च हन्ति लोभः,
सर्वस्य पूज्यजन-पूजन-हानिहेतुः।
अन्यत्र तत्र विहितेऽपि हि दोषमात्र-
मेकत्र जन्मनि परं प्रथयन्ति लोकाः।।३९।।

पूज्यजनों की पूजा में, यह लोभ सर्व गुण घात करे।
लौकिक कार्यों में लालच तो, इसी जन्म का दोष कहें।।

अर्थ ह्न जो लोभ, अर्हन्त आदि पूज्यजनों की पूजा में हानि पहुँचाने वाला है; वह लोभ, इस भव तथा परभव में समस्त मनुष्यों के सम्यग्दर्शनादि गुणों को घातता है। लेकिन जो लोभ, लौकिक विवाह आदि कार्यों में किया जाता है, उस लोभ को तो इस जन्म में मनुष्य

केवल दोष ही कहते हैं। अत: मनुष्य को दान-पूजनादि कार्यों में लोभ नहीं करना चाहिए।

२३८. पात्रदान से उत्पन्न यश के द्वारा अमरत्व की प्राप्ति

जातोऽप्यजात इव स श्रियमाश्रितोऽपि,
रंक: कलंकरहितोऽप्यगृहीतनामा।
कम्बोरिवाऽऽश्रित-मृतेरपि यस्य पुंसः,
शब्दः समुच्चलति नो जगति प्रकामम्।।४०।।

मृत्यु बाद यदि दानजन्य यश, शंखनाद बन नहिं फैले।
व्यर्थ जन्म वह धनी रंक है, निष्कलंक पर नाम न हो।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य का दान से उत्पन्न हुए यश का शब्द, शंख की तरह मृत्यु के बाद भलीभाँति संसार में नहीं फैलता; वह मनुष्य, पैदा हुआ भी नहीं पैदा हुआ-सा है, लक्ष्मीवान् होकर भी दरिद्री ही है तथा कलंकरहित है तो भी कोई उसका नाम नहीं लेता। इसलिए मनुष्य को अवश्य दान देना चाहिए।

२३९. पात्रदान के द्वारा ही मनुष्य-तिर्यंच का भेद सम्भव

श्वापि क्षितेरपि विभुर्जठरं स्वकीयं,
कर्मोपनीतविधिना विदधाति पूर्णम्।
किन्तु प्रशस्य-नृ-भवार्थ-विवेकितानां,
एतत्फलं यदिह सन्ततपात्रदानम्।।४१।।

कर्मोदय अनुसार श्वान अरु, भूप स्वयं का पेट भरें।
पात्रदान ही नरभव लक्ष्मी, ज्ञानी होने का फल है।।

अर्थ ह्न संसार में कर्मानुसार कुत्ता भी अपने पेट को भरता है तथा अपने कर्मानुकूल राजा भी अपने पेट को भरते हैं, इसलिए पेट भरने में तो कुत्ता तथा राजा समान ही हैं, परन्तु उत्तम नरभव पाने का, श्रीमान् होने का तथा उत्तम विवेकी होने का केवल एक ही फल है कि निरन्तर उत्तमादि पात्रों को दान देना; इसलिए जो मनुष्य, उत्तम मनुष्यपने का, श्रीमान् होने का और विवेकी होने का अभिमान रखता है, उसको पात्रदान अवश्य देना चाहिए।

२४०. दान ही धन की सफलता की एकमात्र गति

आयासकोटिभिरुपार्जितमङ्गजेभ्यो,
यज्जीवितादपि निजाद्दयितं जनानाम्।

वित्तस्य तस्य नियतं प्रविहाय दानं,
अन्या विपत्तय इति प्रवदन्ति सन्तः।।४२।।

किया उपार्जित विविध दु:खों से, अधिक इष्ट सुत प्राणों से।
दान मात्र से सफल कहें धन, अन्य विपत्ति सन्त कहें।।

अर्थ ह्न जो धन, परदेश जाकर, सेवा करके इत्यादि नाना प्रकार से पैदा किया गया है, जो मनुष्यों को अपने पुत्रों तथा जीवन से भी अधिक प्यारा है; उस धन की सफलता की एकमात्र गति दान ही है, उसकी दान को छोड़ कर और दूसरी कोई गति नहीं है, अन्य तो सब विपत्ति ही विपत्ति है ह्न ऐसा सज्जन पुरुष कहते हैं; इसलिए समस्त प्रकार के सुख को देने वाला दान, मनुष्य को अवश्य करना चाहिए।

२४१. धनोपार्जन की अपेक्षा पुण्योपार्जन की श्रेष्ठता

नार्थः पदात्पदमपि व्रजति त्वदीयो,
व्यावर्तते पितृवनान्ननु बन्धुवर्गः।
दीर्घे पथि प्रवसतो भवतः सखैकं,
पुण्यं भविष्यति ततः क्रियतां तदेव।।४३।।

एक कदम भी साथ न दे धन, बन्धु मात्र जाते श्मशान।
भव-वन में है मित्र पुण्य ही, अत: कमाओ करके दान।।

अर्थ ह्न मरते समय यह तेरा धन, एक कदम से दूसरे कदम तक भी नहीं जाता है तथा बन्धुओं का समूह, श्मशान भूमि से ही लौट आता है; परन्तु इस दीर्घ संसार में भ्रमण करते हुए तुझको तेरा पुण्य ही एकमात्र मित्र होगा अर्थात् वही तेरे साथ जाएगा। इसलिए तुझे पुण्य का ही उपार्जन करना चाहिए।

२४२. पात्रदान के प्रभाव से सर्व अनुकूलताओं की प्राप्ति

सौभाग्यशौर्यसुखरूप-विवेकिताद्या,
विद्यावपुर्धनगृहाणि कुले च जन्म।
सम्पद्यतेऽखिलमिदं किल पात्रदानात्;
तस्मात्किमत्रसततंक्रियतेनयत्नः।।४४।।

भाग्य-शौर्य सुख-रूप-ज्ञान-तन-विद्या-धन-कुल हो उत्तम।
पात्र-दान से ही मिलते हैं, अत: दान का करो प्रयत्न।।

अर्थ ह्न सौभाग्य, शूरता, सुख, विवेक आदि तथा विद्या, शरीर, धन, घर और उत्तम कुल में जन्म ह्न ये सब बातें उत्तमादि पात्रदान से ही होती हैं; इसलिए भव्य जीवों को सदा पात्रदान में ही प्रयत्न करना चाहिए।

२४३. बाद में दान करूँगा ह्न ऐसे विचार वालों की मूर्खता

न्यासश्च सद्म च करग्रहणश्च सूनोः,
अर्थेन तावदिह कारयितव्यमास्ते।
धर्माय दानमधिकाग्रतया करिष्ये,
सञ्चिन्तयन्नपि गृही मृतिमेति मूढः।।४५।।

भवन बनाना, सुत-विवाह अरु, कुछ धन करना है विनियोग।
फिर मैं दान करूँगा - ऐसा, सोच अचानक मृत्यु हो।।

अर्थ ह्न मुझे जमीन में धन गाड़ना है, धन से मुझे मकान बनवाना है और पुत्र का विवाह करना है, इतने काम करने पर यदि अधिक धन होगा तो धर्म के लिए दान करूँगा ह्न ऐसे विचार करते-करते मूर्ख प्राणी, अचानक मर जाता है और वह कुछ भी नहीं कर पाता; इसलिए मनुष्य को धन मिलने पर सबसे पहले दान करना चाहिए, दान के अतिरिक्त विचार कदापि नहीं करना चाहिए।

२४४. दान रहित मनुष्य से श्रेष्ठ कौआ

किं जीवितेनं कृपणस्य नरस्य लोके,
निर्भोग-दान-धन-बन्धन-बद्ध-मूर्तेः।
तस्माद्वरं बलिभुगुन्नतभूरिवाग्भिः,
व्याहूतकाककुल एव बलिं स भुंक्ते।।४६।।

दान-भोग बिन धन से बँधे, कृपण के जीने से क्या लाभ?।
ऊँचे स्वर में बुला अन्य को, फिर खाये वह काग भला।।

अर्थ ह्न जिस लोभी पुरुष का शरीर, भोग तथा दान रहित धनरूपी बन्धन से बँधा हुआ है, उस कृपण पुरुष का इस लोक में जीना सर्वथा व्यर्थ है क्योंकि उस पुरुष की अपेक्षा वह काक ही अच्छा है, जो कि ऊँचे शब्द बोल कर और बहुत-से काकों को बुला कर, उनके साथ मिल कर भोजन करता है।

भावार्थ ह्न यदि कहीं पर कोई कौआ, थोड़ा-सा भी भोजन किसी पुरुष द्वारा डाला हुआ देख लेवे तो वह ऊँचे शब्द करके, अन्य दूसरे बहुत-से कौओं को बुला कर भोजन

करता है; किन्तु लोभी मनुष्य, योग्य धन पाकर भी न तो स्वयं खाता है, न दूसरों को खिलाता है और न उस धन को दान में ही व्यय करता है। इसलिए लोभी मनुष्य की अपेक्षा कौआ ही उत्तम है। उस लोभी पुरुष का होना या न होना तो संसार में समान है। इसलिए जो मनुष्य, अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता है, वह अवश्य उत्तम पात्रों को दान देवें।

२४५. उदार मनुष्य की निन्दा के बहाने प्रशंसा

औदार्ययुक्त-जन-हस्त-परम्पराप्त-,
व्यावर्तनप्रसृतखेदभरातिखिन्नाः।
अर्था गताः कृपणगेहमनन्तसौख्य-,
पूर्णा इवानिशमबाधमतिस्वपन्ति।।४७।।

दानी के घर रहने वाला; वित्त, दान से दुःखी हुआ।
अतः कृपण के घर जाकर वह, निर्बाधित सुख से सोता।।

अर्थ ह्न आचार्य उत्प्रेक्षा करते हैं कि उदारता सहित मनुष्य के हाथों से पैदा हुए श्रम से अत्यन्त खेद उत्पन्न होता है; उससे खिन्न होकर, समस्त धन, कृपण के घर चला गया है तथा वहीं पर वह बाधा रहित आनन्द के साथ सोता है ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न यहाँ पर उत्प्रेक्षालंकार है, इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि यह स्वाभाविक बात है कि जिसको जहाँ पर दुःख होता है, वह उस स्थान को छोड़ कर, दूसरे स्थान में चला जाता है। उसी प्रकार धन ने भी यह सोचा कि उदार मनुष्य के घर में रहने से हमको दान आदि कार्यों में जहाँ-तहाँ घूमना पड़ता है तथा व्यर्थ के घूमने से हमको पीड़ा भोगनी पड़ती है; इसलिए वह धन, कृपण के घर में चला गया तथा वहाँ पर न घूमने के कारण वह आनन्द से एक जगह पर ही रहने लगा।

सारार्थ ह्न उदार का धन तो दान आदि कार्यों में खर्च होता है और कृपण का एक जगह पर ही रखा रहता है।

२४६. उत्तम-मध्यम-जघन्य आदि पात्र-कुपात्र-अपात्र के भेद

उत्कृष्ट-पात्रमनगारमणुव्रताऽढ्यं,
मध्यं व्रतेन रहितं सुदृशं जघन्यम्।
निर्दर्शनं व्रत-निकाय-युतं कुपात्रं,
युग्मोज्झितं नरमपात्रमिदञ्च विद्धि।।४८।।

उत्तम पात्र महामुनि, मध्यम अणुव्रती, अव्रती जघन।
व्रती कुदृष्टि है कुपात्र, अव्रती मूढ़जन पात्र नहीं।।

अर्थ ह्न उत्तम पात्र तो महाव्रती (मुनि) हैं, अणुव्रती (श्रावक) मध्यम पात्र हैं, व्रतरहित सम्यग्दृष्टि जघन्य पात्र हैं, व्रतसहित मिथ्यादृष्टि कुपात्र हैं तथा अव्रती मिथ्यादृष्टि अपात्र है ह्न ऐसा जानना चाहिए।

२४७. सभी प्रकार के दान फलदायी, परन्तु पात्रदान ही सर्वश्रेष्ठ

तेभ्यः प्रदत्तमिह दानफलं जनानां,
एतद्विशेषणविशिष्टमदुष्टभावात्।
अन्यादृशेऽथ हृदये तदपि स्वभावात्,
उच्चावचं भवति किं बहुभिर्वचोभिः।।४९।।

निर्मल भावों से पात्रों को, दिया दान फल देता है।
माया से दे तो भी जैसे, भाव करे फल वैसा है।।

अर्थ ह्न अत्यन्त निर्मल भाव से उत्तम आदि पात्रों के लिए दिया हुआ दान, मनुष्यों को उत्तम आदि फल का देने वाला होता है; लेकिन जो दान, मायाचार अथवा दुष्ट परिणामों से दिया जाता है, वह भी स्वभाव से नीचेह्नऊँचे फल को देने वाला होता है। इसलिए आचार्य कहते हैं कि इस विषय में हम विशेष क्या कहें? ह्न दान, अवश्य फल देने वाला होता है।

भावार्थ ह्न उत्तम पात्र को निर्मल भाव से दिया हुआ दान, सम्यग्दृष्टि को तो स्वर्ग-मोक्ष आदि उत्तम फल का देने वाला है; वही दान, मिथ्यादृष्टि को भोगभूमि के सुख को देने वाला है; वही मध्यम पात्र में दिया हुआ दान, सम्यग्दृष्टि को तो स्वर्ग-फल का देने वाला है; वही दान, मिथ्यादृष्टि को मध्यम भोगभूमि के सुख का देने वाला है तथा जघन्य पात्र में दिया हुआ दान, सम्यग्दृष्टि को तो स्वर्ग-फल का देने वाला है और वही दान, मिथ्यादृष्टि को जघन्य भोगभूमि के सुख का देने वाला है।

इस प्रकार पात्रदान का फल है तथा कुपात्र में दिया हुआ दान, कुभोगभूमि के फल को देने वाला है और अपात्र में दिया हुआ दान, व्यर्थ तथा दुर्गति के फल का देने वाला है। साथ ही दुष्ट परिणामों से दिया हुआ दान, ऊँचे-नीचे फल को देने वाला है। इस प्रकार दान कुछ न कुछ फल अवश्य देता है; इसलिए भव्य जीवों को तो अपने आत्महित के लिए उत्तमादि पात्रों में निर्मल भाव से दान देना ही चाहिए।

२४८. चार प्रकार के दान की महिमा

चत्वारि यान्यभयभेषजभुक्तिशास्त्र-,
दानानि तानि कथितानि महाफलानि।

नान्यानि गोकनकभूमिरथाङ्गनादि-,
दानानि निश्चितमवद्यकराणि यस्मात्।।५०।।

औषधि-शास्त्र-अभय-आहार, चतुर्विध दान महाफल दें।
गौ-सुवर्ण-रथ आदि दान तो, पापोत्पादक निन्द्य कहें।।

अर्थ ह्न आहार, औषध, अभय और शास्त्र ह्न ऐसे दान चार प्रकार का है। वह चार प्रकार का दान तो महा फल को देने वाला कहा है, परन्तु इससे भिन्न गौ, सुवर्ण, जमीन, रथ, स्त्री आदि का दान, महा फल को देने वाला नहीं है, वह तो निन्दा का कराने वाला ही है। इसलिए महा फल के अभिलाषियों को उक्त चार प्रकार का ही दान देना चाहिए।

२४९. जिन-मन्दिर अथवा जीर्णोद्धार हेतु दान का महत्त्व

यद्दीयते जिनगृहाय धरादि किंचित्,
तत्तत्र संस्कृतिनिमित्तमिह प्ररूढम्।
आस्ते ततस्तदतिदीर्घतरं हि कालं,
जैनश्च शासनमतः कृतमस्ति दातुः।।५१।।

जिन-मन्दिर के लिए भूमि का दान करे संस्कृति रक्षा।
जिन-शासन चिरजीवी दाता ने जिनमत उद्धार किया।।

अर्थ ह्न जो जिन-मन्दिर बनाने के लिए अथवा सुधारने के लिए जमीन, धन आदि दिए जाते हैं, उनसे जिन-मन्दिर अच्छा बनता है, उस जिन-मन्दिर के प्रभाव से बहुत काल तक जिनेन्द्र का मत, इस पृथ्वी-मण्डल पर विराजमान रहता है। इसलिए दाता ने जिन-मन्दिर के लिए जमीन, धन आदि देकर जैनमत का उद्धार किया ह्न ऐसा समझना चाहिए।

२५०. मिथ्यात्व का फल कृपणता

दान-प्रकाशनमशोभन-कर्म-कार्य-
कार्पण्य-पूर्ण-हृदयाय न रोचतेऽदः।
दोषोज्झितं सकललोकसुखप्रदायि-
तेजो रवेरिव सदा हतकौशिकाय।।५२।।

मोह-तिमिर से कृपण अन्ध को, दान-प्रकाश न रुचता है।
उल्लू को ज्यों रात्रि-विहीन, सुखद रवि-तेज न रुचता है।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि खोटे मिथ्यात्वरूपी कर्म का कार्य कृपणता है, उससे

जिसका हृदय भरा हुआ है ह्न ऐसे कृपण पुरुष को, समस्त दोष से रहित तथा सर्व लोक को सुख देने वाला दान का प्रकाशरूप कार्य उसी प्रकार अच्छा नहीं लगता, जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश उल्लू को अच्छा नहीं लगता है।

२५१. भव्यों को ही दानोपदेश हर्ष का कारण

दानोपदेशनमिदं कुरुते प्रमोदं,
आसन्नभव्यपुरुषस्य न चेतरस्य।
जातिः समुल्लसति दारु न भृङ्गसंगात्,
इन्दीवरं हसति चन्द्रकरैर्न चाश्मा।।५३।।

अहो! दान-उपदेश निकट, भव्यों को ही आनन्द करे।
सुमन भ्रमर से, कुमुदचन्द्र से, खिले, न काष्ठ-पाषाण खिले।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जिस प्रकार भ्रमरों के संग से चमेली ही विकसित होती है, लकड़ी विकसित नहीं होती। चन्द्रमा की किरणों से कमल ही प्रफुल्लित होता है, पाषाण नहीं। उसी प्रकार जिसको थोड़े ही काल में मोक्ष होने वाला है ह्न ऐसे भव्य मनुष्य को ही यह दान का उपदेश, हर्ष उत्पन्न करने वाला होता है, अभव्य को यह दान का उपदेश, कुछ भी हर्ष का करने वाला नहीं है।

२५२. 'दानोपदेश' अधिकार का उपसंहार

रत्नत्रयाऽभरण-वीर-मुनीन्द्र-पाद-,
पद्म-द्वय-स्मरण-संजनित-प्रभावः।
श्रीपद्मनन्दि-मुनिराश्रित-युग्म-दान-,
पञ्चाशतं ललितवर्णचयं चकार।।५४।।

रत्नत्रय-भूषित श्री वीरनन्दि के चरण-युगल का तेज।
रचा दान-पञ्चाशत ललित पदों से पद्मनन्दि मुनि ने।।

अर्थ ह्न आचार्यवर दानोपदेशरूप प्रकरण को पूर्ण करते हुए कहते हैं कि रत्नत्रयरूपी भूषण से भूषित ऐसे श्री वीरनन्दि नामक मुनीन्द्र के दोनों चरण-कमलों के स्मरण से जिसको उत्तम प्रभाव उत्पन्न हुआ है ह्न ऐसे श्री पद्मनन्दि नामक मुनि द्वारा उत्तमोत्तम वर्णों की रचना से ५४ श्लोकों में दान का प्रकरण पूर्ण हुआ।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'दानोपदेश'** नामक **'दूसरा अधिकार'** पूर्ण होता है।

*****

अधिकार – ३

अनित्य पंचाशत्

२५३. मङ्गलाचरण में जिनवाणी का गुणानुवाद

आर्या

जयति जिनो धृतिधनुषा,-मिषुमाला भवति योगियोधानाम्।
यद्वाक्करुणामय्यपि, मोहरिपुप्रहतये तीक्ष्णा।।१।।

जिससे धैर्य-धनुषधारी योगी-भट करें मोह का नाश।
जयवन्तो जिन, जिनकी वाणी, तीक्ष्ण बाण की पंक्ति समान।।

अर्थ ह्न जिस जिनेन्द्र की दयामयी वाणी, धैर्यरूपी धनुष को धारण करने वाले योगीरूपी योद्धाओं के मोहरूपी बैरी का नाश करने के लिए पैनी बाणों की पंक्ति के समान है ह्न ऐसे वे जिनेन्द्र! इस संसार में सदा जयवन्त हैं।

भावार्थ ह्न जो दयामय होता है, वह किसी का नाश नहीं कर सकता, किन्तु भगवान की वाणी में यह विचित्रता है कि दयामयी होने पर भी वह योगियों के मोह को पल भर में नाश कर देती है। इसलिए ऐसी आश्चर्यकारी वाणी के धारक जिनेन्द्र! इस संसार में सदा जयवन्त हैं।

२५४. मनुष्य शरीर की अनित्यता

शार्दूलविक्रीडित

यद्येकत्र दिने न भुक्तिरथवा, निद्रा न रात्रौ भवेत्;
विद्रात्यम्बुजपत्रवद्दहनतोऽभ्यासस्थिताद्यद् ध्रुवम्।
अस्त्रव्याधिजलादितोऽपि सहसा, यच्च क्षयं गच्छति;
भ्रातः कात्र शरीरके स्थितिमतिः, नाशेऽस्य को विस्मयः।।२।।

भोजन नहीं एक दिन हो, या निद्रा नहीं रात्रि में हो।।
तो यह तन मुरझा जाता है, अग्नि संग ज्यों कमल अहो!।

अस्त्र व्याधि जल अग्नि आदि से, पल भर में जो होता नष्ट।
हे भाई! क्यों स्थिर मानो, क्या विस्मय जो होय विनष्ट?।।

अर्थ ह्न यदि एक दिन खाया न जाए अथवा रात्रि में सोया न जाए तो यह शरीर, उसी प्रकार मुरझा जाता है, जिस प्रकार पास में जलने वाली अग्नि से कमल का पत्र मुरझा जाता है। इसी प्रकार यह शरीर, हथियार-रोग-जल-अग्नि आदि से भी पल भर में नष्ट हो जाता है। इसलिए आचार्य कहते हैं कि 'हे भाई! ऐसा शरीर कब तक रहेगा? ह्न ऐसा कुछ निश्चित नहीं है। अथवा यह जल्दी नष्ट होगा तो इसमें भी कोई आश्चर्य नहीं।' अतः इस शरीर में किसी प्रकार की ममता न रख कर, अपना आत्मकल्याण करो।

२५५. शरीररूपी झोपड़े की अपवित्रता एवं विनाशीकता

दुर्गन्धाऽशुचिधातुभित्तिकलितं, संछादितं चर्मणा;
विण्मूत्रादिभृतं क्षुधादिविलसद्, दुःखाखुभिश्छिद्रितम्।
क्लिष्टं कायकुटीरकं स्वयमपि, प्राप्तं जरावह्निना;
चेदेतत्तदपि स्थिरं शुचितरं, मूढो जनो मन्यते।।३।।

दुर्गन्धित अपवित्र धातुमय ढकी चर्म से है दीवार।
क्षुधा-तृषा-दुःख चूहों के बिल, मल-मूत्रादिक की भरमार।।
स्वयं दुःखमय काय कुटी यह, जरा अग्नि से घिरी हुई।
तो भी इसे पवित्र और थिर, मान रहे हैं मूढ़मति।।

अर्थ ह्न जिस देहरूपी झोपड़े की दीवारें, दुर्गन्धित और अपवित्र ह्न ऐसी मल-मूत्र आदि तथा वीर्य-मज्जा-चर्बी आदि धातुओं की बनी हुई हैं। जो ऊपर से चाम से ढका हुआ है, लेकिन अन्दर विष्टा-मूत्र आदि से भरा हुआ है। भूख-प्यास आदि दुःखरूपी चूहों ने जिसमें बिल बना रखे हैं अर्थात् जो दुःखों का भण्डार है। वृद्धावस्थारूपी अग्नि, जिसके चारों ओर मौजूद है। ऐसे शरीररूपी झोपड़े को भी मूढ़ प्राणी अविनाशी तथा पवित्र मानते हैं ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है।

२५६. लक्ष्मी-स्त्री-पुत्रादि के उत्पत्ति-नाश में हर्ष-विषाद का निषेध

अम्भोबुद्बुदसन्निभा तनुरियं, श्रीरिन्द्रजालोपमा;
दुर्वाताहत-वारिवाह-सदृशाः, कान्तार्थपुत्रादयः।
सौख्यं वैषयिकं सदैव तरलं, मत्ताङ्गनाऽपाङ्गवत्;
तस्मादेतदुपप्लवाप्तिविषये, शोकेन किं किं मुदा।।४।।

यह तन जल के बुदबुद-सम है, इन्द्रजाल-सम लक्ष्मी जान।
धन-सुत-मित्रादिक सब नश्वर, पवन-प्रताड़ित मेघ समान।।
विषयों का सुख भी चंचल है, नारी नेत्र-कटाक्ष समान।
अत: प्राप्ति में हर्ष, बिछुड़ने पर क्यों शोक करें विद्वान्?।।

अर्थ ह्न शरीर तो जल के बुलबुलों के समान है। लक्ष्मी इन्द्रजाल के समान है तथा स्त्री-धन-पुत्र-मित्र आदि, खोटे पवन से नष्ट हुए मेघों के समान पल भर में विनाशीक हैं। ये विषय सम्बन्धी सुख, युवती स्त्री के कटाक्ष के समान चंचल हैं। इसलिए आचार्य कहते हैं कि इनके नाश होने पर विद्वानों को न तो शोक करना चाहिए और न मिलने पर हर्ष मनाना चाहिए।

भावार्थ ह्न यह बात आबाल-गोपाल सबको प्रसिद्ध है कि जो पैदा हुआ है, वह अवश्य ही नष्ट होगा। तो फिर मनुष्यों को लक्ष्मी आदि की उत्पत्ति में हर्ष तथा उसके नाश होने पर शोक नहीं मनाना चाहिए तथा जिस प्रकार बने, उस प्रकार अपनी आत्मा का कल्याण करना चाहिए।

२५७. शरीर के सम्बन्ध से दु:ख एवं आत्मस्वरूप के चिन्तवन से सुख

दु:खे वा समुपस्थितेऽथ मरणे, शोको न कार्यो बुधैः;
सम्बन्धो यदि विग्रहेण यदयं, सम्भूतिधात्र्येतयोः।
तस्मात्तत्परिचिन्तनीयमनिशं, संसार-दु:ख-प्रदो;
येनास्य प्रभवः पुरः पुनरपि, प्रायो न सम्भाव्यते।।५।।

देह-संग से दु:ख या मृत्यु, हो तो बुध नहिं शोक करें।
क्योंकि देह तो दु:ख-शोक की, उत्पादक है भूमि अरे!।।
अत: सुधीजन वस्तु-स्वरूप-विचार निरन्तर किया करें।
जिससे नाना दु:खदायक यह, देह पुन: फिर नहीं मिले।।

अर्थ ह्न यद्यपि देह के सम्बन्ध से संसार में दु:ख तथा शोक आकर उपस्थित होते हैं तो भी विद्वानों को किसी पदार्थ के लिए दु:ख तथा शोक नहीं करना चाहिए क्योंकि यह देह, दु:ख तथा शोक को पैदा करने वाली भूमि है। इसलिए विद्वानों को निरन्तर उस आत्मस्वरूप का चिन्तवन करना चाहिए, जिससे नाना प्रकार के संसार-दु:खों को देने वाले इस शरीर की उत्पत्ति भविष्य में फिर से न हो।

२५८. स्त्री आदि के वियोग में शोक करना, मूढ़ता का लक्षण

दुर्वाराऽर्जितकर्मकारणवशा,-दिष्टे प्रणष्टे नरे;
यत् शोकं कुरुते तदत्र नितरा,-मुन्मत्तलीलायितम्।

यस्मात्तत्र कृते न सिध्यति किमप्येतत्परं जायते;
नश्यन्त्येव नरस्य मूढ़मनसो, धर्मार्थकामादयः।।६।।

दुर्वारार्जित कर्मोदय से, जब मनुष्य को इष्ट-वियोग।
होवे तो उन्मत्त हुआ वह, करता बिना प्रयोजन शोक।।
अरे! मूढ़ को व्यर्थ शोक से, कुछ भी प्राप्त नहीं होता।
किन्तु धर्म अरु अर्थ-काम का, वह प्रयत्न भी खो देता।।

अर्थ ह्न जिसका निवारण नहीं हो सकता तथा पूर्वभव में संचित कर्मरूपी कारण के वश से जो मनुष्य, अपने प्रिय स्त्री-पुत्र-मित्र आदि के नष्ट होने पर उन्मादी मनुष्य की लीला के समान इस संसार में निष्प्रयोजन अत्यन्त शोक करता है, उस मूर्ख मनुष्य को उस प्रकार के व्यर्थ शोक करने से कुछ भी नहीं मिलता, उस मूढ़ मनुष्य के धर्म-अर्थ-काम आदि का नाश हो जाता है। इसलिए विद्वानों को इस प्रकार का शोक कदापि नहीं करना चाहिए।

२५९. मृत्यु होने पर भी आत्मा का नाश असम्भव

उपेन्द्रवज्रा

उदेति पाताय रविर्यथा तथा,
शरीरमेतन्ननु सर्वदेहिनाम्।
स्वकालमासाद्य निजेऽपि संस्थिते,
करोति कः शोकमतः प्रबुद्धधीः।।७।।

सूर्य उदित हो अस्त हेतु, यह देह बिछुड़ने हेतु मिले।
अत: कालवश प्रिय-वियोग हो, तो प्रबुद्ध नहिं शोक करें।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार सूर्य अस्त होने के लिए उदित होता है, उसी प्रकार यह शरीर भी निश्चय से नाश होने के लिए ही उत्पन्न होता है। इसलिए स्वकाल के अनुसार अपने प्रिय स्त्री, पुरुष आदि के मरने पर भी हिताहित के जानने वाले मनुष्य कदापि शोक नहीं करते।

भावार्थ ह्न जो पैदा होता है, वह नियम से नष्ट होता है। जब स्त्री, पुत्र आदि का शरीर पैदा हुआ है तो अवश्य ही नष्ट होगा। आत्मा का तो नाश हो ही नहीं सकता ह्न ऐसा जान कर बुद्धिमान पुरुष, स्त्री-पुत्र आदि के लिए किञ्चित् भी शोक नहीं करते।

२६०. स्वकाल के अनुसार जीवन-मरण होने में वृक्ष का उदाहरण

भवन्ति वृक्षेषु पतन्ति नूनं,
पत्राणि पुष्पाणि फलानि यद्वत्।

कुलेषु तद्वत्पुरुषाः किमत्र,
हर्षेण शोकेन च सन्मतीनाम्।।८।।

वृक्षों पर ज्यों विविध पत्र-फल-पुष्प उपजते नशते हैं।
त्यों प्रिय के आते-जाते, क्यों सुबुध हर्ष या शोक करें?।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार वृक्षों पर अपने-अपने काल के अनुसार नाना जाति के पत्ते, फूल, फल आदि उत्पन्न होते हैं तथा अपने-अपने काल के अनुसार ही वे नष्ट भी होते हैं; उसी प्रकार अपने-अपने कर्मों के अनुसार मनुष्य, उच्च-नीच आदि कुलों में जन्म लेते हैं तथा नष्ट भी होते हैं। इसलिए ऐसा भलीभाँति समझ कर, बुद्धिमानों को उनकी उत्पत्ति में हर्ष तथा नाश में शोक कदापि नहीं करना चाहिए।

२६१. 'मृत्यु के पश्चात् शोक' ह्न अन्धकार में नृत्य करने के समान

शार्दूलविक्रीडित

दुर्लङ्घ्याद्भवितव्यताव्यतिकरात् नष्टे प्रिये मानुषे;
यच्छोकः क्रियते तदत्र तमसि, प्रारभ्यते नर्तनम्।
सर्वं नश्वरमेव वस्तु भुवने, मत्वा महत्या धिया;
निर्धूताऽखिलदुःखसन्ततिरहो, धर्मः सदा सेव्यताम्।।९।।

होनहार व्यापार प्रबल है, अतः इष्ट-जन होते नष्ट।
जो नर शोक करे वह मानो, अन्धकार में करता नृत्य।।
जग में सभी वस्तुएँ नश्वर, प्रबल बुद्धि से करो विचार।
दुःख-सन्तति का नाश करे, जो धर्म उसी का लो आधार।।

अर्थ ह्न जिसका कष्ट से भी उल्लंघन नहीं हो सकता ह्न ऐसी भवितव्यता (दैव) के व्यापार से अपने प्रिय स्त्री-पुत्र आदि के नष्ट होने पर भी जो मनुष्य शोक करता है, वह अन्धकार में नृत्य को आरम्भ करता है ह्न ऐसा जान पड़ता है। अर्थात् अन्धकार में किये हुए नृत्य को कोई देख नहीं सकता। इसलिए जिस प्रकार अन्धकार में नृत्य करना व्यर्थ होता है; उसी प्रकार स्त्री-पुत्र आदि के लिए मनुष्य का शोक करना भी व्यर्थ है। अतः आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य जीवों! अपने ज्ञान से संसार में सब चीजों को विनाशीक समझ कर, समस्त दुःखों की सन्तान को जड़ से उड़ाने वाले धर्म का ही तुम सदा सेवन करो।

२६२. 'मृत्यु के पश्चात् शोक' सर्प के चले जाने पर उसकी रेखा पीटने के समान

पूर्वोपार्जितकर्मणा विलिखितं, यस्याऽवसानं यदा;
तज्जायेत तदैव तस्य भविनो, ज्ञात्वा तदेतद्ध्रुवम्।

शोकं मुञ्च मृते प्रियेऽपि सुखदं, धर्मं कुरुष्वादरात्;
सर्पे दूरमुपागते किमिति, भोस्तद्घृष्टिराहन्यते।।१०।।

पूर्वोपार्जित कर्मों द्वारा, लिखा गया जब जिसका अन्त।
तभी मरण होता है उसका, यह निश्चित मानो हे भव्य!।।
प्रिय-वियोग हो किन्तु शोक तज, सुखद धर्म को आराधो।
साँप निकल जाने पर, रेखा पर प्रहार है व्यर्थ अहो!।।

अर्थ ह्न पूर्वभव में संचित कर्म के द्वारा जिस प्राणी का अन्त, जिस काल में लिख दिया गया है; उस प्राणी का अन्त, उसी काल में होता है ह्न ऐसा भलीभाँति निश्चय करके हे भव्य जीवों! तुम अपने प्रिय स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर भी शोक छोड़ दो तथा बड़े आदर से धर्म का आराधन करो क्योंकि सर्प के दूर चले जाने पर उसकी रेखा को पीटना व्यर्थ है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सर्प के चले जाने पर उसकी रेखा को पीटना व्यर्थ है, उसी प्रकार स्त्री-पुत्र आदि के मर जाने पर उनके लिए शोक करना भी बिना प्रयोजन का है। इसलिए विद्वानों को उनके लिए शोक नहीं करना चाहिए।

२६३. जगत् में मूर्ख कौन? और मूर्ख-शिरोमणि कौन?

ये मूर्खा भुवि तेऽपि दुःखहतये, व्यापारमातन्वते;
सा माभूदथवा स्वकर्मवशतः, तस्मान्न ते तादृशाः।
मुर्खान्मूर्खशिरोमणीन् ननु वयं, तानेव मन्यामहे;
ये कुर्वन्ति शुचं मृते सति निजे, पापाय दुःखाय च।।११।।

कर्मोदय वश हुए दुःखों से, बच सकते या नहीं बचें।
किन्तु दुःखों से बचने हेतु, मूर्ख लोग ही यत्न करें।।
महामूर्ख हम उन्हें न मानें, मूर्ख-शिरोमणि तो वे हैं।
प्रिय-वियोग में पाप और, दुःख का कारण जो शोक करें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि अपने कर्म के वश से चाहे दुःखों की निवृत्ति हो अथवा न हो तो भी दुःख की निवृत्ति के लिए जो व्यापार आदि करते हैं, वे भी संसार में मूर्ख हैं, लेकिन हम उनको अतिमूर्ख नहीं मानते; किन्तु जो अपने प्रिय स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर पाप के लिए अथवा दुःखों की उत्पत्ति के लिए शोक करते हैं, उन्हीं को निश्चय से हम मूर्ख-शिरोमणि अर्थात् वज्र मूर्ख मानते हैं। इसलिए विद्वानों को स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर कदापि शोक नहीं करना चाहिए।

२६४. जगत् की अनित्यता और उसकी नि:सारता में उदाहरण

किं जानासि न किं शृणोषि न न किं, प्रत्यक्षमेवेक्षसे;
निःशेषं जगदिन्द्रजालसदृशं, रम्भेव सारोज्झितम्।
किं शोकं कुरुषेऽत्र मानुषपशो, लोकान्तरस्थे निजे;
तत्किञ्चित् कुरु येन नित्यपरमानन्दास्पदं गच्छसि।।१२।।

जग है इन्द्रजाल-सम नश्वर, केलि-स्तम्भ समान असार।
तूने क्या प्रत्यक्ष न देखा, जाना अथवा नहीं सुना।।
अन्य लोक में बैठे प्रियजन, फिर क्यों उनका शोक करें?।
कुछ ऐसा कर अरे! कि जिससे, शाश्वत परमानन्द मिले।।

अर्थ ह्न हे मूढ़ मनुष्य! यह समस्त जगत् इन्द्रजाल के समान अनित्य है तथा केले के स्तम्भ के समान निस्सार है। इस बात को क्या तू नहीं जानता है? अथवा सुनता नहीं है? या प्रत्यक्ष देखता नहीं है? अत: स्त्री-पुत्र आदि के दूसरे लोक में रहने पर भी तू उनके लिए इस संसार में व्यर्थ शोक करता है। अरे! कोई ऐसा काम कर, जिससे तुझे अविनाशी तथा उत्तम सुख के देने वाले स्थान की प्राप्ति हो।

भावार्थ ह्न संसार में यदि एक भी चीज नित्य अथवा सारभूत होती, तब तो शोक करना व्यर्थ न होता; किन्तु संसार में तो समस्त वस्तुएँ इन्द्रजाल और केले के खम्भे के समान विनाशीक तथा निस्सार हैं, फिर शोक करना सर्वथा व्यर्थ है। इसलिए हे भव्यों! उस प्रसिद्ध रत्नत्रय का आराधन करो, जिससे तुम्हें मोक्ष आदि सुख की प्राप्ति बिना कष्ट के हो।

२६५. जिसका जन्म, उसका मरण अवश्यम्भावी

वसन्ततिलका

जातो जनो म्रियत एव दिने च मृत्योः;
प्राप्ते पुनस्त्रिभुवनेऽपि न रक्षकोऽस्ति।
तद्यो मृते सति निजेऽपि शुचं करोति;
पूत्कृत्य रोदिति वने विजने स मूढः।।१३।।

जो जन्मे वह निश्चित मरता, कोई नहीं रक्षक जग में।
स्वजन मृत्यु पर शोक करे जो, रोता वह निर्जन वन में।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य पैदा हुआ है, वह मृत्यु के दिन अवश्य ही मरता है। मरते समय

तीनों लोक में उसकी कोई भी रक्षा नहीं कर सकता है। इसलिए आचार्य कहते हैं कि जो मनुष्य, अपने प्रिय स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर शोक करता है; वह मनुष्य, जहाँ पर कोई नहीं ह्न ऐसे वन में जाकर फुक्का मारह्नमार कर रोता है ह्न ऐसा जान पड़ता है।

भावार्थ ह्न जहाँ पर कोई मनुष्य नहीं ह्न ऐसे स्थान में रोना जिस प्रकार व्यर्थ होता है; उसी प्रकार मरने पर किसी की कोई भी रक्षा नहीं कर सकता ह्न इस बात को भलीभाँति जानता हुआ भी स्त्री-पुत्र आदि के लिए जो शोक करता है, उसका यह शोक करना भी व्यर्थ है। इसलिए विद्वानों को कदापि ऐसा शोक नहीं करना चाहिए।

२६६. इष्ट-वियोग एवं अनिष्ट-संयोग के नाश का उपदेश

इष्टक्षयो यदिह ते यदनिष्टयोगः;
पापेन तद्भवति जीव पुराकृतेन।
शोकं करोषि किमु तस्य कुरु प्रणाशं;
पापस्य तौ न भवतः पुरतोऽपि येन।।१४।।

इष्ट-वियोग अनिष्ट-योग हो, तुझे पूर्वकृत पापों से।
शोक करे क्यों? पाप नाश कर, योग-वियोग न हो फिर से।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि हे जीव! यह जो तुझे इष्ट स्त्री-पुत्र आदि के नाश का तथा अनिष्ट सर्प आदि का सम्बन्ध होता है; वह तेरे पूर्वकाल में संचय किये हुए पाप के उदय से ही होता है। इसलिए तू शोक क्यों करता है? उस पाप का सर्वथा नाश कर, जिससे फिर तुझे भविष्य में इष्ट-वियोग तथा अनिष्ट-संयोग का उदय न होवे।

२६७. हे जीव! शोकरूपी महाराक्षस के वश होना उचित नहीं

शार्दूलविक्रीडित

नष्टे वस्तुनि शोभनेऽपि हि तदा, शोकः समारभ्यते;
तल्लाभोऽथ यशोऽथ सौख्यमथवा, धर्मोऽथवा स्याद्यदि।
यद्येकोऽपि न जायते कथमपि, स्फारैः प्रयत्नैरपि;
प्रायस्तत्र सुधीर्मुधा भवति कः, शोकोग्रराक्षसवशः।।१५।।

इष्ट वस्तुओं के विनाश में, तभी उचित करना है शोक।
वस्तु मिले या यश हो अथवा, धर्म और हो सुख का भोग।।
किन्तु एक भी नहिं हो इनमें, चाहे जितना करें प्रयत्न।
तो फिर कौन सुधी हो सकता, व्यर्थ शोक-राक्षस के वश।।

अर्थ ह्न प्रिय वस्तु के नाश होने पर भी शोक करना तब उचित है, जबकि उसकी प्राप्ति हो जाए अथवा शोक करने से कीर्ति फैले अथवा सुख या धर्म हो; किन्तु बड़े से बड़े अनेक प्रयत्नों के करने पर भी उपर्युक्त वस्तुओं में से किसी भी वस्तु की प्राप्ति नहीं दिख पड़ती। इसीलिए विद्वान् पुरुष, इष्ट वस्तु के नाश होने पर भी प्रायः कुछ भी व्यर्थ शोक नहीं करते। (अर्थात् शोकरूपी महाराक्षस के वश नहीं होते।)

भावार्थ ह्न शोक करने पर यदि गई वस्तु फिर से आ जाए अथवा कीर्ति हो अथवा सुख तथा धर्म हो, तब तो उस वस्तु के लिए शोक करना उचित है, परन्तु उनमें से तो एक भी बात नहीं होती, फिर विद्वानों को क्यों शोक करना चाहिए?

२६८. संसार की स्थिति पक्षियों के रैन-बसेरा के समान

वसन्ततिलका

एकद्रुमे निशि वसन्ति यथा शकुन्ताः;
प्रातः प्रयान्ति सहसा सकलासु दिक्षु।
स्थित्वा कुले बत तथान्यकुलानि मृत्वा;
लोकाः श्रयन्ति विदुषा खलु शोच्यते कः॥१६॥

एक वृक्ष पर पक्षी आते, प्रातः चहुँ दिशि गमन करें।
त्यों कुटुम्ब के प्राणी परभव, जाते बुध नहिं शोक करें।।

अर्थ ह्न रात्रि के समय जिस प्रकार एक ही वृक्ष पर नाना देशों से आकर पक्षी निवास करते हैं तथा सबेरा होने पर शीघ्र ही वे अलग-अलग दिशाओं में अलग-अलग उड़ जाते हैं; उसी प्रकार बहुत-से मनुष्य एक कुल में जन्म लेकर, पुनः अपने कर्म के अनुसार मर कर, नाना कुलों में जन्म लेते हैं ह्न ऐसी संसार की स्थिति को जान कर, विद्वान् लोग कदापि शोक नहीं करते।

२६९. गुरुओं के वचनरूपी दीपक से मोक्षपद की प्राप्ति

शार्दूलविक्रीडित

दुःखव्यालसमाकुलं भववनं, जाड्यान्धकाराश्रितं;
तस्मिन्दुर्गतिपल्लिपातिकुपथैः, भ्राम्यन्ति सर्वेऽङ्गिनः।
तन्मध्ये गुरुवाक्प्रदीपममलं, ज्ञानप्रभाभासुरं;
प्राप्यालोक्य च सत्पथं सुखपदं, याति प्रबुद्धो ध्रुवम्॥१७॥

यह भव-वन है दुःख सर्प, एवं अज्ञान-तिमिर से व्याप्त।
भटक रहे हैं जीव जगत् के, दुर्गति भीलों के उन्मार्ग।।
निर्मल ज्ञान-प्रभा से जगमग, गुरु-वचनों के दीपक से।
मार्ग देख कर कोई चतुर नर, शिवपद निश्चित प्राप्त करे।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के दुःखरूपी सर्प और हस्तियों से व्याप्त तथा अज्ञानरूपी अन्धकार से युक्त और नरकादि गतिरूपी भीलों के भयंकर मार्गों से सहित इस संसाररूपी भव-वन में समस्त प्राणी भटकते फिरते हैं, किन्तु उन प्राणियों में चतुर मनुष्य, निर्मल ज्ञानरूपी प्रभा से दैदीप्यमान ह्न ऐसे गुरुओं के वचनरूपी दीपक को पाकर तथा उस वचनरूपी दीपक के द्वारा उत्तम मार्ग को देख कर, मोक्षपद को प्राप्त कर लेता है।

भावार्थ ह्न दुःख, अज्ञान और खोटी गतियों से सहित, इस संसार में भटकते हुए प्राणियों को सन्मार्ग का प्रकाश करने वाले गुरुओं के वचन ही हैं। इसलिए जो मनुष्य, सच्चे मार्ग को जान कर, उत्तम मोक्षपद को प्राप्त करना चाहते हैं, उनको गुरुओं के वचनों पर अवश्य विश्वास करना चाहिए।

२७०. पूर्वोपार्जित कर्म के अनुसार मरण समय निश्चित

वसन्ततिलका

यैव स्वकर्मकृतकालकलात्र जन्तुः;
तत्रैव याति मरणं न पुरो न पश्चात्।
मूढास्तथापि हि मृते स्वजने विधाय;
शोकं परं प्रचुरदुःखभुजो भवन्ति।।१८।।

किया कर्म ने मरण सुनिश्चित, पहले-पीछे कभी न हो।
किन्तु मूढ़-जन प्रिय-वियोग में, शोक करें अरु दुःख भोगें।।

अर्थ ह्न पूर्वोपार्जित अपने कर्मों के द्वारा जो मरण का समय निश्चित हो गया है, उसी के अनुसार प्राणी मरता है, आगे-पीछे नहीं मरता ह्न ऐसा जान कर भी आत्मीय मनुष्य के मरने पर, अज्ञानीजन शोक करते हैं तथा नाना प्रकार के दुःखों को भोगते हैं।

२७१. एक गति से दूसरी गति में जाने के उदाहरण

शार्दूलविक्रीडित

वृक्षाद्वृक्षमिवाण्डजा मधुलिहः, पुष्पाच्च पुष्पं यथा;
जीवा यान्ति भवाद्भवान्तरमिहा,ऽश्रान्तं तथा संसृतौ।

तज्जातेऽथ मृतेऽथ वा न हि मुदं, शोकं न कस्मिन्नपि;
प्रायः प्रारभतेऽधिगम्य मतिमान्नस्थैर्यमित्यङ्गिनाम्।।१९।।

वृक्ष-वृक्ष पर पक्षी उड़ते, पुष्प-पुष्प पर भ्रमर उड़ें।
त्यों संसारी एक गति को, छोड़ भवान्तर में जायें।।
इस प्रकार जग के सब प्राणी, हैं अनियत जानें मतिमान्।
जन्म-मरण में हर्ष-शोक, इसलिए करें न कभी विद्वान्।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार पक्षी, एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर तथा भौंरे, एक फूल से दूसरे फूल पर उड़ कर जाते हैं; उसी प्रकार इस संसार में अपने-अपने कर्म के वश से जीव, निरन्तर एक गति से दूसरी गति में जाते हैं। इस प्रकार प्राणियों की अनित्यता को समझ कर, विद्वान् प्रायः प्राणियों की उत्पत्ति में न तो हर्ष ही मानता है और न उनके मरने पर शोक ही करता है।

२७२. धर्म-प्राप्ति के अवसर मिलना उत्तरोत्तर दुर्लभ

भ्राम्यन् कालमनन्तमत्र जनने, प्राप्नोति जीवो न वा;
मानुष्यं यदि दुष्कुले तदघतः, प्राप्तं पुनर्नश्यति।
सज्जातावथ तत्र याति विलयं, गर्भेऽपि जन्मन्यपि;
द्राग्बाल्येऽपि ततोऽपि नो वृष इति, प्राप्ते प्रयत्नो वरः।।२०।।

काल अनन्त भ्रमे यह जीव, मनुज गति प्राप्त करे न करे।
यदि खोटे कुल में जन्मे तो, जन्म गवाँये पापों में।।
उत्तम कुल यदि मिले, गर्भ या जन्म समय में मरण करे।
अथवा बचपन में मृत्यु हो, दीर्घायु में धर्म करे।।

अर्थ ह्न अनन्त कालपर्यन्त इस संसार में भ्रमण करते हुए इस जीव को मनुष्यपने की प्राप्ति होवे ही होवे ह्न ऐसा कोई निश्चय नहीं। (क्योंकि ऐसे भी अनन्त जीव हैं, जिन्होंने आज तक त्रस पर्याय ही प्राप्त नहीं की) दैवयोग से यदि मनुष्य हो भी जाए तो खोटे कुल में जन्म लेने पर वह पाया हुआ मनुष्यपना भी उस खोटे कुल में किये पापों से नष्ट हो जाता है। यदि श्रेष्ठ जाति में भी जन्म हो जाए तो प्रथम तो गर्भ में ही मर जाता है। यदि जैसे-तैसे गर्भ से बच जाए तो जन्मते ही मर जाता है। यदि जन्मते समय भी न मरे तो बाल्यावस्था में मर जाता है। आचार्य उपदेश देते हैं कि धर्म के लिए ही प्रयत्न करना उत्तम है क्योंकि धर्म में ही यह शक्ति है कि वह प्राणियों को जन्म-जरा आदि से छुड़ाता है तथा जहाँ पर किसी प्रकार का दुःख नहीं ह्न ऐसे मोक्षपद में ले जाकर जीवों को धरता है।

२७३. मृत्यु होने पर नयों की अपेक्षा भी शोक करना व्यर्थ

पृथ्वी

स्थिरं सदपि सर्वदा, भृशमदेत्यवस्थान्तरैः;
प्रतिक्षणमिदं जगज्जलद-कूटवन्नश्यति।
तदत्र भवमाश्रिते, मृतिमुपागते वा जने;
प्रियेऽपि किमहो मुदा, किमु शुचा प्रबुद्धात्मनः।।२१।।

द्रव्यदृष्टि से जगत् नित्य है, पर अनित्य पर्यायों से।
मेघपटलवत् प्रतिक्षण यह जग, उपजे अरु निश्चित विनशे।।
तो अपने प्रियजन के आने पर अथवा जाने पर रे!।
क्यों प्रबुद्ध-जन हर्षित होवें, अथवा क्यों वे शोक करें।।

अर्थ ह्न यद्यपि द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा यह लोक सदा विद्यमान है तो भी पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा मेघों के समूह के समान यह क्षण-क्षण में विनाशीक है। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि हे बुद्धिमान् पुरुषों! इस संसार में अपने प्रिय मनुष्य के उत्पन्न होने पर हर्ष तथा मर जाने पर शोक करनें में क्या रखा है? अर्थात् तुम्हारा हर्ष तथा शोक करना बिना प्रयोजन का है।

२७४. मरण के समय को देव भी निमिषमात्र टाल नहीं सकते

शार्दूलविक्रीडित

लङ्घयन्ते जलराशयः शिखरिणो, देशास्तटिन्यो जनैः;
सा वेला तु मृतेर्नृ-पक्ष्म-चलन,-स्तोकाऽपि देवैरपि।
तत्कस्मिन्नपि संस्थिते सुखकरं, श्रेयो विहाय ध्रुवं;
कः सर्वत्र दुरन्तदुःखजनकं, शोकं विदध्यात्सुधीः।।२२।।

महासिन्धु-गिरि पार करें नर, दूर देश में भी जायें।
किन्तु मृत्यु के एक समय को, सुर-गण भी नहिं टाल सकें।।
तो प्रिय-जन वियोग होने पर, ऐसा कौन पुरुष मतिमान?।
शोक करे नाना दुःखदायक, तजे सुखद कल्याण-निधान।।

अर्थ ह्न मनुष्य, बड़े-बड़े समुद्रों को पार कर जाते हैं, बड़े-बड़े पर्वतों तथा देशों का उल्लंघन कर जाते हैं, विस्तृत नदियों को भी तिर जाते हैं; परन्तु मरण के समय तो मनुष्यों की तो क्या बात? देव भी निमिषमात्र के लिए नहीं टाल सकते हैं। इसलिए आचार्य कहते

हैं कि ऐसा कौन बुद्धिमान् पुरुष होगा? जो अपने किसी प्रिय मनुष्य के मर जाने पर समस्त प्रकार के कल्याण को देने वाले उत्तम धर्म को न करके, नाना प्रकार के नरकादि दु:खों को देने वाले शोक को करेगा?

भावार्थ ह्न बुद्धिमान् पुरुष, अपने प्रिय किसी स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर धर्म का आराधन करते हैं क्योंकि वे समझते हैं कि धर्म ही दु:खों से छुड़ाने वाला है; अत: वे नाना प्रकार के दु:खों के देने वाले शोक की ओर झाँक कर भी नहीं देखते।

२७५. इस जीव का बावलापन (पागलपन) क्या है?

आक्रन्दं कुरुते यदत्र जनता, नष्टे निजे मानुषे;
जाते यच्च मुदं तदुन्नतधियो, जल्पन्ति वातूलताम्।
यज्जाड्यात्कृतदुष्टचेष्टितभवत्, कर्मप्रबन्धोदयात्;
मृत्यूत्पत्ति-परम्परा-मयमिदं, सर्वं जगत्सर्वदा।।२३।।

अपने प्रिय की मृत्यु समय पर, जो जन चीख-चीख रोते।
तथा जन्म में हर्षित होते, उन्हें सुधी 'पागल' कहते।।
क्योंकि जगत् अज्ञान-जन्य, कार्यों से कर्म-बन्ध करता।
कर्मोदय से जग में जन्म-मरण परिपाटी चले सदा।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, अपने प्रिय मनुष्य के मरने पर तो चीख मार-मार कर रोते हैं तथा उत्पन्न होने पर हर्ष मनाते हैं; उनकी उस प्रकार की चेष्टा को बुद्धिमान् पुरुष, बावलापन कहते हैं क्योंकि यह समस्त जगत् तो अज्ञान से की हुई खोटी-खोटी क्रिया से उत्पन्न कर्मों के बन्धन के उदय से सदा मरण तथा जन्मों की परम्परा-स्वरूप ही हैं।

भावार्थ ह्न खोटी-खोटी चेष्टाओं से उत्पन्न कर्म के वश, निरन्तर बहुत-से प्राणी इस संसार मे मरते भी हैं तथा जन्मते भी हैं। इसलिए यह संसार तो जन्म-मरण स्वरूप ही है, किन्तु ऐसे संसार के स्वरूप को जान कर भी यदि मनुष्य, अपने प्रिय के मरने पर शोक तथा उत्पन्न होने पर हर्ष माने तो उनका यह सर्वथा बावलापन है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

२७६. संसार में आपत्ति के आने पर शोक करना व्यर्थ

गुर्वी भ्रान्तिरियं जडत्वमथवा, लोकस्य यस्माद्वसन्;
संसारे बहुदु:खजालजटिले, शोकीभवत्यापदि।
भूतप्रेतपिशाचफेरवचिता,-पूर्णे श्मशाने गृहं;
कः कृत्वा भयदादमंगलकृते भावाद् भवेच्छंकितः।।२४।।

विविध दु:खों से व्याप्त जगत् में, रहने पर भी शोक करें।
यह तो जग की मूढ़बुद्धि है, अथवा बहुत बड़ा भ्रम है।।
भूत-पिशाचादिक की लीला-मय मसान में वास करें।
फिर क्यों भयप्रद और अमंगल-मय घटना से कोई डरें?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि लोक का यह एक बड़ा भारी भ्रम है अथवा उसकी मूर्खता कहनी चाहिए कि अनेक दु:खों से व्याप्त इस संसार में रहता हुआ भी आपत्ति के आने पर शोक करता है क्योंकि जो भूत-प्रेत-पिशाच, फेंकार शब्द और चिता आदि से व्याप्त श्मशान में घर बना कर तथा वहाँ रह कर भी ऐसा कौन पुरुष होगा, जो ऐसे अमंगल स्वरूप तथा नाना प्रकार के भय को करने वाले पदार्थों से भय करेगा?

भावार्थ ह्न जिस प्रकार श्मशान आदि भय के स्थानों में रहना और फिर भय करना, मूर्खता है क्योंकि वहाँ पर नियम से भय होगा ही होगा; उसी प्रकार शोक आदि के स्थान स्वरूप, इस संसार में शोक करना भी व्यर्थ है। इसलिए मनुष्यों को ऐसे शोक आदि के स्थान स्वरूप संसार में कदापि शोक नहीं करना चाहिए।

२७७. संसार की स्थिति समझने में चन्द्रमा का उदाहरण

मालिनी

भ्रमति नभसि चन्द्रः संसृतौ शश्वदंगी;
लभत उदयमस्तं पूर्णतां हीनतां च।
कलुषितहृदयः सन् याति राशिं च राशेः;
तनुमिह तनुतस्तत्कोऽत्र मोदश्च शोकः।।२५।।

नभ में ज्यों शशि भ्रमण करे, त्यों प्राणी नित्य भ्रमे संसार।
चन्द्र-समान मनुज भी होता, उदित-अस्त अरु बाल-युवा।।
एक राशि से अन्य राशिवत्, गति से गत्यन्तर जाए।
कलुषित भी है फिर क्यों नर तू, जग में हर्ष-विषाद करे।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार चन्द्रमा, सदा आकाश में भ्रमण करता रहता है; उसी प्रकार यह प्राणी भी निरन्तर संसार में एक गति से दूसरी गति में भ्रमण करता रहता है। जिस प्रकार चन्द्रमा उदित होता है तथा अस्त होता है; उसी प्रकार यह प्राणी भी जन्मता तथा मरता है। जिस प्रकार चन्द्रमा बढ़ता और घटता है; उसी प्रकार यह प्राणी भी बालपने को, युवापने को और वृद्धपने को प्राप्त होता है। जिस प्रकार चन्द्रमा कलंकित होकर, मीन आदि राशि से कर्क आदि राशि को प्राप्त होता है; उसी प्रकार यह प्राणी भी कलुषित चित्त होकर, एक शरीर से

दूसरे शरीर को धारण करता है। इसलिए भव्य जीवों को संसार की ऐसी वास्तविक स्थिति को भलीभाँति जान कर, जन्म-मरण में कदापि हर्ष तथा शोक नहीं मानना चाहिए।

२७८. उत्पन्न होना और नष्ट होना, संसार का धर्म

तडिदिव चलमेतत्पुत्र-दारादि-सर्वं;
किमिति तदभिघाते खिद्यते बुद्धिमद्भिः।
स्थितिजननविनाशं नोष्णतेवानलस्य;
व्यभिचरति कदाचित्सर्वभावेषु नूनम्।।२६।।

स्त्री-पुत्रादिक सब ही हैं, विद्युत्-सम चंचल नश्वर।
तो उनका विनाश होने पर, क्यों करते हैं खेद सुनर।।
यथा उष्णता अविनाभावी, सदा अग्नि के संग रहे।
वैसे ही उत्पाद-धौव्य-व्यय, सब पदार्थ में सदा रहे।।

अर्थ ह्न संसार में स्त्री-पुत्र आदि समस्त पदार्थ बिजली के समान चंचल तथा विनाशीक हैं; इसलिए उनके नाश होने पर, बुद्धिमानों को कदापि शोक नहीं करना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार अग्नि में उष्णपना सर्वदा रहता है; उसी प्रकार समस्त पदार्थों में उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य ह्न ये तीनों धर्म सदा रहते हैं।

भावार्थ ह्न द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा सर्व वस्तुएँ नित्य हैं, किन्तु पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा सभी वस्तुएँ उत्पन्न भी होती हैं और नष्ट भी होती हैं; इसलिए पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा जब पदार्थों का उत्पन्न होना तथा नष्ट होना धर्म ही ठहरा, तब विद्वानों को स्त्री-पुत्र-मित्रादि के नाश होने पर, जिससे किसी प्रकार का हित नहीं ह्न ऐसा शोक नहीं करना चाहिए।

२७९. शोक से उत्पन्न असाताकर्म वट-बीज के समान

प्रियजनमृतिशोकः सेव्यमानाऽतिमात्रं;
जनयति तदसातं कर्म यच्चाग्रतोऽपि।
प्रसरति शतशाखं देहिनि क्षेत्र उप्तं;
वट इव तनुबीजं त्यज्यतां स प्रयत्नात्।।२७।।

बोया हुआ बीज ज्यों फैले, शाखा और प्रशाखा में।
प्रिय-वियोग में शोक करें तो, फलता कर्म असाता में।।

अर्थ ह्न क्षेत्र में बोया हुआ वटवृक्ष का छोटा-सा बीज, जिस प्रकार शाखाह्नप्रशाखा

स्वरूप परिणत होकर फैल जाता है; उसी प्रकार अपने प्रिय स्त्री-पुत्र आदि के मरने पर जो अत्यन्त शोक किया जाता है, वह शोक उस असाताकर्म को पैदा करता है, जो उत्तरोत्तर शाखाह्नप्रशाखारूप में परिणत होकर फैलता चला जाता है अर्थात् उस असाताकर्म के उदय से नरक-तिर्यंच आदि अनेक योनियों में भ्रमण करने से नाना प्रकार के दु:ख सहने पड़ते हैं। इसलिए आचार्य कहते हैं कि विद्वानों को ऐसा शोक, जैसे शीघ्र छूटे, वैसे छोड़ देना चाहिए।

२८०. आयु का नाश ही यमराज का मुख

आर्या

आयुः क्षतिः प्रतिक्षण-मेतन्मुखमन्तकस्य तत्र गताः।
सर्वे जनाः किमेकः, शोचयत्यन्यं मृतं मूढः।।२८।।

आयु-क्षीण होने पर प्रतिक्षण, आते सब यम के मुख में।
एक यही अज्ञानी क्यों, प्रिय के वियोग में शोक करे।।

अर्थ ह्न प्रतिसमय आयु का नाश होता है और वह आयु का नाश ही यमराज का मुख है और उसमें अनेक जीव प्रविष्ट हो चुके हैं। फिर भी यह अज्ञानी जीव, अपने प्रिय के मरने पर न मालूम क्यों शोक करता है?

भावार्थ ह्न यदि आयुकर्म का अन्त न होता अथवा अनेक प्राणी न मरते, तब तो इस जीव का शोक करना उचित होता, किन्तु समय-समय में आयुकर्म का नाश होता चला जा रहा है तथा अनेक प्राणी मर चुके हैं और स्वयं भी मरने के लिए तैयार हैं, इस बात को जानते हुए भी यह अज्ञानी जीव प्रिय-वियोग शोक में करता है ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है।

२८१. मृत्यु होने पर किसका शोक करना उचित?

अनुष्टुभ्

यो नात्र गोचरं मृत्योः, गतो याति न यास्यति।
स हि शोकं मृते कुर्वन्, शोभते नेतरः पुमान्।।२९।।

जो न कभी भी मरा, मर रहा, और मरेगा कभी नहीं।
शोक उसी को शोभा देता, अन्य पुरुष को कभी नहीं।।

अर्थ ह्न जो प्राणी, कभी भी स्वयं न तो मरा है, न मर रहा है और न मरेगा; यदि वह अपने प्रिय के मरने पर शोक करे तो उसका शोक उचित है, किन्तु जो स्वयं अनन्त बार तो मर चुका है, मर रहा है और अनन्त ही बार मरेगा; यदि वह शोक करे तो उसका शोक करना व्यर्थ है। अत: विद्वानों को अपने प्रिय स्त्री-पुत्रादि के मरने पर कदापि शोक नहीं करना चाहिए।

२८२. सूर्यदेवता भी विधि के विधान से अलग नहीं

मालिनी

प्रथममुदयमुच्चैः, दूरमारोहलक्ष्मी-;
मनुभवति च पातं सोऽपि देवो दिनेशः।
यदि किल दिनमध्ये तत्र केषां नराणां;
वसति हृदि विषादः सत्स्ववस्थान्तरेषु।।३०।।

प्रातः जो रवि शोभित होता, वही शाम को होवे अस्त।
तो पदार्थ के परिवर्तन में, करें विषाद सुधी क्यों व्यर्थ।।

अर्थ ह्न सूर्यदेवता भी एक ही दिन में, प्रथम तो प्रातःकाल में उदित होकर ऊँचा चढ़ता हुआ अत्यन्त शोभा को धारण करता है, पश्चात् सायंकाल में अस्त हो जाता है; उसी प्रकार समस्त पदार्थों की एक अवस्था से दूसरी अवस्था होती है, उन अवस्थाओं को देख कर, ऐसा कौन बुद्धिमान मनुष्य होगा, जो अपने मन में विषाद करेगा? अर्थात् ऐसी स्वाभाविक स्थिति पर बुद्धिमान कदापि खेद नहीं कर सकते।

२८३. काल की सर्वत्र गति

वसन्ततिलका

आकाश एव शशिसूर्यमरुत्खगाद्याः;
भूपृष्ट एव शकटप्रमुखाश्चरन्ति।
मीनादयश्च जल एव यमस्तु याति;
सर्वत्र कुत्र भविनां भवति प्रयत्नः।।३१।।

रवि-शशि-वायु-पक्षी नभ में, वाहनादि भू पर चलते।
जल में जलचर, यम सर्वत्र, कहाँ बचने का यत्न करें।।

अर्थ ह्न चन्द्र, सूर्य, पवन, पक्षी आदि तो आकाश में ही चलते हैं; गाड़ी, सिंह, व्याघ्र आदि जमीन पर ही चलते हैं और मछली-मगर आदि जल में ही चलते है; परन्तु यह काल (यम) सब जगहों पर चलता है अर्थात् यह काल, प्राणियों को पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि आदि किसी स्थान पर नहीं छोड़ता, फिर इससे बचने का प्रयत्न किया जाए तो कहाँ किया जाए?

२८४. शुभ-अशुभ कर्मोदय को रोकने में कोई समर्थ नहीं

शार्दूलविक्रीडित

किं देवः किमु देवता किमगदो, विद्यास्ति किं किं मणिः;
किं मन्त्रं किमुताश्रयः किमु सुहृत्किंवा सगन्धोऽस्ति सः।

अन्ये वा किमु भूपतिप्रभृतयः, सन्त्यत्र लोकत्रये;
यैः सर्वैरपि देहिनः स्वसमये, कर्मोदितं वार्यते।।३२।।

क्या देवी क्या देव वैद्य क्या? विद्या हो या मणि कहो।
मन्त्र-तन्त्र या कोई सहारा, कैसा भी हो मित्र अहो!।।
अथवा तीन लोक में कोई, हो बलवान महानृप भी।
सब मिल कर भी उदयकाल में, रोक सकें नहिं कर्म कभी।।

अर्थ ह्न तीनों लोक में भी देव, देवी, वैद्य, मणि, विद्या, मन्त्र, भृत्य, मित्र, सगन्ध तथा राजा आदि एक-एक की तो क्या बात? सब मिल कर भी प्राणियों के अपने समय में उदय आए हुए कर्म को नहीं रोक सकते।

भावार्थ ह्न जो कर्म, पूर्वकाल में बाँधा है, वह अपने समय पर नियम से उदय में आता है। बलवान् से बलवान् देव आदि कोई भी उसका निवारण नहीं कर सकता ह्न ऐसा भलीभाँति समझ कर, विद्वान् कदापि शुभ-अशुभ कर्म के उदय होने पर हर्ष-विषाद नहीं करते।

२८५. कौन, किससे अधिक बलवान?

गीर्वाणा अणिमादिस्वस्थमनसः, शक्ताः किमत्रोच्यते;
ध्वस्तास्तेऽपि परम्परेण स परः, तेभ्यः कियान् राक्षसः।
रामाख्येन च मानुषेण निहतः, प्रोल्लंघ्य सोप्यम्बुधिं;
रामोऽप्यन्तकगोचरः समभवत्, कोऽन्यो बलीयान्विधेः।।३३।।

अणिमादिक ऋद्धि से भूषित, सब प्रकार बलयुक्त प्रवर।
उनसे भी अति तुच्छ शत्रु रावण से पीड़ित हुए अमर।।
वह रावण भी सिन्धु पार कर आए मनुज राम से मृत।
यम गोचर फिर हुए राम भी, विधि से अधिक कौन बलयुत?।।

अर्थ ह्न विशेष कहाँ तक कहा जाए? जैसे, लोक में कहा जाता है कि जो देव, अणिमा-महिमा आदि ऋद्धि के धारी थे तथा सब प्रकार से समर्थ थे; उनको भी उस रावण नामक राक्षस ने विध्वंस कर दिया, जबकि वह रावण, उन देवों के सामने कुछ चीज न था। उस रावण को भी समुद्र पार कर, राम नामक मनुष्य ने मार दिया तथा पश्चात् वह राम भी कालबली का ग्रास बन गया; इसलिए आचार्य कहते हैं कि कर्म से बलवान् संसार में कोई भी नहीं।

२८६. संसाररूपी वन में शोकरूपी दावानल

सर्वत्रोद्गतशोकदावदहन,-व्याप्तं जगत्काननं;
मुग्धास्तत्र वधूमृगीगतधियः, तिष्ठन्ति लोकैणकाः।
कालव्याध इमान्निहन्ति पुरतः, प्राप्तान् सदा निर्दयः;
तस्माज्जीवति नोशिशुर्न च युवा, वृद्धोऽपि नो कश्चन।।३४।।

इस संसार महावन में है, शोकरूप दावानल व्याप्त।
लोकरूप मृग मृगीवधू में, मूढ़मति होकर आसक्त।।
निर्दय काल व्याध नित मारे, सन्मुख आए जन-मृग को।
उससे कोई बचे नहीं शिशु, हो या युवा वृद्ध भी हो।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यह संसाररूपी वन, सब जगह से उठे हुए शोकरूपी दावानल से व्याप्त हो रहा है। इस संसाररूपी वन में लोकरूपी मृग हैं, वे स्त्रीरूपी मृगी के वश होकर पड़े हुए हैं। यह कालरूपी व्याघ्र, आगे आए हुए उन लोकरूपी दीन मृगों को सदाकाल मारता है, जिससे इस संसार में न तो कोई बालक सदा जीता है, न कोई युवा सदा जीता है और न कोई वृद्ध ही सदा जीता है।

२८७. संसाररूपी वन में मनुष्यरूपी वृक्ष

शार्दूलविक्रीडित

सम्पच्चारुलतः प्रियापरिलसत्, वल्लीभिरालिङ्गितः;
पुत्रादिप्रियपल्लवो रतिसुख,-प्रायैः फलैराश्रितः।
जातः संसृतिकानने जनतरुः, कालोग्रदावानल-;
व्याप्तश्चेन्न भवेत्तदा बत बुधै,-रन्यत्किमालोक्यते।।३५।।

सम्पति-चारु-लता-युत सुन्दर, रमणीरूपी बेल सहित।
पुत्रादिक पल्लवधारी रति-जन्य सुख अरे! फल शोभित।।
भववन में उत्पन्न मनुज-तरु, कालरूप दावानल से।
निश्चित होता भस्म अरे! क्यों, बुधजन नहिं निजहित करते?।।

अर्थ ह्न सम्पदारूपी मनोहर लताओं से युक्त, स्त्रीरूपी मनोहर बेल से आलिंगन किया हुआ, पुत्र आदि उत्तम पल्लवों का धारी तथा रति से उत्पन्न सुखरूपी फल से सहित ह्न ऐसा यह मनुष्यरूपी वृक्ष, संसाररूपी वन में पैदा हुआ है। यह मनुष्यरूपी वृक्ष, कालरूपी भयंकर दावाग्नि से भस्म न हो जाए, इसके लिए बुद्धिमानों को अवश्य उसे सार्थक करने का प्रयत्न करना चाहिए।

भावार्थ ह्न बड़ी कठिनता से इस मनुष्यभव की प्राप्ति हुई है और इस मनुष्य जन्म के सिवाय निर्वाण का कारण और कोई उत्तम पदार्थ भी नहीं है; इसलिए जप, तप आदि के द्वारा इस मनुष्य-जन्म को विद्वानों ने सार्थक बनाना चाहिए, अन्यथा यह व्यर्थ में नष्ट हो जाएगा।

२८८. दु:खरूपी तरंगों से व्याप्त संसाररूपी समुद्र

वाञ्छन्त्येव सुखं तदत्र विधिना, दत्तं परं प्राप्यते;
नूनं मृत्युमुपाश्रयन्ति मनुजाः, तत्राप्यतो बिभ्यति।
इत्थं कामभयप्रसक्तहृदयाः, मोहान्मुधैव ध्रुवं;
दुःखोर्मिप्रचुरे पतन्ति कुधियः, संसारघोराऽर्णवे।।३६।।

सुख चाहे नर किन्तु जगत् में, सुख मिलता कर्मोदय से।
सब जीवों का मरण सुनिश्चित, फिर भी मरने से डरते।।
इस प्रकार कामातुर और, भयातुर हुए मोह से मूढ़।
दु:ख-तरंग से व्याप्त भवोदधि, में गिरते हैं बुद्धि-विमूढ़।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि संसार में समस्त प्राणी, इन्द्रियों से पैदा हुए सुख की अभिलाषा सदा करते रहते हैं; किन्तु वह सुख, कर्मानुसार ही मिलता है, इच्छानुसार नहीं मिलता। सर्व जीव, निश्चय से मरते हैं तो भी उस मृत्यु से डरते रहते हैं। इस प्रकार मोह से कामातुर तथा भयातुर होकर, ये मूढ़-बुद्धि प्राणी, व्यर्थ ही नाना प्रकार के दु:खरूपी तरंगों से व्याप्त इस संसाररूपी समुद्र में डूबते हैं।

२८९. कालरूपी मल्लाह के हाथ से फैलाया हुआ जाल

मालिनी

स्वसुखपयसि दीव्यन् मृत्युकैवर्तहस्त-;
प्रसृतघनजरोरु,-प्रोल्लसज्जालमध्ये।
निकटमपि न पश्यत्यापदां चक्रमुग्रं;
भवसरसि वराको, लोकमीनौघ एषः।।३७।।

मनुज-मीन सुख-सर में रमता, किन्तु काल ने डाला जाल।
जरारूप आपत्ति निकट है, किन्तु देखता नहिं दुष्काल।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि जिस प्रकार मल्लाह से बिछाये हुए जाल में मछलियों का समूह खेलता रहता है, किन्तु समीप में स्थित उस मरणरूपी भयंकर आपत्ति के ऊपर कुछ भी ध्यान नहीं देता; उसी प्रकार यह लोकरूपी दीन मछलियों का समूह, अपने

सुखरूपी जल में कालरूपी मल्लाह के हाथ से फैलाये हुए जरारूपी विस्तीर्ण जाल में क्रीड़ा करता रहता है, किन्तु 'व्यर्थ में हमारा जीवन चला जाएगा' ह्न इस प्रकार पास में स्थित आपत्ति के ऊपर कुछ भी ध्यान नहीं देता।

२९०. सभी को मरते हुए देख कर भी अपने को अमर मानना मोह की निशानी

शार्दूलविक्रीडित

शृण्वन्नन्तकगोचरं गतवतः, पश्यन् बहून् गच्छतो;
मोहादेव जनस्तथापि मनुते, स्थैर्यं परं ह्यात्मनः।
सम्प्राप्तेऽपि च वार्धके स्पृहयति, प्रायो न धर्माय यत्;
तद्बध्नात्यधिकाधिकं स्वमसकृत्, पुत्रादिभिर्बन्धनैः।।३८।।

गये काल के गाल बहुत नर, देखे-सुने सदा यह जीव।
किन्तु मोह-वश अपने को यह, प्राणी माने अमर सदैव।।
वृद्धावस्था आए फिर भी, धर्म नहीं करना चाहे।
नारी-पुत्रादिक-बन्धन से नित प्रति दृढ़ बँधना चाहे।।

अर्थ ह्न यह लोक, 'बहुत-से जीव मर गये' ह्न इस बात को सुनता हुआ भी तथा बहुतों को स्वयं मरते हुए देखता हुआ भी मोह से अपनी आत्मा को इस शरीर में निश्चल ही मानता है, वृद्धावस्था के आने पर भी धर्म की ओर कुछ भी लक्ष्य नहीं देता; किन्तु उस अवस्था में भी स्त्री-पुत्र आदि के बन्धन से निरन्तर अपने को और भी ज्यादा बाँधता है।

२९१. विद्वानों की भी देह के प्रति आसक्ति आश्चर्यजनक

दुश्चेष्टाकृतकर्मशिल्पिरचितं, दुःसन्धि-दुर्बन्धनं;
सापायस्थिति दोषधातुमलवत्, सर्वत्र यन्नश्वरम्।
आधिव्याधिजरामृतिप्रभृतयो, यच्चात्र चित्रं न तत्;
तच्चित्रं स्थिरता बुधैरपि वपुष्यत्रापि यन्मृग्यते।।३९।।

दुष्चेष्टा कृत कर्म-शिल्पि ने, दुःसन्धि-दुर्बन्धन से।
व्यय-उत्पाद सहित अरु नाना, दोष कुधातु भरी जिसमें।।
आधि-व्याधि अरु जरा मरण हैं, इस तन में तो अचरज क्या?।
किन्तु सुबुध भी इसे मानते, नित्य यही आश्चर्य महा।।

अर्थ ह्न देह-सम्बन्धी जो बुरी-बुरी क्रियाएँ, उनसे किया गया जो कर्म, वही हुआ एक

प्रकार का कारीगर, उससे बनाया हुआ यह शरीर है; खोटी सन्धि और खोटे बन्धन से सहित है, स्थिति-नाश से सहित है, नाना प्रकार के दोष, मल-मूत्र-वीर्य आदि सात कुधातुओं से संयुक्त है ह्न ऐसी देह में यदि आधि-व्याधि, जरा-मरण आदि होते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं है; किन्तु आश्चर्य तो इस बात का है कि विद्वान् मनुष्य भी ऐसे शरीर को सर्वथा स्थिर मानते हैं।

२९२. जहाँ किसी प्रकार का दु:ख नहीं ह्न ऐसी मुक्ति ही श्रेयस्कर

लब्धा श्रीरिह वाञ्छिता वसुमती, भुक्ता समुद्राऽवधिः;
प्राप्तास्ते विषया मनोहरतराः, स्वर्गेऽपि ये दुर्लभाः।
पश्चाच्चेन्मृतिरागमिष्यति ततः, तत्सर्वमेतद्विषा-;
श्लिष्टं भोज्यमिवातिरम्यमपि धिक्, मुक्तिः परं मृग्यताम्॥४०॥

वाञ्छित लक्ष्मी मिली और, पृथ्वी भोगी सागर-पर्यन्त।
प्राप्त किये सब विषय मनोहर, जो देवों को भी दुर्लभ।।
फिर भी पीछे खड़ी मृत्यु का, कर विचार तो ये सब भोग।
विष-मिश्रित भोजन-सम लगते, अत: मुक्ति ही आश्रय योग्य।।

अर्थ ह्न इस संसार में वांछित लक्ष्मी भी प्राप्त कर ली, सागरान्त पृथ्वी का राज्य भी भोग लिया और जो विषय, स्वर्ग में भी प्राप्त नहीं हो सकते ह्न ऐसे अत्यन्त मनोहर विषयों को भी पा लिया; किन्तु जिस समय मृत्यु पास में आएगी, उस समय अत्यन्त मनोहर ये सब बातें विष-संयुक्त भोजन के समान दु:ख को देनेवाली ही होंगी। इसलिए उनके लिए धिक्कार हो ह्न ऐसा विचार कर, हे भव्य जीवों! जहाँ पर किसी प्रकार का दु:ख नहीं ह्न ऐसी मुक्ति का ही आश्रय करो।

२९३. काल (मृत्यु) से अपनी रक्षा के लिए प्रयत्न अनिवार्य

युद्धे तावदलं रथेभतुरगा, वीराश्च दृप्ता भृशं;
मन्त्रः शौर्यमसिश्च तावदतुलाः, कार्यस्य संसाधकाः।
राज्ञोऽपि क्षुधितोऽपि निर्दयमना, यावज्जिघत्सुर्यमः;
क्रुद्धो धावति नैव सन्मुखमितो, यत्नो विधेयो बुधैः॥४१॥

रण में हाथी घोड़े गर्वित, योद्धा शौर्य तथा हथियार।
मन्त्र रथादिक सभी तभी तक, हो सकते हैं नृप के यार।।

जबतक भूखा निर्दय क्रोधी जीवों का भक्षण-कामी।
यम नहिं सन्मुख दौड़ा आवे, अत: प्रयत्न करें ज्ञानी।।

अर्थ ह्न जब तक भूखा, निर्दयी, समस्त जीवों का विध्वंस करने वाला व क्रोधी यमराज सामने नहीं आता; तभी तक युद्ध में राजा के रथ, हाथी, घोड़ा, अत्यन्त गर्व करने वाले सुभट, मन्त्र, वीरता और अनुपम तलवार आदि काम में आते हैं; किन्तु जब यमराज सामने आ जाता है अर्थात् जब मरण समय आता है, उस समय उपर्युक्त कोई भी चीज काम में नहीं आती। इसलिए बुद्धिमान पुरुषों को जिस प्रकार बने, उस प्रकार इस काल (मृत्यु/यम) को सर्वथा नष्ट के लिए ही प्रयत्न करना चाहिए।

२९४. जीवन और धन की क्षणभंगुरता

राजाऽपि क्षणमात्रतो विधिवशाद्रङ्कायते निश्चितं;
सर्वव्याधिविवर्जितोऽपि तरुणो,ऽप्याशु क्षयं गच्छति।
अन्यैः किं किल सारतामुपगते, श्रीजीविते द्वे तयोः;
संसारे स्थितिरीदृशीति विदुषा, क्वान्यत्र कार्यो मदः।।४२।।

कर्मोदयवश महानृपति भी, क्षण में निर्धन हो जाता।
सर्व रोग परिमुक्त युवा भी, अरे! मृत्यु-मुख में जाता।।
सारभूत धन जीवन नश्वर, अन्य पदार्थों की क्या बात?।
अरे! विचित्र दशा है जग की, अत: सुधी न करे ममकार।।

अर्थ ह्न अपने पूर्वोपार्जित कर्म के वश से राजा भी क्षण भर में निश्चय से निर्धन हो जाता है, समस्त रोगों से रहित जवान मनुष्य भी देखते-देखते नष्ट हो जाता है; इसलिए समस्त पदार्थों में सारभूत जीवन तथा धन की भी जब संसार में ऐसी स्थिति है, तब और पदार्थों की क्या बात? अर्थात् वे तो अवश्य ही विनाशीक हैं। अतः विद्वानों को किसी पदार्थ में अहंकार नहीं करना चाहिए।

२९५. सम्पदा-स्त्री-पुत्र आदि की तीव्र चंचलता

हन्ति व्योम स मुष्टिनाथ सरितं, शुष्कां तरत्याकुलः;
तृष्णार्तोऽथ मरीचिकाः पिबति च, प्रायः प्रमत्तो भवन्।
प्रोत्तुङ्गाचलचूलिकागतमरुत्, प्रेङ्खत्प्रदीपोपमैः;
यः सम्पत्सुतकामिनीप्रभृतिभिः, कुर्यान्मदः मानवः।।४३।।

गिरि-शिखरों पर तीव्र पवन से, कम्पित दीपक-शिखा समान।
चञ्चल लक्ष्मी-पुत्र-कामिनी, में जो नर करता अभिमान।।
उन्मादी होकर वह नभ में, मानो करता मुष्टि-प्रहार।
तैर रहा सूखी सरिता में, करता मृग-मरीचिका पान।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, अत्यन्त ऊँची पहाड़ की चोटी, उस पर चलती हुई जो पवन, उससे झकोरे खाते हुए दीपक के समान चञ्चल ह्न ऐसी सम्पदा, पुत्र, स्त्री आदि में अभिमान करता है; मानो वह मनुष्य, उन्मादी होकर आकाश को मुट्ठी से मारता है, अत्यन्त आकुल होकर शुष्क नदी को तिरता है अथवा प्यास से अत्यन्त आकुल होकर मरीचिका को पीता है ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार आकाश को मुट्ठी से मारना, सूखी नदी को तिरना और मरीचिका का पानी पीना असम्भव कार्य हैं, बिना प्रयोजन के हैं; उसी प्रकार अत्यन्त चञ्चल तथा विनाशीक सम्पदा, पुत्र, स्त्री, आदि में अहंकार करना भी व्यर्थ है। इसलिए विद्वानों को इनमें कदापि अभिमान नहीं करना चाहिए।

२९६. चञ्चला लक्ष्मी के चक्कर में नहीं फँसने का उपदेश

लक्ष्मीं व्याधमृगीमतीव चपला,-माश्रित्य भूपा मृगाः;
पुत्रादीनपरान्मृगानतिरुषा, निघ्नन्ति सेर्ष्यं किल।
सज्जीभूत-घनापदुन्नत-धनुः, संलग्न-संहच्छरं;
नो पश्यन्ति समीपमागतमपि, क्रुद्धं यमं लुब्धकम्।।४४।।

चंचल हिरणी-सम सम्पति पा, नृप-मृग को ईर्ष्यादिक हो।
भ्रात-सुतादिक अन्य मृगों को, मारे अतिशय क्रोधित हो।।
किन्तु आपदा धनुष बाण ले, क्रोधित जो हिंसक यमराज।
है समीप में उसे न देखे, यह है अति अचरज की बात।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि जिस प्रकार राजारूपी शिकारी मृग अत्यन्त चञ्चल हिरणी के समान इस सम्पदा को पाकर, पुत्र-भाई आदि जो दूसरे मृग हैं, उनको अत्यन्त क्रोध तथा ईर्ष्या से मारते हैं; किन्तु बड़ी भारी आपत्तिरूप धनुष का धारी तथा संहाररूपी बाण को हाथ में लिये हुए और पास में आये हुए क्रोधी यमराजरूपी हिंसक की ओर कुछ भी लक्ष्य नहीं देते ह्न यह आश्चर्य की बात है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई शिकारी, हिरणों को मारने के उद्देश्य से अपनी पाली हुई

मृगी को वन में छोड़ देता है तथा स्वयं हाथ में धनुष लेकर उसके पास बैठ जाता है; उस समय अन्य कामी मृग, उस मृगी के लिए परस्पर में लड़ते हैं और एक-दूसरे को मारते हैं तथा आई हुई आपत्ति पर कुछ भी ध्यान न देकर व्यर्थ में मारे जाते हैं; उसी प्रकार इस लोक में राजा भी शिकारी की मृगी के समान इस लक्ष्मी को पाकर, परस्पर में लड़ते हैं तथा उस लक्ष्मी के लिए अपने प्रिय पुत्र आदि को भी मारते हैं, किन्तु इस बात पर कुछ भी ध्यान नहीं देते कि हम को आगे क्या-क्या आपत्ति भोगनी होगी? तथा हमारा कितने काल तक जीवन रहेगा? क्योंकि काल हमारे सिर पर छा रहा है। इसलिए विद्वानों को चाहिए कि इस प्रकार दोनों लोक के बिगाड़ने वाली लक्ष्मी के फन्दे में न पड़ें और उसको अपने हित की करने वाली भी न समझें।

२९७. प्रिय का वियोग होने पर भी शोक करने से संसार-भ्रमण

मृत्योर्गोचरमागते निजजने, मोहेन यः शोककृत्;
नो गन्धोऽपि गुणस्य तस्य बहवो, दोषा पुनर्निश्चितम्।
दुःखं वर्धत एव नश्यति चतुः, वर्गो मतेर्विभ्रमः;
पापं रुक् च मृतिश्च दुर्गतिरथ, स्याद्दीर्घसंसारिता।।४५।।

प्रियजन की मृत्यु होने पर, मोहित हो जो करते शोक।
उन्हें गुणों की गन्ध न मिलती, निश्चित बढ़ते जाते दोष।।
पागल होकर तीव्र दुःखी हो चारों पौरुष नष्ट करें।
पाप, रोग हो मर कर दुर्गति-रथ पर जग में भ्रमण करे।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, अपने प्रियजन के मर जाने पर, मोह के वश होकर शोक करता है, उसको किसी प्रकार गुण की प्राप्ति तो नहीं होती, किन्तु निश्चय से दोष ही उत्पन्न होते हैं, दुःख बढ़ता है, धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष ह्न ये चारों पुरुषार्थ नष्ट हो जाते हैं, बावला हो जाता है, उसको पाप तथा रोगों की उत्पत्ति भी हो जाती है और अन्त में मर भी जाता है; पश्चात् दुर्गतिरूपी रथ में बैठ कर, चिर काल तक संसार में भ्रमण करता रहता है। इसलिए विद्वानों को कदापि शोक नहीं करना चाहिए।

२९८. जिसे दुःख न भोगना हो, वह संसार में न रहे

आर्या

आपन्मयसंसारे, क्रियते विदुषा किमापदि विषादः।
कस्त्रस्यति लंघनतः, प्रविधाय चतुष्पथे सदनम्।।४६।।

दु:खस्वरूप है जगत् अरे! फिर बुध क्यों दु:ख में खेद करें।
चौराहे पर भवन बनाया, क्यों दु:ख हो उल्लंघन से।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यह संसार तो आपत्ति स्वरूप है। फिर भी नहीं मालूम बुद्धिमान पुरुष, आपत्ति के आने पर खेद क्यों करते हैं? क्योंकि जो चौराहे पर मकान बनाता है, वह क्या उसके उल्लंघन होने पर दु:खित होता है? कदापि नहीं।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, चौराहे पर मकान बनाएगा, उसको तो दूसरे पथिक उल्लंघन करके अवश्य ही जाएँगे। यदि मकान का मालिक उल्लंघन होने पर खेद करे तो उसका खेद करना व्यर्थ ही है। उसी प्रकार जो मनुष्य, इस आपत्ति स्वरूप संसार में रहेगा तो उसको अवश्य ही दु:ख भोगने होंगे। यदि वह दु:ख भोगते समय खेद माने तो उसका खेद मानना सर्वथा व्यर्थ है। इसलिए जो मनुष्य खेद करना नहीं चाहता, उसको ऐसा काम करना चाहिए कि फिर वह संसार में ही न आवे।

२९९. मनुष्य का पागलपन

वसन्ततिलका

वातूल एष किमु किं ग्रहसंगृहीतो;
भ्रान्तोथ वा किमु जनः किमथ प्रमत्तः।
जानाति पश्यति शृणोति च जीवितादि;
विद्युच्चलं तदपि नो कुरुते स्वकार्यम्।।४७।।

वाय हुई या भूत लगे हैं, या फिर क्या यह पागल है?।
देखे, जाने, सुने, अथिर सब किन्तु न अपना कार्य करे।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि क्या इस मनुष्य को वात रोग हो गया है? अथवा इसे किसी भूतह्नपिशाच ने पकड़ लिया है? अथवा यह बावला हो गया है? अथवा उन्मादी हो गया है? जो कि समस्त जीवन-धन-स्त्री-पुत्र आदि को बिजली के समान चञ्चल तथा विनाशीक जानता है, देखता है, सुनता है तो भी अपने हितरूप कार्य को अंशमात्र भी नहीं करता।

३००. मृत्यु समीप आने पर किये हुए प्रयत्न भी मिथ्या

शार्दूलविक्रीडित

दत्तं नौषधमस्य नैव कथितः, कस्याप्ययं मन्त्रिणो;
नो कुर्याच्छुचमेवमुन्नतमतिः,-लोकान्तरस्थे निजे।

यत्ना यान्ति यतोङ्गिनः शिथिलतां, सर्वे मृतेः सन्निधौ;
बन्धाश्चर्मविनिर्मिताः परिलसत्, वर्षाम्बुसिक्ता इव।।४८।।

अरे! दवा भी दे नहिं पाये, वैद्यादिक नहिं बुला सके।
प्रिय-वियोग होने पर ऐसा, शोक कदापि न सुधी करे।।
जब प्राणी की मृत्यु निकट हो, तो सारे प्रयत्न निष्फल।
चर्म-विनिर्मित सभी वस्तुएँ, जल गिरने से होंय शिथिल।।

अर्थ ह्न अपने प्रिय मनुष्य के मर जाने पर बुद्धिमानों को ऐसा शोक कदापि नहीं करना चाहिए कि मैंने इसको दवा नहीं दी अथवा किसी वैद्य अथवा मन्त्रवादी को बुला कर नहीं दिखाया, क्योंकि जिस प्रकार चाम के बन्धन, वर्षा काल में पानी पड़ने से स्वयमेव ढीले हो जाते हैं; उसी प्रकार मनुष्य की मृत्यु समीप आने पर किये हुए प्रयत्न भी मिथ्या हो जाते हैं।

३०१. मैं-मैं करने वालों के जीवन की व्यर्थता

शिखरिणी

स्वकर्मव्याघ्रेण, स्फुरितनिजकालादिमहसा;
समाघ्रातः साक्षाच्छरणरहिते संसृतिवने।
प्रिया मे पुत्रा मे, द्रविणमपि मे मे गृहमिदं;
वदन्नेवं मे मे, पशुरिव जनो याति मरणम्।।४९।।

वन में बली व्याघ्र से निर्बल, पशु मैं-मैं कर प्राण तजे।
इस अशरण संसार-विपिन में, कर्म-व्याघ्र सबको पकड़े।।
यह सुत मेरा नारी मेरी, धन मेरा गृह मेरा है।
पशुओं जैसा मैं-मैं करता, मनुज मरण को प्राप्त करे।।

अर्थ ह्न जहाँ कोई शरण नहीं है ह्न ऐसे वन में बलवान् व्याघ्र से पकड़ा हुआ दीन पशु, जिस प्रकार मैं...मैं करते हुए मर जाता है; उसी प्रकार शरण रहित इस संसाररूपी वन में अपने काल (मृत्यु) आदि बल-संयुक्त कर्मरूपी व्याघ्र से पकड़ा हुआ यह जन, 'स्त्री मेरी है, पुत्र मेरे हैं, धन मेरा है, यह घर मेरा है' ह्न इस प्रकार मैं...मैं करता हुआ व्यर्थ मर जाता है। इसलिए विद्वानों को कदापि किसी पदार्थ में ममत्वबुद्धि नहीं रखनी चाहिए।

३०२. आयु की दिन-प्रतिदिन क्षीणता

वसन्ततिलका

दिनानि खण्डानि गुरूणि मृत्युना;
विहन्यमानस्य निजायुषो भृशम्।

पतन्ति पश्यन्नपि नित्यमग्रतः;
स्थिरत्वमात्मन्यभिमन्यते जडः।।५०।।

आयु मृत्यु से नष्ट हुई, ये दिन हैं उसके ही टुकड़े।
इन्हें बीतता देखे पर निज, को थिर माने मूढ़ अरे।।

अर्थ ह्न मृत्यु से नष्ट किये हुए अपनी आयु के बड़े-बड़े टुकड़े स्वरूप ये दिन, सदा आगे आकर पड़ते हैं अर्थात् आयु के दिन, प्रतिदिन क्षीण होते चले जाते हैं। इस बात को देखता हुआ भी यह अज्ञानी जीव, अपने को निश्चल-अविनाशी मानता है ह्न यह आश्चर्य है।

३०३. अमरता का सन्देश

शार्दूलविक्रीडित

कालेन प्रलयं व्रजन्ति नियतं, तेऽपीन्द्रचन्द्रादयः;
का वार्ताऽन्यजनस्य कीटसदृशो,ऽशक्तेरदीर्घायुषः।
तस्मान्मृत्युमुपागते प्रियतमे, मोहं मुधा मा कृथाः;
कालः क्रीडति नात्र येन सहसा, तत्किञ्चिदन्विष्यताम्।।५१।।

चन्द्र-सूर्य-इन्द्रादिक भी तो, हों विनष्ट जब आये काल।
निबल कीट-सम अल्प आयु जो, अन्य जनों की है क्या बात?
अत: मृत्यु को प्राप्त हुए, प्रिय जन का व्यर्थ न शोक करो।
ऐसा काम करो जिससे अब, पुन: काल का खेल न हो।।

अर्थ ह्न जब बड़ी-बड़ी ऋद्धि के धारी इन्द्र-चन्द्र-सूर्य आदि भी अपने काल के आने पर मर जाते हैं, तब कीट के समान निर्बल तथा थोड़ी आयु वाले अन्य जन की क्या बात? अर्थात् वह तो अवश्य ही मरेगा। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि अपने प्रिय स्त्री, पुत्र आदि के मरने पर शोक न करके कोई ऐसा काम करो, जिससे तुमको फिर न मरना पड़े।

३०४. नाना गतियों में जीव के वेश नट के समान

संयोगो यदि विप्रयोगविधिना, चेज्जन्म तन्मृत्युना;
सम्पच्चेद्विपदा सुखं यदि तदा, दुःखेन भाव्यं ध्रुवम्।
संसारेऽत्र मुहुर्मुहुर्बहुविधा,ऽवस्थान्तरप्रोल्लसद्;
वेषान्यत्वनटीकृताङ्गिनि सतः, शोको न हर्षः क्वचित्।।५२।।

संयोगों के संग वियोग है, और जन्म के संग मरण।
सम्पत्ति के साथ विपत्ति, दु:ख भी रहता सुख के संग।।
इस जग में यह जीव बहुत से, वेश बनाए बारम्बार।
नट समान इसलिए सुधी नहिं, करें हर्ष या शोक अपार।।

अर्थ ह्न जिस संसार में यह जीव, बारम्बार नाना प्रकार की जो दूसरीह्नदूसरी अवस्थाओं में नारकी-पशु-देव आदि नाना वेषों को धारण कर, नट के समान स्थित है; उस संसार में यदि संयोग, वियोग के साथ; जन्म, मरण के साथ; सम्पत्ति, विपत्ति के साथ और सुख, दु:ख के साथ लगा हुआ है; तब विद्वानों को न तो किसी पदार्थ में शोक करना चाहिए, न हर्ष ही करना चाहिए।

भावार्थ ह्न इस संसार में अपने-अपने कर्म के अनुसार जीव, एक गति से दूसरी गति में जाकर, नाना प्रकार के देव-मनुष्य-पशु आदि वेषों को धारण करते हैं। यहाँ जिन-जिन पदार्थों का संयोग होता है, उनका वियोग भी अवश्य होता है। जो उत्पन्न होता है, वह अवश्य मरता भी है। जो धनी है, वह निर्धन भी अवश्य होता है। जो सुखी है, वह दु:खी भी अवश्य होता है। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि जो मनुष्य, इस प्रकार के संसार के चरित्र को जानते हैं; उनको संयोग-सम्पत्ति, सुख आदि के होने पर न तो हर्ष मानना चाहिए तथा वियोग-विपत्ति दु:ख आदि के होने पर न शोक करना चाहिए।

३०५. भवितव्यता : जो होना होता है, वैसा ही होता है

लोकाश्चेतसि चिन्तयन्त्यनुदिनं, कल्याणमेवात्मनः;
कुर्यात्सा भवितव्यतागतवती, तत्तत्र यद्रोचते।
मोहोल्लासवशादतिप्रसरतो, हित्वा विकल्पान् बहून्;
रागद्वेषविषोज्झितैरिति सदा, सद्भिः सुखं स्थीयताम्।।५३।।

मेरा हो कल्याण सदा यह नर चित् में नित करे विचार।
किन्तु कार्य होता है जग में होनहार की रुचि अनुसार।।
अत: मोह से हुए अनेक विकल्पों का तुम करो शमन।
राग-द्वेष विष छोड़ सदा बुध सुख-शैय्या में करें शयन।।

अर्थ ह्न लोक में मनुष्य, सदा इस प्रकार का विचार करते रहते हैं कि सदा हमको कल्याण की प्राप्ति हो; किन्तु दैवयोग से भवितव्य के अनुसार जैसा होना होता है, वैसा ही होता है; अपना किया हुआ कुछ भी नहीं होता। इसलिए सज्जनों को चाहिए कि वे मोह के

वश से फैले हुए जो 'सुख आदि की वांछारूप' नाना प्रकार के खोटे विकल्प, उनको नाश करके, राग-द्वेषरूपी विष से रहित होकर, अपने साम्यभावरूपी सुख में स्थित रहें, तभी उनको कल्याण की प्राप्ति हो सकती है, अन्यथा प्रकार से उनको कल्याण की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती।

३०६. हे भव्य जीवों! धर्म में ही अपनी बुद्धि को लगाओ!

वसन्ततिलका

लोका गृहप्रियतमासुतजीवितादि;
वाताहतध्वजपटाग्रचलं समस्तम्।
व्यामोहमत्र परिहृत्य धनादिमित्रे;
धर्मे मतिं कुरुत किं बहुभिर्वचोभिः।।५४।।

नारी-सुत-गृह-जीवनादि सब, पवन प्रताड़ित ध्वजा समान।
अधिक कहें क्या मोह त्याग कर, धर्म करें सम्यक् मतिमान।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य जीवों! ये घर-स्त्री-पुत्र-जीवन आदि समस्त पदार्थ, पवन से ताड़ित ध्वजा के कपड़े के अग्र भाग के समान चंचल हैं। इसलिए अधिक कहाँ तक कहा जाए? धन-स्त्री-मित्र आदि में फैले हुए मोह को सर्वथा नाश कर, धर्म में ही अपनी बुद्धि को लगाओ।

३०७. तृतीय अधिकार 'अनित्य पञ्चाशत्' का उपसंहार

पुत्रादिशोक-शिखि-शान्तिकरी यतीन्द्र!;
श्रीपद्मनन्दि-वदनाम्बुधरप्रसूतिः।
सद्बोध-सस्य-जननी जयतादनित्य-;
पंचाशदुन्नतधियाममृतैकवृष्टिः।।५५।।

(हरिगीतिका)

पद्मनन्दि यतीन्द्र श्रीमुख,-मेघ से झरती अहा।
पुत्रादि इष्ट-वियोग-ज्वाला, को शमन करती सदा।।
सद्बोध-धान्योत्पन्न करती, जगत् में जयवन्त हो।
अनित्य पञ्चाशत् सुजल,-वृष्टि सुधी के उर अहो।।

अर्थ ह्न यतियों में उत्तम ह्न ऐसे जो पद्मनन्दि नामक यति, उनका मुखरूपी जो मेघ,

उससे पैदा हुई और श्रेष्ठ बोधरूपी धान्य को पैदा करने वाली तथा पुत्र आदि में फैली हुई शोकरूपी अग्नि को शान्त करने वाली ह्न ऐसी यह 'अनित्य पंञ्चाशत्'रूपी जल की वृष्टि, सज्जनों के हृदय में सदा जयवन्त रहो।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जल वृष्टि, जलती हुई अग्नि को बुझा देती है, मेघ से पैदा होती है और धान्यों को पैदा करती है; उसी प्रकार यह 'अनित्य पञ्चाशत्' भी शोक को नाश करने वाली है अर्थात् इसको पढ़ने से, उत्तम मनुष्य को किसी प्रिय से प्रिय पदार्थ के नाश होने पर भी शोक नहीं होता। इसका प्रतिपादन मुनीन्द्र श्री पद्मनन्दि ने किया है। यह श्रेष्ठ ज्ञान को देने वाली है। इसलिए भव्य जीवों को इसका मनन अवश्य करना चाहिए।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'अनित्य पञ्चाशत्'** नामक तीसरा अधिकार पूर्ण हुआ।

*****

दान का उपदेश

ग्रासस्तदर्धमपि देयमथाऽर्धमेव,
तस्यापि सन्ततमणुव्रतिना यथर्द्धि।
इच्छानुरूपमिह कस्य कदात्र लोके,
द्रव्यं भविष्यति सदुत्तमदानहेतुः।।

अर्थ ह्न श्रावक को अपने धन के अनुसार एक ग्रास अथवा आधा ग्रास अथवा चौथाई ग्रास अवश्य ही दान देना चाहिए क्योंकि इस संसार में उत्तम पात्रदान का कारण इच्छानुसार द्रव्य कब और किसके होगा?

भावार्थ ह्न संसार में इच्छानुसार द्रव्य किसी को नहीं मिल सकता क्योंकि शताधिपति ह्न हजारपति होना चाहता है। हजारपति ह्न लक्षाधिपति, लक्षाधिपति ह्न करोड़पति होना चाहता है, इत्यादि रीति से इच्छा की कहीं भी समाप्ति नहीं होती। इसलिए ऐसा नहीं समझना चाहिए कि मैं हजारपति होऊँगा, तभी दान दूँगा अथवा मैं लखपति होऊँगा, तभी दान दूँगा; बल्कि जितना धन पास में होवे, उसी के अनुसार ग्रास-दो-ग्रास दान अवश्य देना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, दानोपदेश अधिकार, श्लोक ३२

अधिकार – ४

एकत्व सप्तति

३०८. 'एकत्व सप्तति' अधिकार का मङ्गलाचरण

अनुष्टुभ्

चिदानन्दैकसद्भावं, परमात्मानमव्ययम्।
प्रणमामि सदा शान्तं, शान्तये सर्वकर्मणाम्।।१।।

चैतन्य आनन्दमय सुशाश्वत, शान्त उस परमात्म को।
कर्मक्षय के हेतु मैं, करता सदा वन्दन अहो!।।

अर्थ ह्न चैतन्यस्वरूप, आनन्दस्वरूप, अविनाशी और शान्त ह्न ऐसे परमात्मा को सर्व कर्मों की शान्ति के लिए मैं नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न जो परमात्मा, चैतन्यस्वरूप है, आनन्दस्वरूप है, नित्य, शाश्वत तथा समस्त क्रोधादि कर्मों से रहित है ह्न ऐसे हे परमात्मा! मुझे इस 'एकत्व सप्तति' नामक अधिकार के वर्णन करने में शान्ति प्रदान करें।

३०९. चैतन्यस्वरूप तेज मेरी रक्षा करे!

खादिपंचकनिर्मुक्तं, कर्माष्टकविवर्जितम्।
चिदात्मकं परं ज्योतिः, वन्दे देवेन्द्रपूजितम्।।२।।

अष्ट कर्मों से रहित, नभ आदि से भी भिन्न है।
देवेन्द्र वन्दित ज्योति चिन्मय, परम को मम नमन है।।

अर्थ ह्न जो चैतन्यरूप तेज, पुद्गल-धर्म-अधर्म-आकाश और काल से सर्वथा भिन्न है, ज्ञानावरणादि कर्मों से रहित है और जिसकी बड़े-बड़े देव तथा इन्द्र आदि सदा पूजन करते हैं ह्न ऐसा वह चैतन्यस्वरूप उत्कृष्ट तेज, मेरी रक्षा करे अर्थात् उस चैतन्यस्वरूप तेज को मस्तक झुका कर मैं नमस्कार करता हूँ।

३१०. ज्ञानियों के द्वारा अनुभवगम्य चैतन्यस्वरूप आत्मा को नमस्कार!

यदव्यक्तमबोधानां, व्यक्तं सद्बोधचक्षुषाम्।
सारं यत्सर्ववस्तूनां, नमस्तस्यै चिदात्मने।।३।।

सद्बोध चक्षु-गम्य जो, नहिं गम्य ज्ञान-विहीन को।
सार है सब वस्तुओं में नमन उस चित् आत्म को।।

अर्थ ह्न ज्ञानरहित अज्ञानी पुरुष, जिस चैतन्यस्वरूप आत्मा का अनुभव नहीं कर सकते तथा अखण्ड ज्ञान के धारक ज्ञानी, जिसका सदा अनुभव करते हैं और समस्त पदार्थों में जो सारभूत हैं ह्न ऐसे उस चैतन्यस्वरूप आत्मा को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

३११. निर्मल चैतन्यरूपी तेज प्रत्येक प्राणी के अन्दर विराजमान

चित्तत्त्वं तत्प्रतिप्राणि,-देह एव व्यवस्थितम्।
तमश्छन्ना न जानन्ति, भ्रमन्ति च बहिर्बहिः।।४।।

चैतन्य-तत्त्व रहे सदा, सब प्राणियों के देह में।
जानें न अज्ञानी उसे, वे भ्रमण करते बाह्य में।।

अर्थ ह्न प्रत्येक प्राणी की देह में यह निर्मल चैतन्यरूपी तत्त्व विराजमान है तो भी जिन मनुष्यों की आत्माएँ अन्धकार से ढकी हुई हैं; वे इसको कुछ भी नहीं जानते तथा चैतन्य से भिन्न बाह्य पदार्थों में ही चैतन्य के भ्रम से भ्रान्त होते हैं।

३१२. तीव्र मोहोदय का प्रभाव

भ्रमन्तोऽपि सदा शास्त्र,-जाले महति केचन।
न विन्दन्ति परं तत्त्वं, दारुणीव हुताशनम्।।५।।

कुछ लोग शास्त्र पढ़ें बहुत, पर भ्रमण करते भ्रान्ति में।
निजतत्त्व को जानें न ज्यों, नहिं अग्नि दिखती काष्ठ में।।

अर्थ ह्न अनेक मनुष्य, अनेक शास्त्रों का निरन्तर स्वाध्याय भी करते हैं तो भी तीव्र मोहनीय कर्म के उदय से भ्रान्त होकर, लकड़ी में जिस प्रकार अग्नि नहीं मालूम होती, उसी प्रकार वे चैतन्यस्वरूप आत्मा को अंशमात्र भी नहीं जानते।

३१३. अज्ञानियों की प्रवृत्ति

केचित् केनाऽपि कारुण्यात्, कथ्यमानमपि स्फुटम्।
न मन्यन्ते न शृण्वन्ति, महामोहमलीमसाः।।६।।

यदि कोई करुणाभाव से, कथनी करे शुद्धात्म की।
किन्तु मोह-मलीन-जन, मानें नहीं सुनते नहीं।।

अर्थ ह्न प्रबल मोहनीय कर्म से अज्ञानी हुए अनेक मनुष्य, उत्तम पुरुषों द्वारा करुणा करके बताये हुए आत्मतत्त्व को न तो मानते ही हैं तथा न सुनते ही हैं।

३१४. वस्तु का अनेकान्त (अनेक धर्मात्मक) स्वरूप

भूरिधर्मात्मकं तत्त्वं, दुःश्रुतेर्मन्दबुद्धयः।
जात्यन्धहस्तिरूपेण, ज्ञात्वा नश्यन्ति केचन।।७।।

अनन्त धर्म-स्वरूप वस्तु, मूढ़-जन नहिं जानते।
वे नष्ट हों एकान्त से, जन्मान्ध ज्यों हाथी लखें।।

अर्थ ह्न यद्यपि वस्तु का स्वरूप अनेकान्तमय है तो भी अनेक जड़-बुद्धि जन्मान्ध मनुष्य, जिस प्रकार हाथी के एक-एक भाग को ही हाथी समझ लेते हैं और नष्ट हो जाते हैं; उसी प्रकार वे भी एकान्तस्वरूप को ही मान कर नष्ट होते हैं।

भावार्थ ह्न किसी समय अनेक अन्धे मनुष्यों को ऐसी अभिलाषा हुई कि हम हाथी को जानें। इसलिए उन्होंने एक महावत से इस बात का निवेदन किया कि वह उनके सामने हाथी लावे, वे उसे जानना चाहते हैं, अतएव एक दिन उस महावत ने उनके सामने हाथी लाकर खड़ा कर दिया और कहा कि जो आपने हाथी को लाने का निवेदन किया था, उसी के अनुसार यह हाथी तुम्हारे सामने खड़ा है, इसे तुम जानो।

फिर क्या था? अन्धे दौड़े तथा अपने-अपने हाथों से एकह्नएक अंग को टटोलने लगे। जब वे अच्छी तरह परीक्षण कर चुके, तब उनमें से प्रत्येक को पूछा गया कि 'हाथी कैसा है?'

तब उनमें से एक, जिसने हाथी की पूँछ का स्पर्श किया था, वह झट से बोला कि 'हाथी लम्बे बाँस के समान होता है।'

जब दूसरे से पूछा गया कि भाई! हाथी कैसा है? तो उसने कहा कि 'हाथी लम्बा नहीं, बल्कि चाकी के पाट के समान गोल है' क्योंकि उसने हाथी के पैर का स्पर्श किया था।

इसी प्रकार औरों से भी पूछा गया तो उनमें से भी किसी ने कैसा और किसी ने कैसा कहा। किसी ने किसी अंग विशेष को हाथी कहा तथा किसी ने किसी अंग विशेष को हाथी कहा, किन्तु हाथी के समग्र स्वरूप का कोई भी वर्णन नहीं कर सका। इसलिए उनकी वे सर्व बातें मिथ्या ही समझी गईं। हाँ, यदि वे इस प्रकार का एकान्त नहीं पकड़ते कि हाथी लम्बा ही होता है अथवा गोल ही होता है तो उनकी सब बातें सत्य समझी जातीं क्योंकि हाथी उन

पूँछह्नपैर आदि अंगों से भिन्न कोई दूसरा पदार्थ नहीं है, बल्कि सम्यक् प्रकार से सर्व मिले हुए अंगों का नाम ही हाथी है।

उसी प्रकार यद्यपि वस्तु का स्वरूप अनेकान्त है तो भी बहुत से दुर्बुद्धि एक धर्म अथवा दो धर्म को ही वस्तु मान कर, उसे ही समग्र वस्तु का स्वरूप समझ कर, अपने को सर्वज्ञ होने का दावा करते हैं, किन्तु उनका उस प्रकार का अभिप्राय खोटा ही समझा जाता है क्योंकि वस्तु अनेक धर्मस्वरूप है। हाँ, यदि 'वे वस्तु में एक ही धर्म है अथवा दो ही धर्म हैं' ह्न ऐसा एकान्त न पकड़ें तो किसी रीति से उनका उस प्रकार का कहना निर्बाध समझा जा सकता है क्योंकि वे धर्म भी वस्तु से जुदे नहीं हैं, बल्कि वस्तु उन सब धर्मस्वरूप ही है। इसलिए उन धर्मों के कहने से वस्तु का स्वरूप कथंचित् सच भी माना जा सकता है।

इस प्रकार यह बात भलीभाँति सिद्ध हो जाती है कि वस्तु एकान्तात्मक नहीं, किन्तु अनेकान्तात्मक ही है, अतः जो सर्वथा एकान्तात्मक मानते हैं, वे दुर्बुद्धि हैं।

३१५. थोड़ा-सा ज्ञान, अहंकार का कारण

केचित्किञ्चित्परिज्ञाय, कुतश्चिद्गर्विताशयाः।
जगन्मन्दं प्रपश्यन्तो, नाश्रयन्ति मनीषिणः।।८।।

कोई किञ्चित् ज्ञान कर, विद्वान निज को मानते।
मूर्ख समझें अन्य को, सत्संग से वंचित रहें।।

अर्थ ह्न अनेक मनुष्य, कहीं से कुछ थोड़ी-सी बात जान कर, अपने को विद्वान् मान लेते हैं तथा अपने सामने जगत् के सब विद्वानों को मूर्ख समझते हैं, अतएव अहंकार के कारण वे सच्चे विद्वानों की संगति भी नहीं चाहते।

३१६. धर्म के क्षेत्र में परीक्षाप्रधानी होना ही श्रेयस्कर

जन्तुमुद्धरते धर्मः, पतन्तं दुःखसंकटे।
अन्यथा स कृतो भ्रान्त्या, लोकैर्ग्राह्यः परीक्षितः।।९।।

दुख-संकटों में फँसे जन को, तारता है धर्म ही।
मिथ्या कहे जग धर्म को, करना परीक्षा धर्म की।।

अर्थ ह्न संसार-संकट में फँसे हुए प्राणियों का उद्धार करने वाला धर्म ही है, किन्तु स्वार्थी दुष्टों ने उसको विपरीत कर दिया है अर्थात् उनका माना हुआ धर्म का स्वरूप, संसार में केवल डुबाने वाला ही है। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे भलीभाँति परीक्षा कर, धर्म को ग्रहण करें।

३१७. वक्ता की प्रामाणिकता से ही उसके वचनों में प्रामाणिकता

सर्वविद्वीतरागोक्तो, धर्मः सूनृततां व्रजेत्।
प्रामाण्यतो यतः पुंसो, वाचः प्रामाण्यमिष्यते।।१०।।

वीतरागी सर्वविद् का, कहा धर्म प्रमाण है।
पुरुष के प्रामाण्य से ही, वचन प्रामाणिक कहें।।

अर्थ ह्न समस्त लोकालोक के पदार्थों को जानने वाले तथा वीतरागी मनुष्य का कहा हुआ धर्म ही प्रामाणिक होता है क्योंकि मनुष्य के प्रामाण्य से ही उसके वचनों में प्रामाणिकता समझी जाती है; इसलिए जब वीतरागी तथा सर्वज्ञ प्रामाणिक पुरुष हैं, तब उनका कहा हुआ धर्म ही प्रामाणिक है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

३१८. पर से जुदा चैतन्य का ज्ञान और अनुभव करने की प्रेरणा

बहिर्विषयसम्बन्धः, सर्वः सर्वस्य सर्वदा।
अतस्तद्भिन्नचैतन्य,-बोधयोगौ तु दुर्लभो।।११।।

बाह्य विषयों का समागम, सदा ही सबको रहे।
किन्तु उनसे भिन्न आतम,-ज्ञान तो दुर्लभ अरे!।।

अर्थ ह्न अनेक बाह्य विषयों का सम्बन्ध तो सब जीवों के साथ सदाकाल ही रहता है, किन्तु बाह्य पदार्थों के सम्बन्ध से जुदा जो ज्ञानानन्दस्वरूप चैतन्य का ज्ञान तथा सम्बन्ध है, वह अत्यन्त दुर्लभ है।

भावार्थ ह्न अनादि काल से बाह्य पदार्थों का सम्बन्ध तो जीवों के साथ प्रतिक्षण लगा हुआ है। इसलिए उसका तो सर्व जीवों को अनुभव है, परन्तु उस बाह्य सम्बन्ध से भिन्न अन्तरंग में चैतन्य का ज्ञान तथा उसका सम्बन्ध कभी नहीं हुआ है क्योंकि वह अत्यन्त दुर्लभ है। इसलिए भव्य जीवों को चैतन्य का ही ज्ञान तथा उसी का अनुभव करना चाहिए।

३१९. पाँच लब्धियों की विशेषता ही निकट भव्य की पहचान

लब्धिपञ्चकसामग्री,-विशेषात्पात्रतां गतः।
भव्यः सम्यग्दृगादीनां, यः स मुक्तिपथे स्थितः।।१२।।

पञ्च लब्धि विशेषता से, पात्रता को प्राप्त जो।
वह भव्य सम्यग्दर्शनादिक, से गहे शिव-पथ अहो!।।

अर्थ ह्न जिसको सिद्धि होने वाली है ह्न ऐसा जो भव्य, वह (१) देशनालब्धि,

(२) प्रायोग्यलब्धि, (३) विशुद्धिलब्धि, (४) क्षयोपशमलब्धि तथा (५) करणलब्धि ह्न इस प्रकार पाँच लब्धिस्वरूप सामग्री के विशेष से सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी रत्नत्रय का पात्र बनता है अर्थात् रत्नत्रय को धारण करता है; वही मोक्षमार्ग में स्थित है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न सत्य उपदेश का नाम तो देशनालब्धि है। पंचेन्द्रियपना, सैनीपना, गर्भजपना, मनुष्यपना, ऊँचा कुल ह्न यह प्रायोग्यलब्धि है। परिणामों की विशुद्धता का नाम विशुद्धिलब्धि है। सर्वघाति-प्रकृतियों का उपशम ह्न यह क्षयोपशमलब्धि है। अधःकरण-अपूर्वकरण-अनिवृत्तिकरण ह्न यह करणलब्धि है। इन पाँच प्रकार की लब्धियों के विशेष से जो रत्नत्रय का धारी होता है, वही भव्य पुरुष शीघ्र मुक्ति पाता है। अन्यत्र शास्त्रों में क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण ह्न इस क्रम से पाँच लब्धियों का वर्णन है।

३२०. रत्नत्रय प्रयत्न ही कर्तव्य

सम्यग्दृग्बोधचारित्र,-त्रितयं मुक्तिकारणम्।
मुक्तावेव सुखं तेन, तत्र यत्नो विधीयताम्।।१३।।

सम्यक् सुदर्शन-ज्ञान-चारितमय कहा शिवपथ अहो।
मुक्ति में ही सुख अहो!, शिव प्राप्ति का पौरुष करो।।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ह्न इन तीनों का समुदाय अर्थात् एकता ही मुक्ति का कारण है और वास्तविक सुख की प्राप्ति मोक्ष में ही है; इसलिए भव्य जीवों को उसी के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

३२१. सम्यग्दर्शनादि का स्वरूप

दर्शनं निश्चयः पुंसि, बोधस्तद्बोध इष्यते।
स्थितिरत्रैव चारित्र,-मिति योगः शिवाश्रयः।।१४।।

निज आत्म का निश्चय सुदर्शन, ज्ञान सम्यग्ज्ञान है।
थिरता उसी में चरित इनकी, एकता शिवमार्ग है।।

अर्थ ह्न आत्मा का निश्चय सम्यग्दर्शन है, आत्मा का ज्ञान सम्यग्ज्ञान है और आत्मा में निश्चल रीति से रहना सम्यक्चारित्र है ह्न इन तीनों की एकता ही मोक्ष का कारण है।

३२२. आत्मा की अखण्डता

एकमेव हि चैतन्यं, शुद्धनिश्चयतोऽथवा।
कोऽवकाशो विकल्पानां, तत्राऽखण्डैकवस्तुनि।।१५।

चैतन्य ही शिवपन्थ है, वह शुद्धनय से एक है।
एक वस्तु में नहीं कुछ, भेद का अवकाश है।।

अर्थ ह्न शुद्धनिश्चयनय से एक चैतन्य ही मोक्ष का मार्ग है क्योंकि आत्मा एक अखण्ड पदार्थ है; इसलिए उसमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र आदि भेदों का अवकाश ही नहीं है अर्थात् एक अखण्ड आत्मा के सम्यग्दर्शन आदि टुकड़े नहीं हो सकते।

३२३. प्रमाण-नय-निक्षेप से पार शुद्धात्मा

प्रमाणनयनिक्षेपा, अर्वाचीने पदे स्थिताः।
केवले च पुनस्तस्मिंस्तदेकं प्रतिभासते।।१६।।

व्यवहार में ही भेद, नय-निक्षेप और प्रमाण का।
शुद्धनय से एक केवल, चिदातम ही भासता।।

अर्थ ह्न जब तक आत्मा शुद्धात्मा नहीं हुआ है, तभी तक इसमें प्रमाण-नय-निक्षेप भिन्नह्नभिन्न मालूम पड़ते हैं, किन्तु जिस समय यह आत्मा शुद्धात्मा हो जाता है, उस समय इसमें केवल एक चैतन्यस्वरूप आत्मा ही प्रतिभासता है।

३२४. व्यवहारनय से प्रमाण-नय-निक्षेप के भेद

निश्चयैकदृशा नित्यं, तदेवेकं चिदात्मकम्।
प्रपश्यामि गतभ्रान्तिः, व्यवहारदृशा परम्।।१७।।

यह आत्मा है नित्य चेतन एक निश्चय दृष्टि से।
अनुभव करूँ निर्भान्त हो, हैं भेद नय-व्यवहार से।।

अर्थ ह्न शुद्धनिश्चयनय से यह आत्मा एक नित्य और चैतन्यस्वरूप है ह्न ऐसा मैं अनुभव करने वाला अनुभव करता हूँ, किन्तु व्यवहारनय से प्रमाण-नय-निक्षेप स्वरूप में भी इस आत्मा को भलीभाँति देखता हूँ।

भावार्थ ह्न शुद्धनिश्चयनय की दृष्टि में यह आत्मा एक, नित्य तथा चैतन्यस्वरूप ही है, किन्तु व्यवहारनय की अपेक्षा से इसमें प्रमाण-नय-निक्षेप आदि भेद दिखते हैं।

३२५-३२६. अर्हन्त, जगन्नाथ, प्रभु तथा ईश्वर कहलाने का अधिकारी कौन?

अजमेकं परं शान्तं, सर्वोपाधिविवर्जितम्।
आत्मानमात्मना ज्ञात्वा, तिष्ठेदात्मनि यः स्थिरः।।१८।।
स एवाऽमृतमार्गस्थः, स एवाऽमृतमश्नुते।
स एवाऽर्हन् जगन्नाथः, स एव प्रभुरीश्वरः।।१९।।

एक शान्त तथा अजन्मा, सर्व कर्म-विहीन जो।
जान कर निज को स्वयं से, उसी में जो लीन हो।।
वही है शिव-पन्थ में, पाता वही है मुक्ति को।
वही त्रिभुवननाथ अर्हन्, वही प्रभु ईश्वर अहो!।।

अर्थ ह्न जो पुरुष जन्मरहित एक शान्तिस्वरूप और समस्त कर्मों से रहित अपने को अपने से जान कर, अपने में ही निश्चल रीति से ठहरता है; वही पुरुष, मोक्ष को जाने वाला है; वही मनुष्य, मोक्षसुख को प्राप्त होता है; वही, अर्हन्त जगन्नाथ प्रभु तथा ईश्वर कहलाता है। इसलिए भव्य जीवों को अपनी आत्मा में अवश्य निश्चल रीति से ठहरना चाहिए।

३२७. उत्कृष्ट आत्मस्वरूप तेज को जानने वाला ही कृतकृत्य

केवलज्ञानदृक्सौख्य,-स्वभावं तत्परं महः।
तत्र ज्ञाते न किं ज्ञातं, दृष्टे दृष्टं श्रुते श्रुतम्।।२०।।

ज्ञान-दर्शन-सौख्य केवल तेजमय यह आत्मा।
जो उसे जाने सुने देखे, क्या नहीं जाना सुना?।।

अर्थ ह्न जो उत्कृष्ट आत्मस्वरूप तेज है, वह केवलज्ञान और अनन्तसुखस्वरूप ही है। इसलिए जिसने इस तेज को जान लिया, उसने सबकुछ जान लिया; जिसने इस तेज को देख लिया, उसने सबकुछ देख लिया; जिसने इस तेज को सुन लिया, उसने सबकुछ सुन लिया ह्न ऐसा समझना चाहिए।

३२८. वास्तव में एक चैतन्यस्वरूप ही जानने योग्य

इति ज्ञेयं तदेवैकं श्रवणीयं तदेव हि।
द्रष्टव्यं च तदेवैकं, नाऽन्यन्निश्चयतो बुधैः।।२१।।

यह एक ही है ज्ञेय एवं, यही सुनने योग्य है।
देखने लायक यही है, अन्य कुछ नहिं ज्ञानी को।।

अर्थ ह्न भव्य जीवों को निश्चय से एक चैतन्यस्वरूप ही जानने योग्य है, वही एक सुनने योग्य है और वही देखने योग्य है; किन्तु उससे भिन्न कोई भी वस्तु न तो जानने योग्य है, न सुनने योग्य है और न देखने योग्य है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

३२९. योगीश्वरों को कृतकृत्य होने में कारण

गुरुपदेशतोऽभ्यासात्, वैराग्यादुपलभ्य यत्।
कृतकृत्यो भवेद्योगी, तदेवैकं न चाऽपरम्।।२२।।

गुरु-वचन से श्रुत-पठन से वैराग्य से पाकर जिसे।
कृतकृत्य होते योगिजन वह एक है नहिं अन्य है।।

अर्थ ह्न गुरु के उपदेश, शास्त्र के अभ्यास और वैराग्य के निमित्त से जिसे पाकर योगीश्वर कृतकृत्य हो जाते हैं; वह ही एक चैतन्यस्वरूप तेज है, अन्य कोई नहीं।

३३०. जिसने प्रसन्न-चित्त से चैतन्यस्वरूप आत्मा की बात भी सुनी....

तत्प्रति प्रीतिचित्तेन, येन वार्ताऽपि हि श्रुता।
निश्चितं स भवेद्भव्यो, भाविनिर्वाणभाजनम्।।२३।।

इस आत्मा की बात को भी प्रीति से जिसने सुना।
वह भव्य है निश्चित अहो! अतिशीघ्र मुक्ति पाएगा।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य ने प्रसन्नचित्त से चैतन्यस्वरूप आत्मा की बात भी सुनी है; वह भव्य पुरुष, निकट भविष्य में मुक्ति का निश्चय से पात्र होता है अर्थात् वह नियम से मोक्ष जाता है। इसलिए मोक्षाभिलाषियों को अवश्य चैतन्यस्वरूप आत्मा का अनुभव करना चाहिए।

३३१. परमब्रह्म को जानने वाला स्वयं परमब्रह्मस्वरूप

जानीते यः परं ब्रह्म, कर्मणः पृथगेकताम्।
गतं तद्गतबोधाऽत्मा, तत्स्वरूपं स गच्छति।।२४।।

जो जानता निष्कर्म एवं एक निज परमात्म को।
परमात्मा होता स्वयं वह, प्राप्त करके बोध को।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, शुद्धात्मा में लीन होकर कर्मों से भिन्न और एकत्वस्वरूप ह्न ऐसे उस परमब्रह्म परमात्मा को जानता है; वह पुरुष, स्वयं परमब्रह्मस्वरूप ही हो जाता है। इसलिए भव्य जीवों को परमात्मा का अवश्य ध्यान करना चाहिए।

३३२. परपदार्थों से ममत्व छोड़ना अनिवार्य

केनाऽपि हि परेण स्यात्, सम्बन्धो बन्धकारणम्।
परैकत्वपदे शान्ते, मुक्तये स्थितिरात्मनः।।२५।।

किसी भी परद्रव्य के, सम्बन्ध से हो बन्ध ही।
एकत्व शान्त निजात्मा में, लीनता मुक्ति कही।।

अर्थ ह्न अन्य पदार्थों के साथ जो आत्मा का सम्बन्ध होता है, उससे केवल बन्ध ही होता है तथा उसी आत्मा का जो उत्कृष्ट शान्त और एकतारूप निजपद में ठहरना है,

उससे मोक्ष होता है; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को परपदार्थों से ममत्व छोड़ कर, स्व-स्वरूप में ही लीन होना चाहिए।

३३३. कर्मों का सम्बन्ध छूटने पर आत्मा का शान्तस्वरूप प्रगट

विकल्पोर्मिभरत्यक्तः, शान्तः कैवल्यमाश्रितः।
कर्माऽभावे भवेदात्मा, वार्ताऽभावे समुद्रवत्।।२६।।

यह आत्मा हो शान्त, केवलज्ञानमय क्षय-कर्म से।
पवन विरहित उदधिसम यह, विकल्पों से शून्य हो।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार पवन के थम जाने पर समुद्र, लहरों रहित, क्षोभ रहित तथा शान्त हो जाता है; उसी प्रकार जब इस आत्मा से सर्वथा कर्मों का सम्बन्ध छूट जाता है, तब यह आत्मा भी समस्त प्रकार के विकल्पों से रहित व केवलज्ञान सहित, शान्त हो जाता है।

भावार्थ ह्न यदि देखा जाए तो स्वभाव से समुद्र शान्त ही है, किन्तु जिस समय पवन चलती है, उस समय उसकी लहरें ऊँची-ऊँची उठती हैं तथा वह क्षुब्ध हो जाता है, परन्तु जिस समय पवन रुक जाती है, उस समय फिर वह समुद्र शान्त हो जाता है; उसी प्रकार निश्चयनय से यह आत्मा भी शान्त ही है, किन्तु कर्म के सम्बन्ध से इसमें नाना प्रकार के विकल्प आकर खड़े हो जाते हैं, किन्तु जिस समय उन कर्मों का सम्बन्ध छूट जाता है, उस समय फिर वैसा का वैसा ही आत्मा शान्त हो जाता है।

३३४. 'मैं मुक्तस्वरूप हूँ' ह्न ऐसी मेरी निश्चित मति

संयोगेन यदायातं, मत्तस्तत्सकलं परम्।
तत्परित्यागयोगेन, मुक्तोऽहमिति मे मतिः।।२७।।

संयोग से उत्पन्न जो वे, सभी मुझसे भिन्न हैं।
इसलिए उन वस्तुओं के, त्याग से मैं भिन्न हूँ।।

अर्थ ह्न सम्यग्दृष्टि चिन्तवन करता रहता है कि जो वस्तुएँ, संयोग से उत्पन्न हुई हैं, वे सब मुझसे भिन्न हैं तथा मुझे इस बात का परिज्ञान है कि उन संयोग से पैदा हुई समस्त वस्तुओं के त्याग से मैं मुक्त हूँ। मेरी आत्मा में किसी प्रकार के कर्म का सम्बन्ध नहीं है।

३३५. राग-द्वेष का त्याग ही महामन्त्र

किं मे करिष्यतः क्रूरौ, शुभाऽशुभनिशाचरौ।
रागद्वेषपरित्याग,-महामन्त्रेण कीलितौ।।२८।।

क्रूर जो शुभ-अशुभ राक्षस, क्या हमारा कर सकें?।
वीतरागी मन्त्र से, उनको किया कीलित अरे!।।

अर्थ ह्न राग-द्वेष के परित्यागरूपी प्रबल मन्त्र से कीलित तथा क्रूर ह्न ऐसे शुभ तथा अशुभ कर्मरूप राक्षस मेरा क्या करेंगे? अर्थात् वे मेरा कुछ भी बिगाड़ नहीं कर सकते।

भावार्थ ह्न रागह्नद्वेष के होने से ही शुभ तथा अशुभ कर्मों का बन्ध होता है। यदि रागह्नद्वेष का ही सम्बन्ध मेरी आत्मा के साथ न रहेगा तो शुभ तथा अशुभ कर्म, मेरा कुछ भी बुरा नहीं कर सकते ह्न ऐसा सम्यग्दृष्टि विचार करता है।

३३६. राग-द्वेष के प्रसंग में भी राग-द्वेष का त्याग आवश्यक

सम्बन्धेऽपि सति त्याज्यौ, रागद्वेषौ महात्मभिः।
विना तेनाऽपि ये कुर्युः, ते कुर्युः किं न वातुलाः।।२९।।

पर-संग हो तो भी तजें बुध, राग-द्वेष विकार को।
पर-संग बिन भी हों विकारी, क्या अनिष्ट नहीं करें?।।

अर्थ ह्न सज्जनों को चाहिए कि राग-द्वेष के प्रसंग होने पर भी वे राग-द्वेष का त्याग करें; किन्तु जो प्रसंग के न होने पर भी राग-द्वेष करते हैं, वे मनुष्य, समस्त अनिष्टों को पैदा करते हैं।

भावार्थ ह्न राग-द्वेष के होने पर अनेक प्रकार के अनिष्ट होते हैं, इसलिए सज्जनों को कदापि रागी-द्वेषी नहीं बनना चाहिए।

३३७. मुमुक्षुओं को मन-वचन-काय से भिन्न आत्मा ही उपासनीय

मनोवाक्कायचेष्टाभिः, तद्विधं कर्म जृम्भते।
उपास्यते तदेवैकं, तेभ्यो भिन्नं मुमुक्षुभिः।।३०।।

मन-वचन-तन चेष्टानुसार, बँधें करम इस जीव को।
अतः इनसे भिन्न आत्मा, ही उपास्य मुमुक्षु को।।

अर्थ ह्न मन-वचन-काय की चेष्टानुसार उस प्रकार के कर्म, वृद्धि को प्राप्त होते हैं; इसलिए मोक्षाभिलाषी भव्य पुरुष, मन-वचन-काय से भिन्न एक चैतन्यमात्र आत्मा की ही उपासना करते हैं।

३३८. द्वैत से द्वैत और अद्वैत से अद्वैत की उत्पत्ति

द्वैततो द्वैतमद्वैताद्वैतं खलु जायते।
लोहाल्लोहमयं पात्रं, हेम्नो हेममयं यथा।।३१।।

द्वैत से हो द्वैत अरु, अद्वैत से अद्वैत हो।
लौह से हो लौह पात्र, सुवर्ण पात्र सुवर्ण से।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार लोहे से लोहमयी तथा सुवर्ण से सुवर्णमयी पात्र की उत्पत्ति होती है; उसी प्रकार निश्चय से द्वैत से द्वैत ही होता है तथा अद्वैत से अद्वैत ही होता है।

भावार्थ ह्न कर्म तथा आत्मा के मिलाप का नाम द्वैत है; अतः जब तक कर्म तथा आत्मा का मिलाप रहेगा, तब तक तो जीव संसारी ही रहेगा, किन्तु जिस समय कर्म तथा आत्मा का मिलाप छूट जाएगा, तब यह जीव मुक्त हो जाएगा।

३३९. द्वैत ही संसार और अद्वैत ही मोक्ष

निश्चयेन तदेकत्व,-मद्वैतममृतं परम्।
द्वितीयेन कृतं द्वैतं, संसृतिर्व्यवहारतः।।३२।।

एकत्वमय अद्वैत ही है, मोक्ष निश्चय से अहो!।
कर्मकृत जो द्वैत वह, संसार है व्यवहार से।।

अर्थ ह्न निश्चयनय से तो एकतारूप जो अद्वैत है, वही मोक्ष है और व्यवहारनय से कर्मों के द्वारा किया हुआ जो द्वैत है, वह संसार है।

भावार्थ ह्न जब तक कर्मों का सम्बन्ध रहता है, तब तक तो संसार है, किन्तु जिस समय कर्मों का सम्बन्ध छूट जाता है, उस समय मोक्ष है।

३४०. द्वैत के आश्रित बुद्धि ही असिद्धि का कारण

बन्धमोक्षौ रतिद्वेषौ, कर्मात्मनौ शुभाशुभौ।
इति द्वैताश्रिता बुद्धि,-रसिद्धिरभिधीयते।।३३।।

शुभ-अशुभ राग-द्वेष बन्धन-मुक्ति आत्मा-कर्म के।
द्वैत-आश्रित बुद्धि से, नहिं सिद्धि होती इष्ट की।।

अर्थ ह्न बन्ध-मोक्ष, राग-द्वेष, कर्म-आत्मा, शुभ-अशुभ ह्न इस प्रकार द्वैत से सहित जो बुद्धि है, वह असिद्धि है अर्थात् निजानन्द शुद्ध अद्वैतस्वरूप को रोकने वाली है।

३४१. आत्मा से भिन्न उदय, उदीरणा, सत्ता आदि कर्मों की रचना

उदयोदीरणा सत्ता, प्रबन्धः खलु कर्मणः।
बोधाऽत्मधाम सर्वेभ्यः, तदेवैकं परं परम्।।३४।।

कर्मकृत है बन्ध सत्ता, उदय और उदीरणा।
किन्तु इनसे भिन्न है, उत्कृष्ट चेतन आत्मा।।

अर्थ ह्न उदय, उदीरणा, बन्ध, सत्ता इत्यादि समस्त कर्मों की ही रचना है, किन्तु आत्मा समस्त रचना से भिन्न है, उत्कृष्ट है तथा केवलज्ञान का धारी है।

३४२. मेघों के आकारों से अविकृत आकाश के समान कर्मों से अविकृत आत्मा

क्रोधादिकर्मयोगेऽपि, निर्विकारं परं महः।
विकारकारिभिर्मेघैः, न विकारि नभो भवेत्।।३५।।

क्रोधादि कर्म-संयोग में भी, निर्विकारी आत्मा।
विकारकारक मेघ हों पर, निर्विकारी नभ सदा।।

अर्थ ह्न काले-पीले-नीले घोड़े के आकार, हाथी के आकार इत्यादि अनेक विकार सहित बादलों से जिस प्रकार अमूर्तिक आकाश विकृत नहीं होता; उसी प्रकार यद्यपि आत्मा के साथ क्रोधादि कर्मों का सम्बन्ध है तो भी आत्मा विकार रहित ही है।

३४३. जन्म-मरण आदि शरीर के धर्म, आत्मा के नहीं

नामाऽपि हि परं तस्मान्निश्चयात्तदनामकम्।
जन्ममृत्यादि चाशेषं, वपुर्धर्मं विदुर्बुधाः।।३६।।

आत्मा इस नाम से भी आत्मा तो भिन्न है।
जन्म-मरणादिक सभी तन-धर्म है यह बुध कहें।।

अर्थ ह्न निश्चयनय से आत्मा का कोई नाम नहीं है, वह नाम रहित ही है और जो ये जन्म-मरण आदि धर्म हैं, वे शरीर के ही धर्म हैं ह्न ऐसा बड़े-बड़े विद्वान् कहते हैं।

३४४. आत्मा, ज्ञान से सहित नहीं, बल्कि आत्मा और ज्ञान, एक ही पदार्थ

बोधेनाऽपि युतिस्तस्य, चैतन्यस्य तु कल्पना।
स च तच्च तयोरैक्यं, निश्चयेन विभाव्यते।।३७।।

आत्मा है ज्ञानयुत यह, कल्पना चैतन्य में।
क्योंकि निश्चय गम्य है कि, आत्मा ही ज्ञान है।।

अर्थ ह्न आत्मा, ज्ञान से सहित है ह्न यह भी चैतन्यस्वरूप आत्मा में कल्पना ही है क्योंकि शुद्धनिश्चयनय से आत्मा और ज्ञान एक ही पदार्थ है ह्न ऐसा अनुभवगोचर है।

३४५. भव्य जीवों को परम शरण कौन?

क्रियाकारकसम्बन्ध,-प्रबन्धोज्झितमूर्ति यत्।
एवं ज्योतिस्तदेवैकं, शरण्यं मोक्षकांक्षिणाम्।।३८।।

कारक-क्रिया सम्बन्ध से भी, भिन्न चेतन तेज है।
मोक्षाभिलाषी भव्य को यह, आत्मा ही शरण है।।

अर्थ ह्न जो चैतन्यरूपी तेज, क्रिया और कारक के सम्बन्ध की रचना से रहित है, वही एक मोक्षाभिलाषी भव्य जीवों को परम शरण है।

भावार्थ ह्न क्रिया एवं कारक के सम्बन्ध से रहित तथा एक ह्न ऐसे चैतन्यस्वरूप तेज की, जो भव्य जीव उपासना करते हैं, उनको मोक्ष मिलता है; इसलिए भव्य जीवों को ऐसे चैतन्य की ही सदा उपासना करनी चाहिए।

३४६. शुद्धात्मा से भिन्न कोई दर्शन-ज्ञान-चारित्र तप नहीं

तदेकं परमं ज्ञानं, तदेकं शुचि दर्शनम्।
चारित्रं च तदेकंस्यात्, तदेकं निर्मलं तपः।।३९।।

यह आत्मा ही ज्ञान है यह, एक ही दर्शन अहा!।
चारित्र भी यह आत्मा, तप एक यह निर्मल कहा।।

अर्थ ह्न चैतन्यस्वरूप शुद्ध आत्मा ही तो ज्ञान है, वही दर्शन है, वही चारित्र है और वही तप है; किन्तु उस शुद्धात्मा से भिन्न न कोई ज्ञान है, न कोई दर्शन है, न कोई चारित्र है और न कोई तप ही है। इसलिए भव्य जीवों को आत्मा का ही ज्ञान, श्रद्धान, आचरण आदि करना चाहिए।

३४७. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही नमस्कार करने योग्य

नमस्यं च तदेवैकं, तदेवैकं च मङ्गलम्।
उत्तमं च तदेवैकं, तदेव शरणं सताम्।।४०।।

वन्दना के योग्य है यह, एक ही मंगल अहो!।
वह एक ही उत्तम अतः, बुध शरण इसकी ही गहो।।

अर्थ ह्न वह एक चैतन्यस्वरूप आत्मा ही नमस्कार करने योग्य है, वही मंगलस्वरूप है, वही सर्व पदार्थों में श्रेष्ठ है तथा वही भव्य जीवों को शरण है।

३४८. अप्रमत्त योगियों को चिदानन्दस्वरूप आत्मा ही सर्वस्व

आचारश्च तदेवैकं तदेवावश्यक-क्रिया।
स्वाध्यायस्तु तदेवैकमप्रमत्तस्य योगिनः।।४१।।

यह आत्मा ही आचरण, यह एक आवश्यक क्रिया।
स्वाध्याय है यह एक ही, अप्रमत्त योगीश्वरों का।।

अर्थ ह्न प्रमाद रहित योगीश्वरों को जो चिदानन्दस्वरूप आत्मा का ध्यान है, वही आचार है, वही आवश्यक क्रिया है, वही स्वाध्याय है, किन्तु उससे भिन्न आचार आदि कोई वस्तु नहीं है।

३४९. चौरासी लाख उत्तरगुणों का धारी कौन?

गुणाःशीलानि सर्वाणि, धर्मश्चाऽत्यन्तनिर्मलः।
सम्भाव्यन्ते परं ज्योतिः, तदेकमनुतिष्ठतः।।४२।।

गुण शील एवं धर्म निर्मल, की उसे सम्भावना।
उत्कृष्ट चेतन ज्योति में ही, लीन रहता जो सदा।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, उस चैतन्यस्वरूप आत्मा का ध्यान करने वाला है, वही पुरुष चौरासी लाख उत्तर गुणों का धारी है, वही अठारह हजार शील व्रतों का धारी है और उसी पुरुष के निर्मल धर्म है ह्न ऐसा निश्चय है।

३५०. संसार का सबसे मनोहर और उत्कृष्ट पदार्थ है चैतन्यस्वरूप आत्मा

तदेवैकं परं रत्नं, सर्वशास्त्रमहोदधेः।
रमणीयेषु सर्वेषु, तदेकं पुरतः स्थितम्।।४३।।

यह एक सर्वोत्तम रतन है, सर्व शास्त्र-समुद्र का।
रमणीय सर्व पदार्थ में यह, एक आत्मा ही कहा।।

अर्थ ह्न समस्त शास्त्ररूपी विस्तीर्ण समुद्र का उत्कृष्ट रत्न, यह चैतन्यस्वरूप आत्मा ही है अर्थात् इसी रत्न की प्राप्ति के लिए शास्त्रों का अध्ययन किया जाता है। संसार में जितने भी मनोहर पदार्थ हैं, उन सब पदार्थों में सबसे मनोहर तथा उत्कृष्ट पदार्थ चैतन्यस्वरूप आत्मा ही है; इसलिये भव्य जीवों को इस चैतन्यस्वरूप आत्मा का ही अच्छी तरह से ध्यान करना चाहिए।

३५१. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही एक उत्तम तत्त्व

तदेवैकं परं तत्त्वं, तदेवैकं परं पदम्।
भव्याऽराध्यं तदेवैकं, तदेवैकं परं महः।।४४।।

यह आत्मा ही तत्त्व उत्तम, यही उत्तम पद अहो!।
आराध्य भव्यों के लिए यह, एक उत्तम तेज है।।

अर्थ ह्न वह चैतन्यस्वरूप आत्मा ही एक उत्तम तत्त्व है, वही एक उत्कृष्ट स्थान है, वही एक भव्य जीवों के आराधन करने योग्य है तथा वही एक अद्वितीय उत्तम तेज है।

३५२. ध्यानयुक्त योगियों का प्रयोजन

शस्त्रं जन्मतरुच्छेदि, तदेवैकं सतां मतम्।
योगिनां योगनिष्ठानां, तदेवैकं प्रयोजनम्।।४५।।

जन्म-तरु-छेदक यही है, एक बुधजन मानते।
यह है प्रयोजन योगियों का, योग में जो निष्ठ है।।

अर्थ ह्न वह चैतन्यस्वरूपी आत्मा ही जन्मरूपी वृक्ष का नाश करने के लिए शस्त्र के समान है अर्थात् चैतन्यस्वरूपी आत्मा का भलीभाँति ध्यान करने से सर्व जन्म-मरण आदि दोष नष्ट हो जाते हैं; वह आत्मारूपी तेज ही भव्य जीवों को मान्य है और वही ध्यानयुक्त योगियों का प्रयोजन है अर्थात् उसी की प्राप्ति के लिए योगीगण सदा प्रयत्न करते रहते हैं।

३५३. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही मोक्ष का मार्ग

मुमुक्षुणां तदेवैकं, मुक्तेः पन्था न चाऽपरः।
आनन्दोऽपि न चान्यत्र, तद्विहाय विभाव्यते।।४६।।

मोक्षाभिलाषी के लिए यह, एक ही शिवपन्थ है।
आनन्दमय भी है वही, अन्यत्र भासित हो नहीं।।

अर्थ ह्न मोक्षाभिलाषियों के लिए चैतन्यस्वरूप आत्मा ही मोक्ष का मार्ग है। आत्मा से अन्य कोई भी मोक्षमार्ग नहीं है। आनन्द भी आत्मा में ही है, किन्तु उसके सिवाय और कहीं पर भी आनन्द प्रतीत नहीं होता। इसलिए भव्य जीवों को इसी का ध्यान करना चाहिए।

३५४. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही शीतल गृह

संसारघोरघर्मेण, सदा तप्तस्य देहिनः।
यन्त्रधारागृहं शान्तं, तदेव हिमशीतलम्।।४७।।

संसाररूपी धूप में, सन्तप्त प्राणी के लिए।
शान्त शीतल हिम समान, फुहारयुत यह सदन है।।

अर्थ ह्न संसाररूपी प्रबल सन्ताप से सदाकाल सन्तप्त प्राणियों को वह चैतन्यस्वरूप आत्मा ही शान्त तथा बर्फ के समान शीतल फव्वारे सहित मकान है अर्थात् जिस प्रकार धूप से सन्तप्त मनुष्यों को फव्वारे सहित शीतल मकान में आराम मिलता है; उसी प्रकार संसार के सन्ताप से खिन्न जीवों को इस शान्त आत्मा में लीन होने से ही आराम मिलता है। इसलिए भव्य जीवों को सदा चैतन्यस्वरूप आत्मा का ही अनुभव करना चाहिए।

३५५. चैतन्यस्वरूप आत्मा का उत्कृष्ट बल

तदेवैकं परं दुर्गम,-गम्यं कर्मविद्विषाम्।
तदेवैतत्तिरस्कार,-कारि सारं निजं बलम्।।४८।।

कर्म-शत्रु के लिए यह, एक है दुर्गम किला।
आत्मा ही सैन्यबल है, तिरस्कारी कर्म का।।

अर्थ ह्न वह चैतन्यस्वरूप आत्मा ही एक ऐसा किला है कि जिसमें कर्मरूपी वैरी कदापि प्रवेश नहीं कर सकते तथा उन कर्मरूपी शत्रुओं का अपमान करने वाला वह चैतन्यस्वरूप आत्मा ही एक उत्कृष्ट बल (सैन्य बल) है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, चैतन्यस्वरूप आत्मा का ध्यान करते हैं, उनका कर्मरूपी वैरी कुछ नहीं कर सकते। इसलिए भव्य जीवों को शुद्धात्मा का ही ध्यान करना चाहिए।

३५६. जन्म-जरा आदि नाश करने वाली परम औषधि

तदेव महती विद्या, स्फुरन्मन्त्रस्तदेव हि।
औषधं तदपि श्रेष्ठं, जन्मव्याधिविनाशनम्।।४९।।

यह आत्मा ही प्रबल विद्या, यही मन्त्र प्रकाशमय।
श्रेष्ठ औषधि है यही जो, नष्ट करती जन्म भय।।

अर्थ ह्न वह चैतन्यस्वरूप तेज ही प्रबल विद्या है, वही स्फुरायमान मन्त्र है और समस्त जन्म-जरा आदि को नाश करने वाली, वही एक परम औषधि है।

३५७. शुद्धात्मा के चिन्तवन का फल

अक्षयस्याऽक्षयाऽऽनन्द,-महाफलभरश्रिय:।
तदेवैकं परं बीजं, निःश्रेयसलसत्तरो।।५०।।

यह बीज है जिससे मनोहर, वृक्ष की उत्पत्ति हो।
जिसमें फलें भरपूर आनन्दरूप शाश्वत फल अहो!।।

अर्थ ह्न उस शुद्धात्मारूपी तेज से ही अविनाशी तथा अक्षय सुखरूपी उत्तम फल को देने वाले मोक्षरूपी मनोहर वृक्ष की उत्पत्ति होती है क्योंकि वही उसका उत्कृष्ट बीजभूत है।

भावार्थ ह्न जो पुरुष, उस शुद्धात्मा का अनुभव-मनन-ध्यान करते हैं, उनको अक्षय सुख को देने वाली मोक्षलक्ष्मी की प्राप्ति होती है; इसलिए भव्य जीवों को सदा उस आत्मा का ही चिन्तवन करते रहना चाहिए।

३५८. चैतन्यस्वरूप आत्मा ही तीन लोक का राजा

तदेवैकं परं विद्धि, त्रैलोक्यगृहनायकम्।
येनैकेन विना शंके, वसदप्येतदुद्धनम्।।५१।।

यह एक ही त्रिभुवन सदन का, श्रेष्ठ नायक जानिए।
इसके बिना यह सदन भी, वनवास जैसा मानिए।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि हे भव्य जीवों! तीन लोकरूपी घर का स्वामी, उस चैतन्यस्वरूप तेज को ही तुम समझो क्योंकि मैं ऐसी शंका करता हूँ कि उस एक चैतन्यस्वरूप तेज के बिना यह तीन लोकरूपी घर भी वन के समान है।

भावार्थ ह्न यद्यपि यह लोक, जीव-अजीवादि छह द्रव्यों से भरा हुआ है तो भी इसमें जानने वाला एक आत्मा ही है और इसके सिवाय समस्त लोक जड़ ही है। यह आत्मा ही तीन लोक का राजा है; अतः उत्तम फल के चाहने वाले भव्य जीवों को इसी में लीन रहना चाहिए।

३५९. शुद्ध चिद्रूप की कल्पनाओं से भी रहित शुद्धात्मा

शुद्धं यदेव चैतन्यं, तदेवाऽहं न संशयः।
कल्पनयाऽनयाप्येतद्धीनमाऽऽनन्दमन्दिरम्।।५२।।

जो शुद्ध चेतन है वही मैं, नहीं संशय है कहीं।
'आनन्दमय हूँ मैं' अरे! यह कल्पना भी मैं नहीं।।

अर्थ ह्न 'जो निराकार निरंजन शुद्ध चिद्रूप है सो मैं ही हूँ,' इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है। परन्तु इस प्रकार की कल्पना से भी वह आनन्दस्वरूप शुद्धात्मा रहित है।

भावार्थ ह्न जो शुद्ध चैतन्यस्वरूप है, वह मैं ही हूँ ह्न इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं। लेकिन ऐसी कल्पना भी उस शुद्धात्मा में नहीं है; इसलिये शुद्धात्मा, समस्त प्रकार की कल्पनाओं से रहित ही है।

३६०. मोक्ष की इच्छा भी मोक्ष-प्राप्ति में बाधक

स्पृहा मोक्षेऽपि मोहोत्था, तन्निषेधाय जायते।
अन्यस्मै तत्कथं शान्ताः, स्पृहयन्ति मुमुक्षवः।।५३।।

मोह से हो मोक्ष-इच्छा, मुक्ति में बाधक अरे!।
तो मुक्तिकामी शान्त नर, किस वस्तु की इच्छा करें?।।

अर्थ ह्न मोह के होने पर ही इच्छा होती है। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि यदि मोक्ष के विषय में भी मोह से उत्पन्न हुई इच्छा हो जाए तो वह भी मोक्ष को रोकने वाली हो जाती है; इसलिए शान्त मोक्षाभिलाषी मनुष्य, अन्य पदार्थों की कैसे इच्छा कर सकते हैं?

३६१. मेरा प्रबल मन्तव्य ह्न मैं एक चैतन्यस्वरूप ही हूँ!

अहं चैतन्यमेवैकं, नाऽन्यत्किमपि जातुचित्।
सम्बन्धोऽपि केनापि, दृढपक्षो ममेदृशः।।५४।।

चैतन्य ही मैं एक हूँ, नहिं भिन्न मैं इससे कहीं।
पर से नहीं सम्बन्ध कुछ, मन्तव्य दृढ़ मेरा यही।।

अर्थ ह्न मैं एक चैतन्यस्वरूप ही हूँ, चैतन्य से भिन्न नहीं हूँ और निश्चय से किसी दूसरे पदार्थ के साथ मेरा सम्बन्ध भी नहीं है ह्न यह मेरा प्रबल मन्तव्य है।

३६२. ज्ञानीजनों की परिणति

शरीरादिबहिश्चिन्ता, -चक्रसम्पर्कवर्जितम्।
विशुद्धाऽत्मस्थितं चित्तं, कुर्वन्नास्ते निरन्तरम्।।५५।।

देहादि बाह्य पदार्थ की, चिन्ता नहीं बुधजन करें।
निर्मल निजातम में सदा, निज-चित्त को स्थिर करें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि ज्ञानीजन, बाह्य शरीरादि पदार्थों की चिन्ता छोड़ कर, रागह्नद्वेष आदि मलों से रहित निर्मल अपनी आत्मा में ही चित्त को लगाते हैं।

३६३. ज्ञान के द्वारा अपनी आत्मा को सम्बोधन

एवं सति यदेवाऽस्ति, तदस्तु किमिहाऽपरैः।
आसाद्यात्मन्निदं तत्त्वं, शान्तो भव सुखी भव।।५६।।

इसलिए जो है वही है, क्या प्रयोजन अन्य से।
इस आत्मा को प्राप्त कर, तुम शान्त हो अरु सुखी हो।।

अर्थ ह्न इस प्रकार पूर्वोक्त रीति से आत्मा का चिन्तवन करने से जो होता है सो होवे, अन्य दूसरे-दूसरे विचारों से क्या प्रयोजन है? इस प्रकार वास्तविक स्वरूप को प्राप्त होकर हे आत्मन्! तू शान्त तथा सुखी हो। इस प्रकार ज्ञान, अपनी आत्मा को शिक्षा देता रहता है।

३६४. अनन्त संसार-परिभ्रमण को शान्त करने की विधि

अपारजन्मसन्तान, - पथभ्रान्तिकृतश्रमम्।
तत्त्वाऽमृतमिदं पीत्वा, नाशयन्तु मनीषिणः।।५७।।

जन्म-सन्तति-पन्थ में जो, श्रम हुआ है भ्रमण से।
यह तत्त्व-अमृत-पान कर, ज्ञानी विनष्ट करें उसे।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य पुरुषों! इस कहे हुए चैतन्यामृत का पान करो तथा तुम्हें इस अपार संसार में अनन्त तिर्यंच-नरक आदि पर्यायों में भ्रमण करने से जो खेद हुआ है, उसको शान्त करो।

३६५-३६८. चैतन्यस्वरूप आत्मा का अनेकान्त-वैभव

अतिसूक्ष्ममतिस्थूल,-मेकं चाऽनेकमेव यत्।
स्वसंवेद्यमवेद्यं च, यदक्षरमनक्षरम्।।५८।।
अनौपम्यमनिर्देश्य - मप्रमेयमनाकुलम्।
शून्यं पूर्णं च यन्नित्य,-मनित्यं च प्रचक्ष्यते।।५९।।
निःशरीरं निरालम्बं, निःशब्दं निरुपाधि यत्।
चिदात्मकं परंज्योति,-रवाङ्मानसगोचरम्।।६०।।
इत्यत्र गहनेऽत्यन्त,-दुर्लक्ष्ये परमात्मनि।
उच्यते यत्तदाकाशं, प्रत्यालेख्यं विलिख्यते।।६१।।

अति सूक्ष्म भी स्थूल अति यह, एक और अनेक भी।
अक्षर-अनक्षर है कहा, स्वसंवेद्य अन्-संवेद्य भी।।
वक्तव्य नहिं अनुपम यही, अप्रमेय आकुलता रहित।
शून्य भी यह पूर्ण भी यह, नित्य और अनित्य भी।।
अशरीर आलम्बन रहित, नि:शब्द निरुपाधि यही।
चैतन्यमय उत्कृष्ट ज्योति, मन-वचन-गोचर नहीं।।
इस तरह परमात्मा नहिं, दृष्टिगोचर गहन है।
इसका कथन तो चित्रलेखन, करें ज्यों आकाश में।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं ह्न वह चैतन्यरूपी तेज, अत्यन्त सूक्ष्म और अत्यन्त स्थूल भी है, एक और अनेक भी है, स्वसंवेद्य और अवेद्य भी है, अक्षर और अनक्षर भी है।

आत्मा उपमा रहित है, अवक्तव्य है, अप्रमेय है और आकुलता रहित है; वह शून्य भी है, पूर्ण भी है, नित्य भी है और अनित्य भी है।

आत्मा शरीर रहित है, आश्रय रहित है, शब्द रहित है, उपाधि रहित है तथा चैतन्यस्वरूप परम तेज का धारी है और न उसको वचनों से ही कह सकते हैं तथा न उसका मन से ही चिन्तवन कर सकते हैं।

इस प्रकार यह परमात्मा, अगम्य तथा दृष्टि अगोचर है। इसलिए जिस प्रकार अमूर्तिक आकाश पर चित्र लिखना कठिन है, उसी प्रकार परमात्मा का वर्णन करना भी अत्यन्त कठिन है।

भावार्थ ह्न अमूर्तिक परमात्मा को इन्द्रियों से नहीं देख सकते, इसलिए तो वह **सूक्ष्म** है तथा केवलदर्शन-केवलज्ञान से देखा तथा जाना जा सकता है, इसलिए वह **स्थूल** भी है।

सदा अपने स्वरूप में विद्यमान रहता है और परपदार्थों से भिन्न है, इसलिए शुद्धनिश्चयनय से वह **एक** भी है तथा पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा से इसकी अनेक ज्ञान, दर्शन आदि पर्यायें हैं, इसलिए यह **अनेक** भी है।

'अहं..अहं...' ऐसे आकार वाले स्वसंवेदन-प्रत्यक्ष से गोचर अर्थात् अपने से जाना जाता है, इसलिए **स्वसंवेद्य** है। इन्द्रियों से यह जाना नहीं जा सकता, इसलिए **अवेद्य** भी है।

व्यवहारनय से वचनों के द्वारा इसके सम्बन्ध में कुछ कहा जाता है, इसलिए यह **अक्षर** है, किन्तु शुद्धनिश्चयनय से इसको कुछ भी नहीं कह सकते, इसलिए यह **अनक्षर** भी है। अथवा 'जिसका कभी नाश न होवे, वह अक्षर है' ह्न ऐसा यदि 'अक्षर' शब्द का अर्थ करेंगे तो भी शुद्धनिश्चयनय से आत्मा **अक्षर (अविनाशी)** है क्योंकि शुद्धनिश्चयनय से इसका कभी भी नाश नहीं होता। लेकिन व्यवहारनय से यह **अनक्षर (विनाशीक)** भी है क्योंकि प्रति समय इसकी पर्याय पलटती रहती है।

आत्मा की समानता को धारण करने वाला कोई पदार्थ जगत् में नहीं है, इसलिए यह **उपमा रहित** है। इसके वास्तविक स्वरूप को कुछ भी नहीं कह सकते, अत: यह **अवक्तव्य** है। इसके केवलज्ञानरूपी गुणों का किसी क्षेत्र आदि के द्वारा परिमाण नहीं किया जा सकता अर्थात् वह समस्त लोक तथा अलोक का प्रकाश करने वाला है, इसलिए यह **अप्रमेय** है।

यह आत्मा अचिन्त्य सुख का भण्डार है, चिन्तन का विषय नहीं बनता, इसलिए

शून्य भी है और यह समस्त ज्ञान, सुख आदि गुणों से भरा हुआ है, इसलिए **पूर्ण** भी है।

द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा इसका विनाश नहीं होता, इसलिए यह **नित्य** है तथा पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा प्रतिसमय विनाश होता रहता है, इसलिए यह **अनित्य** भी है।

आत्मा का कोई शरीर नहीं, इसलिए यह **शरीर रहित** है। इसका कोई आश्रय (आधार) नहीं, इसलिए यह **आश्रय रहित** है। यह तो चेतन है तथा शब्द पुद्गल हैं, इसलिए यह **शब्द रहित** है। इसके साथ निश्चयनय से किसी प्रकार के कर्मों की उपाधि नहीं लगी हुई है, इसलिए यह **उपाधि रहित** है। यह चैतन्यस्वरूप ज्योति है, इसको वचन से कह नहीं सकते और मन से इसका विचार नहीं कर सकते, इसलिए यह **वाणी तथा मन से अगोचर** है।

इस प्रकार शुद्धात्मा का वर्णन करना, अल्प ज्ञानियों के लिए कठिन ही है।

३६९. संसार में अत्यन्त प्रशंसनीय कौन?

आस्तां तत्र स्थितो यस्तु, चिन्तामात्रपरिग्रहः।
तस्याऽत्र जीवितं श्लाघ्यं, देवैरपि स पूज्यते।।६२।।

चिन्तन करें भी आत्मा का, लीनता की बात क्या।
उसका मनुज भव धन्य है, वह सुरगणों से पूज्य है।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, उस शुद्धात्मा में स्थित है, वह तो दूर रहो किन्तु जो पुरुष, इस शुद्धात्मा का चिन्तवन करने वाला है, उसका भी जीवन इस संसार में अत्यन्त प्रशंसनीय है, उसकी बड़ेह्नबड़े देव आकर सेवा-पूजा सेवा करते हैं; इसलिए भव्य जीवों को सदा शुद्धात्मा का ही ध्यान करना चाहिए।

३७०. सर्व पदार्थों के प्रति समताभाव

सर्वविद्धिरसंसारैः, सम्यग्ज्ञानविलोचनैः।
एतस्योपासनोपायः, साम्यमेकमुदाहृतम्।।६३।।

निष्कर्म अरु सर्वज्ञ जिन, कैवल्य-लोचन युक्त जो।
कहते विधि आराधना की, मात्र समताभाव को।।

अर्थ ह्न समस्त पदार्थों के जानने वाले, कर्मों से रहित तथा केवलज्ञानरूपी नेत्र के धारी केवली भगवान भी 'इस शुद्धात्मा की उपासना करने का उपाय समता ही है' ह्न ऐसा कहते हैं।

भावार्थ ह्न समस्त पदार्थों में समता रखने से ही इस आत्मा की भलीभाँति आराधना हो सकती है; इसलिए आत्मा की उपासना करने वाले भव्य जीवों को समस्त पदार्थों में अवश्य समता रखनी चाहिए।

३७१. शुद्धोपयोग के पर्यायवाची नाम

साम्यं स्वास्थ्यं समाधिश्च, योगश्चेतोनिरोधनम्।
शुद्धोपयोग इत्येते, भवन्त्येकार्थवाचका:।।६४।।

साम्य स्वास्थ्य समाधि चित्त-निरोध एवं योग हैं।
शुद्धोपयोगादि सभी एकार्थवाची शब्द हैं।।

अर्थ ह्न साम्य, स्वास्थ्य, समाधि, योग, चित्त का निरोध, शुद्धोपयोग ह्न ये सभी शब्द एक ही अर्थ के कहने वाले हैं अर्थात् इन शब्दों केनाम जुदेह्नजुदे हैं, किन्तु अर्थ एक ही है।

अब, आगे साम्य के स्वरूप का वर्णन आचार्यवर करते हैं।

३७२. साम्य का स्वरूप

नाऽकृतिर्नाऽक्षरं वर्णो,-विकल्पश्च कश्चन।
शुद्धं चैतन्यमेवैकं, यत्र तत्साम्यमुच्यते।।६५।।

आकार नहिं अक्षर नहीं, नहिं वर्ण कोई विकल्प भी।
एक ही चैतन्य केवल, है वही बस साम्य ही।।

अर्थ ह्न जिसमें न कोई आकार है, न कोई अक्षर है, न कोई नीलादि वर्ण है, न जिसमें कोई विकल्प है; किन्तु जिसमें केवल एक चैतन्य ही है, वही साम्य है।

३७३. साम्य की महिमा

साम्यमेकं परं कार्यं, साम्यं तत्त्वं परं स्मृतम्।
साम्यं सर्वोपदेशाना,-मुपदेशो विमुक्तये।।६६।।

साम्य ही कर्तव्य उत्तम, साम्य उत्तम तत्त्व है।
मुक्ति पाने के लिए, उपदेश ही यह श्रेष्ठ है।।

अर्थ ह्न साम्य ही एक उत्कृष्ट कार्य है, साम्य ही एक उत्तम तत्त्व है तथा साम्य ही मुक्ति के लिए समस्त उत्तम उपदेशों में से एक उपदेश है।

३७४. साम्य के फल

साम्यं सद्बोधनिर्माणं, शश्वदानन्दमन्दिरम्।
साम्यं शुद्धात्मनो रूपं, द्वारं मोक्षैकसद्मन:।।६७।।

साम्य ही सद्बोध-दाता, नित्य आनन्दमय भवन।
शुद्धात्मा का रूप है यह, द्वार ही है शिव-सदन।।

अर्थ ह्न इस साम्य से ही भव्य जीवों को सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति होती है, इस साम्य से ही अविनाशी सुख मिलता है, यह साम्य ही शुद्धात्मा का स्वरूप है तथा यह साम्य ही मोक्षरूपी सदन का द्वार है।

३७५. समस्त शास्त्रों का सार : साम्य

साम्यं निःशेषशास्त्राणां, सारमाहुर्विपश्चितः।
साम्यं कर्ममहाकक्ष,-दाहे दावानलायते।।६८।।

साम्य ही सब शास्त्र का है, सार यह गणधर कही।
कर्म-वन को भस्म करने, हेतु दावानल यही।।

अर्थ ह्न समस्त शास्त्रों का सारभूत यह साम्य ही है और यही साम्य, समस्त कर्मरूपी वन को जलाने में दावानल के समान है ह्न ऐसा गणधरादि देव कहते हैं।

भावार्थ ह्न शास्त्र के अध्ययन करने से समता की प्राप्ति होती है तथा समता के होने पर समस्त कर्मों का नाश हो जाता है; इसलिए भव्य जीवों को साम्य की ओर अवश्य ऋजु (गमनशील, प्रयत्नशील) होना चाहिए।

३७६. साम्य की सामर्थ्य

सम्यं शरण्यमित्याहुः, योगिनां योगगोचरम्।
उपाधि-रचिताऽशेष,-दोषक्षपणकारणम्।।६९।।

योगियों को ध्यान-गोचर, शरण है यह साम्य ही।
कर्म से उत्पन्न दोष-विनाश का कारण यही।।

अर्थ ह्न यह साम्य ही समस्त दुःखों को दूर करने में समर्थ है, ध्यानी पुरुष ही इसका ध्यान करते हैं, यह साम्य ही आत्मा और कर्मों के सम्बन्ध से उत्पन्न हुए रागादि दोषों को सर्वथा नष्ट करने वाला है; इसलिए भव्य जीवों को सदा साम्य का ही मनन करना चाहिए।

३७७. परम हंस शुद्धात्मा को नमस्कार!

निःस्पृहायाऽणिमाद्यब्ज,-खण्डे साम्यसरोजुषे।
हंसाय शुचये मुक्ति,-हंसीदत्तदृशे नमः।।७०।।

वाञ्छा नहीं है ऋद्धि की समता-सरोवर में रमे।
शिव-हंसिनी पर मुग्ध जो शुचि-हंस उसको नमन है।।

अर्थ ह्न अणिमा-महिमा आदि कमल-खण्ड (स्वर्ग) की जिसे अंश मात्र भी इच्छा

नहीं है, जो समतारूपी सरोवर में सदा प्रीतिपूर्वक रमण करने वाला है, जिसकी दृष्टि मोक्षरूपी हंसिनी में लगी हुई है और जो अत्यन्त पवित्र है ह्न ऐसे परम हंस शुद्धात्मा को नमस्कार है।

३७८. ज्ञानियों की दृष्टि में मृत्यु है 'अमृतदायिनी'

ज्ञानिनोऽमृतसङ्गाय, मृत्युस्तापकरोऽपि सन्।
आमकुम्भस्य लोकेऽस्मिन्, भवेत् पाकविधिर्यथा।।७१।।

मृत्यु दु:खकर किन्तु ज्ञानी, को प्रदाता मुक्ति की।
कच्चे घड़े को ताप देकर, पकाते हैं अग्नि में।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मिट्टी के कच्चे घड़े के लिए पकाने की विधि एक प्रकार से ताप की ही उपजाने वाली है तो भी वह पाकह्नविधि, अमृत (जल) का संगम कराने वाली होती है अर्थात् पक जाने पर वही घड़ा पानी के भरने योग्य होता है; उसी प्रकार यद्यपि बहिरात्माओं को मृत्यु, दु:ख की देने वाली है तो भी ज्ञानियों के लिए वह अमृत (मोक्ष) के समागम के लिए ही होती है अर्थात् ज्ञानी पुरुष, सदा मृत्यु का नाश करने के लिए ही प्रयत्न करते रहते हैं तथा चैतन्यस्वरूप से भिन्न ही मृत्यु को मानते हैं, इसलिए मृत्यु के होने पर भी उनको दु:ख नहीं होता है।

३७९. विवेक की महिमा

मानुष्यं सत्कुले जन्म, लक्ष्मीर्बुद्धिः कृतज्ञता।
विवेकेन विना सर्वं, सदप्येतन्न किंचन।।७२।।

नर-जन्म उत्तम कुल तथा, श्री बुद्धि और कृतज्ञता।
सब हों तथापि विवेक बिन, निष्फल जिनेश्वर ने कहा।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, विवेकी नहीं हैं; उनका मनुष्यपना, उत्तम कुल में जन्म, धन, ज्ञान, कृतज्ञपना आदि भी निष्फल ही हैं; इसलिए मनुष्यों को विवेकी अवश्य होना चाहिए।

३८०. विवेक का स्वरूप

चिदचिद् द्वे परे तत्त्वे, विवेकस्तद्विवेचनम्।
उपादेयमुपादेयं, हेयं हेयं च कुर्वतः।।७३।।

चेतन-अचेतन तत्त्व दोनों, भिन्न हैं यह जानना।
ग्राह्य को करना ग्रहण अरु, त्याग करना हेय का।।

अर्थ ह्न संसार में चेतन तथा अचेतन दो प्रकार के तत्त्व हैं; उनमें ग्रहण करने योग्य

को ग्रहण करते तथा त्याग करने योग्य को त्यागने वाले पुरुष का जो यह विचार (भेदज्ञान) है, उसी को विवेक कहते हैं।

भावार्थ ह्न चैतन्यस्वरूप आत्मा तो ग्रहण करने योग्य है तथा जड़ शरीर आदि त्यागने योग्य हैं ह्न ऐसा जो विचार है, उसी का नाम विवेक है।

३८१. मूर्ख पुरुषों और विवेकी पुरुषों में अन्तर

दुःखं किंचित्सुखं किंचित्, चित्ते भाति जडात्मनः।
संसारेऽत्र पुनर्नित्यं, सर्वं दुःखं विवेकिनः।।७४।।

मूढ़जन को जगत् में कुछ, दुःख कुछ सुख भासता।
किन्तु ज्ञानी को जगत् में, सर्व ही दुःख भासता।।

अर्थ ह्न मूर्ख पुरुषों को तो इस संसार में कुछ सुख और कुछ दुःख मालूम पड़ता है, किन्तु जो हिताहित के जानने वाले विवेकी हैं, उनको तो इस संसार में सब कुछ निरन्तर दुःख ही दुःख मालूम पड़ता है।

३८२. विवेकी पुरुष का कर्तव्य

हेयं हि कर्म रागादि, तत्कार्यं च विवेकिनः।
उपादेयं परंज्योति,-रुपयोगैकलक्षणम्।।७५।।

ज्ञानियों को कर्मकृत, रागादि तजना चाहिए।
उपयोग लक्षण परम-ज्योति, मात्र लखना चाहिए।।

अर्थ ह्न विवेकी पुरुष को ज्ञानावरणादि कर्म तथा उनके कार्यभूत रागादिकों का अवश्य ही त्याग कर देना चाहिए और ज्ञानह्नदर्शनस्वरूप इस उत्कृष्ट आत्म तेज को ही ग्रहण करना चाहिए।

३८३. मैं और चैतन्य में अभिन्नता

उपजाति

यदेव चैतन्यमहं तदेव,
तदेव जानाति तदेव पश्यति।
तदेव चैकं परमस्ति निश्चयाद्,
गतोऽस्मि भावेन तदेकतां परम्।।७६।।

चैतन्य ही मैं और वह ही, जानता अरु देखता।
वह एक ही उत्कृष्ट मैं, उससे अभिन्न रहूँ सदा।।

अर्थ ह्न जो चैतन्य है सो मैं ही हूँ और वही चैतन्य, पदार्थों को जानता और देखता है, वही उत्कृष्ट है तथा निश्चयनय से स्वभाव से मैं और चैतन्य अत्यन्त अभिन्न हूँ।

३८४. 'एकत्व-सप्तति अधिकार' का चिन्तन-मनन करने की प्रेरणा

वसन्ततिलका

एकत्वसप्ततिरियं सुरसिन्धुरुच्चैः,
श्रीपद्मनन्दिहिमभूधरतः प्रसूता।
यो गाहते शिवपदाम्बुनिधिं प्रविष्टा-,
मेतां लभेत स नरः परमां विशुद्धिम्।।७७।।

एकत्व सप्ततिरूप सुर-सरिता, अहो! पावन यही।
श्री पद्मनन्दि महान हिमगिरि से, निकल कर है जो बही।।
मोक्षपद-रूपी उदधि में, मिली यह गंगा अहो!।
जो भव्य अवगाहन करें, पायें महान विशुद्धि को।।

अर्थ ह्न यह 'एकत्व सप्तति' रूपी गंगा नदी, अत्यन्त उन्नत ऐसे श्री पद्मनन्दि नामक हिमालय पर्वत से पैदा हुई है तथा मोक्षरूपी समुद्र में जाकर मिलती है; इसलिए जो भव्य जीव, इस नदी में स्नान करते हैं, उनके समस्त मल नष्ट हो जाते हैं और वे अत्यन्त विशुद्ध होते हैं।

भावार्थ ह्न जो भव्य जीव, इस 'एकत्व सप्तति' नामक अधिकार का चिन्तवन-मनन करते हैं, उनके समस्त रागादि दोष दूर हो जाते हैं; वे अत्यन्त शुद्ध हो जाते हैं और मोक्ष को प्राप्त होते हैं; इसलिए उत्तम पुरुषों को सदा इसका ध्यान-चिन्तवन करना चाहिए।

३८५. 'एकत्व सप्तति' का अध्ययन करने से मन की निर्मलता प्राप्त होने का आश्वासन

संसार-सागर-समुत्तरणैक-सेतु-
मेनं सतां सदुपदेशमुपाश्रितानाम्।
कुर्यात्पदं मललवोऽपि किमन्तरङ्गे,
सम्यक् समाधिविधिसन्निधिनिस्तरंगे।।७८।।

संसार-सागर पार करने, हेतु यह सेतु कहा।
जिन सज्जनों ने इस परम, उपदेश का आश्रय लिया।।
उन सज्जनों के चित्त में यह, पापमल का लेश भी।
सम्यक् समाधि विधान निश्चल, से न रह सकता कभी।।

अर्थ ह्न जिन सज्जन पुरुषों ने संसार-समुद्र से पार करने में पुल के समान इस उत्तम उपदेश का आश्रय किया है; उन सज्जन पुरुषों के द्वारा उत्तम, क्षोभ रहित आत्मध्यान करने से उनके अन्तरंग में किसी प्रकार का रागादि मल नहीं रह सकता।

भावार्थ ह्न इस 'एकत्व सप्तति' अधिकार के उपदेश से जिनका मन अत्यन्त निर्मल हो गया है, उन भव्य जीवों के मन में किसी भी प्रकार का मल कदापि प्रवेश नहीं कर सकता।

३८६. ज्ञानियों के भेदविज्ञानपरक विचार

मन्दाक्रान्ता

आत्मा भिन्नस्तदनुगतिमत्कर्म भिन्नं तयोर्या,
प्रत्यासत्तेर्भवति विकृतिः, सापि भिन्ना तथैव।
कालक्षेत्रप्रमुखमपि यत्तच्च भिन्नं मतं मे,
भिन्नं भिन्नं निजगुणकलालंकृतं सर्वमेतत्।।७९।।

यह आत्मा अरु तदनुगामी, कर्म दोनों भिन्न हैं।
सम्बन्ध से उनके हुई जो, विकृति भी भिन्न है।।
क्षेत्र-कालादिक सभी, परद्रव्य मुझसे भिन्न हैं।
निज गुण-कलाओं से सुशोभित, वस्तुएँ सब भिन्न हैं।।

अर्थ ह्न यह ज्ञानस्वरूप मेरा आत्मा भिन्न है, उसके पीछे चलने वाला कर्म भी भिन्न है, कर्म और आत्मा के सम्बन्ध से जो कुछ विकार हुआ है, वह भी मुझसे भिन्न है तथा काल, क्षेत्र आदि जो पदार्थ हैं, वे भी मुझसे भिन्न हैं। इस प्रकार अपनी-अपनी पर्यायों सहित जितने परपदार्थ हैं, वे सर्व मुझसे भिन्न हैं ह्न ऐसे ज्ञानी सदा विचार करता है।

३८७. आत्मतत्त्व का बारम्बार अभ्यास करने की प्रेरणा

वसन्ततिलका

येऽभ्यासयन्ति कथयन्ति विचारयन्ति,
सम्भावयन्ति च मुहुर्मुहुरात्मतत्त्वम्।
ते मोक्षमक्षयमनूनमनन्तसौख्यं,
क्षिप्रं प्रयान्ति नवकेवललब्धिरूपम्।।८०।।

जो बारम्बार निजात्म का, अभ्यास करते हैं सदा।
चिन्तन करें उसका कथन, अरु भावना उसकी सदा।

नवलब्धि केवल से सुशोभित, सौख्य अक्षय-निधि अहो!।
वे प्राप्त करते शीघ्र अविनाशी परम पद मोक्ष को।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि जो भव्य जीव, इस आत्मतत्त्व का बारम्बार अभ्यास करते हैं, कथन करते हैं, विचार और अनुभव करते हैं; वे भव्य जीव अविनाशी महान तथा क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, क्षायिक ज्ञान, क्षायिक दर्शन आदि नौ केवललब्धिस्वरूप अनन्त सुख के भण्डार ह्न ऐसे मोक्षपद को बात ही बात में पा लेते हैं; इसलिए भव्य जीवों को सदा इस आत्मतत्त्व का चिन्तवन करना चाहिए।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'एकत्व सप्तति'** नामक **'चतुर्थ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

धर्म के प्रभाव से ही शान्ति का अनुभव

उग्र-ग्रीष्म-रवि-प्रताप-दहन,-ज्वालाऽभितप्तश्चलन्;
यः पित्त-प्रकृतिर्मरौ मृदुतरः, पान्थो यथा पीडितः।
तद् द्राग्लब्धहिमाद्रिकुञ्जरचित,-प्रोद्दामयन्त्रोल्लसद्;
धारावेश्मसमो हि संसृति-पथे, धर्मो भवेद्देहिनाम्।।

अर्थ ह्न ग्रीष्मकाल में जो बटोही (राहगीर) भयंकर सूर्य की सन्तापरूपी अग्नि की ज्वालाओं से अत्यन्त तप्तायमान है, पित्त प्रकृतिवाला है, कोमल शरीर का धारी है और मारवाड (मरुस्थल) की भूमि में गमन करने वाला है; इस प्रकार जो अत्यन्त दु:खित है, यदि वह दैवयोग से हिमालय पर्वत की गुफा में बने हुए फव्वारों सहित मनोहर धारागृह को पा लेवे तो वह परम सुखी होता है।

उसी प्रकार जो जीव, अनादिकाल से इस संसार में जन्मह्नमरण आदि दु:खों को सह रहा है तथा निरन्तर नरकादि योनियों में भ्रमण कर रहा है; यदि वह भी धारागृह (फव्वारों सहित घर) के समान इस धर्म को संसार में पा लेवे तो सुखी हो जाता है अर्थात् शान्ति का अनुभव करने लग जाता है; इसलिए जो मनुष्य शान्ति को चाहते हैं, उनको धर्म का आराधन अवश्य ही करना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, अधिकार १ (धर्मोपदेशामृत), श्लोक १९२

अधिकार – ५

यति–भावनाष्टक

३८८. 'यति-भावनाष्टक अधिकार' का मङ्गलाचरण

शार्दूलविक्रीडित

आदाय व्रतमात्मतत्त्वममलं, ज्ञात्वाऽथ गत्वा वनं;
निःशेषामपि मोहकर्मजनितां, हित्वा विकल्पावलिम्।
ये तिष्ठन्ति मनोमरुच्चिदचलैकत्वप्रमोदं गताः;
निष्कम्पा गिरिवज्जयन्ति मुनयः, ते सर्वसङ्गोज्झिताः।।१।।

निर्मल आत्मस्वरूप जान व्रत–धारण कर वन–गमन करें।
मोहजन्य सम्पूर्ण विकल्पों, की सन्तति को नष्ट करें।।
मन–मारुत् में रहें, अचल जो, चिदानन्द रस में हैं लीन।
मेरु समान अकम्प मुनीश्वर, जयवन्तो पर–संग–विहीन।।

अर्थ ह्न व्रत को ग्रहण कर, निर्मल आत्मा के स्वरूप को जान कर, वन में जाकर, मोहकर्म से पैदा हुए समस्त विकल्पों को नष्ट कर, समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित जो मुनिगण, मनरूपी पवन से चलायमान नहीं होते हैं तथा चैतन्य की एकता में हर्ष सहित विराजमान रहते हैं अर्थात् जो अपनी आत्मा में लीन हैं और पर्वत के समान निश्चल स्थित हैं; वे मुनिगण, सदा इस लोक में जयवन्त रहें।

३८९. निर्जन गुफा में आत्मध्यान करने की भावना

चेतोवृत्तिनिरोधनेन करण,-ग्रामं विधायोद्वसं;
तत्संहृत्य गतागतं च मरुतौ, धैर्यं समाश्रित्य च।
पर्यंकेन मया शिवाय विधिवच्छून्यैकभूभृद्दरी-;
मध्यस्थेन कदाचिदर्पितदृशा, स्थातव्यमन्तर्मुखम्।।२।।

चित्त-वृत्ति को कब रोकूँगा, इन्द्रिय-ग्राम करूँ वश में।
श्वासोच्छ्वास निरोध करूँगा, महाधैर्य धारण कर मैं।।
निर्जन वन की शून्य गुफा में, पर्यंकासन बैठूँगा।
दृष्टि समर्पित कर चेतन में, आतम-ध्यान लगाऊँगा।।

अर्थ ह्न अहो! चित्त की वृत्ति को रोक कर, इन्द्रियों को उजाड़ कर (वश कर), श्वासोच्छ्वास को रोक कर, धीरता को धारण कर, पर्यंक आसन माँड कर (पालथी मार कर) और आनन्दस्वरूप चैतन्य की तरफ दृष्टि लगा कर, निर्जन पर्वत की गुफा में बैठ कर मैं कब आत्मध्यान करूँगा?

३९०. काष्ठ या पाषाण की मूर्ति के समान ध्यान करने की भावना

धूलीधूसरितं निमुक्तवसनं, पर्यंकमुद्रागतं;
शान्तं निर्वचनं निमीलितदृशं, तत्त्वोपलम्भे सति।
उत्कीर्णं दृषदीव मां वनभुवि, भ्रान्तो मृगाणां गणः;
पश्यत्युद्गतविस्मयो यदि तदा, मादृग्जनः पुण्यवान्।।३।।

आत्मतत्त्व को पाकर जब मैं, धूल-धूसरित हो निर्ग्रन्थ।
आँख बन्द कर शान्त मौन हो, ध्यान धरूँ पर्यंकासन।।
मूर्ति उकेरी पाषाणों की, वन के मृग सब समझेंगे।
भ्रम से मुझे तभी मुझ सम नर, पुण्यवान कहलाएँगे।।

अर्थ ह्न निजस्वरूप की प्राप्ति होने पर, धूलि से मलिन, वस्त्ररहित, पर्यंक मुद्रा सहित, शान्त, वचन रहित तथा आँखों को बन्द किए हुए मुझे जिस समय मृग, वन में भ्रम सहित आश्चर्य से देखेंगे; उसी समय मेरे समान मनुष्य पुण्यवान् समझा जाएगा।।

भावार्थ ह्न जिस समय मैं निर्जन वन में निजस्वरूप में लीन होकर, मौन सहित दिगम्बर मुद्रा को धारण कर, पालथी मार कर, आँखों को बन्द कर, धूलि से मलिन होकर, क्रोधादि कषायों से रहित शान्त होकर स्थिर रहूँगा तथा मृगों का समूह, मुझे काष्ठ या पाषाण की मूर्ति जान कर आश्चर्य से देखेंगे, उसी समय मैं पुण्यवान् हूँ ह्न ऐसी भावना, ज्ञानी सदा करते हैं।

३९१. निर्ग्रन्थ मुनिराज के पास घर, वस्त्र, धन, स्त्री, भोजन, मित्र, सुख आदि भी?

वासः शून्यमठे क्वचिन्निवसनं, नित्यं ककुम्मण्डलं;
सन्तोषो धनमुन्नतं प्रियतमा, क्षान्तिस्तपो भोजनम्।
मैत्री सर्वशरीरिभिः सह सदा, तत्त्वैकचिन्तासुखं;
चेदास्ते न किमस्ति मे शमवतः, कार्यं न किंचित्परैः।।४।।

शून्य मठों में हो निवास अरु, दिग्मण्डल हों मेरे वस्त्र।
सन्तुष्टि धन क्षमा प्रियतमा, तप ही हो क्षुत्-नाशक अस्त्र।।
मैत्रीभाव सभी जीवों से, तत्त्वज्ञान का हो आनन्द।
तो फिर मुझे मिला है सब कुछ, नहीं किसी से प्रयोजन।।

अर्थ ह्न किसी शून्य मठ में मेरा निवास स्थान है, अविनाशी दिशाओं का समूह मेरा वस्त्र है, सन्तोष धन है, क्षमा स्त्री है, तप भोजन है, समस्त प्राणियों के साथ मित्रता है और आत्मस्वरूप के चिन्तवन का सुख है तो मेरे लिए सर्व ही वस्तुएँ मौजूद हैं, तो फिर मुझे दूसरी वस्तुओं से क्या प्रयोजन है? ह्न ऐसा योगीश्वर सदा विचार करते रहते हैं।

३९२. सुवर्णमयी घर के ऊपर मणिमयी कलश की स्थापना करने वाला कौन?

लब्ध्वा जन्मकुले शुचौ वरवपुः, बुद्ध्वा श्रुतं पुण्यतो;
वैराग्यञ्च करोति यः शुचितपो, लोके स एकः कृती।
तेनैवोज्झितगौरवेण यदि वा, ध्यानाऽमृतं पीयते;
प्रासादे कलशस्तदा मणिमयो, हैमे समारोपितः।।५।।

पुण्योदय से नरभव सुन्दर, रोग-रहित तन श्रुत-अभ्यास।
पाकर जो वैराग्य करे तप, वह माना जाता बड़भाग।।
किन्तु यदि वह मान-त्याग कर, ध्यानामृत का पान करे।
तो वह नरभव स्वर्ण-सदन पर, सुन्दर मणिमय कलश धरे।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, इस संसार में उत्तम कुल में जन्म पाकर, नीरोग और सुन्दर शरीर को प्राप्त कर, शास्त्र को जान कर और वैराग्य को प्राप्त होकर पवित्र तप को करता है; वह मनुष्य, संसार भर में एक ही पुण्यवान् समझा जाता है और वही तप करने वाला पुरुष, यदि मद रहित होकर ध्यानामृत का आस्वादन करे तो समझना चाहिए कि उस मनुष्य ने सुवर्णमयी घर के ऊपर मणिमयी कलश की स्थापना की है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार संसार में कोई मनुष्य, सुवर्ण का मकान बनाए तो वह अधिक प्रतिष्ठित समझा जाता है तथा वही पुरुष, उस सुवर्णमयी घर पर मणिमयी कलश चढ़ाए तो वह और भी अधिक प्रतिष्ठित समझा जाता है; उसी प्रकार जो पुरुष, उत्तम कुल में जन्म लेकर, नीरोग और सुन्दर शरीर को प्राप्त कर, शास्त्रों को जान कर तथा वैराग्य को उत्पन्न कर तप करता है, वह अधिक प्रतिष्ठित समझा जाता है, किन्तु जो ऐसा होकर ध्यान भी करता है, वह और भी अधिक प्रतिष्ठित समझा जाता है। इसलिए हे भव्य जीवों! उपर्युक्त सामग्री के मिलने पर अवश्य ही ध्यान करना चाहिए।

३९३. योगीश्वरों के मार्ग में गमन करने की भावना

ग्रीष्मे भूधरमस्तकाश्रितशिलां, मूलं तरोः प्रावृषि;
प्रोद्भूते शिशिरे चतुष्पथपदं, प्राप्ताः स्थितिं कुर्वते।
ये तेषां यमिनां यथोक्ततपसां, ध्यानप्रशान्तात्मनां;
मार्गे सञ्चरतो मम प्रशमिनः, कालः कदा यास्यति।।६।।

ग्रीष्म ऋतु में गिरि-शिखरों पर, वर्षा में जो वृक्ष तले।
शीत काल में खुली जगह पर, जो थिर आसन में बैठें।।
इस प्रकार तप करने से जो, योगीश्वर गण हुए प्रशान्त।
उनके पथ पर गमन हेतु कब, प्राप्त करूँगा मैं शुभ काल?।।

अर्थ ह्न जो योगीश्वर, ग्रीष्म ऋतु में पहाड़ों के अग्र भाग में स्थित शिला के ऊपर ध्यान-रस में लीन रहते हैं, वर्षा काल में वृक्षों के मूल में बैठकर और शरद ऋतु में चौड़े मैदान में बैठ कर ध्यान लगाते हैं; उन शास्त्र के अनुसार तप के धारी तथा ध्यान से जिनकी आत्मा प्रशान्त हो गई है ह्न ऐसे योगीश्वरों के मार्ग में गमन करने का मुझे भी कब समय मिलेगा?

३९४. अत्यन्त दुष्कर समाधि में लीन होने की भावना

भेदज्ञानविशेषसंहृतमनो,-वृत्तिः समाधिः परो;
जायेताद्भुतधामधन्यशमिनां, केषांचिदत्राऽचलः।
वज्रे मूर्ध्नि पतत्यपि त्रिभुवने, वह्निप्रदीप्तेऽपि वा;
येषां नो विकृतिर्मनागपि भवेत्, प्राणेषु नश्यत्स्वपि।।७।।

वज्रपात हो यदि मस्तक पर, या त्रिभुवन में अग्नि जले।
अथवा प्राण नष्ट होते हों, किन्तु जरा भी मन न चले।।
ऐसी अद्भुत परम समाधि, धन्य मुनीश्वर को होती।
भेदज्ञान से जिनके मन की, वृत्ति संकुचित हो जाती।।

अर्थ ह्न जिस समाधि के कारण मस्तक पर वज्र गिरने पर, तीनों लोक के जलने पर और निज प्राणों के नष्ट होने पर भी उन मुनियों के मन को किसी प्रकार का विकार नहीं होता। स्व-पर के भेदज्ञान से समाधि में जिनके मन की वृत्ति संकुचित है, आश्चर्यकारी है, उत्कृष्ट और अचल है ह्न ऐसी वह समाधि, उन धन्य तथा साम्यभाव के धारक मुनियों को होती है।

३९५. उत्कृष्ट ज्योतिस्वरूप निजतत्त्व में ही रहने की भावना

अन्तस्तत्त्वमुपाधिवर्जितमहं व्याहारवाच्यं परं;
ज्योतिर्यैः कलितं श्रुतं चयतिभिः, ते सन्तु नः शान्तये।

येषां तत्सदनं तदेव शयनं, तत्सम्पदस्तत्सुखं;
तद्वृत्तिस्तदपि प्रियं तदखिल,-श्रेष्ठार्थसंसाधकम्।।८।।

अहं शब्द से वाच्य उपाधि-विहीन अहो! यह अन्तस्तत्त्व!।
परम-ज्योति को जिनने जाना, सुना किया उसका आश्रय।।
जिनका वही सदन है शय्या, सुख-सम्पति है वृत्ति वही।
वही मनोरथ-सिद्धि-प्रदायक, मुझे शान्ति दें वही मुनी।।

अर्थ ह्न जिसके साथ किसी प्रकार के कर्म का सम्बन्ध नहीं है तथा जो 'अहम्' शब्द से कहा जाता है ह्न ऐसे उत्कृष्ट ज्योतिस्वरूप आत्मतत्त्व को जिन मुनीश्वरों ने जान लिया है, सुन लिया है, जिन योगीश्वरों के लिए वह निजतत्त्व ही एक मात्र रहने का स्थान है, वही शयन का स्थान है, वही श्रेष्ठ सम्पदा है, वही सुख है, वही वृत्ति है, वही प्रिय है तथा वही निजतत्त्व, जिन मुनियों को मनोवांछित पदार्थों का सिद्ध करने वाला है ह्न वे यती मुझे शान्ति प्रदान करें।

३९६. 'यति-भावनाष्टक' का निरन्तर तीनों काल पाठ करने की प्रेरणा

पापारिक्षयकारि दातृ नृपति-स्वर्गाऽपवर्गश्रियं;
श्रीमत्पंकजनन्दिभिर्विरचितं, चिच्चेतनानन्दिभिः।
भक्त्या यो यतिभावनाष्टकमिदं, भव्यस्त्रिसन्ध्यं पठेत्;
किं किं सिध्यति वाञ्छितं न भुवने, तस्यात्र पुण्यात्मनः।।९।।

पाप-शत्रु का नाशक है जो, स्वर्ग-मोक्ष-लक्ष्मी-दाता।
चिदानन्द के रसिक मुनीश्वर, पद्मनन्दि की यह रचना।।
'यति-भावना-अष्टक' को जो, भक्ति सहित त्रय काल पढ़ें।
उस पुण्यात्मा को जग में नहिं, क्या-क्या इष्ट पदार्थ मिलें।।

अर्थ ह्न यह 'यति-भावनाष्टक' समस्त पापरूपी वैरियों का नाश करने वाला है, राजलक्ष्मी तथा स्वर्ग-मोक्ष की लक्ष्मी को देने वाला है, इसकी रचना चैतन्यस्वरूप तत्त्व में आनन्द मानने वाले श्री पद्मनन्दि (पंकजनन्दि) मुनि ने की है ह्न ऐसे 'यति-भावनाष्टक' को जो भव्य जीव, भक्तिपूर्वक तीनों काल पढ़ते हैं, उन भाग्यशाली भव्य जीवों को संसार में किन-किन इष्ट पदार्थों की प्राप्ति नहीं होती? अर्थात् समस्त इष्ट पदार्थ उनको सुलभता से मिल जाते हैं।

इस प्रकार '**श्री पद्मनन्दि आचार्य**' विरचित '**श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका**' नामक ग्रन्थ में '**यति-भावनाष्टक**' नामक '**पाँचवाँ अधिकार**' पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – ६

उपासक संस्कार

(श्रावकाचार)

३९७. 'उपासक संस्कार' अधिकार का मङ्गलाचरण

अनुष्टुभ्

आद्यो जिनो नृपः श्रेयान्, व्रतदानादिपूरुषौ।
एतदन्योन्यसम्बन्धे, धर्मस्थितिरभूदिह।।१।।

हरिगीतिका

ऋषभजिन-श्रेयांसनृप द्वय, प्रवर्तक व्रत-दान के।
इनके परस्पर योग से ही, धर्म-स्थिति भरत में।।

अर्थ ह्न आदि जिनेन्द्र श्री ऋषभनाथ और श्रेयांस नामक राजा ह्न ये दोनों महात्मा व्रत-तीर्थ तथा दान-तीर्थ के प्रवर्ताने में आदि पुरुष हैं और इस भरतक्षेत्र में इन दोनों के सम्बन्ध से ही धर्म की स्थिति हुई है।

भावार्थ ह्न चतुर्थ काल की आदि में जिस समय कर्मभूमि की प्रवृत्ति प्रारम्भ हुई, उस समय सबसे पहले व्रत-तीर्थ की प्रवृत्ति श्री आदीश्वर भगवान ने की अर्थात् प्रथम इन्होंने ही तप आदि को धारण किया था। उसी काल में दान-तीर्थ की प्रवृत्ति श्री श्रेयांस राजा ने की थी अर्थात् सबसे पहले श्री आदीश्वर भगवान को श्रेयांस राजा ने ही दान दिया था, इसलिए ये दोनों महात्मा, व्रत-तीर्थ तथा दान-तीर्थ के प्रवर्ताने में आदि पुरुष कहलाए और इन दोनों के सम्बन्ध से ही इस भरतक्षेत्र में धर्म की स्थिति प्रारम्भ हुई।

३९८. धर्म का स्वरूप

सम्यग्दृग्बोध-चारित्र, -त्रितयं धर्म उच्यते।
मुक्तेः पन्थाः स एव स्यात्, प्रमाणपरिनिष्ठितः।।२।।

सुदृष्टि-बोध-चारित्रत्रय समुदाय ही बस धर्म है।
प्रमाण से जो सिद्ध है, वह धर्म ही शिव-पन्थ है।।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र ह्न इन तीनों के समुदाय को धर्म कहते हैं। प्रमाण से निश्चित यह धर्म ही मोक्ष का मार्ग है।

३९९. सम्यग्दर्शन बिना मोक्ष-प्राप्ति दुर्लभ

रत्नत्रयात्मके मार्गे, संचरन्ति न ये जनाः।
तेषां मोक्षपदं दूरं, भवेत् दीर्घतरो भवः।।३।।

रत्नत्रयात्मक मार्ग में जो, पुरुष चलते हैं नहीं।
दूर है शिवपद उन्हें, अति दीर्घ है संसार भी।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, इस सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्रस्वरूप मोक्षमार्ग में गमन नहीं करते हैं, उनको कदापि मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती और उनके लिए संसार दीर्घतर हो जाता है अर्थात् उनका संसार नहीं छूटता।

४००. रत्नत्रयधर्म के प्रकार

सम्पूर्णदेशभेदाभ्यां, स च धर्मो द्विधा भवेत्।
आद्ये भेदे च निर्ग्रन्थाः, द्वितीये गृहिणःस्थिता।।४।।

सकल एवं एकदेश दो हैं धर्म के।
निर्ग्रन्थ धारें प्रथम, एवं इतर श्रावक धारते।।

अर्थ ह्न यह रत्नत्रयात्मक धर्म, सर्वदेश तथा एकदेश के भेद से दो प्रकार का है; उसमें सर्वदेशधर्म तो निर्ग्रन्थ मुनि पालन करते हैं और एकदेशधर्म का पालन गृहस्थ करते हैं।

४०१. रत्नत्रयधर्म, गृहस्थों के भी करने योग्य

सम्प्रत्यपि प्रवर्तेत, धर्मस्तेनैव वर्त्मना।
तेन तेऽपि च गण्यन्ते, गृहस्थाः धर्महेतवः।।५।।

भेद-द्वय से आज भी है, धर्म का वर्तन अहो!।
इसलिए गेही जनों को, धर्म का कारण कहें।।

अर्थ ह्न इस काल में भी उस धर्म की उसी मार्ग से अर्थात् सर्वदेश तथा एकदेश मार्ग से ही प्रवृत्ति है, इसलिए उस धर्म के कारण गृहस्थ भी माने जाते हैं।

४०२. श्रावकधर्म की उत्कृष्टता

सम्प्रत्यत्र कलौ काले, जिनगेहो मुनिस्थितिः।
धर्मश्च दानमित्येषां, श्रावका मूलकारणम्।।६।।

श्रावक बनाते जिनालय, मुनि-धर्म की स्थिति करें।
दान भी देते अतः वे, मूल हैं कलिकाल में।।

अर्थ ह्न इस काल में श्रावक बड़े-बड़े जिन मन्दिर बनवाते हैं, आहार देकर मुनियों के शरीर की स्थिति करते हैं, जिससे सर्वदेश और एकदेशरूप धर्म की प्रवृत्ति होती है तथा दान की प्रवृत्ति होती है; इसलिए इन सबके मूल कारण श्रावक ही हैं, अतः श्रावकधर्म भी अत्यन्त उत्कृष्ट है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक का पण्डित बालचन्दजी सिद्धान्त शास्त्री द्वारा 'जिनगेहो' का पाठान्तर 'जिनगेहे' को ध्यान में रख कर निम्न प्रकार अर्थ किया गया है ह्न ''इस कलिकाल अर्थात् पंचम काल में मुनियों का निवास जिनालय में हो रहा है और उन्हीं के निमित्त से धर्म एवं दान की प्रवृत्ति है, इसलिए मुनियों की स्थिति, धर्म और दान ह्न इन तीनों के मूल कारण गृहस्थ श्रावक हैं।''

४०३. श्रावक के षट् आवश्यक कर्तव्य

देवपूजा गुरूपास्तिः, स्वाध्यायः संयमस्तपः।
दानं चेति गृहस्थानां, षट्कर्माणि दिने दिने।।७।।

देव-पूजा गुरु-सेवा, पठन संयम दान तप।
छह कर्म श्रावक के लिए, कर्त्तव्य जो प्रतिदिन कहे।।

अर्थ ह्न जिनेन्द्र देव की पूजा, निर्ग्रन्थ गुरुओं की सेवा, स्वाध्याय, संयम, योग्यतानुसार तप और दान ह्न ये छह कर्म, श्रावकों को प्रतिदिन करने योग्य हैं।

४०४. सामायिक व्रत का स्वरूप

समता सर्वभूतेषु, संयमे शुभभावना।
आर्तरौद्रपरित्यागः,तद्धि सामायिकं व्रतम्।।८।।

समभाव हो सब जीव में, शुभ-भावना संयम प्रति।
आर्त-रौद्र कुध्यान तजना, यही सामायिक कहें।।

अर्थ ह्न समस्त प्राणियों में साम्यभाव रखना, संयम धारण करने में अच्छी भावना रखना, आर्तध्यान तथा रौद्रध्यान का त्याग करना; इसी का नाम सामायिक व्रत है।

४०५. सच्ची सामायिक के लिए सप्त व्यसनों के त्याग की प्रेरणा

सामायिकं न जायेत, व्यसनम्लानचेतसः।
श्रावकेन ततः साक्षात्, याज्यं व्यसनसप्तकम्।।९।।

जिसका व्यसन से मलिन मन है, नहीं सामायिक उसे।
श्रावकों को इसलिए ये, व्यसन तजना चाहिए।।

अर्थ ह्न जिन मनुष्यों का चित्त, व्यसनों में मलिन हो रहा है, उनके द्वारा कदापि यह सामायिक व्रत नहीं हो सकता; इसलिए सामायिक के आकांक्षी श्रावकों को सप्त व्यसनों का सर्वथा त्याग कर देना चाहिए।

४०६. सप्त व्यसन के नाम

द्यूत-मांस-सुरा-वेश्या,ऽऽखेटचौर्यपराङ्गनाः।
महापापानि सप्तैव, व्यसनानि त्यजेद् बुधः।।१०।।

द्यूत मांस शराब वेश्या, शिकार अरु पर-धन-हरण।
परनारी, ये व्यसन पाप-महा इन्हें बुधजन तजें।।

अर्थ ह्न जुआ, मांस, मद्य, वेश्यागमन, शिकार, चोरी तथा परस्त्री-सेवन ह्न ये सप्त व्यसन संसार में प्रबल पापरूप हैं; अतः विद्वानों को इनका सर्वथा त्याग कर देना चाहिए।

४०७. धर्मार्थी पुरुष को व्यसनों का त्याग अत्यन्त आवश्यक

धर्मार्थिनोऽपि लोकस्य, चेदस्ति व्यसनाश्रयः।
जायते न ततः सापि, धर्मान्वेषणयोग्यता।।११।।

धर्माभिलाषी पुरुष भी यदि व्यसन-ग्रस्त रहें जरा।
तो धर्म को पहिचानने की नहीं उनमें पात्रता।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, धर्म का अभिलाषी है, यदि उसके भी ये व्यसन होवें तो उस पुरुष में धर्म-धारण करने की योग्यता कदापि नहीं हो सकती अर्थात् वह धर्म की परीक्षा करने का पात्र ही नहीं हो सकता; अतः धर्मार्थी पुरुषों को अवश्य ही व्यसनों का त्याग करना चाहिए।

४०८. एक-एक व्यसन, एक-एक नरक का द्वार

सप्तैव नरकाणि स्युः, तैरेकैकं निरूपितम्।
आकर्षयन्नृणामेतद्, व्यसनं स्वसमृद्धये।।१२।।

नरक भी हैं सात, उनने समृद्धि के लिए।
एक नरक के साथ एक, व्यसन हैं निश्चित किए।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जिस प्रकार व्यसन सात हैं, उसी प्रकार नरक भी सात ही हैं; इसलिए ऐसा मालूम होता है कि उन नरकों ने अपनी-अपनी समृद्धि के लिए अर्थात् मनुष्यों को खींच कर नरक में ले जाने के लिए एकह्नएक व्यसन को नियत किया है।

४०९. पाप-राजा का सप्त व्यसन-साम्राज्य

धर्मशत्रुविनाशार्थं, पापाऽख्यकुपतेरिह।
सप्ताङ्गबलवद्राज्यं, सप्तभिर्व्यसनैः कृतम्।।१३।।

धर्म-राज विनाश हेतु दुष्ट अघ-नृप ने अरे!।
राज्य की सप्तांग सेना, रची सातों व्यसन से।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि धर्मरूपी वैरी का नाश करने के लिए पाप नामक दुष्ट राजा का सप्त व्यसनों से रचा हुआ 'सात अंगों वाला' बलवान् राज्य है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार राजा, सप्तांग सेना से शत्रु पर विजय प्राप्त करता है, उसी प्रकार यह पापरूपी राजा भी सप्त व्यसनरूपी सप्तांग सेना से धर्मरूपी राजा को जीतना चाहता है; इसलिए जो पुरुष, धर्म की रक्षा करना चाहते हैं, उनको इन सप्त व्यसनों का सर्वथा त्याग करना चाहिए।

४१०. देव-पूजन-स्तवन की महिमा

प्रपश्यन्ति जिनं भक्त्या, पूजयन्ति स्तुवन्ति ये।
ते च दृश्याश्च पूज्याश्च, स्तुत्याश्च भुवनत्रये।।१४।।

भक्ति से जिन-दर्श-पूजन, और जो स्तवन करें।
वे दर्श्य, पूज्य, स्तुत्य होते, भव्यजन त्रय लोक में।।

अर्थ ह्न जो भव्य जीव, जिनेन्द्र भगवान को भक्तिपूर्वक देखते हैं, उनकी पूजा-स्तुति करते हैं; वे भव्य जीव, तीन लोक में दर्शनीय तथा पूजा के योग्य होते हैं अर्थात् सर्व लोक उनको भक्ति से देखते हैं तथा उनकी पूजा-स्तुति करते हैं।

४११. जिनेन्द्र भगवान की भक्ति से रहित गृहस्थाश्रम को धिक्कार

ये जिनेन्द्रं न पश्यन्ति, पूजयन्ति स्तुवन्ति न।
निष्फलं जीवितं तेषां, धिक् च गृहाश्रमम्।।१५।।

जिनदेव-दर्शन-स्तवन-पूजन नहीं जो जन करें।
धिक्कार उनका गृहस्थाश्रम, और धिक् निष्फल जनम।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, जिनेन्द्र भगवान को भक्ति से नहीं देखते हैं और न उनकी भक्तिपूर्वक पूजाह्नस्तुति ही करते हैं; उन मनुष्यों का जीवन, संसार में निष्फल हैं तथा उनके गृहस्थाश्रम को भी धिक्कार है।

४१२-४१३. सभी पुरुषार्थों में धर्म ही मुख्य पुरुषार्थ

प्रातरुत्थाय कर्तव्यं, देवतागुरुदर्शनम्।
भक्त्या तद्वन्दना कार्या, धर्मश्रुतिरुपासकैः।।१६।।
पश्चादन्यानि कार्याणि, कर्तव्यानि यतो बुधैः।
धर्मार्थकाममोक्षाणामादौ धर्मः प्रकीर्तितः।।१७।।

आराधकों को प्रात उठ, जिनदेव-गुरु-दर्शन सदा।
भक्तिपूर्वक वन्दना अरु, धर्म सुनना चाहिए।।
फिर अन्य सब गृहकार्य करना, क्योंकि ज्ञानीजन कहें।
धर्मार्थ काम रु मोक्ष, इनमें धर्म ही पहले करें।।

अर्थ ह्न भव्य जीवों को प्रातःकाल उठ कर, जिनेन्द्र देव तथा गुरु का दर्शन करना चाहिए, भक्तिपूर्वक उनकी वन्दना-स्तुति भी करनी चाहिए और धर्म का श्रवण भी करना चाहिए। इसके बाद ही अन्य गृह आदि सम्बन्धी कार्य करने योग्य हैं क्योंकि गणधर आदि महापुरुषों ने धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष ह्न इन चार पुरुषार्थों में धर्म का ही सबसे प्रथम निरूपण किया है तथा उसी को मुख्य माना है।

४१४. ज्ञान-प्राप्ति हेतु निर्ग्रन्थ गुरुओं की सेवा आवश्यक

गुरोरेव प्रसादेन, लभ्यते ज्ञानलोचनम्।
समस्तं दृश्यते येन, हस्तरेखेव निस्तुषम्।।१८।।

ज्ञान-लोचन प्राप्त होते, गुरुजनों की कृपा से।
हस्तरेखावत् समस्त, पदार्थ जिससे प्रगट हैं।।

अर्थ ह्न जिस केवलज्ञानरूपी लोचन से समस्त पदार्थ, हाथ की रेखा के समान प्रगट रीति से देखने में आते हैं ह्न ऐसा ज्ञानरूपी नेत्र, निर्ग्रन्थ गुरुओं की कृपा से ही प्राप्त होता है; अतः ज्ञान के आकांक्षी मनुष्यों को भक्तिपूर्वक गुरुओं की सेवा-वन्दना करना चाहिए।

४१५. अज्ञान का नाश करने हेतु गुरु-सेवा आवश्यक

ये गुरुं नैव मन्यन्ते, तदुपास्तिं न कुर्वते।
अन्धकारो भवेत्तेषा,-मुदितेऽपि दिवाकरे।।१९।।

मानते नहिं जो गुरु को, नहिं करें आराधना।
सूर्य का, हो उदय पर, उनके लिए तो अँधेरा।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, गुरुओं को नहीं मानते हैं और उनकी सेवा-वन्दना नहीं करते हैं, उन मनुष्यों के लिए सूर्य का उदय होने पर भी अन्धकार ही है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, परिग्रहरहित तथा ज्ञान-ध्यान-तप में लीन गुरुओं को नहीं मानते हैं; उनकी उपासना-भक्ति आदि नहीं करते हैं, उन पुरुषों के अन्तरंग में अज्ञानरूपी अन्धकार सदा विद्यमान रहता है, इसलिए सूर्य का उदय होने पर भी वे अन्धे ही बने रहते हैं; अतः भव्य जीवों को चाहिए कि वे अज्ञानरूपी अन्धकार का नाश करने हेतु गुरुओं की सेवा-वन्दना-उपासना आदि करें।

४१६. शास्त्राभ्यास के बिना नेत्रधारी भी अन्धे के समान

ये पठन्ति न सच्छास्त्रं, सद्गुरुप्रकटीकृतम्।
तेऽन्धाःसचक्षुषोऽपीह, सम्भाव्यन्ते मनीषिभिः।।२०।।

निर्ग्रन्थ गुरुओं से रचित, सत्-शास्त्र जो पढ़ते नहीं।
नेत्र होते हुए भी, अन्धे उन्हें ज्ञानी कहें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, उत्तम और निष्कलंक गुरुओं से प्रगट किये हुए शास्त्रों को नहीं पढ़ते हैं; उन मनुष्यों को विद्वान् पुरुष, नेत्रधारी होने पर भी अन्धे ही मानते हैं।

भावार्थ ह्न वस्तु का स्वरूप, यथार्थ रीति से सद्गुरुओं के द्वारा उद्घाटित शास्त्रों से जाना जाता है, किन्तु जो मनुष्य, शास्त्र को न तो देखते हैं और न वाँचते हैं, वे मनुष्य, वस्तु के यथार्थस्वरूप को भी नहीं जानते हैं, इसलिए नेत्र सहित होने पर भी वे अन्धे ही हैं; अतः भव्य जीवों को शास्त्र का स्वाध्याय तथा मनन अवश्य करना चाहिए।

४१७. शास्त्राभ्यास के बिना कान और मन भी नहीं

मन्ये न प्रायशस्तेषां, कर्णाश्च हृदयानि च।
यैरभ्यासे गुरोः शास्त्रं, न श्रुतं नाऽवधारितम्।।२१।।

सुनें नहिं जो शास्त्र गुरु से, हृदय में नहिं धारते।
उनके नहीं हैं कान मन भी नहीं - यह ज्ञानी कहें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं जिन मनुष्यों ने गुरु के पास में रह कर, न तो शास्त्र को सुना है और न हृदय में धारण किया है, उनके कान तथा मन नहीं है ह्न ऐसा हम प्रायः मानते हैं।

भावार्थ ह्न कान तथा मन की प्राप्ति, शास्त्र के सुनने और उसके अभिप्राय को मन में धारण करने से सफल होती है, किन्तु जिन मनुष्यों ने कान पाकर शास्त्र का श्रवण नहीं किया है तथा मन पाकर उसका अभिप्राय भी नहीं समझा है; उन मनुष्यों के द्वारा कान तथा हृदय का पाना और न पाना एक समान ही है; इसलिए विद्वानों को शास्त्र का श्रवण-मनन अवश्य करना चाहिए, जिससे कान तथा हृदय सफल समझे जाएँ।

४१८. संयमपूर्वक ही व्रत की सार्थकता

देशव्रताऽनुसारेण संयमोऽपि निषेव्यते।
गृहस्थैर्येन तेनैव, जायते फलवद्व्रतम्।।२२।।

देशव्रत-अनुसार संयम, भी सदा पालन करो।
क्योंकि इससे ही श्रावक व्रत, सुनिश्चित अरु सफल हों।।

अर्थ ह्न धर्मात्मा श्रावकों को एकदेशव्रत के अनुसार, संयम भी अवश्य पालना चाहिए, जिससे उनका लिया हुआ व्रत, फलीभूत हो।

भावार्थ ह्न जीवों की रक्षा करना और मन-इन्द्रियों को वश में रखना, इसका नाम संयम है। जब तक यह संयम नहीं किया जाएगा, तब तक व्रतादि कदापि फलीभूत नहीं हो सकते; अतः आचार्य उपदेश देते हैं कि एकदेशव्रत के अनुसार श्रावकों को संयम अवश्य पालना चाहिए; जिससे उनका व्रत, फल को देनेवाला हो।

४१९. गृहस्थों के अष्ट मूलगुण का स्वरूप

त्याज्यं मांसं च मद्यं च, मधूदुम्बरपञ्चकम्।
अष्टौ मूलगुणाः प्रोक्ताः, गृहिणो दृष्टिपूर्वकाः।।२३।।

मांस-मद्य-मधु उदम्बर-पाँच तजने योग्य हैं।
ये मूलगुण हैं आठ, सम्यग्दर्श-पूर्वक धारिए।।

अर्थ ह्न श्रावकों को मद्य-मांस-मधु तथा पाँच उदुम्बर फलों का अवश्य त्याग कर देना चाहिए और सम्यग्दर्शन सहित इन आठ का त्याग ही गृहस्थों के आठ मूलगुण हैं।

४२०. गृहस्थों के बारह व्रतों का स्वरूप

अणुव्रतानि पञ्चैव, त्रिप्रकारं गुणव्रतम्।
शिक्षाव्रतानि चत्वारि, द्वादशेति गृहिव्रते।।२४।।

पाँच भेद स्वरूप अणुव्रत, तीन गुणव्रत जानिये।
चार शिक्षाव्रत कहे ह्न ये बारह व्रत हैं गृही के।।

अर्थ ह्न पाँच प्रकार के अणुव्रत, तीन प्रकार के गुणव्रत और चार प्रकार के शिक्षाव्रत ह्न ये गृहस्थों के बारह व्रत हैं।

भावार्थ ह्न अहिंसाणुव्रत, सत्याणुव्रत, अचौर्याणुव्रत, ब्रह्मचर्याणुव्रत, परिग्रहपरिमाणव्रत ह्न ये पाँच अणुव्रत तथा दिग्व्रत, भोगोपभोगपरिमाणव्रत, अनर्थदण्डव्रत ह्न ये तीन गुणव्रत तथा देशावकाशिक, सामायिक, प्रोषधोपवास, वैयावृत्य ह्न ये चार शिक्षाव्रत ह्न इस प्रकार बारह व्रत का पालन गृहस्थ को करना चाहिए।

४२१. गृहस्थों के करने योग्य अन्य आवश्यक कर्तव्य

पर्वस्वथ यथाशक्ति, भुक्तित्यागादिकं तपः।
वस्त्रपूतं पिबेत्तोयं, रात्रिभोजनवर्जनम्।।२५।।

छान कर जल पियो एवं, रात्रिभोजन भी तजो।
यथाशक्ति पर्व में तुम, अनशनादिक तप करो।।

अर्थ ह्न अष्टमी-चतुर्दशी को शक्ति के अनुसार उपवास आदि तप, छने हुए जल का पान और रात को भोजन का त्याग भी गृहस्थों को अवश्य करना चाहिए।

४२२. सम्यग्दृष्टि पुरुष का आश्रय-स्थान

तं देशं तं नरं तत्स्वं, तत्कर्माण्यपि नाश्रयेत्।
मलिनं दर्शनं येन, येन च व्रतखण्डनम्।।२६।।

उस देश-नर-धन या क्रिया का आश्रय ज्ञानी तजें।
जहाँ दर्शन मलिन हो अथवा व्रतों में भंग हो।।

अर्थ ह्न सम्यग्दृष्टि श्रावक, ऐसे देश, ऐसे पुरुष, ऐसे धन तथा ऐसी क्रिया का कदापि आश्रय नहीं करते; जहाँ पर उनका सम्यग्दर्शन मलिन हो तथा व्रतों में दोष लगे।

४२३. विद्वान लोग, व्रतों के बिना एक क्षण भी नहीं

भोगोपभोगसंख्यानं, विधेयं विधिवत्सदा।
व्रतशून्या न कर्तव्या, काचित्कालकला बुधैः।।२७।।

भोग अरु उपभोग में, परिमाण-व्रत श्रावक धरें।
एक क्षण भी बिना व्रत के, कभी नहिं बुधजन रहें।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि विद्वान् श्रावकों को भोगोपभोगपरिमाणव्रत का सदैव पालन करना चाहिए और एक क्षण भी बिना व्रत के नहीं रहना चाहिए।

४२४. रत्नत्रय का आश्रय ही श्रेयस्कर

रत्नत्रयाश्रयः कार्यः, तथा भव्यैरतन्द्रितैः।
जन्मान्तरेऽपि यच्छ्रद्धा, यथा संवर्धते तराम्।।२८।।

आलस्य रहित हो भव्यजन, धारण करो त्रय-रत्न को।
ताकि जन्मान्तरों में भी, धर्म पर श्रद्धा बढ़े।।

अर्थ ह्न आलस्य रहित होकर भव्य जीवों को उसी रीति से रत्नत्रय का आश्रय करना चाहिए, जिससे अन्य जन्मों में भी उनकी श्रद्धा बढ़ती जाए।

४२५. रत्नत्रय एवं रत्नत्रयधारियों की विनय

विनयश्च यथायोग्यं, कर्तव्यः परमेष्ठिषु।
दृष्टि-बोध-चारित्रेषु, तद्वत्सु समयाश्रितैः।।२९।।

रत्नत्रय, धर्मात्मा, परमेष्ठियों की विनय भी।
कर्त्तव्य ज्ञानी यथासम्भव, जिनागम पाठी अहो!।।

अर्थ ह्न जो जिनेन्द्र-सिद्धान्त के अनुयायी हैं, उन भव्य जीवों को योग्यतानुसार उत्कृष्ट स्थान में रहने वाले परमेष्ठियों तथा सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र और इनके धारण करने वाले महात्माओं के प्रति विनय अवश्य करना चाहिए।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, जिनेन्द्र-सिद्धान्त के भक्त हैं तथा धर्मात्मा हैं; उनको समवसरण आदि लक्ष्मी से युक्त चार घातिया कर्मों को नाश करने वाले केवलज्ञान आदि अनन्त चतुष्टय के धारी श्री अर्हन्त परमेष्ठी की, समस्त कर्मों को नाश कर लोक के शिखर पर विराजमान और अनन्तज्ञानादि आठ गुणों से सहित सिद्ध परमेष्ठी की, दर्शनाचार-ज्ञानाचार आदि पाँच आचारों का स्वयं आचरण करने वाले और अन्यों को भी अचराने वाले आचार्य परमेष्ठी की, ग्यारह अंग व चौदह पूर्व पढ़ने-पढ़ाने के अधिकारी उपाध्याय परमेष्ठी की तथा रत्नत्रय को धारण कर मोक्ष के अभिलाषी साधु परमेष्ठी की विनय अवश्य करनी चाहिए। इसी प्रकार सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र रत्नत्रय तथा रत्नत्रय के धारण करने वालों की भी विनय अवश्य करनी चाहिए।

४२६. विनय की महिमा

दर्शनज्ञानचारित्र,-तपः प्रभृति सिद्धयति।
विनयेनेति तं तेन, मोक्षद्वारं प्रचक्षते।।३०।।

दृष्टि-ज्ञान-चारित्र एवं, तपादिक भी प्राप्त हों।
विनय से ही इसलिए यह, मोक्ष-द्वार सुधी कहें।।

अर्थ ह्न विनय से ही सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र तथा तप आदि की प्राप्ति होती है; अत: भव्य जीवों को इनकी विनय अवश्य करनी चाहिए।

४२७. दान के बिना गृहस्थपना निष्फल

सत्पात्रेषु यथाशक्ति,-दानं देयं गृहस्थितैः।
दानहीना भवेत्तेषां, निष्फलैव गृहस्थता।।३१।।

सत्पात्रजन को यथाशक्ति, दान दें धर्मात्मा।
क्योंकि श्रावकपना उनका, दान बिन निष्फल कहा।।

अर्थ ह्न धर्मात्मा गृहस्थों को मुनि आदि उत्तम पात्रों को शक्ति के अनुसार दान भी अवश्य देना चाहिए क्योंकि बिना दान के गृहस्थों का गृहस्थपना निष्फल है।

४२८. दान बिना घर, केवल बाँधने के लिए जाल के समान

दानं ये न प्रयच्छन्ति, निर्ग्रन्थेषु चतुर्विधम्।
पाशा एव गृहास्तेषां, बन्धनायैव निर्मिताः।।३२।।

निर्ग्रन्थ-यति को जो चतुर्विध, दान देते हैं नहीं।
उनके लिए घर जालवत् है, बाँधने के लिए ही।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, निर्ग्रन्थ यतीश्वरों को आहार, औषधि, अभय तथा शास्त्र ह्न इन चार प्रकार के दान को नहीं देते हैं, उन्होंने अपने घर, जाल के समान केवल बाँधने के लिए ही बनाये हैं ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न जिस घर में यतीश्वरों का आवागमन बना रहता है, वे घर तथा उन घरों में रहने वाले श्रावक धन्य माने जाते हैं, किन्तु जो मनुष्य, यतीश्वरों को दान नहीं देते, इसलिए जिनके घरों में यतीश्वर नहीं आते, वे घर नहीं हैं, किन्तु मनुष्यों को फँसाने के लिए जाल के समान हैं; अत: भव्य जीवों को प्रतिदिन यथायोग्य यतीश्वरों को दान अवश्य देना चाहिए।

४२९. उत्तम दान की महिमा

अभयाहारभैषज्य, -शास्त्रदाने हि यत्कृते।
ऋषीणां जायते सौख्यं, गृही श्लाघ्यः कथं न सः।।३३।।

आहार-औषधि-अभय-ज्ञान, सुदान जो देते गृही।
क्यों न होवें श्लाघ्य वे, जब ऋषी भी होते सुखी।।

अर्थ ह्न जिस गृहस्थ के द्वारा अभयदान, आहारदान, औषधिदान और शास्त्रदान के करने पर यतीश्वरों को अत्यन्त सुख होता है; वह गृहस्थ प्रशंसा के योग्य क्यों नहीं है? अर्थात् उस गृहस्थ की सर्व लोक प्रशंसा करता है; इसलिए ऐसा उत्तम दान, गृहस्थों को अवश्य देना चाहिए।

४३०. दान से ही स्वर्ग-सुख की प्राप्ति

समर्थोऽपि न यो दद्यात्, यतीनां दानमादरात्।
छिनत्ति स स्वयं मूढः, परत्र सुखमात्मनः।।३४।।

सामर्थ्य है पर नहीं देते, दान जो आदर सहित।
वे मूढ़ परभव के सुखों का, नाश करते स्वयं ही।।

अर्थ ह्न समर्थ होकर भी जो पुरुष, आदरपूर्वक यतीश्वरों को दान नहीं देते; वह मूढ़ पुरुष आगामी जन्म में होने वाले अपने सुख का स्वयं नाश करते हैं।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, एक समय भी यतीश्वरों को नवधा भक्ति से दान देता है, उसको परभव में नाना प्रकार के स्वर्गादि सुखों की प्राप्ति होती है; किन्तु जो पुरुष, समर्थ होकर भी आदरपूर्वक यतीश्वरों को दान नहीं देता, वह स्वर्गादि सुख के बदले नाना प्रकार के नरकों के दुःखों को भोगता है इसलिए समर्थ गृहस्थों को तो अवश्य ही दान देना चाहिए।

४३१. दान से रहित गृहस्थाश्रम, पत्थर की नौका के समान

दृषन्नावसमो ज्ञेयो, दानहीनो गृहाश्रमः।
तदारूढो भवाम्भोधौ, मज्जत्येव न संशयः।।३५।।

दान बिन यह गृहस्थाश्रम, पाषाण-नौकावत् कही।
बैठ उस पर भवोदधि में, डूबते संशय नहीं।।

अर्थ ह्न जो गृहस्थाश्रम, दान से रहित है, वह पत्थर की नाव के समान है ह्न ऐसे गृहस्थाश्रमरूपी पत्थर की नाव पर बैठने वाला मनुष्य, नियम से संसाररूपी समुद्र में डूबता है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, पाषाण से बनी हुई नाव पर चढ़ कर, समुद्र को तिरना चाहता है, वह नियम से समुद्र में डूबता है; उसी प्रकार जिस गृहस्थाश्रम में यतीश्वरों के लिए दान नहीं दिया जाता, उस गृहस्थाश्रम में रहने वाले गृहस्थ कदापि संसार को नाश कर, मोक्ष नहीं पा सकते; इसलिए संसार से तिरने की अभिलाषा करने वाले भव्य जीव, अवश्य ही यतीश्वरों को दान देवें।

४३२. साधर्मी के साथ प्रीतिभाव

समयस्थेषु वात्सल्यं, स्वशक्त्या ये न कुर्वते।
बहुपापावृतात्मानः, ते धर्मस्य पराङमुखाः।।३६।।

धर्मात्मा में शक्ति के अनुसार नहिं प्रीति करें।
बहु पाप से हैं वे ढके, अरु विमुख हैं वे धर्म से।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, साधर्मी सज्जनों में शक्ति के अनुसार प्रीति नहीं करते, उन मनुष्यों की आत्मा प्रबल पाप से ढकी हुई है और वे धर्म से पराङ्मुख हैं अर्थात् धर्म के अभिलाषी नहीं हैं; इसलिए भव्य जीवों को साधर्मी मनुष्यों के साथ अवश्य प्रीति करनी चाहिए।

४३३. करुणा के बिना धर्म असम्भव

येषां जिनोपदेशेन, कारुण्याऽमृतपूरिते।
चित्ते जीवदया नास्ति, तेषां धर्मः कुतो भवेत्।।३७।।

जिन-वचन से कारुण्य अमृत से भरे जिस हृदय में।
प्राणी-दया यदि है नहीं तो धर्म कैसे हो उन्हें।।

अर्थ ह्न जिनेन्द्र भगवान के उपदेश के प्रभाव से जिन मनुष्यों के करुणारूपी अमृत से पूरित चित्तों में दया नहीं है, उन मनुष्यों को धर्म कदापि नहीं हो सकता।

भावार्थ ह्न समस्त जीवों पर दया भाव रखना, इसी का नाम धर्म है, किन्तु जिनेन्द्र भगवान के उपदेश से जिन मनुष्यों के चित्त करुणा-रस से भरे हुए हैं ह्न ऐसे मनुष्यों के भी अन्तरंग में यदि दया नहीं है तो वे मनुष्य, धर्म के पात्र कदापि नहीं हो सकते, इसलिए उत्तम पुरुषों को जीवों पर अवश्य दया करनी चाहिए।

४३४. दया : धर्मरूपी वृक्ष की जड़

मूलं धर्मतरोराद्या, व्रतानां धाम सम्पदाम्।
गुणानां निधिरित्यंगि,-दया कार्या विवेकिभिः।।३८।।

धर्म-तरु का मूल, व्रत में मुख्य, सम्पति-धाम जो।
गुण-निधि यह दया है, कर्त्तव्य ज्ञानीजनों को।।

अर्थ ह्न धर्मरूपी वृक्ष की जड़, समस्त व्रतों में मुख्य, सर्व सम्पदाओं का स्थान तथा गुणों का खजाना यह 'दया' है, अतः विवेकी मनुष्यों को दया अवश्य करनी चाहिए।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार बिना जड़ के वृक्ष नहीं ठहर सकता, उसी प्रकार बिना दया के

धर्म नहीं हो सकता; अतः यह दया धर्मरूपी वृक्ष की जड़ है। समस्त अणुव्रतों तथा महाव्रतों में यह मुख्य है क्योंकि दया का पालन किये बिना अणुव्रत तथा महाव्रत सर्व निष्फल हैं। इसी दया से बड़ेह्नबड़े इन्द्र, चक्रवर्ती आदि की सम्पदाओं की प्राप्ति होती है; इसलिए यह दया सम्पदाओं का स्थान है। इसी दया से समस्त गुणों की प्राप्ति होती है, यह दया गुणों का खजाना है; अतः जो मनुष्य, हित तथा अहित के जानने वाले हैं, उनको ऐसी उत्तम दया प्राणियों में अवश्य करनी चाहिए, किन्तु दया से पराङ्मुख कदापि नहीं होना चाहिए।

४३५. दया ही समस्त गुणों का आधार

सर्वे जीवदयाधारा, गुणास्तिष्ठन्ति मानुषे।
सूत्रधाराः प्रसूनानां, हाराणां च सरा इव।।३९।।

पुष्प-हारों की लड़ी ज्यों, सूत्र के आश्रित रहे।
त्यों ही पुरुष के गुण सभी, प्राणी-दया आधार से।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार फूलों के हारों की लड़ी, सूत्र के आश्रय से रहती है, उसी प्रकार मनुष्य में समस्त गुण, जीव-दया के आधार से रहते हैं; इसलिए समस्त गुणों की स्थिति के अभिलाषी भव्य जीवों को यह दया अवश्य करनी चाहिए।

४३६. सर्वज्ञदेव द्वारा कथित सभी व्रत, अहिंसा के साधन

यतीनां श्रावकाणां च, व्रतानि सकलान्यपि।
एकाऽहिंसाप्रसिद्धयर्थं, कथितानि जिनेश्वरैः।।४०।।

यति एवं श्रावकों के, व्रत सभी जो हैं कहे।
सब अहिंसा की प्रसिद्धि, के लिए जिनवर कहें।।

अर्थ ह्न जितने मुनियों तथा श्रावकों के व्रत सर्वज्ञदेव ने कहे हैं, वे सर्व अहिंसा की प्रसिद्धि के लिए ही कहे हैं, उनमें कोई भी व्रत, हिंसा का पोषण करने वाला नहीं कहा गया है; इसलिए व्रती मनुष्य को समस्त प्राणियों पर दया अवश्य ही रखनी चाहिए।

४३७. जीव-हिंसा का संकल्प भी त्यागने योग्य

जीवहिंसादिसंकल्पै,-रात्मन्यपि हि दूषिते।
पापं भवति जीवस्य, न परं परपीडनात्।।४१।।

हिंसादि के संकल्प से मन में मलिनता हो यदि।
तो पाप हो निश्चित अरे, नहिं मात्र परवध से कभी।।

अर्थ ह्न केवल अन्य प्राणियों को पीड़ा देने से ही पाप की उत्पत्ति नहीं होती; बल्कि 'उस जीव को मारूँगा' अथवा 'वह जीव मर जाए तो अच्छा हो', इत्यादि जीव-हिंसा के संकल्पों से भी जब आत्मा मलिन होता है, तब भी पाप की उत्पत्ति होती है; इसलिए उत्तम मनुष्यों को जीव-हिंसा का संकल्प भी नहीं करना चाहिए।

४३८. बारह भावनाओं के चिन्तवन से ही कर्मों का नाश

द्वादशाऽपि सदा चिन्त्या, अनुप्रेक्षा महात्मभिः।
तद्भावना भवत्येव, कर्मणः क्षयकारणम्।।४२।।

भावना बारह सदा, चिन्तन करें उत्तम पुरुष।
क्योंकि उनका चिन्तवन ही, कर्मक्षय कारण कहा।।

अर्थ ह्न उत्तम पुरुषों को बारह भावनाओं का चिन्तवन सदा करना चाहिए क्योंकि इन भावनाओं का चिन्तवन समस्त कर्मों का नाश करने वाला है।

४३९-४४०. बारह भावनाओं के नाम

अध्रुवाऽशरणे चैव, भव एकत्वमेव च।
अन्यत्वमशुचित्वं च, तथैवाऽस्रवसंवरौ।।४३।।
निर्जरा च तथा लोको, बोधिदुर्लभधर्मता।
द्वादशैताऽनुप्रेक्षा, भाषिता जिनपुङ्गवैः।।४४।।

अध्रुव अशरण भावना, संसार अरु एकत्व है।
अन्यत्व अरु अशुचित्व, आस्रव भावना संवर कहें।।
निर्जरा अरु लोक एवं, बोधिदुर्लभ धर्म भी।
ये भावना बारह अहो! सर्वज्ञदेवों ने कहीं।।

अर्थ ह्न १. अध्रुव, २. अशरण, ३. संसार, ४. एकत्व, ५. अन्यत्व, ६. अशुचित्व, ७. आस्रव, ८. संवर, ९. निर्जरा, १०. लोक, ११. बोधिदुर्लभ और १२. धर्म ह्न ये बारह अनुप्रेक्षाएँ (भावनाएँ) जिनेन्द्र देव ने कही हैं।

४४१. अनित्य भावना

अध्रुवाणि समस्तानि, शरीरादीनि देहिनाम्।
तन्नाशेऽपि न कर्तव्यः, शोको दुष्कर्मकारणम्।।४५।।

प्राणियों की देह आदि, सभी हैं अध्रुव अरे!।
नष्ट हों तो शोक नहिं करना, बँधें दुष्कर्म रे!।।

अर्थ ह्न प्राणियों के समस्त शरीर, धन, धान्य आदि पदार्थ विनाशीक हैं; इसलिए उनके नष्ट होने पर जीवों को कुछ भी शोक नहीं करना चाहिए क्योंकि उस शोक से केवल खोटे कर्मों का ही बन्ध होता है।

४४२. अशरण भावना

व्याघ्रेणाऽऽघ्रातकायस्य, मृगशावस्य निर्जने।
यथा न शरणं जन्तोः, संसारे न तथापदि।।४६।।

विपिन में पकड़ा गया मृग-शिशु जैसे व्याघ्र से।
कोई शरण उसको नहीं, त्यों जीव को संसार में।।

अर्थ ह्न अत्यन्त निर्जन वन में जिस मृग के बच्चे का शरीर व्याघ्र ने अत्यन्त तीव्रता के साथ पकड़ लिया है ह्न ऐसे मृग के बच्चे को बचाने में जैसे कोई समर्थ नहीं है; उसी प्रकार इस संसार में आपत्ति के आने पर, जीव को कोई इन्द्र-अहमिन्द्र आदि बचा नहीं सकते, इसलिए भव्य जीवों को धर्म के सिवाय अन्य कोई भी रक्षक नहीं समझना चाहिए।

४४३. संसार भावना

यत्सुखं तत्सुखाभासं, यद्दुःखं तत्सदाञ्जसा।
भवे लोकाः सुखं सत्यं, मोक्ष एव ससाध्यताम्।।४७।।

सुख लगे जो सुख नहीं वह, दुःख लगे वह दुःख सही।
वास्तविक सुख मोक्ष में है, साध्य जग को सुख वही।।

अर्थ ह्न हे जीव! संसार में जो सुख मालूम होता है, वह सुख नहीं ह्न सुखाभास है अर्थात् सुख के समान मालूम पड़ता है और जो दुःख है सो सत्य है क्योंकि वास्तविक सुख मोक्ष में ही है, इसलिए तुझे मोक्ष की प्राप्ति का ही प्रयत्न करना चाहिए।

४४४. एकत्व भावना

स्वजनो वा परो वाऽपि, नो कश्चित्परमार्थतः।
केवलं स्वार्जितं कर्म, जीवेनैकेन भुज्यते।।४८।।

परमार्थ से जग में न कोई, स्वजन है या अन्यजन।
प्राणी अकेला भोगता, अपने उपार्जित कर्मफल।।

अर्थ ह्न यदि निश्चय से देखा जाए तो संसार में जीव का न तो कोई स्वजन है और न कोई परजन ही है क्योंकि जीव अपने किये हुए कर्म के फल को अकेला ही भोगता है।

४४५. अन्यत्व भावना

क्षीरनीरवदेकत्र, स्थितयोर्देहदेहिनोः।
भेदो यदि ततोऽन्येषु, कलत्रादिषु का कथा।।४९।।

दूध-जलवत् आत्मा अरु, देह दोनों हैं मिले।
भिन्न ये दोनों कहो! पुत्रादि की फिर क्या कथा?।।

अर्थ ह्न शरीर और आत्मा की स्थिति, दूध तथा जल के समान मिली हुई है। यदि ये दोनों भी परस्पर में भिन्न हैं तो सर्वथा भिन्न स्त्री-पुत्र आदि तो अवश्य ही भिन्न हैं; इसलिए विद्वानों को शरीर, स्त्री, पुत्र आदि को अपना कदापि नहीं मानना चाहिए।

४४६. अशुचित्व भावना

तथाऽशुचिरयं कायः; कृमिधातुमलान्वितः।
यथा तस्यैव सम्पर्कादन्यत्राऽप्यपवित्रता।।५०।।

कृमि-धातु-मल-मूत्रादिमय, यह देह इतनी मलिन है।
कि अन्य भी सब वस्तु इसके, संग से भी मलिन हैं।।

अर्थ ह्न कीड़े, धातु, मल, मूत्र आदि अपवित्र पदार्थों से भरा हुआ यह शरीर इतना अपवित्र है कि उसके सम्बन्ध से दूसरी वस्तु भी अपवित्र हो जाती है।

भावार्थ ह्न इत्र, चन्दन, आभूषण आदि पदार्थ यद्यपि अत्यन्त सुगन्धित तथा पवित्र हैं तथापि यदि उनका सम्बन्ध शरीर से हो जाए तो वे सब अपवित्र हो जाते हैं तथा ऐसे अपवित्र हो जाते हैं कि सज्जन पुरुष उनको स्पर्श करने में भी घृणा करते हैं। विष्टा, मूत्र, कफ आदि अपवित्र वस्तुओं की भी उत्पत्ति, इसी शरीर में होती है, इसलिए इस शरीर के समान संसार में कोई भी अपवित्र पदार्थ नहीं है; अतः सज्जनों को कदापि इनमें ममत्व नहीं रखना चाहिए, किन्तु इस शरीर से होने वाले जो तपादि उत्तम कार्य हैं, उससे इसे सफल बनाना चाहिए।

४४७. आस्रव भावना

जीव-पोतो भवाम्भोधौ, मिथ्यात्वादिक-रन्ध्रवान्।
आस्रवति विनाशार्थं, कर्माम्भः प्रचुरं भ्रमात्।।५१।।

भव-उदधि में जीव-नौका, मिथ्यात्वादिक छिद्र हैं।
कर्म-जल से भरे नौका, जग में डुबाने के लिए।।

अर्थ ह्न इस संसाररूपी समुद्र में जिस समय यह जीवरूपी जहाज, मिथ्यात्व-अविरति-प्रमाद-कषाय-योगरूप छिद्रों से सहित होता है; उस समय वह अपने विनाश के लिए अज्ञानता से प्रचुर कर्मरूपी जल को आस्रवरूप करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार समुद्र के बीचों-बीच जब जहाज में छिद्र हो जाए, तब वह जहाज, उन छिद्रों से अपने को डुबोने के लिए स्वयं ही जल को ग्रहण करता है; उसी प्रकार यह जीव, जब मिथ्यात्वादि कर्म-बन्ध के कारणों से संयुक्त होता है, तब अपने विनाश के लिए स्वयं कर्म को ग्रहण करता है, इसलिए भव्य जीवों को आस्रव के स्वरूप को जान कर, कर्मों को रोकने का प्रयत्न करना चाहिए।

४४८. संवर भावना

कर्मास्रवनिरोधोऽत्र, संवरो भवति ध्रुवम्।
साक्षादेतदनुष्ठानं, मनोवाक्कायसंवृत्तिः।।५२।।

कर्मागमन को रोकना ही, नियम से संवर कहा।
काय-मन-वच संवरण है, यही संवर की क्रिया।।

अर्थ ह्न आते हुए कर्मों का रुक जाना ही निश्चय से संवर है तथा मन-वचन-काय का जो संवरण (स्वाधीन) करना है, वही संवर का आचरण है।

भावार्थ ह्न जिस समय जीव, मन-वचन-कायस्वरूप योग, मिथ्यात्व, कषाय आदि से रहित होकर गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा के चिन्तवन में तथा परीषहों को जीतने में लीन होता है, उसी समय संवर होता है; इसलिए संवर की प्राप्ति के अभिलाषियों को मन-वचन-काय की प्रवृत्ति को अवश्य रोकना चाहिए।

४४९. निर्जरा भावना

निर्जरा शातनं प्रोक्ता, पूर्वोपार्जितकर्मणाम्।
तपोभिर्बहुभिः सा स्यात्, वैराग्याश्रितचेष्टितैः।।५३।।

पूर्व-संचित कर्म आंशिक, खिरें यह है निर्जरा।
बहुभाँति तप वैराग्य आश्रित, क्रिया से ही निर्जरा।।

अर्थ ह्न पहले से संचित हुए कर्मों का एकदेशरूप से नाश होना, निर्जरा है। वह निर्जरा, संसार-देह आदि से वैराग्य कराने वाले अनशन-अवमौदर्य आदि तप से होती है।

भावार्थ ह्न संसार, शरीरादि से विरक्त होकर अनशनादि तप द्वारा पूर्वसंचित कर्मों का क्षय करने का नाम निर्जरा है। उस निर्जरा के उपाय का चिन्तवन करना, निर्जरा भावना है।

४५०. लोक भावना

लोकः सर्वोऽपि सर्वत्र, साऽपायस्थितिरध्रुवः।
दुःखकारीति कर्तव्या, मोक्ष एव मतिः सताम्।।५४।।

इस लोक में सब वस्तु क्षणभंगुर विनश्वर जिन कहें।
बहुभाँति दु:खदायक अत:, बुध मोक्ष में नित मति धरें।।

अर्थ ह्न यह समस्त लोक, विनाशीक और अनित्य है तथा नाना प्रकार के दु:खों को करने वाला है ह्न ऐसा विचार कर, उत्तम पुरुषों को सदा मोक्ष की ओर ही बुद्धि लगाना चाहिए।

४५१. बोधिदुर्लभ भावना

रत्नत्रयपरिप्राप्ति:, बोधि: साऽतीव दुर्लभा।
लब्धा कथं कथंचिच्चेत्, कार्यो यत्नो महानिह।।५५।।

रत्नत्रय की प्राप्ति ही है, बोधि जो दुर्लभ कही।
प्राप्त हो वह जिस विधि से, यत्न से रक्षा करो।।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूप रत्नत्रय की प्राप्ति का नाम बोधि है; इस बोधि की प्राप्ति संसार में अत्यन्त कठिन है। यदि किसी रीति से उसकी प्राप्ति हो भी जाए तो उसकी रक्षा के लिए विद्वानों को प्रबल प्रयत्न करना चाहिए।

भावार्थ ह्न इस संसार में अनन्त जीव ऐसे हैं, जो अभी निगोद में ही पड़े हुए हैं, उन्होंने सिवाय निगोद के दूसरी पर्याय धारण ही नहीं की है; इसलिए प्रथम तो निगोद से निकलना ही अत्यन्त दु:साध्य है। दैवयोग से जीव निगोद से निकल भी आए तो मुख्यत: पृथ्वीकायिक आदि स्थावर जीव ही होते हैं, इसलिए त्रसपर्याय पाना अत्यन्त दुर्लभ है।

किसी प्रकार त्रस पर्याय मिल भी जाए तो पञ्चेन्द्रिय होना अत्यन्त कठिन है। पञ्चेन्द्रिय भी हो जाए तो सैनी (संज्ञी) होना दु:साध्य है। सैनी भी हुए तो मनुष्य भव तथा उच्च कुल पाना कठिन है। यदि वे भी मिल जाए तो चिरायु होना तथा धनवान् होकर सुखी होना दु:साध्य है। यदि यह सब सामग्री भी मिल जाए तो रत्नत्रय की प्राप्ति अत्यन्त दुर्लभ है। भाग्य से किन्हीं पुरुषों को इसकी प्राप्ति भी हो जाए तो वे प्रमाद के वश होकर इनकी रक्षा नहीं करते; इसलिए अत्यन्त कठिन रत्नत्रय को पाकर, भव्य जीवों को कदापि प्रमाद नहीं करना चाहिए, इस रत्नत्रय की भलीभाँति रक्षा करना चाहिए। इस प्रकार का चिन्तवन करना ही बोधिदुर्लभ भावना है।

४५२. धर्म भावना

निजधर्मोऽयमत्यन्तं, दुर्लभो भविनां मत:।
तथा ग्राह्यो यथा साक्षादामोक्षं सह गच्छति।।५६।।

निजधर्म की प्राप्ति जगत्जन, को अति दुर्लभ अरे!।
इस रीति से यह धर्म धारो, मोक्ष तक यह संग रहे।।

अर्थ ह्न संसार में प्राणियों को ज्ञानानन्दस्वरूप निजधर्म का पाना अत्यन्त कठिन है, इसलिए यह धर्म ऐसी रीति से ग्रहण करना चाहिए कि मोक्ष पर्यंत इसका साथ बना रहे।

भावार्थ ह्न जिनेन्द्रदेव ने कहे हुए आत्मस्वभावरूप, रत्नत्रयरूप तथा उत्तम क्षमादिस्वरूप धर्म को इतनी दृढ़ता से धारण करना चाहिए कि मोक्ष तक इसका साथ बना रहे।

४५३. संसार से तिरने हेतु धर्मरूपी जहाज का आश्रय आवश्यक

दुःखग्राहगणाऽऽकीर्णे, संसारक्षारसागरे।
धर्मपोतं परं प्राहुः, तारणार्थं मनीषिणः।।५७।।

संसार-खार-समुद्र में, दुःखरूप जलचर हैं भरे।
पार करने के लिए है, धर्म-नौका बुध कहें।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के दुःखरूपी नक्र-मकर से व्याप्त इस संसाररूपी खारे समुद्र से पार करने वाला धर्म, जहाज के समान है ह्न ऐसा गणधर आदि महापुरुष कहते हैं, इसलिए संसार से तिरने की इच्छा करने वाले जीवों को इस धर्मरूपी जहाज का आश्रय लेना चाहिए।

४५४. स्वर्ग-मोक्ष के कारणरूप बारह भावनाएँ

अनुप्रेक्षा इमाः सद्भिः, सर्वदा हृदये धृताः।
कुर्वते तत्परं पुण्यं, हेतुर्यत्स्वर्गमोक्षयोः।।५८।।

इन भावनाओं को सदा, सज्जन पुरुष जो उर धरें।
वे स्वर्ग एवं मोक्ष-सुख के, हेतु पुण्यार्जन करें।।

अर्थ ह्न जो सज्जन पुरुष, बारम्बार इन बारह भावनाओं का चिन्तवन करते हैं, वे स्वर्ग तथा मोक्ष के कारणभूत पुण्य का उपार्जन करते हैं, इसलिए स्वर्ग-मोक्ष के कारणस्वरूप पुण्य को चाहने वाले भव्य जीवों को इन बारह भावनाओं का चिन्तवन सदैव करना चाहिए।

४५५. गृहस्थ श्रावक के द्वारा दश धर्मों का यथाशक्ति पालन

आद्योत्तमक्षमा यत्र, यो धर्मो दशभेदभाक्।
श्रावकैरपि सेव्योऽसौ, यथाशक्ति यथागमम्।।५९।।

उत्तम क्षमादिक धर्म दशविध, जो कहे हैं शास्त्र में।
शास्त्र एवं शक्ति के, अनुसार श्रावक भी धरें।।

अर्थ ह्न उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य तथा ब्रह्मचर्य ह्न इन दश धर्मों का श्रावकों को शक्त्यनुसार तथा शास्त्रानुसार पालन करना चाहिए।

४५६. अन्तस्तत्त्व एवं बहिस्तत्त्व, दोनों के मिलने से ही मोक्ष-प्राप्ति

अन्तस्तत्त्वं विशुद्धात्मा, बहिस्तत्त्वं दयाङ्गिषु।
द्वयोः सम्मीलने मोक्षः, तस्माद् द्वितयमाश्रयेत्।।६०।।

शुद्धात्म अन्तस्तत्त्व है, बहिस्तत्त्व है प्राणी-दया।
इनके मिलन से मोक्ष होता, अत: द्वय अवधारिया।।

अर्थ ह्न चिदानन्द चैतन्यस्वरूप आत्मा तो अन्तःतत्त्व (भीतरी तत्त्व) है तथा समस्त प्राणियों की दया, बाह्यतत्त्व है और इन दोनों तत्त्वों के मिलने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है; इसलिए मोक्षाभिलाषी भव्य जीवों को इन दोनों तत्त्वों का भलीभाँति आश्रय करना चाहिए।

४५७. ज्ञानी को आत्मा ही चिन्तवन करने योग्य

कर्मभ्यः कर्मकार्येभ्यः, पृथग्भूतं चिदात्मकम्।
आत्मानं भावयेन्नित्यं, नित्यानन्दपदप्रदम्।।६१।।

कर्म एवं कर्मफल से, भिन्न चेतनरूप जो।
नित्य आनन्दप्रद निजात्मा, का सदा अनुभव करो।।

अर्थ ह्न कर्म तथा कर्म के कार्यों से सर्वथा भिन्न, चिदानन्द चैतन्यस्वरूप, अविनाशी और आनन्दस्वरूप स्थान को देने वाले आत्मा का ज्ञानी को सदा चिन्तवन करना चाहिए।

भावार्थ ह्न यह आत्मा, ज्ञानावरण आदि कर्म तथा उनके कार्यभूत राग-द्वेष आदि से भी रहित चैतन्यस्वरूप है। अविनाशी और आनन्दस्वरूप मोक्षस्थान को देने वाला है ह्न ऐसा ज्ञानी पुरुषों को अपनी आत्मा का चिन्तवन निरन्तर करना चाहिए।

४५८. 'उपासक संस्कार' (श्रावकाचार) अधिकार का उपसंहार

इत्युपासकसंस्कारः, कृतः श्रीपद्मनन्दिना।
येषामेतदनुष्ठानं, तेषां धर्मोऽतिनिर्मलः।।६२।।

पद्मनन्दि ने रचा यह, 'उपासक संस्कार' है।
इसमें कथित जो आचरें, वे धर्म अति निर्मल लहें।।

अर्थ ह्न श्री पद्मनन्दि आचार्य ने 'उपासक संस्कार' अधिकार की रचना की है। जिन पुरुषों की प्रवृत्ति इस श्रावकाचार के अनुसार है, उन्हीं को निर्मल धर्म की प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न इस 'उपासक संस्कार' में जिस आचरण का वर्णन किया गया है, उस आचरण के अनुकूल जिनकी प्रवृत्ति है, उन्हीं मनुष्यों को निर्मल धर्म की प्राप्ति होती है; अत: इस निर्मल धर्म की प्राप्ति के अभिलाषी भव्य जीव इसके अनुकूल ही अवश्य प्रवृत्ति करें।

इसप्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'उपासक संस्कार (श्रावकाचार)'** नामक **'छठा अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – ०७

देशव्रतोद्योतन

४५९. 'देशव्रतोद्योतन अधिकार' का मङ्गलाचरण

शार्दूलविक्रीडित

बाह्याभ्यन्तरसङ्गवर्जनतया, ध्यानेन शुक्लेन यः;
कृत्वा कर्मचतुष्टयक्षयमगात्, सर्वज्ञतां निश्चितम्।
तेनोक्तानि वचांसि धर्मकथने, सत्यानि नाऽन्यानि तत्;
भ्राम्यत्यत्र मतिस्तु यस्य स महा,-पापी न भव्योऽथवा।।१।।

वीर छन्द

बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह, तज कर शुक्लध्यान द्वारा।
चार घातिया-कर्म-नाश, सर्वज्ञपना जिनने धारा।।
धर्म-कथन में उनकी वाणी, परम सत्य है अन्य नहीं।
जिसकी मति अत्यन्त भ्रमे, वह पापी है या भव्य नहीं।।

अर्थ ह्न समस्त बाह्य तथा अभ्यन्तर परिग्रह को छोड़ कर, शुक्लध्यान से चार घातिया कर्मों का नाश कर, जिन्होंने सर्वज्ञपना प्राप्त कर लिया है; उन्हीं सर्वज्ञदेव के वचन, धर्म के निरूपण करने में सत्य हैं, किन्तु सर्वज्ञ से अन्य किसी के वचन सत्य नहीं हैं ह्न ऐसा भलीभाँति जान कर भी जिस मनुष्य को सर्वज्ञदेव के वचनों में सन्देह है तो समझना चाहिए कि वह मनुष्य, महापापी अथवा अभव्य है।

४६०. अनेक पुण्यात्मा मिथ्यादृष्टियों की अपेक्षा एक अकेला सम्यग्दृष्टि श्रेष्ठ

एकोऽप्यत्र करोति यः स्थितिमति,-प्रीतः शुचौ दर्शने;
स श्लाघ्यः खलु दुःखितोऽप्युदयतो, दुष्कर्मणः प्राणभृत्।
अन्यैः किं प्रचुरैरपि प्रमुदितै, रत्यन्तदूरीकृत-;
स्फीताऽऽनन्दभरप्रदाऽमृतपथैः, मिथ्यापथे प्रस्थितैः।।२।।

यदि कोई नर प्रीति सहित, सम्यग्दर्शन धारण करता।
दु:खी रहे यदि पापोदय से, तो भी उसको श्लाघ्य कहा।।
मिथ्यापथगामी बहुसंख्यक, हों या अतिशय सुखी दिखें।
फिर भी वे आनन्द-प्रदायक, शिवपथ से अति दूर रहें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, खोटे कर्मोदय से दु:खी होने पर भी सन्तुष्ट होकर, अत्यन्त पवित्र सम्यग्दर्शन में निश्चल स्थिति करता है अर्थात् सम्यग्दर्शन को धारण करता है, वह अकेला ही अत्यन्त प्रशंसा के योग्य समझा जाता है; किन्तु जो अत्यन्त आनन्द को देने वाले सम्यग्दर्शन आदि रत्नत्रयरूप मोक्षमार्ग से बाह्य हैं, वर्तमान काल में शुभ कर्म के उदय से प्रसन्न हों अथवा ऐसे मिथ्या मार्ग में गमन करने वाले मिथ्यादृष्टि मनुष्य बहुत हों तो भी वे प्रशंसा के योग्य नहीं हैं।

भावार्थ ह्न पापोदय से दु:खी मनुष्य, यदि सम्यग्दर्शन का धारक है तो वह प्रशंसा के योग्य है; किन्तु सम्यग्दर्शन से पराङ्मुख तथा मिथ्यामार्ग में स्थित सुखी (पुण्योदय से सुखी) मिथ्यादृष्टि मनुष्य, चाहे अनेक भी होवें तो भी प्रशंसा के योग्य नहीं हैं; इसलिए भव्य जीवों को सम्यग्दर्शन धारण करने में निरन्तर प्रयत्न करना चाहिए।

४६१. मोक्ष का बीज, सम्यग्दर्शन और संसार का बीज, मिथ्यादर्शन

बीजं मोक्षतरोर्दृशं भवतरो:, मिथ्यात्वमाहुर्जिना:;
प्राप्तायां दृशि तन्मुमुक्षुभिरलं, यत्नो विधेयो बुधै:।
संसारे बहुयोनिजालजटिले, भ्राम्यन् कुकर्माऽऽवृत:;
क्व प्राणी लभते महत्यपि गते, काले हितां तामिह।।३।।

सम्यग्दर्शन बीज मोक्ष का, भवतरु का मिथ्यात्व कहें।
अत: मुमुक्षु समकित पाकर, रक्षा हेतु प्रयत्न करें।।
विविध योनि से व्याप्त जगत में, कर्म सहित यह जीव भ्रमे।
बहुत काल तक, किन्तु सुदृष्टि पाना उसको दुर्लभ है।।

अर्थ ह्न मोक्षरूपी वृक्ष का बीज, सम्यग्दर्शन है तथा संसाररूपी वृक्ष का बीज, मिथ्यात्व है ह्न ऐसा सर्वज्ञदेव ने कहा है। मोक्षाभिलाषी उत्तम पुरुषों को सम्यग्दर्शन प्राप्त होने पर उसकी रक्षा करने में अत्यन्त प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि नरक, तिर्यंच आदि नाना प्रकार की योनियों से व्याप्त, इस संसार में अनादि काल से भ्रमण करता हुआ और खोटे कर्मों से युक्त यह प्राणी, बहुत काल के व्यतीत होने पर भी इस सम्यग्दर्शन को कहाँ पा सकता है? अर्थात् सम्यग्दर्शन को पाना अत्यन्त दुर्लभ है।

४६२. सम्यग्दर्शन प्राप्त होने पर तप या षट्कर्म करना आवश्यक

सम्प्राप्तेऽत्र भवे कथं कथमपि, द्राघीयसाऽनेहसा;
मानुष्ये शुचिदर्शने च महता, कार्यं तपो मोक्षदम्।
नो चेल्लोकनिषेधतोऽथ महतो, मोहादशक्तेरथो;
सम्पद्येत न तत्तदा गृहवतां, षट्कर्मयोग्यं व्रतम्।।४।।

दीर्घकाल में महाकष्ट से, उत्तम नरभव प्राप्त किया।
शुचि-दर्शन पा, महापुरुष को, मोक्षद तप कर्त्तव्य कहा।।
लोक-निषेध या मोहोदय, से यदि तप में नहीं समर्थ।
तो गृहस्थ के षट् कर्मों के, योग्य करें आवश्यक व्रत।।

अर्थ ह्न अनन्त काल के बीत जाने पर, इस संसार में बड़ी कठिनता से प्राप्त होने वाले मनुष्य जन्म के मिलने पर तथा सम्यग्दर्शन के प्राप्त होने पर, उत्तम पुरुषों के द्वारा मोक्ष को देने वाला तप अवश्य करना चाहिए। यदि मनुष्यों के निषेध करने से अथवा प्रबल चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से अथवा असमर्थपने से तप न हो सके तो गृहस्थों के देव-पूजा, गुरु-सेवा, स्वाध्याय आदि षट्कर्मों के योग्य व्रत तो अवश्य ही करना चाहिए।

भावार्थ ह्न इस संसार में प्रथम तो निगोदादि से निकलना ही अत्यन्त कठिन है। दैवयोग से यदि वहाँ से निकल भी आए तो यहाँ आकर पृथ्वीकायिक, जलकायिक आदि एकेन्द्रिय स्थावर जीव होता है; त्रस पर्याय नहीं मिलती। यदि वह भी मिल जाए तो उस त्रस पर्याय में मनुष्य पर्याय की प्राप्ति बड़ी कठिनता से होती है। यदि वह मनुष्य पर्याय भी मिल जाए तो जीवादि पदार्थों के श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शन नहीं मिलता। यदि सम्यग्दर्शन भी मिल जाए तो मनुष्य उसकी रक्षा करने में बड़ा भारी प्रमाद करता है; इसलिए वह सम्यग्दर्शन, प्राप्त किया हुआ भी न पाये हुए के समान हो जाता है। यहाँ आचार्य उपदेश देते हैं कि बड़े भाग्य से यदि मनुष्य जन्म तथा सम्यग्दर्शन की प्राप्ति हो जाए तो उत्तम पुरुषों को प्रमाद छोड़ कर तप करना चाहिए। यदि लोक-निन्दा अथवा प्रबल चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से अथवा असमर्थपने से तप न हो सके तो षट्कर्म के योग्य श्रावक के व्रत तो अवश्य ही धारण करना चाहिए, मनुष्य जन्म तथा सम्यग्दर्शन को व्यर्थ नहीं खोना चाहिए।

४६३. सम्यग्दर्शनपूर्वक आठ मूलगुण, बारह व्रत तथा अन्य नियमों का विधान

दृङ्मूलव्रतमष्टधा तदनु च, स्यात्पञ्चधाऽणुव्रतं;
शीलाख्यं च गुणव्रतं त्रयमतः, शिक्षाश्चतस्रः पराः।

रात्रौ भोजनवर्जनं शुचिपटात्, पेयं पयः शक्तितो;
मौनादिव्रतमप्यनुष्ठितमिदं, पुण्याय भव्यात्मनाम्।।५।।

आठ मूलगुण पाँच अणुव्रत, सम्यग्दर्शन सहित धरें।
गुणव्रत तीन, चार शिक्षाव्रत, यही शीलव्रत सात धरें।।
निशिभोजन परित्याग वस्त्र से, छने नीर का पान करें।
शक्त्यनुसार मौनव्रत धारें, तो भव्यों को पुण्य बँधे।।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शनपूर्वक आठ मूलगुणों का पालन करना, अहिंसादि पाँच अणुव्रतों को धारण करना, दिग्व्रतादि तीन गुणव्रत तथा देशावकाशिक आदि चार शिक्षाव्रत ह्न इन सात शीलव्रतों का पालन करना, रात में खाद्य-स्वाद्य आदि चतुर्विध आहार का त्याग करना, स्वच्छ कपड़े से छने हुए जल का पीना, शक्ति के अनुकूल मौन आदि व्रतों का धारण करना; इस प्रकार ये श्रावकों के व्रत हैं, इनका भलीभाँति आचरण करने वाले श्रावक पुण्य के भागी होते हैं; इसलिए धर्मात्मा श्रावकों को इन व्रतों का अवश्य ही पालन करना चाहिए।

४६४. व्रती श्रावक के बारह व्रतों का विधान

हन्ति स्थावरदेहिनः स्वविषये, सर्वांस्त्रसान् रक्षति;
ब्रूते सत्यमचौर्यवृत्तिमबलां, शुद्धां निजां सेवते।
दिग्देशव्रतदण्ड-वर्जनमतः, सामायिकं प्रोषधं;
दानं भोगयुगप्रमाणमुररी,-कुर्याद् गृहीति व्रती।।६।।

स्व-प्रयोजन से एकेन्द्रिय-वध, सर्व त्रसों पर दया करे।
सत्य कहे चोरी न करे, निज-वनिता का ही भोग करे।।
दिग्-देश-अनर्थदण्ड व्रत, सामायिक-प्रोषध धारे।
दान करे भोगोपभोग-परिमाण गृहस्थ-व्रती धारे।।

अर्थ ह्न व्रती श्रावक, यद्यपि अपने प्रयोजन के लिए स्थावर काय के जीवों को मारता है; तथापि **(अणुव्रत ह्न)** दो इन्द्रिय आदि से सैनी पंचेन्द्रिय पर्यन्त समस्त त्रस जीवों की रक्षा करता है, सत्य बोलता है, अचौर्यव्रत का पालन करता है, स्व-स्त्री का सेवन करता है, परिग्रह का परिमाण करता है। **(गुणव्रत ह्न)** दिग्व्रत, देशव्रत एवं अनर्थदण्डव्रत का पालन करता है; **(शिक्षाव्रत ह्न)** सामायिक, प्रोषधोपवास, दान (अतिथि संविभाग) तथा भोगोपभोगपरिमाण नामक व्रत को स्वीकार करता है।

४६५. श्रावक का प्रमुख कर्तव्य ह्न मुनि आदि पात्रों को दान

देवाऽऽराधन- पूजनादि-बहुषु, व्यापार-कार्येषु सत्;
पुण्योपार्जन-हेतुषु प्रतिदिनं, संजायमानेष्वपि।
संसाराऽर्णवतारणे प्रवहणं, सत्पात्रमुद्दिश्य यत्;
तद्देशव्रतधारिणो धनवतो, दानं प्रकृष्टो गुण:।।७।।

पुण्योपार्जन कारक जिन-पूजन, अरु अर्चनादि बहु कार्य।
धर्मात्मा धनवान् श्रावकों, के घर प्रतिदिन ये सत्कार्य।।
किन्तु दान सत्पात्रों को है, भव-समुद्र से तारक पोत।
अत: देशव्रतधारी धनिकों, का है यह अति उत्तम स्रोत।।

अर्थ ह्न यद्यपि धनवान और धर्मात्मा श्रावकों के दैनिक जीवन में श्रेष्ठ पुण्यसंचय करने वाले जिनेन्द्र देव की सेवा तथा पूजन-प्रतिष्ठा आदि अनेक उत्तम कार्य प्रतिदिन होते रहते हैं; तथापि उन सब उत्तम कार्यों में संसार-समुद्र से पार करने में जहाज के समान, श्रेष्ठ मुनि आदि पात्रों को दान देना, धर्मात्मा श्रावकों का सबसे प्रधान गुण (कर्तव्य) है; इसलिए भव्य श्रावकों को सदा उत्तम पात्रों को दान देना चाहिए।

४६६. आहारदान की परम्परा से ही रत्नत्रय एवं मोक्ष की प्राप्ति

सर्वो वाञ्छति सौख्यमेव तनुभृत्, तन्मोक्ष एव स्फुटं;
दृष्ट्यादित्रय एव सिध्यति स तत्, निर्ग्रन्थ एव स्थितम्।
तद्वृत्तिर्वपुषोऽस्य वृत्तिरशनात्, तद्दीयते श्रावकै:;
काले क्लिष्टतरेऽपि मोक्षपदवी, प्रायस्ततो वर्तते।।८।।

सभी जीव नित सुख चाहें, पर सुख शिवपुर में यह स्पष्ट।
शिवपुर रत्नत्रय से मिलता, जिसे धारते हैं निर्ग्रन्थ।।
वह तो देहाश्रित अरु देह, टिके जो श्रावक दें आहार।
क्लिष्ट काल में शिवपथवृत्ति, कही गृहस्थों के आधार।।

अर्थ ह्न समस्त जीव, सदैव सुख की अभिलाषा करते हैं; परन्तु यदि अनुभव किया जाए तो वास्तविक सुख, मोक्ष में ही है। उस मोक्ष की प्राप्ति, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र स्वरूप रत्नत्रय के धारण करने से ही होती है। रत्नत्रय की प्राप्ति, निर्ग्रन्थ अवस्था में ही होती है। निर्ग्रन्थ अवस्था, शरीर के होने पर ही होती है। शरीर की स्थिति, अन्न

से रहती है और वह अन्न, धर्मात्मा श्रावकों के द्वारा दिया जाता है, इसलिए इस दु:खम काल में मोक्ष-पदवी की प्रवृत्ति, गृहस्थों के द्वारा दिये हुए आहारदान से ही होती है ह्न ऐसा जान कर, धर्मात्मा श्रावकों को सदा सत्पात्रों को दान देना चाहिए।

४६७. उत्तम औषधिदान से मुनियों के अशक्त शरीर का संरक्षण

स्वेच्छाऽऽहार-विहार-जल्पनतया, नीरुग्वपुर्जायते;
साधूनां तु न सा ततस्तदपटु, प्रायेण सम्भाव्यते।
कुर्यादौषध-पथ्य-वारिभिरिदं, चारित्र-भार-क्षमं;
यत्तस्मादिह वर्तते प्रशमिनां, धर्मो गृहस्थोत्तमात्।।९।।

स्वेच्छाहार-विहार-वचन से, रोगरहित रहती है देह।
किन्तु साधु नहिं स्वेच्छाचारी, अत: न सक्षम उनकी देह।।
औषधि पथ्य सुनिर्मल जल से, देह धरे चारित का भार।
इसीलिए उत्तम श्रावक से, हो मुनि-धर्म-प्रवृत्ति महान्।।

अर्थ ह्न सामान्यतया इच्छानुसार भोजन, भ्रमण तथा भाषण से शरीर रोगरहित रहता है, परन्तु मुनियों के लिए न तो इच्छानुसार भोजन करने की ही आज्ञा है और न इच्छानुसार भ्रमण तथा भाषण की ही आज्ञा है; इसलिए उनका शरीर सदा अशक्त ही बना रहता है। धर्मात्मा श्रावक उत्तम दवा, पथ्य और निर्मल जल (औषधिदान) देकर मुनियों के शरीर को चारित्र-पालन के लिए समर्थ बनाते हैं, इसलिए मुनिधर्म की प्रवृत्ति भी उत्तम श्रावकों से ही होती है; अत: आत्मा के हित की अभिलाषा करने वाले भव्य जीवों को अवश्य ही मुनिधर्म की प्रवृत्ति के प्रधान कारण, इस गृहस्थधर्म को धारण करना चाहिए।

४६८. ज्ञानदान के द्वारा थोड़े ही भवों में केवलज्ञान की प्राप्ति

व्याख्या पुस्तकदानमुन्नतधियां, पाठाय भव्यात्मनां;
भक्त्या यत्क्रियते श्रुताश्रयमिदं, दानं तदाहुर्बुधा:।
सिध्देऽस्मिन् जननान्तरेषु कतिषु, त्रैलोक्यलोकोत्सव-;
श्रीकारिप्रकटीकृताऽखिलजगत्, कैवल्यभाजो जना:।।१०।।

बुद्धिमान भव्यों को पुस्तक, देना एवं श्रुत-व्याख्यान।।
भक्तिपूर्वक करना पण्डित, कहते इसको ज्ञानप्रदान।।
इसके होने पर भविजन, कुछ भव में पाते केवलज्ञान।
जिसमें उत्सव हो त्रिभुवन में, जगत् प्रकाशित सूर्य समान।।

अर्थ ह्न सर्वज्ञदेव द्वारा कहे हुए शास्त्र का भक्तिपूर्वक जो व्याख्यान किया जाता है तथा विशाल बुद्धिवाले भव्य जीवों को पढ़ने के लिए जो पुस्तकें दी जाती हैं; उसको ज्ञानी पुरुष शास्त्रदान (ज्ञानदान) कहते हैं। भव्यों को इस ज्ञानदान की प्राप्ति होने पर थोड़े ही भवों में, तीन लोक के जीवों को उत्सव तथा लक्ष्मी के करने वाले और समस्त लोक के पदार्थों को हाथ की रेखा के समान देखने वाले केवलज्ञान की उत्पत्ति होती है।

भावार्थ ह्न जो धर्मात्मा श्रावक, शास्त्र का व्याख्यान करते हैं, ग्रन्थ लिख कर तथा लिखवा कर देते हैं और पढ़ना, पढ़ाना इत्यादि ज्ञानदान में प्रवृत्त होते हैं; उन श्रावकों को थोड़े ही काल में समस्त लोकालोक को प्रकाश करने वाले केवलज्ञान की प्राप्ति होती है। इसलिए अपने हित के चाहने वाले भव्य जीवों को यह उत्तम ज्ञानदान अवश्य ही करना चाहिए।

४६९. अभयदान के बिना शेष तीन दान सर्वथा निष्फल

सर्वेषामभयं प्रवृद्ध-करुणैः, यद्दीयते प्राणिनां;
दानं स्यादभयादि तेन रहितं, दानत्रयं निष्फलम्।
आहारौषधशास्त्रदानविधिभिः, क्षुद्रोगजाड्याद्भयं;
यत्तत्पात्रजने विनश्यति ततो, दानं तदेकं परम्।।११।।

अति करुणावन्तों द्वारा जो, प्राणी-रक्षा की जाती।
अभयदान है यही, बिना इसके निष्फल हैं दान सभी।।
आहारौषध-शास्त्र-दान से क्षुधा-रोग अरु जड़ता का।
भय होता है नष्ट अतः, यह अभयदान उत्कृष्ट कहा।।

अर्थ ह्न विस्तीर्ण करुणा के धारी भव्य जीवों द्वारा समस्त प्राणियों के भय को छुड़ा कर उनकी जो रक्षा की जाती है, उसको ज्ञानीजन अभयदान कहते हैं। इस अभयदान के बिना बाकी के तीन दान सर्वथा निष्फल हैं। आहार, औषध और शास्त्र - इन तीन दान को देने से क्षुधा के भय का, रोग के भय का और मूर्खता के भय का ही नाश होता है; इसलिए एक अभयदान ही समस्त दानों में उत्कृष्ट दान है।

भावार्थ ह्न अभय का अर्थ 'भय का न होना' होता है। आहार, औषधि तथा शास्त्रदान के देने पर भी क्षुधा, रोग तथा मूर्खता से उत्पन्न होने वाले भयों का ही नाश होता है; अतः वे तीनों अभयदान के ही अधीन हैं, इसलिए अभयदान ही सभी दानों में उत्कृष्ट दान है।

४७०. चार प्रकार के दान से प्राप्त होने वाले फल

आहारात् सुखितौषधादतितरां, नीरोगता जायते;
शास्त्रात् पात्रनिवेदितात् परभवे, पाण्डित्यमत्यद्भुतम्।
एतत् सर्व-गुण-प्रभा-परिकरः पुंसोऽभयाद्दानतः;
पर्यन्ते पुनरुन्नतोन्नतपद, प्राप्तिर्विमुक्तिस्ततः।।१२।।

अशनदान से लौकिक सुख, औषधि देने से तन नीरोग।
शास्त्रदान दें तो परभव में, हो अद्भुत पाण्डित्य अहो!।।
अभयदान से उपर्युक्त, सारे गुण होते अपने आप।
उत्तम से उत्तम पद पाकर, हो जाता है शिवपद प्राप्त।।

अर्थ ह्न उत्तमादि पात्रों को आहारदान देने से इन्द्र, धरणेन्द्र, चक्रवर्ती आदि पदों की प्राप्ति होती है; औषधदान देने से परभव में अत्यन्त रूपवान् तथा नीरोग शरीर मिलता है; शास्त्रदान देने से अत्यन्त विद्वता की प्राप्ति होती है तथा अभयदान देने से उपर्युक्त सुख एवं नीरोगपना आदि समस्त गुणों की प्राप्ति होती है। अन्त में उत्तमोत्तम चक्रवर्ती आदि पदों की प्राप्ति होकर मोक्ष मिलता है। इसलिए उत्तमोत्तम सुख, नीरोगता आदि गुणों के अभिलाषी मनुष्यों को अवश्य ही चारों प्रकार का दान देना चाहिए।

४७१. धन को खर्च करने का मार्ग, दान से उत्कृष्ट और कोई नहीं

कृत्वा कार्यशतानि पापबहुलानिऽऽश्रित्य खेदं परं;
भ्रान्त्वा वारिधिमेखलां वसुमतीं, दुःखेन यच्चाऽर्जितम्।
तत्पुत्रादपि जीवितादपि धनं, प्रेयोऽस्य पन्थाः शुभो;
दानं तेन च दीयतामिदमहो, नाऽन्येन तत्सद्गतिः।।१३।।

शत-शत पाप-बहुल कार्यों से, और महा-दुःख भी सह कर।
सागर पर्वत या पृथ्वी पर, घूम-घूम कर धन-संचय।।
पुत्रों या प्राणों से भी प्रिय, धन-व्यय का सर्वोत्तम मार्ग।
मात्र दान है, अन्य न धन की, सद्गति अतः करें बुध दान।।

अर्थ ह्न सैंकड़ों पाप सहित कार्यों को करके, नाना प्रकार के दुःखों को उठा कर और समुद्र, पर्वत, पृथ्वी पर भ्रमण करके, बड़े कष्ट से जो धन का संचय किया जाता है; वह धन, पुत्र और अपने जीवन से भी प्यारा होता है। उस धन को खर्च करने का मार्ग यही है कि वह

दान के काम में लाया जाए क्योंकि इससे भिन्न उस धन को खर्च करने का कोई भी उत्तम मार्ग नहीं। इसलिए सज्जन पुरुषों को चाहिए कि वे दान-मार्ग में ही धन का व्यय करें, दान के अतिरिक्त मार्ग में उस धन का उपयोग कदापि न करें।

४७२. दानरहित गृहस्थपना दोनों लोक का नाशक

दानेनैव गृहस्थता गुणवती, लोकद्वयोद्योतिका;
सैव स्यान्ननु तद्विना धनवतो, लोकद्वयध्वंसकृत्।
दुर्व्यापारशतेषु सत्सु गृहिणः, पापं यदुत्पद्यते;
तन्नाशाय शशांकशुभ्रयशसे, दानं न चान्यत्परम्।।१४।।

धनवानों का गृहस्थ-आश्रम, दान मात्र से होय सफल।
दोनों लोक प्रकाशित होते, बिना दान के हों निष्फल।।
खोटे व्यापारों से पाप, गृहस्थों को जो हों उत्पन्न।
पापनाश अरु शशिसम यश के, लिए दान है कोई न अन्य।।

अर्थ ह्न धनी मनुष्यों का गृहस्थपना, दान से ही श्रेष्ठ कहलाता है। दान से ही वह दोनों लोकों का प्रकाश करने वाला होता है; किन्तु बिना दान के वह गृहस्थपना, दोनों लोकों का नाश करने वाला ही है क्योंकि गृहस्थों के द्वारा सैकड़ों खोटे व्यापार करने से सदा पाप की उत्पत्ति होती रहती है। उस पाप के नाश हेतु तथा चन्द्रमा के समान यश की प्राप्ति के लिए एक पात्रदान ही है, दूसरी कोई वस्तु नहीं। इसलिए अपने आत्महित को चाहने वाले भव्य जीव पात्रदान से गृहस्थपने को तथा धन को सफल करें।

४७३. भोग-विलास में खर्च होने वाले धन की निकृष्टता

पात्राणामुपयोगि यत्किल धनं, तद्धीमतां मन्यते;
येनाऽनन्तगुणं परत्र सुखदं, व्यावर्तते तत्पुनः।
यद्भोगाय गतं पुनर्धनवतः, तन्नष्टमेव ध्रुवं;
सर्वासामिति सम्पदां गृहवतां, दानं प्रधानं फलम्।।१५।।

जो धन पात्रों को उपयोगी, वही श्रेष्ठ बुधजन मानें।
यहाँ अनन्त गुना फलता है, परभव में सुखमय जानें।।
जो धन भोगों में लगता है, वह तो नष्ट हुआ जानो।
क्योंकि गृहस्थों की सम्पति का, एक मुख्य फल दान अहो!।।

अर्थ ह्न जो धन, उत्तमादि पात्रों के उपयोग में आता है; उसी धन को विद्वान लोग, अच्छा धन समझते हैं। वह पात्र में दिया हुआ धन, परलोक में सुख देने वाला होता है और अनन्त गुना फलता है; किन्तु जिन धनवानों का धन, नाना प्रकार के भोग-विलासों में खर्च होता है, उन धनवानों का धन, सर्वथा नष्ट ही हो गया है ह्न ऐसा समझना चाहिए क्योंकि गृहस्थों की सर्व सम्पदाओं का प्रधान फल, एक दान ही है।

भावार्थ ह्न यद्यपि धनी गृहस्थों के द्वारा नाना कार्यों में प्रतिदिन धन खर्च होता रहता है; परन्तु जो धन, उत्तमादि पात्रों के दान में खर्च होता है, वही धन वास्तव में उत्तम धन है। उत्तमादि पात्रों के दान में खर्च किया हुआ वह धन, पर लोक में नाना प्रकार के सुखों को करने वाला होता है तथा अनन्त गुना होकर फलता है; किन्तु जो धन, भोग-विलास आदि निकृष्ट कार्यों में खर्च किया जाता है; वह धन, सर्वथा नष्ट ही हो जाता है तथा परलोक में उससे किसी प्रकार का सुख नहीं मिलता और न वह अनन्त गुना होकर फलता ही है क्योंकि समस्त सम्पदाओं के होने का प्रधान फल दान ही है। इसलिए धर्मात्मा श्रावकों को निरन्तर उत्तमादि पात्रों को दान करना चाहिए तथा पाये हुए धन को सफल करना चाहिए।

४७४. भूतकाल के महापुरुषों में भी दान की विशेषता

पुत्रे राज्यमशेषमर्थिषु धनं, दत्त्वाऽभयं प्राणिषु;
प्राप्ता नित्यसुखाऽऽस्पदं सुतपसा, मोक्षं पुरा पार्थिवाः।
मोक्षस्याऽपि भवेत्ततः प्रथमतो, दानं निदानं बुधैः;
शक्त्या देयमिदं सदाऽतिचपले, द्रव्ये तथा जीविते।।१६।।

राज्य पुत्र को, धन याचक को, अभय प्राणियों को देकर।
बड़े-बड़े नृप तप कर पाते, शाश्वत सुख का गृह शिवपद।।
अतः मोक्ष का पहला कारण, दान यही निश्चित करके।
धन-जीवन-चञ्चल लख बुधजन, शक्ति प्रमाण दान दे।।

अर्थ ह्न भूतकाल में भी बड़े-बड़े राजा, पुत्र को राज्य देकर, याचकजनों को धन देकर और समस्त प्राणियों को अभयदान देकर, अनशनादि उत्तम तपों का आचरण कर, अविनाशी सुख के स्थान मोक्ष को प्राप्त हुए हैं; इसलिए मोक्ष का सबसे प्रथम कारण एक दान ही है अर्थात् दान से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है; अतः विद्वानों को चाहिए कि धन तथा जीवन को जल के बुलबुले के समान अत्यन्त विनाशीक समझ कर, सर्वदा शक्ति के अनुसार उत्तमादि पात्रों को दान देवें।

४७५. दान रहित घर, अत्यन्त कठिन मोह का जाल

ये मोक्षं प्रति नोद्यता: सुनृभवे, लब्धेऽपि दुर्बुद्धय:;
ते तिष्ठन्ति गृहे न दानमिह चेत्, तन्मोहपाशो दृढ़:।
मत्वेदं गृहिणा यथर्द्धि विविधं, दानं सदा दीयतां;
तत्संसारसरित्पतिप्रतरणे, पोतायते निश्चितम्।।१७।।

दुर्लभ नरभव पाकर भी जो, करें न शिवपद हेतु प्रयत्न।
घर में रह कर दान न देते, उनका मोहपाश अति दृढ़।।
यही जान कर गृही यथा पद, देवें विविध प्रकार सुदान।
क्योंकि दान ही भवसागर से, पार उतरने को है यान।।

अर्थ ह्न अत्यन्त दुर्लभ इस मनुष्य भव को पाकर भी जो मनुष्य, मोक्ष के लिए उद्यम नहीं करते हैं, घर में ही पड़े रहते हैं; वे मनुष्य मूढ़ बुद्धि हैं। जिस घर में दान नहीं दिया जाता, वह घर अत्यन्त कठिन मोह का जाल है ह्न ऐसा भलीभाँति समझ कर, अपने धन के अनुसार भव्य जीवों को नाना प्रकार का दान करना चाहिए क्योंकि यह उत्तमादि पात्रों में दिया हुआ दान ही संसाररूपी समुद्र से पार करने में जहाज के समान है।

भावार्थ ह्न अत्यन्त दुर्लभ यह मनुष्य भव तथा ऊँचा कुल आदि प्राप्त कर, भव्य जीवों को मोक्ष के लिए अवश्य प्रयत्न करना चाहिए। यदि मोक्ष के लिए प्रयत्न न हो सके तो यथा शक्ति दान तो अवश्य ही करना चाहिए क्योंकि यह दान ही संसार-समुद्र से पार करने वाला है। दान के बिना जीवन तथा धन, कदापि व्यर्थ नहीं खोना चाहिए।

४७६. दान रहित गृहस्थाश्रम, पत्थर की नाव

यैर्नित्यं न विलोक्यते जिनपति:, न स्मर्यते नाऽर्च्यते;
न स्तूयेत न दीयते मुनिजने, दानं च भक्त्या परम्।
सामर्थ्ये सति तद्गृहाऽऽश्रमपदं, पाषाणनावा समं;
तत्रस्था भवसागरेऽतिविषमे, मज्जन्ति नश्यन्ति च।।१८।।

हैं समर्थ पर नहीं करें जो, जिन-दर्शन-पूजन-स्तवन।
मुनिजन को नहिं दान करें जो, उर में धर कर भक्ति परम।।
उन समर्थ का गृह-आश्रम पद, है पत्थर की नाव समान।
उसमें बैठ डूब भव-सागर, मिले कहीं न नाम-निशान।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, समर्थ होने पर निरन्तर न तो भगवान का दर्शन ही करते हैं, न उनका स्मरण करते हैं, न उनकी पूजा करते हैं, न उनका स्तवन करते हैं और न निर्ग्रन्थ मुनियों को भक्तिपूर्वक दान देते हैं; उन मनुष्यों का गृहस्थाश्रम, पत्थर की नाव के समान है। उस गृहस्थाश्रम में रहने वाले गृहस्थ, इस भयंकर संसाररूपी समुद्र में नियम से डूब कर नष्ट हो जाते हैं। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि जो भव्य जीव, अपने जीवन और धर्म को पवित्र करना चाहते हैं; उनको जिनेन्द्रदेव की पूजा-स्तुति आदि कार्य तथा उत्तमादि पात्रों को दान अवश्य ही देना चाहिए।

४७७. दान देने वाला दाता ही चिन्तामणि और कल्पवृक्ष

चिन्तारत्न-सुरद्रु-कामसुरभि-स्पर्शोपलाद्या भुवि;
ख्याता एव परोपकारकरणे, दृष्टा न ते केनचित्।
तैरत्रोपकृतं न केषुचिदपि, प्रायो न सम्भाव्यते;
तत्कार्याणि पुनः सदैव विदधद्, दाता परं दृश्यते।।१९।।

कल्पवृक्ष चिन्तामणि-रत्न, कामधेनु इत्यादि पदार्थ।
पर-उपकारी सुने किसी ने, किन्तु नहीं देखा प्रत्यक्ष।।
उनके द्वारा हुआ किसी का, हित यह प्रायः शक्य नहीं।
लेकिन ये सब करे सुदाता, यह दिखता प्रत्यक्ष यहीं।।

अर्थ ह्न चिन्तामणि रत्न, कल्पवृक्ष, कामधेनु, पारस पत्थर आदि पदार्थ, संसार में परोपकारी हैं ह्न यह बात तो आज तक सुनी है; किन्तु किसी ने अभी तक इन्हें साक्षात् उपकार करते हुए देखा नहीं है। उन्होंने किसी का उपकार किया होगा ह्न इस बात की सम्भावना भी नहीं है, परन्तु चिन्तामणि रत्न आदि के कार्य को करने वाला दाता (मनोवांछित दान देने वाला) अवश्य देखने में आता है। इसलिए चिन्तामणि रत्न, कल्पवृक्ष आदि उत्कृष्ट पदार्थ दाता ही हैं; अतः उनसे भिन्न चिन्तामणि आदि कोई पदार्थ नहीं है।

४७८. धर्मात्मा श्रावक भी आदर करने योग्य

यत्र श्रावकलोक एष वसति, स्यात्तत्र चैत्यालयो;
यस्मिन्सोऽस्ति च तत्र सन्ति यतयो, धर्मश्च तैर्वर्तते।
धर्मे सत्यऽघसंचयो विघटते, स्वर्गाऽपवर्गाऽऽश्रयं;
सौख्यं भावि नृणां ततो गुणवतां, स्युः श्रावकाः सम्मताः।।२०।।

जिस नगरी में श्रावक रहते, वहाँ जिनालय निश्चित हो।
चैत्यालय में बसें यतीश्वर, जिनसे धर्म-प्रवर्तन हो।।
संचित पाप नष्ट होते हैं, स्वर्ग-मोक्ष जन्मान्तर में।
प्राप्त धर्म से अत: गुणीजन, श्रावक का सन्मान करें।।

अर्थ ह्न जिस नगर तथा देश में श्रावक लोग रहते हैं, वहाँ पर जिन-मन्दिर होता है। जहाँ पर जिन-मन्दिर होता है, वहाँ पर यतीश्वर निवास करते हैं। जहाँ पर यतीश्वरों का निवास होता है, वहाँ अनादि काल से संचय किये हुए प्राणियों के पापों का नाश होता है तथा भविष्य काल में स्वर्ग तथा मोक्ष के सुखों की प्राप्ति होती है। इसलिए गुणवान् मनुष्यों को धर्मात्मा श्रावकों का आदर अवश्य करना चाहिए।

भावार्थ ह्न धर्मात्मा श्रावक ही अपने धन से जिन-मन्दिर बनवाते हैं। जिन-मन्दिर में यतीश्वर निवास करते हैं। यतीश्वरों से धर्म की प्रवृत्ति होती है तथा धर्म से पापों का नाश तथा उत्तम स्वर्ग-मोक्ष आदि सुखों की प्राप्ति होती है। ये समस्त बातें श्रावकों के द्वारा ही होती हैं। यदि श्रावक न हों तो ये बातें कदापि नहीं हो सकती। इसलिए भव्य जीवों को उत्तम श्रावकों का अवश्य आदर-सत्कार करना चाहिए।

४७९. दु:खद पंचम काल में योग्य दाता ही सज्जनों द्वारा वन्द्य

काले दु:खमसंज्ञके जिनपते:, धर्मे गते क्षीणतां;
तुच्छे सामयिके जने बहुतरे, मिथ्याऽन्धकारे सति।
चैत्ये चैत्यगृहे च भक्तिसहितो, य: सोऽपि नो दृश्यते;
यस्तत्कारयते यथाविधि पुन:, भव्य: स वन्द्य: सताम्।।२१।।

दु:खमा नामक कलिकाल में, जिनवर कथित धर्म है क्षीण।
समभावी मुनिराज विरल हैं, अत: प्रबल है मोह-तिमिर।।
जिन-मन्दिर जिन-प्रतिमा के प्रति, भक्तिवंत नर नहीं दिखें।
भव्य यथाविधि करें कार्य ये, सज्जन उनको नमन करें।।

अर्थ ह्न इस दु:खमा नामक पंचम काल में जिनेन्द्र भगवान का धर्म क्षीण होने से, आत्मा का ध्यान करने वाले मुनिजनों की विरलता होने से और गाढ़ मिथ्यात्वरूपी अन्धकार के फैल जाने से, जो जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा तथा जिन-मन्दिरों में भक्ति सहित थे, उनको भक्ति पूर्वक बनवाते थे ह्न ऐसे मनुष्य, वर्तमान समय में देखने में नहीं आते हैं; फिर भी जो भव्य जीव, इस समय भी विधि के अनुसार जिन-मन्दिर आदि कार्यों को करते हैं, वे सज्जनों द्वारा वन्द्य हैं अर्थात् समस्त उत्तम पुरुष, निर्मल हृदय से उनकी स्तुति करते हैं।

४८०. छोटा-सा मन्दिर बनाने में भी महान् पुण्य का उपार्जन

वसन्ततिलका

बिम्बादलोन्नति-यवोन्नतिमेव भक्त्या;
ये कारयन्ति जिनसद्म-जिनाऽऽकृतिं च।
पुण्यं तदीयमिह वागपि नैव शक्ता;
स्तोतुं परस्य किमु कारयितुर्द्वयस्य।।२२।।

(हरिगीत)

कुन्दु-पत्र समान लघु भी, जिनालय जो भवि करें।
जौ समान जिनेन्द्र-प्रतिमा, भक्ति से उसमें धरें।।
उन्हें कितना पुण्य होगा? सरस्वती नहिं कह सके।
करें दोनों कार्य जो, उनका कथन कैसे करें?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जो भव्य जीव, इस संसार में भक्तिपूर्वक छोटे से छोटे बिम्बा (कुंदरु) पत्ते के समान जिन-मन्दिर तथा यव (जौ) के समान जिन-प्रतिमा को भी बनाता है, उस मनुष्य को भी इतने पुण्य की प्राप्ति होती है कि जिसका साक्षात् सरस्वती भी वर्णन नहीं कर सकती, और की तो बात ही क्या? फिर जो मनुष्य, ऊँचे-ऊँचे जिन-मन्दिर तथा जिन-प्रतिमाओं को बनाने वाला है, उसको तो अगम्य पुण्य की ही प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न बिम्बा के पत्ते की ऊँचाई बहुत छोटी होती है और यव की भी ऊँचाई बहुत छोटी होती है, किन्तु आचार्य इस बात का उपदेश देते हैं कि इस पंचम कलिकाल में यदि कोई मनुष्य, बिम्बा के पत्ते की ऊँचाई के बराबर जिन-मन्दिर को तथा यव की ऊँचाई के बराबर जिन-प्रतिमा को भी बनाता है तो उसके पुण्य की स्तुति करने के लिए साक्षात् सरस्वती भी हार मानती है। फिर जो मनुष्य, ऊँचे-ऊँचे जिन-मन्दिरों को बनाने वाला है तथा ऊँची-ऊँची जिन-प्रतिमाओं का निर्माण करने वाला है, उसका तो पुण्य अगम्य ही समझना चाहिए। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे ऊँची-ऊँची जिन-प्रतिमाओं तथा जिन-मन्दिरों का इस पंचम काल में उत्साहपूर्वक अवश्य निर्माण करें।

४८१. चैत्यालय का निर्माण करने के विशेष लाभ

शार्दूलविक्रीडित

यात्राभि: स्नपनैर्महोत्सवशतै:, पूजाभिरुल्लोचकै:;
नैवेद्यैर्बलिभिर्ध्वजैश्च कलशै:, तौर्यत्रिकैर्जागरै:।

घण्टाचामरदर्पणादिभिरपि, प्रस्तार्य शोभां परां;
भव्याः पुण्यमुपार्जयन्ति सततं, सत्यत्र चैत्यालये।।२३।।

(वीर छन्द)

यात्राओं अभिषेक तथा, पूजन-विधान उत्सव द्वारा।
नृत्य-गीत-नैवेद्य तथा, घण्टा-चामर-दर्पण द्वारा।।
ध्वजा-कलश-आरोहण-उत्सव, से करते शोभा विस्तार।
चैत्यालय के माध्यम से भवि, करें उपार्जन पुण्य अपार।।

अर्थ ह्न इस संसार में चैत्यालय के होने पर भव्य जीव, यात्रा से, कलशाभिषेकों से, सैंकडों बडे उत्सवों से, पूजा तथा चाँदनियों से, नैवेद्य से, बलि से, ध्वजाओं के आरोपण से, कलशारोहण से, विशेष शब्दों के करने वाले बाजों से, घण्टा, चँवर, दर्पण आदि से उन चैत्यालयों की उत्कृष्ट शोभा को बढ़ा कर, पुण्य का संचय करते हैं। इसलिए भव्य जीवों को चैत्यालय का निर्माण अवश्य ही कराना चाहिए।

४८२. षट् आवश्यकपूर्वक अणुव्रत धारण करने का उपदेश

ते चाऽणुव्रतधारिणोऽपि नियतं, यान्त्येव देवाऽऽलयं;
तिष्ठन्त्येव महर्द्धिकाऽमरपदं, तत्रैव लब्ध्वा चिरम्।
अत्राऽऽगत्य पुनः कुलेऽतिमहति, प्राप्य प्रकृष्टं शुभात्-;
मानुष्यं च विरागतां च सकल,-त्यागं च मुक्तास्ततः।।२४।।

यदि वे अणुव्रत धारी हों तो, निश्चित सुरपद प्राप्त करें।
वहाँ महान ऋद्धिधारक सुर, हो चिरकाल विलास करें।।
और पुनः शुभ-कर्म-योग से, नरगति उत्तम कुल पाते।
सकल परिग्रह-त्याग विरागी, होकर मुक्तिपुरी जाते।।

अर्थ ह्न जो षट् आवश्यकपूर्वक अणुव्रत को धारण करने वाले श्रावक हैं, वे नियम से स्वर्ग जाते हैं। वहाँ पर महान ऋद्धिधारी देव होकर, चिरकाल तक निवास करते हैं। पश्चात् वे इस मृत्यु लोक में आकर शुभकर्म के योग से अत्यन्त उत्तम कुल में मनुष्य जन्म पाकर तथा वैराग्य को धारण कर और समस्त बाह्य-अभ्यन्तर परिग्रह का नाश कर, सीधे सिद्धालय को पधारते हैं, वहाँ पर अनन्त सुख के भोगने वाले होते हैं। इस प्रकार जब अणुव्रत आदि भी मुक्ति के कारण हैं तो भव्यों को चाहिए कि वे षट् आवश्यकपूर्वक अणुव्रतों को प्रयत्नपूर्वक धारण करें।

४८३. चार पुरुषार्थों में धर्म और मोक्ष ह्न ये दो पुरुषार्थ ही उपादेय

पुंसोऽर्थेषु चतुर्षु निश्चलतरो, मोक्षः परं सत्सुखः;
शेषास्तद्विपरीत-धर्म-कलिता, हेया मुमुक्षोरतः।
तस्मात्तत्पदसाधनत्वधरणो, धर्मोऽपि नो सम्मतः;
यो भोगादिनिमित्तमेव स पुनः, पापं बुधैर्मन्यते।।२५।।

चारों पुरुषार्थों में अविनाशी, सुखमय है शिव-पुरुषार्थ।
शेष तीन विपरीत स्वभावी, अतः मुमुक्षु जानें व्यर्थ।।
किन्तु धर्म यदि मोक्ष हेतु हो, तो ही उपादेय जानें।
यदि भोगों के लिए धर्म हो, ज्ञानी उसे पाप मानें।।

अर्थ ह्न चार पुरुषार्थों में मनुष्य के लिए अविनाशी तथा उत्तम सुख का भण्डार मोक्ष पुरुषार्थ ही है; किन्तु मोक्ष के अतिरिक्त अर्थ, काम आदि पुरुषार्थ धर्म के विपरीत भजने वाले हैं। इसलिए वे मोक्षाभिलाषी को सर्वथा त्यागने योग्य हैं। धर्म नामक पुरुषार्थ, यदि मोक्ष का कारण हो तो वह अवश्य ग्रहण करने योग्य है; किन्तु यदि वही पुरुषार्थ, नाना प्रकार के भोग-विलास का कारण हो तो वह भी सर्वथा मानने योग्य नहीं है अर्थात् यदि वह धर्म पुरुषार्थ, भोग-विलास में कारण हो तो उसे ज्ञानीजन पाप ही मानते हैं।

भावार्थ ह्न धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष ह्न इस प्रकार चार पुरुषार्थ होते हैं। उन सबमें अविनाशी तथा अनन्त सुख का भण्डार, मोक्ष ही उत्तम पुरुषार्थ है। इसलिए विद्वानों को वही ग्रहण करने योग्य है, परन्तु इससे विपरीत काम, अर्थ आदि पुरुषार्थ विनाशीक तथा दुःख के कारण हैं; इसलिए सर्वथा त्यागने योग्य हैं। यदि धर्म नामक पुरुषार्थ, मोक्ष का कारण हो तो वह विद्वानों को सदा ग्रहण करने योग्य है, किन्तु यदि वही पुरुषार्थ, नाना प्रकार के भोगों का कारण हो तो वह पाप होने से सर्वथा त्याग करने योग्य ही है। इसलिए भव्य जीव, मोक्ष पुरुषार्थ के लिए सर्वथा प्रयत्न करें। यदि धर्म नामक पुरुषार्थ, मोक्ष का साधन हो तो उसके लिए भी भलीभाँति प्रयत्न करें, किन्तु इनसे अतिरिक्त पुरुषार्थों को पाप का कारण समझ कर, उनके लिए कदापि प्रयत्न न करें।

४८४. अणुव्रत-महाव्रत धारण करने का फल मोक्ष या भोग-विलास?

भव्यानामणुभिर्व्रतैरनणुभिः, साध्योऽत्र मोक्षः परं;
नाऽन्यत्किञ्चिदिहैव निश्चयनयात्, जीवः सुखी जायते।
सर्वं तु व्रतजातमीदृशधिया, साफल्यमेत्यऽन्यथा;
संसाराऽऽश्रयकारणं भवति यत्, तद्दुःखमेव स्फुटम्।।२६।।

भविजन अणुव्रत और महाव्रत, द्वारा शिवपद ही साधें।
क्योंकि मोक्ष में जीव सुखी हो, अत: अन्य कुछ नहिं चाहें।।
व्रताचरण यदि मोक्ष-प्राप्ति के, लिए करें तो होय सफल।
नहिं तो वे ही भव के कारण, अत: दु:खमय अरु निष्फल।।

अर्थ ह्न भव्य जीव, अणुव्रत तथा महाव्रत को मोक्ष की प्राप्ति के लिए ही धारण करते हैं; उनको धारण करने से उन्हें अन्य कोई भी वस्तु साध्य नहीं होती है क्योंकि निश्चयनय से जीव को सुख की प्राप्ति मोक्ष में ही होती है। मोक्ष की प्राप्ति के लिए जो अणुव्रत, महाव्रत आदि आचरण किये जाते हैं, वे ही सफल समझे जाते हैं। लेकिन जो व्रत, मोक्ष की प्राप्ति के लिए नहीं हैं, वे संसार के ही कारण हैं; दु:खस्वरूप ही हैं ह्न यह भलीभाँति स्पष्ट है। इसलिए भव्य जीवों को मोक्ष के लिए ही व्रतों को धारण करना चाहिए।

४८५. उपसंहार में देशव्रतोद्योतन का फल

यत्कल्याणपरम्पराऽर्पणपरं, भव्याऽऽत्मनां संसृतौ;
पर्यन्ते यदनन्त-सौख्य-सदनं, मोक्षं ददाति ध्रुवम्।
तज्जीयादतिदुर्लभं सुनरता,-मुख्यैर्गुणै: प्रापितं;
श्रीमत्पङ्कजनन्दिभिर्विरचितं, देशव्रतोद्योतनम्।।२७।।

जग में जो है भव्य-जनों को, सब कल्याणों का दाता।
और अन्त में सुख अनन्तमय, मोक्ष-सदन में पहुँचाता।।
दुर्लभ नरभव आदि गुणों से, जिसकी होती प्राप्ति अरे!।
पद्मनन्दि विरचित यह 'देशव्रतोद्योतन' जयवन्त रहे।।

अर्थ ह्न जो देशव्रतोद्योतन, संसार में भव्य जीवों को इन्द्र, चक्रवर्ती आदि समस्त कल्याणों का तथा सबसे अन्त में अनन्त सुखों के भण्डार मोक्ष को देने वाला है, जिसकी प्राप्ति अत्यन्त दुर्लभ मनुष्यपना आदि अनेक उत्तम गुणों से होती है और जिसकी रचना श्री पद्मनन्दि नामक आचार्य ने की है ह्न ऐसा वह 'देशव्रतोद्योतन' चिरकाल तक इस संसार में जयवन्त रहे।

भावार्थ ह्न यह देशव्रतोद्योतन, क्रम से इन्द्र, अहमिन्द्र, चक्रवर्ती आदि बड़े-बड़े कल्याणों की प्राप्तिपूर्वक अन्त में मोक्ष को देता है; मनुष्यपना, उत्तम कुल आदि अनेक गुणों से ही उसकी प्राप्ति होती है और जिसकी रचना आचार्य श्री पद्मनन्दि ने की है ह्न ऐसा यह देशव्रतोद्योतन चिरकाल तक इस संसार में जयवन्त रहे।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'देशव्रतोद्योतन'** नामक **'सातवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – ८

सिद्ध–स्तुति

४८६. 'सिद्ध-स्तुति' अधिकार का मङ्गलाचरण करते हुए सिद्धों की महिमा

शार्दूलविक्रीडित

सूक्ष्मत्वादणुदर्शिनोऽवधिदृश:, पश्यन्ति नो यान्परे;
यत्संविन्महिमस्थितं त्रिभुवनं, स्वच्छं भमेकं यथा।
सिद्धानामहमप्रमेयमहसां, तेषां लघुर्मानुषो;
मूढात्मा किमु वच्मि तत्र यदि वा, भक्त्या महत्या वश:।।१।।

(वीर छन्द)

सूक्ष्म अत: नहिं देख सके, अणुदर्शी साक्षात् अवधिज्ञान।
केवल–रवि महिमा में त्रिभुवन, नभ में इक नक्षत्र समान।।
जिनका तेज अपरिमित उन, सिद्धों की स्तुति मूढ़मति।
कैसे करे? किन्तु मैं करता, भक्ति से प्रेरित स्तुति।।

अर्थ ह्न परमाणु पर्यन्त सूक्ष्म पदार्थों को देखने वाले अवधिज्ञानी पुरुष भी अत्यन्त सूक्ष्म सिद्धों को नहीं देख सकते हैं, जिन सिद्धों के ज्ञान की महिमा में, ये तीन लोक, निर्मल नक्षत्र के समान स्थित मालूम पड़ते हैं तथा जो अपरिमित तेज के धारी हैं; उन सिद्धों की स्तुति मैं अत्यन्त छोटा तथा अज्ञानी मनुष्य, किस प्रकार कर सकता हूँ? अर्थात् मैं उनकी स्तुति करने में समर्थ नहीं हूँ तो भी प्रबल भक्ति से प्रेरित होकर मैं उनकी स्तुति करता हूँ।

भावार्थ ह्न जो पदार्थ, स्थूल हो, छोटा हो या परिमित हो, उसका वर्णन तो योग्य व्यक्ति कर सकता है; किन्तु सिद्ध तो अत्यन्त सूक्ष्म हैं, उनको परमाणु पर्यन्त पदार्थों को प्रत्यक्ष करने वाले अवधिज्ञानी भी नहीं देख सकते हैं तथा सिद्ध अत्यन्त महान हैं क्योंकि असंख्यातप्रदेशी लोक, उनके ज्ञान में एक नक्षत्र के समान झलकता है अर्थात् उनके ज्ञान के कोने में यह तीन लोक समा रहे हैं तथा वे अत्यन्त तेज के धारी अपरिमित भी हैं। लेकिन मैं अत्यन्त छोटा

तथा अज्ञानी मनुष्य हूँ, फिर मैं किस प्रकार उनकी स्तुति करने में समर्थ हो सकता हूँ? फिर भी मुझे उनकी भक्ति प्रेरणा करती है, इसलिए मैं उनकी स्तुति कर रहा हूँ।

४८७. तीर्थंकर भी जिस पद के अभिलाषी ह्न ऐसे सिद्धों को नमस्कार

नि:शेषाऽमरशेखराऽऽश्रितमणि,-श्रेण्यर्चिताङ्घ्रिद्वयं;
देवास्तेऽपि जिना यदुन्नतपद,-प्राप्त्यै यतन्ते तराम्।
सर्वेषामुपरि प्रवृद्धपरम,-ज्ञानादिभि: क्षायिकै:;
युक्ता न व्यभिचारिभि: प्रतिदिनं, सिद्धान्नमामो वयम्।।२।।

सुर-मुकुटों की मणि से जिनके, पूजित होते युगल-चरण।
तीर्थंकर भी जिस उन्नत पद, पाने हेतु करें प्रयत्न।।
नहीं अन्य में अद्वितीय, कैवल्य आदि क्षायिक गुणखान।
सर्वोत्कृष्ट वृद्धिंगत सिद्धों, को प्रतिदिन हम करें प्रणाम।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार के देवों के मुकटों में लगी हुई मणि से जिनके चरणों के युग्म (युगल) पूजित हैं ह्न ऐसे उत्कृष्ट तीर्थंकर देव भी जिस सिद्धपद की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते हैं; ऐसे समस्त लोक के शिखर पर विराजमान तथा कलंकरहित अत्यन्त विस्तीर्ण ज्ञान आदि क्षायिक गुणों के धारी सिद्धों को प्रतिदिन हम नमस्कार करते हैं।

भावार्थ ह्न समस्त देव आकर तीर्थंकर भगवान की सेवा-पूजा करते हैं, इसलिए यद्यपि संसार में तीर्थंकर एक प्रधान पद है तो भी वे तीर्थंकर, सदा उस सिद्धपद की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते रहते हैं ह्न ऐसे सिद्ध, तीन लोक के शिखर पर विराजमान हैं, निर्दोष विस्तीर्ण क्षायिकज्ञान आदि गुणों के धारी हैं, उन्हें हम सदा नमस्कार करते हैं।

४८८. सिद्धों का स्वरूप

ये लोकाऽग्रविलम्बिनस्तदधिकं, धर्मास्तिकायं विना;
नो याता: सहजस्थिराऽमललसद्, दृग्बोधसन्मूर्तय:।
सम्प्राप्ता: कृतकृत्यतामसदृशा:, सिद्धा जगन्मंगलं;
नित्याऽऽनन्दसुधारसस्य च सदा, पात्राणि ते पान्तु व:।।३।।

नहिं धर्मास्तिकाय है ऊपर, अत: विराजे हैं लोकाग्र।
स्वाभाविक निश्चल अति निर्मल, दर्श-ज्ञान से हैं शोभित।।
प्राप्त किया कृतकृत्यपना, जो अनुपम जग-मंगलकारी।
नित्यानन्द सुधारस-पात्र, करें रक्षा हम सब जन की।।

अर्थ ह्न जो सिद्ध भगवान लोक के अग्र भाग में विराजमान हैं, जो धर्मास्तिकाय की सहायता से लोक के अग्र भाग में गये है, जिनका स्वरूप स्वाभाविक तथा निश्चल निर्मल ज्ञान-दर्शन से शोभायमान हैं, जो कृतकृत्य हैं, जिनकी उपमा को कोई भी धारण नहीं कर सकता, जो समस्त जगत् में मंगल करने वाले हैं तथा जो अविनाशी आनन्दरूपी अमृत के पात्र हैं ह्न ऐसे सिद्ध भगवान, हमारी रक्षा करें अर्थात् सिद्ध भगवान को मेरा सदा नमस्कार है।

४८९. सिद्ध भगवान, तीन जगत के शिखामणि

ये जित्वा निजकर्म-कर्कश-रिपून्, प्राप्ता: पदं शाश्वतं;
येषां जन्म-जरा-मृति-प्रभृतिभि:, सीमाऽपि नोल्लंघ्यते।
येष्वैश्वर्यमचिन्त्यमेकमसम,-ज्ञानाऽऽदि-संयोजितं;
ते सन्तु त्रिजगच्छिखाग्रमणय:, सिद्धा मम श्रेयसे।।४।।

कर्कश कर्म-शत्रु को जीता, शाश्वत शिवपद प्राप्त किया।
जन्म-जरा-मरणादि दोष, जिनकी नहिं लाँघ सके सीमा।।
जो अनन्तज्ञानादि अचिन्त्य, ऐश्वर्य के स्वामी हैं।
त्रिभुवन के हैं शिखामणि वे, सिद्ध प्रभु कल्याण करें।।

अर्थ ह्न जो सिद्ध महाराज, अपने समस्त कठोर कर्मरूपी वैरियों को जीत कर, अविनाशी सिद्धपद को प्राप्त हुए हैं। जन्म-जरा-मरण आदि अठारह दोष जिनके पास फटकते भी नहीं हैं तथा जो अनन्त ज्ञानादि अचिन्त्य ऐश्वर्य के धारी हैं ह्न ऐसे तीन जगत के शिखामणि सिद्ध भगवान, मेरा कल्याण करें, उन सिद्धों को मैं नमस्कार करता हूँ।

४९०. 'आदा णाण पमाणो' आत्मा ज्ञानप्रमाण है

सिद्धो बोधमिति: स बोध उदितो, ज्ञेयप्रमाणो भवेत्;
ज्ञेयं लोकमलोकमेव च वदन्त्याऽऽत्मेति सर्वस्थित:।
मूषायां मदनोज्झिते हि जठरे, यादृग् नभस्तादृश:;
प्राक्कायात्किमपि प्रहीण इति वा, सिद्ध: सदानन्दति।।५।।

ज्ञान-प्रमाण सिद्ध भगवन् हैं, ज्ञेय-प्रमाण कहा वह ज्ञान।
लोकालोक प्रमाण ज्ञेय है, अत: आत्मा त्रिभुवन-व्याप्त।।
साँचे में से मोम निकलने, पर ज्यों नभवत् पुरुषाकार।
आनन्दित हैं सिद्ध चरम तन, से हैं किञ्चित् न्यूनाकार।।

अर्थ ह्न निष्कलंक शुद्धात्मा सिद्ध भगवान, सर्वत्र ज्ञान-प्रमाण हैं; ज्ञान, ज्ञेय (पदार्थ) प्रमाण है; ज्ञेय, लोकालोक प्रमाण हैं ह्न इस युक्ति से आत्मा सर्वत्र विद्यमान है अर्थात् व्यापक है। जिस प्रकार मनुष्याकार एक मोम की पुतली बना कर, उसके ऊपर मिट्टी का लेप चढ़ा कर, फिर उस पुतली को तपा कर, मोम निकल जाने के बाद, उस मूषा में पुरुषाकार आकाश रह जाता है; उसी प्रकार सिद्धावस्था के पूर्व शरीर से कुछ कम आत्म-प्रदेशों के आकार स्वरूप वह शुद्धात्मा है अर्थात् वह अव्यापक भी है। इसलिए व्यापकत्व-अव्यापकत्व ह्न ऐसे दोनों धर्मों से संयुक्त सिद्ध परमेष्ठी सदा जयवन्त हैं।

भावार्थ ह्न सिद्धों का ज्ञान, लोकालोक के पदार्थों का प्रकाश करने वाला है। वह ज्ञान, आत्मस्वरूप ही है, इसलिए इस ज्ञानगुण की अपेक्षा सिद्धों की आत्मा व्यापक है; किन्तु सिद्धों की आत्मा के प्रदेश, चरम-शरीर से कुछ कम रहते हैं, इसलिए प्रदेशों की अपेक्षा वह आत्मा, चरम शरीर से कुछ कम भी है, अत: आत्मा व्यापक नहीं भी है।

४९१. अष्ट कर्म से रहित तथा अष्ट गुण से अलंकृत सिद्ध भगवान

दृग्बोधौ परमौ तदावृतिहृते:, सौख्यं च मोहक्षयात्;
वीर्यं विघ्न-विघाततोऽप्रतिहतं, मूर्तिर्न नाम-क्षते:।
आयुर्नाशवशान्न जन्म-मरणे, गोत्रे न गोत्रं विना;
सिद्धानां न च वेदनीयविरहाद्, दु:खं सुखं चाक्षजम्।।६।।

तदावरण-क्षय से दृग-ज्ञान अनन्त मोह-क्षय से सुख है।
अनन्त-वीर्य-क्षय अन्तराय से, है अमूर्त नाम-क्षय से।।
जन्म-मरण नहिं आयु-क्षय से, अगुरुलघु हैं गोत्र बिना।
इन्द्रिय सुख-दु:ख नहीं सिद्ध के, वेदनीय की प्रकृति बिना।।

अर्थ ह्न ज्ञानावरण तथा दर्शनावरणकर्म के नाश हो जाने से तो सिद्धों को अनन्तज्ञान तथा अनन्तदर्शन प्राप्त हुए हैं। मोहनीयकर्म के सर्वथा क्षय हो जाने के कारण उनको अनन्तसुख की प्राप्ति हुई है। वीर्यान्तरायकर्म के नाश हो जाने के कारण उनको अनन्तवीर्य की प्राप्ति हुई है। नामकर्म के अभाव से अमूर्त होने से उनकी कोई मूर्ति नहीं है। आयुकर्म का नाश हो जाने के कारण न उनके जन्म है, न मरण है। गोत्रकर्म का नाश होने से उनका कोई गोत्र नहीं है तथा वेदनीयकर्म के नाश हो जाने के कारण सिद्धों के इन्द्रियजन्य सुख-दु:ख भी नहीं है।

भावार्थ ह्न जब तक आत्मा के साथ ज्ञानावरण तथा दर्शनावरणकर्म का सम्बन्ध रहता है, तब तक अनन्तज्ञान तथा अनन्तदर्शन की प्राप्ति नहीं होती, किन्तु सिद्धों के अनन्तज्ञान

तथा अनन्तदर्शन के स्वरूप को ढकने वाले ज्ञानावरण तथा दर्शनावरणकर्म दोनों नष्ट हो गये हैं, इसलिए वे अनन्तज्ञान तथा अनन्तदर्शन के धारी हैं; उसी प्रकार जब तक मोहनीय तथा अन्तरायकर्म का सम्बन्ध आत्मा के साथ रहता है, तब तक अनन्तसुख तथा अनन्तवीर्य की उत्पत्ति नहीं होती; किन्तु सिद्धों के मोहनीय तथा अन्तरायकर्म का भी अभाव है; इसलिए वे अनन्तसुख तथा अनन्तवीर्य से सहित हैं।

नामकर्म के उदय से आकार बनता है, किन्तु सिद्धों के नामकर्म का अभाव है; इसलिए उनकी कोई मूर्ति या आकार भी नहीं है। आयुकर्म के सम्बन्ध से जन्म तथा मरण होता है, किन्तु सिद्धों के आयुकर्म का अभाव है; इसलिए वे जन्म-मरण से रहित हैं। गोत्रकर्म की कृपा से उच्चगोत्री तथा नीचगोत्री समझे जाते हैं, परन्तु उनके गोत्रकर्म का सर्वथा नाश हो गया है; इसलिए उनका कोई गोत्र भी नहीं है। साता तथा असातावेदनीय कर्म के उदय से इन्द्रियजन्य सुख तथा दु:ख होता है, किन्तु सिद्धों के समस्त प्रकार के वेदनीयकर्म का नाश हो गया है; इसलिए वे इन्द्रियजन्य सुख और दु:ख से रहित हैं।

४९२. अनन्तज्ञानादि अनन्त चतुष्टय के धारक सिद्ध भगवान

यैर्दु:खानि समाप्नुवन्ति विधिवत्, जानन्ति पश्यन्ति नो;
वीर्यं नैव निजं भजन्त्यसुभृतो, नित्यं स्थिता: संसृतौ।
कर्माणि प्रहतानि तानि महता, योगेन यैस्ते सदा;
सिद्धा नित्यचतुष्टयाऽमृतसरित्, नाथा भवेयुर्न किम्।।७।।

जिनसे जीव विविध दु:ख सहते, निज को नहिं जानें-देखें।
भ्रमण चतुर्गति करें निरन्तर, निज सामर्थ्य न प्राप्त करें।।
दुर्धर ज्ञान-योग के द्वारा, जिनने उनका नाश किया।
नित्य अनन्त चतुष्टय अमृत-सागर सिद्ध नहीं हैं क्या?।।

अर्थ ह्न संसार में जिन कर्मों के निमित्त से संसारी जीव, नाना प्रकार के दु:खों को सहन करते हैं तथा वास्तविक रीति से पदार्थों के स्वरूप को न तो जानते हैं, न देखते हैं। जिन कर्मों की कृपा से जीव सामर्थ्य को भी प्राप्त नहीं करते हैं, उन कर्मों को जिन्होंने दुर्धर ध्यान के द्वारा जड़ से नष्ट कर दिया है ह्न ऐसे वे सिद्ध भगवान, क्या अनन्त विज्ञान आदि अनन्त चतुष्टयरूपी अमृत नदी के स्वामी (समुद्र) अर्थात् अनन्त चतुष्टय के धारी नहीं हैं? अर्थात् अवश्य ही हैं।

भावार्थ ह्न सिद्ध भगवान ने अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन आदि समस्त गुणों को रोकने वाले कर्मों का नाश किया है, अत: वे सिद्ध अनन्त चतुष्टय के धारक हैं।

४९३. सभी जीवों में सिद्ध जीव, सबसे अधिक ज्ञानी और सुखी

एकाऽक्षाद्बहुकर्मसंवृतमते:, द्वयक्षादिजीवा: सुख-;
ज्ञानाऽधिक्ययुता भवन्ति किमपि, कलेशोपशान्तेरिह।
ये सिद्धास्तु समस्तकर्मविषम, ध्वान्तप्रबन्धच्युता:;
सद्बोधा: सुखिनश्च ते कथमहो, न स्युस्त्रिलोकाधिपा:।।८।।

कर्मावरण-सहित एकेन्द्रिय-जीवों से त्रस-जीवों को।
किञ्चित् सुख अरु ज्ञान अधिक है, कर्म-आवरणहीन कहो।।
तो जो सब कर्मों से विरहित, तीन लोक के स्वामी हों।
ऐसे भगवन् सिद्ध प्रभु क्यों, परम ज्ञान-सुख-लीन न हों।।

अर्थ ह्न बहुत कर्मों से छिपा हुआ है ज्ञान जिनका, ऐसे एकेन्द्रिय जीवों की अपेक्षा, जब कुछ दु:खों की शान्ति की अपेक्षा द्वीन्द्रिय आदि जीव अधिक सुखी तथा अधिक ज्ञानवान हैं तो जो समस्त कर्मरूपी भयंकर अन्धकार के सम्बन्ध से रहित हैं और जो तीन लोक के स्वामी हैं ह्न ऐसे सिद्ध भगवान, सबसे अधिक श्रेष्ठ ज्ञान के धारी तथा अधिक सुखी क्यों न होंगे? अर्थात अवश्य होंगे।

भावार्थ ह्न जैसे-जैसे, ज्ञान अधिक-अधिक बढ़ता जाता है; वैसे-वैसे, सुख भी अधिक बढ़ता जाता है। एकेन्द्रिय से द्वीन्द्रिय का ज्ञान कुछ अधिक है, इसलिए वह एकेन्द्रिय की अपेक्षा अधिक सुखी है। इसी रीति से द्वीन्द्रिय से त्रीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय से पंचेन्द्रिय अधिक ज्ञानी तथा सुखी हैं तो सिद्धों के समस्त ज्ञानावरणादि कर्मों का नाश हो गया है; इसलिए वे सब जीवों में सबसे अधिक ज्ञानी तथा सुखी हैं।

४९४. सिद्धों के अनन्तसुखी होने में संसारी जीवों का उदाहरण

य: केनाऽप्यऽतिगाढगाढमभितो, दु:खप्रदै: प्रग्रहै:;
बद्धोऽन्यैश्च नरो रुषा घनतरैराऽऽपादमाऽऽमस्तकम्।
एकस्मिन् शिथिलेऽपि तत्र मनुते, सौख्यं स सिद्धा: पुन:;
किं न स्यु: सुखिन: सदा विरहिता, बाह्याऽन्तरैर्बन्धनै:।।९।।

यदि किसी को कोई क्रोध से, अति दु:खदायी बन्धन से।
मस्तक से पैरों तक चारों, ओर जोर से बाँध रखे।।
यदि एक भी रस्सी ढीली होवे तो वह सुख माने।
बाह्याभ्यन्तर बन्ध रहित श्री सिद्ध प्रभु क्यों सुखी न हों।।

अर्थ ह्न कोई मनुष्य, किसी मनुष्य को क्रोध से अत्यन्त दु:ख को देने वाले कठिन बन्धनों के द्वारा पैर से लेकर मस्तक पर्यन्त चारों ओर से बाँधे, उस बन्धन की यदि एक भी रस्सी ढीली हो जाए तो वह जीव, बँधा हुआ भी सुख मानता है; फिर जो समस्त बाह्य तथा अभ्यन्तर परिग्रह के बन्धन से रहित हैं ह्न ऐसे सिद्ध भगवान क्यों नहीं सर्वोत्कृष्ट सुखी होंगे? अर्थात् अवश्य ही होंगे।

भावार्थ ह्न आचार्यवर सिद्धों में सुख की अधिकता का वर्णन करते हैं कि जैसे, कोई पुरुष पैर से लेकर सिर पर्यन्त कठिन बन्धनों से बँधा हुआ है; यदि उस बन्धन की एक भी लड़ी ढीली हो जाए तो पैर से सिर तक बँधा हुआ होने पर भी वह अपने को सुखी मानता है; फिर जो सिद्ध भगवान, समस्त प्रकार के बाह्य तथा अभ्यन्तर कर्मों के बन्धनों से रहित हैं, वे क्यों नहीं सुखी होंगे? अर्थात् समस्त बन्धनों से रहित होने के कारण वे अनन्तसुख के भण्डार अवश्य ही हैं, इसमें किसी प्रकार का भी संशय नहीं है।

४९५. संसारी जीव ह्न अनन्तदु:खी और सिद्ध जीव ह्न अनन्तसुखी

सर्वज्ञ: कुरुते परं तनुभृत:, प्राचुर्यत: कर्मणां;
रेणूनां गणनं किलाऽधिवसता,-मेकं प्रदेशं घनम्।
इत्याशास्वखिलासु बद्धमहसो, दु:खं न कस्माद्भवेत्;
मुक्त्या यस्य तु सर्वत: किमिति नो, जायेत सौख्यं परम्।।१०।।

इक-इक प्रदेश में कर्मों के, इतने परमाणु सघन बसे।
प्रभु सर्वज्ञ अलावा कोई, उनकी गणना कर न सके।।
उनसे जिनका तेज ढका वे, प्राणी क्यों न दु:खी होंगे?।
मुक्त सर्वथा कर्मों से, क्यों सिद्ध न परम सुखी होंगे?।।

अर्थ ह्न आत्मा के एक-एक प्रदेश में भी सघन रीति (परस्पर अवगाह) से व्याप्त इतने अधिक परमाणु हैं कि उनकी गिनती सर्वज्ञ को छोड़ कर, दूसरा कोई नहीं कर सकता ह्न इस रीति से आत्मा के प्रत्येक प्रदेश पर अनन्त-अनन्त परमाणुओं के चिपटने (बँधने) के कारण जिस आत्मा का तेज चारों ओर से रुक गया है अर्थात् वह आत्मा न तो भलीभाँति पदार्थों को जान ही सकता है और न देख ही सकता है ह्न ऐसे उस आत्मा को क्यों नहीं दु:ख होगा? अवश्य ही होगा; किन्तु जिसने समस्त कर्मों को जड़ से उड़ा दिया है अर्थात् जिसकी आत्मा के प्रदेशों में किसी भी प्रकार का कोई कर्मबन्ध नहीं है ह्न ऐसे सिद्ध भगवान को अनन्तसुख क्यों नहीं होगा? अवश्य ही होगा।

४९६. सिद्धों के अनन्त तृप्त होने का कारण

येषां कर्म-निदानजन्य-विविध, क्षुत्तृण्मुखा व्याधय:;
तेषामन्न-जलादिकौषध-गण:, तच्छान्तये युज्यते।
सिद्धानां तु न कर्म तत्कृतरुजो, नाऽत: किमन्नादिभि:;
नित्यात्मोत्थसुखामृताम्बुधिगता:, तृप्तास्त एव ध्रुवम्।।११।।

कर्मों से उत्पन्न क्षुधादिक, व्याधि रहें जिन जीवों को।
उनके शमन हेतु जल-अन्न आदि लेना पड़ते उनको।।
सिद्धों के नहिं कर्म अत:, उनको अन्नादिक से क्या काम?।
आत्मोत्पन्न सुखामृत-सागर, में निमग्न हो लें विश्राम।।

अर्थ ह्न जिन संसारी जीवों में कर्म के उदय से उत्पन्न हुए क्षुधा-तृषा आदि रोग हैं, उनको उन रोगों की शान्ति के लिए अन्न-जल आदि का आश्रय लेना पड़ता है; किन्तु सिद्ध भगवान के तो कर्म ही नहीं हैं तथा कर्मों के अभाव में उनको अन्न, जल आदि का आश्रय भी नहीं लेना पड़ता; इसलिए निश्चय से अविनाशी और आत्मा से ही उत्पन्न हुए सुखरूपी अमृत-समुद्र में मग्न सिद्ध ही अत्यन्त तृप्त हैं ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न संसारी जीवों को कर्म के उदय से नाना प्रकार के क्षुधा, तृषा आदि रोगों का सामना करना पड़ता है। क्षुधा, तृषा आदि के होने से उनकी शान्ति के लिए अन्न-जल आदि का आश्रय लेना पड़ता है; उस अन्न-जल से ही वे अपने को तृप्त मानते हैं; किन्तु वास्तव में उससे तृप्ति नहीं हो सकती क्योंकि वेदना के होने पर उनको पीड़ा होती है, अत: उन्हें जल आदि का आश्रय करना पड़ता है; लेकिन समस्त कर्मों का नाश कर देने से जिन्हें अन्न आदि की आवश्यकता नहीं है ह्न ऐसे वे सिद्ध भगवान ही वास्तव में अत्यन्त तृप्त हैं, इसलिए समस्त जीवों की अपेक्षा सिद्ध ही उत्कृष्टतया तृप्त कहलाते हैं।

४९७. योगीश्वर भी सिद्धों के समान

सिद्ध-ज्योतिरतीव-निर्मल-तरं, ज्ञानैक-मूर्तिस्फुरत्;
वर्तिर्दीपमिवोपसेव्य लभते, योगी स्थिरं तत्पदम्।
सद्-बुद्ध्याऽथ विकल्प-जाल-रहित:, तद्रूपतामापतं;
तादृग्जायत एव देव-विनुत:, त्रैलोक्य-चूडामणि:।।१२।।

निर्मल ज्ञान ज्योतिमय मूर्ति-आराधन से योगीजन।
ज्यों बाती दीपक हो जाती, वे भी होते सिद्ध स्वयं।।

भेद-ज्ञान से निर्विकल्प हो, प्राप्त करें योगी सिद्धत्व।
सुर-वन्दित हो त्रिभुवन-चूड़ामणि हो जाते सिद्धों सम।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार बाती, स्फुरायमान दीपक के संग से दीपपने को प्राप्त हो जाती है; उसी प्रकार अत्यन्त निर्मल ज्ञानस्वरूप स्फुरायमान है मूर्ति जिसकी ह्न ऐसी सिद्धज्योति की आराधना करने से मुनिगण भी उस स्थिर सिद्धपद को प्राप्त हो जाते हैं अथवा समस्त प्रकार के विकल्पों से रहित होकर जो योगीश्वर, श्रेष्ठ बुद्धि से उन सिद्धों के स्वरूप को प्राप्त होकर, उनके स्वरूप का ध्यान करते हैं; वे भी समस्त देवों में वन्दनीय तथा तीन लोक के चूड़ामणि अर्थात् सिद्धों के समान पूज्य हो जाते हैं।

४९८. सिद्ध-ज्योति का अनेकान्तात्मक स्वरूप

यत्सूक्ष्मं च महच्च शून्यमपि यत्, नो शून्यमुत्पद्यते;
नश्यत्येव च नित्यमेव च तथा, नास्त्येव चास्त्येव यत्।
एकं यद्यदनेकमेव तदपि, प्राप्तं प्रतीतिं दृढां;
सिद्धज्योतिरमूर्ति चित्सुखमयं, केनाऽपि तल्लभ्यते।।१३।।

जो है सूक्ष्म-महान और जो, शून्य-अशून्य तथा उत्पन्न।
व्ययस्वरूप अरु नित्य-अनित्य, अस्ति-नास्ति से भी वर्णन।।
एक-अनेकस्वरूप वही है, तो भी जिसका दृढ़ श्रद्धान।
चिदानन्दमय सिद्ध ज्योति को, पा सकता विरला महान।।

अर्थ ह्न जो सिद्ध-ज्योति सूक्ष्म भी है और महान भी है, शून्य भी है और शून्य नहीं भी है, विनाशीक भी है और नित्य भी है, है भी और नहीं भी है तथा एक भी है और अनेक भी है ह्न ऐसे अनेक धर्मों को लिये हुए है तथा स्याद्वाद से जिसकी प्रतीति दृढ़ है ह्न ऐसी अमूर्तिक तथा ज्ञान-सुखस्वरूप सिद्धों की ज्योति (तेज) को संसार में कोई विरला मनुष्य ही प्राप्त कर सकता है, सब नहीं।

भावार्थ ह्न सिद्धों की ज्योति 'सूक्ष्म' तो इसलिए है कि वह अमूर्त है, कोई भी इन्द्रिय के द्वारा उसका प्रत्यक्ष नहीं कर सकता; 'महान' इसलिए है कि समस्त लोकालोक के जानने वाले केवली भगवान ही उसको प्रत्यक्ष देखते हैं। पुद्गलादि परद्रव्य और उनके स्पर्श-रस आदि गुणों से रहित होने के कारण जो 'शून्य' है; किन्तु सदा अपने केवलज्ञान, केवलदर्शन आदि गुणों से विराजमान है, इसलिए वह 'शून्य' नहीं भी है।

यद्यपि पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा से अगुरुलघुगुण के कारण वह प्रतिक्षण 'विनाशीक'

(अनित्य) भी है; तथापि द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा उसमें नाश तथा उत्पाद धर्म नहीं हैं, इसलिए वह 'नित्य' भी है। परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल, परभाव की अपेक्षा से उसका अभाव (नास्ति) भी है, परन्तु स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल, स्वभाव की अपेक्षा वह विद्यमान (अस्ति) भी है। अपने स्वरूप को छोड़ कर, पररूप को प्राप्त नहीं होती, इसलिए वह 'एक' भी है तथा ज्ञान से अनेक पदार्थों को प्रत्यक्ष जानती है, इसलिए वह 'अनेक' भी है।

इस प्रकार वह सिद्ध-ज्योति, अनेक धर्मस्वरूप होने पर भी स्याद्वाद से जिसकी प्रतीति दृढ़ है अर्थात् स्याद्वाद सिद्धान्त के आश्रय से उसमें किसी प्रकार का दोष नहीं आता। तथा वह सिद्ध-ज्योति, अमूर्तिक ज्ञानमय तथा सुखमय है और कोई (विरला) मनुष्य ही उसको प्राप्त कर सकता है, प्रत्येक मनुष्य नहीं।

४९९. स्याद्वाद का ज्ञाता ही सिद्धों को जानने में समर्थ

स्याच्छब्दाऽमृतगर्भिताऽऽगम-महा, रत्नाकर-स्नानतो;
धौता यस्य मतिः स एव मनुते, तत्त्वं विमुक्ताऽऽत्मनः।
तत्तस्यैव तदेव याति सुमतेः, साक्षादुपादेयतां;
भेदेन स्वकृतेन तेन च विना, स्वं रूपमेकं परम्।।१४।।

स्याद्वाद अमृतमय आगम-रत्नाकर में कर स्नान।
वह निर्मल मति ही कर सकता, सिद्ध-तत्त्व का सम्यग्ज्ञान।।
जब तक उसकी मति में होता, संसारी-सिद्धों का भेद।
उपादेय हैं सिद्ध तभी तक, भेद बिना निजरूप अभेद।।

अर्थ ह्न जिस पुरुष की बुद्धि, स्याद्वादरूपी जल से भरे हुए विस्तीर्ण सागर में स्नान करने से निर्मल हो गई है, धुल गई है अर्थात् जो स्याद्वाद का जानकार है; वही मनुष्य, सिद्धों के स्वरूप को जानता है तथा वही बुद्धिमान, उन सिद्धों के स्वरूप को साक्षात् रीति से प्राप्त होता है। अपने से किया हुआ जो भेद, उसके दूर हो जाने पर अपना जो स्वरूप है, वही सिद्धों का स्वरूप ज्ञात होता है। जब तक आत्मा में मेरा-तेरा भेद रहता है, तब तक आत्मा मलिन ही है, किन्तु जिस समय यह भेद-बुद्धि नष्ट हो जाती है, उस समय मलिनतारहित होने के कारण अपनी आत्मा का स्वरूप ही सिद्धस्वरूप प्रतिभासित होता है; इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे स्याद्वाद का स्वरूप भलीभाँति पहचान कर, सिद्धों के स्वरूप को पहचाने।

५००. मुमुक्षु जीव पर तत्त्वदृष्टि का प्रभाव

दृष्टिस्तत्त्वविदः करोत्यविरतं, शुद्धात्मरूपे स्थिता;
शुद्धं तत्पदमेकमुल्बणमते,-रन्यत्र चाऽन्यादृशम्।
स्वर्णात्तन्मयमेव वस्तु घटितं, लोहाच्च मुक्त्यर्थिना;
मुक्त्वा मोहविजृम्भितं ननु पथा, शुद्धेन संचर्यताम्।।१५।।

तत्वज्ञों की दृष्टि निरन्तर, आत्म-लीन शिवपद-दायी।
अज्ञानी की दृष्टि लीन है, पर में भ्रमती चतुर्गति।।
स्वर्ण-विनिर्मित वस्तु स्वर्णमय, लौह विनिर्मित लौह-स्वरूप।
अतः मुमुक्ष मोह-त्याग कर, गमन करें शिवमार्ग अनूप।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार सोने से बना हुआ पात्र सुवर्णस्वरूप ही होता है तथा लोहे से बना हुआ पात्र लौहस्वरूप ही होता है; उसी प्रकार शुद्ध आत्मस्वरूप में निश्चल रीति से ठहरी हुई तत्त्वज्ञानी पुरुष की दृष्टि, निर्मल दैदीप्यमान एक अविनाशी मोक्षपद प्राप्त कराती है और तत्त्वज्ञानरहित पुरुष की दृष्टि, शुद्धात्मस्वरूप से अतिरिक्त स्थान में ठहरने के कारण मोक्ष से भिन्न नरक, तिर्यंच आदि स्थानों को प्राप्त कराती है। इसलिए आचार्य उपदेश देते हैं कि मोक्ष के अभिलाषी मनुष्यों को मोह उत्पन्न करने वाले मार्ग को छोड़ कर, निश्चय से शुद्ध मार्ग से ही गमन करना चाहिए।

५०१. अशुद्ध आत्मा को भी शुद्ध कैसे देखें? ह्न इसका उदाहरण

निर्दोषश्रुतचक्षुषा षडपि हि, द्रव्याणि दृष्ट्वा सुधीः;
आदत्ते विशदं स्वमन्यमिलितं, स्वर्णं यथा धावकः।
यः कश्चित् किल निश्चिनोति रहितः, शास्त्रेण तत्त्वं परं;
सोऽन्धो रूपनिरूपणं हि कुरुते, प्राप्तो मनःशून्यताम्।।१६।।

निर्मल श्रुत-चक्षु से ज्ञानी, छह द्रव्यों में मिश्रितरूप।
निज-स्वरूप को भिन्न देखते, स्वर्णकारवत् स्वर्णस्वरूप।।
यदि कोई आगम-चक्षु बिन, निज स्वरूप लखना चाहे।
मूढ़ पुरुष वह मन अरु चक्षु, बिना रूप लखना चाहे।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार स्वर्णकार, अन्य धातुओं से मिले हुए सुवर्ण को भी नेत्रों से जुदा कर देख लेता है; उसी प्रकार विद्वान् पुरुष, निष्कलंक शास्त्ररूपी नेत्र से छह द्रव्यों को

भलीभाँति देख कर, अन्य द्रव्यों से मिले हुए अपने निर्मल आत्म-स्वरूप को भी जुदा कर ग्रहण करते हैं; किन्तु जो मनुष्य, शास्त्र के बिना देखे (पढ़े/सुने) ही उत्कृष्ट तत्त्व का निश्चय करते हैं, वे मन रहित अन्धे होकर रूप को देखना चाहते हैं ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न जब तक छद्मस्थ अवस्था रहती है, तब तक बिना शास्त्र के सुने तथा देखे (पढ़े) कदापि निर्मलस्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकते; इसलिए आत्मा के निर्मलस्वरूप को देखने के अभिलाषी मनुष्यों को अवश्य ही शास्त्र को देखना-सुनना चाहिए; किन्तु जो अज्ञानी पुरुष, बिना शास्त्र के सुने या देखे (पढ़े) ही उत्कृष्ट स्वरूप को देखना चाहता है; वह ह्न जिस प्रकार मनरहित तथा अन्धा मनुष्य रूप को नहीं देख सकता, उसी प्रकार ह्न कदापि उत्कृष्ट स्वरूप को नहीं देख सकता हैं।

५०२. हेय-उपादेय का ज्ञान ही सिद्धदशा की प्राप्ति का बीज

यो हेयेतर-बोध-सम्भृत-मतिः, मुञ्चन् स हेयं परं;
तत्त्वं स्वीकुरुते तदेव कथितं, सिद्धत्व-बीजं जिनैः।
नान्यो भ्रान्तिगतः स्वतोऽथ परतो, हेये परेऽर्थेऽस्य तद्;
दुष्प्रापं शुचि वर्त्म येन परमं, तद्धाम सम्प्राप्यते।।१७।।

हेय-ग्राह्य के ज्ञानी त्याग, करें जब हेय पदार्थों का।
उपादेय को ग्रहण करें यह, बीज कहें जिन शिवतरु का।।
हेय-ग्राह्य तत्त्वों में जिनको, स्व-पर हेतु से भ्रान्ति रहे।
दुर्लभ निर्मल शिवपथ उनको, मोक्ष-धाम भी दुर्लभ है।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य को 'यह वस्तु त्यागने योग्य है तथा यह वस्तु ग्रहण करने योग्य है' ह्न इस प्रकार का ज्ञान है; वह मनुष्य, त्यागने योग्य वस्तु को छोड़ कर, ग्राह्य स्वरूप को ग्रहण करता है और वह ग्राह्य स्वरूप का स्वीकार ही सिद्धपने का कारण है ह्न ऐसा श्री जिनेन्द्रदेव ने कहा है तथा जो मनुष्य, त्यागने योग्य अपने से भिन्न पदार्थों में अपने आप या पर के उपदेश से भ्रान्त (भ्रमसहित) होता है, उस अज्ञानी को अत्यन्त निर्मल मार्ग की प्राप्ति नहीं हो सकती; जब उसे निर्मल मार्ग की ही प्राप्ति नहीं हुई तो उत्कृष्ट मोक्ष स्थान की प्राप्ति कैसे हो सकती है? अर्थात् नहीं हो सकती।

भावार्थ ह्न जिस मनुष्य को हेय-उपादेय का ज्ञान है, वही पुरुष अपने से भिन्न त्यागने योग्य वस्तुओं को त्याग कर तथा निज ज्ञानानन्दस्वरूप को ग्रहण कर, क्रम से मोक्षपद को प्राप्त करता है; किन्तु जिस पुरुष को हेय-उपादेय का ज्ञान नहीं है, अतः जो अपने से भिन्न

सर्वथा त्यागने योग्य वस्तुओं को भी अपनी वस्तु मानता है, वह कदापि मुक्ति को प्राप्त नहीं हो सकता और न उसको मुक्ति का मार्ग ही दिख सकता है। इसलिए मोक्षाभिलाषी पुरुषों को चाहिए कि वे सर्वथा छोड़ने योग्य वस्तुओं को छोड़ कर अपने ज्ञानानन्दस्वरूप को ग्रहण करें।

५०३. सिद्धत्व के अलावा अन्य प्रयोजन मिथ्या

साऽङ्गोपाङ्गमपि श्रुतं बहुतरं, सिद्धत्व-निष्पत्तये;
येऽन्याऽर्थं परिकल्पयन्ति खलु ते, निर्वाण-मार्गच्युता:।
मार्गं चिन्तयतोऽन्वयेन तमति,-क्रम्याऽपरेण स्फुटं;
नि:शेषं श्रुतमेति तत्र विपुले, साक्षाद्विचारे सति।।१८।।

अंगोपांग समस्त शास्त्र हैं, एकमात्र शिवपद के अर्थ।
किन्तु प्रयोजन अन्य चाहते, जो हैं वे शिवपद से भ्रष्ट।।
परम्परा श्रुत-आलम्बन तज, करे मार्ग का जो सुविचार।
प्राप्त करे स्पष्ट भावश्रुत, से वह सब शास्त्रों का सार।।

अर्थ ह्न अङ्ग तथा उपाङ्ग सहित जितने भी शास्त्र हैं, वे सब सिद्धपने की प्राप्ति के लिए ही हैं; किन्तु जो अज्ञानी मनुष्य, उनको अन्य प्रयोजन के लिए कल्पना करते हैं, वे निश्चय से मोक्षमार्ग से भ्रष्ट हैं अर्थात् सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्ग का उनको अंशमात्र भी ज्ञान नहीं है क्योंकि विचारशील होने पर परम्परा से आये हुए द्रव्यश्रुत को छोड़ कर, यदि वह भावश्रुत से भी मार्ग का चिन्तवन करे तो भी उनके स्फुट रीति से समस्त शास्त्र की प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न द्रव्यश्रुत हो या भावश्रुत, सभी शास्त्रों से सिद्धपने की प्राप्ति होती है; किन्तु जो पुरुष, शास्त्र से अन्य प्रयोजन की सिद्धि मानते हैं, वे अज्ञानी ही हैं।

५०४. सिद्ध-स्तुति, मोक्षरूपी महल के लिए सीढ़ी के समान

नि:शेषश्रुतसम्पद: शमनिधे,-राराधनाया: फलं;
प्राप्तानां विषये सदैव सुखिना,-मल्पैव मुक्तात्मनाम्।
उक्ता भक्तिवशान्मयाप्यविदुषा, या सापि गी: साम्प्रतं;
नि:श्रेणिर्भवतादऽनन्त-सुख-तद्धामाऽऽरुरुक्षोर्मम।।१९।।

जो अशेष श्रुतसम्पति शमनिधि, आराधन का फल अमलान।
शाश्वत सुखमय सिद्धों की, स्तुति में जो कुछ यह गुणगान।।

भक्तिभाव से प्रेरित होकर, मुझ अज्ञानी द्वारा कथन।
सुखमय मोक्षमहल के वाञ्छक, मेरे लिए नसैनी समान।।

अर्थ ह्न जिन्होंने समस्त शास्त्ररूपी सम्पदा प्राप्त करके प्रशमवान होकर, आत्मतत्त्व की आराधना के फल को प्राप्त कर लिया है तथा जो सदाकाल सुखी हैं ह्न ऐसे सिद्धों के विषय में मुझ अपण्डित ने भक्तिवश थोड़ी-सा कथन किया है अर्थात् जो कुछ भक्तिपूर्वक उनकी थोड़ी स्तुति की है; वह थोड़ी-सी वाणी (स्तुति), मुझे अनन्तसुखमय मोक्षरूपी महल पर चढ़ने की इच्छा करने वाले के लिए नि:श्रेणी (सीढ़ी) के समान है।

५०५. मोक्षाभिलाषियों के मन में सिद्धस्वरूप तेज से तन्मयता

विश्वं पश्यति वेत्ति शर्म लभते, स्वोत्पन्नमात्यन्तिकं;
नाशोत्पत्तियुतं तथाऽप्यविचलं, मुक्त्यर्थिनां मानसे।
एकीभूतमिदं वसत्यऽविरतं, संसार-भारोज्झितं;
शान्तं जीवघनं द्वितीयरहितं, मुक्तात्मरूपं मह:।।२०।।

जानें-देखे अखिल विश्व को, भोगे स्वाश्रित सौख्य अनन्त।
नाशोत्पत्ति सहित अविचल है, ध्यावे उसे मुमुक्षु मन।।
एकरूप वह बसे निरन्तर, जो है जग के भार रहित।
पर से भिन्न ज्ञानघन शान्त-स्वभावी है सिद्धों का तेज।।

अर्थ ह्न सिद्धस्वरूप तेज, समस्त लोक को देखता-जानता है, सबसे अन्त में होने वाले अनन्त आत्मिक सुख को प्राप्त करता है और उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यसहित है। मोक्षाभिलाषी मनुष्यों के मन में वह तेज, संसार-भारमय जन्म-मरणादि से रहित, शान्त, ज्ञानस्वरूप और अपने से भिन्न वस्तुओं के सम्बन्ध से रहित सदा एकरूप ही विराजमान है।

५०६. प्रमाण-नय-निक्षेप आदि से रहित सिद्ध भगवान का स्वरूप

त्यक्त्वा न्यास-नय-प्रमाण-विवृती:, सर्वं पुन: कारकं;
सम्बन्धं च तथा त्वमित्यहमिति, प्रायान् विकल्पानपि।
सर्वोपाधि-विवर्जितात्मनि परं, शुद्धैक-बोधात्मनि;
स्थित्वा सिद्धिमुपाश्रितो विजयते, सिद्ध: समृद्धो गुणै:।।२१।।

नय-प्रमाण-निक्षेप विकल्पों, कर्ता-कर्म भेद को छोड़।
'मैं' 'तू' आदि विकल्प तथा सब, कृत्रिम सम्बन्धों को छोड़।।

कर्मोपाधि रहित होकर निज, ज्ञान-स्वभावी आतम में।
लीन सदा जो गुण-समृद्ध, वे सिद्ध सदा जयवन्त रहें।।

अर्थ ह्न जो सिद्ध भगवान, नाम-स्थापना आदि निक्षेपों को छोड़ कर, नैगम आदि नयों को त्याग कर, प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रमाण के व्यापार को छोड़ कर, कर्ता-कर्म-करण आदि कारकों को छोड़ कर, समस्त सम्बन्ध को तथा 'तू' 'मैं' इत्यादि समस्त विकल्पों को भी छोड़ कर, समस्त प्रकार की कर्मादि उपाधियों से रहित होकर, शुद्ध और ज्ञानानन्दस्वरूप आत्मा में लीन होकर, मोक्ष को प्राप्त हुए हैं; वे समस्त विज्ञान आदि गुणों से वृद्धि को प्राप्त भगवान, इस लोक में सदैव विशेष रीति से जयवन्त हैं अर्थात् ऐसे सिद्ध भगवान को मैं हाथ जोड़ कर, विशिष्ट रीति से नमस्कार करता हूँ।

५०७. अलौकिक सिद्धस्वरूप तेज को नहीं देखने वाले मनुष्य मन्दबुद्धि

तैरेव प्रतिपद्यतेऽत्र रमणी,-स्वर्णाऽऽदि-वस्तु प्रियं;
तत्सिद्धैक-महः सदऽन्तर-दृशा, मन्दैर्न यैर्दृश्यते।
ये तत्तत्त्व-रस-प्रभिन्न-हृदयाः, तेषामऽशेषं पुनः;
साम्राज्यं तृणवद्वपुश्च परवद्, भोगाश्च रोगा इव।।२२।।

अन्तर्दृष्टि द्वारा न देखें, जो सिद्धों का तेज-स्वरूप।
उन्हीं मन्दमति को लगते हैं, स्वर्ण-रमा रमणीयस्वरूप।।
जिनका हृदय तत्त्व-रस भीगा, भोग लगे हैं रोग समान।
राज्य जीर्ण तृण सम वे मानें, तन को लखते भिन्न सुजान।।

अर्थ ह्न जिन मनुष्यों ने अन्तरंग दृष्टि से उस अलौकिक सिद्धस्वरूप तेज को नहीं देखा है; उन मूर्ख मनुष्यों को स्त्री, सुवर्ण आदि पदार्थ ही प्रिय मालूम पड़ते हैं; किन्तु जिन भव्य जीवों का हृदय, उन सिद्धों के स्वरूपरूपी रस से परिपूर्ण हो गया है; वे भव्य जीव समस्त साम्राज्य को तृण के समान जानते हैं, शरीर को पर (वैरी) समझते हैं और उन्हें भोग, रोग के समान मालूम होते हैं।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्यों को वास्तविक पदार्थ दृष्टि-गोचर नहीं होते, तब तक वे अवास्तविक पदार्थों को ही वास्तविक मानते हैं, किन्तु जिस समय उनकी दृष्टि वास्तविक पदार्थों पर पड़ जाती है, उस समय वे उस वास्तविक पदार्थ के सामने अवास्तविक पदार्थों को अंशमात्र भी वास्तविक नहीं समझते। मनुष्यों को ग्रहण करने योग्य वास्तविक पदार्थ सिद्धस्वरूप है और उससे भिन्न त्याग करने योग्य समस्त पदार्थ अवास्तविक हैं। इसलिए

जब तक मनुष्यों की दृष्टि उस सिद्धस्वरूप तेज पर नहीं पड़ती; तब तक वे मनुष्य अवास्तविक स्त्री-पुत्र, सुवर्ण-धन-धान्य आदि को ही वास्तविक तथा प्रिय मानते है; किन्तु जिस समय उनको सिद्धस्वरूप तेज का अनुभव हो जाता है, उस समय वे सिद्धस्वरूप के सामने किसी भी साम्राज्य या शरीर आदि पदार्थों को उत्तम नहीं मानते। वास्तव में ये उत्तम पदार्थ भी नहीं हैं; इसलिए भव्य जीवों को सिद्धस्वरूप तेज की ओर ही अपनी दृष्टि लगा देनी चाहिए तथा उसी का अनुभव करना चाहिए।

५०८. यदि सिद्धों का ध्यान न हो सके तो उनका नामस्मरण करना भी श्रेयस्कर

वन्द्यास्ते गुणिनस्त एव भुवने, धन्यास्त एव ध्रुवं;
सिद्धानां स्मृतिगोचरं रुचिवशात्, नामाऽपि यैर्नीयते।
ये ध्यायन्ति पुनः प्रशस्तमनसः, तान् दुर्गभूभृद्दरी;
मध्यस्थाः स्थिरनासिकाग्रिमदृशः, तेषां किमु ब्रूमहे।।२३।।

प्रीति सहित स्मृति-गोचर, सिद्धों का नाम मात्र जपते।
वे नर जग में गुणी धन्य अरु, वन्दनीय माने जाते।।
गिरि-शिखरों पर गुफा-मध्य में, करके जो दृष्टि नासाग्र।
निर्मल मन से प्रभु को ध्याते, उनकी बात कहें हम क्या?।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, प्रीतिपूर्वक सिद्धों के नाम का भी स्मरण करते हैं, वे मनुष्य भी जब संसार में वन्दनीय, गुणी और धन्य समझे जाते हैं; तब जो मनुष्य, पवित्र चित्त से किले, पर्वतों की गुफा के मध्य में बैठ कर तथा नाक के अग्रभाग में दृष्टि लगा कर, उन सिद्धों का ध्यान तथा उनके स्वरूप का मनन-चिन्तवन करते हैं, उनकी हम क्या बात कहें? अर्थात् आचार्य कहते हैं कि वे उनसे भी अधिक धन्य हैं। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे उन सिद्धों के स्वरूप का भलीभाँति ध्यान करें। यदि ध्यान न हो सके तो उनके नाम का स्मरण अवश्य ही करें।

५०९. समस्त विद्वानों में अग्रणी विद्वान कौन?

यः सिद्धे परमात्मनि प्रवितत,-ज्ञानैकमूर्तौ किल;
ज्ञानी निश्चयतः स एव सकल,-प्रज्ञावतामग्रणीः।
तर्कव्याकरणादिशास्त्रसहितैः, किं तत्र शून्यैर्यतो;
यद्योगं विदधाति वेध्यविषये, तद्बाणमावर्ण्यते।।२४।।

विशद् ज्ञान की मूर्ति सिद्धप्रभु, को जो ज्ञानीजन जानें।
निश्चय से वे ही सब विद्वानों में श्रेष्ठ कहे जाते।।
यदि सिद्धों का ज्ञान नहीं तो, व्यर्थ सभी शास्त्रों का ज्ञान।
क्योंकि लक्ष्य को भेद सके जो, जगजन कहें उसी को बाण।।

अर्थ ह्न विस्तीर्ण ज्ञान ही है एक स्वरूप जिनका ह्न ऐसे सिद्ध परमात्मा में जो पुरुष, अपने ज्ञान द्वारा स्थित है अर्थात् सिद्धस्वरूप को जो भलीभाँति जानने वाला है, वास्तविक रीति से वही समस्त विद्वानों में मुख्य है ह्न ऐसा समझना चाहिए। यदि न्यायशास्त्र तथा व्याकरण आदि शास्त्रों के जानकार भी हुए तथा हृदय से शून्य ही रहे तो उनसे कोई प्रयोजन नहीं है क्योंकि जो वेधने योग्य पदार्थ में निशान को लगाता है, वही बाण कहलाता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जो वेधने योग्य पदार्थ में निशान लगाता है, वही बाण कहलाता है, अन्य नहीं; उसी प्रकार न्याय-व्याकरण आदि शास्त्रों को भलीभाँति अध्ययन करके जो मनुष्य, सिद्धों के स्वरूप का जानकार है, वही वास्तविक रीति से विद्वानों में अग्रणी विद्वान् है; किन्तु न्याय-व्याकरण आदि शास्त्रों को भलीभाँति पढ़ कर भी जिसने सिद्धों के स्वरूप को नहीं पहचाना, वह अंशमात्र भी विद्वान् नहीं है। इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे न्याय-व्याकरण आदि शास्त्रों को भलीभाँति जान कर, सिद्धस्वरूप के ज्ञाता बनें।

५१०. सिद्धस्वरूप के जानने वाले को बाह्य शास्त्रों से क्या प्रयोजन?

सिद्धात्मा परम: परं प्रविलसद्, बोध: प्रबुद्धात्मना;
येनाऽज्ञायि स किं करोति बहुभि:, शास्त्रैर्बहिर्वाचकै:।
यस्य प्रोद्गत-रोचिरुज्ज्वलतनु:, भानु: करस्थो भवेत्;
ध्वान्तध्वंसविधौ स किं मृगयते, रत्नप्रदीपादिकान्।।२५।।

विलसित बोध-स्वरूप परम, सिद्धों को जिसने जान लिया।
उस प्रबुद्ध को बाह्य शास्त्र, पढ़ने से कहो प्रयोजन क्या?
उदित रश्मियों सहित सूर्य यदि, विद्यमान कर में जिसके।
अन्धकार के नाश हेतु वह, दीप-रत्न को क्यों खोजे?।।

अर्थ ह्न प्रबुद्ध है आत्मा जिसकी ह्न ऐसे जिस जीव ने दैदीप्यमान ज्ञान के धारी तथा सर्वोत्कृष्ट ह्न ऐसे सिद्ध भगवान के स्वरूप को जान लिया है, उस भव्य जीव को बाह्य शास्त्रों से क्या प्रयोजन है? अर्थात् कुछ भी प्रयोजन नहीं क्योंकि जिस मनुष्य के हाथ में, जिसकी किरण उदित हो रही है ह्न ऐसा प्रकाशमान सूर्य मौजूद है; वह मनुष्य, अन्धकार का नाश

करने के लिए क्या रत्न तथा प्रदीपादि पदार्थों का अन्वेषण करता है? अर्थात् कदापि नहीं।

भावार्थ ह्न रत्न तथा प्रदीप आदि पदार्थों की आवश्यकता अन्धकार का नाश करने के लिए ही की जाती है। लेकिन यदि किसी के हाथ में स्थित प्रकाशमान सूर्य से ही अन्धकार का नाश हो जाए तो फिर जिस प्रकार उसे प्रदीप आदि की अपेक्षा नहीं करनी पड़ती; उसी प्रकार न्याय-व्याकरण आदि शास्त्रों का अध्ययन, सिद्धस्वरूप को जानने के लिए किया जाता है। यदि उस सिद्धस्वरूप का ज्ञान पहले से ही मौजूद है तो पुन: न्याय-व्याकरण आदि शास्त्रों का अध्ययन बिना प्रयोजन का ही है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

५११. सिद्धों के समस्त आत्मप्रदेशों से कर्मबन्ध का नाश

सर्वत्र च्युतकर्मबन्धनतया, सर्वत्र सद्दर्शना:;
सर्वत्राऽखिलवस्तुजातविषय, व्यासक्तबोधत्विष:।
सर्वत्र स्फुरदुन्नतोन्नतसदा,ऽऽनन्दात्मका निश्चला:;
सर्वत्रैव निराकुला: शिवसुखं, सिद्धा: प्रयच्छन्तु न:।।२६।।

कर्मबन्ध से रहित तथा जो, सद्-दर्शनमय हैं सर्वत्र।
जगत्-प्रकाशक सम्यग्ज्ञान-किरण सम्पूर्ण आत्म में व्याप्त।।
सर्वोत्कृष्ट सदानन्दात्मक, अनुपम तेज प्रगट सर्वत्र।
निश्चल और निराकुल शिवसुख, हमें प्रदान करें वे सिद्ध।।

अर्थ ह्न जिन सिद्धों के समस्त आत्मप्रदेशों से सर्व कर्मबन्ध छूट गया है, जिसके समस्त आत्मप्रदेशों में समीचीन दर्शन मौजूद है अर्थात् जो सम्यग्दर्शन अथवा अनन्तदर्शन के धारक हैं, समस्त पदार्थों के समूह को जानने वाली सम्यग्ज्ञानरूपी किरण जिनके समस्त आत्मप्रदेशों में व्याप्त है, जिनके सर्वोत्कृष्ट सत्स्वरूप तथा आनन्दस्वरूप तेज स्फुरायमान है तथा जो निश्चल और निराकुल हैं ह्न ऐसे सिद्ध भगवान, हमारे लिए मोक्षसुख प्रदान करें।

भावार्थ ह्न जो समस्त कर्मों से रहित हैं, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र के धारी हैं, निश्चल हैं तथा समस्त प्रकार की आकुलता से रहित हैं ह्न ऐसे सिद्ध भगवान हमारे लिए मोक्षरूपी सुख प्रदान करें, ऐसे सिद्धों के हम सेवक हैं।

५१२. सिद्धों के मकान, सीढ़ी, मित्र, स्त्री आदि क्या है? ह्न

आत्मोत्तुङ्ग-गृहं प्रसिद्ध-बहिराद्या,-त्मप्रभेद-क्षणं;
बह्वात्माध्यवसान-सङ्गत-लसत्, सोपान-शोभान्वितम्।

तत्रात्मा विभुरात्मनात्म-सुहृदो, हस्तावलम्बी समा-;
रुह्यानन्द-कलत्र-संगत-भुवं, सिद्धः सदा मोदते।।२७।।

बहिरात्मादिक भेदयुक्त, उत्तंगरूप यह आत्म-भवन।
विविध आत्म-परिणामरूप, सोपानों की शोभा अनुपम।।
आत्मारूपी परम मित्र का, हाथ पक्ड़ कर चेतनराज।
होकर सिद्ध-सच्चिदानन्द, रमणी संग भोगे सुक्ख अपार।।

अर्थ ह्न जहाँ से बहिरात्मा तथा अन्तरात्मा आदि के भेद को वास्तविक रीति से देख सकते हैं और जो आत्मा के अध्यवसान (चिन्तवन) रूप मनोहर सीढ़ी से शोभायमान है ह्न ऐसा यह आत्मारूपी ऊँचा मकान है। उस पर विभु आत्मा, आत्मा के द्वारा आत्मारूपी मित्र के हाथ का सहारा लेकर, सिद्ध बन कर, चिदानन्दस्वरूप स्त्रीसहित, सिद्धशिला पर सदा आनन्द-मग्न रहते हैं।

५१३. सिद्धों का स्वरूप ही मुझे अत्यन्त प्रिय

सैवैका सुगतिस्तदेव च सुखं, ते एव दृग्बोधने;
सिद्धानामपरं यदस्ति सकलं, तन्मे प्रियं नेतरत्।
इत्यालोच्य दृढं त एव च मया, चित्ते धृताः सर्वदा;
तद्रूपं परमं प्रयातु-मनसा, हित्वा भवं भीषणम्।।२८।।

वही एक ही सुगति वही सुख, वे ही सम्यग्दर्शन-ज्ञान।
और सभी कुछ सिद्धरूप जो, मुझे वही प्रिय और न आन।।
यह विचार दृढ़ करके उन-सा, परमरूप पाने का मन।
भीषण भवभय तज कर अब मैं, करूँ सर्वदा उनका ध्यान।।

अर्थ ह्न जो सिद्धों की गति है, वही एक सुगति है; जो उनका सुख है, वही वास्तविक सुख है; वे सिद्ध ही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान हैं; इस प्रकार यह तथा इनसे भिन्न और भी जो सिद्धों का स्वरूप है, वह समस्त मुझे प्रिय है; किन्तु इनसे अतिरिक्त कुछ भी मुझे प्रिय नहीं है ह्न ऐसा मन में दृढ़ श्रद्धान करके, मैंने सर्व काल उन्हीं सिद्धों का ध्यान किया है; इसलिए मन से भयंकर संसार का भय छोड़ कर, मुझे उत्कृष्ट सिद्धों के स्वरूप की प्राप्ति हो ह्न ऐसी आशा करता हूँ।

५१४. उपसंहार में 'सिद्ध-स्तुति' की वचनातीतता का निरूपण

ते सिद्धा: परमेष्ठिनो न विषया, वाचामतस्तान् प्रति;
प्रायो वच्मि यदेव तत्खलु नमस्यालेख्यमालिख्यते।
तन्नामापि मुदे स्मृतं तत इतो, भक्त्याऽथ वाचालित:;
तेषां स्तोत्रमिदं तथापि कृतवानम्भोजनन्दी मुनि:।।२९।।

वचन-विषय हैं नहीं, सिद्ध परमेष्ठी अशरीरी भगवान।
अत: गुणों का वर्णन उनका, नभ में लेखन चित्र समान।।
फिर भी उनके नाम मात्र, सुमिरन से हो आनन्द।
अत: भक्ति से पद्मनन्दि ने, स्तवन रचा होकर वाचाल।।

अर्थ ह्न इस अधिकार को पूर्ण करते हुए आचार्य कहते हैं कि अलौकिक गुण के धारी भगवान सिद्ध परमेष्ठी, वचन के तो विषय ही नहीं हैं; इसलिए मैं जो कुछ उनके गुणों का स्तवन अथवा उनके विषय में कुछ वर्णन करना चाहता हूँ, वह आकाश में चित्रकारी करने के समान मालूम होता है। (अर्थात् जिस प्रकार आकाश में चित्रकारी करना कठिन बात है; उसी प्रकार सिद्ध परमेष्ठी के विषय में भक्तिपूर्वक वर्णन करना अत्यन्त कठिन है) तो भी उन सिद्धों का स्मरण किया हुआ नाम भी हर्ष का करने वाला होता है, इस कारण भक्ति से वाचालित होकर इस पद्मनन्दि नामक मुनि ने उन सिद्धों की स्तुति की है।

भावार्थ ह्न सिद्ध परमेष्ठी, दृष्टि से अगोचर अमूर्तिक पदार्थ हैं, अत: जब वे दृष्टि से अगोचर हैं, देखने में नहीं आते हैं तो वे वचन के भी अगोचर हैं; इसलिए उनकी स्तुति तथा उनके विषय में वर्णन करना भी अत्यन्त कठिन है तो भी मेरी उन सिद्धों के प्रति जो भक्ति है, उसने मुझे वाचालित किया है। इसी कारण मैंने उन सिद्धों की स्तुति की है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'सिद्ध-स्तुति'** नामक **'आठवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – ९

आलोचना

५१५. मङ्गलाचरण में प्रभु के नाम-स्मरण एवं ध्यान की प्रेरणा

शार्दूलविक्रीडित

यद्यानन्दनिधिं भवन्तममलं तत्त्वं मनो गाहते;
त्वन्नामस्मृतिलक्षणो यदि महा, मन्त्रोऽस्त्यनन्तप्रभः।
यानं च त्रितयात्मके यदि भवेत्, मार्गे भवद्दर्शिते;
को लोकेऽत्र सतामभीष्टविषये, विघ्नो जिनेश प्रभो।।१।।

(वीर छन्द)

निर्मल आनन्दधाम आप में, यदि मन अवगाहन करता।
तेज अनन्तस्वरूप आपका, नाम मन्त्र है जो रहता।।
यदि आपके रत्नत्रयमय, मोक्षमार्ग में गमन अहो!।
उस सज्जन को इष्ट प्राप्ति में, जग में क्या हो विघ्न प्रभो!।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! हे प्रभो! यदि सज्जनों का मन अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग मल से रहित होकर तत्त्वस्वरूप वास्तविक आनन्द के निधान आपका अवगाहन (आश्रय) करता है; यदि उनके मन में आपका नामस्मरणरूप अनन्तप्रभा का धारी महामन्त्र मौजूद है तथा यदि आपसे प्रगट किये हुए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञानरूपी मोक्षमार्ग में उनका गमन है तो उन सज्जनों को अभीष्ट की प्राप्ति में किसी प्रकार का विघ्न नहीं आ सकता।

भावार्थ ह्न यदि सज्जनों के मन में आपका ध्यान तथा नामस्मरणरूप महामन्त्र मौजूद है तथा यदि वे मोक्षमार्ग में गमन करने वाले हैं तो उनको अभिलषित मार्ग की प्राप्ति में किसी प्रकार का विघ्न नहीं आ सकता।

५१६. जिनेन्द्रदेव के द्वारा सेवित मार्ग का क्रम ही सर्वोत्कृष्ट

निःसङ्गत्वमरागिताऽथ समता, कर्म-क्षयो बोधनं;
विश्व-व्यापि समं दृशा तदतुलाऽऽनन्देन वीर्येण च।
ईदृग्देव! तवैव संसृति-परि,-त्यागाय जातः क्रमः;
शुद्धस्तेन सदा भवच्चरणयोः, सेवा सतां सम्मता।।२।।

वीतरागता समता विधिक्षय, अपरिग्रह अरु वीर्य महान।
सुख अनन्त अरु विश्व प्रकाशक, केवलदर्शन केवलज्ञान।।
यह प्रवृत्ति भव-मुक्ति हेतु है, मात्र आपकी हे जिनवर!।
शुद्ध आप ही अतः सत्पुरुष, सेवन करते चरण-युगल।।

अर्थ ह्न आचार्य स्तुति करते हैं कि हे जिनेन्द्रदेव! संसार के त्याग हेतु परिग्रहरहितपना, रागरहितपना, समता, सर्वथा कर्मों का नाश तथा अनन्तसुख और अनन्तवीर्य के साथ समस्त लोकालोक को प्रकाशित करने वाला केवलज्ञान एवं केवलदर्शन ह्न ऐसा क्रम आपके द्वारा ही हुआ है, किन्तु आपसे भिन्न किसी अन्य देव ने यह क्रम नहीं अपनाया है, इसलिए आप ही शुद्ध हैं तथा आपके चरणों की सेवा ही सज्जन पुरुषों को करने योग्य है।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! आपने संसार से मुक्त होने के लिए समस्त परिग्रह का त्याग किया है, रागभाव छोड़ा है, समता धारण की है तथा अनन्तदर्शन अनन्तज्ञान अनन्तसुख और अनन्तवीर्य आपके प्रकट हुआ है। इसलिए आप ही शुद्ध तथा सज्जनों की सेवा के पात्र हैं।

५१७. जिनेन्द्रदेव की सेवा करके संसाररूपी वैरी को जीतना आसान

यद्येतस्य दृढ़ा मम स्थितिरभूत्, त्वत्सेवया निश्चितं;
त्रैलोक्येश बलीयसोऽपि हि कुतः, संसारशत्रोर्भयम्।
प्राप्तस्याऽमृत-वर्ष-हर्ष-जनकं, सद्यन्त्र-धारा-गृहं;
पुंसः किं कुरुते शुचौ खरतरो, मध्याह्नकालऽऽतपः।।३।।

यदि निश्चय से मुझे आपकी, सेवा में दृढ़ता जिनराज।
तो अतिशय बलवान मोह-शत्रु से भय क्यों मुझको नाथ?।।
अमृत-वर्षा-कारक फव्वारे से युक्त सदन वासी।
नर को क्या कर सकता है प्रभु! प्रखर सूर्य आताप दुःखी।।

अर्थ ह्न हे तीन लोक के ईश! निश्चय से आपकी सेवा में यदि मेरा दृढ़पना है तो मुझे अत्यन्त बलवान संसाररूपी वैरी को जीतना कोई कठिन बात नहीं क्योंकि जिस मनुष्य ने जल की वर्षा से हर्ष को उत्पन्न करने वाला उत्तम फव्वारे सहित घर प्राप्त कर लिया है, उस पुरुष को जेठ मास की अत्यन्त तीक्ष्ण दोपहर की धूप कुछ भी दु:खी नहीं कर सकती।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार फव्वारे सहित उत्तम घर में बैठे हुए पुरुष को जेठ मास की अत्यन्त कठोर दोपहर की धूप भी कुछ नहीं कर सकती; उसी प्रकार यदि मैं निश्चय से आपकी सेवा में दृढ़ रीति से स्थित रहूँ तो मुझे संसाररूपी वैरी कुछ नहीं कर सकता।

५१८. जगत् में सारभूत और असारभूत का विचार करना श्रेयस्कर

य: कश्चिन्निपुणो जगत्त्रयगता,ऽनर्थानशेषांश्चिरं;
साराऽसार-विवेचनैक-मनसा मीमांसते निस्तुषम्।
तस्य त्वं परमेक एव भगवन्!, सारो ह्यसारं परं;
सर्वं मे भवदाश्रितस्य महती, तेनाऽभवन्निर्वृति:।।४।।

कोई चतुर नर सार-असार, पदार्थ-विवेचक मन के द्वार।
जग-त्रय के सारे पदार्थ का, हो निर्दोष करे सुविचार।।
भगवन्! उसके लिए आप ही, सारभूत हैं अन्य असार।
अत: आपकी शरण प्राप्त कर, मुझको होता सौख्य अपार।।

अर्थ ह्न 'यह पदार्थ सार है और यह असार है' ह्न इस प्रकार सार-असार की परीक्षा में एकचित्त होकर जो कोई बुद्धिमान् मनुष्य तीनों लोक के समस्त पदार्थों का बाधारहित गहन दृष्टि से विचार करता है; उस पुरुष की दृष्टि में 'हे भगवन्! आप ही एक सारभूत पदार्थ हैं और आपसे भिन्न समस्त पदार्थ असारभूत ही हैं'; अत: आपके आश्रय से ही मुझे परम सन्तोष होता है।

५१९. सर्वदर्शी एवं सर्वज्ञ परमात्मा का अन्तर्बाह्य से उत्कृष्टपना

ज्ञानं दर्शनमप्यशेष-विषयं, सौख्यं तथाऽत्यन्तिकं;
वीर्यं च प्रभुता च निर्मलतरा, रूपं स्वकीयं तव।
सम्यग्योगदृशा जिनेश्वर! चिरात्, तेनोपलब्धे त्वयि;
ज्ञातं किं न विलोकितं न किमथ, प्राप्तं न किं योगिभि:।।५।।

लोकालोक विलोक दर्शन-ज्ञान और सुख-वीर्य अनन्त।
अतिशय निर्मल प्रभुतामय हे प्रभो! आपका रूप अनन्त।।
सम्यक् योगदृष्टि से जिनवर, यदि आपको प्राप्त किया।
उस योगी ने क्या नहिं पाया, और नहीं क्या जान लिया।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! समस्त लोकालोक को एक साथ जानने वाला आपका ज्ञान है; समस्त लोकालोक को एक साथ देखने वाला आपका दर्शन है; आपके अनन्त सुख और अनन्त बल हैं; आपका प्रभुपना भी अतिशय निर्मल है और शरीर भी दैदीप्यमान है। इसलिए यदि योगीश्वरों ने समीचीन योगरूपी नेत्र से आपको प्राप्त कर लिया तो उन्होंने क्या नहीं जाना? क्या नहीं देखा? और क्या नहीं पा लिया?

भावार्थ ह्न हे प्रभु! यदि योगीश्वरों ने अपनी उत्कृष्ट योगदृष्टि से अनन्त गुणों के धारी आपको देख लिया तो उन्होंने सब कुछ देख लिया, सब कुछ जान लिया तथा सब कुछ प्राप्त कर लिया है।

५२०. जिनेन्द्र भगवान को मानने से ही सर्व प्रयोजन-सिद्धि

त्वामेकं त्रिजगत्पतिं परमहं, मन्ये जिनं स्वामिनं;
त्वामेकं प्रणमामि चेतसि दधे, सेवे स्तुवे सर्वदा।
त्वामेकं शरणं गतोऽस्मि बहुना, प्रोक्तेन किंचिद्भवेत्;
इत्थं तद्भवतु प्रयोजनमतो, नाऽन्येन मे केनचित्।।६।।

प्रभो! आप ही तीन लोक के, स्वामी मैं ऐसा मानूँ।
अत: आपका ही वन्दन-स्तवन तथा मैं ध्यान करूँ।।
मात्र आपकी शरण गहूँ मैं, और अधिक कहने से क्या?।
यही चाहता सिवा आपके, अन्य प्रयोजन नहिं मेरा।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! मैं आपको तीन लोक का स्वामी मानता हूँ, अष्ट कर्मों को जीतने वाला और अपना स्वामी मानता हूँ, केवल आपको ही भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ और सदा आपका ध्यान करता हूँ, आपकी ही सेवा और स्तुति करता हूँ तथा केवल आपको ही मैं अपना शरण मानता हूँ। अधिक कहने से क्या लाभ? यदि संसार में मुझे कुछ प्राप्त हो तो यही हो कि आपके सिवाय अन्य किसी से भी मेरा प्रयोजन न रहे।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! आपसे ही मेरा प्रयोजन रहे, आपसे भिन्न किसी अन्य से मेरा किसी प्रकार का प्रयोजन न रहे ह्न यही मेरी विनयपूर्वक प्रार्थना है।

५२१. त्रिकालवर्ती पापों की कृत-कारित-अनुमोदना एवं तीनों योगों से निन्दा

पापं कारितवान् यदत्र कृतवान्, अन्यैः कृतं साध्विति;
भ्रान्त्याऽहं प्रतिपन्नवांश्च मनसा, वाचा च कायेन च।
काले सम्प्रति यच्च भाविनि नव,-स्थानोद्गतं यत्पुनः;
तन्मिथ्याऽखिलमस्तु मे जिनपते, स्वं निन्दतस्ते पुरः।।७।।

हे जिन! मैंने भूतकाल में, भ्रान्ति से जो पाप किये।
अन्य जनों से करवाये, अनुमोदन की, मन-वच-तन से।।
वर्तमान में भी होते, नव कोटि से आगे होंगे।
प्रभो! आपके सन्मुख मुझ, निन्दक के वे सब मिथ्या हो।।

अर्थ ह्न हे जिनेश्वर! भूतकाल में भ्रमवश जो पाप, मैंने मन-वचन-काय के द्वारा दूसरों से कराये है, स्वयं किये हैं और दूसरों को पाप करते हुए अच्छा कहा है अर्थात् उसमें अपनी सम्मति दी है; वर्तमान में जो पाप, मैं मन-वचन-काय के द्वारा स्वयं करता हूँ, दूसरों से कराता हूँ और अन्य को करते हुए भला कहता हूँ; भविष्यकाल में जो पाप मैं मन-वचन-काय से स्वयं करूँगा, दूसरों से कराऊँगा और दूसरे को करते हुए अच्छा मानूँगा; वे समस्त पाप, आपके सामने अपनी निन्दा करने वाले मेरे, सर्वथा मिथ्या हों।

भावार्थ ह्न भूत, भविष्यत् व वर्तमान ह्न इन तीनों कालों में जिन पापों का मैंने मन-वचन-काय तथा कृत-कारित-अनुमोदना से उपार्जन किया है, करूँगा और कर रहा हूँ; उन समस्त पापों का अनुभव करके, हे जिनेश्वर! मैं आपके सामने अपनी निन्दा करता हूँ; इसलिए वे मेरे समस्त पाप मिथ्या हों।

५२२. प्रभु के द्वारा ज्ञात होने पर भी अपनी शुद्धि के लिए पापों की आलोचना

लोकाऽलोकमनन्त-पर्यय-युतं, काल-त्रयी-गोचरं;
त्वं जानासि जिनेन्द्र! पश्यसि तरां, शश्वत्समं सर्वतः।
स्वामिन्! वेत्सि ममैकजन्मजनितं, दोषं न किंचित्कुतो;
ह्येतोस्ते परतः स वाच्य इति मे, शुद्ध्यर्थमालोचितुम्।।८।।

कालत्रयी गोचर अनन्त, पर्याय सहित सब लोकालोक।
शाश्वत युगपत् सर्व ओर से, आप जानते हैं जिनदेव।।
स्वामिन्! मेरे एक जन्म के, दोषों को क्या नहिं जानो।
मैं निन्दक तव सन्मुख दोष, कहूँ शुद्धि के लिए अहो!।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! यदि तुम भूत, भविष्यत् व वर्तमान तीनों कालों की नाना पर्यायों सहित लोक तथा अलोक को चारों ओर से एक साथ जानते हो तथा देखते हो तो हे स्वामिन्! मेरे एक जन्म में होने वाले पापों को क्या तुम नहीं जानते हो? अर्थात् अवश्य ही जानते हो। इसलिए अपने को स्वयं निन्दित करता हुआ मैं, आपके सामने जो अपने दोषों का कथन (आलोचना) करता हूँ, वह केवल अपनी शुद्धि के लिए ही करता हूँ।

भावार्थ ह्न हे प्रभु! जब आप, अनन्त भेदसहित लोक तथा अलोक को एक साथ जानते-देखते हो तो मेरे समस्त दोषों को भी आप भलीभाँति जानते हो; फिर भी मैं आपके सामने जो अपने दोषों का कथन (आलोचना) करता हूँ, वह केवल शुद्धि के लिए ही करता हूँ।

५२३. माया-मिथ्या-निदान ह्न इन तीन शल्यों के त्याग की प्रेरणा

आश्रित्य व्यवहारमार्गमथवा, मूलोत्तराख्यान् गुणान्;
साधोर्धारयतो मम स्मृतिपथं, प्रस्थायि यद्दूषणम्।
शुद्ध्यर्थं तदपि प्रभो तव पुरः, सज्जोऽहमालोचितुं;
निःशल्यं हृदयं विधेयमजडैः, भव्यैर्यतः सर्वथा।।९।।

व्यवहाराश्रित मूल और, उत्तरगुणधारी मैं साधु।
स्मृति-पथ पर जो भी आते, हैं वे सब मैं दोष कहूँ।।
शुद्धि हेतु हे प्रभु! तव सन्मुख, सावधान होकर बैठा।
क्योंकि विवेकी भव्य जीव, निज हृदय रखें निःशल्य सदा।।

अर्थ ह्न व्यवहारनय का आश्रय करके अथवा मूलगुण तथा उत्तरगुणों को धारण करने वाले मुझ मुनि को जिस दूषण का भलीभाँति स्मरण है, उस दूषण की शुद्धि के अर्थ आलोचना करने के लिए हे प्रभो! मैं आपके सामने सावधानी से बैठा हूँ क्योंकि भव्य जीवों को सदा अपना मन, माया-मिथ्या-निदान ह्न इन तीनों शल्यों से रहित रखना चाहिए।

५२४. जितने दोष, उतने प्रायश्चित्त के अभाव में प्रभु-समीप रहने मात्र से शुद्धि

सर्वोऽप्यत्र मुहुर्मुहुर्जिनपते, लोकैरसंख्यैर्मित-;
व्यक्ताऽव्यक्तविकल्पजालकलितः, प्राणी भवेत्संसृतौ।
तत्तावद्भिरयं सदैव निचितो, दोषैर्विकल्पाऽनुगैः;
प्रायश्चित्तमियत्कुतः श्रुतगतं, शुद्धिर्भवत्सन्निधेः।।१०।।

व्यक्त-अव्यक्त विकल्प जाल हैं, असंख्य लोक प्रमाण प्रभो!।
बार-बार ये जीव जगत् के, उनसे हों संयुक्त विभो!।।
उन विकल्पों के आश्रय से, होते हैं दोष सदा उत्पन्न।
सबका प्रायश्चित नहिं श्रुत में, शुद्धि आपके पास जिनेन्द्र!।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! इस संसार में समस्त जीव, बार-बार असंख्यात लोकप्रमाण प्रकट तथा अप्रकट नाना प्रकार के विकल्पों से सहित हैं तथा उनसे उत्पन्न होने वाले उतने ही प्रकार के दोषों से भी सहित हैं; किन्तु जितने प्रकार के दोष हैं, उतने प्रायश्चित्त, शास्त्रों में नहीं हैं; इसलिए उन समस्त असंख्यात लोकप्रमाण विकल्पों तथा दोषों की शुद्धि, केवल आपके समीप में ही होती है।

भावार्थ ह्न यद्यपि दूषणों की शुद्धि प्रायश्चित्त के करने से भी होती है; किन्तु हे भगवन्! जितने दूषण हैं, उतने प्रायश्चित्त शास्त्रों में नहीं कहे गए हैं; इसलिए समस्त दूषणों की शुद्धि आपके समीप में ही होती हैं।

५२५. प्रभु की समीपता हेतु इन्द्रिय और मन का निग्रह आवश्यक

भावाऽन्तःकरणेन्द्रियाणि विधिवत्, संहृत्य बाह्याश्रयात्;
एकीकृत्य पुनस्त्वया सह शुचि,-ज्ञानैकसन्मूर्तिना।
निःसङ्गः श्रुतसारसंगतमतिः; शान्तो रहः प्राप्तवान्;
यस्त्वां देव! समीक्षते स लभते, धन्यो भवत्सन्निधिम्।।११।।

बाह्य पदार्थों से भावेन्द्रिय-मन को विधिवत् करें पृथक्।
अद्वितीय शुचि ज्ञान मूर्तिमय, प्रभो! आपसे हों अपृथक।।
श्रुत रहस्य ज्ञाता परिग्रह बिन, शान्त चित्त बैठे एकान्त।
भव्य आपको देखे जो वह, होता आप समीप सुधन्य।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित, समस्त शास्त्रों को जानने वाला, क्रोधादि कषायों से रहित और एकान्तवासी ह्न ऐसा जो भव्य जीव, समस्त बाह्य पदार्थों से मन तथा इन्द्रियों को हटा कर, अखण्ड और निर्मल सम्यग्ज्ञानरूपी मूर्ति के धारी आपमें स्थिर होकर, आपको देखता है; वह मनुष्य, आपकी समीपता को प्राप्त होता है।

भावार्थ ह्न हे प्रभु! जब तक मन तथा इन्द्रियों का व्यापार, बाह्य पदार्थों में लगा रहता है; तब तक कोई भी मनुष्य, आपके स्वरूप को प्राप्त नहीं कर सकता; किन्तु जो मनुष्य, मन तथा इन्द्रियों को बाह्य पदार्थ से हटा लेता है, वही वास्तविक रीति से आपके स्वरूप को

देख-जान सकता है। इसलिए जिस मनुष्य ने समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित होकर, शास्त्रों का भलीभाँति ज्ञानी होकर, शान्त तथा एकान्तवासी होकर, मन तथा इन्द्रियों को बाह्य पदार्थों से हटा कर, आपके स्वरूप में उपयोग लगा कर, आपको देख लिया है; उसी मनुष्य ने आपके समीपपने को प्राप्त किया है ह्न ऐसा भलीभाँति निश्चित है।

५२६. चित्त का बाह्य विषयों में दौड़-दौड़ कर जाना ह्न खेद का विषय

त्वामाऽऽसाद्य पुराकृतेन महता, पुण्येन पूज्यं प्रभुं;
ब्रह्माद्यैरपि यत्पदं न सुलभं, तल्लभ्यते निश्चितम्।
अर्हन्नाथ! परं करोमि किमहं, चेतो भवत्सन्निधौ;
अद्याऽपि ध्रियमाणमप्यतितरा,-मेतद्बहिर्धावति।।१२।।

परम-पूज्य जिन महापुण्य से, आज आपका दर्शन पा।
जो पद ब्रह्मादिक को दुर्लभ, वह पद निश्चित पा सकता।।
किन्तु आपमें बलपूर्वक यह, चित्त लगाने पर भी नाथ!।
बाह्य वस्तु में दौड़ रहा मन, हे प्रभु! कहो करूँ मैं क्या?।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! पूर्वभव में कष्ट से सञ्चय किए हुए बड़े भारी पुण्य से जिस मनुष्य ने तीन लोक द्वारा पूजनीय आपको पा लिया है, उस मनुष्य को उस उत्तम पद की प्राप्ति होती है, जिसको निश्चय से ब्रह्मा-विष्णु आदि भी नहीं पा सकते; परन्तु हे अर्हज्जिनेन्द्र! हे नाथ! मैं क्या करूँ? आपके समीप में लगा हुआ मेरा चित्त, प्रबल रीति से बाह्य पदार्थों की ओर ही दौड़ता है।

भावार्थ ह्न सहसा यदि कोई मनुष्य चाहे कि मैं आपको प्राप्त कर लूँ, वह स्वप्न में भी आपको प्राप्त नहीं कर सकता, किन्तु पूर्वभव में सञ्चय किये हुए बड़े भारी पुण्य से ही उन्हें आपकी प्राप्ति होती है। इसलिए हे भगवन्! जिस मनुष्य ने आपको प्राप्त कर लिया है, उस मनुष्य को उस उत्तम पद की प्राप्ति होती है; जिस पद को ब्रह्मा-विष्णु आदि के भक्तों की तो क्या बात? स्वयं ब्रह्मा-विष्णु भी प्राप्त नहीं कर सकते; किन्तु हे जिनेन्द्र! इन समस्त बातों को जानता हुआ भी आपमें लगा हुआ मेरा चित्त, बाह्य पदार्थों में दौड़-दौड़ कर जाता है ह्न यह अत्यन्त खेद की ही बात है।

५२७. कठोर व्रतों का पालन करने के बाद भी सिद्धि नहीं होने का कारण

संसारो बहु-दुःखदः, सुखपदं निर्वाणमेतत्कृते;
त्यक्त्वाऽर्थादि तपोवनं वयमिताः, तत्रोज्झितः संशयः।

एतस्मादपि दुष्करव्रतविधेः, नाद्याऽपि सिद्धिर्यतो;
वातालीतरलीकृतं दलमिव, भ्राम्यत्यदो मानसम्।।१३।।

यह संसार महादु:खमय है, सुखमय शाश्वत पद निर्वाण।
उसके लिए संग-तज वन में, तप धारा छोड़ा सन्देह।।
अति कठोर व्रत करने पर भी, मोक्ष न अबतक प्राप्त हुआ।
क्योंकि पवन प्रेरित पत्ते-सम, यह मन बाहर ही भ्रमता।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! यह संसार तो नाना प्रकार के दु:खों को देने वाला है और मोक्ष वास्तविक सुख का स्थान है अर्थात् वास्तविक सुख को देने वाला है। इसलिए उस मोक्ष की प्राप्ति के लिए हमने समस्त धन-धान्य आदि परिग्रहों का त्याग किया, तपोवन को भी प्राप्त हुए, समस्त प्रकार का संशय भी छोड़ दिया, अत्यन्त कठोर व्रत भी धारण किये; किन्तु अभी तक उन कठिन व्रतों को धारण करने से भी सिद्धि की प्राप्ति नहीं हुई क्योंकि पवन के समूह से कम्पित हुए पत्तों के समान हमारा मन, रात-दिन बाह्य पदार्थों में ही भ्रमण करता है।

५२८. मन के जीवित रहने पर मुनियों का भी कल्याण असम्भव

झम्पा: कुर्वदितस्तत: परिलसद्, बाह्यार्थलाभाद्ददत्;
नित्यं व्याकुलतां परां गतवत:, कार्यं विनाप्यात्मन:।
ग्रामं वासयदिन्द्रियं भवकृतो, दूरं सुहृत्कर्मण:;
क्षेमं तावदिहाऽस्ति कुत्र यमिनो, यावन्मनो जीवति।।१४।।

बाह्यार्थों की प्राप्ति हेतु जो, इधर उधर भ्रमता-फिरता।
बिना प्रयोजन जो निज में, उत्पन्न करे नित व्याकुलता।।
इन्द्रिय-विषय में रमता भव-कारक कर्मों को लाता।
यह मन जब तक जीवित मुनि का, कभी मुक्त नहिं हो सकता।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! जो बाह्य पदार्थों को मनोहर मान कर, उनकी प्राप्ति के लिए जहाँ-तहाँ भटकता है, जो ज्ञानस्वरूपी आत्मा को भी बिना प्रयोजन सदा अत्यन्त व्याकुल करता रहता है, जो इन्द्रियरूपी गाँव को बसाने वाला है अर्थात् इस मन की कृपा से ही इन्द्रियों के विषयों में स्थिति होती है, जो संसार को पैदा करने वाले कर्मों को लाता रहता है ह्न ऐसा यह मन, जब तक जीवित रहता है, तब तक मुनियों को कदापि कल्याण की प्राप्ति नहीं हो सकती।

भावार्थ ह्न जब तक आत्मा में कर्मों का आवागमन लगा रहता है, तब तक आत्मा सदा व्याकुल ही बना रहता है। वे कर्म, आत्मा में मन के द्वारा लाये जाते हैं क्योंकि मन के

सहारे से ही इन्द्रियाँ रूप आदि को देखने में प्रवृत्त होती हैं तथा रूप आदि को देखने से राग-द्वेष उत्पन्न होते हैं, फिर उनसे ज्ञानावरण आदि द्रव्यकर्मों की उत्पत्ति होती है। इसलिए उन कर्मों के सम्बन्ध से आत्मा सदा व्याकुल ही रहता है; जब आत्मा ही व्याकुल रहा, तब मुनियों को कल्याण की प्राप्ति कैसे हो सकती है? इसलिए कल्याण को रोकने वाला मन ही है।

५२९. मोह के नष्ट होने पर ही शान्ति की प्राप्ति सम्भव

नूनं मृत्युमुपैति यातममलं, त्वां शुद्धबोधाऽऽत्मकं;
त्वत्तस्तेन बहिर्भ्रमत्यविरतं, चेतो विकल्पाऽऽकुलम्।
स्वामिन् किं क्रियतेऽत्र मोहवशतो, मृत्योर्न भीः कस्य तत्;
सर्वाऽनर्थपरम्पराकृदऽहितो, मोहः स मे वार्यताम्।।१५।।

निर्मल शुद्ध ज्ञानमय तुमको, पाकर मन निश्चित मरता।
अतः विकल्पाकुलित चित्त यह, बाहर ही भ्रमता रहता।।
हे स्वामी! क्या करें? मोह वश, सभी मृत्यु से डरते हैं।
अतः अनर्थ-अहितकारी मम, मोह शीघ्र अब नष्ट करें।।

अर्थ ह्न निर्मल तथा अखण्ड ज्ञानस्वरूप आपको पाकर मेरा मन, मृत्यु को प्राप्त हो जाता है; इसलिए हे जिनेन्द्र! नाना प्रकार के विकल्पों से युक्त मेरा चित्त, आपसे बाह्य समस्त पदार्थों में ही निरन्तर घूमता फिरता है क्योंकि क्या किया जाए? मृत्यु से सर्व ही डरते हैं; अतः यह सविनय प्रार्थना है कि समस्त प्रकार के अनर्थों को करने वाले तथा अहितकारी, इस मोह को शीघ्र नष्ट करो।

भावार्थ ह्न जब तक मोह का सम्बन्ध आत्मा के साथ रहेगा, तब तक चित्त बाह्य पदार्थों में ही घूमता रहेगा। जब तक चित्त घूमता रहेगा, तब तक आत्मा में कर्मों का आवागमन भी लगा रहेगा। इस रीति से आत्मा सदा व्याकुल ही रहेगा। इसलिए हे भगवन्! नाना प्रकार के सर्वथा अनर्थों को करने वाले मेरे इस मोह को नष्ट करो, जिससे मेरी आत्मा को शान्ति मिले।

५३०. मोह के प्रभाव से ही मन की चञ्चलता

सर्वेषामपि कर्मणामऽतितरां, मोहो बलीयानऽसौ;
धत्ते चंचलतां बिभेति च मृतेः, तस्य प्रभावान्मनः।
नो चेज्जीवति को म्रियेत क इह, द्रव्यत्वतः सर्वदा;
नानात्वं जगतो जिनेन्द्र! भवता, दृष्टं परं पर्ययैः।।१६।।

सब कर्मों में मोहकर्म यह, है अतिशय बलवान अरे!।
मन चञ्चल इसके प्रभाव से, और मरण से सदा डरे।।
द्रव्यदृष्टि से कोई जग में, मरे न जीवे हे जिनदेव!।
पर्यायार्थिकनय से विविध, प्रकार जगत को देखा देव!।।

अर्थ ह्न ज्ञानावरण आदि समस्त कर्मों के मध्य में मोह ही अत्यन्त बलवान कर्म है। इसी के प्रभाव से यह मन, जहाँ-तहाँ चञ्चल होकर भ्रमण करता रहता है और मरण से डरता है। यदि यह मोह न होवे तो निश्चयनय से न तो कोई जीवे और न कोई मरे क्योंकि आपने जो इस जगत् को अनेक प्रकार देखा है, वह पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा से देखा है, द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा से नहीं; इसलिए हे भगवन्! मेरे इस मोह को सर्वथा नष्ट कीजिए।

५३१. जगत् विनाशीक, अत: निर्विकार परमानन्द में ठहरने की प्रेरणा

वात-व्याप्त-समुद्र-वारि-लहरी,-संघातवत् सर्वदा;
सर्वत्र क्षणभंगुरं जगदिदं, संचिन्त्य चेतो मम।
सम्प्रत्येतदऽशेष-जन्म-जनक, व्यापार-पार-स्थितं;
स्थातुं वाञ्छति निर्विकारपरमानन्दे त्वयि ब्रह्मणि।।१७।।

व्याप्त पवन से जल की लहरें, उठते हुए समुद्र समान।
क्षणभंगुर सर्वत्र जगत् यह, भलीभाँति मन करे विचार।।
अब समस्त भव-सन्तति-उत्पादक व्यापारों से हो पार।
निर्मल आनन्द ब्रह्म आप में, रमने को यह है तैयार।।

अर्थ ह्न पवन से व्याप्त जल-लहरी के समूह समान सर्व काल तथा सर्व क्षेत्रों में यह जगत् क्षणभर में विनाशीक है ह्न ऐसा भलीभाँति विचार कर मेरा मन, इस समय समस्त संसार के उत्पन्न करने वाले व्यापारों से रहित होकर, निर्विकार परमानन्द परमब्रह्मस्वरूप आप में ही ठहरने की इच्छा करता है।

५३२. परणति सब जीवनि की तीन भाँति वरणी.....

एन: स्याद्ऽशुभोपयोगत इत:, प्राप्नोति दु:खं जनो;
धर्म: स्याच्च शुभोपयोगत इत:, सौख्यं किमप्याश्रयेत्।
द्वन्द्वं द्वन्द्वमिदं भवाऽऽश्रयतया, शुद्धोपयोगात् पुन:;
नित्याऽऽनन्दपदं तदत्र च भवान,ऽर्हन्नहं तत्र च।।१८।।

अशुभोपयोग से पापोत्पत्ति, जिससे जीव दु:खी होते।
शुभोपयोग से धर्मपरिणति, जिससे जीव सुखी होते।।
पाप-पुण्य दोनों भव-आश्रित, अत: शुद्धभावों द्वारा।
नित्यानन्द में आप विराजे, मैं भी नित रहना चाहता।।

अर्थ ह्न जिस समय अशुभोपयोग रहता है, उस समय पाप की उत्पत्ति होती है, उससे जीव नाना प्रकार के दु:खों को प्राप्त होते हैं तथा जिस समय शुभोपयोग रहता है, उस समय धर्म (व्यवहारधर्म) की उत्पत्ति होती है, उससे जीवों को किंचित् सुख मिलता है, किन्तु ये दोनों पाप-पुण्यरूपी द्वन्द्व, संसार के ही कारण हैं अर्थात् इन दोनों से सदा संसार ही उत्पन्न होता है तथा शुद्धोपयोग से अविनाशी तथा आनन्दस्वरूप पद की प्राप्ति होती है। हे जिनेन्द्र! आप ऐसे पद में निवास करते हैं, अत: मैं भी उसी शुद्धोपयोग में रहना चाहता हूँ।

भावार्थ ह्न उपयोग के तीन भेद हैं ह्न १) अशुभोपयोग २) शुभोपयोग ३) शुद्धोपयोग; इनमें आदि के दो उपयोग के कारण संसार में ही भटकना पड़ता है क्योंकि जिस समय जीवों का उपयोग अशुभ होता है, उस समय उनको पापबन्ध होता है, पापबन्ध होने से उनको नाना प्रकार की खोटी-खोटी गतियों में भ्रमण करना पड़ता है और जिस समय उनका उपयोग शुभ होता है, उस समय शुभयोग की कृपा से उनको राजा-महाराजा आदि पदों की प्राप्ति होती है। इसलिए वह भी संसार का ही बढ़ाने वाला है; किन्तु जिस समय शुद्धोपयोग की प्राप्ति होती है, उससे संसार की प्राप्ति नहीं हो सकती, अपितु निर्वाण की ही प्राप्ति होती है इसलिए हे भगवान्! मैं शुद्धोपयोग में ही स्थित रहना चाहता हूँ।

५३३. आत्मस्वरूप उत्कृष्ट तेज का अस्ति-नास्ति से स्वरूप

यन्नान्तर्न बहि: स्थितं न च दिशि, स्थूलं न सूक्ष्मं पुमान्;
नैव स्त्री न नपुंसकं न गुरुतां, प्राप्तं न यल्लाघवम्।
कर्म-स्पर्श-शरीर-गन्ध-गणना,-व्याहार-वर्णोज्झितं;
स्वच्छज्ञानदृगेकमूर्ति तदहं, ज्योति: परं नाऽपरम्।।१९।।

जो नहिं भीतर-बाहर और, दिशाओं में नहिं सूक्ष्म-स्थूल।
स्त्री-पुरुष-नपुंसक भी नहिं, नहिं लघु अथवा नहीं गुरु।।
कर्म-स्पर्श-शरीर-गन्ध-संख्या अरु वचन-वर्ण-विरहित।
स्वच्छ-ज्ञान-दृग-एक-मूर्ति मैं, परम-ज्योति हूँ अन्य नहीं।।

अर्थ ह्न जो आत्मस्वरूप तेज न भीतर स्थित है, न बाहर स्थित है और न दिशा में

ही स्थित है तथा न मोटा है, न पतला है। आत्मरूपी तेज न तो पुल्लिंग है, न स्त्रीलिंग है तथा नपुंसकलिंग भी नहीं है; न भारी है, न हल्का है। वह तेज, कर्म-स्पर्श-शरीर-गन्ध-संख्या- वचन-वर्ण से रहित है। वह निर्मल है तथा सम्यग्ज्ञान-सम्यग्दर्शनस्वरूप है। उसी उत्कृष्ट तेजस्वरूप मैं भी हूँ, आत्मस्वरूप उत्कृष्ट तेज से भिन्न मैं नहीं हूँ।

५३४. कर्मशून्य अवस्था की अपेक्षा आपकी और मेरी आत्मा में समानता

एतेनैव चिदुन्नति-क्षय-कृता, कार्यं विना वैरिणा;
शश्वत्कर्मखलेन तिष्ठति कृतं, नाथाऽऽवयोरन्तरम्।
एषोऽहं स च ते पुरः परिगतो, दुष्टोऽत्र निःसार्यतां;
सद्रक्षेतर-निग्रहो नयवतो, धर्मः प्रभोरीदृशः।।२०।।

चेतन की उन्नति के घातक बिना प्रयोजन जो बैरी।
मुझमें और आप में अन्तर किया दुष्ट कर्मों ने ही।।
मैं हूँ आप समक्ष अतः इन दुष्टों को प्रभु नष्ट करो।।
सज्जन-रक्षा दुष्ट-दण्ड यह नीतिवान का धर्म अहो।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! चैतन्य की उन्नति का नाश करने वाले और अकारण ही सदा वैरी बने इन दुष्ट कर्मों ने, आप में तथा मुझमें भेद डाल दिया है; किन्तु कर्मशून्य अवस्था की अपेक्षा जैसी आपकी आत्मा है, वैसी ही मेरी आत्मा है। इस समय ये कर्म, आपके सामने मौजूद हैं (आपको ज्ञात हो रहे हैं); इसलिए इस दुष्ट को हटा कर दूर करो क्योंकि नीतिवान् प्रभु का यही धर्म है कि वे सज्जनों की रक्षा करें तथा दुष्टों का नाश करें।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! जिस प्रकार अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य आदि गुणस्वरूप आपकी आत्मा है, उसी प्रकार इन्हीं गुणों से सहित मेरी भी आत्मा है; किन्तु भेद इतना ही है कि आपके वे गुण प्रगट हो गये हैं और मेरे उन गुणों की प्रगटता नहीं हुई है। इस भेद को करने वाले ये कर्म ही हैं क्योंकि कर्मों की कृपा से ही मेरे उन स्वभावों पर आवरण पड़ा हुआ है। इस समय हम दोनों आपके सामने मौजूद हैं, इसलिए इस दुष्ट कर्म को दूर करो क्योंकि आप तीनों लोक के स्वामी हैं तथा नीतिवान् स्वामी का यही धर्म है कि वह सज्जनों की रक्षा करे तथा दुष्टों का नाश करे।

५३५. आधि-व्याधि, जरा-मरण से रहित मेरी ज्ञानवान् आत्मा

आधि-व्याधि-जरा-मृति-प्रभृतयः,सम्बन्धिनो वर्ष्मणः;
तद्भिन्नस्य ममाऽऽत्मनो भगवतः, किं कर्तुमीशा जडाः।

नानाऽऽकार-विकार-कारिण इमे, साक्षान्नभो-मण्डले;
तिष्ठन्तोऽपि न कुर्वते जलमुचः, तत्र स्वरूपाऽन्तरम्।।२१।।

आधि-व्याधि-जरा-मरणादिक, तन-सम्बन्धी रोग अरे!।
इनसे भिन्न आत्म-भगवन् मैं, ये मेरा क्या कर सकते?।।
नभ-मण्डल में मेघ करें ज्यों, विविध भाँति आकार-विकार।।
किन्तु न कुछ कर सकते नभ का, वह तो सदा रहे अविकार।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! नाना प्रकार के आकारों तथा विकारों को करने वाले मेघ आकाश में रहते हुए भी जिस प्रकार आकाश के स्वरूप का कुछ भी हेर-फेर नहीं करते; उसी प्रकार आधि, व्याधि, जरा, मरण आदि मुझमें कुछ भी नहीं कर सकते क्योंकि ये समस्त शरीर के विकार जड़ हैं तथा मेरी आत्मा ज्ञानवान् और शरीर से भिन्न है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार आकाश अमूर्तिक है, इसलिए रंग-बिरंगे मेघ उस पर कुछ भी प्रभाव नहीं डाल सकते, उसके स्वरूप का परिवर्तन भी नही कर सकते; उसी प्रकार आत्मा ज्ञान-दर्शनमयी अमूर्तिक पदार्थ है; इसलिए इस पर भी आधि, व्याधि, जरा, मरण आदि का कुछ भी अपना प्रभाव नहीं डाल सकते क्योंकि ये मूर्तिक शरीर के धर्म हैं और आत्मा, शरीर से सर्वथा भिन्न है।

५३६. प्रभु के चरण-कमल में अपने मन को लगाने से सुख की प्राप्ति

संसाराऽऽतप-दह्यमान-वपुषा, दुःखं मया स्थीयते;
नित्यं नाथ! यथा स्थलस्थितिमता, मत्स्येन ताम्यन्मनः।
कारुण्याऽमृत-संग-शीतलतरे, त्वत्पाद-पंकेरुहे;
यावद्देव समर्पयामि हृदयं, तावत्परं सौख्यवान्।।२२।।

भवाताप से जलता यह तन, धारण कर मैं दुःखी हुआ।
यथा मत्स्य-जल के बाहर, भू पर रह कर अति दुःखी हुआ।।
करुणामृत के संग से शीतल, हे प्रभु! तेरे चरण-युगल।
उनमें करूँ समर्पण अपना, हृदय करे सुख का अनुभव।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! जिस प्रकार जल से बाहर स्थल में पानी के बिना मछली तड़फती रहती है, उसी प्रकार संसाररूपी सन्ताप से जिसका शरीर जल रहा है ह्न ऐसा मैं सदा दुःखी ही रहता हूँ; किन्तु जब करुणारूपी जल के संग से (कारण) अत्यन्त शीतल आपके चरण-कमलों में मैं अपने मन को लगाता हूँ; तब मैं अत्यन्त सुखी होता हूँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार स्थल में पड़ी हुई मछली, दु:खी होकर तड़फती रहती है, उसी प्रकार मैं नाना प्रकार के दु:खों से भरे हुए इस संसार में सदा सन्तप्त रहता हूँ। जिस प्रकार वही मछली, जब तक जल के भीतर रहती है, तब तक सुखी रहती है; उसी प्रकार जब तक मेरा मन, करुणारूपी रस से अत्यन्त शीतल आपके चरण-कमलों में प्रविष्ट रहता है, तब तक ही मैं सुखी रहता हूँ। इसलिए हे भगवन्! मेरा मन, आपके चरण-कमलों को छोड़ कर, दूसरी जगह न प्रवेश करे और मैं सुखी रहूँ ह्न यही प्रार्थना है।

५३७. मन का बाह्य पदार्थों से सम्बन्ध कर्म-बन्ध का कारण

साऽक्षग्राममिदं मनो भवति यत्, बाह्याऽर्थ-सम्बन्ध-भाक्;
तत्कर्म प्रविजृम्भते पृथगऽहं, तस्मात् सदा सर्वथा।
चैतन्यात्तव तत्तथेति यदि वा, तत्राऽपि तत्कारणं;
शुद्धात्मन्! मम निश्चयात्पुनरिह, त्वय्येव देव! स्थिति:।।२३।।

बाह्य पदार्थों से जुड़ता है, इन्द्रियों से सहित ये मन।
अत: कर्म बँधते हैं मुझमें, किन्तु सदा मैं उनसे भिन्न।।
प्रभो! आप भी चेतनमय हैं, अत: आप कर्मों से भिन्न।
हे शुद्धात्मन! निश्चय से मैं, सदा आप में रहूँ विलीन।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! इन्द्रियों के समूह से सहित मेरा मन, बाह्य पदार्थों से सम्बन्ध करता है; उसी कारण नाना प्रकार के कर्म, मेरी आत्मा के साथ आकर बँधते हैं; किन्तु वास्तविक रीति से मैं उन कर्मों से सर्व काल तथा सर्व क्षेत्र में जुदा ही हूँ। आपके चैतन्य से भी वे कर्म सर्वथा जुदे ही हैं। आपके उस चैतन्य से कर्मों का भेद करने में आप ही कारण हैं। इसलिए हे शुद्धात्म जिनेन्द्र! निश्चय से मेरी स्थिति आप ही में हैं।

भावार्थ ह्न निश्चयनय से देखा जाए तो हे जिनेन्द्र! आप और मैं समान ही हैं क्योंकि निश्चयनय से आपकी आत्मा कर्मबन्ध से रहित है तथा मेरी आत्मा के साथ भी किसी प्रकार से कर्मों का बन्धन नहीं है। इसलिए हे भगवन्! निश्चय से मेरी स्थिति आप ही में है।

५३८. लोक, बाह्य द्रव्य, शरीर-इन्द्रिय-वचन आदि सभी पुद्गल की पर्यायें

किं लोकेन किमाऽऽश्रयेण किमुत, द्रव्येण कायेन किं;
किं वाग्भि: किमुतेन्द्रियै: किमसुभि:, किं तैर्विकल्पैरपि।
सर्वे पुद्गल-पर्यया बत परे, त्वत्त: प्रमत्तो भवन्;
आत्मन्नेभिरभिश्रयस्यति तरा,-मालेन किं बन्धनम्।।२४।।

हे आत्मन् क्या तुम्हें प्रयोजन, लोक पराश्रय या तन से ?।
वाणी-इन्द्रिय-प्राणों से क्या, काम विविध विकल्पों से ?।।
क्योंकि सभी पुद्गल-पर्यायें, तुम तो हो इनसे अति भिन्न।
किन्तु खेद! क्यों हुए प्रमादी, व्यर्थ करो कर्मों का बन्ध ?।।

अर्थ ह्न हे आत्मन्! न तो तुझे इस लोक से काम है और न दूसरे के आश्रय से काम है। न तुझे द्रव्य से प्रयोजन है और न शरीर से प्रयोजन है। वचन और इन्द्रियों से भी तुझे कुछ काम नहीं है, प्राणों से भी तेरा प्रयोजन नहीं है तथा नाना प्रकार के विकल्पों से भी तुझे कुछ काम नहीं है क्योंकि ये समस्त पुद्गलद्रव्य की ही पर्यायें हैं और तुझसे भिन्न हैं। तो भी बड़े खेद की बात है कि तू इनको अपना मान कर, इनका आश्रय करता रहता है; अत: क्या तू दृढ़ बन्धन को प्राप्त नहीं होगा? अवश्य ही होगा।

भावार्थ ह्न हे आत्मन्! तू तो निर्विकार चैतन्यस्वरूप है और समस्त लोक तथा द्रव्य-शरीर-इन्द्रिय-वचन आदि समस्त पदार्थ, पुद्गलद्रव्य की पर्यायें हैं और तुझसे भिन्न हैं ह्न ऐसा होने पर भी यदि तू इनको अपना समझ कर, आश्रय करेगा तो तू अवश्य ही बन्धन को प्राप्त होगा, इसलिए समस्त पर-पदार्थों से ममता छोड़ कर, शुद्धानन्द-चैतन्यस्वरूप आत्मा का ध्यान कर; जिससे तू कर्मों से नहीं बँधेगा।

५३९. धर्म-अधर्म-आकाश-काल आदि सहकारी, परन्तु पुद्गल ही मेरा वैरी

धर्माऽधर्म-नभांसि काल इति मे, नैवाहितं कुर्वते;
चत्वारोऽपि सहायतामुपगता:, तिष्ठन्ति गत्यादिषु।
एक: पुद्गल एव सन्निधिगतो, नोकर्मकर्माऽऽकृति:;
वैरी बन्धकृदेष सम्प्रति मया, भेदाऽसिना खण्डित:।।२५।।

धर्म-अधर्माकाश-काल नहिं, मेरा कोई अहित करें।
ये चारों गति-स्थिति आदि, में सहायता मुझे करें।।
किन्तु कर्म-नोकर्मरूप में, पुद्गल-बैरी पास रहें।
बन्ध करें यह अत: ज्ञान से, मैंने उसके खण्ड किये।।

अर्थ ह्न धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य ह्न ये चार द्रव्य मेरा किसी प्रकार अहित करने वाले नहीं हैं; किन्तु ये चारों द्रव्य गति-स्थिति आदि कार्यों में सहकारी हैं, इसलिए यह मेरे सहायक होकर ही रहते हैं, लेकिन नोकर्म (तीन शरीर, छह पर्याप्ति) तथा कर्म है स्वरूप जिसका ह्न ऐसा समीप में रहने वाला और बन्ध करने वाला एक पुद्गल ही मेरा बैरी है, अत: भेदज्ञानरूपी तलवार से मैंने उस पुद्गल के खण्ड-खण्ड कर दिये हैं।

भावार्थ ह्न धर्म, अधर्म, आकाश, काल तथा पुद्गल - ये पाँच द्रव्य, मुझसे भिन्न हैं; उनमें से धर्म, अधर्म, आकाश, काल - ये चार द्रव्य तो मेरा किसी प्रकार अहित नहीं करते, बल्कि मेरी निमित्त रूप से सहायता ही करते हैं अर्थात् धर्मद्रव्य तो मेरे गमन में सहकारी है, अधर्मद्रव्य, मेरे ठहरने में सहकारी है, आकाशद्रव्य, मुझे अवकाश-दान देता है, इसलिए अवकाश-दान देने में सहकारी है और कालद्रव्य से परिवर्तन होता है, इसलिए परिवर्तन करने में वह भी सहकारी है; लेकिन एक पुद्गलद्रव्य ही मेरा अहित करने वाला है क्योंकि नोकर्म तथा कर्मस्वरूप में परिणत होकर पुद्गलद्रव्य मेरे आत्मा के साथ बन्ध को प्राप्त होता है तथा उसी की कृपा से मुझे नाना प्रकार की गतियों में भ्रमण करना पड़ता है और सत्य मार्ग भी नहीं सूझता है, इसलिए मैंने भेदविज्ञान से उसका खण्डन किया है।

५४०. राग-द्वेषरूप पुद्गल-परिणामों से ही पौद्गलिक कर्म की उत्पत्ति

राग-द्वेष-कृतैर्यथा परिणमेत्, रूपाऽन्तरैः पुद्गलो;
नाऽऽकाशादिचतुष्टयं विरहितं, मूर्त्या तथा प्राणिनाम्।
ताभ्यां कर्म-घनं भवेदऽविरतं, तस्मादियं संसृतिः;
तस्यां दुःख-परम्परेति विदुषा, त्याज्यौ प्रयत्नेन तौ।।२६।।

राग-द्वेषकृत परिणामों से, पुद्गल में परिणमन सदा।
आकाशादि अमूर्तिक में नहिं, कर्मरूप परिणमन कदा।
राग-द्वेष से प्रबल कर्म हों, जिनसे होता है संसार।
इसमें जीव दुःखी रहता है, सुधी करें उनका परिहार।।

अर्थ ह्न जीवों के नाना प्रकार से युक्त राग-द्वेष परिणामों से जिस प्रकार पुद्गलद्रव्य परिणमित होता है; उसी प्रकार धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल ह्न ये चार अमूर्तिक द्रव्य राग-द्वेष को करने वाले परिणामों से परिणमित नहीं होते। उन राग-द्वेष के द्वारा प्रबल कर्मों की उत्पत्ति होती है, उन कर्मों से संसार होता है। संसार में नाना प्रकार के दुःख भोगने पड़ते हैं, इसलिए स्व-कल्याण की अभिलाषा करने वाले सज्जनों को चाहिए कि वे राग-द्वेष को सर्वथा छोड़ दें।

भावार्थ ह्न पुद्गल के अनेक परिणाम होते हैं; उनमें राग-द्वेषरूप पुद्गल-परिणामों से कर्म, आत्मा में आकर सदैव बँधते रहते हैं। कर्मों से आत्मा को संसार में घूमना पड़ता है तथा वहाँ पर नाना प्रकार के दुःख सहने पड़ते हैं। इसलिए भव्य जीवों को ऐसे परम अहित के करने वाले राग-द्वेष का त्याग अवश्य ही करना चाहिए।

५४१. स्त्री-पुत्रादि से राग-द्वेष छोड़ कर, शुद्धात्मा में निवास करने की प्रेरणा

किं बाह्येषु परेषु वस्तुषु मनः, कृत्वा विकल्पान् बहून्;
राग-द्वेष-मयान् मुधैव कुरुषे, दुःखाय कर्माऽशुभम्।
आनन्दाऽमृत-सागरे यदि वसस्याऽऽसाद्य शुद्धात्मनि;
स्फीतं तत्सुखमेकतामुपगतं, त्वं यासि रे निश्चितम्॥२७॥

रे मन! बाह्य पदार्थों में क्यों, राग-द्वेषमय विविध विकल्प।
करता है तू दुःखदायक इन, अशुभरूप कर्मों का बन्ध?।।
आनन्दामृत सागर शुद्धात्मा में यदि तू हो एकाग्र।
रमे उसी में तो निश्चित ही, शिवसुख होगा तुमको प्राप्त।।

अर्थ ह्न हे मन! बाह्य तथा तुझसे भिन्न ह्न स्त्री-पुत्रादि पदार्थ हैं, उनमें राग-द्वेषस्वरूप अनेक विकल्पों को करके तू क्यों व्यर्थ दुःखी होकर अशुभकर्म बाँधता है? यदि तू आनन्दरूपी अमृत के समुद्र में शुद्धात्मा को पाकर, उसमें निवास करेगा तो तू विस्तीर्ण निर्वाणरूपी सुख को अवश्य प्राप्त करेगा, इसलिए तुझे शुद्धात्मा में ही निवास करना चाहिए और उसी का ध्यान तथा मनन करना चाहिए।

५४२. अध्यात्मरूपी तुला पर एक तरफ यह प्राणी, दूसरी तरफ कर्मरूपी वैरी

इत्याऽऽध्याय हृदि स्थिरं जिन भवत्, पादप्रसादात्सतीं;
अध्यात्मैक-तुला-मयं जन इतः, शुद्धयर्थमारोहति।
एवं कर्तुममी च दोषिणमितः, कर्माऽरयो दुर्धराः;
तिष्ठन्ति प्रसभं तदत्र भगवन्, मध्यस्थसाक्षी भवान्॥२८॥

प्रभु चरणों के ही प्रसाद से, इन बातों को मन में धार।
शुद्धि हेतु अध्यात्म तुला पर, करते हैं जन-आरोहण।।
उन्हें दोषयुत करने बैठे, बलपूर्वक यह करमरिपु ।
इसी तुला पर हे भगवन्! तुम, साक्षी बन मध्यस्थ रहे।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपके चरण-कमलों की कृपा से पूर्वोक्त बातों का भलीभाँति मनन कर, जिस समय यह प्राणी, शुद्धि के लिए अध्यात्मरूपी तुला (तराजू) पर चढ़ता है; उस समय उसको दोषी बनाने के लिए कर्मरूपी भयंकर वैरी घुस जाते हैं, इसलिए हे भगवान्! ऐसी दशा में आप ही साक्षी हैं।

भावार्थ ह्न तराजू के दो पलड़े होते हैं; उनमें से अध्यात्मरूपी एक पलड़े पर तो शुद्धि के लिए यह प्राणी चढ़ता है और दूसरे पर उस प्राणी को दोषी बनाने के लिए कर्मरूपी बैरी चढते हैं। हे प्रभु! आप उन दोनों के बीच साक्षी हैं, अत: आपको यथार्थ न्याय करना चाहिए।

५४३. सविकल्प ध्यान, संसार-स्वरूप और निर्विकल्प ध्यान, मोक्ष-स्वरूप

द्वैतं संसृतिरेव निश्चय-वशात्, अद्वैतमेवाऽमृतं;
संक्षेपादुभयत्र जल्पितमिदं, पर्यन्त-काष्ठाऽऽगतम्।
निर्गत्याद्य-पदाच्छनै: शबलितादऽन्यत्समालम्बते;
य: सोऽसंज्ञ इति स्फुटं व्यवहृते:, ब्रह्मादिनामेति च।।२९।।

निश्चय से संसार द्वैत है, अमृतरूप सदा अद्वैत।
बन्ध-मोक्ष के बारे में यह, अन्तिम कथन किया संक्षेप।।
विविध विकल्प स्वरूप द्वैत तज, ले अद्वैत का आलम्बन।
नामों से भी पार हुआ वह, जग देता ब्रह्मादिक नाम।।

अर्थ ह्न वास्तविक रीति से द्वैतरूप सविकल्प ध्यान तो संसारस्वरूप है। अद्वैतरूप निर्विकल्प ध्यान मोक्षस्वरूप है ह्न यह संसार तथा मोक्ष के सम्बन्ध में चरम सीमा को प्राप्त संक्षेप कथन है। जो मनुष्य, इन दोनों में से नाना विकल्प वाले द्वैत पद से हट कर, अद्वैत पद का आलम्बन करता है; वह पुरुष, वास्तविक रीति से नामरहित हो जाता है अथवा उसी पुरुष को व्यवहारनय से ब्रह्मा-विधाता आदि नाम से पुकारते हैं।

भावार्थ ह्न जो पुरुष, सविकल्प ध्यान करने वाला है, वह तो संसार में ही घूमता है तथा जो पुरुष, निर्विकल्प ध्यान का आचरण करता है, वह सिद्ध पद प्राप्त करता है। सिद्धों का निश्चयनय से कोई नाम नहीं होने से वे नामरहित अथवा व्यवहारनय से उन्हीं को ब्रह्मा आदि नाम से पुकारते हैं।

५४४. कलिकाल में मुक्तिदायक चारित्र कठिन, परन्तु प्रभु भक्ति सरल

चारित्रं यदभाणि केवल-दृशा, देव त्वया मुक्तये;
पुंसा तत्खलु मादृशेन विषमे, काले कलौ दुर्धरम्।
भक्तिर्या समभूदिह त्वयि दृढा, पुण्यै: पुरोपार्जितै:;
संसाराऽर्णवतारणे जिन तत:, सैवाऽस्तु पोतो मम।।३०।।

चारित्र को मुक्ति का कारण, कहे आपका केवलज्ञान।
मुझ जैसों के लिए कठिन है, कलि में वह चारित्र महान।।
पूर्व पुण्य से प्रभो! आपके, प्रति दृढ़ भक्ति है मेरी।
भव-समुद्र तरने हेतु है, दृढ़ जहाज भक्ति तेरी।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्रदेव! आपने, केवलज्ञानरूपी दृष्टि से, मुक्ति की प्राप्ति के लिए चारित्र का वर्णन किया है, उस चारित्र को इस भयंकर कलिकाल में मेरे समान मनुष्य, बड़ी कठिनता से धारण कर सकता है; किन्तु पूर्वकाल में सञ्चित पुण्य से आपमें जो मेरी दृढ़ भक्ति है, वही संसाररूपी समुद्र से पार करने में जहाज के समान है अर्थात् वही भक्ति, मुझे संसार-समुद्र से पार कर सकेगी।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! कर्मों का नाश किये बिना मोक्ष प्राप्त नहीं हो सकता और कर्मों का नाश आपके द्वारा वर्णन किये हुए चारित्र (तप) से ही होता है; किन्तु इस पंचम काल में मुझ जैसा मनुष्य, शक्ति के अभाव में उस तप को धारण नहीं कर सकता। इसलिए हे भगवन्! यही प्रार्थना है कि भाग्य-उदय से जो मेरी आपमें दृढ़ भक्ति है, उसी से मेरे कर्म नष्ट हों और मुझे मोक्ष की प्राप्ति हो।

५४५. संसार में सभी पदवियाँ सुलभ, परन्तु रत्नत्रय-पदवी दुर्लभ

इन्द्रत्वं च निगोदतां च बहुधा, मध्ये तथा योनय:;
संसारे भ्रमता चिरं यदऽखिला:, प्राप्ता मयाऽनन्तश:।
तन्नापूर्वमिहास्ति किंचिदपि मे, हित्वा विमुक्ति-प्रदां;
सम्यग्दर्शन-बोध-वृत्तिपदवीं, तां देव पूर्णां कुरु।।३१।।

प्रभु निगोद से इन्द्रपना तक, मध्यवर्ति सारी पर्याय।
प्राप्त हुई संसार-भ्रमण, करते-करते मुझको चिर काल।।
सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित के, सिवा न कोई मुझे अपूर्व।
मुक्ति-प्रदायी है यह पदवी, प्रभो! कीजिए इसको पूर्ण।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! इस संसार में भ्रमणपूर्वक मैंने इन्द्रपना निगोदपना तथा अन्य भी समस्त प्रकार की योनियाँ अनन्त बार प्राप्त की हैं; इसलिए इन पदवियों में से कोई भी पदवी मेरे लिए अपूर्व नहीं है; किन्तु मोक्ष को देने वाली सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी पदवी अभी तक नहीं मिली है; इसलिए हे भगवन्! यह प्रार्थना है कि सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की पदवी को ही पूर्ण करो अर्थात् वह मुझे प्राप्त होवे।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में बहुत-सी इन्द्र, चक्रवर्ती आदि पदवियाँ हैं। वे समस्त पदवियाँ मैंने प्राप्त भी कर ली हैं; किन्तु हे भगवन्! जो पदवी, सर्वोकृष्ट मोक्षरूपी सुख को देने वाली है ह्न ऐसी सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की पदवी, अभी तक मैंने प्राप्त नहीं की है। इसलिए विनयपूर्वक यह प्रार्थना है कि मुझे सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की पदवी को पूर्णतया प्रदान करें।

५४६. सिद्धपद के उपदेश के सामने तीन लोक का साम्राज्य भी अप्रिय

श्रीवीरेण मम प्रसन्न-मनसा, तत्किंचिदुच्चैः पद-;
प्राप्त्यर्थं परमोपदेश-वचनं, चित्ते समारोपितम्।
येनास्तामिदमेक-भूतल-गतं, राज्यं क्षणध्वंसि यत्;
त्रैलोक्यस्य च तन्न मे प्रियमिह, श्रीमज्जिनेश प्रभो!।।३२।।

वीरनाथ ने मुझे दिया है, प्रसन्न मन से जो उपदेश।
ऊँचे पद की प्राप्ति हेतु, मेरे मन में रोपा सन्देश।।
तत्प्रभाव से पृथ्वीतल के, क्षणभंगुर सुख की क्या बात?।
हे जिनेन्द्र प्रभु! मुझे न प्रिय है, तीन लोक का भी साम्राज्य।।

अर्थ ह्न बाह्य तथा अभ्यन्तर लक्ष्मी से शोभित श्री वीर भगवान ने प्रसन्न-चित्त से सबसे ऊँचे सिद्धपद की प्राप्ति के लिए मेरे चित्त को जो उपदेश दिया है; उस उपदेश के सामने तीन लोक का राज्य भी मुझे प्रिय नहीं है तो क्षणभर में विनाशीक ह्न ऐसा पृथ्वी का राज्य तो कैसे प्रिय होगा? अर्थात् नहीं होगा।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में पृथ्वी का राज्य तथा तीन लोक का राज्य मिलना भी एक उत्तम बात है, किन्तु प्रसन्न-चित्त से श्री वीर भगवान से प्राप्त उपदेश के सामने वे दोनों ही बातें मुझे इष्ट नहीं हैं; इसलिए मैं ऐसे उपदेश का ही प्रेमी हूँ।

५४७. उपसंहार में इस आलोचना अधिकार के त्रिकाल पाठ का उपदेश

सूरैः पंकज-नन्दिनः कृतिमिमामाऽऽलोचनामर्हतां;
अग्रे यःपठति त्रि-सन्ध्यममल,-श्रद्धा-नताऽङ्गो नरः।
योगीन्द्रैश्चिर-काल-रूढ-तपसा, यत्नेन यन्मृग्यते;
तत्प्राप्नोति परं पदं स मतिमानाऽऽनन्दसद्म ध्रुवम्।।३३।।

पद्मनन्दि आचार्य सुविरचित, यह कृति 'आलोचना' सुनाम।
जो अर्हन्त समक्ष पढ़े, श्रद्धा से नम्रीभूत त्रिकाल।।
वह मतिमान् अवश्य प्राप्त करता है पद आनन्द सुधाम।
योगीश्वर तप कर प्रयत्न से, जिसे खोजते हैं चिरकाल।।

अर्थ ह्न श्रद्धा से जिनका शरीर नम्र है ह्न ऐसे मनुष्य, श्री पद्मनन्दि आचार्य द्वारा रचित 'आलोचना' नाम की कृति को तीनों काल श्री अर्हन्तदेव के सामने पढ़ते हैं; जिससे वे बुद्धिमान मनुष्य, शीघ्र ही मोक्षपद को प्राप्त करते हैं। जिस पद को चिरकाल पर्यन्त तप कर अथवा बड़े-बड़े घोर प्रयत्न करने पर भी जीव शीघ्रता से प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, प्रात:काल, मध्याह्नकाल तथा सायंकाल ह्न ऐसे तीनों काल में श्री अर्हन्तदेव के सामने आलोचना का पाठ पढ़ता है, वह शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त होता है, इसलिए मोक्षाभिलाषियों को अवश्य ही श्री अर्हन्तदेव के सामने पद्मनन्दि आचार्य द्वारा विरचित 'आलोचना' नामक कृति का तीनों काल पाठ अवश्य करना चाहिए।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'आलोचना'** नामक **'नववाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

दान देने से लक्ष्मी बढ़ती है, घटती नहीं

पुण्यक्षयात्क्षयमुपैति न दीयमाना,
लक्ष्मीरतः कुरुत सन्ततपात्रदानम्।
कूपे न पश्यत जलं गृहिणः समन्तात्-
आकृष्यमाणमपि वर्धत एव नित्यम्।।

अर्थ ह्न हे गृहस्थों! कुएँ में सदा चारों तरफ से जल निकलते रहता है, फिर भी वह निरन्तर बढता ही रहता है, घटता नहीं है; उसी प्रकार संयमी पात्रों के दान में व्यय की हुई लक्ष्मी, सदा बढ़ती ही जाती है, घटती नहीं, अपितु पुण्य के क्षय होने पर ही घटती है। इसलिए मनुष्य को सदा संयमी पात्रों को दान अवश्य देना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, दानोपदेश अधिकार, श्लोक ३८

अधिकार – १०

सद्बोध–चन्द्रोदय

५४८. मङ्गलाचरण में आत्मतत्त्व का वचनातीतपना एवं जयवन्तपना

शार्दूलविक्रीडित

यज्ज्ञानन्नपि बुद्धिमानपि गुरुः, शक्तो न वक्तुं गिरा;
प्रोक्तं चेन्न तथापि चेतसि नृणां, सम्माति चाकाशवत्।
यत्र स्वानुभव-स्थितेऽपि विरला, लक्ष्यं लभन्ते चिरात्;
तन्मोक्षैक-निबन्धनं विजयते, चित्तत्त्वमत्यद्भुतम्।।१।।

वीर छन्द

जिसे जान कर भी न कह सके, बृहस्पति जैसे मतिमान।
कहें यदि तो भी जन–मन में, आ न सके आकाश समान।।
स्वानुभूति करके ही विरले, मुक्ति प्राप्त करते चिरकाल।
अद्भुत आत्मतत्त्व जयवन्तो, यही मुक्ति का कारण जान।।

अर्थ ह्न मोक्षरूपी सुख को देने वाले आत्मतत्त्व को भलीभाँति जानता हुआ बुद्धिमान बृहस्पति भी अपनी वाणी से उस तत्त्व का कुछ भी वर्णन नहीं कर सकता है। यदि किसी प्रकार वर्णन करें तो भी आकाश के समान अत्यन्त विस्तीर्ण होने के कारण मनुष्यों के हृदय में उसको समाविष्ट नहीं कर सकते। स्वानुभव में स्थित होकर विरले ही प्राणी, जिस आत्मतत्त्व का लक्ष्य करते हैं ह्न ऐसा वह अत्यन्त आश्चर्ययुक्त आत्मतत्त्व इस लोक में जयवन्त है।

भावार्थ ह्न इस आत्मतत्त्व का वर्णन इतना विशद है कि साधारण पण्डितों की तो क्या बात? साक्षात् बृहस्पति भी इसका वर्णन नहीं कर सकते। वह आकाश के समान इतना विस्तीर्ण है कि वह किसी के हृदय में प्रविष्ट नहीं हो सकता अर्थात् जिस प्रकार आकाश इतना अधिक लम्बा–चौड़ा है कि वह किसी जगह पर समा नहीं सकता, उसी प्रकार यह आत्मतत्त्व भी इतना विस्तृत है कि साधारण रीति से मनुष्य इसे समझ नहीं सकते। अनेक प्रकार के

प्रयत्न करने पर भी विरले ही मनुष्य, इस आत्मतत्त्व को लक्ष्य में ला सकते हैं ह्न ऐसा मोक्ष आदि समस्त उत्तम सुखों को देने वाला आत्मतत्त्व इस लोक में सदा जयवन्त है।

५४९. आत्मतत्त्व का अनेकान्तस्वरूप एवं उसकी गहनता

नित्याऽनित्यतया महत्तनुतया,ऽनेकैक-रूपत्ववत्;
चित्तत्त्वं सदसत्तया च गहनं, पूर्णं च शून्यं च यत्।
तज्जीयादखिलश्रुताश्रय-शुचि,-ज्ञान-प्रभा-भासुरो;
यस्मिन् वस्तु-विचारमार्गचतुरो, यः सोऽपि सम्मुह्यति।।२।।

चेतनतत्त्व अनित्य-नित्य, गुरु-लघु है एक-अनेकस्वरूप।
यह सत्-असत् स्वरूप तथा है, पूर्ण-शून्य अति गहनस्वरूप।।
श्रुताभ्यास से ज्ञान ज्योतिमय, वस्तु-विचार-प्रवीण सुजान।
नर भी शंकित हो जाते हैं, जयवन्तो वह तत्त्व महान।।

अर्थ ह्न जो चैतन्यरूपी आत्मतत्त्व, नित्य-अनित्य, गुरु-लघु, एक-अनेकरूप तथा सत्-असत्रूपपने से अत्यन्त गहन है। जो पूर्ण तथा शून्य भी है ह्न ऐसा यह आत्मतत्त्व, इस लोक में सदा जयवन्त है। जिस आत्मतत्त्व के सम्बन्ध में, समस्त शास्त्रों के अभ्यास से पायी हुई ज्ञान की प्रभा से दैदीप्यमान तथा वास्तविक पदार्थों का विचार करने में चतुर मनुष्य भी मुग्ध हो जाता है अर्थात् उसको भी इस चैतन्यतत्त्व का पता नहीं लग पाता।

भावार्थ ह्न जो चैतन्यरूपी तत्त्व, द्रव्य की अपेक्षा नित्य है तथा पर्याय की अपेक्षा अनित्य है, जो संसारावस्था में कर्मों के भार से भारी होने पर भी कर्मरहित अवस्था में हलका है, जो द्रव्य की अपेक्षा एकरूप है तथा पर्याय की अपेक्षा अनेकरूप है, जो स्व-चतुष्टय की अपेक्षा सत्स्वरूप है तथा पर-चतुष्टय की अपेक्षा असत्स्वरूप है; जो चैतन्यरूपी तत्त्व, स्वद्रव्यादि चतुष्टय की अपेक्षा पूर्ण है तथा परद्रव्यादि चतुष्टय की अपेक्षा शून्य है ह्न ऐसा यह अत्यन्त गहन आत्मतत्त्व, इस लोक में सदा जयवन्त है। समस्त शास्त्रों के अभ्यास से जिन महापुरुषों ने ज्ञानरूपी प्रभा को पाकर, अपनी आत्मा को दैदीप्यमान बनाया है और वास्तविक पदार्थों के विचार करने में जिनकी बुद्धि अत्यन्त प्रवीण है ह्न ऐसे महापुरुष भी उस आत्मतत्त्व की खोज नहीं कर सकते अर्थात् वास्तविक रीति से उनको भी आत्मतत्त्व का पता नहीं लग पाता।

५५०. आत्मारूपी हंस और मोक्षरूपी हंसिनी

सर्वस्मिन्नणिमादि-पंकज-वने, रम्येऽपि हित्वा रतिं;
यो दृष्टिं शुचि-मुक्ति-हंस-वनितां, प्रत्यादराद्दत्तवान्।

चेतो-वृत्ति-निरोध-लब्ध-परम,-ब्रह्म-प्रमोदाऽम्बुभृत्;
सम्यक्-साम्य-सरोवर-स्थितिजुषे, हंसाय तस्मै नमः।।३।।

अणिमादिक सब ऋद्धि विभूषित, सुन्दर पंकजवन से प्रीति।
तज कर निर्मल मुक्ति-हंसिनी, में जिसकी आदरमय दृष्टि।।
चित्तवृत्ति का कर निरोध, पाया जो परम ब्रह्म आनन्द।
जल से भरे सरोवर में, जो रमे हंस उसको वन्दन।।

अर्थ ह्न जो हंस अर्थात् आत्मा, अत्यन्त मनोहर अणिमा आदि महिमा वाले कमल-वन से अपनी प्रीति को हटा कर, अत्यन्त पवित्र मोक्षरूपी हंसिनी में अपनी दृष्टि को लगाता है; वह अपनी चित्तवृत्ति को रोक कर, परब्रह्म के आनन्द से युक्त उत्तम जल से पूर्ण, अत्यन्त मनोहर समतारूपी सरोवर में स्थित है, उस हंस के लिए हमारा नमस्कार है।

भावार्थ ह्न 'हंस' का अर्थ आत्मा भी है तथा हंस नामक पक्षी भी है। जिस प्रकार हंस, अत्यन्त मनोहर कमल-वन को छोड़ कर, अत्यन्त शुभ्र हंसिनी में दृष्टि लगा कर, उत्तम जल से भरे हुए उत्तम सरोवर में प्रीतिपूर्वक निवास करता है; उसी प्रकार जो आत्मा, अणिमा-महिमा आदि ऋद्धियों की कुछ भी इच्छा न कर तथा अति आदर से मोक्ष में दृष्टि लगा कर, समता में लीन होता है; उस आत्मा के लिए नमस्कार है।

५५१. चैतन्यरूपी तेज की प्रगटता एवं कल्याणमयता

रथोद्धता

सर्व-भाव-विलये विभाति यत्,
सत्समाधि-भर-निर्भरात्मनः।
चित्स्वरूपमभितः प्रकाशकं,
शर्म-धाम नमताऽद्भुतं महः।।४।।

सर्व विभाव-विलीन समाधि-स्वरूप महामुनि को प्रत्यक्ष।
पूर्ण प्रकाश स्वरूप तेज यह, अद्भुत चिन्मय को वन्दन।।

अर्थ ह्न चारों तरफ से प्रकाशरूप, नाना प्रकार के कल्याणों को देने वाला आश्चर्यकारी चैतन्य तेज, 'समीचीन समाधि से जिनकी आत्मा व्याप्त है' ह्न ऐसे महामुनियों के समस्त राग-द्वेषादि विभावों का नाश होने पर प्रगट होता है, उस चैतन्यरूपी तेज को नमस्कार है।

भावार्थ ह्न यदि सामान्यतः देखा जाए तो जीव मात्र में चैतन्यरूपी तेज मौजूद है; वही चैतन्यरूपी तेज, समस्त रागादि भावों के नाश होने पर प्रगट होता है, वह सर्वत्र प्रकाशरूप तथा समस्त प्रकार के कल्याणों को देने वाला है, उस चैतन्यरूपी तेज के लिए नमस्कार है।

५५२. चैतन्यरूपी तेज, स्वयं प्रकाशस्वरूप एवं प्रकाश का कारण

विश्ववस्तु-विधृतिक्षमं लसत्,
जालमन्त-परिवर्जितं गिराम्।
अस्तमेत्यऽखिलमेकहेलया,
यत्र तज्जयति चिन्मयं महः।।५।।

सकल पदार्थ प्रकाशक शाश्वत, स्वयं प्रकाश-स्वरूप अहो!।
वचन-अगोचर अविनाशी, चैतन्य तेज जयवन्त रहो।।

अर्थ ह्न जो चैतन्यरूपी तेज, समस्त पदार्थों का प्रकाश करने वाला है, स्वयं प्रकाशरूप है, अन्त से रहित है तथा यदि समस्त वाणी युगपत् मिल भी जाए तो उसका वर्णन करने में असमर्थ है अर्थात् जो वाणी के अगोचर है ह्न ऐसा वह चैतन्यरूपी तेज, इस लोक में सदा जयवन्त है।

५५३. चैतन्यरूपी तेज, मन से अगोचर तथा वचनातीत

नो विकल्प-रहितं चिदात्मकं,
वस्तु जातु मनसोऽपि गोचरम्।
कर्मजाऽऽश्रितविकल्परूपिणः,
का कथा तु वपुषो जडात्मनः।।६।।

निर्विकल्प चैतन्य तेज, मन से भी ज्ञात न हो सकता।
कैसे कर्मज जड़-विकल्प अरु, इन्द्रिय-गोचर हो सकता।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार के विकल्पों से रहित चैतन्यरूपी तेज, जब किसी भी प्रकार मन के द्वारा भी गोचर नहीं हो सकता; तब वह तेज, कर्मों से पैदा हुए नाना विकल्पात्मक तथा जड़स्वरूप शरीर के द्वारा गोचर कैसे हो सकता है? अर्थात् कदापि नहीं हो सकता।

५५४. चैतन्यरूपी तेज स्वानुभव से गोचर

चेतसो न वचसोऽपि गोचरः,
तर्हि नास्ति भविता खपुष्पवत्।
शंकनीयमिदमऽत्र नो यतः,
स्वानुभूतिविषयस्ततोऽस्ति तत्।।७।।

मन-वचनों से गम्य नहीं तो, चेतन है नभ-पुष्प समान।
ऐसी शंका करो नहीं वह, स्वानुभूति-गोचर सत् जान।।

अर्थ ह्न यदि कोई मनुष्य, इस बात की शंका करे कि चैतन्यरूपी तेज न मन गोचर है और न वचन गोचर है, इसलिए आकाश के फूल के समान उसका नास्तित्व ही जाएगा तो आचार्य समाधान देते हैं कि ऐसी शंका कदापि नहीं करना चाहिए क्योंकि वह चैतन्यरूपी तेज (तत्त्व) स्वानुभव से जाना जाता है, इसलिए नास्तित्व न होकर उसका अस्तित्व ही जानो।

भावार्थ ह्न आकाश का फूल न तो विचारने में ही आ सकता है और न उसको देख तथा सुन ही सकते हैं, उसे वचनों से भी नहीं कह सकते हैं, इसलिए जिस प्रकार उसकी अस्ति नहीं कही जा सकती; उसी प्रकार आत्मतत्त्व की भी अस्ति नहीं बन सकती क्योंकि यह भी न मन-गोचर है और न वचन-गोचर है। इस प्रकार की यदि कोई शंका करे तो ग्रन्थकार कहते हैं कि उसकी यह शंका सर्वथा अयुक्त है क्योंकि वह चैतन्यतत्त्व, मन तथा वचन के गोचर न होने पर भी स्वानुभव-गोचर है; इसलिए आकाश-फूल के समान उसकी नास्ति नहीं, अपितु अस्ति ही कहना चाहिए।

५५५. मन का डर ह्न परमात्मा में स्थित होने पर उसका मरण

नूनमत्र परमात्मनि स्थितं,
स्वान्तमन्तमुपयाति तद्बहिः।
तं विहाय सततं भ्रमत्यदः,
को बिभेति मरणान्न भूतले।।८।।

परमात्मा में थिर होने से, मन विनष्ट है हो जाता।
अतः भ्रमे नित बाहर ही मन, कौन न मरने से डरता?।।

अर्थ ह्न जिस समय मन, परमात्मा में स्थित होता है, उस समय उस मन का नाश (मरण) हो जाता है; इसलिए यह मन, परमात्मा को छोड़ कर, यहाँ-वहाँ बाहर भ्रमण करता रहता है क्योंकि पृथ्वीतल में मरण से कौन नहीं डरता है? अर्थात् सब ही डरते हैं।

भावार्थ ह्न जब तक इस आत्मा के साथ मन का सम्बन्ध रहता है, तब तक वह मन भी बाह्य पदार्थों में घूमता रहता है और आत्मा की परिणति भी बाह्य पदार्थों में ही लगी रहती है; किन्तु जिस समय यह आत्मा, परमात्मा में स्थित हो जाता है, उस समय इस मन का सर्वथा नाश हो जाता है, उस समय इसकी बाह्य पदार्थों में परिणति नहीं लगती। इसलिए यह

मन, परमात्मा में स्थित न होकर बाह्य पदार्थों में ही घूमता रहता है क्योंकि पृथ्वीतल में जब सब मरण से डरते हैं तो अपने मरण का भय, मन को भी पूरा-पूरा रहता ही है।

५५६. चैतन्यस्वरूप वस्तु को अन्यत्र खोजना व्यर्थ

तत्त्वमात्म-गतमेव निश्चितं,
योऽन्यदेशनिहितं समीक्षते।
वस्तु मुष्टिविधृतं प्रयत्नतः,
कानने मृगयते स मूढधीः।।९।।

तत्त्व आत्मा में ही बसता, बसे न किञ्चित् बाहर में।
जो बाहर देखे वह खोजे, वस्तु हस्तगत को वन में।।

अर्थ ह्न निश्चयनय से यह चैतन्यस्वरूपी तत्त्व, आत्मा ही है, वह आत्मा से भिन्न किसी भी स्थान में नहीं है; किन्तु जो मनुष्य, 'आत्मा से भिन्न किसी दूसरे स्थान में चैतन्यरूपी तत्त्व रहता है' ह्न ऐसा जानते हैं; वे मूढ़बुद्धि मनुष्य, मुट्ठी में रखी हुई वस्तु को वन में जाकर ढूँढ़ने के समान कार्य करते हैं।

भावार्थ ह्न मुट्ठी में ही रखी हुई वस्तु को वन में जाकर ढूँढ़ना, जिस प्रकार व्यर्थ है; उसी प्रकार अपने से भिन्न स्थान में चैतन्य को मानना तथा देखना वृथा है। इसलिए चैतन्यतत्त्व की खोज करने वाले उत्तम पुरुषों को चैतन्यतत्त्व अपने में ही समझना चाहिए, अपने से भिन्न स्थान में नहीं।

५५७. आत्मा में आसक्त मनुष्य ही उत्कृष्ट ध्यान का पात्र

तत्परः परम-योग-सम्पदां,
पात्रमत्र न पुनर्बहिर्गतः।
नाऽपरेण चलितः यथेप्सितः,
स्थानलाभविभवो विभाव्यते।।१०।।

आत्म-निष्ठ ही परम योग का, पात्र किन्तु पर-निष्ठ नहीं।
अन्य मार्ग से चलने वाला, मंजिल पाता कभी नहीं।।

अर्थ ह्न यदि कोई मनुष्य, यथार्थ मार्ग को छोड़ कर, दूसरे मार्ग से चले तो उसे अभीष्ट स्थान का लाभ कदापि नहीं हो सकता, किन्तु यदि वह यथार्थ मार्ग पर चले तो अपने अभीष्ट स्थान पर पहुँच सकता है; उसी प्रकार जो पुरुष, आत्मा में आसक्त हैं, वे ही उत्कृष्ट ध्यान के

पात्र हैं तथा जो मनुष्य, आत्मा में आसक्त नहीं हैं, बाह्य पदार्थों में ही आसक्त हैं, वे उत्कृष्ट ध्यान के पात्र कदापि नहीं हैं और न ही हो सकते हैं। इसलिए उत्कृष्ट ध्यान के प्रेमी उत्तम पुरुषों को आत्मा में अवश्य आसक्त रहना चाहिए।

५५८. चैतन्यतत्त्व में लक्ष्य नहीं देने वाले तपस्वी, जड़-अज्ञानी-नट के समान

साधु लक्ष्यमनवाप्य चिन्मये,
यत्र सुष्ठु गहने तपस्विनः।
अप्रतीति-भुवमाश्रिता जडा,
भान्ति नाट्य-गतपात्रसन्निभाः।।११।।

अतिशय गहन निजात्म तत्त्व का, जो न तपस्वी धरते ध्यान।
अज्ञानी जड़ रहें सदा वे, शोभित नाटक-पात्र समान।।

अर्थ ह्न जो तपस्वी, अत्यन्त गहन ऐसे चैतन्यरूपी तत्त्व का भलीभाँति लक्ष्य न देकर अज्ञानमयी भूमि के आश्रित हैं अर्थात् अज्ञानी बन रहे हैं, वे तपस्वी जड़ हैं और नाटक के पात्र समान शोभित होते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार नाटक का पात्र, कभी राजा, कभी मन्त्री, कभी स्त्री आदि नाना प्रकार के वेषों को धारण करता है, किन्तु वह वास्तविक राजा-मन्त्री-स्त्री आदि नहीं कहा जा सकता है; उसी प्रकार तपस्वी-वेष धारण कर, जो तपस्वी चैतन्यरूपी तत्त्व की ओर अपना लक्ष्य नहीं देते, वे तपस्वी कहलाने योग्य नहीं हैं, वे जड़ हैं; इसलिए तपस्वियों को चैतन्यरूपी तत्त्व पर अवश्य ही लक्ष्य देना चाहिए।

५५९. अन्धे व्यक्ति द्वारा हाथी को स्पर्श करके जानना व्यर्थ

भूरिधर्म-युतमप्यबुद्धिमान्,
अन्धहस्ति-विधिनाऽवबुध्य यत्।
भ्राम्यति प्रचुरजन्मसंकटे,
पातु वः तदतिशायि चिन्महः।।१२।।

धर्म-अनन्तमयी चेतन को, जाने अन्ध-हस्ति विधि से।
अतः चतुर्गति भ्रमण करे तो सबकी रक्षा तेज करे।।

अर्थ ह्न अज्ञानी पुरुष, अन्ध-हस्ति-न्याय के समान अनेक धर्मों से सहित चैतन्य तत्त्व को जान कर भी अनेक जन्म-संकटों में भ्रमण करता है ह्न ऐसा वह अत्यन्त अतिशय का भण्डार चैतन्यरूपी तेज हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार आँखों के न होने के कारण अन्धा व्यक्ति, हाथी के समस्त स्वरूप को नहीं देख सकता, इसलिए हाथी के समस्त स्वरूप को अज्ञानी अन्धे व्यक्ति द्वारा बतलाया जाना प्रमाणभूत नहीं माना जाता; उसी प्रकार अज्ञानी द्वारा जाना हुआ अनेकान्तात्मक चैतन्य तेज, प्रमाणभूत नहीं माना जा सकता। अतएव अज्ञानी, चैतन्यस्वरूप को जानता हुआ भी संसार में ही भ्रमण करता रहता है, इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि ऐसा अतिशयशाली चैतन्यरूपी तेज सदा आपकी रक्षा करे।

५६०. अहो आश्चर्य! आत्मा कर्मबन्धन से सहित होने पर भी उससे रहित

कर्मबन्ध-कलितोऽप्यबन्धनो,
रागद्वेष-मलिनोऽपि निर्मलः।
देहवानपि च देहवर्जितः,
चित्रमेतदखिलं चिदात्मनः।।१३।।

बँधा कर्म से किन्तु अबन्धक, राग-द्वेषयुत पर निर्मल।
देही है पर देह रहित यह, आत्म-स्वरूप अहो! आश्चर्य।।

अर्थ ह्न आत्मा कर्म-बन्धन से सहित होकर भी कर्म-बन्धन से रहित है; राग-द्वेष से मलिन होने पर भी निर्मल है और देहसहित होने पर भी देहरहित है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि आत्मा का स्वरूप आश्चर्यकारी है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में विरोधाभास अलंकार है। यहाँ आचार्य विरोध को दिखाते हैं कि जो कर्म बन्धन से सहित है, वह कर्म बन्धन से रहित कैसे हो सकता है? और जो समल है, वह निर्मल कैसे हो सकता है? और जो देहसहित है, वह देहरहित कैसे हो सकता है?

अब इसी विरोध का परिहार करते हैं ह्न यद्यपि अशुद्धनिश्चयनय से आत्मा, कर्म-बन्ध से सहित है, तथापि शुद्धनिश्चयनय से वही आत्मा, कर्म-बन्ध से रहित है; अशुद्धनिश्चयनय से राग-द्वेष से मलिन है तो भी शुद्धनिश्चयनय से वह निर्मल है तथा इसी प्रकार आत्मा, व्यवहारनय से शरीरसहित है तो भी निश्चयनय से उसका कोई शरीर नहीं है।

सारार्थ ह्न किसी अपेक्षा से आत्मा कर्म-बन्ध से सहित है तथा किसी अपेक्षा कर्म-बन्ध से रहित है। किसी अपेक्षा राग-द्वेष से मलिन है तथा किसी अपेक्षा निर्मल है। किसी अपेक्षा आत्मा शरीरसहित है तथा किसी अपेक्षा शरीररहित है। इस प्रकार आत्मा, अनेकधर्मात्मक (अनेकान्त स्वरूप) ही है, एकधर्मात्मक (एकात्मस्वरूप) नहीं ह्न ऐसा विश्वास रखना चाहिए।

५६१. अनेकान्त ह्न सर्व विरोध का नाशक

निर्विनाशमपि नाशमाश्रितं,
शून्यमप्यतिशयेन सम्भृतम्।
एकमेव गतमप्यनेकतां,
तत्त्वमीदृगपि नो विरुध्यते।।१४।।

अविनाशी पर नाशवान है, शून्य किन्तु सम्पूर्ण अहो!।
एकरूप फिर भी अनेक है, किञ्चित् नहीं विरोध कहो।।

अर्थ ह्न जो अनेकान्तात्मक तत्त्व, नाशरहित होने पर भी नाशसहित है, शून्य होने पर भी सम्पूर्ण है (भरा हुआ है) तथा एक होने पर भी अनेक है ह्न ऐसा होने पर भी उसमें किसी प्रकार का विरोध नहीं है।

भावार्थ ह्न समस्त पदार्थों की सिद्धि, किसी न किसी अपेक्षा से ही होती है। यदि पदार्थों की सिद्धि में अपेक्षा न मानी जाए अर्थात् यदि उनकी सिद्धि, एकान्त रीति से ही की जाए तो उनकी निर्दोष सिद्धि कदापि नहीं हो सकती। इसलिए अनेकान्तात्मक तत्त्व में किसी प्रकार का दोष आकर उपस्थित नहीं होता क्योंकि अपेक्षा से ही अनेकान्तात्मक तत्त्व की स्थिति सिद्ध होती है। जैसे, द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा से तत्त्व नाशरहित है और पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा से तत्त्वों का नाश होता है। परद्रव्यादिचतुष्टय की अपेक्षा तत्त्व शून्य भी है तथा स्वद्रव्यादिचतुष्टय की अपेक्षा तत्त्व शून्यतारहित है। शुद्धनिश्चयनय की अपेक्षा एक भी है तथा व्यवहारनय की अपेक्षा अनेक भी है। इस रीति से अस्तित्व-नास्तित्वादि अनेक धर्म, तत्त्व में विद्यमान हैं, वे सब अपेक्षा से माने गये हैं, इसलिए उसमें किसी प्रकार का विरोध भी नहीं है ह्न ऐसा निश्चय से समझना चाहिए।

५६२. आत्मस्वरूप की प्राप्ति का उपाय

विस्मृताऽर्थपरिमार्गणं यथा,
यस्तथा सहजचेतनाऽऽश्रितः।
स क्रमेण परमेकतां गतः,
स्वस्वरूपपदमाश्रयेद् ध्रुवम्।।१५।।

मूर्च्छित व्यक्ति होश में आकर, ज्यों भूली वस्तु खोजे।
निजस्वभाव आश्रय ले भविजन, क्रम से निश्चित मुक्ति लहें।।

अर्थ ह्न मूर्च्छित मनुष्य, जिस प्रकार सावधान होकर अपनी भूली हुई चीज को ढूँढ़ता है; पश्चात् शान्त होकर अपने स्वरूप में स्थित होता है; उसी प्रकार जो मनुष्य, अनादिकाल से भूले हुए अपने स्वाभाविक चैतन्य का आश्रय कर, क्रम से साम्यभाव को धारण करता है, वह मनुष्य, निश्चय से आत्मस्वरूप का आश्रय करता हुआ, आत्मस्वरूप की प्राप्ति करता है।

५६३. समस्त उपाधि का नाश होने पर आत्मस्वरूप की प्राप्ति

यद्यदेव मनसि स्थितं भवेत्,
तत्तदेव सहसा परित्यजेत्।
इत्युपाधि-परिहारपूर्णता,
सा यदा भवति तत्पदं तदा।।१६।।

मन में जो विकल्प होते हैं, उनको तुम तत्काल तजो।
जब सम्पूर्ण उपाधि विलय हों, तभी मुक्ति-पद प्राप्ति अहो!।।

अर्थ ह्न जो-जो बात, मन में होवे (अर्थात् जिस-जिस बात की मन में इच्छा होवे), उस-उस बात को तत्काल छोड़ देवें। इस प्रकार जब समस्त उपाधि का नाश हो जाता है, तब आत्मस्वरूप की प्राप्ति हो जाती है।

भावार्थ ह्न ज्ञान-दर्शन की परिपूर्णता ही आत्मा का स्वरूप है। जिस समय अखण्ड ज्ञान-दर्शन की प्राप्ति होती है, उसे ही स्व-स्वरूप की प्राप्ति कहते हैं। जब तक कर्मजनित राग-द्वेष अथवा इच्छा आदि उपाधियों का सम्बन्ध, इस आत्मा के साथ रहता है, तब तक आत्मस्वरूप की प्राप्ति नहीं होती। इसलिए स्व-स्वरूप की प्राप्ति के इच्छुक भव्य जीवों को चाहिए कि वे जिस समय चित्त में इच्छा आदि उपाधि उत्पन्न हो, उसी समय उनका त्याग कर, आत्मस्वरूप की प्राप्ति करें।

५६४. आत्मा का उत्कृष्ट तेज, संसाररूपी वन के लिए भयंकर अग्नि के समान

संहृतेषु खमनाऽनिलेषु यद्,
भाति तत्त्वममलात्मनः परम्।
तद्गतं परमनिस्तरङ्गतां,
अग्निरुग्र इह जन्मकानने।।१७।।

मन-इन्द्रिय-श्वासोच्छ्वास, रुकने से प्रगटेआत्मस्वरूप।
निश्चल आत्मतत्त्व शोभित यह, भववन को है अग्निस्वरूप।।

अर्थ ह्न पाँचों इन्द्रिय, मन और श्वासोच्छ्वास के संकुचित होने पर, आत्मा का निर्मल तथा उत्कृष्ट स्वरूप उदित होकर शोभित होता है ह्न ऐसा वह अत्यन्त निश्चल आत्मतत्त्व, संसाररूपी वन के लिए भयंकर अग्नि के समान है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार वन में लगी हुई अग्नि, समस्त वन को भस्म कर देती है, उसी प्रकार परमात्मतत्त्व भी समस्त संसार का नाश करने वाला है अर्थात् परमात्मतत्त्व के प्राप्त होने पर संसार का सर्वथा नाश हो जाता है।

५६५. निर्विकल्प पदवी का आश्रय करने वाला संयमी ही मोक्ष पद के योग्य

मुक्त इत्यपि न कार्यमंजसा,
कर्मजाल-कलितोऽहमित्यपि।
निर्विकल्प-पदवीमुपाश्रयन्,
संयमी हि लभते परं पदम्।।१८।।

कर्मरहित या कर्मबद्ध हूँ, कोई विकल्प न साधु करें।
निर्विकल्प पद के आश्रय से, अहो! संयमी मुक्ति लहें।।

अर्थ ह्न 'मैं समस्त कर्मों से रहित मुक्त हूँ' ह्न ऐसा भी संयमियों को नहीं मानना चाहिए तथा 'मैं समस्त कर्मों से सहित संसारी हूँ' ह्न ऐसा भी नहीं मानना चाहिए क्योंकि निर्विकल्प पदवी का आश्रय करने वाला संयमी ही मोक्षपद को प्राप्त होता है।

भावार्थ ह्न 'मैं कर्म से रहित हूँ' ह्न यह भी विकल्प है तथा 'मैं कर्म से सहित हूँ' ह्न यह भी विकल्प है। संयमी के जब तक ऐसा विकल्प रहता है, तब तक उसकी कदापि मुक्ति नहीं होती; इसलिए जो संयमी, मोक्षाभिलाषी हैं, उनको निर्विकल्प पदवी का ही आश्रय करना चाहिए।

५६६. द्वैत और अद्वैत ह्न दोनों प्रकार की बुद्धियाँ उपाधिजन्य

कर्म चाऽहमिति च द्वये सति,
द्वैतमेतदिह जन्मकारणम्।
एक इत्यपि मतिः सती न यत्,
साप्युपाधि-रचिता तदङ्गभृत्।।१९।।

'कर्म' और 'मैं' दोनों हैं, यह द्वैत, बन्ध का कारण है।
'एकरूप मैं' ह्न ऐसी चेतन, की मति भी औपाधिक है।।

अर्थ ह्न हे जीव! 'कर्म' तथा 'मैं', दो हैं ह्न इस प्रकार का द्वैत भी जीवों को संसार

का कारण है क्योंकि इस प्रकार के द्वैत से भी जीवों को नाना प्रकार के भवों में भ्रमण करना पड़ता है तथा 'मैं एक हूँ' ह्न यह बुद्धि भी ठीक नहीं हैं क्योंकि ये दोनों प्रकार की बुद्धियाँ उपाधिजन्य हैं।

भावार्थ ह्न 'मैं द्वैत हूँ' तथा 'मैं एक हूँ' ह्न इस प्रकार के दोनों भाव असत्य हैं क्योंकि ये संसार को उत्पन्न करने वाले कर्मजनित उपाधि से पैदा हुए हैं। इसलिए जो पुरुष, मोक्षाभिलाषी हैं, उनको इन दोनों भावों का त्याग कर, निर्विकल्प पदवी का ही आश्रय करना चाहिए।

५६७. शुद्ध भावना से शुद्धता और अशुद्ध भावना से अशुद्धता की प्राप्ति

संविशुद्ध-परमात्मभावना,
संविशुद्ध-पदकारणं भवेत्।
सेतरेतरकृते सुवर्णतो,
लोहतश्च विकृतिस्तदाश्रिते।।२०।।

शुद्धभावना से मुक्तिपद, अशुद्धभावना से संसार।
स्वर्ण-पात्र उत्पन्न स्वर्ण से, लोहे से हो लौह-कुपात्र।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार सुवर्ण से सुवर्ण-पात्र की उत्पत्ति होती है तथा लोह से लौह-पात्र की उत्पत्ति होती है; उसी प्रकार शुद्ध परमात्मा की भावना करने से शुद्ध मोक्षपद की प्राप्ति होती है तथा अशुद्ध भावना से अशुद्ध स्वर्ग-नरकादि पद की प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न 'कारणसदृशानि हि कार्याणि भवन्ति' अर्थात् कारण के समान ही कार्य उत्पन्न होते हैं ह्न इस नीति के अनुसार जो भव्य जीव, निष्कलंक, शुद्ध, बुद्ध परमात्मा का ध्यान करते हैं, उनको परमपद मोक्ष की प्राप्ति होती है अर्थात् वे मोक्ष को जाते हैं; लेकिन जो मनुष्य, परमात्मा की भावना नहीं करते हैं, उनको परमपद की प्राप्ति नहीं होती अर्थात् उनको संसार में नरकादि गतियों में भ्रमण करना पड़ता है।

५६८. योगी, सुख-दुःख होने पर भी सुखी-दुःखी नहीं

कर्म भिन्नमनिशं स्वतोऽखिलं,
पश्यतो विशदबोधचक्षुषा।
तत्कृतेऽपि परमात्मवेदिनो,
योगिनो न सुखदुःखकल्पना।।२१।।

निर्मल ज्ञान-चक्षु से निज को, कर्म-रहित देखे योगी।
कर्मजन्य सुख-दुःख हों फिर भी, सुख-दुःख अनुभव करें नहीं।।

अर्थ ह्न 'समस्त कर्म मुझसे भिन्न हैं' ह्न इस प्रकार निरन्तर अपने सम्यग्ज्ञानरूपी दिव्य चक्षु से देखने वाले तथा परमात्मा को भलीभाँति जानने वाले योगी, कर्म से उत्पन्न सुख-दु:ख के होने पर भी सुख-दु:ख की कल्पना नहीं करते।

भावार्थ ह्न अपने से कर्म को भिन्न समझने वाले और परमार्थ को भलीभाँति जानने वाले योगीश्वर, कर्मजनित सुख-दु:ख के होने पर भी अपने को सुखी-दु:खी नहीं मानते।

५६९. योगियों को सूर्य के समान निरालम्ब मार्ग अपनाने का उपदेश

मानसस्य गतिरस्ति चेन्निरा-,
लम्ब एव पथि भास्वतो यथा।
योगिनो दृगवरोधकारक:,
सन्निधिर्न तमसां कदाचन।।२२।।

निरालम्ब पथ में योगी के, मन की गति हो सूर्य समान।
तो योगी को सम्यग्दर्श-प्रभा-नाशक तम निकट न आन।।

अर्थ ह्न यदि योगियों के मन की गति सूर्य के समान निरावलम्ब मार्ग में ही हो तो उनके सम्यग्ज्ञान की प्रभा को रोकने वाला अन्धकार कभी भी निकट नहीं आए।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सूर्य निरावरण मार्ग में गमन करता है, इसलिए उसका प्रकाश किसी के द्वारा रोका नहीं जाता; उसी प्रकार जिस योगी का मन, निरावलम्ब मार्ग में गमन करता है अर्थात् जिस समय योगी निरावलम्ब ध्यान करता है, उस समय उसके सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञानरूपी तेज को दर्शनावरण-ज्ञानावरणरूपी अन्धकार रोक नहीं सकता, इसलिए योगियों को सदा निरावलम्ब ध्यान ही करना चाहिए।

५७०. रोग, वृद्धावस्था आदि शरीर के विकार, आत्मा के नहीं

रुग्जरादि-विकृतिर्न मेऽञ्जसा,
सा तनोरहमित: सदा पृथक्।
मीलितेऽपि सति खे विकारिता,
जायते न जलदैर्विकारिभि:।।२३।।

विविध बादलों के संग में भी नभ में किञ्चित् नहीं विकार।
जरा-रोग-तन के विकार मैं, इनसे सदा पृथक् अविकार।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के विकारों से सहित मेघों के साथ सम्बन्ध होने पर भी जिस

प्रकार आकाश में किसी प्रकार का विकार पैदा नहीं होता क्योंकि वे विकार मेघों के होते हैं; उसी प्रकार रोग, वृद्धावस्था आदि नाना प्रकार के विकार, शरीर के विकार हैं, मेरे (आत्मा के) विकार नहीं क्योंकि मैं शरीर से सदा अलग भिन्न तत्त्व हूँ।

भावार्थ ह्न मूर्तिक पदार्थों में ही विकार होता है, अमूर्तिक पदार्थों में नहीं। आकाश अमूर्तिक है, इसलिए अनेक प्रकार के विकारसहित मेघों का सम्बध होने पर भी जिस प्रकार आकाश में विकार नहीं होता; उसी प्रकार आत्मा में भी विकार नहीं हो सकता क्योंकि आत्मा भी अमूर्तिक है। रोग, वृद्धावस्था आदि विकार, शरीर के विकार हैं तथा शरीर, आत्मा से सर्वथा भिन्न है।

५७१. व्याधियों से शरीर की हानि, आत्मा की नहीं

व्याधिनाऽङ्गमभिभूयते परं,
तद्गतोऽपि न पुनश्चिदात्मकः।
उत्थितेन गृहमेव दह्यते,
वह्निना न गगनं तदाश्रितम्।।२४।।

रोगों से हो देह नष्ट, तद्गत चेतन अविनाशी है।
ज्यों अग्नि से भवन जले, पर तद्गत नभ न विनाशी है।।

अर्थ ह्न यदि किसी कारण से मकान में आग लग जाए तो उस आग से मकान ही जलता है, किन्तु उसके भीतर रहा हुआ आकाश नहीं जलता; उसी प्रकार शरीर में किसी कारण से व्याधि उत्पन्न हो जाए तो उस व्याधि से शरीर ही नष्ट होता है, उसके भीतर रहे हुए आत्मा का नाश नहीं होता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार मकान में जलती हुई अग्नि से मकान ही जलता है, उसी प्रकार शरीर में उत्पन्न हुई व्याधि से शरीर ही नष्ट होता है; किन्तु जिस प्रकार अग्नि से मकान के भीतर रहा हुआ आकाश नहीं जलता, उसी प्रकार व्याधि से शरीर के भीतर रहा हुआ चैतन्य स्वरूप आत्मा भी नष्ट नहीं होता।

५७२. सम्यग्ज्ञानस्वरूप वस्तु में अपनापन, मोक्ष का कारण

बोधरूपमखिलैरुपाधिभिः,
वर्जितं किमपि यत्तदेव नः।
नाऽन्यदल्पमपि तत्त्वमीदृशं,
मोक्षहेतुरिति योगनिश्चयः।।२५।।

सर्व उपाधि-विहीन ज्ञानमय, वही हमारा वस्तु-स्वरूप।
अन्य न किञ्चित् रूप हमारा, यह निश्चय शिवमार्ग स्वरूप।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार की राग-द्वेष आदि उपाधियों से रहित, सम्यग्ज्ञानस्वरूप जो कोई वस्तु है, वही हमारी है; किन्तु इससे भिन्न किंचित् भी वस्तु हमारी नहीं है। इस प्रकार जो योग का निश्चय है, वही मोक्ष का कारण है; किन्तु इससे भिन्न योग का निश्चय, मोक्ष का कारण नहीं है।

५७३. ध्यान का मार्ग अत्यन्त कठिन, गुरु-उपदेश से ही गम्य

योगतो हि लभते विबन्धनं,
योगतो हि किल मुच्यते नरः।
योगवर्त्म विषमं गुरोर्गिरा,
बोध्यमेतदखिलं मुमुक्षुणा।।२६।।

योग बन्ध का कारण है अरु, योग मुक्ति का कारण है।
योग-मार्ग है कठिन, मुमुक्षु गुरु-वचनों से प्राप्त करें।।

अर्थ ह्न ध्यान से ही मनुष्य बन्धन को प्राप्त होता है तथा ध्यान से ही मोक्ष को प्राप्त होता है; इस प्रकार यह ध्यान का मार्ग अत्यन्त कठिन है, अतः जो भव्य जीव, मोक्ष के अभिलाषी हैं, उनको यह समस्त ध्यान का मार्ग, गुरु के उपदेश से समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न ध्यान अनेक प्रकार का होता है; उनमें जो मनुष्य जैसा ध्यान करते हैं, उनको उसी प्रकार के फल की प्राप्ति होती है; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को चाहिए कि वे मोक्ष के कारणभूत ध्यान को ही गुरु के उपदेश से समझें और संसार का कारण जो ध्यान है, उसकी ओर दृष्टि न देवें।

५७४. निर्मल सम्यग्ज्ञानस्वरूप वस्तु ही वास्तविक रमणीय स्थान

शुद्धबोध-मयमस्ति वस्तु यद्,
रामणीयकपदं तदेव नः।
स प्रमाद इह मोहजः क्वचित्,
कल्प्यते यदपराऽपि रम्यता।।२७।।

शुद्ध ज्ञानमय वस्तु हमारे, लिए रमण के योग्य अहो!।
अन्य वस्तु में रम्य-कल्पना, मोहोत्पन्न प्रमाद कहो।।

अर्थ ह्न जो शुद्ध बोधस्वरूप अर्थात् निर्मल सम्यग्ज्ञानस्वरूप वस्तु है, वही हमारा रमणीय स्थान है; किन्तु जो मनुष्य, 'निर्मल सम्यग्ज्ञान से अतिरिक्त भी रमणीयता है' ह्न इस बात को कहते हैं; वह वास्तविक रमणीयता नहीं, अपितु मोहनीयकर्म से उत्पन्न हुआ प्रमाद ही है।

भावार्थ ह्न निर्मल सम्यग्ज्ञानस्वरूप ही रमणीय है, किन्तु इससे भिन्न कोई भी पदार्थ रमणीय नहीं है। यदि कोई मनुष्य, इससे भिन्न पदार्थ को भी रमणीय माने तो उसका यह प्रमाद ही समझना चाहिए।

५७५. आत्मज्ञानस्वरूप तीर्थ में स्नान करने का महत्त्व

आत्मबोध-शुचितीर्थमद्भुतं,
स्नानमत्र कुरुतोत्तमं बुधाः।
यन्न यात्यपरतीर्थकोटिभिः,
क्षालयत्यपि मलं तदन्तरम्।।२८।।

आत्मज्ञान ही महातीर्थ शुचि, बुध उसमें स्नान करें।
कोटि तीर्थ से भी न नष्ट हो, वह अन्तर्मल शीघ्र धुले।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य पण्डितों! यदि तुम अपने पापों का नाश करना चाहते हो तो अत्यन्त पवित्र तथा आश्चर्य के करने वाले इस आत्मज्ञानस्वरूप उत्तम तीर्थ में ही स्नान करो क्योंकि जो अन्तरङ्ग का मल, अन्य करोड़ों तीर्थों में स्नान करने पर भी नष्ट नहीं होता, वह इस आत्मज्ञानस्वरूप तीर्थ में एक समय स्नान करने पर ही नष्ट हो जाता है।

भावार्थ ह्न पाप से भयभीत होकर करोड़ों मनुष्य, काशी प्रयाग आदि स्थानों पर गंगा आदि नदियों में स्नान करते हैं तथा अपने को मलरहित शुद्ध मानते हैं; परन्तु गंगा आदि नदियों में स्नान करने से बाह्य मल का ही नाश होता है, राग-द्वेषादि अन्तरङ्ग मल का नाश नहीं होता। लेकिन वास्तविक रीति से अन्तरङ्ग मल का नाश ही वास्तविक सुख का मूल है। इसलिए आचार्यवर उपदेश देते हैं कि हे भव्य जीवों! यदि तुम अन्तरंग मल का नाश करना चाहते हो तो इस परम पवित्र आत्मारूपी तीर्थ में ही स्नान करो क्योंकि जो अन्तरङ्ग मल, दूसरे करोड़ों तीर्थों में स्नान करने पर भी नष्ट नहीं होता, वह निश्चय से आत्मारूपी पवित्र तीर्थ में एक ही बार स्नान करने से पल भर में नष्ट हो जाता है।

५७६. चैतन्यरूपी समुद्र के किनारे सम्यग्दर्शनादि रत्नों की प्राप्ति

चित्समुद्र-तटबद्धसेवया,
जायते किमु न रत्नसंचयः।

दुःखहेतुरमुतस्तु दुर्गतिः,
किं न विप्लवमुपैति योगिनः।।२९।।

चित्-समुद्र अवगाहन करने, से न मिले क्या रत्न अहो!।
क्या योगीजन को दुख-कारण, दुर्गति हो न विनष्ट कहो?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि जो पुरुष, बड़े उत्साह के साथ चैतन्यरूपी समुद्र के तीर की भलीभाँति सेवा करते हैं; क्या उनको सम्यग्दर्शन आदि रत्नों की प्राप्ति नहीं होती है? अवश्य ही होती है। इस पाये हुए रत्नसमूह से चैतन्यरूपी समुद्र की सेवा करने वाले मुनियों के द्वारा क्या नाना प्रकार के दुःखों को देने वाली नरकादि खोटी गतियों का नाश नहीं होता? अवश्य ही होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार समुद्र के तीर पर रहने वाले मनुष्यों को नाना प्रकार के रत्नों की प्राप्ति होती है, उन रत्नों की सहायता से वे और धनिक हो जाते हैं तथा दरिद्रता से उत्पन्न हुआ दुःख, उनको किसी प्रकार से सता नहीं सकता; उसी प्रकार जो मुनि, सदा अपनी आत्मा का चिन्तन करने वाले हैं; उनको सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी रत्नों की प्राप्ति होती है तथा रत्नों की प्राप्ति होने पर उनको किसी प्रकार की नरकादि गतियों में नहीं जाना पड़ता। इसलिए दुःख से डरने वाले मनुष्यों को सदा आत्मा का ही चिन्तवन करना चाहिए।

५७७. निश्चयनय से सम्यग्दर्शन आदि तीनों की आत्मा से अभिन्नता

निश्चयाऽवगमनस्थितित्रयं,
रत्नसंचितिरियं परात्मनि।
योगदृष्टि-विषयीभवन्नसौ,
निश्चयेन पुनरेक एव हि।।३०।।

परमात्मा का निश्चय-बोध-स्थिति दर्शन-ज्ञान-चरित्र।
यो ग-दृष्टि का विषय आत्मा, निश्चय से है एक-स्वरूप।।

अर्थ ह्न जो परमात्मा में निश्चय, ज्ञान और स्थिति है; उन्हीं को सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र कहते हैं। केवली भगवान की दृष्टि में ये तीनों निश्चयनय से आत्मस्वरूप ही हैं अर्थात् सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र, आत्मा से भिन्न कोई अन्य पदार्थ नहीं है।

भावार्थ ह्न 'परमात्मा है', इस प्रकार का निश्चय, **सम्यग्दर्शन** है। परमात्मा को

भलीभाँति जानना, **सम्यग्ज्ञान** है तथा परमात्मा में स्थिरता रखना, **सम्यक्चारित्र** है। यदि निश्चयनय से देखा जाए तो ये आत्मस्वरूप ही हैं, आत्मा से भिन्न नहीं हैं। केवली भगवान अपने केवलदर्शन तथा केवलज्ञान से इनको आत्मस्वरूप ही देखते-जानते हैं।

५७८. सम्यग्दर्शनादि बाणों से कर्मरूपी वैरियों का नाश

प्रेरिता: श्रुतगुणेन शेमुषी-,
कार्मुकेण शरवद् दृगादय:।
बाह्यवेध्य-विषये कृतश्रमा:,
चिद्रणे प्रहतकर्मशत्रव:।।३१।।

आगम-डोरी बुद्धि-धनुष से, प्रेरित रत्नत्रय के बाण।
चिन्मय-रण में बाह्यार्थों का, वेधन कर हो कर्म-विनाश।।

अर्थ ह्न चैतन्यरूपी संग्राम में, शास्त्ररूपी गुण (प्रत्यञ्चा) सहित अर्थात् उससे प्रेरित तथा श्रेष्ठ बुद्धिरूपी धनुष से बाह्य पदार्थों के वेधन करने में तत्पर ऐसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्ररूपी बाण, समस्त कर्मरूपी वैरियों का नाश करने वाले होते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार संग्राम में प्रत्यञ्चा सहित धनुष से छोडे हुए बाणों से समस्त वैरी नष्ट हो जाते हैं; उसी प्रकार चैतन्यरूपी संग्राम में शास्त्ररूपी प्रत्यञ्चा सहित बुद्धिरूपी धनुष से प्रेरित बाह्य पदार्थों के वेधन करने में तत्पर जो सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी बाण हैं; वे समस्त कर्मरूपी वैरियों को नष्ट करते हैं।

५७९. मुनियों को भी प्रमाद के कारण प्रवृत्ति में चंचलता

चित्तवाच्य-करणीयवर्जिता,
निश्चयेन मुनिवृत्तिरीदृशी।
अन्यथा भवति कर्मगौरवात्,
सा प्रमादपदवीमुपेयुष:।।३२।।

मन-वच-तन वर्जित वृत्ति ही, मुनि की निश्चय से होती।
कर्मोदय से हो प्रमाद तो, हो विरुद्ध वह मुनि-वृत्ति।।

अर्थ ह्न निश्चय से मुनियों की जो प्रवृत्ति है; वह मन, वचन व काय की प्रवृत्ति (चंचलता) से रहित है; किन्तु वे मुनि, यदि प्रमादी बन जाएँ तो कर्म की गुरुता से उनकी प्रवृत्ति भी विपरीत अर्थात् मन, वचन व काय से सहित हो जाती हैं।

भावार्थ ह्न निश्चयनय से मुनियों की प्रवृत्ति, मन-वचन-काय की प्रवृत्ति से रहित है; किन्तु जिस समय वे प्रमादी बन जाते हैं, उस समय प्रमाद के द्वारा उनकी आत्मा में कर्मों का आस्रव तथा बन्ध होता है; उस समय कर्म के सम्बन्ध से उनकी प्रवृत्ति मन-वचन-काय सहित ही होती है।

५८०. योगियों का ज्ञानसमुद्र, समाधिरूपी चन्द्रमा से वृद्धि को प्राप्त

सत्समाधि-शशलाञ्छनोदयात्,
उल्लसत्यमलबोधवारिधिः।
योगिनोऽणुसदृशं विभाव्यते,
यत्र मग्नमखिलं चराऽचरम्।।३३।।

सत्-समाधि-चन्द्रोदय से जो, ज्ञान-सिन्धु है उछल रहा।
सकल चराचर जगत् ज्ञान में, अणु समान भासित होता।।

अर्थ ह्न जिन योगियों के निर्मल ज्ञान में चर-अचर समस्त जगत्, परमाणु के समान ज्ञात होता है ह्न ऐसा वह योगियों का ज्ञानरूपी समुद्र, श्रेष्ठ समाधिरूप चन्द्रमा के उदय से वृद्धि को प्राप्त होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चन्द्रमा के उदय से समुद्र, वृद्धि को प्राप्त होता है; उसी प्रकार श्रेष्ठ समाधि से निर्मल ज्ञान की वृद्धि होती है। उस ज्ञान में समस्त जगत् अत्यन्त महान होने पर भी परमाणु के समान छोटा मालूम पड़ता है अर्थात् अनन्त जगत् भी उस ज्ञान में परमाणु के समान ही हैं।

५८१. भेदज्ञानरूपी अग्नि से कर्म भी सूखे तृणों के समान भस्मीभूत

कर्मशुष्कतृणराशिरुन्नतो-,
ऽप्युद्धते शुचिसमाधिमारुतात्।
भेदबोध-दहने हृदि स्थिते,
योगिनो झटिति भस्मसाद्भवेत्।।३४।।

परम-समाधि-पवन से प्रेरित, भेद-ज्ञान की अग्नि जले।
तो योगी-उर में सूखे, पत्तों-सम कर्म समूह जले।।

अर्थ ह्न पवित्र समाधिरूपी पवन से उदय को प्राप्त भेदज्ञानरूपी अग्नि, जिन योगियों के हृदय में स्थित है, उनके प्रबल कर्म भी सूखे तृणसमूह के समान शीघ्र भस्मीभूत हो जाते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सूखे तृणों में पड़ी हुई थोडी-सी भी चिंगारी (अग्नि का स्फुलिंग) पवन की सहायता से बढ़ जाती है तो वह बहुत तृणसमूह को भी पल भर में भस्म कर देती है; उसी प्रकार मुनियों के मन में जब स्व-पर भेदविज्ञान (अर्थात् 'मेरी आत्मा भिन्न है और ये स्त्री-पुत्र-मित्र आदि पदार्थ भिन्न हैं'ह्न ऐसा), समाधिरूपी पवन से उदय को प्राप्त होता है; तब आत्मा के साथ जितने कर्मों का सम्बन्ध मौजूद है, वे सब पल भर में नष्ट हो जाते हैं; अत: जिन मुनियों को अपनी आत्मा से कर्मों को भिन्न करने की अभिलाषा है, वे निर्मल समाधि से भेदज्ञान को उदित करें, जिससे उनके समस्त कर्म, आत्मा से शीघ्र जुदे हो जाएँ।

५८२. मुनियों को वांछित फलदायक समाधिरूपी कल्पवृक्ष,

चित्तमत्तकरिणा न चेद्धतो,
दुष्ट-बोध-वन-वह्निनाऽथवा।
योगकल्प-तरुरेष निश्चितं,
वांछितं फलति मोक्षसत्फलम्।।३५।।

मनरूपी मतवाले गज या, दुष्ट बोध-दावानल से।
योग-कल्पतरु नष्ट न हो तो, वाञ्छित शिवफल शीघ्र फले।।

अर्थ ह्न यदि यह समाधिरूपी कल्पवृक्ष, मनरूपी मतवाले हाथी से नष्ट न किया गया और दुष्ट ज्ञान (मिथ्याज्ञान) रूपी वनाग्नि से भस्म न किया गया तो अवश्य ही वाञ्छित मोक्षरूपी श्रेष्ठ फल को देता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार वन में खड़े हुए कल्पवृक्ष को यदि मदमत्त हाथी नष्ट न करे अथवा वन की अग्नि भस्म न करे तो वह अवश्य ही उत्तम तथा मिष्ट फल को देता है; उसी प्रकार यह समाधि भी यदि खोटे विषयों में प्रवृत्त मन से नष्ट न होवे और मिथ्याज्ञानपूर्वक नष्ट न की जाए तो अवश्य ही मोक्ष को देने वाली होती है; इसलिए जो मुनि, मोक्षरूपी उत्तम फल के इच्छुक हैं, वे मन को अपने वश में रखें और सम्यग्ज्ञानपूर्वक ही समाधि का आचरण करें; अन्यथा उनको उत्तम फल की प्राप्ति नहीं होगी।

५८३. परमात्मा का ज्ञान होने तक ही शास्त्रज्ञान उपयोगी

तावदेव मतिवाहिनी सदा,
धावति श्रुतगता पुरः पुरः।

यावदत्र परमात्म-संविदा,
भिद्यते न हृदयं मनीषिण:।।३६।।

जब तक आत्मज्ञान से, ज्ञानी की परिणति नहिं भिद जाती।
तब तक श्रुत के आगे-आगे, मन-सरिता दौड़ी जाती।।

अर्थ ह्न जब तक यह चित्त, परमात्मा के ज्ञान से भेद (भेदज्ञान) को प्राप्त नहीं होता है, तब तक बुद्धिमान् पुरुष की बुद्धिरूपी नदी, सदा शास्त्रों में आगे-आगे दौड़ती जाती है।

भावार्थ ह्न बुद्धिमान पुरुष, शास्त्र का स्वाध्याय इसलिए करते हैं कि किसी रीति से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त हो जाए, किन्तु जिस समय उनका चित्त, परमात्मा के ज्ञान से भिन्न (परद्रव्यों से पृथक) हो जाता है अर्थात् जिस समय मन में परमात्मा का यथार्थ ज्ञान हो जाता है; उस समय बुद्धिमान् की बुद्धि भी शास्त्र की ओर नहीं जाती है।

५८४. चैतन्यरूपी दीपक मोहरूपी अन्धकार का नाशक

य: कषाय-पवनैरचुम्बितो,
बोधवह्निरमलोल्लसदृश:।
किं न मोहतिमिरं विखण्डयन्,
भासते जगति चित्प्रदीपक:।।३७।।

जिसे पवन ने छुआ नहीं है, ज्ञानरूप अग्नि जिसमें।
निर्मल दशा युक्त चित्-दीपक, मोह-विनाशक है जग में।।

अर्थ ह्न जिस चैतन्यरूपी दीपक का कषायरूपी पवन ने स्पर्श नहीं किया है, जिसमें सम्यग्ज्ञानरूपी अग्नि मौजूद है तथा जिसकी दशा निर्मल और दैदीप्यमान है ह्न ऐसा चैतन्य रूपी दीपक, मोहरूपी अन्धकार को नाश करता हुआ क्या जगत् में प्रकाशमान नहीं है? अवश्य ही है।

भावार्थ ह्न जो दीपक, पवन द्वारा स्पृष्ट नहीं है अर्थात् जिसका पवन ने स्पर्श नहीं किया है, जिसमें अग्नि मौजूद है तथा जिसकी बत्ती उत्तम है ह्न ऐसा दीपक, जिस प्रकार अन्धकार को नाश करता है और प्रकाशमान रहता है; उसी प्रकार जिस चैतन्य के साथ क्रोधादि कषायों का सम्बन्ध नहीं है, जिसमें सम्यग्ज्ञान मौजूद है और जिसकी स्थिति निर्मल और दैदीप्यमान है ह्न ऐसा चैतन्य, अवश्य ही मोह का नाश कर संसार में प्रकाशमान रहता है।

५८५. अपने घर से बाहर विचरण करने वाली स्त्री का दृष्टान्त

बाह्यशास्त्र-गहने विहारिणी,
या मतिर्बहुविकल्पधारिणी।
चित्स्वरूप-कुलसद्मनिर्गता,
सा सती न सदृशी कुयोषिता।।३८।।

बहु विकल्प-धारक जो मति, बाह्य शास्त्र-वन में भ्रमती।
सती नहीं वह कुलटा नारी, चेतन कुलगृह को तजती।।

अर्थ ह्न जो बुद्धि, अपने चैतन्यरूपी कुलगृह से बाहर निकली हुई है, अतएव जो बाह्य शास्त्ररूपी वन में विहार करने वाली है और अनेक प्रकार के विकल्पों को धारण करने वाली है, ऐसी वह बुद्धि, उत्तम बुद्धि नहीं; किन्तु कुलटा स्त्री के समान निकृष्ट है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अपने घर से निकल कर, बाह्य वनों में भ्रमण करने वाली और अनेक प्रकार के संकल्प-विकल्पों को धारण करने वाली स्त्री, कुलटा समझी जाती है और निकृष्ट समझी जाती है; उसी प्रकार जो बुद्धि, अपने चैतन्यरूपी मन्दिर से निकल कर, बाह्य शास्त्रों में विहार करने वाली है और अनेक विकल्पों को धारण करने वाली है अर्थात् स्थिर नहीं है ह्न ऐसी बुद्धि, उत्तम बुद्धि नहीं समझी जाती। इसलिए आत्महित के अभिलाषियों को आत्मस्वरूप से भिन्न पदार्थों में अपनी बुद्धि को न लगा कर, स्थिर रखना चाहिए; तभी उनकी बुद्धि, उत्तम बुद्धि हो सकती है।

५८६. हेय को छोड़ कर, उपादेय को ग्रहण करके ही मोक्ष की प्राप्ति

यस्तु हेयमितरच्च भावयत्,
नाऽद्यतो हि परमाप्तुमीहते।
तस्य बुद्धिरुपदेशतो गुरोः,
आश्रयेत्स्वपदमेव निश्चलम्।।३९।।

हेय-ग्राह्य का चिन्तन करके, ग्राह्य-प्राप्ति का यत्न करे।
गुरु-वचनों से उसकी बुद्धि, अविनाशी पद प्राप्त करे।।

अर्थ ह्न जो भव्य जीव, हेय तथा उपादेय पदार्थों का रात-दिन चिन्तवन करता है और उन दोनों में त्यागने योग्य पदार्थों का त्याग करता है; उस जीव की बुद्धि, उत्तम गुरु के उपदेश से चैतन्यरूपी अविनाशी स्थिर पद को प्राप्त होती है; इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं।

भावार्थ ह्न संसार में भव्य जीवों को त्यागने योग्य पदार्थ तो स्त्री-पुत्र-धन-धान्य आदि हैं तथा ग्रहण करने योग्य स्वयं का चैतन्यस्वरूप है ह्न इस प्रकार का विचार कर, जो भव्य जीव, स्त्री-पुत्र-धन-धान्य आदि त्यागने योग्य पदार्थों का त्याग करता है; उस मनुष्य की बुद्धि अवश्य ही निर्लोभी उत्तम गुरुओं के उपदेश से अचलायमान तथा अविनाशी चैतन्यस्वरूप को प्राप्त होती है; इसलिए निश्चल चैतन्यस्वरूप के अभिलाषी भव्य जीवों को अवश्य ही हेय पदार्थों का त्याग कर देना चाहिए।

५८७. मोह-निद्रा में मग्न को सम्पूर्ण जगत् अपना

सुप्त एष बहुमोहनिद्रया,
लंघित: स्वमबलादि पश्यति।
जाग्रतोच्च-वचसा गुरोर्गतं,
संगतं सकलमेव दृश्यते।।४०।।

गाढ़ मोह-निद्रा में मोही, पर-पदार्थ अपना माने।
गुरु के उच्च स्वरों से जागृत, ज्ञानी क्षण-भंगुर जाने।।

अर्थ ह्न गाढ़ मोहरूपी निद्रा ने जिसके ऊपर अपना प्रभाव डाल रखा है, जो मोहरूपी नींद में मग्न है, वह मनुष्य, अपने से भिन्न स्त्री-पुत्र आदि को भी अपना मानता है; लेकिन जो मनुष्य जाग रहा है, उस मनुष्य को तो उत्तम गुरु के उपदेश से समस्त जगत् संयुक्त (संयोग) मात्र क्षणभंगुर ही मालूम पड़ता है।

भावार्थ ह्न जब तक जीव, मोह-निद्रा में सोते रहते हैं, तब तक उनको अपना-पराया कुछ भी भेद मालूम नहीं पड़ता, इसीलिए वे जीव, अपने से सर्वथा भिन्न स्त्री-पुत्र-धन-धान्य आदि पदार्थों को भी अपना स्वरूप ही समझते हैं; लेकिन जिस समय वे मोह-निद्रा में मग्न नहीं रहते, उस समय गुरु के उपदेश से उनकी दृष्टि के सामने समस्त जगत्, क्षणभंगुर मालूम पड़ता है; अतएव वे अपने से भिन्न किसी पदार्थ में रत नहीं होते।

५८८. समाधि की सिद्धि के लिए बाह्य पदार्थों में समता आवश्यक

जल्पितेन बहुना किमाऽऽश्रयेद्,
बुद्धिमानऽमलयोगसिद्धये।
साम्यमेव सकलैरुपाधिभि:,
कर्मजाल-जनितैर्विवर्जितम्।।४१।।

बहुत कहें क्या बुद्धिमान जन, निर्मल योग-सिद्धि के हेतु।
कर्मोत्पन्न उपाधि-रहित बस, साम्यभाव का लें आश्रय।।

अर्थ ह्न आचार्यवर कहते हैं कि बहुत कहाँ तक कहा जाए जो पुरुष बुद्धिमान हैं अर्थात् जिन पुरुषों को इस बात का भलीभाँति ज्ञान है कि 'यह पदार्थ त्यागने योग्य है और यह पदार्थ ग्रहण करने योग्य है', उनको चाहिए कि वे निर्मल योग की सिद्धि के लिए नाना प्रकार के कर्मों से पैदा हुई नाना प्रकार की उपाधियों से सर्वथा रहित साम्यभाव का ही आश्रय करें।

भावार्थ ह्न जब तक पदार्थों में समता नहीं होती, तब तक चित्त की एकाग्रता के न होने से निर्मल योग की प्राप्ति भी कदापि नहीं हो सकती; इसलिए आचार्यवर उपदेश देते हैं कि अधिक कहने से क्या लाभ? जिन मनुष्यों को निर्मल योग को प्राप्त करने की अभिलाषा है, उनको चाहिए कि वे समस्त प्रकार के कर्मों से उत्पन्न हुई उपाधियों से सर्वथा रहित साम्यभाव का ही अवलम्बन करें, जहाँ-तहाँ व्यर्थ भटकते न फिरें।

५८९. आत्मा का सिद्धि के लिए किया गया प्रयत्न ही सफल

नाममात्र कथया परात्मनः,
भूरिजन्म-कृतपापसंक्षयः।
बोध-वृत्त-रुचयस्तु तद्गताः,
कुर्वते हि जगतां पतिं नरम्।।४२।।

परमातम के नाममात्र से, चिर-संचित अघक्षय होता।
तद्गत दर्शन-ज्ञान-चरित से, नर भी त्रिभुवनपति होता।।

अर्थ ह्न परमात्मा के नाममात्र कथन से ही अनेक जन्मों में संचय किया हुआ पापों का समूह पल भर में नष्ट हो जाता है तो उस आत्मा में विद्यमान सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी रत्नत्रय तो मनुष्य को जगत् का पति ही बना देता है अर्थात् परमात्मपद प्राप्त करा देता है; इसमें क्या आश्चर्य है?

भावार्थ ह्न आत्मा की सिद्धि के लिए प्रयत्न करना तो दूर रहो, किन्तु यदि भव्य जीव, परमात्मा का केवल नामस्मरण भी करें तो उनके जन्म-जन्म के संचित पापसमूह पल भर में नष्ट हो जाते हैं और उन आत्माओं में विद्यमान सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र तो उनको परमात्मा ही बना देते हैं अर्थात् सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की ओर लक्ष्य देने से मनुष्य साक्षात् तीन लोक का पति (सिद्ध) हो जाता है। इसलिए जो मनुष्य, जन्म-जन्म के पापों का नाश करने की इच्छा करने वाले हैं तथा तीन लोक के पति होना चाहते हैं;

उनको चाहिए कि वे अवश्य परमात्मा का नाम लेवें और सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की ओर लक्ष्य देवें।

५९०. चैतन्यस्वरूप उत्तम पद में लगा हुआ योगी ही योगीश्वर

चित्स्वरूप-पदलीनमानसो,
यः सदा स किल योगिनायकः।
जीवराशिरखिलश्चिदात्मको,
दर्शनीय इति चाऽऽत्मसन्निभः।।४३।।

जिनका चित्त स्वरूप-लीन है, वे हैं योगिजनों में श्रेष्ठ।
सभी जीव चेतन-स्वरूप हैं, अतः किसी में करें न भेद।।

अर्थ ह्न जिस योगी का चित्त, चैतन्यरूपी मोक्षपद में लगा हुआ है, वही योगी समस्त योगियों में उत्तम योगी है अर्थात् योगियों का ईश्वर है। वह योगीश्वर, समस्त चैतन्यस्वरूप प्राणियों को अपने समान देखता है।

भावार्थ ह्न बहुत से वेषधारी योगी, संसार में देखे जाते हैं, किन्तु वास्तविक योगी (योगियों का ईश्वर) वही योगी है, जिसका चित्त सांसारिक सुखों से सर्वथा विरक्त है और चैतन्यस्वरूप उत्तमपद - मोक्षपद में लगा हुआ है तथा वही योगी मनुष्य, समस्त प्राणियों को अपने समान देखता है, अन्य योगी नहीं।

५९१. समस्त जीव-जगत् को अपने समान देखने वाला मनुष्य ही श्रेष्ठ

अन्तरङ्ग-बहिरङ्गयोगतः,
कार्यसिद्धिरखिलेति योगिना।
आसितव्यमनिशं प्रयत्नतः,
स्वं परं सदृशमेव पश्यता।।४४।।

अन्तर्बाह्य योग से ही, योगी के कार्य सिद्ध होते।
अतः निरन्तर समदृष्टि से, योगी निज-पर को देखे।।

अर्थ ह्न समस्त कार्यों की सिद्धि अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग योग से होती है; इसलिए जो योगी, स्व तथा पर को समान देखने वाला है, उसे बड़े भारी प्रयत्न से रहना चाहिए।

भावार्थ ह्न यह लोक, सब जगह घी के घड़े के समान एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय पर्यन्त जीवों से भरा हुआ है, उन सब जीवों को जो मनुष्य, अपने समान मानता है, उसी को समस्त

कार्यों की सिद्धि होती है; किन्तु जो मनुष्य, अपने से छोटे जीवों को तुच्छ समझता है, इसलिए उनको मारने में भी नहीं डरता, उस मनुष्य को कदापि किसी उत्तम कार्य की सिद्धि नहीं होती; अत: उत्तम कार्यों की सिद्धि के अभिलाषी भव्य जीवों को स्व और पर को समान ही देखना-जानना-मानना चाहिए।

५९२. जड़स्वरूप संसार को देख कर भी योगी का मन परमशान्त

लोक एष बहुभावभावित:,
स्वाऽर्जितेन विविधेन कर्मणा।
पश्यतोऽस्य विकृतीर्जडात्मन:,
क्षोभमेति हृदयं न योगिन:।।४५।।

स्वयं किये कर्मों से होने वाले विविध भावमय लोक।
अत: जगत् जड़ देखें योगी, किन्तु न होता मन में क्षोभ।।

अर्थ ह्न अपने द्वारा पैदा किये हुए नाना प्रकार के कर्मों से यह लोक अनेक भावरूप है; इसलिए इस जड़स्वरूप संसार को देखते हुए भी योगी का मन, कदापि क्षोभ को प्राप्त नहीं होता।

भावार्थ ह्न जिस योगी को अपनी आत्मा का ज्ञान हो गया है और जिसकी इच्छा मोक्ष स्थान में निवास करती है; उस योगी के मन में इस लोक को देखने से अंशमात्र भी क्षोभ नहीं होता क्योंकि अपने द्वारा उपार्जन किये कर्मों से यह लोक, नाना परिणाममय होता है; यह इस लोक का स्वभाव ही है ह्न इस बात को वह योगी भलीभाँति समझता है।

५९३. गाढ़ निद्रा में सुप्त लोक को जाग्रत करने का प्रयत्न

सुप्त एष बहुमोहनिद्रया,
दीर्घकालमविरामया जन:।
शास्त्रमेतदधिगम्य साम्प्रतं,
सुप्रबोध इह जायतामिति।।४६।।

गाढ़ मोह-निद्रा में सोता, है अनादि से लोक अरे!।
अब यह शास्त्र जानकर भविजन, जागृत दशा प्राप्त होवें।।

अर्थ ह्न जिसका अन्त नहीं है ह्न ऐसी गाढ़ मोहरूपी निद्रा में यह लोक, चिरकाल से सोया हुआ है, लेकिन अब इस शास्त्र को जान कर, जाग्रतदशा को प्राप्त हो।

भावार्थ ह्न अनादिकाल से यह लोक, मोहरूपी गाढ़ निद्रा में सोया हुआ है; इसलिए इसको इस बात का भी ज्ञान नहीं है कि मुझे कौन-सी वस्तु ग्रहण करने योग्य है और कौन-सी छोड़ने योग्य है। अत:आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य! अब जो हुआ सो हुआ, किन्तु आगे के लिए शास्त्र के अभिप्राय को भलीभाँति जान कर, जाग्रत अवस्था को प्राप्त होओ, जिससे तुमको उत्तम सुख मिले, नहीं तो अनन्तकाल तक तुमको संसार में ही रुलना पड़ेगा।

५९४.पद्मनन्दि मुनि के वचनों से उत्पन्न स्वसंवेदनगम्य रम्यता की प्रशंसा

चित्स्वरूप-गगने जयत्यसौ,
एकदेश-विषयाऽपि रम्यता।
ईषदुद्गतवच: करै: परै:,
पद्मनन्दि-वदनेन्दुना कृता।।४७।।

पद्मनन्दिमुख-चन्द्र-किरण-वचनों से किञ्चित् उदित अहो!।
स्वसंवेदनगम्य रम्यता, चेतन नभ में जयवन्तो।।

अर्थ ह्न पद्मनन्दि मुनि का जो मुख, वही हुआ चन्द्रमा, उससे कुछ उदय को प्राप्त, ऐसी जो वचनरूपी उत्कृष्ट किरण, उनसे उत्पन्न की गई और स्व-संवेदन प्रत्यक्ष के द्वारा गोचर ऐसी यह रम्यता, चैतन्यस्वरूप आकाश में चिरकाल तक जयवन्त प्रवर्तो।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चन्द्रमा की किरणों से उत्पन्न रम्यता आकाश में रहती हैं; उसीप्रकार पद्मनन्दि आचार्य के मुख से निकले हुए वचनों से उत्पन्न यह रम्यता भी सदा सब जगह चिर काल तक जयन्वत प्रवर्तो।

५९५. मोक्ष को उत्पन्न करने वाली समस्त सामग्री होने पर भी मोह की कुटिलता

शार्दूलविक्रीडित

त्यक्ताऽशेष-परिग्रह: शम-धनो, गुप्तित्रयाऽलंकृत:;
शुद्धात्मानमुपाश्रितो भवति यो, योगी निराशस्तत:।
मोक्षो हस्त-गतोऽस्य निर्मल-मते,-रेतावतैव ध्रुवं;
प्रत्यूहं कुरुते स्वभावविषमो, मोहो न वैरी यदि।।४८।।

सकल परिग्रह तज उपशम-धन, तीन गुप्ति से शोभित हैं।
शुद्धात्माश्रित योगी को, पर से नहिं आशा किञ्चित् है।
कुटिल स्वभावी मोह-शत्रु यदि, शिवपद में नहिं विघ्न करे।
तो वह निर्मल-मति योगी! निज करतल में ही मोक्ष धरे।।

अर्थ ह्न जिसने बाह्य तथा अभ्यन्तर के भेद से समस्त परिग्रहों का नाश कर दिया है, जिसके शान्ति ही धन है, मनगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति ह्न इन तीन प्रकार की गुप्तियों से जो शोभित है, जिसे शुद्धात्मा की प्राप्ति हो गई है और जो निराश है अर्थात् जिसकी किसी भी पदार्थ में अंशमात्र भी इच्छा नहीं रही है ह्न ऐसा यह योगी है। इसलिए निर्मल है बुद्धि जिसकी ह्न ऐसे उस योगी के, यदि स्वभाव से ही कुटिल मोहरूपी वैरी, उस मोक्ष की प्राप्ति में विघ्न न करे तो परिग्रह आदि के रहितपने आदि कारणों से ही मोक्ष निश्चय से हस्तगत हो जाए अर्थात् उसकी प्राप्ति बहुत शीघ्र हो जाए।

भावार्थ ह्न मोक्ष की प्राप्ति में अन्यान्य सामग्री होने पर भी यदि स्वभाव से ही कुटिल मोह, विघ्न करने वाला हो तो कदापि मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती; इसलिए जो मनुष्य, मोक्ष के अभिलाषी हैं, उनको सबसे पहिले मोहरूपी प्रबल वैरी को जीत लेना चाहिए क्योंकि यही मोक्ष की प्राप्ति में विघ्न का करने वाला होता है और जब तक यह मौजूद रहता है, तब तक मोक्ष की प्राप्ति में अन्य कारण व्यर्थ ही हैं।

५९६. चैतन्यतत्त्व ही समस्त अभिलाषा-भय-भ्रम-दु:ख आदि का नाशक

त्रैलोक्ये किमिहाऽस्ति कोऽपि स सुरः, किं वा नरः किं फणी;
यस्माद्भीर्मम यामि कातरतया, यस्याऽऽश्रयं चाऽपदि।
उक्तं यत्परमेश्वरेण गुरुणा, निःशेष-वाञ्छा-भयं;
भ्रान्तिक्लेशहरं हृदि स्फुरति चेत्, चितत्त्वमत्यद्भुतम्।।४९।।

जब तक अति अद्भुत निर्वाञ्छक, भय-भ्रम एवं दु:ख-विहीन।
चेतनतत्त्व श्री गुरु-भाषित, उसमें चित्त निरन्तर लीन।।
तब तक त्रिभुवन में सुर नर या, सर्प कौन है हो सकता।
जिससे डर कर या संकट में, मैं उसका आश्रय लेता।।

अर्थ ह्न जो चैतन्यतत्त्व, समस्त प्रकार की अभिलाषा-भय-भ्रम तथा दु:खों को दूर करने वाला है और अत्यन्त आश्चर्य का करने वाला है ह्न ऐसा परमेश्वर श्रीगुरु द्वारा कहा गया चैतन्यरूपी तत्त्व, यदि मेरे हृदय में स्फुरायमान है, मौजूद है तो तीन लोक में न कोई ऐसा देव है, जिससे मुझे भय होवे और न कोई ऐसा पुरुष या सर्प ही है, जिससे मैं डरूँ और कातर होकर, आपत्ति में किसी का सहारा ग्रहण करूँ।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्य को चैतन्यस्वरूप का भलीभाँति ज्ञान नहीं होता; तब तक ही किसी पदार्थ की अभिलाषा रहती है तथा भय-भ्रम और दु:ख होते हैं, तब तक ही मनुष्य

एकदम कातर होकर उस इच्छा की पूर्ति के लिए तथा भय-भ्रम-दु:खों को दूर करने के लिए जहाँ-तहाँ देवी-देव आदि की सेवा के लिए भटकता फिरता है, लेकिन उससे कुछ भी फल नहीं निकलता।

यहाँ आचार्य कहते हैं कि मेरे हृदय में तो श्रीगुरु महाराज के उपदेश से वह चैतन्यतत्त्व स्फुरायमान है, जो चैतन्यस्वरूप तत्त्व, समस्त प्रकार की इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है और जिसकी कृपा से भय-भ्रम-दु:ख मेरे पास तक भी नहीं फटकने पाते। फिर मुझे क्या आवश्यकता है, जो मैं जहाँ-तहाँ भटकूँ और इच्छा की पूर्ति के लिए तथा भय-भ्रम-दु:ख आदि को दूर करने के लिए किसी देवी-देवता की सेवा करूँ? इस प्रकार जिस मनुष्य को चैतन्यस्वरूप का ज्ञान हो गया है, वह ऐसा विचार सदा करता रहता है।

५९७. उपसंहार में 'सद्बोधचन्द्रोदय' नाम की सार्थकता

तत्त्वज्ञान-सुधार्णवं लहरिभि:, दूरं समुल्लासयन्;
तृष्णापत्र-विचित्र-चित्तकमले, संकोच-मुद्रां दधत्।
सद्विद्याश्रित-भव्य-कैरवकुले, कुर्वन् विकासश्रियं;
योगीन्द्रोदयभूधरे विजयते, सद्बोध-चन्द्रोदय:।।५०।।

तत्त्वज्ञानमय सुधा-सिन्धु की, लहरों को उलसित करता।
तृष्णा-पत्तों से विचित्र, चित्-कमल संकुचित कर देता।।
भव्यरूप कुमुदों को विकसित, करे सद्बोध-चन्द्रोदय।
योगीन्द्रोदय पर्वत पर, होती है इसकी सदा विजय।।

अर्थ ह्न श्रेष्ठ ज्ञानरूपी चन्द्रमा अथवा 'सद्बोध-चन्द्रोदय' नामक अधिकार, इस संसार में योगियों के जो इन्द्र अर्थात् बड़े-बड़े योगी, वे ही हुए उदयाचल, उनमें सदा जयवन्त है, यह 'सद्बोध-चन्द्रोदय' तत्त्वज्ञानरूपी जो समुद्र, उसको अपनी कल्लोलों से दूर तक उछालने वाला है; तथा तृष्णारूपी हैं पत्र जिसमें, ऐसे जो नाना प्रकार चित्तरूपी कमल, उनको संकुचित करने वाला है तथा श्रेष्ठ ज्ञान का आधारभूत जो भव्य जीवरूपी 'कैरव कुल' अर्थात् रात्रि-विकासी कमलों का समूह, उसका विकास करने वाला है।

भावार्थ ह्न जिस समय उदयाचल में चन्द्रमा का उदय होता है; उस समय समुद्र, अपनी लहरों को दूर तक उछालता हुआ बढ़ता चला जाता है, सूर्य-विकासी कमल संकुचित हो जाते हैं तथा रात्रि-विकासी कमल विकसित हो जाते हैं; उसी प्रकार जिस समय योगीश्वरों की आत्मा में श्रेष्ठ ज्ञान का उदय होता है अर्थात् जिस समय उनकी आत्मा, सम्यग्ज्ञान को

धारण करती है, उस समय निरन्तर उन योगियों का तत्त्वज्ञान बढ़ता ही चला जाता है, चित्त में जो कुछ किसी वस्तु के प्रति तृष्णा रहती है, वह सब नष्ट हो जाती है और भव्य जीवों के मन को अत्यन्त प्रसन्नता हो जाती है अर्थात् उन श्रेष्ठ ज्ञान के धारी योगीश्वरों से वास्तविक सुख के मार्ग को सुनने से भव्य जीवों के चित्त को बड़ा भारी सन्तोष होता है ह्न ऐसा वह सम्यग्ज्ञानरूपी चन्द्रमा का उदय, चिरकाल तक इस संसार में जयवन्त रहता है।

इस प्रकार '**श्री पद्मनन्दि आचार्य**' विरचित '**श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका**' नामक ग्रन्थ में '**सद्बोध-चन्द्रोदय**' नामक '**दसवाँ अधिकार**' पूर्ण हुआ।

*****

कर्मबन्ध से सहित आत्मा, कर्मबन्ध से रहित कैसे?

कर्मबन्ध-कलितोऽप्यबन्धनो,
रागद्वेष-मलिनोऽपि निर्मलः।
देहवानपि च देहवर्जितः,
चित्रमेतदखिलं चिदात्मनः।।

अर्थ ह्न आत्मा कर्म-बन्धन से सहित होकर भी कर्म-बन्धन से रहित है; राग-द्वेष से मलिन होने पर भी निर्मल है और देहसहित होने पर भी देहरहित है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि आत्मा का स्वरूप आश्चर्यकारी है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में विरोधाभास अलंकार है। यहाँ आचार्य विरोध को दिखाते हैं कि जो कर्म बन्धन से सहित है, वह कर्म बन्धन से रहित कैसे हो सकता है? और जो समल है, वह निर्मल कैसे हो सकता है? तथा जो देहसहित है, वह देहरहित कैसे हो सकता है?

अब विरोध का परिहार करते हैं ह्न यद्यपि अशुद्धनिश्चयनय से आत्मा, कर्मबन्ध से सहित है, तथापि शुद्धनिश्चयनय से वही आत्मा, कर्म-बन्ध से रहित है; अशुद्धनिश्चयनय से राग-द्वेष से मलिन है तो भी शुद्धनिश्चयनय से वह निर्मल है तथा इसी प्रकार आत्मा, व्यवहारनय से शरीरसहित है तो भी निश्चयनय से उसका कोई शरीर नहीं है।

किसी अपेक्षा से आत्मा कर्मबन्ध से सहित है तथा किसी अपेक्षा कर्मबन्ध से रहित है। किसी अपेक्षा राग-द्वेष से मलिन है तथा किसी अपेक्षा निर्मल है। किसी अपेक्षा आत्मा शरीरसहित है तथा किसी अपेक्षा शरीररहित है। इस प्रकार आत्मा, अनेकधर्मात्मक (अनेकान्त स्वरूप) ही है, एकधर्मात्मक (एकात्मस्वरूप) नहीं ह्न ऐसा विश्वास रखना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, सद्बोध चन्द्रोदय (अधिकार १०) श्लोक १३

अधिकार – ११

निश्चय पञ्चाशत्

५९८. 'निश्चय पञ्चाशत्' अधिकार का मङ्गलाचरण

आर्या

दुर्लक्ष्यं जयति परं, ज्योतिर्वाचां गण: कवीन्द्राणाम्।
जलमिव वज्रे यस्मिन्नलब्धमध्यो बहिर्लुठति।।१।।

कवि प्रवरों की वाणी से भी, गोचर है जो ज्योति नहीं।
जैसे जल बाहर ही रहता, करे न वज्र प्रवेश कभी।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार जल, हीरा नामक रत्न के अन्दर प्रवेश नहीं करता है और बाहरी भाग में ही रह जाता है; उसी प्रकार जिस चैतन्यस्वरूप ज्योति में बड़े-बड़े कवियों की वाणी भी प्रवेश नहीं कर सकती और बाहरी भाग में ही रह जाती है ह्न ऐसा वह चैतन्यस्वरूपी तेज, संसार में दुर्लक्ष्य है अर्थात् उसे बड़ी कठिनाई से भी नहीं देख सकते।

भावार्थ ह्न जो वस्तु, दृष्टिगोचर हो अर्थात् जिसको देख सकें, उसे तो कवि लोग वचन से कह सकते हैं, उसका वर्णन भी कर सकते हैं; किन्तु चैतन्यस्वरूपी तेज, संसार में इतना दुर्लक्ष्य है कि जिस प्रकार जल, हीरे के मध्य भाग में प्रवेश नहीं कर सकता है और बाहरी भाग में ही रह जाता है; उसी प्रकार कवियों की वाणी भी उस चैतन्य तेज के अन्तरंग में प्रवेश कर, उसका वर्णन नहीं कर सकती, किन्तु बाहर ही लड़खड़ाती रह जाती है।

यह 'निश्चय पञ्चाशत्' नामक अधिकार मुख्यरूप से समयसार की मूल गाथाओं एवं उसकी आत्मख्याति टीका में समागत कलशों पर आधारित है। शोधार्थी, उक्त दोनों ग्रन्थों का गहराई से अध्ययन करें।

५९९. चैतन्यरूपी तेज हमारी रक्षा करे

मनसोऽचिन्त्यं वाचा,-मगोचरं यन्महस्तनोर्भिन्नम्।
स्वानुभव-मात्र-गम्यं, चिद्रूपममूर्तमव्याद्व:।।२।।

जो अचिन्त्य है मन से, वचन अगोचर तेज देह से भिन्न।
सबकी रक्षा करे अमूर्तिक, चेतन मात्र स्वानुभव-गम्य।।

अर्थ ह्न जिस चैतन्यरूपी तेज का मन से चिन्तवन नहीं कर सकते हैं, वाणी से भी वर्णन नहीं कर सकते हैं तथा जो शरीर से सर्वथा भिन्न और केवल स्वानुभव से ही जाना जाता है ह्न ऐसा वह चैतन्यरूपी तेज हम लोगों की रक्षा करें।

६००. चैतन्यस्वरूपी ज्योति लोक में जयवन्त वर्तो

वपुरादिपरित्यक्ते, मज्जत्यानन्दसागरे मनसि।
प्रतिभाति यत्तदेकं, जयति परं चिन्मयं ज्योतिः।।३।।

देहादिक से मोह-त्याग, मन आनन्द-सागर में डूबे।
भासित होता एक चिदातम, तेज जगत् जयवन्त रहे।।

अर्थ ह्न शरीर, धन, धान्य आदि से रहित होने पर जिस समय चित्त, आनन्द-सागर में डूबता है; उस समय जो ज्योति मालूम पड़ती है, वह एक तथा चैतन्यस्वरूप उत्कृष्ट ज्योति इस संसार में जयवन्त रहे।

भावार्थ ह्न जब तक प्राणियों को 'यह शरीर मेरा है, यह स्त्री मेरी है तथा ये पुत्र, धन, धान्यादिक मेरे हैं' - इस प्रकार शरीर, स्त्री, पुत्र, धन, धान्य आदि पदार्थों में जब तक ममता लगी रहती है; तब तक किसी को भी उस उत्कृष्ट चैतन्यस्वरूपी तेज का अनुभव नहीं हो सकता; किन्तु जिस समय शरीर आदि से ममता छूट जाती है और मन, आनन्द-सागर में गोता मारने लगता है; उस समय जो तेज अनुभव में आता है, वही चैतन्यस्वरूप उत्कृष्ट तेज है तथा वह तेज, सदा इस लोक में जयवन्त रहे।

६०१. मोहान्धकार को दूर करनेवाले सच्चे गुरुओं को नमस्कार

स जयति गुरुर्गरीयान्, यस्यामलवचनरश्मिभिर्झगिति।
नश्यति तन्मोहतमो, यदविषयो दिनकरादीनाम्।।४।।

रवि-शशि भेद सकें न जिसे वह, मोह-तिमिर हो शीघ्र विनष्ट।
जिनकी वचन-किरण से वे, उत्तम गुरु जग में हैं जयवन्त।।

अर्थ ह्न जिन गुरुओं के निर्मल वचनरूपी किरणों से, जिसको सूर्य-चन्द्र आदि भी नाश नहीं कर सकते - ऐसा प्रबल मोहरूपी अन्धकार, बात ही बात में नष्ट हो जाता है; ऐसे वे उत्तम गुरु, सदा इस लोक में जयवन्त हैं अर्थात् ऐसे गुरुओं को मैं नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न संसार में वेषधारी बहुत से गुरु मौजूद हैं और अपने को जगद्गुरु के नाम से पुकारने का प्रयत्न भी करते हैं, किन्तु वे बनावटी गुरु सच्चे नहीं हो सकते क्योंकि 'गुरु' शब्द का अर्थ ही यह है कि 'जो मोहान्धकार को दूर करने वाला हो' ; इसलिए जो अपने वचनों से मोहान्धकार को दूर करने वाले हैं, वे ही वास्तव में गुरु हैं और उन्हीं गुरुओं को मैं नमस्कार करता हूँ।

६०२. मोक्ष की दु:साध्यता

आस्तां जरादिदु:खं, सुखमपि विषयोद्भवं सतां दु:खम्।
तन्मन्यते सुखं यत् तन्मुक्तौ सा च दु:साध्या।।५।।

जरा आदि तो दु:ख ही हैं, बुध विषयानन्द में दु:ख मानें।
सुख यथार्थ मुक्ति में भासे, किन्तु मुक्ति ही दुर्लभ है।।

अर्थ ह्न संसार में जीवों को जन्म, जरा, मरणादि दु:ख तो दु:खरूप ही भासित होते हैं, परन्तु विषयों से उत्पन्न हुए सुख को जो जीव सुख मानते हैं, वह भी सुख नहीं, अपितु दु:ख ही है; अत: वास्तविक सुख, मोक्ष में ही है, परन्तु वह मोक्ष, अत्यन्त दु:साध्य है।

भावार्थ ह्न जन्म, जरा, मरणादि के दु:ख को तो सर्व मनुष्य दु:ख ही कहते हैं, वे तो दु:ख ही हैं; किन्तु बहुत से अज्ञानी जीव, इन्द्रियों से उत्पन्न हुए सुख को वास्तविक सुख मानते हैं, सो इन्द्रिय-सुख को सुख कहना ठीक नहीं, वह सुख नहीं, अपितु दु:ख ही है। यदि वास्तविक सुख है तो वह मोक्ष में ही है, किन्तु वह मोक्ष, अत्यन्त कठिनाई से साध्य होता है।

६०३. विषयादिक सुख की सुलभता और मोक्ष की दुर्लभता

श्रुतपरिचितानुभूतं, सर्वं सर्वस्य जन्मने सुचिरम्।
न तु मुक्तयेऽत्र सुलभा, शुद्धात्मज्योतिरुपलब्धि:।।६।।

श्रुत परिचित अनुभूत सभी को, सबकी कथा सुलभ चिरकाल।
किन्तु मुक्ति का कारण आतम-ज्योति हुई नहिं अब तक प्राप्त।।

अर्थ ह्न जिनको चिर काल से सुना है, परिचय किया है तथा अनुभव किया है ह्न ऐसे समस्त काम, क्रोध, भोग, विकथा आदि सर्व प्राणियों को जन्म से प्राप्त हैं अर्थात् उनकी प्राप्ति तो सबको सुलभ रीति से हो सकती है, किन्तु-मुक्ति प्राप्ति के लिए शुद्ध आत्मज्योति की प्राप्ति अत्यन्त दुर्लभ है।

भावार्थ ह्न काम, क्रोध, भोग, विकथा आदि पदार्थ तो अनादि काल से प्रत्येक जन्म

में सुने गए हैं, उनका परिचय और अनुभव भी किया गया है, इसलिए उनकी प्राप्ति तो संसार में अत्यन्त सुलभ है अर्थात् उद्बोधक कारण पाकर वे तो बहुत शीघ्र प्रकट हो जाते हैं; किन्तु मुक्ति के लिए शुद्ध आत्मा की प्राप्ति अत्यन्त दुर्लभ है अर्थात् इसकी प्राप्ति जल्दी नहीं हो सकती क्योंकि किसी जन्म में इसको भलीभाँति सुना भी नहीं है और न इसका परिचय और अनुभव किया गया है, इसलिए मोक्षाभिलाषियों को शुद्ध आत्मज्योति की प्राप्ति के लिए अवश्य प्रयत्न करना चाहिए।

सारार्थ ह्न यह श्लोक समयसार की चौथी गाथा से प्रेरित है; इसी प्रकार अन्य अनेकों श्लोकों में समयसार की अनेक गाथाओं को आधार बनाया गया है।

६०४. आत्मा का अनुभव करना अत्यन्त दु:साध्य

बोधोऽपि यत्र विरलो, वृत्तिर्वाचामगोचरो बाढम्।
अनुभूतिस्तत्र पुन; दुर्लक्ष्यात्मनि परं गहनम्।।७।।

आत्मज्ञान भी दुर्लभ ही है, वर्णन भी नहिं करे वचन।
अनुभव तो अतिशय दुर्लभ है, आत्मज्योति अत्यन्त गहन।।

अर्थ ह्न आत्मा का ज्ञान भी अत्यन्त दुर्लभ है और उसका वर्णन भी वाणी के अगोचर है अर्थात् वाणी से उसका वर्णन नहीं कर सकते; अत: जब उसका वाणी से वर्णन ही नहीं कर सकते, तब उसका अनुभव तो अत्यन्त ही दुर्लक्ष्य है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि आत्म-ज्योति अत्यन्त गहन है।

भावार्थ ह्न जो पदार्थ गहन नहीं होता है, उसका तो ज्ञान कर सकते हैं अर्थात् उसको जान सकते हैं। जब उसको जान सकते हैं, तब उसका वर्णन भी कर सकते हैं। वर्णन करने से उसका अनुभव भी हो सकता है किन्तु आत्मा तो अत्यन्त गहन है, इसलिए प्रथम तो उसको जान ही नहीं सकते। यदि किसी रीति से उसे जान भी लेवें तो उसका वर्णन नहीं कर सकते। यदि किसी प्रकार उसका कुछ वर्णन भी करें तो उसका अनुभव नहीं कर सकते, इसलिए आत्मा का बोध, वर्णन और अनुभव सर्व ही उत्तरोत्तर कठिन हैं।

६०५. कर्मों का नाश करने वाले शुद्धनय का वर्णन

व्यवहृतिरबोधजन,-बोधनाय कर्मक्षयाय शुद्धनय:।
स्वार्थं मुमुक्षुरहमिति, वक्ष्ये तदाश्रितं किञ्चित्।।८।।

नय-व्यवहार अबुध सम्बोधन को नय-शुद्ध कर्मक्षयकार।
अत: शुद्धनय से कहता हूँ, हे मुमुक्षु! निज स्वार्थ विचार।।

अर्थ ह्न जो जीव अज्ञानी हैं, उनको समझाने के लिए व्यवहारनय है और कर्मों के नाश हेतु शुद्धनय है, इसलिए आचार्य कहते हैं कि मोक्ष की इच्छा करने वाला मैं, अपने लिए शुद्धनय का आश्रय कर कुछ कहता हूँ अर्थात् शुद्धनय का वर्णन करता हूँ।

भावार्थ ह्न यदि निश्चयनय से अनुभव किया जाए तो आत्मा एक अखण्ड पदार्थ है, उसमें किसी प्रकार का भेद नहीं; लेकिन जिन पुरुषों के ज्ञान पर आवरण पड़ा हुआ है अर्थात् जो अज्ञानी हैं, वे सहसा आत्मस्वरूप को नहीं जान सकते; इसलिए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान आदि आत्मा के गुणों को जुदा करके, उनको आत्मा का स्वरूप समझाया जाता है।

अखण्ड वस्तु को खण्डरूप से जानना ह्न यह व्यवहारनय का विषय है, इसलिए व्यवहारनय तो मूर्खों को समझाने के लिए है, किन्तु उसके आश्रय से कर्मों का नाश नहीं हो सकता। शुद्धनय से जो पदार्थ जैसा है, उसे वैसा ही समझाया जाता है, इसलिए पदार्थ के वास्तविक स्वरूप को समझाने के कारण शुद्धनय कर्मों को नाश करनेवाला है अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति में कारण है। इसलिए स्वयं मोक्ष को जाने की इच्छा करने वाले श्री पद्मनन्दि आचार्य कहते हैं कि मैं अब इस ग्रन्थ में शुद्धनय का कुछ वर्णन करता हूँ।

६०६. निश्चयनय के अनुगामी पुरुष को ही मोक्ष-प्राप्ति

व्यवहारोऽभूतार्थो, भूतार्थो देशितस्तु शुद्धनयः।
शुद्धनयमाश्रिता ये, प्राप्नुवन्ति यतयः पदं परमम्।।९।।

अभूतार्थ व्यवहार कहा है, कहा शुद्धनय है भूतार्थ।
जो यति शुद्धनयाश्रय करते, उन्हें परमपद होता प्राप्त।।

अर्थ ह्न व्यवहारनय तो असत्यार्थभूत और शुद्धनय सत्यार्थभूत कहा गया है; अतः जो मुनि, शुद्धनय के आश्रित हैं, वे मोक्षपद को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ ह्न अखण्ड पदार्थ को खण्ड रीति से जानना, व्यवहारनय का कार्य है, वह सत्यार्थभूत नहीं है; इसलिए व्यवहारनय भी सत्यार्थभूत नहीं है। जो जीव, इस व्यवहारनय का आश्रय करते हैं, उनको संसार में ही रुलना पड़ता है, वे मोक्ष को नहीं जाते, किन्तु जो जीव, शुद्धनिश्चयनय का आश्रय करते हैं, उनको मोक्षपद की प्राप्ति होती है क्योंकि जो पदार्थ जैसा है, वह शुद्धनिश्चयनय से उसी रीति से जाना जाता है; इसलिए जो जीव, मोक्ष के अभिलाषी हैं, उनको शुद्धनिश्चयनय का ही आश्रय करना चाहिए और यदि संसार में भटकना हो तो संसार के प्रधान कारण व्यवहारनय का अवलम्बन करना चाहिए।

६०७. व्यवहारनय से तत्त्व वाच्य और निश्चयनय से अवाच्य

तत्त्वं वागतिवर्ति, व्यवहृतिमासाद्य जायते वाच्यम्।
गुणपर्ययादिविवृते: प्रसरति तच्चापि शतशाखम्।।१०।।

तत्त्व अगोचर है वाणी से, किन्तु कथन करता व्यवहार।
गुण-पर्याय भेद से उसका, शत शाखा में हो विस्तार।।

अर्थ ह्न निश्चयनय से तो तत्त्व, वाणी से अगोचर है अर्थात् वचन से उसके स्वरूप का वर्णन नहीं कर सकते; किन्तु वही तत्त्व, व्यवहारनय की अपेक्षा से वाच्य है अर्थात् वचन से उसका कुछ वर्णन कर सकते हैं; वह तत्त्व गुण-पर्याय आदि के विवरण से सैंकड़ों शाखास्वरूप में परिणत हो जाता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार एक वृक्ष, शाखा-प्रशाखाओं के कारण अनेक भेदरूप हो जाता है; उसी प्रकार यद्यपि निश्चयनय से आत्मा अवाच्य तथा एक है, तथापि व्यवहारनय से वह वाच्य अर्थात् वचन द्वारा वर्णन करने योग्य है तथा गुण-पर्याय आदि भेदों से अनेक प्रकार का कहा जाता है।

६०८. व्यवहारनय भी उपादेय

मुख्योपचारविवृतिं, व्यवहारोपायतो यत: सन्त:।
ज्ञात्वा श्रयन्ति शुद्धं, तत्त्वमिति व्यवहृति: पूज्या।।११।।

नय व्यवहार मार्ग से ही, बुध जानें मुख्य और उपचार।
इससे शुद्धतत्त्व का आश्रय, अत: पूज्य कहते व्यवहार।।

अर्थ ह्न मुख्य जो शुद्धनय, उसमें उपचार से जिसका विवरण है ह्न ऐसे व्यवहारनय की सहायता से सज्जन पुरुष, शुद्ध तत्त्व का आलम्बन करते हैं, अत: व्यवहारनय भी पूज्य ही है।

भावार्थ ह्न यह भलीभाँति अनुभव में आता है कि जन्म लेते ही जीव, इतने बुद्धिमान नहीं होते, कि वे बिना प्रयास के ही मूलतत्त्व को समझ लेवें; किन्तु उपदेशादि के बल से ही उनको मूलतत्त्व समझाया जाता है तथा मूलतत्त्व के स्वरूप को व्यवहारनय का अवलम्बन करके ही समझाया जाता है, इसलिए असली तत्त्व के आश्रय करने में व्यवहारनय भी कारण होने से पूज्य ही है, हेय नहीं।

६०९. निश्चय रत्नत्रय ही संसार का नाशक

आत्मनि निश्चयबोध,-स्थितयो रत्नत्रयं भवक्षतये।
भूतार्थ-पथ-प्रस्थित,-बुद्धेरात्मैव तत्त्रितयम्।।१२।।

आत्मदर्श-अवगम-स्थिति, रत्नत्रय ही भवक्षय करता।
निश्चयपथ आश्रित आत्मा ही रत्नत्रयस्वरूप होता।।

अर्थ ह्न आत्मा में जो निश्चयबोध-स्थितिरूप रत्नत्रय है अर्थात् सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र है; वह संसार-नाश का कारण है। वह रत्नत्रय, कोई अन्य पदार्थ नहीं; किन्तु जिन भव्य जीवों की बुद्धि, भूतार्थ मार्ग में स्थित है अर्थात् शुद्धनिश्चयनय का आश्रय करने वाली है, उन भव्य जीवों की आत्मा ही सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्रस्वरूप है।

भावार्थ ह्न जो भव्य जीव, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्रमय रत्नत्रयस्वरूप आत्मा का ध्यान करते हैं, वे समस्त दु:खों से छूट जाते हैं और मुक्ति को जाते हैं; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को अवश्य ही रत्नत्रयस्वरूप आत्मा की आराधना करना चाहिए।

६१०. रत्नत्रय ही आत्मा का अखण्डरूप

सम्यक्सुखबोधदृशां, त्रितयमखण्डं परात्मनो रूपम्।
तत्तत्र तत्परो य:, स एव तल्लब्धिकृतकृत्य:।।१३।।

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-सुख त्रय, अखण्ड हैं परमात्म स्वरूप।
परमात्मा में लीन रहें जो, वे होते कृतकृत्य स्वरूप।।

अर्थ ह्न सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र ह्न ये तीनों, आत्मा के ही अखण्डरूप हैं; इसलिए आचार्य कहते हैं कि जो पुरुष, परमात्मा में लीन हैं अर्थात् परमात्मा के आराधक हैं, उनको सम्यग्दर्शनादि की प्राप्ति होती है और वे कृतकृत्य हो जाते हैं।

भावार्थ ह्न आत्मा की आराधना करने वाले मनुष्यों को सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की प्राप्ति होती है क्योंकि सम्यग्दर्शनादि आत्मा से भिन्न नहीं, बल्कि आत्मा के ही अखण्ड-स्वरूप हैं। सम्यग्दर्शनादि की प्राप्ति से वे मनुष्य कृतकृत्य हो जाते हैं अर्थात् उन्हें संसार में कोई भी कार्य शेष नहीं रहता, इसलिए जो मनुष्य कृतकृत्य होना चाहते हैं; उनको अवश्य ही सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की प्राप्ति करना चाहिए।

६११. रत्नत्रय का स्वरूप

अग्नाविवोष्णभाव:,सम्यग्बोधोऽस्ति दर्शनं शुद्धम्।
ज्ञातं प्रतीतमाभ्यां, सत्स्वास्थ्यं भवति चारित्रम्।।१४।।

अग्नि उष्णता सम आत्म-ज्ञान ह्न यह प्रतीति सम्यग्दर्शन।
ऐसा सम्यक् बोध ज्ञान, इन सहित स्वस्थता है चारित।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार अग्नि में उष्णता है, उसी प्रकार आत्मा में ज्ञान है ह्न ऐसी दृढ़

प्रतीति का नाम सम्यग्दर्शन है; आत्मा का जो भलीभाँति ज्ञान, वही सम्यक्ज्ञान है तथा सम्यग्दर्शन- सम्यग्ज्ञानसहित आत्मा में समीचीन स्वस्थता ही सम्यक्चारित्र है।

भावार्थ ह्न आत्मा के निश्चय (यथार्थ) श्रद्धान को सम्यग्दर्शन, आत्मा के निश्चय ज्ञान को सम्यग्ज्ञान तथा आत्मा की निश्चय स्थिति ही सम्यक्चारित्र कहलाती है।

६१२. सम्यग्दर्शन से ही कर्मरूपी वैरियों का नाश

विहिताभ्यासा बहिरर्थ,-वेध्यसम्बन्धतो दृगादिशरा:।
सफला: शुद्धात्म-रणे, छिन्दित-कर्मारि-संघाता:।।१५।।

दर्शनादि बाणों से करते, बाह्य अर्थ छेदन अभ्यास।
कर्म शत्रु का घात करें वे, आतम-रण में होंय सफल।।

अर्थ ह्न बाह्य जो पदार्थ, वे ही हुए वेध्य 'निशान', उनके सम्बन्ध से किया गया है अभ्यास जिनका ह्न ऐसे सम्यग्दर्शनादि बाण हैं, वे शुद्धात्मारूपी संग्राम में समस्त कर्मरूपी वैरियों को नाश कर सफल होते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार नाना निशानों को मार-मार कर अभ्यास किये गये बाण से वैरी का नाश होता है, तभी उस बाण की सफलता समझी जाती है; उसी प्रकार जिस समय सम्यग्दर्शनादि के होने पर समस्त कर्म नष्ट हो जाते हैं, उसी समय सम्यग्दर्शनादि की सफलता समझी जाती है।

६१३. सम्यग्ज्ञान से ही सिद्धत्व की प्राप्ति

हिंसोज्झित एकाकी, सर्वोपद्रवसहो वनस्थोऽपि।
तरुरिव नरो न सिध्यति, सम्यग्बोधादृते जातु।।१६।।

हिंसा त्याग बसे एकाकी, सर्व उपद्रव सहन करे।
सम्यग्ज्ञान बिना वन में, तरुवत् नहिं सिद्धि प्राप्त करे।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार की हिंसाओं से रहित, अकेला तथा समस्त उपद्रवों (विघ्नों) को सहन करने वाला मुनि, वृक्ष के समान वन में स्थित रहते हुए भी सम्यग्ज्ञान के बिना सिद्धत्व की प्राप्ति नहीं कर सकता।

भावार्थ ह्न जब तक मुनि, सम्यग्ज्ञान को प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक वह कैसी भी हिंसा के त्यागी हों, वन में अकेले रहें तथा समस्त प्रकार के उपसर्गों को भलीभाँति सहन करें, फिर भी सिद्धपद को प्राप्त नहीं कर सकते; अत: सिद्धपद के अभिलाषियों को सर्वप्रथम सम्यग्ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

६१४. शुद्धनय में स्थित पुरुष का वर्णन

अस्पृष्टमबद्धमनन्य,-मयुतमविशेषमभ्रमोपेतः।
यः पश्यत्यात्मानं, स पुमान् खलु शुद्धनयनिष्ठः।।१७।।

जो निज को देखे अबद्ध-अस्पृष्ट-अनन्य-अयुत-अविशेष।
संशय-त्याग वही नर होता निश्चित परम शुद्धनय निष्ठ।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, भ्रमरहित होकर, आत्मा को अस्पृष्ट, अबद्ध, अनन्य, अयुत (असंयुक्त), अविशेष मानता है; वही पुरुष, शुद्धनय में स्थित है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न शुद्धनय का अवलम्बन करने वाला मनुष्य, अपनी आत्मा को जल में स्थित, किन्तु जल से अस्पृष्ट कमलपत्र के समान कर्मों के स्पर्श से रहित अस्पृष्ट मानता है, कर्मबन्धन से रहित आत्मा को एक मानता है, कर्मस्वरूपसे भिन्न अबद्ध मानता है तथा आत्मा को अविशेष अर्थात् कर्मों के द्वारा किए हुए मनुष्य, देव आदि नाना प्रकार के विशेषों से रहित है ह्न ऐसा मानता है।

ऐसा प्रतिपादन, समयसार गाथा १४ में किया है तथा समयसार कलश १३१ में आता है ह्न

भेदविज्ञानतः सिद्धा, सिद्धा ये किल केचन।
अस्यैवाभावतो बद्धा, बद्धा ये किल केचन।।

अर्थ ह्न जो कोई जीव, सिद्ध हुए हैं, वे स्व-पर भेदविज्ञान के बल से ही सिद्ध हुए हैं और जो कोई जीव बँधे हैं, वे स्व-पर भेदविज्ञान के अभाव से ही बँधे हैं; इसलिए सिद्ध बनने की इच्छा करने वाले भव्य जीवों को अवश्य ही भेदविज्ञान की ओर दृष्टि करनी चाहिए।

६१५. शुद्ध-अशुद्ध आत्मा के ध्यान से क्रमशः शुद्धता एवं अशुद्धता की प्राप्ति

शुद्धाच्छुद्धमशुद्धं, ध्यायन्नाप्नोत्यशुद्धमेव स्वम्।
जनयति हेम्नो हैमं, लोहाल्लौहं नरः कटकम्।।१८।।

शुद्ध लखे जो शुद्ध लहे, ध्याये अशुद्ध तो लहे अशुद्ध।
स्वर्ण-पात्र ही बने स्वर्ण से, लौह-पात्र हो लोहे से।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मनुष्य, सुवर्ण से सुवर्णमय आभूषण आदि को ही बनाता है और लौह से लौहमय बर्तन आदि को ही बनाता है; उसी प्रकार जो मनुष्य, शुद्धात्मा का ध्यान करता है, उसको शुद्धात्मा की प्राप्ति होती है और जो मनुष्य, अशुद्ध आत्मा का ध्यान करता है, उसको अशुद्ध आत्मा की ही प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न यह नियम है कि जिस प्रकार का कारण हो, उसी प्रकार का कार्य भी होता है। जैसे, सुवर्ण से सुवर्णमय पात्र की तथा लौह से लौहमय पात्र की ही उत्पत्ति क्यों होती है? उसका कारण यह है कि उनका कारण मूल धातु सुवर्ण तथा लोहा है; उसी प्रकार शुद्धात्मा की प्राप्ति में कारण शुद्धात्मा का ध्यान है और अशुद्धात्मा की प्राप्ति में कारण अशुद्धात्मा का ध्यान है; इसलिए जो मनुष्य, शुद्धात्मा का ध्यान करते हैं, उनको तो शुद्धात्मा की प्राप्ति होती है और जो मनुष्य, अशुद्ध आत्मा का ध्यान करते हैं, उनको अशुद्ध आत्मा की ही प्राप्ति होती है; अत: जो मनुष्य, शुद्ध आत्मा की प्राप्ति के अभिलाषी हैं, उनको शुद्ध आत्मा का ही ध्यान-मनन करना चाहिए।

६१६. चारित्रपूर्वक ही दर्शन-ज्ञान की शुद्धता

सानुष्ठान-विशुद्धे, दृग्बोधे जृम्भिते कुतो जन्म।
उदितेगभस्तिमालिनि, किं न विनश्यति तमो नैशम्।।१९।।

सूर्योदय होने पर होता, अन्धकार का नाश स्वयं।
चारित्र सहित दृग-ज्ञान विशुद्ध, तो कदापि न होय जनम।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार सूर्य का उदय होने पर रात्रि का अन्धकार नष्ट हो जाता है; उसी प्रकार जिस जीव के सम्यक्चारित्रसहित सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शन विशुद्ध होते हैं, उसका जन्म कदापि नहीं हो सकता।

भावार्थ ह्न जब तक सूर्य का उदय नहीं होता, तब तक निशा का अन्धकार आकाश में व्याप्त रहता है; किन्तु जिस समय सूर्य का उदय होता है, उस समय पल भर में रात्रि का अन्धकार नष्ट हो जाता है। उसी प्रकार जब तक आत्मा में अखण्ड सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की प्राप्ति नहीं होती, तब तक संसार में भटकना पड़ता है; किन्तु जब निर्मल सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र की प्राप्ति हो जाती है, तब आत्मा को संसार में भटकना नहीं पड़ता।

६१७. मन के नाश का उपाय

आत्मभुवि कर्मबीजात्, चित्ततरुर्यत्फलं फलति जन्म।
मुक्त्यर्थिना स दाह्यो, भेद-ज्ञानोग्र-दावेन।।२०।।

आत्मभूमि में कर्मबीज से, मनोवृक्ष पर जन्म फले।
भस्म करे वह बीज मुमुक्षु, भेदज्ञान-दावानल से।।

अर्थ ह्न आत्मरूपी भूमि में कर्मरूपी बीज से उत्पन्न हुआ मनरूपी वृक्ष, संसाररूपी फल को फलता है, इसलिए आचार्य कहते हैं कि जिनको जन्म से मुक्त होने की इच्छा है अर्थात् जो मुमुक्षु हैं, वे भेदज्ञानरूपी जाज्वल्यमान अग्नि से उस चित्तरूपी वृक्ष को जलाएँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार भूमि में उत्पन्न हुआ वृक्ष, फल को देता है; उसी प्रकार मन की सहायता से इन्द्रियाँ, विषयों में प्रवृत्त होती हैं, उससे नाना प्रकार के कर्मों का सम्बन्ध आत्मा में होता है और कर्म-सम्बन्ध से यह आत्मा, संसार में भटकता है, इसलिए संसार का बढ़ाने वाला मन ही है; अत: भव्य जीवों को चाहिए कि वे स्व-पर के विवेक से इस मन को सर्वथा नष्ट करें।

६१८. स्व-पर ज्ञानरूपी कतकफल से आत्मतत्त्व की प्राप्ति

अमलात्मजलं समलं, करोति मम कर्मकर्दमस्तदपि।
का भीति: सति निश्चित,-भेदकरज्ञानकतकफले।।२१।।

कर्म-कीच मम अमल आत्मजल, मलिन करे तोभी क्या भय?।
स्व-पर भेद-विज्ञान कतकफल होने से मैं हूँ निर्भय।।

अर्थ ह्न अत्यन्त निर्मल आत्मा को कर्मरूपी कीचड़ मैला करे तो भी मुझे कोई भय नहीं है क्योंकि निश्चय से स्व-पर के भेद को करने वाला ज्ञानरूपी कतकफल (फिटकरी) मेरे पास मौजूद है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार मैले जल को फिटकरी निर्मल बना देती है; उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्म, आत्मा को मलिन कर रहे हैं तो भी स्व-पर के भेदज्ञान से कर्मरूपी मलिनता पल भर में नष्ट हो जाती है, इसलिए स्व-पर का भेदविज्ञान होने पर कर्मरूपी मलिनता का मुझे किसी प्रकार भय नहीं है ह्न ऐसा भेदज्ञानी विचार करता है।

६१९. संसार में मेरा कुछ भी नहीं

अन्योऽहमन्यतेमत्, शरीरमपि किं पुनर्न बहिरार्था:।
व्यभिचारी यत्र सुत:, तत्र किमरय: स्वकीया: स्यु:।।२२।।

मैं तन से भी भिन्न सदा, तो बाह्य पदार्थों की क्या बात?।
यदि अपना सुत ही अनिष्ट तो, अन्य शत्रुओं की क्या आस।।

अर्थ ह्न मैं अन्य हूँ तथा शरीर भी मुझसे अन्य है तो प्रत्यक्ष बाह्य स्त्री, पुत्रादि पदार्थ तो मुझसे अवश्य ही भिन्न हैं क्योंकि यदि संसार में अपना पुत्र ही अनिष्ट का करने वाला हो तो वैरी मेरे कैसे हो सकते हैं? अर्थात् वे तो अवश्य ही मेरे अनिष्ट का कारण होंगे।

भावार्थ ह्न संसार में सबसे स्वकीय (अपना) पुत्र समझा जाता है। यदि वह भी मुझे दु:ख देने वाला हो, मेरा अनिष्ट करने वाला हो तो वैरी (शत्रु) तो अवश्य ही मेरा अनिष्ट ही करेंगे क्योंकि वे पहले से ही स्वकीय (अपने) नहीं हैं; उसी प्रकार संसार में सबसे अधिक अपना सम्बन्धी शरीर है; यदि वह भी आत्मा से भिन्न है तो स्त्री, पुत्रादि तो अवश्य ही भिन्न हैं ह्न ऐसा समझना चाहिए।

६२०. शरीर में उत्पन्न रोगों से आत्मा को नुकसान नहीं

व्याधिस्तुदति शरीरं, न माममूर्तं विशुद्धबोधमयम्।
अग्निर्दहति कुटीरं, न कुटीरासक्तमाकाशम् ।।२३।।

जैसे अग्नि जलाती घर को, तद्गत नभ जलता न कभी।
तन विनष्ट हो रोगों से मैं ज्ञान अमूर्तिक अविनाशी।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार किसी झोपड़ी में लगी हुई अग्नि, झोपड़ी को ही जलाती है, किन्तु उसके मध्य में रहे आकाश को नहीं; उसी प्रकार शरीर में नाना प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं, लेकिन वे रोग, उस शरीर को ही नष्ट करते हैं, किन्तु शरीर में स्थित निर्मल ज्ञानमयी आत्मा को नहीं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अमूर्तिक आकाश का मूर्तिक अग्नि कुछ नहीं कर सकती, किन्तु वह मूर्तिक झोपड़े को ही जला कर नष्ट कर सकती है; उसी प्रकार आत्मा तो अमूर्तिक और निर्मल ज्ञानमय है, इसलिए मूर्तिक शरीर के धर्म जो रोग आदि हैं, वे इस आत्मा का कुछ भी नहीं कर सकते, किन्तु वे शरीर का ही नाश करने वाले हैं; इसलिए शरीर में रोगादि के होने पर सज्जन पुरुषों को कभी भी डरना नहीं चाहिए।

६२१. क्षुधादि समस्त दु:ख, शरीराश्रित

वपुराश्रितमिदमखिलं, क्षुधादिभिर्भवति किमपि यदसातम्।
नो निश्चयेन तन्मे, यदहं बाधा-विनिर्मुक्त:।।२४।।

देहाश्रित सब दु:ख क्षुधादिक, जड़ तन में ही होते है।
निश्चय से मैं देह नहीं हूँ , अत: नहीं बाधा मुझमें।।

अर्थ ह्न भूख, प्यास आदि कारणों से दु:ख उत्पन्न होते हैं, किन्तु वे समस्त दु:ख, मेरे शरीर में ही होते हैं; लेकिन निश्चयनय से यह शरीर मेरा नहीं है क्योंकि मैं समस्त प्रकार की बाधाओं से रहित हूँ।

भावार्थ ह्न मैं निर्मल ज्ञानस्वरूप आत्मा हूँ और शरीर जड़ पदार्थ है, इसलिए वह मुझसे भिन्न है। यदि असाता वेदनीयकर्म के उदय से क्षुधा-तृषा आदि कारणों से दु:ख भी हो तो वह दु:ख, शरीर में ही होता है, मुझे कोई दु:ख नहीं होता क्योंकि मैं समस्त प्रकार के दु:खों से रहित हूँ।

६२२. क्रोधादि कषाएँ, आत्मा के धर्म नहीं

नैवात्मनो विकार:, क्रोधादि: किन्तु कर्मसम्बन्धात्।
स्फटिकमणेरिव रक्तत्व,-माश्रितात्पुष्पतो रक्तात्।।२५।।

क्रोधादिक हों कर्मोदय से, ये आतम के नहीं विकार।
लाल फूल केआश्रय से ज्यों,स्फटिकमणि दिखता है लाल।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार लाल फूल के आश्रय से स्फटिक मणि लाल हो जाती है, उसी प्रकार आत्मा में कर्म के सम्बन्ध से क्रोध आदि विकार पैदा हो जाते हैं; किन्तु वे क्रोधादि विकार आत्मा के विकार नहीं हैं।

भावार्थ ह्न स्फटिक मणि, स्वभाव से लाल नहीं है, उसका स्वभाव सफेद ही है; किन्तु जिस समय उसके पास लाल फूल रखा होता है, उस समय लाल फूल के सम्बन्ध से वह लाल दिखायी देता है ह्न ऐसे ही आत्मा स्वभाव से न क्रोधी है, न मानी है, न लोभी आदि ही है; किन्तु कर्मों के सम्बन्ध से वह क्रोधी, लोभी आदि बन जाता है; इसलिए क्रोधादि विकार आत्मा के विकार नहीं हैं, किन्तु कर्मों के ही विकार है।

६२३. कर्म से उत्पन्न विकल्प भी शुद्ध आत्मा के नहीं

कुर्यात् कर्म विकल्पं, किं मम तेनातिशुद्धरूपस्य।
मुख-संयोगज-विकृते:, न विकारी दर्पणो भवति।।२६।।

शुद्धस्वरूपी मुझ आतम का, क्या कर सकते कर्म विकल्प।
मुख मलीन दिखता दर्पण में, किन्तु न मैला हो दर्पण।।

अर्थ ह्न मुख के संयोग से उत्पन्न हुए विकार से अर्थात् मलिन मुख के सम्बन्ध से जिस प्रकार दर्पण मलिन नहीं होता; उसी प्रकार कर्म चाहे कितने ही विकल्प क्यों न करें, किन्तु अत्यन्त शुद्धस्वरूप मुझ आत्मा का ये विकल्प, कुछ भी नहीं कर सकते।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार मलिन मुख के सम्बन्ध से दर्पण मलिन नहीं होता, वह स्वच्छ ही बना रहता है; उसी प्रकार कर्मों से पैदा हुए नाना प्रकार के विकल्पों से मेरा आत्मा विकल्पी नहीं बन सकता, वह तो निर्मल ही रहता है।

६२४. शरीरादि भी कर्म से ही उत्पन्न

आस्तां बहिरुपधिचयः, तनुवचनविकल्पजालमप्यपरम्।
कर्मकृतत्वान्मत्तः, कुतो विशुद्धस्य मम किञ्चित्।।२७।।

दूर रहे यह बाह्य उपाधि, तनवाणी अरु जालविकल्प।
कर्मजन्य हैं अतः विशुद्ध, स्वभावी मेरे नहिं किञ्चित्।।

अर्थ ह्न बाह्य स्त्री, पुत्र आदि उपाधि तो दूर रहो; किन्तु शरीर, वचन और विकल्प भी कर्म से किए गये हैं। मैं विशुद्ध हूँ, इसलिए मेरा कुछ भी नहीं है।

भावार्थ ह्न कर्मों द्वारा की हुई समस्त बाह्य उपाधियाँ मुझसे भिन्न हैं, मेरा कोई भी नहीं है क्योंकि जिनसे अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है ह्न ऐसे कर्मकृत शरीर, वचन आदि भी जब मुझसे भिन्न हैं तो स्त्री, पुत्रादि सर्वथा भिन्न पदार्थ, मेरी आत्मा से भिन्न ही हैं।

६२५. कर्म एवं कर्मफल भी मुझसे भिन्न

कर्म परं तत्कार्यं, सुखमसुखं वा तदेव परमेव।
तस्मिन् हर्षविषादौ, मोही विदधाति खलु नान्यः।।२८।।

कर्म और तज्जन्य सुखादिक, भी मुझसे हैं भिन्न सदा।
मोही उनमें हर्ष-विषाद करें, नहिं ज्ञानी करें कदा।।

अर्थ ह्न कर्म भिन्न है तथा जो कर्मों के सुख-दुःखादि कार्य हैं, वे भी मुझसे भिन्न ही हैं। कर्म के सुख-दुःखादि फलों में निश्चय से मोही जीव ही हर्ष-विषाद करता है, अन्य नहीं।

भावार्थ ह्न जिस मनुष्य को हिताहित का विवेक नहीं अर्थात् जो मोही है; वह मनुष्य, ज्ञानावरणादि कर्मों को भी अपना मानता है और कर्मों के कार्य (फल) को भी अपना मानता है, इसलिए साता वेदनीयकर्म के उदय से प्राप्त सुख में हर्ष मानता है एवं असाता वेदनीयकर्म के उदय से प्राप्त दुःख में विषाद (दुःख) मानता है; किन्तु जो मनुष्य, बुद्धिमान है अर्थात् जिस मनुष्य को 'यह वस्तु मेरे हित में है और यह वस्तु मेरे हित में नहीं है' ह्न इस बात का ज्ञान है, वह मनुष्य, कर्म तथा कर्मों के कार्य को अपना नहीं मानता। साता वेदनीयकर्म के उदय में न हर्ष मानता है और असाता वेदनीयकर्म के उदय में न दुःख मानता है। वह समझता है कि कर्म तथा कर्मों के जितने भी कार्य हैं, वे सब जड़ हैं और मैं चेतन हूँ; इसलिए वे मुझसे सर्वथा भिन्न हैं।

६२६. लोक में मोक्षाभिलाषी पुरुष ही सुखी

कर्म न यथा स्वरूपं, न तथा तत्कार्यकल्पनाजालम्।
तत्रात्ममतिविहीनो, मुमुक्षुरात्मा सुखी भवति।।२९।।

जैसे कर्म भिन्न हैं वैसे, भिन्न कल्पना सुख-दु:खरूप।
इनमें जो नहिं करे अहं मति, वही मुमुक्षु सुखस्वरूप।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार कर्म, आत्मा का स्वरूप नहीं है, उसी प्रकार कर्म का सुख-दु:ख आदि कार्य, उनकी कल्पना, उनका समूह भी आत्मा का स्वरूप नहीं है; इसलिए कर्म तथा कर्मफल, जो सुख-दु:ख आदि रूप हैं, उनमें जो मुमुक्षु भव्य जीव, आत्मबुद्धि नहीं करता, वही भव्य आत्मा, संसार में सुखी है।

भावार्थ ह्न जब तक जीव अपने से सर्वथा भिन्न कर्म तथा कर्म के सुख-दु:ख आदि कार्यों को अपना मानता है, तब तक उसको रंचमात्र भी सुख नहीं होता; कर्म तथा कर्मों के कार्यों को अपनाने के कारण उसे संसार में भटकना पड़ता है और भटकने से उसको अनन्त नरकादि दु:खों का सामना करना पड़ता है; किन्तु मोक्ष की इच्छा करने वाले भव्य जीव, कर्म तथा कर्म के कार्यों को अपनाते नहीं हैं, अत: उनको सुख की प्राप्ति होती है अर्थात् वे ही सुखी होते हैं, इसलिए मोक्षाभिलाषियों को चाहिए कि वे पर-पदार्थ में आत्मबुद्धि न करें।

६२७. कर्म की भिन्नता का वर्णन

कर्मकृतकार्यजाते, कर्मैव विधौ तथा निषेधे च।
नाहमतिशुद्धबोधो, विधूतविश्वोपधिर्नित्यम्।।३०।।

कर्मजन्य कार्यों के होने, या अभाव में कारण कर्म।
कर्मोपाधि-विहीन सदा मैं, निर्मल शुद्ध ज्ञान निष्कर्म।।

अर्थ ह्न कर्म द्वारा किये हुए जो सुख-दु:खरूप कार्य, उन कार्यों के विधान में तथा निषेध में कर्म ही है अर्थात् कर्म ही कर्ता है; किन्तु मैं अत्यन्त निर्मल ज्ञान का धारी हूँ क्योंकि मैं सदैव समस्त प्रकार के कर्मोपाधियों से रहित हूँ।

भावार्थ ह्न कर्म द्वारा राग-द्वेष, सुख-दु:ख आदि कार्य होते हैं, उन समस्त कार्यों का कर्ता कर्म ही है; किन्तु मेरा आत्मा, उन सुख-दु:खादि कार्यों का कर्ता नहीं है क्योंकि वह अत्यन्त शुद्ध ज्ञान का धारी और सदा समस्त प्रकार की कर्मजनित उपाधियों से रहित है।

६२८. मोही जीव, बाह्य विकारों में भी अपनापन मानने वाला

बाह्यायामपि विकृतौ, मोही जागर्ति सर्वदात्मेति।
किं नोपभुक्त-हेमो, हेमं ग्रावाणमपि मनुते।।३१।।

यथा धतूरा खाकर नर को, पत्थर भी सोना लगता।
वैसे मोही प्राणी को यह, बाह्य-जगत अपना लगता।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार कोई मनुष्य धतूरे को खा लेता है तो उसे पत्थर भी सोना मालूम पड़ता है; उसी प्रकार जो मनुष्य मोही है अर्थात् जिसे हिताहित का ज्ञान नहीं है, वह मनुष्य बाह्य स्त्री-पुत्रादि विकृति को आत्मा ही मानता है।

भावार्थ ह्न धूल, मिट्टी, पत्थर आदि पदार्थ यद्यपि सुवर्ण नहीं हैं; किन्तु जिस मनुष्य ने धतूरे का सेवन किया है, उसे वे सुवर्ण के समान जान पड़ते हैं; उसी प्रकार निश्चयनय से स्त्री, पुत्र आदि तथा धन, धान्य आदि जड़ पदार्थ अपने नहीं है; तथापि जिन मनुष्यों की आत्मा पर प्रबल मोहरूपी पर्दा पड़ा हुआ है, उनको वे सब विपरीत ही सूझते हैं अर्थात् मोही मनुष्य, उन सबको अपना मानता है।

६२९. मोक्षार्थी का विचार

सति द्वितीये चिन्ता, कर्म ततस्तेन वर्तते जन्म।
एकोऽस्मि सकलचिन्ता, रहितोऽस्मि मुमुक्षुरिति नियतम्।।३२।।

परद्रव्यों से चिन्ता, उससे कर्म और उनसे संसार।
'मैं हूँ एक सकल चिन्ता से रहित,' मुमुक्षु करें विचार।।

अर्थ ह्न द्वितीय (अन्य) वस्तु के होने पर चिन्ता होती है, चिन्ता से कर्मों का आगमन होता है और कर्मों से संसार में जन्म होता है; इसलिए निश्चय से मोक्ष की इच्छा करने वाला मैं अकेला हूँ तथा समस्त प्रकार की चिन्ताओं से रहित हूँ।

भावार्थ ह्न यह नियम है कि संसार में जो जीव कर्मों से बँधे हुए हैं, वे दु:खी हैं। आत्मा के साथ जो कर्म-बन्धन है, वह चिन्ता से है। वह चिन्ता, द्वितीय (अन्य) पदार्थों के होने पर ही होती है; इसलिए मोक्षाभिलाषी जीव ह्न ऐसा विचार करता रहता है कि निश्चय से मैं अकेला तथा समस्त चिन्ताओं से रहित ही हूँ।

६३०. मोक्षाभिलाषी को अन्य पदार्थों सम्बन्धी चिन्ता का अभाव

यादृश्यपि तादृश्यपि, परतश्चिन्ता करोति खलु बन्धम्।
किं मम तया मुमुक्षोः, परेण किं सर्वदैकस्य।।३३।।

परद्रव्यों की जैसी चिन्ता होती वैसे बँधते कर्म।
मुझ मुमुक्षु को चिन्ता से क्या? मैं तो सदा एक निष्कर्म।।

अर्थ ह्न जिस-जिस प्रकार की जो जो चिन्ता होती है, वह-वह उस-उस प्रकार के बन्ध को करने वाली होती है। मैं तो मोक्ष की इच्छा करने वाला हूँ, इसलिए मुझे उस चिन्ता से क्या प्रयोजन है? मैं तो सदा एक हूँ, अत: मुझे अन्य पदार्थों से भी क्या प्रयोजन है?

भावार्थ ह्न चिन्ता दो प्रकार की होती है - १. शुभ-चिन्ता, २. अशुभ-चिन्ता। शुभ पदार्थों के विषय में की जाने वाली चिन्ता, शुभ-चिन्ता कहलाती है; जैसे, तीर्थंकर के आसन, आकार आदि की चिन्ता तथा अशुभ पदार्थों के विषय में की जाने वाली चिन्ता, अशुभ- चिन्ता कहलाती है; जैसे स्त्री, पुत्र आदि की चिन्ता। ये दोनों ही प्रकार की चिन्ताएँ, बन्ध की ही कारण हैं क्योंकि शुभ-चिन्ता से शुभकर्म का बन्ध होता है और अशुभ-चिन्ता से अशुभकर्म का बन्ध होता है; इस कारण संसार में ही भटकना पड़ता है; इसलिए मोक्षाभिलाषी जीव, ऐसा विचार करता है कि 'मैं मुमुक्षु हूँ,' इसलिए मुझे चिन्ता से क्या प्रयोजन है? मैं सदा अकेला हूँ; इसलिए मुझे स्त्री, पुत्र, मित्रादि पदार्थों से भी क्या प्रयोजन है? अर्थात् कुछ भी नहीं।

६३१. ज्ञानी को निर्मल आत्मस्वरूप का विचार

मयि चेत: परजातं, तच्च परं कर्म विकृतिहेतुरत:।
किं तेन निर्विकार:, केवलमहममलबोधात्मा।।३४।।

पर से हुआ चित्त वह पर है, कर्म हेतु है विकृति का।
मै अविकारी ज्ञान-स्वरूपी, मैं हूँ उनसे भिन्न सदा।।

अर्थ ह्न मेरी आत्मा में जो मन है, वह मुझसे भिन्न है क्योंकि मन, पर-पदार्थ से उत्पन्न हुआ है। जिससे मन उत्पन्न हुआ है ह्न ऐसा वह कर्म भी मुझसे भिन्न है क्योंकि वह विकार को करने वाला है। मैं तो निश्चय से विकाररहित और निर्मल ज्ञान का धारी हूँ।

भावार्थ ह्न मन, पर-पदार्थ न होता और कर्म, विकार को करने वाले न होते तो मैं उनको अपना मानता; किन्तु मन तो मुझसे सर्वथा पर है क्योंकि वह जड़कर्म से उत्पन्न हुआ है। कर्म मुझे विकृत करने वाला है अर्थात् मेरे ज्ञानादि गुणों का घात करने वाला है, इसलिए मैं उन दोनों को अपना कैसे मानूँ? इसलिए मैं तो विकाररहित तथा निर्मल ज्ञान का धारी हूँ अर्थात् निर्मल ज्ञानस्वरूप हूँ।

६३२. मोक्षाभिलाषियों को समस्त चिन्ताओं का त्याग करना आवश्यक

त्याज्या सर्वा चिन्तेति, बुद्धिराविष्करोति तत्तत्त्वम्।
चन्द्रोदयायते यत्, चैतन्यमहोदधौ झगिति।।३५।।

हेय सभी चिन्ता ह्न ऐसी मति, उत्तम तत्त्व प्रगट करती।
वह मति शीघ्र चेतनोदधि में, चन्द्रोदय सम आचरती।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार की चिन्ता त्यागने योग्य है; जिस समय इस प्रकार की बुद्धि होती है, उस समय वह बुद्धि, उस तत्त्व को प्रकट करती है कि जो तत्त्व, चैतन्यरूपी प्रबल समुद्र में शीघ्र ही चन्द्रमा के समान आचरण करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चन्द्रमा के उदित होने पर समुद्र, वृद्धि को प्राप्त होता है; उसी प्रकार समस्त चिन्ताएँ त्यागने योग्य हैं ह्न ऐसी बुद्धि भी उस तत्त्व को प्रकट करती है कि जिसकी प्रकटता से चैतन्यतत्त्व सदा बढ़ता ही चला जाता है; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को अवश्य ही समस्त चिन्ताओं का त्याग कर देना चाहिए।

६३३. चैतन्यस्वरूप का वर्णन

चैतन्यमसम्पृक्तं, कर्मविकारेण यत्तदेवाहम्।
तस्य च संसृतिजन्म,-प्रभृतिन किञ्चित्कुतश्चिन्ता।।३६।।

कर्म-विकारों से अलिप्त, चैतन्य-स्वरूपी मैं ही हूँ।
जन्म-मरण नहिं है चेतन के, फिर क्यों नहिं निश्चिन्त रहूँ?।।

अर्थ ह्न जो चैतन्य, कर्मों के विकारों से अलिप्त है, वही चैतन्य मैं हूँ और संसार में उस चैतन्य के जन्म-मरण आदि कुछ भी नहीं हैं, फिर किसकी चिन्ता करनी चाहिए?

भावार्थ ह्न यदि चैतन्य में जन्म-मरण आदि होते तो चिन्ता होती; किन्तु चैतन्य में तो न जन्म है और न मरण है; वह चैतन्य, राग-द्वेषादि कर्मों के विकार से अलिप्त है, इसलिए मुझे चिन्ता नहीं करनी चाहिए।

६३४. मन को वश में रखने का उपदेश

चित्तेन कर्मणा त्वं, बद्धो यदि बध्यते त्वया तदत:।
प्रतिबन्दीकृतमात्मन्, मोचयति त्वां न सन्देह:।।३७।।

मन द्वारा तू बँधा कर्म से, यदि तू बाँध रखे मन को।
तो बन्दी आत्मन्! तू छूटेगा इसमें सन्देह नहीं।।

अर्थ ह्न अरे आत्मन्! तू इस मन की कृपा से कर्मों से बँधा हुआ है। यदि तू इस मन को बाँध लेवे अर्थात् मन को वश में कर लेवे तो इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं कि कर्मों से बँधा हुआ भी तू अवश्य छूट जाएगा।

भावार्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि तेरा सबसे बड़ा वैरी मन है क्योंकि जब तक यह मन, वश में नहीं होता, तब तक इसी की कृपा से नाना प्रकार के कर्म आते हैं और तुझे बाँधते हैं। इसी की कृपा से तू इस समय भी कर्मों से बँधा हुआ है, यदि अब भी इसको वश में कर ले तो कर्मों से तू बँध नहीं सकता, इसमें रंच मात्र भी सन्देह नहीं है; इसलिए तुझे मन को अवश्य ही बाँधना चाहिए।

६३५. मन को समझाने की रीति

नृत्वतरोर्विषयसुखच्छायालाभेन किं मनःपान्थ!।
भवदुःखक्षुत्पीड़ित, तुष्टोऽसि गृहाण फलममृतम्।।३८।।

रे मन पंथी! नरभव-तरु के, विषय-सुखों की छाया से।
क्यों सन्तुष्ट हुआ? क्षुत् पीड़ित, तृप्ति लहो अमृत फल से।।

अर्थ ह्न संसार के दुःखरूपी क्षुधा से दुःखित अरे मनरूपी बटोही ! तू क्यों मनुष्यरूपी वृक्ष से विषय-सुखरूपी छाया के लाभ से सन्तुष्ट है? अमृत फल को ग्रहण कर!

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई पथिक, अत्यन्त बुभुक्षित होकर वृक्ष के नीचे तो बैठे और उस वृक्ष पर लगे हुए फल खाने का प्रयत्न न करे; तब कोई हितैषी मनुष्य, वहाँ आकर उसे समझावे कि अरे भाई! तू इस वृक्ष की छाया मात्र के लाभ से क्यों सन्तुष्ट हो रहा है? इस वृक्ष के उत्तम फलों को तोड़ और उनको खा, जिससे तेरी भूख शान्त हो जाए।

उसी प्रकार आत्मा, मन को समझाता है कि अरे मन! तू संसार के दुःखों से पीड़ित हुआ इस मनुष्य-जन्म में इन्द्रियों के विषयों के लाभ से ही क्यों वृथा सन्तुष्ट हो रहा है? अरे! इस मनुष्य-जन्म से ही प्राप्त होने वाले अमृतरूपी फल को प्राप्त कर अर्थात् जिसमें किसी प्रकार का न तो जन्म है और न मरण है ह्न ऐसे मोक्षपद की ओर दृष्टि लगा क्योंकि विषयों के लाभ से सन्तुष्ट होकर तू संसार में ही भटकेगा और नाना प्रकार के दुःखों को उठाएगा, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है।

६३६. मुनिराजों के चित्त में निरालम्ब मार्ग का ही अवलम्बन

स्वान्तं ध्वान्तमशेषं, दोषोज्झितमर्कबिम्बमिव मार्गे।
विनिहन्ति निरालम्बे संचरदनिशं मुनीशानाम्।।३९।।

दोष-रहित मन मुनीश्वरों का, निरालम्ब पथ में गतिशील।
सूर्य बिम्ब सम घोर तिमिर का, नाश करें वे मुनि सुशील।।

अर्थ ह्न समस्त दोषों से रहित सूर्य के प्रतिबिम्ब के समान मुनीश्वरों का मन निरालम्ब मार्ग में ही गमन करता है तथा निरालम्ब मार्ग में गमन करने के कारण वे समस्त जगत् के अन्धकार को दूर कर देते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सूर्य आकाश में गमन करता है और जब वह बादलों के समूह से ढ़का नहीं जाता, राहू से ग्रसा नहीं जाता, उस समय वह समस्त अन्धकार को नष्ट कर देता है; उसी प्रकार मुनियों का चित्त, जिस समय समस्त दोषों से रहित होता है तथा जिसमें कोई अवलम्ब नहीं है ह्न ऐसे निर्विकल्प मार्ग में गमन करता है, उस समय वह मुनियों का चित्त भी समस्त अज्ञानादि अन्धकार को दूर कर देता है।

६३७. चैतन्यस्वरूप को देखने वाला योगी ही सिद्ध होने योग्य

संविच्छिखिना गलिते, तनुमूषाकर्ममदनमयवपुषि।
स्वमिव स्वं चिद्रूपं, पश्यन् योगी भवति सिद्धः।।४०।।

तन-साँचे में कर्म-मोम-तन, ज्ञान-अग्नि से जब पिघले।
नभवत् निज चैतन्यरूप को, लख कर योगी सिद्ध बनें।।

अर्थ ह्न सम्यग्ज्ञानरूपी अग्नि के द्वारा जिस समय शरीररूपी मूषा (पात्र) में से कर्मरूपी मोमस्वरूप शरीर पिघल कर निकल जाता है, उस समय आकाशवत् अपने चैतन्यरूप को देखने वाला योगी सिद्ध होता है।

भावार्थ ह्न एक मिट्टी का मनुष्याकार पात्र बनाया जाए, उसके भीतर मोम भर दिया जाए और उसे आँच से तपाया जाए तो उस समय उस मोम के निकल जाने पर उस मूषा (पात्र) में मनुष्याकार आकाश के प्रदेश रह जाते हैं; उसी प्रकार यह शरीररूपी मूषा है, कर्म मोम है और सम्यग्ज्ञान अग्नि है। इस शरीर में से जिस समय सम्यग्ज्ञानरूपी अग्नि से कर्म सर्वथा नष्ट कर दिये जाते हैं; उस समय जो कुछ शरीर के भीतर अमूर्तिक प्रदेश रह जाते हैं, वे आत्मा के प्रदेश हैं अर्थात् उन्हीं का नाम आत्मा है; इसलिए जो मनुष्य, उस आत्मा का ध्यान करते हैं, वे सिद्धपद को प्राप्त होते हैं अर्थात् उनको नरक आदि गतियों में भ्रमण नहीं करना पड़ता। इस प्रकार जो भव्य जीव, समस्त कर्मों से रहित चैतन्यस्वरूप सिद्धों का ध्यान करते हैं; उनको सिद्धपद की प्राप्ति अवश्य होती है।

६३८. जीव स्वयं ही चैतन्यस्वरूप

अहमेव चित्स्वरूपः-चिद्रूपस्याश्रयो मम स एव।
नान्यत्किमपि जडत्वात्, प्रीतिः सदृशेषु कल्याणी।।४१।।

मै ही चित् स्वरूप हूँ मेरा, आश्रय भी चैतन्यस्वरूप।
अन्य सभी जड़ अतः न प्रीति, प्रीति श्रेष्ठ हो सदृश मैं।।

अर्थ ह्न मैं ही चैतन्यस्वरूप हूँ और मेरे चैतन्यस्वरूप का आश्रय, चैतन्य ही है। चैतन्य से भिन्न वस्तुएँ, न चैतन्यस्वरूप हैं और न चैतन्य की आश्रय हैं, अपितु वे जड़ हैं; अतः मेरी प्रीति, उनमें नहीं हो सकती क्योंकि प्रीति, समानजातीय पदार्थों में ही कल्याण को करने वाली होती है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अग्नि का लक्षण उष्णता है और वह कदापि अग्नि से जुदा नहीं रह सकती, उसी प्रकार आत्मा का लक्षण ज्ञान है और वह कदापि आत्मा से जुदा नहीं रह सकता; इसलिए वह ज्ञानस्वरूप मैं हूँ और मेरे चैतन्यस्वरूप का आश्रय, ज्ञानादिस्वरूप चैतन्य ही है; चैतन्य से भिन्न अर्थात् जिनमें चेतनता नहीं रहती है ह्न ऐसे पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश आदि जो द्रव्य हैं, वे मेरा स्वरूप नहीं हैं और न वे मेरे आधार हैं क्योंकि वे जड़ हैं और मैं चेतन हूँ। पुद्गल आदि पदार्थों में मेरी प्रीति भी नहीं हो सकती क्योंकि वे मेरे समानजातीय नहीं हैं। मेरा समानजातीय चैतन्य ही है, इसलिए मेरी प्रीति उसी में है और चैतन्य की प्रीति ही मुझे सुख दे सकती है और देती है।

६३९. स्व-पर विवेक से ही सिद्धत्व की प्राप्ति

स्व-पर-विभागाऽवगमे, जाते सम्यक् परे परित्यक्ते।
सहजैक-बोधरूपे, तिष्ठत्यात्मा स्वयं सिद्धः।।४२।।

निज-पर भेदज्ञान होने पर, त्याज्य वस्तु का त्याग करे।
सहज ज्ञानमय एकरूप में, जम कर आत्मा मुक्ति लहे।।

अर्थ ह्न जिस समय आत्मा में स्व-पर के विभाग का ज्ञान हो जाता है और त्यागने योग्य वस्तु का त्याग हो जाता है; उस समय स्वाभाविक निर्मल ज्ञानस्वरूप जो अपना रूप है, उसमें आत्मा ठहरता है और स्वयं सिद्ध हो जाता है।

भावार्थ ह्न यह वस्तु मेरी है और यह वस्तु मेरी नहीं है, इस प्रकार जब तक स्व-पर का विवेक आत्मा में नहीं होता है और जब तक यह आत्मा, पर-पदार्थों को नहीं छोड़ता

है; तब तक आत्मा बाह्य पदार्थों में ही घूमता है। स्व-स्वरूप में कभी भी स्थिर नहीं रहता, इसलिए शुद्ध भी नहीं होता; किन्तु जिस समय ज्ञान-दर्शनादि मेरे हैं और रूप-रसादि मेरे नहीं हैं ह्न इस प्रकार का विवेक जागृत होता है, उस समय यह आत्मा पर-पदार्थों से जुदा होकर, स्वाभाविक निर्मल ज्ञानस्वरूप में स्थिर होकर अत्यन्त शुद्ध हो जाता है।

इसी आशय को लेकर समयसार कलश १२६ में भी कहा है

शार्दूलविक्रीडित

चैद्रूप्यं जडरूपतां च दधतोः, कृत्वा विभागं द्वयो-;
रन्तर्दारुणदारणेन परितो, ज्ञानस्य रागस्य च।
भेदज्ञानमुदेति निर्मलमिदं, मोदध्वमध्यासिताः;
शुद्धज्ञानघनौघमेकमधुना, सन्तो द्वितीयच्युताः।।

अर्थ ह्न चैतन्यरूपता और जड़रूपता को धारण करने वाले अर्थात् चेतन और जड़, जो आत्मा और शरीर हैं, उनके विभाग को करके (उनको अलग-अलग रीति से जान कर) और अच्छी तरह अन्तरंग से ज्ञान तथा राग का विभाग करके अर्थात् 'ज्ञान, आत्मा का धर्म है तथा राग, शरीर का धर्म है' ह्न इस बात को भलीभाँति जान कर, यह निर्मल भेदज्ञान उत्पन्न होता है। इस प्रकार मोक्षाभिलाषी जो भव्य जीव, वे शुद्ध ज्ञानरूपी धन के समूह को अर्थात् आत्मा को प्राप्त कर, पर-पदार्थों के सम्बन्ध से रहित होकर चिरकाल तक आनन्द से रहो।

भावार्थ ह्न स्व तथा पर के विभाग से आत्मा शुद्ध होता है, इसलिए भव्य जीवों को स्व-पर विभाग की ओर अवश्य लक्ष्य देना चाहिए।

६४०. निश्चय से आत्मा हेयोपादेय के विभाग से रहित

हेयोपादेयविभाग,-भावनाकथ्यमानमपि तत्त्वम्।
हेयोपादेयविभाग, -भावना-वर्जित विद्धि।।४३।।

हेय-ग्राह्य सुविभाग भावना,-पूर्वक कहा गया यह तत्त्व।
हेय-ग्राह्य सुविभाग भावना, रहित जानिए निश्चय तत्त्व।।

अर्थ ह्न जो तत्त्व, हेय-उपादेय के विभाग की भावना से सहित कहा गया है, वह तत्त्व भी निश्चय से हेय-उपादेय के विभाग की भावना से रहित ही है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न जड़रूप जो परतत्त्व है, वह तो हेय है और चैतन्यरूप जो स्वतत्त्व है, वह उपादेय है। इस प्रकार स्व-पर विभाग की भावना से जो चैतन्यतत्त्व का वर्णन किया गया है, वह तत्त्व भी वास्तविक रीति से हेय तथा उपादेय की भावना से रहित ही है क्योंकि जिस

समय शुद्धनिश्चयनय का आश्रय लिया जाता है, उस समय निर्विकल्प अवस्था होती है तथा उस अवस्था में हेय-उपादेयरूप कोई भी विकल्प नहीं होता।

६४१. शुद्धात्मतत्त्व की अनुभूति मन से अगोचर

प्रतिपद्यमानमपि च, श्रुताद्विशुद्धं परात्मनस्तत्त्वम्।
उररीकरोतु चेतः, तदपि न तच्चेतसो गम्यम्।।४४।।

यह विशुद्ध परमात्म-तत्त्व, जो शास्त्रों द्वारा है प्रतिपाद्य।
मन से ग्रहण करो तो भी यह, कहा गया मन से नहिं ग्राह्य।।

अर्थ ह्न शास्त्र के द्वारा भलीभाँति कहे हुए भी अत्यन्त विशुद्ध परमात्मतत्त्व को चाहे मन से स्वीकार करो तो भी वह मन से गम्य नहीं है अर्थात् मन उसको जान नहीं सकता है।

भावार्थ ह्न यद्यपि शास्त्र में उस अत्यन्त शुद्ध परमात्मा के स्वरूप का भलीभाँति वर्णन किया है और उस परमात्मतत्त्व को मन ने स्वीकार भी कर लिया है तो भी वह मन से गोचर नहीं है अर्थात् मन उसको भलीभाँति जान नहीं सकता क्योंकि मन सविकल्पक है तथा आत्मा निर्विकल्पक है, इसलिए मन उसको कैसे जान सकता है?

६४२. अद्वैत भावना से ही मोक्ष की प्राप्ति

अहमेकाक्यद्वैतं, द्वैतमहं कर्मकलित इति बुद्धेः।
आद्यमनपायि मुक्ते,-रितरविकल्पं भवस्य परम्।।४५।।

'एकरूप मैं' यह अद्वैत, 'कर्म सहित' - यह द्वैत विचार।
प्रथम बुद्धि ही शिवकारण है, इतर बुद्धि से है संसार।।

अर्थ ह्न 'मैं अकेला हूँ' - इस प्रकार की जो बुद्धि है, वह तो अद्वैतबुद्धि है और कर्मों से सहित हूँ - इस प्रकार की जो बुद्धि है, वह द्वैतबुद्धि है। इन दोनों बुद्धियों में पहली जो अविनाशी अद्वैतबुद्धि है, वह तो मोक्ष की कारण है और दूसरी जो द्वैतबुद्धि है, वह संसार की कारण है।

भावार्थ ह्न जब तक मैं तथा अन्य ह्न इस प्रकार का द्वैतभाव रहता है, तब तक जीव को संसार में डोलना पड़ता है; किन्तु जिस समय यह द्वैतभाव नष्ट हो जाता है अर्थात् अद्वैतभाव प्रगट हो जाता है, उसी समय जीव, मोक्ष को प्राप्त होता है क्योंकि 'मैं' तथा 'तू' इत्यादि विकल्परहित, निर्विकल्प अवस्था का नाम ही मोक्ष है, इसलिए मोक्षाभिलाषी भव्य जीवों को चाहिए कि वे 'मैं अकेला ही हूँ' ह्न इस प्रकार के अद्वैतभाव का ही चिन्तवन करें।

६४३. द्वैत-भावना से रहित होने पर मोक्ष की प्राप्ति

बद्धो मुक्तोऽहमथ, द्वैते सति जायते ननु द्वैतम्।
मोक्षायेत्युभयमनो,-विकल्परहितो भवति मुक्त:।।४६।।

'मैं हूँ बँधा, मुक्त भी हूँ मैं ' ह्न इस दुविधा में होता द्वैत।
उभय विकल्पों से विहीन, योगीजन उनको होता मोक्ष।।

अर्थ ह्न 'मैं बँधा हूँ तथा मैं मुक्त हूँ ह्न इस प्रकार द्वैत के होने पर भी निश्चय से द्वैत होता है और इन दोनों विकल्पों से रहित जीव ही मुक्त होता है।

भावार्थ ह्न द्वैत तथा अद्वैत का जिस समय सर्वथा त्याग हो जाता है, उसी समय मुक्ति होती है; इसलिए जो जीव मुक्त होना चाहते हैं, उनको दोनों प्रकार के विकल्पों का त्याग करने का प्रयत्न करना चाहिए।

६४४. निर्विकल्प चित्त से परमानन्द की प्राप्ति

गत-भावि-भवद्भावा,-ऽभाव-प्रतिभावभावितं चित्तम्।
अभ्यासाच्चिद्रूपं, परमानन्दाऽन्वितं कुरुते।।४७।।

तीन काल के सब पदार्थ से, भेदज्ञान मम चित्त बसे।
यही भावना होने से, चेतन में परमानन्द भरे।।

अर्थ ह्न भूत-भविष्यत्-वर्तमानकाल के पदार्थों के भाव-अभाव सम्बन्धी भेदज्ञान की भावना से भाया हुआ चित्त अभ्यास से चैतन्यस्वरूप को परमानन्द सहित करता है।

भावार्थ ह्न भूत, भविष्य, वर्तमान के विकल्पों से रहित चित्त, चैतन्य को परमानन्द से युक्त करके अत्यन्त आनन्दित होता है।

६४५. जो जैसा देखे, उसे वैसे ही आत्मतत्त्व की प्राप्ति

बद्धं पश्यन् बद्धो, मुक्तं मुक्तो भवेत् सदात्मानम्।
याति यदीयेन पथा, तदेव पुरमश्नुते पान्थ:।।४८।।

बँधा देखने से बँधता, जो मुक्त लखे मुक्ति लहे।
मार्ग चले जो जिस नगरी का, उसी नगर में जा पहुँचे।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार जो पथिक, जिस पुर (नगर) के मार्ग से गमन करता है, वह उसी पुर को प्राप्त होता है; उसी प्रकार जो जीव, आत्मा को सदा बँधा हुआ देखता है, वह कर्मों से बद्ध रहता है और जो पुरुष, आत्मा को कर्मों से रहित देखता है, वह मुक्त होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जो मनुष्य, जिस नगर के मार्ग पर गमन करता है, वह उसी नगर में पहुँचता है; उसी प्रकार जो मनुष्य, जिस प्रकार से आत्मा का आराधन करता है, वह उसी प्रकार के आत्मस्वरूप को प्राप्त होता है अर्थात् यदि वह कर्मों से बद्ध आत्मा का ध्यान करेगा तो उसकी आत्मा, कर्मों से बद्ध ही रहेगी और यदि वह कर्मों से मुक्त आत्मा का ध्यान करेगा तो उसकी आत्मा, मुक्तता को प्राप्त होगी।

६४६. मन को शिक्षा

मा गा बहिरन्तर्वा, साम्य-सुधा-पान-वर्धितानन्द!।
आस्स्व यथैव तथैव च, विकारपरिवर्जितः सततम्।।४९।।

साम्य-सुधारस पीकर रे मन!, अन्तर-बाहर कहीं न जा।
सर्व विकार मिटें जिस विधि से, उसी विधि में थिर हो जा।।

अर्थ ह्न समतारूपी अमृत के पीने से जिसका आनन्द बढ़ा है ह्न ऐसे हे मन! तू बाहर तथा भीतर की ओर गमन मत कर! जिस रीति से तू समस्त प्रकार के विकारों से रहित हो, उसी प्रकार से रह।

भावार्थ ह्न जब जक मन, जहाँ-तहाँ घूमता फिरता है, तब तक साम्यभाव का अनुभव नहीं करता और नाना प्रकार के विकारों से विकृत हो जाता है; किन्तु जिस समय उसका जहाँ-तहाँ घूमना बन्द हो जाता है, उस समय वह समता का अनुभव करता है तथा विकारों से विकृत भी नहीं होता; इसलिए आचार्यवर इस बात को समझाते हैं कि हे भव्य जीवों! अपने मन को इस रीति से शिक्षा देनी चाहिए "हे समतारूपी अमृत के पान से अत्यन्त आनन्दित मन! तू बाहर तथा भीतर कहीं भी मत घूम! जिस प्रकार बने, उस प्रकार तू समस्त विकार से रहित ही रह।"

६४७. चैतन्यरूपी तत्त्व, इस लोक में जयवन्त

तज्जयति यत्र लब्धे, श्रुतभुवि मत्यापगाऽतिधावन्ती।
विनिवृत्ता दूरादपि, झटिति स्वस्थानमाश्रयति।।५०।।

श्रुत-भूमि पर दौड़ रही, मति-सरिता शीघ्र दूर से ही।
निज घर लौटे, जिसे प्राप्त कर, चेतनतत्त्व महान विजयी।।

अर्थ ह्न जिस चैतन्यरूप तत्त्व के प्राप्त होने पर शास्त्ररूपी भूमि में अत्यन्त दौड़ती हुई बुद्धिरूपी नदी दूर से ही लौट कर, शीघ्र ही अपने स्थान को प्राप्त हो जाती है ह्न ऐसा वह चैतन्यरूपी तत्त्व, सदा इस लोक के जयवन्त रहे।

भावार्थ ह्न जब तक बुद्धि शास्त्र में लगी रहती है, तब तक कदापि चैतन्यतत्त्व की प्राप्ति नहीं होती; किन्तु जिस समय चैतन्य की ओर लक्ष्य होने पर बुद्धि, शास्त्र से व्यावृत्त हो जाती है अर्थात् शास्त्र से फिर (विमुख) जाती है, उस समय बुद्धि, शीघ्र ही अपने चैतन्यस्वरूप को प्राप्त होती है; इसलिए चैतन्यरूपी तत्त्व, इस लोक में सदा जयवन्त वर्ते।

६४८. चैतन्यरूपी तेज को नमस्कार

तन्नमत गृहीताखिल,-कालत्रयगतजगत्त्रयव्याप्ति।
यत्रास्तमेति सहसा, सकलोऽपि हि वाक्परिस्पन्दः।।५१।।

तीन काल अरु तीन लोक में, व्याप्त हुआ जो चेतनतत्त्व।
जिसे प्राप्त कर वचन योग भी, हो विनष्ट है उसे नमन!।।

अर्थ ह्न तीन काल और तीन जगत् की व्याप्ति जिसने ग्रहण की है तथा जिसके होने पर समस्त वाणी का परिस्पन्द शीघ्र नष्ट हो जाता है; उस चैतन्य को नमस्कार हो।

भावार्थ ह्न जो चैतन्य, तीन काल और तीन जगत् में व्याप्त हो रहा है और जिसका वाणी के द्वारा सर्वथा वर्णन नहीं कर सकते; उस चैतन्यरूपी तेज को नमस्कार हो।

६४९. समस्त विकल्पजालरूपी वृक्ष को नष्ट करने वाले चैतन्यतत्त्व को नमस्कार

तन्नमत विनष्टाखिल,-विकल्पजालद्रुमाणि परिकलिते।
यत्र वहन्ति विदग्धा, दग्ध-वनानीव हृदयानि।।५२।।

नष्ट हुए हैं सब विकल्प तरु, जैसे जला हुआ जंगल।
चित्त गहें मुनिगण जिसको लख, उस चेतन को सदा नमन!।।

अर्थ ह्न जिस चैतन्यस्वरूप की प्राप्ति के होने पर जो मुनिगण, सर्वथा नष्ट हो गए हैं विकल्परूपी वृक्ष जिनसे ह्न ऐसे हृदय को जले हुए वन के समान धारण करते हैं, उस चैतन्यतत्त्व को नमस्कार हो।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्य के चित्त में नाना प्रकार के विकल्प लगे रहते हैं, तब तक मनुष्य को कभी भी सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती; किन्तु जिस चैतन्य के प्राप्त होने पर मनुष्य मन के समस्त विकल्प नष्ट हो जाते हैं ह्न ऐसे उस चैतन्यतत्त्व को नमस्कार हो।

६५०. समस्त नयों के पक्षपातरहित होने पर समयसारस्वरूप शुद्धात्मा की प्राप्ति

बद्धो वा मुक्तो वा, चिद्रूपो नयविचारविधिरेषः।
सर्वनयपक्षरहितो, भवति हि साक्षात्समयसारः।।५३।।

'चेतन बँधा हुआ या मुक्त,' अरे! नय से यह करो विचार।
जो नय-पक्ष रहित होता वह, पाता पूर्ण समय का सार।।

अर्थ ह्न चैतन्यस्वरूप आत्मा, कर्मों से बँधा हुआ भी है और कर्मों से रहित भी है ह्न यह 'नय-विचार की विधि' है, किन्तु जो मुमुक्षु 'समस्त नयों के पक्ष से रहित' होता है, वही निश्चय से समयसार होता है।

भावार्थ ह्न 'समयसार' नाम 'शुद्धात्मा' का है, उस शुद्धात्मा की प्राप्ति उसी समय होती है, जिस समय समस्त निश्चय तथा व्यवहारनय का पक्षपात दूर हो जाता है, किन्तु जब तक व्यवहारनय से आत्मा बँधा हुआ है तथा निश्चयनय से आत्मा मुक्त है, इस प्रकार नयों का पक्षपात रहता है ह्न तब तक उस समयसारस्वरूप शुद्धात्मा की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती, इसलिए शुद्धात्मा की प्राप्ति के इच्छुक को नयों के पक्षपातरहित रहना चाहिए।

समयसार कलश ७० में भी है ह्न

एकस्य बद्धो न तथा परस्य,
चितिर्द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः,
तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।

अर्थ ह्न व्यवहारनय से आत्मा कर्मों से बँधा है और निश्चयनय से मुक्त है; इस तरह इन दोनों प्रकार से आत्मा में दोनों प्रकार के पक्षपात हैं; अतः जो मनुष्य, वास्तविक तत्त्व को जानने वाला है और समस्त प्रकार के नयपक्षपात से रहित है, उसके लिए चैतन्य है, वह निश्चय से चैतन्य ही है।

समयसार कलश २४४ में भी कहा है ह्न

अलमलतिजल्पैर्दुर्विकल्पैरनल्पै-
रयमिह परमार्थश्चेत्यतां नित्यमेकः।
स्वरसविसरपूर्णज्ञानविस्फूर्तिमात्रात्,
न खलु समयसारादुत्तरं किञ्चिदस्ति।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के खोटे विकल्पों के बहुत कहने से अब बस हो, बस हो। सदा इस परमार्थस्वरूप परमात्मा की ही सेवा करो क्योंकि अपने रस का जो विसर अर्थात् फैलाव, उससे परिपूर्ण जो ज्ञान, उसकी है केवल प्रकटता जिसमें है ह्न ऐसे समयसार से उत्कृष्ट यहाँ (इस जगत् में) कोई भी वस्तु नहीं है अर्थात् समयसार ही सर्वोत्कृष्ट वस्तु है।

६५१. आत्मा, नय-प्रमाण आदि विकल्पों से भी रहित

नयनिक्षेपप्रमिति-प्रभृतिविकल्पोज्झितं परं शान्तम्।
शुद्धानुभूति-गोचर-महमेकं धाम चिद्रूपम्।।५४।।

नय-प्रमाण-निक्षेप विकल्पों, से विहीन जो परम प्रशान्त।
अनुभवगोचर मात्र एक मैं, चेतनरूप तेज सुखधाम।।

अर्थ ह्न जिसमें नय, निक्षेप, प्रमिति आदि किसी प्रकार के विकल्प नहीं हैं, जो उत्कृष्ट है, शान्त है, शुद्धात्मानुभव के गोचर है तथा एक है; वह चैतन्यरूपी तेज ही मैं हूँ।

भावार्थ ह्न मुझमें द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिकस्वरूप नय का विकल्प नहीं है और प्रत्यक्ष-परोक्षरूप प्रमाण का विकल्प भी नहीं है, नाम-स्थापना आदि निक्षेप का विकल्प भी मुझमें नहीं है, मैं उत्कृष्ट हूँ, शान्त हूँ, शुद्धात्मानुभव के गोचर हूँ और मै चैतन्यस्वरूप तेज हूँ।

समयसार कलश ९ में कहा है ह्न

मालिनी

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं;
क्वचिदपि च न विद्यो याति निक्षेपचक्रम्।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्-
ननुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव।।

अर्थ ह्न सबको कसौटी पर कसने वाले इस चैतन्यरूपी तेज के अनुभव होने पर, द्रव्यार्थिक- पर्यायार्थिक नय भी उदय को प्राप्त नहीं होते; प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रमाण अस्त हो जाते हैं; नाम- स्थापना-द्रव्य-भावरूपी निक्षेप न जाने कहाँ चले जाते हैं? और अधिक कहाँ तक कहें, द्वैतभाव ही दृष्टिगोचर नहीं होता है।

६५२. दर्शन और ज्ञान, आत्मा से भिन्न नहीं

ज्ञाते ज्ञातमशेषं, दृष्टे दृष्टं च शुद्ध-चिद्रूपे।
नि:शेष-बोध्य-विषयौ, दृग्बोधौ यन्न तद्भिन्नौ।।५५।।

शुद्ध आत्मा ज्ञात हुआ तो, सब जाना अरु सब देखा।
सकल वस्तुविषयी दृग-ज्ञान, न शुद्धातम से भिन्न कहा।।

अर्थ ह्न चैतन्यस्वरूप तेज के जानने पर, समस्त वस्तु जानी जाती है और देखने पर समस्त वस्तु देखी जाती है क्योंकि समस्त ज्ञेय पदार्थ हैं विषय जिनके ह्न ऐसे दर्शन और ज्ञान, आत्मस्वरूप ही हैं, आत्मा से भिन्न नहीं।

६५३. आत्मतत्त्व का दर्शन होने पर बाह्य पदार्थों में प्रीति नहीं

भावे मनोहरेऽपि च, काचिन्नियता च जायते प्रीतिः।
अपि सर्वाः परमात्मनि, दृष्टे तु स्वयं समाप्यन्ते।।५६।।

रम्य वस्तुओं में हो जाती, है निश्चित ही किञ्चित् प्रीति।
परमातम के दर्शन से, हो विनष्ट सब जग से प्रीति।।

अर्थ ह्न अत्यन्त मनोहर पदार्थों से कोई विचित्र निश्चित प्रीति उत्पन्न हो जाती है, किन्तु जिस समय परमात्मा का दर्शन होता है, उस समय उन अन्य पदार्थों से प्रीति की समाप्ति हो जाती है।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्य परमात्मा को नहीं देखता, तब तक उस मनुष्य को बाह्य पदार्थ, प्रीति के करने वाले होते हैं अर्थात् वह बाह्य पदार्थों को प्रिय मानता है; किन्तु जिस समय उसको परमात्मा का दर्शन हो जाता है, उस समय वह बाह्य पदार्थों को अंश मात्र भी प्रिय नहीं मानता, बल्कि अप्रिय ही मानता है।

६५४. बुद्धिमान् पुरुषों से सम्बद्ध विद्यमान कर्म भी अविद्यमान के समान

सन्नप्यसन्निव विदां, जनसामान्योऽपि कर्मणो योगः।
तरणपटूनामृद्धः, पथिकानामिव सरित्पूरः।।५७।।

कर्म उदय सबको पर बुध को, होने पर भी नहिं जैसा।
कुशल तैरने में जो उसको, सरित्-पूर भी नहिं जैसा।।

अर्थ ह्न कर्मों का सम्बन्ध, सभी संसारी प्राणियों के लिए समान होने पर भी बुद्धिमान पुरुष के लिए वह विद्यमान होने पर भी अविद्यमान के समान ही है। जिस प्रकार तैरने में चतुर तैराक को बढ़ा हुआ नदी का प्रवाह, विद्यमान होने पर भी अविद्यमान के समान ही है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार नदी का प्रवाह, समस्त प्राणियों को समान रूप से भय कराने वाला है तो भी जो मनुष्य तैरने में चतुर हैं अर्थात् जिन्हें अच्छा तैरना आता है, उनको वह भय का कारण नहीं होता; उसी प्रकार कर्मों का सम्बन्ध भी सब जीवों को समान ही है तो भी जो बुद्धिमान पुरुष हैं अर्थात् जिनको स्व-पर का विवेक है, उन पुरुषों को आत्मा के साथ विद्यमान कर्मों का सम्बन्ध भी अविद्यमान-सा ही है।

६५५. तत्त्वज्ञानियों को ही हेयोपादेय का ज्ञान आवश्यक

मृगयमाणेन सुचिरं, रोहणभुवि रत्नमीप्सितं प्राप्य।
हेयाऽहेय-श्रुतिरपि, विलोक्यते लब्ध-तत्त्वेन।।५८।।

बहुत देर तक रत्न खोजने, पर हो दैव-योग से प्राप्त।
तत्त्व प्राप्त करने पर वैसे, हेय ग्राह्य का करो विचार।।

अर्थ ह्न रोहण पर्वत की भूमि में चिर काल से रत्न को ढूँढने वाला मनुष्य, दैवयोग से इष्ट रत्न को पाकर भी जिस प्रकार 'यह रत्न, हेय है अथवा उपादेय है' ह्न इस बात का विचार करता है; उसी प्रकार जिस मनुष्य को वास्तविक तत्त्व की प्राप्ति हो गई है, उसको भी 'यह तत्त्व, हेय है अथवा उपादेय है' ह्न ऐसा विचार करना चाहिए।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार किसी मनुष्य को रत्न की इच्छा हुई और उसी इच्छा से वह रोहणाचल की भूमि में रत्न ढूँढने लग गया और उसको इष्ट रत्न की प्राप्ति भी हो गई। उस समय जिस प्रकार वह मनुष्य विचार करता है कि 'यह रत्न, हेय है अथवा उपादेय है' अर्थात् 'यह छोड़ने योग्य है या ग्रहण करने योग्य है', उसी प्रकार अनादि काल से तत्त्व-प्राप्ति के इच्छुक मनुष्य को भाग्यवश तत्त्व मिल भी जाए तो उसे ऐसा विचार करना चाहिए कि 'यह तत्त्व, मुझे ग्रहण करने योग्य है या छोड़ने योग्य है।

६५६. तत्त्वज्ञानी का विचार

कर्मकलितोऽपि मुक्तः, सश्रीको दुर्गतोऽप्यहमतीव।
तपसा दुःख्यपि च सुखी, श्रीगुरुपादप्रसादेन।।५९।।

कर्मसहित हूँ किन्तु मुक्त हूँ, मैं दरिद्र पर लक्ष्मीवान्।
तप से दुःखी किन्तु मैं सुखिया, गुरुचरणों की कृपा महान्।।

अर्थ ह्न यद्यपि ज्ञानावरण आदि कर्मों से मेरी आत्मा संयुक्त है तो भी मैं श्रीगुरु के चरणारविन्द की कृपा से सदा मुक्त हूँ। यद्यपि मैं अत्यन्त दरिद्री हूँ तो भी मैं श्रीगुरु के चरणों के प्रसाद से लक्ष्मी से सहित हूँ। यद्यपि मैं तप से दुःखी हूँ तो भी श्रीगुरु के चरणों की कृपा से मैं सदा सुखी ही हूँ अर्थात् मुझे संसार में किसी प्रकार का भी दुःख नहीं है।

६५७. दृष्टिगोचर कार्यों में कर्म ही कारण

बोधादस्ति न किञ्चित्, कार्यं यद्दृश्यते मलात्तन्मे।
आकृष्टयन्त्रसूत्रात्,-दारुनरः स्फुरति नटकानाम्।।६०।।

नहीं ज्ञान से कार्य जगत् में, जो दिखता वह कर्म करे।
क्योंकि यन्त्र का सूत्र खींचने, से ही पुतली नृत्य करे।।

अर्थ ह्न जो कुछ मेरे कार्य मौजूद है अर्थात् जो कुछ कार्य मैं कर रहा हूँ, वह कर्म की ही कृपा से कर रहा हूँ, ज्ञान से कुछ भी कार्य नहीं हो रहा क्योंकि नट के द्वारा खींचे हुए यन्त्र के सूत्र से ही पुतली नाचती है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार पुतली के नृत्य में नट द्वारा खींचा हुआ सूत्र ही कारण है, उसी प्रकार मेरे दृष्टिगोचर जो कार्य हो रहे हैं; उनमें कर्म ही कारण है अर्थात् कर्म की कृपा से ही मुझमें कार्य दिखाई देते हैं, ज्ञान की कृपा से नहीं।

६५८. आचार्यदेव द्वारा स्वयं की लघुता का प्रदर्शन

निश्चयपञ्चाशत्, पद्मनन्दिनं सूरिमाश्रिभि: कैश्चित्।
शब्दै: स्वशक्तिसूचित,-वस्तुगुणैर्विरचितेऽयमिति।।६१।।

पद्मनन्दि आचार्य निमित्त, एवं स्व-शक्ति से किया प्रगट।
वस्तुतत्त्व किञ्चित् शब्दों ने, रचा सुनिश्चय पंचाशत्।।

अर्थ ह्न श्री पद्मनन्दि आचार्य के आश्रित तथा अपनी शक्ति से प्रकट किया है वस्तु का गुण जिन्होंने ह्न ऐसे अनेक शब्दों द्वारा इस 'निश्चय पञ्चाशत्' की रचना की गई है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक के द्वारा आचार्यदेव अपनी लघुता का वर्णन कर रहे हैं। वे कहते हैं कि इस 'निश्चय पञ्चाशत्' नामक अधिकार की रचना मैंने नहीं की है, किन्तु मेरे आश्रित अनेक वचनों ने अपनी शक्ति के बल से की है।

६५९. 'निश्चय पञ्चाशत्' अधिकार का उपसंहार

वसन्ततिलका

तृणं नृपश्री: किमु वच्मि तस्यां;
न कार्यमाखण्डल-सम्पदोऽपि।
अशेष-वाञ्छा-विलयैक-रूपं;
तत्त्वं परं चेतसि चेन्ममास्ति।।६२।।

यदि समस्त इच्छा-विहीन, यह तत्त्व बसे मेरे मन में।
राज-लक्ष्मी का क्या कहना, सुरपति वैभव भी तृण है।।

अर्थ ह्न समस्त प्रकार की इच्छाओं को दूर करने वाला चैतन्यरूपी तत्त्व, यदि मेरे मन में मौजूद है तो समस्त राजलक्ष्मी मेरे लिए तृण के समान है; इसलिए मैं उस विषय में क्या कहूँ? अरे! इन्द्र की सम्पदा भी मेरे लिए किसी काम की नहीं है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'निश्चय पञ्चाशत्'** नामक **'ग्यारहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – १२

ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति

६६०. 'ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति' अधिकार का मङ्गलाचरण

शार्दूलविक्रीडित

भ्रूक्षेपेण जयन्ति ये रिपुकुलं, लोकाधिपाः केचन;
द्राक् तेषामपि येन वक्षसि दृढ, रोपः समारोपितः।
सोऽपि प्रोद्गतविक्रमः स्मरभटः, शान्तात्मभिर्लीलया;
यैः शस्त्रग्रहवर्जितैरपि जितः, तेभ्यो यतिभ्यो नमः॥१॥

भृकुटी टेढ़ी करके जिसने, रिपु-समूह को किया परास्त।
उसके उर में भी दृढ़ता से, काम-बाण ने किया प्रहार।।
ऐसे पराक्रमी योद्धा को, खेल-खेल में शस्त्र-विहीन।
शान्त चित्त जो मुनिवर जीतें, उन्हें नवाते हम निज शीश।।

अर्थ ह्न संसार में अनेक राजा ऐसे भी हैं, जो अपनी भृकुटी के विक्षेप मात्र से ही वैरियों के समूह को जीत लेते हैं; उन राजाओं के हृदय में शीघ्र ही जिस कामदेवरूपी योद्धा ने दृढ़ता से बाण को समारोपित कर दिया है ह्न ऐसे अत्यन्त पराक्रमी कामदेवरूपी सुभट को भी समस्त प्रकार के शस्त्रों से रहित तथा जिनकी आत्मा क्रोधादि कषायों का नाश होने से शान्त हो गई है ह्न ऐसे यतियों ने जीत लिया है, उन यतियों को मेरा नमस्कार है अर्थात् वे यतीश्वर मेरी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न जिन राजाओं की भौंह टेढ़ी होने पर ही प्रबल शत्रुओं का समूह शीघ्रता से वश हो जाता है; उन महापराक्रमी राजाओं के हृदय में भी जिस कामदेवरूपी सुभट ने अपना बाण समारोपित कर दिया है अर्थात् अत्यन्त पराक्रमी राजाओं पर भी जिसने अपना प्रभाव जमा रखा है ह्न ऐसे उस महापराक्रमी कामदेवरूपी सुभट को बिना हथियार के ही जिन शान्तात्मा मुनियों ने शीघ्रता से ही जीत लिया है, उन मुनियों को ग्रन्थकार आचार्य स्वयं मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं।

६६१. ब्रह्मचर्य का धारी कौन?

आत्मा ब्रह्म विविक्तबोधनिलयो, यत्तत्र चर्यं परं;
स्वाङ्गाऽसङ्गविवर्जितैकमनसः, तद्ब्रह्मचर्यं मुनेः।
एवं सत्यबलाः स्वमातृभगिनी,-पुत्रीसमाः प्रेक्षते;
वृद्धाद्या विजितेन्द्रियो यदि तदा, स ब्रह्मचारी भवेत्।।२।।

भिन्न ज्ञानमय ब्रह्म आत्मा, ब्रह्मचर्य इसमें थिरता।
तन में नहीं ममत्व जिन्हें, उन मुनि को ब्रह्मचर्य होता।।
ऐसा होने पर वृद्धादिक, नारी को जो मात-समान।
अथवा बहन सुता सम देखे, वही जितेन्द्रिय पुरुष महान।।

अर्थ ह्न जिनका मन शरीर की आसक्ति से रहित है अर्थात् जिनके मन में शरीर-विषयक कुछ भी आसक्तता नहीं है ह्न ऐसे मुनि, समस्त पदार्थों से भिन्न अपने ज्ञानस्वरूप आत्मब्रह्म में लीन रहते हैं, एकाग्रता करते हैं, उसे ही **ब्रह्मचर्य** कहते हैं तथा जो वृद्धादि स्त्रियों को अपनी माता, बहन व पुत्री के समान देखता है, वही **सच्चा ब्रह्मचारी** है।

भावार्थ ह्न समस्त पदार्थों से भिन्न ज्ञानस्वरूप आत्मा ही ब्रह्म है। उस ब्रह्म में शरीर-विषयक ममता से रहित मुनि के मन की एकाग्रता ही **अन्तरंग ब्रह्मचर्य** है तथा जो बाह्य में वृद्ध स्त्री को माता समान, बराबर की स्त्री को बहन समान तथा छोटी स्त्री को पुत्री समान समझते हैं; उन पुरुष को **बाह्य ब्रह्मचर्य** होता है। इन दोनों प्रकार के ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला ही **ब्रह्मचारी** होता है।

६६२. मुनिराज को अतिचार लगने पर प्रायश्चित्त का विधान

स्वप्ने स्यादतिचारिता यदि तदा, तत्रापि शास्त्रोदितं;
प्रायश्चित्तविधिं करोति रजनी, भागानुगत्या मुनिः।
रागोद्रेकतया दुराशयतया, सा गौरवात्कर्मणः;
तस्य स्याद्यदि जाग्रतोऽपि हि पुनः, तस्यां महच्छोधनम्।।३।।

लगें स्वप्न में यदि अतिचार, मुनीश्वर को तो श्रुत अनुसार।
रात्रि विभाग करके वे मुनि, प्रायश्चित्त विधि करते स्वीकार।।
रागोद्रेक दुराशय या फिर, तीव्र कर्मवश जागृति में।
लगें यदि अतिचार उन्हें, तो करते भारी संशोधन।।

अर्थ ह्न यदि किसी कारण से स्वप्न में मुनि को अतिचार लग जाए तो मुनि, रात्रि का विभाग कर, (शयनावस्था त्याग कर) शास्त्र में कहे हुए प्रायश्चित्त को स्वीकार करते हैं। यदि जाग्रत अवस्था में, राग के उद्रेक से, खोटे आशय से या कर्म की गुरुता से मुनि को अतिचार लग जाए तो उस अतिचारिता के होने पर वे बड़ा भारी संशोधन करते हैं।

भावार्थ ह्न मुनिश्वरों को रात्रि में सोते समय अतिचार लगे तो वे रात्रि का विभाग कर प्रायश्चित्त करते हैं तथा जाग्रत अवस्था में राग की अधिकता से, खोटे आशय से अथवा कर्म के गौरव (तीव्रता) से अतिचार लगे तो मुनि उसका बड़ा भारी संशोधन करते हैं।

६६३. दृढ़ मन के संयम से ही ब्रह्मचर्य की रक्षा

नित्यं खादति हस्तिसूकरपलं, सिंहो बली तद्रतिः;
वर्षेणैकदिने शिलाकणचरे, पारावते सा सदा।
न ब्रह्मव्रतमेति नाशमथवा, स्यान्नैव भुक्तेर्गुणात्;
तद्रक्षां दृढ़ एक एव कुरुते, साधोर्मनः संयमः।।४।।

एक बार रति करे वर्ष में, सिंह निरन्तर माँस भखे।
गज-शूकर का किन्तु कबूतर, कंकड़ खा रतिलीन रहे।।
भोजन करने या न करने, से व्रत का सम्बन्ध नहीं।
ब्रह्मचर्य की रक्षा करता, मुनि-मन का दृढ़ संयम ही।।

अर्थ ह्न भोजन के गुण से अर्थात् भोजन करने से ब्रह्मचर्य व्रत नष्ट होता है तथा भोजन न करने से ब्रह्मचर्य व्रत पलता है ह्न ऐसी बात नहीं है क्योंकि अत्यन्त बलवान सिंह, सदा हाथी तथा सूअर के माँस को खाता है, फिर भी वर्ष में एक ही बार रति करता है। जबकि कबूतर सदा पत्थर के टुकड़े खाता है तो भी वह सदैव रति करता रहता है अर्थात् ब्रह्मचर्य का पालन (रक्षा), एक मात्र साधु के मन का दृढ़ संयम ही करता है।

भावार्थ ह्न बहुत से मनुष्य ऐसा समझते हैं कि पुष्ट भोजन करने से ब्रह्मचर्य नहीं पलता है और पुष्ट भोजन न करने से ब्रह्मचर्य पलता है सो यह बात नहीं हैं क्योंकि यदि पुष्ट भोजन करने से ही काम की अति तीव्रता होती हो तो सिंह को अधिक कामी होना चाहिए क्योंकि वह तो रात-दिन हाथी तथा सूअर के अत्यन्त पुष्ट माँस को खाता है; किन्तु वह वर्ष में एक ही बार रति करता है।

तथा यदि पुष्ट भोजन न करने से काम अधिक नहीं सताता है तो कबूतर हमेशा रूखे पत्थर के टुकड़ों को खाते हैं तो उन्हें काम अधिक नहीं सताता, किन्तु देखने में आता है कि

कबूतर बड़ा कामी होता है, वह सदैव ही रति करता रहता है; इसलिए पुष्ट भोजन करने से ब्रह्मचर्य का नाश होता है तथा पुष्ट भोजन न करने से ब्रह्मचर्य का पालन होता है ह्न ऐसी बात कदापि नहीं। ब्रह्मचर्य की रक्षा का कारण तो एक मात्र साधु के दृढ़ मन का संयम ही है अर्थात् मन का दृढ़ संयम न होवे तो ही ब्रह्मचर्य का नाश होता है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

६६४. संयम के दो प्रकार

चेतः संयमनं यथावदवनं, मूल-व्रतानां मतं;
शेषाणां च यथाबलं प्रभवतां, बाह्यं मुनेर्ज्ञानिनः।
तज्जन्यं पुनरान्तरं समरसी,-भावेन चिच्चेतसो;
नित्यानन्दविधायि कार्यजनकं, सर्वत्र हेतुर्द्वयम्।।५।।

मूलगुणों की यथार्थ, रक्षा करना है मन का संयम।
उत्तर-गुण की यथाशक्ति रक्षा, है मुनि का बाह्य संयम।।
चेतन और चित्त का समरस-भाव, यही अन्तः संयम।
नित्यानन्द-विधायी कार्य-जनक हैं ये दोनों संयम।।

अर्थ ह्न ज्ञानी मुनि के जीवन में मूलगुण का पालन यथावत् तथा उत्तरगुण का पालन यथाशक्ति होता हैं, उनका रक्षण करना, वह तो **बाह्य मन का संयम** है। उस संयम से उत्पन्न सदैव आनन्द को करने वाले चैतन्य के समरसी भाव से जो मन का संयम होता है, वह **अन्तरंग मन का संयम** है। सर्वत्र यह दोनों प्रकार का संयम ही कारण है।

६६५. स्त्री-संगति के त्याग हेतु व्रती को प्रयत्न करना आवश्यक

चेतोभ्रान्तिकरी नरस्य मदिरा,-पीतिर्यथा स्त्री तथा;
तत्सङ्गेन कुतो मुनेर्व्रतविधिः, स्तोकोऽपि सम्भाव्यते।
तस्मात्संसृतिपातभीतमतिभिः, प्राप्तैस्तपोभूमिकां;
कर्तव्यो व्रतिभिः समस्तयुवतिः, त्यागे प्रयत्नो महान्।।६।।

जैसे मदिरा-पान पुरुष को, भ्रमित करे वैसे नारी।
उसकी संगति से किञ्चित् भी, व्रत-विधान हो सके नहीं।।
अतः तपो भू प्राप्त यति-मति, जो भवसागर से भयभीत।
करें महान प्रयत्न नारियों, को तजने का सभी व्रती।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मदिरापान, मनुष्य के मन में भ्रान्ति को करने वाला होता है, उसी

प्रकार स्त्री भी मनुष्य के चित्त में भ्रान्ति उत्पन्न करने वाली होती है, इसलिए ऐसी स्त्री-संगति से मुनि के थोड़े भी व्रत के विधान की सम्भावना नहीं रहती; अत: आचार्य कहते हैं कि जिन मुनियों की मति, संसार में भ्रमण करने से भयभीत है और जो मुनि-भूमिका को प्राप्त हो गये हैं, उनको समस्त स्त्रियों के त्याग का बड़ा भारी प्रयत्न करना चाहिए।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार शराब को पीने वाला मनुष्य बेहोश रहता है और वह कुछ भी काम नहीं कर सकता, उसी प्रकार स्त्री का लोलुपी पुरुष भी हिताहित से शून्य तथा किंकर्तव्यविमूढ़ रहता है; इसलिए ऐसी निकृष्ट स्त्री-संगति से थोड़ा-सा भी व्रत का विधान नहीं हो सकता। अत: आचार्य उपदेश देते हैं कि जिन मुनियों की बुद्धि, संसार के भ्रमण से अत्यन्त भयभीत है और जो तप की भूमिका को प्राप्त हो गये हैं; उन मुनियों को चाहिए कि वे समस्त प्रकार की स्त्रियों के त्याग में बड़ा भारी प्रयत्न करें।

६६६. दृढ़तापूर्वक स्त्री-त्याग का आदेश

मुक्तेर्द्वारि दृढ़ार्गला भवतरो:, सेकेऽङ्गना सारिणी;
मोहव्याधविनिर्मिता नरमृगस्याबन्धने वागुरा।
यत्संगेन सतामपि प्रसरति, प्राणातिपातादि तत्;
तद्वार्तापि यतेर्यतित्वहतये, कुर्यान्न सा किं पुन:।।७।।

नारी मुक्ति-द्वार-अर्गला, भव-तरु-सिंचन की नाली।
नर-मृगबन्धन हेतु मोहमय, व्याध-विनिर्मित दृढ़ जाली।।
जिसकी संगति में सज्जन भी, हिंसादिक से होते लिप्त।
जिसकी वार्ता भी मुनित्व को, हने करे नहिं कौन अनिष्ट।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि स्त्री, मुक्ति-द्वार को रोकने वाली मजबूत अर्गला है, संसाररूपी वृक्ष को सींचने वाली नाली है, मनुष्यरूपी मृगों को बाँधने के लिए मोहरूपी व्याध द्वारा बनाया हुआ जाल है क्योंकि जिस स्त्री के संग से सज्जनों का भी जीवन नष्ट हो जाता है और जिसकी बात भी मुनियों के मुनिपने का नाश करने के लिए होती है; वह स्त्री, संसार में और क्या-क्या नहीं कर सकती? अर्थात् समस्त प्रकार के अनिष्टों को कर सकती है।

भावार्थ ह्न स्त्री को अर्गला की उपमा इसलिए दी गई है कि जिस समय घर का दरवाजा लगा कर अर्गला लगा दी जाती है, उस समय उस दरवाजे से भीतर कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता; उसी प्रकार जो मनुष्य, स्त्री के लोलुपी हैं अर्थात् स्त्री के फँदे में फँसे हुए हैं, उनको मोक्ष की प्राप्ति कदापि नहीं हो सकती।

स्त्री को नाली की उपमा इसलिए दी गई है कि जिस प्रकार नाली द्वारा सींचने से वृक्ष दिन-प्रतिदिन बढ़ता चला जाता है, उसी प्रकार स्त्री-लम्पटियों के लिए संसार भी बढ़ता चला जाता है अर्थात् उनको निरन्तर संसार में भ्रमण करना पड़ता है।

स्त्री को जाल की उपमा दी गई है क्योंकि जिस प्रकार जाल में फँसे जीव दु:ख पाते हैं, उसी प्रकार स्त्री में आसक्त जीवों को नाना प्रकार के दु:खों का सामना करना पड़ता है।

इस प्रकार संसार में समस्त अनिष्ट को करने वाली स्त्री ही है क्योंकि स्त्री की संगति से सज्जनों का जीवन नष्ट हो जाता है तथा यतियों के यतिपने का नामोनिशान भी नहीं रहता।

६६७. प्रीतिपूर्वक स्त्री का मुख देखते ही समस्त व्रत-तप की समाप्ति

तावत्पूज्यपदस्थिति: परिलसत्, तवद्यशो जृम्भते;
तावच्छुभ्रतरा गुणा: शुचिमन:, तावत्तपो निर्मलम्।
तावद्धर्मकथापि राजति यते:, तावत्स दृश्यो भवेत्;
यावन्न स्मरकारि हारि युवते, रागान्मुखं वीक्षते।।८।।

तब तक उत्तम पद है यति का, तब तक शोभित यश बढ़ता।
तब तक ही गुण निर्मल रहते, तप अरु मन निर्मल रहता।।
तब तक दर्शनीय है वह यति, सुन्दर उसकी धर्मकथा।
जब तक कामोत्तेजक रमणी-मुख नहिं प्रीति सहित लखता।।

अर्थ ह्न जब तक यति, प्रीति से काम को उद्दीपन करने वाले मनोहर स्त्री के मुख को नहीं देखते, तब तक ही वे यति पूज्यपद में अर्थात् उत्तमपद में स्थित रहते हैं, उन यति का ही शोभायमान यश, वृद्धि को प्राप्त होता है, उनके गुण ही निष्कलंक रहते हैं, उन यतीश्वर का मन ही पवित्र बना रहता है, उनका तप ही निर्मल रहता है, उनकी धर्मकथा ही शोभित रहती है, वे ही देखने योग्य बने रहते है; किन्तु उक्त स्त्री का मुख देखते ही ये समस्त बातें नहीं रहती, इसलिए यतियों को स्त्री का मुख कदापि नहीं देखना चाहिए।

६६८. यतीश्वरों को सर्वथा स्त्री-त्याग आवश्यक

तेजोहानिमपूततां व्रतहतिं, पापं प्रपातं पथो;
मुक्ते रागितयाङ्गनास्मृतिरपि, क्लेशं करोति ध्रुवम्।
तत्सान्निध्यविलोकनप्रतिवच:, स्पर्शादय: कुर्वते;
किं नानर्थपरम्परामिति यते:, त्याज्याबला दूरत:।।९।।

राग सहित नारी-चिन्तन भी, तेज और व्रत नष्ट करे।
पापों से अपवित्र करे नर, को शिवपथ से भ्रष्ट करे।।
तो उसका सान्निध्य विलोकन, वचनालाप और स्पर्श।
क्या अनर्थ नहिं करे अतः, नारी का संग दूर से त्याज्य।।

अर्थ ह्न स्त्री का रागसहित स्मरण भी तेज की हानि करता है, अपवित्रता करता है, व्रतों का नाश करता है, पाप की उत्पत्ति करता है, मोक्ष के मार्ग से मनुष्यों को गिराता है और निश्चय से नाना प्रकार के क्लेशों को उत्पन्न करता है तो उस स्त्री के समीप रहना, उसको देखना, उसके साथ वचनालाप और स्पर्शादि करना किस-किस अनर्थ को नहीं करेंगे? अर्थात् सभी अनर्थों को करेंगे; इसलिए ऐसी स्त्री, यतियों को दूर से ही त्यागने योग्य है।

भावार्थ ह्न जब स्त्री का थोड़ा स्मरण ही तेज का नाश करता है, पवित्रता नहीं होने देता, समस्त प्रकार के व्रतों को जड़ से उड़ाता है, मोक्षमार्ग से भ्रष्ट करता है और नाना प्रकार के दुःखों को देता है; तब उसके पास रहना, उसको देखना, उसके साथ वार्तालाप करना, स्पर्शादि करना, इत्यादि कार्य किस-किस अनर्थ को नहीं करेंगे? इसलिए स्व-हित के अभिलाषी यतीश्वरों को स्त्री-संसर्ग से सर्वथा दूर ही रहना चाहिए।

६६९. यतियों को समस्त स्त्रियों के साथ प्रीति कष्टकारक

वेश्या स्याद्धनतस्तदस्ति न यतेः, चेदस्ति सा स्यात्कुतो;
नात्मीया युवतिर्यतित्वमभवत्, तत्त्यागतो यत्पुरा।
पुसोऽन्यस्य च योषितो यदि रतिः, छिन्नो नृपात्तत्पतेः;
स्यादापज्जनन-द्वयक्षयकरी, त्याज्यैव योषा यतेः।।१०।।

वेश्या तो मिलती है धन से, निर्धन यति को कैसे प्राप्त।
निज नारी भी मिले न उसको, क्योंकि किया पहले से त्याग।।
संग करें परनारी का तो, पति अरु राजा देंवें दण्ड।
अतः उभय भवनाशक नारी, यति को पूर्णरूप से त्याज्य।।

अर्थ ह्न यदि मुनि, वेश्या के लोलुपी बनें तो वेश्या उनको मिल नहीं सकती क्योंकि वेश्या अधिक धन होने पर ही प्राप्त होती है और धन, यति के पास नहीं होता है। यदि कदाचित् धन होवे तो भी वेश्या उनको कैसे मिल सकती है? अपनी स्त्री भी यति को प्राप्त नहीं हो सकती क्योंकि प्रथम तो स्त्री-त्याग से ही यतिपना हुआ है। यदि दूसरे पुरुष की स्त्री के साथ यति रति करें तो वे राजा से छेदन आदि दण्ड को प्राप्त होते हैं तथा उस स्त्री के पति के द्वारा

भी बहुत कष्टों को पाते हैं, इसलिए यतियों को दोनों जन्मों का नाश करने वाली स्त्री का सर्वथा त्याग करना चाहिए।

भावार्थ ह्न यदि स्त्री के साथ प्रीति करने से कुछ भी सुख मिलता, तब तो यतियों को स्त्री के साथ प्रीति करना अच्छा होता; किन्तु स्त्री के साथ प्रीति करने में तो अंश मात्र भी सुख नहीं है क्योंकि वेश्या के साथ प्रीति तो धन के माध्यम से होती है सो धन, यति के पास नहीं है, इसलिए उनको एक प्रकार का कष्ट ही है। यदि कदाचित् उनके पास धन होवे भी तो वेश्या उनको कहाँ से मिल सकती है? यदि कहो कि अपनी स्त्री के साथ रति करें तो अपनी स्त्री भी यति को नहीं मिल सकती क्योंकि वे पूर्व में उस स्त्री के त्याग से ही यति हुए हैं, इसलिए उससे उनको दु:ख ही है। तथा यदि कहें कि पर-स्त्री के साथ ही रति करें सो भी नहीं बन सकता क्योंकि पर-स्त्री-सेवियों को राजा, छेदन-भेदन आदि दण्ड देता है तथा उस स्त्री का पति भी नाना प्रकार के ताड़न आदि दु:ख देता है; अत: दोनों जन्मों का नाश करने वाली स्त्री का मुनि को सर्वथा त्याग करना चाहिए।

६७०. ब्रह्मचर्य की महिमा का वर्णन

दारा एव गृहं न चेष्टकचितं, तत्तैर्गृहस्थो भवेत्;
तत्त्यागे यतिरादधाति नियतं, स ब्रह्मचर्यं परम्।
वैकल्यं किल तत्र चेत्तदपरं, सर्वं विनष्टं व्रतं;
पुंसस्तेन विना तदा तदुभय,-भ्रष्टत्वमापद्यते।।११।।

घर न बने ईंटों से, रमणी से ही नर गृहस्थ होता।
उसे त्यागने से यति निश्चय, ब्रह्मचर्य उत्तम धरता।।
यदि वह खण्डित हो जाए तो, अन्य सभी व्रत होते नष्ट।
ब्रह्मचर्य बिन यतिपना अरु, श्रावकपन भी होय विनष्ट।।

अर्थ ह्न ईंटों से व्याप्त घर, घर नहीं कहलाता, अपितु स्त्री का नाम ही घर है, उन स्त्रियों के कारण ही मनुष्य गृहस्थ कहलाता है तथा स्त्री के सर्वथा त्याग से ही यति, उत्कृष्ट तथा श्रेष्ठ निश्चय ब्रह्मचर्य को धारण करते हैं। यदि उस ब्रह्मचर्य में किसी कारण से विकलता हो जाए तो दूसरे समस्त व्रत नष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार ब्रह्मचर्य के बिना पुरुष का व्रतीपना तथा गृहस्थपना दोनों ही नष्ट हो जाते हैं।

भावार्थ ह्न स्त्री के ग्रहण से मनुष्य, गृहस्थ कहलाता है और स्त्री के त्यागपूर्वक ही यति वास्तविक रीति से ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं। यदि ब्रह्मचर्य में किसी प्रकार की

विकलता (हीनता) हो जाए तो अन्य समस्त व्रत भी नष्ट हो जाते हैं और ब्रह्मचर्य में विकलता आने के कारण न तो वास्तविक रीति से व्रतीपना रहता है और न गृहस्थपना ही रहता है; इसलिए यतियों को चाहिए कि वे ब्रह्मचर्य को धारण करने पर, उसका अच्छी तरह पालन करें। यदि ब्रह्मचर्य का भलीभाँति पालन न कर सकें तो वे गृहस्थ ही बने रहें, जिससे उनका गृहस्थपना तो उत्तम बना रहेगा, अन्यथा गृहस्थपना और व्रतीपना दोनों ही नष्ट हो जाएँगे।

६७१. स्त्री के लावण्य की विनाशीकता

सम्पद्येत दिन-द्वयं यदि सुखं, नो भोजनादेस्तदा;
स्त्रीणामप्यतिरूपगर्वितधिया,-मङ्गं शवाङ्गायते।
लावण्याद्यपि तत्र चंचलमिति, श्लिष्टं तत्तद्गतां;
दृष्ट्वा कुंकुमकज्जलादिरचनां, मा गच्छ मोहं मुने!।।१२।।

रूप-गर्विता नारी को यदि, दो दिन भी भोजन न मिले।
तो मुर्दे जैसा हो जाए, तन उसका किञ्चित् न हिले।।
उसके तन की सुन्दरता भी, चंचल अरु क्षणभंगुर है।
अत: यति लख कुंकुम-काजल की रचना मत मोह करो।।

अर्थ ह्न रूप से अत्यन्त घमण्डयुक्त है बुद्धि जिनकी, ऐसी स्त्रियों को यदि दो दिन भी भोजनादि से सुख न मिले अर्थात् यदि वे दो दिन भी न खावें तो उनका शरीर, मुर्दे के शरीर समान जान पड़ता है। उन स्त्रियों के शरीर में मौजूद जो लावण्य है, वह भी चंचल अर्थात् क्षण भर में विनाशीक है; इसलिए हे मुनियों! उन स्त्रियों के शरीर में केसर, काजल आदि की रचना देख कर मोहित मत होओ।

भावार्थ ह्न यदि स्त्रियों का शरीर, नित्य सुन्दर बना रहता और उनके शरीर का लावण्य चंचल (विनाशीक) न होता, तब तो हे मुनियों! तुम्हें उनके शरीर में केसर, काजल आदि की रचना देख कर मुग्ध होना चाहिए; लेकिन उनका शरीर तो ऐसा है कि यदि वे दो दिन भी भोजन न करें तो उनका शरीर, मुर्दे के शरीर समान फीका पड़ जाता है और उनमें जो कुछ लावण्य दृष्टिगोचर होता है, वह भी पल भर में नष्ट हो जाता है; इसलिए निस्सार स्त्री में कदापि तुम्हें मोह नहीं करना चाहिए।

६७२. स्त्री के मृत शरीर की भयावहता

रम्भास्तम्भमृणालहेमशशभृत्, नीलोत्पलाद्यै: पुरा;
यस्य स्त्रीवपुष: पुर: परिगतै:, प्राप्ता प्रतिष्ठा न हि।

तत्पर्यन्तदशां गतं विधिवशात्, क्षिप्तं क्षतं पक्षिभिः;
भीतैश्छादितनासिकैः पितृवने, दृष्टं लघु त्यज्यते।।१३।।

केले का स्तम्भ कमल का तन्तु स्वर्ण अरु नीलकमल।
चन्द्र आदि सब फीके हो जाते, हैं जिस तन के सन्मुख।।
मृतक दशा में उसे फेंक दे, पक्षी क्षत-विक्षत करते।
हो भयभीत नॉक को ढाकें, पुरुष उसे तत्क्षण तजते।।

अर्थ ह्न जिस स्त्री के शरीर के सामने केलों के स्तम्भ, कमल के तन्तु, बर्फ, चन्द्रमा और नीलकमल आदि ने भी पहले प्रतिष्ठा नहीं पाई थी; वह स्त्री का शरीर, जिस समय मृत हो जाता है और श्मशान भूमि में फेंक दिया जाता है तथा जब पक्षीगण, उसके टुकड़े-टुकड़े कर देते हैं, उस समय वह देखा हुआ शरीर भी भयभीत तथा जिनकी नाक ढ़की हुई है ह्न ऐसे मनुष्यों के द्वारा शीघ्र ही छोड़ दिया जाता है।

भावार्थ ह्न जब तक स्त्री का शरीर जीवित रहता है, तब तक इतना मनोहर लगता है कि केलों का स्तम्भ उसके सामने कोई चीज नहीं और न कमल-तन्तु ही कोई चीज है; शीतल इतना होता है कि बर्फ, चन्द्रमा और नीलकमल की भी शीतलता उसके सामने कोई चीज नहीं; किन्तु वही शरीर, जब मृत शरीर बन जाता है, उस समय श्मशान भूमि में फेंक दिया जाता है, पक्षीगण उसके टुकड़े-टुकड़े कर देते हैं, मनुष्य उसको भयभीत होकर तथा नाक ढ़क कर देखते हैं और शीघ्र ही छोड़ देते हैं; इसलिए ऐसे अपवित्र तथा अनित्य शरीर में मुनियों को कभी भी राग नहीं करना चाहिए।

६७३. स्त्री का शरीर, मूढ़बुद्धि पुरुषों को ही आनन्द देने वाला

अङ्गं यद्यपि योषितां प्रविलसत्, तारुण्यलावण्यवद्;
भूषावत्तदपि प्रमोदजनकं, मूढात्मनां नो सताम्।
उच्छ्वनैर्बहुभिः शवैरतितरां, कीर्णं श्मशानस्थलं;
लब्ध्वा तुष्यति कृष्णकाकनिकरो, नो राजहंसव्रजः।।१४।।

यद्यपि नारी अंग मनोहर, तरुण और लावण्य सहित।
तो भी मूर्खों को प्रिय लगते, चतुर पुरुष को कभी नहीं।।
जैसे सड़े हुए मुर्दों से, व्याप्त श्मशान भूमि में जा।
काले कौए ही खुश होते, राजहंस तो कभी नहीं।।

अर्थ ह्न यद्यपि स्त्रियों का शरीर, मनोहर यौवनावस्था तथा लावण्य से सहित और

अनेक प्रकार के आभूषणों से भूषित है; तथापि वह मूढ़बुद्धि पुरुषों को ही आनन्द देने वाला है, सज्जन पुरुषों को नहीं। जिस प्रकार सड़े हुए अनेक मुर्दों से व्याप्त श्मशान भूमि को प्राप्त होकर, काले काकों का समूह ही सन्तुष्ट होता है, राज-हंसों का समूह नहीं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सड़े हुए मुर्दों से व्याप्त श्मशान भूमि को प्राप्त होकर, कौआ सन्तुष्ट होता है, किन्तु राजहंस नहीं; उसी प्रकार स्त्री का शरीर उत्तम, यौवन तथा लावण्य से सहित और नाना प्रकार के आभूषणों से युक्त होने पर भी मूर्ख लोग ही उसमें हर्ष मानते हैं, विद्वान् नहीं।

६७४. स्त्री के शरीर में विद्वानों की अप्रीति का कारण

यूकाधाम कचाः कपालमजिना,-च्छन्नं मुखं योषितां;
तच्छिद्रे नयने कुचौ पलभरौ, बाहू तते कीकसे।
तुन्दं मूत्रमलादिसद्म जघनं, प्रस्यन्दिवर्चोगृहं;
पादस्थूणमिदं किमत्र महतां, रागाय सम्भाव्यते।।१५।।

केश जुओं के घर अरु मुख-कपाल चाम से ढके हुए।
नेत्र छिद्र हैं, भुजा युगल लम्बी हड्डी, कुच माँस भरे।।
पेट मूत्र-मल का घर, जंघाओं के बीच बहे मल-धार।
खंभे जैसे पैर कौन अंग, सज्जन को प्रिय करो विचार।।

अर्थ ह्न स्त्रियों के बाल तो जुओं के साथ हैं, मुख तथा कपाल चाम से वेष्टित हैं, दोनों नेत्र उसके छेद हैं, स्तन माँस से भरे हुए हैं, दोनों भुजाएँ विस्तृत हड्डियाँ हैं, स्त्रियों का पेट मूत्र तथा मल का घर है, जाँघें बहती हुई विष्टा का घर है और स्त्रियों के चरण स्थूण के समान हैं; इसलिए न मालूम सज्जनों को स्त्रियों की कौन-सी चीज, राग का कारण बनती है।

भावार्थ ह्न यदि स्त्री की कोई भी चीज पवित्र तथा सुन्दर होती तो स्त्री में विद्वान पुरुषों के राग की सम्भावना हो सकती थी; किन्तु स्त्री की कोई भी चीज पवित्र तथा सुन्दर नहीं क्योंकि उनके बालों में तो असंख्यात जुँए, लीख आदि जीव भरे हुए हैं, मुख तथा कपाल चर्म से वेष्टित हैं, दोनों नेत्र छिद्र के समान हैं, स्तन माँस के पिण्ड हैं, भुजाएँ लम्बी-लम्बी हड्डियाँ हैं, पेट मल-मूत्र का पिटारा है, जाँघ बहती हुई विष्टा का घर है और चरण थूड़ी के समान हैं; इसलिए ऐसे अपवित्र स्त्री के शरीर में उत्तम पुरुषों को कदापि मोह नहीं करना चाहिए।

६७५. स्त्री के शरीर की अपवित्रता

कार्याकार्यविचारशून्यमनसो, लोकस्य किं ब्रूमहे;
यो रागान्धतयादरेण वनिता,-वक्त्रस्य लालां पिबेत्।
श्लाघ्यास्ते कवयः शशांकवदिति, प्रव्यक्तवाग्डम्बरैः;
चर्मानद्ध-कपालमेतदपि यै,-रग्रे सतां वर्ण्यते।।१६।।

अरे! राग में अन्धे होकर, नारी-मुख की लार पियें।
योग्य-अयोग्य विवेक रहित नर, के बारे में क्या बोलें।।
वचनाडम्बर से जो कविगण, चन्द्रसमान कहें मुख को।
सज्जन के सम्मुख वे कवि भी, नहीं कदापि प्रशंसा योग्य।।

अर्थ ह्न राग से अन्धे होकर लोक बड़े आदर से स्त्री के मुख की लार का पान करते हैं। ग्रन्थकार कहते हैं कि कार्य तथा अकार्य के विचार से रहित जिसका मन है ह्न ऐसे लोक के विषय में हम क्या कहें? तथा वे कवि भी सराहना योग्य नहीं हैं कि जो सज्जनों के सामने चाम से ढका हुआ है कपाल जिसका' ह्न ऐसे स्त्री-मुख को अपने प्रबल वाणी के आडम्बर से चन्द्रमा के समान कहते हैं।

भावार्थ ह्न बिना ही उपदेश के समस्त जीव, स्त्रियों के सेवक बने हुए हैं। रात-दिन आदर से उनकी लार का पान करते हैं। कवि लोग चाम से ढ़के हुए स्त्रियों के मुख को चन्द्रमा की उपमा देकर, उनको चन्द्र-वदनी कह कर और भी जीवों को भ्रान्त करते हैं ह्न यह बड़ी भारी भूल है, इसलिए ऐसी निकृष्ट तथा अपवित्र स्त्री की प्रशंसा करने वाले कवि, कुकवि ही हैं ह्न ऐसा समझना चाहिए।

६७६. शृङ्गारपोषक कवियों की निन्दा

एष स्त्रीविषये विनापि हि पर,-प्रोक्तोपदेशं भृशं;
रागान्धो मदनोदयादनुचितं, किं किं न कुर्याज्जनः।
अप्येतत्परमार्थबोधविकलः, प्रौढं करोति स्फुरत्;
शृङ्गारं प्रविधाय काव्यमसकृत्, लोकस्य कश्चित्कविः।।१७।।

लोक, राग में अन्धा होकर, बिना मिले कोई उपदेश।
कामातुर हो नारी के संग, क्या नहिं अनुचित कार्य करे?।।
तो भी जो परमार्थ शून्य वे, कवि निरन्तर रचते काव्य।
जन-जन को वे चतुर बनाते, भरते उसमें रस शृंगार।।

अर्थ ह्न राग से अन्धा यह जगत्, परोपदेश के बिना ही कामोदय के वश होकर क्या-क्या अनुचित कार्य नहीं करता? अर्थात् समस्त अनुचित कार्यों को करता है। इतने पर भी जिसको अंश मात्र भी परमार्थ का ज्ञान नहीं ह्न ऐसे कोई-कोई कवि, भली-भाँति शृंगार के वर्णन से युक्त काव्य बना कर, अन्य लोगों को निरन्तर चतुर (स्त्रियों के सेवन में प्रौढ़) बनाते रहते हैं।

भावार्थ ह्न यह नीतिकार का सिद्धान्त है कि जो पदार्थ त्यागने योग्य होता है, उसमें मनुष्य की बुद्धि बिना उपदेश के ही प्रवेश कर जाती है। उपादेय पदार्थ के ग्रहण करने में बुद्धि शीघ्र प्रवेश नहीं करती, इसलिए जो पुरुष रागान्ध हैं, उनकी बुद्धि एक तो बिना उपदेश के ही स्त्री-विषयों में प्रवृत्त हो जाती है और जब उनकी बुद्धि, स्त्री-विषयों में फँस जाती है, तब वे अनेक प्रकार के अनुचित काम कर बैठते हैं ह्न ऐसा होने पर भी कवि लोग, अपने को दयालु समझ कर, शृंगार-विशिष्ट काव्यों की रचना कर, जगत् को स्त्री-विषयों में चतुर बनाते रहते हैं; अत: ऐसे कवियों को उत्तम कवि न समझ कर, कुकवि ही समझना चाहिए।

६७७. स्त्री तथा धन के त्यागी मुनिराज देवों के देव

दारार्थादिपरिग्रह: कृतगृह, व्यापारसारोऽपि सन्;
देव: सोऽपि गृही नर: परधन,-स्त्रीनिस्पृह: सर्वदा।
यस्य स्त्री न तु सर्वथा न च धनं, रत्नत्रयालंकृतो;
देवानामपि देव एव स मुनि:, केनाऽत्र नो मन्यते।।१८।।

नारी-अर्थ का परिग्रह अरु, गृह-सम्बन्धी व्यापार जिसे।
परधन-नारी से यदि निस्पृह, तो उसको भी देव कहें।।
नहीं सर्वथा धन-नारी संग, रत्नत्रय से भूषित हैं।
देवों में भी देव मुनीश्वर, कौन नहीं उनको माने?।।

अर्थ ह्न जिस पुरुष को स्त्री का परिग्रह मौजूद है, धन का परिग्रह मौजूद है तथा जिसने समस्त गृह-सम्बन्धी व्यापार किया है ह्न ऐसा गृहस्थ मनुष्य भी यदि पर-धन तथा पर-स्त्री में निस्पृह है तो वह भी देव कहा जाता है तो फिर जिस मुनि के न तो स्त्री है और न सर्वथा धन ही है तथा जो सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्रस्वरूप रत्नत्रय से शोभित हैं, वे तो देवों के भी देव हैं और उन मुनि की सब ही प्रतिष्ठा करते हैं।

भावार्थ ह्न यदि किसी मनुष्य के पास स्त्री-धनादि का संयोग हो, गृह-सम्बन्धी समस्त कार्य करता हो, किन्तु पर-धन तथा पर-स्त्री में इच्छा रहित होने से वह देव

कहलाता है; तब जो सर्वथा स्त्री और धनादि के त्यागी हैं; सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय से विभूषित हैं तो वे देवों के देव क्यों न कहलाएँ अर्थात् अवश्य कहलाएँ। वे सज्जनों के आदर-पात्र भी अवश्य होंगे, इसलिए मुनियों को स्त्री तथा धन में सर्वथा इच्छा का त्याग करना चाहिए।

६७८. सच्चा सुख कैसा है?

कामिन्यादि विनात्र दुःखहतये, स्वीकुर्वते तच्च ये;
लोकास्तत्र सुखं पराश्रिततया, तद्दुःखमेव ध्रुवम्।
हित्वा तद्विषयोत्थमन्तविरसं, स्तोकं यदाध्यात्मिकं;
तत्तत्त्वैकदृशां सुखं निरुपमं, नित्यं निजं नीरजम्।।१९।।

कामजन्य दुःख-नाश हेतु जो, करते नारी को स्वीकार।
किन्तु पराश्रित होने से वह, सुख भी दुःख है करो विचार।।
विषयोत्पन्न विरस किञ्चित् सुख, से विहीन जो आत्मानन्द।
तत्त्वज्ञानियों को ही अनुपम, दोष-रहित वह नित्यानन्द।।

अर्थ ह्न स्त्री आदि के बिना संसार में दुःख होता है ह्न यह समझ कर, लोग दुःख को दूर करने के लिए स्त्री आदि को स्वीकार करते हैं; परन्तु स्त्री आदि में जो सुख है सो पराधीनता के कारण दुःख ही है, इसलिए अन्त में विरस तथा जो विषय से उत्पन्न थोड़ा सुख है, उसको छोड़ कर, तत्त्वज्ञानियों का आत्म-सम्बन्धी सुख ही सच्चा सुख है। वही सुख उपमा रहित, सदाकाल रहने वाला, आत्मीक तथा निर्दोष है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न जो अल्पज्ञानी, दुःख को दूर करने के लिए स्त्री, भोजन आदि को स्वीकार करते हैं सो ठीक नहीं क्योंकि स्त्री, भोजनादि के स्वीकार से दुःख दूर नहीं होता और न सुख मिलता है। वास्तव में पराधीनता के कारण होने से वह सुख, दुःख ही है। विषयोत्पन्न सुख अन्त में विरस तथा थोड़ा है, इसलिए तत्त्वज्ञानी पुरुष उपमा रहित, नित्य, स्वीय तथा निर्दोष सुख का अनुभव करते हैं, वास्तव में वही सच्चा सुख है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

६७९. पुण्यवान् मनुष्यों द्वारा भी यतीश्वरों को नमस्कार

सौभाग्यादिगुणप्रमोदसदनैः, पुण्यैर्युतास्ते ह्रदि;
स्त्रीणां ये सुचिरं वसन्ति विलसत्, तारुण्यपुण्यश्रियाम्।
ज्योतिर्बोधमयं तदन्तरदृशा, कायात्पृथक् पश्यताम्;
येषां ता न तु जातु तेऽपि कृतिनः, तेभ्यो नमः कुर्वते।।२०।।

पुण्योदय से जिन्हें प्राप्त, सौभाग्य और आनन्द विलास।
तरुण मनोहर सुन्दर नारी, के उर में चिरकाल निवास।।
ऐसे पुण्यात्मा मनुष्य भी, उन मुनियों को नमन करें।
जिनके उर नहिं बसें नारियाँ, जो शरीर को भिन्न लखें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, सौभाग्यादि गुण तथा आनन्द के स्थानभूत पुण्य से सहित हैं। मनोहर यौवनावस्था से पवित्र शोभा के कारण स्त्रियों के मन में चिरकाल तक निवास करते हैं ह्न ऐसे पुण्यवान् पुरुष, अपनी प्रसिद्ध अन्तर्दृष्टि से सम्यग्ज्ञानमय तेज को शरीर से जुदा देखते हैं और जिनके पास स्त्री फटकने तक नहीं पाती ह्न ऐसे मुनीश्वरों को नमस्कार करते हैं।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में वे मनुष्य भी पुण्यात्मा तथा धन्य हैं, जो यौवनवस्था से शोभायमान स्त्रियों के हृदय में चिरकाल तक निवास करते हैं अर्थात् जिनको स्त्रियाँ, हृदय से चाहती हैं; किन्तु उनसे भी धन्य वे यतीश्वर हैं, जो अपनी अन्तर्दृष्टि से सम्यग्ज्ञानमय ज्योति को जुदा कर देखते हैं और जिनके पास स्त्रियाँ स्वप्न में भी नहीं फटकने पातीं। वे पुण्यात्मा और स्त्रियों के प्रिय मनुष्य भी मुनियों को मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं।

६८०. मनुष्य भव से ही मोक्ष की प्राप्ति

दुष्प्रापं बहुदुःखराशिरशुचि, स्तोकायुरल्पज्ञता-;
ऽज्ञातप्रान्तदिनः जराहतमतिः, प्रायो नरत्वं भवे।
अस्मिन्नेव तपस्ततः शिवपदं, तत्रैव साक्षात्सुखं;
सौख्यार्थीति विचिन्त्य चेतसि तपः, कुर्यान्नरो निर्मलम्।।२१।।

दुर्लभ नरभव दुःखसागर है, अशुचि और अल्पायु सहित।
अल्पज्ञान है मरण अनिश्चित, वृद्धावस्था में मति-भ्रष्ट।।
ऐसे नरभव में ही तप है, जो अनन्त शिव-सुख-आधार।
यह विचार कर सुखवाच्छक नर, निर्मल तप धर हों भवपार।।

अर्थ ह्न इस संसार में नरभव, बहुत दुःखों का समूह है; इसमें अपवित्रता तथा आयु की कमी है। ज्ञान थोड़ा होने से अन्तिम दिन का निश्चय नहीं है अर्थात् 'मरण कब होगा?' ह्न यह बात मालूम नहीं है तथा बुद्धि भी वृद्धावस्था से नष्ट है; तथापि उत्तम तप एवं मोक्षपद की प्राप्ति, इसी नरभव से होती है, वही साक्षात् सुख का कारण है; इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि अपने चित्त में भलीभाँति ऐसा विचार करो कि जो मनुष्य, उत्तम सुख की प्राप्ति के अभिलाषी हैं; उनको अवश्य ही निर्मल तप करना चाहिए।

भावार्थ ह्न यद्यपि इस नर भव में बहुत से दु:ख हैं। शरीर, अपवित्र और आयु थोड़ी है, ज्ञान भी कम है। नर भव में मरण के दिन का भी निश्चय नहीं है। बुढ़ापे के कारण बुद्धि नष्ट हो जाती है तो भी उत्तम तप की प्राप्ति, इसी नर भव में होती है। इससे ही मोक्षपद की प्राप्ति होती है और मोक्ष में ही साक्षात् सुख मिलता है, अत: इस उत्तम नर भव को पाकर मनुष्य को निर्मल तप अवश्य करना चाहिए, इसे व्यर्थ में व्यतीत नहीं करना चाहिए।

६८१. 'ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति' अधिकार का उपसंहार

उक्तेयं मुनिपद्मनन्दिभिषजा, द्वाभ्यां युताया: शुभा:;
सद्वृत्तौषधिविंशतेरुचितवा,-गर्थाम्भसा वर्तिता।
निर्ग्रन्थै: परलोकदर्शनकृते, प्रोद्यत्तपोवार्धकै:;
चेतश्चक्षुरनङ्गरोगशमनी, वर्ति: सदा सेव्यताम्।।२२।।

बाइस छन्दौषधि में घोले, योग्य वचन अरु अर्थ सुनीर।
पद्मनन्दि मुनि वैद्य विनिर्मित, ब्रह्मचर्य की रक्षावर्ति[1]।।
सेवन करो! वर्ति यह शामक, चित्-चक्षु का काम-कुरोग।
उत्तम तप से वृद्धिंगत, निर्ग्रन्थ करें दर्शन परलोक।।

अर्थ ह्न श्री पद्मनन्दि नामक वैद्य द्वारा, दो से सहित विंशति (बीस) अर्थात् बाईस श्लोकों में उचित वचन तथा अर्थरूपी जल से श्रेष्ठ छन्दरूप औषधि से युक्त यह शुभ सलाई (ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति अधिकार) बनाई है, इसलिए जो सभी प्रकार के परिग्रहों से रहित निर्ग्रन्थ हैं और उन्नत तप से वर्धमान अर्थात् अत्यन्त तपस्वी हैं; उनको मनरूपी नेत्र में स्थित कामरूपी रोग को शान्त करने वाली यह सलाई, परलोक के दर्शन के लिए अवश्य ही सेवनीय है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार नेत्र का रोगी पुरुष, नेत्र से देखने के लिए किसी वैद्य द्वारा उत्तम जल से बनाई हुई सलाई (नेत्र-औषधि) का सेवन करता है; उसी प्रकार आचार्यवर श्री पद्मनन्दि नामक वैद्य ने भी यह 'ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति' नामक सलाई, उत्तम वचन तथा अर्थरूपी जल से बाईस श्लोकों में बनाई है; इसलिए जो मनुष्य, समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित निर्ग्रन्थ हैं, प्रबल तपस्वी तथा परलोक को देखने के अभिलाषी हैं; उनको अवश्य ही इस कामरूपी ज्वर को शमन करने वाली सलाई (ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति) का सेवन करना चाहिए अर्थात् उनको अवश्य ही पूर्ण ब्रह्मचर्य का रक्षण करना चाहिए।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'ब्रह्मचर्य रक्षावर्ति'** नामक **'बारहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

१. आँख में दवा लगाने की सलाइ

अधिकार – १३

ऋषभ स्तोत्र

६८२. 'ऋषभ स्तोत्र' का मङ्गलाचरण

गाथा

जय उसह णाहिणंदण, तिहुवणणिलएक्कदीव तित्थयर।
जय सयलजीववच्छल, णिम्मलगुणरयणणिहि णाह।।१।।

जय ऋषभ! नाभिनन्दन! त्रिभुवननिलयैकदीप तीर्थंकर!।
जय सकलजीववत्सल! निर्मलगुणरत्ननिधे नाथ!।।

नाभिराय के पुत्र ऋषभ, त्रिभुवन–दीपक तीर्थंकर जय!।
सकल जीव–वत्सल के धारी, जयवन्तो गुणरत्न–निलय!।।

अर्थ ह्न श्रीमान् नाभिराजा के पुत्र, ऊर्ध्वलोक–मध्यलोक–अधोलोकरूपी घर के दीपक तथा धर्मतीर्थ की प्रवृत्ति करने वाले हे ऋषभदेव भगवान! आप इस लोक में सदैव जयवन्त रहो। इसी प्रकार समस्त जीवों पर वात्सल्य को धारण करने वाले और निर्मल गुणरूपी रत्नों के आकर (खजाना) हे नाथ! आप सदैव इस लोक में जयवन्त रहो।

६८३. जिनेन्द्र भगवान की स्तुति करनेवाले मनुष्य ही धन्य!

सयलसुरासुरमणिमउड,–किरणकब्बुरियपायपीढ तुमं।
धण्णा पेच्छंति थुणंति, जवंति झायंति जिणणाह।।२।।

सकलसुरासुरमणिमुकुट,–किरणैः कुर्वरितपादपीठ त्वां।
धन्याः प्रेक्षन्ते स्तुवन्ति, जपन्ति ध्यायन्ति जिननाथ!।।

सकल सुरासुर मुकुट सुमणियों, से चित्रित जिनका आसन।
दर्शन–स्तुति करें जाप अरु, ध्यान धरें जो नर वे धन्य!।।

अर्थ ह्न समस्त सुर–असुरों के चित्र–विचित्र मणियों से युक्त मुकुटों की किरणों से

कुर्वरित चित्र-विचित्र है सिंहासन जिनका ह्न ऐसे हे जिननाथ! जो मनुष्य, आपको देखते हैं, आपकी स्तुति करते हैं तथा आपका जप और ध्यान करते हैं; वे मनुष्य धन्य हैं।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको बड़े-बड़े सुर-असुर आकर नमस्कार करते हैं, इसलिए हर एक मनुष्य को आपके दर्शन का, आपकी स्तुति का, आपके जप और ध्यान का सुलभ रीति से अवसर नहीं मिल सकता किन्तु जो मनुष्य पुण्यवान हैं, जिन्हें आपका दर्शन, आपकी स्तुति, जप और ध्यान का सुअवसर मिलता है; वे मनुष्य ही संसार में धन्य हैं अर्थात् उन मनुष्यों को धन्यवाद है।

इस श्लोक के तात्पर्य को लेकर अन्यत्र कहीं पर कहा भी है ह्न

यः पुष्पैर्जिनमर्चति स्मितसुर,-स्त्रीलोचनैः सोर्च्यते;
यस्तं वन्दति एकशस्त्रिजगता, सोऽहर्निशं वन्द्यते।
यस्तं स्तौति परत्र वृत्तदमन,-स्तोमेन संस्तूयते;
यस्तं ध्यायति क्लृप्तकर्मनिधनः,स ध्यायते योगिभिः।।

जो जिनपूजन करे मनुज वह, सुर-नारी-लोचन से पूज्य।
एक बार भी वन्दे जो नर, वह त्रिभुवन में वन्दन योग्य।।
जो जिन-स्तवन करे भवान्तर, में सुरपति स्तवन करते।
जो ध्यावे वह कर्म रहित हो, योगीश्वर उसको ध्याते।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, जिनेन्द्र भगवान की पुष्पों से पूजन करता है; वह मनुष्य, परभव में मद-हास्यसहित देवांगना के नेत्रों से पूजित होता है। जो मनुष्य, एक बार भी जिनेन्द्र की वन्दना करता है; वह मनुष्य, रात-दिन तीनों लोक में वन्दनीय होता है अर्थात् तीनों लोक के जीव आकर उसकी वन्दना करते हैं। जो मनुष्य, एक बार भी जिनेन्द्र भगवान की स्तुति करता है, उसकी परलोक से बड़े-बड़े इन्द्र आकर स्तुति करते हैं। जो मनुष्य, एक बार भी जिनेन्द्र भगवान का ध्यान करता है; वह समस्त कर्मों से रहित होता है तथा बड़े-बड़े योगीश्वर भी उस मनुष्य का ध्यान करते हैं; इसलिए भव्य जीवों को चाहिए कि वे भगवान की पूजन, वन्दना, स्तुति और ध्यान सर्वदा किया करें।

६८४. जिनेन्द्र भगवान को देखने पर असीम आनन्द की प्राप्ति

चम्मच्छिणा वि दिट्ठे, तइ तइलोये ण माइ महहरिसो।
णाणच्छिणा उणो जिण, ण याणिमो किं परिप्फुरइ।।३।।

चर्माऽक्ष्णाऽपि दृष्टे, त्वयि त्रैलोक्ये न माति महाहर्षः।
ज्ञानाऽक्ष्णा पुनर्जिन!, न जानीमः किं परिस्फुरति।।

चर्म-चक्षु से लखें आपको, हर्ष समाये नहीं त्रिलोक।
तो फिर ज्ञान-चक्षु से देखें, तो कितना आनन्द न हो।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! हे भगवान्! यदि हम आपको चर्म की आँख से देख लें तो भी हमें इतना भारी हर्ष होता है कि वह तीन लोक में नहीं समाता; फिर यदि आपको ज्ञानरूपी नेत्र से देखें तो हम कह ही नहीं सकते कि हमें कितना आनन्द होगा?

भावार्थ ह्न चर्म के नेत्र का विषय परिमित तथा बहुत थोड़ा होता है, इसलिए उस चर्म-नेत्र से आपका सम्पूर्ण स्वरूप हम देख नहीं सकते, किन्तु हे प्रभो! उस चर्म-नेत्र से जो कुछ आपका स्वरूप दृष्टि-गोचर होता है, उससे ही हमको इतना भारी हर्ष होता है कि औरों की तो क्या बात करें? वह आनन्द, तीन लोक में भी नहीं समाता; किन्तु यदि हम ज्ञानरूपी नेत्र से आपके स्वरूप को देखें तो हम नहीं जान सकते कि हमें कितना आनन्द होगा?

६८५. जिनेन्द्र भगवान के ज्ञान की स्तुति

तं जिण णाणमणंतं, विसईकयसयलवत्थुवित्थारं।
जो थुणइ सो पयासइ, समुद्दकहमवडसालूरो।।४।।

त्वां जिन ज्ञानमनन्तं, विषयीकृतसकलवस्तुविस्तारं।
यः स्तौति स प्रकाशयति, समुद्रकथामवटसालूरः।।

जिनका ज्ञान अनन्त और, जाननहारा है सब जग का।
उनकी स्तुति करना मानो, मेंढक कहता सिन्धु-कथा।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जो पुरुष, 'नहीं है अन्त जिसका और जिसने समस्त वस्तुओं के विस्तार को विषय कर लिया है' - ऐसे ज्ञानस्वरूप आपकी स्तुति करता है, वह कुएँ के मेंढ़क के समान समुद्र की कथा का वर्णन करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कुएँ का मेंढ़क, समुद्र की कथा का वर्णन नहीं कर सकता; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र! जो पुरुष, ज्ञानस्वरूप आपका स्तवन तथा आपको नमस्कार नहीं करता, उसका ज्ञान, समस्त पदार्थों का विषय करने वाला नहीं होता; किन्तु जो मनुष्य, आपकी भक्तिपूर्वक स्तुति करता है, उसको विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति होती है।

६८६. जिनेन्द्र के स्मरणमात्र से ही अन्तरंग-बहिरंग लक्ष्मी की प्राप्ति

अम्हारिसाण तुह गोत्त,-कित्तणेण वि जिणेस संचरइ।
आएसं मग्गंती, पुरओ हियइच्छिया लच्छी।।५।।

अस्मादृशानां तव, गोत्र-कीर्तनेनाऽपि जिनेश! संचरति।
आदेशं मार्गयन्ति, पुरतो हृदयेप्सिता लक्ष्मीः।।

हे जिनेन्द्र! मुझ जैसे लघु-धी, करें आपका यदि गुणगान।
मन-वाञ्छित लक्ष्मी भी सन्मुख, आज्ञा माँगे करे नमन।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! हे प्रभो! आपके नामरूपी कीर्तन मात्र से ही, हम सरीखे मनुष्यों के सामने आज्ञा को माँगती हुई, मनोवाञ्छित लक्ष्मी गमन करती है।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र ! आपके नाम-स्मरण में इतनी शक्ति है कि आपके नामरूपी कीर्तन मात्र से हम मनुष्यों के सामने आज्ञा को स्वीकार करती हुई, लक्ष्मी दौड़ती फिरती है; तब जो मनुष्य, साक्षात् आपको प्राप्त कर लेगा तो फिर उसकी बात ही क्या है? अर्थात् उसे अवश्य ही अन्तरंग तथा बहिरंग लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

६८७. जिनेन्द्र के अवतरण के बाद स्वर्ग शोभाविहीन

जासि सिरी तइ संते, तुव अवयणमित्तिये णट्ठा।
संके जणियाणिट्ठा, दिट्ठा सव्वट्ठसिद्धा वि।।६।।

आसीत् श्रीः त्वयि सति, त्वयि अवतीर्णे नष्टा।
शंके जनिताऽनिष्टा, दृष्टा सर्वार्थसिद्धावपि।।

प्रभु सर्वार्थसिद्धि से आकर, भूतल पर अवतार लिया।
तो वियोग के दुख से नष्ट, हुई स्वर्गों की सब शोभा।।

अर्थ ह्न हे सर्वज्ञ! हे जिनेश! जिस समय आप सर्वार्थसिद्धि विमान में थे, उस समय उस विमान की जैसी शोभा थी, वह आपके इस पृथ्वीतल पर उतरने के बाद आपके वियोग से उत्पन्न हुए दुःख से नष्ट हो गई ह्न ऐसी मैं (ग्रन्थकार) शंका (अनुमान) करता हूँ।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! आपमें एक प्रकार की बड़ी भारी खूबी मौजूद है कि आप जहाँ पर निवास करते हैं, वहीं पर उत्तम शोभा रहती है क्योंकि जिस समय आप सर्वार्थसिद्धि नामक विमान में विराजमान थे, उस समय उस विमान की बड़ी शोभा थी; किन्तु जब आप इस पृथ्वीतल पर उतर कर आ गए, तब उस विमान की वैसी शोभा नहीं रही; बल्कि तब

इस पृथ्वीतल की शोभा अधिक बढ़ गई।

६८८. पृथ्वी के 'वसुमति' नाम की सार्थकता

णाहिघरे वसुहारा, वडणं चं सुइरमहि तुहोयरणा।
आसि णहाहि जिणेसर, तेण धरा वसुमई जाया।।७।।

नाभिगृहे वसुधारा, -पतनं यत् सुचिरं महीमवतरणात्।
आसीत् नभसो जिनेश्वर! तेन धरा वसुमती जाता।।

प्रभु ने जब अवतार लिया, तब नाभि नृपति के घर चिरकाल।
धन-वर्षा होती थी नभ से, अत: वसुमति हुई धरा।।

अर्थ ह्न हे जिनेश्वर! जिस समय आप इस पृथ्वीतल पर उतरे थे, उस समय नाभिराजा के घर में बहुत काल तक आकाश से धनवर्षा हुई थी, जिसके कारण हे प्रभो! यह पृथ्वी 'वसुमति' नाम से (वसु अर्थात् धन) प्रसिद्ध हुई है।

भावार्थ ह्न पृथ्वी का एक नाम 'वसुमती' है। जो धन को धारण करने वाली होती है, उसी को 'वसुमति' कहते हैं, इसलिए ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि हे भगवान्! जो इस पृथ्वी का नाम वसुमति जो पड़ा है, वह आपकी कृपा से ही पड़ा है क्योंकि जिस समय आप सर्वार्थसिद्धि विमान से पृथ्वी-मण्डल पर उतरे थे, उस समय बराबर पन्द्रह मास तक रत्नों की वृष्टि, इस पृथ्वी पर नाभिराजा के नगर में हुई थी, उससे पृथ्वी के समस्त दारिद्र्य दूर हो गए थे। यही कारण है कि इससे पूर्व इसका नाम 'वसुमति' नहीं था।

६८९. माता मरुदेवी की महानता

सच्चियसुरणवियपया, मरुएवी पहु ठिऊसि जं गब्भे।
पुरऊ पट्ठो बज्झइ, मज्झे से पुत्तवंत्तीणं।।८।।

शचिसुरनमितपदा, मरुदेवी प्रभो! स्थितोऽसि यद्गर्भे।
पुरत: पट्टो बध्यते, मध्ये तस्या: पुत्रवतीनाम्।।

मरुदेवी के गर्भ रहे प्रभु, हुआ मात-पद शचि-सुर वन्द्य।
जग की पुत्रवती महिलाओं, में उनका पद सर्वप्रथम।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! आप मरुदेवी माता के गर्भ में स्थित हुए थे, इसलिए मरुदेवी माता, इन्द्राणी तथा देवों से नमस्कार योग्य हुई थीं; अत: जितनी पुत्रवती स्त्रियाँ हैं, उन सबमें मरुदेवी का ही पद सबसे प्रथम है।

भावार्थ ह्न संसार में बहुत-सी स्त्रियाँ पुत्रों को पैदा करने वाली हैं, उनमें मरुदेवी के ही चरणों में इन्द्राणी तथा देवों ने नमस्कार किया? और उनके चरणों की ही सेवा की? क्योंकि हे प्रभो! मरुदेवी माता के गर्भ में आकर आप विराजमान हुए थे, इसलिए उनकी इतनी प्रतिष्ठा हुई तथा जितनी पुत्रों को पैदा करने वाली स्त्रियाँ थीं और हैं, उन सबमें वे सबसे उत्तम समझी गईं, इसमें दूसरा कोई कारण नहीं।

६९०. जन्मकल्याणक के समय इन्द्र द्वारा निर्निमेष प्रभु को निहारना

अंकत्थे तइ दिट्ठे, जंतेण सुरालयं सुरिंदेण।
अणिमेसत्तबहुत्तं, सयलं णयणाण पडिवण्णं।।९।।

अंकस्थे त्वयि दृष्टे, गच्छता सुरालयं सुरेन्द्रेण।
अनिमेषत्वबहुत्वं, सफलं नयनानां प्रतिपन्नम्।।

प्रभो! आपको गोद बिठा कर, इन्द्र मेरु की ओर चला।
तब नेत्रों का पलक रहितपन, अरु सहस्रपन सफल हुआ।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! जिस समय इन्द्र आपको लेकर मेरुपर्वत की ओर चला था और जब आपको अपनी गोद में बैठे हुए देखा था; उस समय उसके नेत्रों का निमेष (पलक) से रहितपना तथा बहुतपना (सहस्रपना) सफल हुआ था।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! इन्द्र के नेत्रों की अनिमेषता और अधिकता, आपको देखने से ही सफल हुई। यदि इन्द्र, आपके स्वरूप को न देखता तो उसके नेत्रों का पलकरहितपना और हजार नेत्रों का धारण करना, सर्वथा निष्फल ही समझा जाता।

६९१. मेरुपर्वत का तीर्थपना

तित्थत्तणमावण्णो, मेरू तुह जम्मण्हाणजलजोए।
तत्तस्स सूरपमुहा, पयाहिणं जिण कुणंति सया।।१०।।

तीर्थत्वमापन्नो, मेरुस्तव जन्मस्नानजलयोगेन।
तत् तस्य सूरप्रमुखाः, प्रदक्षिणां जिन! कुर्वन्ति सदा।।

प्रभु के जन्म-स्नान सुजल से, मेरु तीर्थ को प्राप्त हुआ।
अतः मेरु की चन्द्र-सूर्य भी, करें निरन्तर प्रदक्षिणा।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिस समय आपका जन्म-स्नान (जन्माभिषेक), मेरुपर्वत पर हुआ था, उस समय उस स्नान-जल के सम्बन्ध से मेरुपर्वत भी तीर्थपने को प्राप्त हुआ

था अर्थात् तीर्थ बना था; इसी कारण हे जिनेन्द्र! उस मेरुपर्वत की सूर्य, चन्द्रमादि सभी ग्रह सदैव प्रदक्षिणा करते रहते हैं।

भावार्थ ह्न आचार्य उत्प्रेक्षा करते हैं कि हे प्रभो! जब तक मेरुपर्वत के ऊपर आपका जन्म-स्नान नहीं हुआ था, तब तक वह मेरुपर्वत सामान्य पर्वतों के समान था और तीर्थ भी नहीं था; किन्तु जिस समय आपका जन्म-स्नान, मेरुपर्वत पर हुआ, उस समय से आपके जन्म-स्नान के जल-सम्बन्ध से मेरुपर्वत तीर्थ स्थान अर्थात् पवित्र स्थान हो गया है। यह बात संसार में प्रत्यक्षगोचर है कि जो वस्तु पवित्र हुआ करती है, उसकी लोग भक्ति तथा परिक्रमा आदि करते हैं; इसीलिए सूर्य, चन्द्रमादि उस मेरु को पवित्र मान कर, रात-दिन उसकी प्रदक्षिणा (परिक्रमा) करते रहते हैं ह्न ऐसा मालूम होता है।

६९२. मेरुपर्वत पर प्रभु के जन्माभिषेक का साक्षात् दृश्य

मेरुसिरे पडणुच्छलिय,-णीरताडणपणट्ठदेवाणं।
तं वित्तं तुह ण्हाणं, तह जह णहमासियं किण्णं।।११।।

मेरुशिरसि पतनोच्छलन-नीरताडनप्रनष्टदेवानाम्।
तद्वृत्तं तव स्नानं, तथा यथा नभाश्रितं कीर्णम्।।

मेरु शीष पर स्नान हुआ तो, जल उससे गिर कर उछला।
जल ताड़ित-पीड़ित देवों से, नभमण्डल सब व्याप्त हुआ।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! मेरुपर्वत के मस्तक पर आपका स्नान होने पर, जल-पतन से उछलते हुए जल के ताड़न से अत्यन्त दु:खी, उन देवों की ऐसी दशा हुई, मानों उनकी आवाज के कारण चारों ओर से आकाश ही व्याप्त हो गया हो।

६९३. जन्माभिषेक के समय मेघों की क्षणभङ्गुरता का कारण

णाह तुह जम्मण्हाणे, हरिणो मेरुम्मि पणच्चमाणस्स।
वेल्लिरभुवाहिभग्गा, तह अज्जवि भंगुरा मेहा।।१२।।

नाथ! तव जन्मस्नाने, हरेर्मेरौ प्रनृत्यमानस्य।
प्रलम्बभुजाभ्यां भग्नाः, तथा अद्यपि भंगुरा मेघाः।।

प्रभो! आपके जन्म-स्नान पर, सुरपति ने जो नृत्य किया।
लम्बी-लम्बी भुजा फैलने, से क्षणभंगुर मेघ हुआ।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपके जन्म-स्नान के समय इन्द्र ने अपनी लम्बी भुजाओं को फैला

कर नृत्य किया था, उन लम्बी भुजाओं से जो मेघ भग्न हुए थे, वे मेघ इस समय भी क्षणभंगुर ही हैं।

भावार्थ ह्न ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि आज जो मेघ हमें क्षणभंगुर मालूम पड़ते हैं, उनकी क्षणभंगुरता का कारण यह है कि जिस समय भगवान का स्नान, मेरुपर्वत पर हुआ था, उस समय इन्द्र ने मेरुपर्वत के ऊपर आनन्द में आकर, अपनी भुजाओं को फैला कर, नृत्य किया था, उस समय इन्द्र की फैली हुई भुजाओं से मेघ भग्न हो गये थे; इसी कारण अब भी मेघों में क्षणभंगुरता है, इसके अलावा दूसरा कोई कारण नहीं है।

६९४. कल्पवृक्षों के अभाव में प्रजाजनों की आजीविका कैसे?

जाण बहुएहिं वित्ती, जाया कप्पद्दुमेहिं तेहिं विणा।
एक्केण वि ताण तए, पयाण परिकप्पिया णाह।।१३।।

यासां बहुर्भिवृत्तिः, जाता कल्पद्रुमैः तैर्विना।
एकेनापि तासां, त्वया प्रजानां परिकल्पिता नाथ!।।

आजीविका प्रजा की होती थी प्रभु! कल्पवृक्ष द्वारा।
जब वे नष्ट हुए तो होने, लगी आपके ही द्वारा।।

अर्थ ह्न हे प्रभु! पूर्व में प्रजाजनों की आजीविका, बहुत से कल्पवृक्षों के माध्यम से होती थी; उन कल्पवृक्षों के अभाव में, उन प्रजाजनों की आजीविका आप अकेले ने ही की।

भावार्थ ह्न जब तक ऋषभदेव भगवान का जन्म, पृथ्वीतल पर नहीं हुआ था, तब तक इस जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में भोगभूमि की रचना थी। यहाँ के लोगों को जिस समय जिस बात की आवश्यकता होती थी, उस समय उस वस्तु की प्राप्ति के लिए उनको प्रयत्न नहीं करना पड़ता था; वे सीधे कल्पवृक्षों के पास चले जाते थे तथा जिसकी उन्हें अभिलाषा होती थी, उस अभिलाषा की पूर्ति, उन कल्पवृक्षों के सामने कहने पर ही हो जाती थी। उस समय दश प्रकार के कल्पवृक्ष मौजूद थे तथा जुदी-जुदी सामग्री देकर जीवों को आनन्द देते थे, किन्तु जिस समय भगवान आदिनाथ का जन्म हुआ, उस समय जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र में कर्मभूमि की रचना हो गई, भोगभूमि की रचना नहीं रही, कल्पवृक्ष भी नष्ट होने लगे। उस कारण जीव, जब भूखों मरने लगे तो उनको अपनी आजीविका की चिन्ता हुई।

तब भगवान आदीश्वर स्वामी ने असि, मसि, कृषि, शिल्प, वाणिज्य और सेवा आदि का उपदेश दिया तथा और भी नाना प्रकार के लौकिक उपदेश दिए, जिससे प्रजा को पुनः वैसा ही सुख मालूम होने लगा; इसलिए कर्मभूमि की आदि में भगवान आदिनाथ ने ही

कल्पवृक्षों का काम किया था। इसी बात को ध्यान में रखकर ग्रन्थकार भगवान की स्तुति करते हैं कि हे प्रभो! जिन प्रजाजनों की आजीविका भोगभूमि की रचना के समय बहुत से कल्पवृक्षों से होती थी; वही आजीविका, कर्मभूमि के समय कल्पवृक्षों के बिना आप अकेले ने ही की; इसलिए हे जिनेन्द्र! आप कल्पवृक्षों से भी उत्तम कल्पवृक्ष हैं।

६९५. पृथ्वी की सनाथता कब और कैसे?

पहुणा तए सणाहा, धरा सि तीए कहं णहो वूढो।
णवघणसमयसमुल्लसिय,-सासच्छम्मेण रोमंचो।।१४।।

प्रभुणा त्वया सनाथा, धरा आसीत् तस्याः कथमहोवृद्धः।
नवघनसमयसमुल्लसित,-श्वासच्छद्मना रोमांचः।।

प्रभो! आपने ही पृथ्वी को, नहीं किया था यदि सनाथ।
तो नव-मेघ काल में श्वासोच्छ्वास रूप में क्यों रोमाञ्च?।।

अर्थ ह्न हे जिनेश प्रभो! आपने ही यह पृथ्वी सनाथ की क्योंकि यदि ऐसा न होता तो नवीन मेघ के समय होने वाले श्वासोच्छ्वास के बहाने इसमें रोमांच कैसे हुए होते?

भावार्थ ह्न जो स्त्री, विवाह की अत्यन्त अभिलाषिणी है, यदि उसका विवाह हो जाए अर्थात् वह सनाथ हो जाए तो जिस प्रकार उसके शरीर में रोमांच उद्गत हो जाते हैं और उस रोमांच के उद्गम से उसकी सनाथता का अनुमान कर लिया जाता है; उसी प्रकार हे प्रभो! जिस समय आप इस पृथ्वी पर अवतीर्ण हुए, उस समय पृथ्वी में भी रोमांच हुए, इसलिए उन रोमांचों से यह बात जान ली गई कि आपने ही इस पृथ्वी को सनाथ अर्थात् नाथ सहित कर दिया है।

६९६. नीलाजंना के निमित्त से प्रभु का वैराग्य

विज्जुव्व घणे रंगे, दिट्ठपणट्ठा पणच्चिरी अमरी।
जइया तइया वि तए, रायसिरी तारिसी दिट्ठा।।१५।।

विद्युदिव घने रंगे, दृष्टप्रणष्टा प्रनृत्यन्ती अमरी।
यदा तदापि त्वया, राज्यश्रीः तादृशी दृष्टा।।

रंगभूमि में विद्युत् सम, नर्तकी नष्ट होती देखी।
प्रभु ने तत्क्षण राज्यलक्ष्मी, भी चञ्चल होती देखी।।

अर्थ ह्न हे प्रभु! जिस प्रकार मेघ में बिजली प्रकट होते ही नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार

आपने नृत्य करती हुई नीलांजना नाम की देवांगना को पहले देखा, पश्चात् नष्ट होते हुए भी देखा तथा उसी समय आपने राज्य-लक्ष्मी को भी उसके समान ही चञ्चल समझ लिया।

भावार्थ ह्न किसी समय भगवान् सिंहासन पर आनन्द से विराजमान हो, नीलांजना नामक अप्सरा का नृत्य देख रहे थे; उसी समय अकस्मात् वह अप्सरा विलीन हो, पुन: दूसरी वैसी ही अप्सरा प्रकट हुई। इस दृश्य को देख कर भगवान् को शीघ्र ही इस बात का विचार हुआ कि जिस प्रकार यह अप्सरा विलीन होकर तत्काल प्रकट हुई है; उसी प्रकार इस राज्यलक्ष्मी का भी स्वभाव है अर्थात् यह भी चञ्चल है; अतएव शीघ्र ही भगवान को वैराग्य हो गया। उसी अवस्था को ध्यान में रख कर ग्रन्थकार ने श्लोक में भगवान की स्तुति की है।

६९७. नदी के बहने एवं कलकल करने का कारण

वेरग्गदिणे सहसा, वसुहा जुण्णं तिणं व जं मुक्का।
देव! तए सा अज्ज वि, विलवइ सरिजलरवा वराई।।१६।।

वैराग्यदिने सहसा, वसुधा जीर्णतृणमिव यत् मुक्ता।
देव!त्वया सा अद्यापि, विलपति सरिज्जलमिषेण वराकी।।

प्रभु को जब वैराग्य हुआ, जीरण तृण-सम वसुधा त्यागी।
तबसे अब तक दीन हीन भू, सरिताओं के मिस[१] रोती।।

अर्थ ह्न हे जिनेश प्रभो! जिस दिन आपको वैराग्य हुआ था, उसी दिन से आपने यह पृथ्वी पुराने तृण के समान छोड़ दी थी; अत: तबसे यह बेचारी दु:खी पृथ्वी, इस समय भी नदी के बहाने से विलाप कर रही है।

भावार्थ ह्न जिस समय नदी में जल का प्रवाह आता है, उस समय नदी 'कल-कल' शब्द करती है। उस अनुभव की ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि "हे प्रभो! यह नदी जो 'कल-कल' शब्द कर रही है, यह इसका 'कल-कल' शब्द नहीं हैं; किन्तु यह 'कल-कल' शब्द इस पृथ्वी के विलाप का शब्द है क्योंकि जिस समय आपको वैराग्य हुआ था, उस समय आपने इस बेचारी पृथ्वी को सड़े तृण के समान छोड़ दिया था, जबकि आप इसके नाथ थे; इसलिए आपके द्वारा ऐसा अपमान पाकर, यह विलाप कर रही है, अन्य कोई भी कारण नहीं।"

६९८. प्रभु की कायोत्सर्ग मुद्रा से धर्म का सम्बन्ध

अइसोइओ सि तइया, काउस्सग्गट्ठिओ तुमं णाह।
धम्मिक्कघरारंभे, उज्झीकय मूलखंभो व्व।।१७।।

१.बहाने

अतिशोभितोऽसि तदा, कायोत्सर्गस्थितस्त्वं नाथ!।
धर्मैकगृहारम्भे, ऊर्ध्वीकृत मूलस्तम्भ इव।।

अतिशय शोभित हुए नाथ! जब, कायोत्सर्ग सहित राजे।
धर्म-सदन निर्माण हेतु प्रभु, मूलस्तम्भ समान हुए।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! जिस समय आप कायोत्सर्ग सहित विराजमान थे, उस समय धर्मरूपी घर के निर्माण में उन्नत मूलस्तम्भ के समान आप अत्यन्त सुशोभित होते थे।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! जिस समय आप कायोत्सर्ग मुद्रा को धारण करके वन में खड़े थे; उस समय ऐसा मालूम होता था कि आप इस धर्मरूपी घर के स्थित रहने में प्रधान खम्भे ही हैं अर्थात् जिस प्रकार मूल खम्भे के आधार से घर टिका रहता है, उसी प्रकार आपके द्वारा यह धर्म टिका हुआ है।

६९९. देखो जी, आदीश्वर स्वामी! कैसा ध्यान लगाया है

हिययत्थझाणसिहिओज्झमाण सहसा सरीरधूमो व्व।
सोहइ जिण तुह सीसे, महुयरकुलसंणिहो केसभरो।।१८।।

हृदयस्थ-ध्यान-शिखि-दह्यमान-शीघ्रं शरीर-धूम्रवत्।
शोभते जिन! तव शिरसि, मधुकरकुलसन्निभः केशसमूहः।।

ध्यान-अग्नि जल रही हृदय में, जिससे प्रभो! शरीर जला।
भ्रमर समान केश मस्तक पर, शोभित मानो उड़े धुँआ।।

अर्थ ह्न हे प्रभु! आपके मस्तक पर भौंरों के समूह समान काला, जो केशसमूह है, वह हृदय में स्थित ध्यानरूपी अग्नि से शीघ्र जलाये हुए शरीर के धुएँ समान शोभित होता है।

भावार्थ ह्न धुआँ भी काला होता है और भगवान के मस्तक पर विराजमान केशों का समूह भी काला है; इसलिए ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि "हे प्रभो! यह जो आपके मस्तक पर बालों का समूह है, वह बालों का समूह नहीं है; किन्तु वैराग्य-संयुक्त आपके हृदय में जलती हुई जो ध्यानरूपी अग्नि है, उससे जलाया हुआ आपके शरीर का धुआँ है।"

७००. निर्मल समाधि के प्रभाव से सर्वज्ञता की प्राप्ति

कम्मकलंकचउक्के, णट्ठे णिम्मलसमाहिभूईए।
तुह णाणदप्पणेच्चिय, लोयालोयं पडिप्फलियं।।१९।।

कर्मकलंकचतुष्के नष्टे निर्मलसमाधिभूत्या।
तव ज्ञानदर्पणेऽर्च्य! लोकालोकं प्रतिबिम्बितम्।।

नाथ! हुए निर्मल समाधि से, कर्म-कलंक चतुष्टय नष्ट।
तभी आपके ज्ञान-मुकुर में, लोकालोक हुए बिम्बित।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! निर्मल समाधि के प्रभाव से चार घातिया कर्मों के नष्ट होने पर, आपके सम्यग्ज्ञानरूपी दर्पण में यह लोकालोक प्रतिबिम्बित हो रहा है।

भावार्थ ह्न जब तक इस आत्मा में अखण्ड ज्ञान (केवलज्ञान) की प्रकटता नहीं होती, तब तक यह आत्मा लोक तथा अलोक के पदार्थों को नहीं जान सकता; किन्तु जिस समय केवलज्ञान की प्रकटता हो जाती है, उस समय यह लोकालोक के पदार्थों को जानने लग जाता है। उस सम्यग्ज्ञान की प्रकटता, प्रकृष्ट ध्यान के बल से चार घातिया कर्मों के नाश होने पर तेरहवें गुणस्थान में होती है। इसी आशय को लेकर ग्रन्थकार स्तुति करते हैं कि ''हे प्रभो! आपने अपने प्रकृष्ट ध्यान से चार घातिया कर्मों का नाश कर दिया है, इसलिए आप समस्त लोकालोक को भलीभाँति जानने वाले हो गये हैं।''

७०१. घातियाकर्मों के नष्ट हो जाने पर अघातिया कर्मों की स्थिति

आवरणाईणि तए, समूलमुम्मूलियाइ दट्ठूण।
कम्मचउक्केण मुअं, व णाह भीऐण सेसेण।।२०।।

आवरणादीनि त्वया, समूलमुन्मूलितानि दृष्ट्वा।
कर्मचतुष्केण मृतवत्, नाथ! भीतेन शेषेण।।

प्रभो! आपने चार घातिया, कर्म समूल विनष्ट किये।
उन्हें देख कर भय से कर्म, अघाती मृतक समान हुए।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिस समय आपने ज्ञानावरणादि घातिया कर्मों का जड़ सहित सर्वथा नाश कर दिया था; उस समय उन सर्वथा नष्ट ज्ञानावरणादि कर्मों को देख कर, शेष चार अघातिया कर्म भी भय के कारण आपकी आत्मा में मृतदेह के समान स्थित रहे।

भावार्थ ह्न जिस समय ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ह्न इन चार घातिया कर्मों का सर्वथा नाश हो जाता है; उस समय शेष वेदनीय, आयु, नाम तथा गोत्र - ये चार अघातिया कर्म भी बलहीन हो जाते हैं। इसी आशय को मन में रख कर, ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि ''हे भगवान्! अघातिया कर्म, आपकी आत्मा में मृतक के समान अशक्त होकर पड़े रहे, उनकी अशक्तता का कारण यह है कि जब आपने अत्यन्त प्रबल चार घातिया

कर्मों का नाश कर दिया, उस समय उनको बड़ा भारी भय हुआ कि अब हम भी निर्मूल किये जाएँगे, इसलिए वे मरे हुए के समान ही अशक्त होकर आपकी आत्मा में स्थित रहे।''

७०२. समवसरण में मुनियों के बीच प्रभु की विद्यमानता

णाणामणिणिम्माणे, देव ठिओ सहसि समवसरणम्मि।
उवरिव्व सण्णिविट्ठो, जियाण जोईण सव्वाणं।।२१।।

नानामणिनिर्माणे, देव! स्थितः शोभते समवसरणे।
उपरि इव सन्निविष्टः, यावतां योगिनां सर्वेषाम्।।

प्रभु! नाना मणियों से निर्मित, समवसरण में शोभित हैं।
जितने मुनिवर समवसरण में, उनमें सर्वोपरि बैठे।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! जिस समवसरण की रचना, चित्र-विचित्र मणियों से की गई थी, उस समवसरण में विद्यमान जितने भी मुनि थे, उन समस्त मुनियों के ऊपर विराजमान आप अत्यन्त शोभा को प्राप्त होते थे।

७०३. समवसरण की लोकोत्तर शोभा

लोउत्तरा वि सा समवसरणसोहा जिणेस तुह पाये।
लहिऊण लहइ महिमं, रविणो णलिणिव्व कुसुमट्ठा।।२२।।

लोकोत्तराऽपि सा, समवशरणशोभा जिनेश! तव पादौ।
लब्ध्वा लभते महिमानं, रवेः नलिनीव कुसुमस्था।।

यथा कमल में रवि-किरणों से, आती है अतिशय शोभा।
प्रभु के चरण-कमल को पाकर, समवसरण की श्रेष्ठप्रभा।।

अर्थ ह्न हे प्रभो ! जिस प्रकार पुष्प में स्थित कमलिनी, सूर्य की किरणों को पाकर और भी अधिक महिमा को प्राप्त होती है; उसी प्रकार समवसरण की शोभा, स्वभाव से ही लोकोत्तर होती है, तथापि हे जिनेन्द्र! आपके चरण-कमलों को पाकर वह और भी अत्यन्त महिमा को धारण करती है।

भावार्थ ह्न एक तो कमलिनी स्वभाव से ही अत्यन्त मनोहर होती है, किन्तु यदि वही कमलिनी, सूर्य की किरणों को प्राप्त हो जाए तो और अधिक महिमा को प्राप्त होती है; उसी प्रकार समवसरण की शोभा, एक तो स्वभाव से ही लोकोत्तर अर्थात् सबसे उत्तम होती है और आपके चरण-आश्रय को प्राप्त कर, वह और भी अत्यन्त महिमा को धारण करती है।

७०४. प्रभु की निर्दोषता एवं निष्कलंकता, फिर भी चन्द्रमा की उपमा

णिद्दोसो अकलंको, अजडो चंदोव्व सहसि तं तहवि।
सीहासणायलत्थो, जिणंद कयकुवलयाणंदो।।२३।।

निर्दोषः अकलंकः, अजडः चन्द्रवत् शोभते तथापि।
सिंहासनाचलस्थः, जिनेन्द्र! कृतकुवलयानन्दः।।

प्रभो! आप निर्दोष अजड़, अकलंक किन्तु हो चन्द्र समान।
शोभित अचल सिंहासन पर, भूमण्डल को देते आनन्द।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! आप यद्यपि निर्दोष, अकलंक और अजड़ हैं तो भी अचल सिंहासन में स्थित कुवलय को आनन्दित करने वाले चन्द्रमा के समान शोभित होते हैं।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आप निर्दोष हैं और चन्द्रमा, दोष (रात्रि) सहित अर्थात् सदोष है। आप तो कर्मकलंक से रहित हैं, किन्तु चन्द्रमा कलंक से सहित है। आप जड़ता रहित हैं, किन्तु चन्द्रमा जड़ता सहित है। इस रीति से आप तथा चन्द्रमा में भेद है, परन्तु जिस प्रकार चन्द्रमा, पर्वत के शिखर पर स्थित रहता है और रात्रि-विकासी कमलों को आनन्द देने वाला होकर शोभा को प्राप्त होता है; उसी प्रकार पर्वत के समान आप भी सिंहासन पर स्थित समस्त पृथ्वी-मण्डल को आनन्द देने वाले हैं, इसलिए आप चन्द्रमा के समान शोभित हैं।

७०५. प्रभु के समीप वृक्ष भी अशोक

अच्छंतु ताव इयरा, फुरियविवेया णमंतसिरसिहरा।
होइ असोहो रुक्खो, वि णाह तुह संणिहाणत्थो।।२४।।

आस्तां तावत् इतरा, स्फुरितविवेकाः नम्रशिरः शिखराः।
भवति अशोको वृक्षः, अपि नाथ! तव सन्निधानस्थः।।

नतमस्तक हो नमन करें, उन भव्य ज्ञानियों की क्या बात?।
अति आश्चर्य कि प्रभु समीप में, जड़तरु भी अशोक हो जात।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि हे जिनेन्द्र! जिन भव्य जीवों की ज्ञान-ज्योति स्फुरायमान है और जो आपको मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं, वे तो दूर ही रहें, किन्तु हे भगवन्! आपके समीप रहता हुआ जड़ वृक्ष भी अ-शोक हो जाता है, 'अशोक' कहलाता है।

भावार्थ ह्न हे जिनेश! जो ज्ञानी जीव, आपको मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं ह्न ऐसे भव्य जीव, आपके पास में रह कर, आपका उपदेश सुन कर, शोक रहित हो जाते

हैं, इसमें तो कोई आश्चर्य नहीं; किन्तु जड़ वृक्ष भी आपके समीप में रहकर अ-शोक (अशोक नामक वृक्ष) हो जाता है ह्न यह बड़ा भारी आश्चर्य है।

७०६. प्रभु दर्शन के समय भव्य जीवों के अश्रुपात का कारण

छत्तत्तयमालंबिय,-णिम्मल मुत्ताहलच्छला तुज्झ।
जणलोयणेसु वरिसइ, अमयं पि व णाह बिंदूहिं।।२५।।

छत्रत्रयमालम्बित,-निर्मलमुक्ताफलच्छलात् तव।
जनलोचनेषु वर्षति, अमृतमिव नाथ! बिन्दुभिः।।

तीन छत्र में लटक रहे जो, निर्मल मुक्ताफल अनुपम।
अमृत-वर्षा करें भव्य-लोचन में ह्न ऐसा हो मालूम।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! आपके ऊपर लटकते हुए ये तीनों छत्र, निर्मल मुक्ताफल के बहाने मनुष्यों की आँखों में बिन्दुओं (अश्रुओं) से अमृत की वर्षा करते हैं ह्न ऐसा लगता है।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! जिस समय भव्य जीव, आपके ऊपर लटकते हुए तीन छत्रों की शोभा देखते हैं, उस समय उनको इतना आनन्द होता है कि आनन्द के मारे उनकी आँखों से अश्रुपात होने लगता है।

७०७. प्रभु के ऊपर इन्द्रों द्वारा चँवर ढोरने का अतिशय

कयलोयलोयणुप्पल,-हरिसाइ सुरेसहत्थचलियाइं।
तुह देव सरयससहरकिरणकयाइव्व चमराय।।२६।।

कृतलोकलोचनोत्पल,-हर्षाणि सुरेशहस्तचलितानि।
तव देव! शरच्छशधर,-किरणकृतानि इव चमराणि।।

प्रभो! ढोरते चँवर इन्द्र, जिनसे हर्षित जन-नेत्र-कमल।
शरद ऋतु की चन्द्र-किरण से, मानो निर्मित हुए चँवर।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिन चँवरों को देखने से समस्त लोक के नेत्ररूपी कमल अत्यन्त हर्षित हुए हैं और जिनको बड़े-बड़े इन्द्र ढ़ोरते हैं ह्न ऐसे आपके चँवर, शरदऋतु के चन्द्रमा की किरणों से बनाये गये हैं ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न अन्य ऋतुओं की अपेक्षा शरदऋतु में चन्द्रमा की किरणें, अत्यन्त स्वच्छ तथा सफेद होती हैं, इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि "हे भगवान्! आपके चँवर, इतने स्वच्छ तथा सफेद हैं कि ऐसा मालूम होता है कि मानो वे शरदकालीन चन्द्रमा की किरणों से ही

बनाये हुये हैं और जिनको देखने मात्र से समस्त लोक के नेत्रों को आनन्द होता है तथा जिन चँवरों को बड़े-बड़े इन्द्र आकर ढ़ोरते हैं।

७०८. कामदेव द्वारा पुष्पबाण-त्याग के माध्यम से मानो पुष्पवृष्टि

विहलीकयपंचसरो पंचसरो जिण! तुमम्मि काऊण।
अमरकयपुप्फविट्ठी, छला इव बहु मुअइ कुसुमसरो।।२७।।

विफलीकृतपंचशरः, पंचशरो जिन! त्वयि कृत्वा।
अमरकृतपुष्पवृष्टिच्छलाद् इव बहून् मुञ्चति कुसुमशरान्।।

प्रभो ! आपने किया काम के, पाँचों बाणों को असफल।
पुष्पवृष्टि से भासित होता, काम त्याग करता निजबाण।।

अर्थ ह्न हे भगवान् जिनेन्द्रदेव! आपके सामने जिस कामदेव के पाँचों बाण विफल हो गये हैं ह्न ऐसा वह कामदेव, देवों द्वारा आपके ऊपर की हुई जो पुष्पों की वर्षा, उसके बहाने से मानो अपने पुष्पबाणों का त्याग कर रहा है ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! आपके अतिरिक्त जितने देव हैं, उनको कामदेव ने कामबाण मार-मार कर वश में कर लिया है; किन्तु हे प्रभो! जब वही कामदेव, अपने बाणों से आपको वश करने आया, तब आपके सामने उसके बाण, कुछ कर ही नहीं सके, इसलिए उस कामदेव के समस्त बाण, आपके सामने विफल हो गये। जिससे मालूम होता है कि जब देवों ने आपके ऊपर फूलों की वर्षा की तो मानो वह फूलों की वर्षा नहीं थी, किन्तु अपने बाणों को योग्य न समझ कर, वह कामदेव स्वयं अपने पुष्पबाणों को फेंक रहा था क्योंकि संसार में यह बात देखने में भी आती है कि कुछ समय के बाद जब जो चीज काम में नहीं आती है तो उसको मनुष्य छोड़ देते हैं, फेंक देते हैं।

७०९. दुन्दुभि-नाद की घोषणा

एस जिणो परमप्पा, णाणोण्णाणं सुणेह मा वयणं।
तुह दुंदुही रसंतो, कहइ व तिजयस्स मिलियस्स।।२८।।

एष जिनः परमात्मा, नान्योऽन्येषां श्रुणुत मा वचनम्।
तव दुन्दुभिः रसन्, कथयति इव त्रिजगतः मिलितस्य।।

त्रिभुवन को एकत्रित कर, कह रही दुन्दुभी यह मानो।
जिन-परमात्मा अन्य नहीं, तो नहीं अन्य के वचन सुनो।।

अर्थ ह्न हे भगवन्! आपकी बजती हुई दुन्दुभि (नगाड़ा) तीनों लोक में यह बात कहती है कि "हे जीवों! वास्तविक परमात्मा तो भगवान आदिनाथ ही हैं; इनसे भिन्न कोई परमात्मा नहीं है, इसलिए तुम दूसरे का उपदेश मत सुनो, इन्हीं का उपदेश सुनो।"

भावार्थ ह्न मङ्गल काल में जिस समय आपकी दुन्दुभि आकाश में शब्द करती है अर्थात् बजती है, उस समय उसके बजने का शब्द निष्फल नहीं है; किन्तु वह इस बात को पुकार-पुकार कर कहती है कि "हे भव्य जीवों! यदि तुम परमात्मा का उपेदश सुनना चाहते हो तो भगवान श्री आदिनाथ का दिया हुआ उपदेश सुनो; किन्तु इनसे भिन्न जो दूसरे-दूसरे देव हैं, उनके उपदेश को अंश मात्र भी मत सुनो क्योंकि यदि परमात्मा हैं तो श्री आदीश्वर भगवान ही हैं, इनसे भिन्न लोक में दूसरा कोई परमात्मा नहीं है।"

७१०. प्रभु का प्रभासमूह, सन्ताप एवं जड़ता, दोनों का नाशक

रविणो संतावयरं, ससिणो उण जड्डयाअरं देव।
संतावजडत्तहरं, तुम्हच्चिय पहु पहावलयं।।२९।।

रवेः सन्तापकरं, शशिनः पुनः जडताकरं देव!।
सन्तापजडत्वहरं, तवार्चितं प्रभो प्रभावलयम्।।

सूर्य-प्रभा सन्ताप करे अरु, चन्द्र-प्रभा जड़ता करती।
किन्तु आपकी प्रभा, ताप अरु जड़ता, दोनों को हरती।।

अर्थ ह्न हे जिनेश्वर प्रभो! सूर्य का प्रभासमूह तो मनुष्यों को सन्ताप करने वाला है तथा चन्द्रमा का प्रभासमूह, जड़ता करने वाला है; किन्तु हे पूज्यवर! आपका प्रभासमूह, सन्ताप व जड़ता, दोनों का ही नाश करने वाला है।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में बहुत से तेजस्वी पदार्थ दृष्टिगोचर होते हैं, किन्तु हे पूज्यवर परमात्मा! आपके सामने कोई भी तेजस्वी उत्तम पदार्थ नहीं है क्योंकि यदि हम सूर्य को उत्तम तेजस्वी पदार्थ कहें तो उसकी प्रभा, मनुष्यों को अत्यन्त सन्ताप देती है; यदि चन्द्रमा को उत्तम व तेजस्वी पदार्थ कहें तो उसकी प्रभा भी जड़ता को देने वाली है; किन्तु हे जिनवर! आपकी प्रभा का समूह, सन्ताप तथा जड़ता, दोनों का सर्वथा नाश करने वाला है, इसलिए आपकी प्रभा का समूह ही उत्तम सुखदायक है।

७११. प्रभु की वाणी, संसाररूपी विष की नाशक

मंदरमहिज्जमाणांबु,-रासिणिग्घोससण्णिहा तुज्झ।
वाणी सुहा ण अण्णा, संसारविसस्स णासयरी।।३०।।

मन्दरमथ्यमानाम्बु-राशिनिर्घोषसन्निभा तव।
वाणी शुभा नान्या, संसारविषस्य नाशकरी।।

मन्दरगिरि से मथन किये, सागर की गर्जन सम प्रभु वाणी।
प्रभु की ही शुभ अन्य नहीं, संसार नाश करने वाली।।

अर्थ ह्न हे भगवान् जिनेश! मन्दराचल से मन्थन किये गये समुद्र के निर्घोष (बड़े भारी शब्द) के समान आपकी वाणी ही शुभ है, अन्य वाणी नहीं क्योंकि आपकी वाणी ही संसाररूपी विष का नाश करने वाली है, जबकि अन्य वाणी, संसार-विष का नाश नहीं करती।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! यद्यपि संसार में बहुत से बुद्ध-प्रभृति देव विद्यमान हैं और उनकी वाणी भी मौजूद है, किन्तु हे प्रभो! जैसी आपकी वाणी (दिव्यध्वनि) शुभ तथा उत्तम है, वैसी बुद्ध आदि की वाणी नहीं क्योंकि आपकी वाणी अनेकान्तस्वरूप पदार्थ का वर्णन करने वाली है और उनकी वाणी एकान्तरूप पदार्थ का वर्णन करने वाली है। जबकि वस्तु अनेकान्तात्मक ही है, एकान्तात्मक नहीं। आपकी वाणी, समस्त संसाररूपी विष को नाश करने वाली है; किन्तु बुद्ध आदि की वाणी संसाररूपी विष का नाश करने वाली नहीं, बल्कि संसाररूपी विष को उत्कट करने वाली (बढाने वाली) ही है। हे प्रभो! आपकी वाणी, समुद्र के मन्थन के समय मन्दराचल से उत्पन्न शब्द के समान अत्यन्त उन्नत तथा गम्भीर है।

७१२. वाणी-श्रवण के प्रभाव से अज्ञानियों को भी उत्तम फल की प्राप्ति

पत्ताण सारणिं पिव, तुज्झ गिरं सा गई जडाणं पि।
जा मोक्खतरुट्ठाणे, असरिसफलकारणं होइ।।३१।।

प्राप्तांना सारिणीमिव, तव गिरं सा गतिः जड़ानामपि।
या मोक्षतरुस्थाने, असदृशफलकारणं भवति।।

हे प्रभु! क्यारी के समान, तव वाणी पाकर अज्ञानी।
जीवों को भी शिवतरु में, अत्युत्तम फल प्राप्ति होती।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जो अज्ञानी जीव, आपकी वाणी प्राप्त करते हैं, उन अज्ञानी जीवों की भी वही गति होती है, जो मोक्षरूपी वृक्ष के स्थान में अत्युत्तम फल प्राप्ति का कारण होती है।

भावार्थ ह्न जो जीव ज्ञानी हैं, वे आपकी वाणी को प्राप्त कर, मोक्ष स्थान में जाकर, उत्तम फल को प्राप्त होते हैं, इसमें तो किसी प्रकार का आश्चर्य नहीं; किन्तु हे भगवान्! अज्ञानी पुरुष भी आपकी वाणी का आश्रय लेकर, मोक्ष स्थान में उत्तम फल को प्राप्त करते हैं। जिस

प्रकार नदी, वृक्ष के पास जाकर उत्तम फलों की उत्पत्ति में कारण होती है; उसी प्रकार आपकी वाणी भी उत्तम फलों की उत्पत्ति में कारण है, अत: आपकी वाणी उत्तम नदी के समान है।

७१३. प्रभु के वचनों की श्रद्धा के प्रभाव से संसार-सागर पार

पोयं पिव तुह पवयणम्मि, संलीणा फुडमहो कयजडोहं।
हेलाए च्चिय जीवा, तरंति भवसायरमणंतं।।३२।।

पोत इव तव प्रवचने, संल्लीना स्फुटमहो कृतजलौघम्।
हेलयार्चित जीवाः, तरन्ति भवसागरमनन्तम्।।

बहु जलराशि समान अनन्त, भवोदधि को नर पार करें।
पोत-समान प्रभु-वचनों पर, बैठ बात ही बात में।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार उत्तम जहाज में बैठा हुआ मनुष्यों का समूह, गम्भीर समुद्र को शीघ्रता से तिर जाता हैं; उसी प्रकार हे जिनेश! जो मनुष्य, आपके वचनों में लीन हैं अर्थात् आपके वचनों पर सम्यक्श्रद्धा करते हैं, वे मनुष्य क्षणमात्र में ही संसार-सागर तिर जाते हैं।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! इस संसार में जितने भी जीव हैं, वे सब सामान्यतया अज्ञानी हैं। उनको स्वयं तो वास्तविक मार्ग का ज्ञान नहीं है। यदि उन्हें वास्तविक ज्ञान की प्राप्ति करना है तो आपके वचनों पर श्रद्धान करना आवश्यक है; अत: हे प्रभो! जिन मनुष्यों को आपके वचनों पर श्रद्धान है, वे मनुष्य, अनन्त संसार-समुद्र को शीघ्रता से ही तिर जाते हैं; किन्तु जो मनुष्य, आपके वचनों पर श्रद्धा नहीं रखते, वे इस संसार-समुद्र से पार नहीं हो सकते। जिस प्रकार जहाज में बैठे मनुष्य ही समुद्र को पार कर सकते हैं, अन्य नहीं।

७१४. प्रभु के वचन ही अनेकान्तवाद के द्योतक

तुह वयणं चिय साहइ, णूणमणेयंतवायवियडपहं।
तह हिययपईवअरं, सव्वत्तणमप्पणो णाह।।३३।।

तव वचनमेव साधयति, नूनमनेकान्तवादविकटपथम्।
तथा हृदयप्रदीपकरं, सर्वज्ञत्वमात्मनो नाथ!।।

अनेकान्त के विकट मार्ग को, वचन आपके ही साधें।
हे प्रभु! केवलज्ञान आपका, भविजन हृदय प्रदीप्त करे।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! वास्तव में आपके वचन ही अनेकान्तवाद रूपी विकट मार्ग को सिद्ध करते हैं तथा आपका सर्वज्ञपना ही समस्त मनुष्यों के हृदय का प्रकाश करने वाला है।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! संसार के समस्त पदार्थ अनेक धर्मस्वरूप हैं। वस्तु के अनेक धर्मों का वर्णन करने में जिनेन्द्र भगवान के अतिरिक्त अन्य कोई भी समर्थ नहीं है तथा किन्हीं एक-दो धर्मों के कथन से उस पदार्थ का वास्तविकस्वरूप समझा भी नहीं जा सकता। जबकि जिनेन्द्र प्रभु के अतिरिक्त जितने भी देव इस संसार में हैं, उन सबकी वाणी एकान्त मार्ग को ही सिद्ध करती है, इसलिए उनकी वाणी, वस्तु के वास्तविक स्वरूप का कथन नहीं कर सकती। केवल जिनेन्द्रदेव की वाणी ही आपके अनेकान्त मार्ग को सिद्ध करती है, पदार्थों के वास्तविक स्वरूप का वर्णन करती है। आपके सर्वज्ञपने से भी समस्त मनुष्यों के हृदय का प्रकाश होता है अर्थात् जिस समय आपका यथार्थ उपदेश होता है, उस समय अन्य जीवों के हृदय में भी पदार्थों का यथार्थ ज्ञान होता है।

७१५. केवली के वचनों की परीक्षा करने में मति-श्रुतज्ञानी असमर्थ

विप्पडिवज्जइ जो तुह गिराए मइसुइबलेण केवलिणो।
वरदिट्ठिदिट्ठणहजंत,-पक्खिगणणेवि सो अंधो।।३४।।

विप्रतिपद्यते यस्तव गिरि मतिश्रुतिवलेन केवलिनः।
वरदृष्टिदृष्टनभोयात,-पक्षिगणनेऽपि सोऽन्धः।।

अपने मति-श्रुत ज्ञान कुबल से जिन वचनों में करें विवाद।
ज्यों अन्धे पक्षी गिनने में, दृष्टिवन्त से करें विवाद।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! जो मनुष्य, मतिज्ञान-श्रुतज्ञान के बल से आप केवली के वचनों में विवाद करता है; वह मनुष्य, अच्छी दृष्टिवाले मनुष्य द्वारा आकाश में की गई पक्षियों की गणना में अन्धे व्यक्ति के समान संशय करता है।

भावार्थ ह्न जिसकी दृष्टि अत्यन्त तीक्ष्ण है ह्न ऐसा कोई मनुष्य, आकाश में उड़ते हुए पक्षियों की गणना करे और उस समय पास में बैठा हुआ कोई अन्धा पुरुष, उन पक्षियों की गणना में विवाद करे तो उस अन्धे का विवाद करना निष्फल है; उसी प्रकार हे प्रभो! कोई मति-श्रुतज्ञानधारी, आपके वचनों में विवाद करे तो उसका विवाद करना निरर्थक ही है क्योंकि आप केवली हैं। आपके ज्ञान में समस्त लोक-अलोक के पदार्थ, हाथ की रेखा के समान स्पष्ट झलक रहे हैं और प्रतिवादी मनुष्य के पास अल्पज्ञान होने से उसकी वैसी सामर्थ्य नहीं है।

७१६. प्रभु के नयों की कुनयवादियों पर विजय

भिण्णाण परणयाणं, एक्केक्कमसंगया णया तुज्झ।
पावंति जयम्मि जयं, मज्झम्मि रिऊण किं चित्तं।।३५।।

भिन्नानां परनयानां, एकमेकमसंगता: नया: तव।
प्राप्नुवन्ति जगत्त्रये जयं, मध्ये रिपूणां किं चित्रम्।।

प्रभो! आपके एक-एक नय, विजयी होते त्रिभुवन में।
परवादी के असम्बद्ध नय, हारें क्या अचरज इसमें?।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र भगवान्! आपके नय, परस्पर में सम्बन्ध नहीं रखने वाले भिन्न-भिन्न ऐसे परवादियों के नय (कुनय) रूपी वैरियों के मध्य तीनों जगत् में विनय को प्राप्त होते हैं; इसमें कोई आश्चर्य नहीं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार एकता और विरोध से रहित होने के कारण पराक्रमी योद्धा शीघ्र ही शत्रुपक्ष को जीत लेते हैं; उसी प्रकार परवादियों के विरोध से युक्त भिन्न-भिन्न नयों को, आपके अभिन्न नय जीत लेवें तो इसमें क्या आश्चर्य है? अर्थात् कुछ भी आश्चर्य नहीं है।

७१७. प्रभु का वर्णन करने में बृहस्पति भी असमर्थ

अण्णस्स जए जीहा, कस्स सयाणस्स वण्णणे तुज्झ।
जत्थ जिण ते वि जाया, सुरगुरुपमुहा कई कुंठा।।३६।।

अन्यस्य जगति जिह्वा, कस्य सज्ञानस्य वर्णने तव।
यत्र जिन! तेऽपि जाता:, सुरगुरुप्रमुखा: कवय: कुण्ठा:।।

प्रभो! आपके ज्ञान-कथन में, सक्षम है जिह्वा किसकी।
क्योंकि बृहस्पति आदि कवि भी, हो जाते हैं कुण्ठित मति।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! संसार में ऐसा कौन पुरुष समर्थ है कि जिसकी जिह्वा, उत्तम ज्ञान के धारक आपका वर्णन करने में समर्थ हो? क्योंकि बृहस्पति आदि जो उत्तम कवि हैं, वे भी आपका वर्णन करने में मन्दबुद्धि सिद्ध होते हैं।

भावार्थ ह्न संसार में बृहस्पति के बराबर पदार्थों का वर्णन करने में दूसरा कोई उत्तम कवि नहीं है क्योंकि वे इन्द्र के भी गुरु हैं; किन्तु हे जिनेन्द्र! आपका गुणानुवाद करने में वे भी असमर्थ हैं अर्थात् उनकी बुद्धि में भी इतना सामर्थ्य नहीं है कि वे आपका गुणानुवाद कर सकें। हे प्रभो! आपके गुण अनन्त एवं अगाध हैं। जब बृहस्पति की जिह्वा भी आपके गुणानुवाद करने में हार मानती है, तब अन्य साधारण मनुष्यों की जिह्वा, आपका गुणानुवाद कर सके ह्न यह बात सर्वथा असम्भव है।

७१८. आज भी रत्नत्रय के बल पर निर्विघ्नतया मोक्ष की प्राप्ति

सो मोहथेण रहिओ, पयासिओ पहु सुपहो तए तइया।
तेणज्जवि रयणजुआ, णिव्विग्घं जंति णिव्वाणं।।३७।।

स मोहचौररहितः, प्रकाशितः प्रभो! सुपथः त्वया तदा।
तेनाऽद्यापि रत्नयुताः, निर्विघ्नं यान्ति निर्वाणम्।।

मोह-चोर से रहित मार्ग का, प्रभो! आपने किया प्रकाश।
अतः आज भी रत्नत्रय, धारी निर्विघ्न करें शिव-प्राप्त।।

अर्थ ह्न हे प्रभु जिनेन्द्रदेव! आपने मोह-चोर से रहित उत्तम मार्ग का प्रकाश किया; इसलिए सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्र के धारी भव्य जीव, इस समय भी उसी मार्ग का अवलम्बन करके बिना क्लेश के मोक्ष को चले जाते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार भयरहित एवं योग्य मार्ग से मनुष्य, बिना विघ्न के ही आगे बढ़ते रहते हैं; उसी प्रकार हे भगवान्! आपने जिस मार्ग का उपदेश दिया है, वह मार्ग भी अत्यन्त निर्मल, बलवान तथा मोहरूपी चोर से रहित है; इसलिए जो भव्य जीव सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक्चारित्ररूपी रत्नत्रय के धारी हैं, वे विघ्नरहित होकर उस मार्ग से मोक्ष को चले जाते हैं। मोक्षमार्ग में गमन करने वाले प्राणियों को रोकने वाला मोहरूपी चोर ही है, इसलिए भव्य जीव सहसा मोक्ष को नहीं जाते, परन्तु हे भगवान्! आपने मोहरहित मार्ग का वर्णन किया है, इसलिए भव्य जीव निर्विघ्न मोक्ष को चले जाते हैं।

७१९. मोक्षरूपी खजाने को देख कर, अन्य राज्य आदि निधानों का परित्याग

उम्मुद्दियम्मि तम्मि हु, मोक्खणिहाणे गुणणिहाण तए।
केहिं ण जुणतिणा इव, इयरणिहाणाइ भुवणम्मि।।३८।।

उन्मुद्रिते तस्मिन्, मोक्षनिधाने गुणनिधान त्वया।
कैर्न जीर्णतृणानीव, इतरनिधानानि भुवने।।

हे गुणनिधि भगवन्! जब तुमने, खोल दिया है मोक्ष-निधान।
कौन भव्य नहिं तजे अन्य निधि, त्रिभुवन में जीरण तृण जान।।

अर्थ ह्न हे गुणनिधान! जिस समय आपने मोक्षरूपी खजाने को खोल दिया था, उस समय भव्य जीवों ने सड़े तृण के समान दूसरे राज्यादि निधानों को भी छोड़ दिया था।

भावार्थ ह्न हे प्रभु! जब तक भव्य जीवों ने मोक्षरूपी खजाने को नहीं समझा था तथा

उसके गुणों को नहीं जाना था, तब तक वे राज्यादि को उत्तम तथा सुख का कारण मानते थे; किन्तु जिस समय आपने मोक्षरूपी खजाना खोल दिया तो उन्होंने राज्यादि निधानों को सड़े हुए तृण के समान छोड़ दिया अर्थात् वे सब मोक्षरूपी खजाने की प्राप्ति के इच्छुक हो गए।

७२०. वीतरागी देव को छोड़ कर, अन्य कुदेवादि चेतना-प्राप्ति में बाधक

मोहमहाफणिडक्को, जणो विरायं तुमं पमुत्तूण।
इयराणाए कह पहु, विचेयणो चेयणं लहइ।।३९।।

मोहमहाफणिदृष्टो, जनो विरागं त्वां प्रमुच्य।
इतराज्ञया कथं प्रभो, विचेतनो चेतनां लभते।।

मोह-सर्प ने जिसको काटा, वह नर वीतराग को छोड़।
अन्य कुदेवों की आज्ञा से, कैसे उसे चेतना हो।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! जो पुरुष, मोहरूपी प्रबल सर्प से काटा गया है अर्थात् जो अत्यन्त मोही है; वह मनुष्य, समस्त प्रकार के राग से रहित आप वीतराग को छोड़ कर, अन्य कुदेवों की आज्ञा से कैसे चेतना को प्राप्त कर सकता है? अर्थात् वह कैसे ज्ञानी बन सकता है?

भावार्थ ह्न जो जीव, 'यह पुत्र मेरा है, यह स्त्री मेरी है, यह सम्पत्ति मेरी है' ह्न ऐसे अनादि काल से मोह में ग्रस्त हो रहा है अर्थात् जिसको अंश मात्र भी हिताहित का ज्ञान नहीं है; वह मनुष्य, कभी भी आपसे भिन्न कुदेवादि की आज्ञा से चेतना की प्राप्ति नहीं कर सकता अर्थात् वह मनुष्य कुदेवादि के मार्ग से कदापि ज्ञान की प्राप्ति नहीं कर सकता।

७२१. प्रभु का धर्म संसार-समुद्र में गिरने से बचाने वाला

भवसायरम्मि धम्मो, धरइ पडंतं जणं तुहच्चेव।
सवरस्स व परमारण-कारणमियराण जिणणाह।।४०।।

भवसागरे धर्मो, धरति पतन्तं जनं तवैव।
शबरस्येव परमारण-कारणमितरेषां जिननाथ!।।

भव-सागर में पतितजनों को, धर्म आपका ही तारे।
अन्य धर्म तो भील-धनुष सम, अज्ञानी जन को मारे।।

अर्थ ह्न हे जिनेश ! आपका धर्म ही संसाररूपी समुद्र में गिरते हुए जीवों को धारण करता है; किन्तु आपसे भिन्न जितने भी धर्म हैं, वे भील के धनुष के समान दूसरों को मारने में ही कारण हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार भील का धनुष, जीवों को मारने वाला है, रक्षा करने वाला नहीं; उसी प्रकार जिनेन्द्रमत को छोड़ कर, संसार में उपस्थित बहुत से धर्म, प्राणियों को दु:ख के ही कारण हैं अर्थात् जो प्राणी, उन धर्मों को धारण करता है, उसे अनेक गतियों में ही भ्रमण करना पड़ता है तथा उन गतियों में नाना प्रकार के दु:ख उठाना पड़ते हैं क्योंकि उन धर्मों में जीवों को हितकारी वस्तु का वास्तविक स्वरूप नहीं बतलाया गया है; किन्तु हे प्रभो! आपके धर्म में वस्तु का यथार्थ स्वरूप भलीभाँति बताया गया है अर्थात् यथार्थ मोक्षमार्ग को विस्तृत रीति से समझाया गया है; इसलिए जो प्राणी, आपके धर्म को धारण करने वाले हैं, वे शीघ्र ही इस भयंकर संसार-समुद्र से तिर जाते हैं।

७२२. प्रभु के नख-केश भी वृद्धि से रहित

अण्णो को तुह पुरओ वग्गइ गुरुयत्तणं पयासंसो।
जम्मि तइ परमियत्तं केसणहाणं पि जिण जायं।।४१।।

अन्यः कः तव पुरतो, वल्गति गुरुत्वं प्रकाशयन्।
यस्मिन् त्वयि प्रमाणत्वं, केशनखानामपि जिन! जातम्।।

कौन पुरुष? प्रभु! तव सन्मुख, अपनी गुरुता बतला सकता।
क्योंकि आपके केश और नख, नहीं बढ़ें लख तव गुरुता।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जब आपके सामने केश तथा नख भी परिमित हैं अर्थात् बढ़ते नहीं, तब ऐसा कौन है कि जो आपके सामने अपनी गुरुता को प्रकाशित करता हुआ कुछ बोलने की सामर्थ्य रखता हो?

भावार्थ ह्न जब अचेतन नख तथा केश भी आपके प्रताप से सदा परिमित ही रहते हैं अर्थात् कभी बढ़ते ही नहीं हैं; तब जो आपके प्रताप को जानता है, वह कैसे आपके सामने अपनी महिमा को प्रकट कर सकता है? अर्थात् कोई अधिक बोल नहीं सकता है?

७२३. प्रभु के शरीर की नील कमलों के माध्यम से महिमा

सोहइ सरीरं तुह पहु, तिहुयणजणणयणबिंबविच्छुरियं।
पडिसमयमच्चियं च, चारुतरलणीलुप्पलेहिं व।।४२।।

शोभते शरीरं तव प्रभो! त्रिभुवनजननयनबिम्बविच्छुरितं।
प्रतिसमयमर्चितं च, चारुतरलनीलोत्पलैरिव।।

त्रिभुवन प्रभु के नयनों के, प्रतिबिम्बों से तन चित्र-विचित्र।
ऐसा लगता मानो चञ्चल, नील-कमल से हैं पूजित।।

अर्थ ह्न हे प्रभु! तीन लोक के जीवों के नेत्रों में पड़े हुए प्रतिबिम्बों से चित्र-विचित्रमय आपका शरीर ऐसा जान पड़ता है, मानो सुन्दर एवं चञ्चल नीलकमलों से प्रतिसमय पूजित ही है।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपका शरीर, अत्यन्त स्वच्छ सोने के रंग का है तथा जीवों के नेत्र नीलकमल के समान हैं, इसलिए जिस समय भव्य जीव आपका दर्शन करते हैं, उस समय उनके नेत्रों के प्रतिबिम्ब, आपके शरीर पर पड़ते हैं, जिससे ऐसा लगता है कि भव्य जीव प्रतिसमय आपकी नीलकमलों से पूजा कर रहे हैं।

७२४. इन्द्र द्वारा प्रभु के चरण-कमलों में भक्ति-भाव का प्रदर्शन

अहमहमिआए णिवडंति, णाह छुहियालिणोव्व हरिचक्खू।
तुज्झ च्चिय णहपहसर, मज्झट्ठियचलणकमलेसु।।४३।।

अहमहमिकया निपतन्ति, नाथ! क्षुधितालय इव हरिचक्षूंषि।
तव अर्चितनखप्रभासरो, -मध्यस्थितचरणकमलेषु।।

पूज्य नखों की प्रभा-सरोवर, में स्थित तव चरण-कमल।
'मैं पहले' कह उन पर गिरते, क्षुधित भ्रमर से इन्द्र-नयन।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! हे प्रभो ! आपके पूजित जो नख, उनकी जो प्रभा (कान्ति), वही हुआ सरोवर, उसके मध्य में स्थित जो चरण-कमल, उनमें भूखे भ्रमरों के समान इन्द्रों के नेत्र अहम्-अहम् (मैं-मैं) इस रीति से गिरते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कमलों पर सुगन्ध के लोलुपी भ्रमर बारम्बार आकर गिरते हैं; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र ! जिस समय इन्द्र आकर आपके चरण-कमलों को नमस्कार करते हैं, उस समय आपके चरण-कमलों में भी उन इन्द्रों के नेत्र-भ्रमर पड़ते हैं और वे नेत्र काले-काले भ्रमरों के समान मालूम पड़ते हैं।

७२५. प्रभु का आकाशमार्ग से गमन होने पर स्वर्ण-कमलों की रचना

कणयकमलाणमुवरिं, सेवातुह विबुहकप्पियाण तुहं।
अहियसिरीणं तत्तो, जुत्तं चरणाण संचरणं।।४४।।

कनककमलानामुपरि, सेवातुरविबुधकल्पितानां तव।
अधिकश्रीणां तत्तो, जुत्तं चरणानां संचरणं।।

प्रभो! आपके चरण-कमल हैं, अतिशय शोभा से संयुक्त।
अत: भक्तिवश देव-विनिर्मित, स्वर्ण-कमल पर गमन सुयुक्त।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपके चरण, अत्यन्त उत्तम शोभा से संयुक्त हैं; इसलिए भक्तिवश देवों द्वारा रचित सुवर्ण-कमल के ऊपर उनका गमन करना युक्त ही है।

भावार्थ ह्न ज्ञानावरणादि चार घातिया कर्मों के नष्ट होने पर केवलज्ञान की प्राप्ति होती है। केवलज्ञान की प्राप्ति होने के पश्चात् भगवान का धर्मोपदेश हेतु विहार होता है; उस समय यद्यपि वे आकाश में अधर चलते हैं, तथापि देवगण भक्तिवश सुवर्ण-कमलों से निर्मित मार्ग की रचना करते हैं। इस आशय को मन में रख कर ग्रन्थकार भगवान की स्तुति करते हैं कि ''हे प्रभो! आपके द्वारा देवरचित सुवर्ण-कमलों पर गमन करना सर्वथा संयुक्त ही है क्योंकि जिस प्रकार सुवर्ण-कमल एक उत्तम पदार्थ है, उसी प्रकार आपके चरण भी अति उत्तम शोभा से संयुक्त हैं।''

७२६. चन्द्रमा के बिम्ब पर हिरण के दिखाई देने का कारण

सइहरिकयकण्णसुहो, गिज्जउ अमरेहिं तुह जसो सग्गे।
मण्णे तं सोउमणो, हरिणो हरिणंकसल्लीणो।।४५।।

शचीन्द्रकृतकर्णसुखं, गीयते अमरैस्तव यशः स्वर्गे।
मन्ये तच्छ्रोतुमनाः, हरिणः हरिणांकसल्लीनः।।

शची-इन्द्र के कानों को प्रिय, देव सदा तव यश गाते।
मानो उसके श्रवण हेतु ही, हिरण चन्द्र की गोद बसे।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिसके बारे में सुनने से इन्द्र-इन्द्राणी के कानों को सुख होता है ह्न ऐसा आपका यश, सदैव स्वर्ग में देवता लोग गाया करते हैं, इसलिए ऐसा लगता है कि उस यश को सुनने के लिए ही मृग (हिरण) चन्द्रमा में जाकर लीन हो गया है।

भावार्थ ह्न संसार में यह किंवदन्ती भलीभाँति प्रसिद्ध है कि चन्द्रमा में हिरण (मृग) का चिह्न है, इसीलिए उसे 'मृगांक' भी कहते हैं। यहाँ आचार्य उत्प्रेक्षा करते हैं कि इस भूमण्डल को छोड़ कर, हिरण ने चन्द्रमा में जाकर स्थिति क्यों की है? उसका एकमात्र कारण यह है कि इन्द्र-इन्द्राणी द्वारा कानों को सुख देने वाले आपके यश को सुनने वह स्वर्ग में आया और वहीं रह गया क्योंकि यह प्रत्यक्षगोचर है कि हिरण को गीत अत्यन्त प्रिय होते हैं।

७२७. प्रभु के चरण-कमलों को नमस्कार करने वाले लक्ष्मीपति क्यों?

अलियं कमले कमला, कमकमले तुह जिणिंद सा वसइ।
णहकिरणणिहेण घडंति, णयजणे से कडक्खछडा।।४६।।

अलीकं कमले कमला, क्रमकमले तव जिनेन्द्र! सा वसति।
नखकिरणनिभेन घटते, नतजने तस्याः कटाक्षच्छटाः।।

कमला नहीं रहे कमलों में वह रहती तव चरण-कमल।
क्योंकि नखों की किरणों से करती कटाक्ष जब भविजन नत।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! लक्ष्मी, कमल में रहती है - यह बात सर्वथा असत्य है क्योंकि वह तो आपके चरण-कमलों में रहती है, जब भव्य जीव, आपको सिर झुका कर नमस्कार करते हैं तो आपके नख-किरण के बहाने उस लक्ष्मी का कटाक्ष-पात प्रतीत होता है।

भावार्थ ह्न यहाँ ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि ''हे भगवान्! आपके नखों की किरणें वास्तव में नख-किरण नहीं हैं। वे तो आपके चरणों में विराजमान लक्ष्मी (शोभा) के कटाक्ष-पात हैं क्योंकि जो पुरुष, भक्तिपूर्वक आपके चरण-कमलों को नमस्कार करते हैं, उनके ऊपर मुग्ध होकर लक्ष्मी, कटाक्ष-पात करती है अर्थात् जो पुरुष, आपके चरण-कमलों को सिर झुका कर नमस्कार करते हैं, उनको लक्ष्मी की प्राप्ति होती है, वे लक्ष्मीवान बन जाते हैं।'' अतः हे प्रभो! संसार में यह किंवदन्ती प्रसिद्ध है कि 'लक्ष्मी, कमल में निवास करती है', यह बात सर्वथा असत्य है, बल्कि वह तो आपके चरण-कमल में ही निवास करती है, अन्यथा आपके चरणों में झुकने वाले भव्य जीव लक्ष्मीवान् कैसे हो सकते हैं?

७२८. प्रभु के निमित्त से समस्त भूमण्डल पर आनन्द ही आनन्द

जे कयकुवलयहरिसे, तुमम्मि विद्देसिणो स ताणं पि।
दोसो ससिम्मिव्वा, आहयाण जह वाहिआवरणं।।४७।।

ये कृतकुवलयहर्षे, त्वयि विद्वेषिणः स तेषामपि।
दोषः शशिनि इव, आहतानां यथा बाह्यावरणम्।।

भूमण्डल प्रभु हर्षित करते, द्वेष करे तो उसका दोष।
यथा चन्द्र से द्वेष करे तो, दोष उसी का, शशि निर्दोष।।

अर्थ ह्न चन्द्रमा, सदैव पृथ्वी (रात्रि-विकासी कमलों) को आनन्द ही देने वाला है; किन्तु जो मनुष्य, रोग-ग्रस्थ हैं, वे चन्द्रमा से घृणा करते हैं। जिस प्रकार चन्द्रमा के घृणा करने में उनके बाह्य आवरण कर्म (उनके रोग) का दोष है, चन्द्रमा का नहीं; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र! आप तो समस्त भूमण्डल को आनन्द ही देने वाले हैं। यदि ऐसा होने पर भी कोई मूर्ख, आपसे विद्वेष करे तो वह उसी का दोष है, इसमें आपका कोई दोष नहीं।

७२९. प्रभु की स्तुतिरूप नदी, मरणरूपी दावाग्नि को बुझाने में समर्थ

को इह हि उव्वरंतो, जिण जयसंहरणमरणवणसिहिणो।
तुह पयथुइणिज्झरणी, वारणमिणमो ण जइ होंति।।४८।।

क इह हि उद्धरेत्, जिन! जगत्संहरणमरणवनशिखिनः।
तव पादस्तुतिनिर्झरिणी, वारणमिदं न यदि भवति।।

जग-संहारक मरण-विपिन की, अग्नि से जग का उद्धार!।
कैसे होता यदि न बुझाये, प्रभु-स्तवन-नदीया की धार।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! आपके चरणों की स्तुतिरूप नदी के जल से समस्त संसार का संहार करने वाली मरणरूपी दावाग्नि बुझ गई, सो अच्छा ही हुआ। ऐसा लगता है, मानो उसका उद्धार हो गया।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार वन में लगी अग्नि को बुझाने वाला नदी का जल न हो तो समस्त वन भस्म हो जाता है; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र! आपके चरणों की स्तुतिरूपी नदी के प्रताप से समस्त जगत् को नष्ट करनेवाली दावाग्नि बुझ गई, अन्यथा उसका उद्धार कैसे होता? तात्पर्य यह है कि जीवों को मरण से बचाने में आपके चरणों की स्तुति ही समर्थ है।

७३०. प्रभु के सामने हाथ जोड़ कर, उन्हें मस्तक पर रखने से सफलता की प्राप्ति

करजुवलकमलमउले, भालत्थे तुह पुरो कए वसइ।
सग्गापवग्गकमला, कुणंति तं तेण सप्पुरिसा।।४९।।

करयुगलकमलमुकुले, भालस्थे तव पुरतः कृते वसति।
स्वर्गापवर्गकमला, कुर्वन्ति तत् तेन सत्पुरुषाः।।

प्रभु के सन्मुख हाथ जोड़ कर, भविजन निज मस्तक धरते।
इसीलिए वे सज्जन नर तब, स्वर्ग-मोक्षलक्ष्मी पाते।।

अर्थ ह्न हे देव! जिस समय जीव, आपके सामने दोनों हाथरूपी कमलों को मुकुलित कर अर्थात् हाथ जोड़ कर मस्तक पर रखते हैं; उस समय उन्हें स्वर्ग तथा मोक्ष-लक्ष्मी की प्राप्ति होती है; इसीलिए उत्तम पुरुष, प्रभु के सन्मुख हाथ जोड़ कर मस्तक पर रखते हैं।

भावार्थ ह्न ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि "हे भगवन्! जो सज्जन पुरुष, आपके सामने हाथ जोड कर मस्तक पर रखते हैं, उनका उस प्रकार का कार्य निष्फल नहीं है, किन्तु उनको ऐसा करने से स्वर्ग तथा मोक्षलक्ष्मी की प्राप्ति अर्थात् उत्तम सुख की प्राप्ति होती है।

७३१. प्रभु के आगे मस्तक झुकाने से मोह-ठग द्वारा स्थापित मोहन-धूलि का नाश

वियलइ मोहणधूली, तुह पुरओ मोहठगपरिट्ठविया।
पणवियसीसाउ तओ, पणवियसीसा बुहा होंति।।५०।।

विगलति मोहनधूलिः, तव पुरतो मोहठकस्थापिता।
प्रणमितशीर्षान् ततः, प्रणमितशीर्षा बुधा भवन्ति।।

शीष नवा प्रभु को वन्दन से, मोह -प्रवंचक मोहन-धूल।
प्रभु सन्मुख हो नष्ट अतः, सुधी करें उनको वन्दन।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जो भव्य जीव, आपको मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं, उनकी मोह-ठग के द्वारा मस्तक पर स्थापित मोहन-धूलि आपके सामने मस्तक झुकाने से शीघ्र ही नष्ट हो जाती है; इसीलिए विद्वान् पुरुष आपको मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं।

भावार्थ ह्न जिन जीवों के मस्तक पर मोहरूपी भयंकर दुर्जेय ठग द्वारा स्थापित मोहन-धूलि विद्यमान है; उन जीवों को अंशमात्र भी हेयोपादेय का ज्ञान नहीं होता। वे विक्षिप्त के समान 'यह पुत्र मेरा है, यह स्त्री मेरी है, यह पर द्रव्य मेरा है' ह्न ऐसे असत्य विकल्पों को करते रहते हैं, किन्तु आपके समक्ष, उस मोहरूपी प्रबल ठग की कुछ भी नहीं चली अर्थात् आपको नमस्कार करने वाले भव्य जीवों के ऊपर वह मोहन-धूलि अंश मात्र भी असर नहीं करती; इसीलिए विद्वान् पुरुष, आपको मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं।

७३२. ऋषभ भगवान् को ही ब्रह्मा, विष्णु आदि सार्थक नाम

बंभप्पमुहा सण्णा, सव्वा तुह जे भणंति अण्णस्स।
ससिजोण्णा खज्जोए, जडेहि जोडिज्जए तेहिं।।५१।।

ब्रह्मप्रमुखाः संज्ञाः, सर्वाः तव ये भणन्ति अन्यस्य।
शशिज्योत्स्ना खद्योते, जडैः युज्यते तैः।।

ब्रह्मादिक सब नाम, आपके ही जो, औरों के कहते।
मूढ़ पुरुष वे, चन्द्र-ज्योत्स्ना, को जुगनू जैसा कहते।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! ब्रह्मा, विष्णु आदि जो संज्ञाएँ सुनने में आती हैं; वे सब आपकी ही हैं अर्थात् आप ही बह्मा हैं, आप ही विष्णु हैं और आप ही बुद्ध हैं। जो मनुष्य, ब्रह्मा विष्णु आदि संज्ञाएँ दूसरों की मानते हैं; वे मूढ़ मनुष्य, चन्द्रमा की चाँदनी की खद्योत (जुगनू) के साथ तुलना करते हैं ह्न ऐसा लगता है।

भावार्थ ह्न खद्योत (जुगनू) का प्रकाश, अत्यन्त कम और शीतल नहीं होता तथा चन्द्रमा का प्रकाश, मात्रा में अधिक और शान्ति को देने वाला होता है ह्न यह बात भलीभाँति प्रतीति-सिद्ध है; ऐसा होने पर भी जो मनुष्य, चन्द्रमा को अधिक और शीतल चाँदनी को यदि खद्योत की चाँदनी कहे तो वह मूर्ख ही कहलाएगा; उसी प्रकार हे प्रभो! वास्तविक रीति से ब्रह्मा आदि संज्ञाएँ आपकी ही हैं, किन्तु जो मनुष्य, चतुर्मुख व्यक्ति को ब्रह्मा कहता है, गोपिकाओं के साथ रमण करने वाले को पुरुषोत्तम (विष्णु) कहता है और पार्वती नाम की स्त्री के पति को महादेव कहता है; वह मनुष्य, मूर्ख ही है क्योंकि ब्रह्मा आदि संज्ञाएँ सार्थक हैं, उनका चतुर्मुख आदि किसी व्यक्ति में सम्बन्ध घट नहीं सकता; अत: लोक में कोई ब्रह्मा आदि आपके अलावा नहीं हैं।

आदिनाथ स्तोत्र (भक्तामर स्तोत्र), श्लोक २५ में भी यही बात कही है ह्न

वसन्ततिलका

बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चितबुद्धिबोधात्;
त्वं शंकरोऽसि भुवनत्रयशंकरत्वात्।
धातासि धीर शिवमार्गविधेर्विधानात्;
व्यक्तं त्वमेव भगवन्! पुरुषोत्तमोऽसि।।

अर्थ ह्न हे आदीश्वर भगवान्! आपके ज्ञान की बड़े-बड़े देव आकर पूजन करते हैं, इसलिए आप ही बुद्ध हो, किन्तु आपसे भिन्न दूसरा कोई भी बुद्ध नहीं। आप ही तीनों लोक के कल्याण के करने वाले हो, इसलिए आप ही शंकर हो, किन्तु आपसे भिन्न कोई शंकर (महादेव) नहीं है। हे धीर! मोक्षमार्ग की विधि की रचना करने वाले आप ही हो, इसलिए आप ही विधाता (ब्रह्मा) हो, किन्तु आपसे भिन्न कोई भी व्यक्ति ब्रह्मा नहीं है। आप प्रकट रीति से समस्त पुरुषों में उत्तम हैं, इसलिए आप ही पुरुषोत्तम (विष्णु) हैं, किन्तु आपसे भिन्न कोई भी व्यक्ति पुरुषोत्तम नहीं है।

और भी आदिनाथ स्तोत्र (भक्तामर स्तोत्र), श्लोक २४ में कहा है ह्न

त्वामव्ययं विभुमचिन्त्यमसंख्यमाद्यं;
ब्रह्माणमीश्वरमनन्तमनंग-केतुम्।
योगीश्वरं विदित-योगमनेकमेकं;
ज्ञानस्वरूपममलं प्रवदन्ति सन्त: ।।

अर्थ ह्न हे भगवान्! आप नाशरहित विभु हैं अर्थात् आपका ज्ञान सर्वत्र व्यापक है। आप अचिन्त्य हैं अर्थात् आपका कोई भलीभाँति पूर्णरूप से चिन्तवन नहीं कर सकता, अत:

आप असंख्य हैं। आप सबके आदि में हुए हैं, अत: आप ब्रह्मा हैं, ईश्वर हैं, अन्तरहित हैं। आप ही कामदेव स्वरूप और समस्त योगियों के ईश्वर हैं। आप प्रसिद्ध ध्यानी हैं, अपने गुणों की अपेक्षा आप व्यवहार से अनेक हैं, परमशुद्धनिश्चयनय की अपेक्षा एक ज्ञानस्वरूप तथा निर्मलस्वरूप ह्न ऐसे उत्तम पुरुष आप ही हैं।

७३३. प्रभु ही जन्म-जरा-मरण के नाशक निष्कारण वैद्य

तं चेव मोक्खपयवी, तं चिय सरणं जणस्य सव्वस्स।
तं णिक्कारणविद्दो, जाइजरामरणवाहिहरो।।५२।।

त्वं चैव मोक्षपदवी, त्वं चैव शरणं जनस्य सर्वस्य।
त्वं निष्कारणवैद्य:, जातिजरामरणव्याधिहर:।।

नाथ! आप ही शिवपद एवं, सकल जनों के शरणागार।
बिन कारण हो वैद्य आप ही, जन्म-जरा-मृतु नाशनहार।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! आप ही मोक्ष का मार्ग हैं। समस्त प्राणियों के आप ही शरण हैं और जन्म, जरा, मरणादि रोगों को नाश करने वाले आप ही निष्कारण वैद्य हैं।

७३४. प्रभु ही योगियों की कृतकृत्यता के कारण

किच्छाहि समुवलद्धे, कयकिच्चा जम्मि जोइणो होंति।
तं परमकारणं जिण, ण तुमाहिंतो परो अत्थि।।५३।।

कृच्छ्रात्समुपलब्धे, कृतकृत्या यस्मिन् योगिनो भवन्ति।
तत्परमपदकारणं जिन! न त्वत्त: परोऽस्ति।।

बड़े कष्ट से पाकर तुमको, योगीजन होते कृतकृत्य।
अत: आपके सिवा परमपद, का कारण नहिं कोई अन्य।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! बड़े कष्टों से आपको प्राप्त करके योगीजन, कृतकृत्य हो जाते हैं अर्थात् संसार में उनको दूसरा कोई भी काम बाकी नहीं रहता; इसलिए आपसे भिन्न अन्य कोई भी परमपद (मोक्षपद) का कारण नहीं है।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में बहुत से देव हैं तथा वे अपने को परमपद का कारण भी कहते हैं, किन्तु हे जिनेन्द्र! उनमें अनेक दूषण मौजूद हैं; इसलिए वे परमपद के कारण नहीं हो सकते। परमपद के कारण यदि कोई हैं तो वह आप ही हो क्योंकि योगीजन तपादि द्वारा आपके कृतकृत्यस्वरूप को प्राप्त हो जाते हैं।

७३५. प्रभु में एक साथ सूक्ष्मता और गुरुता का प्रदर्शन

सुहमोसि तह ण दीससि, जह पहु परमाणुपेच्छएहिं पि।
गुरवो तह बोहमए, जह तइ सव्वं पि संमायं।।५४।।

सूक्ष्मोऽसि तथा न दृश्यसे, यथा प्रभृति परमाणुप्रेक्षिभिरपि।
गरिष्ठस्तथा बोधमये, यथा त्वयि सर्वमपि सम्मातम्।।

महा सूक्ष्म हो इतने कि, परमाणुदर्शि नहिं देख सकें।
ज्ञानस्वरूपी गुरु इतने कि, सकल पदार्थ समाये हैं।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! परमाणुरूप पदार्थ को प्रत्यक्ष देखने वाले भी आपको देख नहीं सकते, अत: आप अत्यन्त सूक्ष्म हो तथा आप इतने गुरु भी हैं कि सम्यग्ज्ञानस्वरूप आप में यह समस्त पदार्थसमूह समाया हुआ है अर्थात् आपका ज्ञान, आकाश से भी अनन्तगुना अधिक है, इसलिए आकाशादि समस्त पदार्थ, आपके ज्ञान में झलक रहे हैं।

७३६. विवेक बुद्धियों की दृष्टि में प्रभु ही एकमात्र सारभूत

णिस्सेसवत्थुसत्थे, हेयमहेयं निरूवमाणस्स।
तं परमप्पा सारो, सेसमसारं पलालं वा।।५५।।

निश्शेषवस्तुसार्थे, हेयमहेयं निरूप्यमाणस्य।
त्वं परमात्मा सारः, शेषमसारं पलालं वा।।

सकल-पदार्थों के समूह में, हेय-ग्राह्य को जो लखते।
प्रभो! आप ही सार, अन्य सब, सूखे तृण-सम हेय दिखें।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जो मनुष्य समस्त वस्तुओं के समूह में हेय तथा उपादेय को देखने वाला है, उस पुरुष की दृष्टि में हे परमात्मा! आप ही सार हैं और आपसे भिन्न समस्त पदार्थ, सूखे तृण के समान असार हैं।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में अनेक पदार्थ हैं, किन्तु हे प्रभो! जो मनुष्य, हेय तथा उपादेय का ज्ञाता है अर्थात् कौन-सी वस्तु त्यागने योग्य और कौनसी वस्तु ग्रहण करने योग्य है; इस बात का जिसे भलीभाँति ज्ञान है, उस मनुष्य की दृष्टि में एक आप ही सारभूत पदार्थ हैं क्योंकि आप समस्त कर्मों से रहित परमात्मा हो; अत: जिस प्रकार सूखा तृण असार है, उसी प्रकार आपसे भिन्न समस्त पदार्थ भी असार ही हैं।

७३७. प्रभु के विस्तृत ज्ञान के समक्ष सम्पूर्ण आकाश भी परमाणु के समान

धरइ परमाणुलीलं, जं गब्भे तिहुयणंपि तंपि णह।
अंतो णाणस्स तुह, इयरस्स न एरिसी महिमा।।५६।।

धरति परमाणुलीलां, यद्गर्भे त्रिभुवनमपि तदपि नभः।
अन्तो ज्ञानस्य तव, इतरस्य न ईदृशी महिमा।।

जिसमें यह त्रिभुवन परमाणुवत् भासित हो वह नभ भी।
अणु समान है ज्ञान-ज्योति में, ऐसी महिमा कहीं नहीं।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! जिस आकाश के गर्भ में ये तीनों भुवन, परमाणुमात्र लीला को धारण करते हैं अर्थात् परमाणु के समान भासित होते हैं; वह सम्पूर्ण आकाश, आपके ज्ञान में परमाणु के समान ही जान पड़ता है ह्न ऐसी महिमा आपके ज्ञान की है, किन्तु आपसे भिन्न किसी अन्य देव के ज्ञान में ऐसी महिमा नहीं है।

भावार्थ ह्न जैन सिद्धान्त में आकाश, अनन्त प्रदेशी माना गया है। उस आकाश के लोकाकाश और अलोकाकाश के नाम से दो भेद हैं, जिसमें जीवादि छह द्रव्य रहते हैं, उसे लोकाकाश कहते हैं। वह लोकाकाश भी इस सम्पूर्ण आकाश के मध्य में सबसे छोटे परमाणु के समान मालूम पड़ता है क्योंकि लोक मात्र असंख्यात प्रदेशी है तथा आकाश, अनन्त प्रदेशी है; अतः हे भगवन्! यह आपकी अपूर्व महिमा है कि अनन्त प्रदेशी यह आकाश, आपके ज्ञान में परमाणु के समान दिखाई देता है अर्थात् आपका ज्ञान, आकाश से भी अनन्त गुना अधिक है, किन्तु आपसे भिन्न जितने देव हैं, उनमें यह महिमा मौजूद नहीं है क्योंकि जब उनके पास केवलज्ञान ही नहीं है तो वह अनन्त गुना किस प्रकार हो सकता है?

७३८. प्रभु के गुण-वर्णन करने में सरस्वती की असमर्थता

भुवणत्थुय थुणइ जइ, जए सरस्सई संतयं तुहं तहवि।
ण गुणंतं लहइ तहिं, को तरइ जडो जणो अण्णो।।५७।।

भुवनस्तुत्य स्तौति यदि, जगति सरस्वती सततं त्वां तथापि।
न गुणान्तं लभते तर्हि, कस्तरति जडो जनोऽन्यः।।

प्रभो! जगत् में सरस्वती भी, करे निरन्तर तव गुणगान।
पा सकती नहिं अन्त गुणों का, कैसे पा सकते जन अन्य?।।

अर्थ ह्न हे तीन भुवन के स्तुति के पात्र! संसार में 'सरस्वती' आपकी स्तुति करती

है, किन्तु वह भी आपके गुणों के अन्त को प्राप्त नहीं कर सकती है; तब अन्य जो मूर्ख पुरुष हैं, वह यदि आपके गुणों की स्तुति करें तो कैसे आपके गुणों का अन्त पा सकेंगे?

भावार्थ ह्न सरस्वती के समान, पदार्थ का वर्णन करने में दूसरा कोई भी प्रवीण नहीं है क्योंकि वह तो साक्षात् सरस्वती ही है, परन्तु हे प्रभो! जब वह भी आपके गुणों के अन्त को प्राप्त नहीं हो सकती है अर्थात् आपके गुणों का वर्णन करने में जब वह भी हार मानती है; तब तो हे जिनेश! जो मनुष्य, मूर्ख है अर्थात् जिसकी बुद्धि पर ज्ञानावरण कर्म का पूरा-पूरा प्रभाव पड़ा हुआ है, वह कैसे आपके गुणों का वर्णन कर सकता है? अर्थात् नहीं कर सकता। सारांश यह है कि हे जिनेन्द्र! आपमें इतने अधिक गुण विद्यमान हैं कि उनका वर्णन करने में कोई भी समर्थ नहीं है।

७३९. आकाश समान प्रभु के गुण-वर्णन करने में वाणी-पक्षिणी की असमर्थता

खयरिव्व संचरंती, तिहुयणगुरु तुह गुणोहगयणम्मि।
दुरं पि गया सुइरं, कस्स गिरा पत्तपेरंता।।५८।।

खचरीव संचरती, त्रिभुवनगुरो तव गुणौघगगने।
दूरमपि गता सुचिरं, कस्य गोः प्राप्तपर्यन्ता।।

हे त्रिभुवन गुरु! गुण-समूहरूपी नभ में जो गमन करे।
किसकी वाणीरूप पक्षिणी, उड़े दूर तक अन्त लहे।।

अर्थ ह्न हे त्रिभुवन गुरु! आपके गुणसमूहरूपी आकाश में गमन करने वाली तथा दूर तक पहुँची ऐसी किसकी वाणीरूपी पक्षिणी है, जो उसके अन्त को प्राप्त हो सके?

भावार्थ ह्न जिस प्रकार आकाश में गमन करने वाली पक्षिणी, यदि दूर तक भी उड़ती-उड़ती चली जाए तो भी आकाश के अन्त को प्राप्त नहीं कर सकती है; उसी प्रकार हे प्रभो! आपके गुण भी अनन्त हैं, इसलिए कवि अपनी वाणी से कितना भी आपके गुणों का वर्णन करे तो भी उसकी वाणी, आपके गुणों के अन्त को प्राप्त नहीं कर सकती।

७४०. प्रभु-स्तवन करने में आचार्य की लघुता

जत्थ असक्को सक्को, अणीसरो ईसरो फणीसो वि।
तुह थोत्ते तत्थ कई, अहममई तं खमिज्जासु।।५९।।

यत्राशक्तः शक्तोऽनीश्वरः ईश्वरः फणीश्वरोऽपि।
तव स्तोत्रे तत्र कविः, अहममतिः तत्क्षमस्व।।

इन्द्र-फणीन्द्र-महेश आदि भी, प्रभु-गुण-वर्णन में असमर्थ।
अत: क्षमा कर दो हे प्रभुवर! मैं मति-हीन रचूँ स्तोत्र।।

अर्थ ह्न हे गुणागार प्रभो! जब आपकी स्तुति करने में इन्द्र, महादेव और शेषनाग भी अशक्त हैं, तब आपकी स्तुति करने में मैं अल्पबुद्धि कवि क्या वस्तु हूँ? इसलिए मैंने जो भी आपकी स्तुति की है, उसे क्षमा करें।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! आपके गुणों का स्तोत्र इतना कठिन है कि साधारण मनुष्य की तो क्या बात? जो अत्यन्त बुद्धिमान तथा सामर्थ्यवान हैं ह्न ऐसे इन्द्र, ईश्वर (महादेव) तथा धरणेन्द्र भी आपकी स्तुति नहीं कर सकते; किन्तु मुझ अल्पबुद्धि ने आपके इस स्तोत्र को करने का साहस किया है, यह मेरा बड़ा भारी अपराध ही है; अत: विनयपूर्वक प्रार्थना है कि मेरे इस अपराध को आप क्षमा करें।

७४१. प्रभु के चरण-कमलों से अन्तिम प्रार्थना

तं भव्वपोमणंदी, तेयणिही णेसरुव्व णिद्दोसो।
मोहंधयारहरणे, तुह पाया मम पसीयंतु।।६०।।

त्वं भव्यपद्मनन्दी, तेजोनिधि: सूर्यवन्निर्दोष:।
मोहान्धकारहरणे, तव पादौ मम प्रसीदेताम्।।

तेज-निधि निर्दोष सूर्य, आनन्दित करते भव्य-कमल।
मोह-तिमिर के नाश हेतु, होवें प्रसन्न तव चरण-युगल।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! आप भव्य कमलों को आनन्द देने वाले, तेज के निधान, निर्दोष सूर्य हैं; इसलिए मोहरूपी अन्धकार का नाश करने हेतु आपके चरण सदा प्रसन्न रहें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सूर्य, कमलों को आनन्द देने वाला तेज का भण्डार होता है, निर्दोष होता है तथा उसकी किरणें, समस्त अन्धकार का नाश करने वाली होती हैं; उसी प्रकार हे प्रभो! आप भी भव्य जीवरूपी कमलों को आनन्द देने वाले तेज के निधान हैं, निर्दोष हैं, इसलिए आप सूर्य के समान हैं; अत: विनयपूर्वक प्रार्थना है कि मोहरूपी अन्धकार का नाश करने के लिए आपके चरण सदा मेरा मार्गदर्शन करें।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'ऋषभ स्तोत्र'** नामक **'तेरहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – १४

श्री जिनेन्द्र स्तवन

७४२. 'श्री जिनेन्द्र स्तवन' अधिकार का मङ्गलाचरण

गाथा

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, सहलीहूआइं मज्झ णयणाइं।
चित्तं गत्तं च लहुं, अमिएण व सिंचियं जायं।।१।।

आर्या

दृष्टे त्वयि जिनवर! सफलीभूतानि मम नयनानि।
चित्तं गात्रं च लघु, अमृतेनैव सिंचितं जातम्।।

प्रभो! आपके दर्शन करने, से होते मम नेत्र सफल।
तन-मन शान्त हुए हैं ऐसे, मानो अमृत का सिंचन।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! आपको देखने पर मेरे नेत्र सफल हो गये हैं; मेरा मन और शरीर अमृत से सींचा हुआ प्रतीत होता है।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! उत्तम पदार्थों के देखने से नेत्र सफल हो जाते हैं और जगत् में आप ही उत्तम पदार्थ है, अत: आपको देखने से मेरे नेत्र सफल हो गये हैं। मेरे मन और शरीर में इतना आनन्द हुआ कि ये दोनों अमृत से सींचे हुए हों ह्न ऐसा प्रतीत होता हैं।

७४३. प्रभु-दर्शन से मोहरूपी अन्धकार नष्ट

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, दिट्ठिहरासेसमोहतिमिरेण।
तह णट्ठं जइ दिट्ठं, जहट्ठियं तं मए तच्चं।।२।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! दृष्टिहराशेषमोहतिमिरेण।
तथा नष्टं यथा दृष्टं, यथास्थितं तन्मया तत्त्वम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से यह, मोह-तिमिर ऐसा विघटा।
जैसा वस्तु-स्वरूप जगत् का, वैसा मैंने देख लिया।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देखने पर दृष्टि को रोकने वाला मोहरूपी अन्धकार सर्वथा नष्ट हो गया है अर्थात् मैंने यथार्थ वस्तुस्वरूप देख लिया है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अन्धकार, दृष्टि का प्रतिरोधक होने से उसके कारण वस्तु के वास्तविक स्वरूप का थोड़ा भी अवलोकन नहीं होता; उसी प्रकार जब तक मोह का प्रभाव है, तब तक वस्तु का यथार्थ स्वरूप अंश मात्र भी ज्ञात नहीं होता; किन्तु हे प्रभो! आपके दर्शन से अत्यन्त बलवान् मोहरूपी अन्धकार भी पल भर में नष्ट होकर, वस्तु का यथार्थ स्वरूप ज्ञात हो जाता है।

७४४. प्रभु-दर्शन से चित्त को मोक्षसुख की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, परमाणंदेण पूरियं हिययं।
मज्झ तहा जह मण्णे, मोक्खं पि व पत्तमप्पाणं।।३।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! परमानन्देन पूरितं हृदयम्।
मम तथा यथा मन्ये, मोक्षमपि वा प्राप्तमात्मानम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से है, मन में परमानन्द भरा।
मानो मुझे आज ही हे प्रभु! मुक्तिपद साक्षात् मिला।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देखने से परमानन्द से भरे हुए मेरे मन में ऐसा लगता है, मानो मैं ही साक्षात् मोक्ष को प्राप्त हो गया हूँ।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होने पर जैसा आनन्द मिलता है, वैसा आनन्द आपको देखने मात्र से मुझे प्राप्त हो गया है अर्थात् आपके दर्शन से उत्पन्न सुख तथा मोक्षसुख, ये दोनों ही मुझे समान प्रतीत होते हैं।

७४५. प्रभु-दर्शन से सूर्योदय के समान अन्धकाररूपी प्रबल पाप नष्ट

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, णट्ठं चिय मण्णयं महापावं।
रविउग्गमे णिसाए, ठाइ तमं कित्तियं कालं।।४।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! नष्टमिव मन्ये महापापम्।
रव्युद्गमे निशायाः, तिष्ठेत् तमः कियन्तं कालम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से ही, नष्ट हो गए सारे पाप।
सूर्योदय होने पर निशि का, रहे अँधेरा कितने काल?।।

अर्थ ह्न हे जिनवर! आपको देखने मात्र से प्रबल पाप नष्ट हो गये हैं, सो ठीक ही है

क्योंकि सूर्य का उदय होने पर रात्रि का अन्धकार कितने काल तक रह सकता है?

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिस प्रकार अत्यन्त प्रबल रात्रि का अन्धकार, सूर्य उदय होते ही पल भर में नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार आपके दर्शन मात्र से अत्यन्त बड़ा पाप भी पल भर में नष्ट हो जाता है।

७४६. प्रभु-दर्शन से तीर्थंकरादि उत्तम पुण्य समूह की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, सिज्झइ सो को वि पुण्णपब्भारो।
होइ जणो जेण पहु, इहपरलोयत्थसिद्धीणं।।५।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! सिध्यति स कोऽपि पुण्यप्राग्भारः।
भवति जनो येन प्रभुः, इहपरलोकस्थसिद्धीनाम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, बँधता वह उत्तम पुण्य समूह।
जिससे भविजन पा लेते हैं, उभय लोक का सिद्धि समूह।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देखने मात्र से मनुष्य को उस उत्तम पुण्य समूह की प्राप्ति होती है, जिसकी कृपा से वह इहलोक-परलोक की सिद्धियों का स्वामी हो जाता है।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! जो मनुष्य, आपका दर्शन करते हैं, उन्हें ऐसे अपूर्व पुण्य की प्राप्ति होती है कि वे उस पुण्य कृपा से इस लोक में तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि विभूतियों को प्राप्त करते हैं तथा परलोक में अणिमा, महिमा आदि ऋद्धियों के धारी इन्द्र, अहमिन्द्रादि विभूतियों को प्राप्त करते हैं।

७४७. प्रभु-दर्शन से अविनाशी मोक्ष की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, मण्णे तं अप्पणो सुकयलाहं।
होही सो जेणासरिस,-सुहणिही अक्खओ मोक्खो।।६।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! मन्ये तमात्मनः सुकृतलाभम्।
भविष्यति येनासदृश,-सुखनिधिः अक्षयो मोक्षः।।

प्रभो! आपके दर्शन से, मानूँ मैं ऐसा पुण्य सुलाभ।
जिससे अनुपम सुखनिधि एवं, अविनाशी हो शिवपद प्राप्त।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र प्रभो! आपको देखने का पुण्य-लाभ यह है कि उससे असाधारण सुखनिधि तथा अविनाशी ह्न ऐसे मोक्षपद की प्राप्ति होती है।

७४८. प्रभु-दर्शन से इन्द्रादि के ऐश्वर्य की तृष्णा से रहित सन्तोष की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, संतोसो मज्झ तह परो जाओ।
इदंविहवो पि जणइ, ण तण्हालेसं पि जह हियए।।७।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! सन्तोषो मम तथा परो जातः।
इन्द्रविभवोऽपि जनयति, न तृष्णालेशमपि यथा हृदये।।

प्रभो! आपके दर्शन से, होता मुझको उत्तम सन्तोष।
इन्द्र-विभूति भी मुझको, तृष्णा उत्पन्न करे नहिं लेश।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देखने मात्र से इन्द्र का ऐश्वर्य भी मेरे हृदय में लेश मात्र तृष्णा को उत्पन्न नहीं कर सकता ह्न ऐसा वह उत्तम सन्तोष मुझे प्राप्त हुआ है।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में इन्द्र के ऐश्वर्य को पाना बड़े पुण्य का फल है, तथापि हे जिनेन्द्र! जो सन्तोष, इन्द्र के ऐश्वर्य में भी नहीं है, वह उत्कृष्ट सन्तोष, आपके दर्शन से मुझे प्राप्त हुआ है अर्थात् उस सन्तोष के सामने इन्द्र का ऐश्वर्य भी सड़े तृण के समान असार लगता है।

७४९. प्रभु-दर्शन से जन्म-मरण के नाशक सम्यग्दर्शन की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, वियारपडिवज्जिए परमसंते।
जस्स ण हिट्ठी दिट्ठी, तस्स ण णियजम्मविच्छेओ।।८।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! विकारपरिवर्जिते परमशान्ते।
यस्य न हृष्टा दृष्टिः, तस्य न निजजन्मविच्छेदः।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जिसको उत्पन्न न हो आनन्द।
निर्विकार अरु परमशान्त नहिं, लखे उसे नहिं भव का अन्त।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको समस्त प्रकार के विकारों से रहित एवं परमशान्त देख कर, जिस मनुष्य की दृष्टि को आनन्द नहीं होता है, उस मनुष्य के अपने जन्म-मरण का कभी नाश नहीं होता।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! जो मनुष्य, समस्त प्रकार के विकारों से रहित तथा परम शान्त आपकी मुद्रा को देख कर आनन्दित होता है, उसे संसार में जन्म धारण नहीं करना पड़ता; किन्तु जिस मनुष्य की दृष्टि को समस्त विकाररहित व शान्तस्वभावी आपको देख कर, आनन्द नहीं होता; वह मनुष्य, अनन्त काल तक इस संसार में परिभ्रमण करता रहता है।

७५०. प्रभु-दर्शन के बाद भी आकुलता का होना पूर्वोपार्जित कर्मों का दोष

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, जम्महह कज्जंतराउलं हिययं।
कइयावि हवइ पुव्वज्जियस्स कम्मस्स सो दोसो।।९।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! यन्मम कार्यान्तराकुलं हृदयं।
कदापि भवति पूर्वार्जितस्य कर्मण: स दोष:।।

प्रभो! आपके दर्शन करके, भी मन में यदि आकुलता।
अन्य कार्य की, तो यह मेरे, पूर्व-कर्म का दोष कहा।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देख कर भी मेरा मन कभी-कभी दूसरे कार्यों में आकुलित हो जाता है, उसमें मेरे पूर्वोपार्जित कर्म ही दोषी हैं।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! संसार में आपका दर्शन अलभ्य-लाभ है। मन की एकाग्रतापूर्वक ही प्रत्येक मनुष्य को आपके दर्शन होते हैं, तथापि हे प्रभो! पूर्वभवों में मैंने जो अशुभ कर्मों का उपार्जन किया है, उन अशुभ कर्मों का मुझ पर इतना प्रभाव है कि आपके दर्शन होने पर भी मेरा मन अन्य कार्यों से व्याकुलित हो जाता है, उनमें ही आसक्त रहता है। वास्तव में यह मेरे पूर्वोपार्जित कर्मों का ही दोष है।

७५१. प्रभु-दर्शन से इहभव में भी नाना प्रकार के सुखों की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, अच्छउ जम्मंतरं ममेहावि।
सहसा सुहेहिं घडियं, दुक्खेहिं पलाइयं दूरं।।१०।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! आस्तां जन्मान्तरं ममेहापि।
सहसा सुखैर्घटितं, दु:खैश्च पलायितं दूरम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जन्मान्तर की क्या बात कहूँ।
इस भव में ही नाना सुख, मिलते हैं, अघ सब दूर करूँ।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपके दर्शन से अन्य जन्मों की बात तो दूर रहो, किन्तु इस जन्म में भी मुझे नाना प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है और मेरे समस्त पाप दूर भाग जाते हैं।

भावार्थ ह्न हे जिनेश! आपके दर्शन में इतनी शक्ति है कि जो मनुष्य, आपको विनयभाव से देखता है, उस मनुष्य के जन्म-जन्मान्तर के समस्त दु:ख नष्ट हो जाते हैं तथा आगामी जन्मों में तो नाना प्रकार के उत्तम सुखों की प्राप्ति होती ही है, किन्तु इस जन्म में भी आपके दर्शन से नाना प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है तथा समस्त प्रकार के दु:खों का

नाश हो जाता है। इस प्रकार आपके दर्शन तत्काल ही फल देने वाले हैं।

७५२. प्रभु-दर्शन के बाद ही दिन उत्तम तथा सफल

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, बज्झइ पट्टो दिणम्मि अज्जयणे।
सहलत्तणेण मज्झे, सव्वदिणाणं पि सेसाणं।।११।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! बध्यते पट्टो दिनेऽद्यतने।
सफलत्वेन मध्ये, सर्वदिनानामपि शेषाणाम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जीवन का आज दिवस उत्तम।
और सफल हो गया जान कर, मैंने किया पट्ट बन्धन।।

अर्थ ह्न हे जिनवर! आपके दर्शन के कारण समस्त दिनों में आज का दिन उत्तम तथा सफल है ह्न ऐसा जान कर मैंने पट्ट बन्धन किया है, मानो आज मेरा राज-तिलक हो गया है।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! जीवन के समस्त दिनों में मेरा आज का दिन उत्तम तथा सफल है क्योंकि आज के दिन मुझे आपका दर्शन मिला है।

७५३. प्रभु-दर्शन के बाद उनका बहुमूल्य मन्दिर, लक्ष्मी के संकेत घर के समान ज्ञात

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भवणमिणं तुज्झ महं महग्घतरं।
सव्वाणं पि सिरीणं, संकेयघरं व पडिहाइ।।१२।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भवनमिदं तव महत्महार्घ्यतरम्।
सर्वासामपि श्रीणां, संकेतगृहमिव प्रतिभाति।।

प्रभो! आपके दर्शन से, ऐसा मालूम हुआ मुझको।
यह मन्दिर बहुमूल्य आपका, लक्ष्मी का संकेत अहो!।।

अर्थ ह्न हे जिनेश्वर! आपके देखने मात्र से आपका यह बहुमूल्य मन्दिर, मेरे लिए समस्त प्रकार की लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए संकेत घर के समान ज्ञात होता है।

भावार्थ ह्न हे भगवन्! आपके दर्शन से आपका स्थान (मन्दिर) ऐसा मालूम पड़ता है, मानो समस्त प्रकार की लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए मुझे संकेत घर है।

७५४. प्रभु-दर्शन से पुण्य-बीज के अंकुर, रोमाञ्चों के माध्यम से प्रस्फुटित

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भत्तिजलोल्ल समासियं छेत्तं।
जं तं पुलयमिसा पुण्णबीयमंकुरियमिव सोहइ।।१३।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भक्तिजलौघेन समाश्रितं क्षेत्रम्।
यत्तत्पुलकमिषात्, पुण्यबीजमंकुरितमिव शोभते।।

प्रभो! आपके दर्शन से, तन-खेत सिंचा भक्ति-जल से।
रोमाञ्च हुए मुझको मानो, ये पुण्य-बीज के अंकुर हैं।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपको देखने से मेरा क्षेत्र (शरीररूपी खेत), भक्तिरूपी जल से समाश्रित होता हुआ (सिंचित होकर) रोमांचों के बहाने से ऐसा शोभित होता है, मानो अंकुरस्वरूप से परिणत पुण्य-बीज ही हैं।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! हे जिनेन्द्र! जिस समय मैं आपको भक्तिपूर्वक देखता हूँ, उस समय आनन्द से मेरे शरीर में रोमांच हो जाते हैं तथा वे रोमांच ऐसे मालूम होते हैं, मानो पुण्यरूपी बीज से अंकुर उत्पन्न हो गये हैं।

७५५. सिद्धान्त-अमृत के समुद्र प्रभु के दर्शन से हिताहित का ज्ञान

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, समयामयसायरे गहीरम्मि।
रायाइदोसकलुसे, देवे को मण्णए सयाणे।।१४।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! समयामृतसागरे गम्भीरे।
रागादिदोषकलुषे, देवे को मन्यते सज्ञानः।।

प्रभो! आपका दर्शन है, सिद्धान्तामृत सागर गम्भीर।
रागादिक दोषों से कलुषित, देव कौन माने ज्ञानी?।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! सिद्धान्तरूपी अमृत के गम्भीर समुद्र के समान आपको देखने पर ऐसा कौन होगा? जो रागादि दोषों से युक्त मलिन आत्माओं को देव मानेगा? अर्थात् कोई नहीं।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्य, हिताहित विवेकपूर्वक ज्ञानी नहीं हो जाता है, तब तक वह रागी-द्वेषी देवों को ही उत्तम देव समझता है; किन्तु जिस समय उसको हिताहित का ज्ञान हो जाता है, उस समय वह रागी-द्वेषी देवों को हितकारी मानना छोड़ कर, उनकी ओर झाँकता भी नहीं है; इसलिए हे प्रभो! जिसने सिद्धान्तरूपी अमृत के समुद्र को देख लिया है, वह ज्ञानवान् प्राणी कभी भी रागी-द्वेषी देवों को नहीं मान सकता।

७५६. प्रभु-दर्शन से अत्यन्त दुर्लभ मोक्ष की प्राप्ति भी सम्भव

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, मोक्खो अइदुल्लहो वि संपडइ।
मिच्छत्तमलकलंकी, मणो ण जइ होइ पुरिसस्स।।१५।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! मोक्षोऽतिदुर्लभः संप्रतिपद्यते।
मिथ्यात्वमलकलंकित,-मनो न यदि भवति पुरुषस्य।।

प्रभो! आपके दर्शन से ही, होता दुर्लभ शिवपद प्राप्त।
मन में हो यदि नहीं पुरुष के, किञ्चित् मल कलंक मिथ्यात्व।।

अर्थ ह्न हे देव! यदि मनुष्य का मन, मिथ्यात्वरूपी कलंक से कलंकित नहीं हुआ हो तो वह पुरुष, आपके दर्शन से अत्यन्त दुर्लभ मोक्षलक्ष्मी को भी शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है।

भावार्थ ह्न जिस मनुष्य का चित्त, मिथ्यात्वरूपी मल से ग्रस्त हो, उसे कभी मोक्ष-प्राप्ति नहीं हो सकती क्योंकि जिस प्रकार पित्तज्वर वाले को मीठा दूध जहर के समान कड़ुआ लगता है; उसी प्रकार मिथ्यादृष्टि को आपका उपदेश तथा दर्शन विपरीत ही लगता है। जब वह आपके उपदेश को ही अच्छा न मानेगा, तब तो उसे वास्तविक पदार्थ का स्वरूप नहीं मालूम पड़ सकता और पदार्थ के वास्तविक स्वरूप को न जानने से वह अर्थात् मोक्ष को प्राप्त नहीं हो सकता; किन्तु जिस मनुष्य का मन, मिथ्यात्वरूपी कलंक से कलंकित नहीं है, वह आपके दर्शन से अत्यन्त कठिन मोक्ष को भी सुलभ रीति से प्राप्त कर लेता है।

७५७. चर्म-नेत्रों से भी प्रभु-दर्शन की अद्भुत महिमा

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, चम्ममएणाच्छिण्णा वि तं पुण्णं।
जं जणइ पुरो केवल,-दंसणणाणाइ णयणाइ।।१६।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! चर्ममयेनाक्ष्णापि तत्पुण्यं।
यज्जनयति पुरः केवल,-दर्शनज्ञानानि नयनानि।।

प्रभो! आपके दर्शन करते चर्मचक्षु से यदि भविजन।
पुण्य अपूर्व बँधे, जिससे हों केवलदर्शन-ज्ञान नयन।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जो मनुष्य, इस चर्म-नेत्र से आपको देखता है, उस मनुष्य को अपूर्व पुण्य की प्राप्ति होती है, जो आगे केवलदर्शन तथा केवलज्ञानरूपी नेत्रों को उत्पन्न करता है।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! जो मनुष्य, आपको चर्म-नेत्रों से देखता है, उसे आपको देखते ही इतने पुण्य की प्राप्ति होती है कि वह आगे केवलदर्शन तथा केवलज्ञान को प्राप्त कर लेता है अर्थात् वह पुरुष, चार घातिया कर्मों को नाश कर, केवली भगवान बन जाता है। तो फिर आपको दिव्य नेत्र से देखने वाले को किन-किन फलों की प्राप्ति नहीं होगी अर्थात् आपको दिव्य दृष्टि से देखने वाले मनुष्य, अवश्य ही अचिन्त्य फल को प्राप्त करते है; इसमें संशय नहीं।

७५८. प्रभु-दर्शन बिना संसार-समुद्र में मज्जन-उन्मज्जन

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, सुकयत्थो मण्णिओ ण जेणप्पा।
सो बहुयबुड्डुणुब्बुड्डणाइं भवसायरे काही।।१७।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! सुकृतार्थो मानितो न येनात्मा।
स बहु मज्जनोन्मज्जनानि भवसागरे करिष्यति।।

प्रभो! आपके दर्शन से भी, जो नर नहिं कृतकृत्य हुआ।
दीर्घ काल तक भव-सागर में, ऊपर-नीचे उतराता।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जिस मनुष्य ने आपको देख कर भी अपनी आत्मा को कृतकृत्य नहीं माना, वह मनुष्य नियम से संसाररूपी समुद्र में मज्जन तथा उन्मज्जन ही करेगा अर्थात् जिस प्रकार कोई मनुष्य, समुद्र में उछलता-डूबता रहता है; उसी प्रकार यह भी संसार में जन्म-मरण करता हुआ परिभ्रमण करता रहता है।

७५९. प्रभु-दर्शन से वचन-अगोचर आनन्द की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, णिच्छयदिट्ठीए होइ जं किं पि।
ण गिराए गोयरं तं, साणुभवत्थं पि किं भणिमो।।१८।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! निश्चयदृष्ट्या भवति यत्किमपि।
न गिरां गोचरं तत्, स्वानुभवस्थमपि किं भणामः।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जो कुछ निश्चय आनन्द होता।
यद्यपि स्वानुभूति-गोचर वह, वचन-अगोचर कहना क्या?।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! वास्तविक दृष्टि से आपको देखने पर हमको जो आनन्द होता है, वह मन (अनुभव) में स्थित होते हुए भी वचन-अगोचर है, इसलिए हम क्या कहें?

भावार्थ ह्न हे प्रभो! जिस समय हम मनुष्य, आपको निश्चय दृष्टि से देखते हैं; उस समय इतना आनन्द होता है कि उसका वेदन होते हुए भी वह वचनातीत होता है।

७६०. प्रभु का केवलज्ञान स्वरूप देखने से दर्शन-विशुद्धि की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, दट्ठव्वावहिविसेसरूवम्मि।
दंसणसुद्धीए गयं, दाणिं मह णत्थि सव्वत्थ।।१९।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! दृष्टव्यावधिविशेषरूपे।
दर्शनशुद्ध्या गतमिदानीं मम नास्ति सर्वार्थः।।

प्रभो! आप हैं दर्शनीय, सकलार्थ जगत् के ज्ञान-स्वरूप।
दर्श-विशुद्धि हुई है मुझको, बाह्य-पदार्थ नहीं मुझरूप।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! देखने योग्य पदार्थों की सीमा के विशेषस्वरूप अर्थात् केवलज्ञानस्वरूप आपको देखने पर, समस्त बाह्य पदार्थों से भिन्न होकर मैं 'दर्शन विशुद्धि' को प्राप्त हुआ।

७६१. प्रभु-दर्शन से दृष्टि सूर्य से भी अधिक निर्मल एवं सुखी

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, अहियं सुहिया समुज्जला होई।
जणदिट्ठी को पेच्छइ, तद्दंसणसुहयरं सूरं।।२०।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! अधिक सुखिता समुज्ज्वला भवति।
जनदृष्टिः कः प्रेक्षते, तद्दर्शनसुखकरं सूरम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जन-दृष्टि होती अधिक सुखी।
अति निर्मल भी होती तो फिर, सूर्य देखता कौन सुधी।।

अर्थ ह्न हे देव! आपको देख कर, मनुष्यों की दृष्टि अधिक सुखी तथा अत्यन्त निर्मल हो जाती है, तो दर्शन एवं सुख को करने वाले सूर्य को कौन देखता है? अर्थात् कोई नहीं।

भावार्थ ह्न हे जिनेन्द्र! इस संसार में आप एवं सूर्य, दोनों ही प्रतापी और देखने योग्य पदार्थ हैं; किन्तु हे प्रभो! जब आपके दर्शन से ही मनुष्यों की दृष्टि अधिक सुखी तथा अत्यन्त स्वच्छ हो जाती है, तब सूर्य देखने की क्या आवश्यकता है?

७६२. प्रभु की महिमा जड़ एवं दोषाकार चन्द्रमा से कहीं अधिक

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, बुहम्मि दोसोज्झियम्मि वीरम्मि।
कस्स किल रमइ दिट्ठी, जडम्मि दोसायरे खत्थे।।२१।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! बुद्धे दोषोज्झिते वीरे।
कस्य किल रमते दृष्टिः, जडे दोषाकरे खस्थे।।

प्रभो! आपको देख ज्ञानमय, वीर और सब दोष-विहीन
किसकी दृष्टि करे दोषमय, नभ-गोचर जड़ शशि से प्रीति।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको समस्त दोषों से रहित, ज्ञानवान् और वीरता से युक्त देख कर, ऐसा कौन मनुष्य है; जिसकी दृष्टि जड़, दोषों की खान और आकाश में रहने वाले चन्द्रमा में प्रीति करेगी?

भावार्थ ह्न हे प्रभो! चन्द्रमा, मनुष्यों को आनन्द देने वाला है, किन्तु वह ज्ञानरहित, जड़, दोषाकर (दोषों की खान) तथा आकाश में रहने वाला है तथा आप ज्ञानवान् अर्थात् ज्ञानस्वरूप हैं। क्षुधा-तृषाादि अठारह दोषों एवं कर्मों को जीतने वाले वीर हैं; अत: ऐसा कौन मनुष्य है, जिसकी दृष्टि आपको छोड़ कर चन्द्रमा से प्रीति करेगी?

७६३. प्रभु-दर्शन के सामने चिन्तामणि कल्पवृक्ष भी प्रभारहित

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, चिंतामणिकामधेणुकप्पतरू।
खज्जोयव्व पहाए, मज्झ मणे णिप्पहा जाया।।२२।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! चिन्तामणिकामधेनुकल्पतरव:।
खद्योता इव प्रभाते, मम मनसि निष्प्रभा जाता:।।

प्रभो! आपके दर्शन से, चिन्तामणि कामधेनु सुरवृक्ष।
प्रात:काल के जुगनू जैसे, मेरे मन में हैं निष्प्रभ।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिस प्रकार प्रात:काल में जुगनू प्रभारहित हो जाता है; उसी प्रकार आपको देखने पर चिन्तामणि, कामधेनु और कल्पवृक्ष मेरे मन से प्रभारहित हो गये हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जब तक अन्धेरी रात रहती है, तब तक जुगनू प्रकाशमान होता है; किन्तु जिस समय प्रात:काल होता है और सूर्य की किरणें जहाँ-तहाँ चारों ओर फैल जाती हैं, उस समय जुगनू का प्रकाश किसी काम का नहीं होता; उसी प्रकार हे प्रभो! जब तक मैंने आपको नहीं देखा, तब तक मैं चिन्तामणि, कामधेनु तथा कल्पवृक्षों को उत्तम समझता था क्योंकि संसार में ये इच्छा को पूर्ण करने वाले माने जाते हैं; किन्तु जब से आपको देख लिया है, तब से मेरे मन में आप ही चिन्तामणि, कामधेनु और कल्पवृक्ष हो गये हैं। संसार में जो चिन्तामणि, कामधेनु व कल्पवृक्ष कहलाते हैं, वे सब आपके सामने फीके हैं।

७६४. प्रभु-दर्शन से रहस्यमयी प्रेमरस आनन्दाश्रुओं सहित उत्पन्न

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, रहसरसो मह मणम्मि जो जाओ।
आणंदंसुमिसा सो, तत्तो णीहरइ बहिरंतो।।२३।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! रहस्यरसो मम मनसि यो जात:।
आनन्दाश्रुमिषात्, स ततो निस्सरति बहिरन्त:।।

प्रभो! आपके दर्शन से, जो हुआ प्रेम-रस मम उर में।
आनन्दाश्रु बन कर भीतर, से निकला है बाहर में।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! आपको देखने से मेरे मन से उत्पन्न रहस्यमय प्रेमरस, आनन्दाश्रुओं के बहाने भीतर से बाहर निकल रहा है ह्न ऐसा मालूम होता है।

भावार्थ ह्न हे दीन-बन्धु! जिस समय आपके रूप को मैं देखता हूँ तो मेरे मन में इतना अधिक आनन्द होता है कि आनन्द के कारण मेरी आँखों से आँसू निकलने लगते हैं; किन्तु मैं उनको आनन्दाश्रु नहीं मानता क्योंकि मुझे ऐसा जान पड़ता है कि मानो उन आनन्दाश्रुओं के बहाने भीतर में न समाता हुआ आपके प्रति मेरा प्रेमरस ही बाहर निकल रहा है।

७६५. प्रभु-दर्शन से कल्याणों की परम्परा

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, कल्लाणपरंपरा पुरो पुरिसे।
संचरइ अणाहूया वि, ससहरे किरणमाल व्व।।२४।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! कल्याणपरम्परा पुरः पुरुषस्य।
संचरति अनाहूताऽपि, शशधरे किरणमाला इव।।

प्रभो! आपके दर्शन से, कल्याण स्वयं आगे आये।
बिना बुलाए, यथा चन्द्र के, आगे किरणावलि चले।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! जिस प्रकार चन्द्रमा के किरणों की पंक्ति आगे-आगे गमन करती है; उसी प्रकार आपके दर्शन से बिना बुलाये ही कल्याण की परम्परा आगे-आगे गमन करती है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, आपका दर्शन करता है, उसको इस भव में तथा पर भव में नाना प्रकार के कल्याणों की प्राप्ति होती है।

७६६. प्रभु-दर्शन से प्रकृति की विचित्रता दृष्टिगोचर

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, दिसवल्लीओ फलंति सव्वाओ।
इट्ठां अहुल्लिया वि हु, वरिसइ सुण्णं पि रयणेहिं।।२५।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! दिशवल्यः फलन्ति सर्वाः।
इष्टमफुल्लिताऽपि खलु, वर्षति शून्योऽपि रत्नैः।।

प्रभो! आपके दर्शन से, बिन पुष्प! दिक्-लताएँ फलती।
इष्ट-पदार्थों को देती अरु, नभ से रत्नवृष्टि होती।।

अर्थ ह्न हे जिनेश्वर! आपके दर्शन से, बिना पुष्पित भी समस्त दशों दिशाएँ इष्ट पदार्थों (फलों) को देती है तथा रत्नों से रहित आकाश भी रत्नों की वृष्टि करता है।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! यद्यपि पुष्पित लताएँ ही फल की प्राप्ति कराती हैं; किन्तु आपके दर्शन मात्र से ही दिशारूपी लताएँ पुष्पित नहीं होने पर भी मनुष्यों को इष्ट फल प्रदान करती हैं तथा रत्नरहित आकाश रत्नवृष्टि करता है।

७६७. प्रभु-दर्शन से भव्य जीवों के समस्त भय एवं मोह-निद्रा का पलायन

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भव्वो भयवज्जिओ हवे णवरं।
गयणिंदच्चिय जायइ, जोण्हापसरे सरे कुमुयं।।२६।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भव्यो भयवर्जितो भवेन्नवरिम्।
गतनिद्र एव जायते, ज्योत्स्नाप्रसरे सरसि कुमुदम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, भवि मोहमुक्त भयहीन सुखी।
जैसे सर में खिले कुमुदनी, चन्द्र-ज्योत्सना जब फैली।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार चाँदनी के विकसित होने पर रात्रि-विकासी कमल, सरोवर में शीघ्र ही प्रफुल्लित होते हैं; उसी प्रकार हे जिनेश! आपके दर्शन मात्र से ही भव्य जीव, समस्त भय एवं मोहरूपी निद्रा से रहित होकर सुखी हो जाते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार रात्रि-विकासी कमलों की संकोच रहितता और प्रफुल्लता में चन्द्रमा की चाँदनी ही असाधारण कारण है; उसी प्रकार हे प्रभो! भव्य जीवों की मोह-निद्रा के रहितपने में तथा समस्त प्रकार के भयों को दूर करने में आप ही असाधारण कारण हैं , दूसरा नहीं।

७६८. प्रभु-दर्शन से मेरे हृदय में अत्यन्त प्रसन्नता

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, हियएण मह सुहं समुल्लसियं।
सरिणाहेणिव सहसा, उग्गमिए पुण्णिमा इंदे।।२७।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! हृदयेन महासुखं समुल्लसितं।
सरिन्नाथेनेव सहसा, उद्गमिते पूर्णिमाचन्द्रे।।

प्रभो! आपके दर्शन से, मेरा मन बहुत प्रसन्न हुआ।
नभ में पूर्ण चन्द्र, विकसित होने पर ज्यों सागर उछला।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! जिस प्रकार चन्द्रमा के उदय होने पर समुद्र, अत्यन्त उल्लसित होता है, उसी प्रकार आपके दर्शन से मेरा हृदय, आनन्द के कारण अत्यन्त उल्लसित हो रहा है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार पूर्णिमा के चन्द्र को उदय होता देख कर समुद्र, स्वयं उल्लसित होता है, वह किसी की प्रेरणा से नहीं उछलता; उसी प्रकार हे प्रभो! आपको देखने से, बिना किसी प्रेरणा के मेरा मन, सहज उल्लसित हो रहा है।

७६९. प्रभु-दर्शन से सम्पूर्ण मनोरथों की सिद्धि का विश्वास

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, दोहिमि चक्खूहिं तह सुही अहियं।
हियए जह सहसाहो, होहि त्ति मणोरहो जाओ।।२८।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! द्वाभ्यां चक्षुभ्यां तथा सुखी अधिकम्।
हृदये यथा सहस्रार्थो, भविष्यति इति मनोरथो जातः।।

प्रभो! आपके दर्शन से, मैं इतना अधिक प्रसन्न हुआ।
जैसे मानो बहुत शीघ्र ही, मेरा मनरथ सिद्ध हुआ।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपको देख कर, मैं हृदय में इतना अधिक सुखी हुआ, मानो शीघ्र ही मेरे सारे प्रयोजन सिद्ध हो जाएँगे ह्न ऐसा मेरा सम्पूर्ण मनोरथ ही सिद्ध हुआ है।

भावार्थ ह्न मनुष्य की जो अभिलाषा हुआ करती है, यदि उसकी सिद्धि शीघ्र होने वाली हो तो उस मनुष्य के हृदय में वचनातीत आनन्द होता है; उसी प्रकार हे प्रभो! आपको देख कर, मुझे भी वचनातीत आनन्द हो रहा है अर्थात् मैं भी आपके दर्शन से अत्यन्त सुखी हुआ हूँ।

७७०. प्रभु-दर्शन से जन्मरूपी शत्रु भी मेरा परम मित्र

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भवो वि मित्तत्तणं गओ एसो।
एयम्मि ठियस्स जओ, जायं तुह दंसणं मज्झ।।२९।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भवोऽपि मित्रत्वं गत एषः।
एतस्मिन् स्थितस्य यतः, जातं तव दर्शनं मम।।

प्रभो! आपके दर्शन से, यह जन्म हुआ मेरा अति मित्र।
क्योंकि इसी जीवन में मुझको, दर्श मिला तव परमपवित्र।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपके दर्शन से यह जन्म, मेरा परम मित्र बन गया है क्योंकि इस जन्म में ही मुझे आपका दर्शन हुआ है।

भावार्थ ह्न संसार में जितने दुःखों को उत्पन्न करनेवाले पदार्थ हैं, वे किसी के हितकारी मित्र नहीं होते; इसलिए यद्यपि जन्म, जीवों का मित्र नहीं हो सकता क्योंकि वह नाना प्रकार

के दु:खों को ही देता है; किन्तु हे प्रभो! आपके दर्शन से यह जन्म भी मेरा परम मित्र बन गया है क्योंकि अनेक जन्मों के बाद इस जन्म में आपके दर्शन का मुझे सौभाग्य मिला है।

७७१. प्रभु-दर्शन एवं गाढ़ भक्ति से समस्त सिद्धियों की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भव्वाणं भूरिभत्तिजुत्ताणं।
सव्वाओ सिद्धीओ, होंति पुरो एक्कलीलाए।।३०।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भव्यानां भूरिभक्तियुक्तानाम्।
सर्वाः सिद्धयो, भवन्ति पुर एकलीलया।।

प्रभो! आपके दर्शन से जो, गाढ़ भक्ति से भव्य भरे।
दर्श मात्र से बात-बात में, उनको सिद्धि सर्व मिलें।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आपके दर्शन से अत्यन्त गाढ़ भक्तिवाले भव्य जीवों को शीघ्र ही समस्त प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

भावार्थ ह्न संसार में उत्तमोत्तम सिद्धियों की प्राप्ति यद्यपि अत्यन्त कठिन है, किन्तु हे प्रभो! जो मनुष्य, आपके अत्यन्त गाढ़ भक्त हैं अर्थात् आपके प्रति अत्यन्त भक्ति तथा श्रद्धा रखते हैं, उन मनुष्यों को केवल आपके दर्शन मात्र से ही समस्त प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

७७२. प्रभु-दर्शन से मृत्यु के समय में भी धीरता की प्राप्ति

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, सुहगइसंसाहणेक्कबीयम्मि।
कंठगयजीवियस्स वि, धीरं संपज्जए परमं।।३१।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! शुभगतिसंसाधनैकबीजे।
कण्ठगतजीवितस्यापि, धैर्यं सम्पद्यते परमम्।।

प्रभो! आपके दर्शन से, शुभ गति के साधक बीज-स्वरूप।
मरणासन्न जीव भी धारण, करता उत्तम धैर्य अनूप।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! शुभ गति की सिद्धि में असाधारण कारण ह्न ऐसे आपके दर्शन करने से जिसके प्राण कण्ठ तक आ गये हैं अर्थात् जो तत्काल मरनेवाला है ह्न ऐसे प्राणी को भी उत्तम धीरता आ जाती है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त कष्ट में पड़े हुए किसी जीव के समक्ष, उसका कोई हितैषी मनुष्य आए तो उसको एकदम धीरता आ जाती है; उसी प्रकार हे प्रभो! जिस मनुष्य

के प्राण सर्वथा कण्ठ में आ पहुँचे हैं अर्थात् जो शीघ्र ही मरनेवाला है, उस मनुष्य को यदि आपका दर्शन हो जाए तो वह शीघ्र ही धीर-वीर बन जाता है अर्थात् उसको मरण से किसी प्रकार का भय नहीं लगता। आप, जीवों को शुभ गति की प्राप्ति में एक असाधारण कारण हैं, इसलिए वह आपके दर्शन से समझ लेता है कि अब मेरे समस्त दु:ख दूर हो गये हैं।

७७३. प्रभु-दर्शन में अन्य इच्छाओं का अभाव

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, कमम्मि सिद्धे ण किं पुरा सिद्धं।
सिद्धियरं को णाणी, इहइ ण तुह दंसणं तम्हा।।३२।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! क्रमे सिद्धे न किं पुरा सिद्धम्।
सिद्धिकरं को ज्ञानी, इच्छति न तव दर्शनं तस्मात्।।

प्रभो! आपके दर्शन से है, कौन वस्तु जो मिली नहीं?।
तो फिर किस ज्ञानी को, तेरे दर्शन की अभिलाष नहीं।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! आपके दर्शन से आपके चरण-कमलों की प्राप्ति होने पर ह्न ऐसी कौनसी वस्तु बाकी रही जो मुझे न मिली हो? अर्थात् मुझे समस्त पदार्थों की सिद्धि हुई है; इसलिए ऐसा कौनसा ज्ञानी है, जो आपके दर्शनों की इच्छा न रखता हो? अर्थात् समस्त ज्ञानी पुरुष, आपके दर्शनों की अभिलाषा रखते हैं।

भावार्थ ह्न हे भगवान्! समस्त इष्ट पदार्थों की सिद्धि, अनेक जन्मों में मुझे बहुत बार हुई है, किन्तु हे जिनेश! आज तक आपके चरणों की प्राप्ति मुझे नहीं हुई है; इसलिए यदि इस समय आपके दर्शन से मुझे आपके चरणों की प्राप्ति हो गई तो मानों संसार के समस्त पदार्थों की सिद्धि हो गई। इस जगत् में ऐसा कोई ज्ञानी नहीं है, जो आपके दर्शनों की इच्छा न करें, अर्थात् समस्त ज्ञानी पुरुष, आपके दर्शनों के लिए लालायित रहते हैं।

७७४. उपसंहार में जिनेन्द्र स्तवन को तीनों काल पढ़ने की प्रेरणा

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, पोम्मकयं दंसणत्थुइं तुज्झ।
जो पहु पढइ तियालं, भवजालं सो समोसरइ।।३३।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! पद्मनन्दिकृतां दर्शनस्तुतिं तव।
यः प्रभो पठति त्रिकालं, भवजालं स स्फोटयति।।

प्रभो! आपके दर्शन कर यह, पद्मनन्दि आचार्य रचित।
दर्शन-स्तुति जो त्रिकाल पढ़ता, वह हो भवजाल रहित।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! जो भव्य जीव, पद्मनन्दि आचार्य द्वारा रचित इस दर्शन-स्तुति को तीनों काल पढ़ता है; वह जीव, संसाररूपी जाल का सर्वथा नाश कर देता है।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसाररूपी जाल का सर्वथा नाश करना अत्यन्त कठिन है, किन्तु हे प्रभो! जो मनुष्य, श्री पद्मनन्दि आचार्य विरचित इस अनुपम 'श्री जिनेन्द्र स्तवन' को प्रात:काल, मध्याह्नकाल और सायंकाल ह्न इन तीनों कालों में पढ़ता है; वह मनुष्य, शीघ्र ही संसाररूपी जाल का नाश कर देता है।

७७५. अन्त में इस दर्शन-स्तोत्र को पृथ्वी पर वृद्धिंगत करने की भावना

दिट्ठे तुमम्मि जिणवर, भणियमिणं जणियजणमणाणंदं।
भव्वेहि पढिज्जंतं, णंदउ सुयरं धरावीढे।।३४।।

दृष्टे त्वयि जिनवर! भणितमिदं जनितजनमनानन्दम्।
भव्यै: पठ्यमानं, नन्दतु सुचिरं धरापीठे।।

प्रभो! आपके दर्शन कर यह, जन-मन आनन्ददाय रचा।
पढ़ने योग्य कहा भविजन को, पृथ्वी पर हो वृद्धि सदा।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपको देख कर रचित एवं कथित यह स्तवन, समस्त भव्य जनों के मनों को आनन्द देनेवाला है और भव्य जीवों द्वारा पठ्यमान अर्थात् भव्य जीव जिसका सदैव पाठ करते हैं ह्न ऐसा यह दर्शन-स्तोत्र, इस पृथ्वी पर सदैव वृद्धि को प्राप्त हो।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री जिनेन्द्र-स्तवन'** नामक **'चौदहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

प्रसन्नचित्त से आत्मा की बात सुननेवाला

तत्प्रति प्रीतिचित्तेन, येन वार्ताऽपि हि श्रुता।
निश्चितं स भवेद्भव्यो, भाविनिर्वाणभाजनम्।।

अर्थ ह्न जिस मनुष्य ने प्रसन्नचित्त से चैतन्यस्वरूप आत्मा की बात भी सुनी है; वह भव्य पुरुष, निकट भविष्य में मुक्ति का निश्चय से पात्र होता है अर्थात् वह नियम से मोक्ष जाता है। इसलिए मोक्षाभिलाषियों को अवश्य चैतन्यस्वरूप आत्मा का अनुभव करना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, एकत्व सप्तति (अधिकार ४), श्लोक २३

अधिकार – १५

श्री सरस्वती स्तवन

७७६. 'श्री सरस्वती स्तवन' का मङ्गलाचरण

वंशस्थ

जयत्यशेषाऽमर-मौलि-लालितं,
सरस्वति! त्वत्पद-पंकज-द्वयम्।
हृदि-स्थितं यज्जन-जाड्य-नाशनं,
रजो विमुक्तं श्रयतीत्यपूर्वताम्।।१।।

सुर-मुकुटों से लालित सरस्वति, माता! तेरे चरण-कमल।
जन-मन स्थित जड़तानाशक, रज-विहीन जयवन्त विमल।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! समस्त प्रकार के देवों के मुकुटों से स्पर्शित आपके दोनों चरण-कमल, इस लोक में सदा जयवन्त हैं। आपके चरण-कमलों को समस्त देव मस्तक झुका कर नमस्कार करते हैं। वे मनुष्यों के मन में तिष्ठते हुए समस्त प्रकार की जड़ता का नाश करनेवाले हैं तथा रजरहित अपूर्वता का आश्रय करते हैं।

भावार्थ ह्न कमल स्वयं ही जड़ हैं, वे दूसरों की जड़ता का नाश नहीं कर सकते; किन्तु माँ सरस्वती के चरण-कमल, मन में स्थित होने पर समस्त जड़ता का नाश करनेवाले हैं तथा कमल तो रज (धूलि) से सहित हैं, किन्तु सरस्वती के चरण-कमल रजरहित हैं ह्न ऐसे सरस्वती के चरण-कमलों को समस्त देव, मस्तक नवा कर नमस्कार करते हैं, इसीलिए आचार्यवर सरस्वती के चरण-कमलों की आशीर्वादात्मक स्तुति करते हुए कहते हैं कि ऐसे आश्चर्य उत्पन्न करनेवाले सरस्वती के चरण-कमल इस लोक में सदैव जयवन्त रहें।

७७७. माँ सरस्वती के तेज को किसी की अपेक्षा नहीं

अपेक्षते यन्न दिनं न यामिनीं,
न चाऽन्तरं नैव बहिश्च भारति!।

न तापकृज्जाड्यकरं न तन्महः,
स्तुवे भवत्याः सकलप्रकाशकम्।।२।।

मात! आपका तेज रात-दिन, अन्तर-बाहर से निरपेक्ष।
जड़ता अरु आताप करे नहिं, सकल पदार्थ प्रकाशित हों।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती! आपका तेज न तो दिन की अपेक्षा करता है और न रात्रि की, न भीतर की अपेक्षा करता है और न बाहर की। जो न जीवों को सन्ताप देनेवाला है और न जड़ता, अपितु वह समस्त पदार्थों का प्रकाश करनेवाला है। आचार्य कहते हैं कि इस प्रकार सरस्वती के तेज को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ अर्थात् माँ सरस्वती का आश्चर्य उत्पन्न करनेवाला तेज मेरी रक्षा करे।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में सूर्य आदि के तेज मौजूद हैं, किन्तु वे एक-दूसरे की अपेक्षा करनेवाले हैं। जिस प्रकार सूर्य का तेज, दिन की अपेक्षा करनेवाला है और चन्द्रमा का तेज रात्रि की अपेक्षा करनेवाला है। सूर्य तथा चन्द्रमा, इन दोनों के तेज, मनुष्यों को नाना प्रकार के सन्ताप देनेवाले हैं अर्थात् सूर्य के तेज से मनुष्य, गर्मी के कारण व्याकुल हो जाते हैं तथा चन्द्रमा का तेज कामोत्पादक होने के कारण कामी पुरुषों को नाना प्रकार का सन्ताप देनेवाला है। इसी प्रकार सूर्य तथा चन्द्रमा के तेज, बाह्य के प्रकाशक हैं, अन्तरंग के नहीं। साथ ही सूर्य, चन्द्रमा के तेज, थोड़े पदार्थों के प्रकाशक हैं, समस्त पदार्थों के नहीं।

लेकिन सरस्वती का तेज, न तो दिन की अपेक्षा करता है और न रात्रि की; वह भीतर तथा बाहर की भी अपेक्षा नहीं करता है; वह जीवों को सन्ताप देनेवाला या जड़ता को उत्पन्न करनेवाला भी नहीं है तथा वह समस्त पदार्थों का प्रकाशक है; अतः आचार्यवर कहते हैं कि ऐसे माँ सरस्वती के तेज को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

७७८. सरस्वती के आशीर्वाद से ही कवित्व की प्राप्ति

तव स्तवे यत्कविरस्मि साम्प्रतं,
भवत्प्रसादादपि लब्धपाटवः।
सवित्रि! गंगासरितेऽर्घदायको,
भवामि तत्तज्जलपूरितांजलिः।।३।।

तव प्रसाद से कवि हुआ मैं, तेरी स्तुति करने योग्य।
गंगा-जल से अंजलि भरकर, अर्घ्य समर्पित गंगा को।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! आपकी कृपा से प्राप्त इस चातुर्य के द्वारा मैं आपकी स्तुति करने के लिए ही कवि हुआ हूँ। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि गंगा नदी के जल से अंजलि भर कर, मैं गंगा नदी को ही अर्घ्य दे रहा हूँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार गंगा नदी से जल लेकर, उसी को अर्घ्य देते हैं; उसी प्रकार हे माता! आपकी कृपा से चातुर्य प्राप्त कर, मैं आपकी स्तुति करने के लिए ही कवि हुआ हूँ।

७७९. हे सरस्वती! श्रुतकेवली भी आपका वर्णन करने में असमर्थ

श्रुतादिकेवल्यपि तावकीं श्रियं,
स्तुवन्नशक्तोऽहमिति प्रपद्यते।
जयेति वर्णद्वयमेव मादृशा,
वदन्ति यद्देवि! तदेव साहसम्।।४।।

मात! आपकी स्तुति करने, में श्रुत-केवलि भी असमर्थ।
हम जैसे तो दो अक्षर 'जय', बोलें यह भी अति साहस।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! 'श्रुत है आदि में जिनके ऐसे केवली' अर्थात् श्रुतकेवली भी 'मैं सरस्वती की शोभा-स्तुति करने में असमर्थ हूँ' ह्न ऐसा कह कर आपका वर्णन करने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं तो मुझ जैसे मनुष्यों की तो क्या बात है? अर्थात् मुझ जैसे मनुष्य आपकी स्तुति कर ही नहीं सकते। अत: हे देवी! मेरे समान मनुष्य आपके लिए 'जय' ह्न इन दो वर्णों का भी उच्चारण करते हैं तो यह बड़े साहस की बात है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

भावार्थ ह्न यद्यपि श्रुतकेवली, समस्त शास्त्रों में पारंगत होते हैं, तथापि हे सरस्वती माता! आपकी लक्ष्मी (शोभा) का वर्णन वे नहीं कर सकते। जब साक्षात् श्रुतकेवली भी आपकी शोभा का वर्णन नहीं कर सकते तो मुझ जैसे अल्पज्ञानी मनुष्यों की तो बात ही क्या है? अर्थात् मैं आपकी शोभा का वर्णन नहीं कर सकता। साथ ही हे देवी! आपकी 'जय' कहने का साहस भी हम मनुष्यों में नहीं है, अत: आपके लिए 'जय' ह्न इन दो अक्षरों के उच्चारण करने में भी हम मनुष्यों का बड़ा भारी साहस है।

७८०. हे माता! आपकी कृपा से ही जीवाजीवादि पदार्थों का ज्ञान

त्वमत्र लोकत्रयसद्मनि स्थिता,
प्रदीपिका बोधमयी सरस्वति!।

तदन्तरस्थाऽखिलवस्तुसंचयं,
जना: प्रपश्यन्ति सदृष्टयोऽप्यत:।।५।।

हे माता! तुम त्रिभुवन घर में, सम्यग्ज्ञानमयी दीपक।
जिससे ज्ञानी जीव जगत् की, सकल वस्तुओं के दर्शक।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! आप तीन लोकरूपी घर में स्थित सम्यग्ज्ञानमय उत्कृष्ट दीपक के समान हो, जिसकी कृपा से सम्यग्दृष्टि जीव, उन तीन लोकों के भीतर रहनेवाले जीवाजीवादि पदार्थों को भलीभाँति देख लेते हैं।

भावार्थ ह्न नाना प्रकार के पदार्थों से युक्त घर में अन्धकार के समय दीपक रखा हो तो नेत्रवाला पुरुष, उस दीपक की सहायता से समस्त पदार्थों को भलीभाँति देख लेता है; उसी प्रकार इस तीन लोकरूपी घर में एक कोने से दूसरे कोने तक जीवाजीवादि पदार्थ भली-भाँति भरे हुए हैं, उस त्रिलोकरूपी घर में समस्त पदार्थों का प्रकाश करनेवाली हे माता! आप उत्कृष्ट दीपक के समान हैं क्योंकि आपकी कृपा से ही सम्यग्दृष्टि पुरुष, तीन लोक में भरे हुए समस्त पदार्थों को भली-भाँति जानते-देखते हैं।

७८१. हे सरस्वती माता! आपका मार्ग अक्षुण्ण और निर्मल

नभ: समं वर्त्म तवातिनिर्मलं,
पृथु प्रयातं विबुधैर्न कैरिह।
तथापि देवि! प्रतिभासते तरां,
यदेतदक्षुण्णमिव क्षणेन तत्।।६।।

नभवत् निर्मल विस्तृत तव पथ, कौन सुबुध नहिं गमन करे।
किन्तु भासता है क्षण भर में, माता! वह अक्षुण्ण अरे!।।

अर्थ ह्न हे देवी! आपका मार्ग, आकाश के समान अत्यन्त निर्मल और विस्तीर्ण है, उस मार्ग में ऐसे कौन विबुध हैं, जो नहीं गये हों? अर्थात् सभी गये हैं; तथापि हे माता! ऐसा प्रतीत होता है कि आपका वह मार्ग अक्षुण्ण ही है, मानो उस मार्ग से कोई नहीं गया है।

भावार्थ ह्न जैसे अनेक देवों के गमनागमन का आकाश मार्ग, अत्यन्त निर्मल एवं विस्तीर्ण होता है, किन्तु क्षणमात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि इस मार्ग से कोई भी नहीं गया है; उसी प्रकार हे सरस्वती माता! आपका मार्ग भी अत्यन्त निर्मल और विस्तीर्ण है। आपके मार्ग से अनेक विद्वानों के जाने पर भी आपका मार्ग क्षणमात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि उस मार्ग से कोई गया ही नहीं है अर्थात् हे सरस्वती माता! आपका मार्ग अत्यन्त गहन है।

७८२. हे माता! आपके कृपा से ही मोक्ष की प्राप्ति

तदस्तु तावत्कवितादिकं नृणां,
तव प्रभावात्कृतलोकविस्मयम्।
भवेत्तदप्याशु पदं यदीक्षते,
तपोभिरुग्रैर्मुनिभिर्महात्मभिः।।७।।

जग-विस्मयकर कवितादिक गुण, तव प्रसाद से मनुज लहें।
जिस पद को तप से मुनि चाहें, वह भी माता सहज मिले।।

अर्थ ह्न हे माता! इस लोक में मनुष्यों को, कवित्वादि अनेक गुण आपकी कृपा से प्राप्त होते हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं; किन्तु जिस पद को बड़े-बड़े मुनिराज, कठिन तप करके प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं, वह पद भी आपकी कृपा से सहज प्राप्त हो जाता है।

भावार्थ ह्न हे सरस्वती माता! जो मनुष्य आपके उपासक हैं, जिनके ऊपर आपकी कृपा है; उन मनुष्यों को आपकी कृपा-प्रसाद से समस्त लोक में आश्चर्य उत्पन्न करने वाले कवित्व आदि अनेक गुणों की प्राप्ति होती है अर्थात् अपनी सुन्दरतम कविताओं के माध्यम से वे समस्त लोक का मन मोह लेते हैं तथा आपकी कृपा से वे मनुष्य, मोक्षपद की भी प्राप्ति कर लेते हैं, जिसे पाने की इच्छा बड़े-बड़े मुनिगण, अपने उग्र तप के द्वारा करते हैं।

७८३. हे सरस्वती माता! आपकी कृपा से ही समस्त गुणों की प्राप्ति

भवत्कला यत्र न वाणि मानुषे,
न वेत्ति शास्त्रं स चिरं पठन्नपि।
मनागपि प्रीतियुतेन चक्षुषा,
यमीक्षसे कैर्न गुणैः स भूष्यते।।८।।

पढ़ें निरन्तर किन्तु न जानें, शास्त्रों को तव कृपा-विहीन।
तनिक स्नेहमय नेत्रों से तुम, देखो तो गुण कौन नहीं?।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! जिस मनुष्य में आपकी कला नहीं है अर्थात् जो मनुष्य आपका कृपा-पात्र नहीं है, वह बहुत काल तक पढ़ता हुआ भी शास्त्र को नहीं जानता; किन्तु जिस मनुष्य को आप थोड़ा-भी स्नेहयुक्त नेत्र से देख लेती हो अर्थात् जो आपका कृपा-पात्र बन जाता है, वह मनुष्य संसार में समस्त गुणों से विभूषित होता है अर्थात् बिना प्रयत्न के ही वह समस्त गुणों का भण्डार बन जाता है।

भावार्थ ह्न हे माता! यदि कोई मनुष्य, आपकी कृपा के बिना मात्र पढ़-पढ़ कर, विद्वान् बनना चाहे, वास्तविक तत्त्वों का ज्ञान करना चाहे तो यह कदापि नहीं हो सकता, किन्तु जिस मनुष्य पर आपकी थोड़ी भी कृपा होती है, वह मनुष्य बिना पढ़े ही विद्वत्ता आदि अनेक गुणों को प्राप्त कर लेता है, इसलिए आपकी कृपा मनुष्यों का कल्याण करनेवाली है।

७८४. केवली भगवान के सर्वज्ञ बनने में आप ही कारण

स सर्ववित्पश्यति वेत्ति चाखिलं,
न वा भवत्या रहितोऽपि बुध्यते।
तदत्र तस्यापि जगत्त्रयप्रभोः,
त्वमेव देवि! प्रतिपत्तिकारणम्।।९।।

बिना तुम्हारे सकल जगत् को, केवलि नहिं देखें जानें।
अतः आप ही त्रिभुवनपति के, पूर्णज्ञान में कारण हैं।।

अर्थ ह्न हे माता! संसार में केवली भगवान समस्त पदार्थों को भलीभाँति देखते-जानते हैं, वह सब आपकी ही कृपा है। आपकी कृपा के बिना उनका जानना-देखना कुछ भी सम्भव नहीं; इसलिए हे माता! तीन जगत् के प्रभु केवली के ज्ञान-दर्शन में आप ही कारण हैं।

भावार्थ ह्न हे सरस्वती! यदि आप न होती तो समस्त जगत् के प्रभु केवली भगवान भी पदार्थों को न देख सकते थे और न जान सकते थे; इसलिए केवली भगवान द्वारा समस्त पदार्थों को जानने-देखने में केवल आप ही एक असाधारण कारण हो।

७८५. जिनवाणी के बिना मनुष्यभव की निरर्थकता

चिरादतिक्लेश-शतैर्भवाऽम्बुधौ,
परिभ्रमन् भूरि नरत्वमश्नुते।
तनूभृदेतत् पुरुषार्थ-साधनं,
त्वया विना देवि! पुनः प्रणश्यति।।१०।।

भवदधि में चिर भ्रमे जीव, बहु कष्टों से नरगति पाता।
जिसमें हों पुरुषार्थ सभी, पर बिना आपके खो देता।।

अर्थ ह्न इस संसार-समुद्र में चिरकाल से भ्रमण करता हुआ यह जीव, सैंकड़ों क्लेशों को सह कर, मनुष्य जन्म पाता है तथा वह मनुष्य जन्म ही समस्त पुरुषार्थों का एकमात्र साधन है; अतः हे देवी! आपके बिना प्राप्त हुआ वह मनुष्य भव भी व्यर्थ हो जाता है।

भावार्थ ह्न चार गतियों में मनुष्य गति (मनुष्य भव) अत्युत्तम है क्योंकि इसी भव में जीव, कर्मों से छूटने का उपाय कर सकते हैं, मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं; किन्तु यह मनुष्य भव, बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है। इस मनुष्य भव की प्राप्ति का फल, यथार्थ तत्त्वज्ञानी बनना है और तत्त्वज्ञानी बनने का उपाय, सरस्वती की सच्ची सेवा है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि हे सरस्वती माता! यदि आपकी कृपा न हो तो मनुष्य का मनुष्य भव पाना व्यर्थ ही है क्योंकि आपकी कृपा के बिना मनुष्य, यथार्थ ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते और यथार्थ ज्ञान के बिना मनुष्य भव की प्राप्ति का फल नहीं मिलता।

७८६. हे माता! आपके अनुग्रह बिना मनुष्यभव की निष्फलता

कदाचिदम्ब! त्वदनुग्रहं विना,
श्रुते ह्यधीतेऽपि न तत्त्वनिश्चयः।
ततः कुतः पुंसि भवेद्विवेकिता,
त्वया विमुक्तस्य तु जन्म निष्फलम्।।११।।

शास्त्र पढ़ें पर नहीं तत्त्व-निर्णय माँ! तेरी कृपा-विहीन।
कैसे हो सकता विवेक? नर-जन्म वृथा यदि कृपा नहीं।।

अर्थ ह्न हे माता! आपके अनुग्रह के बिना शास्त्र का भले प्रकार अध्ययन करने पर भी वास्तविक तत्त्व का निश्चय नहीं होता और वास्तविक तत्त्व-निश्चय के बिना मनुष्य में हिताहित विवेक भी जागृत नहीं हो सकता; इसलिए हे देवी! आपके अनुग्रह से रहित पुरुषों का मनुष्य जन्म पाना निष्फल ही है।

भावार्थ ह्न जिस समय मनुष्य को यथार्थ तत्त्व का निश्चय (श्रद्धान) होता है, उसी समय मनुष्य को यह पदार्थ त्यागने योग्य है और यह पदार्थ ग्रहण करने योग्य है ह्न ऐसा विवेक जागृत होता है। इनकी प्राप्ति शास्त्र-अध्ययन से होती है, बिना शास्त्र-अध्ययन के नहीं। यहाँ आचार्य सरस्वती की स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे माता! कोई मनुष्य, भलीभाँति शास्त्र का पाठी ही क्यों न हो? किन्तु आपकी कृपा-दृष्टि के बिना वह तत्त्वों का यथार्थ निर्णय नहीं कर सकता और पदार्थों के निर्णय बिना उसे हेय-उपादेय का ज्ञान भी नहीं हो सकता। अतः आपकी कृपा के बिना अत्यन्त कष्टों से प्राप्त यह मनुष्य भव व्यर्थ ही चला जाता है। इसलिए हे माता! आप ही जीवों को तत्त्व-निश्चय एवं हिताहित-विवेक में कारण हैं। आपकी कृपा से ही मनुष्य भव की सार्थकता है।

७८७. हे माता! आपके माध्यम से ही मोक्ष की प्राप्ति

विधाय मातः प्रथमं त्वदाश्रयं,
श्रयन्ति तन्मोक्षपदं महर्षयः।
प्रदीपमाश्रित्य गृहे तमस्तते,
यदीप्सितं वस्तु लभेत मानवः॥१२॥

माता! तेरे आश्रय से ही, महाऋषि शिवपद पाते।
अन्धकार से भरे सदन में, दीपक से जन वस्तु लखें।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मनुष्य, अन्धकार से व्याप्त घर में दीपक के आश्रय से इष्ट वस्तु को प्राप्त कर लेते हैं, उसी प्रकार हे माता! बड़े-बड़े ऋषि, आपका आश्रय करके प्रसिद्ध मोक्षपद को प्राप्त का लेते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त अन्धकार भरे घर से कोई मनुष्य, बिना दीपक के अपनी इष्ट वस्तु को निकाल कर कदापि नहीं ला सकता, किन्तु दीपक की सहायता से ला सकता है, अतः वह मनुष्य, दीपक की चाह करता है; उसी प्रकार हे माता सरस्वती! बड़े-बड़े मुनिराज, आपकी कृपा के बिना मोक्षपद को प्राप्त करना चाहें तो वे कदापि नहीं कर सकते, किन्तु आपकी सहायता से वे शीघ्र ही मोक्ष प्राप्त करते हैं। इसलिए सबसे प्रथम वे आपका आश्रय करते हैं, पश्चात् मोक्ष को जाते हैं। इस प्रकार अत्यन्त तपस्वी मुनियों को भी मोक्ष-प्राप्ति में एक आप ही कारण हैं।

७८८. हे सरस्वती! आप अनेक आश्चर्यकारी चेष्टाओं की धारक

त्वयि प्रभूतानि पदानि देहिनां,
पदं तदेकं तदपि प्रयच्छसि।
समस्तशुक्लाऽपि सुवर्ण-विग्रहा,
त्वमत्र मातः कृतचित्रचेष्टिता॥१३॥

तुझमें हैं अनेक पद माता! किन्तु एक पद देती हो।
पूर्णरूप से शुक्ला हो पर, तन सुवर्ण आश्चर्य अहो!।।

अर्थ ह्न हे माता! यद्यपि तुझमें अनेक पद हैं तो भी तू जीवों को एक ही पद देती है तथा चारों ओर से अत्यन्त शुक्ल होने पर भी सुवर्ण-विग्रहा (सुवर्ण के समान शरीर को धारण करनेवाली) है, इस प्रकार संसार में आप आश्चर्यकारी चेष्टाओं को धारण करनेवाली हैं।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में विरोधाभास अलंकार है। आचार्य, शब्दों से विरोध दिखाते हुए कहते हैं कि जो अनेक पदों को धारण करनेवाला है, वह जीवों को एक ही पद क्यों देता है? तथा जो चारों तरफ से सफेद है, वह स्वर्ण के समान शरीर को धारण कैसे करता है? इस विरोध का अर्थ से परिहार करते हुए आचार्य कहते हैं कि हे माता! यद्यपि आप में अनेक पद (सुबन्त तथा तिङन्तरूप) मौजूद हैं, तथापि अपने भक्तों को आप एक मोक्षपद ही देती हैं; यद्यपि आप अत्यन्त शुक्ल (उज्ज्वल) हैं, तथापि सुवर्ण-विग्रहा (श्रेष्ठ वर्णरूपी अक्षरशरीर को धारण करनेवाली) हैं। इस प्रकार आप अनेक चेष्टाओं (आश्चर्य) को उत्पन्न करती हैं।

तात्पर्य यह है कि हे माता! आप अनेक सुबन्त तथा तिङन्त पदों को धारण करनेवाली एवं जीवों को मोक्ष देनेवाली हो। आप ही सर्वथा निर्मल एवं श्रेष्ठ वर्णरूपी शरीरवान् हो।

७८९. भगवान की वाणी सुनने पर हर्ष की प्राप्ति

समुद्रघोषाकृतिरर्हति प्रभौ,
यदा त्वमुत्कर्षमुपागता भृशम्।
अशेषभाषात्मतया त्वया तदा,
कृतं न केषां हृदि मातरद्भुतम्।।१४।।

अति उत्कर्ष प्राप्त कर प्रभु में, माता सागर-घोष समान
सब भाषामय रूप तुम्हारा, जन-जन को आश्चर्य महान।।

अर्थ - हे माता! जिस समय आप भगवान् अर्हन्त में अत्यन्त उत्कर्ष को प्राप्त हुई थीं अर्थात् समवसरण में भगवान् अर्हन्त के मुख से दिव्यध्वनि के रूप में प्रकट हुई थीं, उस समय आपकी ध्वनि, समुद्र के समान धीर-गम्भीर और अनेक भाषास्वरूप थी; जिसे देखकर किसके मन में आश्चर्य नहीं हुआ था? अर्थात् आपको सुन कर सभी जीवों को आश्चर्य हुआ था।

भावार्थ ह्न जब ज्ञानावरणादि चार घातिया कर्मों के नष्ट होने पर केवलज्ञान की प्राप्ति होती है, तब बिना इच्छा के ही केवली भगवान की दिव्यवाणी प्रगट होती है। उस समय का विचार कर ग्रन्थकार सरस्वती की स्तुति करते हैं कि हे माता! जिस समय आप केवली के मुख से दिव्यध्वनिरूप परिणत होकर निकलती हैं, उस समय आपकी ध्वनि समुद्र के समान धीर-गम्भीर होती है, जिसे दूर बैठे हुए पशु-पक्षी भलीभाँति सुन सकते हैं; उस समय समस्त भाषास्वरूप परिणत होकर आप केवली भगवान के श्रीमुख से प्रकट होती हो तो पशु-पक्षी आदि भी अपनी-अपनी भाषा में आपको समझ लेते हैं, उन्हें परमार्थभूत तत्त्व का

भली-भाँति निश्चय हो जाता है, तब आपको इस स्वरूप में देख कर लोग बड़ा आश्चर्य करते हैं।

७९०. तीन लोक के यथार्थ नेत्रस्वरूप जिनवाणी

सचक्षुरप्येष जनस्त्वया विना,
यदन्ध एवेति विभाव्यते बुधैः।
तदस्य लोकत्रितयस्य लोचनं,
सरस्वति! त्वं परमार्थदर्शने।।१५।।

बिना आपके चक्षु सहित नर, को भी अन्ध कहें विद्वान।
निश्चय से त्रिभुवन-दर्शन में, मात्र आप ही नेत्र समान।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती! आपके बिना इस पुरुष को नेत्रसहित होने पर भी विद्वान् लोग अन्धा ही समझते हैं, अतः तीन लोक के वास्तविक दर्शन हेतु आप ही अद्वितीय नेत्र हैं।

भावार्थ ह्न इस लोक में विद्यमान अनेक पदार्थों में मोक्ष ही उत्तम पदार्थ है। उस परम पदार्थ का दर्शन करना ही नेत्र का फल कहलाता है। यदि मोक्ष का दर्शन, नेत्र से न हो तो वह नेत्र ही नहीं है; अतः आचार्य कहते है कि आँखों से मोक्षरूप परम पुरुषार्थ का दर्शन नहीं होने के कारण विद्वान् लोग, आँखवाले पुरुषों को अन्धा ही कहते हैं। हे सरस्वती! आपकी कृपा से प्राप्त परमार्थ तत्त्वदर्शन में ही नेत्रों की सच्ची सफलता है।

७९१. जिनवाणी की कृपा से कवित्व एवं वक्तृत्व की प्राप्ति

गिरा नरप्राणितमेति सारतां,
कवित्ववक्तृत्वगुणे च सा च गीः।
इदं द्वयं दुर्लभमेव ते पुनः,
प्रसादलेशादपि जायते नृणाम्।।१६।।

जीवन सफल वचन से अरु, कवि-वक्तापन से वचन सफल।
किन्तु आपकी कृपा मात्र से, दोनों गुण पा लेते नर।।

अर्थ ह्न मनुष्य का जीवन, वाणी से सफल समझा जाता है तथा कवित्व एवं वक्तृत्व गुण के होने पर वाणी सारभूत समझी जाती है। इस संसार में कविपना एवं वक्तापना प्राप्त होना दुर्लभ है, किन्तु आपके थोड़े ही अनुग्रह से ये दोनों गुण सहज प्राप्त हो जाते हैं।

भावार्थ ह्न इस संसार में बड़े कष्टों से मनुष्य जीवन प्राप्त होता है तथा उसमें वाणी

की प्राप्ति न हो तो अत्यन्त दुःखों से पाया हुआ वह मनुष्य जन्म, निस्सार समझा जाता है; इसलिए मनुष्य जीवन की सफलता वाणी से है और वाणी की सफलता कवित्व एवं वक्तृत्व से होती है क्योंकि वाणी की प्राप्ति होने पर यदि सुन्दर कविता करना, अच्छी तरह बोलना नहीं आता तो उस वाणी का मिलना या न मिलना एक-सा ही है। संसार में 'कविपना तथा वक्तापना' ये दोनों बातें मिलना अत्यन्त दुर्लभ हैं, किन्तु हे माता सरस्वती! आपकी कृपा से इन बातों को मनुष्य सहज प्राप्त कर लेते हैं अर्थात् जिस मनुष्य पर आपकी कृपा होती है, वह मनुष्य प्रसिद्ध कवि और अच्छी तरह बोलनेवाला वक्ता भी बन जाता है।

७९२. जिनवाणी के संस्कार से ही कानों की पवित्रता

नृणां भवत्सन्निधिसंस्कृतं श्रवो,
विहाय नान्यद्धितमक्षयं च तत्।
भवेद्विवेकार्थमिदं परं पुनः,
विमूढतार्थं विषयं स्वमर्पयत्।।१७।।

कान आपसे संस्कारित जो, वे ही अविनाशी हितकार।
उनसे ही नर को विवेक हो, विषय-लीनता से कुविकार।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! जिस कान का आपके समीप संस्कार किया गया है अर्थात् जो कान आपके सहवास से शुद्ध एवं पवित्र किया गया है, वही कान, हित को करनेवाला तथा अविनाशी है; किन्तु उससे भिन्न कान, न हितकारी है और न अविनाशी है। आपके सहवास से पवित्र कान ही मनुष्यों में विवेक के लिए होते हैं; किन्तु उससे भिन्न विषयों की ओर झुकता हुआ कान, विवेक के लिए नहीं; अपितु विशेषरूप से मूढता के लिए होता है।

भावार्थ ह्न हे माता! जिस कान से आपके द्वारा प्रतिपादित असली तत्त्व सुना जाता है, वही कान, मनुष्यों को हित करनेवाला होता है अर्थात् उस कान से असली तत्त्वों को सुन कर, मनुष्य खोटे मार्ग में प्रवृत्त नहीं होता, अपितु हितकारी मार्ग से गमन करता है; वही कान अविनाशी है अर्थात् उसका कभी नाश नहीं होता तथा जिस कान से आपके असली तत्त्व नहीं सुने जाते, वह कान न तो मनुष्यों को हित करनेवाला होता है और न अविनाशी ही होता है।

हे सरस्वती! यथार्थ तत्त्व सुने हुए पवित्र कान ही मनुष्यों को विवेक के लिए होते हैं अर्थात् उस कान से असली तत्त्वों को समझ कर, मनुष्य यह बात जान लेते हैं कि यह वस्तु हमें त्यागने योग्य है तथा यह वस्तु हमें ग्रहण करने योग्य है; किन्तु तत्त्व की बात से भिन्न कान, मनुष्यों को विवेक के लिए नहीं, अपितु मूढ़ता के लिए ही होते हैं क्योंकि वह कान,

अन्य विषय अर्थात् खोटे गायन आदि शब्द सुनने में प्रवृत्त हो जाते हैं, इसलिए उस कान की कृपा से मनुष्य और अधिक मूढ़ बन जाते हैं।

७९३. एक-अनेक धर्म से संयुक्त जिनवाणी माता

कृतापि तालोष्ठपुटादिभिर्नृणां,
त्वमादिपर्यन्तविवर्जितस्थितिः।
इति त्वयापीदृशधर्मयुक्तया,
स सर्वथैकान्तविधिर्विचूर्णितः।।१८।।

तालु-ओष्ठ-पुटों से जन्मी, माता! किन्तु अनादि-अनन्त।
उभय धर्म संयुक्त किया, एकान्तवाद का तुमने अन्त।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! यद्यपि तू मनुष्यों के तालु तथा ओष्ठ-पुटों से उत्पन्न हुई है, तथापि तेरी स्थिति, आदि-अन्त से रहित है; अतः ऐसे धर्मों से संयुक्त हे सरस्वती! तूने सर्वथा एकान्त मार्ग का नाश कर दिया है ह्न ऐसा भली-भाँति प्रतीत होता है।

भावार्थ ह्न अनेक विद्वानों का यह सिद्धान्त है कि सरस्वती, कण्ठ-तालु-ओष्ठ आदि स्थानों से उत्पन्न हुई है, किन्तु यह एकान्त सिद्धान्त, उनका वास्तविक सिद्धान्त नहीं है क्योंकि यदि ऐसा माना जाए तो सरस्वती आदि-अन्त से रहित नहीं हो सकती; अतः अनेकान्त मत को मान कर ऐसा स्वीकार करना चाहिए कि किसी अपेक्षा से सरस्वती, कण्ठ-तालु-ओष्ठ आदि स्थानों से उत्पन्न हुई है तथा किसी अपेक्षा आदि-अन्त से रहित है अर्थात् द्रव्यश्रुत की तो तालु-कण्ठ-ओष्ठ आदि स्थानों से उत्पत्ति हुई है, लेकिन भावश्रुत ज्ञानात्मक है, इसलिए शुद्ध निश्चयनय से वह आदि-अन्त से रहित है। इसी आशय को लेकर इस श्लोक में आचार्य सरस्वती माता की स्तुति करते हुए कहते हैं कि हे माता! आप किसी अपेक्षा से कण्ठ-तालु-ओष्ठ आदि स्थानों से उत्पन्न हुई हो तथा किसी अपेक्षा से आदि-अन्त से रहित हो। इस प्रकार अनेकान्तात्मक धर्मों को धारण करने से आपने एकान्त-विधि का सर्वथा नाश कर दिया है।

७९४. कामधेनु आदि की उपमा से रहित जिनवाणी

अपि प्रयाता वशमेकजन्मनि,
द्युधेनुचिन्तामणिकल्पपादपाः।
फलन्ति हि त्वं पुनरत्र चापरे,
भवे कथं तैरुपमीयसे बुधैः।।१९।।

कामधेनु-चिन्तामणि-सुरतरु, एक जन्म में फल दायक।
उभय जन्म में फल देती माँ, अत: नहीं उपमा लायक।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती! पुण्योदय से प्राप्त कामधेनु, चिन्तामणि तथा कल्पवृक्ष एक ही भव में मनुष्यों को इष्ट फल देते हैं, किन्तु आप इस भव तथा परभव, दोनों में मनुष्यों को इष्ट फल देनेवाली हो; इसलिए आपको कामधेनु आदि की उपमा कभी भी नहीं दी जा सकती है।

भावार्थ ह्न हे सरस्वती! बहुत से कवि, आपका वर्णन करते हुए आपको कामधेनु, चिन्तामणि तथा कल्पवृक्ष आदि की उपमा देते हैं, किन्तु आपको इस प्रकार की उपमा देना योग्य नहीं है क्योंकि यदि किसी रीति से कामधेनु आदि मनुष्य के ऊपर सन्तुष्ट हो जाएँ तो भी इसी भव में इष्ट फलों को दे सकते हैं, दूसरे भव में नहीं; किन्तु हे माता! यदि आप किसी जीव पर सन्तुष्ट हो जाएँ तो आप उसको इहभव तथा परभव अर्थात् दोनों ही भवों में इष्ट फल को देती हो; अत: वे कदापि आपकी समानता को धारण नहीं कर सकते हैं।

७९५. बहिरङ्ग एवं अन्तरङ्ग अन्धकार को दूर करनेवाली

अगोचरो वासरकृन्निशाकृतो:,
जनस्य यच्चेतसि वर्तते तम:।
विभिद्यते वागधिदेवते त्वया,
त्वमुत्तमज्योतिरिति प्रगीयसे।।२०।।

सूर्य-चन्द्र भी देख सकें नहिं, मोह-तिमिर जन-मन में व्याप्त।
माता! तू ही मोह-विनाशक, उत्तम ज्योति कहते आप्त।।

अर्थ ह्न हे वागधिदेवते! हे सरस्वती! जो अन्धकार, सूर्य तथा चन्द्रमा के भी गोचर नहीं है अर्थात् जिस अन्धकार को न सूर्य देख सकता है और न चन्द्रमा देख सकता है ह्न ऐसे मनुष्यों के चित्त में विद्यमान अन्धकार का तू नाश करती है; इसलिए इस संसार में तू ही उत्तम ज्योति है ह्न ऐसा विद्वान् मनुष्य, तेरा गुण-गान करते हैं।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में सूर्य, चन्द्र, दीपक, रत्न आदि बहुत से पदार्थ अन्धकार के नाशक हैं, किन्तु वे सब बाहरी अन्धकार का ही नाश करते हैं; मनुष्यों के चित्त में स्थित भीतरी अन्धकार का नाश नहीं कर सकते क्योंकि वह अन्धकार, उनसे अगोचर है। किन्तु हे माता! आप अन्तरंग अन्धकार का भी नाश करती हो; इसलिए सूर्य, चन्द्र आदि समस्त ज्योतियों में आप ही उत्तम ज्योति हो ह्न ऐसा कह कर, बड़े-बड़े विद्वान् कवि, आपका गुणगान करते हैं।

७९६. मनुष्य के चित्त को आनन्द देनेवाली माता जिनवाणी

जिनेश्वर-स्वच्छ-सर:सरोजिनी,
त्वमंग-पूर्वादि-सरोज-राजिता।
गणेश-हंस-व्रज-सेविता सदा,
करोषि केषां न मुदं परामिह।।२१।।

मात! कमलिनी जिनवर सर की, शोभित द्वादश अंग कमल।
शोभित हो गणधर समूह से, जग में किसे न हर्ष विमल।।

अर्थ ह्न हे माता सरस्वती! आप जिनेश्वररूपी निर्मल सरोवर की कमलिनी और ग्यारह अंग चौदह पूर्वरूपी कमल से सुशोभित हो, गणधररूपी हंसों के समूह से सेवित हो; इसलिए आप इस संसार में किसे उत्तम हर्ष की करनेवाली नहीं हो? अर्थात् अवश्य हो।

भावार्थ ह्न जो कमलिनी, उत्तम सरोवर में उत्पन्न हुई है, जिसके चारों ओर भाँति-भाँति के कमल शोभा बढ़ा रहे हैं तथा अत्यन्त मनोहर हंसों का समूह, जिसकी सेवा कर रहा है - ऐसी कमलिनी जिस प्रकार सभी के चित्त को प्रसन्न करनेवाली होती है; उसी प्रकार हे माता सरस्वती! आप भी जिनेश्वररूपी उत्तम सरोवर से पैदा हुई हो अर्थात् आपको भी केवली भगवान ने प्रगट किया है। आप ग्यारह अंग चौदह पूर्व को धारण करनेवाली हो। बड़े-बड़े गणधर आपकी सेवा करते हैं तो फिर आप मनुष्यों के चित्त को क्यों नहीं प्रसन्न करती हो? अर्थात् अवश्य ही आपको सुन कर मनुष्य प्रसन्न होते हैं।

७९७. सरस्वती की कृपा से समस्त वस्तुओं की प्राप्ति

परात्म-तत्त्व-प्रतिपत्ति-पूर्वकं,
परं पदं यत्र सति प्रसिद्ध्यति।
कियत्ततस्ते स्फुरत: प्रभावतो,
नृपत्वसौभाग्यवरांगनादिकम्।।२२।।

मात! आपके ही प्रसाद से, तत्त्वज्ञानपूर्वक शिव प्राप्त।
तव प्रसाद से राज्यलक्ष्मी आदि, सब मिलें इसमें क्या बात?।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती! आपकी कृपा से परमात्मतत्त्व के ज्ञानपूर्वक परमपद (मोक्षपद) की सिद्धि हो जाती है, तब आपके दैदीप्यमान प्रभाव के सामने राजापना, सौभाग्य तथा उत्तम स्त्री आदि की प्राप्ति क्या चीज है?

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में राजापना, सौन्दर्य और उत्तम स्त्री आदि की प्राप्ति भी कठिन है; किन्तु हे माता! आपके दैदीप्यमान प्रभाव के सामने इनकी प्राप्ति होना कठिन नहीं है अर्थात् जिसके ऊपर आपकी कृपा है, वह भाग्यशाली बिना ही परिश्रम के इन पदार्थों को प्राप्त कर लेता है। संसार में अत्यन्त कठिनता से प्राप्त परमात्मतत्त्व का ज्ञान तथा मोक्षपद की प्राप्ति भी जब मनुष्य, आपकी कृपा से शीघ्र कर लेता है, तब मोक्षपद की अपेक्षा अत्यन्त सुलभ नृपत्व, सौभाग्यादि चीजों का प्राप्त करना क्या कठिन बात है? अर्थात् अत्यन्त सरल है।

७९८. आपकी भक्ति से सम्यग्ज्ञान (श्रुतज्ञान) की प्राप्ति

त्वदंघ्रि-पद्म-द्वय-भक्ति-भाविते,
तृतीयमुन्मीलति बोधलोचनम्।
गिरामधीशे सह केवलेन यत्,
समाश्रितं स्पर्धमिवेक्षतेऽखिलम्।।२३।।

तेरे चरण-कमल की भक्ति, खोले तीजा नेत्र सुजान।
सकल-बोध से होड़ लगाके, सब जग देखे वह श्रुतज्ञान।।

अर्थ ह्न हे माता सरस्वती! जो भव्य मनुष्य, आपके दोनों चरण-कमलों की भक्ति तथा सेवा करता है, उस मनुष्य के तीसरा सम्यग्ज्ञानरूपी नेत्र प्रगट होता है। यह सम्यग्ज्ञानरूपी नेत्र, केवलज्ञान के साथ ईर्ष्या करके ही मानों समस्त पदार्थों को देखता-जानता है।

भावार्थ ह्न सरस्वती की कृपा से जीवों को सम्यक् श्रुतज्ञान की प्राप्ति होती है और उससे केवलज्ञान के समान समस्त पदार्थ जाने जाते हैं। भेद इतना ही है कि केवलज्ञान, पदार्थों को प्रत्यक्षरूप से जानता है क्योंकि केवल आत्मा की सहायता से होनेवाला केवलज्ञान प्रत्यक्षज्ञान है तथा श्रुतज्ञान, पदार्थों को परोक्षरूप से जानता है क्योंकि वह मन की सहायता से होता है, इसलिए उसे परोक्षज्ञान कहते हैं; किन्तु पदार्थों के जानने में दोनों ज्ञान समान ही हैं। इसलिए आचार्यवर स्तुति करते हैं कि हे माता! जो मनुष्य आपके दोनों चरण-कमलों का भक्त है, उस मनुष्य को सम्यक् श्रुतज्ञान की प्राप्ति होती है और उस श्रुतज्ञान से वह मनुष्य केवलज्ञान के समान समस्त पदार्थों को भलीभाँति जानता है।

७९९. समस्त लोक की शुद्धि का कारण

त्वमेव तीर्थं शुचिबोधवारिमत्,
समस्त-लोकत्रय-शुद्धिकारणम्।

त्वमेव चाऽऽनन्द-समुद्र-वर्धने,
मृगांकमूर्तिः परमार्थदर्शिनाम्।।२४।।

तुम्हीं तीर्थ शुचि ज्ञान-नीरमय, त्रिभुवन को भी शुद्ध करो।
तुम्हीं चन्द्र परमार्थ-दर्शि के, सुख-समुद्र में वृद्धि करो।।

अर्थ ह्न हे माता सरस्वती! सम्यग्ज्ञानरूपी जल से भरा हुआ तथा समस्त लोकों की शुद्धि का कारण तू ही पवित्र तीर्थ है तथा जो पुरुष, परमार्थ को देखनेवाले हैं, उन मनुष्यों के आनन्दरूपी समुद्र को बढ़ाने में तू ही चन्द्रमा है।

भावार्थ ह्न जिससे भव्य जीव तिरें, उसे **तीर्थ** कहते हैं। जिस प्रकार लोग, अत्यन्त निर्मल जल से भरे गंगा आदि तीर्थों को तीन लोक की शुद्धि का कारण समझते हैं, उसी प्रकार हे माता! आप सम्यग्ज्ञानरूपी जल से भरी हुई, समस्त लोक की शुद्धि का कारण हैं। आप ही यथार्थ तीर्थ हैं अर्थात् जो मनुष्य, आप में गोता लगाते हैं, वे अत्यन्त शुद्धि को प्राप्त होते हैं। जिस प्रकार चन्द्रमा के उदित होने पर समुद्र वृद्धि को प्राप्त होता है; उसी प्रकार हे माता! जो परमार्थ को देखनेवाले हैं, उनके आनन्दरूपी समुद्र को बढ़ाने में आप चन्द्रमा के समान हो।

८००. समस्त ज्ञानों की प्राप्ति में जिनवाणी ही कारण

त्वयादिबोधः खलु संस्कृतो व्रजेत्,
परेषु बोधेष्वखिलेषु हेतुताम्।
त्वमक्षि पुंसामतिदूरदर्शने,
त्वमेव संसारतरोः कुठारिका।।२५।।

तुमसे हुआ पवित्र ज्ञान-मति, अन्य ज्ञान का कारण है।
तुम्हीं दूरदर्शन में चक्षु, भव-तरु हेतु कुठार कहें।।

अर्थ ह्न हे वागधिदेवते! हे सरस्वती! आपके द्वारा अत्यन्त पवित्र किया हुआ मतिज्ञान ही समस्त श्रुत एवं मनःपर्यय आदि ज्ञानों में कारण है। अत्यन्त दूर की वस्तु देखने में तू ही मनुष्य का नेत्र है और संसाररूपी वृक्ष को काटने के लिए तू ही कुठार है।

भावार्थ ह्न हे माता! समस्त ज्ञानों में तू ही एकमात्र कारण है अर्थात् तेरी कृपा से समस्त ज्ञान, आत्मा में प्रगट हो जाते हैं। जितने भी मेरु आदि क्षेत्र से दूर, राम रावण आदि काल से दूर तथा परमाणु आदि स्वभाव से दूर पदार्थ हैं, उन सबका दर्शन आपकी कृपा से ही होता है; इसलिए इस संसार में तू ही नेत्र है। संसार के नाश करने में तू ही कारण है अर्थात्

जो मनुष्य, तेरे भक्त तथा आराधक हैं, वे मनुष्य यथार्थ तत्त्वज्ञान को प्राप्त कर, निर्विघ्न रीति से मोक्ष चले जाते हैं अर्थात् उनका संसार सर्वथा छूट जाता है।

८०१. जिनवाणी की कृपा से समस्त गुणों की प्राप्ति

यथाविधानं त्वमनुस्मृता सती,
गुरूपदेशोऽयमवर्ण-भेदत:।
न ता: श्रियस्ते न गुणा न तत्पदं,
प्रयच्छसि प्राणभृते न यच्छुभे।।२६।।

गुरु-वचनों से अकारादि में, तव स्मरण विधि-अनुसार।
करें, उसे नहिं कौन लक्ष्मी गुण-पद देती आप कृपा।।

अर्थ ह्न हे शुभे! हे सरस्वती! यह गुरु का उपदेश हैं कि जो पुरुष, शास्त्रानुसार अकारादि आदि से लेकर अन्त तक अथवा वर्ण भेद रहित आपका स्मरण करनेवाला है, उस पुरुष के लिए न तो कोई ऐसी लक्ष्मी है, जिसे आप न देवें और न कोई ऐसा उत्तम गुण तथा उत्तम पद ही है, जो कि आपकी कृपा से प्राप्त न हो सके।

भावार्थ ह्न हे माता! जो मनुष्य, शास्त्रानुसार आपकी सेवा करनेवाला है, उस मनुष्य को अन्तरंग केवलज्ञानादि तथा बहिरंग समवसरणादि समस्त प्रकार की लक्ष्मी प्राप्त होती है। वह मनुष्य, आपकी कृपा से औदार्य, धैर्य आदि समस्त गुणों को प्राप्त कर लेते हैं। आपकी कृपा से उन्हें मोक्षपद की प्राप्ति भी शीघ्र हो जाती है।

८०२. हे देवी! तुम पापरूपी पर्वत के नाश हेतु विवेकरूपी वज्र के समान

अनेक-जन्मार्जित-पाप-पर्वतो,
विवेक-वज्रेण स येन भिद्यते।
भवद्वपु: शास्त्र-घनान्निरेति,
सदर्थवाक्याऽमृतभारमेदुरात्।।२७।।

भव-भव में संचित अघ-गिरि को, तोड़ सके जो विवेक-वज्र।
अर्थ-वाक्य अमृत-जलमय तव, तन-श्रुत मेघों से उत्पन्न।।

अर्थ ह्न हे माता! हे सरस्वती! अनेक भवों में संचय किया हुआ पापरूपी पर्वत, जिस विवेकरूपी वज्र के द्वारा तोड़ा जाता है; वह विवेकरूपी वज्र, श्रेष्ठ अर्थ तथा वाक्यरूपी जल के भार से वृद्धि को प्राप्त होकर, आपके शरीररूप शास्त्ररूपी मेघ से उत्पन्न होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार उत्तम जल को धारण करनेवाले मेघ से जो वज्र उत्पन्न होता है, वह पर्वत को भी छिन्न-भिन्न कर देता है; उसी प्रकार हे माता! श्रेष्ठ अर्थ तथा वाक्यों से परिपूर्ण आपके शास्त्रों से मनुष्यों को जो हिताहित का विवेक जागृत होता है, उस विवेक से अनेक जन्मों में संचित पापसमूह पल भर में नष्ट हो जाता है।

८०३. हे जिनवाणी! आपका तेज स्वयं प्रकाशित

तमांसि तेजांसि विजित्य वाङ्मयं,
प्रकाशयद्यत्परमं महन्महः।
न लुप्यते तैर्न च तैः प्रकाश्यते,
स्वतः प्रकाशात्मकमेव नन्दतु।।२८।।

अन्य तेज अरु तिमिर जीतता, तव वाणी का तेज महान।
अन्धकार से नष्ट न होता, स्वतः प्रकाशित तेज महान।।

अर्थ ह्न हे माता! अन्धकार तथा अन्य तेजों को जीत कर, स्वतः प्रकाशित आपका दिव्यध्वनिरूप सर्वोत्कृष्ट तेज, इस लोक में जयवन्त प्रवर्तो। वह तेज, न तो अन्धकार से नष्ट होता है और न किसी दूसरे तेज से प्रकाशित होता है, किन्तु स्वतः प्रकाशस्वरूप ही है।

भावार्थ ह्न संसार में सूर्य, चन्द्र आदि बहुतों के तेज विद्यमान हैं, किन्तु हे माता! आपके दिव्यध्वनिरूपी तेज की तुलना, किसी दूसरे तेज के साथ नहीं हो सकती क्योंकि समस्त तेज अन्धकार द्वारा विनाशीक हैं, कुछ तेज दूसरे के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं; लेकिन आपका तेज, न तो प्रबल अन्धकार द्वारा विनाशीक है और न किसी अन्य तेज की सहायता चाहता है, अपितु स्वतः प्रकाशमान है; इसलिए हे सरस्वती! आपका तेज, सदा इस लोक में जयवन्त रहो।

८०४. जिनवाणी की कृपा से सबकी प्राप्ति

तव प्रसादः कवितां करोत्यतः,
कथं जडस्तत्र घटेत मादृशः।
प्रसीद तत्रापि मयि स्वनन्दने,
न जातु माता विगुणेऽपि निष्ठुरा।।२९।।

तुम प्रसाद ही काव्य रचे, मुझसा जड़ कैसे रच सकता ?।
माँ! निष्ठुर नहिं निर्गुण सुत पर, मुझ पर तू प्रसन्न हो जा!।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! तेरा प्रसाद ही कविता करनेवाला है; इसलिए मेरे (ग्रन्थकर्ता के) समान वज्र मूर्ख, उस कविता को करने की चेष्टा कैसे कर सकता है? अत: इस कविता को करने में हे माता! तुम मुझ पर प्रसन्न हो क्योंकि यदि अपना पुत्र निर्गुणी हो तो भी माता कभी कठोर नहीं बनती।

भावार्थ ह्न पुत्र निर्गुणी तथा अविनीत कैसा भी क्यों न हो? तो भी जिस प्रकार माता, पुत्र पर रुष्ट नहीं होती, सदा उस पर दयालु ही रहती है; उसी प्रकार हे सरस्वती! आप भी मेरी माता हो; इसलिए मैं कविता करने में कैसा भी वज्र मूर्ख क्यों न होऊँ तो भी आपको मुझ पर कृपा करनी ही चाहिए। यदि मैं चाहूँ कि आपकी कृपा का कुछ भी सहारा न रख कर कविता करने लगूँ तो यह हो नहीं सकता क्योंकि कविता करने में आपकी कृपा ही कारण है, अत: आप मुझ पर प्रसन्न रहो।

८०५. श्रुतदेवता की स्तुति से गुणों की प्राप्ति और संसार की समाप्ति

इमामधीते श्रुत-देवता-स्तुतिं,
कृतिं पुमान् यो मुनिपद्मनन्दिन:।
स याति पारं कवितादिसद्गुण,
प्रबन्धसिन्धो: क्रमतो भवस्य च।।३०।।

पद्मनन्दि मुनिकृत श्रुत-स्तुति-पद जो नर निश-दिन पढ़ता।
काव्यादिक गुण-सिन्धु-पार हो, भव-समुद्र को वह तिरता।।

अर्थ ह्न जो पुरुष, मुनिवर श्री पद्मनन्दि द्वारा की गई श्रुतदेवता की स्तुतिरूप कृति को पढ़ता है, वह पुरुष, कवित्व आदि उत्तम गुणों के प्रबन्धरूपी समुद्र से तथा क्रम से संसाररूपी समुद्र के पार हो जाता है।

भावार्थ ह्न ग्रन्थकार श्री पद्मनन्दि आचार्य कहते हैं कि मैंने बड़े भक्ति से इस श्रुतदेवता की स्तुतिरूप कृति का निर्माण किया है। जो भव्य जीव इस कृति को पढ़नेवाले हैं, वे कवित्व आदि समस्त उत्तम गुणों में प्रवीण हो जाते हैं तथा क्रम से संसार का नाश कर देते हैं अर्थात् श्रुतदेवता की स्तुतिरूप कृपा से मोक्षपद को प्राप्त होकर, अव्याबाध सुख को भोगनेवाले बन जाते हैं, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है।

८०६. अन्तिम उपसंहार

शार्दूलविक्रीडित

कुण्ठास्तेऽपि वृहस्पतिप्रभृतयो, यस्मिन् भवन्ति ध्रुवं;
तस्मिन् देवि! तव स्तुतिव्यतिकरे, मन्दा नरा: के वयम्।

तद्वाक्चापलमेतदश्रुतवतामस्माकमम्ब! त्वया;
क्षन्तव्यं मुखरत्वकारणमसौ, येनातिभक्तिग्रहः।।३१।।

सुरगुरु जैसे बुधजन भी, जिनकी स्तुति में हो मतिमन्द।
उन सरस्वती मात की स्तुति, कैसे कर सकते हैं हम?।।
हे माता! यह नहीं स्तवन, वाक्-चपलता है मेरी।
अल्पश्रुत को क्षमा करो तुम, क्योंकि आपमें है भक्ति।।

अर्थ ह्न हे देवी सरस्वती! जब, आपके स्तवन करने में बड़े-बड़े विद्वान् वृहस्पति आदि भी निश्चय से कुण्ठ अर्थात् मन्दबुद्धि हो जाते हैं; तब आपके स्तवन करने में हम जैसे मन्दबुद्धियों की बात ही क्या है? अर्थात् हम तो आपकी स्तुति कर ही नहीं सकते क्योंकि शास्त्र के अजानकार हमारी यह स्तुति नहीं, अपितु वाणी की चपलता है। इसलिए हे माता! हमारी इस वाचालता को क्षमा कीजिए क्योंकि आपमें ही हमारी अत्यन्त भक्ति है।

भावार्थ ह्न हे माता! जब आपकी स्तुति बड़े-बड़े वृहस्पति आदि विद्वान भी नहीं कर सकते तो मुझ जैसे मन्दबुद्धियों की क्या कथा है? अर्थात् हम तो आपकी कुछ भी स्तुति नहीं कर सकते; किन्तु आपकी स्तुति के बहाने हमने जो अपनी वाणी की चपलता की है, वह आपकी भक्ति के वश होकर ही की है क्योंकि आपमें हमारी विशेष भक्ति है, अत: आप हमारे इस वाचालपने को क्षमा कीजिए।

इसप्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री सरस्वती स्तवन'** नामक **'पन्द्रहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

सरस्वती की कृपा से समस्त वस्तुओं की प्राप्ति

परात्म-तत्त्व-प्रतिपत्ति-पूर्वकं,
परं पदं यत्र सति प्रसिद्ध्यति।
कियत्ततस्ते स्फुरतः प्रभावतो,
नृपत्व-सौभाग्यवरांगनादिकम्।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती! आपकी कृपा से परमात्मतत्त्व के ज्ञानपूर्वक परमपद (मोक्षपद) की सिद्धि हो जाती है, तब आपके दैदीप्यमान प्रभाव के सामने राजापना, सौभाग्य तथा उत्तम स्त्री आदि की प्राप्ति क्या चीज है? अर्थात् कुछ भी नहीं है।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, श्री सरस्वती स्तवन (अधिकार १५), श्लोक २२

अधिकार – १६

श्री चौबीस तीर्थंकर स्तवन

८०७. श्री आदिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

वंशस्थ

स्वयंभुवा येन समुद्धृतं जगत्,
जडत्व-कूपे पतितं प्रमादतः।
परात्म-तत्त्व-प्रतिपादनोल्लसत्,
वचोगुणैरादिजिनः स सेव्यताम्।।१।।

अन्ध-कूप में पतित प्रमादी, जग का जो करते उद्धार।
स्व-पर प्रकाशक वचनों से, उन **आदि प्रभु** को सेवो सार।।

अर्थ ह्न हे भव्य जीवों! प्रमाद के वशीभूत होकर अज्ञानरूपी कुए में पड़े हुए जगत् को जिन स्वयम्भू (अपने आप दीक्षित आदि होनेवाले) **श्री आदिनाथ भगवान** ने स्व-पर का स्वरूप कहनेवाले अपने वचनरूपी मनोहर गुणों से बाहर निकाला ह्न ऐसे **श्री आदिनाथ भगवान** की हमें सेवा करनी चाहिए अर्थात् उपासना करनी चाहिए।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कुएँ में गिरे हुए किसी प्रमादी मनुष्य को कोई उत्तम पुरुष, रस्सी आदि के द्वारा बाहर निकाले तो कुएँ में गिरा हुआ मनुष्य, उस निकालनेवाले मनुष्य को बड़ा उपकारी मानता है तथा उसकी शक्त्यनुसार सेवा भी करता है; उसी प्रकार यह जगत् भी प्रमाद के वश होकर अज्ञानान्धकार में पड़ा हुआ, सर्वथा हिताहित के विवेक से शून्य था, उस समय **श्री आदिनाथ भगवान** ने अपने उपदेश से इस जगत का उद्धार किया और स्व-पर का भेदविज्ञान कराया। अतः इस जगत् के सबसे उपकारी **श्री आदिनाथ भगवान** ही भव्य जीवों के उपकारी हैं; इसलिए हे भव्य जीवों ! आपके परम आदरणीय तथा सेवा के पात्र **श्री आदिनाथ भगवान** ही हैं।

८०८. श्री अजितनाथ तीर्थंकर की स्तुति

भवारिरेको न परोऽस्ति देहिनां,
सुहृच्च रत्नत्रयमेकमेव हि।
स दुर्जयो येन जिनस्तदाश्रयात्,
ततोऽजितान्मे जिनतोऽस्तु सत्सुखम्।।२।।

रत्नत्रय ही मित्र जीव का, दुर्जय शत्रु है संसार।
जिनने रत्नत्रय से बैरी, जीता **अजितनाथ** सुखकार।।

अर्थ ह्न जीवों का एकमात्र वैरी यह संसार है और दूसरा कोई भी वैरी नहीं है तथा सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय इसके मित्र हैं और दूसरा कोई मित्र नहीं है। यह संसाररूपी वैरी अत्यन्त दुर्जय है, किन्तु **श्री अजितनाथ भगवान** ने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्ररूपी मित्र की सहायता से इस संसाररूपी भयंकर वैरी को सर्वथा जीत लिया है ह्न ऐसे **श्री अजितनाथ भगवान** से मुझे भी श्रेष्ठ सुख मिले, यह प्रार्थना है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई भयंकर वैरी, मित्रों की सहायता से पल भर में जीत लिया जाता है; उसी प्रकार **श्री अजितनाथ भगवान** ने भी सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रयरूपी मित्र की सहायता से संसाररूपी भयंकर वैरी को जीत लिया है; क्योंकि जीवों का सबसे प्रबल वैरी संसार है और सबसे बड़ा मित्र रत्नत्रय है, इसलिए अत्यन्त वीर **श्री अजितनाथ भगवान** मुझे उत्तम सुख के दाता हों ह्न ऐसी मेरी प्रार्थना है।

८०९. श्री सम्भवनाथ तीर्थंकर की स्तुति

पुनातु नः सम्भवतीर्थकृज्जिनः,
पुनः पुनः सम्भवदुःखदुःखिताः।
तदर्तिः नाशाय विमुक्ति-वर्त्मनः,
प्रकाशकं यं शरणं प्रपेदिरे।।३।।

पुनः पुनः भव-दुःख से दुःखिया, जीवों के दुःख के नाशार्थ।
शरणभूत शिवमार्ग-प्रकाशक, **सम्भव तीर्थंकर** जिनराज।।

अर्थ ह्न संसार-दुःखों का नाश करनेवाले तथा मोक्षमार्ग का प्रकाश करनेवाले जिनेन्द्र **श्री सम्भवनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें, अतः **श्री सम्भवनाथ भगवान** को हम नमस्कार करते हैं।

भावार्थ ह्न जो **सम्भवनाथ भगवान**, प्राणियों को संसार के दु:खों से छुड़ानेवाले हैं, मोक्षमार्ग का प्रकाश करनेवाले हैं तथा शरण में आये हुए जीवों की रक्षा करनेवाले हैं ह्न ऐसे **श्री सम्भवनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें।

८१०. श्री अभिनन्दननाथ तीर्थंकर की स्तुति

निजै-र्गुणैरप्रतिमैर्महानजो,
न तु त्रिलोकी-जनताऽर्चनेन य:।
यतो हि विश्वं लघु तं विमुक्तये,
नमामि साक्षादभिनन्दनं जिनम्।।४।।

जो निजगुण से ही महान है, नहीं जगत् की पूजा से।
अभिनन्दन जिन को वन्दन है, सकल विश्व है लघु जिनसे।।

अर्थ ह्न **हे अभिनन्दननाथ भगवान**! तीन लोक के समस्त जीवों द्वारा पूजित होने से आप पूज्य नहीं, अपितु अपने स्वीय गुणों से श्रेष्ठ होने से आपको पूज्यपना प्राप्त हुआ है। जो जन्म-मरण से रहित हैं, जिनके ज्ञान के समक्ष समस्त लोक छोटा है अर्थात् जो सांसारिक सुखों को तुच्छ समझते हैं ह्न ऐसे समस्त प्रकार का आनन्द देनेवाले **श्री अभिनन्दननाथ जिनेन्द्र** को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न तीनों लोक के जीवों द्वारा पूजित होने से जो महान नहीं, अपितु अपने असाधारण गुणों के कारण जो महान हैं, जन्म-मरणादि जिनके पास फटकते भी नहीं हैं, जो समस्त पदार्थों को देखनेवाले हैं और जिनके स्मरण मात्र से ही समस्त जीवों को आनन्द होता है ह्न ऐसे **श्री अभिनन्दननाथ** को मैं मुक्ति के लिए मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

८११. श्री सुमतिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

नय-प्रमाणादि-विधान-संघटं,
प्रकाशितं तत्त्वमतीव निर्मलम्।
यतस्त्वया तत्सुमतेऽत्र तावकं,
तदन्वयं नाम नमोऽस्तु ते जिन।।५।।

नय-प्रमाण से संगत निर्मल, वस्तु-तत्त्व का किया प्रकाश।
सुमति नाम सार्थक है जिनका, वन्दन **सुमतिनाथ** जिनराज।।

अर्थ ह्न **हे सुमतिनाथ जिनेन्द्र**! जिसमें प्रमाण तथा नयों का भलीभाँति संघटन है और

जो अत्यन्त निर्मल है ह्न ऐसा तत्त्व आपने प्रकाशित किया है; अत: आपका नाम सार्थक है। हे जिनेश! आपको हमारा नमस्कार हो।

भावार्थ ह्न जिसकी बुद्धि अत्यन्त शोभायुक्त (सम्यक् और निर्मल) होवे, उसको सुमति कहते हैं। यहाँ सुमतिनाथ प्रभु की स्तुति करते हुए कहते हैं कि **हे सुमतिनाथ जिनेश!** आपका यह नाम सर्वथा सार्थक ही है क्योंकि आपने उस तत्त्व का प्रकाश किया है, जिस तत्त्व में प्रमाण तथा नय, इन दोनों का अच्छी तरह युक्तपना है। जिसमें किसी प्रकार का दोष नहीं है, जो अत्यन्त निर्मल है; अत: हे प्रभो! हे जिनेश! आपको हमारा नमस्कार है।

८१२. श्री पद्मप्रभ तीर्थंकर की स्तुति

रराज पद्मप्रभतीर्थकृत्सद-,
स्यशेष-लोक-त्रय-लोक- मध्यग:।
नभस्युडुव्रातयुत: शशी यथा,
वचोऽमृतैर्वर्षति य: स पातु न:।।६।।

सकल जगत् के मध्य सुशोभित, आनन्दामृत बरसाते।
नभ में चन्द्र समान **पद्मप्रभ, जिनवर** को वन्दन करते।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार आकाश में चन्द्रमा, नक्षत्रों से शोभित होता है तथा जीवों के लिए आनन्दामृत का वर्षाव करता है; उसी प्रकार **श्री पद्मप्रभ भगवान**, समवसरण सभा में तीनों लोक के समस्त जीवों के बीच में शोभित होकर, आप अपने वचनरूपी अमृत को वर्षानेवाले हैं ह्न ऐसे **श्री पद्मप्रभ भगवान** हमारी रक्षा करें, उनको हमारा नमस्कार हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार आकाश में नक्षत्रों से वेष्टित हुआ चन्द्रमा अधिक शोभा को प्राप्त होता है; उसी प्रकार समवसरण में समस्त जीवों के मध्य में **श्री पद्मप्रभ भगवान** अत्यन्त शोभित होते हैं तथा जिस प्रकार चन्द्रमा, अपने प्रकाश से जगत् को आनन्द देनेवाला है; उसी प्रकार **श्री पद्मप्रभ भगवान**, अपने उपदेश से जीवों को आनन्द देनेवाले हैं अर्थात् **श्री पद्मप्रभ भगवान** के उपदेश को सुन कर, भव्य जीव आनन्द सागर में मग्न हो जाते हैं ह्न ऐसे **पद्मप्रभ प्रभु** हमारी रक्षा करें ह्न ऐसी प्रार्थना है।

८१३. श्री सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर की स्तुति

नराऽमराऽहीश्वरऽपीडने जयी,
धृतायुधो धीरमना झषध्वज:।

विनाऽपि शस्त्रैर्ननु येन निर्जितो,
जिनं सुपार्श्वं प्रणमामि सर्वदा।।७।।

सुर-नरपीड़क आयुधधारक, धीर मीन-ध्वजधारक काम।
बिना शस्त्र के जीता जिनने, **प्रभु सुपार्श्व** को करूँ प्रणाम।।

अर्थ ह्न जो कामदेव, नरेन्द्र देवेन्द्र और फणीन्द्र को भी दु:ख देनेवाला है, जो अनेक शस्त्रों का धारक है, जिसका मन अत्यन्त धीर है और जिसकी मीन की ध्वजा है ह्न ऐसे कामदेव को **श्री सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्र** ने बिना शस्त्र के पल भर में ही जीत लिया है; अत: उन **श्री सुपार्श्व भगवान** को मैं सर्वदा मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न तीन लोक में जिस कामदेव ने अपने कामरूपी बाणों से नरेन्द्र, देवेन्द्र, फणीन्द्र आदि बड़े-बड़े वीरों को अपने वश में कर लिया है, वह कामदेव सदैव धीर मन का धारी है, मीन की ध्वजा एवं शस्त्रादि से युक्त है ह्न ऐसे कामदेव को बिना शस्त्र के **श्री सुपार्श्वनाथ भगवान** ने क्षण मात्र में ही जीत लिया है; अत: उन **श्री सुपार्श्व जिनेन्द्र** को मैं सर्वदा मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

८१४. श्री चन्द्रप्रभ तीर्थंकर की स्तुति

शशिप्रभो वागमृतांशुभि: शशी,
परं कदाचिन्न कलंक-संगत:।
न चापि दोषाकरतां ययौ यति:,
जयत्यसौ संसृति-पाप-नाशन:।।८।।

वचनामृत किरणों से शशिसम, **चन्द्रप्रभ** में नहीं कलंक।
दोषों को भी प्राप्त नहीं, जग-अघनाशक जिनवर जयवन्त।।

अर्थ ह्न जो चन्द्रमा के समान होने पर भी कर्म-कलंक से रहित हैं, अमृत की किरणों से युक्त है अर्थात् कभी भी दोषों को प्राप्त नहीं हुए हैं ह्न ऐसे समस्त संसार के पापनाशक **श्री चन्द्रप्रभ भगवान** इस लोक में सदा जयवन्त रहें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चन्द्रमा, अपनी अमृतमयी किरणों से जीवों को आनन्द देनेवाला होता है, उसी प्रकार **श्री चन्द्रप्रभ भगवान** भी अपने वचनामृत की वर्षा से जीवों को आनन्द देनेवाले चन्द्रमा ही हैं; किन्तु जिस प्रकार चन्द्रमा कलंकसहित तथा दोषयुक्त है, उस प्रकार श्री भगवान कलंकसहित नहीं है, दोषयुक्त नहीं हैं, अपितु कलंक एवं दोषों से रहित

समस्त संसार के पापों का नाश करनेवाले हैं ह्न ऐसे अपूर्व चन्द्रमा **श्री चन्द्रप्रभ भगवान**, सदा इस लोक में जयवन्त वर्तें।

८१५. श्री पुष्पदन्त तीर्थंकर की स्तुति

यदीय-पाद-द्वितय-प्रणामतः,
पतत्यधो मोहन-धूलि-रंगिनाम्।
शिरोगता मोह-ठक-प्रयोगतः,
स पुष्पदन्तः सततं प्रणम्यते।।९।।

मोह-ठग ने डाली सिर पर, मोहन-धूलि गिरे नीचे।
जिनके चरण-कमल वन्दन से, **पुष्पदन्त** को नमन करूँ।।

अर्थ ह्न संसारी प्राणियों के मस्तक में मोहरूपी ठग द्वारा स्थापित मोहन-धूलि, जिनके चरण-कमलों के प्रणाम मात्र से ही पल भर में नीचे गिर जाती है; उन **श्री पुष्पदन्त भगवान** को हमारा सदैव नमस्कार है।

भावार्थ ह्न कोई ठग, किसी मनुष्य पर मोहन-धूलि डाल दे तो जिस प्रकार उसको कुछ भी नहीं सूझता तथा वह ठग, उसकी सब चीजों को ठग लेता है; उसी प्रकार इस संसार में मोह भी एक बड़ा भारी ठग है, उसने भी समस्त संसारी प्राणियों के मस्तक पर मोहन-धूलि डाल रखी है, इसलिए उनको कुछ भी हिताहित का विवेक नहीं सूझता अर्थात् मोह द्वारा उनका सब विवेक ठगा गया है। वह मोहन-धूलि, **श्री पुष्पदन्त भगवान** के चरण-कमलों को प्रणाम करने मात्र से पल भर में ही नष्ट हो जाती है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि हम ऐसे **श्री पुष्पदन्त भगवान** को नमस्कार करते हैं।

८१६. श्री शीतलनाथ तीर्थंकर की स्तुति

सतां सदीयं वचनं सुशीतलं,
यदेव चन्द्रादपि चन्दनादपि।
तदत्र लोके भव-ताप-हारि यत्,
प्रणम्यते किं न स शीतलो जिनः।।१०।।

चन्द्र और चन्दन से शीतल, वच जिनके बुध मानें।
भवतपनाशक **शीतल जिन** को, क्यों न जगज्जन नमन करें।।

अर्थ ह्न जिनके वचन, सज्जनों को चन्द्रमा तथा चन्दन से भी अधिक शीतल जान

पड़ते हैं और जो समस्त संसार के तापनाशक हैं ह्न ऐसे **श्री शीतलनाथ भगवान** क्या नमस्कार करने योग्य नहीं हैं? अर्थात् अवश्य ही नमस्करणीय हैं।

भावार्थ ह्न संसार में चन्द्रमा तथा चन्दन, अत्यन्त शीतल तथा ताप को दूर करनेवाले पदार्थ हैं; किन्तु यह सब कम शीतल तथा थोड़े से ताप को दूर करनेवाले पदार्थ हैं, जबकि **भगवान श्री शीतलनाथ** के वचन, अत्यन्त शीतल तथा समस्त संसार के ताप को दूर करनेवाले हैं, अत: **श्री शीतलनाथ भगवान** को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

८१७. श्री श्रेयांसनाथ तीर्थंकर की स्तुति

जगत्त्रये श्रेय इतो ह्ययादिति,
प्रसिद्धनामा जिन एष वन्द्यते।
यतो जनानां बहुभक्तिशालिनां,
भवन्ति सर्वे सफला मनोरथा:।।११।।

जग का हो कल्याण अत: तव, **श्रेयोनाथ** सुनाम प्रसिद्ध।
आप कृपा से गाढ़ भक्तिमय, भविजन के सब मनरथ सिद्ध।।

अर्थ ह्न श्री श्रेयोनाथ (श्रेयांसनाथ) भगवान से तीन लोक के समस्त कल्याण की प्राप्ति होती है, इसलिए इनका नाम **श्रेयोनाथ** नाम से प्रसिद्ध है तथा जो भव्य जीव, इन **श्री श्रेयोनाथ भगवान** के प्रति गाढ़ भक्ति से सहित होते हैं; उन भव्य जीवों के समस्त मनोरथ, इन्हीं भगवान की कृपा से सिद्ध होते हैं।

भावार्थ ह्न ग्यारहवें तीर्थंकर का जो **श्रेयोनाथ (श्रेयांसनाथ)** नाम पड़ा है, उसका कारण यही है कि तीनों लोक में उन्हीं की कृपा से कल्याण की प्राप्ति होती है और उन्हीं की कृपा से भव्य जीवों के समस्त मनोरथ सिद्ध होते हैं।

८१८. श्री वासुपूज्य तीर्थंकर की स्तुति

पादाब्ज-युग्मे तव वासुपूज्य तत्,
जनस्य पुण्यं प्रणतस्य तद्भवेत्।
यतो न सा श्रीरिह हि त्रिविष्टपे,
न तत्सुखं यन्न पुर: प्रधावति।।१२।।

वासुपूज्य तव चरणों में नत, भविजन का हो पुण्य अपूर्व।
जग में कौन लक्ष्मी या सुख, उससे रह सकता है दूर।।

अर्थ ह्न हे वासुपूज्य जिनेश! जो भव्य, जीव आपके चरण-कमलों को नमस्कार करनेवाले हैं, उन भव्य जीवों को इस संसार में उस अपूर्व पुण्य की प्राप्ति होती है कि जिसकी कृपा से इन तीन लोक में ऐसी कोई लक्ष्मी नहीं है, जो आगे-आगे दौड़ कर इनके पास न आती हो और न कोई ऐसा सुख है, जो इन जीवों को प्राप्त न होता हो।

भावार्थ ह्न हे वासुपूज्य जिनेश! जो मनुष्य, आपके चरण-कमलों की सेवा करनेवाले हैं, उन मनुष्यों को अपूर्व पुण्य की प्राप्ति होती है तथा उस पुण्य की कृपा से वे इस संसार में उत्तमोत्तम लक्ष्मी को प्राप्त कर लेते हैं और समस्त प्रकार के सुख, उनके सामने पल भर में आकर उपस्थित हो जाते हैं।

८१९. श्री विमलनाथ तीर्थंकर की स्तुति

मलैर्विमुक्तो विमलो न कैर्जिनो,
यथार्थनामा भुवने नमस्कृतः।
तदस्य नामस्मृतिरप्यसंशयं,
करोति वैमल्यमघात्मनामपि।।१३।।

जग में कौन करे न **विमल जिन,** सार्थक संज्ञा को वन्दन।
चूंकि पापियों को भी निर्मल, करता उनका नाम-स्मरण।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! इस संसार में ऐसा कौन होगा, जिसने समस्त मलों से रहित तथा अत्यन्त सार्थक नाम को धारण करनेवाले **श्री विमलनाथ भगवान** को नमस्कार न किया हो? अर्थात् समस्त जीव **श्री विमलनाथ भगवान** को नमस्कार करते हैं, अतः आपके नाम का स्मरण मात्र ही सभी पापी मनुष्यों को भी अत्यन्त विमल बना देता है।

भावार्थ ह्न समस्त मलों से रहितपने को ही विमल कहते हैं। **श्री विमलनाथ भगवान** भी समस्त पापों से रहित हैं। जो मनुष्य पापी हैं अर्थात् रात-दिन पाप का संचय करते रहते हैं, ऐसे मनुष्य भी **श्री विमलनाथ जिनेन्द्र** के नाम-स्मरण से शीघ्र ही समस्त पापों से रहित हो जाते हैं ह्न ऐसे **श्री विमलनाथ प्रभु** को हमारा नमस्कार है।

८२०. श्री अनन्तनाथ तीर्थंकर की स्तुति

अनन्त-बोधादिचतुष्टयात्मकं,
दधाम्यनन्तं हृदि तद्गुणाशया।

भवेद्यदर्थी ननु तेन सेव्यते,
तदन्वितो भूरितृषेव सत्सरः।।१४।।

अनन्त चतुष्टयात्मक जिन! मम, उर में आशा उन गुण की।
जिसका चाहक उसकी सेवा करे, यथा प्यासा सर की।।

अर्थ ह्न अनन्त विज्ञानादि स्वरूप **श्री अनन्तनाथ भगवान** को उनके जैसे गुणों की प्राप्ति हेतु मैं अपने हृदय में धारण करता हूँ क्योंकि संसार में यह बात प्रत्यक्षगोचर है कि जो पुरुष, जिस गुण की प्राप्ति का इच्छुक होता है, वह मनुष्य उसकी ही सेवा करता है। जिस प्रकार अत्यन्त प्यासा मनुष्य, अपनी प्यास की शान्ति के लिए उत्तम (स्वच्छ जल से भरे हुए) सरोवर की ही सेवा करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त प्यासा मनुष्य, अपनी प्यास बुझाने के लिए निर्मल जल से भरे हुए सरोवर की सेवा करता है, उसी प्रकार अनन्तविज्ञान, अनन्तवीर्य, अनन्तसौख्य तथा अनन्तदर्शनस्वरूप अनन्त चतुष्टय का मैं भी आकांक्षी हूँ; इसलिए हे अनन्त चतुष्टय को धारण करनेवाले **श्री अनन्तनाथ भगवान**! मैं आपको अपने हृदय में धारण करता हूँ क्योंकि जो जिस गुण की प्राप्ति का अभिलाषी होता है, वह अवश्य उसकी सेवा करता है।

८२१. श्री धर्मनाथ तीर्थंकर की स्तुति

नमोऽस्तु धर्माय जिनाय मुक्तये;
सुधर्म-तीर्थ-प्रविधायिने सदा।
यमाश्रितो भव्यजनोऽतिदुर्लभां;
लभेत कल्याण-परम्परां पराम्।।१५।।

धर्म-प्रवर्तक **धर्मनाथ जिन**! को है मुक्ति हेतु वन्दन।
जिनसे दुर्लभ उत्तम कल्याणों को प्राप्त करें वन्दन।।

अर्थ ह्न जिन **श्री धर्मनाथ भगवान** का आश्रय कर के भव्य जीव, अत्यन्त दुर्लभ सर्वोत्कृष्ट कल्याणों की परम्परा को प्राप्त होते हैं, उस श्रेष्ठ धर्मतीर्थ को प्रवर्तानेवाले तथा अष्ट कर्मों को जीतनेवाले **श्री धर्मनाथ भगवान** को मैं मोक्ष की प्राप्ति के लिए सर्वदा नमस्कार करता हूँ।

८२२. श्री शान्तिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

विधाय कर्म-क्षयमात्म-शान्तिकृत्
जगत्सु यः शान्तिकरस्ततोऽभवत्।

इति स्वमन्यं प्रति शान्ति-कारणं;
नमामि शान्तिं जिनमुन्नतश्रियम्।।१६।।

कर्मक्षय से आत्मशान्ति कर, सकल जगत् में शान्ति करें।
स्व-पर शान्तिप्रदायक चक्री, **शान्ति जिन!** हम नमन करें।।

अर्थ ह्न जो अपनी आत्मा की शान्ति करनेवाले हैं तथा समस्त कर्मों का क्षय करके सम्पूर्ण जगत् को शान्ति देनेवाले हैं। जो स्व-पर को शान्ति देनेवाले और अन्तरङ्ग-बहिरङ्ग दोनों प्रकार की लक्ष्मी के स्वामी हैं ह्न ऐसे सोलहवें तीर्थंकर **श्री शान्तिनाथ भगवान** को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ; समस्त जगत् को शान्ति देनेवाले ऐसे **श्री शान्तिनाथ भगवान** मुझे भी शान्ति प्रदान करें।

भावार्थ ह्न जब तक इस आत्मा के साथ कर्मों का सम्बन्ध रहता है, तब तक कर्मों के निमित्त से रागादि विकल्पों को करता हुआ, यह जीव सदा व्याकुल रहता है; किन्तु जब कर्म आत्मा से जुदे हो जाते हैं, तब विकल्पों से रहित होने के कारण आत्मा शान्त हो जाता है। **श्री शान्तिनाथ भगवान** ने अपने तप-बल से घातिया कर्मों का सर्वथा नाश कर दिया है, इसलिए कर्मरहित होने के कारण वे शान्त हैं और व्यवहारनय से समस्त जगत् में भी शान्ति करनेवाले हैं ह्न ऐसे स्व-पर की शान्ति करनेवाले और समस्त लक्ष्मी के स्वामी श्री शान्तिनाथ भगवान को मैं मस्तक झुका कर, शान्ति की प्राप्ति हेतु नमस्कार करता हूँ।

८२३. श्री कुन्थुनाथ तीर्थंकर की स्तुति

दयाङ्गिनां चिद् द्वितयं विमुक्तये,
परिग्रह-द्वन्द्व-विमोचनेन तत्।
विशुद्धमासीदिह यस्य मादृशां,
स कुन्थुनाथोऽस्तु भवप्रशान्तये।।१७।।

शुद्ध हुए परिग्रह तजने से, जिनके दया और चिद्भाव।
हम जैसों को शान्तिप्रदायक, होवें **कुन्थुनाथ भगवान**।।

अर्थ ह्न बाह्य तथा अभ्यन्तर के भेदवाले समस्त परिग्रहों को छोड़ने के कारण **श्री कुन्थुनाथ भगवान** का समस्त प्राणियों पर दयाभाव और उनका अपना चैतन्यभाव ह्न ये दोनों ही विशुद्ध हो गये हैं ह्न ऐसे **श्री कुन्थुनाथ भगवान**, संसार के मनुष्यों को शान्ति-प्रदाता होवें।

भावार्थ ह्न जब तक 'ममेदमिति' (यह मेरा है) ह्न ऐसा मूर्च्छा लक्षण परिग्रह का सम्बन्ध

आत्मा के साथ रहता है, तब तक किसी प्रकार की विशुद्धता नहीं होती, किन्तु जिस समय इस परिग्रह का सम्बन्ध छूट जाता है, उस समय विशुद्धि की प्राप्ति होती है। **श्री कुन्थुनाथ भगवान** ने समस्त प्रकार के परिग्रह का त्याग कर दिया है, इसलिए बाह्य में तो समस्त प्राणियों पर दया की विशुद्धि हुई है तथा स्वयं के अन्तरंग में चैतन्य की विशुद्धि हुई है ह्न ऐसे **श्री कुन्थुनाथ भगवान**, मेरे समान संसार के अन्य मनुष्यों को भी शान्ति प्रदान करें।

८२४. श्री अरनाथ तीर्थंकर की स्तुति

विभान्ति यस्यांघ्रि-नखा नमत्सुर-,
स्फुरच्छिरोरत्नमहोऽधिक-प्रभा:।
जगद्-गृहे पाप-तमो-विनाशिना:,
इव प्रदीपा: स जिनो जयत्यर:।।१८।।

नत देवों के मुकुट रत्न की, कान्ति से भी प्रभा महान।
पाप-तिमिर-क्षय हेतु चरण-नख, **अरजिनवर** जगमें जयवन्त।।

अर्थ ह्न नमस्कार करते हुए देवताओं के मस्तकों पर शोभित मुकुटों में लगे हुए दैदीप्यमान रत्नों की कान्ति से भी अधिक प्रभावाले **श्री अरनाथ जिनेन्द्र** के चरणों के नख, संसाररूपी घर में पापरूपी अन्धकार का नाश करनेवाले दीपकों के समान शोभित होते हैं ह्न ऐसे **श्री अरनाथ भगवान** इस लोक में जयवन्त हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार दीपक, अन्धकार-नाशक है; उसी प्रकार अत्यन्त दैदीप्यमान भगवान के चरण-नख, पापरूपी अन्धकार का नाश करते हैं अर्थात् जो भव्य जीव, भगवान के चरणों के उन नखों की आराधना करते हैं, उनके भी समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

८२५. श्री मल्लिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

सुहृत्सुखी स्यादहित: सुदु:खित:,
स्वतोऽप्युदासीनतमादपि प्रभो:।
यत: स जीयाज्जिनमल्लिरेकतां,
गतो जगद्विस्मयकारिचेष्टित:।।१९।।

भक्त सुखी अरु शत्रु दु:खी, पर स्वयं उदास रहें भगवान्।
विस्मयकारी चेष्टा जिनकी, जयवन्तो **जिन मल्लि** सुनाथ।।

अर्थ ह्न यद्यपि **श्री मल्लिनाथ भगवान**, स्वयं अत्यन्त उदासीन हैं; तथापि उनके

स्नेही भक्त, सुख पाते हैं तथा उनके शत्रु, दु:ख पाते हैं ह्न ऐसे आत्मस्वरूप में लीन तथा समस्त जगत् को आश्चर्य करनेवाली चेष्टाओं को धारण करनेवाले **श्री मल्लिनाथ भगवान**, सदा इस लोक में जयवन्त वर्तें।

भावार्थ ह्न यह बात अनुभव-गोचर है कि जो मनुष्य, उदासीन होता है अर्थात् जो मित्र-शत्रु को समान मानता है, उसके न तो मित्र सुखी होते हैं और न शत्रु दु:खी ही होते हैं; किन्तु **श्री मल्लिनाथ भगवान** में यह विचित्रता है कि वे स्वयं उदासीन होने पर भी अपने भक्तों को सुख देनेवाले हैं तथा निन्दकों को दु:ख देनेवाले हैं। (अर्थात् जो मनुष्य, उनकी सेवा तथा भक्ति करते हैं, उनको शुभकर्म का बन्ध होता है, उस शुभकर्म के फलस्वरूप, उन जीवों को सुख की प्राप्ति होती है तथा जो मनुष्य, उनकी निन्दा करते हैं, उनको घृणा की दृष्टि से देखते हैं; उनको अशुभकर्म का बन्ध होता है, उससे उनको संसार में नाना प्रकार के दु:खों का सामना करना पड़ता है।) इसलिए अपने आत्मस्वरूप में लीन तथा आश्चर्यकारी चेष्टाओं को धारण करनेवाले **श्री मल्लिनाथ भगवान** इस लोक में जयवन्त रहें।

८२६. श्री मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकर की स्तुति

विहाय नूनं तृणवत्स्वसम्पदं,
मुनिर्व्रतैर्योऽभवदत्र सुव्रत:।
जगाम तद्धाम विराम-वर्जितं,
सुबोधदृङ्मे स जिन: प्रसीदतु।।२०।।

तृणवत् सम्पत्ति तज कर, मुनि-व्रत धार, नाम सुव्रत सार्थक।
हों प्रसन्न दृग-ज्ञान सुशोभित, शिवपद प्राप्त **मुनिसुव्रत**।।

अर्थ ह्न जो **श्री सुव्रतनाथ मुनि (श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान्)** निश्चय से समस्त पदार्थों को तृण के समान छोड़ कर, व्रतों को धारण करने से **सुव्रत** नाम को धारण करते हैं। जो अविनाशी मोक्षपद को प्राप्त हुए हैं तथा जो सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान के धारी हैं ह्न ऐसे **श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान** मेरे लिए प्रसन्न हों।

भावार्थ ह्न जो उत्तम व्रतों को धारण करनेवाले हैं, उन्हें **सुव्रत** कहते हैं। बीसवें तीर्थंकर का जो **सुव्रत** नाम पड़ा है, वह इसीलिए पड़ा है कि उन्होंने समस्त सम्पदाओं का त्याग कर, व्रतों को धारण किया है; अत: व्रतों का पालन करने के कारण जो **सुव्रत** नाम को धारण करनेवाले हैं, अविनाशी मोक्षपद को प्राप्त हैं और सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान के धारी हैं, वे **मुनिसुव्रतनाथ भगवान**, मुझ पर प्रसन्न हों - ऐसी मेरी प्रार्थना है।

८२७. श्री नमिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

परं पराऽऽयत्ततयाऽति-दुर्बलं,
चलं स्वसौख्यं यदसौख्यमेव तत्।
अदः प्रमुच्यात्मसुखे कृतादरो,
नमिर्जिनो यः स ममास्तु मुक्तये।।२१।।

पराधीन अरु दुर्बल चञ्चल, इन्द्रिय-सुख जाना दुःखरूप।
उसे त्याग आतमसुख पीते, **नमि जिन** मुझको हों सुखरूप।।

अर्थ ह्न हे नमिनाथ भगवान! आपने अत्यन्त पराधीनता से प्राप्त, स्वरूप से भिन्न, अत्यन्त दुर्बल तथा चंचल ह्न ऐसे इन्द्रियों से उत्पन्न हुए सुख को दुःखस्वरूप मान कर, इन्द्रिय-सम्बन्धी समस्त सुख को छोड़ दिया है तथा आत्म सम्बन्धी सुख में आदर किया हैं ह्न ऐसे **श्री नमिनाथ भगवान**, मुझे मुक्ति की प्राप्ति कराएँ।

भावार्थ ह्न इन्द्रियों से उत्पन्न हुआ सुख, पराधीन है, वास्तविक सुख से भिन्न है, अत्यन्त दुर्बल है, चंचल है और वह सुख नहीं, दुःखस्वरूप ही है; इससे विपरीत आत्म-सम्बन्धी सुख स्वाधीन है, स्वीय (अपना) है, दुर्बलता रहित है, स्थिर है और वास्तविक है ह्न ऐसा भलीभाँति समझ कर, **श्री नमिनाथ भगवान** ने इन्द्रिय-सम्बन्धी सुख को छोड़कर आत्म-सम्बन्धी सुख में भलीभाँति आदर स्थापित किया है, वे **श्री नमिनाथ भगवान**, मुझे मुक्ति देवें ह्न ऐसी मेरी प्रार्थना है।

८२८. श्री नेमिनाथ तीर्थंकर की स्तुति

अरिष्ट-संकर्तन-चक्र-नेमिता-
मुपागतो भव्य-जनेषु यो जिनः।
अरिष्ट-नेमिर्जगतीतिविश्रुतः,
स ऊर्जयन्ते जयतादितः शिवम्।।२२।।

भविजन के अघ-नाश हेतु, जो चक्र-धार को प्राप्त हुए।
जग-विख्यात **अरिष्टनेमि प्रभु**, ऊर्जयन्त से शिव पहुँचे।।

अर्थ ह्न संसार में **अरिष्टनेमि** नाम से प्रसिद्ध जो भगवान, भव्य जनों के अशुभ कर्मों के नाश करने में चक्र की धार के समान हैं तथा जो गिरनार पर्वत से मोक्ष को पधारे हैं ह्न वे **श्री अरिष्टनेमि भगवान**, इस लोक में सदा जयवन्त रहें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार चक्र की धार छेद करने में पैनी रहती है, उसी प्रकार **श्री अरिष्टनेमि भगवान** भी भव्य जीवों के अशुभ कर्मों के नाशक हैं अर्थात् उनकी कृपा से भव्य जीवों के अशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं, इसलिए जो भव्य जीवों के अशुभ कर्मों के नाश करने में चक्र की धार के समान हैं, अतएव जिन्होंने **अरिष्टनेमि** नाम को धारण किया है तथा जिन्होंने श्री गिरनार पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया है ह्न ऐसे **श्री अरिष्टनेमि भगवान**, इस लोक में जयवन्त रहें।

८२९. श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर की स्तुति

यदूर्ध्व-देशे नभसि क्षणादहि,
प्रभोः फणा-रत्नकरैः प्रधावितम्।
पदातिभिर्वा कमठाऽऽहतेः कृते,
करोतु पार्श्वः स जिनो ममामृताम्।।२३।।

शेषनाग-फण रत्न-किरण की, सेना शोभित जिनके शीश।
कमठासुर के नाश हेतु मम, मोक्ष-प्रदायक **पारस ईश**।।

अर्थ ह्न हे पार्श्वनाथ भगवान! आकाश में कमठासुर को मारने के लिए आपके मस्तक पर शेषनाग के फण में लगी हुई रत्नों की किरणें पदाति (सेना) के समान धावा करती हैं ह्न ऐसे **श्री पार्श्वनाथ भगवान**, मेरे लिए मोक्ष को देवें।

भावार्थ ह्न किसी समय **मुनिराज श्री पार्श्वनाथ**, ध्यान में अत्यन्त लीन होकर वन में विराजमान थे; उसी समय उनके पूर्वभव का वैरी कमठासुर आकाश मार्ग से जा रहा था। मुनि पार्श्वनाथ के मस्तक पर उसका विमान आते ही वह आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि तीर्थंकर आदि महात्माओं के ऊपर से किसी का विमान नहीं जाता; तब वह कमठासुर अपने विमान से नीचे उतरा और भगवान को देखते ही उसको पूर्वभव के वैर का स्मरण हो गया। बस, फिर क्या था? भगवान को ध्यान से चलायमान करने के लिए उसने बहुत से उपाय किए, परन्तु भगवान के सामने वे सब निष्फल हुए। अन्त में उसने मेघ बरसाए, ओले गिराए और प्रचण्ड पवन चलाई; किन्तु पार्श्वनाथ मुनिराज, ध्यान से चलायमान नहीं हुए।

उस समय पूर्व के उपकार का स्मरण करके, धरणेन्द्र ने भगवान के मस्तक पर अपना फण फैला कर, मेघ का निवारण किया और पद्मावती ने आसन बनाकर भगवान के उपसर्ग का निवारण किया। उसी बात को अपने मन में धारण कर ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि **श्री पार्श्वनाथ भगवान** के मस्तक पर शेषनाग के फण की रत्न-किरणें, जहाँ-तहाँ नहीं

फैल रही हैं, अपितु वे कमठ को मारने के लिए सेना के समान हैं; अत: ऐसे **महा महिमा-शाली श्री पार्श्वनाथ भगवान**, मुझे मुक्ति प्रदान करें।

८३०. श्री वर्धमान तीर्थंकर की स्तुति

त्रिलोक-लोकेश्वरतां गतोऽपि य:,
स्वकीय-कायेऽपि तथापि नि:स्पृह:।
स वर्धमानोऽन्त्यजिनो नताय मे,
ददातु मोक्षं मुनि-पद्मनन्दिने ।।२४।।

तीन लोक के स्वामी हैं, पर निज-तन से भी निस्पृह हैं।
चरणों में नत पद्मनन्दि को, **वर्द्धमान जिन!** शिवपद दें।।

अर्थ ह्न जो तीन लोक के ईश्वर होने पर भी अपने शरीर से अत्यन्त नि:स्पृह (इच्छारहित) हैं ह्न ऐसे अन्तिम जिनेन्द्र **श्री वर्धमान स्वामी**, नमस्कार करते हुए मुझ पद्मनन्दि मुनि को मोक्ष प्रदान करें।

भावार्थ ह्न इस पद्य में विरोधाभास अलंकार है। हे प्रभु! आप तीन लोक के ईश्वर होने पर भी आपको अपने शरीर से स्पृहा (राग) नहीं है। इस विरोध का परिहार इस प्रकार है कि यहाँ विरोध या विरोधाभास अलंकार है क्योंकि जो तीन लोक के ईश्वर हैं, उन्हें तीन लोक से तथा अपने शरीर से भी राग होना चाहिए। आप सर्वज्ञ होने से तीन लोक के ईश्वर हैं तथा वीतराग होने से आपको अपने शरीर से भी स्पृहा नहीं है।

इसी प्रकार हे प्रभु! आप वर्धमान होने पर भी अन्त्य हैं, अन्तिम हैं - यह भी विरोध या विरोधाभास अलंकार है क्योंकि यदि आप वर्धमान हैं तो आप अन्तिम कैसे हो सकते हैं तथा यदि आप अन्तिम हैं तो वर्धमान होने के साथ विरोध कैसे है? इस विरोध का परिहार इस प्रकार है कि द्रव्यपक्ष से वर्धमान आपका नाम है तथा भावपक्ष से आप उत्कृष्ट केवलज्ञानादि गुणरूप वृद्धि को प्राप्त हैं, अत: आप वर्धमान हैं तथा आप अन्त्य या अन्तिम इसलिए हैं क्योंकि आप इस युग के अन्तिम तीर्थंकर हैं; इसलिए हे प्रभु! मेरी प्रार्थना है कि आप मुझ पद्मनन्दि मुनि को मोक्ष प्रदान करें। इस वाक्य में भी विरोधाभास झलक रहा है क्योंकि यद्यपि आप किसी को कुछ देते या किसी से कुछ लेते नहीं हैं, फिर भी स्तुतिकार ने ऐसी प्रार्थना करके अपनी भावना प्रदर्शित की है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री चौबीस तीर्थंकर स्तवन'** नामक **'सोलहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – १७

श्री सुप्रभाताष्टक स्तोत्र

८३१. 'श्री सुप्रभाताष्टक स्तोत्र' का मङ्गलाचरण

शार्दूलविक्रीडित

निःशेषावरणद्वय-स्थिति-निशा, प्रान्तेऽन्तराय-क्षयो;
द्योते मोह-कृते गते च सहसा, निद्राभरे दूरतः।
सम्यग्ज्ञान-दृगक्षि-युग्ममभितो, विस्फारितं यत्र तत्;
लब्धं यैरिह सुप्रभातमचलं, तेभ्यो यतिभ्यो नमः।।१।।

मोह-नींद का भार दूर, होने पर प्रगटा ज्ञान-प्रकाश।
ज्ञान-दर्शनावरण निशा का, अन्त और विघ्नों का नाश।।
जिस प्रभात में समीचीन वे, दर्श-ज्ञानद्वय नेत्र खुलें।
उसे प्राप्त कर लिया जिन्होंने, उन यति को हम नमन करें।।

अर्थ ह्न दोनों निःशेषावरण अर्थात् ज्ञानावरण और दर्शनावरण की स्थितिरूप रात्रि के अन्त होने पर, अन्तराय कर्म के क्षय से प्रकाश होने पर और मोहनीय कर्म के द्वारा किए हुए निद्रा के भार से शीघ्र ही दूर होने पर; जिस **सुप्रभात** में सम्यग्ज्ञान तथा सम्यग्दर्शनरूप दोनों नेत्र उन्मीलित (खुले) हुए है, उस अचल **सुप्रभात** को जिन यतियों ने प्राप्त कर लिया है ह्न उन यतियों को नमस्कार है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार प्रभात काल में रात्रि का सर्वथा अन्त होकर प्रकाश प्रकट हो जाता है, निद्रा का नाश हो जाता है अर्थात् सोते हुए प्राणी उठ बैठते हैं, उनके दोनों नेत्र खुल जाते हैं; उसी प्रकार जिस सुप्रभात में ज्ञानावरण-दर्शनावरण के सर्वथा नाश होने पर, मोहनीय कर्म के कारण उत्पन्न हुई मोह-निद्रा के सर्वथा दूर हो जाने पर, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शन प्रकट कर, अत्यन्त **सुप्रभात** को जिन मुनियों ने प्राप्त कर लिया है; उन मुनियों को मेरा मस्तक झुका कर नमस्कार है।

८३२. प्रभातकालीन सूर्य के समान केवलज्ञान

यत्सच्चक्र-सुख-प्रदं यदमलं, ज्ञान-प्रभा-भासुरं;
लोकाऽलोक-पद-प्रकाशन-विधि,-प्रौढ़ं प्रकृष्टं सकृत्।
उद्भूते सति यत्र जीवितमिव, प्राप्तं परं प्राणिभिः;
त्रैलोक्याऽधिपतेर्जिनस्य सततं, तत्सुप्रभातं स्तुवे।।२।।

जीवों को जो सुखप्रद निर्मल, ज्ञान-प्रभा से चमक रहा।
लोकालोक-प्रकाशक उत्कट, एक बार यदि उदित हुआ।।
तो जग के प्राणी सर्वोत्तम, जीवन का अनुभव कर लें।
हम त्रिभुवन-नायक जिनवर का, **सुप्रभात स्तोत्र** रचें।।

अर्थ ह्न तीन लोक के स्वामी श्री जिनेन्द्र भगवान के उस **सुप्रभात** (केवलज्ञान) को मैं नमस्कार करता हूँ कि जो **सुप्रभात** समस्त जीवों को सुख देनेवाला है, समस्त प्रकार के मलों से रहित अमल ज्ञान की प्रभा से दैदीप्यमान है, समस्त लोकालोक को प्रकाशित करनेवाला है, जो अत्यन्त महान है और जिसके एक बार उदित होने पर समस्त प्राणियों को ऐसा लगता है कि हमें उत्कृष्ट जीवन की प्राप्ति हो गई है अर्थात् वे अपना जीवन धन्य समझते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार प्रभात काल, समस्त प्राणियों को सुख देनेवाला होता है, अन्धकार के नाश हो जाने से निर्मल है, दैदीप्यमान सूर्य की काँति से चमकीला है, समस्त पदार्थों का प्रकाशक अत्यन्त प्रकृष्ट है तथा जिस प्रभात काल के उदय होने पर समस्त प्राणी अपना जीवन उत्कृष्ट समझते हैं; उसी प्रकार तीन लोक के स्वामी श्री जिनेन्द्रदेव का **सुप्रभात** (केवलज्ञान) समस्त जीवों को सुख देनेवाला है (अर्थात् जिस समय केवलज्ञान प्रगट होता है, उस समय तीनों लोक के जीवों को आनन्द होता है) ज्ञानावरणादि कर्मों के अभाव से निर्मल है, ज्ञान की प्रभा से दैदीप्यमान है, समस्त लोकालोक का प्रकाश करनेवाला होने से महान है, जिस के उदित होने पर समस्त प्राणी अपने को धन्य समझते हैं; तीन लोक के स्वामी श्री जिनेन्द्रदेव के उस **सुप्रभात** (केवलज्ञान) को हमारा नमस्कार है।

(यहाँ प्राकृतिक **सुप्रभात** तथा जिनेन्द्र भगवान के **सुप्रभात** केवलज्ञान को एक-सा मान कर, रूपक अलंकार प्रस्तुत किया है।)

८३३. समस्त संसार के ताप को दूर करनेवाला केवलज्ञान

एकान्तोद्धत-वादि-कौशिक-शतैः, नष्टं भयादाकुलैः;
जातं यत्र विशुद्ध-खेचर-नुति-,व्याहारकोलाहलम्।

यत्सद्धर्म-विधि-प्रवर्तन-करं, तत्सुप्रभातं परं;
मन्येऽर्हत्परमेष्ठिनो निरुपमं; संसार-सन्ताप-हृत्।।३।।

अर्हन्तों का भवताप-नाशक, अनुपम सुप्रभात प्रगटे।
भयाकुलित एकान्तवाद के, शत-शत उल्लू नष्ट हुए।।
जो विशुद्ध विद्याधर-स्तवन, कोलाहल से गूँज रहा।
वह महान सुप्रभात परम, सत्धर्म प्रवर्तन नित करता।।

अर्थ ह्न श्री अर्हन्त भगवान के उपमारहित **सुप्रभात** के होने पर, एकान्त सिद्धान्त से मत्त सैंकड़ों वादीरूपी कौशिक (बाल उल्लू) भयभीत होकर नष्ट हो जाते हैं ह्न ऐसा यह **सुप्रभात** अर्थात् अत्यन्त शुद्ध विद्याधरों की स्तुतिरूप शब्दों के कोलाहल से युक्त उत्तम धर्म की प्रवृत्ति करनेवाला तथा समस्त संसार के सन्ताप को दूर करनेवाला है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार प्रात:काल होते ही उल्लू अपने घोसलें में छिप जाते हैं, पक्षीगण, कलकल शब्दों से आकाश में कोलाहल उत्पन्न करते हैं और जगत् के जीवों की उत्तम धर्म में प्रवृत्ति होती है अर्थात् उपमारहित और समस्त सन्ताप को दूर करनेवाले प्रभात काल में मनुष्य जैसे, अपनी-अपनी धर्म-क्रियाओं में तत्पर हो जाते हैं; उसी प्रकार अर्हन्त भगवान का **सुप्रभात** (केवलज्ञान) है क्योंकि भगवान के **सुप्रभात** (केवलज्ञान) के सामने वस्तु के एकान्त स्वरूप को माननेवाले मदोन्मत्त वादीरूपी उल्लू नष्ट हो जाते हैं। विद्याधरों के द्वारा की जानेवाली भगवान की स्तुतिरूप शब्दों के कोलाहल से सम्पूर्ण जगत् व्याप्त हो जाता है तथा भगवान का **सुप्रभात** (केवलज्ञान) श्रेष्ठ धर्म की प्रवृत्ति करनेवाला है।

इस प्रकार अज्ञान अन्धकार से व्याप्त संसार में केवलज्ञानियों के केवलज्ञान से श्रेष्ठ मार्ग की प्रवृत्ति होती है, अत: भगवान का **सुप्रभात** (केवलज्ञान) उत्कृष्ट है, उपमारहित है, संसार के सन्ताप को दूर करनेवाला है। (यहाँ प्रात:काल तथा जिनेन्द्र भगवान के केवलज्ञान को एक कहने से रूपक अलंकार है।)

८३४. तीन लोक के द्वारा पूजनीय सुप्रभातस्तोत्र

सानन्दं सुर-सुन्दरीभिरभित:, शक्रैर्यदागीयते;
प्रात: प्रातरधीश्वरं यदतुलं, वैतालिकै: पठ्यते।
यच्चाश्रावि नभश्चरैश्च फणिभि:, कन्याजनाद् गायत:;
तद्वन्दे जिन-सुप्रभातमखिलं, त्रैलोक्य-हर्ष-प्रदम्।।४।।

सुरपति एवं देव-देवियाँ, आनन्दित हो करें सुगान।
बन्दीजन भूपति के सन्मुख, प्रात:काल करें गुनगान।।
नाग-सुता गाती मधु स्वर में, सुनते विद्याधर नागेन्द्र।
ऐसे त्रिभुवन आनन्द-दायक, प्रभु-स्तवन को करूँ नमन।।

अर्थ ह्न जिनेन्द्र भगवान के **सुप्रभात** का गान, अत्यन्त आनन्दपूर्वक समस्त देवांगनाएँ तथा इन्द्र, स्तुतिरूप से गाकर करते हैं; अनुपमेय (उपमारहित) इस **सुप्रभात स्तोत्र** को बन्दीजन, प्रात:काल राजाओं के सामने पढ़ते हैं तथा नाग-कन्याओं द्वारा गाये हुए इस स्तोत्र को विद्याधर तथा नागेन्द्र सुनते हैं। इस प्रकार तीनों लोक को हर्ष प्रदान करनेवाले भगवान के **सुप्रभात स्तोत्र** को मैं शिर नवाकर नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ ह्न जिनेन्द्र भगवान के स्तोत्र का अत्यधिक आनन्द के साथ गुनगान, ऊर्ध्वलोक (स्वर्ग) में देवांगनाएँ तथा इन्द्र करते हैं; मध्यलोक में प्रात:काल राजाओं के सामने बन्दीजन करते हैं तथा अधोलोक में नाग कन्या अपने मधुर स्वर से करती हैं, जिसे बड़ी लालसा से विद्याधर तथा नागेन्द्र सुनते हैं ह्न ऐसे तीन लोक को हर्ष (आनन्द) देनेवाले भगवान के **सुप्रभात स्तोत्र** को मैं मस्तक झुका कर नमस्कार करता हूँ।

८३५. जिनेन्द्र भगवान का सुप्रभात स्तोत्र सदैव जयवन्त वर्तो

उद्योते सति यत्र नश्यति तरां, लोकेऽघ-चौरोऽचिरं;
दोषेशोऽन्तरतीव यत्र मलिनो, मन्द-प्रभो जायते।
यत्राऽनीति-तमस्ततेर्विघटनात्, जाता दिशो निर्मला;
वन्द्यं नन्दतु शाश्वतं जिनपते:, तत्सुप्रभातं परम्।।५।।

जिस मंगल प्रभात से जग के, पाप-चोर का होता अन्त।
दोष-ईश मन-मोह-चन्द्र की, कान्ति भी होती है मन्द।।
विनशे तिमिर-अनीति अत:, हो जाती सभी दिशाएँ स्वच्छ।
वन्दनीय परम जिनवर का, सुप्रभात जग में जयवन्त।।

अर्थ ह्न श्री जिनेन्द्र भगवान के **सुप्रभातस्तोत्र** का प्रकाश होने पर संसार में पापरूपी चोर सर्वथा नष्ट हो जाते हैं, मनरूपी चन्द्रमा मलिन मन्दप्रभ (फीका) हो जाता है तथा अनीतिरूपी अन्धकार के सर्वथा नष्ट हो जाने के कारण समस्त दिशाएँ स्वच्छ हो जाती हैं ह्न ऐसा जिनेन्द्र भगवान का उत्कृष्ट, सदैव विद्यमान, वन्दनीक **सुप्रभात स्तोत्र** इस लोक में जयवन्त प्रवर्तो।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार प्रात:काल होते ही सब चोर भाग जाते हैं, चन्द्रमा मलिन तथा फीका पड़ जाता है, अन्धकार के नाश होने से दशों दिशाएँ सर्वथा स्वच्छ हो जाती हैं; उसी प्रकार श्री जिनेन्द्रदेव का गुनगान (केवलज्ञान) है क्योंकि जिनेन्द्र के **सुप्रभात** का प्रकाश होने पर समस्त पापरूपी चोर सर्वथा नष्ट हो जाते है, अनीति या दुर्नयस्वरूप अन्धकार के सर्वथा नाश हो जाने के कारण मार्ग की समस्त दिशाएँ निर्मल हो जाती हैं (अर्थात् भगवान के **सुप्रभात** का प्रकाश होने पर मिथ्यामार्ग की प्रवृत्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है और जीवों की उत्तम मार्ग में प्रवृत्ति होती है) ह्न ऐसा जिनेन्द्रदेव का **सुप्रभात** उत्कृष्ट है, सदाकाल रहनेवाला और समस्त भव्यजीवों द्वारा वन्द्य (स्तुति करने योग्य) है।

८३६. जिनेन्द्र भगवान का सुप्रभात (केवलज्ञान) अपूर्व महिमा का धारी

मार्गं यत्प्रकटी-करोति हरते - दोषाऽनुषंग-स्थितिं;
लोकानां विदधाति दृष्टिमचिरा,-दर्थावलोक-क्षमाम्।
कामासक्तधियामपि कृशयति, प्रीतिं प्रियायामिति;
प्रातस्तुल्यतयापि कोऽपि महिमा,-ऽपूर्व: प्रभातोऽर्हताम्।।६।।

मार्ग प्रगट करता अरु दोष-संग की स्थिति नष्ट करे।
लोक-दृष्टि को वस्तु-तत्त्व-दर्शन में शीघ्र समर्थ करे।।
कामासक्त पुरुष भी नारी, के प्रति प्रीति करें सु विनष्ट।
प्रात:काल से भी अपूर्व महिमामय है अर्हन्त-प्रभात।।

अर्थ ह्न श्री अर्हन्त भगवान का **सुप्रभात** (केवलज्ञान), मार्ग (मोक्षमार्ग) को प्रगट करता है, समस्त दोषों के संग से (साथ) होनेवाली स्थिति को नष्ट करता है, लोगों की दृष्टि को शीघ्र ही पदार्थों को देखने में समर्थ बनाता है तथा जिन मनुष्यों की बुद्धि, काम में आसक्त है अर्थात् जो पुरुष कामी हैं, उनकी स्त्री-विषयक प्रीति को नष्ट करता है; इसलिए यद्यपि अर्हन्तदेव का **सुप्रभात** भी प्रात:काल के समान मालूम पड़ता है तो भी यह प्रात:काल से भी अधिक वचन-अगोचर अपूर्व महिमा का धारी है।

भावार्थ ह्न यद्यपि शब्द से प्रात:काल तथा जिनेन्द्र का **सुप्रभात** समान ही प्रतीत होते हैं, तथापि प्रात:काल (सुबह) की अपेक्षा अर्हन्त भगवान के **सुप्रभात** की महिमा अपूर्व ही है क्योंकि प्रात:काल तो मनुष्यों को आवागमन हेतु सड़क मार्ग को प्रकट करता है, किन्तु भगवान का **सुप्रभात**, सम्यग्दर्शनादि स्वरूप मोक्षमार्ग को प्रकट करता है; प्रात:काल तो रात्रि

के अन्धकार को दूर करता है, किन्तु भगवान का **सुप्रभात**, राग-द्वेषरूपी दोषों को दूर करता है; प्रात:काल तो घट-पटादि पदार्थों को देखने में मनुष्यों की दृष्टि को समर्थ करता है, किन्तु अर्हन्त का **सुप्रभात**, मनुष्यों की दृष्टि को रूपी तथा अरूपी समस्त पदार्थों के देखने में समर्थ बनाता है; प्रात:काल तो कामी पुरुषों की स्त्री-विषयक प्रीति को नष्ट करता है, किन्तु अर्हन्त का **सुप्रभात**, समस्त प्रकार के मोहभाव का नाश करता है। इसलिए प्रात:काल की अपेक्षा अर्हन्त भगवान का **सुप्रभात** अपूर्व महिमा का धारी है, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं।

८३७. सूर्य से भी अगोचर अन्धकार का नाशक श्री जिनेन्द्र का सुप्रभात

यद्भानोरपि गोचरं न गतवान्, चित्ते स्थितं तत्तमो;
भव्यानां दलयत्तथा कुवलये, कुर्याद्विकाशश्रियम्।
तेज: सौख्यहतेरकर्तृ यदिदं, नक्तंचराणामपि;
क्षेमं वो विदधातु जैनमसमं, श्रीसुप्रभातं सदा।।७।।

रवि-अगम्य जो भव्य चित्त में, व्याप्त-तिमिर का करता नाश।
सर्व प्राणियों को हर्षित कर, भूमण्डल में करे विकास।।
किन्तु निशाचर जीवों के वह, तेज और सुख करे न नष्ट।
जन-जन का कल्याण करे यह, जिनवर का अनुपम सुप्रभात।।

अर्थ ह्न जो सूर्य-गोचर (सूर्य के विषयभूत) नहीं है ह्न ऐसे भव्य जीवों के चित्त में विद्यमान अन्धकार को नष्ट करनेवाला जिनेन्द्रदेव का **सुप्रभात**, भूमण्डल पर अत्यन्त शोभा को धारण करता है तथा रात्रि में गमन करनेवाले जीवों के तेज व सुख का नाश नहीं करता है ह्न ऐसा समीचीन तथा उपमारहित जिनेन्द्र भगवान का **सुप्रभात** सदैव हमारा कल्याण करे।

भावार्थ ह्न जिनेन्द्रदेव का **सुप्रभात**, जहाँ पर सूर्य की भी गम्यता नहीं है ह्न ऐसे भव्य जीवों के मन में मौजूद अन्धकार का भी नाश करनेवाला है, जो समस्त पृथ्वी-मण्डल के ऊपर प्रकाशमान है। सूर्य तो रात्रि में गमन करनेवाले उल्लू आदि जीवों के तेज तथा सुख का नाश करनेवाला है, किन्तु जिनेन्द्र भगवान का **सुप्रभात**, रात्रि में गमन करनेवाले जीवों के भी तेज व सुख का भी नाश करनेवाला नहीं है। जो समीचीन तथा उपमारहित है ह्न ऐसा जिनेन्द्र भगवान का सुप्रभात सदैव हमारा कल्याण करे।

(यहाँ प्रात:काल तथा जिनेन्द्र के केवलज्ञान की तुलना कर, भगवान जिनेन्द्र के केवलज्ञान को उत्कृष्ट बताया गया है, अत: व्यतिरेक अलंकार है)

८३८. उपसंहार : सुप्रभाताष्टक स्तोत्र पढने का फल

भव्याऽम्भोरुह-नन्दि-केवल-रविः, प्राप्नोति यत्रोदयं;
दुष्कर्मोदय-निद्रया परिहृतं, जागर्ति सर्वं जगत्।
नित्यं यैः परि-पठ्यते जिनपतेरेतत्प्रभाताऽष्टकं;
तेषामाशु विनाशमेति दुरितं, धर्मः सुखं वर्धते।।८।।

भव्य-कमल को विकसित करता, केवल-रवि का जहाँ उदय।
पापोदय से जनित नींद से मुक्त जगत् के जीव प्रबुद्ध।।
भव्य जीव जो पढ़ें निरन्तर, जिनपति का अष्टक सुप्रभात।
धर्म और सुख में वृद्धि हो, पापों का भी होता नाश।।

अर्थ ह्न यहाँ आचार्य कहते हैं कि श्री जिनेन्द्रदेव के **सुप्रभात** में, भव्य-कमलों को आनन्द देनेवाला केवलज्ञानरूपी सूर्य का उदय होता है तथा समस्त जगत् खोटे कर्मों से उत्पन्न निद्रा को त्यागकर प्रबोधावस्था को प्राप्त होता है ह्न ऐसे उत्तम **सुप्रभाताष्टक** को, जो भव्य जीव नित्य पढ़ते हैं, उनके समस्त पापों का नाश होकर धर्मवृद्धि होती है, सुख की वृद्धि होती है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार प्रातः काल में कमलों को आनन्द देनेवाले सूर्य का उदय होता है तथा समस्त लोक, निद्रा से रहित होकर प्रबोध (जागृत) अवस्था को प्राप्त हो जाता है; उसी प्रकार भगवान का **सुप्रभात**, भव्य-कमलों को आनन्द देनेवाला है, जिससे सभी भव्य जीवों को शाश्वत आनन्द देनेवाले केवलज्ञानरूपी सूर्य का उदय होता है।

समस्त लोक, खोटे कर्मों से पैदा हुई निद्रा से रहित होकर प्रबोध अवस्था को प्राप्त होता है; इसलिए आचार्य कहते हैं कि जो भव्य जीव, सदैव इस जिनेन्द्र भगवान के **सुप्रभाताष्टक स्तोत्र** को पढ़ते हैं; उन भव्य जीवों के समस्त अशुभकर्मों का नाश हो जाता है और उनके सुख तथा धर्म की वृद्धि होती है।

(इस पद्य में भी व्यतिरेक अलंकार का प्रयोग किया गया है।)

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री सुप्रभाताष्टक स्तोत्र'** नामक **'सत्रहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – १८

श्री शान्तिनाथ स्तोत्र

८३९. श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्र को नमस्कार करते हुए तीन छत्ररूप प्रातिहार्य का वर्णन

शार्दूलविक्रीडित

त्रैलोक्याऽधिपतित्व-सूचन-परं, लोकेश्वरैरुद्धृतं;
यस्योपर्युपरीन्दु-मण्डल-निभं, छत्र-त्रयं राजते।
अश्रान्तोद्गत-केवलोज्ज्वल-रुचा, निर्भर्त्सिताऽर्क-प्रभं;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।१।।

जिनके मस्तक पर सुरगण से, आरोपित शशिबिम्ब समान।
छत्रत्रय शोभित जो घोषित, करते प्रभु! त्रिभुवन के नाथ।।
सदा उदित कैवल्य-कान्ति से, फीकी पड़ती सूर्यप्रभा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान के मस्तक पर, तीन लोक का स्वामीपना प्रकट करने के लिए देवेन्द्रों द्वारा पूजित तथा चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब-समान तीन छत्र शोभित होते हैं। निरन्तर उदय को प्राप्त केवलज्ञान की निर्मल कान्ति से जिन्होंने सूर्य की प्रभा को भी तिरस्कृत कर दिया है तथा जो समस्त पापों से रहित हैं ह्न ऐसे **श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्र**! सदैव हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान, तीन लोक के स्वामी हैं ह्न इस बात को बताने के लिए उनके मस्तक पर देवेन्द्रों ने चन्द्रमा की कान्ति के समान तीन छत्र आरोपित किये हैं। जिन्होंने सदा उदय को प्राप्त अपने केवलज्ञान की कान्ति से सूर्य की प्रभा को भी नीचे कर दिया है और ज्ञानावरणादि कर्मों से उत्पन्न हुई कालिमा से जो सर्वथा रहित हैं ह्न ऐसे **तीन छत्र**, प्रातिहार्य से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें, उनको हमारा नमस्कार हो। (इस पद्य में व्यतिरेक अलंकार है)

८४०. दुन्दुभि प्रातिहार्य का वर्णन

देवः सर्वविदेष एव परमो, नाऽन्यस्त्रिलोकी-पतिः;
सन्त्यस्यैव समस्त-तत्त्व-विषया, वाचः सतां सम्मताः।
एतद्घोषयतीव यस्य विबुधैरास्फालितो दुन्दुभिः;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।२।।

देव यही सर्वज्ञ परम, त्रैलोक्य-पति हैं अन्य नहीं।
सकल तत्त्व प्रतिपादक वाणी, सज्जन को सम्मत इनकी।।
जग में जिनकी देव-दुन्दुभी, यही घोषणा करे सदा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न देवताओं द्वारा ताड़ित (बजाई हुई) **श्री शान्तिनाथ भगवान** की दुन्दुभि (नगाड़ा), समस्त संसार में इस बात को प्रकट कर रहा है कि समस्त पदार्थों को प्रत्यक्ष जाननेवाले, उत्कृष्ट और तीन लोक के पति यदि कोई हैं तो वे **श्री शान्तिनाथ भगवान** ही हैं; किन्तु इनसे भिन्न न कोई समस्त पदार्थों का जाननेवाला है, न उत्कृष्ट है और न तीन लोक का स्वामी है। समस्त तत्त्वों का वर्णन करनेवाले इन्हीं भगवान के वचन, सज्जनों को सम्मत हैं; इनसे भिन्न किसी के वचन सम्मत नहीं हैं ह्न ऐसे समस्त कर्मों से रहित **दुन्दुभि प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान**, सदैव हमारी रक्षा करें। (इस पद्य में उत्प्रेक्षा अलंकार है)

८४१. सिंहासन प्रातिहार्य का वर्णन

दिव्य-स्त्री-मुख-पंकजैक-मुकर-प्रोल्लासि-नाना-मणि-
स्फारीभूत-विचित्र-रश्मि-रचिता,-नम्राऽमरेन्द्रायुधैः।
सच्चित्रीकृत-वात-वर्त्मनि लसत्, सिंहासने यः स्थितः;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।३।।

सुर-वनिताओं के मुखरूपी, दर्पण में मणि चमक रही।
विविध रंग की किरणों से वे, इन्द्रधनुष रचना करती।।
अद्भुत अनुपम सिंहासन की, नभ में है विचित्र शोभा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न स्वर्ग की देवांगनाओं के मुख-कमलरूपी दर्पण से दैदीप्यमान, नाना प्रकार के रत्नों से युक्त तथा इन्द्रधनुष के समान आकाश में चारों ओर फैले हुए रत्न-किरणों से

चित्र-विचित्र ह्न ऐसे दैदीप्यमान सिंहासन पर विराजमान, समस्त पापों से रहित **श्री शान्तिनाथ भगवान**, सदा हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न जिस समय भगवान को देवांगनाएँ आकर नमस्कार करती हैं, उस समय उनके आभूषणों के रत्नों की किरणों से चित्र-विचित्र आकाश ऐसा मालूम पड़ता है कि मानो आकाश में सर्वत्र इन्द्रधनुष ही भरे पड़े हों। इस प्रकार इन्द्रधनुष के समान चित्र-विचित्र आकाश में समस्त पापों से रहित **सिंहासन प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान**, सदैव हमारी रक्षा करें। (इस पद्य में भी उत्प्रेक्षा अलंकार है)

८४२. पुष्पवृष्टि प्रातिहार्य का वर्णन

गन्धाकृष्ट-मधु-व्रत-व्रज-रुतैः, व्यापारिता कुर्वती;
स्तोत्राणीव दिवः सुरैः सुमनसां, वृष्टिर्यदग्रेऽभवत्।
सेवायात-समस्त-विष्टप-पति-,स्तुत्याश्रय-स्पर्धया;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।४।।

प्रभु के सन्मुख नभ में देवों, द्वारा हुई पुष्प-वृष्टि।
मानो सुरपति द्वारा स्तुति, से ईर्ष्या उत्पन्न हुई।।
अतः गन्ध से आकर्षित, भ्रमरों ने मधु-गुँजार किया।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान के सम्मुख देवों द्वारा आकाश में पुष्पवर्षा करने पर उन पुष्पों की सुगन्ध से आकर्षित होकर, भ्रमरों का समूह भी आकर, गुंजार करने लगता है, उससे ऐसा लगता है, मानो आपकी सेवा में आए हुए समस्त लोक के स्वामी देवेन्द्रादिक की स्तुति से उत्पन्न हुई ईर्ष्या के कारण सुगन्ध से खींचे हुए भ्रमरों का समूह भी अपने गुंजार से स्तोत्रों को ही कर रहा हो। इस प्रकार समस्त पापों से रहित श्री शान्तिनाथ भगवान हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न यहाँ आचार्य उत्प्रेक्षा करते हैं कि जिस समय भगवान के ऊपर पुष्पवृष्टि होती है, उस समय उसकी सुगन्ध से आए हुए भ्रमरों का गुंजार मानो उनका गुंजार नहीं, अपितु देवेन्द्र, नरेन्द्र, धरणेन्द्र ही आकर मानो भगवान की स्तुति कर रहे हैं। साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी स्तुतिरूप ईर्ष्या से पुष्पवृष्टि भी भगवान की स्तुति कर रही है ह्न ऐसे समस्त पापों से रहित **पुष्पवृष्टि प्रातिहार्य** से शोभित श्री जिनेन्द्र भगवान् हमारी रक्षा करें।

८४३. भामण्डल प्रातिहार्य का वर्णन

खद्योतौ किमुतानलस्य कणिके, शुभ्राभ्रलेशावथ;
सूर्याचन्द्रमसाविति प्रगुणितौ, लोकाक्षि-युग्मैः सुरैः।
तर्क्येते हि यदग्रतोऽतिविशदं, तद्यस्य भामण्डलं;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथ सदा।।५।।

सुरगण अरु मनुजों के नेत्र-युगल में रवि-शशि भासित हों।
जुगनू जैसे या अग्निकण, या मेघों के टुकड़े हों।।
जिसके सन्मुख कान्तिमान जो, जिनवर का भामण्डल था।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न हे शान्तिनाथ भगवान! आपके भामण्डल की प्रभा के आगे देव तथा मनुजों के नेत्र, सूर्य एवं चन्द्रमा को दो खद्योत (जुगनू) के समान अथवा अग्नि के दो स्फुलिंग के समान अथवा सफेद मेघ के दो टुकड़ों के समान मानते हैं ह्न ऐसे **भामण्डल प्रातिहार्य** से शोभित, समस्त पापों से रहित **श्री शान्तिनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान का भामण्डल इतना दैदीप्यमान था कि जिसके सामने अत्यन्त प्रकाशमान सूर्य-चन्द्रमा भी दो जुगनू अथवा अग्नि के दो स्फुलिंग अथवा सफेद मेघ के दो टुकड़ों के समान जान पड़ते हैं ह्न ऐसे समस्त कर्मों से रहित **भामण्डल प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान**, सदैव हमारी रक्षा करें। (इस पद्य में सन्देह अलंकार है)

८४४. अशोकवृक्ष प्रातिहार्य का वर्णन

यस्याऽशोक-तरुर्विनिद्र-सुमनो-, गुच्छ-प्रसक्तैः क्वणद्-;
भृंगैर्भक्ति-युतः प्रभोरहरहर्गायन्निवाऽऽस्ते यशः।
शुभ्रं साऽभिनयो मरुच्चल-लता-,पर्यन्त-पाणि-श्रिया;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।६।।

खिले हुए फूलों पर बैठे, भ्रमर करें निश-दिन गुंजार।
मानो तरु अशोक भक्ति से, करता हो प्रभु का यशगान।।
हिलती लतारूप हाथों से, मानो वह तरु नाच रहा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न हे शान्तिनाथ भगवान! ऐसा लगता है कि मानो आपके प्रति अत्यन्त भक्तिसहित अशोक वृक्ष ही खिले हुए पुष्प-गुच्छों पर बैठे, गुँजार करते हुए भ्रमरों के माध्यम से प्रभु के निर्मल यश का गुनगान कर रहा हो तथा पवन से कम्पित लताओं के अग्र भागरूपी हाथों से वही अशोकवृक्ष, नृत्य करता हुआ जान पड़ता है ह्न ऐसे समस्त पापों से रहित **श्री शान्तिनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न जिसके खिले हुए पुष्प-गुच्छों पर भ्रमर गुंजार कर रहे हैं तथा जिसकी शाखाओं के अग्र भाग पवन से हिल रहे हैं ह्न ऐसे अशोक वृक्ष के नीचे ध्यानारूढ़ विराजमान भगवान का स्मरण करके ग्रन्थकार उत्प्रेक्षा करते हैं कि अशोक वृक्ष के खिले हुए फूलों पर जो भ्रमर, गुंजार कर रहे हैं, मानो वे उनके गुंजार नहीं हैं, किन्तु भक्तिवश अशोकवृक्ष ही भगवान के निर्मल यश का गान कर रहा है तथा अत्यन्त उत्तेजित पवन के कारण उस अशोक वृक्ष की लताओं के जो अग्रभाग हिल रहे हैं, वे लताओं के अग्रभाग नहीं, अपितु अशोकवृक्ष के हाथ हैं तथा वह अपने हाथ फैलाकर भक्तिवश नृत्य कर रहा है ह्न ऐसा वह अशोकवृक्ष अत्यन्त भक्तियुक्त होकर चेष्टा कर रहा है; ऐसे वे समस्त पापों से रहित **अशोकवृक्ष प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें।

८४५. दिव्यध्वनि प्रातिहार्य का वर्णन

विस्तीर्णाऽखिल-वस्तु-तत्त्व-कथना,-पार-प्रवाहोज्ज्वला;
निःशेषाऽर्थि-निषेविताऽतिशिशिरा, शैलादिवोत्तुङ्गतः।
प्रोद्भूता हि सरस्वती सुरनुता, विश्वं पुनाना यतः;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।७।।

अति विस्तीर्ण तत्त्व-प्रतिपादन, से उज्ज्वल शीतल गंगा।
देवों द्वारा वन्दित एवं, मोक्षार्थी करते सेवा।।
ऊँचे गिरि सम प्रभु से प्रगटी, करें जगत् उद्धार सदा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न अत्यन्त विस्तीर्ण, समस्त तत्त्वों के कथनरूपी प्रवाह से उज्ज्वल, जिसकी समस्त अर्थिजन (याचक) सेवा करते हैं, जो अत्यन्त शीतल है, जिसकी समस्त देव स्तुति करते हैं और जो समस्त जगत् को पवित्र करनेवाली है ह्न ऐसी सरस्वती (गङ्गा) अत्यन्त ऊँचे पर्वत के समान **श्री शान्तिनाथ भगवान** से प्रकट हुई है; ऐसे समस्त पापों से रहित **श्री शान्तिनाथ भगवान** सदैव हमारी रक्षा करें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार गङ्गा नदी अत्यन्त लम्बी-चौड़ी है, अपने प्रवाह से उज्ज्वल है, जिसका पार पाना सामान्य मनुष्य को सम्भव नहीं है, याचकगण जिसकी सेवा करते हैं, जो अत्यन्त शीतल तथा बड़े-बड़े देवों की स्तुतियों से युक्त है, जो समस्त जगत् को पवित्र करनेवाली है, अत्यन्त उन्नत हिमालय पर्वत से प्रकट हुई है; उसी प्रकार जिनवाणीरूपी माता सरस्वती भी अत्यन्त विस्तीर्ण समस्त तत्त्वों के कथनरूपी प्रवाह से निर्मल है, भक्तगण इसकी सेवा करते हैं, यह अत्यन्त शीतल तथा बड़े-बड़े देवताओं की स्तुति से युक्त है, समस्त जगत् को पवित्र करनेवाली और गङ्गा नदी के समान **श्री शान्तिनाथ**रूपी हिमालय पर्वत से यह सरस्वती माता उत्पन्न हुई है ह्न ऐसे समस्त पापों से रहित **दिव्यध्वनि प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान** हमारी रक्षा करें। (यहाँ श्लेष और उत्प्रेक्षा अलंकार है)

८४६. चँवर प्रतिहार्य का वर्णन

लीलोद्वेलित-बाहु-कंकण-रणत्कार-प्रहृष्टैः सुरैः;
चञ्चच्चन्द्र-मरीचि-संचय-समाकारैश्चलच्चामरैः।
नित्यं यः परिवीज्यते त्रिजगतां, नाथस्तथाप्यस्पृहः;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।८।।

लीला से कंपित भुज-कंकण, के शब्दों से हर्षित देव।
उज्ज्वल चन्द्र-किरण सम चञ्चल, चँवर ढोरते अमर सदैव।।
तीन लोक के नाथ प्रभु हैं, किन्तु नहीं किञ्चित् इच्छा।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान के ऊपर, विविध लीलाओं से कम्पित भुजाओं में पहिने हुए कंकण के रणत्कार ध्वनि से हर्षित देव, दैदीप्यमान चन्द्रमा की किरणों के समान रूप को धारण करनेवाले चञ्चल चँवरों को ढोरते हैं तथापि तीन लोक के नाथ अत्यन्त निरीह अर्थात् समस्त पदार्थों की इच्छा एवं समस्त पापों से रहित हैं ह्न ऐसे **श्री शान्तिनाथ भगवान**, सदैव हमारी रक्षा करें; ऐसे **श्री शान्तिनाथ भगवान** को हमारा नमस्कार है।

भावार्थ ह्न श्री शान्तिनाथ भगवान के ऊपर समस्त आभूषणों से सहित देवेन्द्र, चन्द्रमा की किरणों के समान निर्मल चँवरों को ढोरते हैं तथा तीन लोक के नाथ होने पर भी जिन्हें किसी प्रकार की इच्छा नहीं है ह्न ऐसे समस्त प्रकार के पातकों से रहित **चँवर प्रातिहार्य** से शोभित **श्री शान्तिनाथ भगवान** सदैव हमारी रक्षा करें। (इस पद्य में विरोधाभास अलंकार है)

८४७. श्री शान्तिनाथ स्तोत्र का उपसंहार

निःशेष-श्रुत-बोध-वृद्ध-मतिभिः, प्राज्यैरुदारैरपि;
स्तोत्रैर्यस्य गुणाऽर्णवस्य हरिभिः, पारो न सम्प्राप्यते।
भव्याऽम्भोरुह-नन्दि-केवल-रविः, भक्त्या मयापि स्तुतः;
सोऽस्मान् पातु निरंजनो जिनपतिः, श्रीशान्तिनाथः सदा।।९।।

सकल शास्त्र के ज्ञाता जिनकी, बुद्धि है अत्यन्त विशाल।
सुरपति स्तुति करके गुणसागर, का नहिं पावें हैं पार।।
केवलज्ञान-सूर्य भवि-कमलों को नित विकसित करता।
पापरहित श्री शान्तिनाथ! हम सबकी रक्षा करें सदा।।

अर्थ ह्न समस्त शास्त्रों के ज्ञान से जिनकी बुद्धियाँ अत्यन्त विशाल है ह्न ऐसे इन्द्रादि देव अपने उत्कृष्ट तथा बड़े-बड़े स्तोत्रों से जिन **श्री शान्तिनाथ भगवान** के गुणरूपी समुद्र का पार नहीं पा सकते, उन केवलज्ञानरूपी सूर्य के धारक **श्री शान्तिनाथ भगवान** की आनन्दित होकर, मुझ भव्यरूपी कमल अर्थात् पद्मनन्दि ने स्तुति की है; इसलिए समस्त पापों से रहित वे **श्री शान्तिनाथ भगवान** सदैव हमारी रक्षा करें। (इस पद्य में रूपक अलंकार है)

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री शान्तिनाथ स्तोत्र'** नामक **'अठारहवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

दान के बिना समस्त विभूति कर्मबन्ध का कारण

सूनोर्मृतेरपि दिनं न सतस्तथा स्याद्,
बाधाकरं बत यथा मुनिदानशून्यम्।
दुर्वारदुष्टविधिना न कृते ह्यकार्ये,
पुंसा कृते तु मनुते मतिमाननिष्टम्।।

अर्थ ह्न सज्जन पुरुष को पुत्र के मरने का दिन भी उतना दुःख देने वाला नहीं होता, जितना कि मुनियों को दानरहित दिन, दुःख देने वाला होता है क्योंकि विद्वान् पुरुष, दुर्दैव से किए हुए बुरे कार्य को उतना अनिष्ट नहीं मानते, जितना अपने द्वारा किए हुए बुरे कार्यों को अनिष्ट मानते हैं, अतः विद्वानों को अपने द्वारा करने योग्य दानरूपी कार्य अवश्य करना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, दानोपदेश (अधिकार २), श्लोक २९

अधिकार – १९

श्री जिनपूजाष्टक स्तोत्र

८४८. श्री जिनेन्द्र भगवान की जल से पूजा करने का कारण

वसन्ततिलका

जातिर्जरा-मरणमित्यनल-त्रयस्य,
जीवाश्रितस्य बहुतापकृतो यथावत्।
विध्यापनाय जिनपाद-युगाग्रभूमौ,
धारात्रयं प्रवर-वारिकृतं क्षिपामि।।१।।

जन्म-जरा-मृतु अग्नि त्रय बहु दुःख देती हैं होवें शान्त।
जिन-चरणों की अग्रभूमि में, तीन धार जल है अर्पण।।

अर्थ ह्न जीवों के आश्रित अर्थात् जीवों में होनेवाले तथा अत्यन्त सन्ताप को देनेवाले जन्म, जरा और मरण ह्न ये तीन प्रकार की अग्नियाँ हैं। इन तीनों प्रकार की अग्नियों को बुझाने के लिए **श्री जिनेन्द्र भगवान** के दोनों चरणों के अग्र भाग की भूमि में **उत्तम जल** से निर्मित तीन धाराओं को मैं क्षेपण करता हूँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार संसारी जीवों को अग्नि, अत्यन्त सन्ताप देनेवाली होती है; उसी प्रकार जन्म, जरा और मरण ह्न ये तीन अग्नियाँ भी अत्यन्त सन्ताप को देनेवाली हैं; इसलिए इन तीन के विनाश हेतु **श्री जिनेन्द्र भगवान** के दोनों चरणों के अग्र भाग की भूमि में मैं **उत्तम/निर्मल जल** से विनिर्मित तीन धाराओं का क्षेपण करता हूँ अर्थात् तीन बार जल चढ़ाता हूँ।

८४९. श्री जिनेन्द्र भगवान की चन्दन से पूजा करने का कारण

यद्वद्वचो जिनपतेर्भव-तापहारि,
नाऽहं सुशीतलमपीह भवामि तद्वत्।

कर्पूर-चन्दनमितीव मयाऽर्पितं सत्,
त्वत्पाद-पंकज-समाश्रयणं करोति।।२।।

मै भी शीतल किन्तु नहीं, भवतप-नाशक जिन-वचन समान।
अत: समर्पित चन्दन तव पद-पंकज का लेता आश्रय।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार भगवान के वचन, समस्त संसारताप को हरण करनेवाले हैं, उसी प्रकार अत्यन्त **शीतल चन्दन**, संसार के सन्ताप को हरण करनेवाला नहीं है; इसलिए हे भगवान! आपको चढ़ाया हुआ यह **कपूर-मिश्रित चन्दन**, आपके चरणों का आश्रय करता है।

भावार्थ ह्न यद्यपि संसार में **चन्दन** अत्यन्त शीतल है, किन्तु वह आपके वचनों के सामने अपने आपको शीतल नहीं समझता क्योंकि आपके वचन तो भवाताप-सम्बन्धी समस्त सन्ताप को दूर करनेवाले हैं, जबकि चन्दन ऐसा नहीं है, इसलिए हे भगवान! मेरे द्वारा चढ़ाया हुआ यह **कपूर-मिश्रित चन्दन**, आपके चरण-कमलों में समर्पित है।

८५०. श्री जिनेन्द्र भगवान की अक्षत से पूजा करने का कारण

राजत्यसौ शुचितराक्ष-तपुञ्जराजि:,
दत्ताऽधिकृत्य जिनमक्षतमक्ष-धूर्तै:।
वीरस्य नेतर-जनस्य तु वीर-पट्टो,
बद्ध: शिरस्यतितरां श्रियमातनोति।।३।।

अक्षत-पुञ्ज सुशोभित होते, अक्षजयी जिन-चरणों में।
वीर-शीश पर शोभित होता, वीर-पट्ट नहिं कायर में।।

अर्थ ह्न इन्द्रियरूपी धूर्त से जो नष्ट नहीं किये गये हैं ह्न ऐसे जिनेन्द्र भगवान को समर्पित की गई अत्यन्त निर्मल **अक्षत-पुंजों की पंक्ति**, अत्यन्त शोभायमान होती है सो ठीक ही है क्योंकि जो मनुष्य अत्यन्त शूरवीर हैं, उनके मस्तक पर बँधा हुआ वीरपट्ट ही शोभा को प्राप्त होता है, किन्तु कायर व्यक्ति के मस्तक पर बँधा हुआ वीरपट्ट शोभा को प्राप्त नहीं होता।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार शूरवीर मनुष्य के मस्तक पर बँधा हुआ वीरपट्ट शोभा को प्राप्त होता है; उस प्रकार कायर के मस्तक पर बँधा हुआ वीरपट्ट शोभा को प्राप्त नहीं होता। इसी प्रकार जो मनुष्य, इन्द्रियरूपी धूर्तों से **अक्षत** हैं अर्थात् इन्द्रियों के वश में नही हैं; उन्हीं मनुष्यों को चढ़ाई हुई निर्मल **अक्षत के पुंजों की श्रेणि** सुशोभित होती है, किन्तु जो मनुष्य, इन्द्रियों के आधीन हैं, उन मनुष्यों को समर्पित की गई **अक्षत के पुंजों की पंक्ति** शोभित नहीं होती। जिनेन्द्रदेव ने समस्त इन्द्रियों को वश में कर लिया है, इसलिए उनको आश्रय करके समर्पित की गई यह **अक्षत के पुंजों की पंक्ति** शोभित होती है।

८५१. श्री जिनेन्द्र भगवान की पुष्प से पूजा करने का कारण

साक्षादपुष्पशर एष जिनस्तदेनं,
संपूजयामि शुचि-पुष्पशरैर्मनोज्ञै:।
नाऽन्यं तदाश्रयतया किल यत्र यत्र,
तत्तत्र रम्यमधिकां कुरुते च लक्ष्मीम्।।४।।

पुष्प-बाण से रहित प्रभु की, पूजा है शुचि-पुष्पों से।
नहीं पुष्प-शर युक्तजनों की, जो न जहाँ वह वहीं जचे[१]।।

अर्थ ह्न श्री जिनेन्द्र भगवान, साक्षात् अपुष्पशर (कामबाण से रहित) अर्थात् मदन से रहित हैं, इसलिए ऐसे श्री जिनेन्द्र भगवान की अत्यन्त मनोहर **पुष्पहारों** के माध्यम से मैं पूजन करता हूँ; किन्तु भगवान से अन्य मदन (काम) सहित जीवों की इन **पुष्पहारों द्वारा पूजा** नहीं करता क्योंकि जो चीज जहाँ पर नहीं होती है, वही वहाँ पर मनोहर समझी जाती है तथा वही वहाँ अधिक शोभा को प्राप्त होती है; किन्तु जो चीज जहाँ पर होती है, वह वहाँ पर मनोहर नहीं लगती और न शोभा को ही धारण करती है।

भावार्थ ह्न यह नियम है कि जो चीज जहाँ पर नहीं होती है, वह वहाँ पर अधिक मनोहर समझी जाती है तथा शोभा को भी प्राप्त होती है; किन्तु जो चीज जहाँ पर होती है, वह वहाँ पर मनोहर नहीं समझी जाती है और न शोभा को प्राप्त होती है। इसी प्रकार श्री जिनेन्द्रदेव से भिन्न जितने देव हैं, उन सबके पास पुष्पशर अर्थात् कामबाण होने से वे सब मदनसहित हैं, अत: मैं उनकी **पुष्पमालाओं से पूजन नहीं** करता क्योंकि उनके चरणों में चढ़ाई हुई **पुष्पमालाएँ** न मनोहर समझी जाती हैं और न शोभा को प्राप्त होती हैं, किन्तु हे जिनेन्द्र भगवान! पुष्पशररहित अर्थात् मदनरहित होने से आपके चरण-कमलों में चढ़ाई हुई पुष्पमालाएँ मनोहर हैं, अत्यन्त शोभा को प्राप्त होती हैं; इसलिए मैं श्री जिनेन्द्रदेव का ही **पुष्पमालाओं** से पूजन करता हूँ।

८५२. श्री जिनेन्द्र भगवान की नैवेद्य से पूजा करने का कारण

देवोऽयमिन्द्रिय-बल-प्रलयं करोति,
नैवेद्यमिन्द्रिय-बलप्रद-खाद्यमेतत्।
चित्रं तथापि पुरत: स्थितमर्हतोऽस्य,
शोभां बिभर्ति जगतो नयनोत्सवाय।।५।।

---

१. जो रमणीय वस्तु जहाँ नहीं होती, वह वहाँ दिखने पर अधिक सुन्दर दिखाई देती है।

इन्द्रिय-बल में वृद्धि करे नैवेद्य, अक्ष-बल प्रभु नाशें।
किन्तु सुशोभित प्रभु सन्मुख यह, जग-जन नयनोत्सव करते।।

अर्थ ह्न श्री जिनेन्द्रदेव ने समस्त इन्द्रियों के बल को नष्ट किया है और यह **नैवेद्य** इन्द्रियों के बल को बढ़ानेवाला है। खाने योग्य होने पर भी अर्हन्त भगवान के सामने चढ़ाया हुआ यह **नैवैद्य**, समस्त जगत् के नेत्रों के उत्सव हेतु शोभा को धारण करता है, यह आश्चर्य है।

भावार्थ ह्न संसार में यह देखा जाता है कि जो पुरुष, जिस व्यसन का विरोधी होता है, यदि उस व्यसन को उत्पन्न करनेवाली वस्तु उसके सामने रखें तो उसे देख कर, उस मनुष्य का मन विकृत हो जाता है, किन्तु भगवान में यह आश्चर्य है कि यह नैवेद्य, उनके सामने रखा हुआ होने पर भी उन्हें विकृत नहीं करता क्योंकि यद्यपि **नैवेद्य**, इन्द्रिय-बल को बढ़ानेवाला तथा सुस्वादु है; तथापि भगवान, समस्त इन्द्रिय-बल का प्रलय करनेवाले हैं; अत: यह **नैवेद्य**, भगवान के सामने रखा हुआ, केवल मनुजों के नेत्रों को ही उत्सव करनेवाला है।

८५३. श्री जिनेन्द्र भगवान की दीप से पूजा करने का कारण

आरार्तिकं तरल-वह्निशिखं विभाति,
स्वच्छे जिनस्य वपुषि प्रतिबिम्बितं सत्।
ध्यानाऽनलो मृगयमाण इवाऽवशिष्टं,
दग्धुं परिभ्रमति कर्मचयं प्रचण्ड:।।६।।

चञ्चल दीपशिखा प्रतिबिम्बित, होती स्वच्छ प्रभु-तन में।
मानो शेष कर्म-क्षय हेतु, इधर-उधर ध्यानाग्नि भ्रमे।।

अर्थ ह्न चञ्चल अग्निशिखा से प्रज्ज्वलित तथा जिनेन्द्रदेव के स्वच्छ शरीर में प्रतिबिम्बित हुई, यह **आरती (दीप)** ऐसी प्रतीत होती है, मानो प्रचण्ड ध्यानरूपी अग्नि, शेष कर्मों को भस्म करने के लिए जहाँ-तहाँ ढूँढ़ती हुई भ्रमण कर रही हो।

भावार्थ ह्न उन्नत शिखा को धारण करनेवाली जो आरती (दीपक) की ज्वाला है, वह आरती की ज्वाला नहीं, अपितु भगवान की ध्यानरूपी अग्नि है, जो बचे हुए समस्त अघातिया कर्मों का नाश करने के लिए उन कर्मों को ढूँढ़ती घूम रही है ह्न ऐसा लगता है।

८५४. श्री जिनेन्द्र भगवान की धूप से पूजा करने का कारण

कस्तूरिका-रसमयीरिव पत्र-वल्ली:,
कुर्वन् मुखेषु चलनैरिव दिग्वधूनाम्।
हर्षादिव प्रभु-जिनाश्रयणेन वात-,
प्रेंखद्भपुर्नटति पश्यत धूप-धूमम्।।७।।

कस्तूरीयुत पान नाचते, जैसे दिशा-वधू मुख में।
मानो जिन-आश्रय से हर्षित, कम्पित धूप-धूम्र नाचे।।

अर्थ ह्न दश दिशारूपी स्त्रियों के मुख में कस्तूरी के रस से बनाई हुई पत्र-रचना के समान **यह धुआँ**, पत्र-रचना को करता हुआ प्रभु श्री जिनेन्द्र भगवान का आश्रय करने से तथा पवन से कम्पित शरीर के साथ अत्यन्त हर्ष से नृत्य कर रहा है ह्न ऐसा लगता है।

भावार्थ ह्न धूप का धुआँ, सब जगह फैल रहा है, इससे ऐसा लगता है कि यह **धुआँ (धूप)** दश दिशारूपी स्त्रियों के मुख पर कस्तूरी के रस से रची हुई पत्र-रचना के समान, पत्र-रचना कर रहा हो क्योंकि कस्तूरी के रस का रंग तथा धुएँ का रंग एकसा ही होता है। वह **धुआँ** निकलते समय पवन से कम्पित होता है, जिससे ऐसा लगता है कि श्री जिनेन्द्र का आश्रय करने से वह हर्ष से नृत्य ही कर रहा है।

८५५. श्री जिनेन्द्र भगवान की फल से पूजा करने का कारण

उच्चैः फलाय परमामृत-संज्ञकाय,
नाना-फलैर्जिनपतिं परिपूजयामि।
तद्भक्तिरेव सकलानि फलानि दत्ते,
मोहेन तत्तदपि याचत एव लोकः।।८।।

विविध फलों से जिनपति-पूजा, परमामृत उत्तम फल हेत।
भक्ति आपकी ही सब फल दे, किन्तु मोहवश याचत लोक।।

अर्थ ह्न सबसे उँचे तथा उत्तम अमृत की संज्ञा से युक्त **फल अर्थात् मोक्षफल** के लिए मैं श्री जिनेन्द्र भगवान की भाँति-भाँति के अनेक प्रकार के **फलों से पूजा** करता हूँ। यद्यपि श्री जिनेन्द्र भगवान की भक्ति ही **समस्त फलों को** देनेवाली है तो भी यह लोक, मोह से **अन्य फल की याचना** करता ही है।

भावार्थ ह्न जो मनुष्य, जिनेन्द्रदेव की भक्ति करता है, उस भक्ति के सामर्थ्य से यद्यपि उस मनुष्य को उत्तमोत्तम समस्त प्रकार के **फलों की प्राप्ति** होती ही है, तथापि वह मोह-वश **फल की याचना** करता ही है; उसी प्रकार हे प्रभो! मुझे आपकी भक्ति से अविनाशी सुखस्वरूपी मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है, फिर भी मैं मोहवश मोक्षसुख की प्राप्ति के लिए श्री जिनेन्द्र भगवान की **नाना प्रकार के फल** चढ़ा कर पूजा-अर्चा करता हूँ।

८५६. श्री जिनेन्द्र भगवान को सर्व शान्ति हेतु पुष्पाञ्जली समर्पित करने का कारण

पूजा-विधिं विधिवदत्र विधाय देवे,
स्तोत्रं च सम्मद-रसाश्रित-चित्त-वृत्तिः।

पुष्पाञ्जलिं विमल-केवल-लोचनाय,
यच्छामि सर्वजन-शान्तिकराय तस्मै।।९।।

हर्षित हो मम चित्त-वृत्ति, पूजा करती तव विधि-अनुसार।
केवलदृग-जिन को पुष्पाञ्जलि, अर्पित जो जग-जन हितकार।।

अर्थ ह्न हे निर्मल केवलज्ञानस्वरूपी नेत्र को धारण करनेवाले और **समस्त जीवों को शान्ति देनेवाले जिनेन्द्रदेव**! श्रेष्ठ हर्षरस के आश्रित चित्तवृत्ति से युक्त मैं (पूजक) शास्त्रानुसार आपकी भली-भाँति पूजा करके तथा स्तोत्र पढ़ कर आपको **पुष्पाञ्जलि** समर्पित करता हूँ।

८५७. श्री जिनेन्द्र भगवान की पूजा का उद्देश्य

श्री-पद्मनन्दित-गुणौघ न कार्यमस्ति,
पूजादिना यदपि ते कृतकृत्यताया:।
स्वश्रेयसे तदपि तत्कुरुते जनोऽर्हन्,
कार्या कृषि: फलकृते न तु भूपकृत्यै।।१०।।

हरिगीतिका

पद्मनन्दि सूरिकृत, गुणगान हे प्रभु! आपका।
आप हो कृतकृत्य, पूजा की नहीं कुछ कामना।।
किन्तु निज-कल्याण हेतु, जगत्-जन पूजा करे।
अपने लिए खेती करे जग, भूप हेतु नहिं करे।।

अर्थ ह्न श्री पद्मनन्दि आचार्य द्वारा गुनगान किये हुए गुणों के समूह से युक्त हे अर्हन्! हे वीतरागदेव! आप कृतकृत्य हैं तथा आपके कृतकृत्यपने के कारण आपको पूजा-प्रशंसा आदि से कुछ भी कार्य नहीं है; तथापि यह लोक, **अपने कल्याण के लिए ही आपकी पूजा** करता है क्योंकि कृषक अपने कल्याण के लिए ही खेती करता है, राजा के लिए नहीं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार किसान लोग, खेती को अपने ही कल्याण के लिए करते हैं, राजा के कल्याण के लिए नहीं; उसी प्रकार हे समस्त गुणों के भंडार श्री जिनेन्द्रदेव! जो मनुष्य आपकी पूजा करते हैं, वे **अपने कल्याण के लिए ही आपकी पूजा** करते हैं, आपके लिए नहीं क्योंकि समस्त कार्यों को कर लेने से आप कृतकृत्य हैं; अत: आपको पूजनादि किसी भी कार्य से किसी प्रकार का कोई भी प्रयोजन नहीं है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री जिनपूजाष्टक स्तोत्र'** नामक **'उन्नीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २०

श्री करुणाष्टक स्तोत्र

८५८. मङ्गलाचरण में श्री जिनेन्द्रदेव से मोक्ष-प्राप्ति हेतु प्रार्थना

आर्या

त्रिभुवन-गुरो जिनेश्वर! परमानन्दैक-कारण! कुरुष्व।
मयि किंकरेऽत्र करुणां, यथा तथा जायते मुक्तिः।।१।।

हे त्रिभुवन गुरु! परमानन्द के, एकमात्र कारण जिनराज।
मुझ किंकर पर ऐसी करुणा, कीजे मिले मुक्ति साम्राज्य।।

अर्थ ह्न हे तीन लोक के गुरु! हे कर्मों के जीतनेवाले महात्माओं के स्वामी! हे उत्कृष्ट मोक्षरूप आनन्द को देनेवाले जिनेन्द्र! मुझ दास पर ऐसी दया कीजिए, जिससे कि मुझे मोक्ष प्राप्त हो जाए अर्थात् समस्त पाप कर्मों से मैं सर्वथा छूट जाऊँ।

८५९. अनेक दुःखों से दुःखी मुझ दीन पर दया की प्रार्थना

निर्विण्णोऽहं नितरा-,मर्हन्! बहु-दुःखया भव-स्थित्या।
अपुनर्भवाय भवहर!, कुरु करुणामत्र मयि दीने।।२।।

बहु दुःखदायक भव-स्थिति से, खिन्न सर्वथा मैं अर्हन्त।
करो दीन पर ऐसी करुणा, पुनः न होवे मेरा जन्म।।

अर्थ ह्न हे समस्त घाति कर्मों को जीतनेवाले भगवान! अनेक प्रकार के दुःखों को देनेवाली जो यह संसार-स्थिति है, उससे मैं सर्वथा खिन्न हूँ, इसलिए हे संसारनाशक जिनेन्द्र! इस संसार में मुझ दीन पर ऐसी दया कीजिए, जिससे मुझे फिर से जन्म न धारण करना पड़े अर्थात् मैं मुक्त हो जाऊँ।

८६०. संसाररूपी भयंकर कुएँ से मेरा उद्धार करने की प्रार्थना

उद्धर मां पतितमतो, विषमाद्भव-कूपतः कृपां कृत्वा।
अर्हन्नलमुद्धरणे, त्वमसीति पुनः पुनः वच्मि।।३।।

मैं संसार-कूप में डूबा, कृपा करो मेरा उद्धार।
हे प्रभु! इसमें सक्षम तुम ही, विनती करता बारम्बार।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! मैं इस भयंकर संसाररूपी कुएँ में पड़ा हुआ हूँ, इसलिए मुझ पर दया करके इस संसाररूपी भयंकर कुएँ से मुझे बाहर निकालें क्योंकि हे अर्हन्! इस कूप से मुझे निकालने में केवल आप ही समर्थ हैं ह्न ऐसा मैं बार-बार आपकी सेवा में निवेदन करता हूँ।

८६१. दयावान प्रभु से मोहरूपी वैरी से छुटकारा दिलाने की प्रार्थना

त्वं कारुणिकः स्वामी, त्वमेव शरणं जिनेश! तेनाहम्।
मोह-रिपु-दलितमानः, पूत्कारं तव पुरः कुर्वे।।४।।

जग में तुम ही करुणासागर, भव्य जीव को शरणागार।
मोह-शत्रु से अपमानित मैं, रो-रो करके करूँ पुकार।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! हे प्रभो! यदि संसार में दयावान हैं तो आप ही हैं और भव्य जीवों को एकमात्र शरण आप ही हैं, इसलिए मोहरूपी वैरी ने जिसका मान (अभिमान) नष्ट कर दिया है ह्न ऐसा मैं, आपके सामने ही पूत्कार करता हूँ अर्थात् फफक-फफक कर रोता हूँ।

८६२. हे! तीन भुवन के स्वामी, दुःख मेटो अन्तर्यामी

ग्राम-पतेरपि करुणा, परेण केनाऽप्युपद्रुते पुंसि।
जगतां प्रभोर्न किं तव, जिन मयि खलकर्मभिः प्रहते।।५।।

कोई पीड़ित हो तो उस पर, ग्राम-पति भी करे दया।
तुम त्रिभुवनपति मैं विधि-पीड़ित, मुझ पर क्यों न करो करुणा।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, जिस गाँव का अध्यक्ष (मुखिया) होता है, यदि उस गाँव में किसी मनुष्य पर कोई अन्य व्यक्ति आकर उपद्रव करे अर्थात् उसको दुःख देवे तो उस ग्राम का मुखिया, उस दुःखित मनुष्य पर करुणा करता है; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र! आप तो तीन लोक के प्रभु हैं और मुझे अत्यन्त दुष्ट कर्मों ने सता रखा है तो क्या आप मेरे ऊपर करुणा न करोगे? अर्थात् आप अवश्य ही मुझ पर दया करोगे।

८६३. आपके वचनों से मेरे जन्म-जन्मान्तरों का नाश

अपहर मम जन्म दयां, कृत्वैकत्व-वचसि वक्तव्ये।
तेनाऽतिदग्ध इति मे, देव! बभूव प्रलापित्वम्।।६।।

एक बात बस यही कहूँ मैं, नष्ट करो मेरा संसार।
क्योंकि दुःखी मैं जन्म-मरण से, अतः आपसे करूँ प्रलाप।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! सबको मूलभूत एक ही कथन कहना चाहिए। वह एक कथन यह है कि हे प्रभो! कृपा कर आप मेरे जन्म (संसार) को सर्वथा नष्ट करें क्योंकि मैं इस जन्म से अत्यन्त दु:खी हूँ, इसलिए आपके सामने यह मेरा प्रलाप है अर्थात् मैं विलप-विलप कर रो रहा हूँ।

८६४. हे प्रभु! दयारूपी जल के कारण ही मैं अत्यन्त शीतल

तव जिन! चरणाब्ज-युगं,करुणामृत-सङ्ग-शीतलं यावत्।
संसाराऽऽतप-तप्तः, करोमि हृदि तावदेव सुखी।।७।।

जब तक करुणामृत से शीतल, हे प्रभु! तेरे चरण-कमल।
भवाताप से तप्त हृदय में, बसे तभी तक सुख अविचल।।

अर्थ ह्न हे देव! मैं संसाररूपी आतप से सन्तप्त हूँ। जब तक मैं आपके दयारूपी जल से युक्त अत्यन्त शीतल चरण-कमलों को हृदय में धारण करता हूँ, तब तक ही सुखी हूँ।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई मनुष्य, धूप के सन्ताप से अत्यन्त सन्तप्त हो और उसी समय पानी में भीगे हुए अत्यन्त शीतल कमलों को अपने हृदय पर रखे तो जिस प्रकार वह सुखी होता है; उसी प्रकार हे प्रभो! हे जिनेन्द्र! मैं भी संसार के प्रखर सन्ताप से अत्यन्त सन्तप्त हूँ, इसलिए जब तक मैं दयारूपी जल से अत्यन्त शीतल आपके दोनों चरण-कमलों को अपने हृदय में धारण करता हूँ, तब तक ही सुखी रहता हूँ।

८६५. उपसंहार में आचार्य द्वारा दया की प्रार्थना

जगदेकशरण! भगवन्नसम-श्रीपद्मनन्दित-गुणौघ!।
किं बहुना कुरु करुणा-,मत्र जने शरणमापन्ने।।८।।

तुम सम गुण हैं नहीं अन्य में, जिन्हें पद्मनन्दि गाते।
बहुत कहूँ क्या कृपा करो प्रभु! चरण-शरण में जो आते।।

अर्थ ह्न हे समस्त जगत् के एक शरणभूत जिनेन्द्र भगवान्! आपके अतिरिक्त अन्य किसी में नहीं पाए जातेह्न ऐसे श्री पद्मनन्दि आचार्य द्वारा गुनगान किये गये गुणसमूह को धारण करनेवाले हे जिनेश! अब, मैं विशेष कहाँ तक कहूँ? बस यही प्रार्थना है कि आपकी शरण में आये हुए जन अर्थात् मुझ पर इस संसार में अवश्य दया करें।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री करुणाष्टक स्तोत्र'** नामक **'बीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २१

क्रियाकाण्ड चूलिका

८६६. मङ्गलाचरण में जिनेन्द्र भगवान के गुणों का वर्णन

शार्दूलविक्रीडित

सम्यग्दर्शन-बोध-वृत्त-समता-,शील-क्षमाद्यैर्घनैः;
संकेताऽऽश्रयवज्जिनेश्वर भवान्, सर्वैर्गुणैराऽऽश्रितः।
मन्ये त्वय्यवकाश-लब्धि-रहितैः, सर्वत्र लोके वयं;
संग्राह्या इति गर्वितैः परिहृतो, दोषैरशेषैरपि।।१।।

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरणअरु, समता-क्षमा-शील गुणखान।
किया आपका आश्रय सबने, संकेताश्रय सदन समान।।
जिन्हें मिली नहिं जगह आपमें, जगत् हमारा शरणागार।
गर्वोन्नत हो सब दोषों ने, किया आपका प्रभु परिहार।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! हे जिनेश! निविड़ (अत्यन्त घने) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र, समता, शील और क्षमा आदि समस्त गुणों ने परस्पर संकेत करके आपका आश्रय किया है; इसलिए आप में स्थान को न पाकर, समस्त लोक में 'हम ही संग्राह्य (ग्रहण करने योग्य) हैं' ह्न ऐसे अभिमान से संयुक्त होकर, समस्त दोषों ने आपको छोड़ दिया है।

भावार्थ ह्न ग्रन्थकार कहते हैं कि हे जिनेन्द्र! आप में जो समस्त गुण ही गुण दिखाई देते हैं, उसका कारण यह है कि समस्त गुणों ने पहले से ही आपस में सलाह कर, आपको अपना आश्रयस्थान बना लिया है; पश्चात् उनके विरोधी समस्त दोषों ने आप में स्थान नहीं पाया, तब उन दोषों को इस बात का अभिमान उत्पन्न हुआ कि हम तो समस्त संसार में फैले हुए हैं और समस्त संसार के द्वारा ग्रहण करने योग्य हैं। यदि केवल एक जिनेन्द्र ने हमें ग्रहण नहीं किया तो भी हमारा कुछ नुकसान नहीं है। इस प्रकार अभिमान से युक्त होकर उन्होंने आपको सर्वथा छोड़ दिया है।

८६७. कवित्व के अभिमान में प्रभु के गुणों का वर्णन करना असम्भव

वसन्ततिलका

यस्त्वामनन्त-गुणमेकविभुं त्रिलोक्या:,
स्तौति प्रभूत-कविता-गुण-गर्वितात्मा।
आरोहति द्रुमशिर: स नरो नभोऽन्तं,
गन्तुं जिनेन्द्र! मति-विभ्रमतो बुधोऽपि।।२।।

'गुण अनन्तपति का स्तवन मैं करूँ' जिसे कविता का मान।
मति-भ्रम से वह चढ़े वृक्ष पर, पाने हेतु गगन अवसान।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आप अनन्त गुणों के भण्डार हैं, तीन लोक के स्वामी हैं ह्न ऐसा समझ कर भी प्रचुर काव्य करने के गुण से जिसकी आत्मा गर्वसहित है अर्थात् जो कविता-चातुर्य का बड़ा भारी अभिमानी है ह्न ऐसा कोई मनुष्य, आपकी सम्पूर्ण स्तुति करना चाहे तो समझना चाहिए कि वह बुद्धिमान मनुष्य, अपनी बुद्धि के भ्रम से (मूर्खता से) आकाश के अन्त को प्राप्त करने के लिए वृक्ष की चोटी पर चढ़ता है।

भावार्थ ह्न आकाश अनन्त एवं सर्वत्र व्याप्त है, इसलिए सैकड़ों वृक्षों की चोटियों पर चढ़ने से भी जिस प्रकार उसका अन्त नहीं मिल सकता; उसी प्रकार हे जिनेन्द्र! आप भी अनन्त गुणों के भण्डार हैं, समस्त जगत् के स्वामी हैं; इसलिए आपका स्तवन करना अत्यन्त कठिन है। यदि कोई मनुष्य, अपनी कवित्व शक्ति का अभिमान करके आपकी स्तुति करना चाहे तो वह बुद्धिमान होने पर भी सर्वथा मूर्ख है ह्न ऐसा समझना चाहिए।

८६८. प्रभु के प्रति भक्ति का प्रदर्शन

शक्नोति कर्तुमिह क: स्तवनं समस्त-,
विद्याऽधिपस्य भवतो विबुधाऽर्चितांङ्घ्रे:।
तत्राऽपि तज्जिनपते कुरुते जनो यत्,
तच्चित्त-मध्यगत-भक्ति-निवेदनाय।।३।।

सुर-बुध पूजित विद्यापति की, स्तुति में है कौन समर्थ?।
तो भी जो स्तवन करते हैं, करें मनोगत भक्ति व्यक्त।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! आप समस्त विद्याओं के स्वामी हैं; आपके चरण, बड़े-बड़े देवों अथवा बड़े-बड़े पण्डितों द्वारा पूजित हैं, इसलिए संसार में आपकी स्तुति करने के लिए कोई

भी समर्थ नहीं है; तथापि जो लोग आपकी स्तुति करते हैं, वे केवल अपने चित्त में व्याप्त भक्ति का निवेदन करने के लिए ही करते हैं, अन्य किसी कारण से नहीं।

८६९. प्रभु के नाममात्र का स्मरण भी अनेक सिद्धियों का निधान

नामाऽपि देव! भवतः स्मृति-गोचरत्वं,
वाग्गोचरत्वमथ येन सुभक्ति-भाजा।
नीतं लभेत स नरो निखिलार्थ-सिद्धिं,
साध्वी स्तुतिर्भवतु मां किल कात्र चिन्ता।।४।।

भक्त आपका सकल सिद्धियाँ, मात्र नाम जप कर पाता।
तो हम उत्तम स्तुति कर सकते हैं या नहीं - व्यर्थ चिन्ता।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! आपका जो भक्त, आपका नाम-स्मरण भी करता है अथवा आपके नाम को वचनों द्वारा कहता है, उस मनुष्य को भी संसार में समस्त प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं; तो आपकी वह स्तुति, उत्तम रीति से हो अथवा न हो ह्न इसकी चिन्ता नहीं है।

भावार्थ • जो मनुष्य, आपकी स्तुति अथवा भक्ति करता है, वह किसी न किसी लाभ के लिए ही करता है। यदि उस भव्यजीव को आपके नाम-स्मरण अथवा नामोच्चारण मात्र से ही समस्त प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाएँ तो आपकी स्तुति, उससे उत्तम रीति से हो अथवा न हो, इसकी चिन्ता उस व्यक्ति को करने की आवश्यकता नहीं है।

८७०. परभव में भी प्रभु के चरणों की सेवा के लिए प्रार्थना

एतावतैव मम पूर्यत एव देव,
सेवां करोमि भवतश्चरणद्वयस्य।
अत्रैव जन्मनि परत्र च सर्वकालं,
न त्वामितः परमहं जिन! याचयामि।।५।।

प्रभो! आपके चरण-युगल की, सेवा मुझको मिले सदा।
उभय जन्म में यही भावना, अन्य न कुछ भी चाह कदा।।

अर्थ ह्न हे जिनेश! मैं इस भव तथा पर भव में आपके दोनों चरण-कमलों की सदाकाल सेवा करता रहूँ - यही वरदान मुझे प्राप्त हो, इससे अधिक मैं आपसे कुछ भी नहीं माँगता हूँ।

८७१. इस भव में प्रभु-भक्ति ही कल्याणकारी

सर्वागमावगमतः खलु तत्त्वबोधो,
मोक्षाय वृत्तमपि सम्प्रति दुर्घटं नः।

जाड्यात्तथा कुतनुतस्त्वयि भक्तिरेव,
देवाऽस्ति सैव भवतु क्रमतस्तदर्थम्।।६।।

शास्त्र ज्ञान से तत्त्वबोध अरु, चारित होता किन्तु हमें।
जड़ता और कुतन से दुर्लभ, अत: भक्ति दे मुक्ति हमें।।

अर्थ ह्न निश्चय से समस्त प्रकार के शास्त्रज्ञान से तत्त्वों का ज्ञान होता है और उन्हीं शास्त्रों के अभ्यास से मोक्ष हेतु सम्यक्चारित्र की भी प्राप्ति होती है, किन्तु इस पंचम काल में हमारे लिए मूर्खता और दुर्गन्धमय शरीर के कारण, ये दोनों अत्यन्त दुर्घट हैं अर्थात् सहसा प्राप्त नहीं हो सकते, इसलिए आपकी भक्ति मुझे क्रम से मोक्ष देनेवाली हो ह्न ऐसी प्रार्थना है।

भावार्थ ह्न यद्यपि मोक्ष के लिए तत्त्वज्ञान एवं सम्यक्चारित्र की प्राप्ति, शास्त्रों से हो सकती है, किन्तु इस पंचम काल में अज्ञानतारूप असामर्थ्य और दुर्गन्धमय शरीर से तत्त्वज्ञान और सम्यक्चारित्र की प्राप्ति दुर्लभ है; अत: हे जिनेन्द्र! अत्यन्त विनयपूर्वक प्रार्थना है कि हम मोक्ष के इच्छुक जीवों के अन्तरंग में जो भक्ति विद्यमान है, वही हमें मोक्ष प्राप्त करने में सहायक हो।

८७२. प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जिनेन्द्र-भक्ति की प्रार्थना

मालिनी

हरति हरतु वृद्धं, वार्धकं कायकान्तिं;
दधति दधतु दूरं, मन्दतामिन्द्रियाणि।
भवति भवतु दु:खं, जायतां वा विनाश:;
परमिह जिननाथे, भक्तिरेका ममास्तु।।७।।

घटती हो तो घटे काय की कान्ति, इन्द्रियाँ भी हों मन्द।
जग में दु:ख हो या विनाश हो, किन्तु भक्ति हो सदा अमन्द।।

अर्थ ह्न वृद्धावस्था, समस्त शरीर की कान्ति को नष्ट करे तो करे; समस्त इन्द्रियाँ, बहुत काल तक मन्द होती हों तो हों तथा संसार में दु:ख अथवा मेरा विनाश, जो होना हो सो हो; किन्तु जिनेन्द्र भगवान में मेरी भक्ति सदाकाल विद्यमान रहे ह्न ऐसी प्रार्थना है।

भावार्थ ह्न हे प्रभु! यदि वृद्धावस्था के कारण मेरे समस्त शरीर की कान्ति नष्ट हो जावे, मेरी समस्त इन्द्रियाँ शिथिल हो जावें, मुझे दु:ख भोगना पड़े या मेरा मरण हो जाए तो भी हे जिनेन्द्र भगवान! आपमें मेरी भक्ति सदा स्थिर रहे ह्न ऐसी मेरी विनयपूर्वक प्रार्थना है।

८७३. ज्ञानी भक्त को रत्नत्रय की ही इच्छा

वसन्ततिलका

अस्तु त्रयं मम सुदर्शनबोधवृत्त-,
सम्बन्धि यान्तु च समस्त-दुरीहितानि।
याचे न किञ्चिदपरं भगवन्! भवन्तं,
नाप्राप्तमस्ति किमपीह यतस्त्रिलोक्याम्।।८।।

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित हो, सकल पाप का होय विनाश।
अन्य न कुछ भी चाहूँ जिनवर! जग में कुछ नहिं मुझे अप्राप्त।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! इस संसार में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूपी रत्नत्रयी मुझे प्राप्त हो तथा मेरे समस्त पाप नष्ट हो जावें ह्न बस, यही मैं आपसे याचना करता हूँ। इससे भिन्न दूसरी वस्तु मैं नहीं माँगता क्योंकि संसार में इनसे भिन्न ऐसी कोई भी वस्तु नहीं है, जो मुझे प्राप्त न हुई हो।

भावार्थ ह्न हे जिनेश! मैं इस संसार में बड़ा ऋद्धिधारी देव या राजा बन चुका हूँ, अनेक विभूतियाँ कई बार प्राप्त कर लीं है, किन्तु अभी तक मुझे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र की प्राप्ति नहीं हुई है तथा मेरे पाप भी नष्ट नहीं हुए हैं; इसलिए मैं आपसे याचना करता हूँ कि मेरे समस्त कर्म नष्ट होकर, मुझे इन तीनों की प्राप्ति हो। इससे अधिक मैं आपसे कुछ नहीं चाहता हूँ क्योंकि सम्यग्दर्शनादि से भिन्न वस्तुएँ मुझे अप्रयोजनभूत हैं।

८७४. प्रभु-चरणों के प्रसाद से ही अतीन्द्रिय सुख की प्राप्ति

धन्योऽस्मि पुण्यनिलयोऽस्मि निराकुलोऽस्मि,
शातोऽस्मि नष्ट-विपदस्मि विदस्मि देव।
श्रीमज्जिनेन्द्र! भवतोऽङ्घ्रि-युगं शरण्यं,
प्राप्तोऽस्मि चेदहमतीन्द्रिय-सौख्यकारि।।९।।

प्रभो! अतीन्द्रिय सुखदायक तव, चरण-कमल हैं प्राप्त मुझे।
शान्त निराकुल पुण्यवान मैं, धन्य निरापद ज्ञानी हूँ।।

अर्थ ह्न हे जिनेन्द्र! इन्द्रियों से रहित, अतीन्द्रिय सुख को प्राप्त करानेवाले आपके दोनों चरण-कमल, मुझे इस संसार में प्राप्त हो गए; अत: हे देव! मैं धन्य हूँ, पुण्यवान हूँ, समस्त प्रकार की आकुलताओं से रहित शान्त हूँ, ज्ञानी हूँ ह्न ऐसा मैं मानता हूँ।

भावार्थ ह्न हे प्रभो! समस्त संसार में अतीन्द्रिय सुख की प्राप्ति करानेवाले आपके चरण-कमलों की प्राप्ति होना जीवों को अलभ्य है, किन्तु मुझे उनकी प्राप्ति हो गई; अत: मैं अपने आपको "मैं धन्य हूँ, पुण्यवान हूँ, निराकुल हूँ, शान्त हूँ, समस्त प्रकार की आपत्तियों से रहित हूँ, ज्ञानी हूँ" ह्न ऐसा मानता हूँ।

८७५. रत्नत्रय, तप, धर्म, मूलगुण, उत्तरगुण, गुप्ति आदि का निर्दोष-पालन

रत्नत्रये तपसि पंक्ति-विधे च धर्मे,
मूलोत्तरेषु च गुणेष्वथ गुप्ति-कार्ये।
दर्पात् प्रमादत उतागसि मे प्रवृत्ते,
मिथ्यास्तु नाथ जिनदेव! तव प्रसादात्।।१०।।

रत्नत्रय तप दश धर्मों में, मूलोत्तर गुण गुप्ति में।
जो अपराध हुए प्रमाद से, तव प्रसाद से मिथ्या हों।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! हे जिनेश! सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रय में, तप में, दश प्रकार के धर्म में मूलगुण और उत्तरगुण में तथा तीन प्रकार की गुप्ति में जो कुछ अभिमान से अथवा प्रमादवश अपराध लगा हो तो हे जिनदेव! आपके प्रसाद से वह मेरा अपराध सर्वथा मिथ्या हो।

८७६. व्यवहार अहिंसा धर्म का निर्दोष पालन

उपजाति

मनोवचोऽङ्गै: कृतमङ्गिपीडनं,
प्रमोदितं कारितमत्र यन्मया।
प्रमादतो दर्पत एतदाश्रयं,
तदस्तु मिथ्या जिन! दुष्कृतं मम।।११।।

यदि प्रमाद से या गर्वित हो, जीवों को मन-वच-तन से।
पीड़ा दी हो कृत-कारित-अनुमोदन से वह मिथ्या हो।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! मैंने प्रमाद या अभिमान वश मन-वचन-काय द्वारा जीवों को पीड़ा दी हो, दूसरों से दिलवायी हो अथवा पीड़ा देनेवाले अन्य जीवों को अच्छा कहा हो तो मेरा यह समस्त पाप मिथ्या हो।

८७७. सकल कर्मों के नाश की भावना

शार्दूलविक्रीडित

चिन्ता-दुष्परिणाम-सन्ततिवशादुन्मार्ग-गाया गिर:;
कायात्संवृति-वर्जितादनुचितं, कर्माऽर्जितं यन्मया।

तन्नाशं व्रजतु प्रभो! जिनपते, त्वत्पाद-पद्म-स्मृते-;
रेषा मोक्षफलप्रदा किल कथं, नास्मिन् समर्था भवेत्।।१२।।

चिन्ता दुष्परिणाम सन्तति, या कुमार्गगत वाणी से।
संवर विरति तन से अब तक, मुझको जो भी कर्म बँधे।।
तेरे चरणों की स्मृति से, वे सब कर्म नष्ट हों देव!।
यह स्मृति तो शिवफलदायी, क्यों न समर्थ बने उसमें।।

अर्थ ह्न हे प्रभो! हे जिनेन्द्र! चिन्ता से, खोटे परिणामों की सन्तति से, खोटे मार्ग से गमन करनेवाली वाणी से और संवर से रहित शरीर से, जो मैंने नाना प्रकार के कर्मों का उपार्जन किया है; वे समस्त कर्म, आपके चरण-कमलों के स्पर्श से सर्वथा नाश को प्राप्त हों क्योंकि आपके दोनों चरण-कमलों की स्मृति, निश्चय से मोक्षफल को देनेवाली है तो फिर क्या वह पाप कर्मों के नाश करने में समर्थ नहीं होगी?

भावार्थ ह्न हे जिनेश! मैंने खोटे पदार्थों की चिन्ता से, खोटे परिणामों से, कुत्सित वचन और संवर से रहित होकर, शरीर के माध्यम से अनेक प्रकार के कर्मों का संचय किया है; किन्तु हे जिनेन्द्र! उन समस्त कर्मों के नाश का उपाय, आपके दोनों चरण-कमलों की स्मृति है, जिससे मेरे समस्त पाप नष्ट हो जाएँ क्योंकि आपके दोनों चरण-कमलों की स्मृति में जीवों को मोक्षरूपी फल देने की शक्ति मौजूद है तो क्या वह स्मृति, पाप कर्मों के नाश में समर्थ नहीं हो सकती? अर्थात् अवश्य ही हो सकती है।

८७८. सर्वज्ञ की वाणी स्याद्वादरूपी उत्कृष्ट दीपक से युक्त

वसन्ततिलका

वाणी-प्रमाणमिह सर्व-विदस्त्रिलोकी-,
सद्मन्यसौ प्रवर-दीप-शिखा-समाना।
स्याद्वादकान्ति-कलिता नृसुराहि-वन्द्या,
कालत्रये प्रकटिताखिल-वस्तु-तत्त्वा।।१३।।

स्याद्वादमय कान्तिमान सुर-नर-वन्दित सर्वज्ञ-वचन।
त्रिभुवन गृह में दीपशिखा सम, करें तत्त्व का उद्घाटन।।

अर्थ ह्न सर्वज्ञदेव की वाणी स्याद्वादरूपी कान्ति से संयुक्त है; जिसकी स्तुति, मनुष्य-देव-नागकुमार आदि सब करते हैं। वह स्याद्वाद-वाणी तीन काल के समस्त तत्त्वों को प्रकट करनेवाली है; अत: तीन लोकरूपी घर में उत्कृष्ट दीपशिखा के समान प्रमाणभूत है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार दीपक, कान्ति से सहित वन्दनीय (प्रशंसनीय) होता है, पदार्थों का प्रकाश करनेवाला होता है; उसी प्रकार सर्वज्ञदेव की वाणी, स्याद्वादरूपी कान्ति से सहित है। मनुष्य-देव-नागकुमार आदि सभी के द्वारा वन्दनीय है। तीन काल में विद्यमान रहनेवाले समस्त पदार्थों को प्रकट करनेवाली है। हे प्रभु! त्रिलोकरूपी गृह में उत्कृष्ट दीपक के समान एक केवली की वाणी ही प्रमाणभूत है।

८७९. जिनेन्द्र व शास्त्र-स्तुति में हुई हीनता पूर्व संस्कारवशात्

पृथ्वी

क्षमस्व मम वाणि तज्जिनपति-श्रुतादि-स्तुतौ;
यदू नमभवन्मनो-वचन-काय-वैकल्यत:।
अनेक-भव-सम्भवैर्जडिम-कारणै: कर्मभि:;
कुतोऽत्र किल मादृशे जननि तादृशं पाटवम्।।१४।।

मन-वच-तन में हुई विकलता, जिनपतिश्रुत की स्तुति में।
मुझ से दोष हुए हों तो हे माता! मुझको क्षमा करें।।
क्योंकि मूढ़ता के कारण जो, पूर्व भवों में कर्म बँधे।
उनसे स्तुति करने की, चतुराई कैसे आए मुझे।।

अर्थ ह्न हे सरस्वती माता! मन-वचन-काय की विकलता से **जिनेन्द्र भगवान अथवा शास्त्र की स्तुति** में मेरे द्वारा कुछ हीनता हुई हो तो वह क्षमा हो क्योंकि स्वयं की जड़ता के कारण अनेक भवों में उत्पन्न जो कर्मादि हैं; उनसे मुझ समान मनुष्य को जिनेन्द्र तथा शास्त्रादि की भली-भाँति स्तुति करने में कहाँ चतुरता आ सकती है? अर्थात् नहीं आ सकती।

भावार्थ ह्न हे माता! अनेक भवों में उत्पन्न जड़ता के कारण घोर कर्मों का प्रभाव मेरी आत्मा के ऊपर पड़ा हुआ है; इसलिए जिनेन्द्र भगवान तथा शास्त्रादि की स्तुति में जितनी विद्वत्ता होनी चाहिए, उतनी विद्वत्ता मुझमें नहीं है; अत: मन-वचन-काय की विकलता से श्री जिनेन्द्र अथवा शास्त्रादि की स्तुति में जो हीनता हुई हो, उसे हे सरस्वती माता! आप क्षमा करें।

८८०. क्रियाकाण्डरूपी वृक्ष में चूलिकारूपी पल्लव अभीष्ट फलदायी

अनुष्टुभ्

पल्लवोऽयं क्रियाकाण्ड-कल्प-शाखाऽग्र-संगत:।
जीयादशेष-भव्यानां प्रार्थिताऽर्थ-फल-प्रद:।।१५।।

क्रियाकाण्डमय कल्पतरु-शाखा में पल्लव यह अधिकार।
जयवन्तो जो भव्यजनों को, दे अभीष्ट फल मंगलकार।।

अर्थ ह्न समस्त भव्यजीवों को अभिलषित फल देनेवाले इस क्रियाकाण्डरूपी कल्पवृक्ष की शाखा में लगा हुआ **'क्रियाकाण्ड चूलिका'** अधिकार नामक पल्लव, भव्य जीवों को अभीष्ट फलदेने वाला है; इसलिए यह पल्लव, इस लोक में सदा जयवन्त रहो।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कल्पवृक्ष की शाखा के अग्र भाग में लगा हुआ पल्लव, जीवों को अभीष्ट फल देनेवाला है; उसी प्रकार इस क्रियाकाण्डरूपी कल्पवृक्ष की शाखा पर लगा हुआ 'क्रियाकाण्ड चूलिका' नामक अधिकाररूपी यह पल्लव, भव्य जीवों को अभीष्ट फल देनेवाला है; अत: यह पल्लव, लोक में सदा जयवन्त रहे।

८८१. क्रियाकाण्ड चूलिका को तीनों काल पढने से सभी क्रियाएँ पूर्ण

भुजंगप्रयात

क्रियाकाण्डसम्बन्धिनी चूलिकेयं,
नरै: पठ्यते यैस्त्रिसन्ध्यं च तेषाम्।
वपुर्भारती-चित्त-वैकल्यतो या,
न पूर्णा क्रिया सापि पूर्णत्वमेति।।१६।।

क्रियाकाण्ड सम्बन्धी यह चूलिका, पढ़े जो भव्य त्रिकाल।
विकल मनो-वच-तन से क्रिया अपूर्ण, पूर्ण होती तत्काल।।

अर्थ ह्न जो भव्य जीव, इस क्रियाकाण्ड सम्बन्धिनी चूलिका को तीनों काल (प्रात:काल, मध्याह्नकाल तथा सायंकाल) नियमित पढ़ता है; उस भव्य जीव के मन-वचन-काय की विकलता के कारण जो क्रिया पूर्ण नहीं हुई है; वह भी शीघ्र ही पूर्ण हो जाती है।

८८२. उपसंहार में संसार की पीड़ा का नाश करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञा

पृथ्वी

जिनेश्वर! नमोऽस्तु ते, त्रिभुवनैकचूडामणे;
गतोऽस्मि शरणं विभो, भवभिया भवन्तं प्रति।
तदाहतिकृते बुधैरकथि तत्त्वमेतन्मया;
श्रितं सुदृढचेतसा, भवहरस्त्वमेवात्र यत्।।१७।।

हे त्रिलोक के चूड़ामणि जिनराज! तुम्हें मेरा वन्दन।
मैं भव से भयभीत हुआ हूँ, अत: आपकी गही शरण।।
बुधजन भाषित तत्त्व जगत् की, भवपीड़ा का करे विनाश।
सुदृढ़ मन से लिया आश्रय, क्योंकि आपसे ही भवनाश।।

अर्थ ह्न हे त्रिभुवन के चूड़ामणि जिनेन्द्र भगवान! आपको नमस्कार हो। संसार से भयभीत होकर, मैं आपकी शरण में आया हूँ। विद्वान् लोगों ने संसार की पीड़ा को नाश करने के लिए जो तत्त्व कहा है, उसका मैंने दृढ़ चित्त से आश्रय कर, अपने अन्तरंग में उसे धारण किया है क्योंकि समस्त संसार में आप ही संसार का नाश करनेवाले हो।

८८३. जिनदेव सूर्य के सामने मुझ अपण्डित भक्त की वाचालता भक्ति से प्रेरित

वसन्ततिलका

अर्हन् समाश्रित-समस्त-नराऽमरादि-,
भव्याऽब्ज-नन्दि-वचनांशु-रवेस्तवाग्रे।
मौखर्यमेतदबुधेन मया कृतं यत्,
तद्भूरिभक्ति-रभस-स्थित-मानसेन।।१८।।

आश्रित नर-सुर कमल विकासी, वचन किरण स्वामी जिनसूर्य।
गाढ़ भक्ति में डूबे मन से, तव सन्मुख मैं हुआ मुखर।।

अर्थ ह्न हे अर्हन्! यद्यपि आप सभा में बैठे हुए, मनुष्य तथा देवादि समस्त भव्य जीव रूपी कमलों को आनन्द देनेवाले सूर्य के समान वचनरूपी किरणों के स्वामी हो; तथापि आपके सामने मुझ जैसे अपण्डित ने जो वाचालता प्रकट की है, वह अत्यन्त गाढ़ भक्ति में स्थित मन से ही की है।

भावार्थ ह्न इस श्लोक में आचार्य ने अपनी लघुता प्रकट की है। जिस प्रकार सूर्य की किरणें, कमलों को आनन्द देनेवाली होती हैं; उसी प्रकार जिनदेव के वचनरूपी किरणें, समवसरण में बैठे हुए समस्त मनुष्य, देव आदि भव्य जीवों को आनन्द देने वाली होती हैं; इसलिए जिनेन्द्र भगवान सूर्य के समान उन वचन-किरणों के स्वामी हैं ह्न ऐसे प्रखर जिनदेव के वचनों के सामने मैं मूर्ख ही हूँ; अत: आपकी स्तुति नहीं कर सकता, फिर भी हे प्रभो! मैंने जो कुछ यह वाचालता प्रकट की है, वह आपकी भक्ति से प्रेरित मन से ही की है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'क्रियाकाण्ड चूलिका'** नामक **'इक्कीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २२

एकत्व भावना

८८४. मङ्गलाचरण में स्वानुभवगोचर तेज के वर्णन की प्रतिज्ञा

अनुष्टुभ्

स्वानुभूत्यैव यद्गम्यं, रम्यं यच्चात्म-वेदिनाम्।
जल्पे तत्परमं ज्योति-,रवाङ्मानसगोचरम्।।१।।

स्वानुभव से गम्य है जो, ज्ञानियों को रम्य है।
मन-वचन से गोचर नहीं, उस तेज का वर्णन करूँ।।

अर्थ ह्न जो परम तेज स्वानुभव से ही जाना जाता है, आत्मस्वरूप के जाननेवाले पुरुषों के लिए अत्यन्त मनोहर है, जो वचन अगोचर है, मन के विषय से रहित है; उस परम तेज का मैं कुछ वर्णन करता हूँ।

भावार्थ ह्न परम ज्योति का अर्थ यहाँ आत्मारूपी तेज लिया गया है, वह आत्मारूपी तेज अमूर्त है (चैतन्यस्वरूप है); इसलिए न तो मूर्त वाणी से गोचर है और न मन से गोचर है; लेकिन आत्मस्वरूप के जाननेवालों को जो अत्यन्त मनोहर है एवं स्वानुभवगम्य है ह्न ऐसे तेज का मैं वर्णन करने का प्रयत्न करता हूँ।

८८५. एकत्वस्वरूपी आत्मा को जानने पर अन्य लोगों द्वारा पूजा-आराधना

एकत्वैक-पद-प्राप्तमात्म-तत्त्वमऽवैति य:।
आराध्यते स एवाऽन्यै:, तस्याराध्यो न विद्यते।।२।।

एकत्वमय निज आत्मा को, जानते जो भव्य जन।
उनकी करें पूजा सभी, उनका न कोई पूज्य है।।

अर्थ ह्न जो भव्य जीव, एकत्वस्वरूप को प्राप्त आत्मतत्त्व को जानते हैं, उस पुरुष की पूजा-आराधना अन्य सभी लोग भी करते हैं; किन्तु उसका आराध्य कोई नहीं होता अर्थात् वह किसी को नहीं पूजता।

८८६. एकत्वस्वरूप को जानने पर कर्म-बन्धन से निर्भयपना

एकत्वज्ञो बहुभ्योऽपि, कर्मभ्यो न बिभेति सः।
योगी सुनौगतोऽम्भोधि-,जलेभ्य इव धीरधीः।।३।।

नाव में बैठा सुधी, डरता न सागर-नीर से।
एकत्व ज्ञाता भी कभी, डरता न कर्म-समूह से।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार धीर बुद्धि पुरुष, उत्तम नाव में बैठ कर, समुद्र के जल से भय नहीं करते; उसी प्रकार एकत्वस्वरूप को जाननेवाले योगी, कर्मों से अंशमात्र भी भय नहीं करते हैं।

८८७. चैतन्य का ज्ञान होने पर बारम्बार उसी का चिन्तवन

चैतन्यैकत्व-संवित्तिः, दुर्लभा सैव मोक्षदा।
लब्धा कथं कथञ्चिच्चेत्, चिन्तनीया मुहुर्मुहुः।।४।।

चैतन्य के एकत्व का, है ज्ञान दुर्लभ मोक्षप्रद।
हो जाए यदि वह ज्ञान तो फिर, करो उसका ही मनन।।

अर्थ ह्न चैतन्य के एकत्व का ज्ञान अत्यन्त दुर्लभ है, किन्तु वह ज्ञान ही मोक्ष को देनेवाला है; इसलिए यदि किसी प्रकार उस चैतन्य का ज्ञान हो जाए तो बारम्बार उसका ही चिन्तवन करना चाहिए।

भावार्थ ह्न जिस समय 'आत्मा, समस्त कर्म-सम्बन्ध से रहित एक है' ह्न इस प्रकार आत्मा के एकत्व का ज्ञान होता है, उसी समय मोक्ष की प्राप्ति होती है क्योंकि मोक्ष का कारण चैतन्य के एकत्व का ज्ञान ही है, किन्तु इस चैतन्य के एकत्व का ज्ञान, बड़ी कठिनता से होता है। यदि भाग्यवश चैतन्य के एकत्व का ज्ञान हो भी जाए तो विद्वानों (मोक्ष-प्राप्ति के अभिलाषियों) को बारम्बार उसका ही चिन्तवन करना चाहिए, उसका चिन्तवन करने में प्रमाद न करें।

इसी आशय को लेकर समयसार गाथा ४ में भी कहा है -

सुदपरिचिदाणुभूदा, सव्वस्स वि कामभोगबंध कहा।
एयत्तस्सुवलंभो, णवरि ण सुलहो विहत्तस्स।।

अर्थ ह्न संसार में जितने भी जीव हैं, उन सबने प्रायः काम-भोग-बन्धन की कथा तो सुनी ही है, उसका परिचय और अनुभव भी किया है, इसलिए वह काम-भोग-बन्धन की कथा उनके लिए सुलभ है, किन्तु एकत्व और विभक्त आत्मा का उनको कभी ज्ञान नहीं हुआ,

इसलिए उसकी प्राप्ति सुलभ नहीं है, अत: हे भव्य जीवों! उस एकत्व-विभक्त आत्मा की प्राप्ति के लिए उद्योग करो।

८८८. साक्षात् सुख, मोक्षाभिलाषी द्वारा ही सिद्ध

मोक्ष एव सुखं साक्षात्, तच्च साध्यं मुमुक्षुभि:।
संसारेऽत्र तु तन्नास्ति, यदस्ति खलु तन्न तत्।।५।।

साक्षात् सुख है मोक्ष में, शिव-कामियों को साध्य है।
संसार में सुख है नहीं, जो है उसे वे दु:ख कहें।।

अर्थ ह्न साक्षात् सुख, मोक्ष में ही है और उस सुख को मोक्षाभिलाषी ही सिद्ध कर सकते हैं। संसार में साक्षात् सुख नहीं है और जो है, वह निश्चय से सुख नहीं, दु:ख ही है।

भावार्थ ह्न बहुत से मूर्ख मनुष्य, इन्द्रियों से जायमान (उत्पन्न) सुख को ही साक्षात् सुख समझते हैं, किन्तु वह साक्षात् सुख नहीं क्योंकि वह अनित्य तथा सविकल्प होने से आकुलता जनित दु:ख को देनेवाला है। वास्तविक सुख मोक्ष में ही है क्योंकि वह नित्य और निर्विकल्प है, उस सुख को मोक्षाभिलाषी मनुष्य ही सिद्ध कर सकते हैं; इसलिए मोक्षाभिलाषियों को चाहिए कि वे उस सुख के लिए पूरा-पूरा प्रयत्न करें।

८८९. संसार के सम्बन्धी हमें प्रिय नहीं

किञ्चित्संसार-सम्बन्धि-,बन्धुरं नेति निश्चयात्।
गुरूपदेशतोऽस्माकं, नि:श्रेयस-पदं प्रियम्।।६।।

संसार-सम्बन्धी न कोई, प्रिय हमें परमार्थ से।
मोक्षपद ही प्रिय हमें, गुरुदेव के उपदेश से।।

अर्थ ह्न संसार-सम्बन्धी कोई भी वस्तु, निश्चय से हमको प्रिय नहीं है, किन्तु श्रीगुरु के उपदेश से हमको मोक्षपद ही प्रिय है।

भावार्थ ह्न अनेक मनुष्य, संसार में स्त्री-पुत्र-मित्र-सुवर्ण आदि पदार्थों को प्रिय मानते हैं; किन्तु निश्चय से वे हमको प्रिय नहीं क्योंकि वे दु:ख को ही देनेवाले हैं। यदि कोई हमें प्रिय है तो श्रीगुरु के उपदेश से जिसका स्वरूप जाना गया है ह्न ऐसा मोक्षपद ही हमें प्रिय है।

८९०. संसार में स्वर्गसुख भी विनाशीक है तो अन्य सुखों की क्या बात?

मोहोदय-विषाक्रान्त-, मपि स्वर्गसुखं चलम्।
का कथाऽपर-सौख्याना-,मलं भव-सुखेन मे।।७।।

मोह-विष से व्याप्त दिवि-सुख, भी क्षणिक है जब अरे!।
अन्य सुख की क्या कथा? बस! हो जगत् के सुखों से।।

अर्थ ह्न यदि मोहोदयरूपी विष से व्याप्त स्वर्गसुख भी संसार में विनाशीक है तो स्वर्ग से भिन्न जितने भी सुख हैं, उनकी क्या कथा है? अर्थात् वे तो अवश्य ही विनाशीक हैं; इसलिए मुझे संसार-सम्बन्धी सुख नहीं चाहिए।

भावार्थ ह्न समस्त मनुष्यों का यह सिद्धान्त है कि संसार में सबसे उत्तम सुख, स्वर्गसुख है, किन्तु यह उन मनुष्यों का भ्रम है क्योंकि मोहोदयरूपी विष से व्याप्त वह स्वर्गसुख चलायमान है, विनाशीक है और जब स्वर्गसुख ही चलायमान तथा विनाशीक है, तब और सुख तो अवश्य ही विनाशीक होंगे; इसलिए मुझे संसार के सुख से कोई प्रयोजन नहीं है।

८९१. इस भव में आत्मा का लक्ष्य करनेवाले का परभव भी श्रेष्ठ

लक्ष्यीकृत्य सदात्मानं, शुद्ध-बोधमयं मुनिः।
आस्ते यः सुमतिश्चात्र, सोऽप्यमुत्र चरन्नपि।।८।।

सद्ज्ञानमय निज आत्मा का, लक्ष्य जो बुध मुनि करें।
परलोक में भी वे निजात्मा, का सदा आश्रय करें।।

अर्थ ह्न श्रेष्ठ बुद्धि के धारक जो मुनि, इस भव में निर्मल सम्यग्ज्ञानस्वरूप श्रेष्ठ आत्मा का लक्ष्य करते हैं; वे परभव में जाने पर भी आत्मा को ही लक्ष्य करते हैं।

भावार्थ ह्न आत्मा, सम्यग्ज्ञानस्वरूप अतिश्रेष्ठ है; इसलिए जो उत्तम बुद्धि के धारक मुनिराज, इसभव में आत्मा को लक्ष्य करते हैं, वे मुनि परभव में जाने पर भी आत्मा का वैसा ही लक्ष्य करते हैं; इसलिए मुनियों को चाहिए कि वे निरन्तर आत्मा को लक्ष्य में रखें।

८९२. आत्मस्वरूप में स्थित होकर वीतराग मार्ग पर चलने से मोक्ष प्राप्ति

वीतरागपथे स्वस्थः, प्रस्थितो मुनिपुङ्गवः।
तस्य मुक्तिसुख-प्राप्तेः, कः प्रत्यूहो जगत्त्रये।।९।।

स्वस्थ मुनि जो वीतरागी, मार्ग में करते गमन।
इनको नहीं त्रय लोक में, शिव-प्राप्ति में कोई विघन।।

अर्थ ह्न जिन मुनिराजों ने अपने आत्मस्वरूप में स्थित रह कर, वीतरागमार्ग में गमन किया है; उन मुनिराजों को तीन लोक में मोक्ष-प्राप्ति में कोई भी विघ्न नहीं आ सकता है।

भावार्थ ह्न जब तक मुनिराज, वीतराग मार्ग में गमन नहीं करते, तब तक उनको मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती क्योंकि उनके लिए मोक्ष-प्राप्ति में बहुत से विघ्न आकर उपस्थित हो

जाते हैं; किन्तु जो मुनि, वीतरागमार्ग में गमन करनेवाले हैं, उनको मोक्षसुख की प्राप्ति में तीन लोक में किसी प्रकार का कोई विघ्न आकर उपस्थित नहीं होता; इसलिए मोक्षसुख के अभिलाषी मुनियों को वीतरागमार्ग में ही स्थित रहना चाहिए।

८९३. उपसंहार में एकत्व भावना करने पर मोक्षलक्ष्मी का सम्पादन

इत्येकाग्रमना नित्यं, भावयन् भावना-पदम्।
मोक्षलक्ष्मी-कटाक्षालि,-मालापद्मश्च जायते।।१०।।

एकाग्र मन से भावना जो, नित्य शिवपद की करें।
वे मुक्ति-लक्ष्मी के नयन-, अलिपुञ्ज हेतु पद्म हैं।।

अर्थ ह्न जो मुनि, एकाग्रचित्त होकर सदा आत्मस्वरूप की भावना करते हैं; वे मुनि, मोक्षरूपी लक्ष्मी के कटाक्षरूपी अलिमाला (भ्रमरसमूह) के लिए कमल के समान होते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कमल पर भौंरे स्वयं आकर बैठ जाते हैं; उसी प्रकार जो मुनि, उत्कृष्ट मोक्ष की भावना करनेवाले हैं, उन मुनियों पर मोक्षरूपी लक्ष्मी स्वयं मुग्ध होकर अपने कटाक्षपातों को करती है अर्थात् वे मुनि, शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त हो जाते हैं; इसलिए मुनियों को चाहिए कि वे सदा ऐसी भावना भाते रहें।

८९४. निर्मल धर्म धारक, चिन्ता तथा मरण से निर्भय

एतज्जन्मफलं धर्मः, स चेदस्ति ममामलः।
आपद्यपि कुतश्चिन्ता, मृत्योरपि कुतो भयम्।।११।।

इस जन्म का फल धर्म निर्मल, मम हृदय में यदि बसे।
तो आपदाओं की कभी, चिन्ता मरण-भय ना रहे।।

अर्थ ह्न इस मनुष्य भव का फल धर्म है। यदि मुझमें वह निर्मल धर्म मौजूद है तो आपत्ति के आने पर भी मुझे चिन्ता नहीं और मरण से भी भय नहीं।

भावार्थ ह्न जब तक निर्मल धर्म की प्राप्ति नहीं होती, तब तक आपत्ति आने पर चिन्ता होती है तथा जन्म-मरण से भी भय रहता है; किन्तु यदि इस मनुष्य भव के फलस्वरूप निर्मल धर्म मेरे पास मौजूद है तो मुझे आपत्ति में भी किसी प्रकार की चिन्ता नहीं हो सकती और न जन्म-मरण से भय हो सकता है।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'एकत्व भावना'** नामक **'बाईसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २३

श्री परमार्थ-विंशतिः

८९५. मंगलाचरण में भगवान आत्मा का अद्वैत ही उत्कृष्ट एवं दर्शनीय

शार्दूलविक्रीडित

मोह-द्वेष-रति-श्रिता विकृतयो, दृष्टाः श्रुताः सेविताः;
वारम्वारमनन्त-काल-विचरत्, सर्वाङ्गिभिः संसृतौ।
अद्वैतं पुनराऽऽत्मनो भगवतो, दुर्लक्ष्यमेकं परं;
बीजं मोक्षतरोरिदं विजयते, भव्यात्मभिर्वन्दितम्।।१।।

काल अनन्त-भ्रमण करते, इस जग के सारे जीवों ने।
मोह-द्वेष-रागाश्रित विकृति, देखी-सुनी और भोगी।।
पर अखण्ड भगवान आत्मा, का न हुआ अब तक अनुभव।
भव्यजनों से अभिनन्दित, शिवतरु का बीज सदा जयवन्त।।

अर्थ ह्न संसार में अनन्त काल से भ्रमण करते हुए प्राणियों ने मोह-राग-द्वेष के आश्रित विकार को अनन्त बार देखा-सुना तथा अनुभव किया है, किन्तु भगवान आत्मा के अद्वैत स्वभाव को एक बार भी न देखा है, न सुना है और न अनुभव ही किया है; इसलिए अत्यन्त कठिन रीति से देखने योग्य एक, उत्कृष्ट, मोक्षरूपी वृक्ष का बीजभूत तथा भव्य जीवों के द्वारा सदा वन्दनीय ह्न ऐसा यह भगवान आत्मा का अद्वैतपना, इस लोक में सदा जयवन्त रहे।

भावार्थ ह्न मोह-राग-द्वेष आदि कर्मों के विकार, समस्त संसारी प्राणियों में साधारण रीति से पाये जाते हैं; इसलिए जो जीव, अनन्त काल से संसार-भ्रमण कर रहे हैं, उन्होंने अनेक बार इन मोहजनित विकारों को देखा है, सुना है और इनका अनुभव किया है, लेकिन उन्होंने अभी तक कर्मों से भिन्न आत्मा का दर्शन-श्रवण-अनुभव आदि नहीं किया है; इसलिए दुर्लक्ष्य अर्थात् कठिन रीति से देखने योग्य एक, उत्कृष्ट मोक्षरूपी वृक्ष का बीज, जिसकी भव्य जीव सदा स्तुति करते हैं ह्न ऐसा यह आत्मा का अद्वैत (कर्मरहितपना), इस लोक में सदा जयवन्त रहे।

८९६. स्वस्थता ही जन्म-मरण की नाशक एवं शुद्ध चैतन्य से मिलाने वाली

अन्तर्बाह्य-विकल्प-जाल-रहितां, शुद्धैक-चिद्रूपिणीं;
वन्दे तां परमात्मनः प्रणयिनीं, कृत्यान्तगां स्वस्थताम्।
यत्राऽनन्त-चतुष्टयाऽमृत-सरित्याऽऽत्मानमन्तर्गतम्;
न प्राप्नोति जरादि-दुःसह-शिखो, जन्मोग्र-दावानलः।।२।।

अन्तर्बाह्य विकल्परहित, चिद्रूप शद्ध कृतकृत्य अहो!।
परमात्मा से प्रीति बढ़ाती, स्वानुभूति को वन्दन हो।।
क्योंकि अनन्त चतुष्टय अमृत में डूबे इस चेतन को।
दुःसह जरा शिखामय जन्मादिक दावानल प्राप्त न हो।।

अर्थ ह्न जो स्वस्थता, अन्तरंग तथा बहिरंग, दोनों प्रकार के विकल्पों से रहित है, शुद्ध चैतन्यस्वरूप को धारण करने वाली है, परमात्मा से प्रीति कराने वाली तथा कृतकृत्य है ह्न ऐसी उस स्वस्थता को मैं नमस्कार करता हूँ क्योंकि अनन्त विज्ञानादि चतुष्टयस्वरूप स्वस्थता से युक्त अमृत नदी के मध्य में विद्यमान आत्मा को वृद्धावस्था आदि दुस्सह ज्वालाओं को धारण करने वाली जन्मरूपी भयंकर अग्नि प्राप्त ही नहीं कर सकती।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जल से भरी हुई नदी के भीतर स्थित पदार्थ का भयंकर ज्वालाओं से युक्त अग्नि भी कुछ नहीं कर सकती; उसी प्रकार अनन्त चतुष्टयरूपी नदी के मध्य में प्रविष्ट आत्मा का, जरा आदि दुस्सह ज्वालाओं को धारण करने वाली भयंकर जन्मरूपी अग्नि, कुछ भी नहीं कर सकती अर्थात् उस स्वस्थता की (आत्मस्वरूप के अनुभव की) प्राप्ति से आत्मा, जन्म-मरण आदि से रहित हो जाता है। इस प्रकार जो एक शुद्ध चैतन्यस्वरूप को धारण करने वाली, परमात्मा से स्नेह करानेवाली तथा कृतकृत्य है ह्न ऐसी उस स्वस्थता को मैं नमस्कार करता हूँ।

८९७. एकत्व-स्थिति-पूर्वक शील आदि से युक्त होने पर परम आनन्द

एकत्व-स्थितये मतिर्यदनिशं, संजायते मे तया-;
प्यानन्दः परमात्म-सन्निधि-गतः, किञ्चित्समुन्मीलति।
किञ्चित्कालमवाप्य सैव सकलैः, शीलैर्गुणैराश्रितां;
तामानन्द-कलां विशाल-विलसद्, बोधां करिष्यत्यसौ।।३।।

यदि एकत्वस्वभावी आतम में जाए मेरा मतिज्ञान।
उससे भी परमात्मा जैसा, किञ्चित् हो आनन्द महान।।
यदि वह किञ्चित्काल श्रेष्ठ, शीलादिक गुण धारण करता।
तो ज्ञानानन्द के विलासमय, कला सुनिश्चित पा लेता।।

अर्थ ह्न जब-जब मेरी बुद्धि, निरन्तर एकत्व-स्थिति करने के लिए जाती है तो उससे मुझे परमात्मा सम्बन्धी कुछ-कुछ आनन्द उत्पन्न होता है। यदि वही मेरी बुद्धि, कुछ काल तक समस्त शीलादि उत्तम गुणों से सहित होकर रहेगी तो अवश्य ही विशाल तथा दैदीप्यमान ज्ञान की आनन्दकला को प्राप्त हो जाएगी ह्न ऐसा मेरा विश्वास है।

भावार्थ ह्न एकत्व-स्थिति की ओर बुद्धि के जाने से ही परमात्मा सम्बन्धी कुछ ज्ञान-आनन्द होता है; तब यदि मेरी बुद्धि, कुछ काल तक शील आदि गुणों से विशिष्ट रहेगी तो अवश्य ही परमात्मा के सम्पूर्ण आनन्द को प्राप्त करेगी, इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है।

८९८. मित्र आदि से सम्बन्ध भी दु:खदायक

केनाऽप्यस्ति न कार्यमाश्रितवता, मित्रेण चान्येन वा;
प्रेमाङ्गेऽपि न मेऽस्ति सम्प्रति सुखी, तिष्ठाम्यहं केवल:।
संयोगेन यदत्र कष्टमभवत्, संसार-चक्रे चिरं;
निर्विण्ण: खलु तेन तेन नितरा-,मेकाकिता रोचते।।४।।

मुझे न आश्रित मित्रादिक या अन्य किसी से काम नहीं।
तन से भी अब प्रीति नहीं, मैं अपने में ही रहूँ सुखी।।
इस संसार-चक्र में ही मैं, संयोगों से दु:खी हुआ।
अब चाहूँ एकान्तवास मैं, पर से रहूँ उदास सदा।।

अर्थ ह्न मेरे आश्रित जो मित्र हैं, न तो मुझे उनसे और न दूसरों से ही मुझे कुछ भी काम है, अपने शरीर के साथ भी मुझे प्रीति नहीं है। इस समय मैं अकेला ही सुखी हूँ क्योंकि मुझे संसाररूपी चक्र में इष्ट-मित्रादि के संयोग के कारण अनन्त कष्ट हुआ है, अत: मैं निश्चय से उनके प्रति उदासीन हूँ तथा अब, मुझे एकान्त स्थान ही प्रिय लगता है।

भावार्थ ह्न जब तक मेरा मित्र, स्त्री, पुत्र आदि पर-पदार्थों से सम्बन्ध रहा है, तब तक मुझे नाना प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ा है; किन्तु अब मुझे मित्र, स्त्री, पुत्रादि पदार्थों से कुछ भी काम नहीं है; अत: अब मैं सर्वथा उदासीन हूँ, मुझे एकान्त स्थान ही अच्छा लगता है।

८९९. सैकड़ों शास्त्रों का सार - 'जो चैतन्यस्वरूप है, वही मैं हूँ'

यो जानाति स एव पश्यति सदा, चिद्रूपतां न त्यजेत्;
सोऽहं नाऽपरमस्ति किञ्चिदपि मे, तत्त्वं सदेतत्परम्।
याच्चाऽन्यत्तदशेष-कर्म-जनितं, क्रोधादि-कायादि वा;
श्रुत्वा शास्त्र-शतानि सम्प्रति मन-,स्येतच्छ्रुतं वर्तते।।५।।

सदा जानता वही देखता, तजे नहीं चैतन्यस्वरूप।
वह मैं ही हूँ अन्य न किञ्चित्, यह ही तत्त्व परम सत्रूप।।
कर्मजन्य क्रोधादि तथा कायादि सभी हैं मुझसे भिन्न।
सौ शास्त्रों को सुन कर मेरे, मन में जमा यही सिद्धान्त।।

अर्थ ह्न जो जानता है, वही सदा देखता है और जो चैतन्यस्वरूप को कभी नहीं छोड़ता है, वह मैं ही हूँ; अन्य पदार्थ मेरे कुछ भी नहीं हैं, यही समीचीन तत्त्व है। क्रोधादि तथा शरीरादि समस्त कर्मोत्पन्न हैं ह्न यही सिद्धान्त, मैने सैकड़ों शास्त्रों को सुन कर मन में स्थित किया है।

भावार्थ ह्न मैंने सैकड़ों शास्त्रों का अवलोकन किया है, अतः मेरे मन में यह सिद्धान्त स्थिर हो गया है कि जो जानता है, वही देखता है ह्न ऐसा चैतन्यस्वरूप को नहीं छोड़ने वाला तत्त्व मैं ही हूँ। संसार में दूसरा कोई भी पदार्थ मेरा नहीं है। क्रोधादि तथा शरीरादि समस्त कार्य, कर्मों से ही उत्पन्न हुए है।

९००. चैतन्यस्वरूप में गुप्त मन वाले मुझसे समस्त परपदार्थ भिन्न

हीनं संहननं परीषह-सहं, नाऽभूदिदं साम्प्रतं;
काले दुःखमसंज्ञकेऽत्र यदपि, प्रायो न तीव्रं तपः।
कश्चिन्नातिशयस्तथापि यदसा-,वार्तं हि दुष्कर्मणा-;
मन्तःशुद्धचिदात्म-गुप्तमनसः, सर्वं परं तेन किम्।।६।।

काल दुःखम हीन संहनन, परिषह-सहन नहीं होता।
और आजकल प्रायः हमसे, तप भी तीव्र नहीं होता।।
कोई भी अतिशय नहिं होता, कर्मों से मैं दुःखी सदा।
शुद्ध चिदातम गुप्त मुझे अब, पर से रहा प्रयोजन क्या?।।

अर्थ ह्न जिसका नाम दु:खमा है ह्न ऐसे पंचम काल में संहनन हीन होता है; इसलिए इस समय वह संहनन, परीषहों को सहने वाला भी नहीं होता है और प्राय: करके तीव्र तप भी नहीं हो सकता है। इस काल में किसी प्रकार का अतिशय नहीं होने से भी मैं दुष्कर्मों से पीड़ित हूँ, इसलिए अन्तरंग शुद्ध चैतन्यस्वरूप में गुप्त मन के धारी मुझसे समस्त पदार्थ पर हैं, अत: मुझे परपदार्थों से क्या प्रयोजन है? अर्थात् कुछ भी प्रयोजन नहीं है।

भावार्थ ह्न जिस समय चतुर्थ काल की प्रवृत्ति थी, उस समय संहनन उत्तम था और वह संहनन, समस्त परीषहों का सहन करने वाला था, उस समय घोर तप भी धारण किया जाता था, अनेक प्रकार के अतिशय भी प्रकट होते थे, इसलिए उस समय दुष्कर्मों की पीड़ा का भय नहीं था; किन्तु इस पंचम काल में उत्तम संहनन नहीं होने के कारण परीषहों को सहन करने की सामर्थ्य नहीं है, घोर तप भी इस काल में धारण नहीं किया जाता है, किसी प्रकार का अतिशय भी प्रकट नहीं होता और दुष्कर्म बराबर दु:ख देते रहते हैं; इसलिए अन्तरंग में शुद्ध चैतन्यस्वरूप से गुप्त मन को धारण करने वाले मुझसे भिन्न समस्त पदार्थ पर हैं तथा उनसे मुझे किसी प्रकार का प्रयोजन नहीं है ह्न ऐसा ही विचार करना चाहिए।

९०१. विकार का हेतु दो पदार्थों का संयोग, लेकिन मैं तो केवल आत्मा

सद्-दृग्बोध-मयं विहाय परमानन्द-स्वरूपं परं;
ज्योतिर्नान्यदहं विचित्र-विलसत्, कर्मैकतायामपि।
काष्र्ण्ये कृष्णपदार्थ-सन्निधिवशात्, जाते मणौ स्फाटिके;
यत्तस्मात्पृथगेव स द्वयकृतो, लोके विकारो भवेत्।।७।।

विविध कर्म से बद्ध किन्तु मैं, सद्-ज्ञान-दर्शन नहिं तजूँ।
परमानन्द चैतन्य-ज्योति से भिन्न आत्मा नहिं लखूँ।।
स्फटिक मणि में कृष्ण वस्तु के, संग में कालापन दिखता।
किन्तु भिन्न वह स्फटिक मणि है, द्वयकृत ही विकार होता।।

अर्थ ह्न नाना प्रकार के विद्यमान कर्मों की एकता होने पर भी मैं सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञानस्वरूप, परमानन्द तथा उत्कृष्ट तेज के धारी आत्मा को छोड़ कर भिन्न नहीं हूँ अर्थात् आत्मस्वरूप ही मैं हूँ क्योंकि कृष्ण (काला) पदार्थ के सम्बन्ध से स्फटिक मणि के कृष्ण वर्णमय होने पर भी वह कृष्णता, उस स्फटिकमणि से भिन्न ही है। संसार में जो विकार उत्पन्न होता है, वह दो पदार्थों द्वारा किया हुआ ही होता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त निर्मल स्फटिकमणि के पास किसी काले वर्ण की वस्तु रख दी जाए तो उस पदार्थ के सम्बन्ध से वह स्फटिकमणि भी उस समय कृष्ण वर्ण की हो जाती है, फिर भी स्वभावदृष्टि से वह कालिमा, स्फटिकमणि से भिन्न ही है, उसका स्वरूप नहीं, उसका स्वरूप तो स्वच्छता ही है; उसी प्रकार यद्यपि कर्म तथा आत्मा, नीर-क्षीर के समान अभिन्न मालूम पड़ते हैं तो भी मैं सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान तथा परमानन्दस्वरूप, उत्कृष्ट तेज के धारी आत्मा से भिन्न नहीं हूँ, किन्तु आत्मस्वरूप ही हूँ।

इसी आशय को लेकर समयसार कलश ३७ में भी कहा है -

वर्णाद्या वा राग-मोहादयो वा,
भिन्ना भावाः सर्व एवाऽस्य पुंसः।
तेनैवाऽन्तस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी,
नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात्।।

अर्थ ह्न इस पुरुष आत्मा से रूप, रस, गन्ध आदि तथा राग, द्वेष, मोह आदि जितने भी भाव हैं, वे समस्त भाव मुझसे भिन्न हैं; इसलिए जो पुरुष, अन्तरंग तत्त्व को देखने वाला है, उसके ये भाव दृष्टिगोचर नहीं होते, अपितु वह प्रधान तेज ही दृष्टिगोचर होता है।

९०२. यति का दूसरे पदार्थों के साथ संयोग होना ही आपत्ति

आपत्साऽपि यतेः परेण सह यः, सङ्गो भवेत्केनचित्;
सापत्सुष्ठु गरीयसी पुनरहो, यः श्रीमतां सङ्गमः।
यस्तु श्रीमदमद्यपान-विकलै-,रुत्तानिताऽस्यैर्नृपैः;
सम्पर्कः स मुमुक्षु-चेतसि सदा, मृत्योरपि क्लेशकृत्।।८।।

यदि यति का हो संग अन्य से, तो मानें आपत्ति है।
श्रीमन्तों का संगम हो तो, यह भी महाविपत्ति है।।
यदि लक्ष्मी की मद-मदिरा से, गर्वित गहल नृपति का संग।
हो जाए तो मुमुक्षु मुनि को, मरणतुल्य दुःखदायक संग।।

अर्थ ह्न यति पुरुष का किसी अन्य पदार्थ के साथ सम्बन्धित होना, यह एक प्रकार की आपत्ति है, फिर यदि उनका श्रीमन्तों के साथ सङ्गम हो जाए तो यह बड़ी भारी आपत्ति है तथा जो पुरुष लक्ष्मी के मदरूपी मदिरा से मत्त हो रहे हैं और जिनका मुख ऊपर को है ह्न ऐसे राजाओं के साथ सम्बन्ध हो जाए तो यह सम्बन्ध, मोक्षाभिलाषी के चित्त में मरण से भी अधिक दुःख देने वाला है।

भावार्थ ह्न यह बात अनुभव-सिद्ध है कि मनुष्यों को जो कुछ कष्ट होते हैं, वे पर के सम्बन्ध से होते हैं और यतियों का यतिपना, पर के सम्बन्ध से रहित होता है क्योंकि यदि यतियों का सामान्य लोगों के साथ भी सम्बन्ध हो तो उनको दु:ख भोगना पड़ता है। यदि उन्हीं यतीश्वरों का श्रीमन्त मनुष्यों के साथ सम्बन्ध हो जाए तो उनको घोर आपत्ति का सामना करना पड़ता है। जिस प्रकार मदिरा के पान से मनुष्य, मत्त और उन्नत मुख वाला हो जाता है; उसी प्रकार राजा, लक्ष्मी के घमण्डरूपी मद्य को पीने से मत्त और उन्नत मुख वाले हो जाते हैं ह्न ऐसे राजाओं के साथ यदि उन मोक्षाभिलाषी यतियों का सम्बन्ध हो जाए तो उन यतियों के चित्त में वह सम्बन्ध, मरण से भी अधिक वेदना का देने वाला होता है; इसलिए जो मुनि, मोक्षाभिलाषी हैं, उनको संसार में किसी के साथ सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए, अपितु अपने आत्मस्वरूप का ही चिन्तवन करना चाहिए।

९०३. मन में प्रकाशमान सदैव आनन्द देने वाले श्रीगुरु के वचन

स्निग्धा मा मुनयो भवन्तु गृहिणो, यच्छन्तु मा भोजनं;
मा किञ्चिद्धनमस्तु मा वपुरिदं, रुग्वर्जितं जायताम्।
नग्नं मामऽवलोक्य निन्दतु जनः, तत्राऽपि खेदो न मे;
नित्यानन्द-पद-प्रदं गुरु-वचो, जागर्ति चेच्चेतसि।।९।।

यदि आनन्द-प्रदायक गुरु-वचनों से चित्त प्रकाशित है।
तो मुनि मुझसे प्रीति करें नहिं, या गृहस्थ नहिं भोजन दें।।
मेरे पास न किञ्चित् धन हो, या तन नहीं नीरोग रहे।
नग्न देख निन्दा हो तो भी, मन में किञ्चित् खेद न हो।।

अर्थ ह्न सदा आनन्द को देने वाला ह्न ऐसा श्रीगुरु का वचन, यदि मेरे चित्त में प्रकाशमान है तो यदि मुनिगण, मुझ पर प्रीति न करें, गृहस्थ लोग मुझे भोजन न दें, मेरे पास कुछ भी धन भले ही न रहे, मेरा शरीर रोग से युक्त रहे और लोग, मुझे नग्न देख कर, मेरी निन्दा भी करें तो मुझे किसी प्रकार का खेद नहीं है।

भावार्थ ह्न जिस समय मेरे मन में सदैव आनन्द देने वाले गुरु-वचन प्रकाशमान न हों तो मुनिगण, मेरे ऊपर प्रीति न करें; श्रावक लोग, मुझे भोजन न देवें; मेरे पास धन न होवे, शरीर भी नीरोग न होवे तथा मुझे नग्न देख कर लोग, मेरी निन्दा करें तो मुझे खेद हो सकता है; किन्तु यदि मेरे मन में श्रीगुरु का उपदेश विराजमान है तो उपर्युक्त कोई भी बात खेद को उत्पन्न करने वाली नहीं हो सकती क्योंकि श्रीगुरु का उपदेश सदा आनन्द को देने वाला है।

९०४. गुरु प्रकाशित मार्ग में गमन करने से निर्वाण की प्राप्ति

दुःख-व्याल-समाकुले भव-वने, हिंसादि-दोष-द्रुमे;
नित्यं दुर्गति-पल्लि-पाति-कुपथे, भ्राम्यन्ति सर्वेऽङ्गिनः।
तन्मध्ये सुगुरु-प्रकाशित-पथे, प्रारब्धयानो जनः;
यात्यानन्दकरं परं स्थिरतरं, निर्वाणमेकं पदम्।।१०।।

भव-वन नाना दुःख-सर्प, एवं हिंसादिक-तरु से व्याप्त।
इसमें भ्रमते जीव सभी सदा, दुर्गति-भील बस्ती से युक्त।।
उसमें सुगुरु प्रकाशित पथ पर, भव्य जीव जो गमन करें।
वे नर शाश्वत सुखप्रद निश्चल, शिवपद निश्चित प्राप्त करें।।

अर्थ ह्न संसाररूपी वन, नाना प्रकार के दुःखरूपी हाथी-अजगर इत्यादि से व्याप्त है; जिसमें हिंसा, असत्य, चोरी आदि दोषरूपी वृक्ष मौजूद हैं। यह संसाररूपी वन, दुर्गतिरूपी भीलों से सहित खोटे मार्ग से युक्त है, जिसमें अनेक जीव भ्रमण कर रहे हैं; किन्तु उसी संसाररूपी वन में उत्तम गुरुओं द्वारा प्रकाशित मार्ग पर जो मनुष्य, गमन करते हैं, वे मनुष्य, उत्तम आनन्द को देनेवाले, उत्कृष्ट, निश्चल और अनुपम निर्वाणस्थान को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार वन में नाना प्रकार के हाथी-अजगर आदि, भयंकर वृक्ष आदि तथा भीलों के घरों से सहित भयंकर मार्ग होते हैं, किन्तु उसी वन में किसी हितैषी द्वारा बतलाए हुए योग्य मार्ग से जो मनुष्य गमन करता है, वह अपने उत्तम, अभीष्ट स्थान पर पहुँच जाता है; उसी प्रकार यह संसार भी एक वन है क्योंकि इसमें भी नाना प्रकार के दुःखरूपी हाथी और हिंसा आदि दोषरूपी वृक्ष मौजूद हैं, दुर्गतिरूप भीलों के घर हैं, भयंकर खोटे मार्ग हैं; इसलिए इस संसाररूपी वन में जो मनुष्य, उत्तम गुरुओं द्वारा प्रकाशित मार्ग पर गमन करता है, वह कल्याणमयी निश्चल, उत्कृष्ट, अनुपम निर्वाणपद को प्राप्त होता है।

९०५. 'मैं सुखी हूँ या दुःखी हूँ' ह्न ऐसे विकल्पों से रहित योगीश्वर

यत्सातं यदसातमङ्गिषु भवेत्, तत्कर्म-कार्यं ततः;
तत्कर्मैव तदन्यदात्मन इदं, जानन्ति ये योगिनः।
ईदृग्भेद-विभावनाश्रित-धियां, तेषां कुतोऽहं सुखी;
दुःखी चेति विकल्प-कल्मष-कला, कुर्यात्पदं चेतसि।।११।।

जीवों को जो सुख-दुःख होते, वे सब कर्मोदय से हैं।
कर्म भिन्न हैं शुद्धातम से-ऐसा जो योगी जानें।।
भेदज्ञान धारामय मति से, सुखी-दुःखी कैसे होवें?।
उनके चित् को यह विकल्प, किञ्चित् भी कैसे मलिन करें?।।

अर्थ ह्न जीव में होने वाले सुख-दुःख, सभी कर्मों के कार्य हैं; इसलिए वे सब कर्म ही हैं और वे कर्म, आत्मा से भिन्न हैं ह्न इस बात को जो योगीश्वर जानते हैं अर्थात् इस प्रकार की भेदभावना भाने वाले योगीश्वरों के मन में 'मैं सुखी हूँ या मैं दुःखी हूँ' ह्न इस प्रकार के विकल्प-सम्बन्धी जरा-सी भी मलिनता स्थान को प्राप्त नहीं करती।

भावार्थ ह्न जब तक योगियों को इस बात का भलीभाँति ज्ञान नहीं होता ''कि सुख-दुःख आदि कर्मजनित कार्य हैं, इसलिए वे भी कर्म ही हैं तथा आत्मा, कर्मादि से सर्वथा भिन्न है,'' तभी तक उनके मन में 'मैं सुखी हूँ या मैं दुःखी हूँ' ह्न इस प्रकार के विकल्प उत्पन्न होते रहते हैं; किन्तु जिस समय योगियों को इस प्रकार का भलीभाँति ज्ञान हो जाता है कि कर्म तथा उनके सुख-दुःखादि कार्य, सब आत्मा से भिन्न हैं, उस समय उनके मन में कभी भी 'मैं सुखी हूँ या मैं दुःखी हूँ' ह्न इस प्रकार के मलिन विकल्प नहीं होते हैं; इसलिए योगियों को, कर्म तथा आत्मा के भेद को भलीभाँति जान कर, 'मैं सुखी हूँ या मैं दुःखी हूँ' - इस प्रकार के मलिन विकल्पों से सर्वदा विमुक्त रहना चाहिए।

९०६. व्यवहार में देव-शास्त्र गुरु, निश्चय में केवल आत्मा

देवं तत्प्रतिमां गुरुं मुनिजनं, शास्त्रादि मन्यामहे;
सर्वं भक्तिपरा वयं व्यवहृते, मार्गे स्थिता निश्चयात्।
अस्माकं पुनरेकताश्रयणतो, व्यक्तीभवच्चिद्गुण-;
स्फारीभूत-मति-प्रबन्ध-महसामात्मैव तत्त्वं परम्।।१२।।

जब तक हम व्यवहार मार्ग में, तब तक भक्ति-परायण हैं।
जिनवर जिनप्रतिमा जिनगुरु जिनशास्त्रों का श्रद्धान करें।।
लेकिन निश्चयनय से केवल, चिन्मयगुण धारक जो तेज।
वह आत्मा ही मुझको तो, परमतत्त्व है अन्य नहीं।।

अर्थ ह्न जब तक हम व्यवहार मार्ग में स्थित हैं, तभी तक हम भक्ति में तत्पर होकर देव, देव-प्रतिमा, गुरुओं, मुनिजनों तथा शास्त्रादि को मानते हैं। निश्चयनय से तो एकत्व के आश्रय से प्रगट होनेवाले चैतन्यरूपी गुण से प्रगल्भ बुद्धि सम्बन्धी तेज का धारी हमारा

केवल एक आत्मा ही उत्कृष्ट तत्त्व है; इससे भिन्न अन्य कोई तत्त्व ही नहीं है।

भावार्थ ह्न जब तक हम व्यवहारमार्ग में स्थित हैं, तब तक भक्तिवश देव को मानते हैं, देव की प्रतिमा को नमस्कार करते हैं, गुरु और मुनिजनों को भी मानते हैं तथा शास्त्र आदि की भी भलीभाँति भक्ति करते हैं; किन्तु जिस समय शुद्ध निश्चयमार्ग का अवलम्बन करते हैं, उस समय हमारा आत्मा ही एक उत्कृष्ट तत्त्व है, उस समय एकत्व की भावना से प्राप्त हुई बुद्धि की प्रौढ़ता से देवादि का कुछ भी भेद प्रतीत नहीं होता।

९०७. मुझे कोई कैसा भी कष्ट दे, किन्तु मुझे कोई भय नहीं

वर्षं हर्षमपाकरोतु तुदतु, स्फीता हिमानी तनुं;
घर्मः शर्महरोऽस्तु दंशमशकं, क्लेशाय सम्पद्यताम्।
अन्यैर्वा बहुभिः परीषहभटैरारभ्यतां मे मृतिः;
मोक्षं प्रत्युपदेश-निश्चल-मतेर्नात्रापि किञ्चिद् भयम्॥१३॥

अतिवर्षा से चैन नष्ट हो, या तुषार दे तन-पीड़ा।
सूर्य-ताप भी नष्ट करे सुख, मच्छर-डाँस करें पीड़ा॥
अथवा अन्य परीषह-भट से, मरण प्राप्त भी हो मुझको।
मोक्षमार्ग में निश्चल बुद्धि, अतः न कुछ भी भय मुझको॥

अर्थ ह्न चाहे मेरे आनन्द को वर्षा नष्ट करे, चाहे बर्फ का समूह मेरे शरीर को पीड़ा दे, चाहे सूर्य का आतप मेरे कल्याण का नाश करे, चाहे डाँस-मच्छर मुझे दुःख देवें अथवा अन्य शेष बचे हुए परीषहरूपी सुभटों से भले ही मेरा मरण हो जाए तो भी मुझे किसी से कुछ भी भय नहीं है क्योंकि मेरी बुद्धि, मोक्ष के प्रति उपदेश से निश्चल है।

भावार्थ ह्न परीषहादि पर विजय प्राप्त करने से मोक्ष होता है ह्न ऐसे मोक्ष-प्राप्ति हेतु दिये गये श्रीगुरु के उपदेश से मेरी बुद्धि निश्चल है; इसलिए वर्षाकाल में चाहे वर्षा मेरे हर्ष का नाश करो, शरदकाल में बढ़े हुए बर्फ का समूह मेरे शरीर को दुःखी करो, ग्रीष्मकाल में सूर्य का आतप मेरे कल्याण को नष्ट करे, डाँस-मच्छर आदि भी चाहे मुझे दुःख देवें अथवा अन्य शेष बचे हुए परीषहरूपी सुभटों से मेरी मृत्यु हो जाए, तो भी मुझे इनमें से किसी से कुछ भी भय नहीं है।

९०८. सर्व शक्तिमान का विचार ह्न जो कुछ होना है, वह तो होगा ही

चक्षुर्मुख्य-हृषीक-कर्षक-मयो, ग्रामो मृतो मन्यते;
चेद्रूपादि-कृषि-क्षमां बलवता, बोधारिणा त्याजितः।

तच्चिन्तां न च सोऽपि सम्प्रति करोत्यात्मा प्रभुः शक्तिमान्;
यत्किञ्चिद्भविताऽत्र तेन च भवोऽप्यालोक्यते नष्टवत्।।१४।।

नेत्रप्रधान इन्द्रिय-कृषक-ग्राम भी यदि नष्ट हो।
रूप-रसादिक विषयों की कृषि-भूमि से भी रहित हो।।
तो भी शक्तिमान प्रभु चेतन! उनकी चिन्ता नहीं करे।
होनहार ही जग में होती, वह जग को नश्वर समझे।।

अर्थ ह्न आत्मा, सर्व शक्तिशाली प्रभु है। वह सम्यग्ज्ञान के वैरी ज्ञानावरण कर्म के द्वारा नेत्रप्रधान इन्द्रियरूपी किसानों से बने हुए ग्राम को मरा हुआ मानता है तथा उन इन्द्रियरूपी किसानों को रूपादि खेती की जमीन से रहित भी मानता है तथा उन इन्द्रिय एवं इन्द्रिय-विषयों की वह आत्मा कुछ भी चिन्ता नहीं करता क्योंकि वह समझता है कि जो कुछ होने वाला है, वह होगा, इसलिए वह समस्त जगत् को सर्वथा नष्ट-सा ही समझता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार सर्व शक्तिमान राजा, किसी वैरी द्वारा उजाड़े हुए अपने गाँव तथा जमीन को देखकर, कुछ भी चिन्ता नहीं करता; उसी प्रकार सर्व शक्तिमान यह आत्मा, ज्ञानावरणादि द्वारा नेत्रादि इन्द्रियों को नष्ट मानता है तथा रूपादि से रहित मानता है, उनकी चिन्ता नहीं करता। वह भलीभाँति जानता है कि जो कुछ होने वाला है, वह तो नियम से होता ही है, इसलिए समस्त जगत् को वह सदा नष्ट ही समझता है।

९०९. संयमी संसार में रहता हुआ भी जल से भिन्न कमल

कर्म-क्षत्युपशान्ति-कारणवशात्, सद्देशनाया गुरो-;
रात्मैकत्व-विशुद्ध-बोध-निलयो, निःशेष-संगोज्झितः।
शश्वत्तद्गत-भावनाश्रितमना, लोके वसन् संयमी;
नावद्येन स लिप्यतेऽब्ज-दलवत्, तोयेन पद्माकरे।।१५।।

कर्मों के उपशम या क्षय से, अथवा गुरु-वचनामृत से।
निर्मल आत्मज्ञान का धारी, विरक्त समस्त परिग्रह से।।
आत्मभावनारत योगी यदि, किञ्चित् काल जगवास करे।
तो भी जल में पद्म-पत्र सम, वह अलिप्त सब पापों से।।

अर्थ ह्न जो समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित है, जिसका मन निरन्तर आत्मभावना से सहित है, कर्मों के क्षय या उपशम से अथवा गुरु के उत्तम उपदेश से जो आत्मा के एकत्व

को प्राप्त करके निर्मल ज्ञान का स्थान है ह्न ऐसा वह संयमी, संसार में रहता हुआ भी जिस प्रकार सरोवर में कमल का पत्ता जल से लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार अंशमात्र भी पापों से लिप्त नहीं होता।

भावार्थ ह्न चाहे कमल का पत्ता कितने भी अगाध पानी में क्यों न पड़ा हो तो भी वह पानी से लिप्त नहीं होता। उसी प्रकार जिस संयमी का मन, कर्मों के उपशम से, सर्वथा क्षय से, या गुरु के उत्तम उपदेश से आत्मा के एकत्व-सम्बन्धी निर्मल ज्ञान का धारक है, समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित है और जिसका चित्त, सदा आत्म-सम्बन्धी एकत्व भावना से सहित है; वह संयमी यद्यपि संसार में मौजूद है, तथापि समस्त प्रकार के पापों से अलिप्त है अर्थात् उस आत्मा के साथ किसी प्रकार के कर्मों का सम्बन्ध नहीं है।

९१०. निर्ग्रन्थता से उत्पन्न आनन्द के सामने इन्द्रियसुख दुःखरूप

गुर्वंघ्रि-द्वय-दत्त-मुक्ति-पदवी-, प्राप्त्यर्थनिर्ग्रन्थता-;
जातानन्द-वशान्ममेन्द्रिय-सुखं, दुःखं मनो मन्यते।
सुस्वादुः प्रतिभासते किल खलः, तावत्समासादितो;
यावन्नो सित-शर्करातिमधुरा, सन्तर्पिणी लभ्यते।।१६।।

गुरु-चरणों से शिवपद हेतु, प्राप्त हुई निर्ग्रन्थदशा।
उससे जो आनन्द हुआ तो, इन्द्रिय-सुख भासे दुःखदा।।
जब तक स्वच्छ मधुर मिश्री का, स्वाद नहीं मिलता जन को।
तब तक खलि ही अज्ञानी को, मधुर इष्टतम भासित हो।।

अर्थ ह्न श्रीगुरु के दोनों चरणों से प्रदान की हुई मोक्ष-पदवी की प्राप्ति के लिए निर्ग्रन्थता से उत्पन्न आनन्द के कारण मेरा मन इन्द्रियजनित सुख को 'दुःख ही है' ह्न ऐसा मानता है, वह ठीक ही है क्योंकि जब तक स्वच्छ, अत्यन्त मधुर और तृप्ति करने वाली शर्करा (शक्कर) की प्राप्ति नहीं होती, तब तक ही खल अत्यन्त मिष्ट मालूम पड़ती है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार जब तक ही स्वच्छ, अत्यन्त मिष्ट तथा तृप्ति करनेवाली शक्कर की प्राप्ति नहीं होती, तब तक ही मनुष्य को खल अत्यन्त मिष्ट मालूम पड़ती है, किन्तु जिस समय उत्तम मिष्ट शक्कर की प्राप्ति हो जाती है, उस समय वह खल जरा भी मिष्ट मालूम नहीं होती; उसी प्रकार जब तक जीवों को गुरु के दोनों चरणों से प्रदत्त मोक्षरूपी पदवी की प्राप्ति के लिए निर्ग्रन्थता से उत्पन्न हुए आनन्द का अनुभव नहीं होता, तब तक इन्द्रियों से उत्पन्न हुआ सुख, उनको सुख मालूम पड़ता है; किन्तु जिस समय उस आनन्द का अनुभव हो

जाता है, उससमय इन्द्रियजनित सुख, सुख प्रतीत नहीं होता, बल्कि हे प्रभो! वह दु:ख ही भासित होता है। इस प्रकार आचार्य कहते हैं कि मुझे ऐसे वचन-अगोचर आनन्द का अनुभव है, इसलिए इन्द्रियों से जायमान सुख, दु:ख ही है ह्न ऐसा सर्वथा मालूम पड़ता है।

९११. अग्नि से निकल शीतल कुएँ को प्राप्त मनुष्य, क्या पुन: अग्निप्रवेश करेगा?

निर्ग्रन्थत्व-मुदा ममोज्ज्वलतर-, ध्यानाश्रित-स्फीतया;
दुर्ध्यानाक्ष-सुखं पुन: स्मृतिपथ-, प्रस्थाप्यपि स्यात्कृत:।
निर्गत्योद्गत-वात-बोधित-शिखि-,ज्वाला-करालाद् गृहा-
च्छीतां प्राप्य च वापिकां विशति क:, तत्रैव धीमान्नर:।।१७।।

निर्मल ध्यानमयी निर्ग्रन्थ-दशा में जब आनन्द हुआ।
तो कुध्यानमयी इन्द्रियसुख, सुमिरन कैसे हो सकता?।।
पवन-प्रताड़ित दावानल से, जलते हुए सदन को छोड़।
शीतल वापी में जाकर फिर, पुन: अग्नि में जाए कौन?।।

अर्थ ह्न हे प्रभु! अत्यन्त निर्मल ध्यान के आश्रय से वृद्धिंगत निर्ग्रन्थता से उत्पन्न आनन्द यदि मुझमें विद्यमान है तो मुझे विपरीत ध्यान से उत्पन्न इन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का कैसे स्मरण हो सकता है? क्योंकि ऐसा कौन बुद्धिमान पुरुष होगा, जो प्रवाहित पवन से जाज्वल्य-मान अग्नि की भयंकर ज्वाला से जलते हुए घर से निकल कर, शीतल कुएँ को पाकर, पुन: उसी भयंकर अग्निगृह में प्रवेश करेगा?

भावार्थ ह्न अत्यन्त उत्कृष्ट पवन से जाज्वल्यमान अग्नि की भयंकर ज्वाला से जल रहे घर से निकल कर तथा अत्यन्त निर्मल जल से भरी हुई बावड़ी को पाकर, जिस प्रकार बुद्धिमान पुरुष, फिर से उस जाज्वल्यमान अग्नि के मकान में प्रवेश नहीं करता; उसी प्रकार यदि मुझमें अत्यन्त निर्मल ध्यान के आश्रय से, अत्यन्त वृद्धि को प्राप्त निर्ग्रन्थता से उत्पन्न आनन्द विद्यमान है तो मुझे खोटे ध्यान से उत्पन्न इन्द्रिय-सम्बन्धी सुख का स्मरण कैसे हो सकता है? अर्थात् इन्द्रियों से उत्पन्न सुख को मैं सुख नहीं मानता।

९१२. मोह से मोक्ष में की गई अभिलाषा भी मोक्ष-नाशिनी

जायेतोद्गत-मोहतोऽभिलषिता, मोक्षेऽपि सा सिद्धिहृत्;
तद्भूतार्थ-परिग्रहो भवति किं, क्वापि स्पृहालुर्मुनि:।
इत्यालोचन-संगतैक-मनसा, शुद्धात्म-सम्बन्धिना;
तत्त्वज्ञान-परायणेन सततं, स्थातव्यमग्राहिणा।।१८।।

मोहजन्य मोक्षाभिलाष भी, शिव-रमणी को रुष्ट करे।
अतः शुद्धनयाश्रित बुधजन, कोई इच्छा नहीं करें।।
तत्त्वज्ञान पारायण हैं जो, आलोचना सहित मुनिराज।
शुद्धातम में लीन रहें अरु, तजें परिग्रह सभी प्रकार।।

अर्थ ह्न अन्तरंग में उत्पन्न मोह से मोक्ष की इच्छा करें तो वह इच्छा भी स्वयं मोक्ष का नाश करने वाली होती है; अतः शुद्धनिश्चयनय का आश्रय करने वाला जीव, किसी प्रकार की इच्छा नहीं करता है, किन्तु जिन मुनि का मन आलोचना से सहित है, जो शुद्ध आत्मा से सम्बन्ध रखने वाले हैं और तत्त्वों के ज्ञान में दत्त-चित्त हैं; उन मुनिराजों को सभी प्रकार के परिग्रहों से रहित रहना चाहिए।

भावार्थ ह्न समस्त कर्म तथा कर्मों के कार्यों का जिस समय सर्वथा नाश हो जाता है, उसी समय मोक्ष की प्राप्ति होती है। इच्छा, मोह से उत्पन्न होती है, इसलिए वह कर्म का कार्य होने से कर्म ही है। यदि, मोक्ष के विषय में किसी मुनि की इच्छा हो जाए तो वह इच्छा भी मोक्ष का निषेध करने वाली ही है; अतः जो मुनि, शुद्धनिश्चयनय का आश्रय करने वाले और मोक्षाभिलाषी हैं; वे कदापि किसी पदार्थ में जरा भी इच्छा नहीं करते हैं; इसलिए आचार्यवर उपदेश देते हैं कि जिन मुनियों का मन आलोचना से सहित है, जो समस्त कर्मों से रहित आत्मा से सम्बन्ध रखने वाले हैं अर्थात् कर्मरहित आत्मा का ध्यान करने वाले हैं और जो तत्त्वों के ज्ञान में दत्त-चित्त हैं; वे सर्वथा समस्त प्रकार के परिग्रहों से रहित ही रहें अर्थात् किसी पदार्थ में 'यह मेरा (ममेदं) है' ह्न ऐसी बुद्धि कदापि न करें।

९१३. जब निज आतम अनुभव आवै, तब और कछु न सुहावै

[1]जायन्ते विरसा रसा विघटते, गोष्ठी-कथा-कौतुकं;
शीर्यन्ते विषयास्तथा विरमति, प्रीतिः शरीरेऽपि च।
[2]जोषं वागपि धारयत्यविरतानन्दात्म-शुद्धात्मनः;
चिन्तायामपि यातुमिच्छति समं, दोषैर्मनः पञ्चताम्।।१९।।

सारे रस नीरस हो जाते, गोष्ठी-कथा-कुतूहल नष्ट।
विष-सम विषय-विकार और, तन से भी होती प्रीति विनष्ट।।

---

१. इसी श्लोक के आधार पर आध्यात्मिक कविवर श्री भागचन्दजी ने **'जब निज आतम अनुभव आवै, तब और कछु न सुहावै....'** की टेक वाला भजन बनाया है।

२. किसी प्रति में यह पंक्ति इस प्रकार मिलती है ह्न **'मौनं च प्रतिभासतेऽपि च रहः प्रायो मुमुक्षोश्चितः'**।

मन के सारे दोष नष्ट हों, वाणी का भी रुके विलास।
नित्यानन्द स्वरूप आत्म में, जब होती अनुभूति सुवास।।

अर्थ ह्न आनन्दस्वरूप शुद्धात्मा का चिन्तवन होने पर समस्त रस नीरस हो जाते हैं, गोष्ठी में कथा-कौतूहल नष्ट हो जाता है, समस्त विषय नष्ट हो जाते हैं, शरीर में अंशमात्र भी प्रीति नहीं रहती और वाणी भी जोष को धारण कर लेती है अर्थात् उसे मौन का अवलम्बन करना पड़ता है तथा समस्त दोषों के साथ मन भी नष्ट हो जाता है।

भावार्थ ह्न जब तक मनुष्य, निरन्तर आनन्दस्वरूप परमात्मा का विचार नहीं करता, तब तक उसे समस्त रस प्रिय लगते हैं, गोष्ठी में कथा का कौतूहल भी उत्तम लगता है और विषयादिक भी नष्ट नहीं होते, शरीर में प्रीति बनी रहती है, वाणी भी मौन को धारण नहीं करती, समस्त दोष भी मौजूद रहते हैं और मन भी स्थित रहता है; किन्तु जिस समय उसको आनन्दस्वरूप परमात्मा का विचार आकर उपस्थित हो जाता है, उस समय रस प्रिय नहीं लगते, गोष्ठी में कथा-कौतूहलादि भी नष्ट हो जाते हैं, विषयादिक किनारा कर जाते हैं, शरीर में प्रीति नहीं रहती, वाणी मौन को धारण कर लेती है, किसी प्रकार का दोष भी नहीं रहता तथा दोषों के साथ मन भी सर्वथा नष्ट हो जाता है।

९१४. उपसंहार में ग्रन्थकार द्वारा अवाच्य तत्त्व की प्राप्ति हेतु मौन-धारण

तत्त्वं वागतिवर्ति शुद्धनयतो, यत्सर्व-पक्ष-च्युतं;
तद्वाच्यं व्यवहार-मार्ग-पतितं, शिष्यार्पणे जायते।
प्रागल्भ्यं न तथापि तत्र विवृतौ, बोधो न तादृग्विधः;
तेनाऽयं ननु मादृशो जडमतिः, मौनाश्रितस्तिष्ठति।।२०।।

निश्चय से यह वचन-अगोचर तत्त्व सदा नयपक्ष-विहीन।
शिष्यों को सम्बोधन हेतु, नय-व्यवहार कहे कथनीय।।
किन्तु नहीं परिपक्व और, कहने लायक नहिं मुझमें ज्ञान।
इसीलिए मुझ जैसा जड़मति, धारण कर लेता है मौन।।

अर्थ ह्न शुद्धनिश्चयनय से तत्त्व वचन के अगोचर है तथा समस्त प्रकार के पक्षों (अपेक्षाओं) से रहित है। व्यवहारमार्ग में आया हुआ तत्त्व, शिष्यों के बोध के लिए वाच्य (वचन के द्वारा कहने योग्य) होता है तो भी ग्रन्थकार कहते हैं कि उस तत्त्व के व्याख्यान को करने की मुझमें भलीभाँति प्रौढ़ता भी नहीं है और उसके वर्णन करने योग्य ज्ञान भी नहीं है; अतः मेरे समान जड़बुद्धि पुरुष, मौन को ही धारण करता है।

भावार्थ ह्न यद्यपि शुद्धनिश्चयनय से तत्त्व अवाच्य है, समस्त प्रकार की अपेक्षाओं से रहित है, तथापि वह तत्त्व, शिष्यों के बोध हेतु व्यवहारनय से वाच्य अर्थात् वचन से कहा जाता है; इसलिए ग्रन्थकार कहते हैं कि इस परमार्थतत्त्व को मैं भलीभाँति वर्णन नहीं कर सकता क्योंकि उस तत्त्व का वर्णन करने में न तो मुझे अपने में प्रौढ़ता ही प्रतीत होती है और न मुझमें उतना ज्ञान ही विद्यमान है; इसलिए मैं मौन को ही धारण करता हूँ।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'श्री परमार्थ-विंशतिः'** नामक **'तेईसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

चैतन्यस्वरूप में गुप्त ज्ञानी का विचार

हीनं संहननं परीषह-सहं, नाऽभूदिदं साम्प्रतं;
काले दुःखमसंज्ञकेऽत्र यदपि, प्रायो न तीव्रं तपः।
कश्चिन्नातिशयस्तथापि यदसा-,वार्तं हि दुष्कर्मणा-;
मन्तःशुद्धचिदात्म-गुप्तमनसः, सर्वं परं तेन किम्।।

अर्थ ह्न जिसका नाम दुःखमा है ह्न ऐसे पंचम काल में संहनन हीन होता है; इसलिए इस समय वह संहनन, परीषहों को सहने वाला भी नहीं होता है और प्रायः करके तीव्र तप भी नहीं हो सकता है। इस काल में किसी प्रकार का अतिशय नहीं होने से भी मैं दुष्कर्मों से पीड़ित हूँ, इसलिए अन्तरंग शुद्ध चैतन्यस्वरूप में गुप्त मन के धारी मुझसे समस्त पदार्थ पर हैं, अतः मुझे परपदार्थों से कुछ भी प्रयोजन नहीं है।

भावार्थ ह्न जिस समय चतुर्थ काल की प्रवृत्ति थी, उस समय संहनन उत्तम था और वह संहनन, समस्त परीषहों का सहन करने वाला था, उस समय घोर तप भी धारण किया जाता था, अनेक प्रकार के अतिशय भी प्रकट होते थे, इसलिए उस समय दुष्कर्मों की पीड़ा का भय नहीं था; किन्तु इस पंचम काल में उत्तम संहनन नहीं होने के कारण परीषहों को सहन करने की सामर्थ्य नहीं है, घोर तप भी इस काल में धारण नहीं किया जाता है, किसी प्रकार का अतिशय भी प्रकट नहीं होता और दुष्कर्म बराबर दुःख देते रहते हैं; इसलिए अन्तरंग में शुद्ध चैतन्यस्वरूप से गुप्त मन को धारण करने वाले मुझसे भिन्न समस्त पदार्थ पर हैं तथा उनसे मुझे किसी प्रकार का प्रयोजन नहीं है ह्न ऐसा ही विचार करना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, श्री परमार्थ विंशतिः (अधिकार २३), श्लोक ६

अधिकार – २४

शरीराष्टक

९१५. प्रारम्भ में मूर्ख जीव की अपवित्र शरीर के साथ प्रीति पर आश्चर्य

शार्दूलविक्रीडित

दुर्गन्धाऽशुचि-धातु-भित्ति-कलितं, संछादितं चर्मणा;
विण्मूत्रादिभृतं क्षुधादि-विलसद्, दुःखाखुभिश्छिद्रितम्।
क्लिष्टं काय-कुटीरकं स्वयमपि, प्राप्तं जरा-वह्निना;
चेदेतत्तदपि स्थिरं शुचि-तरं, मूढो जनो मन्यते।।१।।

चर्म ढकी अरु दुर्गन्धित है, मलिन धातुरूपी दीवार।
मल-मूत्रादिक पिण्ड क्षुधादिक, दुःखमूषक करते कुप्रहार।।
क्लेशरूप यह काय-कुटी है, जरारूप अग्नि से व्याप्त।
तो भी शाश्वत शुचि अनुभवते, मूढ़जीव यह अति आश्चर्य।।

अर्थ ह्न यद्यपि यह शरीररूपी घर, दुर्गन्ध तथा अपवित्र वीर्यादि धातुरूपी भित्तियों से बना, चाम (चमड़े) से ढका और मूत्र-विष्टा आदि से भरा हुआ है; अत्यन्त बलवान् क्षुधा-तृषा आदि दुःखरूपी चूहों ने इसमें छेद कर रखे हैं, यह अत्यन्त क्लिष्ट है तथा इसके चारों ओर जरा (बुढ़ापा) रूपी अग्नि विद्यमान है; तथापि मूर्ख जीव इसे स्थिर एवं अत्यन्त पवित्र मानता है ह्न यह बड़े आश्चर्य की बात है।

९१६. रोगों के घर निकृष्ट शरीर के साथ प्रीति करने पर आश्चर्य

दुर्गन्धं कृमि-कीट-जाल-कलितं, नित्यं स्रवद्-दूरसं;
शौच-स्नान-विधान-वारि-विहित-, प्रक्षालनं रुग्भृतम्।
मानुष्यं वपुराहुरुन्नत-धियो, नाडी-व्रणं भेषजं;
तत्राऽन्नं वसनानि पट्टकमहो, तत्राऽपि रागी जनः।।२।।

रक्त-पीप नित बहें और दुर्गन्धित कृमि-कीटों से व्याप्त।
शुचि जल से धोते हैं इसको, किन्तु रहे रोगों से व्याप्त।।
बुद्धिमान् तो इस नरतन को कहते हैं नाड़ी-व्रण-घाव।
अन्न-औषधि वस्त्र-पट्टी सम, किन्तु मूढ़जन करते राग।।

अर्थ ह्न अत्यन्त दुर्गन्धमय लट एवं कीड़ों के समूह से व्याप्त, जिसमें निरन्तर रक्त, पीव आदि बह रहे हैं, जिसका प्रक्षालन पवित्र जल से किया जाता है, फिर भी जो नाना प्रकार के रोगों से व्याप्त है ह्न ऐसे मनुष्य के शरीर को उच्च बुद्धि के धारक मनुष्य, नाड़ी-व्रण (घाव या फोड़ा) कहते हैं। जिसके निराकरण के लिए अन्नरूपी औषधि प्रदान की जाती है और वस्त्ररूपी पट्टी बाँधी जाती है तो भी आश्चर्य है कि ऐसे निकृष्ट शरीर में भी जीव, राग करता है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त दुर्गन्धमय घाव, नाना प्रकार के लट-कीड़ों से व्याप्त होता है, जिससे सदैव रक्त-पीव आदि टपकता रहता है, तब उसे अत्यन्त शुद्ध जल से धोकर, औषधि लगाकर पट्टी बाँधी जाती है; उसी प्रकार यह शरीर है, जो नाना प्रकार की दुर्गन्ध से व्याप्त है, इसमें भी नाना प्रकार के कीड़े मौजूद हैं, पसीना-रक्त-पीव आदि घृणा उत्पन्न करानेवाले रस इससे सदा बहते रहते हैं, यह शरीर, नाना प्रकार के भयंकर रोगों का घर है, फिर भी इसे उत्तम जल से स्नान कराया जाता है, अन्नरूपी औषधि दी जाती है, वस्त्ररूपी पट्टी बाँधी जाती है। बड़े आश्चर्य की बात है कि ऐसे निकृष्ट शरीर से भी यह मनुष्य, राग करता है? अर्थात् इसे तुच्छ नहीं मानता है।

९१७. स्नान तथा चन्दनादि के लेप से शरीर को पवित्र करना वृथा

वंशस्थ

नृणामशेषाणि सदैव सर्वथा,
वपूंषि सर्वाऽशुचिभांजि निश्चितम्।
ततः क एतेषु बुधः प्रपद्यते,
शुचित्वमम्बु-प्लुति-चन्दनादिभिः।।३।।

सबके तन हैं मलिन सर्वथा, सदा सुनिश्चित भली प्रकार।
स्नानादिक से शुचि करने का, कौन सुबुध फिर करे विचार?।।

अर्थ ह्न समस्त मनुष्यों के शरीर, सदा काल सब प्रकार से अपवित्र ही हैं ह्न ऐसा भलीभाँति निश्चित है, इसलिए संसार में कौन ऐसा बुद्धिमान् पुरुष होगा, जो इस शरीर को स्नान तथा चन्दनादि से पवित्र करने का प्रयत्न करेगा?

भावार्थ ह्न यदि मनुष्य का शरीर, किसी काल अथवा किसी प्रकार पवित्र होता तो स्नान अथवा चन्दनादि के लेप से इसको पवित्र करना, मनुष्यों को फलप्रद समझा जाता; परन्तु यह शरीर न तो किसी प्रकार शुद्ध हो सकता है और न किसी काल में पवित्र हो सकता है; अत: जो मनुष्य, वास्तविक रीति से शरीर की दशा को जाननेवाले हैं, वे विद्वान् पुरुष, कभी भी स्नान तथा चन्दनादि लेपों से शरीर को शुद्ध बनाने का प्रयत्न नहीं करते।

९१८. मोह-मान से रहित तथा तप से शुद्ध शरीर की सार्थकता

शार्दूलविक्रीडित

तिक्तेष्वाकु-फलोपमं वपुरिदं, नैवोपभोग्यं नृणां;
स्याच्चेन्मोह-कुजन्म-रन्ध्र-रहितं, शुष्कं तपो-घर्मत:।
नाऽन्तर्गौरवितं तदा भव-नदी-, तीरे क्षमं जायते;
तत्तत्तत्र नियोजितं वरमथा-, सारं सदा सर्वथा।।४।।

कड़वी तुम्बी सम यह नरतन, किसी तरह उपभोग्य नहीं।
यदि यह सूखे तप्त धूप में, मोह-जन्म के छिद्र नहीं।।
अन्तर में अभिमान न होवे, तो हो सकता भव-दधि-पार।
अत: करो तप इसको पाकर, इसके बिन सबकुछ निस्सार।।

अर्थ ह्न मनुष्य का शरीर, कड़वी तुम्बी के समान होने से सर्वथा उपभोग करने योग्य नहीं है। हाँ, यदि यह शरीर, मोह तथा जन्मादि छिद्रों से रहित हो, तपरूपी धूप से सुखाया गया हो, अन्तरंग अभिमान से रहित हो तो यह संसाररूपी नदी से पार करने में समर्थ हो सकता है; अत: ऐसे शरीर में उत्कृष्ट चन्दनादि लगाना भी सर्वथा असार ही है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अत्यन्त कड़वी तुम्बी, उपभोग के योग्य नहीं होती; लेकिन यदि वही तुम्बी, छिद्र से रहित हो, धूप से सुखाई गई हो और अन्दर से भारी न हो तो नदी को पार करने में समर्थ होती है। उसी प्रकार यह शरीर, तुम्बी के समान कडुआ अर्थात् दु:ख देनेवाला है; लेकिन यदि यह शरीर, मोह तथा खोटे जन्मरूपी छेदों से रहित हो, तपरूपी धूप से सुखाया हुआ हो और अन्तरंग अभिमान से रहित हो तो अवश्य ही संसाररूपी नदी को पार करने में समर्थ हो सकता है। इसलिए हे भव्य जीवों! हमें प्रयत्न करना चाहिए कि हमारा शरीर, मोह-अभिमानादि अन्तरंग छिद्रों से रहित और तपादि से सहित हो, तभी हमको मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है।

९१९. गुरु-वचन सर्वोत्तम मोक्ष-लक्ष्मी के प्रदाता

मालिनी

भवतु भवतु यादृक् तादृगेतद्वपुर्मे;
हृदि गुरु-वचनं चेदस्ति तत्तत्त्व-दर्शि।
त्वरितमसमसारानन्द-कन्दायमाना;
भवति यदनुभावादक्षया मोक्षलक्ष्मी:।।५।।

यदि मन में हो वस्तु-स्वरूप दिखानेवाले गुरु-वचन।
तो कुछ भी नहिं चिन्ता चाहे, जैसा भी क्यों रहे न तन।।
क्योंकि शीघ्र गुरुवचनों के, अनुभव से सहज प्राप्त होती।
अनुपम अविनाशी सर्वोत्तम, आनन्द-दायक शिव-लक्ष्मी।।

अर्थ ह्न यदि वस्तु के वास्तविक स्वरूप का दिखानेवाले गुरु वचन मेरे हृदय में विद्यमान हैं तो यह मेरा शरीर, जैसा रहे वैसा रहे, कोई चिन्ता नहीं क्योंकि हृदय में विद्यमान श्रीगुरु के वचन-अनुभव से शीघ्र ही सर्वोत्तम आनन्द को देनेवाली अविनाशी, मोक्षरूपी असाधारण लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

भावार्थ ह्न यदि गुरु-वचन, हृदय में विद्यमान न रहें और शरीर भी पुण्य-संचय करनेवाली शुभ-क्रियाओं में न लगा हो तो अवश्य चिन्ता करनी चाहिए; किन्तु समस्त पदार्थों के वास्तविक स्वरूप का प्रकाश करनेवाले गुरु-वचन, यदि मन में विद्यमान हैं तो शरीर चाहे कैसा भी क्यों न रहे, कोई चिन्ता नहीं क्योंकि उन्हीं गुरु-वचनों के अनुभव से अन्य स्थान पर अप्राप्त सर्वोत्तम आनन्द को देनेवाली अविनाशी मोक्षलक्ष्मी की प्राप्ति होती है; अत: जहाँ तक बने, वहाँ तक भव्य जीवों को गुरु-वचनों में अवश्य श्रद्धान रखना चाहिए।

९२०. शरीर की हीन अवस्था देख कर, उसके लिए पाप करने का निषेध

शार्दूलविक्रीडित

पर्यन्ते कृमयोऽथ वह्नि-वशतो, भस्मैव मत्स्यादनात्;
विष्टा स्यादथवा वपु: परिणति:, तस्येदृशी जायते।
नित्यं नैव रसायनादिभिरपि, क्षय्येव यत्तत्कृते;
क: पापं कुरुते बुधोऽत्र भविता, कष्टा यतो दुर्गति:।।६।।

अन्त समय में कृमि हो जातीं, अथवा अग्नि भस्म करती।
मत्स्यों द्वारा भक्षण से विष्टा होती, यह नित्य नहीं।।
विविध रसायन खाने पर भी, यह तन होता नष्ट अरे!।
तो फिर कौन सुबुध दु:खदायक, दुर्गति कारक पाप करे।।

अर्थ ह्न जिस शरीर में अन्तिम समय में लटें पड़ जाती हैं, जो अग्नि से भस्म हो जाता है, मछली आदि के खाने से जो विष्टारूप परिणत हो जाता है, जो नित्य नहीं है तथा अनेक प्रकार के रसायनादि (औषधियाँ) खाने पर भी जो नष्ट हो जाता है, उस शरीर के लिए संसार में कौन बुद्धिमान पुरुष होगा, जो पाप करेगा? जिससे भविष्य में पुन: नाना प्रकार के दु:खों को देनेवाली दुर्गति होगी।

भावार्थ ह्न यदि यह शरीर, लट आदि कीड़ों से व्याप्त, अग्नि से भस्म होनेवाला, मछली आदि के खाने पर विष्टा स्वरूप होनेवाला, अनित्य तथा नाना प्रकार के रसायनादि के खाने से विनाशीक न होता; तब तो ऐसे शरीर के लिए अनेक प्रकार के पापों का करना उचित माना जाता; किन्तु यह शरीर तो मरण समय में अनेक प्रकार के कीड़ों से व्याप्त हो जाता है, अग्नि से जल कर भस्म हो जाता है, मछली आदि जीवों के खाने पर वह विष्टारूप परिणत हो जाता है, अनित्य है, नाना प्रकार के रसायनादि खाने पर भी जो नष्ट हो जाता है; अत: जगत् में ऐसा कौन बुद्धिमान होगा, जो इसके लिए अनेक प्रकार के पापों का संचय करेगा? क्योंकि आगामी भव में इन पापों के कारण अनेक प्रकार के दु:खों को देनेवाली दुर्गति की ही प्राप्ति होती है।

९२१. मोक्षाभिलाषी जीवों को शरीर का त्याग ही आवश्यक

संसारस्तनुयोग एष विषयो, दु:खाऽन्यतो देहिनो;
वह्नेर्लोह-समाश्रितस्य घनतो, घातो यथा निष्ठुरात्।
त्याज्या तेन तनुर्मुमुक्षुभिरियं, युक्त्या महत्या तया;
नो भूयोऽपि यथात्मनो भवकृते, तत्सन्निधिर्जायते।।७।।

जैसे लौह-संग से अग्नि, कठिन घनों के घात सहे।
इस तन की संगति से जग में, जीव अनेकों दु:ख भोगे।।
अत: महान् युक्ति से भव्य, मुमुक्षु तजें इस तन का संग।
जिससे पुन: न हो चेतन को, भवदु:खदायक तन-सम्बन्ध।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार लोहे के आश्रित अग्नि को अत्यन्त कठोर घन से घात (चोट) सहनी पड़ती है; उसी प्रकार शरीर-सम्बन्ध से यह संसार उत्पन्न होता है और जीवों को संसार में नाना प्रकार के दु:ख भोगने पड़ते हैं; इसलिए जो भव्य जीव मुमुक्षु हैं अर्थात् मोक्ष के अभिलाषी हैं, उनको ऐसी किसी बड़ी भारी युक्ति के साथ इस शरीर का त्याग कर देना चाहिए कि जिससे इस आत्मा को संसार-परिभ्रमण के कारणभूत इस शरीर का सम्बन्ध ही न होवे।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार अग्निमय लोहपिण्ड के साथ, उस अग्नि को भी अत्यन्त कठोर घन की चोटें सहनी पड़ती हैं; उसी प्रकार जब तक शरीर का सम्बन्ध रहता है, तब तक जीवों को नाना प्रकार के दु:खों का सामना करना पड़ता है क्योंकि शरीर के सम्बन्ध से ही जीव नाना प्रकार के पापों का उपार्जन करता है। जिससे चतुर्गतिरूप संसार में घूमना पड़ता है, अनेक प्रकार के दु:ख भोगने पड़ते हैं; इसलिए आचार्यवर उपदेश देते हैं कि जो मनुष्य मुमुक्षु हैं अर्थात् संसार के दु:खों से छूटना चाहते हैं, मोक्षाभिलाषी हैं, वे किसी उत्तम युक्ति द्वारा इस शरीर का त्याग करें, जिससे संसार-भ्रमण करानेवाले इस शरीर का पुन: आत्मा के साथ सम्बन्ध न हो।

९२२. उपसंहार में काल की आज्ञाकारिणी दासी वृद्धावस्था का चित्रण

रक्षा-पोषविधौ जनोऽस्य वपुष:, सर्व: सदैवोद्यत:;
कालादिष्ट-जरा करोत्यनुदिनं, तज्जर्जरं चाऽनयो:।
स्पर्द्धामाश्रितयोर्द्वयोर्विजयनी, सैका जरा जायते;
साक्षात्कालपुरस्सरा यदि तदा, कास्था स्थिरत्वे नृणाम्॥८॥

इस तन के रक्षण-पोषण में, जब जन सदा लगे रहते।
आज्ञा मान काल की, वृद्धावस्था इसको क्षीण करे।।
जन्म-मरण के मध्य बुढ़ापा, जिसके सन्मुख काल खड़ा।
तो फिर तन की स्थिरता का, कहो भरोसा हो सकता?।।

अर्थ ह्न यह मनुष्य, शरीर की रक्षा तथा पोषण करने में ही सदा लगा रहता है, परन्तु काल की आज्ञाकारिणी दासी यह वृद्धावस्था, सदैव उस शरीर को जर्जरित अर्थात् छिन्न-भिन्न करती रहती है। वास्तव में परस्पर ईर्ष्या या द्वेष करनेवाले जन्म-मरण के मध्य में यदि सबको जीतनेवाली वृद्धावस्था और उसके बाद काल (मृत्यु) विद्यमान है तो क्या 'यह शरीर, सदाकाल रहेगा?' ह्न ऐसा विश्वास करना, मनुष्यों को उचित है?

भावार्थ ह्न इस शरीर को रात-दिन उजाड़नेवाली यह कालरूपी दासी वृद्धावस्था न होती तो मनुष्यों को शरीर की रक्षा करना; दूध, दही, घी आदि स्निग्ध पदार्थ तथा इत्र, फुलेल आदि की सुगन्ध लगा कर, इस शरीर का पोषण करना व्यर्थ नहीं होता; किन्तु मनुष्य, सदैव इस शरीर का रक्षण करता है, इसका पोषण करता है तो भी यह दुष्टा जरा (वृद्धावस्था) उसको उजाड़ती ही रहती है; अत: सदाकाल किया हुआ शरीर का रक्षण तथा पोषण व्यर्थ ही है।

यदि परस्पर में ईर्ष्या रखनेवाले जन्म-मरण के मध्य में सबको जीतनेवाली और जिसके आगे काल मौजूद है ह्न ऐसी वृद्धावस्था न होती, तब तो मनुष्यों को, यह शरीर सदाकाल रहेगा, कभी नाश नहीं होगा ह्न ऐसा विश्वास करना उचित होता; लेकिन काल की दासी, सबको जीतनेवाली वृद्धावस्था तो जन्म-मरण के बीच में बैठी हुई है, अत: यह शरीर सदाकाल रहेगा ह्न ऐसा कोई निश्चय नहीं होता है; इसलिए जो मनुष्य, वास्तविक तत्त्व के स्वरूप को जाननेवाले हैं, वे इस शरीर को न स्थिर समझें तथा न ही इसकी रक्षा तथा पोषण करने में अपना समय नष्ट करें।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'शरीराष्टक'** नामक **'चौबीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

ज्ञानदान से शीघ्र ही केवलज्ञान की प्राप्ति

व्याख्या पुस्तकदानमुन्नतधियां, पाठाय भव्यात्मनां;
भक्त्या यत्क्रियते श्रुताश्रयमिदं, दानं तदाहुर्बुधाः।
सिध्देऽस्मिन् जननान्तरेषु कतिषु, त्रैलोक्यलोकोत्सव-;
श्रीकारिप्रकटीकृताऽखिलजगत्, कैवल्यभाजो जनाः।।

अर्थ ह्न सर्वज्ञ द्वारा कहे हुए शास्त्र का भक्तिपूर्वक जो व्याख्यान किया जाता है तथा विशाल बुद्धिवाले भव्य जीवों को पढ़ने के लिए जो पुस्तकें दी जाती हैं; उसको ज्ञानी पुरुष शास्त्रदान (ज्ञानदान) कहते हैं। भव्यों को इस ज्ञानदान की प्राप्ति होने पर थोड़े ही भवों में, तीन लोक के जीवों को उत्सव तथा लक्ष्मी के करने वाले और समस्त लोक के पदार्थों को हाथ की रेखा के समान देखने वाले केवलज्ञान की उत्पत्ति होती है।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, देशव्रतोद्योतन (अधिकार ७), श्लोक १०

अधिकार – २५

स्नानाष्टक

९२३. मंगलाचरण में 'शरीर की पवित्रता स्नान से नहीं' का सन्देश

शार्दूलविक्रीडित

सन्माल्यादि यदीय-सन्निधि-वशादस्पृश्यतामाश्रयेद्;
विण्मूत्रादि-भृतं रसादि-घटितं, बीभत्सु यत्पूति च।
आत्मानं मलिनं करोत्यपि शुचिं, सर्वाशुचीनामिदं;
संकेतैक-गृहं नृणां वपुरपां, स्नानात् कथं शुद्ध्यति।।१।।

जिसके संग से पुष्प-माल भी, छूने योग्य नहीं रहती।
मल-मूत्रादिक भरे विविध रस, निर्मित इससे हो भीति।।
अति पवित्र शुद्धात्मा को भी, कर देता है जो अपवित्र।
मलिन पदार्थों का घर यह तन, जल से हो किस तरह पवित्र।।

अर्थ ह्न जिस शरीर के सम्बन्ध मात्र से, उत्तम सुगन्धित पुष्पों की बनी हुई माला भी स्पर्श करने योग्य नहीं रहती है; जो शरीर, मल-मूत्र-विष्टा आदि से युक्त है, अनेक प्रकार के रस आदि से बना हुआ है, अत्यन्त भय को उत्पन्न करने वाला है, दुर्गन्ध से व्याप्त है, जो पवित्र आत्मा को भी मलिन कर देता है और संसार में जितने भी अपवित्र पदार्थ हैं, उन सबका एक संकेत घर है ह्न ऐसा यह मनुष्य-शरीर, जल के स्नान से कैसे शुद्ध हो सकता है?

भावार्थ ह्न अनेक मनुष्य, ऐसा समझते हैं कि यह शरीर, स्नान करने से पवित्र होता है, लेकिन यह उनकी सर्वथा भूल ही है क्योंकि मनोहर पुष्पों से बनी हुई अत्यन्त सुगन्धित और उत्तम माला भी इस शरीर मात्र के सम्बन्ध से एक समय में ही स्पर्श के अयोग्य हो जाती है, फिर और की तो बात ही क्या है? यह शरीर, स्वत: ही मल-मूत्र-विष्टा आदि निकृष्ट पदार्थों का भण्डार है, अनेक प्रकार के रसों से भरा हुआ है, अत्यन्त भयंकर तथा दुर्गन्धमय है ह्न ऐसे शरीर में रहने वाला आत्मा यद्यपि पवित्र है, लेकिन यह शरीर, उस आत्मा को भी

अपवित्र बना देता है। इस प्रकार संसार में जितने भी अपवित्र पदार्थ हैं, उन सबका स्थान यह शरीर ही है; इसलिए ऐसा निकृष्ट शरीर, जल से शुद्ध कैसे हो सकता है? अर्थात् कदापि शुद्ध नहीं हो सकता।

९२४. पवित्र आत्मा एवं अपवित्र शरीर दोनों को स्नान की आवश्यकता नहीं

आत्माऽतीव शुचिः स्वभावत इति, स्नानं वृथाऽस्मिन् परे;
कायश्चाऽशुचिरेव तेन शुचितामभ्येति नो जातुचित्।
स्नानस्योभयथेत्यभूद्विफलता, ये कुर्वते तत्पुनः;
तेषां भूजल-कीट-कोटि-हननात्, पापाय रागाय च।।२।।

आत्मा है स्वभाव से शुचिमय, अतः वृथा करना स्नान।
अशुचि काय शुचि हो न सके, इसलिए व्यर्थ करना स्नान।।
उभय प्रयोजन स्नान-विफल, पर जिन्हें न इसका है परित्याग।
जल-भू कीट कोटि जीव मरने से तीव्र पाप अरु राग।।

अर्थ ह्न यद्यपि आत्मा, स्वभाव से अत्यन्त पवित्र है, अतः आत्मा की पवित्रता के लिए स्नान करना व्यर्थ है तथा शरीर, सर्वथा अपवित्र होने से इसकी पवित्रता के लिए भी स्नान करना निष्प्रयोजनीय है, इसलिए दोनों प्रकार से स्नान करना विफल ही है ह्न ऐसा सिद्ध हुआ; तथापि जो पुरुष, शरीर की पवित्रता के लिए स्नान करते हैं, उन मनुष्यों द्वारा किया हुआ वह स्नान, करोड़ों पृथ्वीकायिक, जलकायिक एवं त्रस जीवों के नाश का कारण होने से पाप तथा रागवर्द्धक ही है।

भावार्थ ह्न यह बात विचार करने योग्य है कि मनुष्य, किस चीज की शुद्धि के लिए स्नान करते हैं। यदि यह कहेंगे कि आत्मा की शुद्धि के लिए स्नान करते हैं तो उनका स्नान करना सर्वथा व्यर्थ ही है क्योंकि आत्मा, स्वभावतः ही अत्यन्त शुद्ध है और जो स्वभाव से शुद्ध होता है, उसको शुद्ध करने हेतु दूसरे पदार्थ की आवश्यकता नहीं होती तथा यदि कहोगे कि शरीर की शुद्धि के लिए स्नान करते हैं तो भी स्नान करना निरर्थक ही है क्योंकि जो पदार्थ, सर्वथा अशुद्ध होता है, वह लाख प्रयत्न करने पर भी कदापि शुद्ध हो नहीं सकता।

जिस प्रकार कोयला, कभी भी सफेद नहीं हो सकता; उसी प्रकार शरीर, सर्वथा अशुद्ध होने से उसकी शुद्धता, स्नान से नहीं हो सकती; अतः स्नान, शरीर और आत्मा दोनों के लिए सर्वथा विफल ही है, किन्तु जो मनुष्य, शरीर या आत्मा की शुद्धता के लिए स्नान करते हैं, वे वास्तव में पाप का ही संचय करते हैं क्योंकि यह बात सर्वसम्मत है कि स्नानादि के कारण पृथ्वीकाय, जलकाय एवं करोड़ों त्रस जीवों का विध्वंस होता है, जो पापबन्ध

का कारण है। स्नान करने से राग भी बढ़ता है, अत: मनुष्यों को यह कभी नहीं समझना चाहिए कि स्नान, शरीर तथा आत्मा की शुद्धि के लिए होता है, बल्कि वह यत्किंचित् बाह्य शुद्धि का कारण है।

९२५. आत्मा में मिथ्यात्वादि मल का नाश करनेवाला विवेक ही सच्चा स्नान

चित्ते प्राग्भव-कोटि-संचित-रजः, सम्बन्धिताविर्भवन्;
मिथ्यात्वादि-मल-व्यपाय-जनकः, स्नानं विवेकः सताम्।
अन्य-द्वारि-कृतं तु जन्तु-निकर-व्यापादनात्पापकृत्;
नो धर्मो न पवित्रता खलु ततः, काये स्वभावाऽशुचौ।।३।।

पूर्वोपार्जित कर्मोदय से, प्रगटे जो मोहादि विकार।
सज्जन चित में जो विवेक-जल, मलनाशक यह सत्-स्नान।।
कोटि जन्तुओं के विनाश से, जल-स्नान से अघ होता।
क्योंकि अशुचि तन हो न सके शुचि, और धर्म भी नहिं होता।।

अर्थ ह्न पूर्व भवों में उपार्जित करोड़ों पापों के सम्बन्ध से प्रकट मिथ्यात्वादि मल का नाश करने वाला सज्जनों के चित्त में स्थित विवेकभाव ही स्नान है; किन्तु इससे भिन्न जल से किया हुआ स्नान, अनेक जीवों के विध्वंस का कारण होने से पापरूप ही है क्योंकि स्वभाव से ही अपवित्र इस शरीर में स्नान से न तो पवित्रता हो सकती है और न धर्म ही हो सकता है।

भावार्थ ह्न शुद्धि का अर्थ निर्मलता है। जिस समय समस्त मलों का नाश हो जाता है, उसी समय निर्मलता हो सकती है। जलादि से किये हुए स्नान से निर्मलता नहीं होती, अपितु मलों (पापों) की ही उत्पत्ति होती है क्योंकि जल-स्नान के कारण अनेक जीवों का विध्वंस होता है, उससे पाप की उत्पत्ति होती है; अत: सज्जनों के चित्त में जो हिताहित का विवेक है, वास्तव में वही सच्चा स्नान है। वह स्नान, अनके भवों में उपार्जित किये हुए करोड़ों पापों से उत्पन्न मिथ्यात्वादि मल का सर्वथा नाश करने वाला है; इसलिए जो मनुष्य, स्नानादि से शुद्धि मानते हैं, उनको अपने चित्त में उत्पन्न होने वाला हिताहित-विवेक ही परम शुद्धि का कारण स्नान है ह्न ऐसा भलीभाँति समझना चाहिए।

९२६. परमात्मा के उत्तम तीर्थ में सम्यग्ज्ञानरूपी निर्मल जल से स्नान

सम्यग्बोध-विशुद्ध-वारिणि लसत्, सद्दर्शनोर्मि-व्रजे;
नित्यानन्द-विशेष-शैत्य-सुभगे, निःशेष-पाप-द्रुहि।

सत्तीर्थे परमात्म-नामनि सदा, स्नानं कुरुध्वं बुधाः;
शुद्ध्यर्थं किमु धावत त्रिपथगामाल-प्रयासाकुलाः।।४।।

जिसमें सम्यग्ज्ञान विमल जल श्रद्धा की तरंग उछलें।
नित्यानन्द मनोहर शीतल, पाप-ताप का नाश करे।।
वह परमात्मा महातीर्थ है, उसमें नित स्नान करो।
शुद्धि हेतु लौकिक तीर्थों में, स्नान हेतु तुम क्यों भटको?।।

अर्थ ह्न हे भव्य जीवों! जिनके अन्तरंग में सम्यग्ज्ञानरूपी निर्मल जल और दैदीप्यमान अनेक तरंगें विद्यमान हैं, जो सदैव आनन्ददायक उत्तम शीतलता से मनोहर है और जो समस्त पापों का नाश करने वाला है ह्न ऐसे इस परमात्मा नामक उत्तम तीर्थ में ही सदा स्नान करो। अनेक प्रकार के प्रयत्नों से व्याकुल होकर, शुद्धता प्राप्ति के लिए प्रयाग आदि तीर्थों में, गङ्गा आदि नदियों के तटों पर स्नान करने के लिए व्यर्थ ही क्यों भटकते फिरते हो?

भावार्थ ह्न बहुत से भोले प्राणी शुद्धि के अर्थ स्नान के लिए प्रयाग आदि तीर्थों में गङ्गा आदि नदियों के तटों पर भटकते फिरते हैं, किन्तु परम करुणा के धारी आचार्य करुणापूर्वक उपदेश देते हैं कि हे जीव! यदि तुम अपनी शुद्धि के लिए तीर्थ में स्नान करने की इच्छा रखते हो तो इस परमात्मारूपी उत्तम तीर्थ में ही स्नान करो क्योंकि जिस प्रकार प्रयाग आदि तीर्थों में गङ्गा आदि नदियों का जल रहता है, उसी प्रकार इस परमात्मारूपी तीर्थ में सम्यग्ज्ञानरूपी उत्तम पवित्र जल मौजूद है।

जिस प्रकार प्रयाग आदि तीर्थों में गङ्गा आदि नदियों का जल मनोहर लहरों से सहित होता है, उसी प्रकार इस परमात्मारूपी तीर्थ में भी सम्यग्दर्शन आदि उत्तम तरङ्गों का समूह मौजूद है। जिस प्रकार प्रयाग आदि तीर्थ, गङ्गा आदि नदियों के जल से अत्यन्त शीतल हैं, उसी प्रकार परमात्मारूपी तीर्थ, सदैव आनन्द व शीतलता से मनोहर हैं। समस्त पापों का नाश करनेवाले है अर्थात् जो पुरुष, उसमें गोता लगाते हैं, उनकी आत्मा के साथ किसी प्रकार के कर्ममल का सम्बन्ध नहीं रहता है।

इसलिए **यह आत्मा ही समस्त तीर्थों में उत्तम तीर्थ है**, किन्तु जो वास्तविक तीर्थ नहीं हैं, केवल तीर्थ के समान जान पड़ते हैं ह्न ऐसे प्रयाग आदि तीर्थों में गङ्गा आदि नदियों पर तुम व्यर्थ ही क्यों स्नान करते हो? अर्थात् तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

९२७. मूर्खों का सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूपी नदी में स्नान नहीं किया

नो दृष्टः शुचि-तत्त्व-निश्चय-नदो, न ज्ञान-रत्नाकरः;
पापैः क्वापि न दृश्यते च समता-, नामातिशुद्धा नदी।

तेनैतानि विहाय पाप-हरणे, सत्यानि तीर्थानि ते;
तीर्थाभास-सुरापगादिषु जड़ा, मज्जन्ति तुष्यन्ति च।।५।।

पापोदय से अज्ञानी ने, ज्ञान-समुद्र नहीं देखा।
समतारूपी शुद्ध नदी, निश्चय तालाब नहीं देखा।।
अत: मूढ़ इन सत् तीर्थों को, तज कर तीर्थाभासों में।
पाप नष्ट करने हेतु वे, स्नान करें सन्तुष्ट रहें।।

अर्थ ह्न मूर्ख लोगों ने अपने पाप तथा दुर्भाग्य के कारण न तो पवित्रतत्त्व निश्चयरूपी तालाब (सम्यग्दर्शन) को देखा है और न ज्ञानरूपी समुद्र (सम्यग्ज्ञान) उनकी नजर में आया है तथा उन्होंने कहीं पर समतारूपी (सम्यक्चारित्र) शुद्ध नदी को भी नहीं देखा है; इसलिए वे मूर्ख पुरुष, पापों का सर्वथा नाश करने वाले इन पवित्र तीर्थों को छोड़ कर, जो वास्तविक तीर्थ नहीं हैं, अपितु तीर्थाभास हैं अर्थात् तीर्थों के समान मालूम पड़ते हैं ह्न ऐसे गङ्गा आदि तीर्थों में जाकर स्नान करते हैं और अपने को सन्तुष्ट मानते हैं।

भावार्थ ह्न यदि निश्चयनय से देखा जाए तो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्ररूपी स्नानागारों में भलीभाँति स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है, किन्तु इनसे भिन्न गङ्गा आदि नदियों में स्नान करने से थोड़ा भी पाप नष्ट नहीं होता। जो पुरुष, अपने पापों की तीव्रता अथवा दुर्भाग्य से सम्यग्दर्शनरूपी तालाब को नहीं देखते, सम्यग्ज्ञानरूपी समुद्र भी जिनकी नजर में नहीं आता और जो अत्यन्त शुद्ध सम्यक्चारित्र अथवा समतारूपी नदी की ओर भी झाँक नहीं सकते हैं; वे पापी हैं, मूर्ख हैं।

समस्त पापों का नाश करने वाले रत्नत्रयस्वरूप पवित्र तीर्थों को छोड़ कर, सदैव पाप का संचय करने में कारणभूत जो वास्तव में तीर्थ (तारने वाले) नहीं हैं, अपितु संसार में डुबोने वाले होने के कारण तीर्थ के समान जान पड़ते हैं ह्न ऐसे गङ्गा, त्रिवेणी आदि तीर्थों को ही उत्तम तीर्थ मान कर, उनमें स्नान कर, अपने को सन्तुष्ट तथा कृतकृत्य मानते हैं, यह उनकी बड़ी भारी भूल है; इसलिए जो सर्वथा पापों का नाश करना चाहते हैं, सुखी होना चाहते हैं, उनको चाहिए कि वे समस्त पापों के नाशक परमपवित्र सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्ररूपी नदियों में ही स्नान करें और इन्हें ही परम तीर्थ समझें; किन्तु इनसे भिन्न गङ्गा आदि नदियों की ओर झाँक कर भी नहीं देखें और उनको तीर्थ न समझ कर, सर्वथा तीर्थाभास ही समझें।

९२८. शरीर को शुद्ध करने में न कोई तीर्थ और न कोई जल समर्थ

नो तीर्थं न जलं तदस्ति भुवने, नाऽन्यत्किमप्यस्ति तत्;
नि:शेषाऽशुचि येन मानव-वपु:, साक्षादिदं शुद्ध्यति।

आधि-व्याधि-जरा-मृति-प्रभृतिभिः, व्याप्तं सदा तत्पुनः;
शश्वत्तापकरं यथाऽस्य वपुषो, नामाप्यसह्यं सताम्।।६।।

जग में ऐसा नीर नहीं, अरु कोई उत्तम तीर्थ नहीं।
पूर्ण शुद्ध कर सके देह को, ऐसी कोई वस्तु नहीं।।
आधि-व्याधि अरु जन्म-जरा-मरणादिक से जो व्याप्त सदा।
दुःखदायक इस तन का सत्पुरुषों को नाम न सह्य कदा।।

अर्थ ह्न यह मनुष्य शरीर, अत्यन्त अपवित्र है, सदैव आधि-व्याधि और जन्म-जरा-मरणादि उपाधियों से व्याप्त है, सन्ताप को देने वाला है तथा सज्जन पुरुष, इसका नाम-श्रवण भी नहीं कर सकते ह्न ऐसा अत्यन्त अशुचि है; अतः इस अशुचि शरीर को शुद्ध करने वाला न तो कोई उत्तम तीर्थ, इस संसार में है और न इसकी साक्षात् शुद्धि करने वाला कोई जल ही नहीं है तथा इनके अलावा अन्य कोई वस्तु ऐसी नहीं है, जो इस शरीर को वास्तविक रीति से शुद्ध कर सके।

भावार्थ ह्न बहुत भोले मनुष्य, अत्यन्त अपवित्र इस शरीर की वास्तविक दशा न जान कर, दूसरों के कहने-सुनने से प्रयाग आदि तीर्थों में जाकर, गङ्गा आदि नदियों में स्नान कर, इसको पवित्र समझ लेते हैं; कोई-कोई कुएँ आदि के जल को ही गङ्गा का जल मान कर, उस जल से स्नान कर, इसको पवित्र समझ लेते हैं; कोई-कोई तीर्थ के जल से भिन्न रज आदि लगा कर ही अपने शरीर को पवित्र मान लेते हैं ह्न ऐसे जीवों से आचार्यवर कहते हैं कि हे मनुष्यों! यह तुम्हारी बड़ी भूल है क्योंकि यह शरीर इतना अपवित्र है कि संसार में इसके समान अपवित्र अन्य कोई वस्तु नहीं है।

यह शरीर, अनेक प्रकार की भूख-प्यासादि आधियाँ, ज्वरादि व्याधियाँ, वृद्धावस्था तथा मरण आदि दुःखों का घर है अर्थात् इसके सम्बन्ध से मनुष्यों को अनेक प्रकार की आधि-व्याधि सहना पड़ती हैं। यह जीवों को नाना प्रकार के सन्ताप को देने वाला है, अतः सर्वथा निकृष्ट ऐसे इस शरीर को पवित्र करने के लिए संसार में न तो कोई तीर्थ है, न किसी प्रकार का जल ही है तथा इनसे भिन्न और भी कोई ऐसी वस्तु नहीं है, जो शरीर को पवित्र कर सके।

अतः सज्जनों को चाहिए कि वे सर्वथा अपवित्र इस शरीर की शुद्धि का कारण प्रयाग आदि तीर्थ, गङ्गा आदि नदियों के जल और रज आदि दूसरी वस्तुओं को न समझें, अपितु इन्हें भी अपवित्र करने वाला ही समझें।

९२९. संसार की नदियाँ मिलकर भी इस शरीर को शुद्ध करने में असमर्थ

सर्वैस्तीर्थ-जलैरपि प्रतिदिनं, स्नातं न शुद्धं भवेत्;
कर्पूरादि-विलेपनैरपि सदा, लिप्तं च दुर्गन्धभृत्।

यत्नेनाऽपि च रक्षितं क्षय-पथ-, प्रस्थायि दु:ख-प्रदं;
यत्तस्माद्वपुष: किमन्यदशुभं, कष्टं च किं प्राणिनाम्।।७।।

यह तन सब तीर्थों के जल से, धोने पर भी शुद्ध न हो।
कर्पूरादि-विलेपन से भी, इसमें कभी सुगन्ध न हो।।
रक्षा करें यत्न से तो भी, क्षय-पथ पर बढ़ता जाता।
अत: जीव को इससे अधिक, न कोई बुरा कष्ट-दाता।।

अर्थ ह्न संसार में जितने भी प्रयाग आदि महान तीर्थ हैं तथा उन तीर्थों में बहने वाली गङ्गा आदि जितनी भी विशाल नदियाँ हैं, उन सब नदियों के जल से भी इस शरीर को धोया जाए तो भी यह शरीर शुद्ध नहीं हो सकता। अत्यन्त सुगन्धित कर्पूर आदि पदार्थों से भी यदि इसके ऊपर लेप किया जाए तो भी यह सुगन्धयुक्त नहीं होता, अपितु दुर्गन्धयुक्त ही हो जाता है। अनेक प्रकारों से इसकी रक्षा की जाए तो भी यह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है ह्न ऐसा यह शरीर, नाना प्रकार के दु:खों को देने वाला है; अत: जीवों को शरीर से अधिक न तो कोई अशुभ है और न इससे बड़ा और कोई कष्ट देने वाला है।

भावार्थ ह्न बहुत से मनुष्य यह समझते हैं कि जल से स्नान करने पर यह शरीर शुद्ध हो जाएगा, किन्तु आचार्य इस बात का उपदेश देते हैं कि अरे भाई! थोड़े-से जल की तो क्या बात है? यदि समस्त तीर्थों के जल से भी इस शरीर को धोया जाए तो भी यह रंचमात्र भी शुद्ध नहीं होता। बहुत से मनुष्य यह मानते हैं कि यदि शरीर को अतर, फुलेल, कर्पूर आदि से लिप्त करें तो यह सुगन्धियुक्त हो जाएगा; किन्तु आचार्य इस बात का भी निराकरण करते हुए कहते हैं कि इस दुर्गन्धमय शरीर को चाहे जितना अतर, फुलेल, कर्पूर आदि लगाया जाए तो भी यह शरीर अंशमात्र भी सुगन्धित नहीं हो सकता, अपितु और अधिक दुर्गन्धमय होता चला जाता है।

बहुत से मनुष्य चाहते हैं कि हमारा शरीर सदैव कायम रहे, इसलिए वे नाना प्रकार से प्रयत्न करते हैं, इसकी रक्षा के उपायों को सोचते हैं; तथापि जिस प्रकार बिजली क्षणमात्र में चमक कर नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार यह शरीर भी क्षणमात्र में नष्ट हो जाता है। शरीर से ही मनुष्यों को इस संसार में नाना प्रकार के दु:खों का सामना करना पड़ता है, इसलिए संसार में इस शरीर से अधिक प्राणियों के लिए अन्य कोई अशुभ पदार्थ नहीं है और न कोई उनको इस शरीर से अधिक कष्ट का देने वाला है; अत: हे भव्य जीवों! इस शरीर को जलादि से शुद्ध होने वाला अथवा अतर, फुलेल, कर्पूर आदि से सुगन्धित होने वाला न समझें। यह क्षणभर में विनाशीक होने से इसकी रक्षा का उपाय भी न करें, अन्यथा हमें ही पछताना पड़ेगा।

९३०. उपसंहार में मिथ्यात्व-नाशक स्नानाष्टकरूपी अमृतपान का उपदेश

भव्या भूरि-भवार्जितोदित-महा-दृङ्मोह-सर्पोल्लसन्;
मिथ्या-बोध-विष-प्रसङ्ग-विकला, मन्दी-भवद्-दृष्टयः।
श्रीमत्पंकज-नन्दि-वक्त्र-शशभृद्-बिम्ब-प्रसूतं परं;
पीत्वा कर्णपुटैर्भवन्तु सुखिनः, स्नानाऽष्टकाख्याऽमृतम्।।८।।

पूर्वभवों में किया उपार्जित, दर्शनमोह-सर्प का दंश।
व्याप रहा मिथ्या विष जिनको, सम्यग्दर्शन हो अतिमन्द।।
वे नर अपने कर्ण-पुटों से, पीकर भोगें अति आनन्द।।
पद्मनन्दि-मुख-चन्द्र अरे! यह, स्नानाष्टक पीयूष अनन्त।।

अर्थ ह्न अनेक भवों में जिसका उपार्जन किया गया है ह्न ऐसे प्रबल दर्शनमोहरूपी महासर्प के काटने से तमाम शरीर में फैले हुए मिथ्यात्वरूपी विष से जो अत्यन्त दुःखित हैं तथा जिनका सम्यग्दर्शन मन्द हो गया है ह्न ऐसे मनुष्य, श्रीमान पद्मनन्दि आचार्य के मुखरूपी चन्द्रमा से निःसृत इस स्नानाष्टकरूपी अमृत को अपने कानों से पीकर सुखी होवें।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार कोई भयानक काला नाग, किसी मनुष्य को काट लेता है, उस समय उसको बड़ा दुःख होता है, समस्त शरीर में विष फैल जाने से उस मनुष्य की दृष्टि मन्द हो जाती है; किन्तु यदि वही मनुष्य, कहीं से अमृत को प्राप्त कर उसका सेवन करें तो उसका विष सर्वथा नष्ट हो जाता है।

उसी प्रकार संसार के जीवों को भी अत्यन्त भयंकर तथा बलवान दर्शन मोहरूपी सर्प ने काट लिया है और इस दर्शनमोहरूपी सर्प के काटने से इनकी आत्मा में मिथ्यात्वरूपी विष का फैलाव हो गया है, इसलिए ये अत्यन्त दुःखी हैं तथा इनकी सम्यग्दर्शनरूपी दृष्टि भी मन्द हो रही है; अतः आचार्य उपदेश देते हैं कि हे भव्य जीवों! यदि उस विष का नाश करके तुम उत्तम सुखी होना चाहते हो तो श्रीमान् मुनि पद्मनन्दि के मुखरूपी चन्द्रमा से निकले हुए इस स्नानाष्टकरूपी अमृत का पान करो, जिससे तुम सुखी हो जाओगे। मोहरूपी सर्प के काटने से तुम्हारे अन्तर में जो मिथ्यात्वरूपी विष उत्पन्न हुआ है, वह सर्वथा नष्ट हो जाएगा।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'स्नानाष्टक'** नामक **'पच्चीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

*****

अधिकार – २६

ब्रह्मचर्याष्टक

९३१. मंगलाचरण में भववर्द्धक अत्यन्त दु:खदायी मैथुन-सेवन का निषेध

द्रुतविलम्बित

भव-विवर्धनमेव यतो भवेत्;
अधिक-दु:खकरं चिरमङ्गिनाम्।
इति निजाङ्गनयाऽपि न तन्मतं;
मतिमतां सुरतं किमतोऽन्यथा।।१।।

निज-वनिता से भी रति जीवों,को भववर्द्धक दु:खदायक।
अत: सत्पुरुष उचित न मानें, तो पर-नारी किस लायक?।।

अर्थ ह्न मैथुन-सेवन से संसार की ही वृद्धि होती है तथा यह मैथुन, समस्त जीवों को अत्यन्त दु:ख देने वाला है; इसलिए सज्जन पुरुषों ने अपनी स्त्री के साथ भी इसका सेवन उचित नहीं माना है तो फिर दूसरी स्त्रियों या अन्य प्रकार से उसे अच्छा कैसे कहेंगे?

भावार्थ ह्न मैथुन-सेवन से अनेक क्षुद्र जीवों का घात, उस घात से हिंसा और हिंसा से कर्मों का बन्ध होता है तथा उससे इस पंच परावर्तनरूप संसार में घूमना पड़ता है; इसलिए मैथुन-सेवन से संसार की ही वृद्धि होती है। मैथुन-सेवन से मनुष्यों को नाना प्रकार के दु:खों का सामना करना पड़ता है, इसलिए यह मैथुन, समस्त जीवों को दु:ख देने वाला है ह्न ऐसा भलीभाँति समझ कर, जिन सज्जन पुरुषों ने अपनी स्त्री के साथ भी उसे करना अनुचित समझा है, वे दूसरी स्त्रियों से तथा अन्य प्रकार से मैथुन करना कैसे योग्य समझ सकते हैं?

९३२. गुण-दोषों को विचारने वाले बुद्धिमानों की दृष्टि में मैथुन ही पशुकर्म

पशव एव रते रत-मानसा;
इति बुधैः पशुकर्म तदुच्यते।
अभिधया ननु सार्थकयाऽनया;
पशुगतिः पुरतोऽस्य फलं भवेत्।।२।।

कामातुर नर पशु है क्योंकि, बुध रति को पशुकर्म कहें।
मैथुन से पशुगति ही होती, अतः नाम 'पशु' ठीक कहें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, मैथुन-सेवन के अत्यन्त अभिलाषी हैं, वे साक्षात् पशु ही हैं क्योंकि वास्तविक रीति से पदार्थों के गुण-दोषों को विचारने वाले बुद्धिमान पुरुषों ने इस मैथुन को पशुकर्म ही कहा है, जो सर्वथा ठीक प्रतीत होता है क्योंकि मैथुन करने वाले मनुष्यों को मैथुनकर्म से पशुगति ही मिलती है।

भावार्थ ह्न विद्वान लोगों ने मैथुन को पशुकर्म कहा है। जिस प्रकार पशुओं का कार्य हिताहित विवेक से रहित होता है, उसी प्रकार मैथुनकार्य में भी मनुष्य, इसके गुण-दोष विचारे बिना प्रवृत्त होते हैं ह्न ऐसे मनुष्य, जो सदा मैथुन की इच्छा करनेवाले हैं और उत्तरोत्तर अभिलाषा को बढ़ाते जाते हैं, वे साक्षात् पशु ही हैं। विद्वान लोगों ने इस मैथुनकर्म को पशुकर्म की संज्ञा दी है, जो बिलकुल ठीक ही है क्योंकि जो मनुष्य, बड़ी लालसापूर्वक इस मैथुनकर्म के करने वाले हैं, उनको अगले भव में पशुगति ही मिलती है।

९३३. यदि स्वस्त्री से मैथुन उचित है तो पर्वों में स्वस्त्री का त्याग क्यों?

यदि भवेदबलासु रतिः शुभा;
किल निजासु सतामिह सर्वथा।
किमिति पर्वसु सा परिवर्जिता;
किमिति वा तपसे सततं बुधैः।।३।।

निज-वनिता से रति यदि शुभ हो, तो फिर पर्व चतुष्टय में।
क्यों नारी-संग तजें सत्पुरुष, बुध तप अङ्गीकार करें?।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यदि सज्जन पुरुषों का अपनी स्त्रियों के साथ मैथुनकर्म करना, शुभ होता (उत्तम फल का देने वाला होता) तो वे अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वों में अपनी

स्त्री का त्याग क्यों करते हैं? तथा तपश्चरणादि के समय भी अपनी स्त्रियों को विद्वान लोग क्यों छोड़ देते हैं?

भावार्थ ह्न जैन शास्त्रों में अष्टमी-चतुर्दशी आदि पर्वों का बड़ा भारी माहात्म्य माना गया है। जिन-जिन भव्य जीवों ने इन पर्वों में यथायोग्य व्रतों का पालन किया है, उनको अनेक प्रकार के उत्तमोत्तम फलों की प्राप्ति हुई है; अत: उत्तम फल के अभिलाषी सज्जन पुरुष, इन पर्वों में भलीभाँति व्रतों का आचरण करते हैं। जिस समय ये सज्जन पुरुष, अष्टमी-चतुर्दशी आदि पर्वों में उपवास-व्रत-नियम धारण करते हैं, उस समय वे पर-स्त्रियों का त्याग तो करते ही हैं, किन्तु अपनी स्त्रियों का भी सर्वथा त्याग कर देते हैं।

इस युक्ति को लेकर आचार्य उपेदश देतैं कि हे अत्यन्त निकृष्ट मैथुनकर्म के अभिलाषी हे पुरुषों! यदि सज्जनों को अपनी स्त्रियों में की हुई प्रीति अथवा उनके साथ किया हुआ मैथुन , शुभ-फल देने वाला होता तो सज्जन पुरुष, पर्वों में उपवास (व्रतों) को धारण करते समय स्त्रियों का सर्वथा त्याग क्यों कर देते? क्योंकि अपनी स्त्री के साथ किया हुआ मैथुनकर्म भी किसी प्रकार के शुभ-फल को देने वाला नहीं है। जिस समय संसार से सज्जन पुरुष, काम-भोगाादि से विरक्त हो तपादि को आचरते है, उस समय स्त्रियों का सर्वथा त्याग करके ही जाते हैं। बताओ, यदि स्त्रियों के साथ मैथुन करने से जरा भी फल की प्राप्ति होती तो सज्जन पुरुष, तप के समय अपनी स्त्रियों को साथ क्यों नहीं ले जाते? इससे पता चलता है कि मैथुन करने से थोड़े भी उत्तम फलों की प्राप्ति नहीं होती।

९३४. थोडे से सुख के लिए विद्वानों का मैथुन में आदर नहीं

रति-पतेरुदयान्नरयोषितो-;
रशुचिनोर्वपुषो: परि-घट्टनात्।
अशुचि सुष्ठुतरं तदितो भवेत्;
सुख-लवे विदुष: कथमादर:।।४।।

कामोत्तेजित नर-नारी, तन-घर्षण से मैथुन होता।
जिससे हो अपवित्र क्षणिक सुख, कैसे बुध आदर करता?।।

अर्थ ह्न रतिपति काम के उदय से उत्पन्न कामभावना से अत्यन्त अपवित्र दो शरीरों का आपस में परिघट्टन अर्थात् घिसना होता है, उस परिघट्टन से अत्यन्त अपवित्र फल की प्राप्ति होती है; इसलिए थोड़े से सुख की प्राप्ति के लिए विद्वान लोग, उस मैथुन का कैसे आदर कर सकते हैं? अर्थात् कभी भी नहीं कर सकते।

भावार्थ ह्न यह नियम है कि जैसा कारण होता है, वैसा ही कार्य होता है। यदि कारण अच्छा हो तो उससे कार्य भी अच्छा ही उत्पन्न होता है तथा यदि कारण खराब हो तो उससे कार्य भी खराब ही उत्पन्न होता हुआ देखने में आता है। मैथुन उस समय होता है, जिस समय दो कामी स्त्री-पुरुषों को काम की अति तीव्रता होती है, उस तीव्रता में दोनों के अत्यन्त अपवित्र शरीरों का आपस में मिलाप होता है; अत: यदि दो अपवित्र शरीरों का मिलाप ही मैथुन की उत्पत्ति में कारण है तो उसका फल भी अपवित्र ही होगा, इसलिए मैथुन से उत्पन्न हुए थोड़े सुख में विद्वान लोग, कैसे आदर कर सकते हैं? अर्थात् कभी भी नहीं कर सकते।

९३५. काम-सम्बन्धी प्रीति, चैतन्य के वैरी मोह के फैलाव की कारण

अशुचिनि प्रसभं रतकर्मणि;
प्रति-शरीरि-रतिर्यदपि स्थिता।
चिदरि-मोह-विजृम्भण-दूषणात्;
इयमहो भवतीति निषेधिता।।५।।

नर-नारी में मैथुन के प्रति, बलपूर्वक होता अनुराग।
अत: निषेध, अज्ञानजन्य चित्-शत्रु मोह का यह विस्तार।।

अर्थ ह्न काम के वशीभूत होकर जबर्दस्त राग सहित अत्यन्त अपवित्र मैथुनकर्म के होने पर कामी स्त्री-पुरुषों के शरीर में काम-सम्बन्धी प्रीति, चैतन्य के वैरी मोह के दूषण से उत्पन्न होती है; इसलिए यह काम-प्रीति, सर्वथा निषिद्ध मानी गई है।

भावार्थ ह्न जब तक आत्मा में मोहनीयकर्म की प्रबलता रहती है, तब तक आत्मा का वास्तविक चैतन्यस्वरूप प्रगट नहीं होता; अत: आत्मा के वास्तविक चैतन्यस्वरूप का प्रबल वैरी मोहनीयकर्म है। मनुष्य के मन में रति की उत्पत्ति में मोहनीयकर्म ही सबसे प्रबल कारण है क्योंकि कर्म के वशीभूत होकर, जब दोनों स्त्री-पुरुष, परस्पर स्नेहरूपी रस्सी में बँध कर मैथुनकर्म में प्रवर्त्त होते हैं, उस समय दोनों के शरीर में काम-सम्बन्धी रति स्थित होती है, इसलिए इस रति की उत्पत्ति, आत्मा के वास्तविक चैतन्यस्वरूप के वैरी, मोह के फैलाव से ही होती है। यही कारण है कि आत्मा के वास्तविक स्वरूप से सर्वथा हटाने वाली इस रति का विद्वान लोग निषेध करते हैं।

९३६. संयमरूपी वृक्ष का खण्डन करने में मैथुन तीक्ष्ण कुठार के समान

निरवशेष-यम-द्रुम-खण्डने;
शित-कुठार-हतिर्ननु मैथुनम्।
सततमात्महितं शुभमिच्छता;
परिह्रतिर्विधिनाऽस्य विधीयते।।६।।

संयम-तरु पर इस मैथुन से, होता तीव्र कुठाराघात।
अत: आत्महित के अभिलाषी, करते हैं इसका परित्याग।।

अर्थ ह्न आचार्य कहते हैं कि यह मैथुनकर्म, समस्त संयमरूपी वृक्ष के खण्डन करने में तीक्ष्ण कुठार की धार के समान है; इसलिए जो मनुष्य, अपनी आत्मा का निर्मल हित करनेवाले हैं, वे सर्वथा इसका त्याग कर देते हैं।

भावार्थ ह्न पाँच प्रकार के स्थावर तथा त्रस जीवों की रक्षा करना, **संयम** है। वह संयम, मैथुनकर्म में प्रवृत्ति होने पर कदापि नहीं पलता है क्योंकि मैथुनकर्म के करने से अनेक प्रकार के जीवों का घात होता है; इसलिए मैथुन-सेवन से आत्मा के हित की प्राप्ति नहीं होती है। जो पुरुष, यह चाहते हैं कि हमारी आत्मा का हित हो, वे निकृष्ट पाप के कारण इस मैथुनकर्म का सर्वथा त्याग करते हैं। आत्म-हितैषियों को कदापि इस मैथुनकर्म की ओर ऋजु (प्रवृत्त) नहीं होना चाहिए, अपितु इससे दूर रहना चाहिए।

९३७. पापी जीवों की मैथुन में सदा प्रीति

मधु यथा पिबतो विकृतिस्तथा;
वृजिन-कर्म-भृत: सुरते मति:।
न पुनरेतदभीष्टमिहाङ्गिनां;
न च परत्र यदायति दु:खदम्।।७।।

मदिरा पिये पुरुष की भाँति, पापी को हो काम-विकार।
किन्तु न इससे जीवों का हित, परभव में है अति दु:खकार।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार मदिरा पीने वाले पुरुष को विकार होता है, उसी प्रकार पापी पुरुष की सदा रति (मैथुन) में ही इच्छा रहती है; किन्तु यह जीवों का किसी प्रकार से हित करने वाला नहीं है, अपितु परभव में भी अनेक प्रकार के दु:ख देने वाला ही है।

भावार्थ ह्न जो पुरुष, सदा मदिरा को पीने वाला है, उसको किसी कारण किसी समय मदिरा न मिले तो अनेक प्रकार के विकार उत्पन्न होते हैं; उसी प्रकार जो मनुष्य, पापी है अर्थात् जो मैथुनादि कार्यों में भय नहीं करता है, उस मनुष्य को सदा मैथुनकर्म करने की अभिलाषा रहती है; किन्तु यह मैथुनकर्म, किसी प्रकार का हित करने वाला नहीं, अपितु अहित करने वाला ही है। आगामी काल में यह जीवों को नाना प्रकार के भयंकर दु:खों को देने वाला है, इससे परभव में किसी प्रकार के सुख की आशा नहीं रहती, इसलिए जो पुरुष, मोक्षाभिलाषी हैं, आत्मसुख को चाहते हैं, उनको कदापि मैथुनकर्म में प्रवृत्ति नहीं करना चाहिए।

९३८. हे मन! यह विषय-सुख जहर के समान निषेध योग्य

रति-निषेध-विधौ यततां भवेत्;
चपलतां प्रविहाय मन: सदा।
विषय-सौख्यमिदं विष-सन्निभं;
कुशलमस्ति न भुक्तवतस्तव।।८।।

रे मन! छोड़ चपलता, मैथुन तजने का तू कर पुरुषार्थ।
विषयों का सुख विष है जिसका, भक्षण नहीं कभी हितकार।।

अर्थ ह्न आचार्य उपदेश देते हैं कि जो मनुष्य, अपना हित चाहते हैं, उनको अपने मन को अच्छी तरह शिक्षा देनी चाहिए कि हे मन! तू सदैव चपलता को छोड़ कर, रति के निषेध करने में प्रयत्न कर क्योंकि यह विषय सौख्य-विषभक्षण करने के समान है; अत: इस विषय सुख को भोगते हुए तेरी कुछ भी कुशल नहीं है।

भावार्थ ह्न जिस प्रकार विष-भक्षण करने वाले मनुष्य को संसार में नाना प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता है, उसी प्रकार हे मन! यह विषय-सुख भी जहर के समान है; इसलिए तू इसमें सुख मान कर, रात-दिन इसके भोग करने में तत्पर रहता है, इससे तेरी खैर नहीं, तुझे नाना प्रकार की आपत्तियों का सामना करना पड़ेगा ह्न ऐसा समझ; अत: हे मन! तू अपनी चंचलता को छोड़ कर, रतिकर्म को नष्ट करने के लिए प्रयत्न कर।

९३९. उपसंहार में ब्रह्मचर्याष्टक से भोगियों को होने वाले दु:ख हेतु क्षमा

युवति-संगति-वर्जनमष्टकं;
प्रति मुमुक्षुजनं भणितं मया।

सुरत-राग-समुद्र-गता जनाः,
कुरुत मा क्रुधमत्र मुनौ मयि।।९।।

नारी-संग-निषेधक अष्टक, मुमुक्षु, हेतु रचा मैंने।
रागोदधि में डूबे जो नर, मुझे जान मुनि क्षमा करें।।

अर्थ ह्न जो मनुष्य, मुमुक्षु अर्थात् मोक्ष-प्राप्ति के अभिलाषी हैं, उन मनुष्यों के लिए मैंने युवती स्त्रियों के संग को निषेध करने वाले इस अष्टक का अर्थात् ब्रह्मचर्याष्टक का वर्णन किया है; किन्तु जो मनुष्य, भोगरूपी राग-समुद्र में डूबे हुए हैं, वे इस अष्टक को अच्छा नहीं समझते; अतः वे मुझे मुनि समझ कर क्षमा करें।

इस प्रकार **'श्री पद्मनन्दि आचार्य'** विरचित **'श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका'** नामक ग्रन्थ में **'ब्रह्मचर्याष्टक'** नामक **'छब्बीसवाँ अधिकार'** पूर्ण हुआ।

साथ ही यहाँ इस ग्रन्थ का विद्वान **'श्री गजाधरलालजी शास्त्री'** कृत हिन्दी टीका का नवीन संशोधित एवं सम्पादित **'हिन्दी भाषानुवाद'** पूर्ण हुआ।

इसी प्रकार इस ग्रन्थ के मूल संस्कृत श्लोकों का **'पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री'** द्वारा रचित **'हिन्दी पद्यानुवाद'** भी आषाढ़ शुक्ला सप्तमी, २६ जून २०१२ को **'नेमीश्वर निर्वाण कल्याणक दिवस'** पर पूर्ण हुआ।

*****

वर्णानुक्रमानुसार श्लोकानुक्रमणिका

श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक
अ		अम्भोबुद्बुदसन्निभा	- २५६	आत्मोत्तुंगगृहं प्रसिद्ध	- ५१२
अइ सोइओ सि तइया	- ६९८	अम्हारिसाण तुह	- ६८६	आदाय व्रतमात्म	- ३८८
अक्षयस्याक्षयानन्द	- ३५७	अरिष्टसंकर्तनचक्र	- ८२८	आदौ दर्शनमुन्नतं	- १४
अगोचरो वासरकृन्निशा	- ७९५	अर्थादौ प्रचुरप्रपंच	- २८	आद्या सद्व्रतसंचय	- ८
अग्नाविवोष्णभाव:	- ६११	अर्हन् समाश्रितसमस्त	- ८८३	आद्यो जिनो नृप:	- ३९७
अंगं यद्यपि योषितां	- ६७३	अलियं कमले कमला	- ७२७	आद्योत्तमक्षमा यत्र	- ४५५
अच्छंतु ताव इयरा	- ७०५	अल्पायुषामल्पधियां	- १२७	आधिव्याधिजरा	- ५३५
अजमेकं परं शान्तं	- ३२५	अविरतमिह	- १०५	आपत्साऽपि यते:	- ९०२
अज्ञो यद्भवकोटिभि:	- १३०	अशुचिनि प्रसभं	- ९३५	आपद्धेतुषु रागरोष	- ११२
अणुव्रताणि पंचैव	- ४२०	अस्तु त्रयं मम	- ८७३	आपन्मयसंसारे	- २९८
अण्णस्स जए जीहा	- ७१७	अस्पृष्टमबद्धमनन्य	- ६१४	आयातेऽनुभवं भवारि	- १०८
अण्णो को तुह पुरओ	- ७२२	अहमहमियाये णिवडंति	- ७२४	आयसकोटिभि	- २०५
अतिसूक्ष्ममतिस्थूल	- ३६५	अहमेकाक्यद्वैतं	- ६४२	आयासकोटिभि	- २४०
अध्रुवाणि समस्तानि	- ४४१	अहमेव चित्स्वरूप:	- ६३८	आयु: क्षति: प्रतिक्षणं	- २८०
अध्रुवाशरणे चैव	- ४३९	अहं चैतन्यमेवैकं	- ३६१	आराध्यन्ते जिनेन्द्रा	- १३
अनन्तबोधादि	- ८२०	अंकत्थे तइ दिट्ठे	- ६९०	आरार्तिकं तरलवह्नि	- ८५३
अनर्घ्यरत्नत्रय	- ५८	**आ**		आवरणाईणि तए	- ७०१
अनुप्रेक्षा इमा: सद्धि:	- ४५४	आकाश एव शशिसूर्य	- २८३	आश्रित्य व्यवहार	- ५२३
अनेकजन्मार्जितपाप	- ८०२	आक्रन्दं कुरुते यदत्र	- २७५	आस्तामन्यगतौ	- १४२
अनौपम्यमनिर्देश्य	- ३६६	आचारश्च तदेवैकं	- ३४८	आस्तामस्यविधानत:	- १९६
अन्तरंगबहिरंग	- ५९१	आचारो दशधर्मसंयम	- ३८	आस्तामेतदमुत्र सूनृत	- ९३
अन्तर्बाह्यविकल्प	- ८९६	आजातेर्नस्त्वमसि	- १७२	आस्तामेतद्यदिह	- २२
अन्तस्तत्त्वमुपाधि	- ३९५	आत्मनि निश्चयबोध	- ६०९	आस्तां जरादिदु:ख	- ६०२
अन्तस्तत्त्वं विशुद्धात्मा	- ४५६	आत्मबोधशुचितीर्थ	- ५७५	आस्तां तत्र स्थितो	- ३६९
अन्योऽहमन्यमेतत्	- ६१९	आत्मभुवि कर्मबीजात्	- ६१७	आस्तां बहिरुपधि	- ६२४
अपहर मम जन्म	- ८६३	आत्मातीव शुचि:	- ९२४	आहारात्सुखितौषधा	- ४७०
अपारजन्मसन्तान	- ३६४	आत्मानमेवमधिगम्य	- १३९	**इ**	
अपि प्रयाता वशमेक	- ७९४	आत्मा ब्रह्मविविक्त	- ६६१	इति ज्ञेयं तदेवैकं	- ३२८
अपेक्षते यन्न दिनं	- ७७७	आत्मा भिन्नस्तदनुगति	- ३८६	इत्यत्र गहनेत्यन्त	- ३६८
अभयाहारभैषज्य	- ४२९	आत्मा मूर्तिविवर्जितो	- १३६	इत्यादि धर्म एष	- १६४
अभ्यस्यतान्तरदृशं	- ५०	आत्मा स्वं पर	- १५२	इत्यास्थाय हृदि	- ५४२
अमलात्मजलं समलं	- ६१८	आत्मैक: सोपयोगो	- १५५	इत्युपासकसंस्कार:	- ४५८

श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक
इत्येकाग्रमना नित्यं	- ८९३	एनः स्यादशुभोपयोगत	- ५३२	कायोत्सर्गायतांगो	- १
इन्द्रत्वं च निगोदतां	- ५४५	एवं सति यदेवास्ति	- ३६३	कार्यं तपः परमिह	- २२३
इन्द्रस्य प्रणतस्य	- ४	एव स्त्रीविषये विनापि	- ६७६	कार्याकार्यविचारशून्य	- ६७५
इमामधीते श्रुत	- ८०५	एस जिणो परमप्पा	- ७०९	कालत्रये बहिरवस्थिति	- ६७
इष्टक्षयो यदिह ते	- २६६	**ऐ**		कालादपि प्रसृतमोह	- ११३
इह वरमनुभूतं	- ३७	ऐश्वर्यादिगुणप्रकाशन	- १२१	कालेन प्रलयं व्रजन्ति	- ३०३
उ		**क**		कास्था सद्मनि सुन्दरेऽपि	- ८८
उक्तं जिनैर्द्वादशभेद	- १२६	कचा यूकावासा	- ११५	किच्छाहि समुवलद्धे	- ७३४
उक्तेयं मुनिपद्मनन्दि	- ६८१	कणयकमलाणमुवरिं	- ७२५	किमालकोलाहलैरमल	- १४४
उग्रग्रीष्मरविप्रताप	- १९२	कति न कति न	- ४७	किंचित्संसारसम्बन्धि	- ८८९
उच्चैः फलाय परमा	- ८५५	कदाचिदम्ब त्वदनुग्रहं	- ७८६	किं जानासि न किं	- २६४
उत्कृष्टपात्रमनगार	- २४६	कम्मकलंक चउक्के	- ७००	किं जानासि न वीतराग	- ८६
उदयोदीरणा सत्ता	- ३४१	कयलोयलोयणुप्पल	- ७०७	किं जीवितेन कृपणस्य	- २४४
उदेति पाताय रविर्यथा	- २५९	करजुवलकमलमउले	- ७३०	किं ते गुणाः किमिह	- २१७
उद्धर मां पतितमतो	- ८६०	कर्मकलितोऽपि	- ६५६	किं ते गृहाः किमिह	- २१५
उद्योते सति यत्र	- ८३५	कर्मकृतकार्यजाते	- ६२७	किं देवः किमु देवता	- २८४
उन्मुच्यालयबन्धना	- ६२	कर्मक्षत्युपशान्ति	- ९०९	किं बाह्येषु परेषु	- ५४१
उम्मुद्दियम्मि तन्मि	- ७१९	कर्म चाहमिति च द्वये	- ५६६	किं मे करिष्यतः	- ३३५
उह्यन्ते ते शिरोभिः	- १९४	कर्म न यथा स्वरूपं	- ६२६	किं लोकेन किमाश्रयेण	- १४९
ए		कर्म परं तत्कार्यं	- ६२५	किं लोकेन किमाश्रयेण	- ५३८
एकत्वज्ञो बहुभ्यो	- ८८६	कर्मबन्धकलितो	- ५६०	कुण्ठास्तेऽपि वृहस्पति	- ८०६
एकत्वसप्ततिरियं	- ३८४	कर्म भिन्नमनिशं स्वतो	- ५६८	कुर्यात् कर्म शुभाशुभं	- १३८
एकत्वस्थितये	- ८९७	कर्मेभ्यः कर्मकार्येभ्यः	- ४५७	कुर्यात् कर्म विकल्पं	- ६२३
एकत्वैकपदप्राप्त	- ८८५	कर्ममलविलयहेतो	- ९८	कृतापि ताल्वोष्ठं	- ७९३
एकद्रुमे निशि वसन्ति	- २६८	कर्मशुष्कतृणराशि	- ५८१	कृत्वा कार्यशतानि	- ४७१
एकमेव हि चैतन्यं	- ३३२	कर्माब्धौ तद्विचित्रोदय	- १३१	केचित्किंचित् परिज्ञाय	- ३१५
एकस्यापि ममत्व	- ४४	कर्मास्रवनिरोधोऽत्र	- ४४८	केचित्केनापि कारुण्यात्	- ३१३
एकाक्षाद् बहुकर्म	- ४९३	कलावेकः साधुर्भवति	- ३६	केनापि परेण स्यात्	- ३३२
एकान्तोद्धतवादि	- ८३३	कषायविषयोद्भट-	- ९९	केनाप्यस्ति न कार्य	- ८९८
एकोऽप्यत्र करोति	- ४६०	कस्तूरिकारसमयीरिव	- ८५४	केवलज्ञानदृक्सौख्य	- ३२७
एतज्जन्मफलं धर्म	- ८९४	काकिण्या अपि संग्रहो	- ४२	को इह हि उव्वरंति	- ७२९
एतन्मोहठकप्रयोग	- ११९	कादाचित्को बन्धः	- ५४	कोऽप्यन्धोपि	- १८९
एतावतैव मम पूर्यत	- ८७०	कान्तात्मजद्रविणमुख्य	- २०३	क्रियाकाण्डसम्बन्धिनी	- ८८१
एतेनैव चिदुन्नति	- ५३४	कामिन्यादि विनाऽत्र दुःख	- ६७८	क्रियाकारकसम्बन्ध	- ३४५

श्लोकांश	श्लोक
क्रोधादिकर्म योगेऽपि	- ३४२
क्व याम: किं कुर्म:	- १२२
क्वाकीर्ति: क्व	- १८
क्वात्मा तिष्ठति	- १३५
क्षमस्व ममवाणि	- ८७९
क्षीरनीरवदेकत्र	- ४४५
क्षुद्भुक्तेस्तृडपीह	- १७७
ख	
खद्योतौ किमुतानलस्य	- ८४३
खयरिव्व संचरंती	- ७३९
खादिपंचकनिर्मुक्तं	- ३०९
ग	
गंगासागरपुष्करादिषु	- ९५
गतभाविभवद्भाव	- ६४४
गंतो ज्ञाति: कश्चिद्	- २०
गंधाकृष्टमधुव्रत	- ८४२
गिरा नरप्राणितमेति	- ७९१
गीर्वाणा अणिमादि	- २८५
गुणा: शीलानि	- ३४९
गुरूपदेशतोऽभ्यासाद्	- ३२९
गुरोरेव प्रसादेन	- ४१४
गुर्वंघ्रिद्वयदत्तमुक्ति	- ९१०
गुर्वी भ्रान्तिरियं	- २७६
ग्रामपतेरपि करुणा	- ८६२
ग्रामान्तरं व्रजति य:	- २२४
ग्रासस्तदर्धमपि	- २३०
ग्रीष्मे भूधरमस्तकाश्रित	- ३९३
च	
चक्षुर्मुख्यहृषीक	- ९०८
चत्वारि यान्यभयभेषज	- २४८
चम्मच्छिणा वि दिट्ठे	- ६८४
चारित्रं यदभाणि	- ५५४
चित्तत्वं तत्प्रतिप्राणि	- ३११
चित्तमत्तकरिणा न	- ५८२
चित्तवाच्यकरणीय	- ५७९
चित्तेन कर्मणा त्वं	- ६३४
चित्ते प्राग्भवकोटि	- ९२५
चित्समुद्रतटबद्ध	- ५७६
चित्स्वरूपगगने	- ५९४
चित्स्वरूपपद	- ५९०
चिदचिद् द्वे परे	- ३८०
चिदानन्दैकसद्भावं	- ३०८
चिन्तादुष्परिणाम	- ८७७
चिन्तारत्नसुरद्रुकाम	- ४७७
चिन्ताव्याकुलता	- २९
चिरादतिक्लेशशतै:	- ७८५
चेतसो न वचसोऽपि	- ५५४
चेत: संयमनं यथावद्	- ६६४
चेतो भ्रान्तिकरी	- ६६५
चेतोवृत्तिनिरोधनेन	- ३८९
चैतन्यमसम्पृक्तं	- ६३३
चैतन्यैकत्वसंवित्ति:	- ८८७
चैत्यालये च जिनसूरि	- २३५
छ	
छत्तत्तयमालंबिय	- ७०६
ज	
जगत्त्रये श्रेय	- ८१७
जगदेकशरण	- ८६५
जडजनकृतबाधा	- ८२
जत्थ असक्को	- ७४०
जन्तुकृपाद्रितमनस:	- ९६
जन्तुमुद्धते धर्म:	- ३१६
जन्म प्राप्य नरेषु	- १६९
जन्मोच्चै: कुल एव	- १८४
जय उसह णाहि	- ६८२
जयति जगदधीश:	- ५
जयति जिनोधृति	- २५३
जयति सुखनिधानं	- ७७
जयत्यशेषामरमौलि	- ७७६
जल्पितेन बहुना	- ५८८
जाण बहुएहिं वित्ति	- ६९४
जातिजरामरण	- ८४८
जातिर्याति न	- १०९
जातो जनो म्रियत	- २६५
जातोप्यजात इव	- २३८
जानन्ति स्वयमेव	- १६०
जानीते य: परं	- ३३१
जायन्ते जिनचक्रवर्ति	- १६०
जायन्ते विरसा रसा	- १५४
जायन्ते विरसा रसा	- ९१३
जायेतोद्गतमोहतो	- ९१२
जासि सिरी तइ	- ६८७
जित्वा मोहमहाभटं	- १६३
जिनधर्मोऽयमत्यन्तं	- ४५२
जिनेश्वर! नमोस्तु	- ८८२
जिनेश्वर! स्वच्छसर	- ७९६
जीयाज्जिनो जगति	- १९९
जीवपोतो भवाम्भोधौ	- ४४७
जीवहिंसादि संकल्पै:	- ४३७
जीवाजीवविचित्र	- १४७
जुगुप्सते संसृतिमत्र	- ५१
जे कयकुवलयहरिसे	- ७२८
ज्ञाते ज्ञातमशेषं	- ६५२
ज्ञानज्योतिरुदेति	- १४६
ज्ञानं दर्शनमप्यशेष	- १५८
ज्ञानं दर्शनमप्यशेष	- ५१९
ज्ञानिनोऽमृतसंगाय	- ३७८
झ	
झम्पा कुर्वदितस्तत:	- ५२८

श्लोकांश	श्लोक
ण	
णाणामणिणिम्माणे	- ७०२
णाह तुह जम्मण्हाणे	- ६९३
णाहिघरे वसुहारा	- ६८८
णिद्दोसो अकलंको	- ७०४
णीसेसवत्थुसत्थे	- ७३६
त	
तज्जयति यत्र लब्धे	- ६४७
तडिदिव चलमेतत्पुत्र	- २७८
तत्त्वज्ञानसुधार्णवं	- ५९७
तत्त्वमात्मगतमेव	- ५५६
तत्त्वं वागतिवर्ति	- ६०७
तत्वं वागतिवर्ति शुद्ध	- ९१४
तत्वार्थाप्ततपोभृतां	- ७२
तत्पर: परमयोग	- ५५७
तत्प्रतिप्रीतिचित्तेन	- ३३०
तथाऽशुचिरयं काय:	- ४४६
तदस्तु तावत्कविता	- ७८२
तदेकं परमं ज्ञानं	- ३४६
तदेकं महती विद्या	- ३५६
तदेवैकं परं तत्त्वं	- ३५१
तदेवैकं परं दुर्गं	- ३५५
तदेवैकं परं रत्नं	- ३५०
तदेवैकं परं विद्धि	- ३५८
तद्ध्यायत तात्पर्या	- १२९
तनुरपि यदि लग्ना	- २६
तन्नमत गृहीताखिल	- ६४८
तन्नमत विनष्टाखिल	- ६४९
तमांसि तेजांसि विजित्य	- ८०३
तव जिन चरणाब्ज	- ८६४
तव प्रसाद: कवितां	- ८०४
तवस्तवे यत्कविरस्मि	- ७७८
तं चेव मोक्खपयवी	- ७३३
तं जिणणाणमणंतं	- ६८५
तं देशं तं नरं	- ४४२
तं भव्वपोमणंदी	- ७४१
तावत्पूज्यपदस्थिति:	- ६६७
तावदेव मतिवाहिनी	- ५८३
तावद्बल्गति वैरिणां	- १७५
तिक्ते स्वाकुफलोपमं	- ९१८
तित्थत्तणमावण्णो	- ६९१
तिष्ठत्यायुरतीव	- १७०
तिष्ठामो वयमुज्ज्वलेन	- ८४
तुह वयणं चिय	- ७१४
तृणं नृपश्री: किमु	- ६५९
तृणं वा रत्नं वा	- ४५
ते चाणुव्रतधारिणो	- ४८२
तेजोहानिमपूततां	- ६६८
तेभ्य: प्रदत्तमिह	- २४७
ते व: पान्तु	- ६५
ते सिद्धा: परमेष्ठिनो	- ५१४
तैरेव प्रतिपद्यतेऽत्र	- ५०७
तयक्ताशेषपरिग्रह:	- ५९५
त्यक्त्वा दूरं विधुर	- १७८
त्यक्त्वा न्यासनय	- ५०६
त्याज्यं मासं च	- ४१९
त्याज्या सर्वा चिन्तेति	- ६३२
त्रिभुवनगुरो जिनेश्वर!	- ८५८
त्रिलोकलोकेश्वरतां	- ८३०
त्रैलोक्यप्रभुभावतो	- १०
त्रैलोक्याधिपतित्वसूचन	- ८३९
त्रैलोक्ये किमिहास्ति	- ५९६
त्वदंघ्रिपद्मद्वय	- ७९८
त्वमत्र लोकत्रयसद्मनि	- ७८०
त्वमेवं तीर्थं शुचिबोध	- ७९९
त्वयादिबोध: खलु	- ८००
त्वयि प्रभूतानि पदानि	- ७८८
त्वं कारुणिक: स्वामी	- ८६१
तवामासाद्य पुराकृतेन	- ५२६
त्वामेकं त्रिजगत्पतिं	- ५२०
दत्तं नौषधमस्य	- ३००
दत्तानन्दमपारसंसृति	- १९८
दयांगिनां चिद्	- ८२३
दर्शनज्ञानचारित्र	- ४२६
दर्शनं निश्चय: पुंसि	- ३२१
दानप्रकाशनमशोभन	- २५०
दानं ये न प्रयच्छन्ति	- ४२८
दानाय यस्य न धनं	- २१९
दानाय यस्य न समुत्सहते	- २३२
दानेनैव गृहस्थता	- २७२
दानोपदेशनमिदं	- २५१
दारा एव गृहं	- ६७०
दारार्थादिपरिग्रह	- ६७७
दिट्ठे तुमम्मि जिणवर अघओ-	७५१
दिट्ठे..... अहियं	- ७६१
दिट्ठे..... कमम्मि	- ७७३
दिट्ठे.....कल्याणं	- ७६५
दिट्ठे.....चम्ममएणा	- ७५७
दिट्ठे..... चिंता	- ७६३
दिट्ठे..... जम्महं	- ७५०
दिट्ठे..... णट्ठं	- ७४५
दिट्ठे..... णिच्छय	- ७५९
दिट्ठे..... दट्ठव्वावहि	- ७६०
दिट्ठे..... दिट्ठिहरा	- ७४३
दिट्ठे..... दिसवल्लीओ	- ७६६
दिट्ठे.....दोहिमि	- ७६९
दिट्ठे..... परमाणंदेण	- ७४४
दिट्ठे..... पोम्मकयं	- ७७४
दिट्ठे..... बज्झइ	- ७५२
दिट्ठे..... बुहम्मि	- ७६२
दिट्ठे..... भणियमिणं	- ७७५
दिट्ठे..... भत्तिज लोल्लं	- ७५४

श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक
दिट्ठे.....भवणमिदं	- ७५३	दृग्बोधौ परमौ	- ४९१	नभः समं वर्त्म	- ७८१
दिट्ठे..... भवोवि	- ७७०	दृड्मूलव्रतमष्टधा	- ४६३	नमस्यं च तदेवैकं	- ३४७
दिट्ठे..... भव्वाणं	- ७७१	दृषन्नावसमो ज्ञेयो	- ४३१	नमोस्तु धर्माय	- ८२१
दिट्ठे..... भव्वो	- ७६७	दृष्टिनिर्णीतिरात्मा	- ८१	नयनिक्षेपप्रमिति	- ६५१
दिट्ठे..... मण्णे तं	- ७४७	दृष्टिस्तत्त्वविदः	- ५००	नयप्रमाणादि	- ८११
दिट्ठे..... मोक्खो	- ७५६	देवपूजा गुरूपास्ति	- ४०३	नरामराहीश्वर	- ८१३
दिट्ठे..... रहसरसो	- ७६४	देवं तत्प्रतिमा गुरुं	- ९०६	नष्टं रत्नमिवाम्बुधौ	- १६६
दिट्ठे..... वियारपडिवज्जिए	- ७४९	देवः स किं भवति	- २१६	नष्टा मणीरिव	- २२३
दिट्ठे..... समयामयसायरे	- ७५५	देवः सर्वविदेष	- ८४०	नष्टे वस्तुनि शोभने	- २६७
दिट्ठे..... सहलिहूआइ	- ७४२	देवाराधनपूजनादि	- ४६५	नाकृतिर्नाक्षरं वर्णो	- ३७२
दिट्ठे..... संतोसो मज्झ	- ७४८	देवोऽयमिन्द्रियबलं	- ८५२	नानागृहव्यतिकरार्जित	- २११
दिट्ठे..... सिज्झइ सो	- ७४६	देशव्रतानुसारेण	- ४१८	नानाजनाश्रित	- २०४
दिट्ठे..... सुकयत्थो	- ७५८	दोषानाघुष्य लोके	- ८५	नानायोनिजलौघ	- १८३
दिट्ठे..... सुहगइसंसाहणे	- ७७२	द्यूतमाँससुरावेश्या	- १६	नाममात्रकथया	- ५८९
दिट्ठे..... हियएण	- ७६८	द्यूतमाँससुरावेश्या	- ४०६	नामापि देव भवतः	- ८६९
दिवानि खण्डानि	- ३०२	द्यूताद्धर्मसुतः	- ३१	नामापि यः स्मरति	- २१४
दिव्यस्त्रीमुख	- ८४१	द्वादशापि सदा चिन्त्या	- ४३८	नामापि हि परं	- ३४३
दुर्गन्धं कृमिकीटजाल	- ९१६	द्वैततो द्वैतमद्वैतात्	- ३३८	नार्थः पदात्पदमपि	- २४१
दुर्गन्धाशुचिधातु	- २५५	द्वैतं संसृतिरेव	- ५४३	निजधर्मोयमत्यन्तं	- ४५२
दुर्गन्धाशुचिधातु	- ९१५	**ध**		निजैर्गुणैरप्रतिमैः	- ८१०
दुर्ध्यानार्थमवद्य	- ५३	धन्योस्मि पुण्य	- ८७४	नित्यं खादति हस्ति	- ६६३
दुर्लक्ष्यं जयति परं	- ५९८	धरइ परमाणुलीलं	- ७३७	नित्यानित्यतया महत्	- ५४९
दुर्लक्ष्येऽपि चिदात्मनि	- ११०	धर्मशत्रुविनाशार्थं	- ४०९	निरवशेषयमद्रुमखण्डने	- ९३६
दुर्लंघ्याब्दवितव्यता	- २६१	धर्मः श्रीवशमन्त्र	- १९५	निरूप्य तत्त्वं स्थिरता	- ८०
दुर्वारार्जितकर्म	- २५८	धर्मांगमेतदिह मार्दव	- ८७	निर्ग्रन्थत्वमुदा	- ९११
दुश्चेष्टाकृतकर्म	- २९१	धर्माधर्मनभांसि	- ५३९	निर्जरा शातनं प्रोक्ता	- ४४९
दुष्प्रापं बहुदुःख	- ६८०	धर्मार्थिनोऽपि लोकस्य	- ४०७	निर्दोषश्रुतचक्षुषा	- ५०१
दुःखग्राहगणाकीर्णे	- ४५३	धर्मो जीवदया	- ७	निर्विण्णोहं नितरां	- ८५९
दुःखव्यालसमाकुलं	- २६९	धर्मो रक्षति रक्षितः	- १८२	निर्विनाशमपि	- ५६१
दुःखव्यालसमाकुले	- ९०४	धिक्कान्तास्तन	- १६२	निश्चयपंचाशत्	- ६५८
दुखं किंचित् सुखं	- ३८१	धिक् तत्पौरुषभासतां	- ३०	निश्चयावगमनस्थिति	- ५७७
दुःखे वा समुपस्थिते	- २५७	धूलीधूसरितं निमुक्त	- ३९०	निश्चयेन तदैकत्व	- ३३९
दूरादभीष्टमभिगच्छति	- १८८	**न**		निश्चयैकदृशा नित्यं	- ३२४
दृगवगमचरित्रा	- ७४	न परमियन्ति	- ३२	निश्चेतव्यो जिनेन्द्रस्तद	- १२८

श्लोकांश	श्लोक
निःशरीरं निरालम्बं	- ३६७
निःशेषश्रुतसम्पदाः	- ५०४
निःशेषामरशेखरा	- ४८७
निःशेषामलशील	- १०७
निशेषावरणद्वय	- ८३१
निःसंगत्वमरागिता	- ५१६
निःस्पृहायाणिमाद्य	- ३७७
नूनमत्र परात्मनि	- ५५५
नूनं मृत्युमुपैति	- ५२९
नृणामशेषाणि सदैव	- ९१७
नृणां भवत्सन्निधि	- ७९२
नृत्वतरोर्विषयसुख	- ६३५
नैवात्मनो विकारः	- ६२२
नो किंचित्करकार्य	- २
नो तीर्थं न जलं	- ९२८
नो दृष्टः शुचितत्त्व	- ९२७
नो विकल्परहितं	- ५५३
नो शून्यो न जडो	- १३४
न्यायादन्धकवर्तकीयक	- १६७
न्यासश्च सद्म च	- २४३

प

पत्ताण सारणिंपिव	- ७१२
परमधर्मनदाञ्जन	- ११६
परमानन्दाब्जरसं	- १५३
परं परायत्ततयाति	- ८२७
परं मत्वा सर्वं	- १०३
परात्मतत्त्वप्रतिपति	- ७९७
परिग्रहवतां शिवं यदि	- ५६
पर्यन्ते कृमयोथ वह्नि	- ९२०
पर्वस्वथ यथाशक्ति	- ४२१
पलितैकदर्शनादपि	- १७१
पल्लवोऽयं कियाकाण्ड	- ८८०
पशव एव रते रत	- ९३२
पश्चादन्यानि कार्याणि	- ४१३
पहुणा तए सणाहा	- ६९५
पात्राणामुपयोगि यत्	- ४७३
पादाब्जयुग्मे तव	- ८१८
पापं कारितवान् यदत्र	- ५२१
पापारिक्षयकारि दातृ	- ३९६
पुण्यक्षयात्क्षयमुपैति	- २३६
पुत्रादिशोकशिखिशान्ति	- ३०७
पुत्रे राज्यमशेषमर्थिषु	- ४७४
पुनातु नः सम्भवतीर्थ	- ८०९
पुंसोऽर्थेषु चतुर्षु	- ४८३
पूजा न चेज्जिनपतेः	- २२२
पूजाविधि विधिवदत्र	- ८५६
पूर्वोपार्जितकर्मणा	- २६२
पोयं पिव तुह	- ७१३
प्रतिक्षणमयं जनो	- १५१
प्रतिक्षणमिदं हृदि	- ४८
प्रतिपद्यमानमपि च	- ६४१
प्रथममुदयमुच्चैः	- २८२
प्रपश्यन्ति जिनं	- ४१०
प्रबोधो नीरन्ध्रं	- ४९
प्रमाणनयनिक्षेपाः	- ३२३
प्रातरुत्थाय कर्तव्यं	- ४१२
प्रातर्दर्भदलाग्र	- १७४
प्राप्ते नृजन्मनि	- २२०
प्राप्तेऽपि दुर्लभतरेऽपि	- २०२
प्रायः कुतो गृहगते	- २१३
प्रियजनमृतिशोकः	- २७९
प्रेरिताः श्रुतगुणेन	- ५७८
प्रोद्यत्तिग्मकरोग्रतेजसि	- ६४

ब

बन्धं पश्यन् बद्धो	- ६५४
बद्धो मुक्तोऽहमथ	- ६४३
बद्धो वा मुक्तो वा	- ६५०
बन्धमोक्षौ रतिद्वेषौ	- ३४०
बन्धस्कन्ध समाश्रितां	- १९०
बहिर्विषयसम्बन्धः	- ३१८
बहुभिरपि किमन्यैः	- ७६
बंभप्पमुहा सण्णा	- ७३२
बाह्य शास्त्रगहने	- ५८५
बाह्याभ्यन्तरसंग	- ४५९
बाह्यायामपि विकृतौ	- ६२८
बिम्बादलोन्नति	- ४८०
बीजं मोक्षतरोर्दृशं	- ४६१
बीभत्सुः प्राणिघातो	- १९
बोधरूपमखिलैरुपाधि	- ५७२
बोधादस्ति न किंचित्	- ६५७
बोधेनापि युतिस्तस्य	- ३४४
बोधाऽपि यत्र विरलो	- ६०४

भ

भवतु भवतु यादृक्	- ९१९
भवत्कला यत्र न वाणि	- ७८३
भवनमिदमकीर्तेः	- १७
भवन्ति वृक्षेषु पतन्ति	- २६०
भवभुजगनागदमनी	- ७८
भवरिपुरिह तावद्	- १४०
भवविवर्धनमेव यतो	- ९३१
भवसायरम्मि धम्मो	- ७२१
भवारिरेको न परोस्ति	- ८०८
भव्यानामणुभिर्व्रतैः	- ४८४
भव्या भूरिभवार्जितो	- ९३०
भव्याम्भोरुहनन्दि	- ८३८
भावान्तःकरणेन्द्रियाणि	- ५२५
भावे मनोहरेऽपि	- ६५३
भिक्षावरं परिहृता	- २२१
भिण्णाण परणयाणं	- ७१६
भिन्नोऽहं वपुषो बहि	- १४८
भुक्त्यादिभिः प्रतिदिनं	- २०६
भुवणत्थुय थुणह जइ	- ७३८

श्लोकांश	श्लोक
भूरिधर्मयुतमप्यबुद्धि	- ५५९
भूरिधर्मात्मकं	- ३१४
भृंगा पुष्पितकेतकी	- १८५
भेदज्ञानविशेष संहृत	- ३९४
भोगोपभोगसंख्यानं	- ४२३
भो चेत: किमु जीव	- १४५
भ्रमति नभसि चन्द्र:	- २७७
भ्रमन्तोऽपि सदा शास्त्र	- ३१२
भ्रान्तिप्रदेषु बहुवर्त्मसु	- ६०
भ्राम्यन् कालमनन्तमत्र	- २७२
भ्रूक्षेपेण जयन्ति ये	- ६६०
म	
मधु यथा पिबतो	- ९३७
मनसोऽचिन्त्यं	- ५९९
मनोवचोऽङ्गै:	- ८७६
मनोवाक्कायचेष्टाभि	- ३३७
मन्दायते य इह दान	- २२९
मन्ये न प्रायशस्तेषा	- ४१७
मयि चेत: परजातं	- ६३१
मलैर्विमुक्तो विमलो	- ८१९
मंदरमहिज्जमाणांबु	- ७११
मा गा बहिरन्तर्वा	- ६४६
मानसस्य गतिरस्ति	- ५६९
मानुष्यं किल दुर्लभं	- ९७
मानुष्यं प्राप्य पुण्यात्	- ७१
मानुष्यं सत्कुले जन्म	- ३७९
मायित्वं कुरुते कृतं	- ९०
मार्गं यत्प्रकटीकरोति	- ८३६
मिथ्यात्वादेर्यदिह	- १००
मिथ्यादृशां विसदृशां	- ३४
मिथ्यादृशोऽपि रुचि	- २३१
मुक्त इत्यपि न	- ५६५
मुक्तेर्द्वारि दृढार्गला	- ६६६
मुक्त्वा मूलगुणान्	- ४०
मुख्योपचारविवृत्तिं	- ६०८
मुमुक्षूणां तदेवैकं	- ३५३
मूलं धर्मतरोराद्या	- ४३४
मूले तनुस्तदनु	- २१२
मृगयमाणेन सुचिरं	- ६५५
मृत्योर्गोचरमागते	- २९७
मेरुसिरे पडणुच्छलिय	- ६९२
मोक्ष एव सुखं साक्षात्	- ८८८
मोक्षस्य कारण	- २१०
मोक्षेऽपि मोहादभिलाष	- ५५
मोहद्वेषरतिश्रिता	- ८९५
मोहमहाफणिडक्को	- ७२०
मोहव्याधभटेन संसृति	- ११८
मोहोदय विषाक्रान्त	- ८९०
म्लाने क्षालनत: कुत:	- ४१
म्लायत्कोकनदे	- ६६
य	
यज्जानन्नपि बुद्धि	- ५४८
यज्जायते किमपि कर्म	- १६१
यतीनां श्रावकाणां च	- ४३६
यत्कल्याणपरम्परा	- ४८५
यत्न: कृतोऽपि मदनार्थ	- २२५
यत्परदारार्थादिषु	- ९४
यत्पादपंकजरजोभि	- १९७
यत्प्रोक्तं प्रतिमाभि	- १५
यत्र श्रावकलोक	- ४७८
यत् षट्खण्डमही	- १८१
यत्संगाधारमेतच्चलति	- १०४
यत्सच्चक्रसुखप्रदं	- ८३२
यत्सातं यदसातमङ्गिषु	- ९०५
यत्सुखं तत्सुखाभासं	- ४४३
यत्सूक्ष्मं च महच्च	- ४९८
यथाविधानं त्वमनुस्मृता	- ८०१
यदव्यक्तमबोधानां	- ३१०
यदि भवेदबलासु रति:	- ९३३
यदीय पादद्वितयप्रणामत:	- ८१५
यदूर्ध्वदेशे नभसि	- ८२९
यदेव चैतन्यमहं तदेव	- ३८३
यद्दीयते जिनगृहाय	- २४९
यद् दृष्टं बहिरंगनादि	- १४३
यद्धानोरपि गोचरं न	- ८३७
यद्यदेव मनसि स्थितं	- ५६३
यद्यन्तर्निहितानि खानि	- १५६
यद्यानन्दनिधिं	- ५१५
यद्येकत्र दिने	- २५४
यद्येतस्य दृढा मम	- ५१७
यद्वद्वचो जिनपते:	- ८४९
यन्नान्तर्न बहि:स्थितं	- १५९
यन्नान्तर्न बहि:स्थितं	- ५३३
यस्तु हेयमितरच्च	- ५८६
यस्त्वामनन्तगुण	- ८६७
यस्याशोकतरु	- ८४४
यस्यास्ति नो धनवत:	- २३४
य: कल्पयेत्किमपि	- १२५
य: कश्चिन्निपुणो	- ५१८
य: कषायपवनै:	- ५८४
य: केनाप्यतिगाढ़गाढ़	- ४९४
य: शाकपिण्डमपि	- २०८
य: सिद्धे परमात्मनि	- ५०९
यात्राभि: स्नपनै:	- ४८१
या दुर्दैहैकविना	- २५
यादृश्यपि तादृश्यपि	- ६३०
यावन्मे स्थितिभोजने	- ४३
या: खादन्ति पलं	- २३
युद्धे तावदलं	- २९३
युवतिसङ्गतिवर्जन	- ९३९
यूकाधामकचा:	- ६७४
ये गुरुं नैव मन्यन्ते	- १४१

श्लोकांश	श्लोक
ये जित्वा निजकर्म	- ४८९
ये जिनेन्द्रं न पश्चन्ति	- ४११
ये धर्मकारणं	- २२८
येनेदं जगदापदम्बुधिगतं	- ११७
ये पठन्ति न सच्छास्त्रं	- ४१६
येऽभ्यासयन्ति कथयन्ति	- ३८७
ये मूर्खा: भुवि तेऽपि	- २६३
ये मोक्षं प्रति नोद्यता:	- ४७५
ये लोकाग्र-विलंबिन:	- ४८८
येषां कर्मनिदानजन्य	- ४९६
येषां जिनोपदेशेन	- ४३३
ये स्वाचारमपार	- ५९
यैर्दु:खानि समाप्नुवन्ति	- ४९२
यैर्निंत्यं न विलोक्यते	- ४७६
यैव सवकर्मकृत	- २७०
योगतो हि लभते	- ५७३
यो जानाति स एव	- ८९९
यो दत्तवानिह मुमुक्षु	- २०७
यो नात्र गोचरं मृत्यो:	- २८१
यो येनैव हत: सतं	- २७
यो हेयेतर बोधसंभृत	- ५०२

र

रंकायते परिवृढोऽपि	- १७३
रक्षापोषविधौ जनो	- ९२२
रजकशिलासदृशीभि:	- २४
रतिजलरममाणो	- १७६
रतिनिषेधविधौ	- ९३८
रतिपतेरुदया	- ९३४
रत्नत्रयपरिप्राप्ति	- ४५१
रत्नत्रयात्मके मार्गे	- ३९९
रत्नत्रयाभरणवीर	- २५२
रत्नत्रयाश्रय: कार्य:	- ४२४
रत्नत्रये तपसि पंक्ति	- ८७५
रम्भास्तंभमृणाल	- ६७२
रराज पद्मप्रभतीर्थकृत	- ८१२
रविणो संतावयरं	- ७१०
रागद्वेषकृतैर्यथा	- ५४०
रागो यस्य न विद्यते	- ३
राजत्यसौ शुचितरा	- ८५०
राजापि क्षणमात्रतो	- २९४
रुग्जरादिविकृतिर्न	- ५७०

ल

लक्ष्मीं व्याधमृगीमतीव	- २९६
लक्ष्मीकृत्य सदात्मानं	- ८९१
लंघयन्ते जलराशय:	- २७४
लब्धा श्रीरिह वांछिता	- २९२
लब्धिपंचकसामग्री	- ३१९
लब्धे कथं कथमपीह	- १६८
लब्ध्वा जन्मकुले	- ३९२
लीलोद्वेलितबाहु	- ८४६
लोउत्तरा वि सा	- ७०३
लोक एष बहुभाव	- ५९२
लोकस्य त्वं न कश्चिन्न	- १४१
लोक: सर्वोऽपि सर्वत्र	- ४५०
लोका गृहप्रियतमा	- ३०६
लोकालोकमनन्त	- ५२२
लोकाश्चेतसि	- ३०५

व

वचनविरचितैवोत्पद्यते	- ७९
वज्रे पतत्यपि	- ६३
वनशिखिनि मृतोऽन्ध	- ७५
वन्द्यास्ते गुणिन	- ५०८
वपुरादिपरित्यक्ते	- ६००
वपुराश्रितमिदमखिलं	- ६२१
वयमिह निजयूथभ्रष्ट	- ४६
वर्षं हर्षमपाकरोतु	- ९०७
वाचस्तस्य प्रमाणं य	- १२४
वाञ्छन्त्येव सुखं तदत्र	- २८८
वाणी प्रमाणमिह	- ८७८
वातव्याप्तसमुद्रवारि	- ५३१
वातूल एष किमु	- २९९
वास: शून्यमठे	- ३९१
विकल्पोर्मिभिरत्यक्त:	- ३३३
विज्जु व्व घणे रंगे	- ६९६
विण्मूत्रकृमिसंकुले	- ११४
विद्वन्मान्यतया सदस्यति	- ११९
विधाय कर्मक्षयमात्म	- ८२२
विधाय मात: प्रथमं	- ७८७
विनयश्च यथायोग्यं	- ४२५
विप्पडिवज्जइ जो तुह	- ७१५
विभान्ति यथयांघ्रिनखा	- ८२४
विमोहा मोक्षाय स्वहित	- १०२
वियलइ मोहणधूली	- ७३१
विश्ववस्तुविधृतिक्षमं	- ५५२
विश्वं पश्यति वेत्ति	- ५०५
विहिताभ्यासा बहिरर्थ	- ६१२
वीतरागपथे स्वस्थ:	- ८९२
वृक्षाद्वृक्षमिवाण्डजा	- २७१
वेरग्गदिणे सहसा	- ६९७
वैराग्यत्यागदारुकृत	- १०६
व्यवहारोऽभूतार्थो	- ६०६
व्यवहृतिरबोधजन	- ६०५
व्याख्या पुस्तकदान:	- ४६८
व्याख्या या क्रियते	- १०१
व्याघ्रेणाघ्रातकायस्य	- ४४२
व्याधिनांगमभिभूयते	- ५७१
व्याधिस्तुदति शरीरं	- ६२०
व्यापी नैव शरीर एव	- १३७

श

शक्नोति कर्तुमिह क:	- ८६८
शरीरादिबहिश्चिन्ता	- ३६२
शशिप्रभो वागमृतांशुभि:	- ८१४

श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक
शाश्वज्जन्मजरान्तका	- १६५	सद्दृग्बोधमयं विहाय	- ९०१	सर्वान् गुणानिह परत्र	- २३७
शाश्वन्मोहमहान्धकार	- १३२	सद्भागते किल विपक्ष	- २२६	सर्वे जीवदयाधारा	- ४३५
शस्त्रं जन्मतरुच्छेदि	- ३५२	सन्तः सर्वसुरासुरेन्द्र	- १२	सर्वेषामपि कर्मणाम्	- ५३०
शान्ते कर्मण्युचित	- १३३	सन्नप्यसन्निव विदां	- ६५४	सर्वेषामभयं प्रवृद्ध	- ४६९
शिष्याणमपहाय	- ६१	सन्माल्यादि-यदीय	- ९२३	सर्वस्तीर्थजलैरपि	- ९२९
शुद्धबोधमयमस्ति	- ५७४	सतैव नरकाणि स्युः	- ४०८	सर्वोप्यत्र मुहुर्मुहुः	- ५२४
शुद्धं यदेव चैतन्यं	- ३५९	समता सर्वभूतेषु	- ४०४	सर्वो वांछति सौख्य	- ४६६
शुद्धं वागतिवर्ति	- १५७	समर्थोपि न यो	- ४३०	स सर्ववित्पश्यति वेत्ति	- ७८४
शुद्धाच्छुद्धमशुद्धं	- ६१५	समुद्रघोषाकृतिरर्हति	- ७८९	स स्वर्गः सुखरामणीयक	- १८०
शृण्वन्नन्तकगोचरं	- २९०	सम्पच्चारुलतः प्रिया	- २८७	सहइ सरीरं तुह पहु	- ७२३
श्रामण्यपुण्यतरुरुच्च	- ८३	सम्पद्येत दिनद्वयं यदि	- ६७१	संयोगेन यदायातं	- ३३४
श्री पद्मनन्दितगुणौद्यं	- ८५७	सम्पूर्णं देशभेदाभ्यां	- ४००	संयोगो यदि विप्रयोग	- ३०४
श्री वीरेण मम प्रसन्न	- ५४६	सम्प्रत्यत्र कलौ काले	- ४०१	संविच्छिखिना गलिते	- ६३७
श्रुतपरिचितमनुभूतं	- ६०३	सम्प्रत्यपि प्रवर्तेत धर्मः	- ४०२	संविशुद्धपरमात्म	- ५६७
श्रुतादिकेवल्यपि	- ७७९	सम्प्रत्यस्ति न केवली	- ६८	संसारघोरघर्मेण	- ३५४
श्रेयान्नृपो जयति	- २०१	सम्प्राप्तेऽत्र भवे कथं	- ४६२	संसारसागरसमुत्तरणैक	- ३८५
श्रेयोऽभिधस्य नृपतेः	- २००	सम्बन्धेऽपि सति त्याज्यौ	- ३३६	संसारस्तनुयोग एष	- ९२१
श्वापि क्षितेरपि विभुः	- २३९	सम्यक्सुखबोधदृशां	- ६१०	संसारातपदह्यमान	- ५३६
स		सम्यग्दर्शनबोधवृत्त	- ८६६	संसारेऽत्र घनाटवी	- १२०
सइ हरिकयकण्णसहो	- ७२६	सम्यग्दर्शनवृत्तबोध	- ७०	संसारे भ्रमतश्चिरं	- ९
स एवामृतमार्गस्थः	- ३२६	सम्यग्दृग्बोधचारित्र	- ३२०	संसारो बहुदुःखदः	- ५२७
सकलपुरुषधर्मभ्रंश	- २१	सम्यग्दृग्बोधचारित्र	- ३९८	संहारोग्रसमीरसंहति	- १९३
सचक्षुरप्येष जनस्त्वया	- ७९०	सम्यग्बोधविशुद्ध	- ९२६	संहृतेषु खमनोऽखिलेषु	- ५६४
सच्चिय सुरणवियपया	- ६८९	सयलसुरासुरमणि	- ६८३	साक्षग्राममिदं मनो	- ५३७
स जयति गुरुर्गरीयान्	- ६०१	सर्पो हारलता भवत्यसिल	- १९१	साक्षादपुष्पशर एष	- ८५१
स जयति जिनदेवः	- ६	सर्वज्ञः कुरुते परं	- ४९५	साक्षान्मनोवचनकाय	- २०९
संच्छन्नं कमलैर्मरावपि	- १८७	सर्वत्र च्युतकर्म	- ५११	सांगोपांगमपि श्रुतं	- ५०३
सततास्तभोगानां	- १५०	सर्वत्रोद्गतशोकदाव	- २८६	साधु लक्ष्यमनवाप्य	- ५५८
सतां यदीयं वचनं	- ८१६	सर्वभावविलये	- ५५१	सानन्दं सुरसुन्दरीभिः	- ८३४
सति द्वितीये चिन्ता	- ६२९	सर्वविद्भिरसंसारैः	- ३७०	सानुष्ठानविशुद्धे	- ६१६
सति सन्ति व्रतान्येव	- ९२	सर्वविद्वीतरागोक्तो	- ३१७	सामायिकं न जायेत	- ४०५
सत्पात्रदानजनितोन्नत	- २१८	सर्वस्मिन्नणिमादिपंकज	- ५५०	साम्यमेकं परं कार्यं	- ३७३
सत्पात्रेषु यथाशक्ति	- ४२७	सर्वागमावगमतः खलु	- ८७१	साम्यं निःशेषशास्त्राणां	- ३७५
सत्समाधिशशलांछनो	- ५८०	सर्वाणि व्यसनानि	- ३३	साम्यं शरणमित्याहु	- ३७६

श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक	श्लोकांश	श्लोक
साम्य सद्बोधनिर्माणं	- ३७४	सौभाग्यादिगुणप्रमोद	- ६९७	स्वं शुद्धं प्रविहाय	- ३९
साम्यं स्वास्थ्यं	- ३७१	स्थिरं सदपि सर्वदा	- २७३	स्वानुभूत्यैव यद्गम्यं	- ८८४
सिद्धज्योतिरतीव	- ४९७	स्निग्धा मा मुनयो	- ९०३	स्वान्तं ध्वान्तमशेषं	- ६३६
सिद्धात्मा परमः परं	- ५१०	स्निग्धैरपि वज्रत मा	- ३५	स्वेच्छाहारविहार	- ४६७
सिद्धो बोधमितिः स	- ४९०	स्पृष्टा यत्र मही	- ६९	ह	
सुप्त एव बहुमोहनिद्रया	- ५९३	स्पृहा मोक्षेऽपि मोहोत्था	-३६०	हन्ति व्योम स मुष्टिना	- २९५
सुप्त एष बहुमोह	- ५८७	स्मरमपि हृदि येषां	- ५७	हन्ति स्थावरदेहिनः	- ४६४
सुहमोसि तह ण	- ७३५	स्याच्छब्दामृतगर्भिता	- ४९९	हरति हरतु वृद्धं	- ८७२
सुहृत्सुखीः स्यादहितः	- ८२५	सवकर्मव्याघ्रेण स्फुरित	- ३०१	हियत्थज्झाणसिहि	- ६९९
सूक्ष्मत्वादणुदर्शिनो	- ४८६	स्वजनो वा परो	- ४४४	हिंसा प्राणिषु कल्मषं	- ५२
सूनोर्मृतेरपि दिनं	- २२७	स्वपरविभागावगमे	- ६३९	हिंसोज्झित एकाकी	- ६१३
सूरेः पंकजनन्दिनः	- ५४७	स्वपरहितमेव मुनिभिः	- ९१	हीनं संहननं परिषह	- ९००
सैवेका सुगतिस्तदेव	- ५१३	स्पप्ने स्यादतिचारता	- ६६२	हृदयभुवि दृगेकं	- ७३
सो मोहोत्थेणरहिओ	- ७१८	स्वमतस्थेषु	- ४३२	हृदि यत्तद्वाचि बहिः	- ८९
सोहइ सरीरं तुह	- ७२३	स्वयंभुवा येन समुद्धृतं	- ८०७	हेयं हि कर्मरागादि	- ३८२
सौभागीयसि कामिनी	- १८६	स्वर्गायाव्रतिनोऽपि	- ११	हेयोपादेयविभाग	- ६४०
सौभाग्यशौर्यसुख	- २४२	स्वसुखपयसि दीव्यन्	- २८९		

*****

चैतन्यरूपी तत्त्व सदा जयवन्त

तज्जयति यत्र लब्धे, श्रुतभुवि मत्यापगाऽतिधावन्ती।
विनिवृत्ता दूरादपि, झटिति स्वस्थानमाश्रयति।।

अर्थ ह्न जिस चैतन्यरूप तत्त्व के प्राप्त होने पर शास्त्ररूपी भूमि में अत्यन्त दौड़ती हुई बुद्धिरूपी नदी दूर से ही लौट कर, शीघ्र ही अपने स्थान को प्राप्त हो जाती है ह्न ऐसा वह चैतन्यरूपी तत्त्व, सदा इस लोक के जयवन्त रहे।

भावार्थ ह्न जब तक बुद्धि शास्त्र में लगी रहती है, तब तक कदापि चैतन्यतत्त्व की प्राप्ति नहीं होती; किन्तु जिस समय चैतन्य की ओर लक्ष्य होने पर बुद्धि, शास्त्र से व्यावृत्त हो जाती है अर्थात् शास्त्र से फिर (विमुख) जाती है, उस समय बुद्धि, शीघ्र ही अपने चैतन्यस्वरूप को प्राप्त होती है; इसलिए चैतन्यरूपी तत्त्व, इस लोक में सदा जयवन्त वर्ते। **ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, निश्चय पञ्चाशत् (अधिकार ११) श्लोक ५०**

ग्रन्थगत वृत्तों की संख्या एवं स्वरूप

१. शार्दूलविक्रीडित (वृ.र.३-१३६) ह्न २-४, ७-१२, १४-१५, १८, २३, २७-३१,३३, ३८-४४, ५२-५३, ५९, ६१-६२, ६४-६६, ६८-७०, ७२, ८४, ८६, ८८, ९०, ९३, ९५, ९७, १०१, १०७-११२, ११४, ११७-१२१, १३०, १३२, १३४-१३८, १४२-१४३, १४५-१४९, १५२, १५४, १५६-१६०, १६२-१६३, १६५-१६७, १६९-१७०, १७४-१७५, १७७, १७९-१८७, १८९-१९३, १९५-१९६, १९८, २५४-२५८, २६१-२६४, २६७, २६९, २७१-२७२, २७४-२७६, २८४-२८८, २९०-२९७, ३००, ३०३-३०५, ३८८-३९६, ४५९-४७९, ४८१-५५०, ५९५-५९७, ६६०-६८१, ८०६, ८३१-८४७, ८६६, ८७७, ८९५-९१६, ९१८, ९२०-९३० = **कुल ३१९ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में मगण, सगण, जगण, तगण, तगण और अन्त में एक वर्ण गुरु होता है। यति १२ व ७ वर्णों पर होती है।

२. आर्या (गाथा) ह्न २४, ३२, ५४, ७८, ८९, ९१, ९४, ९६, ९८, १२९, १५३, १७१, २५३, १७१, २८०, २९८, ५९८-६५८, ६८२-७७५, ८५८-८६५ = **कुल १७८ छन्द।**

इसके प्रथम और तृतीय चरण में १२ मात्राएँ द्वितीय चरण में १८ तथा चतुर्थ चरण में १५ मात्राएँ होती है। (श्रुतबोध)

३. श्लोक (अनुष्टुभ्) :ह्न १६, ९२, १५०, २८१, ३०८-३८२, ३९७-४५८, ८८०, ८८४-८९४ = **कुल १५३ छन्द।**

इसके चारों चरणों में पाँचवाँ वर्ण लघु व छठा गुरु होता है। द्वितीय व चतुर्थ चरणों में सातवाँ वर्ण लघु होता है। (श्रुतबोध)

४. वसन्ततिलका (वृ.र. ३-९६) ह्न ३४-३५, ५०, ६०, ६३, ६७, ८३, ८७, ११३, १२५, १३९, १६१, १६८, १७३, १८८, १९७, १९९-२५२, २६५-२६६, २६८, २७०, २८३, २९९, ३०६-३०७, ३८४-३८५, ३८७, ४८०, ८४८-८५७, ८६७-८७५, ८७८, ८८३ = **कुल १०३ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में तगण, भगण, जगण, जगण और अन्त में दो वर्ण गुरु होते हैं।

५. वंशस्थ (वृ.र.३-५९) :ह्न ५१, ८०, २५९, ३०२, ७७६-८०५, ८०७-८३०, ८७६, ९१७ = **कुल ६० छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण और रगण होता है।

६. रथोद्धता (वृ.र. ३-५१) :ह्न ५५१-५९४ = **कुल ४४ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में रगण, नगण और तत्पश्चात् क्रम से एक लघु व एक दीर्घ वर्ण होता है।

७. मालिनी (तृ. र. ३-११०) ह्न ५, ६, १७, २१, २६, ३७, ४६-४७, ५७, ७३-७७, ७९, ८२, १०५, १४०, १७६, २७७-२७९, २८२, २८९, ९१९ = **कुल २५ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में नगण, नगण, मगण, यगण और यगण होते हैं। यति ८ व ७ वर्णों पर होती है।

८.स्रग्धरा (वृ. र. ३-१४२) ह्न १, १३, १९, २५, ७१, ८१, ८५, १०४, १०६, १२४, १२८, १३१, १४१, १५५, १६४, १९४ = **कुल १६ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में मगण,रगण,भगण नगण और ३ यगण होते हैं। यति ७, ७ व ७ वर्णों पर होती है।

९. शिखरिणी (वृ. र. ३-१२३) ह्न २०, ३६, ४५, ४९, १०२, १०३, ११५, १२२-१२३, ३०१ = **कुल १० छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, भगण और फिर क्रम से १ वर्ण लघु व १ वर्ण दीर्घ होता है।

१०. द्रुतविलम्बित (वृ. र. ३-६२) -११६, ९३१-९३९ = **कुल १० छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में नगण, भगण, भगण और रगण होते हैं।

११. पृथ्वी (वृ. र. ३-१२४) ह्न ४८, ५६, ९९, १४४, १५१, २७३, ८७९, ८८२ = **कुल ६ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में जगण, सगण, जगण, सगण, यगण और क्रम से १ वर्ण लघु व १ वर्ण दीर्घ होता है। यति ८ व ९ वर्णों पर होती है।

१२. मन्दाक्रान्ता (वृ. र. ३-१२७) ह्न २२, १००, १३३, १७२, १७८, १८६ = **कुल ६ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में मगण, भगण, नगण, तगण, तगण और अन्त में २ वर्ण गुरु होते हैं। यति ४, ६ व ७ वर्णों पर होती है।

१३. उपेन्द्रवज्रा (वृ. र. ३-४२) ह्न ५८, २६०, ३८३, ६५९ = **कुल ४ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण और अन्त में २ वर्ण गुरु होते है।

१४. इन्द्रवज्रा (वृ. र. ३-४१) ह्न ५५, १२६-१२७ = **कुल ३ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में तगण, फिर तगण, जगण और अन्त में २ वर्ण गुरु होते हैं।

१५. भुजंगप्रयात (वृ. र. ३-७०) ह्न ८८१ = **कुल १ छन्द।**

इसके प्रत्येक चरण में ४ यगण होते हैं।

****

टीका में उद्धृत अन्य ग्रन्थों के श्लोकों की सूची

श्लोकांश	वृत्त	मूल ग्रन्थ	पृष्ठ
अलमलमतिजल्पै...	मालिनी	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश २४४	३५०
उदयति न नयश्री...	मालिनी	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश ९	३५१
एकस्य बद्धो..	द्रुतविलम्बित	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश ७०	३५०
चैद्रूप्यं जडरूपतां च	शार्दूलविक्रीडित	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश १२६	३४५
त्वामव्ययं विभु...	वसन्ततिलका	भक्तामर स्तोत्र, श्लोक २४	४००
बुद्धस्त्वमेव विबुधा...	वसन्ततिलका	भक्तामर स्तोत्र, श्लोक २५	४००
भेदविज्ञानतः सिद्धाः...	अनुष्टुप्	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश १३१	३३२
यः पुष्पैर्जिनमर्चति...	शार्दूलविक्रीडित	अज्ञात	३७२
वर्णाद्या वा रागमोहा...	मालिनी	समयसार की आत्मख्याति टीका, कलश ३७	५०१
सुदपरिचिदाणुभूदा...	आर्या	समयसार, गाथा ४	४९२

*****

रत्नत्रय का स्वरूप

अग्नाविवोष्णभावः, सम्यग्बोधोऽस्ति दर्शनं शुद्धम्।
ज्ञातं प्रतीतमाभ्यां, सत्स्वास्थ्यं भवति चारित्रम्।।

अर्थ ह्न जिस प्रकार अग्नि में उष्णता है, उसी प्रकार आत्मा में ज्ञान है ह्न ऐसी दृढ़ प्रतीति का नाम सम्यग्दर्शन है; आत्मा का जो भलीभाँति ज्ञान, वही सम्यग्ज्ञान है तथा सम्यग्दर्शन- सम्यग्ज्ञानसहित आत्मा में समीचीन स्वस्थता ही सम्यक्चारित्र है। आत्मा के निश्चय (यथार्थ) श्रद्धान को सम्यग्दर्शन, आत्मा के निश्चय ज्ञान को सम्यग्ज्ञान तथा आत्मा की निश्चय स्थिति ही सम्यक्चारित्र कहलाती है।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, निश्चय पञ्चाशत् (अधिकार ११) श्लोक १४

प्रस्तुत ग्रन्थ की कीमत कम करने में सहयोग प्रदान करनेवाले

दातारों की नामावली

१५,०००/-	श्रीमती पुष्पलता (जीजीबाई) अजितकुमारजी जैन, छिंदवाड़ा
११,०००/-	स्व. श्रीमती शीलाबाई मुलामचंदजी जैन, नागपुर
११,०००/-	श्रीमती गौराबाई शिखरचंदजी मोदी परिवार, नागपुर
११,०००/-	श्रीमती जयश्री विजयकुमारजी फुसकुले, पुणे
५,००१/-	श्री प्रकाश आदिनाथजी नाके, चिखली
५,०००/-	श्री निकुंज नरेशकुमारजी सिंघई, नागपुर
२,१००/-	श्री ऋषी जैनेन्द्रकुमारजी मोदी, नागपुर
२,१००/-	स्व. श्रीमती गजराबाई लालचन्द मोदी, नागपुर
२,१००/-	श्री जयकुमार किसनलालजी देवड़िया, नागपुर
२,१००/-	श्रीमती चित्रा रमेशचंदजी सिंघई, नागपुर
२,१००/-	श्रीमती मालतीदेवी निर्मलकुमारजी जैनी, नागपुर
२,१००/-	श्री सुदीपकुमार गुलाबचंदजी जैन, नागपुर
२,००१/-	सौ. अंजली सतीशजी शाह, चिंचवड, पुणे
२,०००/-	सौ. सुनीता राकेशकुमारजी जैन, नागपुर
१,५०१/-	सौ. प्रभा प्रकाशजी नाके, चिखली
१,५०१/-	श्रीमती शांताबाई माणिकचन्दजी दोशी, नातेपुते
१,१००/-	लक्ष्मी एम्पोरियम, जबलपुर
१,१००/-	श्री संयम एवं कु. दीक्षा राकेशकुमारजी शास्त्री, नागपुर
१,१००/-	सौ. माया गूगरी, चिंचवड़, पुणे
१,१००/-	संयम-सिद्धि अनिल जैन, नागपुर; एनी-प्रीति जैन, जयपुर
१,००१/-	पण्डित आलोककुमारजी शास्त्री, कारंजा (लाड)
१,००१/-	श्री शीतल एवं श्रेयांस रायचन्दजी दोशी, नातेपुते
१,००१/-	डॉ. विजयकुमार फूलचन्दजी गांधी, नातेपुते
१,००१/-	स्व.सौ. उषादेवी विठ्ठलदासजी राठी, पारशिवनी, नागपुर
१,००१/-	सौ. सुचिता जितेन्द्र राठी, चिंचवड़, पुणे
१,०००/-	डॉ. सुरेश मुलामचंद जैन, नागपुर
१,०००/-	श्री केसरी सिंहजी पाण्डे सुसनेर, जि. शाजापुर

१,०००/-	डॉ. संगीता विजयकुमार सराफ, नागपुर
१,०००/-	श्रीमती मनोरमाबाई रूपचंद जैन, नागपुर
१,०००/-	श्री नितीन जयचंदजी मोदी, नागपुर
१,०००/-	श्री कोमलचन्दजी जैन (आमगांववाले), नागपुर
१,०००/-	श्रीमती निशा अनिलकुमारजी मोदी, नागपुर
१,०००/-	श्रीमती गौरादेवी शिखरचन्दजी मोदी, नागपुर
१,०००/-	चिरंतन ज्वेलर्स हस्ते पण्डित विपिन शास्त्री, नागपुर
१,०००/-	सौ. शोभा विजयकुमारजी काळे, पुणे
५०१/-	डॉ. ज्योति कासार, चिंचवड, पुणे
५०१/-	सौ. सुप्रभा बाहुबलीजी चंकेश्वरा, नातेपुते
५०१/-	श्री विजयकुमार येणिगुरे, उमरगा
५०१/-	श्रीमती ममता-विजयकुमार टड़ैया, नागपुर
५००/-	श्रीमती आशादेवी सुशीलकुमार जैन, इन्दौर
५००/-	श्रीमती सुनीता सुरेशचंद जैन, नागपुर
५००/-	गुप्तदान, हस्ते - सौ. सुनीता जैन, नागपुर
५००/-	श्री मुन्नालालजी जैन (सागरवाले), नागपुर
४०१/-	सौ. राजश्री सुकुमारजी दोशी, नातेपुते
३००/-	सौ. नलिनी सतीशचन्द्रजी मेहता, चिंचवड़, पुणे
२५१/-	सौ. विजया विजयकुमारजी पालिया, अहमदनगर
२५०/-	श्री त्रिभुवन नेमचन्दजी चंकेश्वरा, नातेपुते
२५०/-	श्री रमणलाल मलुकचन्दजी दावड़ा, नातेपुते
२५०/-	श्री शीतलकुमार विमलचन्दजी शहा, चिंचवड, पुणे
१,०२,७१५/-	**कुल योग**

*****

संसार में इच्छानुसार द्रव्य किसी को नहीं मिल सकता क्योंकि शताधिपति ह्न हजारपति होना चाहता है। हजारपति ह्न लक्षाधिपति, लक्षाधिपति ह्न करोड़पति होना चाहता है, इत्यादि रीति से इच्छा की कहीं भी समाप्ति नहीं होती। इसलिए ऐसा नहीं समझना चाहिए कि मैं हजारपति होऊँगा, तभी दान दूँगा अथवा मैं लखपति होऊँगा, तभी दान दूँगा; बल्कि जितना धन पास में होवे, उसी के अनुसार ग्रास-दो-ग्रास दान अवश्य देना चाहिए।

ह्न श्री पद्मनन्दि पंचविंशतिका, दानोपदेश (अधिकार २) श्लोक ३२ का भावार्थ